palustral, palustrian, palustrine पॅलॅस्'ट्रॅल्, –ट्रिॲन्, –ट्रिन् aa. दे० PALUDIC, PALUDINAL, PALUDOSE etc.

paly पे'लि a. (का०) पाण्डुराभ, पीला-सा, फीके रंगका, मन्द, धुँधला, फीका, बेरंग।

pam. pamphlet.

pam पैम् n. चिड़ीF का गुलाम।

pampa पैम्'~ n. (pl. -z or -s) महाप्रस्थ, (द० अ०, आमेजनके दक्षिणमें विशाल) वृक्षहीन मैदान; ~-grass पैम्पाघासF (द० अ० की)।

pamper पैम्'पॅर् v.t. खूब पेट भरना, अघाना, छका देना; अधिक लाड़-प्यारसे खराब कर देना, आदत बिगाड़ देना; अनुचित प्रश्रय देना।

pampered –र्ड a. स्फीत, परिपुष्ट, हृष्ट-पुष्ट, आपीन।

pampero (Sp.) पैम्पेॲ'रो n. (pl. -s) पैम्पाकी एक हवाF; पैम्पाका भारतीय, पैम्पाका आदिवासी, पैम्पाका इण्डियन; एण्डीज-पवन, पैम्पेरो।

pamphlet पैम्फ्'लिट् n. पुस्तिकाF, पत्रिकाF, **चौपन्ना**, छोटा रिसाला, पैम्फलिटF।

pamphleteer[1] –टीॲर् n. पुस्तिकालेखक, पत्रिकाकार, रिसाला लिखनेवाला, पैम्फलिटF लिखनेवाला।

pamphleteer[2] v.i. पुस्तिकाF लिखना, पैम्फलिटF लिखना।

Pan. Panama.

pan- सर्व- (*~-African, ~-Anglican, ~-genesis, ~-German, ~-Hellenic, ~-Hellenism, ~-Islam, ~-logistic, ~-Slavism, ~spermatism, ~spermy*)।

pan[1] पैन् n. कटाह, कड़ाह, कड़ाहीF, तवा, तसला; पात्र, भाजन, (कृषि०) **कूँड़ा**, बर्तन; **तुलापात्र, पलड़ा**; इनके आकारकी कोई वस्तुF; कपाल, खोपड़ीF, रंजकदान, रंगकी प्यालीF; (बन्दूकF या तोपF में) बारूदF की प्यालीF; (*P~*) प्रकृतिF की आत्माF, यूनानका ग्राम-देवता; मूर्ति-पूजनवाद, पेगनवाद; पैन; **पटल, परत, पपड़ी** (*~-formation*); hard- ~ मिट्टीF की कठोर परतF; ~-cake मालपुआ, पुआ; ~handle ⊙ (किसी देशके दो भागोंके बीचका) एक राजनीतिक विभाग; ~ handler ⊙ भिक्षुक, भिखमंगा; *out of the frying ~ into the fire* आसमानसे गिरा खजूरमें अटका;

~-boiler, ~-broil, ~-drop, ~fish, ~ head, ~- headed, ~ iron, ~ man, ~-mixer, ~side, ~smith.

pan[2] v.t. & i. स्वर्णकणयुक्त मिट्टीF को तसलेमें धोना; घुमाना, थाला बनाना; **घुमाना**; *~off, out* (तसलेमें) धोकर साफ करना; *~out* सोना उत्पन्न करना, सोना निकालना, (ला०) सफल होना, कार्यसम्पादन करना, चल जाना।

panacea पैनॅसी'ॲ n. रामबाण, सर्वव्याधिहर, सर्वरोगघ्न, सर्वभेषज, त्रैलोक्य-चिन्तामणि, सब रोगोंकी अचूक दवाF।

panache पॅनाश्', पॅनैश् n. कलँगीF, तुर्रा; (ला०) प्रद-र्शन, आडम्बर; डींगF, शेखीF, अकड़F।

panada पॅना'डॅ n. पुआ, कुचईF; स्वादिष्ट टिकियाF।

Pan-African पैन्-ऐ'फ्रिकॅन् a. सर्वाफ्रीकीय, अफ्रीकाकी एकताF से सम्बन्धित।

Panama पैनॅमा' n. (*~hat* भी) पनामा हैट।

Pan-American पैन्-ॲमे'रिकॅन् a. अखिल अमेरिकी।

Pan-Anglican पैन्-ऐन्'ग्लिकॅन् n. सर्व-ऐंग्लिकन गिरजेका, इंग्लैण्डके गिरजेकी समस्त शाखाओंF का।

pan-Asianism पैन्-एशिय'निज़्म् n. सर्व-एशियावाद।

panary पै'नॅरि a. कर्पट्टिकीय, कर्पट्टिका-विषयक, रोटीF का।

panchromatic पैन्क्रॅमै'टिक् a. **सर्ववर्ण, सर्ववर्णिक**, सर्वच्छाय, आलोकग्राही; समानरूपसे संवेदनशील।

pancosmism ⊙ पैन्कॉस'मिज़्म् n. भौतिक ब्रह्माण्ड-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाद, भौतिक ब्रह्माण्ड-सिद्धान्त (यह सिद्धान्त कि भौतिक ब्रह्माण्डके परे किसी वस्तु[F]की सत्ता[F] नहीं है)।

pancratic पैन्क्रै'टिक् a. मल्लक्रीड़ा-निपुण, कसरती, पहलवान; (खिलाड़ी) सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम, अद्वितीय।

pancratist –क्रॅटिस्ट् n. सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ी, सर्वोत्तम खिलाड़ी, अद्वितीय मल्ल या पहलवान।

pancratium –क्रेशिअॅम् n. मल्लयुद्ध, मल्लक्रीड़ा[F], दंगल, पंक्रेशियम (प्राचीन यूनानमें क्रीड़ा-प्रतियोगिता[F])।

pancreas पैन्'क्रिअैस् n. (चि०, कृषि०, वाणि०) क्लोम, सर्वकिण्वी, अग्न्याशय, पाचक ग्रन्थि[F]।

pancreatectomy ⊙ पैन्क्रिॲटेक्'टॅमि n. (चि०) अग्न्याशयोच्छेदन।

pancreatic –ऐ'टिक् a. (कृषि०, चि०) अग्न्याशय (*~juice*), सर्वकिण्वीय, अग्न्याशयिक, क्लोम-सम्बन्धी, पाचन रसकी कोशिका[F]से सम्बन्धित (*~ duct, secretion*)।

pancreatin –क्रिॲटिन् n. (चि०) अग्न्याशय रसका किण्व।

pancreatitis –टाइ'टिस् n. (चि०) अग्न्याशय-शोथ, क्लोमप्रदाह, क्लोमशोथ, पाचनरसकी कोशिका[F]की जलन[F]।

panda पैन्'डॅ n. पण्डक, (विशे० *giant ~*) हिमालय तथा तिब्बतका एक विशालकाय रीछ।

pandation पैन्डे'शॅन् n. नति[F], झुकाव, मोड़; मरोड़[F], ऐंठन[F]।

P. & D. Dept. Planning and Development Department.

Pandean, -aean पैन्डी'ॲन्, -ई'ॲन् aa. यूनानी ग्रामदेवता-विषयक।

pandect पैन्'डेक्ट् n. संहिता[F], स्मृतिसंहिता[F], पूर्ण-सार, सम्पूर्ण विधि-संग्रह, कानूनोंका पूरा संग्रह।

pandemic पैन्डे'मिक् a. & n. (चि०) सर्वसामान्य, सार्वलौकिक, सार्वदेशिक, देशान्तरगामी (महामारी[F]), जनता-व्यापी (रोग), प्रमारक विश्वमारी (रोग)।

pandemonium पैन्डिमो'निॲम् n. पिशाच-सभा[F], अव्यवस्थित स्थान; प्रेतावास, भुतहा घर; अशान्तिपूर्ण स्थान, अन्धेर-नगरी[F]; मछली बाजार; उपद्रव, विप्लव, कोलाहल, गड़बड़।

pander[1] पेन्'डॅर् n. रमणदूत, कुटना, भँड़ुआ, दलाल; संचारक, विट, बुरे कार्योंमें सहायता[F] देनेवाला।

pander[2] v. i. & t. निम्न विचारोंको उभाड़ना, बुरे कार्योंमें सहायता[F] देना, लम्पटता[F]में सहायक होना; कुटनाका कार्य करना, भड़आपन करना।

panderess –रिॅस n. कुटनी[F], दूती[F], दलालिन[F]।

panderism –रिज़्म् n. कौट्टिन्य, कुटनापन, भड़ुआपन, दलाली[F]; दौत्य।

pandiculation पैन्डिक्यूले'शॅन् n. अँगड़ाई[F] और जम्हाई[F], कसमसाहट[F]।

pandit पॅन्'डिट् n. पण्डित।

pandour, -oor पैन्'डुॲर्, -अुॲर् n. क्रोशियायी पदाति-सैनिक; निर्मम योद्धा, निर्दय वीर, पण्डूर।

panduriform –ड्युॲ'रिफ़ॉर्म् a. सारंगीवत्, बेला-कृति[F], सारंगी[F]के आकारका, चिकारे-जैसा।

pandy पैन्'डि n. (नग्न भुजा[F]पर) प्रहार, आघात, चोट[F]।

pane[1] पेन्' n. (वातायनका) काचपट्ट, काचफलक, (खिड़की[F]का) शीशा; चित्र-विचित्र वस्तु[F]का आयताकार खण्ड, पुर्जा; चौखटा; सीधी भुजा[F]।

pane[2] v.t. चित्र-विचित्र नमूनेका बनाना, रंग-विरंगे चौखाने बनाना; काँच लगाना।

paned –ड्' a. काचपट्टयुक्त, शीशेदार।

panegyric[1] पैनि'जिरिक् n. संस्तव, श्लाघा[F], प्रशंसा[F], गुणवर्णन, गुणकीर्तन, स्तुति[F], प्रशस्ति[F], प्रशंसात्मक संलाप।

panegyric[2]**, -al** –क्, -ॲल् aa. प्रशस्तिपूर्ण, प्रशंसात्मक, स्तुतिमय।

panegyricon ⊙ –कॉन् n. (यूनानी गिरजाघरोंमें पर्व-अवसरोंपर) प्रवचन-संग्रह, उपदेश-संग्रह।

panegyrist –'रिस्ट् n. वैतालिक, संस्तावक, चारण, मागध, भाँड़, भाट।

panegyrize –'निजिराइज़् v.t. गुणवर्णन करना, प्रशंसा[F] करना, स्तुति[F] करना, प्रशंसात्मक लेख लिखना, भूरि-भूरि प्रशंसा[F] करना।

panegyry ⊙ –रि n. धार्मिक पर्व, महती सभा[F], विशाल समाज।

panel[1] पै'नॅल् n. चर्मपट, चर्मपत्र; व्यक्तियोंकी नामावली[F], नामिका[F]; न्यायसभ्य, पंच, जूरी[F]; अभियुक्त, मुलजिम; डाक्टरों आदिकी तालिका[F]; सूची[F], क्रमणिका[F], तालिका[F] (*~ code, ~ meter*), पट्ट, फलक, परदा, दिल्ला; खण्ड, भागक, दालन, विशाल आलोक-चित्र, लम्बी तस्वीर[F]; चौखटा, शाखा[F], भाग; ~heating गुप्त-तापम; ~point मेल-विन्दु; ~ wall परदा दीवार[F]; दिल्हा-दीवार[F]; ~saw बहुत पतली लकड़ी[F] चीरनेका आरा; ~ working कई भागोंमें विभक्त कर खान[F] खोदनेकी व्यवस्था[F]।

panel[2] v.t. पलान रखना, जीन[F] कसना; दिल्हा लगाना; चौखटा बनाना।

paneless पेन्'लिॅस् a. चौखटविहीन, बिना चौखटेका, बिना शीशेका।

panelling पै'नॅलिंग् n. पलानका ऊपरी स्तर लगाना; दिल्हाबन्दी[F], दिल्हा लगानेकी क्रिया[F]; चौखटा बनाना।

panful पैन्'फ़ुल् n. कड़ाहीभर, तवाभर।

pang पैन्ग् n. यन्त्रणा[F], यातना[F], वेदना[F], व्यथा[F], पीड़ा[F], दुःख, दर्द, टीस[F], कसक[F], भीतरकी चोट[F]; breast ~ हृद्-शूल।

pangamy पैन्'गॅमि n. (वन०) सर्वसंगमन।

pangenesis पैन्जे'निॅसिस् n. सर्वजनन।

panic[1] पै'निक n. संत्रास, समुद्वेग, उपद्रव, भीपिका[F], आतंक, अतिभय, भगदड़[F], दहशत[F]; शीघ्र विस्तरण-शील; ~-monger आतंक फैलानेवाला; ~-stricken, -struck आतंकित;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~-bolt, ~-driven, ~ grass, ~-stunned.

panic[2] v.t. & i. संत्रस्त करना या होना, आतंक फैलाना, आतंकित करना या होना, दहशत[F] से घबड़ा जाना।

panic[3] a. अतिशय, अत्यन्त, अत्यधिक; निराधार, बेबुनियाद; आकस्मिक, अचानक।

panic[4] n. संयुक्त घास (~-*grass* भी)।

panicky पैनिकि a. (बोल०) अतिभीत, भयभीत, आतंकित।

panicle पैनिकॅल् n. (वन०) संयुक्त मंजरी[F], यौगिक वल्लरी[F], पुष्पगुच्छ, छोटा गुच्छा।

panicled –ड् a. संयुक्तमंजरी-युक्त, संयुक्तवल्लरी-युक्त, संयुक्तपुष्पक्रमयुक्त, छोटे गुच्छेवाला।

paniculate पॅनिक्यूलॅट् a. संयुक्त-पुष्पक्रम-युक्त, पुष्पगुच्छी, छोटे गुच्छेवाला।

panification पैनिफिकेशॅन् n. कर्पट्टिकीयन, कर्पट्टिका-निर्माण, रोटी[F] बनाने या सेंकनेकी विधि[F], रोटी[F] बनाना।

Panislam पैन्-इसलॅम् n. अखिल इस्लामी जगत्।

Panislamic –इस्लैमिक् a. अखिल इस्लामी जगत्-सम्बन्धी।

Panislamism –इस्'लॅमिज़्म् n. सर्व इसलामवाद।

Panjandrum पैन्जैन्'ड्रॅम् n. उपहासास्पद श्रेष्ठी, आडम्बरी अधिकारी, ठाठदार अफसर।

panlogism पैन्'लॅगिज़्म् n. विचार-परमतावाद, विचार-सर्वश्रेष्ठतावाद।

pannade पनेड् n. अश्वोत्पतन, घोड़ेकी उछाल[F]।

pannage पै'निज् n. शूकर-चारण, (जंगलमें) सुअरों-की चराई[F]; सुअर चरानेका अधिकार; सुअर चरानेका शुल्क; सुअरोंका चारा।

panne पैन् n. मखमली भूषा, मखमली वस्त्र।

pannier पै'न्यॅर् n. पिट, करण्ड, टोकरी[F], कण्डोल, पिटारी[F], झाबा, डलिया[F]; पल्ला, दामन; (बोल०) विशेष-वस्त्रधारी सेवक।

pannikin पै'निकिन् n. कटोरी[F], गिलास; कटोरीभर वस्तु[F]।

pannosity पॅनो'सिटि n. त्वङ् मृदुता[F], त्वक्कोमलता[F], चमड़ेकी मुलायमियत[F]।

panoistic पैनॉइस्'टिक् a. अण्डोत्पादी, केवल अण्डा उत्पन्न करनेवाला, अण्डे देनेवाला।

panoplied पै'नॅप्लिड् a. सर्वांग-कवचधारी, संवर्मित।

panoply पै'नॅप्लि n. (प्रायः ला०) सर्वांग-कवच, सर्वांगत्र।

panopticon पैनॉप्'टिकॅन् n. गोलाकार जेल, गोल कैदखाना।

panorama पैनॅरा(रे)'मॅ n. दृश्यपटल, विश्वदृश्य, सर्वदिग्दृश्य, विराट् दृश्य, विराट रूप, दृश्यावली, चित्रा-वली[F], चित्रमाला[F], फिरनेवाली तस्वीर[F]; निरन्तर दृष्टि[F] के सामने चलनेवाला दृश्य, गमनशील दृश्य, परिदृश्य, इर्द-गिर्दका दृश्य; ~ box झाँकी बक्स।

panoramic –रै'मिक् a. परिदृश्य-विषयक; सर्वतो-दृश्य, विराट्; विशालदर्शी, सर्वदर्शी (~ *view*)।

panphobia पैन्फो'बिअॅ n. (चि०) विश्व-सन्त्रास, अखिलतःभीति[F], सर्वतःभीति[F], सर्वातंक, सबसे भय, सबसे डर।

pan-pipe(s) पैन्'पाइप् n. मुँहसे बजानेका एक बाजा।

pansclerosis ⊙ पैन्स्क्लेरो'सिस् n. (चि०) पूर्ण काठिन्यामयता[F], किसी अंग या ऊति[F] का पूर्णतया कठिन तथा खरखरा हो जाना।

pansied पैन्'ज़िड् a. शबलपुष्पित, रंग-विरंगे फूलोंसे युक्त।

pansophical पैन्सॉ'फिकॅल् a. मिथ्या-ज्ञानी, मिथ्या-पण्डित, मिथ्या-विद्वान्, मिथ्या-सर्वज्ञ।

pansophism –'सॅफिज़्म् n. मिथ्या-ज्ञान, मिथ्या-पाण्डित्य, मिथ्या-विद्वत्ता[F], मिथ्या-सर्वज्ञता[F]।

pansophy –फि n. सर्वाध्यात्म, सार्वभौमिक ज्ञान, विश्वव्यापी-ज्ञान, विश्वज्ञान।

panspermy पैन्-स्पर्'मि n. रोगाणु-प्रसृति-सिद्धान्त, रोगाणु-व्यापीवाद।

pansy पैन्'ज़ि n. (~ *boy* भी) स्त्रैणयुवक, लौण्डा, चमूना, युवक; पैंजी, रंगविरंगे फूलोंवाला एक पौधा; हृत्सुख, मनःसुख।

pant[1] पैन्ट् n. स्पन्दन, हाँफनी[F], धड़कन[F], धड़धड़ाहट[F], धुकधुकी[F]।

pant[2] v.i. & t. हाँफना, साँस[F] फूलना; (ला०) उत्कण्ठित होना, लालायित होना, तड़पना, चाहना, कामना[F] रखना; स्पन्दित होना, धड़कना; हाँफते हुए बोलना।

pant- दे० PANTO- (स्वरोंके पूर्व समासमें आता है)।

pantagruelian पैन्टॅग्रूए'लिअॅन् a. & n. भोंडा मजाक पसन्द करनेवाला।

pantagruelion ⊙ –ऑन् n. जादूकी जड़ी-बूटी[F] या सन।

pantagruelism पैन्टॅग्रू'इलिज़्म् n. अशिष्ट हास्य, भोंडा व्यंग्य।

pantagruelist –लिस्ट् n. अशिष्ट-हास्यप्रेमी, भोंडा मजाक करनेवाला।

pantaloon पैन्टॅलून् n. जंघापरिधान; जंघावस्त्र, पतलून, पैण्ट; इटलीकी सुखान्त कृति[F] में वेनिसका एक पात्र; भण्ड, वैहासिक, भाँड, (अब मूक अभिनयमें) विदूषक-का सहायक।

pantatrophia पैन्टॅट्रॉ'फिअॅ n. (उचित आहार न मिलनेसे) शरीरापक्षय, शरीर क्षय, सर्वांगशोष।

pantechnicon पैन्टे'क्'निकॅन् n. (लकड़ी[F] के सामान-का) गोदाम, फर्नीचरकी दुकान[F]; ~ van फर्नीचर ले जानेवाली गाड़ी[F]।

panter पैन्'टॅर n. हाँफनेवाला; उत्कण्ठित होनेवाला, लालायित होनेवाला, तड़पनेवाला, कामना[F] रखनेवाला।

pantheism पैन्'थिइज़्म् n. विश्वदेवतावाद, सर्वेश्वर-वाद, 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'का सिद्धान्त; देवपूजा[F]।

pantheist –इस्ट् n. विश्वदेवतावादी, सर्वेश्वरवादी।

pantheistic, -al –'टिक्, –ॲल aa. विश्वदेवता-वादात्मक, सर्वेश्वरवाद-विषयक।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

pantheology पैन्थिऑ'लॅजि n. सर्वदेवशास्त्र, सर्वेश्वरज्ञान।

pantheon पैन्'थिॲन्, पैन्थी'ॲन् n. देवालय, सर्वदेवमन्दिर; देवगण, देवकुल, देवतागण, समाधि^{F}, स्मारकभवन, यादगार^{F}, मकबरा; (लन्दनका) सार्वजनिक मनोरंजन-भवन।

panther पैन्'थॅर् n. द्वीपी, बाघ, चीता, तेंदुआ।

pantheress –रिॅस् n. द्वीपिनी^{F}, बाघिन^{F}, मादा चीता^{F}, मादा तेंदुआ^{F}।

panties पैन्'टीज़् n. स्त्रियों^{F}का जाँघिया।

pantile पैन्'टाइल् n. वक्र छत^{F}, 'ड' Dके आकारका टेढ़ा खपड़ा, **नालीदार खपरैल**, पेण्टाइल।

panting पैन्'टिंग् n. (चि०) धड़कन^{F}; कम्प, स्फुरण, उच्छ्वास, साँस^{F} फूलना, **हाँफना**।

pantisocracy पैन्टिसॉ'क्रॅसि n. समराजकता^{F}, समराज्य।

pantler पैन्ट्'लॅर् n. अन्नधानीपाल, अन्नकोष्ठपाल, बखारका अधिकारी, मोदीखानेका अफसर।

panto- सर्व- (*~ graph, ~ graphy, ~ logic, ~ mime, ~ morphic, ~ phagous, ~ scopic*)।

pantofle पैन्'टॅफॅल्, पैन्टॉफॅल्, –टॅफल्' n. चप्पल, स्लीपर, सलीपट, सिलीपर।

pantograph पैन्'टॅग्राफ् n. विद्युद्ग्राही; (चि०) वक्षाकार लेखन-यन्त्र; सर्वमापलिख, प्रतिलेखयन्त्र, पैण्टोग्राफ।

pantographic –ग्रै'फिक् a. सर्वमापलिख-विषयक, विद्यद्ग्राहक-सम्बन्धी।

pantography –टॉ'ग्रॅफि n. सर्वलेख, प्रतिलेख, सर्वमापलेख; (चि०) वक्षाकार लेख।

pantologic पॅन्टॅलॉ'जिक् a. विश्वविज्ञान-विषयक।

pantological –ॲ'ल a. = PANTOLOGIC.

pantology –टॉ'लॅजि n. विश्वविज्ञान, सर्वज्ञान।

pantometer पैन्टॉ'मिटॅर् n. उदग्रमान, उच्चतामापक यन्त्र; कोणमान, कोणमापक यन्त्र।

pantomime[1] पैन्'टॅमाइम् n. मूक अभिनय, मुग्धनृत्य; (इति०) मुग्ध नर्त्तक, मूक अभिनेता; (मूक अभिनय, लास्य, स्वाँग, विदूषक, प्रेमी-प्रेमिका^{F} आदिसे युक्त) अंग्रेजी नाटक।

pantomime[2] v.t. मूक अभिनय करना, मुग्ध नृत्य करना।

pantomimic –मि'मिक् a. मूकाभिनय-विषयक, मुग्धनृत्य-सम्बन्धी।

pantomimist –'टॅमाइमिस्ट् n. मूक अभिनेता, मुग्धनर्तक।

pantomorphic पैन्टॅमॉर्'फ़िक् a. सर्वरूपग्राही, सर्वरूपधारी; (चि०) सर्वाकारी, सर्वरूपी, बहुरूपिया।

panton पैन्'टॅन् n. अश्वनाल, घोड़ेकी नाल^{F}।

pantophagist पैन्टॉ'फॅजिस्ट् n. सर्वाशी व्यक्ति, सर्वभक्षी जीव।

pantophagous –फॅगॅस a. सर्वाशी, **सर्वभक्षी**।

pantoscope पैन्'टॅस्कोप् n. (चि०) दूरनिकट दर्शक; सर्ववीक्ष, सर्वचित्र कैमरा (एक बारमें सभी अवस्थाओं^{F}का चित्र लेनेवाला कैमरा)।

pantoscopic –कॉ'पिक् a. सर्वेक्ष-, सर्वचित्रकैमराका, सर्व चित्रकैमरा-सम्बन्धी (*~ glasses*); (चि०) दूरनिकट दर्शी, (जैसे चश्मा)।

pantry पैन्'ट्रि n. अन्नाधानी^{F}, भाण्डागार, भण्डारा, बखार^{F}, स्टोर, **पैंट्री**^{F}; *~ man* पाठशाला^{F}का सेवक, खानसामा (या उसका सहायक), भण्डारी।

pants पैन्ट्स् n. (pl.) (ब्रो०, अमे०) जंघापरिधान, पतलून, पायजामा।

panurgy पै'नर्जि n. सर्वकार्यदक्षता^{F}, सर्वकौशल।

panzer पैन्'जॅर् a. & n. वर्मावृत (*~ troops*), कवचित (चमू^{F}), बख्तरबन्द (फौज^{F})।

P. & O. Peninsular & Oriental (Steamship Company).

pa. p. past participle.

pap पैप् n. (चि०) स्तन, कुचाग्र, स्तनाग्र, चूचुक, भिटनी^{F}, बोंड़ी^{F}; (बहु०) पर्वतकी पार्श्ववर्तिनी शंकाकार चोटियाँ^{F}; (बच्चोंके लिए) मृदुखाद्य, हलका भोजन, पतली खिचड़ी^{F}; भरता, फलोंका गूदा; *~*-boat खाद्यवाहिनी नौका^{F}, नाव^{F}के आकारका; *~* meat (बच्चोंका) हलका भोजन।

papa पॅपा' n. पिताजी, बाबा (विशे० बँगलामें); बप्पा, बाबूजी, अब्बा।

papacy पे'पॅसि n. परमधर्माध्यक्षता^{F}, सन्तपापाका पद, पोपपद, **पोपतन्त्र**, पोपदायाधि^{F}, पोपप्रणाली^{F}।

papal –पॅल् a. पोप-सम्बन्धी; *~* bull पोपकी प्राज्ञप्ति^{F}; *~* cross तीन कटती छड़ों^{F}का क्रूस या कटाव; *~*ligate **पोपदूत**।

papalism –लिज़्म् n. **पोपवाद**, पोप-व्यवस्था^{F}।

papalist –लिस्ट् n. पोपवादी, पोपानुगन्ता।

papalize –लाइज़् v.t. & i. पोपवादी बनाना।

papaphobia –पॅफो'बिॲ n. परमधर्माध्यक्षता-भीति^{F}, परमधर्माध्यक्षता-भय, परमधर्माध्यक्षता-घृणा^{F}, पोपदायाधिजुगुप्सा^{F}, पोपप्रणाली^{F}से भय।

papaver पॅपे'वॅर् n. (चि०) अफीमवर्गकी वनस्पतियाँ^{F}।

papaveraceous –रे'शॅस् a. अहिफेनी, पोस्तेसे भरा हुआ।

papaverine –'वॅरिन् n. (पोस्ताके रससे प्राप्त) अहिफेनका अलकेलॉयड।

papaverous –रॅस् a. अहिफेनी, पोस्ता जैसा, खसखासी।

papaw पॅपॉ' n. पिपीतक, पपीता-विशेष; पपा, पापा ⊙।

papaya –या n. (कृषि०) **पपीता** (*~ milk*)।

paper[1]* पे'पॅर् n. **पत्र***, **कागज***, पेपर; दस्तावेज, कागज-पत्र; विनिमयसाध्य, लेख्य; कागजी-मुद्रा^{F}, हुण्डी^{F}, नोट; (आ०) निःशुल्क प्रवेशपत्र, पत्रक, पास; प्रमाणपत्र; प्रश्नपत्र, समाचार-पत्र; निबन्ध, अभिपत्र, लेख; *~*-back

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कागज चढ़ी किताब^{F}; ~-currency पत्र-चलार्थ; चल-पत्र, नोट, हुण्डी^{F}; ~ feed (ध्वनि०) कागज चढ़ानेकी व्यवस्था^{F}; ~ finger पत्र-धारक; ~-hanger (दीवार^{F}-पर) कागज मढ़नेवाला; ~-hangings, wall-~ दीवारी कागज^{F}; ~-knife कागजतराश^{F}, कागज काटनेकी छुरी^{F}; ~-mill कागजका कारखाना, पेपर-मिल^{F}; ~-muslin चिकना-चमकीला मलमल; ~ of pins ⊙ आलपीन^{F}का पैकेट; ~-weight पत्रभार, कागजका दबाव, पेपरवेट; ~ war, (-warfare) पत्रसंग्राम, कागजी लड़ाई^{F}; *commit to* ~ टाँक^{F} लेना, लिख लेना; *on* ~ कागजी, कल्पना^{F}से, हिसाब लगाकर, आँकड़ोंसे (*on ~ he is the better man*); *put pen to* ~ लिखना प्रारम्भ करना; *send in* one's ~*s* त्यागपत्र देना, राजीनामा देना, इस्तीफा देना;

~ advisory committee, ~-backed, ~bail, ~ bark, ~ black, ~ blockade, ~ blue, ~ board, ~-bound, ~ brilliant scarlet, ~ brown, ~-capped, ~ clip, ~ clippings, ~ coal, ~ cone, ~ core, ~ counter, ~ cover, ~credit, ~currency department, ~ currency reserve, ~cutter, ~deep black, ~-faced, ~ fast blue, ~ fast bordeaux, ~-file, ~-folder, ~-gauge, ~-lined burlap, ~-maker, ~-making, ~-making process, ~ manufacturing society, ~ money, ~ mulberry, ~ nautilus, ~ particulars, ~pulp, ~pulp sheet, ~red, ~release lever, ~ rolls, ~ rupee, ~ scale, ~ scarlet, ~-shelled, ~-shuttered, ~ spool, ~ stand, ~ strip, ~ supplier, ~ support, ~ table, ~ tape, ~ technology, ~ thick, ~ thin, ~ trade, ~ transaction, ~ tray, ~ tubes, ~ ware, ~ washer, ~-weight, ~ whiteness, ~-windowed, ~ wrapper, ~ yellow.

paper^{2} v.t. कागजमें लपेटना; (दीवार^{F} आदि) कागजसे मढ़ना, सजाना; कागज लगाना, कागज पहुँचाना; (आ०) बहुतसे निःशुल्क पास बाँटकर (नाट्यशाला^{F} आदि^{F}) भर देना।

paperchase –चेस n. लुकन-मीटी^{F} खेलना, कागजके टुकड़ोंके सहारे दौड़^{F}में पीछा करना।

papering पे'पॅरिंग् n. कागज लपेटना; कागजी मढ़ाई^{F}, कागजी सजावट^{F}; कागज चढ़ाना (पुस्तकों^{F} आदिपर)।

papery –रि a. पत्रसदृश, कागजी।

papescent पेपे'सॅन्ट् a. (चि०) मृद्वन्तसम, गूदेदार।

papier mache पैप्'ये मै'शे n. पत्रगोर्द, (साँचेमें ढला हुआ कागजका) लुगदा।

papilionaceous पॅपिल्यॅने'शॅस् a. (वन०) चणक-कुल्य, आगस्तिक, प्रजापतिरूप, तितली^{F}का (सा)।

papilla पॅपि'लॅ n. (pl.-*e*) (चि०, जीव०) अंकुरक, प्राम्रिका^{F}, अक्षिबिम्ब, इयस्फोट, फुन्सी^{F}, मस्सा; (वन०) मांसस्तम्भी, गूमडा; रोमिका^{F}, (वाणि०, चि०) पैपिल्ला।

papillar, papillary, papillate, papillose –पै'पिलॅर् –रि, –लॅट्, –लोस् aa. (चि०) अंकुरदार, अंकुरक, प्राम्रकी^{F}, फुन्सीवाला; रोमयुक्त; अर्बुद-सम्बन्धी।

papilloma –लो'मॅ n. (चि०) अंकुरार्बुद, अर्बुद, चर्म-कील, पैपीलोमा।

papillous –पिलॅस् a. सांकुर, सपिण्डक; अंकुर-सहित, पिण्डिका^{F} सहित; मस्सेदार; (वन०) सलोम, रोमयुक्त; मांसस्तम्भीयुक्त, गूमड़ेदार।

papish पे'पिश् a. पोपवत्, पोप-जैसा।

papism –पिज़्म् n. पोपराज्य, पोपतन्त्रका समर्थन।

papist –पिस्ट n. पोपतन्त्रका समर्थक, रोमनकैथोलिक धर्मावलम्बी।

papistic, -al पॅपिस्'टिक्, -ॲल् aa. पोपतन्त्र-विषयक, पोपवाद-सम्बन्धी, रोमनकैथोलिक धर्म-सम्बन्धी।

papistry पे'पिस्ट्री n. दे० PAPISM.

papoose पॅपूस्' n. रेडइण्डियन शिशु।

papoosh, -ouche पॅप्'श, –ऊश' n. पापोश, जूता।

pappescent पॅपे'सॅन्ट् a. बाह्यदलोत्पादी, बाह्यदलोत्पादक, रोमोत्पादक, रोमोत्पादी, रोमचूडोत्पादी, रेशे उत्पन्न करनेवाला।

papposc, pappous पॅपोस', पै'पॅस् aa. लोमश, रोमचूडायुक्त, रेशेदार।

pappus पै'पॅस् n. (वन०) कोमलरोम, बाह्यदलरोम, रोमचूडा, रेशा; (चि०) प्रारम्भिक स्मश्रु या दाढ़ी^{F}।

pappy पै'पि a. मृदु, कोमल, पिलपिला; मृदखाद्ययुक्त; मूर्खतापूर्ण, सरल, अत्यन्त सीधा।

papula, -ule पै'प्यूल, -यूल् nn. (pl, -*e*, -*s*,) (चि०) पिटिका^{F}, मुँहासा, फुन्सी^{F}, दाना, गूमड़ा; फफोला, छाला।

papular, papulose, papulous –लॅर्, –लोस, –लॅस् aa. पिटिकीय, मुँहासा-जैसा, फुन्सीवाला, गूमड़ेवाला, फफोलेका, छालेका; मुँहासेदार, फफोलेदार।

papulation –ले'शॅन् n. मुँहासों या गूमड़ोंका निकलना।

papulose, papulous –पै'प्यूलोस्, लॅस् aa. = PAPULAR.

papyraceous पैपिरे'शॅस् a. पाण्डुलिपि-सम्बन्धी, पाण्डुलिपि-विषयक; (पानीके पौधे) श्रीपत्र-सम्बन्धी, पैपी-रसका; (चि०) कागजके सामान; ~ bone (चि०) झर्झ-रिकास्थि^{F}; ~ foetus ~ (चि०) गर्भशोष, शुष्कगर्भ।

papyro- पत्र-, (~*graph*, ~*graphy*, ~*type*)।

papyrologist पॅपिरॉ'लॅजिस्ट् n. पाण्डुलिपिशास्त्री, पाण्डुलिपि-वेत्ता, पाण्डुलिपि-विद्वान्।

papyrology –जि n. पाण्डुलिपिविज्ञान।

papyrus पॅपाॲ'रॅस् n. (pl. -*ri*) (बहु० के साथ) पाण्डुलिपि^{F}; (पानीका एक पौधा) श्रीपत्र, पैपीरस; (मिस्रवासियों द्वारा) श्रीपत्रके डण्ठलोंसे बना कागज।

par पार्' n. समता^{F}, तुल्यता^{F}, साम्य, समभाव, बराबरी^{F}, (विशे० *on a ~ with*) (ग०) सममल्य; (चि०) जोड़ा;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य परिमाण, औसत मात्रा^{F}, राशि^{F} या अवस्था^{F}; सम-मूल्यता^{F}, (बोल०) परिच्छेद, पैराग्राफ; *~value* (वाणि०, गणि०) **सममूल्य**; *above ~* अधिमूल्यपर; *at ~* सममूल्य-पर; *below ~* घाटेपर, अवमूल्यपर; *nominal ~* नाम-मात्र, नामांकित मूल्य; *~of exchange* विनिमय समार्घ, विनिमयकी सममूल्य दर^{F}।

par. paragraph; parallel, parish.

para[1] –पै'रे n. = PARAGRAPH.

para[2] पॅरॉ' n. एक तुर्की सिक्का, पारा।

para-[1] अधि- (*~ plasm*); परि- (*~ tracheal*); पर- (*~site*); परा (*~-duodenal, ~gastric, ~rectal, ~renal, ~tenporal, ~umbilical*); सह- (*~variation*); उप-, अनु- (*~central, ~colon*)।

para-[2] आश्रय, शरण या बचानेके अर्थमें (*~sol*)।

parabaptism पैरॅबैप्'टिज़्म् n. असम्बद्ध बप्तिस्मा, अनुचित नामकरण संस्कार।

parabasis पॅरै'बॅसिस् n. (प्रा० यूना०) समह-गीत, कोरस (जिसे श्रोताको सम्बोधित करके गाया जाता है)।

parabiosis पैरॅबाइ'ॲसिस् n. (चि०) **मिथः संसक्त जीवन**।

parable पै' रॅबॅल् n. नीति-कथा^{F}, **दृष्टान्त-कथा^{F}**, दृष्टान्त, निदर्शन, अन्योक्ति^{F}, नजीर^{F}; (प्रा०) गूढ़ लोकोक्ति^{F}, कहावत^{F}, पहेली^{F}; *take up* one's *~* सम्भाषण आरम्भ करना।

parablepsis पैरॅब्लेप सिस् n. (चि०) मिथ्यादृष्टि^{F}, अयथार्थ दृष्टि^{F}, सदोष दृष्टि^{F}, दूषित दर्शन, दूषित कल्पना^{F}।

parabola पॅरै'बॅल् n. (निर्दे० ज्या०) अनुवृत्ति, एकेन्द्र, **परवलय, पैराबोला** (*~method*)

parabole पॅरै'बॅलि n. उपमा^{F}, तुलना^{F}, सादृश्य, समता^{F}।

parabolic, -al पैरॅबॉ'लिक्, -ॲल् aa. नैतिक गल्प-विषयक, नीतिकथा-सम्बन्धी, दृष्टान्तरूपमें वर्णित; एकेन्द्रिय, **परवलीय, परवलयिक, लाक्षणिक**।

~ arch, *~* geometry, *~* girder, *~* layer, *~* mirror, *~* motion, *~* path, *~* reflector, *~* spiral, *~* traces, *~* trend.

paraboloid पॅरै'बॅलाएड् n. ठोस अनुवृत्त, **परवलयज** (*~ mirror*); *~ of revolution* **परिक्रमण, परवलयज**।

paracentesis पैरॅसॅन्टी'सिस् n. (चि०) पारवेधन।

paracentral पैरॅसे'न्ट्रॅल् a. (चि०) अनुकेन्द्र; उप-मध्य, **पराकेन्द्र-**, केन्द्रके समीप, केन्द्रके निकट।

parachronism परै'क्रॅनिज़्म् n. तिथिभ्रम, कालभ्रम।

parachute[1] पै'रॅशूट् n. परिच्छत्र, **अवतरण छत्र**, (वन०) **वायु-छत्र**, वैमानिक छत्र, हवाई छाता, **हवाई छतरी^{F}**, (*~store*), **पैराशूट^{F}**, *~* flare (यन्त्र०) **छतरी मशाल^{F}; छाता महताबी**; *~* mine पैराशूटसे फेंका हुआ स्फोटक, छत्र-निस्फोट, पैराशूट-बम; *~*troops पैराशूट-सेना^{F}, छत्रधारी सैनिक।

parachute[2] v.t. वायु-छत्र द्वारा भेजना, पैराशूट द्वारा उतरना।

parachutist –टिस्ट् n. वायु-छत्री^{F}, हवाई छतरी^{F}से उतरनेवाली पैदल सेना^{F}।

paraclete पैरॅक्लीट् n. अभिवक्ता, पक्ष-पोषक, समर्थक।

paracme पॅरैक्'मी n. (चि०) (रोगके) अवरोह या उपशमनकी अवस्था^{F}; उत्तरकाष्ठा^{F}, अधोगति^{F}, अधोगमन, अधःपतन, अवनति^{F}, गिरावट^{F}, पछाड़^{F}।

paracusis पैरॅक्यू'सिस् n. श्रुति-दोष, श्रवण-दोष, कानकी खराबी^{F}।

parade[1] पॅरेड् n. दम्भ, प्रदर्शन, आडम्बर, दिखावा (*make a ~ of*); यात्रा^{F}, सैन्ययात्रा^{F}, सैन्यप्रदर्शन; प्रयोग्या^{F}, सैन्यव्यायाम, सैन्यशिक्षा^{F}, युद्धाभ्यास, कवायद^{F}, **परेड**; (*~ ground* भी) प्रयोग्या-भूमि^{F}, सैन्य-व्यायामभूमि^{F}; चौक, सार्वजनिक स्थान।

parade[2] v.t. & i. प्रदर्शन करना, आडम्बर दिखाना, तड़क-भड़क^{F} दिखाना; प्रदर्शन करते हुए (जुलूस इत्यादिमें) चलना; (निरीक्षण इत्यादिके लिए सेना^{F}को) एकत्र करना, सैनिक व्यायाम करना, परेड करना।

paradigm पै'रॅडाइ (डि)म् n. निदर्शन, उदाहरण, नमूना; (विशे०) शब्दरूपावली^{F}।

paradigmatic, -al –मै'टिक्, -ॲल् a. विदर्शनीय, उदाहरणस्वरूप।

paradisaic, -al, paradisean, paradisiac, -al, paradisial, paradisian, paradisic, -al पैरॅडिसे'इक्, -ॲल्, -सि'ॲन्, -ऐक्, -ॲल, -ॲल्, -ॲन्, -सिक्, -ॲल aa. स्वर्ग्य, स्वर्गीय, स्वर्ग-सम्बन्धी, नन्दन-वनका, आनन्द-धामका।

paradise –'रॅडाइस' n. स्वर्ग, स्वर्गलोक, वैकुण्ठ, नन्दन-वन; (*earthly ~* भी) अदनवाटिका^{F}; आनन्दधाम; आनन्दावस्था^{F}; पशुवन।

parados पै'रॅडॉस्, पै'रॅडो n. किलेका पुश्ता, कोटका टीला।

paradox पै'रॅडॉक्स् n. असद्भास, असत्याभास, **विरोधाभास**, असंगत कथन, उलटी बात^{F}।

paradoxer, paradoxist –सॅर्, –सिस्ट् nn. असद्भासी, विरोधाभासी, उलटी बात^{F} बोलनेवाला।

paradoxical –'सिकॅल् a. असत्यवत्, असद्भासपूर्ण, विरोधाभासात्मक, **विरोधाभासी**, लोकविरुद्ध (*~equation, statement*)।

paradoxicality –कै'लिटि n. असद्भासपूर्णता^{F}, विरोधाभासिता^{F}, लोकविरुद्धता^{F}।

paradoxicalness –'सिकॅल् निस् n. असद्भास-पूर्णता^{F}, विरोधाभासिता^{F}, लोकविरुद्धता^{F}।

paradoxology –सॉ'लॅजि n. असद्भासोक्ति^{F}, विरोधा-भास-कथन, लोकविरुद्ध कथन; विरोधाभास।

paradoxure पैरॅडॉक्'स्युॲर n. (मांसभक्षी) पुच्छ-विडाल, लम्बपुच्छ, मार्जार, शाखिपूतीक।

paradoxy पै'रॅडॉक्सि n. दे० PARADOXICALITY.

paradysentery पैरॅडिसे'न्टॅरि n. उपातिसार।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

paraenesis, parenesis पॅरीनिॅसिस् nn. परामर्श, राय^{F}; अनुरोध।

par(a)enetic, -al पैरि॑ने॑'टिक्, -ॲल aa. परामर्शात्मक, अनुरोधपूर्ण, राय^{F}से सम्बन्धित।

paraesthesia पैरी(रे॑)स्थी'सिॲ n. (चि०) विकृत-संज्ञता^{F}, विकृतसम्वेदनता^{F}, **अपसंवेदन**; विकृतानुभूति^{F}, विकृत चेतना^{F}, दोषयुक्त चेतना^{F}, सदोष ज्ञान, विकृत-इन्द्रियजनित ज्ञान।

paraffin[1] पै'रॅफ़िन् n. (रसा०) मृद्वसा^{F}, **पैराफिन**; liquid ~ तरल मृद्वसा^{F}, हलका विरेचक; ~ oil मृद्वसा-तैल, पेराफिनका तेल; ~ wax पेट्रोलियमसे प्राप्त ठोस पेराफिन;

~ base, ~ blowlamp, ~ burner, ~ hydrocarbon, ~ lamp, ~ liquid, ~ ointment.

paraffin[2] v.t. मृद्वसा^{F}का प्रयोग करना, पेराफिनका उपयोग करना, पेराफिन लगाना।

paragenesis पैरॅजे॑'नि॑सिस् n. वर्णसंकरता^{F}, दोगलापन।

paragenetic –जि॑ने॑'टिक् a. वर्णसंकरता-विषयक, दोगलापन-सम्बन्धी, दोगला।

paragenic –जे॑'निक् a.= PARAGENETIC.

parageusia ⊙ पैरॅजू'सिॲ n. (चि०) स्वाद विपर्यास; ज्ञानेन्द्रिय-दोषातिशय, स्वादेन्द्रिय-दोषातिशयता^{F}।

paraglossa पैरॅग्लॉ'सॅ n. (श० र० शा०), जिह्वोपांग, बहिर्जिह्वा^{F}; (चि०) जिह्वातिपुष्टि^{F}, जिह्वास्थूलता^{F}।

paragoge पैरॅगो'जि n. (शब्दके अन्तमें) अक्षर-योग, अक्षर जोड़ना।

paragogic –गॉ'जिक् a. (शब्दके अन्तमें) अक्षर-योग-विषयक, जुड़े हुए अक्षरवाला।

paragon[1] पै'रॅगॅन् n. प्रतिमा^{F}, प्रतिरूप, श्रेष्ठता^{F}का आदर्श, उपमान, नजीर^{F}; श्रेष्ठतम व्यक्ति, अत्युत्कृष्ट वस्तु; मूर्तिमान आदर्श; बहुमूल्य बड़ा हीरा।

paragon[2] v.t. (का०) तुलना^{F} करना, मिलान करना।

paragonite पॅरै'गॅनाइट् n. क्षाराभ्रक।

paragram पै'रॅग्रैम् n. शब्द-क्रीड़ा^{F}, शब्दोंका खेल; श्लेष, शब्द-द्व्यर्थकता^{F}; शब्दार्थालंकार।

paragrammatist –मॅटिस्ट् n. शब्दक्रीड़क, सब्दोंका खेल करनेवाला; श्लेष-प्रयोक्ता, द्व्यर्थक शब्दोंका प्रयोग करनेवाला।

paragraph[1] पै'रॅग्रा(ग्रै)फ़्, n. खण्ड, **कण्डिका**^{F}, अनुच्छेद, परिच्छेद, पैरा, पैराग्राफ़; (समाचारपत्रमें अलग छपा हुआ) शीर्षकविहीन समाचार; निर्देशक चिह्न (¶)।

paragraph[2] v.t. (समाचारपत्रमें) अनुच्छेद या पैरा लिखना; (लेख आदिको) अनुच्छेदोंमें बाँटना।

paragrapher, paragraphist –फ़ॅर्, –फ़िस्ट् nn. अनुच्छेद-लेखक, पैरा लिखनेवाला।

paragraphia –ग्रै'फ़िॲ n. **लेखन-विकार**।

paragraphic –फ़िक् a. अनुच्छेदीय, पैरा-सम्बन्धी।

paragraphing –रॅग्रा(ग्रै)फ़िंग् **परिच्छेदन, पैरे बनाना**।

paragraphy –फ़ि n. अनुच्छेद-लेखन, पैराग्राफ़ लिखना।

paraheliotropic पैरॅहीलिॲट्रॉ'पिक् a. (वन०) प्रकाश-मुख, अनुप्रकाशी; पर्णवक्र, मुड़ा हुआ।

paraheliotropism –ऑ'ट्रॅपिज्म् n. (सूर्यकी किरणों^{F}-के समानान्तर) पर्ण-वक्रता^{F}, पल्लव-कुटिलता^{F}, पत्तियों^{F}-का टेढ़ापन; प्रकाशमुखता^{F}, अनुप्रकाशिता^{F}।

parakeet, paroquet, (*also*) **parroquet, paroquet, paraquito** पै'रॅकीट्, पै'रॅके॑ट्, क्रेट्, के॑ट्, किॅट् nn. कीर, शुक-विशेष, टुइँया, सुग्गा।

paralexia ⊙ पैरॅले॑क्'सिॲ n. उच्चारण-दोष, पठनोच्चारण-हीनता^{F}, पाठविकार, **पठनविकार**।

paralipomena ⊙ पैरॅलिपॅमे॑'निॲ n. परिशिष्ट, अवशेष।

paralipsis, -leipsis पैरॅलिप्'सिस्, -लाइप्'सिस् nn. (काव्य) अपह्नुति^{F}, बात^{F}को छिपाकर कहना, (*I say nothing of his antecedents, how from youth upwards* etc.)।

parallactic, -al पैरॅलैक्'टिक्, -ॲल् aa. भेदाभासी, विस्थापनाभास-विषयक; **दिग्भेद; लम्बनिक**, लम्बनसे सम्बन्धित;

~ angle, ~ ellipse, ~ equation, ~ inequality, ~ motion.

parallax पै'रॅलैक्स् n. भेदाभास, **विस्थापनाभास**, स्थानभ्रंश, च्युति^{F}, **दिग्भेद; लम्बन** (~ *factor*), T.

parallel[1] पै'रॅलॅल n. अक्षांश रेखा^{F}, अक्षरेखा^{F}, अक्षवृत्त (*the 49th* ~); (सेना^{F}०) समानान्तर खाई^{F}; सदृश व्यक्ति या वस्तु^{F}; समानान्तर अवस्था^{F}, समानान्तर रेखा^{F}, समानान्तर स्थिति^{F}; सदृश्यता^{F}, सादृश्य, तुल्यता^{F}, समानता^{F}, बराबरी^{F}; *draw a* ~ *line between* दो वस्तुओं^{F}की बराबरी करना।

parallel[2] v.t. सदृशता^{F} दिखाना, साम्य दिखाना, तुलना^{F} करना, अनुरूपता^{F} सिद्ध करना; समानान्तर करना या होना, सदृश होना, अनुरूप करना या होना; बराबर करना, मिलाना।

parallel[3]* a. समदिश, सदिश; (स्थिति०, वन०, प्रा० भूगोल, ग०) **समान्तर; समकक्ष, समानान्तर***; सदृश, सम, तुल्य, संवादी, समान, अनुरूप; ~ bars (व्यायाम करनेके लिए लकड़ी^{F}के खम्भोंपर लगे) समानान्तर डण्डे; ~ ruler समानान्तर रेखा^{F} खींचनेकी दोहरी पटरी^{F};

~ axis, ~ beam, ~ case, ~ cleavage, ~ combination, ~ connection, ~ current, ~ curve, ~ development, ~ diversion, ~ experiment, ~ flow, ~ forces, ~ gang, ~ government, ~ key, ~ light, ~ motion, ~ movement, ~ mutation, ~ plate, ~ resistance, ~ resonance, ~ rulings, ~ spin, ~ staff, ~ strips, ~ tubes, ~ variation, ~ venation.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

parallelepiped, (*also*) **parallepipedon** ⊙, (*improperly*) **parallelelopiped, parallelopipedon** ⊙ पैरॅलॅले॑पिपे॑ड्, –'पि॑डॉन्, –लॅपाइ'पि॑ड्, –डॉन् nn. (घ० ज्या०) **समान्तर फलकी**F; समानान्तर खात, समानान्तर चतुर्भुजोंसे घिरी हुई ठोस आकृतिF।

parallelise पै'रॅलॅलाइज़् v.t. दे० PARALLEL².

parallelism –लिज़्म् n. समानान्तरत्व, **समान्तरण**, समानान्तरताF; सादृश्यसिद्धान्त, **समान्तरवाद**, सादृश्यवाद; सदृशताF, सादृश्य, **समानता**F, तुलनाF, समताF, **बराबरी**F।

parallelist –लिस्ट् n. साम्यप्रस्तावक, सादृश्य उपस्थापक, तुलनाF करनेवाला।

parallelogram पैरॅले॑लॅग्रैम् n. (गति० वि०) **समान्तरभुज, समानान्तर चतुर्भुज**।

parallelotope ⊙ पैरॅले॑लॅटोप् n. (ग०) **समान्तर फलक**।

paralogia ⊙ पैरॅलो'जिॲ n. **अभिव्यक्तिदोष**, तर्कदोष।

paralogism पॅरै'लॅजिज़्म् n. **तर्काभास**, युक्तिशून्य तर्क; भ्रान्तिF, हेतुभ्रम, हेत्वाभास, आभास।

paralogize –लॅगाइज़् v. i. तर्काभास करना, युक्तिरहित तर्क देना; वेतुकी बातF करना।

paralogy ⊙ –लॅजि n. अयुक्त-मीमांसाF, अयुक्तिसंगत तर्क।

paralysant पै'रॅलाइज़ें॑न्ट् a. (चि०) अंगघाती, संस्तम्भकर, स्तम्भकर, लकवा मार देनेवाला।

paralysation –ज़ेशॅन् n. (चि०) अंगघातक (औषधिF); संस्तम्भ, अर्धांग, पक्षाघात होना, लकवे या फालिजका प्रभाव; शक्तिहीनताF, लूलापन।

paralyse –'रॅलाइज़् v.t. (चि०) अंगघात होना, पक्षाघात होना; लकवा मारना, फालिज गिरना; (ला०) गतिहीन करना, शक्तिहीन कर देना, बेकार कर देना, निकम्मा बना देना, लूला-लँगड़ा बना देना; ठप करना।

paralysis पॅरै'लिसिस् n. (चि०, कृषि०) **अंगघात, पक्षाघात, स्तम्भ, संस्तम्भ**, गात्रोपघात, **लकवा, फालिज**, T.; (ला०) अतिशक्तिहीनताF, जाड्य, नपुंसकताF; ~ agitans (चि०) कम्पांगघात।

paralytic[1] पैरॅलि'टिक् n. (चि०) अंगघातयुक्त रोगी, अर्धांगरोगी, पक्षाघातपीड़ित; शक्तिहीन व्यक्ति।

paralytic[2] a. (चि०) अंगघात-सम्बन्धी; अंगघात-पीड़ित, अर्धांगग्रस्त, स्तब्धगात्र, पक्षाघातपीड़ित; लकवा मारा हुआ; (शा० एवं ला०) शक्तिहीन, पंगु।

paramagnetic पैरॅमैग्ने॑टिक् a. (रसा०) **समचुम्बकीय**, एकाधिचौम्बिक, समचुम्बक, **अनुचुम्बकीय**, अनुचुम्बक।

paramagnetism –'नि॑टिज़्म् n. एकाधिचौम्बिकताF, (भौ०) **समचुम्बकत्व, अनुचुम्बकत्व**, अनुचुम्बकताF।

paramatta पैरॅमै'टॅ n. (ऊन और रेशमके मिश्रणसे बना) एक मुलायम कपड़ा, पैरामैटा।

parameter पॅरै'मि॑टॅर् n. (ज्यामितिF) विन्दुपरिमाण, परिमापी, **समष्टिF**, न्यष्टि-रेखाF, प्राचल।

parametric ⊙ पैरॅमे॑ट्रिक् a. (गणित०) **प्राचल-, प्राचलिक, प्राचलीय**;

~ coordinates, ~ curve, ~ equation, ~ representation.

paramnesia ⊙ पैरॅनी'सिॲ n. (चि०) अपस्मृतिF, भ्रमपूर्ण स्मृतिF, भ्रमात्मक स्मरण-शक्तिF।

paramo पै'रॅमो n. (pl. -*s*) पठार, परामो, (एण्डीजमें उच्च मरुस्थल देश)।

paramount पै'रॅमॉउन्ट् a. परम (*of ~ importance*), सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम, **सर्वोपरि**, प्रधानतम, सर्वोच्च, प्रमुख, मुख्य, उच्चतम, बड़ा; lady ~ परम महीयसीF; lord ~ परमभट्टारक, परमाधिपति, **अधीश्वर**।

paramountcy –सि nn. **प्रभुता**F; सर्वोच्चताF, सर्वश्रेष्ठताF, **सर्वोपरिता**F, सर्वोपरि सत्ताF, **अधीश्वरता**F।

paramour[1] पै'रॅमूॲर् a. (क्रा०) **जार**।

paramour[2] n. (भाषण०) विट, **जार**, उपपति, यार, जारिणीF, उपस्त्रीF, उपपत्नीF।

parang पा'रैन्ग् n. खड्गिकाF, लघुखड्गF, छोटी तलवारF, परांग।

paranoia, -noea पैरॅनाऍ'ॲ, -नी'ॲ nn. **संविभ्रम**, पीडनोन्माद, मानसिक उन्माद, चित्तविक्षेप, मनोविभ्रम, T.

paranoiac, paranoid ⊙, **paranoidal** ⊙ –ॲक्, –नाऍड्, –'डॅल् aa. **संविभ्रमी**, चित्तविक्षेपी, पीडनोन्माद-युक्त।

paranthelion पैरैन्थी'लिॲ n. **सूर्याभास**।

paranthesis ⊙ पैरन्थी'सिस् n. कोष्ठक, गोल कोष्ठक।

paranucleus पैरॅन्यू'क्लिॲस् n. (जीववि०) उपन्यष्टिF, उपकेन्द्रक; (वन०) **उपनाभिक**।

paranymph –निम्फ् n. सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति, सर्वोत्तम व्यक्ति।

parapet पै'रॅपि॑ट् n. परिधाF, कमरकोटा, **मुँडेरा** (~ *gutter*), कँगूरा, मेंड़F; (सेना०) **प्राकार**, दमदमा, मोरचा, दीवारF, छातीF तक ऊँची दीवारF।

parapeted –टि॑ड् a. कमरकोटेवाला, मुँडेरदार, मेंड़दार; दमदमादार (जिसके आगे नीची दीवारF हो)।

paraph पै'रैफ् n. हस्ताक्षरचिह्न, हस्ताक्षरके अन्तकी घुमावदार रेखाF।

paraphasia ⊙ पैरॅफे'ज़िॲ n. **वाग्विकार**, वाग्वैकल्य; PARAPHRASIA.

paraphernalia पैरॅफनें'लिॲ n. (pl.) व्यक्तिगत उपकरण, निजी सामग्रीF, वसन-भूषण; साज-सामान, सामान, लवाजमा; मशीनF के कल-पुर्जे।

paraphimosis पैरॅफिमो'सिस् n. (चि०, कृषि०) **परिवर्तिकाF**, शिश्नमुण्डके चमड़ेका उलटकर संसक्त हो जाना।

paraphonia ⊙ पैरॅफो'निॲ n. **स्वरविकार**।

paraphrase[1] पै'रॅफ्रेज़् n. **पदान्वय**, भावानुवाद, छायानुवाद, भाष्य, टीकाF, व्याख्याF, अर्थप्रकाश।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

parental पॅरेन्'टॅल् a. (कृषि०) पैतृक, पित्रीय, पित्र्योचित, **जनकीय, जनक-सम्बन्धी,** पितृसुलभ, माता-पिता-सम्बन्धी;

~ authority, ~ behaviour, ~ care, ~ characters, ~ cooperation, ~ generation, ~ influence, ~ instinct, ~ stock, ~ tree.

parenteral ⊙ पॅरे न्'टॅरॅल् a. व्यान्त्रिक, **आन्त्रेतर,** आन्त्रबाह्य (~ *digestion*)।

parenthesis पॅरे न्'थिसिस् n. (Pl. *-es*) निक्षिप्त वचन, प्रासंगिक वचन, उपवाक्य, अप्रधान वाक्य; कोष्टक द्वारा चिह्नित अवान्तर शब्द-समूह; (sing. या pl.) (निर्दे० ज्या०) **लघु बंधनी**F, **लघु कोष्टक** (); (ला०) व्यवधान, विराम, मध्यवर्तिनी घटना F।

parenthesize –साइज् v.t. निक्षिप्त वाक्य एवं शब्दके रूपमें रखना; वाक्यके अन्दर लघु कोष्टकमें अवान्तर शब्द-समूह रखना; निक्षेप चिह्नित करना।

parenthetic पैरन्थे टिक् a. निक्षिप्त वाक्यके रूपमें रखा हुआ; (अवान्तर शब्द-समूहके रूपमें) कोष्टकके अन्तर्गत निविष्ट; मध्यवर्ती, मध्यवर्तिनी घटना-विषयक; व्यवधानरूप।

parenthetical –कॅल् a. निवेशित, निक्षिप्त; प्रासंगिक, अन्तर्गर्भित; मध्यस्थित; अप्रधान।

parenthood पेअॅरॅन्टहुड् n. पितृत्व।

parenticide पॅरे न्'टिसाइड् n. पितृ-वध, जननी-जनक-वध, माता-पिताकी हत्या F।

parentless पेअॅरॅन्ट्'लिस् a. मातृ-पितृविहीन।

parer पेअॅरॅर् n. छाँटनेका यन्त्र, तराशनेका औजार, कतरनी F।

parergon (Gk.) n. सहकर्म, सहायक कार्य; अनुकर्म, उपकर्म।

paresis पैरि सिस् n. (चि०) अल्पांगघात, अंगोपघात, आंशिक अंगघात; (कृषि०) **आंशिक पक्षाघात,** अल्पसंस्तम्भ, अंशघात, अर्द्धसंस्तम्भ, अर्द्धस्तम्भन, अधलकवा।

paresthesia = PARAESTHESIA.

par excellence (F) adv. श्रेष्ठ, परमोत्कृष्ट, सबसे बढ़कर।

par exemple (F) adv. यथा, उदाहरणतया।

pari delicto (L) (का०) समदोषी।

pari passu (L) adv. सम कोटिसे, **समरूप,** साथ-साथ।

paretic पॅरे टिक् a. (चि०) अंगोपघातक, अंगोपघातक सम्बन्धी; अर्द्धस्तम्भीय, अर्द्धसंस्तम्भ-सम्बन्धी, अधलकवेका।

parget[1] पार्'जिट् n. विषम लेप, प्रलेप, असम लेपन, अचिक्कण लेपन, खड़ंडीहड़ गोबरी F, कलई F, रंग-रोगन।

parget[2] v.t. विषम लेप करना, असम लेपन करना, अचिक्कण लेपन करना, खड़ंडीहड़ गोबरी F करना।

pargeter –टॅर् n. विषम लेपक, असम लेपक, अचिक्कण लेपक, खड़ंडीहड़ गोबरी F करनेवाला।

pargeting –टिंग् n. विषम लेप, असम लेपन, अचिक्कण लेपन, लिपाई F, खड़ंडीहड़ गोबरी F करना।

parhelion पॅर्हील्यॅन् n. सूर्याभास, मिथ्या सूर्य।

pariah पेअॅरिआ, पैरिआ n. (द० भारतका) शूद्र, अस्पृश्य व्यक्ति, अछूत, पैरिया; (ला०) चाण्डाल, जाति-बहिष्कृत व्यक्ति; ~-dog शूद्र श्वान, (भारतमें) पीले रंगका घुमक्कड़ कुत्ता।

Parian[1] पेअॅरिअॅन् n. सुराजाश्म, बढ़िया पकी हुई सफेद चीनी मिट्टी F।

Parian[2] a. सुराजाश्म-सदृश, पारोसी; पारोस द्वीपका; ~ marble पारोस द्वीपका संगमरमर।

paries पेअॅरिईज् n. प्राचीर, भित्ति F, दीवार F।

parietal[1] पॅराइ'इटॅल् n. (चि०, जीव०) मध्यकाF, पार्श्विकाF, मध्यकपाल, पार्श्वकपाल, पैराइटल।

parietal[2] a. पार्श्वकपालीय, पार्श्वीय, **पार्श्विक,** प्राचीर-विषयक, भैत्त, प्राचीर-सम्बन्धी, शरीरभित्ति F या विवर-सम्बन्धी; (वन०) **भित्तिलग्न, पैराइटल;** ~art **भित्ति-कला** F; ~ bones पार्श्वकपाल-अस्थि F, पार्श्विकास्थि F, कपालपार्श्विका F;

~ angle, ~ area, ~ border, ~ foramen, ~ layer, ~ lobe, ~ membrane, ~ notch, ~ organ, ~ region, ~ regment, ~ surface, ~ tuberosity, ~ vein.

parietes –टीज् n. (चि०) PARIES का बहु व०।

paring पेअॅरिंग् n. कर्त्तन, छँटाई F, छाँटन F, कतरन F, छीलन F।

paripinnate पैरिपि'नॅट् a. समपक्षवत्।

paris पै'रिस् n. पेरिस; (वन०) समांग लता F; ~blue, ~green, ~red, ~white, ~yellow अनेक रंग।

parish पै'रिश् n. पादरीका प्रदेश, पैरिश; जनपद पल्ली F, बस्ती F; सदावर्त क्षेत्र, खैराती हल्का; पादरी-प्रदेशके निवासी; ~ clerk पल्ली-करणिक; ~ council पल्ली-परिषद् F; ~ minister, ~ priest पादरी, पल्ली-प्रदेशका पुरोहित; ~ register पैरिश-रजिस्टर; *go on the* ~ जानपदपल्ली F से सहायता F प्राप्त करना।

parishioner पॅरि'शॅनॅर् n. पल्लीक, पल्लीवासी, ग्रामिक, ग्रामवासी, पैरिशनिवासी।

parisian पॅरि'ज़ॅयॅन् a. & n. पेरिसका (निवासी)।

parison पै'रिसॉन् n. (रसा०) **प्रथमरूप** (~*mould*), T. (भाषावि०) वाक्य-सन्तुलन।

parisyllabic पैरिसिलै'बिक् a. समाक्षर, बराबर अक्षरों-वाला।

parity पै'रिटि n. समार्हता F, साम्य, तुल्यता F, **समता** F, **समानता** F, बराबरी F; अनुरूपता F, समानान्तरता F; साधर्म्य, सादृश्य (~ *of reasoning*); (गणि०) मुद्रा F की सममूल्य दर; T.

park[1] पार्क् n. उपवन, उद्यान, प्रमोदवन, प्रमदवन; नगरोद्यान, पार्क; बाड़ा; मैदान; (तोप F या मोटर F आदिका) अड्डा, तोपखाना; पड़ाव, कैम्प; ~-keeper उद्यानाधिकारी, पार्कका अफसर; ~ land **उपवन;** रख, Oyster ~ शुक्तिक्षेत्र, कस्तूरा मछली F का सरोवर।

park[2] v.t. उद्यान बनाना, पार्क बनाना; (तोप F) मैदानमें

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सजाना; (फ़ौजी सामान) एकत्र करना; (मोटर^{F} आदि) खड़ा करना, पार्क करना।

parker –'कॅर n. वनपाल, प्रमदवन-रक्षक।

parkin पार्'किन् n. जई^{F}की रोटी^{F}।

parking पार्'किंग् n. गाड़ी^{F} खड़ी करना, ~ place पड़ाव, अड्डा, गाड़ी^{F} खड़ी करनेकी जगह^{F}।

parkinsonism पार्किन्'सॅनिज़्म् n. (चि०) कम्पनयुक्त अंगघात, कँपानेवाला लकवा, कँपानेवाला फालिज।

parkish –'किश a. उद्यानवत्, उपवन-जैसा, पार्क जैसा।

parkland पार्क्'लैन्ड् n. (पार्ककी भाँति) घास^{F}का मैदान।

parkway –'वे n. घास^{F} और वृक्षसे सुसज्जित चौड़ा मार्ग।

parky पार्'कि a. शीतल, ठण्डा, जाड़ेका।

parlance पार्'लॅन्स् n. सम्भाषण, संवाद, संलाप, वाक्सरणी^{F}, भाषा^{F}, शब्दावलि^{F}, बोलचाल^{F}; संवाद-शैली^{F}, बोलचाल^{F}की रीति^{F} (*in common, legal,* ~)।

parley[1] पार्'लि n. (pl. -*s*) (विवादग्रस्त प्रश्नोंको सुलझानेवाला) सम्मेलन; **सन्धि-वार्ता^{F}, सुलह-वार्ता^{F},** शर्तों^{F}पर बहस^{F}; सम्भाषण, वार्तालाप^{F}, वार्ता^{F}, विवाद ⊙; *beat, sound, a* ~ ढोल बजाकर सन्धि-वार्ता^{F}के लिए बुलाना।

parley[2] v. i. & t. (शर्तों^{F}पर) वार्ता^{F} करना, बातचीत^{F} करना, बहस^{F} करना; (विशे० विदेशी भाषा^{F}) बोलना।

parlementaire (F) n. सन्धि-ध्वज-वाहक।

parleyvoo पार्लिवू' n. फ्रांसीसी, फ्रांस-निवासी।

parliament पार्'लॅमॅन्ट् n. विचारसभा^{F}, **संसद्^{F},** (~ *assistant*), मन्त्रणा-संसद्^{F}, **पार्लमेण्ट^{F}**; ~-cake केक, अदरककी पतली खस्ता मीठी टिकिया^{F}, ~ of bats **लाठी संसद^{F}**।

parliamentarian[1] –टेअ'रिॲन् n. संसद्विज्ञ, संसत्पण्डित, संसद्वादी, सभा-चतुर।

parliamentarian[2] a. संसद्य, संसत्पक्ष्य, सांसदिक, संसदीय।

parliamentarianism –निज़्म् n. संसदाशासन, संसत्शासन, संसद्राजता^{F}, संसद्वाद, संसद्-पद्धति^{F}।

parliamentary –मे'न्'टॅरि a. संसद्-, सांसद, **संसदीय;** अधिनियमित या स्थापित; (बोल०) सभ्य, शिष्ट; ~agent संसदीय प्रतिनिधि; ~ hinge **मुड़वाँ कब्जा;** ~ language संसदीय भाषा^{F}, शिष्ट भाषा^{F}; ~ affairs, ~ borough, ~ code, ~correspondent, ~ decorum, ~ democracy, ~ etiquette, ~ government, ~ oath, ~ law, ~ practice, ~ procedure, ~ secretary, ~ system, ~ tax.

parlor ⊙ पॉर्'लॅर् n. वार्तालाप-कक्ष, बैठक; हत्थेदार कुर्सी^{F}, आराम-कुर्सी^{F}।

parlour पार्'लॅर् n. वार्तालाप-कक्ष, वार्तागृह, बैठक^{F}; (सराय^{F}में) प्राइवेट कमरा; ~ boarder आचार्य या प्रिंसिपलके घरमें रहनेवाला छात्र; ~ car ⊙ सुन्दर सुसज्जित रेलका डिब्बा; ~ maid महाराजिन^{F}, खाना खिलानेवाली दासी^{F}।

parlous[1] पार्'लॅस् a. संकटपूर्ण, भयंकर, खतरनाक; कठिन, कड़ा; अतिकुशल, काइयाँ, घाघ, चालाक, होशियार।

parlous[2] adv. अतिमात्र, अतीव, अत्यन्त।

Parl. S. Parliamentary Secretary.

parmesan पार्मिज़ैन्' n. (पारमामें बननेवाला) एक पनीर।

Parnellism पार्'नॅलिज़्म् n. (आयरलैण्डके नेता पार्नलका) स्वराज्यवाद (१८८०–१८९१ ई०)।

parochial पॅरो'कि॰ॲल् a. ग्राम्य, ग्रामीय, पल्लीय, पल्ली-विषयक, पैरिश-सम्बन्धी; संकुचित, सङ्कीर्ण, सीमित; स्थानीय।

parochialism, parochiality –लिज़्म्, –ऐ'लिटि nn. पल्लीयता^{F}, पल्लीव्यवस्था^{F}; संकीर्णता^{F}, संकीर्ण-स्थानीयता^{F}।

parochialize –'कि॰ॲलाइज़् v.t. पादरी-क्षेत्र-सम्बन्ध जोड़ना, स्थानीय बनाना, ग्रामीण बनाना।

parodic पॅरॉ'डिक् a. हास्यानुकृतीय, व्यंग्यकाव्य-विषयक, हास्यानुकृति-सम्बन्धी, पैरोडी^{F}का।

parodist पै'रॅडिस्ट् n. हास्यानुकर्ता, व्यंग्यकाव्यकार, पैरोडीकार।

parody[1] –डि n. हास्यानुकृति^{F}, विद्रूपिका^{F}, अनुकृति-काव्य, व्यंग्यकाव्य, पैरोडी^{F}।

parody[2] v.t. साहित्यिक रचना^{F}को हास्यमय पदोंमें बदलना, अनुकृति-काव्य रचना, पैरोडी लिखना।

paroemiography, paroemiology ⊙ पॅरीमि-ऑ'ग्रॅफि, –'लॅजि nn. कहावत-वर्णन, लोकोक्ति-शास्त्र, लोकोक्ति-विचार।

paroicous ⊙ पॅरॉइ'कॅस a. (वन०) **अभिन्नशाखाश्रयी, एकशाखाश्रयी।**

parol[1] पॅरोल्' a. (क़ानून) **मौखिक, वाचिक,** जबानी।

parole[2] पॅरोल्' n. वचन, उक्ति^{F}; कारावकाश; (सेना०) प्रतीति^{F}, प्रतीति वचन (~ *of honour*), अभिवचन, प्रतिज्ञा^{F}, **वाग्विश्वास,** प्रतिश्रुति^{F}, **पैरोल,** सबन्ध मुक्ति^{F}; अवकाशटिकट ⊙; *on* ~ शर्त^{F}पर रिहा किया हुआ।

parole[3] v.t. मौखिक शर्त^{F}पर रिहा करना।

paronomasia पैरॅनॅमे'ज़्यॅ, –सिॲ n. श्लेष, श्लेष-प्रयोग।

paronychia पैरॅनि'किॲ n. (चि०) परिनख शोथ, चिप्य, नाखूनकी सूजन^{F}।

paronym –पैरॅनिम् n. श्लेषात्मक शब्द, यमक, श्लेष, नामाभास।

paronymous पॅरॉ'निमॅस् a. श्लेषात्मक, यमक-, (~ *word*)।

paroquet पै'रॅकेट् दे० PARAKEET.

parosmia ⊙ पैरॉस्'मिॲ n. (चि०) **घ्राणविकृति^{F}।**

parotid[1] पॅरॉ'टिड n. (चि०) कर्ण-पूर्व-ग्रन्थि^{F}, **कर्णमूल-ग्रन्थि^{F},** उपकर्ण, **पैरोटिड ग्रन्थि^{F}।**

parotid[2] a. (चि०) कर्ण-पूर्व-, पुरःकर्ण, उपकर्णका, कर्णमूलीय (~ *duct,* ~ *gland*)।

parotidean ⊙ –डी'ॲन् a. औपकर्णिक, कर्णपूर्वीय।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

parotitis पैरॅटाइ'टिस् n. = MUMPS. (चि०) कर्णपूर्व ग्रन्थि शोथ।

paroxysm पै'रॅक्सिज्म् n. (चि०) प्रावेग, संवेग, **आवेग**, संभ्रम, आक्रम, आक्षेप; रोगावेश; मूर्च्छा[F], दौरा; आक्रोश, क्रोधावेश, गुस्से (या हँसी[F]) का दौरा।

paroxysmal –'मॅल् a. (चि०) प्रावेगिक, प्रावेगीय; संवेगी, **आवेगी**, संभ्रमात्मक; आवेशपूर्ण; रोगावेश-सम्बन्धी।

paroxytone पॅरॉक्'सिटॅन् a. & n. (व्या०) उपान्त्य अक्षरपर तीक्ष्ण स्वराघातवाला (शब्द)।

parpen पार्'पॅन् n. विभाजन, परदा, पत्थरका बन्द; पत्थरके बन्दकी दीवार[F]।

parquet[1] पार्'किट् n. **सजावटी लकड़ी[F] का फर्श**, लकड़ी[F] के टुकड़ोंका फर्श; ~ floor **सजावटी लकड़ी[F] का फ़र्श**।

parquet[2] v.t. फर्शमें लकड़ी[F] के टुकड़े जड़ना।

parquetry –ट्रि n. (फर्शपर) काष्ठ चित्रकारी[F]।

parr, par पार्', पार्' n. सामन मछली[F] का बच्चा।

parrakeet पै'रॅकीट् n. PARAKEET.

parrhesia पॅरी'जिॲ, -'सिॲ n. स्वच्छन्द भाषण, मुक्त भाषण, वाक्प्रगल्भता[F], भाषणशूरता[F]।

parricidal पैरिसाइ'डॅल् a. पितृघातीका, पितृवधात्मक, पितृहत्या-विषयक; देशद्रोहपूर्ण।

parricide –रिसाइड् n. गुरुजन-घातक, पितृहन, जन-वध्य; देशद्रोही, गद्दार; पितृघात, पितृवध, बन्धुहत्या[F]; देशद्रोह, गद्दारी[F]।

parrot[1] पै'रॅट् n. शुक, तोता, सुग्गा, मिट्ठू; तोतेकी भाँति रटनेवाला; ~-billed शुकचंचुवत्, टेढ़ा; ~ cry अर्थहीन मुहावरा; ~-fish तोतेकी-सी चोंचवाली मछली[F]; ~ tree शिरीष।

parrot[2] v.t. तोतेकी भाँति रट, शुकवाणी[F]।

parrotry –ट्रि n. तोतेकी भाँति रटना।

parry[1] पै'रि n. परिहार, रोक[F], तोड़।

parry[2] v.t. प्रत्याक्रमण करना, परिहार करना, रोकना; (चोट, वार) बचा जाना, टाल देना, हटाना, दूर करना।

parrying –'रिइंग a. (यन्त्र०) **सरकाना**।

pars (L) (चि०) **भाग, अंश**।

parse पार्ज़', पार्स' v.t. पदव्याख्या[F] करना, पदच्छेद करना।

parsec पार्'सेॅक n. भेदांश, तारोंके अन्तरकी इकाई[F]; कलांश, तारोंका एक अंशसे दूसरेतक जानेका अन्तर, **पारसेक**।

Parsee, Parsi पार्सी', पार्सी' n. पारसी।

parsimonious पार्सिमो'निॲस् a. कृपण, मितव्ययी, कंजूस, कमखर्च।

parsimoniousness –नि॰स् n. दे० PARSIMONY.

parsimony पार्'सिमॅनि n. कृपणता[F], अल्पव्यय, मितव्ययिता[F], कमखर्ची[F], कंजूसी[F]; (दर्शन०) **कल्पना-लाघव**।

parsing पार्'ज़िं(सिं)ग् n. पदव्याख्या[F], पदपरिचय, पदच्छेद।

parsley पार्स'लि n. प्राजमोदा, **अजमोद**, अजवायन, अजवायनकी तरह सुगन्धित पत्तियोंवाला एक पौधा।

parsnip पार्स्'निप् n. गर्जरिका[F], गाजर[F]; चुकन्दर, T. *fine words butter no ~s* चिकनी-चुपड़ी बातों[F] से पेट नहीं भरता।

parson पार्'सॅन् n. पल्लीपुरोहित, ग्रामोपाध्याय, पादरी; मुख्याधिष्ठाता, अधिशिक्षक, रेक्टर; ~-bird न्यूज़ीलैण्डका एक पक्षी, श्वेतग्रीव।

parsonage –निज् n. पुरोहिताश्रम, पादरीका भवन, रेक्टरका निवास।

parsonic पार्सॉ'निक् a. पल्लीपुरोहित-विषयक, पादरी-सम्बन्धी, पादरीका, रेक्टरका।

parsonical –कॅल् a. = PARSONIC.

part[1]* पार्ट्' n. अवयव, **अंग**, खण्ड, **भाग***, **अंश**, टुकड़ा, हिस्सा*, बाँट[F]; (अभिनय) भूमिका[F], पार्ट; (संगी०) राग, लय[F], तान[F]; (बहु०, प्रायः) क्षमताएँ[F], योग्यताएँ[F] (*a man of ~s*); प्रदेश, भूभाग, इलाका; दल, झगड़ेका पक्ष; काण्ड; कला[F]; कर्म, कार्य, धर्म; ~ method **खण्डप्रणाली[F]**; ~ payment आंशिक भुगतान; ~s of speech शब्दभेद (noun, pron., verb, *etc.*); ~-time खण्डकालिक, **अंश-कालिक** (~ *officer*); the ~s गुप्तभाग, निजी भाग; three ~ तीन-चौथाई; *for my* ~ अपनी ओरसे तो, जहाँतक मेरा सम्बन्ध है; *for the most* ~ प्रायशः, प्रायः, बहुशः, बहुधा, अक्सर; *in bad (or ill)* ~ पराङ्मुख, प्रतिकूल; *in* ~ अंशतः; *on the* ~ *of* की ओरसे (*there is no objection on the* ~ *of my father*); ~ *and parcel* अनिवार्य या आवश्यक अंग; *play a noble* ~ भद्र व्यवहार करना; *play a* ~ धोखा देना, चाल[F] चलना, धूर्ततापूर्ण व्यवहार करना; *take* ~ सहायक होना, भाग लेना, शरीक होना; *take* (words, action) *in good* ~ क्रुद्ध न होना, बुरा न मानना; *take the* ~ *of* अनुमोदन करना, समर्थन करना, पक्ष करना;

~ case, ~ clearing, ~-earned, ~-heard, ~ labour, ~ method, ~-occupier, ~-opened, ~ owner, ~-paid, ~ payment, ~ performance; ~-promised, ~ satisfaction, ~-singing, ~-song, ~-time basis, ~-time civil employment, ~-time course, time~ job, ~-time work, ~-time worker.

part[2] v.t. & i. खण्डित करना या होना, विभक्त करना या होना, टुकड़े करना, हिस्से करना; बँटना, बाँटना, **टूटना, अलग-अलग होना**, (*the croud ~ed*); माँग निकालना, बालोंको सँवारना; (लड़नेवालोंको) **पृथक्-पृथक करना**, छुड़ाना; साथ छोड़ना, विदाई[F] लेना, बिछुड़ना, विदा[F] होना (*let us ~ as friends*); मरना; (बोल०; जैसे) रुपया निकालना, खर्च करना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चुकाना; ~ *company* अलग करना, मैत्री[F] भंग करना; ~ *from* or *with* विदा[F] करना, विदाई[F] लेना, पृथक् होना, बिछुड़ना, अलग होना; (केवल *with* के साथ) त्यागना, अर्पित करना, सौंपना, हवाले करना।

part[3] adv. अंशतः, कुछ आंशिक रूपसे (*made ~ of iron & ~ of wood*)।

partakable पार्टे'कॅबॅल् a. अंशग्राह्य, भाज्य, भाग लेने योग्य, हिस्सा लेने योग्य, साझीदार होने लायक।

partake –क्' v. t. & i. (p.t. *partook*, p.p. *partaken*) भाग लेना, साझीदार होना, हिस्सा लेना, शामिल होना, शरीक होना, ग्रहण करना, भोजन करना, (कुछ) खाना पीना; (बोल०) ले लेना, खा जाना (*he ~s of our lowly fare*); (किसीका गुण, स्वभाव) ग्रहण करना (*his manner ~s of insolence*)।

partaker –'कॅर n. भाग लेनेवाला, हिस्सेदार, साझीदार।

parted पार्'टिड् a. वियुक्त, वियोजित, भिन्न, अलग किया हुआ; (वन०) **फटा हुआ**।

parter –टॅर् n. सहभोगी, अंशी, भागी; वियोक्ता, वियोजक, अलग करनेवाला।

parterre पार्टेअॅर्' n. पुष्पवाटिका[F], कुसुमाकर, क्यारियों[F]की समतल भूमि[F], बगीचा, फुलवाड़ी[F]; (नाट्यशाला[F]के श्रोतृवर्गके स्थानके) भूमितलका एक भाग; नीचेकी मंजिल[F]; गर्त, गड्ढा ⊙।

parthenogenesis पार्थॅनॅजे"निॅसिस् n. (कृषि०) **असेचन जनन, असंसेचन फलन,** (वाणि०) **अनिषेक जनन; अमैथुन-जनन,** अनिषिक्तजनन, एकलिंगजनन, कौमार्यजनन, कुमारीद्वारा जनन, निःशुक्रजनन, असम्भोग जनन, जननेन्द्रिय-सम्पर्कके बिना प्रजनन।

parthenogenetic –जिॅने"टिक् a. (चि०) निःशुक्र जनन-सम्बन्धी, अनिषिक्त-जनन-सम्बन्धी, आत्मजननका।

Parthian पार्'थिअॅन् n. खुरासानी; ~ glance अन्तिम दर्शन, आखिरी झलक[F]; ~ shot अन्तिम प्रहार।

parti (F) n. वर, जोड़ा।

partial[1] पार्'शल् n. (संगीत) **अंशस्वर,** आंशिक स्वर, **स्वरअंशिका[F], खण्ड,** (*upper ~s*)।

partial[2] a. न्यायघाती, अन्यायी, **पक्षपाती,** तरफदार; **आंशिक,** असमग्र, (~ *eclipse*); असार्वत्रिक, अव्यापक; किंचित्, असम्पूर्ण, अपूर्ण, अधूरा (*a ~ success*); ~ *to* के प्रति पक्षपातपूर्ण (*he is ~ to me*);

~ absence, ~ acceptance, ~ allotment, ~ association, ~ audit, ~ average, ~ clearage, ~ correlation, ~ cross-section, ~ defence, ~ delivery, ~ derivative, ~ differentiation, ~ discharge, ~ dominance, ~ earth, ~ eclipse, ~ elimination, ~ endorsement, ~ equation, ~ evidence, ~ fraction, ~ insanity, ~ inversion, ~ loss, ~ order, ~ payment, ~ pressure, ~ probability, ~ product, ~ reduction, ~ restraint, ~ sowing, ~ tone, ~ veil, ~ verdict, ~ view.

partialist –शॅलिस्ट् n. पक्षवादी, पक्षपाती; अंशतःज्ञानी, अधूरा जानकार।

partiality –शिअै'लिटि n. **पक्षपात,** पक्षपातिता[F], पक्ष, तरफदारी[F]; आसक्ति[F], अनुचित अनुराग, तगड़ा शौक।

partially –'शॅलि adv. अंशतः, आंशिक रूपसे।

partibility पार्टिबि'लिटि n. विभाज्यता[F]; वियोज्यता[F], पृथक्ता[F], पृथक्करणीयता[F]।

partible पार्'टिबॅल् a. विभाज्य; वियोज्य्।

particeps criminis (L) n. अपराधमें सहायक।

participable पार्टि'सिपॅबॅल् a. सहभाज्य, जिसमें भाग लिया जा सके।

participant –पॅन्ट् n. सहभागी, अंशी, भागी, भागीदार, साझीदार, हिस्सेदार।

participate –पेट् v.t. & i. भाग लेना, सम्मिलित होना, शरीक होना, शामिल होना; कुछ भाग अधिकारमें रखना; अंश ग्रहण करना, कुछ-कुछ होना (*his poems ~ of the nature of satire*)।

pariticipation –पे'शॅन् n. सहभागिता[F], भागीपन, साझेदारी[F]; भाग-ग्रहण; **भाग लेना, शामिल होना;** active ~ सक्रिय भाग।

participative –'सिपैटिव् a. भागी, जो भाग ले सके, भाग लेने योग्य।

participator –पेटॅर् n. सहभागी, भाग लेनेवाला।

participial पार्टिसि'पिॲल् a. कृदन्तात्मक, कृदन्तीय।

participle –'टिसिपॅल् n. कृदन्तक, कृदन्त।

participled –ड् a. कृदन्ती।

particle पार्'टिकॅल् n. लव, लेश, अणु, कण, (~ *effect*, ~ *mechanics*); कणिका[F], अल्पतम अंश, एक रत्ती[F], तिलभर, जरा भी (*he has not a ~ of sense*); (व्या०) निपात, उपसर्ग या प्रत्यय जैसे, (अंग्रे०) un-, out-, -ness, -ship, (हिन्दी) प्र, परा, अनु, अव, निस्, ता, दार, आदि।

parti-coloured, party- पार्'टिकलॅर्ड, पार्टि- aa. शबल, विचित्र, रंग-बिरंगा, चितकबरा, अनेक प्रकारका।

particular[1] पार्टि'क्यूलॅर् n. विस्तृत वर्णन, सविस्तार लेखा, विशेष विवरण; (बहु०) **ब्योरा, विवरण; विशिष्टियाँ[F]; *in* ~** विशेषतः, मुख्यतः, प्रधानतः।

particular[2] a. **विशिष्ट, विशेष,** उद्दिष्ट, विशेषक, खास (*for no ~ reason*); अनौत्सर्गिक, अव्यापक (प्रस्थापना[F]); विभक्त, विभिन्न, भिन्न, पृथक्, विलक्षण, अपूर्व, असाधारण, निराला, अनोखा, अनूठा; अमुक; व्यक्तिगत (*this ~ tax is no worse than others*); (दर्शन०) **अंशव्यापी, अंशपरिणामी, एकदेशी;** असामान्य, विशेषतायुक्त, लोकोत्तर, अलोकसामान्य; सूक्ष्म (*full and ~ account*); यथार्थ, प्रकृत, सटीक; दुस्तोषणीय, दुष्प्रसाद्य, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज; ~ area

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्षेत्रविशेष; ~ issue अंकविशेष;
~ average, ~ case, ~ charges, ~ enunciation, ~ idea, ~ integral, ~ lien, ~ partnership, ~ person, ~ proposition, ~ solution, ~ term.

particularism –रिज़्म् n. विशिष्टतावाद; अनुदारता^{F}; विशेषानुरक्ति^{F}, पक्षानुराग, मतानुराग, दलबन्दी^{F}।

particularist –रिस्ट् n. विशिष्टमुक्तिवादी या निर्वाचनवादी, विशिष्टतावादी; साम्राज्यान्तर्गत स्वाधीनता^{F}का समर्थक।

particularity –लैं'रिटि n. विशिष्टता^{F}, विशेषता^{F}; विशेष निर्देश, विशेष कथन; असामान्यता^{F}, अव्यापकत्व; पार्थक्य, निरालापन, अनूठापन; दुष्प्रसाधता^{F}।

particularization –लॅराइज़ेशॅन् n. व्यवच्छेद; विशेष वर्णन, विशेष निर्देश; विशेषीकरण, विशिष्टीकरण।

particularize –'क्यूलॅराइज़् v.t. विशिष्टीकृत करना, विशेषरूपसे वर्णन करना या निर्देश करना, स्पष्टरूपसे उल्लेख करना, सविवरण बतलाना।

particulate पार्टि'क्यूलॅट् a. भिन्नलव, भिन्नपरमाणु, भिन्नकण संघटित, विविक्त।

partim पार्'टिम् adv. अंशतः, आंशिक रूपमें।

parting पार्'टिंग n. पृथग्भवन, अलग होना; पृथक्करण, **विभाजन, पृथक्त्व, अपसारण,** अलगाव; प्रस्थान, विदा^{F}, विदाई^{F}; वियोग, विरह; ~ of the ways चतुष्पथ, चौराहा, चौरस्ता; अनिर्णयात्मक स्थिति^{F}; ~sand (ढलाई^{F}में) पृथक्कर सिकता^{F}; ~slip **विभाजक चपती**^{F}।

parti pris (F) निश्चितार्थ, पूर्वनिश्चय।

partisan, -zan पार्टिज़ैन्, -ज़ैन्, पार्'टिज़ैन् n. पार्श्विक, पक्षधर, पक्षभागी, पक्षावलम्बी, पक्षपाती, तरफदार, हिमायती; अन्धानुयायी (*in a ~ spirit*); (सेना०) गोरीला भट; नेजा, भाला, दरछा।

partisanship –'शिप् n. पक्षपातावलम्बन, पक्षपातिता^{F}, पक्षपात; तरफदारी^{F}, हिमायत^{F}।

partite पार्'टाइट् a. विदर, विभक्त, विभाजित, आमूलखण्डित (लगभग) मूलके समीप फटा हुआ।

partition[1] –टि'शॅन् n. **विभाजन,** (रसा०) **विभजन; वितरण,** वण्टन, व्यंशन, व्यवच्छेदन, बाँट^{F}, **बँटवारा;** खण्ड, भाग, हिस्सा; खाना; वियोजन, व्यवधान; विभाग, भागीकरण; भागग्रहण; (गुण०) विभागकारी, विभाजक;
~ coefficient, ~ council, ~ deed, ~ line, ~ secretariat, ~ statement, ~ suit, ~ values, ~ wall.

partition[2] v.t. विभक्त करना, बाँटना।

partitioned –ड् a. विभक्त, विभाजित।

partitioner –र् n. (कानून, सम्पत्ति^{F}का) विभाजक।

partitionist –निस्ट् n. विभाजनवादी।

partitive –'टिटिव् a. & n. विभाजन-सम्बन्धी, विभागबोधक (शब्द, *some, any*)।

Partlet पार्ट्'लिट् n. (प्रा०) मुर्गी^{F}के लिए व्यक्तिवाचक अर्थमें प्रयुक्त (विशे० *Dame ~*); बुढ़िया^{F}।

partly पार्ट्'लि adv. अंशतः, असमग्ररूपेण, अंशरूपमें, किंचित्, कुछ-कुछ, किसी कदर।

partner[1] –'नॅर् n. **भागी, अंशी, सहभागी, सहयोगी, साझी, साझीदार,** भागीदार, पट्टीदार, साथी; भार्या^{F}, पत्नी^{F}, स्त्री^{F}; पति, चिरसंगी; (नृत्यमें) सहनर्तक, जोड़ा; (नौवि०, बहु०) पटावके छेदके इर्द-गिर्द लकड़ी^{F}का चौखटा।

partner[2] v.t. भागी होना, सहभागी होना, साथी बनना, सहयोगी बनना, हाथ बटाना।

partnerless –लिॅस् a. सहभागीरहित, सहयोगीहीन, सहचरहीन।

partnership –शिप् n. **सहभागिता^{F},** भागीदारी^{F}, **भागिता^{F}, साझेदारी^{F},** पट्टीदारी^{F}, **साझा;**
~ account, ~ concern, ~ deed, ~ firm, ~ fund, ~ interest.

partridge पार्'ट्रिज् n. तित्तिर, तीतर, चकोर; ~ wood फर्नीचरकी कड़ी लाल लकड़ी^{F}; कुकुरमुत्ताके दागवाली लकड़ी^{F}।

parturient पार्ट्युॲ'रिॲन्ट् a. (कृषि०, चि०) प्रसवोन्मुख, आसन्नप्रसव; **प्रसवकालीन,** प्रसवमाना^{F}, प्रजायिनी^{F}, **प्रसव-** (~ *paresis*)।

parturifacient –रिफे'सॅन्ट् a. प्रसूतिकर, प्रसवकारी, प्रसव करानेवाला, ब्यानेवाला।

parturition–र्ट्यूरि'शॅन् n. (पशुपालन, कृषि०, चि०) प्रसूतिकर्म, **प्रसूति^{F},** (~ *house*), **प्रसव, प्रसवन,** जनन, उत्पत्ति^{F}, ठ्याना।

party[1] पार्'टि n. **पक्ष,** संघ, वृन्द, गोष्ठी^{F}, **दल,** जत्था, जुट्ट, मण्डली^{F}, टोली^{F}, **पार्टी^{F};** पारिवारिक समारोह, प्रीतिभोज, पार्टी^{F} (*dinner, tea, ~*); **साझा;** वादी, प्रत्यर्थी, प्रतिवादी, **पक्षकार;** अनुषंगी, सहायक, अपराध सहकारी; (अब प्रा० या हास्य) व्यक्ति, विशिष्ट जन (*an old ~ with spectacles*); ~ call जलपान गोष्ठी^{F}के बाद आतिथेयी और अतिथिका मिलन; ~ caucus अन्तरंग गोष्ठी^{F}, दलकी अन्तःसभा^{F}; ~ fence **साझा बाड़ा;** ~ government दलीय शासन; ~ politics दलनीति^{F}, दलबन्दी^{F}; ~ spirit दलगत भावना, दलबन्दी^{F}, पार्टीबाजी^{F}; ~ verdict दल-निर्णय; ~ wall **मध्यभित्ति^{F},** साझेकी दीवार^{F};
~ affiliation, ~ circle, ~ emblem, ~ system, ~ ticket.

party[2] पार्'टि a. चित्र-विचित्र, रंग-बिरंगा (*~-coloured*)।

partyism पार्'टिइज़्म् n. दलवाद, पार्टीवाद; पार्टीबाजी^{F}।

parure पारुअर् n. आभूषण, अलंकार, जेवर, हीरे-जवाहरात।

parvanimity पार्वॅनि'मिटि n. संकीर्णहृदयता^{F}, हीनता^{F}, तुच्छता^{F}।

parvenu पार्'वॅनू n. नया श्रीमन्त, नया रईस, नया

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाबू, अभिनवोत्थित व्यक्ति।

parvifolius पार्विफो'लिअॅस् a. (वन०) लघुपर्ण, छोटी पत्तीवाला।

parvis पार्'विस् n. (गिरजेके सामनेका) अहाता, चहारदीवारी[F]।

pas. (F) प्राथम्य, पूर्वता[F]; पादक्षेप, पद-ध्वनि[F]।

pasch –पैस्क्' n. ईस्टर।

paschal –'कॅल् a. (यहूदियोंके) पर्व-विशेष (पैसोवेर = PASSOVER) से सम्बन्धित; (ईसाइयोंके) ईस्टरका।

pasha, -cha पा'शॅ, पै'शॅ, पॅ'शा, -शॅ n. (तुर्की) पाशा।

pashalic, -ch- पा'शॅलिक्, पॅशा'लिक्, -शू- n. पाशाकी अधिकार-सीमा[F]।

pashm पैं'शॅम् n. (तिब्बत) अजोर्णा, पशम, बकरी[F]-का ऊन।

pashto, pashtu पाश्'टो, पाशटू n. पश्तो, अफगानी (भाषा[F])।

pasigraphy पॅसि'ग्रॅफि n. विश्वलिपि[F]।

pasque-flower पैस्क्'फ्लॉउअॅर् n. वायुवेप, अद्दल-पुष्प, घण्टी[F]की तरह पुष्पवाला एक पौधा।

pasquil, pasquin पैस्'क्विल्, पैस्'क्विन् nn. vv.t. & i. व्यंग्योक्ति[F] (करना)।

pasquinade[1] पैस्क्विनेड्' n. व्यंगोक्ति[F], व्यंग्यकाव्य, व्यंग्यात्मक लेख, उपहास-लेख।

pasquinade[2] v.t. अनुचित व्यंग्य करना, अशिष्ट व्यंग्य करना, असभ्य व्यंग्य करना।

pass. passive.

pass[1] पास् n. उत्तीर्णता[F], सफलता[F], पास होना; संकट, संकटापन्न अवस्था[F], नाजुक हालत[F] (*things have come to a strange* ~); **पारक, प्रवेशपत्र, पारण,** पारण-पत्र, अनुमति-पत्र; निःशुल्क अनुज्ञा-पत्र, यात्रा-पत्र, पास; वार, चोट[F] (पटेबाजी[F] में); (मदारी तथा मेस्मेरिज्म आदिका) हस्तकौशल, करतब; (फुटबालमें) पक्षके खिलाड़ी-को गेंद[F] पास करना; संकीर्ण गिरिपथ, दरी[F], **दर्रा, गली[F], पास;** जलसंकट, जलडमरूमध्य; ~ book **लेखा-पुस्तिका[F],** निक्षेप-पुस्तिका[F], पासबुक[F]; ~-check अनुज्ञापत्र, अनुमतिपत्र; ~ key ⊙ विशेष-ताली[F], निजी कुँजी[F], ~ man (परीक्षा[F] में) उत्तीर्ण व्यक्ति; ~-out (किसीको बाहर जाकर) लौटनेका अधिकार देनेवाला; ~-word गुह्यवचन, संकेत शब्द, पहचान बोल; *bring to* ~ पूर्ण करना, कर दिखाना; *come to* ~ घटित होना; *make a* ~ *at* डोरे डालना; *on* ~ अनुमतिपत्र लेकर; ~ *a decree* डिग्री[F] देना;

~ back, ~ key, ~ number, ~ over, ~ standard, ~ vendor, ~ word.

pass[2] v.i. & t. अग्रसर होना, आगे बढ़ना, चलना, जाना (प्रायः *along, down, over, on* के साथ); प्रचलित होना, जारी होना; प्रेषित होना, भेजा जाना; **पार होना,** कट जाना, चल जाना; स्वीकृत होना, मंजूर होना; **पारित होना,** पास होना; उत्तीर्ण होना; **संक्रान्त होना;** घटित होना (*I saw* or *heard what was passing*); निर्णय देना, फैसला दिया जाना; अवसर चूकना; (ताशमें) हाथ फेंक देना, पास करना; पीछे पड़ना, एक ओर छोड़ना; (सागर, सीमान्त, पर्वत आदिको) अवतीर्ण कर जाना, **पार करना,** पार जाना, लाँघ जाना; (विधेयकका) पारित किया जाना, मंजूर होना; उत्तीर्ण करना, **पारण करना, पास करना;** पीछे छोड़ जाना, गुजरना, निकलना; बहना; (से) अधिक होना; विशाल होना, असामान्य होना (*~es my comprehension*); मरना (*~ from among us*); वहन करना; (हाथ आदि) फेरना; (दृष्टि[F] आदि) डालना, घुमाना (*~a rope round it*); बिताना, गुजारना; बीतना, गुजरना; हस्तान्तरित करना (*read it and ~ it on*); (विशे० नोट, सिक्के) चलाना; (वचन) देना; (कसम[F]) खाना; (आलोचना[F]) करना; (खण्डन) करना; *has ~ed the chair* सभापतिका आसन ग्रहण कर चुका है; ~ *a dividend* लाभांश प्रकाशित करना; *~away* मृत्यु[F] होना, चल बसना; मरना; ~ *by* ध्यान न देना, उपेक्षा[F] करना, उल्लेख न करना; पाससे गुजर जाना, छोड़कर आगे बढ़ जाना; ~ *by the name of* किसी नामसे प्रसिद्ध होना; ~ *for* स्वीकृत हो जाना, मंजूर हो जाना; *~off* धीरे-धीरे क्षीण होना, लुप्त होना, जाते रहना; (अधिवेशन, कार्यवाही[F] आदिका) सानन्द समाप्त होना, सफल होना; ध्यान हटा लेना; ~ *out* निश्चेत होना, मरना; *~through* **पार करना;** ~ *up* ⊙ सम्बन्ध तोड़ना, परित्यक्त करना, त्याग देना; ~ *up the opportunity* ⊙ अवसर चूकना; ~ *water* पेशाब करना।

passable –'सॅबॅल् a. प्रचलनीय; ग्रहणीय; पारणीय; स्वीकरणीय; गम्य, तार्य, सुगम, उल्लंघ्य; अच्छा-भला, कामचलाऊ, चलता।

passado पॅसा'डो n. वितोद, वितोदन, संभंग, टक्कर[F], धक्का; अश्वमार्ग, घोड़ेका रास्ता।

passage पै'सिज् n. पथ, **मार्ग;** संक्रम, गमन, **यात्रा[F];** अवस्थान, परिवर्तन; पारण; जलयात्रा-भाटक, **मार्ग-व्यय, किराया,** भाड़ा; गमन-स्वातन्त्र्य, संक्रमण-स्वातन्त्र्य, यात्राधिकार; (कानूनकी) स्वीकृति[F], मंजूरी[F]; निर्गम गमन-स्थान; बरामदा; सचरस्थान, गुजरगाह, **गली[F],** गलियारा; परस्पर विश्वास-विनिमय; उद्धरण, लेखांश (रचना[F]का) अंश, परिच्छेद; (चि०) मलोत्सर्जन, किसी आशय या मार्गमें उपकरण डालना; ~broker **किराया-दलाल; यात्रा-दलाल;** ~ money पाथेय, मार्गव्यय, राहखर्च, किराया, ~ of *or* at arms (प्रायः ला०) प्रतिद्वन्द्विता[F], झगड़ा, तकरार[F], लड़ाई[F];

~ advance, ~ allowance, ~ animal, ~-broker, ~ cell, ~ regulations, ~ ticket.

passant पै'सॅन्ट् a. (दौत्य) दक्षिणोन्मुख, दक्षिणके लिए गमनशील।

passe (F) a. अतीत-यौवना[F], अधेड़।

passed पास्ड्' a. निर्णीत, स्वीकृत, पारित, उत्तीर्ण; **पास, गत, विगत, गुजरा,** बीता हुआ; ~ up ⊙ त्यक्त, अस्वीकृत।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

passementerie (F) पैस्'मेन्ट्रि n. वस्त्रालंकार, वस्त्रालंकरण, वसनाभूषण, वेशाभूषण, भेषाभूषण, पहननेके कपड़ोंकी सजावट[F]; सुनहरे फीतेकी किनारी[F]।

passenger पै'सिन्जॅर् n. पथिक, यात्री, बटोही, मुसाफिर; foot-~ पादचारी, पैदल यात्री, प्यादा मुसाफिर; ~-pigeon यात्री कबूतर;
~ accomodation, ~ cabin, ~ car, ~ deck, ~ depot, ~ express locomotive, ~ fare, ~ guide, ~ locomotive, ~ miles, ~ register, ~'s baggage, ~'s baggage rules, ~ special train, ~ station, ~ steamer, ~ traffic, ~ train.

passe partout (F) n. चित्रका चौखटा; हरकुफ्ली कुंजी।

passer पा'सॅर् n. (एवं ~s *by*) पथिक, बटोही, राही।

passerine[1] पै'सॅरान् n. यष्टिसादी पक्षी, चटक[F], गौरैया[F]।

passerine[2] a. यष्टिसादी, चटकवत्, गौरैया[F]की तरह।

passibility पैसिबि'लिटि n. यन्त्रणाशीलता[F], अनुभवगम्यता[F]।

passible –'सिबॅल् a. यन्त्रणाशील, अनुभवगम्य।

passim (L) पै'सिम् a. (विशेषकर पुस्तकों[F] एवं कृतियों[F]के सन्दर्भमें) व्याप्त, इतस्ततः, अत्र-तत्र, यहाँ-वहाँ; adv. सर्वत्र, सब जगह।

passimeter पै'सिमीटॅर् n. = PEDOMETER.

passing[1] पा'सिंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें); **संक्रमण**; स्वीकरण, **पारण**; गमन, चलन; मृत्यु[F]; ~-bell मृत्युघण्टिका[F], मौत[F]की घण्टी[F]।

passing[2] a. अस्थायी, क्षणभंगुर; क्षिप्र, द्रुत, वाह्य; आकस्मिक, नैमित्तिक, आनुषंगिक, सरसरी; उत्तम, परम, श्रेष्ठ; ~ shower **उड़ती बौछार**[F]; ~ zone **आगे निकलनेका क्षेत्र**।

passing[3] adv. अतिमात्र, अति, अतीव, अतिशय, नितान्त, अत्यन्त, बहुत।

passion[1] पै'शून् n. आवेश, आवेग, सम्भ्रम; तीव्रोत्साह, **भाव संवेग**, भावावेग, मनोवेग, मनोराग, जोश, शौक; अमर्ष, रोष, संरम्भ, प्रकोप; (चि०) पीड़ा[F], कष्ट; संक्षोभ, सन्ताप; उग्र क्रोध, चित्तक्षोभ, गुस्सा; प्रणयोन्माद, काम, कामोन्माद, रजोवृत्ति[F]; राग, गाढ़ाभिलाषा[F], लालसा[F], उत्कण्ठा[F]; ~-flower कृष्णकमल, सलीबी पुष्प; ~-play सलीबपर प्रभु यीशुका रहस्यात्मक नाटक; P~ Sunday 'LENT' के समयका पाँचवाँ रविवार; P~ Week यन्त्रणा-सप्ताह।

passion[2] v.i. (काव्य) प्रणयोन्माद होना, का विकार होना; शृंगार-भावाकुल होना; शृंगारभावका वर्णन करना; उत्कण्ठित होना, राग प्रकट करना, जोश प्रकट करना, गुस्सा प्रकट करना।

passional[1], **passionary** –'शॅनॅल्, –नॅरि nn. सन्त-चरित, महापुरुषाख्यान, सन्तचरित-ग्रन्थ।

passional[2] a. आवेशात्मक, आवेगीय, सम्भ्रम-विषयक, अमर्ष-विषयक, रोष-सम्बन्धी, संरम्भ-सम्बन्धी, संक्षोभशील, सन्ताप-सम्बन्धी; उग्र क्रोध-विषयक; प्रणयोन्माद-विषयक, कामोन्माद-सम्बन्धी, उत्साही, उत्साहशील, जोशका; रुचि-विषयक, शौकका।

passionate –नॅट् a. आवेशाकुल, संवेगशील, कोपशील, चण्डशील; क्रोधी, रोषशील, संरम्भी; मनोवेगपूर्ण, प्रबल मनोभावका, पुरजोश, जोशसे भरा हुआ; कामुक, प्रणयोन्मादक, कामाभिलाष-सम्बन्धी, रजोवृत्ति[F]का; उग्र, तीक्ष्ण, तीव्र, उत्कट, उच्चण्ड।

passionateness –नॅट्स् n. आवेशाकुलता[F], संवेदशीलता[F]; मनोवेग; क्रोधिलता[F], चण्ड स्वभाव; कामुकता[F]; कामोन्माद।

passioned –न्ड् a. संवेगप्रेरित,, उत्तेजित, मनोभावाकुल; मनोभावव्यंजक; मनोवेगपूर्वक लिखा गया।

passionless –शून्-लिॅस् a. निःसंवेग, रागहीन, विरक्त; शान्त मनोभावका; कामोन्मादहीन, अनुरागहीन; ठण्डे दिलका, धीमा, बेजोश।

passionlessness –नॅस् n. निःसंवेगत्व, रागहीनता[F], विरक्ति[F], निःसंगता[F]।

passive[1] पै'सिव् n. (व्या०, ~ *voice*) कर्मवाच्य।

passive[2] a. **निष्क्रय, अकर्मण्य, निश्चेष्ट**, उदासीन; शिथिल, सुस्त; अचर; तितिक्षु, सहिष्णु, सहनशील; परकृत (~ *dispersion*); अप्रतिरोधकारी, अनिवारक; भाववाचक; ~ algolagnia **परपीड़ा रति**[F]; ~ bond **ब्याजहीन बांड**; ~ debt निर्ब्याजी ऋण; ~ us कर्मणि प्रयोग।
~ agent, ~ congestion, ~courage, ~ deposit, ~existence, ~experience, ~force, ~ immunity, ~ iron, ~ movement, ~obedience, ~ resistance, ~ share, ~ soil, ~ trust.

passiveness, passivity –नॅस्, पॅसि'विटि nn. **निष्क्रियता**[F], अकर्मण्यता[F], अक्रियता[F], निश्चेष्टा[F], आलस्य, सुस्ती[F]; अचरता[F]; तितिक्षा[F], सहिष्णुता[F], सहनशीलता[F]; कर्माश्रयता[F], अप्रतिरोधिता[F]; अनिवारकता[F]।

passometer ⊙ पै'सॅमीटॅर् n. = PEDOMETER.

passover पा'सोवॅर् (P~) यहूदी पर्व-विशेष, ईस्टर।

passport पा'स्पॉर्ट् n. सत्यकार-पत्र, **पार-पत्र**, निष्क्रम-पत्र, राहदारी[F], **पासपोर्ट**; (ला०) किसी वस्तु[F]को प्राप्त करनेकी निश्चितता[F]; प्राप्त करनेका वसीला;
~ application form, ~ assistant, ~ booklet, ~ clerk, ~ cum visa system, ~fees, ~issuing authority, ~number, ~officer, ~ regulations, ~ size photograph.

passus पै'सस् n. सर्ग, अध्याय, भाग।

past[1] पास्ट्' n. अतीतकाल, भूतकाल; the ~ अतीतकी घटनाएँ[F], बीती घटनाएँ[F] (*cannot undo the* ~); *let the* ~ *bury its dead* बीतीको जाने दो, बीती ताहि बिसार दे।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

past[2]* a. भूतकालिक; **भूतपूर्व**, पूर्वकालिक, अतीतकालीन, विगत, व्यतीत, अतीत, गत*, पिछला*; पूर्व, पहला;

~ consideration, ~ correspondence, ~ history, ~ member, ~ occupation, ~perfect, ~service, ~solvency, ~tense, ~transactions, ~weather, ~year.

past[3] prep. आगे, परे, अनन्तर, (*stayed till~ two o'clock*); सीमान्तर, क्षेत्रके बाहर, पहुँच[F]के बाहर (~ *endurance, bearing* etc.)।

paste[1]* पेस्ट् n. **पेष***; **लेप**, लेपी*, **लेई**[F]*; मीठी लपसी[F], नरम हलवा; मछली[F]की चटनी; (इञ्जी०) **लपटा**; गारा, मिश्रित पदार्थ; कांचका कड़ा मिश्रण, शीशेका मसाला; ~board लेपी-पट्ट; नाम-पत्र; ⊙ संसृष्ट पत्र, दफ्ती[F], कार्डबोर्ड; (गुण०, ला०) अवास्तविक, असार, तुच्छ, कमजोर; (आ०) भेंटपत्र, ताशका पत्ता, टिकट; ~-grain (जिल्दबन्दी[F]के लिए) कृत्रिम चर्म।

paste[2] v.t. (लेई[F]) चिपकाना; मढ़ना, ढाँपना; पीटना; कोड़ा मारना; पीटकर दाने अलग करना।

pastel पैस्'टॅल n. नीलवर्ण, नीला रंग; नीलका एक पौधा; (खड़िया[F] बनानेके लिए) रंग और गोंदकी लेई[F]; रंगीन खड़िया[F], पेस्टल; रंगीन पेंसिल[F], रंगीन पेंसिल[F] (या पेस्टल) द्वारा अंकित चित्र।

pastel(l)ist –लिस्ट् n. पेस्टल-चित्रकार।

paster पेस्'टॅर् n. लेई[F]से चिपकानेवाला; चिप्पी, गोंद लगा कागजका टुकड़ा।

pastern पैस्'टॅर्न् n. (श० र० शा०) अश्वखुर-सन्धि[F], **गुमची[F], टखना**।

pasteurism पैस्'टॅरिज्म् n. पैस्ट्योर-प्रवर्तित पद्धति[F] (प्रतिबन्धक टीका लगानेकी विशेषतया), जलसंत्रास टीका लगानेकी पद्धति[F]; मसूरीकरण।

pasteurization –राइज़े'शॅन् n. नीरोगण; (पशुपालन) **आंशिक निर्जीवीकरण**, तापसे निर्जीवाणुकरण, (कृषि०, चि०) **पास्च्युरीकरण**; जलसन्त्रास-रोग-निवारण पद्धति[F], कृमिनाशक विधि[F] (~ *joint*)।

pasteurize –'टॅराइज़् v.t. नीरोग करना; (पशुपालन) **आंशिक निर्जीवन करना**, ९०' सेंटीग्रेट तापपर तप्त करके निर्जीवाणु करना, (जलसन्त्रास-रोग-निवारण-पद्धति[F] द्वारा) चिकित्सा[F] करना; (विशे० कुत्तेके काटेका) इलाज करना।

pasteurized –ड् a. नीरोगित; (पशुपालन) **आंशिक निर्जीवीकृत**; (चि०) **पास्च्युरीकृत**।

pasteurizer –ज़ॅर् n. नीरोगक, **आंशिक निर्जीवीकरण यन्त्र**, नीरोगक-यन्त्र, (कृषि०) **पास्च्युरीकरण यन्त्र**।

pasticcio, pastiche पैस्टि'चो, पैस्टीश्' nn. अनुकृत गीत, मिश्रित गीत, खिचड़ी रचना[F]।

pastil, pastille पैस्'टिल्, पस्टील्' n. सुगन्धित द्रव्योंकी वत्ती[F]; चूषिका[F], लौजेंज, मुँहमें घुलनेकी टिकिया[F]।

pastime पा'स्टाइम् n कौतुक, क्रीड़ा[F], आमोद-प्रमोद, विहार, लीला[F], मनोरंजन, विलास, खेल, मनबहलाव।

pastiness पेस्'टिनिॅस् n. लेपित्व, लेई[F]-जैसा होना; चिपचिपापन, लस, लसदारी[F]।

pastor पा'स्टॅर् n. (गिरजाघरका अध्यक्ष) याजक, पास्तर, पातुक, पादरी; आचार्य, उपाध्याय, गुरु; धर्मोपदेशक, अध्यात्मोपदेष्टा; अजापाल, मेषपाल, गड़रिया, चरवाहा।

pastoral[1] पा'स्टॅरॅल् n. ग्राम्यकाव्य (या नाटक), गोपकाव्य; पास्तरका पत्र।

pastoral[2] a. पशुपाल्य, अविपाल-विषयक, गड़रिया-सम्बन्धी, चरवाहेका; गोचरभूमि-सम्बन्धी, चरागाही[F]; ग्राम्य, ग्रामीण, देहाती जीवनका; याजक-विषयक, पादरी-से सम्बन्धित; ~charge पादरीका पद; नये मन्त्रीको दिया गया उपदेश; ~forming **पशुचारण, पशु-पालन**; ~nomad **चरवाहा, खानाबदोश**; ~ poem गोपगीत; ~ stage **पशु चारण-अवस्था[F], पशु पालन-अवस्था[F]**।

pastorale पास्टॅरा'लि n. ग्राम्य शैली[F]में एक मधुर तान या राग; गोप नृत्य।

pastoralism पा'स्टॅरॅलिज़्म् a. ग्रामीण काव्य, ग्रामीण मनोविनोद।

pastorality –रै'लिटि n. पशुपालता[F], चरवाहापन, ग्वालपन।

pastorate पा'स्टॅरॅट् n. (गिरजाघरमें) याजकपद, पातुकपद, पादरीका पद; याजक-कार्यालय, पादरीका आफिस; आचार्यपद, उपाध्यायपद, गुरुपद; धर्मोपदेशकपद या कार्यालय, अध्यात्मोपदेष्टाका पद या कार्यालय।

pastorless पा'स्टॅर्लिस् a. याजक-विहीन, पातुक-विहीन, पास्तर-विहीन, बिना पादरीका; आचार्यविहीन, उपाध्यायविहीन, गुरुरहित; धर्मोपदेशकविहीन, अध्यात्मोपदेष्टारहित।

pastry पेस्'ट्रि n. पिष्टान्न, पिष्टक, कचौड़ी[F], समोसा, पेस्ट्री[F]; ~-cook पिष्टक बनानेवाला।

pasturable पा'स्चॅरॅबॅल् a. चरने या चराने योग्य।

pasturage –रिज् n. पशुचारण, चराई[F]; शस्य, तृण, चारा, घास[F]; गोचर-भूमि[F], चारण-भूमि[F], चरागाह; चारणाधिकार।

pasture[1] –स्च्युॲर् n. (कृषि०) चर, गोचर, शाद्वल, चारण-भूमि[F], **चरागाह**[F]; गवादन, शस्य, तृण, चारा, चरी[F], घास[F]; ~planting **चरागाह बनाना**;

~farm, ~ ground, ~-land, ~-legumes, ~right, ~rotation.

pasture[2] v.t. पशुओंको चरागाहमें भेजना; चराना, चुगाना, चरानेके लिए ले जाना; (पशुओंका घास[F], खेत इत्यादि) चर जाना, सफाया कर देना।

pastureless –लिॅस् a. चरहीन, गोचरविहीन, चारणभूमिविहीन, चरागाहरहित; गवादानहीन, शस्यविहीन, तृणविहीन, घासरहित, बिना चारेका।

pasty[1] पा'स्टि, पे-, पै-, n. मांस-पूप, कीमा भरा समोसा या कचौड़ी[F]।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

pasty[2] a. लेपी, लेईF-जैसा; गुँधे आटे-जैसा।

pat[1] पैट्' n. मृदु आघात, लघु प्रहार, थपकीF; थप-थपकी ध्वनिF; मक्खनकी टिकियाF।

pat[2] v.t. & i. मृदु आघात करना, थपकीF देना; मृदु स्पर्श करना; (थापीF या हाथसे) सपाट करना; थपथपाना (*~on one's back*), पीठF ठोंकना।

Pat[3] n. (उपनाम) आयरलैण्डी, आयरिश।

pat[4] a. & adv. अनुकूल, समयानुकूल (*story came ~to his purpose*)।

pat. past tense.

patable ⊙ पैटॅबॅल् a. प्रशंसनीय, अच्छे ढंगसे खेला जानेवाला (टेनिस); *~ on the back* प्रशंसनीय, पीठF ठोंकने योग्य, शाबाशीF देने लायक।

patavinity पैटॅविनिटि n. प्रान्तीयताF, प्रान्तवाद, प्रान्तीय भावनाF; स्थानीय मुहाविरोंका प्रयोग।

patch[1] पैच्' n. खण्ड, खण्डक, टुकड़ा; भूखण्ड; पौधों एवं वृक्षोंकी पाँतिF (*~of beans*); अवशिष्ट अंश; वस्त्र-खण्ड, चिप्पीF, पट्टीF, फाहा; चकतीF, थिगलीF, पैबन्द, जोड़ (*~cord*); (धरातलपर) बड़े धब्बे; ~ painting कहीं-कहीं रंग करना; ~work जोड़का काम; *not a ~ on* उपमेय नहीं, तुलनीय नहीं, पासंग भी नहीं; *strike a bad ~* संकटमें रहना।

patch[2] v.t. (प्रायः *up* के साथ) चकतीF लगाना, चिप्पीF या थिगलीF लगाना, गाँठना, टाँकना, पैबन्द लगाना, टाँका या जोड़ लगाना; पेबन्द या चिप्पीFका काम देना, जोड़का काम देना; (धरातलपर) बड़े-बड़े धब्बे दीखना, जीर्णोद्धार होना, मरम्मतF करना; क्षतिपूर्तिF करना; प्रतीकार करना; (झगड़ा) निपटाना।

patched –ड्' a. संग्रथित, थिगलीदार, जोड़ लगा हुआ।

patcher –'चॅर् n. पट्टीF लगानेवाला, फाहा रखनेवाला; चकतीF रखनेवाला, थिगलीF रखनेवाला, पैबन्द रखनेवाला, जोड़, ~cord लगानेवाला।

patchery, patchiness –रि, –'चिनिॅस् nn. चकतीपन, पैबन्दपन; कोई प्योंदादार वस्तुF; थिगलीवाला, जोड़वाला।

patching –चिंग् n. चिप्पीF लगाना।

patchouli पैचूलि, पॅचू n. सुगन्धराF, (एक भारतीय सुगन्धित पौधा), पचौलीF; पचौलीFका इत्र।

patchy पैचि a. चकतीदार, पैबन्ददार; धब्बेदार।

pate[1] पेट् n. (अब बोल०) मुण्ड, मस्तकाग्र, खोपड़ीF, सिर; मस्तिष्क, दिमाग।

pate[2](F) n. छोटा समोसा, पैटीF; माँसकी कचौड़ीF, मीठा समोसा।

pated पे'टिॅड् a. मस्तिष्क-सम्बन्धी, दिमागका, सिरवाला।

patee पॅटी' a. अन्ताभिगामिभुजयुक्त, अन्ताभिपातिबाहु-युक्त, (अन्तकी ओर बढ़नेवाली भुजाओंF से युक्त)।

patella पॅटेॅल् n. (चि०) जान्वास्थिF, जानुफलक, जानु-कपालिकाF।

patellar, patellate पॅटेॅलॅर्, पॅटेॅलॅट् aa. अष्ठीवत्; (चि०, जीव०) जानुफलक (*~ surface*), जानुफलक-विषयक, जानुशिरसीय, जानुशिर-विषयक, घुटनेकी टोपीFसे सम्बन्धित, घुटनेके कटोरेका, पलियावाला।

patelliform –लिफ़ॉर्म् a. आष्ठीवदाकार, जानुफलक-सदृश, पलियारूप, टोपीFके आकारका, कटोरे-जैसा।

paten पैटॅन् n. थाल, थालीF, रकाबीF, बड़ी तश्तरीF।

patency पे'टॅन्सि n. एकस्वताF, विशिष्टाधिकार, असा-मान्याधिकारिताF, राजकीयताF; विवृतिF, प्रकटताF, व्यक्तताF, स्पष्टताF।

patent[1] पे(पै)'टॅन्ट् n. एकस्व, विशिष्टाधिकार, असा-मान्याधिकार, पेटेंट; राजकीय एकाधिकारपत्र; (ला०) विशिष्ट चिह्न (*a ~ of gentility*); (चि०) विवृत, अनावृत, खुला।

patent[2] v.t. एकस्व पाना; एकस्वपत्र प्राप्त करना; अधिकारपत्र प्राप्त करना, (आविष्कारकी) रजिस्ट्रीF कराना, पेटेण्ट कराना।

patent[3] a. एकस्वपत्र-, स्वाधिकार-सम्बन्धी; (ला०) एकस्व (*~ food, colour*), अधिकारगत; (वोल०) अधिकरणीय, उद्भावनक्षम; (ला०) स्फुट, व्यक्त, प्रत्यक्ष, प्रकट, सुस्पष्ट, साफ (*~ ambiguity, defects*); letters ~ एकस्व-पत्र, एकाधिकारपत्र (जिससे आविष्कार सुरक्षित रहे), शाही सनदF;

~danger, ~fees, ~ law, ~ leather, ~medicine, ~office, ~right.

patentable –टॅबॅल् a. एकस्वात्मक, एकस्वयोग्य; स्पष्ट-करणीय (*~subjects*)।

patentee –टी' n. एकस्वी, एकस्वपत्राधिकारी, एकाधि-धिकारप्राप्त।

patentor –टॅन्टॅर् n. एकस्वदाता।

pater पे'टॅर् n. जनक, पिता, बाप, बाबा; *~familias* कुलपिता; *~patriae* राष्ट्रपिता, देशपिता।

patera पै'टॅरॅ n. (छिछली) स्थालीF, थालीF, पतेरा।

paterfamillias पे(पै)टॅर्फ़ॅमि'लिअैस् n. (रोम० कानून या हास्य०) गृहपति, कुलपिता।

paternal पॅटॅर्'नॅल a. पैतृक, पित्र्य, पितृ-सम्बन्धी; पितृतुल्य, पितृवत्, पिता-जैसा; पिताके सम्बन्धका, बापके रिश्तेदारका; ~aunt बुआ, फूफी; ~grandmother पितामहीF, दादीF, आजीF, पिताकी माताF; ~govern-ment, legislation, *etc.* पैतृक शासन, पैतृक विधिनिर्माण; ~uncle चाचा, काका।

paternalism –लिज़्म् n. पैतृकवाद।

paternally –लि adv. पितृवत्, पिता-सदृश, पिताके नाते।

paternity –निटि n. पितृत्व, पितृधर्म; पैतृक उद्गम, पैतृक उत्पत्तिF; (ला०) कृतिF, रचनाF; उद्गम, प्रभव, स्रोत, मूल।

paternoster पै'टॅर्नॅस्टॅर् n. (विशेषकर लैटिनमें) प्रभु यीशुकी प्रार्थनाF; गुरियाF, मनका, दाना; ईसाइयोंकी मालाF; प्रार्थनाF; devil's ~ छूमन्तर; ~pea गुंजाF, घुमचीF, घुँघचीF।

path पाथ n. पथ, पन्थ, मार्ग, राहF, रास्ता, बाटF, पग-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डण्डी^{F}; (पैदल या साइकिल^{F} की) दौड़^{F} का रास्ता; पद्धति^{F}; ~difference **पथान्तर**; ~-finder अन्वेषक, **पथ-अन्वेषक**, पथ खोजनेवाला; वमवर्षक वायुयान या उसका चालक; ~way पगडण्डी^{F}, राह^{F}, **रास्ता**।

Pathan पॅटॉन् n. पठान, अफगान।

pathemata mathemata (Gk.) विपत्ति^{F} में शिक्षा^{F} मिलती है।

pathetic[1] पॅथे"टिक् n. (बहु०) भावना-प्रश्रय, भावना-कर्षण, भावना-अध्ययन, भावनाभ्यास, भाव-प्रदर्शन, भाव-प्रतिपादन; भावनापूर्ण शैली^{F}।

pathetic, -al ,–ॲल् aa. मार्मिक, भावनापूर्ण, करुणामय, करुण, हृदयग्राही, करुणात्मक, करुणाजनक, मर्मस्पर्शी, कारुणिक, दर्दभरा; शोचनीय, अफसोसनाक, भावनामय, आवेग-सम्बन्धी; ~ fallacy भावाभास, संवेदजन्य दोष।

patheticalness कॅल्-निस् n. मर्मान्तकता^{F}, करुणा^{F}, कारुण्य, करुणात्मकता^{F}, करुणाजनकता^{F}; शोचनीयता^{F}, अफसोसनाक हालत^{F}; भावनामयता^{F}, आवेगपूर्णता^{F}।

pathic[1] पै'थिक् n. = OATAMITE.

pathic[2] a. रोग-सम्बन्धी, रोगका।

pathless पाथ्'लिॅस् a. निर्मार्ग, मार्गहीन, निष्पथ, पथविहीन, बेराह, बिना रास्तेका; अगम्य, दुर्गम।

patho- व्याधि-, रोग-, कष्ट-, दुःख- (*~genesis, ~genetic, ~genic, ~gnomic, ~logy, ~logist, ~phobia*)।

pathogen पै'थॅजेॅन् n. (चि०) विकृतिजनक, विकारी-पदार्थ; रोगजन, **रोगजनक**, व्याधिजनक पदार्थ।

pathogenesis, pathogeny –जे"निॅसिस, पैथॉ"जिॅनि nn. (चि०) विकार-सम्प्राप्ति^{F}, व्याधि-सम्प्राप्ति^{F}; व्याधिजनन, रोगजनन, व्याधि-विकास।

pathogenetic, pathogenic, pathogenous –जिॅने"टिक्, –जे"निक्, –थॉजिॅनॅस् aa. व्याधिजनीय, व्याधिजन, **रोगमूलक**, **रोगजनक** (*~ bacteria*), विकृतिजनक, **रोगोत्पादक**।

pathognomic पैथॅग्नॉ"मिक् a. रोगनिदान-विषयक; भावचिन्तन-विषयक, भावचिन्त्य।

pathognomonic पैथॅग्नॅमॉ"निक् a. रोगनिदानात्मक, रोगनिदान-सम्बन्धी।

pathognomy पैथॉग्'नॅमि n. भावचिन्तन, भावना-भ्यास; रोगचिह्न विज्ञान।

pathologic, -al पैथॅलॉ"जिक्, -ॲल् aa. विकृति-विज्ञानीय, व्याधिकीय, **रोगविज्ञान-सम्बन्धी**, नैदानिक, व्याधिविद्या-सम्बन्धी, व्याधिकृत (*~ changes*), विकृत (*~ condition*); **रोग-विज्ञानीय** (*~ method*)।

pathologist –थॉ'लॅजिस्ट् n. (चि०) व्याधिकीविद्, विकृति-विशेषज्ञ, **विकृतिविज्ञानी**, व्याधिवद्, चिकित्सक; निदानज्ञ।

pathology –जि n. **विकृति-विज्ञान**, **शरीरविक्रिया-विज्ञान**, व्याधिकी^{F}, व्याधिविद्या^{F}, (कृषि०, जीव०, चि०) **रोग-विज्ञान**, रोगभिज्ञान, रोगनिदानशास्त्र।

pathophobia पैथॅफो'बिॲ n. (चि०) रोगसंत्रास, रोगांतक, **रोगभीति**^{F}।

pathos पे(पै)'थॉस् n. कारुण्य, करुणा^{F}, करुणरस, कारुण्यरस, मनोवेदना^{F}; राग, रस।

-pathy -चिकित्सा-पद्धति^{F} (*hydro~, kinesi-~, electro~*)।

patible पै'टिबॅल् a. तितिक्षु, सहिष्णु, सहनीय, सहने योग्य।

patibulary पॅटि'ब्यूलॅरि a. वधफलकीय, वधफलक-विषयक, वधफलक-सम्बन्धी, फाँसी^{F} के तख्तेका; वधफलका-कृति, वधफलकाकार, फाँसी^{F} के तख्ते जैसा।

patience पे शन्स् n. क्षान्ति^{F}, तितिक्षा^{F}, सहिष्णुता^{F}, सहनशीलता^{F}, **सहनशक्ति**^{F}, धीरता^{F}, धृति^{F}, धैर्य; अध्यवसाय, दृढ़प्रयत्न, लगातार कोशिश^{F}; प्रशान्ति^{F}; *have no ~ with* क्रुद्ध होना, उत्तेजित होना, चिढ़ना, बरदाश्त न करना; *out of ~ with* असह्य, असहनशील; *~ is a flower that grows not in everyone's garden* सब्र है वह फूल जो होता नहीं हर बागमें; *~ of Job* सहनशीलता^{F} की सीमा^{F} (*would try the ~ of Job*)।

patient[1] –न्ट (चि०) व्याधित, **रोगी**; बीमार, **मरीज**; (दर्श०) **कर्मपात्र**;

~'s authorized medical attendant, ~'s comforts fund, ~'s maintenance charges, ~'s room, ~'s ward.

patient[2] a. तितिक्षु, सहिष्णु, क्षमी, क्षमाशील, सहन-शील; धीर, प्रशान्त, शान्त, धैर्यवान्; अध्यवसायी; सन्तोषी; *~ of* अनुकूल (*the facts are ~ of two interpretations*)।

patina पै'टिन् n. **छदिमा**^{F}, (पुराने बर्तनोंपर जमनेवाली) **काई**^{F}; कान्ति^{F}, छवि^{F}, दीप्ति^{F}, चमक^{F}, आब^{F}।

patinate –नेट् १. v.t. छदिमावृत्ति करना, छदिमा^{F} से ढक देना, **काई**^{F} **लगना**; २. a. = PATINATED.

patinated –टिॅड् a. छदिमावृत, पपड़ीदार, काईवाला; **मोर्चा लगा** (*~ coin*)।

patine पै'टिन् n. स्याली^{F}, थाली^{F}, थार, तश्तरी^{F}, प्लेट^{F}।

patio (Sp.) पा'टिओ n. (pl. -s) (स्पेनी घरोंमें) उद्यान, उपवन, बागीचा; आंगन, सहन।

patisserie पैटि'सॅरि n. समोसेकी दुकान^{F}, पेस्ट्रीकी दुकान^{F}।

patness पैट'निॅस् n. उपयुक्ति^{F}, उपयुक्तता^{F}।

Pat. off. Patent office.

patois पै'ट्वा n. जनभाषा^{F}, बोली^{F}।

patriarch पे'ट्रिआर्क् n. नायकपिता, **कुलपिता**, गोत्र-पति, कुटुम्बाधिपति; मुखिया, सरदार; आदिपुरुष, मूल-पुरुष, पुरखा; धर्माध्यक्ष, विशप; प्रवर्त्तक; श्रद्धास्पद व्यक्ति, वयोवृद्ध जन, ज्येष्ठ पुरुष।

patriarchal –'कॅल् a. पैतृक, **पितृसत्तात्मक**, पितृ-शासित (*~ family*)।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धिकारी, **वेतनदाता**, वेतनाध्यक्ष; ~master general वेतन-महादाता; ~-off **चुकाई**F; ~-office निष्कृति-कार्यालय, अदायगीF का आफिस; ~ patient⊙ शुल्क देनेवाला रोगी; ~ roll⊙ **वेतन-चिट्ठा**, मजदूरीF की लिस्टF; ~-scale **वेतनमान**, *as the ~ so the work*, जैसा दाम वैसा काम;

~ abstract, ~ advance, ~ book, ~ clerk, ~ day, ~ fixation, ~ fixation statement, ~ fund, ~head, ~-list, ~order, ~range, ~ receipt, ~-sheet, ~-slip, ~time scale.

pay[2] v.t. & i. (*paid*) वेतन देना, तनख्वाह देना, मजदूरीF देना; **भरना, देना**, अदा करना, **भुगतान करना, चुकाना**; क्षतिपूर्तिF करना, प्रतिफल देना, बदले में देना; पुरस्कार देना; समर्पण करना, प्रस्तुत करना; (व्यापार आदिमें) लाभ होना; (नौवि०) रस्सीF काटना; निकालना, हटाना; ~ *for* पैसा भरना, व्यय करना; मूल्य देना, कीमतF अदा करना; (ला०) दण्डित होना, सजाF पाना; ~*heed to* ध्यान देना; ~*in* (कोई रकमF, अपने या दूसरेके हिसाबमें) जमा करना; ~ *off* **चुकता करना**, बेबाक करना; छुटकारा पाना; पतवार हटानेपर जहाजका प्रतिकूल दिशाF की ओर स्थित होना; ~ *as you earn* आयF मेंसे (कर) कटाते चलें; ~ *out, away* (नौवि०) रस्सीF ढीली करना; ~ (person) *out* दण्ड देना; ~ *round* जहाजका सिरा घुमाना; ~ *the piper* मूल्य चुकाना; ~ *up* सम्पूर्णतः चुकता करना, बेबाक कर देना; *robbing Peter to ~ Paul* अहमदकी पगड़ीF मुहम्मदके सिरपर।

payable –'अॅबॅल् a. **देय**, शोध्य, शोधनीय, दिया जाने योग्य; लाभदायक, लाभकर।

P.A.Y.E. Pay As You Earn (Income Tax).

payee पेई' n. (अर्थ०) परिगृहीता, **आदाता**, प्राप्तिकर्ता, **पानेवाला**, लेखेवाला।

payer –अॅर् n. शोधक, **दाता, देनेवाला**, भुगतान करनेवाला।

paying –इंग् १. n. शोधन, देना (~-*office*); २. a. सशुल्क, लाभप्रद; ~-in book (अर्थ०) **जमा कापी**F;

~banker, ~ capacity, ~ patient, ~ward.

payment* –'मॅन्ट् n. दातिF, **शोधन**, निस्तार, निष्कृतिF, **भुगतान***, चुकौतीF, **अदायगी**F, **भरपाई**F, चुकाई गयी रकमF; देय; (ला०) प्रतिफल, प्रतिदान, बदला; ~ down तत्क्षण शोधन;

~ clerk, ~ indent, ~ issue, ~ order account, ~ orders register, ~ ration, ~ side, ~ voucher.

paynim पेनिम् n. (प्रा०) मूर्तिपूजक, काफिर, बेदीन, (विशे०, मुसलमान या यहूदी)।

paynize पे'नाइज़् v.t. लकड़ीमें कीड़ेमार दवा भरना।

paysage (F) n. ग्राम्य दृश्य, देहाती दृश्य।

paysagist पे'सॅजिस्ट् n. दृश्यकार, दृश्य-चित्रकार।

P.B. Pharmacopoeia Britannica, Playmouth Brethren; Periodic Block.

P.B. Prize Bonds.

Pb. *plumbum*, lead; Punjab.

P.B.Cl. Pay Bills Clerk.

P.B.T. President Board of Trade.

P.C. *Patres Conscripti*, Conscript Fathers; Pay Comission; Privy Council(lor); Police Constable; Platoon Commander; Post-Card.

p.c. per cent; *post cibum* after food; post card.

P/C. petty cash; prices current.

P.c.c. Pradesh Congress Committee.

P.C.F. Personal Confidential File.

P.C.I. Price Current Inspector.

P.C.I.J. Permanent Court of International Justice.

P.Co.P.A. Application for a Permit in respect of Particular Contract Carriage.

P.Co.S.A. Aplication for a Permit in respect of one or more Service Contract Carriage.

P.C.P. Private Cash of Prisoners.

P.C.R.C.A. Sheets Plain Cold-Rolled Cold-Annealed Sheets.

P.C.S. Provincial Civil Service; Principal Clerk of Session.

p.c.v. pedestrian controlled vehicle.

pd[1]. paid.

pd[2]. palladium.

Pd[3]. Period.

pd[4]. potential difference.

P.D.A. Patents and Designs Act.

P.D.O. Poultry Development Officer.

P.D.R. Poultry Development Research.

P.E. Protestant Episcopal; Production Engineer.

pea पी' n. (वन०, कृषि०) कलायF, रेणुक, **मटर**F (का पौधा या दाना); ~ nut मटरF; मूँगफलीF; ~ politics **क्षुद्र राजनीति**F; ~ shooter मटर बन्दूकF; *as like as two ~s* बिलकुल एक, हुबहू;

~ berry, ~ bird, ~ chick, ~ cod, ~ crab, ~ field, ~ green, ~ jacket, ~ pod, ~-shaped bean, ~-sized, ~ soup, ~ soup fog, ~stick, ~sticking.

peace* पीस्' n. शान्तिF*, प्रशम, युद्धविराम, मेल-मिलाप, अमन; सन्धान, मैत्रीF, सन्धिF*, सुलहF; विश्राम, आराम, चैन; अक्षुब्धताF, निराकुलताF, निरुद्वेग, अनुद्विग्नताF; व्यवस्थाF; मौन, निःस्तब्धताF; स्थिरताF; मानसिक शान्तिF; स्वस्थताF; ~ maker,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सन्धिकर्त्ता, सुलहकार; ~-monger शान्ति-संस्थापक व्यक्ति; ~offensive शान्तिप्रयास; ~offering शान्ति-दान, शान्तिप्रतीक उपहार; ~-pipe = CALUMET; ~-time शांतिकालीन; *at* ~ मित्रवत्, मैत्रीF की अवस्थाF में, सन्धिF या सुलहF की दशाF में; युद्धनिवृत्तिF की अवस्थाF में; *hold* one's ~ युद्धनिवृत्त रहना, शान्त रहना, चुप रहना, मौन होना; *keep the* ~ झगड़ा न करना; *make* ~ (*with*) मैत्रीF करना;

~-blessed, ~-breaker, ~-breaking, ~ conference, ~-enamoured, ~ equipment, ~ equipment tables, ~ establishment, ~ man, ~ movement, ~ negotiations, ~ officers, ~-party, ~ system, ~-trained.

peaceable –'सॅबॅल् a. शान्तिप्रिय, शान्तिF का इच्छुक; शान्तिमय, शान्तिपरक, साम, (~ negotiation); कलह-विमुख; अनुद्विग्न, अक्षुब्ध, स्वस्थ, निराकुल, प्रशान्त।

peaceableness –निॅस् n. शान्तताF, शान्तिप्रियताF, युद्धपराङ्मुखताF; अनुद्विग्नताF, अक्षुब्धताF, स्वस्थताF, निराकुलताF, प्रशान्तिF।

peaceful –स्'फुल् a. शान्त, शान्तिपूर्ण, निरुपद्रव, विग्रहहीन, कलहविमुख, अक्षुब्ध, निष्कण्टक।

~ action, ~ change, ~ co-existence, ~ penetration.

peacefulness –निॅस् n. शान्तिF, शान्तिपूर्णताF, विग्रहहीनताF, कलहविमुखताF, अक्षोभ, निष्कण्टकताF।

peaceless –'लिॅस् a. अशान्त, अशान्तिपूर्ण, क्षोभपूर्ण, संक्षुब्ध, बेआराम।

peach[1] पीच्' n. (एक खटमिट्ठा फल) आरुक, सतालू, आड़ू; (ग्रा०) श्रेष्ठतम व्यक्ति, सर्वोच्च व्यक्ति, अति सुन्दर बालिका; ~-colour(ed) आरुकाभ, आड़ के रंगका, हल्के लाल रंगका;

~ bloom, ~-blossom, ~-blow, ~ brandy, ~ red, ~-tree.

peach[2] पीच्' v. i. (अब ग्रा०) जासूस बन जाना, मुखबिर बन जाना; खबरF देना; शिकायतF करना।

peacher '–चॅर् n. जासूस, मुखबिर।

peachery –चॅरि n. (शीशेका) आड़ू घर।

pea-chick पी'-चिक् n. मयूरक, मोरका बच्चा।

peachiness पी'चिॅनिस् n. आरुकवत्ताF, आड़ू सदृशताF।

peachy –चि a. आरुकवत्, आड़ूसदृश (विशे० कपोल या मुखड़ा)।

peacock[1] पी'कॉक् n. शिखी, केकी, मयूर, मोर, ~-throne (शाहजहाँका) मयूर-सिंहासन, तख्ते-ताऊस;

~ blue, ~-blue glasses, ~ butterfly, ~-feather fan, ~-fish, ~-flower, ~ green, ~ ore, ~-pheasant, ~'s tail.

peacock[2] v. मोरपंखोंसे अलंकृत करना; शृङ्गार करना; प्रदर्शन करना, दिखावा करना; अकड़कर चलना, इठलाकर चलना, ठसकर चलना, ऐंठकर चलना, ठुमुक-ठुमुक चलना।

peacockish –किश् a. शिखण्डी-विषयक, मयूर-सम्बन्धी; गर्वसूचक चेष्टा-सम्बन्धी।

peacock-like –क्-लाइक् a. शिखण्डीवत्, मयूर-सदृश, मोर- जैसा।

peafowl पी'फॉउल् n. मयूर या मयूरीF, मोर या मोरनीF।

peahen पी'हेॅन् n. शिखिनीF, मयूरीF, मोरनीF।

pea-jacket पी'जैकिॅट् n. समुद्री कोट, (समुद्र-यात्राF में) ओवरकोट।

peak[1] पीक्' n. शिखर, शृङ्ग, चोटीF, कूट, पर्वताग्र, सिरा; ऊर्ध्वबिन्दु, नोकF; सूच्यग्र, वक्रका तीक्ष्णाग्र; चूडा, शिखाF, टोपीF की ओलतीF, ओरीF; (नौवि०) (जलयानका) आभ्यन्तर संकीर्ण खण्ड, जहाजके तहखाने-का तंग हिस्सा; पालका सूक्ष्म अग्रभाग; (गुण०) अधिक-तम (~ *demand*); ~-load (विद्युतF की) महत्तम शक्तिF, उच्चतम भार, (क्रय-विक्रय एवं परिवहन आदिका) महत्तम परिणाम; ~ period व्यस्ततम काल, ~ production चरमोत्पादन;

~ power, ~ tank, ~ top, ~ traffic.

peak[2] v.t. & i. (मस्तूलके सहारेको) ऊर्ध्वाधर झुकाना, आगे-पीछे झुकाना; सीधF में झुकाना; (डाँड़के चापोंको) सीधे खड़ा रखना; (ह्वेल मछलीF का) दुम उठाना, गोता लगाते समय सीधे खड़ा होना।

peaked, peaky –क्, 'कि aa. शृङ्गी, सकूट, चोटीदार (*roof*); शिखराकार, सूच्यग्र, नुकीला।

peakish पी'किश् a. अस्वस्थ-सा, रुग्ण-सा; क्षीण-सा, दुर्बल-सा, मरियल।

peaky –कि a. अस्वस्थ, रुग्ण, रोगजनक, वमनजनक; क्षीण, दुर्बल, सूखा, कमजोर; दे० PEAKED.

peal[1] पील्' n. (घण्टे या घण्टियोंF का) क्वणन, नाद, निनाद, घनघनाहटF, गड़गड़ाहटF, टिन-टिनाहटF; घण्टियाँF, घण्टियोंF की पंक्तिF; निर्घोष, महाध्वनिF, गरजF, कड़कF; (विशे०) घन-गर्जन, मेघनिर्घोष; अट्टहास, जोरसे हँसनेकी आवाजF।

peal[2] v.i. & t. निनादित होना, घनघनाना, टिन-टिनाना, गरजना, गड़गड़ाना, कड़कना; गरजकर कहना; कड़ककर बोलना; ~ *bells* जोरसे घण्टे बजाना।

pear पेॅअर् n. रुचिफल, (कृषि०) नाशपातीF (~*tree*); ~-drop नाशपातीवत् कर्णफूल; नाशपातीF के आकारकी मिठाईF; ~-shaped नाशपातीF के आकारका।

pearl[1] पर्ल् n. (रसा०) मुक्ताF, मौक्तिक, (रसा०) मोतीF; मणि, रत्न, बहुमूल्य पदार्थ; मुक्तोपम वस्तुF, मुक्ताभ वस्तुF, (जैसे ओसबिन्दु, अश्रुबिन्दु, दाँत इत्या०); छोटा टाइप, मोतिया टाइप; सूक्ष्मतम अंश, अल्पतम खण्ड; (चि०) मुलिकाF, उड़नेवाली औषधिF की एकमात्राF होनेवाली काँचकी गोलीF; ~-barley मुक्तायव, मोतिया जौ; ~ disease पशुओंका यक्ष्मारोग; ~-diver (सीपF निकालनेवाला) गोताखोर; ~-eye मोतियाबिन्द;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~-fisher दे० PEARLdiver; ~-fishery मुक्ता-क्षेत्र, सीपF निकालनेका व्यवसाय; ~millets (कृषि०) बाजरा; *cast ~s before swines* भैंसF के आगे बीनF बजाना, सागवालेसे हीरेका मूल्य करना, बन्दर क्या जाने अदरख-का स्वाद;

~-button, ~-blush, ~ gray, ~-hardener, ~-hardening, ~-like, ~ millet, ~ mussel, ~oyster, ~-powder, ~-sago, ~-shell, ~-spar, ~ stone, ~-white ~wort.

pearl[2] v.t. & i. (किसी वस्तुF के) मुक्ताभ बिन्दु छिड़-कना या छींटना; मोती बिखेरना; मोती-सदृश बनाना; मोतीका रंग आदि देना; हीरे-जैसा बनाना; मोतिया जौ बनाना; (जौ आदिको घिसकर) मोती-जैसा बनाना; मोती-जैसे बिन्दु बनाना; सीपF का शिकार करना।

pearlaceous –लेंशॅस् a. सीपवत्, सीप-सदृश, सीप-जैसा।

pearled –र्ल्ड् n. मुक्तामय, मुक्तापूर्ण।

pearlies –'लिज् n. मोतीके बटन, मोतीके बटनF वालासूट।

pearliness पर्'लिनिॅस् n. मुक्तामयताF, मुक्ताभताF; मौक्तिकताF।

pearling पर्'लिंग् n. रेशमी फीता, परलिंग।

pearly पर्'लि a. मुक्तामय, मोतियोंवाला; मुक्ताभ, मुक्तोपम, मोती-सा, निर्मल, उज्ज्वल, चमकदार; ~ lustre मुक्ताद्युतिF।

pearmain पेअॅर'मेॅन् n. एक प्रकारका सेव।

peasant पी'जॅन्ट् n. कृषीबल, कृषक, किसान, (~ *community*), खेतिहर; ग्रामवासी, ग्रामीणजन, देहाती; ~ proprietor भूमिधारी, कृषक भूस्वामी, स्वामी कृषक, निजी भूमिF पर कृषिF करनेवाला ग्रामवासी।

peasantry –ट्रि n. कृषकवर्ग, किसान लोग; ग्रामीण समुदाय, देहाती जनताF।

pease पीज़् n. PEA (प्रा०=मटरF) का बहु०; ~-cod मटरF की फलीF।

peat पीट् n. जीर्णक, (कृषि०) पाँस (~ *soil*); दल-दलका कोयला; (प्रा० भू०) पीट; ~coal पीटज कोयला; ~ bog (उक्त) कोयलेका दलदल; पाँस-पंक, पीट पंक; ~ moss (उक्त) कोयलेकी काईF; ~ reek (उक्त) कोयलेकी आगF का धुवाँ, कोयलेपर स्रवित की गयी मदिराF एवं उसकी सुगन्धF।

peatery –'टॅरि n. दलदली कोयलेका कारखाना।

peaty –टि a. जीर्णक, दलदली कोयलेका-सा, इससे बना हुआ (~ *soil*)।

pebble पे'बॅल् n. अष्ठीला, उपल, कंकड़, कण, रोड़ा, (यन्त्र०) बटियाF (~ *dash*), गुटिकाF, गिट्टीF, बजरीF, स्फटिक, बिल्लौर; गोमेद, गोमेदक, रत्न; ~ dash गिट्टीदार लिपाईF, ~ powder, गन-पाउडर, बारूदF; ~ ware बहुरंगी मिट्टियोंF के मिश्रणसे बने बर्तन।

pebbled, pebbly –ड्, –बॅलि aa. कंकड़युक्त, कंकड़ीला, कंकड़वाला।

P.E.C, pec. Photo Electric Cell.

pecan पॅकैन्' n. (मिसीसिपी प्रदेशका अखरोट जातिF का एक वृक्ष), भिदुकाष्ठ; इस वृक्षकी मींगीF, गिरीF।

peccability पेॅकॅबि'लिटि n. पापिष्ठताF, पापीपन।

peccable –'कॅबॅल् a. पापी, पापोन्मुख, पाप-प्रवण; अपराधी, पापाधीन, पापवश।

peccadillo पेॅकॅडि'लो n. (pl. *-es*) स्खलन, क्षुद्रदोष, अल्पदोष, सामान्य अपराध।

peccancy पे'कॅन्सि n. विकार, दोष, सदोषता; पापकर्म, पापशीलताF, गुनाहगारीF; विकारग्रस्तताF, रोगग्रस्तताF।

peccant पे'कॅन्ट् a. पापशील, दुष्ट, पापी, दोषी, अप-राधी, गुनहगार; (चि०) रोगग्रस्त, अस्वस्थ, रुग्ण; दूषित, विकृत; रोगकारी।

peccary पे'क्'रि n. (अमेरिकी) शूकर, सुअर।

peccatophobia पेॅकॅटॅफो'बिअॅ n. पापभीतिF।

peccavi (L) –वि sent. मैंने पाप किया है; n. पाप-स्वीकृतिF।

peck[1] पेॅक् n. अर्धद्रोण, दो गैलनकी मापF; इस मापF का पात्र, बड़ा बरतन; *a ~ of troubles* विपत्ति-राशिF, दुःखका पहाड़, मुसीबतोंF का अम्बार, कष्टोंकी भरमारF; ~ *of dirt* कीचड़का अम्बार, मैलका ढेर; चोंचF, ढोंग; चंचुप्रहार; चंचुप्रहारका चिह्न; द्रुत चुम्बन; (प्रा०) भोजन, खाना।

peck[2] v.t. & i. चोंचें F मारना, चोंच F चलाना, चोंचें F मारकर छेद करना; असावधानीF से चुम्बन करना, लापरवाहीF से चूमना; (ला०) छिद्रान्वेषण करना, दोष निकालना, नुक्ताचीनीF करना; (बोल०) कुतरकर खाना, थोड़ा-थोड़ा करके खाना, चुगना; (किसी नोकदार औजारसे) खोदना, तोड़ना; पत्थर फेंकना; ~*out* चोंचF से झटकना, उखाड़ना।

pecker –'कॅर् n. कठफोड़ा; wood ~ = PECKER; *keep your ~ up* (प्रा०) हिम्मतF बाँधे रखो, घब-ड़ाओ नहीं।

peckish –किश् a. क्षुधार्त, भूखा।

pecky –कि a. (काष्ठ) सड़नेके चिह्नोंसे युक्त।

pecten पे'क्'टे'न् n. (जीववि०, pl. *-ines*) कंकतरचनाF, कंकतवर्ध, भगास्थिF, गुदनालीF का मध्यभाग; ~ pubis भगास्थि कटक।

pectic पे'क्'टिक् a. आश्लेषिक, आश्लेष-विषयक, आश्लेष-सम्बन्धी (~ *acid*)।

pectin –टिन् n. (रसा०) आश्लेषिF।

pectinal पे'क्'टिनॅल् a. (चि०) भगास्थिकF; कंकतवत्, कंकत-सदृश, कंकताभ, कंकतके आकारका, कंघेके आकारका, कंघीF का-सा।

pectinate –नेट् a. कंकतदशन, कंकतदन्त, कंकताकार, कंघेके दाँतोंकी तरह दाँतोंवाला, दाँतेदार (~ *line*)।

pectinated –नेटिॅड् a. = PECTIANTE.

pectination –ने'शॅन् n. कंकतवत्ताF, कंकतसमताF, कंकतसदृशताF, कंघेकी तरह होना; कंकतवद्रचनाF, कंकत-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सदृश बनावट^{F}, कंघे-जैसी रचना^{F}; कंकतन, कंघा करना।

pectineal –पे॑क्टि'निॲल् = PECTINAL.

pectineus –ॲस् (चि०) कंकताभि^{F}का।

pectiniform –'निफ़ॉर्म् a. कंकतवत्, कंकताकार, कंकत-सदृश, कंकत-तुल्य, कंघे-जैसा, कंघी-जैसा।

pectoral[1] पे॑क्'टॅरॅल् n. उरस्त्राण, वक्षस्त्राण, कवच; अंसपक्ष, अंसपेशी^{F}; कफघ्न औषध^{F}, वक्ष रोगोंकी औषधि^{F}।

pectoral[2] पे॑क्'टॅरॅल् a. आलंकारिक, शोभाजनक; (यहूदियोंके) प्रधान पादरीसे सम्बन्धित; कासघ्न, कफघ्न; उरस्य, (चि०, कृषि०, जीव०) अंस-, वक्षीय, उरः सम्बन्धी वक्षस्थल-विषयक, छाती^{F}परका, सीनेका (~ *cross*); ~ arch, अंस- चाप, ~ girdle वक्ष-मेखला;

~ appendage, ~ fin, ~ nerve, ~ spine, ~ vein.

pectoriloquism पे॑क्टॅरि'लॅक्विज़्म् n. (फुफ्फुस रोगमें) स्टेथॉस्कोपसे रोगीके वक्षकी आवाज^{F} सुनना, स्टेथॉस्कोपसे रोगीके भाषणकी आवाज^{F} स्पष्टतया सुनाई देना।

pectoriloquy –क्वि n. = PECTORILOQUISM.

pectose पे॑क्'टोस् n. (रसा० शा०) आश्लेषघु, अविलेय पदार्थ।

pectus पे॑क्'टॅस् n. वक्ष, छाती^{F}।

peculate v.t. & i. शोषण करना, धनापहरण करना, चुराना, गबन करना।

peculation –ले॑शॅन् n. धनापहरण, गबन।

peculator पि॑क्यू'लेटर् n. धनापहर्ता, गबन करनेवाला।

peculiar[1] पि॑क्यू'लिॲर् n. व्यक्तिगत सम्पत्ति^{F}, निजी जायदाद^{F}; विशिष्ट अधिकार; विशेष सुविधा^{F}; विशिष्ट जाति^{F} एवं सम्प्रदाय; ईश्वरभक्त।

peculiar[2] a. प्रविशेष, विशिष्ट (~ *knowledge, use*); आत्मीय, स्वीय, स्वकीय, निजी, व्यक्तिगत; (विशे०, किसीके) व्यक्तिगत चरित्रका; असामान्य, असाधारण, अनोखा, निराला, अनूठा, अजीब (~ *flavour*); निर्दिष्ट, खास (*a point of* ~ *interest*); विस्मयजनक, अद्भुत, विचित्र, विलक्षण, अनूठा; P~ People कोई व्यक्ति।

peculiarity –ऐ'रिटि n. विशिष्टता^{F}, विशेषता^{F}; असमान्यता^{F}, असाधारणता^{F}; विलक्षणता^{F}, अनोखापन, अनूठापन।

peculiarize –लिॲराइज़् v.t. सुरक्षित रखना, अलग रखना।

peculiarly –लि adv. विशेषतः, विशिष्टतया; असामान्यतः, असाधारणतः, विलक्षणतया; अनोखे ढंगसे (*they dress* ~)।

pecuniary पि॑क्यू'निॲरि a. धनीय, धनरूप, आर्थिक, धन-सम्बन्धी, द्रव्य-विषयक, अर्थ-सम्बन्धी; आर्थिक दण्ड-विषयक; तावानी;

~ aid, ~ arrangement, ~ assistance, ~ consideration, ~ damage, ~ dealing, ~ embarrassment, ~ interest, ~ jurisdiction, ~ legacy, ~ liability, ~ loss, ~ penalty, ~ reparation, ~ success, ~ terms, ~ transaction.

ped. pedal.

ped पे॑ड् n. वंशपेटिका^{F}, बाँसकी पिटारी^{F}, डलिया^{F}, टोकरी^{F}।

peda पेडॅ् a. (ग०) पदिक (~ *equation*)।

pedagogic, -al पे॑डॅगॉ'जिक्, -ॲल् aa. शैक्षिणक (~ *age*), शिक्षणशास्त्रीय, शिक्षक-सम्बन्धी, अध्यापन-विज्ञान-सम्बन्धी (~ *institute*)।

pedagogics –क्स् n. संशैक्षिकी^{F}, संशिक्षा^{F}; शिक्षण-शास्त्र, अध्यापनशास्त्र।

pedagogue पे॑डॅगॉग् n. संशिक्षक, बाल-शिक्षक, अध्यापक।

pedagoguery –गॅरि n. पाठशाला^{F}, स्कूल; अध्यापन, शिक्षण।

pedagoguish –गिश् n. अध्यापक-सदृश, शिक्षककी भाँति।

pedagog(u)ism –गिज़्म् n. अध्यापकत्व; शिक्षकत्व।

pedagog(u)ist –गिस्ट् n. संशिक्षाविज्ञ, शिक्षणशास्त्र।

pedagogy –गि, -जि n. संशिक्षा^{F}, संशैक्षिकी^{F}, शिक्षण-शास्त्र; शिक्षण; प्रशिक्षण।

pedal[1] पे॑डॅल् n. पादवाद्य, काष्ठयन्त्रिका^{F}, (पिआनो, स्वरको पूर्णतर बनानेके लिए) पदयन्त्र; पदिक, पायदान, (सायकिल^{F} इत्यादिका) पैडल।

pedal[2] v. i. & t. वाद्ययन्त्रको चलाना, पदयन्त्रको चलाना; पैडलको चलाना।

pedal[3] पे॑'डॅल, पी'-डॅल् a. पादिक, (गणि०, कलन) पदिक, पादक, पाद-सम्बन्धी, पैरोंका; ~ note (संगीत) टेक^{F}।

~ area, ~ curve, ~ disc, ~ equation, ~ gland, ~ line, ~ triangle, ~ vehicle.

pedalist पे॑'डॅलिस्ट् n. पादयन्त्रचालक, पायदानचालक, पैडिल चलानेवाला।

pedant पे॑'डॅन्ट् n. पाण्डित्याभिमानी व्यक्ति, विद्यादम्भी; अतिसिद्धान्तवादी पुरुष; हेकड़ीबाज, शेखी^{F} बघारनेवाला।

pedantic, -al पि॑डै॑न्'टिक, -ॲल् a. पाण्डित्याभिमानी, पाण्डित्यदर्शी, विद्यादम्भी; अतिसिद्धान्तवादी; समुद्धत, हेकड़ीबाज, शेखी^{F} बघारनेवाला।

pedantize पे॑'डॅन्टाइज़् v. t. & i. पांडित्याभिमान करना; नियमनिष्ठा^{F} दिखाना; सिद्धान्तपर अटल रहना, हठधर्मी^{F} करना।

pedantry –ट्रि n. पाण्डित्याभिमान, पाण्डित्यदर्प, विद्यादम्भ; अतिसिद्धान्तवादिता^{F}; हेकड़ीबाजी^{F}, शेखीबाजी^{F}; हेकड़ी^{F}, शेखी^{F}।

pedate पे॑'डॅट् a. (जीववि०) पादयुक्त, सपाद, पंजाकार।

peddle पे॑'डॅल् v. i. & t. नगण्य कार्योंमें व्यस्त रहना; अल्पमात्रा^{F}में क्रय-विक्रय करना, फुटकर बेचना, फेरी^{F} लगाना।

peddler –लॅर् n. पादयन्त्रचालक, पैडिल चलानेवाला; पादचारी; दिसाती, फेरीवाला, खोन्चेवाला।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

peddlery –रि n. पादचारिता[F], फेरीवालेका काम; भाण्डवाहन; पादचारिकोपकरण, बिसाती या फेरीवालेका सामान।

peddling –लिंग् a. नगण्य, तुच्छ, महत्त्वहीन।

pederasty पी(पे)'डैरैस्टि n. कुमार-मैथुन, लौंडेबाजी[F]।

pedestal[1] पे'डिस्टॅल् n. **पाद-पीठ[F], उपपीठ[F], पीठिका[F], चौकी[F]**; स्तम्भतल, भवनका स्तम्भपाद, खम्भेकी **कुर्सी[F]**, आधार, नींव[F], बुनियाद[F]; सचल आलमारी[F]; ~ pile **मूँठदार स्थूणा[F], मूँठदार लट्ठा**; ~set **पीठिका टेलीफोन**।

pedestal[2] v.t. आधारित करना, (पावेके सहारे) स्थित करना, बैठाना; (चौकी[F] या किसी ऊँचे स्तम्भपर) खड़ा करना, आश्रय देना, सहारा देना।

pedestrian पिडेस्'ट्रिअॅन् a. & n. पदाति (व्यक्ति), पादचारी (पुरुष), **पैदल** (यात्री); विचरण-विषयक, गमन-सम्बन्धी; शुष्क तथा नीरस गद्यात्मक; क्षुद्र, उत्साहहीन; निष्प्राण; निरानन्द, बेमजा; स्फूर्ति या प्रेरणाहीन।

pedestrianism –निज़्म् n. पादचार, पादगमन, भ्रमण; पादगमनका अभ्यास; पैदल चलनेकी कला[F]।

pedestrianize –नाइज़् v.i. पैदल चलनेका अभ्यास करना, पैदल चलना, सैर[F] करना।

pedetentous पेडिटेन्'टॅस् a. मन्थर, मन्द, मन्दगतिक।

pediatrician पेडिअॅट्रि'शॅन् n. **बालरोग-विशेषज्ञ**, बालरोग चिकित्सक।

pediatrics –अै'ट्रिक्स् n. (चि०) कौमार-भृत्य, बाल-वैद्यकी[F], बालरोगविज्ञान, शिशुचिकित्सा[F], बालचिकित्सा[F], शिशुरोग-विद्या[F]।

pedicel, pedicle पे'डिसॅल्, पे'डिकॅल् n. (कृषि०, वन०, चि०) अर्बुदका उपवृत्त; उपवृन्त, **पुष्पवृन्त**, मंजरी[F], पुष्पबन्धन, प्रसवबन्धन; (पौधे या जीवका) ग्रीव, वृन्ताकार चक्रमूल; **पैडिसिल**।

pedicellate –लॅट् a. सवृन्त, पुष्पवृन्तधृत, पुष्पदण्ड-धारित, मंजरी[F] द्वारा उत्थापित, डण्ठल द्वारा सम्हाला हुआ।

pedicle पे'डिकॅल् n. = PEDICEL.

pedicular पि'डि'क्यूलॅर् a. (चि०) यूकाजन्य, यूका-पूर्ण, यूकायुक्त, यूकामय, जूँ[F] पड़ी हुई; लीक्षायुक्त।

pedicularis ⊙ –'लेअॅरिस् n. यूकापूर्ण, पेडिक्यूलरिस (एक पौधा)।

pediculate –क्यूलॅट् a. = PEDICELLATE.

pediculation –ले'शॅन् n. = PEDICULOSIS.

pediculosis –लो'सिस् n. (चि०) यूकाजुष्टता[F], सयूकता[F], यूकायुक्तता[F], यूकामयता[F], जुएँ[F] से भरपूर होना; लीक्षायुक्तता[F]।

pediculous –'क्यूलॅस् a. = PEDICULAR.

pediculus पि'डि'क्यूलॅस् n. यूका[F], जूँ[F]।

pedicure[1] पे 'डिक्युअॅर् n. पद-चिकित्सा[F], पैरकी दवा[F]; पादचिकित्सक।

pedicure[2] v.t. पाद-चिकित्सा[F] करना, पैरकी दवा[F] करना।

pedicurist ⊙ रिस्ट् n. पाद-चिकित्सक, पद-चिकित्सा-शास्त्री।

pediferous पि'डिफॅरॅस् a. सपाद, पादमय, पादयुक्त, पाँवदार, पैरदार; सपादांग, पादाकार अंगयुक्त, पाँवके समान अंगवाला।

pedigree पे'डिग्री n. अभिजाति[F]; (पशुपालन, जीव०, कानून) **वंशावली[F]**, (~ record, ~ system), वंशतालिका[F], वंशचरित, वंशविवरण, पैतृकवंश-वृक्ष; कुल, वंश, नस्ल[F], पीढ़ी[F], खानदान; (शब्दकी) व्युत्पत्ति[F], अन्वय; (गुण०) अभिजात, परिचित कुलका, जानी-बूझी नस्ल[F]का (~ *cattle*)।

pedigreed –ड् a. अभिजात, अभिजातीय, कुलीन, उच्चवंशोत्पन्न।

pedimanous पि'डि'मॅनॅस् a. पादाकार हस्तयुक्त, पैरके समान हाथोंवाला।

pediment पे'डिमॅन्ट् n. (प्रा० भूगोल) **शैलपद; उपकण्ठ, कण्डी[F]**; (स्था०) **त्रिकोनिया[F]**; (यूनानी ढंगपर) मकानके अग्रभागके ऊपरका त्रिभुजाकार तोरण; (द्वार या खिड़की[F]के ऊपर) चाप, डाट[F]।

pedimental –मे'न्'टॅल् a. (स्था०) त्रिभुजाकार।

pedimented –'डिमॅन्टिड् a. (स्था०) त्रिभुजाकार तोरणयुक्त।

pedlar पे'डॅलॅर् n. पादचारी, **फेरीवाला**; खोंचेवाला, **पैकार**; क्षुद्रव्यापारी, बिसाती; (ला०) संवाददाता, (प्रवाद, अफवाह[F]) फैलानेवाला; ~'s French चोरोंकी बोली[F]।

pedlary –रि n. पादचारिता[F], फेरीवालेका काम; भाण्डवाहन।

pedo- दे० PAEDO-.

pedobaptism पीडेबैप्'टिज़्म् n. शिशु-बप्तिस्मा, बाल-बप्तिस्मा, लड़कोंका बप्तिस्मा।

pedogamy पि'डॉगॅमि n. (वन०) **अपक्वमिलन**।

pedogenesis पेडेजे'निसिस् n. डिम्बाजनन, मृदा-उत्पत्ति[F]।

pedologist पि'डॉलॅजिस्ट् n. (चि०) बाल वैज्ञानिक; मृदाविज्ञानी; मृत्तिका-शास्त्री।

pedology –जि n. (चि०) बाल्य-विज्ञान; मृत्तिकाशास्त्र, मृदाविज्ञान; (प्रा० भूगोल०) **भूमितत्त्व**, (कृषि०) **भूमि-विज्ञान**।

pedometer पिडॉ'मिटॅर् n. यात्रामापक-यन्त्र, गति-मान, दूरीमापक-यन्त्र।

pedophilia ⊙ पीडॅफि'लिअॅ n .दे० PAIDOPHILIA.

pedrail पे'ड्रेल् n. पेड्रेल, एक प्रकारका ट्रैक्टर।

pedrero, pede- पे'ड्रिरो, पे'डि- n. रोड़े फेंकने-वाली बन्दूक[F]।

peduncle पि'डन्'कॅल् n. (वन०) **पुष्पदण्ड, पुष्पपुञ्ज**, वृन्त, पुष्प बन्धन; उपवृन्त, मुख्य वृन्त; (जन्तुवि०) प्रसव बन्धन, गण्डमूल।

peduncular, pedunculate –'क्यूलॅर्, –लॅट् aa. पुष्पवृन्त-युक्त; पुष्पदण्ड-युक्त, मंजरी-युक्त, वृन्तमय, डण्ठलदार, डण्डीदार; वृन्तीय, वृन्त-विषयक।

pedunculation –ले'शॅन् n. (चि०) वृन्त-युक्तता[F];

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुष्पवृन्तता[F], पुष्पदण्डता[F], पुष्पवृन्तयुक्तता[F], पुष्पदण्ड-युक्तता[F], मंजरीयुक्तता[F], डण्ठलदार होना।

peek ⊙ पीक्' n. झाँकना; ~-a-boo ⊙ = HIDE AND SEEK.

peeking ⊙ –'किंग् n. झाँकना।

peel[1] पील्' n. सीमा-स्तम्भ, सरहदी मीनार[F]; नानबाई[F]-की कलछी[F]; (तन्दूरमें) रोटी[F] सेंकनेका बेलचा; रोटी-वालेकी रस्सी[F]; आवरण, शल्क, त्वक्, वल्कल, वक्कल, छिलका।

peel[2] v.t. & i. शल्कन करना, छीलना, छिलका उतारना; (वृक्ष, पशुओंके शरीर आदिका) चर्मरहित होना, खाल[F] उतारना, देह[F] छिलना, उधड़ना, उधेड़ना; (छिलकेकी भाँति) उतर जाना, निकल जाना; निरावरण होना, नग्न होना: *scattered and ~ed* नष्ट, लुण्ठित, लूटा हुआ, मारधाड़ किया हुआ, मारा हुआ।

peeler –लॅर् n. शल्कक, छीलनेवाला; शल्कन-यन्त्र, छीलनेका यन्त्र; पुलिस[F]का सिपाही।

peeling पी'लिंग् n. उतरा हुआ छिलका (विशे० *potato ~s*); शल्कन, छिलका उतारनेकी क्रिया[F], (कृषि०) छिल जाना, (कृषि०) छीलना।

peen पीन्' n. हस्तघानी[F]का पृष्ठ भाग, हथौड़ेका उलटा सिरा।

peep[1] पीप्' n. 'चीं-चीं, चूँ-चूँ, चर-चर' इत्यादिकी ध्वनि[F]; चीत्कार, कर्कश ध्वनि[F]; गुप्त दृष्टि[F], छिपी निगाह[F], ताकझाँक[F]; सूक्ष्म वीक्षा[F], चोर-दृष्टि[F], सतर्क दृष्टि[F]; प्रथम दर्शन; प्रकटन, प्रादुर्भाव; आगम, उदय, पूर्वालोक, अरुणोदय; ~-hole निरीक्षण-छिद्र; गवाक्ष, जालमार्ग, मोखा, झरोखा; ~-show झाँक-तमाशा, सैरबीन, बाइस्कोप; ~ sight बन्दूक[F] आदिकी मक्खी[F]; ~ *of dawn, of day* भोर, प्रातः, सुबह, तड़का।

peep[2] v.t. 'चीं-चीं, चूँ-चूँ' इत्यादि शब्द करना, चर-चर करना, झिंगारना; चीत्कार करना, कर्कश ध्वनि[F] करना; (*at, into* के साथ) गुप्तरूपसे देखना, छिपकर देखना, ताकना, झाँकना; दृष्टिगत होना, झलकना; दबे पाँव आना; आविर्भूत होना, प्रकट होना, उदय होना; (कली[F], फूल इत्यादिका) कुछ-कुछ खिलना, खुलना, फूटना (प्रायः ~ *out*); ~ ing Tom, (Godiva की कथामें) एक कामुक पात्र।

peep-bo पीप्-बो n. = BO-PEEP.

peeper पी-पॅर् n. प्रच्छन्न दृष्टि[F]से देखनेवाला, झाँकनेवाला, छिपी निगाह[F] डालनेवाला; (ग्रा०) नेत्र, नयन, चक्षु, आँख[F]।

peep-o'-day पीप्-ॲंडे n. प्रभात, तड़का, सबेरा।

peepul, pipal पी'पॅल्, पी'पॅल n. पीपल (का पेड़)।

permanent –न्ट् a. नित्य, **स्थायी**, स्थिर, ध्रुव, अक्षय, शाश्वत, अटल, अमर, चिरस्थायी, अपरिवर्तनीय, टिकाऊ; ~ set स्थायी वस्तु; (यन्त्र०) **स्थायी विकृति**; ~ teeth दूधके दाँतके बाद निकले हुए दाँत; ~ wave अनेक प्रक्रियाओंF द्वारा बालोंमें उत्पन्न की गयी लहरF; ~ way रेलF का पक्का मार्ग;

~ absorption, ~ accommodation, ~ address, ~ adjustment, ~ advance, ~ assets, ~ cause, ~centre, ~ court, ~deformation, ~ delegation, ~ duty, ~ employment, ~ establishment, ~ field, ~ fixtures, ~ gas, ~ hardship, ~ headquarters, ~ home, ~ interests, ~ lake, ~ lease, ~ mission, ~ nuisance, ~ parasites, ~ preparation, ~ restriction, ~ return, ~ service, ~ set, ~ settlement, ~ strain, ~ structure, ~ tenant, ~tissue, ~ value, ~ way.

permanganate पॅमैन्'गॅनेट् n. दहातु-अतिलोहकीय, **परमैंगनेट**, potassium ~ *or* ~ of potash दहातुलोहक।

permanganic पॅमैन्गै'निक् a. ~ acid अतिलोह-काम्ल।

permeability पॅर्मिॅअॅबि'लिटि n. (चि०, कृषि०, वन०, रसा०, भौ०, प्रा० भूगोल, जीव०) **पारगम्यता**F,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(~ *co-efficient*) (प्रा० भूगोल) **प्रवेश्यता**[F], अतिवेध्यता[F], भेद्यता[F]; व्याप्यता[F], प्रसरणीयता[F], विस्तारणीयता[F], आच्छादनीयता[F], बसनेकी अवस्था[F]; **चुम्बकशीलता**[F] (~ *bridge*)।

permeable –'मिॅअॅबॅल् a. (जीव०, प्रा० भूगोल, रसा०, वन०, कृषि०), **पारगम्य** (*rock*) (प्रा० भूगोल) **प्रवेश्य**, अतिवेध्य, भेद्य; व्याप्य, प्रसरणशील, विस्तार्य, आच्छाद्य।

permeameter पर्मिअै'मिॅटॅर् n. अतिवेध्यतामान, अतिवेध्यतामापक, अतिवेध्यतामापक-यन्त्र, **चुम्बकशीलतामापी**, परमियामीटर।

permeance –अॅन्स् n. प्रवेश, पारगमन, भेदन; व्याप्ति[F], विस्तार, प्रसार; निवसन।

permeant –न्ट् a. प्रवेशक, भेदक; व्यापक, विस्तारक, प्रसारक; निवासी।

permeate –अेट् v.t. & i. प्रवेश करना, भेदन करना, **पारगमन करना**, बींधना या बिंधना, भर जाना, घुस जाना, पैठ जाना; परिव्याप्त करना, आच्छादित करना; लिप्त करना, रम जाना; विकीर्ण करना, विस्तार करना, प्रसार करना, (~ *through, among*)।

permeation –अे'शॅन् n. व्याप्ति[F], विस्तृति[F], विस्तार, प्रचार, प्रसार, फैलाव; प्रवेश, भेदन; अतिशयोक्ति[F], अतिकथन, अतिवर्णन, मिथ्याकथन, बढ़ा-चढ़ाकर कहना।

permeative –मिॅअेटिव् a. वेधक, वेधनशील; व्यापक।

permed ⊙ पर्'मिॅड् a. शाश्वत-तरंगमय, अक्षुण्ण-तरंग-युक्त, चिरतरंगयुक्त, स्थायी लहरोंवाला।

per mensem (L) adv. **प्रतिमास, माहवार**।

Permian पर्'मिॅअॅन् a. (मैगनीशियाके चूना-पत्थर एवं लाल रेतीले पत्थरसे युक्त), मत्स्ययुगीन, पर्मी।

permissible पॅर्मि'सिॅबॅल् a. अनुज्ञेय, आज्ञा[F] या अनुमति[F] योग्य; धर्म्य, न्याय्य; क्षमा, उचित, युक्त, जायज; अनुमत, ग्राह्य (~ *limit*)।

permission –'शन् n. **अनुज्ञा**[F], आज्ञा[F], अनुमति[F], स्वीकृति[F], इजाजत[F], रजामन्दी[F], मंजूरी[F]।

permissive –'सिव् a. अनुज्ञापक, आज्ञापक, अनुज्ञाशील, **अनुज्ञात्मक**, अनुमति-सूचक।

permissiveness –निॅस् n. **अनुज्ञा**[F], अनुमति[F]; अनुज्ञापकता[F], आज्ञापकता[F], अनुज्ञाशीलता[F], अनुमति-सूचकता[F]।

permissory –सॅरि a. अनुज्ञा-विषयक, आज्ञा-विषयक, अनुमति-विषयक, स्वीकृति-सम्बन्धी, इजाजत[F]का; अनुज्ञात्मक, आज्ञा-निर्भर, अनुमति-पूर्ण।

permit[1] पर्'मिट् n. अनुज्ञा[F], आज्ञा[F], अनुमति[F], स्वीकृति[F], इजाजत[F]; **अनुज्ञापत्र**, आज्ञापत्र, अनुमतिपत्र, स्वीकृतिपत्र, इजाजतनामा, पर्ची[F], **परमिट, परमट**, परवाना; ~ card **अनुमति-पत्र**;

~ fee, ~-holder, ~-holding guest, ~ system.

permit[2] पर्मिट् v.t. & i. **अनुज्ञा**[F] **देना**, आज्ञा[F] देना, अनुमति[F] देना, स्वीकृति[F] देना, इजाजत[F] देना (~ *me to remark*); सहन करना, गवारा करना, करने देना।

permitted –'टिॅड् a. अनुज्ञात या आज्ञप्त (~*mortgage*)।

permittee –टी n. अनुज्ञापित व्यक्ति, आज्ञापित व्यक्ति, अनुमतिग्राही, स्वीकृतिप्रापक; अनुज्ञापत्रधारी, परमिटवाला आदमी।

permitter –'टॅर n. अनुज्ञापक, आज्ञापक, अनुमति-दाता, इजाजत[F] देनेवाला, रजामन्दी[F] देनेवाला।

permittivity पर्मिटि'विटि n. **विद्यतशीलता**[F]; **परावैद्यतांक**।

permutable पॅर्म्यू'टॅबॅल् a. विनिमेय, क्रमसंचेय, परिवर्त्य।

permutation पर्म्यूटे'शॅन् n. विनिमय, परिवर्त, परिवृत्ति[F], (गणि०) **क्रमचय**, क्रमसंचय; (संख्या[F] या राशि[F]का) क्रम-परिवर्तन, प्रतिवर्तन, उलट-पलट; प्रस्तार, क्रम-विस्तार।

permute पॅर्म्यूट् v.t. क्रम-परिवर्तन करना, विनिमय करना।

pernancy पर्न'न्सि n. (कानून) आदान, स्वीकरण, प्राप्ति[F]।

pernicious पॅर्नि'शॅस a. प्रणाशी, विनाशी, वैनाशिक, घातक, प्राणहर, तीव्र, अनिष्टकारी, **दुष्ट**, जानलेवा, अपकारी, बुरा; ~ anaemia (चि०) वैनाशिक रक्तक्षय, घातक रक्तशून्यता[F], **दुष्ट रक्तक्षीणता**[F]।

perniciousness –निॅस् n. प्रणाशिता[F], वैनाशिकता[F], विनाशकता[F], घातकता[F], अपकारिता[F], अपकार, दुष्टता[F], अनिष्टकारिता[F]।

pernickety पॅर्नि'किटि a. (बोल०) दुराराध्य, दुस्तोषणीय, कुटिलस्वभाव, नाजुकमिजाज, झल्लाऊ, तुनुकमिजाज, चिड़चिड़ा, बिगड़ैल।

pernoctation पर्नॉक्टे'शॅन् n. रात्रिचर्या[F], रात्रियापन; रात[F]का पहरा।

pernor ⊙ पॅर्'नॉॅर् n. (कानून) लाभगृहीता।

peroneal पॅरॅनी'अॅल a. (चि०) उपजंघास्थि-विषयक, अनुजंघास्थि-विषयक, पोंगेकी हड्डी[F]का; ~ artery अनुजंघा-रोहिणी[F], **उपजंघिका-धमनी**[F]।

peroneum ⊙ –अॅम् n. (चि०) उपजंघिका[F]।

peroneus –अॅस् n. (चि०) पादविवर्तनी[F], जंघापेशी[F], **विवर्तनी**[F]।

perorate पे'रॅरेट् v.i. विस्तृत वक्तृता[F] देना, लम्बा-चौड़ा व्याख्यान देना, सविस्तार बोलना; (भाषणका) उपसंहार करना; सारांश देते हुए समाप्त करना।

peroration पेॅरॅरे'शॅन् n. इतिश्री[F], उपसंहार, सारांश, समाप्ति[F]।

peroxide[1] पॅरॉक्'साइड् n. अतिजारेय, (रसा०) **पराक्साइड** (~ *test*)।

peroxide[2] v.t. (पराक्साइडसे बाल) श्वेत करना।

perpend[1] पर्'पेॅन्ड् n. PARPEN का रूपान्तर; (यन्त्र०) **खड़ा जोड़**।

perpend[2] पॅर्पेॅन्ड् v.t. मनन करना, विचार करना, सोचना, बात[F]को तौलना, उधेड़बुन[F]में लगना, गौर करना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

perpendicular[1] पर्प ॅन्डि'क्यूलॅर् n. लम्बमापक; (pl.) जलपोतकी रूपरेखा[F] तैयार करनेवाली कल्पित रेखाएँ[F]; लम्ब, समकोणिक रेखा[F] (*is out of* ~); (ग्रा०) खड़ा भोज।

perpendicular[2] a. (निर्दे०, ज्या०, ग०) लम्ब-, लम्बरूप, लम्बवत्, खड़ा, सरल, बिलकुल सीधा; ~ distance, ~ ends, ~ positions, ~ plane, ~ section.

perpendicularity –लै'रिटि n. (निर्दे०, ज्या०) लम्बता[F], लम्बरूपता[F], समकोणीयता[F], खड़ापन।

perpetrable पर्'पि ॅट्रॅबॅल् a. सम्पाद्य, सम्पादनीय, कार्य, करणीय, करने योग्य; अपराध्य, अपराधनीय, अपराध करने योग्य।

perpetrate –ट्रेट् v.t. (अपराध, भूल[F], नृशंस कार्य इत्यादि) करना, कर बैठना, कर गुजरना।

perpetration ट्रे'शॅन् n. पापकर्म, अपराधका कार्य, करतूत।

perpetrator –'पि ॅट्रेटॅर् n. अपराधी, कुकर्मी, अपराध करनेवाला।

perpetuable पॅर्पे ॅ'ट्यूॲबॅल् a. नित्यकरणीय, शाश्वतकरणीय, अक्षुण्णकरणीय, चिरस्थायी बनाने योग्य; अविच्छेद्य, अविच्छेदनीय, नित्य, अनवरत; अविस्मरणीय, अमर बनाने योग्य।

perpetual –ॲल् a. नित्य, शाश्वत, अविच्छिन्न, अविरत, सतत, सन्तत, निरन्तर, सनातन, चिरस्थायी, चिर, सर्वकालिक; क्रमबद्ध, अविरल; (बोल०) पुनः-पुनः होनेवाला, लगातार (*this ~ nagging*); ~ ledger खुले पन्नोंका खाता; ~ motion अविरल गति[F], सतत दोलन।

~ allawance; ~ annuity, ~ bond, ~ day, ~ debenture, ~ grant, ~ injunction, ~ interest, ~ lease, ~ loan, ~ motion, ~ night, ~ snow, ~ succession, ~ trust.

perpetualism –लिज़्म् n. (अर्थ०) शाश्वतता[F]।

perpetuality –ऐ'लि ॅटि n. अविच्छिन्नता[F], अविच्छेद, इत्यादि दे० PERPETUATION.

perpetuate –'ट्यूॲट् v.t. नित्य बनाना, शाश्वतत्व प्रदान करना, चिरस्थायी बनाना; अविच्छिन्न बनाना, शृंखलाबद्ध करना; अविस्मरणीय करना, अमर बनाना, कायम रखना, जारी रखना, बनाये रखना।

perpetuation, perpetuance –ऐ'शॅन्, -ट्युॲन्स् nn. नित्यीकरण, शाश्वतीकरण, स्थायीकरण; अनवरतता[F], नित्यता[F], शाश्वतता[F], सनातनत्व, निरन्तरता[F], चिरस्थायित्व; सन्तनन, सातत्य, अविच्छिन्नता[F], क्रमबद्धता[F]।

perpetuator –'ट्युॲटॅर् n. नित्यरूप देनेवाला, शाश्वत बनानेवाला, स्थायीकर्त्ता, सतत बनानेवाला, क्रमबद्ध करनेवाला, जारी रखनेवाला।

perpetuity पॅर्पि ॅट्यू'इटि n. नित्यता[F], शाश्वतता[F], चिरन्तनता[F], चिरस्थायित्व, सनातनता[F], अनवरतता[F], सातत्य, क्रमबद्धता[F]; सनातन अधिकार; स्थायी वार्षिक वृत्ति[F], सालाना भत्ता; *in, to, for,* ~ शाश्वत रूपसे, चिरन्तन रूपसे, सदैवके लिए।

perplex पॅर्प्लें ॅक्स् v.t. सम्भ्रान्त करना, व्याकुल करना, हतबुद्धि करना, भटकाना, उलझाना, हैरान करना, परेशान करना; (विषयको) सन्दिग्ध बनाना, क्लिष्ट बनाना, कठिन कर देना, पेचीदा बना देना; व्यग्र करना, उद्विग्न कर देना, विमूढ़ कर देना, विक्षिप्त करना, घबरा देना।

perplexed –ड् a. सम्भ्रान्त, हतबुद्धि, कातर, अधीर, आकुल, व्याकुल, घबराया हुआ।

perplexedness –'सिड-नि ॅस् n. हतबुद्धिता[F], कातरता[F], सम्भ्रान्ति[F], व्याकुलता[F], परेशानी[F], घबराहट[F]।

perplexing –सिंग् a. मोहक, सन्दिग्ध, भ्रामक, भ्रमकारी, विषम।

perplexity –सिटि n. सम्भ्रम, व्याकुलता[F], हतबुद्धिता[F], भटकन[F], उलझन[F], हैरानी[F]; (विषयकी) सन्दिग्धता[F], क्लिष्टता[F], कठिनता[F], पेचीदापन; व्यग्रता[F], उद्विग्नता[F], अधीरता[F], चित्तवैकल्य, आकुलता[F], विमूढ़ता[F], विक्षिप्ति[F], घबराहट[F]।

per pro. *per procurationem*, per procuration, by the agency (of) स्थाने, लिए।

perquisite पर्'क्विज़िट् n. परिलब्धि[F], अनुलाभ, अतिरिक्त आय[F], ऊपरी आमदनी[F], (श्रम०) लवाजमात, दस्तूरी[F], भत्ता; उतारन या उतरन[F] (*remains of the daily commons are among the ~s of college scouts*)।

perquisition –ज़ि'शॅन् n. सूक्ष्म अनुसन्धान, तगड़ी खोज[F], गहरी पूछ-ताछ[F], तफतीश[F]।

perrier पे ॅ'रिॲर् n. (प्रा०) गोपिय, गोफना, ढेलवाँस।

perron पे ॅ'रॅन् n. (मकानोंके बाहरका) जीना, सीढ़ी[F]।

perruquier पॅरु'कॅर् n. विग-विक्रेता, विगव्यापारी, कृत्रिम बालोंका व्यापारी; विग-निर्माता, कृत्रिम बाल बनानेवाला।

perry पे ॅ'रि n. नाशपाती[F]की मदिरा[F]।

pers. person, personal.

Per(s). Persian.

per saltum (L) adv. एक छलाँगमें।

per se (L) adv. स्वतः, अपने आप।

perscrutation पर्स्क्रू ॅटे'शॅन् n. सम्यक्शोध, गम्भीर-गवेषणा[F], अनुसन्धान।

persecute पर'सि ॅक्यूट v.t. विद्वेष-दृष्टि[F]से देखना, आघात पहुँचाना, कष्ट या दुःख देना; उत्पीडन करना, अत्याचार करना, दिक करना, सताना, जुल्म करना; हठ करना, आग्रह करना।

persecution –क्यू'शॅन् n. सम्पीडन, उत्पीडन, अत्याचार, उपप्लव, अभिद्रोह, उपद्रव, जुल्म; ~mania सम्पीडनोन्माद, उत्पीडनोन्माद।

persecutive –'सि ॅक्यूटिव् a. सम्पीडनीय, उत्पीडनीय,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अत्याचार-विषयक, सम्पीडनशील, अभिद्रोह-सम्बन्धी, जुल्मका; सम्पीडनात्मक, उत्पीडनात्मक, अभिद्रोहात्मक, अतिचारी, जुल्मी।

persecutor –टॅर् n. उत्पीडक, उपद्रवी, उपप्लवकारी, अत्याचारी, जालिम।

perseus पर्'स्यूस्, –सिॅअस (ज्यो०) **परशु**, T.

perseverance पर्सिॅवीअॅरॅन्स् n. अभिनिवेश, प्रसक्ति[F], अध्यवसाय, धैर्य, दृढ़ता[F], निरन्तर उद्योग, उद्यम, अनथक प्रयत्न, प्रयत्न, सातत्य, सतत् उद्यम, अनवरत चेष्टा[F] या प्रवृत्ति[F]; (धर्म) चिरसाधुता[F], स्थायी सौभाग्य।

perseverant –न्ट् a. अभिनिवेशी, अध्यवसायी, धैर्यवान्, दृढ़, निरन्तर उद्योगी, अनथक प्रयत्न करनेवाला, सतत प्रयत्नशील, सतत उद्यमी, अनवरतरूपसे प्रवृत्त, लगन[F]का धनी, धुन[F]का पक्का।

perseveration –वॅरे'शॅन् n. कार्यावृत्ति[F], वेकारकी आवृत्ति[F], शब्दावृत्ति[F], पुनरावृत्ति[F], वाक्यावृत्ति[F]; पुनरावृत्तिदोष, निरर्थक वाक्य-पुनरावृत्ति[F]; (चि०) उद्दीपक कारण समाप्त होनेपर भी तज्जनित कार्यका जारी रहना।

persevere पर्सिॅवीअॅर् v.i. अभिनिवेशमें लगना, अध्यवसाय में लगना, धीरज रखना, दृढ़ रहना, निरन्तर उद्योग करना, सतत उद्यमशील रहना, लगन[F]का पक्का होना, धुन[F] बाँधना, निभाना, डटे रहना।

persevering –रिंग् a. उद्यमी, अध्यवसायी, उद्योगी, प्रवृत्त, आग्रहशील।

Persian पर्'शिअन् a. & n. फारसी (भाषा[F] और व्यक्ति); ~ clover (कृषि०) **शफतल**; ~ wheel रँहट; ~ apple, ~ ass, ~ berry, ~ carpet, ~ cat, ~ dates, ~ lamb, ~ leopard, ~ powder, ~ red, ~ yellow.

persiennes पर्सिॅअे न्ज् n. pl. बाह्य वातायन-शृंखला[F], खिड़की[F]की बाहरी सिटकिनी[F]।

persiflage पर्'सिफ्लाज् n. व्यंग्य, विनोद, हँसी[F], मजाक, शेखी[F], दिल्लगी[F], ठट्ठा, बकवाद, गप्प।

persifleur –फ्लर्' n. व्यंग्य-, विनोद-प्रिय, हँसीबाज, मजाकिया, शेखीबाज, दिल्लगीबाज, ठट्ठेबाज, गप्पी।

persimon पॅर्सिं'मॅन् n. पर्णाम्र, **तेन्दु**, अमेरीकी फल. परसिमन।

persist पॅर्सिस्ट्' v.i. [illegible] बना रहना, डटना; आग्रह रहना, जमे रहना, हठ करना, अड़ना; अध्यवसाय करना, विधिपूर्वक आचरण करना; पर्यवस्थान करना; प्रयत्न या उद्योग करते रहना; अस्तित्व बनाये रखना, प्राण रखना, जिन्दा रहना।

persistence, -cy पॅर्सिस्'टॅन्स्, -सि nn. विलम्बन, अनुलम्बन; **निर्बन्ध**; दृढ़ता[F], अटलता[F], अचलता[F], स्थिरता[F], स्थैर्य; आग्रह, हठ, जिद[F]; अभिनिवेश, अध्यवसाय, प्रयत्न।

persistent –न्ट् a. दृढ़, अटल, अचल, स्थिर; आग्रही, हठी, जिद्दी; अभिनिवेशी, अध्यवसायी, सदा प्रयत्नशील; चिरस्थायी, नित्य, स्थायी, चिरजीवी, सदा रहनेवाला (जैसे. सींग, बाल, पत्तियाँ[F] आदि); **निरन्तर**, लगातार; ~ cruelty, ~ failure, ~ gas, ~ rainfall, ~ stigma.

persistive –टिव् a. स्थैर्य-विशिष्ट, स्थिरता-विशिष्ट; आग्रहशील, हठ-युक्त; अभिनिवेश-विशिष्ट, अध्यवसाय-शील, प्रयत्न-सातत्य-युक्त; अटल, अचल, स्थिर; आग्रही, हठी; अभिनिवेशी, अध्यवसायी।

person* पर्'सॅन् n. **व्यक्ति***, पुरुष, मनुष्य, नर, आदमी, लोग; वपु, काया, तनु, **शरीर**, देह[F], व्यक्तित्व (*he had a fine* ~); (कानून) मानव, इन्सान; संघ, सभा[F], संस्था[F]; (नाटक या कहानी[F]के) पात्र या चरित्र; स्वांग, वेश, रूप; (जीववि०) जीवधारियोंकी मिश्र जाति[F]-का व्यक्ति; first ~ उत्तम पुरुष या आत्म-पुरुष (मैं, हम, मुझे, हमें, मेरा, हमारा); second ~ मध्यम पुरुष (तुम, तुझे, तुम्हारा); the ~ उसमें, के रूपमें, के व्यक्तित्वमें (*found a friend in the ~ of her landlady*); third ~ अन्य पुरुष (वह, वे, उसे, उन्हें, उसका, उनका); in ~ स्वयं, स्वतः, व्यक्तिगत रूपसे, साक्षात्, प्रत्यक्ष, अपने-आप।

personable –नॅबॅल् a. लावण्ययुक्त, सौष्ठवपूर्ण, सुगात्र, सुरूप, रूपवान्, सुन्दर, सुडौल, खूबसूरत।

personage –निज् n. सम्भ्रान्त जन, विशिष्ट पुरुष, श्रेष्ठ पुरुष; व्यक्ति, जन, आदमी, लोग; नट, (नाटकका) पात्र या चरित्र; स्वांग।

persona grata (L) n. प्रिय पात्र, चहेता।

personal[1] ⊙ –नॅल् n. (प्रायः pl.) व्यक्ति-विशेष-सम्बन्धी समाचारपत्रोंके स्तम्भ, व्यक्तिगत समाचार।

personal[2] a. **वैयक्तिक, व्यक्तिक, व्यक्तिगत; स्वीय, निजी**, अपना; स्वयंकृत (~ *interview, service*, etc.); विशिष्टजनोद्दिष्ट, व्यक्ति-विशेषपर आरोपित, व्यक्ति-विशेषकी ओर इंगित (~ *abuse*); शारीरिक, दैहिक; (व्या०) पुरुषवाचक (विशे० ~ *pronouns*); ~ hygiene (चि०) स्वस्थ वृत्त; ~ acquaintance, ~ action, ~ allowance, ~ appearance, ~ contact, ~ convenience, ~ credit, ~ effects, ~ equation, ~ equipment, ~ error, ~ estate, ~ explanation, ~ file, ~ goods, ~ law, ~ liberty, ~ luggage, ~ pay, ~ remarks, ~ responsibility, ~ risk, ~ secretary, ~ security, ~ staff, ~ tax, ~ use, ~ value, ~ wealth.

personalism –लिज़्म् n. व्यक्तित्ववाद, व्यक्तित्व-मतवाद, व्यक्तित्व-सिद्धान्त।

personality –नैलिटि n. व्यक्तित्व, (~ *trait, ~ type*), मनुष्यत्व, निजी अस्तित्व; स्वत्व, निजीपन, अपनापन, **व्यक्तिगत विशिष्ट सत्ता**[F], वैयक्तिक या निजी विशेषता[F]; व्यक्ति, जन, पुरुष; विशिष्टजनोद्दिष्टता[F],

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुमार्गी, वामाचारी; **प्रतीप**, प्रतिकूल, विलोम, **वाम**, विपरीत, **विपर्यस्त**, उलटा; **विकृत**, वक्रशील; अस्वाभाविक, अप्राकृतिक; भ्रान्त, अनुचित; हठी, दुराग्रही, जिद्दी; चिड़चिड़ा, तुनुक-मिजाज; पिशुन; दुःशील।

perversion –'शन् n. **विपर्यास**, प्रतीपता^{F}, वामता^{F}, उलट-फेर; (चि०) विप्रकृति^{F}; विकृति^{F}, विकार, बिगाड़; भ्रंशन, आचार-भ्रष्टता^{F}; पथभ्रष्टता^{F}; अनर्थ; अनौचित्य।

perversity, perverseness –सिटि, निॅस् nn. कुटिलता^{F}; **विप्रतीपता^{F}, वामता^{F}**, विपरीतता^{F}, विकृति^{F}; जिद्द^F, हठीपन; चिड़चिड़ापन; पथभ्रष्टता^{F}, वामता^{F}; दुष्टता^{F}, दुःशीलता^{F}।

perversive –सिवॅ a. विपर्यासपूर्ण, उलटा; कामविकार-युक्त, आचारभ्रष्ट; पथभ्रष्ट; अनर्थी; अनुचित।

pervert[1] पर्'वर्ट n. **विपर्यस्त**, पथभ्रष्ट, (व्यक्ति), आचारभ्रष्ट (जन), स्वधर्मच्युत (पुरुष); (sexual~)।

pervert[2] पॅर्वॅर्ट्' v.t. & i. अवस्थान्तर करना; प्रयोगान्तर करना, बदलना; विपर्यास करना, **विपर्यस्त करना**, विपर्यय करना; विलोम करना, विपरीत करना, उलटना; (शब्द आदिका) अनर्थ करना, असंगत अर्थ करना, विपरीत अर्थ निकालना, तोड़ना-मरोड़ना; अप-प्रयोग करना, असंगत प्रयोग करना; पथभ्रष्ट करना, मार्ग-च्युत करना, कर्तव्यच्युत करना, चरित्रभ्रष्ट करना, गुमराह करना, बहकाना, बहकना, फिरना।

perverter –'टॅर् n. पथभ्रष्ट करनेवाला व्यक्ति, आचार-भ्रष्ट करनेवाला पुरुष, स्वधर्मच्युत करनेवाला पुरुष।

pervertible –'टिबॅल a. पथभ्रष्टकरणीय, आचारभ्रष्ट करने योग्य, स्वधर्मच्युत करने योग्य, उलटाने लायक।

perviate पर्'विएट् v.t. (किसी वस्तु^{F}से होकर) मार्ग निकालना, घुसना।

pervicacious पॅर्विके'शॅस् a. अदम्य, अदमनीय, अति-

pervicac[illegible] अतिदुष्करणीय।

pervicacity –कै'सिटि n. [illegible]ERVICACITY.

अतिदुर्दमनीयता^{F}; अतिदुःसाध्यता^{F}, अतिदुष्करणीयता^{F}

pervious पर्'विॲस् a. सद्वार, समार्ग, सछिद्र, खुला हुआ; (भू०) **पारगम्य** (~*rock*), **प्रवेश्य**, (चि०) **भेद्य**, वेध्य, गम्य; (ला०) सुगम, सुबोध, प्रसादपूर्ण, सरल, स्पष्ट।

perviousness –निॅस् n. सद्वारता^{F}, समार्गता^{F}, सछिद्रता^{F}; प्रवेश्यता^{F}, भेद्यता^{F}; सुगमता^{F}, सुबोधता^{F}, सरलता^{F}, स्पष्टता^{F}।

pesade पि'जेड' n. अश्वोत्पतन, घोड़ेकी उछाल^F।

peseta पे'से'टॅ n. (स्पेनकी एक रजत-मुद्रा^{F}), पेसेटा = ८ आना या पचास नये पैसे।

Peshwa पेश'वा n. पेशवा।

pesky ⊙ पॅस्'कि a. कष्टप्रद, दुःखद, अशान्तिकर, झंझटी; अस्तव्यस्त, अव्यवस्थित; अत्याचारी, उत्पीडक; उत्पातजनक, विपत्तिजनक।

peso पे'सो n. (स्पेनकी एक रजत-मुद्रा^{F}), पेसो, डालर।

pessary पे'सॅरि n. (चि०) गर्भाशयधारक वलय (योनि^{F}-में रखनेका); पिधा^{F}, पेसरी^{F}।

pessimism पे'सिमिज्म् n. (दर्श०) **सर्वाशुभवाद, निराशावाद**; दुःखवाद; पापिष्ठतावाद; (दर्श०) **निराशा-वृत्ति^{F}**; नैराश्य, निराशा^{F}।

pessimist –मिस्ट् n. निराशावादी; दुःखवादी; पापिष्ठ-तावादी; निराश, खिन्न।

pessimistic –'टिक् a. निराशावादी (~ *outlook*); दुःखवादी; पापिष्ठतावादी; निराश, दुःखी; ~voluntar-ism (दर्श०) **सर्वाशुभवादी कृतिवाद, सर्वाशुभवादी संकल्पवाद**।

pessulus पे स्यूलॅस् n. (जीव०) T.

pest पॅस्ट n. नाशिकीट, विनाशकारी या मारक कीट; (चि०) **मारी^{F}, पीड़क, बाधा^{F}**; संघातक जीव, व्यक्ति या वस्तु^{F}; (क०) प्लेग, महामारी^{F}; ~-house महामारी चिकित्सालय, प्लेग अस्पताल; *what God will, no~ can kill* जाको राखै साइयाँ मारि सकै नहिं कोय।

pester –'टॅर् v.t. क्लेश देना, कष्ट देना, पीड़ा^{F} देना, सताना, तकलीफ^F देना, दिक करना, तंग करना, परेशान करना; अशान्ति^{F} उत्पन्न करना; प्लेग या महामारी^{F}से ग्रस्त करना।

pesterer –रॅर् n. पीड़क।

pestful –ट्'फ़ुल a. महामारीजनक, व्याधिजनक, घातक, हानिप्रद, विनाशकारी; घृण्य।

pesticide –'टिसाइड् n. नाशिकीटमार, (दवा^{F}का नाम) पेस्टीसाइड।

pestiferous –टि'फ़ॅरॅस् a. अस्वास्थ्यकर, विकारोत्पादी, व्याधिजनक, हानिकर; महामारी या प्लेगजनक; (ला०) कुमार्गी, दुराचारी; अपकारी; घातक, विनाशक, क्रूर।

pestilence –टिलॅन्स् n. जनपदमारी^{F}, महामारी^{F}, प्लेग।

pestilent –न्ट् a. सांघातिक, प्राणहर, प्राणघातक, विनाशक, मृत्युजनक, मारक; (ला०) नीति-विरुद्ध, अनै-तिक, दुराचारयुक्त, भ्रष्टाचारविशिष्ट; (बोल०) विपत्तिजनक, कष्टदायी, क्लेशप्रद, दुःखदायी; व्याधिजनक; परेशान

pestile[illegible]।

मारक, घातुक; **ब्यॉनिफ़ॅक** a. मारात्मक, (चि०) **मारी**, फैलानेवाला। [illegible]गीजनक, प्लेग

pestle[1] पे'सॅल् n. मुशल, (रसा०) **मूसली^{F}, मूसल**, लोढ़ा, बट्टा, घोटना; मुग्दर, धुरमुस; विचूरण, कँड़ाई^F, कुटाई^F, कुचराई^F, घोटाई^F।

pestle[2] v.t. & i. कूटना, काँड़ना, कुचरना, बूकना, घोटना; मूसलका या बट्टेका प्रयोग करना।

pestology पे'स्टॉ'लॅजि n. (चि०) मरक विज्ञान, महा-मारी विज्ञान।

pet[1] पे'ट् n. पालित पशु, पालतू जानवर, दुलारा पशु; (प्रायः गुण०) वल्लभ, प्रीतिभाजन, प्रेमास्पद, प्रेमपात्र, कृपापात्र; ~aversion विशेष अरुचिकर वस्तु^{F}; ~-cock वाष्परोधनी^{F}; ~name प्यारका नाम; लाडला नाम।

pet[2] v.t. पालित करना, पालतू बनाना, लाड़-प्यार करना, दुलारना; वल्लभ बनाना, प्रीतिभाजन बनाना

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रेमपात्र बनाना, कृपापात्र बनाना।

pet[3] a. प्रिय, लाडला, दुलारा; पालित, पालतू।

pet[4] n. कोपावेश, ईषत्कोप, अप्रसन्नता[F], क्षोभ, झुँझलाहट[F], चिड़चिड़ाहट[F]; *be in a ~, take ~* क्रोध करना, कोप करना, क्षुब्ध होना, झुँझलाना।

petal पे 'टॅल् n. (वन०) दल, पत्र, पत्ती[F], (वन०,कृषि०) पंखुडी[F], T.

petal(l)ed -ड् a. सदल, सपत्र, पत्तीदार, पंखुड़ीदार।

petaline –लाइ(लि)न् a. दलमय, दल या पंखुड़ीवाला।

petalism पे 'टॅलिज़्म् n. (प्राचीन अमेरिकामें) निर्वासन, देश निकाला, दलवाद, जैतूनके पत्तेपर लिखकर देश-निकाला देनेकी पद्धति[F]।

petalody पि 'टैलॅडि n. (परागकेसरका) दलरूपी भवन, पंखुड़ियों[F]में परिवर्तन।

petaloid पे 'टॅलाएड् a. (वन०) दलाभ, दलवत्, दल-रूप; (वन०) T.

petalous –लॅस् a. = PETAL(L)ED.

petard पिटॉर्ड् n. द्वारभंजक तोप[F]; अग्निकौतुक, पटाका।

petasus पे 'टॅसॅस् n. एक चौड़ा हैट; (जीव०) T.

peter पी 'टॅर् v.i. (आ०, नदी[F], खनिज आदि) समाप्त हो जाना, सूख जाना, रिस जाना, टें बोलना।

peterpence ⊙ पी 'टॅपेन्स् n. (ईसाई) धार्मिक कर।

petersham पी 'टॅर्शम् n. (विशेष प्रकारका) मोटा रेशमी फीता; भारी ओवरकोट, बिरजिस; ओवरकोट या बिरजिसका कपड़ा।

petiolar पे 'टिओलॅर् a. वृन्त-विषयक, पत्रवृन्त-विषयक, पर्णदण्ड-सम्बन्धी, पत्ती[F]के डण्ठलसे सम्बन्धित।

petiolate –लॅट a. सवृन्त, पत्रवृन्तयुक्त, पर्णवृन्ती, पर्ण-दण्डयुक्त, डण्ठलवाला (*~leaf*)।

petiole –ल् n. (कृषि०, वन०) **पर्णवृन्त**, वृन्त, पत्रवृन्त, पर्णदण्ड, पत्तीका डण्ठल।

petiolule पे 'टिॲल्यूल् n. (कृषि०, वन०) **पर्णिकावृन्त, पर्णकवृन्त**, लघुवृन्त, लघुपत्रवृन्त, लघुपर्णदण्ड, छोटा पत्ती[F]का डण्ठल।

petit पॅटी' a. = PETTY; *~-maitre* (F) a. छैला, बाँका; *~mal* (चि०) सौम्य अपस्मार; *~verre* (F) n. मदिरा-चषक।

petite पॅटीट् a. (स्त्री[F]) छोटी, नाटी, ठिंगनी; *~ agriculture* (कृषि०) **बहुत छोटे पैमानेपर खेती**[F]।

petition[1] पि 'टिशॅन् n. याचना[F], निवेदन, अनुरोध, आवेदन, यांचा[F], विनम्र प्रार्थना[F], चिरौरी[F]; (लिखित) (का०) **याचिका**[F], प्रार्थनापत्र, निवेदनपत्र, (का०) **अर्जी**[F], दरख्वास्त; *~jobbing* (राज०) **अर्जी याचना**[F], **अर्जी-बाजी**[F]; *~of rights* (राज०) **अधिकार-संविधि**[F]; *~department, ~officer, ~writer.*

petition[2] v.t. & i. याचिका[F] प्रस्तुत करना, प्रार्थना-पत्र देना, आवेदनपत्र देना, अर्जी[F] देना, दरख्वास्त[F] देना; प्रार्थना[F] करना, अनुनय करना, विनय[F] करना, निवेदन करना, याचना[F] करना, माँगना।

petitionary –नॅरि a. याचिका-विषयक, निवेदनपत्र-विषयक, प्रार्थनापत्र-सम्बन्धी; अनुनयपूर्ण, आवेदनयुक्त।

petitioner –र् n. याची, अभियाची, (का०) **याचिका-दाता**, अभ्यर्थी, **प्रार्थी, अपीलार्थी**; निवेदक, आवेदक, **अर्जीदार**।

petitioning –निंग् a. (वाणि०) **फरियादी** (*~creditor*)।

petitio principii (L) बिना तर्कके किसी बात[F]को स्वीकार कर लेना।

petitory पे 'टिटॅरि a. याचनीय, निवेदनीय, अनुरोधनीय, आवेदनीय; विनम्र-प्रार्थनीय, चिरौरीके योग्य।

petrean पॅट्री'ॲन् a. प्रस्तरवत्, पाषाण-सदृश, पत्थर-जैसा; प्रस्तर-विषयक, पाषाण-सम्बन्धी, पत्थरका।

petrel पे 'ट्रॅल n. तरंगिका[F], तरंग-काक, (एक नर्तक समुद्री पक्षी), पेट्रेल (*storm-~* भी)।

petrescence ⊙ पि 'ट्रे'सॅन्स् n. अश्मीभूति[F], कठोरण; प्रस्तरण-विधि[F], कठोरण-विधि[F], पथराहट[F] (का तरीका)।

petrifaction पे 'ट्रिफ़ैक्'शॅन् n. प्रस्तरण, पाषाणीकरण, (इति०) **अश्मीकरण**, अश्मीभाव, कठोरण, पथराहट[F]; प्रस्तरित वस्तु[F], अश्मीभूत वस्तु[F]।

petrifactive –'ट्रिफ़ैक्टिव् a. (इति०) **अश्मीकृत**, अश्मीकारक, प्रस्तरक, प्रस्तरीकारक, कठोरीकर्ता, पथराहट लानेवाला।

petrification –फ़िके'शॅन् n. = PETRIFACTION; (इति०) **अश्मीकरण**; कठोरता[F], निष्ठुरता[F]।

petrified ⊙ –'ट्रिफ़िड् a. (जीव०) **अश्मीभूत** (*~ fossil, wood*)।

detrifier –फ़ाइॲर् n. (इति०) **अश्मीकारक**।

petrify –फ़ाइ v.t. & i. प्रस्तरित करना, प्रस्तरण करना, (इति०) **अश्मीकरण करना**, अश्मीभूत करना, कठोर करना, पथराना; (ला०,आश्चर्य या भयसे) मर्माहत करना; किंकर्तव्यविमूढ़ करना, घिग्घी[F] बाँध देना, हाथ-पाँव फुला देना, लकवा-जैसा मारना; पाषाणवत् कर देना, ठस कर देना; (मस्तिष्क या सिद्धान्त आदिको) निर्जीव कर देना, निष्प्राण कर देना, अचेतन कर देना, दुर्गम कर देना, दुर्बोध कर देना, पेचीदा कर देना; (भू०) **अश्मीभूत हो जाना**, प्रस्तरित हो जाना, पथरा जाना।

petro- शैल-, अश्म-, प्रस्तर-, पाषाण- (*~glyph, ~grapher, ~graphical, ~graphy, ~logy*)।

petroglyph पे 'ट्रॅग्लिफ् n. (नृ०) **प्रस्तरोत्कीर्णन**, शैललेख, शिलोत्कीर्णन, शिला-चित्र, चट्टानतराशी[F]।

petrograph पिट्रॉग्रॅफ् n. शिलोत्कीर्णन, शिला-लेख।

petrography पि 'ट्रॉ'ग्रॅफि n. (कृषि०) **शैलवर्ग विवरण**, शैलवर्णना[F], (चट्टानों[F]की बनावट[F] और रचना-प्रणाली[F]का वैज्ञानिक वर्णन)।

petrol पे 'ट्रॅल् n. शिलातैल, खनिज तैल, (रसा०,भौ०) **पेट्रोल**; T.

~blow lamp, ~clerk, ~container, ~coupon, ~engine, ~-filler, ~gas burner, ~gas plant, ~gauge, ~pipe, ~pump, ~siding, ~spray jet, ~tank,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~vapour, ~viewer.

petrolage –लिज् n. (मच्छरोंको नष्ट करनेके लिए) पेट्रोलका प्रयोग।

petrolatum –ले'टॅम् n. मृदु-मृद्वसा^{F}, पेराफिन, पेट्रोल-की जेली^{F}।

petroleum पि॑ट्रो'लि॑अॅम् n. (रसा०, भू०) T.; दे० PETROL.

~advisory, ~benzene, ~benzine, ~coke, ~committee, ~division, ~ether, ~furnace, ~jelly, ~naphtha, P~ Officer, ~rules.

petro leur पेट्रोलॅर (F) n. राजद्रोही, क्रान्तिकारी।

petroleur पेट्रोलॅर्' n. (fem. *-leuse*) मृत्तैल-दाहक, पेट्रोलसे आग^{F} लगानेवाला।

petrolic पि॑ट्रॉ'लिक् a. मार्त्तैल-विषयक, पेट्रोल-सम्बन्धी।

petrolific ⊙ पे ट्रॅलि'फिक् a. शिलातैलीय, मृत्तैल-विषयक, खनिजतैल-सम्बन्धी, पेट्रोलका।

petrolize पे॑'ट्रॅलाइज् v.t. मृत्तैलित करना, खनिजतैल-युक्त करना, पेट्रोल मिलाना; मृत्तैलवत् करना, खनिजतैल-सदृश करना, पेट्रोल-जैसा बनाना।

petrological पे॑ट्रॅलॉ'जिकॅल् a. प्रस्तरविज्ञान-विषयक, पाषाणशास्त्र-सम्बन्धी, पत्थरकी साइंसका।

petrologist पि॑ट्रॉ'लॅजिस्ट् n. (नृ०) **प्रस्तरवैज्ञानिक**, पाषाणशास्त्री।

petrology–जि n.(भू०) **शैलिकी^{F}, शैलतत्त्व**, (कृषि०) **शैल विज्ञान**, (नृ०) **प्रस्तर-विज्ञान**, शिलाविज्ञान, पाषाणशास्त्र, पत्थरोंकी साइंस^{F}।

petromastoid पि॑ट्रॉ'मॅस्टाएॅड् a. (चि०) **अश्म कर्णमूल**।

petrosal पि॑ट्रो'सॅल् a. प्रस्तरिल, पाषाणमय, पथरीला, (चि०) **अश्मकूट-** (~sinus, ~suleus, ~*process*); दृढ, कठिन, कठोर, कड़ा।

petrosilex पे॑ट्रॅसाइ'लेक्स् n. अनलाश्म, चकमक, फेल-साइट, पेट्रोसिलेक्स।

petrosiliceous –सिलि'शॅस् a. अनलाश्मीय, चकमक-वाला, फेलसाइटयुक्त, पेट्रोसिलेक्सवाला।

petrous पे॑'ट्रॅस् a. (चि०) अश्म-, प्रस्तरवत्, पाषाण-सदृश, पथरीला, पत्थर-जैसा; कठिन, कड़ा, सख्त, मजबूत; ~bone प्रस्तरास्थि^{F}; अश्मास्थि^{F}; ~ portion (चि०) **अश्मभाग**।

pettichaps पे॑'टिचैप्स् n. चिड़ियाँ^{F}।

petticoat पे॑'टिकोट् n. अधोरुक, घाँघरा, लहँगा, साया; बालिका^{F}, छोकरी^{F}, लौण्डिया^{F}; स्त्री^{F}, त्रिया^{F}, तिरिया^{F}, लुगाई^{F}, औरत^{F}, मेहरारू^{F}; (गुण०) स्त्रैण, जनाना या जनानी; ~breeches (१७वीं शती^{F}में प्रयुक्त) छोटी-ढीली विरजिस^{F}; ~ government स्त्री-शासन, स्त्री-राज्य, तिरिया-राज, चोली-शासन, घाँघरा-राज, जनाना हुकूमत^{F}; *since he was in ~s* शैशवकालसे।

petties –ज् n. (वाणि०) **खुदरा खर्च**।

pettifog पे॑'टिफॉग v.i. (कानूनी) छलका अभ्यास करना, प्रपंच करना, धता^{F} बताना, पट्टी^{F} पढ़ाना, झाँसा देना; (तुच्छ विषयोंपर) व्यंग्य करना, वाक्छल करना, श्लेष बोलना, वितण्डावाद फैलाना, विवाद करना।

pettifogger –गॅर् n. क्षुद्राभिवक्ता, टुटपुँजिहा वकील, मुख्तार; तुच्छवृत्ति^{F}, अधमवृत्ति^{F}, छोटा पेशेवर।

pettifoggery –रि n. कानूनी छल, प्रपंच, जालसाजी^{F}, धोखेबाजी^{F}।

pettifogging –गिंग् a. छली, प्रपंची, जालसाज, चाल-बाज, फरेबी; वितण्डावादी, शब्दजाल खड़ा करनेवाला।

pettiness पे॑'टिनि॑स् n. अल्पता^{F}, क्षुद्रता^{F}, तुच्छता^{F}, नगण्यता^{F}, संकीर्णता^{F}, छुटाई^{F}।

pettish पे॑'टिश् a. कर्कश, वक्रशील, चिड़चिड़ा, तुनुक-मिजाज, नाजुकमिजाज; प्रतीप, दुःशील, धृष्ट, दुर्मति, दुर्बुद्धि, हठीला, ढीठ, जिद्दी।

pettishness –नि॑स् n. कर्कशता^{F}, वक्रशीलता^{F}, चिड़-चिड़ापन, तुनुकमिजाजी^{F}।

pettitoes पे॑'टिटोज् n. (pl.) (मांस-भोजनके लिए व्यवहृत) सुअरकी टाँग^{F}।

petto (It.) n. वक्ष; सीना।

petty पे॑'टि a. तुच्छ, नगण्य, निकृष्ट; तुच्छबुद्धि, संकीर्ण-हृदय, अल्पमति, तंगदिल; क्षुद्र, लघु, निम्न, नीच, अधम, **छोटा-मोटा, छोटा, खुदरा**; (परि०) **मँझला**; टुटपुँजिहा, बनवाड़ी; अल्प, थोड़ा; ~cash (आय-व्ययकी) अल्प धन-राशि^{F}; लघुरोक; ~officer (नौवि०) **मँझला अफसर**; (N.C.O.) नौसेना^{F}का छोटा अधिकारी;

~articles, ~carelessness, ~ cashbook, ~cashier, ~ construction, ~ contract, ~ contractor, ~ defalcation, ~ error, ~ estate, ~ expenditure, ~ lease, ~ matters, ~ offence, ~ repairs, ~ store, ~ work.

petulance, -cy पे॑'ट्यूलॅन्स्, -सि nn. दुःशीलता^{F}, धृष्टता^{F}, चिड़चिड़ापन, झल्लाहट^{F}, ढिठाई^{F}, झुँझलाहट^{F}, झक^{F}।

petulant –न्ट् a. दुःशील, अविनीत, धृष्ट, चिड़चिड़ा, भनभनहा, तुनुकमिजाज, झक्की।

petunia पि॑ट्यू'निअॅ n. (तुरही^{F}के आकारका श्वेत, बैंजनी या बनफशई फूलोंका) एक पौधा; (वन०) T. (~ *violacea*)।

petuntse पि॑टु(ट)न्'टसि॑ n. चीनी मिट्टी^{F}।

pew[1] पीऊ' n. वेदी^{F}, मंच, कटहरा, गिरजेका परिवेष्टित आसन, (परिवार या समूहके लोगोंके लिए प्रायः घिरा हुआ) ऊँचा स्थान; (बोल०) आसन, बैठकी^{F}, सीट^{F}।

pew[2] v.t. कटहरेमें बैठना, वेदी^{F} या मंचपर बैठना।

pewage पी'विज् n. मंचकर, गिरजेके छेके हुए स्थानका शुल्क।

pewit, peewit पी'विट्, प्यू'इट् n. समुद्रकाक, समुद्री कौआ; हरित-टिट्टिभ, टिटिहरी^{F}; टीं-टीं-टीं (टिटिहरी^{F}की ध्वनि^{F})।

pewless पीऊ'लि॑स् a. निर्मंच, बिना कटहरेके,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विना जँगलेके।

pewter पीऊ'टॅर् n. अधित्रपु, कांस्य, काँसा, जस्ता; काँस्यपात्र, जस्तेका बर्तन; (आ०) पुरस्कारकी धन-राशि^{F}, इनामका रुपया; (रसा०) T.

pewterer –रॅर् n. कांस्यकार, काँसे या जस्तेका काम करनेवाला, ठठेरा।

pewtery[1] –रि n. अधित्रपुभाण्ड-कलाप, काँस्यपात्र-समूह, काँसेके बर्तन।

pewtery[2] a. अधित्रपु-विशिष्ट, काँस्य-विशिष्ट, काँसेसे बना या भरा हुआ।

P.F. Poultry Farm; Provident Fund.

p.f. *pour feliciter*, to congratulate.

pfenig, -ing फ़े'निंग्, -इंग् n. एक जर्मन सिक्का, पैसा।

P.G. Police Gazette; paying guest.

Pg. Portugal; Portuguese.

P.H. Power House.

phaed फैड् n. (ज्यो०) **पुलस्त्य**।

phacoidal फेकॉए'डॅल् a. (चि०) मसूराकार; वीक्षाभ, वीक्षाकृति, वीक्षाकार, लेन्स-जैसे आकारका।

phad n. = PHACD.

phaenogam फी'नॅगैम् n. (वन०) = PHANEROGAM.

phaenology फ़ीनॉ'लॅजि n. (चि०) जीवर्तु विज्ञान, जीव, जलवायुविज्ञान, जलवायुशास्त्र, जलवायु-प्रभाव-विज्ञान, जीवपर होनेवाले प्रभावकी साइंस^{F}।

phaet फ़ीट् n. (ज्यो०) **फेयट, प्रथम कपोत**।

phaeton फे'इटॅन् n. चौपहिया घोड़ा-गाड़ी^{F}, फिटिन^{F}।

phaged(a)ena फ़ैजि(गि)डी'नॅ n. (चि०) कोथमय, आशुप्रसारी व्रण, शीघ्र सड़नेवाला घाव।

phaged(a)enic –निक् a. आशुप्रसारी व्रण-विषयक, शीघ्र फैलनेवाले घावसे सम्बन्धित।

phagocyte फै'गॅसाइट् n. (चि०) **भक्षक अण्ड**, भक्षकाणु, भक्षकायाणु, भक्षिकोशा^{F}, जीवनाशक अणु; (जीव०) T.

phagocytic –सि'टिक् a. (चि०) भक्षकाणु-विषयक, भक्षिकोशा-विषयक, भक्षिकोशा-सम्बन्धी, जीवाणुभक्षी, (~ *formation*)।

phagocytosed –'टोस्ड् a. (चि०) भक्षकाणु भक्षित।

phagocytosis ⊙ –साइटो'सिस् n. (चि०) भक्षकाणु-वृद्धि^{F}, **जीवाणुभक्षण**।

phagomania फ़ैगॅमे'निअॅ n. (चि०) अतिक्षुधोन्माद, अतिक्षुधा^{F}, अतिशयक्षुधा^{F}, तीव्र-भोजनाभिलाषा^{F}, खानेकी तगड़ी इच्छा^{F}।

-phagous -भक्ष, -भक्षी, -भुक् (*panto* ~, *phyllo* ~)।

phalange फै'लैन्ज् n. (चि०, जीव०) **अंगुलास्थि^{F}**, अंगुलिपर्व, (दे० PHALANX).

phalangeal फॅलैन्'जि'अॅल् a. (चि०) **ग्रसनी-**, अंगुलास्थिक, अंगुलास्थि-विषयक, अंगुलिपर्व-विषयक, अंगुलिपर्व-सम्बन्धी, अँगुलियोंकी गाँठ^{F}का, पोरका; ~pads (जीव०) **अंगुलि तल्प**; ~ process (चि०) **अंगुलाभ प्रवर्ध**।

phalanger –जॅर् n. सम्मंगुलि, (आस्ट्रेलियाका एक छोटा थैलीदार पशु), फैलंजर।

phalangian –जि'अॅन् a. = PHALANGEAL.

phalansterianism फैलॅन्स्टीअॅ'रिअॅनिज़्म् n. फोरियर-वाद, फोरियर-सिद्धान्त, छोटे सामाजिक एकमें रहनेका सिद्धान्त।

phalanstery –'लॅन्स्टॅरि n. लघु-सामाजिक एकक, छोटी सामाजिक इकाई, छोटा समुदाय।

phalanx फै'लैन्क्स् n. व्यूह, युद्धपंक्ति^{F}, मोर्चा; संघ, संगठन, दल, मण्डली^{F}, जत्था; अंगुलिपर्व, अंगुलिपर्वास्थि^{F}, (चि०) **अंगुलास्थि^{F}**, अंगुल्यस्थि; केसरदण्डका गुच्छा; (इति०) T.; ~ metatarsus (कृपि०) **पाद अंगुलि-शलाका^{F}**।

phalarope फै'लॅरोप् n. जलप्रिय चर्मपादपक्षी, झिल्लीदार जलपक्षी, फैलेरोप।

phallephoric –फ़ो'रिक् a. **लिंगधारक, लिंगधारी**।

phallic फै'लिक् a. शिश्नीय, लिंग-सम्बन्धी; ~ worship (इति०) **लिंगपूजन**।

phallicism –लिसिज़्म् n. लिंग-भक्ति^{F}, शिश्न-आराधना^{F}, (इति०) **लिंगोपासना^{F}**, लिंगपूजा^{F}, शिश्नवाद।

phallus –लॅस् n. शिश्न, (इति०) **लिंग**, उपस्थ, साधन, लाँड़, लौड़ा, नूनी^{F}, लण्ड, खुसिया^{F}, फलान; (किसी देवताका) लिंग-चिह्न।

phanerocrystalline फै'नॅरॅक्रिस्'टॅलाइन् a. (भू०) **स्पष्ट स्फाटीय**।

phanerogam –गैम् n. (वन०) पुष्पोद्भिद्, दृश्यबीज, वनस्पति, सपुष्प वनस्पति, फूलदार पौधा (कृषि०) T.

phanerogamic, phanerogamous –गै'मिक, फैनॅरॉ'गॅमॅस् aa. सपुष्प; फूलदार पौधेसे सम्बन्धित।

phanerozoite –ज़ोइट n. (चि०) **व्यक्तजीवी**।

phanerozonia –ज़ो'निअॅ n. (जीव०) व्यक्तजीव, T.।

phantasm फैन्'टैज़्म् n. भ्रान्ति^{F}, भ्रम, मिथ्याभास, माया^{F}, दृष्टिभ्रम आभास, छाया^{F}, मनोकल्पना^{F}, मनः-सृष्टि^{F}, मायामूर्त्ति^{F}, छायाकृति^{F}, मृगमरीचिका^{F}, विवर्त्त, कल्पना-प्रेत।

phantasmagoria –मॅगॉ'रिअॅ n. मायाजाल, छाया-चित्र, वास्तविक या काल्पनिक-दृश्योंके चित्र।

phantasmagorial –अॅल् a. = PHANTASMAGORIC.

phantasmagoric –रिक् n. छायाचित्र-विषयक, नेत्र-भ्रम चित्रावली-सम्बन्धी।

phantasmal, phantasmic, -al –'मॅल्, –मिक, -अॅल् nn. छायाभास-सम्बन्धी, मिथ्याभासपूर्ण, प्रपंचपूर्ण या सम्बन्धी; कल्पित।

phantastic फैन्टैस्'टिक् a. = FANTASTIC.

phantasy फैन्'टॅसि n. = FANTASY.

phantom फैन्'टॅम् n. बेताल, पिशाच, ~ छायापुरुष,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

भूत-प्रेत; प्रतिबिम्ब, **छाया**F (*~circuit*); भ्रम, आभास, कल्पना; मनोलीलाF, मनोरथसृष्टिF, मायाF, मानसिक छायाभास, कल्पना-सृष्टिF ।

phantomatic, phantomish, phantomy –मै'टिक्, –'टॅमिश्, –मि aa. वैतालिक, पैशाचिक; छायामय, आभासिक, काल्पनिक, भ्रम-विषयक ।

pharbitis फ़ारबाइ'टिस् n. (चि०) काला दाना ।

Phar. Pharm., Pharmacy; Pharmaceutical; Pharmacopoeia.

Pharisaic, -al फैरिसे'इक्, -ॲल् aa. पारसी, फारसी, ईरानी; वकध्यानी, ढोंग ।

Pharisaicalness –नि॑स n. पारसीत्व, फारसीपन, ईरानीपन; वकध्यान, ढोंग ।

pharmaceutic, -al फार्म॑स्यू(क्यू)'टिक्, -ॲल् a. (चि०) **औषधीय, औषध-निर्माण-सम्बन्धी**; भेषज-, भैषजिक, (रसा०) **भेषजीय**, वैद्यक-विषयक; भेषज-विक्रय-सम्बन्धी, दवाफरोशीF का; ~ chemistry (रसा०) **भेषज-रसायन; औषध-रसायन;**

~ chemist, ~ equipment, ~ expert, ~ oven, ~ process, ~ service.

pharmaceutics –क्स् n. भैषिजिक, औषध-निर्माण-तत्व, (चि०) **औषध-निर्माण-विज्ञान**, भेषज-शास्त्र, औषध-विज्ञान ।

pharmaceutist ⊙ –टिस्ट् n. = PHARMACIST.

pharmacist –'मॅसिस्ट् n. भेषजविज्ञ, वैद्य, (चि०) **औषधकारक**, भेषजिक, औषध-विक्रेता ।

pharmacodynamics ⊙ फार्म॑कॉडिनै'मिक्स् n. भैषजिकीF, भेषज-विज्ञान, वैद्यक, वैदकीF, दवागीरीF; भेषजगति-ज्ञान; (चि०) **औषधप्रभाव-विज्ञान** ।

pharmacognosist फार्मैकॉग्'नॅसिस्ट् n. (वन०, चि०) **औषध-प्रकृतिज्ञ, औषध प्रकृतिविद्**, भेषज-व्यक्तिवेत्ता ।

pharmacognosy –सि n. (वन०, चि०) **औषध प्रकृति विज्ञान, भेषज विज्ञान**, भेषज व्यक्ति विज्ञान ।

pharmacologist फार्म॑कॉ'लॅजिस्ट् n. (चि०) **औषध-प्रभावविद्**; औषधज्ञानी, अत्तार ।

pharmacology फार्म॑कॉ'लॅजि n. = PHARMACODYNAMICS.

pharmacopoeia फार्म॑कॅपी'अ n. भेषजग्रन्थ, भेषज-संहिताF, औषध-सूचीपत्र, (कृषि०, चि०) **मान्य औषध-कोश, भेषजसंग्रह**, भैषज्य-कल्पना विधिF, भैषज्य-संग्रह औषध-संचय ।

pharmacopoeial, -an फार्म॑कॅपी'अॅल्, -अन् aa. भेषज-संहितानुरूप (*~ preparation*); ~ drug (रसा०) **मान्य औषध** ।

pharmacy फार'मॅसि n. (कृषि०, चि०) **औषध; औषधनिर्माण शास्त्र**, भैषजिकीF, भैषज्य-विज्ञान, **औषध-निर्माण-विज्ञान**, भैषज्यज्ञान; औषधक्रियाF; औषधनिर्माण; (कृषि०, चि०) **औषधनिर्माणशालाF**; औषध-कल्पनाF; औषधालय, भेषजालय, दवाखाना, **फार्मेसीF**; T.

Pharoah फेअॅरो n. मिस्री बादशाह, फेरोहा; ~'s serpent फेरोहा सर्प (खिलौना) ।

pharology फॅरा'लॅजि n. प्रकाश-संकेतिकीF, प्रकाश-संकेत-विज्ञान, प्रकाश-संकेत-शास्त्र, तटपरसे प्रकाश द्वारा संकेत करनेकी पद्धतिF ।

pharos फेअॅरॉस् n. दीपगृह, प्रकाश-स्तम्भ, पथ-दर्शक स्तम्भ ।

pharyngal, pharyngeal फॅरिन्'गॅल्, फॅरिन्'जि॑-अॅल् aa. (चि०, जीव०) **ग्रसनी-, ग्रसनीय**, उपालिजिह्वाय, अन्ननालिका-सम्बन्धी;

~ artery, ~ bursa, ~ ganglion, ~ isthmus, ~ nephridia, ~ nerve, ~ plexus, ~ pouch, ~ pouches, ~ recess, ~ ulcer, ~ vein.

pharyngitis फरिन्जाइ'टिस् n. (कृषि०) **ग्रसनी-शोथ**, उपालिजिह्वा-प्रदाह, गलकोप-प्रदाह, गलेकी झिल्लीF की सूजनF ।

pharyng(o)- ग्रसनी- (*~cele, ~tomy*) ।

pharyngology फॅरिन्गॉ'लॅजि n. ग्रासनिकीF, ग्रसनी-विज्ञान, गलेकी रचना, कार्य और रोगोंका शास्त्र ।

pharyngoscope फॅरिन्'गॅस्कोप् n. ग्रसनीक्ष, ग्रसनी-दर्श, ग्रसनीदर्शक, ग्रसनीदर्शक यन्त्र ।

pharyngotomy फॅरिन्गॉ'टॅमि n. ग्रसनी-छेदन, गल शस्त्रक्रियाF ।

pharynx फै'रिन्क्स् n. (pl. *pharynges*) (चि०, कृषि०, जीव०) **ग्रसनी**F, गला; T.

phase फेज़् n. **रूप**, स्वरूप, **रूपत्व**, दर्शनभेद, दर्शन, आकार, आकृतिF; **अवस्थान, प्रावस्थाF, अवस्थाF**, दशाF, गतिF, (रसा०, भौ०, ज्यौ०) **कलाF**, क्रमावस्थाF, विकासकी अवस्थाF; काल, युग, संक्रान्ति; (यंत्र०) **वेधन-त्रुटिF**; ~ of plasticity (चि०) **सुनम्यताF की स्थितिF**;

~ angle, ~ difference, ~ displacement, ~ distortion, ~ lines, ~ modulation, ~ reversal, ~ rule, ~ separation, ~ space, ~ transition, ~ velocity, ~ voltage, ~ volume.

phased –ड् a. पर्ववद्ध, अवस्थाबद्ध, क्रमिक;

~ development, ~ programme.

phasic फे'जिक् a. कलात्मक, कलाविषयक, प्रावस्था-सम्बन्धी, विकासकी अवस्थाF का; स्वरूपात्मक ।

phasis फे'सिस् n. (विशे० ज्योतिर्विज्ञानमें) = PHASE.

Ph.B. *Philosophiae Baccalaureus*, Bachelor of Philosophy.

Ph D. *Philosophiae Doctor*, Doctor of Philosophy.

P.H.D. Public Health Department.

P.H.E. Public Health Engineer.

pheasant फे॑'ज़ॅन्ट n. वीजन, जीवक, जीवंजीव, चकोर, फीजैण्ट; ~-eyed जीवकाक्ष, वीजनाक्ष, चकोर जैसी

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आँखवाला (पुष्प)।

pheasantry फे॑'ज़न्ट्रि n. जीवक-गृह, जीवंजीवगृह, जीवंजीवालय, तित्तिरकी नाँद^{F}, तीतिर पालनेकी जगह^{F}।

phecda –कड् n. (ज्यो०) **पुलस्त्य**।

phelloderm फे॑'लॅडे॑र्म् n. (वन०) **कागत्वचा**^{F}।

phellogen फे॑'लॅजे॑न् n. (वन०) **काग-एधा**^{F}।

phelloplastic फे॑लॅप्लैस्'टिक् n. कार्कमें आकृति-उत्कीर्णन; कार्कमें उत्कीर्ण आकृति^{F}।

phenic फी'निक् a. कोलतारसे प्राप्त।

phen(o)- दर्श-, दृश्य- (*~ otype, ~-ology, ~ phenol, ~ phenyl*)।

phenogenetics फि॑नॉजि॑ने॑'टिक्स् n. (कृषि०) **दृश्य रूपानुवंशिका**^{F}।

phenol फी'नॅल् n. दर्शव, प्रांगविक अम्ल, (चि०, रसा०) **फीनोल**, कार्बोलिक एसिड (*~ salt*)।

phenological फीनॅलॉ'जिकॅल् a. जीवर्तु-सम्बन्धी, जलवायु-प्रभावात्मक।

phenology फीनॉ'लॅजि n. फलोद्गमिकी^{F}; (कृषि०) **ऋतुजैविकी**^{F} (*~observation*); जीवर्तु-विज्ञान, जलवायु-प्रभाव-विज्ञान (वह विज्ञान जिसमें पशुपक्षियोंपर जलवायु^{F}के प्रभावका अध्ययन किया जाता है)।

phenomenal फि॑नॉ'मि॑नॅल् a. दृश्य, दृश्यरूप, गोचरीय, दृग्विषय, इन्द्रिय-ग्राह्य, प्रत्यक्ष; दृष्टि-विषयक, नेत्रविषय-सम्बन्धी; (*Avin*) **तत्त्व-सम्बन्धी**, घटना या रूप या वस्तु-सम्बन्धी; अद्भुत, विलक्षण, अपूर्व; चमत्कारिक, अलौकिक; उल्लेखनीय, विचारणीय; व्यावहारिक; *~ world* दृश्यजगत्।

phenomen(al)ist फिनॉ'मि॑न्(ॲल्)इस्ट् n. प्रत्यक्ष-ज्ञानवादी, दृष्टिज्ञानवादी।

phenomen(al)istic फि॑नॉमि॑न्(ॲल्)इस्'टिक् a. प्रत्यक्षवाद-सम्बन्धी, प्रत्यक्षज्ञानवादितापूर्ण, दृष्टि-ज्ञानवादी।

phenomenalize फि॑नॉमि॑नॅलाइज़् v.t. दृश्य बनाना, दर्शनीय करना, दृष्टिगोचर बनाना।

phenomenology ⊙ फि॑नॅमिनॉ'लॅजि n. (शिक्षा०) **घटना-क्रिया-विज्ञान**।

phenomenon फि॑नॉ'मि॑नॅन् n. (pl. *-ena*) प्रत्यक्ष वस्तु^{F}, साक्षात् विषय, दृश्य वस्तु^{F}; दृष्टिगत वस्तु^{F}, गोचर विषय, दृश्य, **आभास, प्रतिभास**; चमत्कार; व्यापार, **क्रिया**^{F}; **प्रपंच; दृश्य घटना**^{F}, दृश्य जगत्; प्रतीति-विषय; **घटना**^{F}, वृत्त; **तत्त्व**, तत्त्व अनुलक्षण; लक्षण; (दर्शन) प्रत्यक्षज्ञान-विषय, साक्षात् ज्ञान-विषय।

phenotype फी'नॅटाइप n. सम रूप, (जीव०, कृषि०, प्राणि०) **दृश्य रूप, दृश्य आकृति**^{F}, (चि०, प्राणि०) **व्यक्त गुणोपलक्षण, फीनोटाइप**।

phenotypic ⊙ –टि'पिक् a. (वन०) **दृश्य रूपी**।

phenyl फे॑'(फी)'निल् n. दर्शतैल, (चि०, श० र० शा०, रसा०) **फिनायल**;

~ acrolein, ~ alanine, ~ amine, ~ butylene, ~ chloroform, ~ glycine, ~ hydrazine, ~ hydroxylamine, ~ ketonuria.

pherkad फर्'ड् n. (ज्यो०) **फेरकाद, तृतीय लघु सर्पि**।

phew फ्यू intr. धिक-धिक्!, छी-छी!; छिः-छिः!, हरे-हरे!

phi फाइ n. यूनानी वर्णमाला^{F}का फ।

phial फाइ'ॲल् n. काचकूपिका^{F}, लघुकूपी^{F}, छोटी शीशी^{F}।

phialiform फाइऐ'लिफ़ार्म् a. शीशी^{F}के आकारका।

phil- = PHILO.

Phil. Philippians; Philadelphia; Philology; Philosopher; Philosophy.

philander फिलैन्'डॅर् v. i. कामातुर होना, आसक्त होना, अनुरक्त होना, आशिक होना, दीवाना होना, छिछोरपन करना।

philanderer फिलैन्'डॅरॅर् n. कामलोलुप, कामातुर, आसक्तिप्रदर्शक, दिलफेंक, आशिक।

philanthrope फि'लॅथ्रोप n. = PHILANTHROPIST.

philanthropic, -al फिलॅन्थ्रॉ'पिक्, -ॲल् aa. सहचर-प्रेमी, सखाप्रेमी, मित्रानुरागी; लोकानुरागी, विश्वमित्र, **लोकार्थ** (*~ association*), धर्मार्थ (*~ institution*), लोकहितेच्छु, लोकबन्धु, जन-हितैषी; उदार, दयालु, परोपकारी, **दानी**, दयावान्; *~* association (राज०) **लोकहितैषी संस्था**^{F}; *~* institution (राज०) **लोकोपकारी संस्था**^{F}, लोकोपकारक संस्था^{F}।

philanthropism फिलैन्'थ्रॅपिज़्म् n. सर्वभूतवाद, मानव-प्रेम, जनसहानुभूति, लोकानुराग, परोपकार, समाजसेवा^{F}।

philanthropist फिलैन्'थ्रॅपिस्ट n. मानवसुहृद्, मानव-प्रेमी व्यक्ति; लोकाराधक, जनाहितैषी, परोपकारी, समाज-सेवक।

philanthropize फिलैन्'थ्रॅपाइज़् v. i. & t. मानव-प्रेमी होना या बनाना; लोकाराधक होना या बनाना, परोपकारी होना या बनाना, समाजसेवक होना या बनाना।

philanthropy फिलैन्'थ्रॅपि n. (मानवजाति^{F}के प्रति) प्रीति^{F}, प्रेम, आसक्ति^{F}, सहानुभूति^{F}, उदारता^{F}; विश्वप्रेम, विश्वबन्धुत्व, मानवसौहार्द, (दर्श०) **मानव-प्रेम, लोक-हित, लोकोपकार**, परोपकार, लोककल्याण।

philatelic फिलॅटे॑'लिक् a. टिकटसंग्रह-विषयक, स्टाम्पसंचय-सम्बन्धी (*~ Bureau*)।

philatelist फिलै'टॅलिस्ट् n. टिकटसंग्रही, **टिकट-संकलक**, स्टाम्पसंचयी (व्यक्ति)।

philately फिलै'टॅलि n. टिकटसंग्रहण, **टिकट-संकलन**, स्टाम्पसंचयन।

philharmonic फिलार्मा॑'निक् a. संगीतानुरागी, संगीतप्रेमी।

philhellene फि'लॅलीन् a. & n. यूनान प्रेमी।

philhellenist फिल्हे॑'लि॑निस्ट् n. यूनानवादी, यूनान-प्रेमी।

philibeg फि'लिबे॑ग् n. (स्काट०) घुटनेतकका पेटीकोट।

philippic फिलि'पिक n. (pl.) शाप, निन्दापूर्ण वाक्य, भर्त्सना^{F}; मकदूनियाके फिलिपके विरुद्ध डेमास्थनीजके

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिभाषण, एण्टनीके विरुद्ध सिसेरोके भाषण।

philippina, -pine, philopoena, -opena ⊙ फिलिपी'न्, -पीनें, फिलॅपी'नें, -ॲपी'नें nn. (भोजमें) बादाम या दो गिरीवाले अन्य मेवेका प्रतिदान, भेंट, उपहार।

philippize फि'लिपाइज़् v.i. फिलिप्पिक-शैली[F]में लिखना या बोलना।

philistinism फि'लिस्टिनिज़्म् n. आधुनिक फिलिस्तीन-विचारपद्धति[F]।

-phill, -phile, philic -प्रिय (*chloro ~*)।

philo- -प्रिय, प्रेमी, -आसक्त, -लोभी, -लोलुप (*~biblic, ~gynist, ~math, ~progenitive, ~technic*)।

philogyny फिलॉ'जिनि n. नारीप्रेम, स्त्री-अभिलाषा[F], औरतों[F]के प्रति इच्छा[F]।

philologer, philologian, फिलॉ'लॅगॅर्, फिलॅलो'जिॲन् nn. भाषाशास्त्री, भाषावैज्ञानिक, भाषानुरागी, भाषातत्त्वज्ञ।

philological फिलॅलॉ'जिकॅल् a. भाषाशास्त्रीय, भाषाविज्ञानीय।

philologist –लॉ'लॅजिस्ट् n. भाषाविद्, भाषाविज्ञानी, भाषाशास्त्री, भाषातत्त्वज्ञ।

philologize –जाइज़् v.i. भाषाशास्त्रकी दृष्टि[F]से परखना, भाषाविज्ञानके सिद्धान्तोंपर आधारित करना।

philology –जि n. भाषाशास्त्र, भाषाविज्ञान, भाषातत्त्व।

philomath फि'लॅमैथ् n. ज्ञानप्रेमी, विद्याप्रेमी, विद्याभक्त, ज्ञानसेवी, ज्ञानीप्सु, ज्ञानेच्छु, ज्ञान चाहनेवाला।

philomathic –'थिक् a. ज्ञानप्रेमी-विषयक, विद्या-सम्बन्धी, ज्ञान-, ज्ञान-विषयक, ज्ञानीप्सायुक्त, ज्ञानी।

philomathy फिलॉ'मॅथि n. ज्ञानप्रेम, ज्ञानेच्छा[F], विद्याप्रेम, विद्याभक्ति[F], ज्ञानीप्सा[F], ज्ञान प्राप्त करनेकी उत्सुकता[F]।

Philomel, Philomela फि'लॅमेॅल, फिलॅमी'लॅ nn. (का०) कलाविकल, सारिका[F], मैना[F], फिलोमेल, फिलोमेल कथा[F]की बुलबुल[F]।

philop(o)ena फिलॅपी'नॅ n. दे० PHILIPPINA.

philoprogenitive फिलॅप्रॅजे॑'निटिव् a. बहुप्रज, बहुप्रसव, बहुफलदायक; प्रजननशील, प्रसवशील; उर्वर, उपजाऊ; आढ्य, सम्पन्न, प्रभूत।

philoprogenitiveness –निस् n. बहुप्रजता[F], बहुप्रसवता[F], बहुफलदायकता[F]; प्रजननशीलता[F], प्रसवशीलता[F]; उर्वरता[F], उपजाऊपन; सम्पन्नता[F], आढ्यता[F]।

philosophaster फिलॉ'सॅफैस्टर् n. ढोंगी दार्शनिक।

philosopher, philosophe –फॅर्, फि'लॅसाफ् nn. दार्शनिक, दर्शन-शास्त्री, तत्त्वज्ञ, तत्त्वविद्, तत्त्ववेत्ता, दर्शनज्ञ, तात्त्विक; प्रज्ञावान्, ज्ञानी, पण्डित, स्थितप्रज्ञ, स्थितधीः; (गुण०) दृढ़चित्त, स्थिरात्मा, निर्वेदपूर्ण, शान्त-चित्त; अध्यवसायी; moral ~ नीतिदार्शनिक, नीति-शास्त्री, आचारदर्शनविद्; natural ~ प्रकृति-दर्शनविद्, प्रकृतितत्त्ववेत्ता, प्रकृतिज्ञानी; ~'s stone (रसा०) **पारसमणि**, स्पर्शमणि, चिन्तामणि, **मणि**, (रसा०) **पारस पत्थर**, ~'s wool (रसा०) **यशद पुष्प, जस्तके फूल**।

philosophic, -al –लॅसॉ'फिक्, -ॲल् aa. दार्शनिकतापूर्ण, दार्शनिक. दर्शनशास्त्रीय, तात्त्विक, ब्रह्मशास्त्र-विषयक; दर्शनोपासक, दर्शनशास्त्र-पटु; ज्ञानपर, प्रज्ञावान्, धीमान्, सुज्ञ; संयमी, निर्विकार, मृदु, शान्त; उदार, सन्तुलित; नीतिवान्; ~ intuitionism (दर्श०) **दार्शनिक अन्तः प्रज्ञावाद**।

philosophism –लॉ'सॅफिज़्म् n. दार्शनिकतावाद, दार्शनिकता[F], शास्त्रज्ञानपरता[F]।

philosophist –फिस्ट् a. दार्शनिकतावादी, तत्त्वज्ञानी, ब्रह्मज्ञानी, दर्शनशास्त्रपरता[F]।

philosophistical –'टिक् a. कुतर्क-विषयक; वितण्डावादी, हुज्जती; युक्त्याभास-विषयक, सिद्धान्ताभास-सम्बन्धी, मिथ्यानुवादयुक्त।

philosophize –फ़ाइज़् v.i. & t. दार्शनिकके अनुरूप आचरण करना, शास्त्रीय निरूपण करना, दार्शनिकता[F]के रंगमें रँगना; तत्त्वनिरूपण करना, सिद्धान्त प्रतिपादन करना, मनन करना, अनुध्यान करना; आचारवान् बनाना, नैतिक बनाना; नैतिक रूपसे तर्क करना।

philosophizer –ज़ॅर् n. दार्शनिकवदाचरणशील व्यक्ति, शास्त्रज्ञानमय व्यवहार करनेवाला, दार्शनिकता[F]के रँगमें रँगनेवाला; तत्त्वनिरूपयिता, सिद्धान्त-प्रतिपादयिता; अनुध्येता, मनन करनेवाला; दर्शन अथवा नीति[F]-के अनुकूल बनानेवाला, नैतिक बनानेवाला।

philosophy –फि n. शास्त्र, तत्त्व, विद्या[F], दर्शन, दर्शनशास्त्र, ब्रह्मज्ञान, तत्त्वमीमांसा[F], तत्त्वज्ञान; (pl.) दार्शनिक सिद्धान्त, दार्शनिक प्रणाली[F]; जीवन-दर्शन, जीवनपथ-प्रदर्शक सिद्धान्त; विरक्ति[F], वैराग्य, त्याग, माया-मुक्ति[F]; पावित्र्य, साधुता[F]; moral ~ आचार-दर्शन, नीतिशास्त्र; natural ~ प्राकृत दर्शन, प्रकृतिशास्त्र; ~ of life (शिक्षा०) **जीवन-दर्शन**।

philotechnic फिलॅटे॑'कॅनिक् a. शिल्पप्रेमी, कलाप्रिय।

Phil. Soc. Philological Society, Philosophical Society.

Phil. Trans. Philosophical Transactions.

philtre, -ter फिल्'टॅर्, -टॅर् n. मोहन-रस, प्रेम-रस; मन्त्रौषधि[F], वशीकरण चूर्ण; मोहनी[F], लटका।

philtrum ⊙ फिल्'ट्रॅम् n. (चि०) **ओष्ठ-खात**।

phimosis फिमो'सिस् n. (चि०) निरुद्ध प्रकाश, निरुद्धमणि[F]; (शिस्नच्छदके द्वारकी अतिसूक्ष्मता[F])।

phisiotherapy ⊙ फिजिॲथे॑'रॅपि n. (चि०) जलवायु सूर्य-चिकित्सा[F]।

phlebitic फिलॅबि'टिक् a. (चि०) शिरा-शोथ-सम्बन्धी, स्नायुप्रदाह-सम्बन्धी।

phlebitis –बाइ'टिस् n. (चि०) शिरा-शोथ, शिरा-प्रदाह, (कृषि०) **शिरार्ति[F]**, स्नायु-प्रदाह।

phlebo- शिरा-, स्नायु-, धमनी-, नस- (*~lite,*

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ *lith*) ।

phlebology फ्लिॅबॉ'लॅजि n. नीला-विज्ञान, नीला-शास्त्र, (चि०) शिराचिकित्सा-विभाग; शिराविज्ञान, नाड़ी-विज्ञान, नाड़ी-शास्त्र ।

phlebotomist –'टॅमिस्ट् n. (चि०) शिरावेध विशेषज्ञ, नीलोद्भेत्ता, नाडीछेत्ता, रक्तस्रावके लिए शिरा काटनेवाला ।

phlebotomize –माइज़् v.t. (चि०) (सिरोवेधसे) रक्तस्राव करना, खून निकालना; नीलावेध करना, शिरावेधन करना, नाडीवेध करना, नीलावेधन करना; नाड़ी^F काटना, फस्द खोलना ।

phlebotomy –मि n. (कृषि०) **शिराशल्यक्रिया^F**, शिरावेध, शिरावेधन, नीलावेध, नीलावेधन, नाड़ी^F काटना; रुधिरस्राव, रक्तमोक्षण, फस्द खोलना ।

phlegm फ्लेॅम्' n. श्लेष्मा, कफ (त्रिदोषमें एक) बलगम, खखार; (चि०) कफ (मुखसे निकलनेवाला); शीत, सर्दी^F; मान्द्य, जाड्य; कफस्वभाव, कफजन्य आलस्य; निर्जीवता^F, उदासी^F, मुर्दादिली^F ।

phlegmagogue फ्लेॅग्'मगॉग् n. श्लेष्मोत्सारक औषध^F, कफोत्सारक दवा^F ।

phlegmasia फ्लेग्मे'सि(ज़ि)अॅ n. दाह, प्रदाह, शोथ, सूजन^F; (चि०) ~ albadolens (चि०) श्वेतपादशोथ ।

phlegmatic, phlegmy फ्लेॅग्मैटिक्, फ्लेॅ'मि aa. श्लेष्मज, कफी; कफकर, श्लेष्माजनक, कफ उत्पन्न करनेवाला; जड़, मन्द, धीमा ।

phlegmon फ्लेॅग्'मॅन् n. (चि०) अवकाशी ऊतकका सपूय शोथ; अर्बुद, शोथव्रण, गिल्टी^F, गोही^F, बतौरी^F, गुल्ला, फोड़ा, फुंसी^F ।

phlegmonic, phlegmonous –मॉ'निक् aa. (चि०) अवकाशी सपूयशोथकर; अर्बुदी, फुंसीदार, गिल्टीदार; श्लेष्मोत्पन्न, दाहक ।

phlegmy फ्लेॅ'मि a. श्लेष्मीय, कफ-विषयक, बलगमवाला, खखारका; (चि०) अवकाशी पूययुक्त शोथ जनक ।

phloem फ्लो'अेॅम् n. (वन०) वल्कल, अन्तस्त्वक्, आन्तर छाल^F, तन्तु-सम्बद्ध छाल^F; अधोवाहीत्वचा^F; (कृषि०, वन०) T;

~ fibre, ~ island, ~ necrosis, ~ parenchyma, ~ ray.

phlogistic फ्लॅजि(गि)स्'टिक् a. शोथ-विषयक, प्रदाह-सिद्धान्त-सम्बन्धी; (चि०) शोथकारी, सूजनदार; प्रादाहिक, प्रदाह्य, ज्वलनशील ।

phlogiston –'टॅन् n. ज्वलनशीलता^F; दाहतत्त्व, प्रदाह-सिद्धान्त ।

phlogosis –लॅगो'सिस् n. दाह, प्रदाह, शोथ, सूजन^F; विसर्प ।

phlorizin फ्लॅराइ'ज़िन्, फ्लॉ'रिज़िन् n. (चि०) अनेक फल वृक्ष मूल रसोंसे प्राप्त विषमज्वर-नाशक एक ग्लूकोसाइड, फ्लोराइजिन, (रसा०, चि०) T.

phlox फ्लॉक्स् n. ज्वाला; पटुआ (एक विशेष पौधा) ।

phlyctenules ⊙ फ्लिक्टेॅ'न्यूल्ज़् n. (चि०) अलजी, एक नेत्र रोग; स्फोटिका^F ।

-phobe -भय, -भी (*hydro* ~, *Anglo* ~, *Russo* ~) ।

-phobia -भी, -भय, -विरक्ति, -घृणा (*hydro* ~, *Anglo* ~, *exeno* ~) ।

phobia फो'बिअॅ n. (शिक्षा०, चि०) संत्रास, त्रास, भीति^F, भय, आतंक, भयातुरता^F; विरक्ति^F, घृणा^F, अनिच्छा^F ।

phoca फो'कॅ n. सील मछली^F ।

Phoebus फी'बॅस n. (यूनानी) सूर्य देवता ।

phoenix फी'निक्स् n. (पौरा०) कुकुंस, अमरपक्षी, (ज्यौ०, वन०) **गृध्र, फीनिक्स**; (ला०) सर्वोत्कृष्ट, अतिश्रेष्ठ, अपूर्व, अतुलनीय, शिरोमणि; ~ acaulis (वन०) T., (**खजूरी^F**); ~ dactylifera (वन०) T; (**खजूर**); ~ humilis (वन०) T; (**छोटा खजूर**); ~ sylvestris (वन०) T; (**ताड़ी^F का पेड़**) ।

phon फॉन्' n. (भौति०) ध्वनिघनत्वमापक यन्त्र; (शिक्षा०) **ध्वनन, स्वरण**; (भौ०) T.

phon., phonet. phonetic(s).

phonate फो'नेट् v.i. ध्वनि^F करना, स्वर निकालना, अव्यक्त शब्दोच्चारण करना ।

phonation फॅने'शॅन् n. ध्वनन, स्वरण, (चि०) शब्दोच्चार; ध्वनिनि:सारण, अव्यक्त स्वरोच्चारण ।

phonatory फो'नॅटॅरि a. ध्वनीय, अव्यक्त स्वरोच्चारण-सम्बन्धी ।

phonautograph फॅनॉ'टॅग्राफ् n. (शिक्षा०) **ध्वनितरंगलेखी**, ध्वनिलेखक, (शब्दस्फुरणको अंकित करनेवाला यन्त्र), फोनाटोग्राफ ।

phone[1] फोन्' n. भाष, दूरभाष, टेलीफोन; ध्वनि^F, स्वर; T. (~ *board*) ।

phone[2] v.t. & i. दूरभाष द्वारा संलाप करना, टेलीफोनसे बात^F करना ।

phoneme फो'नीम् n. ध्वनिग्राम, स्वनग्राम, गणध्वनि^F ।

phonemic फॅने'मिक् a. ध्वनिग्रामीय, स्वनग्रामिक, गणध्वनि– ।

phonemics ⊙ –क्स् n. ध्वनिग्राम-विचार, स्वनशास्त्र ।

phonendoscope फॅने'न्'डॅस्कोप् n. सूक्ष्मध्वनियन्त्र, ध्वनिश्राव्यकर-यन्त्र ।

phonetic फॅने'टिक् a. उच्चारण-, ध्वनि-, ध्वनीय, ध्वन्यात्मक, ध्वनिकीय, ध्वनि-सम्बन्धी, ध्वनिप्रतीक-विषयक; ध्वन्यनुरूप, ध्वनिसंवादी; ~ spelling **ध्वन्यात्मक वर्तनी^F**;

~ change, ~ decay, ~ evolution, ~ law, ~ modification, ~ script, ~ transcription.

phonetician फोनॅ'टि'शॅन् n. ध्वनिशास्त्री, ध्वनिवैज्ञानिक ।

phoneticism फॅने'टिसिज़्म् n. ध्वनिवाद, ध्वन्यात्मकता^F, ध्वन्याक्षरीयता^F, ध्वनि-सिद्धान्त ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

phoneticist –सिस्ट् n. ध्वनिवादी, ध्वन्यात्मकतावादी, ध्वनिवर्तनीवादी।

phoneticize –साइज़ v.t. ध्वनिसंगत बनाना, ध्वनि[F]का प्रतीक बनाना, प्रत्येक ध्वनि[F]के लिए पृथक अक्षर निर्धारित करना।

phonetics –'टिक्स् n. शिक्षा[F], ध्वनिविज्ञान, ध्वनिशास्त्र, ध्वनिविचार, उच्चारणशास्त्र।

phonetist फो'नेटिस्ट् n. शिक्षाशास्त्री, ध्वनिवैज्ञानिक, ध्वनिशास्त्री, ध्वनितत्ववादी, उच्चारणशास्त्री।

phoney, -ny फो'नि, -नि a. (अमेरिकी॰ आ॰) छद्मपूर्ण, काल्पनिक, असत्य, मनगढ़न्त, कपोलकल्पित, नकली, झूठा (~ *war*)।

phoniatrics फोनिअै'ट्रिक्स् n. (चि॰) ध्वनिदोष-चिकित्सा[F]; ध्वनिदोष-विचार, स्वनदोषाध्ययव; प्रतिध्वनिकी[F], प्रतिध्वनिविज्ञान, प्रतिध्वनिशास्त्र।

phonic फॉ(फो)'निक् a. ध्वनीय, ध्वनियुक्त, नादीय, स्वरीय, श्रवण-सम्बन्धी; शब्दीय, शाब्दिक; ~ method ध्वनि-रीति[F], ध्वन्यात्मक शिक्षण-विधि[F], ~ wheel (भौ॰) **ध्वनिचक्र; ध्वनिपहिया**।

phono- ध्वनि- (~ *logy*, ~ *meter*, ~ *pore*, ~ *scope*, ~ *type*)।

phonocamptic ⊙ फोनॅकैम्प्'टिक् a. प्रतिध्वनि-विक्षेपी, प्रतिध्वनि-विक्षेपक, ध्वनि[F]का मार्ग बदलनेवाला, गूँजवाला।

phonog. phonography.

phonogenic ⊙ फोनॅजे'निक् n. मधुराभाषी, सुवाणी, सुवक्ता, मीठी बोली[F] बोलनेवाला।

pillar^{1} पि'लॅर n. स्थाणु, अवष्टम्भ, (परि०) **स्तम्भ, खम्भा**, (*~ cock*), पाया; स्तम्भपाद, खम्भेकी कुर्सी^{F}; (ला०) मूलाधार, आधारस्तम्भ, आधारशिला^{F}, प्रमुख या मुख्य समर्थक (*a ~ of the faith*); जलस्तम्भ, वायुस्तम्भ; (खनिज) कोयलेकी तह^{F} या दीवार^{F} या खम्भा; ~-box पत्रमंजूषा^{F}, डाकका डब्बा, खम्भेपर जमाया गया लैटरबक्स; ~ bracket (इति०) **घोड़िया**; *driven from ~ to post* धोबीका कुत्ता न घरका न घाटका, मारा-मारा फिरना, बेपेंदीका लोटा होना, जगह-जगह^{F} रौंदा जाना।

pillar^{2} v.t. स्तम्भाधार बनाना, खम्भेका आधार या सहारा देना, आसरा देना।

pillared –'लॅर्ड् a. अवष्टम्भित, स्तम्भित, स्तम्भ, खम्भेदार, खम्भोंपर टिका हुआ।

pillaret –'लॅरिॅट् n. लघुस्तम्भ, छोटा खम्भा, खम्भिया^{F}, थूनी^{F}, थाम^{F}।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

pillarist –रिस्ट् n. स्तम्भशीर्ष-योगी, स्तम्भकी चोटी^{F}-पर रहनेवाला साधु।

pillau पिलॉ' n. = PILAU.

pillion पि'ल्यॅन् n. (इति०) महिला-पर्याण, जनाना जीन^{F}, तिरिया-पलान, जनाना पलान; (आधु०, मोटर-सायकिल^{F} या फटफटिया-चालकके पीछेकी) गद्दी^{F} या सीट^{F}; (चि०) कृत्रिमपाद।

pillory[1] पि'लॅरि n. (अपराधीके लिए) लकड़ी^{F}का एक कठघरा, पिलोरी।

pillory[2] v.t. (अपराधीको) कठघरेमें जकड़ना या कसना; (ला०) अपमान करना, उपहास करना, खिल्ली^{F} उड़ाना।

pillow[1] पि'लो n. शिरोधान, उपबर्ह, उपधान, तकिया^{F}, सिरहाना; गेंदवा, टेकन^{F}; (पारिभा०) काष्ठखण्डक, लक्कड़ या कुन्दा; तकियासहारा या टेक^{F}; ~-case, ~-slip उपधानकोश, तकिये^{F}का गिलाफ; *take counsel of one's ~* चिन्तन करते-करते सो जाना।

pillow[2] v.t. & i. अवलम्ब लेना, सहारा लेना, टिकना, टेक^{F} लेना, थामना, सम्भालना; तकियेपर सिर धरना, तकियेका सहारा लेना।

pillowy –लोइ a. उपधानवत्, तकियाई, तकिये-जैसा आरामदेह।

pilose, -ous पाइ'लोस्, -ॲस् aa. (वन०) **विशूकित, मृदुलोमी,** लोमश, रोमयुक्त, केशमय, रोएँदार, झबरा; T.

pilosity –लॉ'सिटि n. लोमशता^{F}, लोमप्राचुर्य, रोम-युक्तता^{F}, झबरापन।

pilot[1] पाइ'लॅट् n. (चि०) **कर्णिक,** कर्णी, कर्णधार, (परि०) **कनहार, अरकटी, आराकाटी;** पोतचालक, पोतवाहक, नौविद्यापारंगत; (प्रा०) पोतवाह, नौवाह, नाविक, माँझी, केवट, मल्लाह, खेवैया; (वैमा०) चालक, **विमान-चालक, पाइलट;** वैमानिकी-विशारद, विमान-विद्या-पटु; (ला०) नेता, पथप्रदर्शक, मार्गदर्शी, पथ-दर्शक, अगुवा, रहनुमा; (गुण०) मार्गदर्शी, अग्र- (*~ scheme*); ~-balloon (भू०) **वात-सूचक गुब्बारा, पवन सूचक गुब्बारा,** (वात-सूचक) छोटा गुब्बारा; **पायलट गुब्बारा;** ~ boat (जहाजपर चढ़ने उतरनेकी) अग्रनौका^{F}, नाव^{F}; ~-cloth (पोतवाहोंके कोटका) नीला ऊनी कपड़ा; ~ engine ~ car **पथदर्श गाड़ी,** ~ cell **मुख्यकोशिका**^{F}; ~ census **पथप्रदर्शी जनगणना**^{F}; मार्गदर्शी इंजिन; ~-fish मार्गदर्शक मत्स्य, अगुआ मछली^{F}; ~-flag, -jack कर्णधार पताका^{F}, ~ man पथप्रदर्शक; P ~ Officer विमानाध्यक्ष, विमानाधिकारी; ~ jacket = PEA jacket; ~ ladder **पट्टी सीढ़ी**^{F}, **कनहार सीढ़ी**^{F}, **तख्ता सीढ़ी**^{F}; ~ plant मार्गदर्शी संयन्त्र; **प्रायोगिक संयन्त्र;** ~ station **प्रारम्भिक स्टेशन, कनहार स्टेशन;** ~ survey **प्रायोगिक सर्वेक्षण,** निर्देशक सर्वेक्षण; ~tape **प्रायोगिक फीता, प्रायोगिक टेप;** *drop the ~* (विश्वासपात्र या परामर्शदातासे) सम्बन्ध विच्छेद करना, (योग्य संचालकका) परित्याग करना;

~ census, ~ lamp, ~ project, ~ scheme.

pilot[2] v.t. पथप्रदर्शन करना, मार्गदर्शन करना, राह^{F} दिखाना, रहनुमाई^{F} या रहबरी^{F} करना; विमान चलाना; पोत चलाना, नाव^{F} खेना, मल्लाही^{F} करना।

pilotage –लॅटिज् n. पथप्रदर्शन, मार्गदर्शन; कर्णधार-कर्म; (परि०) **कनहारी**^{F}; अकाट्टी, **अकाड़ी, पाइलटका कार्य;** विमान-संचालन; जलपोत-संचालन; उड़ान; कर्णिक-वेतन, पोतवाह या विमान-चालकका भत्ता।

pilotless –ट्लिॅस् a. पथप्रदर्शकरहित, मार्गदर्शकविहीन; पोतवाहरहित; वायुयान-चालक शून्य।

pilous पाइ'लॅस् a. लोमश, रोमिल, रोम-युक्त, केशमय, रोएँदार, झबरा।

Piltdown पिल्ट्'डॉउन् a. एक ससेक्सकी झोपड़ी^{F}।

pilula ⊙ पि'ल्यूलॅ n. (चि०) **गोली**^{F}।

pilular, pilulous –लॅर्, -लॅस् aa. वटिका-विषयक, गुटिका-सम्बन्धी, गोली^{F}का।

pilule, pill-, –ल्, पिल् n. वटिका^{F}, गुटिका^{F}, बटी^{F}, गोली^{F}, छर्रा।

pilum ⊙ पाइ'लॅम् n. (इति०) **मूसली**^{F}, T.

pimelode पि'मॅलोड् n. एक मोटे मुँहवाली मछली^{F}।

pimelosis ⊙ पिमिॅलो'सिस् n. वसीयन, वसानिर्माण, वसारूपमें परिवर्तन, चर्बी^{F}के रूपमें परिवर्तन।

pimento पिमे॑न्'टो n. लवंगवदर; पाइमेण्टो (जमैका-की गोलमिर्च^{F})।

pimp[1] पिम्प्' n. विट, संचारक, संचालक; कुटनी^{F}, दूती^{F}, दूतिका^{F}; कुटना, दलाल; भँड़ुवा, भाँड़; कुण्डाशी, सुरत दूत, नर्म सचिव।

pimp[2] v.t. विटकर्म करना, संचरण करना, कुटनाई^{F} करना, दलाली^{F} करना, भँड़ुवाई^{F} करना।

pimpernel पिम्'पॅर्नल् n. जलौकामारी^{F}, जोंकमार, पिम्परनल, (एक प्रकारका ऊसर भूमि^{F}का पौधा)।

pimping पिम्'पिंग् a. क्षुद्र, तुच्छ, नीच, लघु, हीन, छोटा; अस्वस्थ, रुग्ण, क्षीण, दुर्बल, निर्बल, कमजोर।

pimple पिम्'पॅल् n. स्फोट, (वन०) **पिटिका**^{F}, अर्बुद, तनुव्रण, रक्तवटी^{F}, फोड़ा, फुंसी^{F}, फुड़िया^{F}, मुँहासा; *a ~ has grown upon an ulcer* एक तो करेला दूसरे नीमचढ़ा।

pimpled –ड् a. व्रणी, स्फोटमय, पिटिकायुक्त, मुहाँसों-वाला, फुन्सीदार।

pimply –लि a. दे० PIMPLED.

pin[1]* पिन्' n. अणि^{F}, आणि^{F}, शल्य, शलाका^{F}, सूचिका^{F}, सुई^{F}*; शूक^{F}, कण्टिका^{F}, पिन^{F}*, आलपीन; शंकु, खूँटी^{F}, मेख^{F}, (कृषि०, यंत्र०) कील^{F}; (बहु०, बोल०) चरण, पाद, पाँव, टाँग^{F} (*quick on his ~s*) धुन्ध^{F}, जाला; (४॥ गैलनका) बेलन, छोटा पीपा; ~ bone (कृषि०) **अपलास्थि**^{F}; ~ cushion पिनगद्दा, आलपीन^{F}की गद्दी^{F}, **पिनकुशन;** ~ drop silence पूर्ण नीरवता; ~-feather पक्षांकुर, अविकसित पंख; ~-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

fire cartridge आलपीनी कारतूस^{F}, शूल-संचालित कारतूस^{F}; ~-head सूचिशीर्ष, आलपीन^{F} या सुई^{F} की नोक^{F}; (ला०) सूक्ष्म वस्तु^{F}, अत्यन्त बारीक या छोटी वस्तु^{F}; ~ hole (चि०) सूचीमुख; ~ man सूची विक्रेता; ~-money भत्ता, वार्षिक धनराशि^{F}; पानदान का खर्च; (अर्थ०) जेब खर्च, स्त्री^{F} का जेबखर्च; ~-point सूच्यग्र, सुई^{F} की नोक^{F}, आलपीन^{F} की नोक^{F}; (ला०) अति-सूक्ष्म वस्तु^{F}, बहुत बारीक या महीन वस्तु^{F}; ~ prick मर्मान्तक पीड़ा^{F}, असह्य पीड़ा^{F}, कसक^{F}, चिलकन^{F}, टीस^{F}, चुभन^{F}; ~ worm (चि०) सूत्रकृमि; *don't care a~* किंचिन्मात्र चिन्ता^{F} मत करो;

~-case, ~-eyed, ~ feathering, ~-fire, ~ fish, ~ flat, ~ fold, ~folding, ~ hinge, ~ hold, ~ hole, ~ joint, ~knot, ~-maker, ~-making, ~ punch, ~ rail, ~-stripe, ~ tail, ~-tailed, ~-tuck, ~-wheel, ~worm.

pin[2] v.t. नत्थी^{F} करना, टाँकना; (आलपीन^{F} से) नत्थी^{F} करना, लगाना; (दो वस्तुओं^{F} को आलपीनसे) सम्बद्ध करना, जोड़ना; (मेख^{F} या भाले आदिसे) परिविद्ध करना, वेधना, चुभोना, आरपार करना; (किसी व्यक्तिको) वचनबद्ध करना, नियमबद्ध करना; घेरना, बाड़ा बनाना; ~-up (n.) (दीवाल^{F} में लगा) चित्र; ~ *down* दबा देना, कीलना; ~ one's *faith on* (person) पूरा भरोसा करना, (किसीपर) पूर्णतया निर्भर रहना; ~ *on* one's *sleeves* किसीपर पूर्णतः आश्रित होना।

pinachrome पि'नॅक्रोम् n. छविवर्णक।

pinacocyte ⊙ पिनै'कॅसाइट् n. (जीव०) शुल्क-कोशिका।

pinacoid पि'नॅकाएॅड् n. (भू०) पट्टपार्श्वक, T.

pinafore पि'नॅफ़ोअॅर् n. वस्त्ररक्षक, ओढ़न, बालापोश; पोशाक^{F} के सामनेका आच्छादन; (बच्चोंका) एक कोट, पिनाफोर।

pinaster पाइनैस्'टॅर् n. यूरोपीय देवदारु।

pince-nez (F) n. नाक-पकड़ चश्मा।

pincers पिन्'सॅज़् n. (pl.) संदंशनी^{F}, संदंशिका^{F}, (कृषि०, यंत्र०) सँड़सी^{F}, चिमटा, (यंत्र०) चिमटी^{F}, संसी^{F}, मोचना; ~movement (सेना०) संसृत प्रचलन एक विन्दु या दिशा^{F} के अभिमुख होकर आगे बढ़ना।

pincette (F) n. चिमटी^{F}, मोचनी^{F}।

pinch[1] पिन्च्' n. चिकोटी^{F}, चिहुँटी^{F}, चुटकी^{F}, कोंचन^{F}, चुभन^{F}; (ला०, निर्धनता^{F} आदिका) क्लेश, कष्ट, दुःख, बोझ, तकलीफ़^{F}; धनाभाव, तंगी^{F}, तंगहाली^{F}; चुटकीभर (*a ~ of salt*); *a ~ of grain to a famished creature* ऊँटके मुँहमें जीरा।

pinch[2] v.t. & i. चिकोटी^{F} काटना, चिहुँटी^{F} काटना, चुटकी^{F} काटना, कोंचना, बकोटना, नोचना, चुभोना; (ला० शीत, भूख^{F} आदिसे) व्याकुल होना, पीड़ित होना, कष्टमें पड़ना, ग्रस्त होना; (किसी व्यक्तिसे धन आदि) हरण करना, शोषण करना, लूटना, छीनना, हथियाना, बलपूर्वक वसूल करना; (किसी व्यक्तिको अन्न, भोजन आदि देनेमें) कमी^{F} करना, कोताही^{F} करना, काटकपट करना; परिमित करना, सीमित करना, सीमा^{F} बाँधना, हद^{F} बाँधना; कृपणता^{F} करना, कंजूसी^{F} करना; संकीर्णता प्रकट करना, क्षुद्रता^{F} दिखाना, सूमपन करना; प्रेरित करना, आगे बढ़ाना, ऐंड^{F} लगाना; दबाना; (हवा^{F} के रुखके अनुसार) खेना, नाव^{F} चलाना; (आ०) अपहरण करना, चुराना, मूसना, लूटना; बन्दी बनाना, गिरफ्तार करना; आवर्जन करना, निग्रह करना, प्रग्रहण करना; संरक्षणमें लेना, अभिरक्षा^{F} में लेना, हिरासत^{F} में लेना; ~ bolt ठेस काबला, T. ~ cock (रसा०, चि०) चुटकी^{F}; पीड़रोधनी^{F}; दाबक रोधनी^{F}, T.; ~ commons भोजनकृपण, खानेमें कंजूस; ~ hitter ⊙ सहायक, मददगार; ~ fist, ~ gut, ~-penny कृपण, कंजूस, सूम; *that is where the shoe ~es* यहाँ दालमें काला है, यही तो परेशानी^{F} है।

pinchbeck[1] पिन्च्'बेॅक् n. कृत्रिमस्वर्ण, (ताँबे और जस्तेका मिश्रण)।

pinchbeck[2] a. कृत्रिम, बनावटी, छद्मपूर्ण, नकली, खोटा, झूठा।

pincher पिन्'चॅर् n. क्षुद्रचौर, छोटा चोर, सेंधिया; कोंचनेवाला; चुभनेवाला, चुटकी^{F} काटनेवाला, चिकोटी^{F} काटनेवाला, चिहुँटी^{F} काटनेवाला।

pinching –चिङ् n. (कृषि०) चुटकना।

pinder पिन्'डॅर् n. (पशुओंको) बाड़ेमें बन्द करनेवाला।

pine[1] पाइन् n. पीतद्रु, देवदारु, पतिकाष्ठ, सरल, अनन्नास, (वन०, प्रा० भूगोल) चीड़, पाइन; ~apple (कृषि०) अनन्नास; (आ०) हथगोला; ~-bone (कृषि०) अपलास्थि^{F}; ~-barren समतल बलुआ प्रदेश (जहाँ देवदारु आदि उगते हैं); ~-beauty, ~ carpet देवदारु-कीट; ~-cone देवदारु-फल; ~-house अनन्नास-क्षेत्र, अनन्नास-गृह; ~ tum (बहुव० *ta*) देवदारुका जंगल;

~-bearing, ~ beetle, ~ blister, ~-bordered, ~-built, ~-bunting, ~-capped, ~-clad, ~-covered, ~-crested, ~-crowned, ~-dotted, ~-fineh, ~ forest, ~-fringed, ~-kernel, ~ land, ~-marten, ~ moth, ~-needle oil, ~-needle rust, ~ sap, ~ sawfly, ~-shaped, ~-shoot tortrix, ~ soot, ~ timber, ~ weevil, ~ wood, ~ woods, ~-wool.

pine[2] n. पीड़ा^{F}, यन्त्रणा^{F}, क्लेश, दुःख, कसक^{F}।

pine[3] v.i. (शोक या रोग आदिसे) क्लान्त होना, म्लान होना, शिथिल होना, श्रान्त होना, विकल होना, तड़फना, घुलना, दुबला होना, सूखना; (किसी वस्तु^{F} के लिए या पीछे) लालायित होना, व्यग्र होना, उत्सुक होना, उत्कण्ठित होना, बेचैन होना, कुढ़ना।

pineal पाइ'निॅअॅल् a. (श० र० शा०) देवदारु-फलवत्, सनोबरके फलके आकारका; ~ eye (जीव०) मध्य नेत्र; ~ gland ब्रह्मरंध्र, (शिक्षा०, चि०) एक्कन्दिका^{F}, शीर्ष-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्रन्थि[F], तृतीयनेत्रग्रन्थि[F], तृतीय-दृक्कन्द, दिव्यनेत्र, सरल विग्रह; ~ nerve (जीव०) **मध्यनेत्र तंत्रिका[F]**; ~ organ **मध्यनेत्र अंग; पिनियल अंग**।

pinery –'नॅरि n. सरलवन, अनन्नासशाला[F]; चीड़का वन; देवदारु वृक्षारोपण, सनोबर लगानेका कार्य।

piney –नि a. पीतद्रु-बहुल, देवदारु-बहुल, पूतिकाष्ठ-संकुल, सरल-संकुल, अनन्नासवाला, चीड़से भरा हुआ, पाइनसे भरा हुआ।

pinfold[1] पिन्'फोल्ड् n. पशुशाला[F], मवेशीखाना, काँजीहाउस, कानीहौद।

pinfold[2] v.t. (काँजीहाउसमें) बेढ़ना, बन्द करना।

ping[1] पिन्ग्' n. झंकार[F], झनझनाहट[F], टंकार[F], सन-सनाहट[F]।

ping[2] v. i. झंकार[F] करना, झनझनाना, टंकार[F] करना, सनसनाना, सनसनाहट[F] पैदा करना।

ping-pong पिन्ग्'-पॉन्ग् n. टेबुल टेनिस, पिंग-पाँग।

pinguid पिन्'ग्विड् a. पीन, स्थूल, मुटूल, थुत्थल; स्निग्ध, चिकना, तैलमय, वसामय, मज्जापूर्ण, चर्बीला।

pinguidity, pinguitude –'डिटि, –'ग्विट्यूड् n. स्थूलता[F], मोटाई[F], मोटापन; स्निग्धता[F], चर्बीलापन।

pinguin पिन्'ग्विन् n. विलायती अनन्नास।

pinic पाइ'निक् a. पीतद्रु-विषयक, देवदारु-विषयक, पूति-काष्ठ-विषयक, सरल-सम्बन्धी, अनन्नास-सम्बन्धी, चीड़का, पाइनका।

pinicoline ⊙ –'कॅलिन a. पीतद्रुवन-वासी, देवदारुवन-निवासी, चीड़के जँगलोंमें रहनेवाला; पीतद्रुवनोत्पन्न, देवदारुवन-जात, चीड़के जँगलोंमें होनेवाला।

piniform ⊙ –'निफ़ॉर्म् n. शंक्वीय, शंकवीय, शंक्वाकृति, शंक्वाकार, शंकुके आकारका; पीतद्रुवत्, देवदारु-सदृश, अनन्नासके वृक्षके आकारका।

pining पाइ'निंग् १. n. म्लानि[F], अवसाद, उत्कण्ठा[F]; २. a. म्लान, विषण्ण, उत्सुक, उत्कण्ठित।

pinion[1] पि'न्यॅन् n. (जीव०) **पक्षांत**, पक्ष, पंख, बाहु-बन्ध, पर, डैना, पखना; (का०) पार्श्व, भुजा[F], बाजू[F], पहलू; पक्ष, ओर।

pinion[2] n. दन्तिका[F]; दन्तिका-चक्र, दाँतेदार या दन-दानेदार छोटा पहिया; (ध्वनि०, यंत्र०) **गरारी[F]**, पहियेमें लगा हुआ दाँतेदार टेकुआ या धुरी[F]; हथकड़ी[F]; (कृषि०, यंत्र०) T.

pinion[3] v.t. पक्षकर्त्तन करना, पंख काटना, पर काटना; (किसी व्यक्तिकी) भुजा[F] बाँधना, बाँह बाँधना, जकड़ना, हथकड़ी[F] लगाना, गिरफ्तार करना; (किसी व्यक्तिको किसी वस्तु[F]से) कसना, जकड़ना।

pinioning –निंग् n. (जीव०) **पक्षांत बन्धन**।

pink[1] पिन्क्' n. आपद्म, गुलाब, पाटल या पाढर वृक्ष, (वन०) **पिंक**; पाटल वर्ण, (रसा०) गुलाबी; गुलाबी रंग, प्याजी रंग; लोमड़ी[F]के शिकारका लाल कोट; शिकारी कोटका कपड़ा; लोमड़ी[F]का शिकारी; ~ bollworm (वन०) **गुलाबी सूँडी[F]**।

pink[2] n. अग्र, शिखर, पराकाष्ठा[F]; उत्तम अवस्था[F] (*the ~ of health*); *in the* ~ (ग्रा०) अत्युत्तम, अति-सुन्दर, परमश्रेष्ठ, बढ़िया, उम्दा; स्वस्थ-रूपसे, भले-चंगे रूपसे; ~ *of perfecton* चरमोत्कर्ष, सर्वोच्च स्थान; *the* ~ पूर्णावस्था[F], नितान्तपूर्णता[F], चोखापन (*the ~ of elegance*)।

pink[3] n. नौका[F], नाव[F], डोंगा, किश्ती[F]।

pink[4] n. सामन मछली[F]का बच्चा; (बोल०) मिनो (*minnow*) मछली[F]।

pink[5] v.t. & i. (तलवार[F] इत्यादि) वेधना, भोंकना, छलनी[F] करना, घुसेड़ना, चुभोना; (~ *out* के साथ भी) रन्ध्रण द्वारा आभूषित करना; अलंकृत करना, सुशोभित करना, आभूषित करना; सजाना; (मोटर-इंजनका) भड़-कना, धमकना।

pink[6] a. पाटल वर्णी, (रसा०) **गुलाबी**, प्याजी, (*rose -~, salmon-~*); (राजनीति[F]) अरुणाभ, रक्ताभ, हलका लाल, कुछ-कुछ लाल; ~ bollworm (कृषि०) **गुलाबी सूँडी[F]**; ~ disease (कृषि०) **गुलाबी रोग**; ~-eye (घोड़ोंका) सांस्पर्शिक ज्वरविशेष; नेत्र अभिष्यन्द रोगका एक प्रकार; गजसूक्ष्म-नेत्रता; ~ rot (कृषि०) **गुलाबी विलगन**।

pinkiness –'किनि ॅस् n. पाटलता[F], पाटलवर्णता[F], पाटलीयता[F], गुलाबीपन, प्याजीपन।

pinking पिन्'किंग् n. खड़खड़ाहट[F], खटखटाहट[F], थप-थपाहट[F]; आबदार पत्थरको अधिक आबदार करनेका कार्य।

pinkish पिन्'किश् a. पाटल-सदृश, गुलाबी-सा, प्याजी-सा।

pinkness –क्'नि ॅस् n. पाटलीयता[F], गुलाबीपन, प्याजीपन।

pinky –'कि a. पाटल, पाटलवर्ण, पाटलीय, गुलाबी, प्याजी।

pinna पि'नॅ n. (pl. *-ae*) (वन०) **पक्षक**, दल, पत्र, पत्रक, पल्लव, पत्ती[F]; (जीव०) **बाह्यकर्ण**; (चि०) **कर्ण-पल्लव**; पक्ष, पर, पंख; T.

pinnace पि'नॅस् n. दो-मस्तूली लघु नौका[F]।

pinnacle[1] पि'नॅकॅल् n. प्रासादाग्र, कलश, अट्ट, कंगूरा, बुर्ज; (नौवि, परि०) **जल-शृंग**; (यंत्र०) **शिखर**, शृंग, शीर्ष, सिरा, चोटी[F], टीला; (ला०) परमावस्था[F], परमोच्च स्थान, चरमोत्कर्ष, चरमसीमा[F], पराकाष्ठा[F]।

pinnacle[2] v. t. कलशपर स्थित करना, चोटी[F]पर रखना, कलश-स्वरूप देना, कलश स्थापित करना, कंगूरा लगाना।

pinnate पि'नॅट् a. (वन०) **पक्षवत्**, पक्षकल्प, पक्षा-कार, पंख-जैसा, परनुमा (*~leaf*); (जन्तुवि०) पक्षवत्, द्विशाख।

pinnated –नेटि ॅड a. दे० PINNATE.

pinnatifid –नै'टिफ़िड् a. पक्षवत्खण्डित, पंखवच्छ-कलित, (वन०) **पक्षवद्दर**, T., पंखके टुकड़ेवाला।

pinnation पिने'शॅन् n. पक्षवत्ता[F]।

pinnatipartite ⊙ पिनैटिपार्'टाइट् a. (वन०) **पक्ष-वद्विदर**, T.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

pinnatiped ⊙ पिनै'टिपेड् a. जालक-पाद, झिल्लीदार पैरोंवाला।

pinnatisect ⊙ पिनै'टिसेक्ट् n. (वन०) **पक्षवच्छिदर**, T.

Pinnepedia पिनि'पी'डिअ n. (जीव०) **क्षेपणीपाद प्राणी**, T.

pinner पि'नर् n. सूचिकाकार; सूचिका-निर्माता, आलपीनF बनानेवाला; आलपीनF लगानेवाला, नत्थीF करनेवाला।

pinniped ⊙ पि'निपेड् a. (जीव०) **युक्तांगुलि**; आलपीनयुक्त, आलपीनF लगा हुआ, आलपीनFसे नत्थी; T.

pinnulate पि'न्यूलेट् a. (वन०) उपपत्रयुक्त, पल्लवी; (जीववि०) पक्षकयुक्त।

pinnule पि'न्यूल् n. (वन०) उपपत्र, पल्लव; (जीववि०) उपपक्ष, (वन०) **पक्षिकी**F।

pinny[1] पि'नि n. वस्त्ररक्षक, बालापोश; पोशाकFके सामनेका आच्छादन; (बच्चोंका) एक कोट, बचकाना कोट, पिनाफोर।

pinny[2] a. बालवत्, शिशु-सदृश, बच्चे-जैसा; बाल-विषयक, शिशु-सम्बन्धी, बच्चेका।

pinoc(h)le पि(पी)'नॅकॅल् n. पिनोकिल, (एक अमेरिकी ताशका खेल जो *bezique* जैसा होता है)।

pinole पिनो'लि n. पिनोल, (एक प्रकारका भोजन)।

pint पाइन्ट्' n. शराबF, तरल शराबF; (तरल गैसोंFकी एक मापF) गैलनका अष्टमांश, लगभग ११ छटाँकFकी मापF; T.

pintado पिन्टा'डो n. (अब प्रायः *~-bird*) चित्रक पक्षी, शबलपक्षी।

pintle पिन्'टॅल् n. शंकु, कीलF, (परि०) **कीलीF** (*~ chain*), मेखF, बिरंजीF; अक्ष, धुरीF, धुरा, चूल, कब्जा; T.

pinto ⊙ पि(पी)न्'टो n. & a. शबल (अश्व), चितकबरा (घोड़ा), रंगविरंगा।

Pinus पाइ'नॅस् n. (कृषि०, वन०) **चीड़**, T.

piny पाइ'नि a. देवदारु-विषयक, सनोबरी, चीड़ी; देवदारुवत्, सनोबर-जैसा; देवदारु या सनोबर-बहुल।

pinx; pxt. *pinxit*, painted it.

pinxit, pinxerunt (L) v.t. -रचित, -चित्रित।

piolet (F) प्यूले' n. हिम-कुदालीF, बरफF खोदनेकी कुदालीF, हिम-भंजक कुठार।

pioneer[1] पाइअॅनीअर् n. (सेना०) पथप्रदर्शक पदाति, सैन्यमार्गशोधक, सफरमैना; नेता, प्रणेता, अग्रगामी, पथिकृत्, मार्गदर्शक, आविष्कारक, संचालक, प्रवर्त्तक, अगुआ; *~ corps* **श्रमिक कोर**।

pioneer[2] v.t. & i. (पथ) प्रशस्त करना, (मार्ग) तैयार करना, रहनुमाईF करना; अग्रगामी होना, अग्रसर बनाना; निर्देश करना, हिदायतF करना; मार्गशोधन करना, सफरमैना बनना।

pioneering –रिंग् a. (कृषि०) **पुरोगामी**।

piou-piou (F) n. पैदल सैनिक।

pious पाइ'अॅस् a. भक्त, धर्मवान्, पुण्यात्मा, पुण्यशील, शुचिव्रत, पवित्र, धर्मशील, धर्मपरायण, धर्मात्मा, धर्मी, धर्मनिष्ठ, साधु, सदाचारी, सच्चरित्र, संयमी, नेक, अच्छा; (प्रायः) कर्तव्यवान्, कर्तव्यनिष्ठ, कर्तव्यपरायण, कर्तव्यरत; *~ founder* धर्मसंस्थापक, पुण्यप्रतिष्ठापक; *a ~ cat* नौ सौ चूहे खाकर बिल्लीF हुई भक्तिनF।

piousness –नि'सॅस् n. भक्तिF, धर्मवत्ताF, धर्मनिष्ठाF, धर्मपरताF, पवित्रताF, धर्मात्मताF, पुण्यताF, पुण्यात्मताF, पुण्यशीलताF, शुचिव्रततताF, साधुताF, सदाचारिताF, सच्चरित्रताF, संयम, नेकीF, अच्छाईF; (प्रायः) कर्तव्यवत्ताF, कर्तव्यनिष्ठाF, कर्तव्यपरायणताF, कर्तव्यरतिF।

pip[1] पिप्' n. मुर्गियोंF, बाजों आदिको नेत्रनासादिका एक रोग, पिप; (आ०) मूर्च्छाF, चक्कर, गश, फिट; अत्यधिक विषाद, विषण्णचित्त; क्रोधी स्वभाव, चिड़चिड़ापन (*he, has, gives me, the ~*)।

pip[2] n. (ताश या पाँसे आदिकी) विन्दु, अंक, चित्तीF, टिप्पीF, बुन्दकीF, बिन्दीF; (सैन्याध्यक्षका) बिल्ला, तमगा; (अधखिले फूलकी) एक पंखुड़ीF।

pip[3] n. (कृषि०) (नासपातीF, सेव, नारंगीF आदिका) **बीज**।

pip[4] n. (संकेतावलीFमें) प वर्ण, पी अक्षर (*~ emma, o.~* में)।

pip[5] n. पिप, पी...पी..., पों-पों, फट-फट, भर्र-भर्र (*six ~s of the time-signal*)।

pip[6] v.t. (बोल०) (असहमतिसूचक) काली गोलीF देना; असहमतिF प्रकट करना, मत या वोट न देना, हरी झण्डीF दिखाना; पराभूत करना, पराजित करना, परास्त करना, नीचा दिखाना; गोलीF चलाना, गोलीF मारना।

pipal पी'पॅल् n. पीपल (वृक्ष)।

pipe[1]* पाइप्' n. (कृषि०, चि०) **प्रणाल, नलिकाF, नलीF**, वम्बा, (रसा०, कृषि०) **नल***, **पाइप**; वंशीF, वाद्यनाल, अलगोझा, मुरलीF, वेणु, बाँसुरीF; (नाविक या माँझीकी) सीटीF; इस सीटीFकी ध्वनिF; लयF, स्वर, राग, ध्वनिF, आवाजF; गीत गाना; पक्षिगान, कू-कूF, कुहुकF, चह-चहF; स्वेदप्रस्रवणिकाF, स्वेदनलिकाF; वनपक्षियोंको फँसानेकी नालीF, (तम्बाकूकी) चिलमF, चिलमचीF, फरशीF, हुक्का, गुड़-गुड़ीF; चिलमFभर तम्बाकूकी मात्राF; मदिरापात्र, शराबFका पीपा; *~clay* नलिका मिट्टीF, खड़िया मिट्टीF; (v.t.) सफेदीF लगाना, सफेद मिट्टीसे पालिशF करना; *~ dream* ⊙ पीनक, झोंकF, सनकF; *~-fish* नाडमत्स्य, दीर्घ थूथनवाली एक मछलीF; *~-light* (पाइप या हुक्का सुलगानेके लिए) कागजकी नलकीF; *~ line* मृत्तैलनलिकाF, पेट्रोलनलीF; **नल तंत्र, पाइप लाइन**F; **नल-लाइन**F, *~ major* सैनिकवाद्य-संचालक (अनायुक्त अथवा अनाशस्त्र अधिकारी N. C. O.); *~-rack* हुक्कादानी, चिलमदान, पाइपदान; *~-rolls* (इति०) प्राचीन राष्ट्रीय राजकोशका कार्यालय; *put that in your ~ and smoke it* सहन कर जाओ, पी जाओ, विषके घूँट पीकर रह जाओ, हृदयपर पत्थर रख लो;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ bends, ~-box, ~-crosses, ~ drain, ~ flange, ~ handrail, ~-joint, ~-outlet, ~ union.

pipe[2] v. i. & t. वेणुवादन करना, वंशी[F] बजाना, मुरली[F] बजाना; पी-पी[F] करना, सीटी[F] बजाना; निर्घोष करना, चीत्कार करना, चिँघाड़ना; (पोतके कर्मचारियों-को) सीटी[F] बजाकर बुलाना; गाना, राग निकालना, चह-चहाना; (पिंक पौधेकी) कलमें[F] लगाना; व्यवस्थित करना, सँवारना, सुधारना; गोट[F] लगाना, हाशिया लगाना; नल लगाना, वम्बा लगाना; (नल द्वारा तेल) वहन करना, ले जाना; ~ *away* घण्टी[F] देना, सीटी[F] देना; ~*down* (नौवि०) पदच्युत करना, कार्यमुक्त करना, कामसे अलग हटाना; (आ०) विश्वस्त होना, शान्त होना; ~ *off* ताड़ रखना, निगाह[F] रखना, ताकना; ~ one's *eyes* रुदन करना, रोना, आँसू वहाना; ~ *up* गाने लगना, वजाने लगना।

pipeless –'लिॅस् a. नलविहीन, वम्बेसे रहित; विना चिलम[F] या हुक्केका।

piper –'पॅर् n. वेणुवादक, मुरली[F] वजानेवाला; भाट, वन्दीजन, कूचा गायक, जगघूम गवैया; वीनवादक, मशक-वीन[F] वजानेवाला; (चि०) कालीमिर्च; मछलियोंकी एक जाति[F]; प्रंगु अश्व, वेदम घोड़ा, अपाहिज टट्टू; लेलुहा कूकुर; *pay the* ~ (*and call the tune*) सवें गुणाः कांचनमाश्रयन्ति, खर्च उठाओ काबू पाओ, पैसेकी मेख[F] तमाशा देख।

piperic पिपे'रिक् a. वेल्लजीय, मरिच-विषयक, मिर्च-सम्बन्धी; वेल्लज-प्राप्त, मरिच[F]से वना, मिर्च[F]से पैदा हुआ; तिक्तवस्तु-विषयक, कड़वी चीज[F]का, चरपरी चीज[F]का।

piperine पि'पॅराइन् n. (चि०) काली, मिर्च-क्षाराभ, मरिच-क्षाराभ, मरिचका अल्कलाइड, पाइपराइन।

pipet, pipette⊙ पिपे'ट्, पिपे'ट्' nn. नली[F], नलिका[F], सूक्ष्म नली[F] (कृषि०, रसा०, चि०) **पिपेट**;

~ brush, ~ clip, ~ electrode, ~ rest, ~ stand.

piping[1] पाइ'पिंग् n. वेणुवादन, वेणुध्मान, वंशीवादन; सीटी[F] वजानेकी क्रिया[F]; निर्घोष, चीत्कार, चिंघाड़; गायन, वादन, चह-चह[F], कूक[F]; (पिंक या पाटल पुष्पोंकी) कलम[F] या छाँटन[F]; (परि०) **नीर-क्रिया**[F]; (कृषि०) **पोली कलम**[F]; सम्भार, सँवार, सजावट[F], (नली-सदृश तहों[F]में लिपटी हुई डोरी[F]से) सजावट[F] करना; केकपर चीनी[F]के रेशोंसे की गयी सजावट[F]।

piping[2] पाइ'पिंग् a. वंशीवादक; घण्टी[F] देनेवाला; ~ **hot** अत्यधिक गरम, खौलता हुआ, खुदबुदाता हुआ; *the* ~ *time*(*s*) *of peace* शान्ति-सन्धि[F]के राग अलापनेका युग।

pipistrel(le) पिपिस्ट्रे'ल्' n. जतुका, (एक प्रकारका छोटा चमगादड़)।

pipit पि'पिट n. भरद्वाज पक्षी, चिल्लू (लवा या चण्डूल-सदृश एक पक्षी-विशेष), पिपिट।

pipkin पिप्'किन् n. चपिया[F], थैली[F], सँकोरा, भँड़िया[F], हँड़िया[F], हाँड़ी[F]; कुल्हड़; परई[F], परवा।

pippin पि'पिन् n. एक प्रकारका सेव, पिपिन।

pipsqueak पिप्'स्क्वीक् n. एक वमगोला; (ला०) घटिया आदमी।

pipy पाइ'पि a. प्रणालिकायुक्त, नलयुक्त, नलीदार, पाइपदार।

piquancy पी'कॅन्सि n. चरपरापन; तीक्ष्णता[F], कमनीयता[F]।

piquant –न्ट् a. स्वादिष्ट, चटपटा, चरपरा, चोखा; तिक्त, तीत, कटु, कड़ुवा; उग्र, तीक्ष्ण, प्रखर, तेज; (ला०) लुब्धक, आकर्षक, रुचिकर, सरस, मनमोहक, कमनीय।

pique[1] पी'के n. (वटे हुए सूतसे वना हुआ) एक प्रकारका कपड़ा, पिक।

pique[2] पीक्' n. (ताशके खेलमें) क्रमशः तीस अंकोंकी विजय[F]।

pique[3] v.t. & i. (ताशमें क्रमशः तीस अंकोंकी) विजय[F] प्राप्त करना; ३० अंक वनाना, पिक वनाना।

pique[4] n. कलह[F]; रोष, ईषत्कोप, मर्माघात, विद्वेष, मात्सर्य, अप्रसन्नता[F], खेद, क्रोध, रंजीदगी[F], नाराजगी[F] (*in a fit of* ~)।

pique[6] v.t. रुष्ट करना, क्रोधित करना, मर्मस्थलपर चोट[F] पहुँचाना, तंग करना, सताना, दिक करना, गुस्सा दिलाना, उकसाना।

piquet[1] पिकें'ट, पि'कें'ट् n. (ताशका एक खेल) **पिकेट**।

piquet[2] पि'किॅट् दे० PICKET.

piracy पाअॅ'रॅसि n. (परि०) **जलदस्युता**[F], नौचौर्य, (परि०) **समुद्री डकैती**[F]; डाका, लूट-पाट[F]; साहित्यिक चोरी[F]।

pirate[1] –रॅट् n. साहसिक (परि०) **जलदस्यु**; नौचोर, (परि०) **समुद्री डाकू**; साहसिक-पोत, दस्यु-नौका[F], समुद्री डाकूकी नाव[F]; दस्यु, डाकू, लुटेरा; अनधिकृत प्रकाशक; शब्दचोर, ग्रन्थसत्वापहारक, साहित्यदस्यु; (अनधिकृत मार्गपर चलनेवाली) चोर-वस[F]।

pirate[2] v. t. & i. अपहरण करना, डाका डालना, लूट-खसोट[F] करना; अनधिकृत-प्रकाशन करना; जलदस्यु वनना।

piratic, -al –रै'टिक्, -ॲल्. aa. जलदस्युकीय, **जल-दस्युता-सम्बन्धी**, साहसिक, समुद्री डाकू-सम्बन्धी; साहित्यिक तस्करीय; vessel **जलदस्यु-पोत**।

piriform पाअॅ(पि)'रिफ़ॉर्म a. (चि०) **पलाण्डुरूप** (~ *area*, ~ *fossa*)।

piriformis –मिस् n. (चि०) **पलाण्डुरूपिणी**[F]।

pirn पर्न्' n. (स्काट०) अण्टी[F], धागेकी गट्ठी[F]।

pirogue पिरोग्' n. स्तम्भ-निर्मित, तनेका वना हुआ; स्तम्भनौका[F], स्कन्धनौका[F], पेड़के तनेको खोखला करके वनायी गयी नाव[F]।

piroutte[1] पिरुअे'ट्' n. (एक ही स्थानपर) भ्रमण, चक्कर, घूमना; एकांगुष्ठनृत्य, एकपादनृत्य।

piroutte[2] v.i. (एक ही स्थानपर) भ्रमण करना, चक्कर लगाना, घूमना; एकांगुष्ठनृत्य करना, एकपादनृत्य करना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

pis aller (F) अन्तिम शरण[F]।

piscary पिस्'कॅरि n. परमीनाधिकार, किसीके जलाशयमें मछलियाँ[F] पकड़ना; *common of* ~ मीन-क्षेत्र।

piscator ⊙ –केटॅर् n. मत्स्याखेटक, मछुवा, मछलीमार, मछेरा।

piscatorial –कॅटॉरिअॅल् a. मत्स्यवध-विषयक, मछुवा-गीरी[F]से सम्बन्धित।

piscatory –'कॅटॅरि a. मत्स्यवधप्रिय, मत्स्यवधासक्त, मछमारी[F]का आदी; मत्स्यवध-विषयक।

Pisces पि'सीज़् n. pl. (ज्यौ०) **मीन**[F], मत्स्य, मछलियाँ[F]; मीनराशि[F]; (जीव०) **मत्स्य वर्ग**, T.

pisciculture पिसिकल्'चॅरल् a. मत्स्यसंवर्द्धन-सम्बन्धी, मत्स्यपालन-विषयक।

pisciculture –'सिकल्चुअॅर् n. मत्स्यसंवर्द्धन, (जीव०) **मत्स्यपालन**।

pisciculturist पिसिकल्'चॅरिस्ट् n. मत्स्यसंवर्द्धक, मत्स्यपालक; मत्स्यपालनप्रिय।

piscina पिसी(साइ)'नॅ n. मत्स्यकुण्ड, मत्स्यसरोवर, मत्स्यसंवर्द्धनकुण्ड, मछली[F] पालनेका तालाब; प्राचीन रोमन स्नानकुण्ड; (गिरजेमें वेदी[F]की) पत्थरकी छिद्रिल टोकरी[F]।

piscine[1] पि'सिन्, पिसीन्' n. मीन-सरोवर; स्नान-सरोवर।

piscine[2] पि'साइन् a. मत्स्य-सम्बन्धी, मछली[F]का, मछलिया।

piscivorous पिसि'वॅरॅस् a. मत्स्याशन, मत्स्याद, मत्स्यभक्षी, (जीव०) **मत्स्याहारी, मत्स्यभोजी**, मत्स्यजीवी।

pise (L) पी'ज़े n. मिट्टी[F]का लोंदा (इति०) **गोंदा**, कड़ी मिट्टी[F] (जिसे रद्दोंके बीच दबाकर दीवार[F] बनाते हैं), गारा; पलस्तर; ~ house (इति०) **मिट्टी[F] का लोंदा**; ~ hut (इति०) **गोंदेकी झोपड़ी[F]**; ~ work (रेल०, यंत्र०) **दाब रंदा काम**।

pish[1] पिश्' v. i. फटकारना, धुतकारना, छी-छी करना, छिः-छिः करना, थू-थू करना।

pish[2] int. छी-छी, छिः-छिः, थू-थू, धिक्कार है इत्यादि।

pishogue पिशोग' n. मायाजाल, ऐन्द्रजालिकता[F], जादूगरनी[F]का जादू; इन्द्रजाल, माया[F], मन्त्र, जादू।

pisiform पाइ'सिफ़ॉर्म्, पि'ज़िफ़ार्म् a. चणकाकार, कलायरूप, मटर-सदृश, मटर[F]के आकारका; (जीव०) **वर्तुलिका[F]**; (चि०) पलाण्डुरूप, तुम्बाकार; ~ bone (चि०) **वर्तुलिका[F] अस्थि[F]**।

pismire पिस्'माअॅर् n. पिपीलिका[F], चींटी[F], चींटा, च्यूँटी[F]।

pisolite पि'ज़ॅलाइट्, पाइ'सॅलाइट् n. (भू०) **मटरी अश्म**, T.

piss[1] पिस्' n. मूत्र, मेह, मूत, पेशाब।

piss[2] v. i. & t. (अव अश्लील अर्थोंमें) लघुशंका[F] करना, मूतना, पेशाब करना, मेह-त्याग करना, (मूत्रके साथ) प्रमेहित करना, शक्कर[F] जाना; मूत्रमेहसे ग्रस्त होना; (रक्तमिश्रित) मूत्रत्याग करना; मूतसे खराब कर देना, पेशाबसे तर करना।

pistachio पिस्टे'शिओ, पिस्टे'शो, पिस्टे'चो n. (pl. -s) पिस्ता, पिस्तेका वृक्ष, पिस्तई रंग।

pistareen[1] पिस्टॅरीन्' n. पिस्टरीन (प्राचीन स्पेनी अधेली[F])।

pistareen[2] a. व्यर्थ, बेकार, बेमतलब, अण्ट-सण्ट, निकम्मा।

pistil पिस्'टिल् n. पुष्पयोनि[F], गर्भकेशर, स्त्रीकोश, गर्भकेसर (कृषि०, वन०) **स्त्रीकेसर**; ~ abortion (कृषि०) **स्त्रीकेसर अवर्धन**।

pistillar –लॅर् a. (वन०) गदावत, गदा-सदृश, गदाकृति, गदाकार, गदाके आकारका।

pistillary, pistillate –रि, –लॅट् n. (वन०) गर्भ-केसरीय, गर्भकेसरके सदृश, (कृषि०) **स्त्रीकेसरी** (~ *flower*), **मादा** (~ *plant*)।

pistilliferous, pistilline –लि'फ़ॅरॅस्, –'टिलिन् aa. गर्भकेसरीय, स्त्रीकोशीय, गर्भकेसर या पुष्पयोनि-सम्बन्धी।

pistillode पिस्'टिलोड n. (वन०) **वन्ध्य स्त्रीकेसर**।

pistol[1] पिस्'टॅल् n. तमंचा, पिस्तौल[F]; ~ butt **पिस्तौल[F]का कुण्डा; पिस्तौल[F]का बट**; ~-grip **पिस्तौल[F]का दस्ता**; तमंचेका दस्ता, पिस्तौल[F]की मुठिया[F]।

pistol[2] v.t. तमंचा मारना, पिस्तौल[F] मारना।

pistole पिस्टोल्' n. (इति०) पिस्तोल[F] (एक विदेशी स्वर्णमुद्रा[F], विशेष कर स्पेनकी मुद्रा[F] जिसका मूल्य लगभग १८ शिलिंगके बराबर होता है)।

pistoleer पिस्टॅलीअॅर्' n. तमंचाधारी, पिस्तौल-सज्जित, पिस्तौलवाला।

pistolet पिस्'टॅलेट् n. (प्रा०) = PISTOL & PISTOLE.

pistolgraph पिस्'टॅल्ग्राफ् n. आशुचित्रांकनयन्त्र; अंकन यन्त्रसे लिया गया चित्र।

piston पिस्'टॅन् n. मुषली[F], चकली[F], (भौ०) **पिस्टन**; (ढोल या तुरही[F] आदिका) ढक्कन; ~-rod मुशलीहस्त, चकली[F]का डण्डा, (कृषि०, यंत्र०) **पिस्टन दण्ड, पिस्टन रॉड**, पिस्टन-छड़, (पिचकारी[F]का) नल-दण्ड, बम्बेकी लाठ[F];

~ buffer, ~ clearance, ~ displacement, ~-head, ~ mechanism, ~ packing, ~ pin, ~ pump, ~ ring, ~ speed, ~ stroke, ~-type pump, ~ value, ~ valve.

pit[1] पिट्' n. (वन०, जीव०, चि०, कृषि०) **गर्त, गढ़ा**, गड्ढा; विवर, छिद्र, अवट, छेद, मोखा, सूराख; खाई[F], खन्दक, खोंडर, खोंधार, खड्ड (*chalk, gravel*, ~); क्षत-चिह्न, घावका निशान, (चि०) चेचकका चिह्न; (रंगशाला[F]में सामाजिकोंके बैठनेके लिए) आगेका सबसे निचला स्थान; खड्डेमें बैठे हुए लोग; (मोटरदौड़[F]में मोटरों[F]का) विश्राम-स्थान, पेट्रोल-प्राप्ति-स्थान; विनिमय-गृह ⊙ (*wheat*-~); पेट, नाभि[F], बगल[F]; ~ curing

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(जीव०) **गर्त संसाधन**; ~ fall गूढगर्त, गूढकूप, छन्नकूप, अन्धकूप, चोरगड्ढा; (ला०) अप्रत्याशित आपत्ति[F]; ~ man खान-श्रमिक, खान[F]के मजदूर; मशीन[F]का संयोजक-दण्ड ⊙; ~ pony खान[F]में प्रयुक्त टटटू; ~ prop (कोयलेकी खान[F]में) सहारेके लिए लगी हुई पहाड़ी लकड़ी[F] या टिम्बर[F]; the ~ नरक; *dig a ~ for* (ला०, किसीके लिए) गड्ढा खोदना, कुआँ खोदना, जाल बिछाना; *~ of the stomach* उदरार्द्ध, उदरगर्त, आमाशय-खात; कौड़ी प्रदेश;

~ canal, ~ cavity, ~ coal, ~ curing, ~ dwelling, ~field, ~ latrine, ~ membrane, ~ method, ~ ochre, ~-organ, ~ planting, ~ privy, ~ process, ~ saw, ~-sawer, ~ sawing, ~tomb.

pit[2] v.t. & i. गर्तमें रखना, गड्ढेमें रखना, खाँ[F] या खत्ती[F]में (शाक आदि, संग्रहार्थ) रखना; (कुत्तों आदिको लड़नेके लिए) मैदानमें छोड़ना, लुहाना; (ला०, किसी व्यक्तिको दूसरेके) मुकाबलेपर खड़ा करना, मिलाना, भिड़ाना, लड़ाना; गड्ढा खोदना; दाग बनाना, दागी करना; (निदान०, शरीरपर) चोट[F]के चिह्न बनाना, उपट आना, साँट पड़ जाना, दाग बन जाना।

pit-(a-)pat पिट्'-(अ-)पैट् n. थपथपाहट[F], धड़धड़ाहट[F], पड़पड़ाहट[F], धड़-धड़[F], धुक-धुक[F], धड़कन[F], पिट-पिट[F], धमाधम, डग-डग, हक-हक।

pit-(a-)pat[2] adv. धड़धड़ाते हुए, धुकधुकाते हुए, धड़कन[F]के साथ, पिटपिटाते हुए, डगडगाते हुए (*his heart went ~*)।

pitch[1] पिच्' n. निराल, यक्षधूप, सर्जरस, सर्वरस, धूना, राल[F], तारकोल, अलकतरा, डामल, (रसा०) **डामर**; T.; ~ black अति कृष्ण, घनश्याम, घोर काला, गहरा काला; ~-cap राली या तारकोली टोपी[F]; ~darkness निबिड़ तम, गहन तिमिर, सूचिभेद्य अन्धकार, घुप अन्धेरा; ~-pine तिन्दु वृक्ष, निराल तरु, देवदारु वृक्ष, सर्जरस तरु, (यंत्र०) **चीड़**, चीड़का पेड़; ~ stone लावा; (राल-सदृश) चट्टान[F]; प्राचीन ज्वालामुखी, (भू०) T.

pitch[2] v.t. राल[F] पोतना, तारकोल चुपड़ना, धूना मलना, राल[F]का अंजन करना।

pitch[3] n. (यंत्र०) **चूड़ी-अन्तराल, अन्तराल, ढाल[F], तारता[F]**; गोता, डुबकी[F]; फेंक[F], उछाल[F], मार[F], पिच[F]; उड़ान[F] (*fly a high ~*); दोलन; (प्रा० भू०) **आनति[F], ढाल[F]**; (प्रदर्शनार्थ) वस्तुओं[F]की मात्रा[F]; झोंपड़ी[F]; डेरा, पड़ाव, तम्बू; शिखर, कोटि[F], काष्ठा[F], चढ़ाव, ऊँचाई[F]; परिमाण, मात्रा[F]; श्रेणी, कक्षा[F], दरजा; (क्रिकेट) धावस्थली[F], (स्थिति वि०) **सूत्रांतर**; (चि०, मौ०, नौवि०,) **तारत्व**; (संगीत) तारस्वर; **स्वराघात, स्वरमान**, उदात्त-स्वर; ढाल[F], ढलवाँपन; (यन्त्र, मशीन[F]के) दाँतों आदिके बीचका गढ़ा, दनदानोंकी कोर[F]; (मौ०) **चूड़ी-अन्तर, चूड़ी[F]**; ~ of time **अक्षरका आयाम**; ~of a screw (गणि०) **पेचका सूत्रान्तर**; (मौ०) **पेंचका चूड़ी अन्तर, चूड़ी[F]**; ~ of fold (भू०) **वलन आनति[F]**; ~ of propelier (परि०) **पंखेका अन्तराल, पंखेका पेचकोण, पंखेकी पेचदूरी[F]**; ~ of rivets (परि०) **रिवेट-दूरी[F]**; ~ of sound **ध्वनि-तारत्व**; ~ ratio (परि०) **पेचदूरी अनुपात**; ~ setting (वैमा०) **पेचदूरी-विन्यास**; ~-pipe तारवंशी[F], उदात्तस्वर-वंशी[F]; ~-wheel दाँतेदार चाक, दनदानेदार पहिया; *fly a high ~* चरम ऊँचाई[F] तक उड़ान[F] भरना, पराकाष्ठा[F] तक उड़ना।

pitch[4] v.t. & i. (शिविर, कुटी[F] इत्यादि) रचना, निर्मित करना, खड़ा करना, बनाना; (निर०) शिविर स्थापित करना, पड़ाव डालना, खेमा गाड़ना; (किसी पौधे या वस्तु[F]को) व्यवस्थित रूपसे रखना, सँवारकर रखना, सजाकर बैठाना; विन्यस्त करना, निविष्ट करना, आरोपित करना; (प्रदर्शनी[F]में) वस्तुएँ रखना; (मार्गपर पत्थरोंको) बिजड़ित करना, जड़ना, बिछाना, जमाना; (संगीत) स्वरसाधना, सुर बाँधना; (ला० विशेष शैली[F]में) अभिव्यक्त करना; प्रक्षिप्त करना, फेंकना; निपातन करना, गिराना; वर्णन करना, बयान करना, कहना; (गॉल्फमें गेंद[F]को) फेंकना, पिलाना; धमाकेके साथ गिरना, मुँहभार गिरना, ढाढ़ा गिरना; (जहाजका) लम्बाकार डूबना, डुबकी[F] लगाना, गोता लगाना; ~-&-toss गोली[F]का खेल, पिलावनी[F]का खेल; ~ *into* (बोल०) रुचिपूर्वक कार्यरत होना, शौकसे कार्यरत होना, लगन[F]से काममें जुट जाना; आघात करना, तड़ातड़ मारना; भयानक आक्रमण करना; गालियों[F]की बौछार[F] करना; ~ *upon* अकस्मात् पा जाना, संयोगसे चुन लेना; ~ *wickets* विकेट लगाना, गाड़ना।

pitched ⊙ पिच्ड' a. व्यूढ़, जमा हुआ, (यंत्र०) **ढलवाँ** (~ *roof*), डटकर लड़ा हुआ (~ *battle*)।

pitcher[1] –'चॅर् n. = JUG ⊙; पुत्रग्रीव, घटी[F], कुम्भ, घट, कलश, गगरी[F], मटका, सुराही[F], झज्झर ⊙; (वन०) कलशपर्ण, कलशपत्र, शोधित पत्ती[F], सुराही-सदृश पत्ती[F]; ~-plant (वन०) **घटपर्णी**, कलशवृक्ष, कलशपादप; *little ~s have long ears* बच्चोंको कानका चस्का होता है।

pitcher[2] n. (PITCH[2] के क्रियात्मक अर्थोंमें); गेंद[F] मारनेवाला; खोमचेवाला, फेरीवाला, बिसाती; पत्थरका गुम्मा, बिछाऊ पत्थर।

pitchforck पिच'फ़ॉर्क्' n. पंजा, काँटा।

pitchiness पि'चिनिॅस् n. निरालवत्कृष्णता[F], तारकोलपन, कालापन; राल-मिश्रता[F]।

pitching पि'चिंग् n. (वैमा०) **उपनिचान**; (परि०) **दोलन**; (यंत्र०) **पत्थर लगाना**, पत्थर बिछाना; ~ piece **रोधपट्ट, रोक, तख्ती**, ~ fold (भू०) **आनत वलन**; ~ moment (वैमा०) **उपनिचान क्षण, पिचका समय**; ~ stone (परि०) जुड़ाई[F] या पटाई[F]का **पत्थर**।

pitchy पि'चि a. तारकोलवतकृष्ण, तारकोल-सदृश, काला; राल-विषयक, रालवाला, राल[F]का।

piteous पि'टिॅअस् a. दयनीय, अनुकम्प्य, चिन्त्य, दीन,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शोचनीय, करुण, करुणा योग्य, दर्दभरा, तरसF करने योग्य, रहमF करने लायक; क्षुद्र, तुच्छ।

piteousness –नॅस् n. दयनीयताF, अनुकम्प्यताF, चिन्त्यताF, दीनताF, दैन्य, करुणाF।

pith[1] पिथ् n. मध्यक, वाह्यक, मज्जक, (वन०); **मज्जाF**, रस; गर्भ; गाभा, गूदा; पृष्ठरज्जुF, सुषुम्नाF, मेरुनाड़ीF, रीढ़तन्तु; (ला०) सत्व, तत्त्व, सार, सारांश, निचोड़, (प्रायः ~ & *marrow*); विशोधित तत्त्व, महत्त्वपूर्ण अंश; सत्त्व, शक्तिF, उत्साह, शौर्य, बल, पराक्रम, विक्रम, ज़ोर, ताक़तF; T.

pith[2] v.t. (चि०) मेरुशीर्षच्छेदन, मस्तिष्कभेदन करना; पृष्ठरज्जुवेधन करना, अपवेधन करना, (पशुकी) नसेंF काट-कर वध करना।

pithecanthrope पिथिकैन्'थ्रोप् n. कपिमानव, नर-वानर, नरमर्कट, मानवकपि; बन्दर और मानवके बीचकी स्थितिF।

pithecoid पिथी'काएॅड् a. कपिवत् (ज्यौ०, इति०) **वानराभ**, T. वानर-सदृश, वनमानुष-जैसा।

pithiness पि'थिनॅस् n. मज्जकबहुलताF, मज्जापूर्णताF; तेजस्विताF, शौर्य, सत्वपूर्णताF, ससत्त्वताF, सारवत्ताF; वीर्यवत्ताF; गूढ़ताF, गहनताF, प्रगाढ़ताF।

pithing पि'थिंग् n. (चि०) **मस्तिष्क-भेदन**, मेरु-शीर्षच्छेदन, मेरुदण्ड कशेरुका सलाईसे वेधन करके; अप-वेधन, पृष्ठरज्जुवेधन।

pithless पिथ्'लॅस् a. मध्यकहीन, वाह्यकविहीन, मज्जक-रहित, मज्जा-रहित, सारविहीन, गर्भहीन, बिना गाभेका, बिना गूदेका; सुषुम्ना-रहित, मेरुनाड़ीविहीन, रीढ़तन्तुविहीन; (ला०) सत्वहीन, तत्वविहीन, असार, सारविहीन, बिरस; शौर्यहीन, बलहीन, पराक्रमहीन, बेज़ोर, बेताक़त।

pithy –थि a. मज्जकबहुल, गूदेदार; तेजस्वी, सत्त्वपूर्ण, ससार, ससत्व, सारवान्, सरस, वीर्यवान, सारगर्भित, अर्थगर्भित, गूढ़, गहन, प्रगाढ़।

pitiable पि'टिॲबॅल् a. करुण, मर्मभेदी; दीन, शूर; अनुकम्प्य, दयापात्र, कारुणिक, करुणाजनक, दयनीय, दयायोग्य, कृपापात्र।

pitiableness –नॅस् n. करुणताF, कारुण्य, दैन्य, मर्मभेद; दीनताF, अनुकम्प्यताF, कारुणिकताF, करुणा-जनकताF, दयनीयताF, दयापात्रताF।

pitiful –टिफुल् a. करुणार्द्र, करुणामय, सानुकम्प, दयालु, कृपालु, करुणानिधि, दयानिधि, दीनबन्धु, दीनवत्सल, दयावान्, सहृदय; (वस्तुF आदि) करुण, दयनीय, शोच-नीय, दीन; हेय, जुगुप्स्य, घृण्य, घृणास्पद।

pitifulness –नॅस् n. कारुण्य, करुणार्द्रताF, करुणामयताF, सानुकम्पत्व, दयालुताF, कृपालुताF, करुणा-निधित्व, दीनबन्धुताF, दीनवत्सलताF, दयावत्ताF, सहृ-दयताF; करुणाF, दयनीयताF।

pitiless –टिलॅस् a. निरनुक्रोश, निष्ठुर, निर्मम, निर्दय, दयाहीन, निर्घृण, क्रूर, अकरुण, कठोर, कृपाहीन, बेदर्द।

pitilessness –नॅस् n. निरनुक्रोशताF, निष्ठुरताF, निर्ममताF, निर्दयताF, निर्घृणताF, क्रूरताF, अकरुणाF, कठोरताF, कृपाहीनताF, दयाहीनताF, बेरहमीF।

pittance –पि'टॅन्स् n. (इति०) धर्मार्थदान, सदाव्रत, सदावरत, (विशे० मन्दिरों इत्यादिके लिए); क्षुद्र दान, क्षुद्र वेतन, उपवेतन, अधिदेय, भक्तक, भत्ता; परितोषण, पारितोषिक, पारिश्रमिक; मजदूरीF, दो रोटीF, चबेना, चार चुटकीF आयF; अल्पांश, अल्पराशिF, अल्प-संख्याF।

pitted पि'टिड् a. सगर्त, गर्तमय, गर्तयुक्त, छोटे-छोटे गड्ढोंवाला, ऊबड़खाबड़, खुरदरा।

pitting –टिंग् n. गर्त्त बनना, **गर्त्तन**, **गर्त्त बनाना**, गड्ढे बनाना; (चि०) मलगर्तन, **मल गाड़ना**, (परि०) **गड्ढा पड़ना**; (यंत्र०) **फुटटीF पड़ना**; ~ of the barrel **नालमें गड्ढे पड़ना**; ~ on pressure (चि०) पीड़न निम्नताF।

pituite पि'ट्यूइट् n. पिटवादी, राजनीतिज्ञ विलियम पिटका अनुयायी।

pituitary पिट्यू'इटॅरि a. श्लेष्मीय, श्लेष्मा-विषयक, कफ-सम्बन्धी, बलगमी, खाँसीF का, नजलेका, दमेका (चि०, कृषि०) **पिट्यूटरी**; ~ body (चि०) **पीयूषिकाF पिण्ड**; **पीयूषिकाF**; (जीव०), **पिट्यूटरी काय**; ~ gland (चि०) पीयूष ग्रन्थिF, पीयूषिकाF; ~ fossa, ~ pouch.

pituite –'ट्यूइट् n. श्लेष्म, कफ, बलगम।

pity[1] पि'टि n. (दर्श०) **दयाF**, कृपाF, (दर्श०) **करुणाF**, अनुकम्पाF, अनुग्रह, सहृदयताF, वात्सल्य, सहानुभूतिF, तरस, रहम, हमदर्दीF; खेद-विषय, दुःखप्रसंग, व्यथाF का कारण, शोकप्रसंग, शोक-विषय; *for ~'s sake* कृपया, दयाF करके, ईश्वरके लिए; *it is* or *was ~ of them* (प्रा०) लोगोंको उनपर तरसF आता है (या था); *more's the ~* यह तो और भी खेदका विषय है; *take ~ on* दयाF करो, रहमF करो।

pity[2] v.t. दयाF करना, कृपाF करना, करुणाF करना, अनुग्रह करना, सहृदयताF दिखाना, वात्सल्य प्रकट करना, सहानुभूतिF दिखाना, तरसF खाना।

pityriasis पिटिराइ'ॲसिस् n. (निदान) सिध्म, एक त्वचा रोग।

pivot[1] पि'वॅट् n. धुराग्र; (चि०) विवर्तिकाF, विवर्तनीF, विवर्तन, अक्ष, धुरीF, चूल, कीलीF, (गति०) कीलक, केन्द्रकीलक; (सेना०) शीर्षस्थ सैनिक, विवर्तन-सन्धिस्थ सैनिक; (ला०) केन्द्रविन्दु, मध्यविन्दु, आधार-विन्दु, प्रधान आधार, मौलिक या मूलभूत समस्याF: T. method **अभ्यास-पद्धतिF**;

~ flack, ~ guide, ~ method, ~ point, ~ rod, ~ ship, ~ support.

pivot[2] v.t. & i. विवर्तनीयुक्त करना, अक्ष लगाना, चूल लगाना, धुरीF लगाना; कब्जे या चूलपर घूमना; (ला०) विवर्तित होना, चक्कर काटना।

pivotal –टॅल a. धुराग्रीय; विवर्तनीय, अक्षीय, (गति वि०) कीलकीय, चूलीवाला; (राज०) **निर्णायक**, (~

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

state); केन्द्रीय, आधारविन्दु-सम्बन्धी।

pivoted –टिॅड् a. **धुराग्रत्व; कीलकित,** (~ *magnet*), सकील, (यंत्र०) **कीलित,** चूलदार, धुरी-सहित।

pivoter –टॅर् n. विवर्त्तनीकार, कब्जा या धुरी[F] बनाकर लगानेवाला।

pivoting –टिंग् n. (मशीनों[F] या यन्त्रोंमें) धुरी[F]का काम; ~ arm **घूमनेवाला भुज**।

pix पिक्स n. पेटिका[F], सन्दूक, सन्दूकची[F], पेटी[F]; (चि०) डामर।

pixilated ⊙ a. सनकी, झक्की।

pixy, -xie पिक्'सि, -क्'सि n. गन्धर्व-पत्नी[F], अप्सरा[F], परी[F]; अप्सरा[F] या परी-जैसा कोई प्राणी।

pizzicato पिट सि'काटो a. अँगुलिवादित, अँगुलि-प्रताडित, अँगुलिचित, अँगुलियों[F]से चुना हुआ, अँगुलियों[F] से तोड़ा हुआ।

pizzle पि'ज़ॅल् n. पशु-शिश्न, पशु-लिंग।

Pkg. package.

Pkt. Packet; Prakrit.

pl. place; plate; plural.

P.L. Permanent Lease; Personal Ledger; Poet Laureate; Primrose League; Privilege Leave; Prospecting Licence.

P.L.A. Profit and Loss Account.

placability प्लेकॅबि'लिटि n. प्रसादनीयता[F], आराध्यता[F], आशुतुष्टि[F], सरलता[F], विनम्रता[F], मृदुभाव, क्षमाशीलता[F]।

placable –'कॅबॅल् a. प्रसाद्य, आराध्य, आशुतोष्य, सान्त्वनीय, सरल, विनम्र, मृदुभाव, क्षमाशील, मनाने योग्य, नरम।

placableness –निॅस् n. = PLACABILITY.

placard[1] प्लै'कार्ड् n. फलक, फट्टा, घोषणापत्र, प्लेकार्ड; विज्ञप्ति[F], हस्तविज्ञप्ति[F], विज्ञापन-पत्र, ख्यापन-पत्र, इश्तिहार, पोस्टर।

placard[2] v.t. विज्ञप्ति[F] चिपकाना, पर्चा बाँटना, पोस्टर लगाना।

placate[1] प्लॅकेट्', प्ले (प्ले) केट v.t. सन्तुष्ट करना, प्रसन्न करना, सान्त्वना[F] देना, सन्धि[F] करना, आश्वासन देना, विश्वस्त करना, तसल्ली[F] देना, सहमत करना, राजी करना; (अब विशे० सं० रा० सं० में) विपक्षी या विरोधीको मनाना, आराधना करना।

placation प्लॅ'केशॅन् n. प्रसादन, प्रार्थना[F], विनय[F], आराधना[F], सान्त्वना[F], अनुनय[F]।

place[1]* प्लेस्' n. **स्थान***, स्थल, प्रदेश, भूमि[F], ठाँव, ठाम, थान, जगह[F], ठिकाना, मुकाम; शाला[F], मन्दिर, आवास, निवास, आलय, भवन, गृह, घर, बस्ती[F], मकान; (पुस्तक[F] आदिका) अंश, भाग, अवतरण; श्रेणी[F], पद, पदवी[F], पंक्ति[F], क्रम, विभाग, दरजा; गौरव, महत्त्व; (दौड़) सिद्धावस्था[F], सिद्धि[F]की स्थिति[F]; दशा[F], स्थिति[F], अवस्था[F]; उचित स्थान, अवकाश, अवसर, प्रसंग, प्रकरण, गुंजाइश[F]; पीठ[F], आसन, सीट[F]; कर्तव्य, कार्य (*it is not my ~ to inquire into that*); ~ brick (पजावेमें हवा[F]के रुखमें रखे जानेके कारण) जली हुई ईंट[F]; ~ (-kick) (फुटबाल) प्लेसकिक; ~ learning (शिक्षा०) **स्थानाधिगम,** ~ man राजकर्मचारी, राजसेवक, सरकारी नौकर; ~-name स्थान-नाम, भौगोलिक स्थानका नाम; ~ of articulation उच्चारण-स्थान; ~ utility (अर्थ०) **स्थानमूलक तुष्टिगुण;** *another* ~ सामन्त सभा[F], हाउस आफ़ लार्ड्स; *give* ~ *to* स्थान देना, जगह[F] करना, जगह[F] बनाना, समाई[F] बनाना, गुंजाइश[F] निकालना; *in* ~ उचित, उपयुक्त, संगत, समयानुरूप, ठीक जँचता हुआ; *in* ~ *of* के स्थानपर, की जगह[F]पर, के बजाय, के बदले; *out of* ~ अनुचित, असंगत, प्रसंगतर, स्थानच्युत, अप्रासंगिक, बेमौका; *take* ~ घटित होना, घट जाना, होना, *take the* ~ *of* किसीका स्थान लेना, किसीकी पदपूर्ति[F] करना।

place[2] v.t. स्थापन करना, स्थित करना, रखना, धरना, लगाना; व्यवस्थित करना, ठिकाने करना, करीनेसे रखना, जमाना, बिठाना; पदारूढ़ करना, नियुक्त करना, नियत करना, तैनात करना, रोजी[F] दिलाना, रोटी[F] लगाना; विनियोग करना, विनियोजन करना, व्यवसायमें लगाना, फँसाना; विक्रय करना, निकाल देना, बेच डालना, फरोख्त करना; आदेश देना, आर्डर देना; (किसीपर, विश्वास) आश्रित करना, टिकाना; स्मरण करना, पहचानना; मस्तिष्कमें आना, याद[F] आना, दिमागमें चढ़ना; श्रेणीकरण करना, वर्गीकरण करना; (दौड़[F]में प्रायः प्रथम तीन घोड़ों या दौड़नेवालोंकी) स्थिति[F]का निश्चय करना; *be* ~ *d* (दौड़[F]में) प्रथम तीन घोड़ोंमें होना।

placebo प्लॅसी'बो n. (pl. *-s, -es,*) मृतकार्थ प्रार्थना[F], मृतकके लिए प्रार्थना[F]; (प्रा०) अत्यनुरोधी, पिशुन, चुगलखोर; (रोगीको प्रसन्न करनेके लिए दी जाने वाली) निर्गुण ओषधि[F], निरर्थक दवा[F]।

placement प्लेस्'मॅन्ट् n. श्रेणीकरण, वर्गीकरण, स्थापना; (राज०) **आसन-व्यवस्था[F];** (श्रम०) **काम देना, नौकरी[F] दिलाना**।

placenta प्लॅसे॑न्'टॅ n. (pl. *-ae*) अपरा[F], (वन०) **जरायु[F], जरायुनाल, गर्भनाल,** (चि०) **गर्भकमल,** अपरा, गर्भपोष, नाल, नारा, खेड़ी[F], (श० र० शा०) जेर, आँवल[F], आँवर[F], (वन०) जरायु, बीजाण्डाधार, पुष्पकेसर; ~ proevia (चि०) सम्मुखी अपरा[F]।

placental –टॅल् a. गर्भपोषीय, गर्भ नालीय, नारा-विषयक, जरायवीय, जरायुज; अपरा[F], अपरा-विषयक; ~ cord (चि०) नाभिनाल, नाभिरज्जु[F]।

placentalia प्लैसे॑न्टे'लिअॅ n. (चि०) सस्तनवर्ग, जरायुज प्राणी वर्ग।

placentation –टे'शॅन् n. (वन०) **जरायुन्यास,** बन्धनपद्धति, (चि०) अपराविकास, अपरीभवन।

placentiform –टिफ़ार्म् a. जरायुवत्, जरायु-सदृश, जरायुआकृति, जरायु-आकार, जरायु-जैसा।

placentitis –टाइ'टिस् n. (चि०) अपराशोथ; जरायु-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दाह, जरायु-प्रदाह, जरायु-शोथ, (चि०) अपरावत, अपरासदृश; जरायुकी सूजन।

placer प्ले(प्लै)'सॅर् n. रेती^{F}, रेत, वजरी^{F}; रखनेवाला।

placet प्ले'सेॅट् n. अनुज्ञा^{F}, अभ्यनुज्ञा^{F}, स्वीकृति^{F}, अनुमति^{F}, आज्ञा^{F}; मत, वोट^{F}।

placid प्लै'सिड् a. शान्त, सम, मृदु, विनम्र, कोमल, मधुर; उदात्त, उदार; निराकुल, अनुद्विग्न, जितक्रोध, अक्षुब्ध, धीर, शान्तात्मा, प्रसन्नचित्त, गम्भीर, गहन, गूढ़, संजीदा।

placidity प्लॅसि'डिटि n. शान्ति^{F}, मृदुता^{F}, विनम्रता^{F}, कोमलता^{F}, मधुरता^{F}; उदात्तता^{F}, उदारता^{F}; असंभ्रम, अक्रोध, अक्षुब्धता^{F}, प्रसन्नचित्तता^{F}, धैर्य, धीरता^{F}, निराकुलता^{F}, अनुद्विग्नता^{F}, जितक्रोधत्व।

placidness प्लै'सिड्-निॅस् n. = PLACIDITY.

placing प्ले'सिंग् n. विन्यास, न्यास, बाँधना; (अर्थ०) **नौकरी^{F} दिलाना**।

plack प्लैक् n. (स्काट०) प्राचीन फार्दिंग या पैसा; *not worth a* ~ बेकार।

placket प्लै'किॅट् n. जेब, खीसा, खलीता; ~-hole जेबका मुँह।

placoderm प्लै'कॅडर्म् n. स्थाल्याकार गत्स्य, चौड़ी गोल मछली^{F}; अनेकभित्ति मत्स्य।

placoid –काॅएॅड् a. स्थाल्याकृति, स्थाल्याकार, स्थालीवत्, पट्टाकार, थाली^{F}के आकारका, प्लेटके आकारका; ~ scale (जीव०) **दन्ताभ शल्क, पट्टिल शल्क**; ~ tooth (जीव०) **पट्टिल दन्त**।

plafond (F) प्ले'फान्' n. अलंकृत अन्तश्छद, आभूषित छत^{F}, सजी हुई छत^{F}; ब्रिज-जैसा एक खेल; चित्रित छत^{F}।

plagate प्ले'गॅट् a. शबलपट्टिकीयित, चित्र-विचित्र पट्टियों^{F}से युक्त, रँग-विरंगी पट्टीवाला।

plage प्लाज़् n. वेला-प्रमोद-स्थल, समुद्रतटीय आमोद-स्थान।

plagiarism प्ले'जियॅरिज़्म् n. वागपहार, शब्दचौर्य, साहित्यापहरण, भावचौर्य, (का०) **साहित्यिक चोरी^{F}**।

plagiarist –रिस्ट् n. वागपहारी, शब्दचोर, साहित्यचोर।

plagiarize –राइज़् v.t. वागपहरण करना, शब्दचोरी^{F} करना, साहित्यचोरी^{F} करना।

plagiary –रि n. = PLAGIARISM & PLAGIARIST.

plagio- वक्र-, परोक्ष- (~*cephalic*, ~*stome*, ~*tropism*)।

plagiostomous प्लैजिऑस्'टॅमॅस् a. शार्कप्रजातीय, शार्क मछली^{F}की जाति^{F}से सम्बन्धित (~*fish.*)।

plague[1] प्लेग् n. क्लेश, दुःख, विपत्ति^{F}, विपदा^{F}, आपदा^{F}, आफत^{F}; (बोल०) अरिष्ट, कण्टक, शल्य, उपद्रव, बाधा^{F}, उत्पात, तकलीफ^{F}, मुसीबत^{F}; (चि०) (पिस्सूके दंशसे फैलनेवाली घातक) महामारी^{F}, मारी^{F}, (चि०) **प्लेग, ताऊन**; ~-pit महामारी^{F}के मारोंकी साधारण कब्र^{F}; ~ sore महामारी-व्रण, प्लेगका फोड़ा; ~-spot महामारी-अंग, जहाँ प्लेगकी गिल्टी^{F} निकली हो, ~*on it* ! etc. (शापके रूपमें) इसे महामारी^{F} खाये, इसका नाश हो, सत्यानास !;

~ bacillus, ~ camp, ~ case, ~ commission, ~ duty, ~ epidemics, ~ free, ~ huts, ~-infected area, ~-infected rat, ~ inoculation duty, ~ measures, ~ officer, ~ operations, ~ policy, ~ preventive measures, ~ prophylactic, ~ refugee, ~rules, ~ season, ~ staff, ~-stricken rat, ~vaccine.

plague[2] v.t. क्लेश देना, दुःख देना; महामारी^{F}से ग्रस्त करना, प्लेग या ताऊनसे पीड़ित करना, रोग फैलाना।

plaguesome –'सॅम् a. (बोल०) त्रासक, अत्याचारी, उत्पीड़क, परेशान करनेवाला, तंग करनेवाला, सतानेवाला।

plaguing –गिंग् a. बाधक, पीड़क, क्लेशद।

plaguy[1] –गि a. क्लेशद, त्रासक, दुःखदायी, सतानेवाला; अत्यधिक, आवश्यकतासे अधिक।

plaguy[2] adv (बोल०) उत्पीड़नपूर्वक; अतिपूर्वक, अति^{F} करते हुए, आवश्यकता^{F}से अधिक, अत्यन्त (*was ~glad to get back again*)।

plaice प्लेस्' n. चिपिटिका^{F}, (एक यूरोपीय चपटी मछली^{F})।

plaid प्ले(ले)ड' n. पट्टू, (एक प्रकारका ऊनी चारखाना), हाईलैण्डवालोंका एक पहनावा।

plaided –'डिॅड् a. पट्टूदार, चारखानेदार।

plaiding –डिंग् n. मजबूत ऊनी कपड़ा।

plain[1] प्लेन्' n. प्रस्थ, समभूमि^{F}, समभू^{F}, (भू०) **भूमि^{F}, मैदान**, चौरस मैदान, चौरस जगह^{F}।

plain[2] v.i. (प्रा० का०) दुःख करना, खेद प्रकट करना, क्रन्दन करना, विलाप करना, रोना-धोना; परिदेवन करना, परिवाद करना, शिकायत^{F} करना; अभियोग प्रस्तुत करना; विलापध्वनि^{F} करना, मातमी आवाज^{F} निकालना, विलापकी रीति^{F}से शब्द करना, हाय-हाय मचाना, कराहना।

plain[3] a. व्यक्त, स्पष्ट, स्पष्टार्थ, सुबोध (~*language*), प्रांजल, प्रकट, सीधा, **सादा**, साफ, उघड़ा हुआ; सरल, सामान्य, साधारण; अव्यंजन, अनलंकृत, अरंजित, निरंक, बेरंग; सात्विक, विलासिताहीन; निर्व्याज, स्पष्टवादी, स्पष्टवक्ता, सच्चा; शुद्ध, (रसा०) **निर्दोष**, अकपट, निष्कपट, कपटहीन, निश्छल, ऋजु, अकुटिल, सादा, भोला; सदाचारी; सम, सपाट; अमुद्रित; ~ clothes नागरिक वेश, सादा पहनावा; ~cooking साधारण भोजन बनाना; ~dealing सरल व्यवहार, निष्कपट या निश्छल व्यवहार, खरा सौदा; ~sailing सरलपोत-चालन, सीधे मार्गपर जहाजका चलाना; (ला०) सरल मार्ग, सीधा रास्ता, आसान रास्ता; ~style सुबोध शैली^{F};

~ alidade, ~ bearing, ~-bodied, ~ bowtell, ~-bred, ~brow wren, ~chamfer, ~chant, ~-clothed, ~-cold-rolled

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

coldannealed, ~-coloured, ~-darning, ~-edged, ~-faced, ~-featured, ~flap, ~-garbed, ~-headed, ~-hearted, ~ housing, ~label, ~language, ~-looking, ~-mannered, ~muscle, ~paper, ~pile rug, ~-pranked, ~prophylactic, ~scale, ~ sedimentation, ~ sheet, ~ sman, ~-soled, ~song, ~speaking, ~spirit, ~spoken, ~-spokenness, ~suit, ~tail, ~tiles, ~tract, ~vaccines, ~water, ~words, ~work.

plain[4] adv. स्पष्टतः, स्पष्ट, स्फुट, व्यक्त, साफ-साफ।

plainant प्ले'नॅन्ट् n. वादी।

plaindress प्लेन्'ड्रे॒स् n. **शीर्षपता-सन्देश**, सिरनामा-सन्देश।

plainness प्लेन्'निस् n. भूषणाभाव, अनलंकृतता[F]; व्यक्तता[F], सुबोधता[F], विशदता[F], स्पष्टता[F], सुगमता[F], प्राकाश्य; निर्व्याजता[F], अव्याज, निष्कपटता[F], सरलता[F], अकुटिलता[F]; समता[F], सादगी[F], सीधापन, सिधाई[F]; आर्जव, दाक्षिण्य।

plaint प्लेन्ट् n. अभिवाचन, अभियोग, पूर्वपक्ष, परिवाद, नालिश[F]; प्रतिकथन, प्रत्युत्तर, उत्तर; वाद, अभियोग पत्र, (का०) **वादपत्र**, साध्यनिवेदन पत्र, परिदेवन, शिकायत[F], फरियाद[F]; कथन, वक्तव्य; शोक।

plaintiff –टिफ़् n. **वादी**, अभ्यर्थी, कार्यार्थी, अभियोगी, परिवादी, दावेदार, मुद्दई।

plaintive प्लेन्'टिव् a. सकरुण, शोकावह, शोकसूचक, शोकाकुल, विलापकारक, दुःखात्मक, परिदेवी, शिकायती, उदास।

plaintiveness –नि॒स् n. सकरुणता[F], शोकावहता[F], शोकसूचकता[F], विलापकारकता[F], दुःखात्मकता[F], शोकाकुलता[F], दीनता[F]।

plaintless प्लेन्ट्'लि॒स् a. निरभियोग, अभियोगरहित, शिकायतरहित।

plaister प्लास्'टॅर n. (चि०) = PLASTER.

plait[1] प्लैट्' n. ऊर्मि[F], तह[F], चुनन[F], शिकन[F], चीन[F], क्रीज[F]।

plait[2] v.t. ऊर्मिल करना, तह[F] डालना, चुनन[F] डालना, चुनना, शिकन[F] डालना।

plait[3] n. वेणी[F], चोटी[F], चुटिया[F], गुच्छा, लच्छा।

plait[4] v.t. वेणी[F] गूँथना, चोटी[F] गूँथना, चोटी[F] करना; घास[F] बटना, डोरा या फीता बटना, बुनना।

plaited –टि॒ड् a. वेणीयुक्त, गुथा हुआ (*~hair*); वलित, सोर्मि, चुन्नटवाला (*~paper*)।

plan[1] प्लैन्' n. **योजना[F]**, (अर्थ०) **आयोजना[F]**, **पूर्वायोजन**, अधियोजना[F], परियोजना[F]; **मापचित्र**, **योजनाचित्र**, रेखाचित्र, **रेखाकृति[F]**, **आलेख**, **मानचित्र**, नक्शा; **अनुप्रस्थिका[F]**; अनुविक्षेप; आकृति[F], खाका, ढाँचा; समयसारिणी[F], अनुक्रम; कार्यक्रम, **विन्यास**; युक्ति[F], उपाय, व्यवस्था[F], विधि[F], डौल, तरकीब[F], मनसूबा, इरादा; (गणि०) **अनुविक्षेप**, विक्षेपण, परिक्षेपण, प्रक्षेपण, प्रकल्पना[F], परिकल्पना[F], रूप विधान, रूपरेखा[F]; कार्य-पद्धति[F], कार्यप्रणाली[F], तरीका; T. cut & dried ~ **बँधी टँकी आयोजना[F]**।

plan[2] v.t. & i. योजना[F] बनाना, अधियोजना[F] बनाना; परियोजना[F] बनाना; रेखाचित्र बनाना, मानचित्र बनाना; अनुविक्षेपण करना, आकृति[F] बनाना, ढाँचा तैयार करना; युक्ति[F] करना, उपाय करना इत्यादि; *~to go* ⊙ जानेकी आशा[F] है।

planar प्ले'नॅर् a. तलीय, तल-विषयक, तल-सम्बन्धी, तलका; सम, समतल; ~structure **तल-रचना[F]**।

planched प्लैन्च्ड् a. फलकाच्छादित, काष्ठफलकावृत्त, काष्ठफलकपाटित, लकड़ी[F]के तख्तेसे ढँका हुआ।

planchet प्लैन्'शि॒ट् n. मुद्रा-धातु[F], सिक्केकी धातु[F], टंकण धातु[F]।

planchette प्लैन्शे॒ट् n. भविष्यफलक (एक स्वचालित यन्त्र-विशेष), प्लैन्शेट।

plane[1] प्लेन्' n. (प्लैटेनस प्रजाति[F]का एक विशाल वृक्ष), चनार, प्लेन; ~-tree चनार वृक्ष।

plane[2] n. समित्र, त्वक्षणी[F], तक्षणी[F], (यन्त्र०) **रन्दा**; धातु-तक्षणी[F]।

plane[3] v.t त्वक्षणन करना, रन्दा करना, (रन्दा करके) चिकनाना, रन्दना, रन्देसे छीलना; (प्रा०) सम करना, चौरस करना, बराबर करना, साफ करना, सपाट करना, हमवार करना (*~the way*)।

plane[4] n. भूमि[F]; भूमिका[F], समक्षेत्र, सपाट भूमि[F], चौरस भूमि[F], (गणि०) **समतल**, हमवार सतह[F]; पटला, फलक, पटरा; कोई चपटी सूक्ष्म वस्तु[F]; (व्यो०) विमान, वायुयान, हवाई जहाज; (स्फटिक या बिल्लौरका) प्रतिपार्श्व पहलू; मुख्य मार्ग; (ला०, विचार या ज्ञानका) धरातल, कोटि[F], श्रेणी[F], स्थिति[F], अवस्था[F], कक्षा[F], दर्जा।

plane[5] v.i. (विमानमें) भ्रमण करना, यात्रा[F] करना, सफर करना।

plane[6]* a. (निर्दे० ज्या०, घ० ज्या०) **समतल**, पूर्ण समतल, सम, सपाट, चौरस*; (कोण, क्षेत्र आदि) समस्थ, समतलीय, समधरातलीय; ~ chart समतल लेखाचित्र; ~of cleavage (यन्त्र०) **दारणतल**; ~ polarized light (भौ०) **रेखाध्रुवित प्रकाश**; ~table **सर्वेक्षण पट्ट**;

~angle, ~ curve, ~face, ~ figure, ~ geometry, ~ mirror, ~ motion, ~ pulse, ~quadrature, ~ section, ~stabilisation, ~ structure, ~ surface, ~ surveying, ~table, ~tabling, ~tile, ~trigonometry, ~wave.

planer प्ले'नॅर् n. तक्षणीकार, रन्दा करनेवाला; तक्षणीयन्त्र।

planet[1] प्लै'नि॒ट् n. (इति०) ज्योतिष्, ज्योतिष्क, (ज्यौ०) **ग्रह**, नक्षत्र; ~-struck, ~-stricken हतबुद्धि।

poulterer –'टॅरॅर् n. शौनिक; वैतंसिक, पक्षि-विक्रेता, कुक्कुट-विक्रयी।

poultice^{1} पोल्'टिस् n. प्रलेप, उपनाह, पुल्टिस, लेई^{F}; लपड़ी^{F}, भरता।

poultice^{2} v.t. प्रलेपन करना, उपनाह देना, पुल्टिस^{F} बाँधना, लेई^{F} बाँधना।

poultry पोल्'ट्रि n.(कृषि०) कुक्कुटादि-उत्पादन, गृहपक्षी, पालतू मुर्गियाँ^{F}, बतख^{F} आदि; (कृषि०) **मुर्गी-पालन, कुक्कुटपालन**; T. *~ man* कुक्कुटपालक; *~ boy*, *~ developmental research*, *~ farm*, *~ farming*, *~ husbandry*, *~ house*, *keeper*, *~ keeping*, *~ manager*, *~ manure*, *~officer*, *~ supervisor*, *~ union*, *~ unit*.

pounce^{1} पॉउन्स्' n. नख, पंजा, चंगुल; नखराघात, पंजेकी मार^{F}, झपट^{F}, झपट्टा (रेल०, यंत्र०) T. (*~ bag*)।

pounce^{2} v.t. पंजा मारना, चंगुल मारना, दबोचना, झपट्टा मारना, चढ़ बैठना, झपटना; (ला०, त्रुटि^{F} आदि) पकड़ लेना, जान लेना, ताड़ जाना।

pounce^{3} n. चित्रचूर्ण, चित्रकी बुकनी^{F}; मसिशोषणचूर्ण, स्याही^{F} सोखनेका चूर्ण।

pounce^{4} v.t. चिकनाना, झकाझक करना, (झावाँ आदि से रगड़कर) निर्मल करना, साफ करना; चित्रचूर्ण धुरधुराना या छिड़कना; (चित्रचूर्ण छिड़ककर) प्रतिचित्र उतारना।

pounced ⊙–ट्' a. नखमय, पंजेदार, चंगुलदार।

pouncet-box पॉउन्'सिट्-बॉक्स् n. इत्रपात्र, इत्रदान।

pound^{1} पॉउन्ड्' n. प्रांजलिका^{F}, (रसा०, भौ०, ग०, अर्थ०) **पौण्ड** (=लगभग १।२ सेर); (*~ sterling* भी) गिन्नी^{F}, मुहर^{F}, अशरफी^{F}, पौण्ड; *penny wise and ~ foolish* अशर्फियों^{F}की लूट^{F} कोयलोंपर मुहर।

pound^{2} v. i. (एक पौण्डमें जितने सिक्के चढ़ते हैं उस हिसाबसे) एक सिक्केका तौल ज्ञात करना।

pound^{3} n. पशु-अवरोध, (का०) **पशु अवरोधशाला^{F}**, पशु-निरोधालय, पिंजरापोल, पौनघर, **काँजीहाउस**; पशुशाला^{F}, *~ keeper* **पशु अवरोधक**, गोठ, पशुवाड़ा, गौसार^{F}, मवेशी-घर, (ला०) शाला^{F}, बन्दीगृह, बाड़ा, अहाता; (आखेट) दुर्गम स्थान, जटिल स्थिति^{F}; *~ lock* द्विद्वारीय शाला^{F}, दोदुआरी बाड़ा।

pound^{4} v.t. अवरुद्ध करना, निरुद्ध करना, भितराना, बँड़ना, बन्द करना।

pound^{5} v.t. & i. चूर्ण करना, कूटना, काँड़ना, कुचलना, पीसना, पीटना, चूरा करना; मुष्टिप्रहार करना, मुक्कियाना, घूँसे मारना, गतका मारना, धमकाना, धमधमाना; प्रहार करना, पीटना, धुरना, धुनना, कुटम्मस करना; दलित करना, पीस देना, चपेटना, चटनी^{F} बनाना, कचूमर निकालना; लगातार गोली^{F} चलाना, गोलाबारी^{F} करना, गोले बरसाना; ठुमकना, धमाचौकड़ी^{F} मचाना, धम-धम दौड़ना।

poundage पॉउन्'डिज् n. प्रतिपौण्ड शुल्क, प्रतिशत वेतन या पारिश्रमिक, प्रतिपौण्ड भारका मूल्य; निरोध-शुल्क, छुड़ाई^{F}, (कृषि०) **पाँडमान**, T.

pounder^{1} पॉउन्'डॅर् n. क्षोदक, कूटनहार, पीसनेवाला; (विशे०) ऊखल, ओखली^{F}, काँड़ी^{F}, मुद्गर, मोंगरी^{F}, लोढ़ा, मूसल।

pounder^{2} n. अधसेरा, पौण्डभरकी वस्तु^{F}; एक पौण्डके गोलेवाली तोप^{F}; *-~* इतने पौण्ड मूल्यकी या इतने पौण्ड तौलकी; इतने पौण्डका स्वामी या व्यक्ति।

pounding –'डिंग् n. (यंत्र०, परि०, नौवि०) **अवपात**; पेषण, (यंत्र०, परि०) **कूटना**, कुटाई^{F} करना।

pour^{1} पोऑर्' n. घोरवृष्टि^{F}, दरेरा, मूसलधार वृष्टि^{F}; **बहाव**; (सन्धानी^{F} या ढलाई^{F}) पिघली हुई धातु^{F}का एक घान; *~ point* **बहाव-तापांक**, (रसा०) **बहाव-बिन्दु**; *~ test* (रसा०) **बहाव-परीक्षण**।

pour^{2} v.t. & i. आधारण करना, ढालना, ढारना, उँडेलना; प्रवाहित करना, स्रवित करना, बहाना, ढुलकाना, ढरकाना; निस्सरण करना, निसारना; दरेरा बाँधना, दरेरना; (प्रकाश) देना, निकालना; (प्रायः *forth, out* के साथ, पत्थर या गोले आदि) सन्नाना, सनसनाना, चलाना, उरसाना, धड़धड़ाना; (गाली^{F} आदि की) वर्षा^{F} करना, बौछार^{F} करना; (समूहको) धकेलना, तितरबितर कर देना, छाँट देना, भगाना, हटाना; (शब्द) लबलबाना, जल्द-जल्द बोलना; (संगीत) स्वरोंका तार बाँधना; (तरल पदार्थका) ढुरकना, बह निकलना, उमड़ना; धारासार वृष्टि^{F} होना, घोर वृष्टि^{F} होना, मूसलाधार बरसना; (ला०) अत्यधिक मात्रा^{F}में आना, उमड़ पड़ना, उमड़ना, भर जाना, ताँता बँध जाना (*letters ~ in from all quarters*); *it never rains but~s* (लाक्ष०) छिद्रेष्वनर्था बहुली भवन्ति, कंगाली^{F}में आटा गीला हो जाता है; मुसीबत^{F} या खुशी^{F} अकेली नहीं आती;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ *cold water on* (ला०) निराश करना, निरुत्साहित करना; उमंगोंपर पानी फेरना, हौसला ठण्डा करना; ~ *oil upon troubled waters* विद्रोहकी ज्वालाको शान्त करना, उपद्रव मृदु शब्दोंमें शान्त करना, आग ठण्डी करना।

pourboire (F) पुअॅर्ब्वार n. उपदान, आनुतोषिक, पारितोषिक, पुरस्कार, इनाम, बखशीश, टिप।

pourer पोअॅ'रॅर् n. स्रावक, सेचक, सेक्ता।

pour faire rire (F) ठहाका मारना।

pouring १. –'रिंग् n. स्राव, सेचन; २. a. धारासार, मूसलाधार; ~ wet वेगके साथ बरसनेवाला।

pour memoire n. (राज०) पर्चा।

pourparler पुअॅर्'पालें n. प्रारम्भिक चर्चा, प्रारम्भिक विचार-विनिमय; आरम्भिक सम्मेलन, प्रारम्भिक कान्फरेन्स।

pour parler (F) सन्धि-वार्ता।

pour passer le temps (F) समय बिताना, दिन काटना।

poussette[1] पूसे'ट्' n. फगुड़ी, चाई-माई (नाचका खेल)।

poussette[2] v.i. फगुड़ी खेलना, चाई-माई खेलना।

poussin n. कुक्कुटी-शावक, मुर्गीका बच्चा।

pout[1] पॉउट् n. पाउट मछली; एक मत्स्य-प्रजाति (*whiting, eel, horn,* ~)।

pout[2] n. बहिःक्षेप (विशे० होठोंका); क्रोधावेश, होठोंकी लटक; *in the* ~*s* मुँहलटका, चिड़चिड़ा, बिगड़ैल।

pout[3] v.t. & i. (होंठ) निकालना, काढ़ना, लटकाना, मुँह फुलाना।

pouter –'टॅर् n. बुद्बुदक, होंठ लटकानेवाला, बेदुर काढ़नेवाला, बीदुर काढ़नेवाला, मुँह बिचकानेवाला; (खूब पेट फुला सकनेवाली) कबूतरकी प्रजाति; (*whiting* ~ भी) पाउट मछली।

poverty पॉ'वर्टि n. दारिद्र्य, निर्धनता, अभाव, दीनता, कंगाली, तंगी, गरीबी; (चि०) आवश्यक द्रव्यों या संघटकोंकी कमी; (गुण आदिमें) मीनमेष, कोर-कसर, खोट, कमी, कोताही; नगण्यता, तुच्छता, हीनता, छोटाई; विवशता, असहायता, असमर्थता, लाचारी; ~ ~ *breeds strife* दरिद्रता कलहकी जड़ है; ~-stricken दीन, दरिद्र, अभावग्रस्त, गरीबीका मारा; (ला०) शब्ददारिद्र्ययुक्त (*stricken language*)।

P.O.W. Prisoner of war; Prince of Wales.

powder[1]* पॉउ'डॅर् n. क्षोद, पिष्ट; (चि०) चूर्ण*, रज, चूरा, बुरा*, बुकनी; रस, भस्म, चूरन; प्रसाधन-क्षोद, **पाउडर** (~*puff*); आग्नेय-चूर्ण, **बारूद**; (खेल आदिमें) शक्ति, वेग, बल, ताकत; ~ ~blue चूर्णनील, चूर्णनील-रंग; ~-box पाउडरका डिब्बा; ~closet प्रसाधनकक्ष; ~-flask बारूदपात्र, बारूददान; ~-magazine बारूदशाला, बारूदघर; *smell of* ~ युद्धका अनुभव, लड़ाईका अनुभव;

~ method, ~ mill, ~ room, ~ van.

powder[2] v.t. क्षोदाच्छादित करना, चूर्णाविष्ट करना, चूरा छिड़कना, **चूर्णन करना, चूर्ण करना,** धुरकना, पीसना, भुरकना, बुरकना, बुकनी बनाना; (किसी कागज या अन्य धरातलको छोटे-छोटे चित्रोंसे) सज्जित करना, छिंटियाना।

powdered –र्ड् a. क्षोदित, (यन्त्र०), चूर्णित, चूर्ण किया हुआ, पिसा हुआ;

~ brick, ~ charcoal, ~ milk.

powderiness –रिनि॑स् n. चूरणीयता, पेषणीयता, चूरा होनेकी क्षमता; चूर्णसादृश्य, चूर्णमयता।

powdery –रि a. क्षोदित, चूरणीय, पेषणीय; चूर्णवत्, चूर्णसदृश, पीसा हुआ; चूर्णमय, चूर्णाविष्ट, (~ *mildew*)।

power[1]* पॉउ'अॅर n. वश्यता, (जीव०, भौ०, रसा०) क्षमता, शक्यता, (स्थिति०, रसा०) सामर्थ्य, बस; कर्तृत्व, पौरुष, पराक्रम; प्रतिभा, धीशक्ति, दिमागी ताकत; (चि०, रसा०, भौ०, प्रा० भूगोल) **शक्ति***, शौर्य, वीर्य, तेज, दल*, ऊर्जा, ओज, जोर, दम, ताकत; स्फूर्ति, फुर्ती, सत्ता, राज्य, शासन, सरकार, हुकूमत; ईश्वरत्व, प्रभुता, विभव, ऐश्वर्य, अधिकार; अधिप, अधीश, सत्ताधिकारी, प्राधिकारी; नियन्त्रण, समधिकार, प्रभाव; दबाव, कब्जा; प्राधिकरण, प्राधिकृति, अधिकार-प्रदान; गौरव; (बहुव०) अतिशक्तिशाली राष्ट्र (*four big* ~*s*); देव, सुर, अमर, देवता; (प्रा०) समुद्र, अपरिमित परिमाण, अगणित संख्या, भरमार; (ग०) **आयास** (~ *arm*); (गणित) **घात** (~ *curve*); **यन्त्र**, शक्ति-यन्त्र, वलकल; यन्त्रशक्ति, कलशक्ति; शक्ति; जलशक्ति, विद्युत्शक्ति, (अर्थ०) **विद्युत्**, **बिजली**, आतिशी शीशेकी आकर्षण-शक्ति; ~ off (वैमा०) **इंजन बन्द**, ~ on (वैमा०) **इंजन चालू**, ~ politics सत्तार्थक राजनीति, अधिकारार्थ राजनीति; (राज०) **शक्ति राजनीति, बल राजनीति**, ~-station विद्युत्केन्द्र, बिजलीघर; the ~s that be वैधानिक सत्ताएँ, विधान-सम्मत अधिकारी-वर्ग;

~ alcohol, ~ applied, ~ available, ~ channel, ~ cleaning, ~ consumption, ~ curve, ~ demand, ~ department, ~ development, ~ driven blower, ~-driven compressor, ~ duster, ~ equation, ~ factor, ~ failure, ~ ferry, ~ fishing, ~ fitter, ~ generation, ~ hammer, ~ house, ~ implements, ~-lathe, ~ level, ~ lift, ~ lines, ~ loom, ~ loom cloth, ~ loss, ~ mill, ~ output, ~ plant, ~ potential, ~ press, ~ pressure, ~ resources, ~ shovel, ~ sprayer, ~ stage, ~ stroke, ~ superintendent, ~ supervisor, ~ supply, ~ unit, ~

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

vacuum.

powered –र्ड् a. शक्तियुक्त, शक्तिमान्, शक्तिशाली।

powerful –र्-फुल् a. सशक्त, सबल, बलाढ्य, शौर्यवान्, वीर्यवान्, बलवान्, बली, शक्तिशाली, शूर, वीर, जोरदार, तगड़ा, ताकतवर; प्रभावी, सक्षम, समर्थ, प्रभविष्णु; तेजस्वी, सतेज, तेजवान्, ऊर्जस्वल, प्रतापी, ओजस्वी; सत्तावान्, सत्ताधारी, अधिपति; प्रतिभावान्, प्रज्ञावान्, धीमान्।

powerfulness –निॅस् n. क्षमता^{F}, सत्तावत्ता^{F}, समर्थता^{F}; पौरुषपूर्णता^{F}, पराक्रमशीलता^{F}; प्रतिभावत्ता^{F}, धीमत्ता^{F}; शक्तिमत्ता^{F}, वीर्यवत्ता^{F}, तेजवत्ता^{F}, बलवत्ता^{F}, ओजपूर्णता^{F}, प्रावल्य, ताकतदार होना।

powerless –लिॅस् a. अशक्त, निर्बल, दुर्बल, अक्षम, शक्तिहीन, असमर्थ; निष्प्रभाव; सत्ताविहीन, आधिपत्य-रहित, निःसत्त्व, पुरुषार्थविहीन; (सहायता^{F} आदि देनेमें) विवश, बेबस, लाचार।

powerlessness –निॅस n. अशक्ति^{F}, अशक्तता^{F}, अक्षमता^{F}, निर्बलता^{F}, शक्तिहीनता^{F}; प्रभावराहित्य; सत्ताविहीनता^{F}, आधिपत्य-राहित्य; निःसत्त्वता^{F}, विवशता^{F}, असमर्थता^{F}, बेबसी^{F}, लाचारी^{F}!

powwow[1], **pawaw** पॉउ'वॉउ, पॉओ' n. दवा^{F} या साग-भाजी^{F} बेचनेवाला अमेरिकी इण्डियन; ऐन्द्रजालिक समारोह; उत्तरी अमेरिकी इण्डियनोंका संघ; राजनीतिक या अन्य प्रकारकी मीटिंग^{F} ⊙; (आ०) सैन्य-संचालनके अवसरपर अफसरोंकी बैठक।

powwow[2] v. i. (अमेरिकी ढंगका) जादू करना, टोना-टोटका चलाना; ⊙ बात-चीत^{F} करना, सलाह^{F} करना।

pox पॉक्स् n. फुंसी^{F}, दाने; (चि०) मसूरिका^{F}, चेचक^{F}, महारानी^{F}, देवी^{F}; फिरंग, उपदंश, गर्मी^{F}।

pozz(u)olana (It.) पॉट्स्_(स्ज़्) ला'नॅ n. ज्वालामुखी-वज्रचूर्ण, ज्वालामुखी-सीमेण्ट^{F}, ज्वालामुखी भस्म या राख^{F} (जिसका प्रयोग सीमेण्ट^{F}के रूपमें होता है); ज्वालामुखी-पाशुओली, भस्म^{F}।

pozzy पॉज़्ज़ी n. बेतार-समाचार-अवरोध, तारवर्कीके समाचारमें रुकावट^{F}।

P.P. Parish Priest; Present Pupil; Private Personal (call); Previous Papers; Presidency Postmaster; Public Prosecutor.

p.p. Past Participle.

p.p. *Pianissimo*, very softly; Pages; *per procurationem*, by proxy.

p.p. a. *phiala prius agitate*, the bottle be first shaken.

P.P.C. (p.p.c. भी) *pour prendre conge*, to take leave; Picture Post-Card.

P.P.I. Plan Position Indicator.

P.P.O. Pension Payment Order.

ppp. *pianississimo*, very very softly.

P.Pr.P.A. Application for a Private Carrier's Permit.

P.P.S. *post-postscriptum*, a later additional Postscript; Parliamentary Private Secretary.

P.Ps. Previous Papers.

P.Pu.C.A. Application for a Public Carrier's Permit.

P.R. Police Regulations; Prize Ring, Porto Rico; Proportional Representation; *populus Romanus*, the Roman People; Public Relations.

Pr. Prince; Priest; Provencal.

pr. pair; per; present; price.

P.R.A. Paymaster Rear-Admiral; President of the Royal Academy.

praam प्राम्' n. (हालैण्ड और बाल्टिकमें प्रयुक्त) छिछले तलकी नाव^{F}, प्राम।

practicability, practicableness प्रैक्टिकॅबि'लिटि, –निस् n. शक्यता^{F}, साध्यता^{F}, व्यवहार्यता^{F}, उपपाद्यता^{F}, करणीयता^{F}, प्रवर्त्तनीयता^{F}, गम्यता^{F}, तरणीयता^{F}, सम्भावना^{F}।

Practicable –टिकॅबॅल् a. शक्य, **साध्य**, प्रयोज्य, प्रवर्त्तनीय, सम्पाद्य, उपपाद्य, करणीय; **व्यवहार्य**, व्यवहारगम्य; (मार्ग इत्यादि) गम्य, तरणीय, चलनीय, यात्रा-योग्य; (प्रेक्षागृह, खिड़की^{F} आदि) वास्तविक, असल।

practical[1] –कॅल् n. (प्रायः बहुव०) **प्रयोग**, प्रयोग परीक्षाएँ^{F}।

practical[2] a. (दर्श०, रसा०) **व्यावहारिक**, व्यवहारोचित; आभ्यासिक, अभ्यासप्राप्त, अभ्यास-सिद्ध; आचारात्मक, आचारिक; **क्रियात्मक, प्रयोगात्मक**, (रसा०) **प्रायोगिक** (~ *geography*); आनुष्ठानिक, व्यवसायात्मक; व्यवहारानुरूप, व्यवहार्य, कामका; ~ politics कार्यान्वित किये जानेवाले उपाय या प्रस्ताव; ~ ability, ~ activity, ~ advantage, ~ agriculture, ~ application, ~ aspect, ~ chemistry, ~ class, ~ control, ~ ~ demonstration, ~ difficulties, ~ duty, ~ effectiveness, ~ examination, ~ experience, ~ geometry, ~ ideal, ~ imagination, ~ imperative, ~ joke, ~ knowledge, ~ loss, ~ mind, ~ reason, ~ result, ~ science, ~ shape, ~ syllogism, ~ test, ~ training, ~ unit, ~ value, ~ virtue, ~ work, ~ zoology.

practicality, Practicalness –'लिटि, –निॅस् nn. व्यावहारिकता^{F}, क्रियात्मकता^{F}, आनुष्ठानिकता^{F} आदि।

practically –टिकॅलि adv. यथार्थतः, वस्तुतः; लगभग, सचमुच देखा जाय तो, एक प्रकारसे (*it is ~ nothing*)।

practice, practise ⊙ –टिस्, –टिस् n. (का०)

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यवहार, आचार; (चि०) **आचरण**; (चि०) **अभ्यास**; रीति^{F}, पद्धति^{F}, मार्ग, सम्प्रदाय; (का०) **कार्यप्रणाली**^{F}, क्रियासातत्य, क्रियाप्रबन्ध, क्रम, नित्य-वृत्ति^{F}, नित्यचर्चा^{F}; नित्य प्रयोग, (दर्श०) **अनुष्ठान**; अनुशीलन, आवृत्ति^{F}; कार्यप्रणाली^{F}, परिपाटी^{F}, चलन, प्रचलन, प्रथा^{F}, दस्तूर; विधान, वैधानिक कार्यवाही^{F}; अनुशीलनकाल, अभ्यासकाल; (वकील या चिकित्सकका) (का०) **व्यवसाय**, वृत्ति^{F}, पेशा^{F}, वकालत^{F}, डाक्टरी^{F}; आयोजन; योजना^{F}, उपाय, प्रयत्न; षड्यन्त्र, व्याज, कैतव, जाल, हथकण्डे, चालाकी^{F}, साजिश^{F} (विशे० बहुव० में); (ग०) व्यापारगणित; (गणि०) **व्यवहार-गणित**, हिसाब तिजारत; *in* ~ व्यवहाररूपमें, क्रिया-रूपमें; *is good* ~ उत्तम अभ्यास है; *out of* ~ निष्प्रवृत्त; अप्रयुक्त, अव्यवहृत; ~ *makes perfect* कामको काम सिखाता है; *put in (to)* ~ क्रियात्मक रूप देना, व्यावहारिक रूप देना; प्रवर्तन करना, प्रवृत्त करना, प्रयोग करना;

~ ammunition, ~ effect, ~ field, ~ parade, ~ theory.

practician –टि'श्न् n. कार्यकर्ता, कर्मचारी, कामिया, कामगर; व्यवसायी, पेशेवर।

practisant –'टिज़ॅन्ट n. षड्यन्त्रमें सहायक व्यक्ति।

practise –'टिस् v. t. & i. क्रियात्मक रूप देना, व्याव-हारिक रूप देना, काममें लाना; (विधा०) **आचरण करना**, अनुसरण करना; (का०) **अभ्यास करना**, सतत क्रिया करना; अनुष्ठान करना; प्रवृत्त होना, अनुशीलन करना; व्यवसायप्रवृत्त होना, (का०) **व्यवसाय करना**, कर्मप्रवृत्त होना; योजना^{F} करना; युक्ति^{F} करना, कपट करना, जाल रचना, जुगुत^{F} सोचना; ~ (*up*) *on* सौजन्यसे अनुचित लाभ उठाना, चक्करमें लाना, जालमें फँसाना, मूँड़ना; ~ *what you preach* वचन पूरा करना, कौलका सच्चा होना।

practised –ट् a. अभ्यस्त, अभ्यासी, अनुभवी, व्यव-हारज्ञ, ज्ञानवृद्ध (~ *player*)।

practiser –सॅर् n. क्रियात्मक रूपदाता, व्यावहारिक रूप देनेवाला; आचरण करनेवाला, अनुसरण करनेवाला, अभ्यास करनेवाला, सतत क्रिया^{F} करनेवाला, अनुष्ठान करनेवाला; प्रवृत्त होनेवाला, अनुशीलन करनेवाला; कर्मप्रवृत्त होनेवाला, योजना^{F} करनेवाला।

practising –सिंग् a. क्रियाशील, व्यावहारिक रूप देनेवाला; आचरण करनेवाला; (विधा०) वृत्ति^{F} **करने-वाला** (व्यक्ति); अभ्यासी, अभ्यास करनेवाला (~ *lawyer*, ~ *physician*)।

practitioner –शॅनॅर n. कर्मी, (का०) **वृत्तिक, व्यव-सायी**, चिकित्सक, व्यवहारज्ञ, व्यवहारदर्शी; general ~ सामान्य चिकित्सक, सर्वचिकित्सक।

prac- पूर्व- (केवल लैटिन शब्दोंमें प्रयुक्त, जैसे, ~*no-men*, ~*tor*)।

praecipe प्री'सिपी n. कृत्य-लेख, अभियोग-लेख, अभियोग-पत्र।

praecocial प्रीको'शॅल् a. (चिड़ियों^{F}के बच्चे, पैदा होनेके तुरन्त बाद) स्वयंपोषी, उड़ने योग्य, चलने-फिरने योग्य, दाना चुगने लायक।

praecognita प्रिकाग्'निटॅ n. pl. आरम्भिक ज्ञान, प्रारम्भिक ज्ञान (जिससे अन्य विषयका ज्ञान प्राप्त हो सके)।

Praemunire (L) n. आह्वान-पत्र।

praecosepe n. (गणि०) **प्रीसीप**।

praepostor, pre- प्रीपॉस्'टॅर्, प्री- n. छात्र-मुख्य, छात्रपति, मानीटर, प्रीफेक्ट।

praetor प्री'ट्र् n. दण्डनायक, दण्डाधिकारी, (इति०) **प्रीटर**, प्रायटर।

praetorial –टॉ'रिॲल् a. दण्डाधिकारी-सम्बन्धी, प्राय-टरीय, प्रायटरोचित।

praetorian, pre-[1] –ॲन्, प्री- nn. दण्डनायक, प्रायटर पदासीन व्यक्ति; महासेनाध्यक्ष अथवा सम्राट् का अंगरक्षक।

praetorian, pre-[2] aa. प्रायटरीय, प्रायटरका; (रोम-देशीय) महासेनाध्यक्ष अथवा सम्राट् के अंगरक्षकका।

praetorium –ॲन् n. रोमीय सैन्यपति-शिविर, रोमन जनरलकी छावनी^{F}; रोमीय राज्यपाल-निवास, रोमन गवर्नरका महल।

praetorship –'टॅर्-शिप् n. दण्डनायकत्व, प्रायटरका पद, प्रायटरी^{F}।

pragmatic, -al प्रैग्मै'टिक्, -ॲल् aa. धृष्ट, हस्त-क्षेपी, विघ्नकारी, टाँग^{F} अड़ानेवाला, दखल देनेवाला; दम्भी, हठवादी; हस्तक्षेपीय; हठवाद-विषयक; (शिक्षा०) **फलमूलक**; (*pragmatic*) राज्य-विषयक, राजकाजी; ऐतिहासिक-तत्त्व-विवेचक; ~ absolute (दर्श०) **व्यावहारिक निरपेक्षमान**; ~ sanction साम्राजीय स्वीकृति, राजकीय अध्यादेश।

pragmaticality –कै'लिटि n. दम्भ, हस्तक्षेप।

pragmatism –'मॅटिज़्म् n. विघ्न, हस्तक्षेप, परकार्य-चर्चा^{F}, अनधिकारचर्चा^{F}, पाण्डित्याभिमान, पाण्डित्य-प्रदर्शन; दर्प, दम्भ, दाम्भिकता^{F}; वस्तुवाद, यथातथ्यवाद; (दर्श०) उपयोगवाद, उपयोगितावाद, व्यवहारवाद; प्रयोगवाद; (दर्श०) **अर्थक्रियावाद, फलानुमेय प्रामा-ण्यवाद**; (शिक्षा०) **फलवाद**।

pragmatist –टिस्ट् n. हस्तक्षेपी, हस्तक्षेपवादी; वस्तु-वादी, यथातथ्यवादी; उपयोगितावादी, व्यवहारवादी, प्रयोगवादी।

pragmatistic –'टिक् a. हस्तक्षेपीय; वस्तुवाद-विषयक; व्यवहारवाद-सम्बन्धी।

pragmatize –'मॅटाइज़् v.t. सत्याभास कराना, वास्तविक-जैसा प्रस्तुत करना, सच-जैसा रखना; (पौराणिक गाथाओं^{F}को) बुद्धिसंगत बनाना, युक्तिसंगत बनाना।

prairie प्रेॲ'रि n. प्रशाद्वल, वृक्षरहित विस्तृत मैदान, प्रेरी; ~-chicken, -hen (उत्तरी अम०) एक तितिर-जातीय पक्षी; ~-dog श्वमूषक, उत्तरीअमरीकी घूँस^{F}, ~-oyster कच्चा अण्डा; ~-schooner ⊙ एक उजले

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रंगकी गाड़ी F; ~ value (प्राकृतिक अवस्था F में) खाली जमीन F का मूल्य।

praisable प्रे'ज़ॅबॅल् a. श्लाघ्य, श्लाघनीय, प्रशंस्य, प्रशंसनीय सराहनीय; वन्द्य, वन्दनीय, स्तुत्य, स्तुति-योग्य।

praise[1] –ज़् n. श्लाघा F, प्रशंसा F, सराहना F (*was loud in his* ~); वन्दना F, स्तुति F, स्तोत्र; कीर्त्तन; *self- ~ is no recommendation* अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना।

praise[2] v.t. श्लाघा F करना, प्रशंसा F करना, प्रशस्ति F करना, बड़ाई F करना, बखानना, सराहना; वन्दना F करना, स्तुति F करना, स्तवन करना, कीर्तन करना, यशो-गान करना, गुणगान करना।

praiseful –फुल् a. प्रशंसापूर्ण, प्रशस्तिमय, श्लाघा-त्मक।

praisefulness –'निॅस् n. प्रशंसापूर्णता F, प्रशस्ति-मयता F।

praiseless –'लिॅस् a. श्लाघाहीन, प्रशंसाविहीन, सरा-हना F के अयोग्य; वन्दनाविहीन, स्तुति F हीन।

praiser –'ज़ॅर् n. प्रशंसक, स्तावक, श्लाघक।

praiseworthiness –ज़्'वर्दि-निॅस् n. श्लाघ्यता F, श्लाघनीयता F, प्रशंस्यता F, प्रशंसनीयता F; वन्द्यता F, वन्दनीयता F, स्तुत्यता F, स्तुति-योग्यता F।

praiseworthy –दि a. स्तुत्य, वन्द्य, श्लाघ्य, प्रशंस्य, प्रशंसार्ह, प्रशंसनीय, सराहनीय।

praline प्रा'लिन् n. गरीपाक, मेवा-पपड़ी F, प्रालिन मिठाई F।

pram[1] प्राम्' n. (वोल०) ठेला, दूधका छकड़ा; = PERAMBULATOR, गड़ोलना, (बच्चोंको घुमानेकी) छोटी गाड़ी F।

pram[2], **praam** (Du.) n. चपटे पेंदेकी नौका F।

prance[1] प्रान्स्' n. किलोल F, कुलाँच F, कुदान F, (विशे० पिछली टाँगें F उठाकर घोड़ेकी) छलाँग F, चौकड़ी F, उछलकूद F।

prance[2] v. i. & t. किलोल F करना, कुलाँच F भरना, कुदान F भरना, फलाँगना, कूदना, उछलना, छलाँग F मारना; (ला०) इठलाना, ऐंठे-ऐंठे घूमना, इतराना, गर्वपूर्वक चलना, अकड़कर चलना, वगलें F बजाना।

prancing –सिंग् n. छलाँग F, चौकड़ी F, कुलाँच F भरना।

prandial प्रैन्'डिॲल् a. (हास्य०) भोजीय, भोज-विषयक, भोजन-सम्बन्धी।

prang प्रैन्ग्' v.t. (आ०) सफलतापूर्वक बम गिराना।

Prank[1] प्रैन्क्' n. लीला F, केलि F, क्रीड़ा F, चेष्टा F, चापल्य, किलोल F, चुहल F, अठखेलियाँ F, छेड़छाड़ F, नटखटपन, शोखी F; (ला०) डगमगाहट F, खड़खड़ाहट F, भड़भड़, लड़खड़ाहट F।

prank[2] v.t. & i. सज्जित करना, अलंकृत करना, आभूषित करना, सुवेशित करना, सजाना, सिंगारना, बनाव-ठनाव करना; सँवारना; (v. i.) आत्मप्रदर्शन करना, बनना, ठनना, तड़क-भड़क F दिखाना।

prankish, prankful –'किश, –'फ़ुल् aa. लीलापूर्ण, केलिमय; क्रीडापूर्ण, क्रीडात्मक, क्रीडाशील; चपल।

prankishness –निस् n. किलोल F, केलिपूर्णता F, क्रीडात्मकता F, चपलता F।

prankle प्रैन्'कॅल् v. i. कुदान F भरना, चौकड़ी F भरना, छलाँग F भरना, थोड़ा-थोड़ा फुदकना।

pranky प्रैन्'कि a. = PRANKISH.

prate[1] प्रेट्' n. वाग्मिता F, वाक्चापल्य, जल्पना F, प्रलाप, वाचालता F, वकवास F, गप-शप F, झक-झक F, चख-चख F, चायँ-चायँ F।

prate[2] v. i. & t. जल्पना F करना, प्रलाप करना, वाचाल होना, वकवास F करना, गप F मारना, झक-झक F करना, चख-चख F करना, चायँ-चायँ F करना; बातों F के दस्त आना, पेटमें बात F न पचना।

prater –'टॅर् n. वाक्चपल, जल्पक, प्रलापी, वाचाल, बहुभाषी, वकवासी, झकझकी, चखचखी।

praties प्रे'टिज़् n. pl. आलू।

prating प्रे'टिंग् १, a. प्रलाप, प्रजल्पन, वाचालता F, वकवाद F; गप्प F; २. n. प्रलापी, प्रजल्पी, वाक्चपल, वाचाल, बातूनी, गप्पी, बड़बड़िया।

pratique (F) प्रै'टिक, प्रॅटीक्' n. वाणिज्यपोतानुज्ञप्ति F, व्यापार-जलयान-अनुज्ञप्ति F, बन्दरगाहसे संसर्ग रखनेका अनुज्ञापत्र, जहाजी लाइसेन्स; (नौवि०) प्रातीक।

prattle[1] प्रै'टॅल् n. बाल-कलरव, मितवार्ता F, अल्पवार्ता F, बालसुलभ वार्ता F, चहक F, भोली-भाली बात F, तुतलाहट F।

prattle[2] v. i. & t. बाल-कलरव करना, मितवार्ता F करना, अल्पवार्ता F करना, बालसुलभ बातें F करना, चह-कना, भोली-भाली बात F करना, तुतलाना; बड़बड़ाना, बकबक करना, बकना।

prattlebox –बॉक्स् n. बालकवत् प्रलापी, बकवासी, चह-कारा, बकी, बड़बड़िया; बच्चा।

prattler –लॅर् n. दे० PRATTLEBOX.

prattling –लिंग् १. a. प्रलाप, प्रजल्पन; २. n. बाल-कवत् प्रलापी, चहकनेवाला, बकवादी।

pravity प्रै'विटि n. (क्वचित्) पतन, अपकर्ष, दुर्वृत्तता F, चरित्रभ्रष्टता F; (भोजन आदिका) दोष, विकार, विक्रिया F, बिगाड़, खराबी F।

prawn[1] प्रान्' n. प्रचिंगट F, (जीव०) झींगा, झिंगा, झींगा मछली F।

prawn[2] v. t. झींगे F मारना, झींगे F पकड़ना।

prawning –'निंग् n. झींगामारी F, झींगेका शिकार।

praxis प्रैक्'सिस् n. चर्या F, आचार; रीति F, क्रम, पद्धति F, व्यवहार, रस्म, रिवाज, दस्तूर; (व्या०) अभ्यास, अभ्यासार्थ प्रश्न, अनुशीलनार्थ उदाहरण।

pray प्रे' v.t. & i. स्तुति F करना, स्तवन करना, विनय F करना, विनती F करना, (का०) प्रार्थना F करना; नमन करना, वन्दना F करना, अर्चना F करना, प्रणाम करना, नमस्कार करना; ध्यान करना, स्मरण करना;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूजा[F] करना, उपासना[F] करना, आराधना[F] करना; श्रद्धा-पूर्वक समर्पण करना; चाहना, माँगना; अभियाचना[F] करना, अभ्यर्थना[F] करना, गिड़गिड़ाना, चिरौरी[F] करना, हाथ-पैर जोड़ना, आरजू-मिन्नत[F] करना; ~ *consider* प्रार्थना[F] है कि आप विचार करें; ~ *in aid of* त्राहि त्राहि करना, पाहि-पाहि पुकारना, शरण[F] चाहना, सहायतार्थ पुकारना।

prayer[1] प्रेअर्' n. स्तुति[F], स्तवन, स्तोत्र, विनय[F], नमस्या[F], (का०) **प्रार्थना**[F]; अर्चना[F], आराधना[F], उपासना[F], नीराजना[F], कीर्तन, भजन, पूजा[F], जाप, जप-तप; अभियाचना[F], अभ्यर्थना[F], विनती[F], चिरौरी[F], गिड़गिड़ाहट[F], मिन्नत[F], Book of Common P~s (इंग्लैण्डके गिर्जेकी) प्रार्थना-पुस्तक[F]; ~-monger यन्त्रवत् उपासक, बेसमझ पुजारी; ~-wheel प्रार्थना-चक्र, प्रार्थनांकित वर्तुलाकार भ्रमणशील चक्र।

prayer[2] n. विनीत प्रार्थी, निवेदक; उपासक, आराधक, अर्चक, पुजारी।

prayerful प्रेअर्'फ़ुल् a. स्तुतिपूर्ण, आराधनामय, विनयपूर्ण, प्रार्थनाशील, भजनपरायण।

prayerfulness –'निॅस् n. स्तुतिपूर्णता[F], आराधनामयता[F], प्रार्थनाशीलता[F]।

prayerless –'लिॅस् a. नास्तिक, प्रार्थनाशून्य, अविनीत, आराधनाहीन, याचनारहित, पूजापाठरहित।

prayerlessness –निॅस् n. नास्तिकता[F], प्रार्थना-शून्यता[F], अविनय[F], याचनाराहित्य।

praying प्रे'इंग् n. स्तुति[F], स्तवन, स्तोत्र, विनय[F], नमस्या[F], प्रार्थना[F]; अर्चना[F], आराधना[F], उपासना[F], नीराजना[F], कीर्तन, भजन, जप; अभियाचना[F], अभ्यर्थना[F], विनती[F], चिरौरी[F], गिड़गिड़ाहट[F], मिन्नत[F]।

P.R.B. Pre-Raphaelite Brotherhood.

Pre- पूर्व-, अग्र-, पुरस्- (*~-acquaint, ~-admission, ~-admonish, ~admonition, ~-advise, ~-announce (ment), ~-appoint (ment), ~-arrangement, ~-audience, ~-calculate, ~compose, ~-concert, ~-condemn, ~-condition, ~contact, ~decease, ~-define, ~-elect, ~-engagement. ~-extenston, ~-limit, ~motion, ~primary.*

preach[1] प्रीच्' n. (बोल०) प्रवचन, उपदेश, शिक्षा[F], वक्तृता[F]।

preach[2] v. i. & t. दीक्षा[F] देना, शिक्षा[F] देना, प्रवचन करना, उपदेश देना, सिखाना, सीख[F] देना, पाठ पढ़ाना; (इंजील[F] आदिकी) व्याख्या[F] करना, मीमांसा[F] करना, विवृति[F] करना, प्रख्यापन करना, टीका[F] करना, अर्थ प्रकाशित करना, प्रचार करना; सम्प्रतिपादन करना, पक्षपोषण करना, पृष्ठपोषण करना, दकालत[F] करना, बखान करना; मनोगत करना, मनमें बैठाना, हृदयंगम करना या कराना; भाव उपजाना; ~ *down*, हेय बनाना घटकर बताना; भर्त्सना[F] करना, फटकारना, खबर[F] लेना, निरुत्तर करना, खण्डन करना; ~ *up* प्रशंसा[F] करना, सराहना, आसमानपर चढ़ाना, सिरपर चढ़ाना।

preachable –'चॅ बॅ ल् a. शिक्षणीय, प्रवचनीय, उपदेश्य, व्याख्येय, मीमांस्य, विवरणीय, टीका[F] योग्य; प्रतिपाद्य, पृष्ठपोषणीय; प्रख्यापनीय।

preacher –'चॅर् n. उपदेशक, धर्मोपदेष्टा, प्रवचनकर्ता, प्रचारक, प्रवक्ता, व्याख्याता, मीमांसक।

preachership –शिप् n. धर्मप्रचारक या धर्मोपदेशक आदिका पद।

preachify –चिफाइ v. i. उपदेश झाड़ना, भाषण भाषण करना, व्याख्यान झाड़ना, वक्तृता[F] झाड़ना।

preachiness –चिनिॅस् n. उपदेशप्रियता[F], प्रवचन-प्रियता[F] आदि।

preaching –चिंग् n. धर्मप्रचार, धर्मोपदेश, धर्म-शासन, प्रवचन; प्रख्यापन।

preachment –च्'मॅन्ट् n. (प्रायः अपकृष्ट अर्थोंमें) कोरा उपदेश देना, लम्बी-चौड़ी वक्तृता[F] झाड़ना।

preachy –'चि a. (बोल०) उपदेशप्रिय, प्रवचनप्रिय, शिक्षणप्रिय, उपदेश-कुशल, प्रवचन-पटु, व्याख्यान-प्रवृत्त।

preadaptation प्रीॲडैप्टे'शॅन् n. (का०) **पूर्वानुकूलन**।

preadolescence प्रीयॅडॅले'सॅन्स n. कौमार्य, तारुण्य, (चि०) **प्राक्कौमार**, प्राग्विवर्धमानता[F]।

preadolescent –न्ट् n. (चि०) प्राक्-कुमार; कुमार, तरुण, (शिक्षा०) **प्राक्किशोर**।

preamble[1] प्रीॲम्'बॅल् n. (वैमा०, राज०, का०) **आमुख**, मुखबन्ध, उपोद्घात, (राज०, वैमा०) **प्रस्तावना**[F], भूमिका[F], प्राक्कथन, उपक्रम, सरनामा।

preamble[2] v. i. मुखबन्ध जोड़ना, उपोद्घात बनाना, प्रस्तावना[F] करना, भूमिका[F] लिखना, प्राक्कथन करना।

preambulatory –'ब्यूलॅटॅरि a. आमुखीय, आमुख-विषयक, मुखबन्ध-विषयक, उपोद्घातीय, प्रस्तावना-सम्बन्धी, भूमिका-सम्बन्धी, प्राक्कथन-सम्बन्धी।

preaudience प्रीऑ'डिॲन्स् n. श्रवणाग्राधिकार, अग्रश्रवणीयता[F], (का०) पूर्व सुनवाई[F]।

preaudit प्रीऑ'डिट् १. n. पूर्वलेखापरीक्षा[F], पूर्वावेक्षण; २. a. लेखापरीक्षणपूर्व (*~ cheque*)।

preaxial प्रीऐक्'सिॲल् a. (चि०) **अक्षाभिमुख**; (जीव०) **अग्राक्ष**, (*~ rays*)।

preb. Prebend; Prebendary.

prebend प्रे'बॅन्ड् n. पुरोहित-देय, याजक-वृत्ति[F]; वृत्तिमूल-भूमि[F], याजक-वृत्ति-भोग।

prebendal –डॅल् a. याजकवृत्ति-सम्बन्धी।

prebendary –डॅरि n. धर्मयाजक, वृत्तिभोगी याजक, पण्डा; याजक-पीठ, वृत्तिभोगी याजकका आसन।

prebendaryship –शिप् n. याजनवृत्तिभोगिता[F], पण्डागीरी[F]।

prec. Preceding; Precentor.

precarious प्रिॅकेॲ'रिॲस् a. पराश्रित, पराव-लम्बित, परायत्त, पराधीन, परमुखापेक्षी, परवशवर्ती, अन्याधीन, अस्वतन्त्र, (*~ possession*); निस्तर्क,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तर्कहीन, निराधार, कल्पित; (*~conclusion*), अनुमित, अटकलपच्चू; अध्रुव, अनियत, अनिश्चित, सन्दिग्ध, संशयात्मक, सन्देहपूर्ण, अस्थिर, दैवाधीन, रामभरोसे; सांशातिक, संकटपूर्ण, विपत्तिजनक, अनिष्टकर।

precariousness –निॅस् n. पराश्रय, परावलम्बन, परायत्तता^{F}, परमुखापेक्षा^{F}, पराधीनता^{F}, अस्वतन्त्रता^{F}; सांघातिकता, अनिष्टकरता^{F}; अनिश्चितता, अस्थिरता^{F}।

precast –कास्ट a. (यंत्र०) **पूर्व निर्मित**।

precative प्रे॑'कॅटिव् a. याची, प्रार्थनात्मक, प्रार्थनावाची; विनयसूचक।

precatory –टॅरि a. (व्या०, शब्द या रूप) आशीर्लिंग, विनयवाचक, विनयबोधक, प्रार्थनावाची; (इच्छापत्र) विनयात्मक, (का०) **प्रार्थनात्मक**; (*~ word*), कामनासूचक, इच्छासूचक (*~trust*)।

precaution प्रि॑कॉ'शॅन् n. (चि० भौ०, नौवि०, जीव०) **पूर्वोपाय**, (भौ०) **पूर्वावधान**, पूर्वप्रबोध, पूर्वसमीक्षा^{F}, सजगता^{F}, जागरूकता^{F}, सावधानी^{F}, सतर्कता^{F}, चौकसी^{F}, खबरदारी^{F}, (चि०, नौवि०) **एहतियात**।

precautionary –नॅरि a. सपूर्वोपायी, पूर्वावधानात्मक, पूर्वावधानपूर्ण, सतर्कता^{F} या जागरूकता-विषयक, एहतियाती।

precautious –शॅस् a. पूर्वोपायी, (*~attachment, ~landing*), पूर्वावधानी, पूर्वप्रबोधी, सावधान, पूर्वसमीक्षक, सजग, जागरूक, चौकस, खबरदार।

precede प्रि॑सीड्' v.t. & i. अग्रचर होना, प्राथमिक होना, पूर्वगमन करना; पूर्वघटित होना, पहिले होना; मार्गदर्शन करना, पुरःसरण करना, आगे-आगे चलना; पूर्वकालीन होना, (समयमें) पूर्ववर्ती होना, पहलेका होना; अग्रगण्य होना, अधिक महत्त्व होना; आगे निकलना, पिछाड़ना; अधिक आवश्यक होना; प्राथमिकता^{F} देना, प्रमुखता^{F} देना; (कार्यको) प्रथमतः करना, प्रघटित करना।

precedence, -cy प्रे॑'सिडॅन्स्, प्रि॑सी'डॅन्स्, -सि nn. (राज०) **पूर्वता**^{F}, (का०) **पूर्ववर्तिता**^{F}, अग्रचरण, (राज०) **अग्रता**^{F}, प्राथमिकता^{F}, अग्रगमन, पुरःसरण, अग्रसरण; (का०) **पूर्व निदर्शन**; अग्रिमता^{F}, अग्रपद, अग्रगण्यता^{F}; श्रेष्ठता^{F}, गुरुत्व, वरिष्ठता^{F}, महत्ता^{F}; उत्कर्ष, प्राधान्य, पुरस्कार, अग्रत्व; प्रथमाधिकार, अग्राधिकार, श्रेष्ठाधिकार; अग्रसम्मानाधिकार, अग्रपूजाधिकार; *takes ~ (-cy) of all others* सर्वाधिक प्रमुख या वरिष्ठ है।

precedent[1] –न्ट् n. (का०) **दृष्टान्त, पूर्वोदाहरण, पूर्व निर्णय, पूर्व दृष्टान्त**, पूर्वनिदर्शन, नमूना, नजीर^{F} (*do not take it as a ~*), पूर्वादर्श; पूर्वन्याय; पूर्वघटना^{F}; पूर्वगुण, प्रतिभा^{F}।

precedent[2] a. (अव क्र०) प्राथमिक, (का०) **पूर्ववर्ती**, पूर्वभावी; वरिष्ठ, प्रमुख।

precedented –डे॑न्टिड् a. पूर्वदृष्टान्तसम्पन्न, पूर्वोदाहरणपुष्ट, पूर्वदृष्टान्तसमर्थित, दृष्टपूर्व।

precedential –न्'शॅल् a. पूर्वप्रमाणसदृश, पूर्वदृष्टान्तवत्, पूर्वनिदर्शनकी भाँति।

preceding प्रि॑सी'डिंग् a. पूर्व, पूर्वग, (विधा०) **पूर्वगत**, (का०) **पूर्वगामी**, पूर्ववर्ती, पहलेवाला, पहला (*~ paragraph*)।

precent प्रि॑से॑न्ट्' v.t. & i. मुख्य गायन करना, पूर्वगायन करना, गानेमें नेतृत्व करना।

precentor –'टॅर् n. मुख्य गायक, पूर्वगायक, गायकाग्रणी।

precentorship –शिप् n. मुख्यगायक-कार्य, पूर्वगायक-कार्य; मुख्य-गायक-कार्यकाल, पूर्व-गायक-कार्यकाल।

precept प्री'से॑प्ट् n. आज्ञा^{F}, (बैंक०, का०) **आदेश**, समादेश, अनुशासन; नियम, विधि^{F}, लीक^{F}; सूत्रवाक्य; स्थिति^{F}, मर्यादा^{F}, उपदेश, नीतिवचन, (बैंक०, का०) **आदेशिका**^{F}; धर्मानुज्ञा^{F}, धर्मशासन; प्राह्वान, अधिपत्र, आदेशपत्र, सूचनापत्र; करसंग्रहका आदेश, भुगतानका आदेश।

preceptive प्रि॑से॑प्'टिव् a. वैधिक, नैयमिक, समादेशीय, आदेशात्मक, उपदेशी।

preceptor –टॅर् n. गुरु, शिक्षक, आचार्य, उपाध्याय, उपदेशक, अध्यापक।

preceptorial प्रीसे॑प्टॉ'रिॅल् a. शिक्षकोचित, आचार्योचित; गुरु-सम्बन्धी, उपदेशक-सम्बन्धी।

preceptorship प्रि॑से॑प्'टॅर्शिप् n. गुरुत्व, गुरुपद, आचार्य-पद, शिक्षक-पद।

preceptory –रि n. (धर्म-सैनिकोंके अधीन) धर्मयोद्धा; (धर्मयोद्धाकी) सम्पत्ति^{F}, भवन आदि।

preceptress–ट्रि॑स् n. शिक्षिका^{F}, आचार्या^{F}, उपदेशिका^{F}, अध्यापिका^{F}, गुरुवाइन^{F}।

precession प्रि॑से॑श्न् n. (भौ०) **पुरस्सरण**, अग्रगमन, अग्रगति^{F}, पूर्ववर्तित्व; (गणि०, ज्यौ०, भौ०) **अयन**, अयनांश; *~ of the equinoxes* सम्पात, क्रान्तिपात-गति^{F}, अयनगति^{F}, अयन-चलन, विषुवपुरःसरण, अयनांश-भाग।

precessional –शॅनॅल् a. सम्पातिक, क्रान्तिपातगतिक, अयनगति-सम्बन्धी, अग्रगम्य।

precinct प्री'सिन्क्ट् n. प्राचीर, प्रांगण, परकोटा, कोट, हाता, अहाता, बाड़ा; (का०, राज०) **चुनाव उपक्षेत्र**, (बहु०) उपकण्ठ, पर्यन्त, अवधि^{F}, (का०, राज०) **उपान्त**, परिसर, (का०, राज०) **प्रसीमा**^{F}, सीमावर्ती प्रदेश, सरहद^{F}, मेंड़^{F}; (चुनावके लिए) नगर इत्यादिके उपविभाग।

preciosity प्रे॑शिऑ'सिटि n. अतिशिष्टता^{F}, अतिपरिष्कृतता^{F}, अतिकलात्मकता^{F}, अतिकोमलता^{F}, मृदुता^{F}, नाजुकमिजाजी^{F}।

precious[1] प्रे॑शॅस् a. महार्घ, अनर्घ्य, महार्ह, मूल्यवान्, **बहुमूल्य**, अमूल्य, अमोल, **कीमती**; उत्कृष्ट, परमश्रेष्ठ; लाभप्रद, शिक्षाप्रद, गुणकारी, परमोपयोगी; (भाषा^{F} या कौशल आदिमें) अतिशिष्ट, अतिसंस्कृत, अत्यधिक परिष्कृत; कृत्रिम, चिकना, मिट्ठू, बनावटी;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतिकोमलमना, अत्यधिक सौन्दर्यप्रिय; (बोल०) पूर्ण, नितान्त; my ~ मेरे प्रियतम; ~ metals महार्घ धातुएँ^F, (भू०) बहुमूल्य धातु^F, कीमती धातु^F, सोना चाँदी^F; ~ mineral बहुमूल्य खनिज, कीमती खनिज; ~ stone रत्नाश्म, उपरत्न, (भू०) रत्न, (रसा०) मणि, जवाहर;

~ garnet, ~ opal, ~ serpentine.

precious[2] adv. असामान्यतः, असाधारणतः, नितान्त, परमरूपसे, अत्यन्त, अत्यधिक रूपसे (*took ~ good care of that*)।

preciousness –नॅस् n. महार्घता^F, अनर्घ्यता^F, महार्हता^F, मूल्यवत्ता^F, बहुमूल्यता^F, अमूल्यता^F, अमोलता^F; उत्कृष्टता^F, परमश्रेष्ठता^F; शिक्षाप्रदता^F, अतिशिष्टता^F, कृत्रिमता^F; अतिकोमलता^F, अतिसौन्दर्यप्रियता^F।

precipe प्री'सिपी n. = PRAECIPE.

precipice प्रे'सिपिस् n. प्रपात, औंधेमुँह गिरना; (प्रा०, भू०) पातुक, भृगु, डाँग, (प्रा०, भू०) खड़ी चट्टान^F, ढाल^F, करारा, कगार।

precipitability प्रिसिपिटॅबि'लिटि n. निःसादनीयता^F, प्रक्षेपणीयता^F, अवक्षेपणीयता^F।

precipitable –'पिटॅबॅल् a. निःसादनीय, प्रक्षेपणीय, अवक्षेपणीय, (ऋतु०) संघननीय (*~ water*)।

precipitance, -cy –टॅन्स्, –सि n. निःसादकता^F, प्रक्षेपकता^F, अवक्षेपकता^F; साहस।

precipitant –न्ट् n. निःसादक, प्रक्षेपक, (रसा०) अवक्षेपक।

precipitate[1] –टॅट् n. (रसा०) निःसादन, निःसाद, (रसा०) अवक्षेप, प्रक्षेप, तलछट^F; (भौति०, वाष्पके शीतलीकरण द्वारा संगृहीत) आर्द्रता^F (जैसे, ओस^F, वर्षा^F, हिमपात); ~ recognition (का०) सत्वर मान्यता^F।

precipitate[2] –टेट् v.t. (रसा०) अवक्षेप करना, वेगसे नीचे गिराना, शीघ्रता^F से फेंकना या गिराना, खोपड़ी^F के बल दे मारना, औंधेमुँह पटकना; (ला० परिस्थिति^F में) गिराना, डालना, फँसाना; (घटनाओं^F को बढ़ानेके लिए) उत्तेजित करना, अनुरोध करना, व्यग्रता^F दिखाना, शीघ्रता^F करना, उतावली^F करना, पीछे पड़ना, सिर खाना, जल्दी^F मचाना, नाक^F में दम करना; (रसा०) निःसादन करना, अवक्षिप्त करना, प्रक्षिप्त करना; वाष्पको द्रवीभूत करके जमाना।

precipitate[3] –टॅट् a. अधोमुख, अवाङ्मुख, अवाक्शिर, औंधेमुँह, मुसरा, मुँहभार; अविमृष्ट, अतिक्षिप्र, व्यग्रतापूर्ण, भागा-भागी, भसर-भसर; (व्यक्ति या कार्य) साहसी, व्यग्र, अन्धाधुन्ध, जल्दबाज, हड़बड़िया, भड़भड़िया, हड़बड़ीवाला; ~ labour (चि०) साहस प्रसव, अतिक्षिप्र प्रसव।

precipitated –टेटिॅड् a. (रसा०) अवक्षेपित, निस्सादित (*~ copper*)।

precipitately –टॅलि adv. अवाक्शिरसा, औंधेमुँह, सिरके बल; सहसा, अन्धाधुन्ध, जल्दबाजी^F करते हुए।

precipitateness –निस् n. अधःपातन, अवपातन, अवक्षेपण, अधःक्षेपण; साहस, साहसिकता^F, क्षिप्रकारिता^F, द्रुतगमन; अविमृश्यकारिता^F, उतावलापन, जल्दबाजी^F, हड़बड़ी^F।

precipitation –टेशॅन् n. अवक्षेप, अवपात, अधःपतन, (वैमा०, रसा०, यन्त्र०, ऋतु०) अवपतन, अधःपात, सिरके बल गिरायी गयी वस्तु^F; व्यग्रता^F, उतावलापन, हड़बड़ी^F; अविमृश्यता^F, अविवेक; (वैमा०, रसा०, यन्त्र०, ऋतु०) वर्षण, वर्षा^F, हिमपात, उपलवृष्टि^F; निःसादन, (यन्त्र०, प्रा० भू०, रसा०, ऋतु०, वैमा०) अवक्षेपण; साहस, साहसिकता^F।

precipitator –'पिटेटॅर् n. अधःपाती, अवपाती; वेगतः गिराने या पटकनेवाला; व्यग्र, उतावला, हड़बड़िया, जल्दबाज, साहसी; निःसादक, अवक्षेपक; निःसादन-यन्त्र, जलशोधन-कुण्ड।

precipitous –टॅस् a. पातुक, विप्रपाती, विषम, प्रवण, अवसर्पी; उतावला, जल्दबाज, अक्खड़; प्रपातवत्, भृगुसदृश, कगार-जैसा, चट्टान-जैसा, खड़ा, ढलुवाँ।

precipitousness –नॅस् n. पातुकता^F, विप्रपातित्व; खड़ापन; अक्खड़पन, उतावली^F, जल्दबाजी^F; ढाल^F, ढलाव।

precis (F) प्रे'सी n. तत्त्व, संक्षेप, सार, सारांश; सारांश बताना, निचोड़ निकालना; ~-writing सारांश-लेखन-कला।

precise प्रिसाइस् a. यथार्थ, यथातथ्य, परिच्छिन्न, सुव्यक्त, सूक्ष्म, व्यक्त, स्फुट, ठीक-ठीक; (भौ०) परिशुद्ध; सुनिश्चित, नियत (*the ~ moment*); नियमनिष्ठ, नियमाग्रही, विधाननिष्ठ, सिद्धान्तनिष्ठ, व्यवस्थाप्रिय; संक्षेपानुरोधी;

~ account, ~ meaning, ~ measurement, ~ nature, ~ statement.

precisely –'लि adv. यथार्थतः, सुतथ्यतः, सूक्ष्मतया, नियत रूपसे, निश्चित रूपसे, हूबहू।

preciseness –'निस् n. नियतता^F, सुनिश्चितता^F, सुतथ्यता^F, निर्दिष्टता^F, निर्देश, सूक्ष्मता^F, याथार्थ्य, व्यक्तता^F, स्फुटता^F; नियमनिष्ठा^F, नियमाग्रह, व्यवस्थाप्रियता^F।

precisian प्रिसिज़न् n. नियमनिष्ठ, नियमाग्रही, व्यवस्थाप्रिय, कर्मठ, कर्मनिष्ठ, कर्मपरायण, नियमी, सख्त पाबन्द।

precisianism –ज़निज़म् n. नियमनिष्ठावाद, कर्मनिष्ठावाद; नियमनिष्ठा, नियमाग्रह, व्यवस्थाप्रियता^F; कर्मठता^F, कर्मनिष्ठा^F, कर्म-परायणता^F, नियमितता^F, सख्त पाबन्दी^F।

precision –ज़न् n. यथार्थता^F, सुतथ्यता^F, (सांख्य०, ग०) सूक्ष्मता^F, यथातथ्यता^F, सुनिश्चितता^F, विशुद्धता^F, (भौ०) परिशुद्धि^F, परिशुद्धता^F, सुव्यक्तता^F, सुव्यवस्था^F, अचूकपन; (गुण०) सूक्ष्मतापूर्ण, अचूक, सूक्ष्म (*~ bombing, tools*); arm of ~ सूक्ष्मास्त्र, बन्दूक^F या तोप^F आदि; ~ grinder सूक्ष्मपेषक, महीन

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पीसनेवाला; ~ instrument यथार्थमापी यन्त्र; ~ turner सूक्ष्मकर्म खरादिया।

precisitonist –जॅनिस्ट् n. यथार्थतावादी, सुतथ्यतावादी, सूक्ष्मतावादी; व्यवस्थाप्रिय, नियमाग्रही, नियमनिष्ठ।

precisive –साइ'सिव् a. निर्देशात्मक, निश्चयात्मक, विशुद्ध; यथार्थ, सुतथ्य, ठीक-ठीक।

preclimax⊙ प्रि'क्लाइ'मैक्स् n. पूर्वकाष्ठा^F, (वन०) प्राक्चरम।

preclude प्रि'क्लूड् v.t. निवारण करना, प्रतिवारण करना, विरत करना, निवृत्त करना; प्रतिषेध करना, निषेध करना; प्रतिरोध करना, निरोध करना, व्यवधान डालना, प्रतिबन्ध लगाना, बाधा^F पहुँचाना, रोकना, बन्द करना; पृथक् रखना, बहिष्कृत रखना, परे रखना, दूर रखना, बाहर रखना; उपेक्षा^F करना; दुष्कर कर देना, असम्भव बना देना।

precluded –डि'ड् a. प्रतिवारित, प्रतिबाधित, विरत, निवृत्त, प्रतिषिद्ध, प्रतिरुद्ध।

preclusion –'ज़्न् n. निवारण, प्रतिवारण, विरतीकरण, निवर्तन, प्रतिषेधन, निषेधन; प्रतिरोधन, निरोधन, प्रतिबन्ध, व्यवधान, बाधा^F पहुँचाना; पृथकीकरण, बहिष्करण, बहिष्कार; दुष्कर कर देना।

preclusive –'सिवॅ a. निवारक, प्रतिवारक; प्रतिषेधक, प्रतिरोधक; प्रतिबन्धक, निरोधक।

precoating प्रीको'टिंग् n. (परि०) पूर्वलेपन।

precocious प्रि'को'शॅस् a. (पौधा) अकालपक्व, (शिक्षा०) अकालप्रौढ़, अकालपुष्पी, पूर्वपक्व, कालपूर्व, बेमौसम फलनेवाला (~ *development*); (शिक्षा०) विलक्षण, (व्यक्ति) बाल-प्रौढ़, अकाल-परिणत, अकाल-प्रतिभ।

precociousness, precocity –नि'स्, कॉ'सिटि nn. अकालपक्वता^F, (शिक्षा०) अकालप्रौढ़ता^F, अकाल-परिणति^F; (शिक्षा०) विलक्षणता^F; बालप्रौढ़ि^F, पूर्वविकास।

precogitation प्रीकॉजिटे'शॅन् n. पूर्वधारणा^F, पूर्वविचारणा^F, पहलेका विचार।

precognition प्रीकॉग्नि'शॅन् n. पूर्वज्ञान, पूर्वबोध, पूर्वपरिचय, पूर्वजानकारी^F।

precognosce –नोस् v.t. पूर्वज्ञान प्राप्त करना, पूर्वपरिचित होना, पहिलेसे जानकारी^F रखना।

preconceit प्रीकॅन्सीट्' n. पूर्वकल्पित भावना^F, पूर्वानुमान, पूर्वनिर्णय, पूर्वविचार, अग्रधारणा^F, पूर्वकल्पना^F।

preconceive प्रीकॅन्सीव् v.t. पूर्वचिन्तन करना, पूर्वकल्पना^F करना, अग्रकल्पना^F करना, पूर्वनिर्णय करना, पूर्वधारणा^F बनाना, पूर्वानुमान करना, पूर्वसम्मति^F बना लेना, पहिलेसे सोच रखना।

preconceived –ड्' a. पूर्वचिन्तित, पूर्वानुमानित, अग्रधारित, पूर्वसंकल्पित, पूर्वनिर्णीत (~ *idea*, ~ *diagnosis*)।

preconception प्रीकॅन्से'प्'शॅन् n. (शिक्षा०) पूर्वप्रत्ययन, पूर्वबोध, पूर्वचिन्तन, पूर्वकल्पना^F, पूर्वानुमान, अग्र-कल्पना^F, पूर्वनिर्णय, पूर्वधारणा^F, पूर्वभावना^F, अग्रधारणा^F, पूर्वसम्मति^F, पक्षपात।

preconization प्रीकॅनाइज़े'शॅन् n. उद्घोषणा^F, (पोप द्वारा) सार्वजनिक स्वीकृति^F।

preconize –'कॅनाइज् v.t. उद्घोषणा^F करना, प्रचार करना, ढिंढोरा पीटना, खुल्लमखुल्ला कहना; (सार्वजनिक रूपसे) प्रशंसा^F करना, सराहना; (नाम लेकर) पुकारना, गुहारना; (रोमन गिर्जेमें पादरीकी नियुक्ति^F के लिए सार्वजनिक रूपसे) सहमति^F प्रदान करना।

precursive प्रि'कर्'सिव् a. प्राथमिक, आदि, पूर्ववर्ती, अग्रगामी।

precursor –सॅर् n. (चि०) पुरःसर; अग्रेसर, पूर्वग, पूर्वगामी, अग्रगामी, अग्रचारी, अग्रचर, पुरोगामी; (चि०) पुरोवर्ती; अग्रदूत, पुरोधावक; पूर्वपदाधिकारी, पदमें प्रथम।

precursory –रि a. = PRECURSIVE.

predacious प्रि'डे'शॅस् a. आखेटप्रिय, मृगयाजीवी, (कृषि०, जीव०) परभक्षी, शिकारप्रिय; हिंस्र, हिंस्रक, हिंस्रजीवी, हिंसाजीवी, दस्युवृत्ति, रक्तप्रिय, बनैला, खूँख्वार; हिंस्रकीय, हिंस्र-जन्तु-सम्बन्धी (~ *instinct*)।

predacity –डै'सिटि n. हिंस्रता^F, हिंस्रकता^F; बनैलापन।

predate प्रीडेट् v.t. पूर्वदिनांकित करना, गततिथि^F डालना, पिछली तारीख^F डालना।

predatism –ज़्म n. (जीव०) परभक्षिता^F, अपाहारिता^F।

predative⊙ प्रे'डॅटिव् a. आखेटशील, आखेटप्रेम-विषयक, मृगयाजीविका-सम्बन्धी, शिकारी।

predator⊙ –टॉर् n. लुण्ठक, (कृषि०, जीव) परभक्षी, अपाहारी, अपहारी, लुटेरा, (कीट वि०) शिकारी कीट।

predatory –टॅरि a. लुण्ठक, उपद्रवी, अपहरणप्रिय, अपहारक, दस्युवृत्ति, दस्युस्वभाव, लुटेरा; (जन्तु०) हिंस्र, मृगयाजीवी; ~ union स्वार्थी संघ, ~ fishes (जीव०) मत्स्यभक्षी मीन।

predecease प्रीडि'सीस' n. & v.t. पूर्वमरण (होना), पूर्वमृत्यु^F (होना)।

predecessor प्री'डि'सेसॅर् n. (का०) पूर्ववर्ती, पूर्वगामी, पूर्वाधिकारी; पूर्वग, पूर्वभूत, अग्रगामी, पूर्ववर्ती वस्तु^F; पितर, पूर्वज, पुरखा, बापदादा।

predella प्रि'डे'लॅ n. वेदी-मंच, वेदिका-मंच।

predesignate प्रीडे'ज़िग्नॅट् a. & v.t. पूर्वनिर्दिष्ट (करना), पूर्वाभिहित (करना); ~ proposition (दर्शन) मात्रिक तर्कवाक्य।

predestinarian[1] प्रि'डे'स्टिनेॲ'रिॲन् n. भाग्यवाद, अदृष्टवादी, नियतिवादी, दैववादी, दैष्टिक व्यक्ति।

predestinarian[2] a. दैवपर, दैववादी, अदृष्टवादी, भाग्यवादी, प्रारब्धवादी, नियतिवादी, दैवायत्त; दैववादीय, प्रारब्धवाद-विषयक।

predestinarianism –निज़्न् n. नियतिवाद, प्रारब्धवाद, दैववाद।

predestinate[1] प्रि'डे'स्'टिनेट v.t. प्रारब्धमें लिखना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अदृष्ट निश्चित करना, भाग्यरेखा[F] डालना, नियति[F] निर्धारित करना; पूर्वविधान करना, पूर्वविहित करना, पूर्वनिरूपित करना, पूर्वनिर्दिष्ट करना, पहलेसे नियत करना।

predestinate[3] –नॅट् a. भावी, विधिविहित, भाग्यांकित, प्रारब्धांकित, पूर्वनियत, होनहार।

predestination –नेॅशॅन् n. अग्रनिर्देश, दैववाद, मुक्तिविधान, अमरत्वविधान; (दर्श०) **पूर्वनियति**[F], नियति[F], अदृष्ट, प्रारब्ध, भावी[F], होनहार[F], तकदीर[F]।

predestinator –'टिनेॅटॅर् a. पूर्वविधाता, पूर्वनिर्णायक, पहलेसे ही भाग्य बतानेवाला।

predestine –न् v.t. पूर्वविधान करना; पूर्वनिरूपण करना, पूर्वनिर्देश करना, पूर्वनियत करना; प्रारब्धांकन करना, भाग्यरेखा[F] डालना, भावी[F] निश्चित करना, नियति[F] निश्चित करना।

predestined –ड् a. पूर्वनिर्दिष्ट, अग्रनिर्दिष्ट, पूर्वनियत; प्रारब्ध, दैवाधीन।

predestiny –नि n. पूर्वविधान, पूर्वनिर्णय; अमिट नियति[F], अटल भाग्य[F]।

predetermination प्रीडि॰टॅमिने'शॅन् n. पूर्वनिश्चयन, पूर्वनिश्चय, पूर्वनिर्धारण, पूर्वनिर्णय, अग्रसंकल्प; पूर्वविधान, पूर्वनिर्देश।

predetermine –'मिन् v.t. पूर्वनिश्चय करना, अग्रनिश्चय करना, पूर्वनिर्धारण करना, पूर्वनिर्णीत करना, पूर्वसंकल्प करना; पूर्वविधान करना, पूर्वनिर्देश करना।

pre-determined प्रीडि॰टॅर्'मिन्ड् a. **पूर्व-निर्धारित** (~ cost)।

predeterminism –निज़्म् n. (दर्श०) **पूर्व-नियतिवाद**।

predial प्री'डिॲल् a. क्षेत्रीय, क्षेत्र-सम्बन्धी, खेतका; ग्रामीण, देहाती।

predicability प्रे॰डिकॅबि'लिटि n. अभिधेयता[F], विधेयता[F], वाच्यता[F]; प्रकथनीयता[F]।

predicable[1] –डिकॅबॅल् n. अभिधेय वर्ग या वस्तु[F], विधेय पदार्थ, (दर्श०) **विधेय धर्म**, वाच्यतत्त्व; वचन, अभिधान, प्रकथन; विधान, व्यवस्था[F], पुष्टि[F]; (विशे० बहुव०) विधेयवर्ग।

predicable[2] a. अभिधेय, विधेय, वाच्य; प्रतिपाद्य, पोष्य, पोषणीय, स्थापनीय।

predicament प्रि॰डि'कॅमॅन्ट् n. विधेयमान वस्तु[F], दार्थ, (विशे० बहुव०) अरस्तूके १० पदार्थ; वर्ग, ज्ञाति[F], दशा[F], अवस्था[F], वृत्ति, विकट परिस्थिति[F], कठिन परिस्थिति[F], विषमावस्था[F], कष्टावस्था[F], धर्मसंकट, दुःखद परिस्थिति[F]।

predicamental –मे॰न'टॅल् a. विधेयमान वस्तु-विषयक, विधेयमान वस्तु-सम्बन्धी; विकट परिस्थिति-विषयक, कठिन समस्या-सम्बन्धी; धर्मसंकट विषयक, दुःखद परिस्थिति-सम्बन्धी, समस्यामूलक, संकटपूर्ण।

predicant[1] प्रे॰डिकॅन्ट् n. = PREDIKANT.

predicant[2] a. उपदेशरत, शिक्षारत, प्रचाररत।

predicate[1] प्रे॰ (प्री)'डिकॅट्, n. (तर्क०, व्या०, दर्श०) **विधेय**, (जैसे, *he is a fool* में *a fool*); गुण, विशेषता[F], विशेषण।

predicate[2] –केट् v. t. (किसी वस्तु[F]की सत्यता[F]या अस्तित्वके विषयमें) प्रकथन करना, दृढ़ कथन करना, प्रतिपादन करना, निरूपण करना, निर्देश करना, पुष्टि[F] करना (*we ~ goodness or badness of a motive*); (तर्क०) विधान करना, (कर्ताके सम्बन्धमें कोई बात[F]) स्थापित करना।

predication –के'शॅन् n. प्रकथन, दृढ़कथन, अभिधान, निरूपण, प्रतिपादन, समर्थन, पुष्टि[F]।

predicative प्रि॰डि'कॅटि॰व् a. प्रकथयिता, अभिधाता, विधाता, विधायक, विधेयकारी, निरूपक, प्रतिपादक; ~ view (दर्श०) **विधेयमत**।

predicatory प्रे॰डिकॅटॅरि a. औपदेशिक, प्राचारिक, उपदेश-विषयक; उपदेशरत, धर्म-प्रचारित; शिक्षाप्रद; उपदेशधर्मी, प्रचारधर्मी।

predict प्रि॰डिक्ट्' v. t. पूर्वसूचित करना, भविष्यवाणी[F] करना, पहिलेसे बताना; उपदेश करना, समादेश करना।

predictability –टॅबि'लिटि n. पूर्वसूचनीयता[F], पूर्वलक्षणयुक्तता[F], होनहारी[F]।

predictable –टॅबॅल् a. पूर्वसूचनीय, (दर्श०) **पूर्व-कथनीय**, भविष्यवचनीय, पूर्वलक्षणयुक्त, पूर्वानुमेय (~ *intervals*)।

predicted –टि॰ड् a. (दर्श०) **प्रागुक्त**, ~ fire **पूर्वनिर्धारित शलक**।

prediction –'शॅन् n. भविष्यद्वाणी[F], भविष्यवाणी[F], कथन, भावीकथन, (दर्श०) **पूर्वकथन, भविष्य कथन, प्रागुक्ति[F], प्राक्कलन**, पूर्वकलन, पूर्वसूचना[F], आदेश, समादेश।

predictive –टि॰व् a. पूर्वसूचक, लक्षणसूचक, लक्षणवाची, शकुनकारी; भविष्य-कथनात्मक, शकुनात्मक।

predictor –टॅर् n. भविष्यवक्ता, पूर्ववादी, पूर्वसूचक, अग्रनिरूपक; सिद्ध, आदेष्टा; पूर्वसूचित, अग्रनिर्देशक, (यन्त्र०), प्रीडिक्टर।

predigestion प्रीडिजे॰स्'चॅन् n. (चि०) पूर्वयाचना[F]; कृत्रिम अर्ध पाचन (जिसमें अन्न शरीरमें जानेके पूर्व ही अधपच किया जाता है)।

predikant प्रे॰डिकान्ट् (Du) n. डच पादरी (विशे० अफ्रीकामें); प्रोटेस्टैन्ट पादरी।

predilection प्रीडिलेॅक्'शॅन् n. प्राथमिकता[F], अधिमान; प्रवृत्ति[F], पूर्वानुराग, रुचि[F], पक्षपात, पूर्वस्नेह, चाह[F]।

predispose[1] प्रीडिसपोज़् n. (वन०), **पूर्व वृत्ति**[F]।

predispose[2] प्रीडिस्पोज़् v. t. (भावना[F], रोग आदि की ओर) प्रवृत्त होना, प्रवणशील होना या करना, झुकना; पूर्वप्रवृत्त करना, उद्युक्त करना, प्रयुक्त करना, उद्यत करना, उन्मुख करना, अनुकूल बनाना, झुकाना।

predisposed –ड्' a. पूर्वप्रवृत्त, पूर्वोद्यत; उन्मुख।

predisposing –जिंग a. (चि०) रोगप्रवण।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

predisposition –पॅज़िशॅन् n. क्षमता^{F}, योग्यता^{F}, पात्रता^{F}; (शिक्षा०) **पूर्ववृत्ति**^{F}, **पूर्वानुकूलता**^{F}, पूर्व प्रवृत्ति, प्रवृत्ति^{F}, शील, उद्युक्तता^{F}, प्रयुक्ति^{F}, उद्यतता^{F}, उन्मुखता^{F}, प्रवणता^{F}, प्रभाव्यता^{F}; (चि०) रोगोन्मुखता^{F}, रोगप्रवणता^{F}।

predominance प्रिडॉ'मिनॅन्स् n. प्रभुत्व, प्रभविष्णुता^{F}, अधिकार, वर्चस्व, सत्ता^{F}, साम्राज्य; प्राबल्य, महत्त्व, विशेषता^{F}, प्राधान्य, प्रभाव, तूती^{F} बोलना, दाब, दबदबा, बोलबाला; प्राचुर्य, अधिकता^{F}, आधिक्य, अतिरेक।

predominant –न्ट् a. प्रभविष्णु, प्रधान, वर्चस्वी; **प्रबल**, सर्वप्रमुख, अधिभावी, प्रभावी; प्रचुर, अधिक, सातिरेक, हावी।

predominantly, predominatingly –लि, –टिंग्लि, advv. प्रभविष्णुतया, प्रधानतः, प्रबलतया, प्रचुरतया, अधिकतः, सातिरेक, हावी होते हुए।

predominate[1] –नेट् v. i. (किसीपर) प्रभुता^{F} या प्रभुत्व रखना, आक्रान्त करना, सत्ता^{F} स्थापित करना, अधिकार जमाना, दबाना, मुट्ठी^{F} में रखना; वरीयस् होना, श्रेष्ठ होना, प्रबल होना, प्रधान होना; प्रचुर होना, अधिक होना, अतिरेकमें होना, भरमार होना।

predominate[2] –नॅट a. (कृषि०) **प्रभावी**।

predominating –नेटिंग् a. = PREDOMINANT (*~ authority*).

predomination –ने'शॅन् n. प्रभुता^{F}, प्रभुत्व, प्रभविष्णुता^{F}, आक्रान्ति^{F}, सत्तास्थापन, अधिकार जमाना; वरिष्ठता^{F}, श्रेष्ठता^{F}, प्रबलता^{F}, प्रधानता^{F}; आधिक्य, प्राचुरता^{F}, अतिरेक, भरमार।

pre-eminence प्री-ऐ'मिनॅन्स् n. उत्कर्ष, श्रेष्ठता^{F}, वरेण्यता^{F}, वैशिष्ट्य, प्राधान्य, प्रधानता^{F}, प्रमुखता^{F}, अग्रगण्यता^{F}, उत्तमता^{F}।

pre-eminent –न्ट् a. उत्कृष्ट, परम, श्रेष्ठ, वरेण्य, विशिष्ट, प्रधान, सर्वप्रधान, प्रमुख, अग्रगण्य, उत्तम।

pre-eminently –लि adv. सविशेष, सातिशय, प्रधानतः, सर्वप्रधान-रूपेण, अग्रगण्य रूपसे, बढ़कर।

pre-emphasis प्रीऐ'म्फॅसिस् n. **पूर्वबलन**।

pre-empt प्री-ऐम्प्ट्' v. t. & i. पूर्वक्रमेण प्राप्त करना, पूर्वक्रियाधिकारसे प्राप्त करना; अग्रक्रयण करना ⊙; (ला०) पूर्वाधिकार करना, पहिले हथिया लेना; (ब्रिजके खेलमें) पूर्वक्रमसे हाथ बोलना।

pre-emption –प्'शॅन् n. अग्रक्रय, (का०) **पूर्वक्रय**; अग्रक्रयाधिकार, पूर्वक्रयाधिकार; (का०) **हकशफ़ा**।

pre-emptive –'टिव् a. पूर्वक्रमिक, सर्वोच्च।

pre-emptor –टॅर् n. (का०) **पूर्व-क्रयाधिकारी, शफ़ी**।

preen प्रीन्[1] v. t. (पंखोंको चोंच^{F}से) सँवारना, ठीक करना; (व्यक्तिका स्वयंको) सुसज्जित करना, सजाना, बनाना।

pre-engagement प्री-इन्नोज्'मॅन्ट् n. पूर्वप्रतिश्रु^{F}, पूर्वसंकल्प।

preening प्री'निंग् n. चंचुसाधन, चंचुस्नेहन।

pre-existence प्री-इ'ग्ज़िस्'टॅन्स् n. पूर्वजन्म, पूर्वजीवन; (दर्श०) **प्रागभाव**।

pre-existing –टिंग् a. **पूर्ववर्ती**, (*~ debt, ~ rock*)।

pref. *preface.*

prefabricate प्रीफ़ै'ब्रिकेट् v. t. पूर्वनिर्माण करना, अग्रगठन करना, पहलेसे बना रखना।

prefabrication –के'शॅन् n. (यंत्र०) **पूर्वविरचन**, पूर्वनिर्माण, अग्रनिर्माण, अग्रगठन^{F}।

preface[1] प्रे'फ़ॅस्, n. मुखबन्ध, उपक्रम, उपोद्घात, आमुख, (विधा०) **प्राक्कथन**, पूर्वपीठिका^{F}, प्रस्तावना^{F}, भूमिका^{F}; वाङ्मुख, भाषणका आरम्भिक भाग।

preface[2] v. t. मुखबन्ध रचना, उपोद्घात लिखना, आमुख लिखना, प्राक्कथन लिखना, भूमिका^{F} लिखना; (व्याख्यान आदि) उपक्रान्त करना, प्रारम्भ करना, (एक घटना^{F}का दूसरी घटना^{F}के) भूमिकास्वरूप होना; (v. i.) प्राक्कथन करना, उपक्रम करना।

prefacer –सॅर् n. मुखबन्धकार, उपक्रम रचयिता, उपोद्घातरचयिता, आमुख-लेखक, प्राक्कथनकार, पूर्वपीठिकाकार, भूमिका-लेखक; वाङ्मुखकर्ता, भाषणके आरम्भिक भागका रचयिता।

prefatorial, prefatory प्रे'फ़ॅटॉ'रिॲल्', –फ़ॅटॅरि aa. मुखबन्धीय, उपोद्घातीय, प्राक्कथन-सम्बन्धी, आमुख-विषयक, प्रस्तावनात्मक, भूमिका-सम्बन्धी।

prefect प्री'फ़ॅक्ट् n. (रोमनपुराण तथा फ्रांस) प्रशासक, अधिनायक, प्रशासनाधिकारी; (शिक्षा०) (कुछ सार्वजनिक विद्यालयोंमें) नायक, वर्गाध्यक्ष, कक्षाप्रधान, प्रीफेक्ट।

prefectoral, prefectorial प्रिफ़ॅक्'टॅरॅल्, प्रीफ़ॅक्टॉ'रिॲल् aa. प्रशासकीय, प्राध्यक्षीय, नायकोचित।

prefectural –'चॅरॅल् n. प्रशासक-पद-विषयक; वर्गाध्यक्षपदीय।

prefecture प्री'फ़िक्च्युॲर् n. प्रशासक-पद, प्राध्यक्ष-पद; प्रशासकपदावधि^{F}, प्राध्यक्षपदावधि^{F}; प्रशासक या प्राध्यक्ष-निवेश; प्रशासक या प्राध्यक्षके अन्तर्गत क्षेत्र।

prefer प्रिफ़र्' v. t. उन्नत करना, पदवृद्धि^{F} करना, स्थानोन्नति^{F} करना, वृद्धि^{F} करना, बढ़ती^{F} करना; प्रवर्तन करना; पुरोभृत करना, पुरोभरण करना, उपस्थापित करना, प्रस्तुत करना, **आरोप करना, करना**, देना, आ धरना, पेश करना; (रसा०) **अधिमान्यता**^{F} **दे** वरीयता^{F} देना, **अधिमान देना**, प्रशंसा^{F} करना, प्र समझना, श्रेयस्कर समझना, श्रेष्ठ मानना, अ मानना, पसन्द करना (*~ to leave it alone*)।

preferability प्रे'फ़ॅरॅबि'लिटि n. वरिष्ठता^{F}, अधिन्यता^{F}, श्रेयस्करता^{F}, गरिष्ठता^{F}, वरेण्यता^{F}, अधिक अ होना।

preferable –'फ़ॅरॅबॅल् a. अधिमान्य, वरीय, श्रेयस्कर, गरीयस्, उत्तम, वरेण्य, अधिक अच्छा।

preferableness –निॅस n. = PREFERABILITY.

preference –रॅन्स् n. **अधिमान**, प्राथमिकता^{F}, अभिरुचि^{F}, **वरीयता**^{F}, अधिमान्यता^{F}, अधिकानुराग, आदरातिशय; **तरजीह**^{F}; अधिमानित वस्तु^{F}; (विशे० ऋण-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शोधनका) पूर्वाधिकार; अधिमान-दान, (व्यापार इत्यादिमें, किसी देशको दूसरेसे) अधिक मान देना; पसन्द; आदर; ~ bond पूर्वाधिकार-बन्ध; ~ share पूर्वाधिकार अंश; ~stock पूर्वाधिकार-स्कन्ध;
~ creditors, ~ dividend, ~ function, ~ schemes, ~ share, ~ surface, ~ system.

preferential –रेंन्'शल् a. (रसा०) **वर्णनात्मक; अधिमान्य,** (अर्थ०) **पूर्वाधिमानी,** अधिमानी, अधिमानात्मक, पक्षपातपूर्ण, **तरजीही** ।
~ adsorption, ~ combustion, ~ creditor, ~ duties, ~ hiring, ~ payments, ~ rate, ~ traffic, ~ treatment.

preferentialism –शॅलिज़्म् n. प्राथमिकतावाद, सुविधावाद, अधिमानवाद ।

preferentialist –लिस्ट् n. प्राथमिकतावादी, सुविधावादी, अधिमानवादी ।

preferment प्रिंफ़र्'मॅन्ट् n. उन्नति^{F}, पदोन्नति^{F}, पदोत्कर्ष, अधिमान, स्थानोन्नति^{F}, प्रतिष्ठापद, गौरवास्पद, बढ़ती^{F}, तरक्की^{F} ।

preferred –र्ड्' a. अधिमानित, अधिमान-प्राप्त, (का०) **पूर्वभावी;** ~ shares, stock, etc. पूर्वाधिकार-अंश, स्कन्ध आदि ।

preferrer –'रॅर् n. उन्नतिकर्ता, पदवृद्धिकर्ता, स्थानोत्कर्षकर्ता, बढ़ती करनेवाला; प्रवर्तक; पुरोभर्ता, उपस्थापयिता; प्रस्तुतिकर्ता, पेश करनेवाला; अधिमाता, प्रशंसक, प्रवर समझनेवाला, श्रेयस्कर समझनेवाला ।

prefigurate[1] प्रीफ़ि'ग्यूरेट् v. t. पूर्वकल्पना^{F} करना, पहिले सोच लेना; दिग्दर्शन करना, पूर्वप्रतिबिम्बित करना ।

prefigurate[2] –रॅट् a. पूर्वकल्पित, पूर्वचिन्तित, पूर्वदिग्दर्शित ।

prefiguration –रे'शॅन् n. पूर्वदिग्दर्शन, पूर्वाभिव्यक्ति^{F}, पूर्वचित्रण, पूर्वगत झलक^{F} ।

prefigurative –'ग्यूरॅटिव् a. पूर्वदिग्दर्शनात्मक, पूर्वलक्षणात्मक, पूर्वचित्रात्मक, पूर्वप्रतिबिम्बात्मक ।

prefigure प्रीफ़ि'गॅर् v. t. पूर्वप्रतिबिम्ब दिखाना, दिग्दर्शन कराना, पूर्वचित्र दिखाना; पूर्वचित्र करना, पूर्ववर्णित करना, पहिलेसे कल्पना^{F} करना ।

prefigurement –मॅन्ट् n. = PREFIGURATION.

prefix[1] प्रीं'फ़िक्स् n. **उपसर्ग;** उपपद, आस्पद (जैसे, Mr., Mrs., Sir, Dr.) ।

prefix[2] v. t. पूर्वविन्यस्त करना, अग्रन्यस्त करना, पूर्वयोजित करना, आदिमें जोड़ना, पहले जोड़ना; उपसर्जन करना, उपसर्ग लगाना ।

prefixion, prefixeture –क्'शॅन्; –'च्युॲर् n. पूर्वविन्यास, पूर्वयोजना, पूर्वप्रत्ययन, पूर्वोपसर्जन ।

prefloration प्रीफ़्लॅरे'शॅन् n. पूर्वकलिका-रचना^{F}, पूर्वकलिका-दल-विन्यास ।

prefoliation प्रीफ़ोलिॲ'शॅन् n. पर्णकलिका-रचना^{F}, मुकुलपत्र विन्यास, (वन०) **कलिकापर्ण-विन्यास** ।

preform प्रीफ़ॉर्म्' v. t. पूर्वनिर्माण करना, पूर्वगठित करना, पूर्वरचना^{F} करना, पहिलेसे गढ़ना या बनाना ।

preformation –मॅ'शॅन् n. पूर्वनिर्माण; पूर्वगठन, पूर्वरचना^{F}, पूर्वरूप ।

preformationist –निस्ट् n. (कृषि०) **प्राक्घटनवादी** ।

preformative[1] –'मॅटिव् n. रचनात्मकोपसर्ग, उपसर्गरूप रचनात्मक शब्द ।

preformative[2] a. पूर्वनिर्माणात्मक, पूर्वगठनात्मक, पूर्वरचनात्मक; (रचनात्मक तत्त्वके रूपमें) पूर्वस्थित, पूर्वस्थापित ।

preformed –म्ड्' a. पूर्वनिर्मित, पूर्वरचित, पहिलेसे गढ़ा हुआ ।

preformism –मिज़्म n. (शिक्षा) **कोशिकावाद** ।

pregenital प्रीजे'निटॅल् a. (चि०) लिंग प्राधान्यपूर्व, जननपूर्व ।

pregnable प्रे'ग्'निबॅल् a. जेय, सुजेय; सुगम ।

pregnancy प्रे'ग्नॅन्सि n. (चि०, श० र० शा०) **सगर्भावस्था,** सगर्भता^{F}, (चि०) **गर्भणीता^{F},** गर्भधारण, गर्भग्रहण, गर्भिणीभाव ।

pregnant a. गर्भधारिणी, (कृषि०, श०र०शा०) सगर्भा, **गर्भवती,** गर्भिणी, अन्तर्वत्नी, आपन्नसत्त्वा, (कृषि०) **गाभिन,** ओरई; भारी पैरवाली; उद्भावनामय, कल्पनापूर्ण; फलगर्भ, आढ्य, वरदायी, परिणामकारी; (शब्द या कृत्य) गूढ़, सारगर्भित, अर्थगर्भ, अर्थपूर्ण, विचारपूर्ण; भारी, भरा हुआ; ~ construction (व्या०) अर्थादेशपूर्ण रचना^{F}; ~ uterus (चि०) सगर्भ गर्भाशय ।

prehensile प्रिं'हे'न्'सिल् a. ग्रहणक्षम, (जीव०) **परिग्राही,** ग्रासक्षम, पकड़नेवाला (~ *tail*) ।

prehensility प्रीहे'न्सि'लिटि n. ग्रहणक्षमता^{F}, परिग्राहिता^{F}, ग्रासक्षमता^{F} ।

prehension –'शून् n. बोध, समझ^{F}; (कृषि०) **परिग्रहण,** ग्रास; धारण, ध्यान ।

prehensor ⊙ –'सॅर n. ग्रहीता, धारयिता ।

prehensory ⊙ –'रि a. ग्रहण-सम्बन्धी, ग्रहणशील; धारयिता-सम्बन्धी, ग्रहण करनेवालेसे सम्बन्धित ।

prehistoric प्रीहिस्टॉ'रिक् a. (नृ०, इति०) **प्रागैतिहासिक,** पूर्वैतिहासिक, इतिहासपूर्व;
~ age, ~ animal, ~ archaeology, ~ cemetery, ~ mane.

prehistory –'टॅरि n. प्रागैतिहासिक सामग्री^{F}, प्रागैतिहासिक युग, प्रागितिहास-काल ।

prejudge प्रीजज़्' v.t. अकालनिर्णय करना, पूर्वनिर्णय करना, (बिना जाँच^{F}के) फैसला करना; पूर्वनिष्कर्ष निकालना, पहिलेसे ही मत स्थिर करना, आगेसे ठानना ।

prejudg(e)ment, prejudication –मॅन्ट, प्रीजूडिके'शन् nn. पूर्वनिर्णय, पूर्वनिष्कर्ष, पूर्वनिश्चय, पूर्वन्याय ।

prejudicate प्रीजू'डिकेट् v.t. & i. पूर्वनिर्णय कर लेना, पूर्वधारणा^{F} बना लेना, पहिलेसे ही समझ^{F} रखना ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

prejudicative –'डिव् a. पूर्वनिर्णयशील, पूर्वधारणापर, पहिलेसे ही समझ रखनेवाला।

prejudice[1] प्रे॑जुडिस् n. संग, पक्षपात, **पूर्वग्रह**, विधारणा[F], पक्षग्रहण, तरफदारी[F] (*~ against in, favour of*); चेतोविकार, अविचारमति[F], अरुचि[F], प्रतिकूलता[F], अननुकूलता[F]; (का०) **अपकृति**[F], क्षति[F], अपाय, नाश, हानि[F], घाटा, बिगाड़; कुफल, (विधा०) **प्रतिकूल प्रभाव, विपरीत प्रभाव**, दुष्परिणाम, हर्ज।

prejudice[2] v.t. पक्षपात करना, पक्षग्रहण करना, तरफदारी[F] करना; (अधिकार, अभ्यर्थना[F] या वक्तव्यको) आवर्जित करना, विकृत करना, बिगाड़ना; (व्यक्तिको) पक्षमें करना, फोड़ लेना, मिलाना; *without ~* निष्पक्ष, पक्षपातरहित।

prejudiced –'ड् a. पक्षपातयुक्त, पूर्वग्रहपूर्ण।

prejudicial '–शल् a. पक्षपातजनक, पक्षपातकर; पक्षपातपूर्ण, विपरीत, प्रतिकूल, विरुद्ध; अहितावह, अपकारक, क्षतिजनक, हानिकर, हानिप्रद; *~ to* के प्रतिकूल, के लिए हानिकर।

prelacy प्रे॑लॅसि n. महन्तपद, मठाधीशपद, धर्माचार्यपद; महन्तगण, गिर्जाध्यक्षवर्ग; महन्तराज्य, गिर्जाई शासन।

prelate –'लॅट् n. धर्माध्यक्ष, मठाधीश, महन्त, गिर्जाध्यक्ष, प्रिलेट।

prelatess –'टिॅस् n. मठाध्यक्षा[F], महन्तिन[F]; (हास्य०) मठाध्यक्ष-पत्नी[F], महन्त-पत्नी[F]।

prelatical प्रिॅले'टिकॅल् a. मठाधीशीय, मठाधीश-विषयक, महन्त-सम्बन्धी, गिर्जाध्यक्ष-सम्बन्धी, प्रिलेटका; महन्तपद-विषयक, मठाधीशपद-विषयक, गिर्जाध्यक्षपद-विषयक; महन्तराज्य-विषयक, गिर्जाई शासन-सम्बन्धी।

prelatism प्रे॑लॅटिज़्म् n. = PRELACY.

prelatist –'टिस्ट् n. महन्तराज्यवादी, गिर्जाई शासनका पक्षपाती।

prelatize –'टाइज़् v.t. गिर्जाघरोंको महन्त-शासनके अन्तर्गत लाना।

prelature –'च्युॲर् n. महन्ती, गिर्जाध्यक्षपद; महन्तजन, गिर्जाध्यक्षगण।

prelect प्रिॅले॑क्ट् v.i. वक्तृता[F] देना, भाषण करना, व्याख्यान देना, वक्तव्य देना, बोलना।

prelection –क्'शॅन् n. वक्तृता[F], भाषण, व्याख्यान, वक्तव्य।

prelector –टॅर् n. वक्ता, व्याख्याता, भाषणकर्ता, अध्यापक।

prelibation प्रीलाइबे'शॅन् n. पूर्वास्वाद, पूर्वभुक्ति[F]; (प्रा०, ला०) पूर्वानुभव, पूर्वबोध, पूर्वाभास।

prelim प्रि॑लिम्' n. (बोल०, *preliminary* का संक्षेप) पूर्वपरीक्षा[F], पूर्वपरीक्षण, प्राथमिक परीक्षा[F], प्राथमिक जाँच[F]।

preliminary[1] –'मिनॅरि n. पूर्वकार्य, पूर्वविषय, प्राथमिक प्रबन्ध, प्रारम्भिक व्यवस्था[F]; उपक्रम, तैयारी[F] (प्रायः बहुव० में)।

preliminary[2] a. प्राथमिक (चि०, राज०) **प्रारम्भिक** परिचयात्मक, प्रास्ताविक, प्रस्तावनारूप, प्रबन्धात्मक, उपक्रमस्वरूप;

~ action, ~ adjustment, ~ arrangements, ~ budget, ~ canvass, ~ course, ~ dividend, ~ enquiry, ~ estimate, ~ examination, ~ expenses, ~ grant, ~ injunction, ~ inspection, ~ investigation, ~ measure, ~ notice, ~ objection, ~ operation, ~ point, ~ report, ~ sorting, ~ stage, ~ storing, ~ surface, ~ survey, tost, ~ treaty, ~ wave.

prelude[1] प्रे॑ल्यूड् n. आमुख, प्रस्तावना[F], भूमिका[F], मंगलाचरण, पूर्वरंग; उपक्रम, प्रारम्भ, शुरुआत; (संगीत) आलाप, स्वरालाप, पूर्वालाप, लय, स्वरमिलाप।

prelude[2] v.t. & i. भूमिकास्वरूप होना, उपक्रमस्वरूप होना; प्रास्ताविक कार्य करना, प्रास्ताविक घटना होना; द्योतक होना, सूचक होना, शकुनरूप होना; द्योतन करना, सूचित करना; भूमिका[F] बाँधना, उपक्रम करना; अलापना, लय[F] भरना।

preludial –'डिॲल् a. प्रास्ताविक मंगलाचरण-सम्बन्धी, भूमिकास्वरूप; प्रारम्भिक, उपक्रमीय, परिचयात्मक आदि।

preludize –'ल्यूडाइज़् v.t. प्रस्तावना रचना, भूमिका[F] लिखना; उपक्रम करना, आरम्भ करना; स्वरसन्धान करना, राग प्रारम्भ करना, आलाप भरना।

prelusion –यू'ज़न् n. प्रस्तावना[F], भूमिका[F], उपक्रम; पूर्वद्योतन, पूर्वलक्षण, पूर्वशकुन; आलाप।

prelusive –'सिव् a. प्रास्ताविक, भूमिकास्वरूप; पूर्वद्योतनात्मक; पूर्वलक्षणात्मक; पूर्वशकुनात्मक; आलापात्मक।

prematernity प्रीमॅटर्'निटि a. (चि०) प्रसवपूर्व, गर्भावस्थीय, गर्भावस्था-सम्बन्धी, गर्भावस्था-विषयक।

premature प्रे॑मॅच्युॲर् a. (कृषि०) **प्राक्पक्व**, अकालपक्व, अकालप्रौढ़, अकालपरिणत; अपक्व, कालपूर्व, अकाल, अकालिक, असमय, **समयपूर्व**, कच्चा;

~ cessation, ~ condemnation, ~ contraction, ~ death, ~ decay, ~ decision, ~ delivery, ~ encashment, ~ grazing, ~ increment.

prematurely –लि adv. अकालतः, असमयमें।

prematureness, prematurity –निस्,–रिटि nn. अपक्वता[F], पूर्वपक्वता[F], अकालपक्वता[F], अकालिकता[F], असामयिकता[F], कच्चापना; (वाणि०) **भुगतानपूर्वता**[F]।

premaxilla ⊙ प्रीमैक्'सिलॅ n. (चि०) **पुरःऊर्ध्वहनु**; (जीव०) **अग्रजम्भिका**[F], T.

premeditate प्रि॑मे॑डिटेट् v.t. पूर्वविमर्श करना, पूर्वसंकल्प करना, पूर्वचिन्तन करना, पूर्वविचार करना; (मनमें) गढ़ना, ठहरा लेना।

premeditated –टि॑ड् a. पूर्वसंकल्पित, (का०) **पूर्वचिन्तित**, पूर्वकल्पित;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ design, ~ killing, ~ malice.

premeditation –टे'शॅन् n. पूर्वविमर्श, पूर्वसंकल्प, (का०) **पूर्वचिन्तन**, पूर्वविचार, **पूर्वविचारणा**F, परिकल्पनाF, मनोरचनाF ।

premier[1] प्रे'(प्री)'मिअर n. **प्रधानमन्त्री**, प्रीमियर; आदि प्रदर्शन ।

premier[2] a. वरिष्ठ, श्रेष्ठ, सर्वप्रथम, अग्रणी, प्रधान, प्रमुख (~place); मुख्य, मुखिया, अगुवा ।

premiere (F) n. **प्रथम प्रदर्शन**, प्रथम अभिनय ।

premiership –शिप् n. प्रधानमन्त्रित्व, प्रधानमन्त्रि-पद; प्रधानमन्त्रि-कार्यकाल ।

premillenarian प्रीमिलि'नेअरिअॅन् n. सहस्राब्दवादी, सहस्राब्दसिद्धान्ती (इस बातF का विश्वासी कि हजार वर्षोंके पूर्व ईसाका फिर अवतार होगा) ।

premillennial प्रीमिले'निअॅल् a. वर्तमान संसार-विषयक, आधुनिक संसार-सम्बन्धी, अगले युगसे पहला ।

premillennialism –लिज़्म् n. सहस्राब्दवाद, सहस्राब्दी-सिद्धान्त (यह विश्वास कि सहस्राब्दीके पूर्व ईसा इस पृथ्वीपर शासन करेंगे) ।

premillennialist–लिस्ट् n. = PREMILLENARIAN.

premise[1],-**ss** प्रे'मिस,-स् nn. (तर्क० प्रायः *premiss*) पक्ष, हेतु, अवयव, पूर्वावयव, प्रतिज्ञाF, (बहुव०) पूर्वोक्त वस्तुएँF, (दर्श०) **आधार-वाक्य**; पूर्वकथित तथ्य; (कानून) पूर्वोक्त भूमिF, पूर्वोक्त गृह, पूर्वोक्त कृषिF आदि; (बहुव०) निवास, आवास, भवन, निलय, गृह, घर; (विधा०) **स्थान**; गृहपरिभाग, गृहसीमाF, गृहपरिसर, गृहोपान्त, (का०) **परिसर, आमुख, आदि-खण्ड**; अहाता, घेरा ।

premise[2] प्रि'माइज् v.t. उपक्षेप करना, उपन्यस्त करना, उपक्रम करना; प्रस्तावना रूपमें कहना, भूमिकाF बाँधना ।

premiss प्रे'मिस् n. = PREMISE.

premium प्री'मिअॅम् n. लाभ, फल, प्रतिफल, पुरस्कार, पारितोषिक, इनाम; प्रव्याज, परिभाग, अधिशुल्क, प्राशुल्क, अधिलाभ, **बढ़ौती**F, बढ़ोतरीF, (बीमाका) **प्रीमियम, बीमा-किश्त**F, किश्तF; (का०) **अधिमूल्य, नजराना**; शुल्क, शिक्षणशुल्क, सिखवाईF, पढ़वाईF; बट्टा, भुनवाईF; *at a* ~ वास्तविक मूल्यसे अधिकमें, बट्टा काटकर, भुनवाईF देकर; (ला०) अतिप्रतिष्ठित, अतिसम्मानित; ~ pay (अर्थ०) **बढ़ौती**F; ~ income **बीमाकिश्त आय**F; *put a* ~ *on* उद्दीप्त करना, उत्तेजित करना, प्रेरित करना; वृद्धिF करना; सोनेमें सुगन्धF मिलाना, चार-चाँद लगाना; जलमें नमक छिड़कना, आगमें घीF डालना ।

premolar प्रीमो'लॅर n. (चि०, जीव०) **अग्र चर्वणक, अग्रचर्वणदन्त**, पुरोहानव्य, दाढ़ोंके आगेका दाँत, खीसF ।

premonish प्रि'मॉ'निश् v.t. पूर्वादेश देना; पूर्व प्रबोधन करना, पूर्व चेतावनीF देना, चेतावनीF देना ।

premonition प्रीमॅनि'शॅन् n. प्रबोध, पूर्वबोध, (शिक्षा०) **पूर्वाभास**, अग्रबोध, (प्रा०भू०) **पूर्वसूचना**, प्राक्शंसनाF, प्रबोधन, चेतावनीF ।

premonitor प्रि'मॉनिटॅर् n. प्रबोधक, पूर्वबोधक, अग्रबोधक, पूर्वसूचक, प्राक्शंसक, सचेत करनेवाला ।

premonitory –रि a. प्रबोधी, पूर्वबोधी, अग्रबोधक, (प्रा०भू०) **पूर्वसूचक**, प्राक्शंसी, सचेत करनेवाला ।

premorse प्रि'मॉर्स् a. (वन०,कृमि०) ठूँठा, बूँचा, कटा ।

premunition प्रीम्यूनि'शॅन् n. (चि०) **संक्रमणी प्रतिरक्षा**, अभिक्षमताF, अभिरोग-क्षमताF ।

premunity –'निति n. (चि०) रोगक्षमताF, अभिरोग-क्षमताF, अभिक्षमताF ।

prenatal प्रीने'टॅल् a. गर्भावस्था-विषयक, गर्भावस्था-सम्बन्धी, प्रसवपूर्व, **जन्म-पूर्व**, जन्मके पहिले; ~ behaviour, ~ care, ~ clinic, ~ contamination.

prender प्रेण्डर् n. पूर्वग्रहणाधिकार, दिये जानेके पहले किसी वस्तुF को लेनेका अधिकार ।

prenomen प्रीनोमे'न् n. व्यक्ति-नाम, वैयक्तिक नाम, वंश-नामके पूर्वका नाम; ईसाई नाम, क्रिश्चियन नाम ।

prenominal ⊙ –मिनॅल् a. व्यक्तिनामीय, व्यक्तिनाम विषयक, व्यक्तिगत नाम-सम्बन्धी; वैयक्तिक नाम-सम्बन्धी, ईसाई नाम-विषयक, क्रिश्चियन नाम-सम्बन्धी ।

prenotify प्री'नॅटिफाइ v.t. पूर्वाधिसूचित करना ।

prenotum प्रीनो'टॅम् n. (जीव०) **पूर्वपृष्ठक** ।

prentice प्रे'न्'टिस् n. & v.t. = APPRENTICE; ~ hand नवशिक्षित, अनुभवहीन, नौसिखिया, अनाड़ी, फूहड़ ।

prenticeship–शिप् n. (प्रा०) = APPRENTICESHIP.

prenubile प्रीन्यूबिल n. (शिक्षा०) **कौमार काल** ।

preoccupancy प्रि'ऑ'क्यॅपॅन्सि n. पूर्वाभिधारण, पूर्वाधिकार, पूर्वभोग, पूर्वाभिधारिताF ।

preoccupate –पेट् v.t. प्रत्याशाF करना, पूर्वधारणाF बना लेना; पूर्वाधिकार करना, पहलेसे ही कब्जा बना लेना ।

preoccupation –पे'शॅन् n. पक्षपात, पूर्वग्रह, पूर्वधारणाF, पूर्वनिर्णय; पूर्वाभिधारण, पूर्वाधिकार, पूर्वभोग, पूर्वाक्रम; सर्वोपरि व्यापार; पूर्वव्यग्रताF; अनन्यमनस्कताF, लवलीनताF, निमग्नताF, तल्लीनताF, धुनF ।

preoccupied –क्यूपिड् a. पूर्वाधिकृत; पूर्वव्यग्र; अनन्यमनस्क, तल्लीन, विचारमग्न ।

peoccupy –पाइ v.t. पूर्वाधिकार करना, पूर्वग्रहण करना, पूर्वक्रम करना, पूर्वभोग करना; (मस्तिष्क आदिको) निमग्न करना, तल्लीन करना, चिन्तनरत करना ।

preoperative प्रीऑ'पॅरॅटिव n. (चि०) **पुरः शल्य कर्म** ।

preoption प्रीऑप'शॅन् n. पूर्वविकल्प, पहला चुनाव, पहली पसन्दगीF; पूर्वविकल्पाधिकार, पहले चुनावका अधिकार ।

preopercular प्रीऑपॅर्'क्यूलर n. (जीव०) अग्रच्छदिकाF ।

pre-oral प्री-ऑ'रॅल् a. **मुखपूर्व** (~ *pit*), मुखके सामने ।

prep. preparation; preparatory; preposition.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

prep. प्रेॅप' n. (*preparation* का संक्षेप) गृहकार्य, घरका काम; पाठकी तैयारी^{F}, पढ़ाईकी तैयारी^{F}।

prepaid प्रीपेड्' a. (वाणि०) **पूर्वदत्त** (~ *postage*), **पेशगी दिया**।

preparable प्रिॅपेअ'रॅबॅल् a. प्रकल्प्य, परिकल्पनीय, उपकल्पनीय, उपक्रमणीय; सज्जा योग्य, सज्जीकरणीय, योजनीय, प्रस्तुत्य; उद्यमनीय, कटिबन्धनीय, तैयारी योग्य।

preparation प्रेॅपॅरे'शॅन् n. प्रकल्पन, परिकल्पन, उपकल्पन, **उपक्रम**, उपक्रमण; **सज्जा**^{F}, सज्जीकरण; योजन, प्रस्तुति^{F}, पूर्वव्यस्तता^{F}, उद्यम, कटिबद्धता^{F}, तत्परता^{F}, सन्नद्धता^{F}, (प्रायः बहुव०) संभार, उपकरण, व्यवस्था^{F}, प्रबन्ध, बन्दोबस्त, (विधा०) **तैयारी**^{F}, (रसा०) **तैयार करना, बनाना**, इन्तजाम; (पाठोंकी) तैयारी^{F}, विनिर्माण, विरचन; (रसा०) **सम्पाक्य** (~ *leave*, ~ *room*), विनिर्मित पदार्थ; (संगीत) रागविधान, लयविधान; ***make ~s for*** प्रबन्ध करना, व्यवस्था^{F} करना, विधान करना, सरंजाम देना, टीमटाम^{F} करना।

preparationist –निस्ट् n. युद्ध-सज्जावादी, युद्धोद्यतिवादी, युद्ध-सन्नद्धतावादी।

preparative[1] प्रिॅपै'रॅटिव् n. आयोजनात्मक कार्य; सिद्धता-साधन, उपक्रम-साधन, तैयारी^{F}; (सेना०, नौसेना०) भेरीघोष, बिगुलध्वनि^{F}।

preparative[2] a. आद्य, प्रथम, उपकल्पक, उपक्रमानुकूल, उपक्रमीय; विधानात्मक, आयोजनात्मक, तैयार करनेवाला।

preparator –टॅर् n. (विशे० संग्रहालय इत्यादिका) प्रस्तुतकर्ता, तैयार करनेवाला।

preparatory प्रिॅपै'रॅटॅरि a. = PREPARATIVE; (राज०, कृषि०) **प्रारम्भिक**;
~ bomdardment, ~ class, ~ commission, ~ cultivation, ~ set, ~ stage, ~ tillage, ~ work.

prepare प्रिॅपेअॅर्' v.t. & i. सज्जित करना, उद्यत करना, सन्नद्ध करना, कटिबद्ध करना, तत्पर करना, प्रस्तुत करना, सिद्ध करना; (भोजन) पकाना, (रसा०) **तैयार करना, बनाना**; (पाठ, भाषण, उपदेश आदि) उपकल्पित करना, पुनरनुशीलन करना; निष्पन्न करना, (परीक्षा^{F} या सेना^{F}के लिए किसी व्यक्तिको) शिक्षा^{F} देकर तैयार करना; विरचित करना, विनिर्मित करना; (संगी०) स्वरसन्धान करना, राग बैठाना, सुर साधना; सज्जित होना, बद्धपरिकर होना, उद्यत होना, सन्नद्ध होना, कटिबद्ध होना।

prepared –ड्' a. विरचित, रचित, कल्पित, निष्पन्न, (रसा०) **संपाचित**, निर्मित (~ *opium*); उद्विकसित; प्राप्त; उत्पन्न, उत्पादित; **be ~** उद्यत होना, सन्नद्ध होना, उद्युक्त होना, कटिबद्ध होना, तैयार होना।

preparedness –'टिॅड्–निॅस् n. सज्जता^{F}, सिद्धता^{F}, तैयारी^{F}।

preparer –रॅर n. रचक, साधक, प्रस्तुत करनेवाला, तैयार करनेवाला।

prepay प्रीपे' v.t. (मूल्य, डाकव्यय आदि) पूर्वशोधन करना, अग्रिम भरना, पहले चुकता करना, पेशगी^{F} देना।

prepayable –'अॅबॅल् a. पूर्वशोधनीय, पूर्वदेय, अग्रिम भरणीय, पेशगी जमा करने योग्य।

prepayment –'मॅन्ट् n. पूर्वशोधन, पूर्वदान, अग्रिम भरण, **पूर्वअदायगी**^{F}; पेशगी भुगतान।

prepense प्रिॅपेॅन्स्' a. चिन्तितपूर्व, मतिपूर्व, पूर्वआयोजित, जाना-बूझा; **malice ~** द्रोहचिन्ता^{F}, अपकारचिन्ता^{F}, हानि^{F} पहुँचानेका इरादा।

prepolis –पोलिस् n. (कृषि०) **छत्ता-गोंद**।

prepollent प्रीपॉ'लॅन्ट् a. प्रबल, अतिशक्ति, अधिशक्ति, अधिक शक्तिमान्, अधिक ताकतवर।

preponderance प्रिॅपॉन्'डॅरॅन्स् n. प्रबलता^{F}, प्राबल्य; प्राधान्य, गौरव; गुरुत्व, प्रभुत्व, प्रभाव; अतिरेक, आधिक्य; प्राचुर्य, बाहुल्य।

preponderant –न्ट् a. अतिरिक्त, अधिक; प्रचुर, बहुल; प्रबल; प्रधान, गुरु; प्रभावशाली, प्रभावी; भाराधिक, अधिक भारी।

preponderate –रेट् v.i. अतिरिक्त होना, अधिक होना; प्रधान होना, प्रमुख होना, गुरु या भारी होना, बढ़-चढ़कर होना; प्रभुत्व रखना, प्रभाव रखना।

preposition प्रेॅपॅज़ि'शॅन् n. उपसंज्ञ, पूर्वसंज्ञ, कारकचिह्न, पूर्वविभक्ति-चिह्न, पूर्वसर्ग, सम्बन्धसूचक।

prepositional –नॅल् a. उपसंज्ञीय, पूर्वसंज्ञीय, पूर्वसर्गीय, पूर्वसार्गिक; सम्बन्धसूचक।

prepositive प्रिॅपॉ'ज़िटिव् a. = PREPOSITIONAL.

prepositor प्रिॅपॉ'ज़िटॅर् n. विद्यार्थि-मुख्य, विद्यार्थि-नायक, मानीटर, प्रीफेक्ट।

prepossess प्रीपॅज़ेॅस्' v.t. (किसी व्यक्तिको) पूर्वाकृष्ट करना, आवर्जित करना, आकर्षित करना; प्रेरणा^{F} देना, स्फूर्ति^{F} देना, उत्साह प्रदान करना; अनुप्राणित करना, जीवन देना; व्याप्त करना, रंजित करना; ओत-प्रोत करना, हृदयंगम कराना, मनमें बिठाना; (विचार आदिका व्यक्तिपर) प्रभाव रखना, छा जाना; पक्षमें लाना, प्रेमी बनाना।

prepossessed –ड्' a. पक्षपातयुक्त, पूर्वाग्रहमय; ससंग, जातानुराग, आकृष्ट।

prepossessing –'सिङ् a. हृदयग्राही, चित्ताकर्षक।

prepossessingness –निस् n. पूर्वाग्रह, पक्षपात, हृदयग्राहिता^{F}, चित्ताकर्षकता^{F}।

prepossession –'शॅन् n. संग; पूर्वाग्रह, पक्ष, हृदयावर्जन, चित्ताकर्षण; पूर्वभोग, पूर्वाधिकार।

preposterous प्रिॅपॉस्'टॅरॅस् a. असहज, अनैसर्गिक, अस्वाभाविक, अप्राकृत; अयुक्त, असम्बद्ध, असंगत, अनुपपन्न, तर्करहित, असमीचीन; विपर्यस्त, प्रतीप, विपरीतक्रम, उलटा, औंधा; निरर्थक, अनर्गल, असम्बद्ध, अति मूर्खतापूर्ण।

preposterousness –निॅस् n. असहजता^{F}; अस्वाभाविकता^{F}; अयुक्तता^{F}, अनुपपन्नता^{F}, असमीचीनता^{F};

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विपर्यस्तता^{F}, विपरीतता^{F}, प्रतीपता^{F}; निरर्थकता^{F}, अनर्गलता^{F}, असंगति^{F}।

prepotence, -cy प्रि'पो'टॅन्स्, -सि nn. प्रबलता^{F}, प्राबल्य, प्रशक्ति^{F}, परमशक्ति^{F}, परमबल, प्रचण्डता^{F}, (कृषि०) प्रगुणता^{F}।

prepotent –न्ट् a. प्रबल, प्रशक्त, अजय्य, प्रचण्ड, (कृषि०) प्रगुणी, भीषण, सामर्थ्यवान्, अतिविक्रमशाली, महाबलशाली; (प्राणि०) अधिक्षम।

pre-preference प्री-प्रे'फ़ॅरॅन्स् a. पूर्वाधिकारांश-पूर्व, पूर्व-पूर्वाधिकारांश, रियायती हिस्सेके पहलेका।

prepuce प्री'प्यूस् n. शिश्नच्छद, लिंगच्छद, (चि०, जीव०) **शिश्नाग्रच्छद**, मेढ्रचर्म, शिश्नचर्म, शिश्नाग्रत्वचा^{F}, लिंगाग्रत्वचा^{F}, (चि०, जीव०) **मुण्डचर्म**, शिश्नकी सुपाड़ी^{F}का चमड़ा।

preputial –'शल् a. शिश्नच्छदीय, लिंगच्छदीय, शिश्नाग्रत्वचा-विषयक, लिंगाग्रत्वचा-सम्बन्धी; ~ gland (चि०) **मुण्डच्छद ग्रन्थि**^{F}; (जीव०) **मुण्डचर्म-ग्रन्थि**^{F}।

pre-Raphael प्री-रै'फेअॅल् a. (चित्र०) पूर्वराफेली, राफेलके पूर्वका।

pre-Raphaelism, pre-Raphaelitism –लिज़्म्, –लाइटिज़्म् nn. पूर्वराफेलवाद, राफेलसे पूर्वका कलावाद।

pre-Raphaelite –'फेअॅलाइट् n. पूर्वराफेलवादी, पूर्वराफेली कलाकार।

prerequisite[1] प्रीरे'क्विज़िट् n. प्रतिबन्ध, पूर्वापेक्षित दशा^{F}; पूर्वाकांक्षा^{F}, पूर्वापेक्षा^{F}, पूर्वदशा^{F}, पूर्वप्रतिबन्ध।

prerequisite[2] a. प्रतिबन्धित, पूर्वापेक्षित, पूर्वाकांक्षित; पूर्वप्रतिबन्धस्वरूप, आवश्यक।

prerogative[1] प्रि'रॉ'गॅटिव् n. (*royal* ~ भी) प्रभुसत्ता^{F}, परमसत्ता^{F}, राजसत्ता^{F}, सर्वोच्चाधिकार, (का०, राज०) **परमाधिकार** (~ *writ*), प्राधिकार, विशेषाधिकार, सिद्ध अधिकार; दैवी अधिकार, ईशप्रदत्त अधिकार, सहजाधिकार, जन्मसिद्ध अधिकार; सत्ता^{F}, सहज शक्ति^{F}, नैसर्गिक क्षमता^{F}; सहज गुण, जन्मजात गुण; ~ court परमाधिकार न्यायालय।

prerogative[2] a. विशेषाधिकारयुक्त, प्राधिकारपूर्ण, अधिकृत; (रोमन इति०) प्रथम मताधिकारी।

prerupt⊙ प्रे'रप्ट् a. विभक्त, विलग, असम्बद्ध, यकायक टूटकर अलग।

Pres. President.

presage[1] प्रे'सिज् n. लक्षण, शकुन, पूर्वचिह्न, पूर्वाभास, पूर्वबोध, पूर्वसूचना^{F}, टोह^F।

presage[2] प्रि'सेज़् v.t. शकुन बताना, पूर्वचिह्न बताना, पूर्वाभास देना, पूर्वबोध करना, पूर्वसूचना^{F} देना, टोह^F देना; सूचक होना, द्योतक होना, सिद्ध करना; दर्शाना, लक्षण बताना; (व्यक्तिका) भविष्यवाणी^{F} करना, अनागत-कथन करना।

presageful –फुल् a. शकुनपूर्ण, शकुनयुक्त, पूर्वलक्षणयुक्त; पूर्वाभासमय, शकुनयुक्त।

presbyope प्रे'स्'बिओप् n. दूरदृष्टिदोषी व्यक्ति, जराक्षिदोषी व्यक्ति।

presbyopia प्रे'स्(ज्)बिओ'पिअॅ n. (चि०) **जरादूरदृष्टि**^{F}, जरादृष्टि^{F}; दूरदृष्टिदोष, जराक्षिदोष; दूरदृष्टिता^{F}, दीर्घदृष्टिता^{F} (बुढ़ापेकी एक बीमारी^{F} जिसमें दृष्टि^{F} बढ़ जाती है किन्तु निकटके पदार्थ धूमिल दिखायी पड़ते हैं)।

presbyopic –ऑ'पिक् a. जरादृष्ट्यात्मक, जराक्षिदोषात्मक।

presbyter प्रे'स्(ज्)'बिटॅर् n. (प्राचीन गिर्जोंका) व्यवस्थापक पादरी, प्रेस्बीटर; (पादरी सत्तागत गिर्जोंका) द्वितीय श्रेणी^{F}का पादरी; (पादरी-संघ-शासित गिर्जोंका) वृद्ध पादरी, ज्येष्ठ पादरी।

presbyteral, presbyterial –स्बि'टॅरॅल्, –टीअॅ'रिअॅल् aa. प्रेस्बीटरी, प्रेस्बीटर-सम्बन्धी।

presbyterate, presbytership –रॅट्, –शिप् nn. प्रेस्बीटरका पद या स्थान।

presbyterian[1] प्रे'स्(ज्)बिटीअॅ'रिअॅन् n. पादरी-संघशासनवादी, प्रेस्बीटेरवादी; पादरी-संघ-शासित गिर्जेका सदस्य, प्रेस्बेटरियन।

presbyterian[2] a. पादरी-संघ-शासित, ज्येष्ठसंघसम्बन्धी, प्रेस्बाटरी।

presbyterianism –निज़्म् n. पादरीसंघसत्तावादी, ज्येष्ठसंघ-सत्तावादी, प्रेस्बीटरवाद।

presbyterianize –नाइज़ें v.t. प्रेस्बीटर बनाना।

presbytery –'बिटॅरि n. गिर्जेका पूर्वान्त्य भाग, पादरी-सत्तावादी सम्प्रदाय, प्रेस्बीटर-सम्प्रदाय; पादरी-आवास, पादरी-गृह।

prescience प्री(प्रे')'शिॲन्स् n. पूर्वज्ञान, भाविज्ञान, भविष्यद्ज्ञान, पूर्वबोध; समवेक्षण, क्रान्तिदृष्टि^{F}, दूरदृष्टि^{F}।

prescient –न्ट् a. पूर्ववेदी, पूर्वज्ञानी, भाविज्ञानी, भविष्यद्ज्ञानी; समवेक्षक, क्रान्तिद्रष्टा, पूर्वद्रष्टा।

prescribe प्रि'स्क्राइब् v.t. & i. (*to* या *for* के साथ) निर्दिष्ट करना, निर्देश करना; प्रकल्पित करना, विधान करना, नियत करना, (का०) **विहित करना**, (विधा०) **निर्धारण करना, निर्धारित करना**, ठहराना; प्रणोदन करना, शासन करना, आज्ञा^{F} देना; औषध-निर्देश करना, कल्प बताना, नुसखा लिखना; स्वत्व-व्यवस्था^{F} करना, अधिकार-व्यवस्था^{F} करना; सीमित करना, बाँधना।

prescribed –ड् a. प्रदिष्ट, **नियत, निर्धारित, विहित, विनिहित, प्रकल्पित;**
~ course, ~ date, ~ fees, ~ form, ~ limit, ~ manner, ~ percentage, ~ procedure.

prescriber –'बॅर् n. निर्देशक, विधायक; कल्पक, औषध-निर्धारक।

prescript प्री'स्क्रिप्ट् १. n. विधि^{F}, आज्ञा^{F}, आदेश, प्रणोदन; २. a. निर्दिष्ट, प्रकल्पित।

prescriptible –टिबॅल् a. निर्देश्य, आदेशाधीन, प्रकल्पनीय, औषधनिर्देशके अनुसार; ~ right (का०) **चिरभोगजन्य अधिकार**।

prescription प्रि'स्क्रिप्'शॅन् n. निर्देशन, निर्धारण;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रणोदन; शासन, विधान, आज्ञा^{F}, आदेश; (चि० का) योग, कल्प, (कृषि०) औषध-कल्प, उपचार-विधि^{F}, अगद-निर्देश, औषध-पत्र, (कृषि०, चि०) **नुसखा**; (ला०) रूढ़ि^{F}, विधान, सनातन रीति^{F}, अनादि परम्परा^{F}, विधि^{F}, परिपाटी^{F}; (का०) **चिरभोग**, बहुकालभुक्ति^{F}; चिर-अधिकार, परम्पराधिकार, चिरभोगाधिकार; (का०) **भोगाधिकार**।

prescriptive –'प्टिव् a. निर्देशात्मक, निर्धारणात्मक, विधानात्मक, प्रणोदनात्मक, आदेशात्मक, नियामक, व्यवस्थात्मक; (का०) **चिरभोगज**, चिरकालभुक्त (~ *right*); सनातन, शाश्वत, अक्षुण्ण, चिरव्यवहारसिद्ध, प्ररूढ़; परम्परा-सिद्ध, रीति-निर्दिष्ट, रीत्यनुसार; ~ language (दर्श०) **नियोगार्थ भाषा**^{F}; ~ right (का०) **भोगाधिकार**।

presence प्रे"जॅन्स् n. सान्निध्य, साम्मुख्य, प्रत्यक्षता^{F}, समक्षता^{F}, आभिमुख्य; (का०) **उपस्थिति**^{F}, उपस्थान, सन्निधान, विद्यमानता^{F}, समुपस्थिति^{F}, वर्तमानता^{F}, मौजूदगी^{F}, सामना, हाजिरी^{F}; उपस्थिति स्थान, पद (*retired from the* ~); रहन-सहन^{F}, चाल-ढाल^{F}, रंग-ढंग, (*a man of noble* ~); रूप, आकार, आकृति^{F}; प्रत्युत्पन्न मति^{F}, प्रतिभा^{F}; प्रेत, छाया^{F}; ~-chamber आस्थान, दर्शनशाला^{F}, बैठक^{F}; ~ of mind प्रतिभा^{F}, समाहितत्व, आशु बुद्धि^{F}, तत्काल बुद्धि^{F}, उपस्थिति बुद्धि^{F}, प्रत्युत्पन्न मति^{F}; निराकुलता^{F}, असम्भ्रम, अव्यग्रता^{F}।

present[1] –न्ट् n. सम्प्रति, इहकाल, इस समय, आजकल; *at* ~ सम्प्रति, वर्तमान समयमें, आज-कल, अभी, इन दिनों; *by these* ~*s* (क़ानू० या हास्य०) प्रस्तुत प्रलेखानुसार; *for the* ~ सम्प्रति, अभी अभी तो, इस समय तो, फिलहाल।

present[2] प्रे"जॅन्ट् n. उपग्राह्य, उपदान, उपायन, उपहार; **भेंट**^{F}; तोहफा, सौगात; पुरस्कार, पारितोषिक; प्रतिदान, दक्षिणा^{F}; बख्शीस^{F}, (बहु०) लेख, पत्र; *make a* ~ *of* उपहार देना, भेंटमें प्रदान करना।

present[3] प्रिॅज़ेॅन्ट्' n. (विशे० बन्दूक^{F} आदिका) सन्धान, लक्ष्यसन्धान, छतियाना; (अभिवादनके समय) शस्त्र-सन्धान-स्थिति^{F}; ~ ! सन्धान !, साधो !, छतियाओ !; ~ *arms* शस्त्राभिवादन, शस्त्रप्रणाम।

present[4] v.t. साक्षात्कार कराना, परिचित कराना, समक्ष लाना, मिलाना; **उपस्थित करना, प्रस्तुत करना, पेश करना**; भेंट^{F} कराना; राजदर्शन कराना; पुरस्कृत करना, आगे रखना; समक्ष होना, प्रस्तुत होना, हाजिर होना, पेश होना; उपहार देना; (नाटक) प्रदर्शित करना, अभिनीत करना; संस्तुति^{F} करना, सिफारिश^{F} करना; (व्यक्ति या वस्तु^{F}को) आविष्कृत करना, प्रदर्शित करना, प्रत्यक्ष करना; (बन्दूक^{F} आदि) सन्धानना, साधना, छतियाना; (विचारका) उठना, आना, सूझना; (वैधानिक या औपचारिक ढंगसे) निवेदित करना, सूचित करना; ~ arms **सलामी**^{F} **देना**, (राज०) **सलामी**^{F} दो; ~ person *with* a thing उसे भेंट^{F}में यह प्रदान करो।

present[5]* प्रे"जॅन्ट् a. **उपस्थित***, प्रस्तुत, सन्निहित, विद्यमान, (गति वि०) **वर्तमान**, सम्मुख, अभिमुख, प्रत्यक्ष, समीपवर्ती, मौजूद, तैयार, हाजिर; इहकालिक, तात्कालिक (~ *with*), प्रचलित, चलनशील; अव्याकुल, सावधान; (व्या०) आधुनिक, वर्तमानकालिक; ~ perfect पूर्ण वर्तमान; ~ tense वर्तमान काल; ~ worth **तात्कालिक धन**;

~ condition, ~ configuration, ~ estimate, ~ goods, ~ position, ~ state, ~ weather.

presentability प्रिॅज़ेॅन्ट्'बि'लिटि n. सुरूपता^{F}, सुडौलपन; पांक्तेयता^{F}, समागम्यता^{F}, दर्शनीयता^{F}, उपहार्यत्व।

presentable –'ट्रॅबॅल् a. स्वरूपवान्, सुरूप, सुडौल; सभ्य; प्रदर्शनीय, देखनेका; प्रवेश्य, समागम्य, पांक्त्य, पांक्तेय, पंगत योग्य; उपहार्य, स्थातव्य, प्रस्तुत्य, उपहारमें देने योग्य, भेंट^{F} करने योग्य।

presentation प्रे"जॅन्ट्'शॅन् n. अर्पण, समर्पण, दान, उपहार, भेंट^{F} (~ *copy*); निर्वपण, उपहरण, **प्रस्तुति**^{F}, प्रस्तुतीकरण, प्रस्तुत करना, **पेश करना**; प्रदर्शनी^{F}, प्रदर्शन, दिखावा; नाट्य, अभिनय; परिचय, संपरिचय, **उपस्थापन**, प्रतिपादन, उपस्थापना^{F}; (अध्यात्म०) साक्षात्कार; (कृषि०) **(गर्भ) स्थिति**^{F}, (गर्भ) परिस्थिति^{F}; ~ of the fetus (चि०) गर्भगति^{F}, गर्भदर्शन, प्रसवके समय योनि^{F}में दिखाई देनेवाला उसका दर्शन या अंग।

presentational –नॅल् a. साक्षात्कार-विषयक, प्रदर्शन-सम्बन्धी, दर्शनी; समर्पणीय।

presentationism –निज़्म् n. (अध्यात्म०) विज्ञानवाद, प्रत्यक्षवाद, साक्षात्कारवाद, यथार्थवाद, दृश्यवाद।

presentationist, presentationalist –निस्ट्, –लिस्ट् nn. विज्ञानवादी, प्रत्यक्षवादी, साक्षात्कारवादी, यथार्थवादी, दृश्यवादी।

presentative प्रिॅज़ेॅन्'टॅटिव् a. प्रस्तुत्यात्मक; उद्भावनात्मक, उद्बोधात्मक, अनुभवात्मक, सूझवाला; (अध्यात्म०) प्रत्यक्षात्मक, अनुभूतिपरक, अनुभूतिप्रवण।

presentee प्रे"जॅन्टी' n. (वृत्ति^{F} आदिके लिए) प्रस्तावित पादरी; प्रस्तुतनामा, संस्तुत व्यक्ति; (न्यायालयमें) उपस्थापी, उपस्थापित व्यक्ति; उपहृत व्यक्ति, उपहारग्रहीता, पुरस्कार विजेता।

presenter –'टॅर n. उपस्थापयिता, सन्निधाता, सम्मुखीकर्ता, अभिमुखीकर्ता, प्रत्यक्षकर्ता, **पेशकर्त्ता**, भेंट^{F} करनेवाला; प्रचलित करनेवाला, चलनशील करनेवाला।

presentient प्रिॅसे"न्'शिॅअन्ट् a. पूर्वकाल्पनिक, पूर्वज्ञानी, पहले जान लेनेवाला।

presentiment प्रिॅज़े(से")न्'टिमॅन्ट् n. (घटना^{F} या संकटका) पूर्वाभास, पूर्वबोध, पूर्वज्ञान; पूर्वकल्पना^{F}, अनुमान, अटकल^{F}।

presentive प्रिॅज़ेॅन्'टिव् a. (शब्द) भावावबोधक, साक्षात्कर, प्रत्यक्षकर, वस्तुविज्ञापक।

presentiveness –निॅस n. प्रत्युत्पात्मकता^{F}, उद्भावनात्मकता^{F}, उद्बोधात्मकता^{F}, सूझ^{F}; प्रत्यक्षात्मकता^{F},

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुभूतिपरकता^{F}, अनुभूतिप्रवणता^{F} ।

presently प्रे॑'ज़ॅन्ट् लि adv. सद्यः, तत्क्षण, तत्काल, शीघ्र, अनन्तर, तुरन्त, क्षणभरमें, पलभरमें, झटसे; (प्रा०) प्रत्यक्षतः, स्पष्टतया, आवश्यकतया, अनिवार्यतः (*it does not ~ follow that*—) ।

presentment प्रि॑ ज़ेॅन्ट्'मॅन्ट् n. (कानून) आरोपण, उपस्थापन; सौगन्ध कथन; नाट्य, प्रदर्शन, अभिनय, तमाशा; अनुकृति^{F}, प्रतिकृति^{F}, प्रतिच्छाया^{F}, छायाकृति^{F}, चित्र, तस्वीर^{F}; वक्तव्य, वर्णन, विवरण, बयान; प्रकथन; उद्भावन, उद्बोधन, सुझाव ।

preservable प्रि॑ज़र्'वॅबॅल् a. परिरक्षणीय, सुरक्षित रखने योग्य ।

preservation प्रे॑ज़र्व'शॅन् n. सुरक्षा^{F}, संरक्षा^{F}, बचाव; त्राण, गोपन, (चि०, रसा०, का०, शिक्षा०) **परिरक्षण**, (*~technique*), **संरक्षण**; रक्षितावस्था^{F} (*in fair ~*) ।

preservative[1] प्रि॑ ज़र्'वॅटिव् n. परिरक्षात्मक, रसायन, परिरक्षक औषध^{F}; रक्षण-साधन ।

preservative[2] n. तारक, त्राणकर; रक्षक, (चि०, वन०) **परिरक्षक**, प्रतिरक्षी, (कृषि०, रसा०, वन०) **परिरक्षी**, (*~ tablet*), **संरक्षी**, परिरक्षणशील, परिरक्षणात्मक, पालक ।

preservatize –टाइज़् v.t. परिरक्षकीकरण करना, परिरक्षणशील बनाना ।

preservator –वेट्र n., **preservatory** प्रि॑ ज़र्'वॅटॅरि a. तारक, त्राणकर, रक्षक, प्रतिरक्षी, परिरक्षक, परिरक्षणशील, परिरक्षणात्मक ।

preserve[1] प्रि॑ ज़र्व् n. अचार; सोंधाना, पाग, मुरब्बा; वन्य-पशु रक्षास्थान, सुरक्षित मृगया-स्थल, अहाता, जंगल; मत्स्यकुण्ड, मछलियों^{F}का स्थान; (बहुव०) धूल^{F}का चश्मा ।

preserve[2] v.t. (का०, चि०) **परिरक्षण करना**, सुरक्षित रखना, सँभालकर रखना, बचाना; (नाम, स्मृति^{F} आदि) पूर्ववत् रखना, जीवित रखना, बनाये रखना; (अवस्था^{F}) अविकृत रखना, अपरिवर्तित रखना; (गुण, दशा^{F} आदि) प्रतिधारित करना, नष्ट न होने देना, लुप्त न होने देना; अचार डालना, सोंधाना रखना, मुरब्बा बनाना ।

preserved –ड्' a. (चि०) **परिरक्षित** (*~ food*), सुरक्षित (*~ fish*) ।

preserver –'वॅर् n. संरक्षक, परिरक्षक, बचानेवाला; वन्यपशुरक्षक, आखेटरक्षक ।

preses प्रीं'सीज़् n. (स्कॉट०) सभापति, प्रेसीडेण्ट ।

preside[1] प्रि॑ ज़ाइड्' a. (विधा०) **अध्यासीन, पीठासीन** ।

preside[2] प्रि॑ ज़ाइड्' v.i. पीठासीन होना, अध्यक्ष होना, अध्यक्षता^{F} करना, सभापतित्व करना; **प्रधानता^{F} करना, नियन्त्रण रखना**, आधिपत्य रखना; प्रमुख होना, प्रधान होना, सर्वेसर्वा होना, कर्ताधर्ता होना ।

presidency प्रे॑'ज़िडॅन्सि n. अध्यक्षता^{F}, सभापतित्व; अध्यक्षपद, प्रधानता^{F}, सभापतिपद; अध्यक्षपदावधि^{F}, सभापतिपदावधि^{F}, अध्यक्षक्षेत्र; अधिदेश, अधिप्रान्त, महाप्रान्त, प्रदेश, (का०, राज०) **प्रेसीडेन्सी**^{F} (*Bengal, Bombay, Madras, P~*); अधिकार, आधिपत्य, अधीशत्व;

~ bank, ~ court, ~ magistrate, ~ office, ~ postmaster, ~ post-office, ~ prison, ~ small cause court, ~ town.

president –न्ट् (राज०) **अध्यक्ष**, अधिष्ठाता, **सभापति, दलपति**, मुखिया, (का०, राज०) **प्रधान**, प्रधानाचार्य; अधिकोषाध्यक्ष, बैंक-प्रधान ⊙; (राज०) **राष्ट्रपति**, प्रेसीडेण्ट; (इति०) अधीश, प्रान्तपति, राज्यपाल, गवर्नर; **~-elect** मनोनीत सभापति ।

presidentess –टि॑ स n. सभानेत्री^{F}, प्रधाना^{F}, अध्यक्षा^{F} ।

presidential –डे॑न्'शॅल् a. अध्यक्षीय; सभापतीय; राष्ट्रपतीय; ~ government **प्रधानी सरकार**^{F}; ~ timber (राज०) **राष्ट्रपति होनेके गुण** ।

presidentship –'शिडॅन्ट्-शिप् n. अध्यक्षता^{F}, सभापतित्व, (का०) **प्रधानता**^{F}; प्रधान-पद; राष्ट्रपतित्व ।

presidial प्रि॑ सि'डिॲल् a. = PRESIDENTIAL.

presiding प्रिज़ाइ'डिंग् a. (विधा०) **पीठासीन**; अध्यक्ष; (विधा०) **अधिष्ठाता**, (का०) **प्रधान अधिष्ठाता**; ~ judge अध्यक्ष, न्यायाधीश; ~ officer निर्वाचनाध्यक्ष ।

presidium प्रि॑ सि'डिॲम् n. (साम्यवादी सरकारोंकी) स्थायी समिति^{F}; सभापतिमण्डल ।

presphenoid (प्रे॑ स्फी'नॉॲड्) a. (जीव०) **अग्रजतुक**, T.

press[1] प्रे॑स्' n. जनसम्मर्द, लोकनिवह, जनसंकुलता^{F}, जमाव, भीड़^{F}, अभ्याघात, संघर्ष, संघट्टन, धका-पेल^{F}, रौंदा-रौंदी^{F}, कशमकश^{F}, खींच-तान^{F}, घबराहट^{F}, हड़बड़ी^{F}; व्यस्तता^{F}, अस्तव्यस्तता^{F}; निपीडन, पीडन, पेषण, दबाव, चपेट^{F}, निष्कर्षकी^{F}, पीडन-यन्त्र, पेषण-यन्त्र, शिकंजा, चपने या ढालनेका यन्त्र, वेलन, साँचा; (कृषि०) सुस्थापन यंत्र; **सम्पीडक**; (कृषि०) **मुद्रणालय, छापाखाना, दाबक, दाब-यंत्र, प्रेस**; मुद्रणयन्त्र, छपाई^{F}की मशीन^{F} (*in ~*); दीवारी अलमारी^{F}; पत्र-संसार, पत्रकार-जगत्; वृत्तपत्र, समाचार-पत्र, अखबार; पत्रकारिता^{F}, ~ act मुद्रण-नियम; ~-box पत्र-प्रतिनिधिस्थल; ~-conference प्रतिनिधि-सम्मेलन, पत्रकार-सम्मेलन; ~gallery पत्रकारवीथिका^{F}, ~ hand-out **पत्रक**; ~man पत्र-प्रतिनिधि, **पत्रकार**; मुद्रणकर्मचारी; (यंत्र०) **दाववाला**, T.; ~mark पुस्तक-संख्या^{F}, ग्रन्थ-संख्या^{F}; मुद्रण-चिह्न; ~ note प्रेस-विज्ञप्ति^{F}; **प्रेस-ज्ञापनी**^{F}, T.;

~ adviser, ~ advisory committee, ~ agent, ~ association, ~ attache, ~ book depot, ~ broadcast, ~-button, ~ call, ~ campaign, ~ card, ~ censorship,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ collect, ~ communique, ~ conference, ~ copy, ~ correspondent, ~ cutting, ~ die, ~ facilities, ~-feeder, ~-forge, ~ gang, ~ hand-out, ~-made, ~-master, ~ material, ~-matter, ~ message, ~ note, ~-noticed, ~ order, ~-pack, ~-packed, ~ packet, ~ party, ~ plunger, ~ process, ~ reaction, ~ register, ~ release, ~ report, ~-representative, ~room, ~-round up, ~ staff, ~ telegram, ~ work, ~worker, ~-working.

press[2] v.t. & i. सम्पीड़ित करना, निपीडित करना, प्रपीड़ित करना, कसना, दबाव डालना; आलिंगन करना, भुजबन्धन भरना, बाहुबद्ध करना, परिरम्भण करना, चिपटना, चिपकाना; मर्दन करना, मींजना; पिचटना, पिचकाना, दरेरना, चपेटना; पेरना, निचोड़ना; पीड़ित करना, निष्पीड़ित करना, क्लेश देना, सन्ताप देना, परिताप देना, अत्याचार करना, दमन करना, उद्विग्न करना; संयमित करना, संहनन करना, पी जाना; आवश्यक होना; अभाव होना, तंगी[F] होना; आग्रह करना, अनुरोध करना, दबाना, जोर डालना; प्रणोदन करना, प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना; तत्काल कार्यवाही[F] करना; तकाजा करना, माँग[F] करना; विनय[F] करना, प्रार्थना[F] करना, अनुरोध करना, गिड़गिड़ाना, हाथ-पैर जोड़ना; (शब्दोंके अर्थोंपर) दुराग्रह करना, हठ पकड़ना; मजबूर करना, लाचार करना; आग्रह-पूर्वक देना, गले लगाना, मत्थे मढ़ना; भीड़[F] लगाना, घिर आना, उमड़ना, जुट जाना, मेला लगाना; प्रसरण करना, उपसर्पण करना, प्रगमन करना, पग बढ़ाना, आगे पग धरना।

press[3] n. (इति०,सेना[F] या नौसेना[F]में) अनिवार्य भर्ती[F], ~-gang अनिवार्य भर्ती[F]के सैनिक।

press[4] v.t. (सेना[F] या नौसेना[F]में) अनिवार्य भर्ती[F] करना, जबरदस्ती भर्ती[F] करना; (ला०) बलात् उगाहना, नजराना वसूल करना, बेगार लेना।

pressed प्रे॑स्ड' a. (रसा०) **सम्पीडित**, (~ bricks, ~ glass), निपीडित, प्रपीडित, कसा हुआ, दबाया हुआ; बाहुबद्ध, भुजबद्ध, परिरब्ध, आलिंगित।

presser –'सॅर् n. सम्पीडक, निपीडयिता, प्रपीडयिता, कसनेवाला, दबाव डालनेवाला; परिष्वजक, आलिंगन करनेवाला, चिपटानेवाला, चिपकानेवाला; मर्दक, मर्दन करनेवाला, दरेरनेवाला, चपेटनेवाला; परितापक, सन्तापक, अत्याचारी; प्रणोदक, प्रेरक, प्रोत्साहक; विनयकर्ता, गिड़गिड़ानेवाला।

pressing –सिंग् n. (कृषि०) सुस्थापन, (रसा०, यंत्र०) **सम्पीडन, दबाना;** अव्याक्षेपी, अनतिपाती, अति-निर्बन्धक; आग्रही, अत्यावश्यक; प्रबल, घोर, भारी, जोर-दार (~ *need*); निर्विलम्ब; प्रभावपूर्ण; साग्रह, सानुरोध, आग्रहपूर्ण (~ *invitation*)।

pression प्रेशन् n. = PRESSURE.

pressirostral प्रे॑सिरॉस्'ट्रॅल् a. चिपट-चंचु, चपटी चोंचवाला।

pressural प्रे॑'शॅरॅल् a. निपीडीय, पीडनशील, आपीडनीय, भार-विषयक, दबाव-सम्बन्धी; प्रभाव-विषयक; पीडन-मात्रा-विषयक।

pressure –र् n. निपीड, पीडन, आपीडन, बल, भार, (कृषि०, रसा०, प्रा० भूगोल, चि०) **दाब,** (कृषि०, नौवि०, चि०, रसा०) **दबाव;** वेग, प्रभाव; पीडनमात्रा[F], भार एवं दबाव आदिकी मात्रा[F]; कार्याधिक्य; उत्पीडन, अत्याचार; विपत्ति[F], संकट, बाधा[F], क्लेश, कष्ट, अभाव, तंगी[F], मुसीबत[F], अत्यावश्यकता[F], अनुरोध, अतिपात, भीड़[F]; बलात्कार, जबरदस्ती[F], प्रणोदन, प्रवर्त्तन, प्रेरण; atmospheric ~ वात-निपीड, वायु-चाप, वायु-भार; blood-~ रक्तदाब, रक्त-चाप; high ~ उच्चनिपीड, उच्च-चाप, उच्च-भार; (ला०) प्रचण्डता[F], प्रबलता[F], व्यस्तता[F], low ~ अल्प-निपीड, अल्प-चाप, न्यून-भार; ~ altitude, ~ belt, ~ bottle, ~ cabin, ~ charging, ~ chart, ~ check, ~ coefficient, ~ cooker, ~ cylinder, ~ deficit, ~ diagram, ~ die-casting, ~ distribution, ~ figure, ~ filter, ~ flaking, ~ fluctuation, ~ gauge, ~ gradient, ~ group, ~ head, ~ heater, ~ impulse, ~ jump, ~ lever, ~ line, ~ metamorphism, ~ molding, ~ nerve, ~-packed, ~ pipe, ~ plate, ~ ~ producer, ~ pump, ~ sounder, ~ steam sterilizer, ~ surface, ~ switch, ~ system, ~ transmission, ~ treatment, ~ tube, ~ valve, ~-vessel.

pressurize –राइज़् v.t. निपीडन करना; वायु-चाप-क्षम बनाना।

pressurized –ड् a. सम्पीडित, निपीडित; वायु-चापित; **दबा हुआ।**

prest प्रे॑स्ट् n. (अप्र०) ऋण, कर्ज, कर्जा, उधार।

prestation –टे'शॅन् n. (रुपयेकी) अदायगी[F], जमा करना।

prestidigitation प्रे॑स्टिडिजिटे'शॅन् n. माया[F], इन्द्रजाल, करामात[F], डिठबन्धी[F], छूमन्तर।

prestidigitator –'जिटेटॅर् n. मायावी, ऐन्द्रजालिक, मदारी, डिठबन्ध।

prestige प्रे॑स्टीज़्', प्रे॑स्'टिज् n. यश, कीर्ति[F], ख्याति[F], (दर्श०) **प्रतिष्ठा[F],** प्रसिद्धि[F], गौरव, बोलबाला; रोब, दब-दबा; माया[F], इन्द्रजाल, धोखा।

prestigiator प्रे॑स्टि'जिएटर् n. ऐन्द्रजालिक, जादूगर।

prestigious –ॲस् a. छलयुक्त, कपटपूर्ण, धोखेबाज।

presto[1] प्रे॑स्'टो a. द्रुत, त्वरित, वेगवान्, क्षणभरमें हो जानेवाला।

presto[2] (L) adv. सपदि, झटिति, शीघ्र, तुरन्त, झटसे, छू! छूमन्तर, द्रुत, सवेग!

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

presumable प्रिज़्यूमॅबॅल् a. ग्राह्य, धार्य, मान्य, स्वीकार्य, शिरोधार्य; कल्पनीय, अनुमेय, आनुमानिक।

presume –म्यूम् v.t. & i. स्वीकार करना, शिरोधार्य करना, अंगीकार करना, मानना, सिरपर लेना; दर्प करना, प्रगल्भता^{F} करना, धृष्टता^{F} करना, दुःसाहस करना, गुस्ताखी^{F} करना; कल्पना^{F} करना, प्रकल्पित करना, अनुमान करना, समझ बैठना, मान लेना; ~ (*up*) *on* (सज्जनता^{F}से) अनुचित लाभ उठाना, बेजा फायदा उठाना।

presumed –ड्यूम्ड् a. स्वीकृत, शिरोधृत, अंगीकृत; प्रकल्पित, अनुमानित।

presumer –म्यूमॅर् a. स्वीकर्ता, शिरोधारयिता, अंगीकर्ता, सिर-माथे लेनेवाला; दर्पी, प्रगल्भी, धृष्ट, दुर्विदग्ध व्यक्ति, दुःसाहसी, गुस्ताख; अनुमाता, प्रकल्पक।

presuming –म्यूमिंग् a. स्वीकर, शिरोधारी, अंगीकारी, मुड़ियानेवाला, सिर-माथे लेनेवाला; दर्पी, प्रगल्भी, धृष्ट, दुःसाहसी, दुर्विदग्ध, गुस्ताख; अनुमान करनेवाला, कल्पना^{F} करनेवाला।

presumption –ज़म्प्'शॅन् n. परिकल्पन, परिकल्पना^{F}, (का०) **प्रकल्पना^{F}, स्वीकरण,** ग्रहण, शिरोधारण, अंगीकरण; दर्प, गर्व, अवलेप, अभिमान, अहंकार; धृष्टता^{F}, साहस, ढिठाई^{F}, दिलेरी^{F}, गुस्ताखी^{F}; **फर्ज़ करना;** कल्पना^{F}, तर्क, अनुमान, धारणा^{F}, विचार, ख्याल (*this was a mere* ~); सम्भाव्यता^{F}, सम्भावना^{F}; अनुमानित वस्तु^{F}, भावित वस्तु^{F}।

presumptive –'टिव् a. सम्भावी, सम्भावित, सम्भाव्य, आनुमानिक, (का०) **प्रकल्पित,** परिकल्पित, अनुमानसिद्ध, धारणात्मक; heir ~ सम्भाव्य उत्तराधिकारी।

~ evidence, ~ notice, ~ pay, ~ proof.

presumptuous प्रिज़म्प्'ट्यूॲस् a. प्रगल्भ, धृष्ट, धृष्णु, दुःसाहसी, अत्यभिमानी, हठी, जिद्दी, ढीठ, गुस्ताख।

presumptuousness –निॅस n. प्रगल्भता^{F}, धृष्टता^{F}, दुःसाहस, अभिमान, ढिठाई^{F}, गुस्ताखी^{F}।

presupposal प्रीसॅपो'ज़ॅल् n. = PRESUPPOSITION.

presuppose –ज़ूज़् v.t. पूर्वभावना^{F} बनाना, पूर्वानुमान करना, पूर्वधारणा^{F} करना, अग्रकल्पना^{F} करना; लक्षित करना, ध्वनित करना, व्यंजित करना (*effects* ~ *causes*)।

presupposition –पॅज़ि'शॅन् n. पूर्वभावना^{F}, पूर्वानुमान, पूर्वधारणा^{F}, अग्रकल्पना^{F}; (दर्श०) **पूर्वगृहीत,** (तर्कके आधारपर) पूर्वगृहीत वस्तु^{F} या सिद्धान्त।

pret. preterite.

pretarsus प्रीटार्'सॅस् n. (जीव०) **गुल्फाग्रिका^{F}**।

pretence, pretense ⊙ प्रिटॅन्स्', प्रि'टॅन्स् nn. छद्म, मिथ्याडम्बर, छल, व्यपदेश, (का०) **अपदेश,** उपधा^{F}, कैतव, कपट, (का०) **बहाना** (*under the* ~ *of helping*); मिथ्या हेतु, निमित्त; लिप्सा^{F}, महत्त्वाकांक्षा^{F}; अभिमान; अभियोग, स्वत्वप्रतिपादन; प्रदर्शन, आडम्बर, बनावट^{F} (*devoid of all* ~)।

pretend प्रिटॅन्ड्' v.t. & i. छल करना, व्यपदेश करना, अपदेश करना, कपट करना, (का०) **बहाना करना,** (*you should* ~ *illness*); (नाटकमें) स्वरूप धारण करना, रूप भरना (*does not* ~ *to be a scholar*); प्रदर्शित करना, दम भरना, दिखाना, जाहिर करना; मिथ्यारोपण करना; लिप्सा^{F} करना, स्पृहा^{F} करना, महत्त्वाकांक्षा^{F} रखना; साहस करना, जोखिम उठाना; अध्यर्थना^{F} करना, अभियोग लगाना, दावा करना।

pretended –'डिॅड् n. छलयुक्त, व्यपदिष्ट (~*title*)।

pretender –डॅर् n. छाद्मिक, कपटी, दम्भी; मिथ्याभियोगी, निराधार स्वत्व-प्रतिपादक, झूठा दावेदार; (अंग्रेजी इति०) Old P~ जेम्स द्वितीयका पुत्र, Young P~ जेम्स द्वितीयका पौत्र।

pretendership –शिप n. कपटीपन; मिथ्याभियोग, झूठा दावा।

pretension –'शन् n. अध्यर्थन, अभियोग, दावा; सत्याभियोग, न्याय्याधिकार, उचित स्वत्व, सच्चा दावा; वृथाभिमान, मिथ्याभिमान; धृष्टता^{F}, ढिठाई^{F}; आडम्बर; छद्म, कपट; बहाना।

pretentious –शॅस् a. दाम्भिक, मिथ्याभिमानी, डींग मारनेवाला; आडम्बरपूर्ण, कपटी, धूर्ततापूर्ण, छद्मयुक्त, बनावटी, दिखावटी।

pretentiousness –निॅस् n. दाम्भिकता^{F}, मिथ्याभिमानिता^{F}, डींग^{F} मारना; आडम्बरपूर्णता^{F}, धूर्तता^{F}, पाखण्ड, छद्मयुक्तता^{F}, दम्भ, बनावटीपन, दिखावटीपन।

preter- प्रीटर्- -अतीत, परे, -उत्तर (~*canine,* ~ ~*human,* ~*natural,* ~*sensual*)।

preterhuman प्रीटॅर्ह्यू'मॅन् a. अतिमानवीय, अतिमानुषिक, मानवातीत।

preterimperfect –रिम्पर्फ़िक्ट n. (व्या०) अपूर्णकाल।

preterist प्री'टॅरिस्ट् n. अतीतवादी, भूतवादी, भूतकालविश्वासी।

preterite[1], **-it**[1] प्रे'टॅरिट्, -इट् nn. भूतकाल, अतीतकाल।

preterite[2], **-it**[2] aa. (व्या० एवं हास्य०) भूत, अतीत, बीता हुआ, गुजरा हुआ, परोक्ष; ~ tense पूर्णभूतकाल, पूर्णअतीतकाल; ~ present tense पूर्णवर्तमानकाल (*can, may, shall*)।

preteriteness –निॅस् n. विगतता^{F}, भूतावस्था^{F}, अतीतावस्था^{F}; परोक्षता^{F}।

preterition प्रीटॅरि'शॅन् n. अतिक्रम, अतिक्रमण; अतीतवादिता^{F}, भूतवादिता^{F}, भूतकालमें विश्वास; अतीतत्व, गतत्व, विगतता, भूतकालिकता^{F}।

pretermission प्रीटॅमि'शॅन् n. लोप, लुप्ति^{F}, लोपन, चूक^{F}; अत्यय, अतिक्रम, अवक्रम, अवज्ञा^{F}, उपेक्षा^{F}, अवमानना^{F}; त्याग, छुटकारा।

pretermit –मिट्' v.t. अत्यय करना, अतिक्रमण करना, अवक्रमण करना, अवज्ञा^{F} करना, उपेक्षा^{F} करना, अवमानना^{F}

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना, विस्मृत कर देना, भूल जाना; परित्यक्त करना, त्यागना, छोड़ देना।

preter-natural प्रीटॅर्-नै'चॅरॅल् a. अतिप्राकृतिक।

preter-perfect प्रीटॅर्-पर्'फ़िक्ट् a. = PERFECT.

preterozoic प्रीटॅरॅज़ो'इक् a. उत्तरवर्ती; ~ era उत्तरकल्प।

preter-sensual प्रीटॅर्-सॅन्'स्यूॲल a. अतीन्द्रिय।

pretertiary प्रीटॅर्'शॅरि a. (भूगर्भ०) तृतीय स्तरसे पूर्व, पूर्ववृतीयक।

pretext[1] प्री'टॅक्स्ट् n. छूट, छल, छद्म, कपट; व्यपदेश, अपदेश, कैतव, (का०) **मिस, व्याज,** मिथ्या तर्क, हीला-हवाला, बहाना।

pretext[2] v.t. व्यपदेश करना, अपदेश करना, कैतव करना, मिथ्या तर्क करना, हीला-हवाला करना।

pretone प्री'टोन् n. पूर्वाघात अक्षर।

pretor प्री'टॅर् दे० PRAETOR.

prettification प्रिॅटिफ़िकेशॅन् n. कमनीयन, शोभनीकरण, सुन्दरीकरण, रमणीय बनाना।

prettify –'टिफ़ाइ v.t. शोभन बनाना, कमनीय बनाना, रमणीय बनाना, सुन्दर बनाना।

prettiness प्रि"टिनिॅस् n. कान्ति[F], चारुता[F], शोभनता[F], कमनीयता[F], रमणीयता[F], लावण्य, सुन्दरता[F]; सुरम्य वस्तुएँ[F], सुन्दर पदार्थ; (शैली[F]का) चमत्कार, कृत्रिम सौन्दर्य।

pretty[1] प्रि"टि n. (गिलास इत्यादिमें) माप-रेखा[F] (*fill it up to the* ~)।

pretty[2] a. कान्त, चारु, शोभन, कमनीय, रमणीय, सुरम्य, मनोरम, चित्ताकर्षक, लावण्यवान्, लावण्यवती, सलोना, अलबेला, सुथरा, बाँका (~ *woman*); श्रेष्ठ, उत्तम, बढ़िया (~ *song, story*); स्वस्थ, हृष्टपुष्ट, मोटा-ताजा, हट्टा-कट्टा; (प्रा०) अमित, अपरिमित, अत्यधिक; (लुप्तपद संज्ञा), प्रीतिपात्र, सुन्दर व्यक्ति, सुन्दर बच्चा; (Pl.) अलंकार, भूषण; ~-~ अतिशृंगारप्रिय, अति-सौन्दर्यप्रिय, अतिकमनीयताप्रिय; *my* ~ मेरे बच्चे, मेरे मुन्ने, मेरे नन्हे, मेरे लाडले।

pretty[3] adv. नितान्त; प्रायशः, बहुशः, परम, खूब, खासा, बहुत करके (*I am* ~ *well, this is* ~ *much the same thing*)।

prettyish प्रि"टिइश् a. कमनीय-सा, सुन्दर-सा, सलोना-सा।

prettyism –इज़्म् n. चमत्कारवाद, कृत्रिम सौन्दर्यवाद; लावण्य, सुन्दरता[F]।

pretzel प्रे"ट्'ज़ॅल् (G) n. प्रेटज़ेल (एक प्रकारका बिस्कुट)।

preux chevalier (F) n. वीर नायक, शूर सेनानी।

prevail प्रि"वेल् v. i. साधिकार होना, अधिकार करना; (का०, विधा०) **अभिभावी होना,** अभिभूत करना, पराभूत करना, पराजित करना, विजय[F] पाना; निष्पन्न होना, निष्णात होना; प्रसिद्ध होना, साधारणीभूत होना; (का०) **प्रचलित होना, चालू होना,** प्रवृत्त होना, व्याप्त होना, हावी होना, छाना; ~ *against, over* अधिक प्रसिद्ध होना, अधिक प्रचलित होना; अभिभूत करना; प्रबल होना; ~ (*up*)*on* प्रवृत्त करना, प्रोत्साहित करना, प्रेरित करना, राजी करना, सहमत करना।

prevailing –'लिंग् n. प्रधान, प्रबल, अतिरेकवान्, आधिक्य-युक्त; प्रभुत्ववान्, प्रवर्तमान, व्यापी, हावी (~ *disease*); प्रचारित, **प्रचलित** (~ *wind*), सर्व-साधारण; प्रथित, प्रसिद्ध।

prevalence, -cy प्रे"वॅलॅन्स्, -सि nn. प्राधान्य, प्राबल्य, प्रबलता[F], अतिरेक, आधिक्य, श्रेष्ठता[F], प्रभुत्व; प्रसिद्धि[F]; प्रचार, प्रचलन, प्रवृत्ति[F]; ~ of disease (चि०) रोग व्यापकता[F]।

prevalent –न्ट् a. प्रभविष्णु, सप्रभाव, प्रधान, मुख्य, प्रबल; (भू०) **अभिभावी,** अतिरिक्त, साधारण, साधारणीभूत; (भू०) **प्रचलित,** चालू, चलता; व्याप्त, व्यापक, फैला हुआ।

prevaricate प्रि"वै'रिकेट् v. i. अपलाप करना, वाक्छल करना, वक्रोक्ति[F] कहना, कपटवाक्य बोलना, बहकाना, डहकाना, टेढ़ी-मेढ़ी बातें[F] कहना, आनाकानी[F] करना, टालमटोल करना।

prevaricating –टिंग् a. अपलापी, व्यपदेशी।

prevarication –के'शॅन् n. अपलाप, अपह्नव, वाक्छल, व्यपदेश, छद्म, वक्रोक्ति[F], हेरफेर, टालमटोल, गोलमाल।

prevaricator –'रिकेटॅर् n. अपलापी, अपदेशक, अपह्नवी, वाकछली, व्यपदेशी, छली, टालमटोल करनेवाला, गोलमाल करनेवाला।

prevenance प्रे"वॅनॅन्स् n. सौजन्य, सज्जनता[F], शिष्टता[F], उपकारी शिष्टाचार।

prevenient प्रि"वी'निॲन्ट् a. पूर्व, पूर्वकालिक, अग्रवर्ती, पहलेका, अग्रगामी, आगेका।

prevent प्रि"वेन्ट्' v.t. प्रतिकार करना, प्रतिषेध करना, प्रतिबन्ध करना, निषेध करना, निवारण करना, (का०) **रोकना,** मना करना; समाप्त करना, खत्म करना; विघ्न पहुँचाना, बाधा[F] डालना, (विधा०) **रुकावट[F] डालना।**

preventable, preventible –'टॅबॅल्, –'टिबॅल् aa. (चि०) **निवार्य,** निरोध्य, प्रतिरोध्य, (चि०) प्रतिषेध्य, रोकने योग्य, हटाने लायक (~ *disease*)।

preventer –टॅर् n. प्रतिकारक, प्रतिषेधक, प्रतिबन्धक, निषेधक, निरोधक, निवारक, रोकनेवाला; (नौवि०) रस्सी[F], साँकल[F], जँजीर[F], चटखनी[F], वल्ली[F]।

prevention –'शॅन् n. (चि०) प्रतिषेध, रोध, प्रतिरोध, निरोध, निरोधन, **निवारण,** (चि०) निषेध, प्रतिबन्ध, बाधा[F], व्याघात, विघ्न, (कृषि०) अवरोध, (चि०) **रोक[F],** रुकावट[F], अटकाव, मनाही[F]; (चि०) **रोक-थाम[F];** ~ *is better than cure* सौ दवा[F]से एक परहेज अच्छा।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

preventional –नॅल् a. = PREVENTIVE.

preventionist –निस्ट् n. (युद्ध या रोगके विषयमें) रोधवादी, प्रतिरोधवादी, निरोधवादी, निवारणवादी, निषेधवादी।

preventive[1], **preventative**[1] –'ट्टिव्, –'ट्टिव् nn. निरोधक व्यक्ति, निरोधक पग, प्रतिबन्धक, निवारक, निरोधक औषध।

preventive[2], **preventattive**[2] aa. (चि०) प्रतिषेधक, प्रतिबन्धक, (कृषि०) अवरोधक, (का०, चि०) **निरोधक, निवारक,** बाधक, निवारणात्मक, रोकथामवाला;

~ action, ~ detention, ~ justice, ~ ~ measure, ~ medicine, ~ officer, ~ relief, ~ remedy, ~ treatment, ~ theory.

preview प्रो व्यू n. **पूर्वदर्शन,** पूर्वेक्षण।

previous[1] प्री'विअॅस् a. गत, (का०) **पूर्व,** पूर्वतन, पूर्ववर्ती, अतीत, (का०) **पिछला,** पहला, बीता हुआ, (आ०) अधीर, हड़बड़िया, जल्दबाज (*you have been a little too* ~); ~ question (संसद्[F]) पूर्वप्रश्न, मुख्य प्रश्न;

~ application, ~ assent, ~ consent, ~ conviction. ~ decision, ~ demand, ~ history, ~ knowledge, ~ quarter, ~ reference, ~ sanction, ~ service, ~ thinking, ~ year.

previous[2] adv. पूर्व, के पहिले, से पहिले, से आगे (*has called* ~ *to writing*)।

previously –लि adv. पूर्व, पूर्वतः (दे० PREVIOUS[2])।

previousness –निॅस n. पूर्ववर्तिता[F], पहलापन; हड़बड़ी[F], जल्दबाजी[F]।

previse प्रि'वाइज़् v.t. पूर्वेक्षण करना, अग्रनिरूपण करना, दूरदर्शितासे काम लेना, पहिलेसे देख लेना।

prevision –विज़्न् n. पूर्वेक्षण, अग्रनिरूपण, दूरदर्शिता[F], भविष्यदृष्टि, पूर्वज्ञान, अग्रदृष्टि[F], दूरदृष्टि[F]।

previsional –ज़ॅनॅल् a. पूर्वेक्षणीय, अग्रनिरूपण-विषयक, दूरदर्शिता-सम्बन्धी, अग्रदृष्टि-सम्बन्धी, दूरदृष्टि-सम्बन्धी; : दूरदर्शितापूर्ण, अग्रदृष्टिपूर्ण, (चि०) कृच्छ्र शिश्नोच्छ्राय, कृच्छ्र ध्वजोच्छ्राय (कामवासनाहीन), कष्टप्रद।

prey[1] प्रे' n. आखेट, अहेर, शिकार; (जीव०) **भक्ष्य,** आहार्य, आमिष, मांस; (बाइबिल[F]) अपहृत वस्तु[F], लूट[F] का माल; (शत्रु, रोग या भयका) भक्ष्य, बलि[F], खाद्यग्रास; *beast, bird, fish, of* ~ हिंस्र या शिकारी पशु, पक्षी या मत्स्य; *fall a* ~ *to* का शिकार होना।

prey[2] v. i. वध करना, हिंसा[F] करना, शिकार मारना; अपहरण करना, लुण्ठन करना, लूटना; (रोग, भावावेग आदिका) ग्रसना, पीड़ित करना, दुःख देना, घुलाना।

preyer –'अॅर् n. पीड़क, शिकारी; लुटेरा।

priapism प्राइ'अॅपिज़्म् n. अशिष्टता[F], असभ्यता[F], मूर्खता[F], मूढ़ता[F], गँवारपन; (चि०) कृच्छ्र शिश्नोच्छ्राय, कृच्छ्र ध्वजोच्छ्राय (कामवासना-हीन), कष्टप्रद शिश्नोन्नति[F], अनवरत लिंगका खड़ा रहना।

P. R. I. B. A. President of the Royal Institute of British Architects.

price[1]* प्राइस्' n. पण्य (अर्थ०, का०) **मूल्य*, दाम*, कीमत[F], भाव,** दर[F], (ला०) दाँवपर रखा हुआ धन; बोली[F] (*starting* ~ *of a horse*); ~ current प्रचलित मूल्य, वर्तमान मूल्य, बाजारभाव, चालू दाम; *above, beyond, without,* ~ मूल्यातीत, अनर्घ्य, अमूल्य, अनमोल; *of* ~ महार्ह, बहुमूल्य; *set* ~ *on a person's head* (किसीकी गिरफ्तारी[F] या हत्या[F] के लिए) पुरस्कारकी घोषणा[F] करना; *what* ~ *the Concert of Europe?* इन्द्रका सिंहासन तो तुम्हारे हाथमें है न;

~ allowance, ~ analysis, ~ behaviour, ~ chargeable, ~ control, ~ current, ~ differentials, ~ economics, ~ elasticity, ~ enquiry, ~ fixation order, ~ fixing, ~ fluctuation, ~ forecasting, ~ increment, ~ index, ~ inelasticity, ~ inquiry, ~ level, ~ list, ~ making, ~ margin, ~ marking, ~ movement, ~ negotiation, ~ numbers, ~ parity, ~ preference, ~ relations, ~ relative, ~ reporting, ~ setting, ~ spread, ~ stabilization, ~ stamp, ~ stamping, ~ structure, ~ support, ~ system, ~ tag, ~ velorisation.

price[2] v. t. मूल्य लगाना, मोल लगाना; मोलभाव, करना, दाम पटाना; (ला०) मूल्यांकन करना, दाम कूतना।

priced –स्' a. समूल्य, कृतमूल्य, दामवाला; high ~ महार्ह, महार्घ, बहुमूल्य; low ~ अल्पमूल्य, कमदाम।

priceless –स्'लिॅस् a. अनर्घ्य, अमूल्य, अमोल, अनमोल; (आ०) मनोरंजक, कौतुकपूर्ण, विचित्र; असंगत, असम्बद्ध, बेकार, अनमेल, बेहूदा।

pricelessness –'निॅस् n. अनर्घ्यता[F], अमूल्यता[F], अमोलपन, अनमोलपन; अतिमनोरंजकता[F], कौतुकपूर्णता[F], विचित्रता[F], असंगति[F]।

prick[1] प्रिक्' n. वेध, वेधन, तोद, तोदन, भेदन, छिद्रण, छेद, सूराख; सूचीभेद, चुभन[F]; डंक; गोदा; यातना[F], व्यथा[F]; (आ०) अंकुश, औगी, पैना, अरई[F]; सूचिका[F], सूची[F], सुई[F], सूजा; (आ०) लिंग; ~ eared शल्यकर्ण, खड़े कानवाला; ~-ears शल्य कर्ण, खड़े कान; *kick against the* ~ *s* दीवाल[F] पर सिर दे मारना।

prick[2] v. t. & i. वेधना, बींधना, तोदन करना, छेदना; सूचीवेधन करना, चुभोना, गोदना, कोचना, गड़ाना, चुटकी[F] लेना; (ला०) तीव्र यातना[F] देना, सालना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कोसना; (प्रायः घोड़ेको) ठोकर[F] मारना, एँड़[F] लगाना; बढ़ाना, लगाम[F] ढीली कर देना; बिन्दुओंसे चिह्नित करना; ~ *in* पौधा रोपना; ~ *off* पौधेको कुछ अन्तरसे लगाना; ~ *out* पंक्तिरोपण करना; ~ *the bladder* or *bubble* भण्डा फोड़ना, कलई[F] खोलना; ~ *up* one's *ears* कान खड़े करना, चौकन्ना होना।

pricked –ट्' a. सूचीविद्ध, शल्यविद्ध, छिद्रित।

pricker –'कॅर् n. कण्टिका[F], वेधक, बाँधनेवाला, चुभानेवाला; (इति०) **बेधनी**[F], वेधयन्त्र (जैसे, सूची[F], सुई[F], सूजा, टेकुआ इत्यादि)।

pricket प्रि'किट् n. दूसरे वर्षका हिरन; खूँटी[F]।

pricking प्रि'किंग् n. वेध, वेधन, तोद, तोदन, भेदन, छिद्रण, छेद; सूचीभेद, चुभन[F]; (कृषि०) **गोदना**, गाड़ना, ~ up (यन्त्र०) **गोड़ना**।

prickle[1] प्रि'कॅल् n. शिताग्र, शूक, शल्य, शूल, कण्टक, काँटा, फाँस[F], किरिच[F]।

prickle[2] v. t. & i. शितिग्रित करना, बाँधना, वेधना, सालना, चुभाना, कोंचना; चुभना, छिदना, कसकना, खटकना, सालना।

prickle[3] n. टोकरा, टोकरी[F], झावा, डलिया[F], झउआ।

prickliness प्रिक्'लिनिॅस् n. शल्यता[F], कँटीलापन, नुकीलापन, बहुकण्टकता[F]; झनझनाहट[F], सनसनाहट[F], झुनझुनी[F], चुनचुनी[F]।

prickling[1] – लिंग् n. वेधन, चुभन[F], छेदन, कसक[F], कोंचन[F], साल[F]।

prickling[2] a. शल्यक, वेधक, भेदक, छेदक, सालनेवाला, कसकनेवाला।

prickly –लि a. सशूल, बहुशूक, सकण्टक, काँटेदार, कँटीला; सनसनाहटवाला, झनझनाहटवाला; ~ heat (चि०) धर्मराजिका[F], अँधौरी[F], अम्हौरी[F], ~ pear नागफनी[F]; नाखा, नाख।

pricksong –'सॉन्ग् n. गमक[F]; लिखित संगीत।

projectile[1] प्रॅजॅक्'टिल् n. अस्त्र, प्रक्षेपणीय गोली[F], तोप[F]का गोला इत्यादि।

projectile[2] n. प्रेरक, प्रक्षेपी, उत्तेजक, फेंकनेवाला, उकसानेवाला (~ *force*); दूरवेधी, (गणि०, भौ०) प्रक्षेप्य, (~ *motion*), प्रक्षेपणीय, (गणि०, भौ०) प्रक्षिप्त, छूटनेवाला, दगनेवाला।

projecting –टिंग् a. प्रलम्ब, प्रक्षेपी (~ *lantern*, ~ *microscope*), प्रक्षिप्त, (~ *bluff*), उत्तुंग, उदग्र, बहिर्वर्ती।

projection –'शॅन् n. प्रक्षेपण, (सांख्य०) बहिर्वेशन, फेंकाई[F], डलाई[F]; धातुरूपान्तर, धातुपरिवर्तन; (प्रा० भू०, गति० वि०) प्रक्षेप, योजना[F], (अर्थ०) प्रायोजना[F], उपाय, खाका, प्लान; मानचित्र, नकशा; प्रलम्बन, प्रलम्बता[F], उदग्रता[F], उभार; धक्का, दपेट, झपेट, ठेला, झोंक[F]; प्रत्यालेख, अवलेख; मनःचित्र, मनमोदक, कपोलकल्पना[F]; चलचित्र-प्रदर्शन; निर्गत भाग; ~ lantern चित्रदर्शी लालटेन, चित्रप्रक्षेपी लालटेन; powder of ~ पारस पत्थरका चूर्ण;

~ box, ~test, ~ fibre, ~ map, ~ room.

projectioal –नॅल् a. प्रक्षेपणीय, प्रक्षेपण-सम्बन्धी, फेंकाईका, डलाईका; धातुरूपान्तर-विषयक, धातुपरिवर्तन-सम्बन्धी; प्रक्षेप-विषयक, योजना-सम्बन्धी, खाकेका, तजवीजवाला; प्रलम्बनीय, उभारका; धक्केका, दपेटका, झपेटका; प्रत्यालेख-विषयक, अवलेख-सम्बन्धी; मनःचित्र-विषयक मनमोदक-सम्बन्धी, कपोलकल्पना-सम्बन्धी।

projectionist –निस्ट n. चलचित्र-प्रदर्शक, फिल्म दिखानेवाला।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

projective –'ट्रिव् a. (रेखा०) प्रक्षेपी, प्रक्षेपीय, प्रलम्बी, प्रक्षेपात्मक, प्रक्षेपजन्य; मनःकल्पनात्मक; मनःजात, मनोद्भूत;
~ geometry, ~ imagination, ~ invariant, ~ property.

projecetor – टॅर् n. योजक, प्रक्षेपक, (~ *room*), फेंकनेवाला; योजनाकार; निरूपक, मंसूबा बाँधनेवाला; झूठी व्यापारिक कम्पनियोंF की उन्नतिF करनेवाला; (चलचित्र) दर्शित्र, चित्रदर्शी, प्रक्षेपणयंत्र (~ *lens*)।

projecture – च्यूॲर् n. प्रक्षेप, उभार, बाहरकी ओर निकला होना; प्रक्षिप्त भाग, उभरा हुआ भाग, बाहर निकला हुआ हिस्सा।

prolabium प्रॅले'बिॲम् n. अरुण ओष्ठ, रक्त होंठ, होंठोंका लाल हिस्सा, बहिरोष्ठ, बाहरी होंठ, होंठोंका बाहरी हिस्सा।

prolapse प्रॅलैप्स्' n. स्थानान्तरण, (चि०, कृषि०) भ्रंश, अंगभ्रंश, अंगच्युतिF, स्थानभ्रष्टताF, स्थानभ्रंश, स्थानच्युतिF।

prolapsus –सस् n. = PROLAPSE.

prolate, prolated प्रो ॅलेट्, –टिॅड् aa. (रेखा०) अण्डाकार, ध्रवदीर्घ; (गणि०, भौ०) दीर्घाक्ष, (~ *spheroid*), उच्चाक्ष; विस्तारशील; (ला०) अतिविस्तृत; दीर्घोच्चरित।

prolation प्रॅले'शॅन् n. विस्तार; दीर्घोच्चारण।

prolative प्रॅले'टिव् a. (व्या०) विधेय-विस्तारी।

prolegomenary, prolegomenous प्रोलिॅगा'मिॅनॅरि, –नस् aa. उपोद्घातीय, प्राक्कथनीय, प्रास्ताविक।

prolegomenon –नॅन् n. (pl. *-na*) उपोद्घात, प्राक्कथन, प्रस्तावनाF, (शिक्षा०) पूर्वपीठिकाF, भूमिकाF।

prolepsis प्रॅले (ली)प्'सिस् n. पूर्वादान, पूर्वग्रहण, पूर्वसमाधान, पूर्वाभास, अनुमान, पूर्वकल्पनाF; (व्या०, विशेषणोंका) अनुमानपूर्व प्रयोग, (वैद्यक०) रोग प्राग्ज्ञान; पूर्वप्रवेगागम, अपेक्षितकालसे पूर्व रोगका दौरा आना।

proleptic, -al –'टिक्, –ॲल् aa. (चि०) भविष्यकथनात्मक; पूर्वागत; पूर्वादानीय, पूर्वग्रहणात्मक, पूर्वसमाधानात्मक, अनुमानात्मक, पूर्वकल्पनात्मक, पूर्वाभासयुक्त (अलंकार), पहिलेसे समझा हुआ, अगला।

proletarian प्रोलिॅटेॲरिॲन् a. & n. श्रमजीवी (व्यक्ति), सर्वहारावर्गका (सदस्य), निर्धन (पुरुष), दीन (व्यक्ति), कंगाल (आदमी); ~morals (दर्श०) श्रमजीवी नीतिF।

proletarianism – निज़म् n. सर्वहारावाद।

proletariat (e) –ॲट् n. सर्वहारावर्ग, जनगण, साधारण जन, अवर जन, निम्न श्रेणीFके लोग; श्रमजीवी, श्रमिकवर्ग, (अर्थ०) मजदूर-वर्ग, कमिया-सम्प्रदाय।

proletary प्रो (प्रॉ)'लिटॅरि a. सर्वहारा-वर्गीय, श्रमजीवी वर्गका।

prolicidal प्रोलिसाइ'डॅल् a. भ्रूणहत्यात्मक, शिशुहत्या-सम्बन्धी, बालहत्यासे सम्बन्धित।

prolicide –'लिसाइड् n. भ्रूणहत्याF, शिशुहत्याF, बालहत्याF, सन्ततिहत्याF।

proliferate प्रॅलि'फ़ॅरेट् v. i. (चि०) प्रफलन करना; प्रफलित होना; आत्मपुनर्जनन करना, अपनेसे उत्पन्न करना।

proliferation –'शॅन् n. (चि०) प्रफलन; (वन०, प्राणि०) प्रचुरोद्भवन, प्रोद्भवन, आत्मपुनर्जनन, प्रगुणन, अपनी संवृद्धिF।

proliferative – 'फ़ॅरेटिव a. आत्मपुनर्जनक, आत्मपुनर्जनन करनेवाला, अपनेसे उत्पन्न करनेवाला, अवन्ध्य, (चि०), प्रफलनात्मक, प्रफली, ~ trophoblast (चि०) प्रफली बीजपोषक।

proliferous –रॅस् n. (वन०) बहुजनक; (चि०) प्रफलनशील, प्रफली, प्रफलन करनेवाला; बहु-प्रसवी; आत्मपुनर्जनक, आत्मपुनर्जनन करनेवाला, उत्पन्न करनेवाला; कुड्मज, कलिकाप्रज, कलीF द्वारा उत्पन्न करनेवाला।

prolific –फ़िक् a. बहुप्रज, बहुप्रसवी, बहुफलदायक, अवन्ध्य (~ *animals*); प्रजननशील, प्रसवशील; उर्वर, उपजाऊ (~ *land*); प्रभूत, आढ्य, भरा हुआ।

prolificacy, prolificity, prolificness –कॅसि, –प्रॉलिफ़ि'सिटि, –निॅस् nn. (कृषि०) बहुप्रजनन, बहुप्रजताF, बहुप्रसवताF, बहुफलदायकताF; प्रजननशीलताF, प्रसवशीलताF; उर्वरताF, उपजाऊपन; प्रभूतिF, आढ्यताF।

prolification –के'शन् n. नव-सन्ततिF, क्रमिक विकास, क्रमबद्ध वृद्धिF।

proligerous प्रॅलि'जॅरॅस् a. (वन०) उत्पादी; (चि०) (बच्चेको) उत्पन्न करनेवाला।

prolix प्रॅलिक्स, प्रो'लिक्स् a. सुविस्तर, अतिविस्तृत, अतिदीर्घ, लम्बा-चौड़ा; प्रपंचयुक्त, वितण्डायुक्त, अतिभाषी, बहुभाषी (~*writer*); अतिदीर्घ, दीर्घसूत्री; विरक्तिकर, उकता देनेवाला, उबाऊ, भारी (~ *speech*)।

prolixity, prolixness –'सिटि, –'निॅस् nn. सुविस्तरताF, अतिविस्तार, अतिदीर्घताF; प्रपंचयुक्तताF; वितण्डायुक्तताF; अतिभाषित्व, बहुभाषित्व, वाग्विस्तार, वाग्वितण्डा; प्रपंच; दीर्घसूत्रताF; विरक्तिF, अरोचकताF, ऊबF।

prolocution प्रॉलॅक्यू'शॅन् n. परिचयात्मक व्याख्यान, प्रारम्भिक भाषण, प्रवक्तृता।

prolocutor प्रॉ (प्रो)'लॅक्यूटॅर्, प्रॅलॉ'क्यूटॅर् n. प्रवक्ता; प्रधान, अध्यक्ष, सभापति।

prolocutorship –शिप् n. प्रवक्तृपद, प्रवक्तृत्व, अध्यक्षताF, सभापतित्व, अध्यक्षपद, सभापतिपद।

prologize, -guize प्रॉ (प्रो)'लॅगाइज़्, –गाइज़् vv. i. ⊙आमुख कहना या लिखना, पूर्वरंग लिखना, प्राक्कथन करना, प्रस्तावना करना।

prologue[1] प्रो'लॉग् n. आमुख, पूर्वरंग, पुरोवचन, प्राक्कथन, मुखबन्ध, प्रस्तावनाF, नान्दीपाठ, मंगलाचरण; (ला०) भूमिकाF, पूर्वपीठिकाF।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

prologue[2] v. t. आमुख लिखना, पूर्वरंग करना, प्रस्तावना[F] करना, मंगलाचरण करना।

prolong प्रलॉन्ग्' v.t. विलम्बित करना, विलमाना, विरमाना; व्याक्षिप्त करना, प्रसारित करना, लम्बा करना, बढ़ाना, तानना; (अक्षरोच्चारणको) दीर्घ करना।

prolongable –'गॅबॅल् a. विलम्ब्य, विलम्बनीय, विलमाने योग्य, विरमाने लायक; व्याक्षेप्य, व्याक्षेपणीय, प्रसार्य, प्रसारणीय, लम्बनीय, तानने योग्य; (अक्षरोच्चारण) दीर्घ करने योग्य।

prolongate –गेट् v. t. = PROLONG.

prolongation प्रोलॅन्गे'शॅन् n. विलम्बीकरण, दीर्घीकरण; कालवृद्धि[F]; समयवृद्धि[F]; वितति, आयति[F], विस्तार, बढ़ाव, फैलाव।

prolonged प्रलॉन्ग्ड्' a. विलम्बित, दीर्घकालीन (~ *absence*); (नौवि०) **लम्बी** (~ *blast*)।

prolonger –गॅर् n. विलम्बीकर्ता, दीर्घीकर्ता; दीर्घकालो, कालवृद्धिकर्ता, समय टालनेवाला; वितानक, विस्तारक, आयति[F] करनेवाला, विस्तार करनेवाला।

prolusion प्रलू'ज़्न् n. अभ्यास, प्रश्न, सवाल; निबन्ध, लेख; प्रारम्भिक कार्य, भूमिका[F], प्राक्कथन।

prolusory –'सॅरि a. अभ्यासात्मक, प्रश्न-विषयक; निबन्ध-विषयक, लेख सम्बन्धी; प्रारम्भिक, प्राथमिक, भूमिका-सम्बन्धी, प्राक्कथन-सम्बन्धी।

prom, promenade[1] प्रॉम्', प्रॉमिॅना (ने) ड् n. (इति०) **चंक्रम**; विहार, (~ *deck*) संचरण, विचरण, भ्रमण, सैर[F]; अश्वारोहण, सवारी[F]; यात्रा[F], शोभायात्रा[F]; विहारस्थल, पटरी[F], ठण्डी सड़क[F]; ~concert विहार गोष्ठी[F]।

prom, promenade[2] v. i. & t. विहार करना, संचरण करना, विचरण करना, भ्रमण करना, टहलना, सैर[F] करना; अश्वारोहण करना, घोड़ेकी सवारी[F] करना; शोभायात्रा[F] करना, जुलूस निकालना।

promenader प्रामिॅना(ने)'डॅर् n. विहारी, संचरणशील, भ्रमणशील, सैलानी, घूमनेवाला।

promeristem ⊙ प्रॉमॅरिस्टेॅम् n. (वन०) **प्रविभज्या**[F]।

promeristematic ⊙–स्टिॅमै'टिक् a. (कृषि०) **प्रविभाजी (ऊतक)**।

prometaphase ⊙ प्रॉमेॅटॅफेज़् n. (जीव०) **पूर्वमध्यावस्था**[F]।

prominence, -cy प्रॉ'मिनन्स्, –सि nn. प्रोद्धर्ष, प्रकूट, प्रतुंगक; उत्तुंगता[F], प्रक्षेप, उद्यता[F], उभार; (ऋतु०) **लपेट, तेज शृंग**, विख्याति[F]; सुव्यक्तता[F]; सुस्पष्टता[F]; प्राधान्य, प्रधानता[F], प्रमुखता[F]; विशिष्टता[F]।

prominent प्रॉ'मिनॅन्ट् a. प्रक्षिप्त, उठा हुआ, उभरा हुआ; उत्तुङ्ग, उन्नत, उद्यत, प्रलम्ब, निकला हुआ; विख्यात; सुव्यक्त, सुस्पष्ट; मुख्य, प्रधान, **प्रमुख** (~ *citizens, object*), श्रेष्ठ, विशिष्ट(~ *place*)।

promiscuous प्रॅमिस्'क्यूॅअॅस् a. संकुल, संकीर्ण, प्रकीर्ण, संकर, मिश्रित, गड्डमड्ड ((~*bathing*); क्रमविहीन, बेतरतीब; असामंजस्यपूर्ण; अविवेकपूर्ण (~ *massacre*); अभेद, निर्विशेष; (शोल०) आकस्मिक, अन्धाधुन्ध, बेकार; व्यर्थ, बेमतलब; ~like निष्प्रयोजन; ~ sexual relation निर्बन्ध सहवास, असंयमित सम्भोग, इच्छाभोग।

promiscuousness, promiscuity –निॅस्, प्रॉमिस्क्यू'इटि nn. संकुलता[F], संकीर्णता[F], प्रकीर्णता[F], संकरता[F], मिश्रण, गड्डमगड्ड; क्रमविहीनता[F]; असामंजस्यपूर्णता[F]; अविवेक; अभेद, निर्विशेषता[F]; असंयम, असंयतता[F]।

promise[1] प्रॉ'मिस् n. **वचन**, वाग्दान, प्रतिश्रुति[F], **प्रतिज्ञा**[F], वादा, कौल, करार; (ला०) वर्धिष्णुता[F], उदीयमानता[F], होनहारी[F], उठान[F] (*writer of great* ~)।

promise[2] v.t. & i. प्रतिश्रुत होना, **प्रतिज्ञा**[F] **करना, वचन देना**, वादा करना, कौल करना, इकरार करना; (शोल०) आश्वासन देना, विश्वास दिलाना, निश्चय कराना, भरोसा दिलाना, यकीन दिलाना; कामना[F] करना, आशा[F] करना; (ला०) परिलक्षित करना, सम्भावना[F] प्रकट करना, आभास देना।

promised –ड् a. प्रतिश्रुत, प्रतिज्ञात; आश्वस्त, विश्वस्त; परिलक्षित, सम्भावित, कल्पित; ~ land स्वर्ग, स्वप्नलोक, कल्पना-लोक।

promisee –सी' n. (कानून, वाणि०, का०) **प्रतिज्ञाती**, (दर्श०) **प्रतिज्ञप्त**, प्रतिश्रुती, वाग्दत्त, वचनआदाता, जिससे वादा किया जाय।

promiser, promisor –'मिसॅर्,–'मिसॅर् nn. (का०, वाणि०, दर्श०) **प्रतिज्ञाता**, प्रतिश्रावक, वचनदाता, (का०, दर्श०, वाणि०) **प्रतिज्ञाकर्त्ता**, प्रतिज्ञा[F] करनेवाला, वादा करनेवाला।

promising –सिंग् a. उदीयमान, होनहार (~ *youngman*); सम्भावनापूर्ण, आशाजनक (~*result*)।

promissive –सिव् a. प्रतिश्रुतियुक्त, प्रतिज्ञामय, वाग्दानपूर्ण, वचनयुक्त; प्रतिश्रवणात्मक; प्रतिश्रुति-सदृश, प्रतिज्ञावत्, वाग्दान-सम्बन्धी, वादेका।

promissory –सॅरि a. प्रतिश्रुत्यात्मक, प्रतिज्ञावह, प्रतिज्ञा-विशिष्ट; (क्वचित्) आशापूर्ण, सम्भावनापूर्ण; ~ note (का०) **वचनपत्र**, प्रतिज्ञापत्र, (अर्थ०) **रुक्का**, प्रामिसरी नोट, **प्रोनोट**; ~ oath (का०) **प्रतिज्ञाशपथ**[F], पद-शपथ[F]।

promontoried प्रॉ'मॅन्टॅरिड् a. प्राग्रयुक्त, शम्बुकालिकामय; अन्तरीपयुक्त।

promontory –रि n. रास, भूशिर, भूनासिका[F], उदयभूमि[F], उदग्रभूमि[F], अन्तरीप; (चि०) **प्रोत्तुंग**; (श० र०, शा०) प्राग्र, शम्बुकालिका[F], उन्नतांश, उभरी हुई गाँठ[F]; ~ fort (इति०) **अन्तरीप दुर्ग**।

promote प्रॅमोट्' v.t. प्रोन्नत करना, पदोन्नत करना, विवृद्ध करना, **अभिवृद्धि**[F] **करना**, अभिवर्द्धित करना, **वृद्धि**[F] **करना, उन्नति**[F] **करना, उन्नत करना**, तरक्की[F] देना, दरजा बढ़ाना; अभिप्रेरित करना, **प्रवर्तन करना**,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रोत्साहनं देना, उत्तेजित करना, अनुप्राणित करना, बढ़ाना, बढ़ावा देना; (किसी क़ानूनके पारणका) समर्थन करना; (शतरंज) प्यादेको फरजी[F] बनाना।

promotee ⊙ –ती' n. प्रोन्नत व्यक्ति, पदोन्नत व्यक्ति।

promoter –'टॅर् n. प्रोन्नायक, पदोन्नायक, विवर्धक, अभिवर्धक, अभियोजक, अभिवेजक; अभिप्रेरक, (रसा०) प्रेरक, (वाणि०, रसा०) **प्रवर्तक**, प्रोत्साहक; (*company-~*) प्रमण्डल-प्रवर्तक, कम्पनी-संस्थापक।

promoterism –रिज़्म् n. प्रवर्तकवाद।

promotion –'शॅन् n. प्रोन्नति[F], पदोन्नति[F], पदवृद्धि[F], अभिवृद्धि[F], वर्धन, उत्कर्ष, (का०) **उन्नति[F]**, **तरक्की[F]**; (अर्थ०) **संस्थापन**; अभिप्रेरणा[F], उन्नयन, प्रोत्साहन; समर्थन, (का०) **प्रवर्तन**;

~ block, ~ cadre, ~ examination, ~ profits, ~ zone.

promotional –नॅल् a. प्रोन्नत्यात्मक, पदोन्नति-विषयक, पदवृद्धि-सम्बन्धी, अभिवृद्धि-विषयक, उन्नति-सम्बन्धी, तरक्की[F]का; अभिप्रेरणा-विषयक, प्रोत्साहन-सम्बन्धी; समर्थन-सम्बन्धी, प्रवर्तन-सम्बन्धी।

promotive –'टिव् a. प्रोन्नायक, पदोन्नायक, विवर्धक, अभिवर्धक, उन्नति[F] देनेवाला, बढ़ानेवाला; समर्थक; प्रेरक, प्रवर्तक।

promotor –टॅर् n. = PROMOTER.

prompt[1] प्रॉम्प्ट्' n. अवधि[F]; ~-note सावधिकपत्र, सत्वरपत्र, मियादी चिट्ठी[F]।

prompt[2] n. (अभिनेताका) प्रबोध, उद्बोध, अनुबोध, प्रवर्तन, प्राम्प्टिंग; ~ side of stage अनुबोधपार्श्व, जहाँसे प्राम्प्टिंग[F] की जाती है।

prompt[3] v.t. प्रणोदित करना, प्रचोदित करना, प्रवर्तित करना, प्रोत्साहित करना, प्रबुद्ध करना, उभाड़ना, उकसाना, भड़काना; (अभिनेताको) प्रबोधना, सरण कराना, प्राम्प्ट करना।

prompt[4] a. उद्युक्त, उद्यत, तत्पर, आशुकारी, अविलम्बी, अदीर्घसूत्री, स्फूर्त, चुस्त, फुर्तीला, मुस्तैद; **शीघ्र**, क्षिप्र, सत्वर, त्वरित; **अचिर**, तात्क्षणिक, अविलम्बित, तुरन्त, **तुरत**, झटपट; (वाणिज्य०) प्रदेय, नकद;

~ action, ~ cash, ~ control, ~ decision, ~ delivery, ~ disposal, ~ payment, ~ reply, ~ sale, ~ ship.

prompter –'टॅर् n. प्रणोदक, अनुप्राणक, प्रवर्तक, प्रोत्साहक, उत्तेजक, अनुबोधक, उभाड़नेवाला, उकसानेवाला, भड़कानेवाला; (अभिनेताको) अनुबोध करानेवाला, प्राम्प्टर।

prompting –टिंग् n. प्रेरण, प्रोत्साहन, प्रवर्तन, उत्तेजन, उत्थापन, अनुप्राणन, उद्योजन, प्रबोधन, अनुबोधन।

promptitude, promptness –टिट्यूड्, प्रॉम्प्ट्'नॅस् nn. स्फूर्ति[F], चुस्ती[F], होशियारी[F], मुस्तैदी[F]; सत्वरता[F], तत्परता[F], क्षिप्रता[F], आशुकारिता[F], औत्सुक्य।

promptly –ट्'लि adv. सत्वर, शीघ्र, तत्क्षण, तत्काल, तुरन्त; तत्परता[F]से, चुस्ती[F]से, मुस्तैदी[F]के साथ।

promptuary प्रॉम्प्'ट्युॲरि n. पुस्तिका[F], डायरी[F], नोटबुक[F]; (प्रा०) भण्डार, गुदाम, गोदाम, कोठार, बखार[F]।

prompture –र् n. सलाह, मशविरा, राय[F]; प्रचोदन, प्रणोदन, प्रेरण, प्रेरणा[F], उत्साहदान, उत्साहवर्द्धन।

promulgate प्रॉ(प्रो)'मॅल्गेट् v.t. प्रकाशित करना, प्रकट करना; **प्रख्यापन करना**, **प्रख्यापित करना**, प्रख्यात करना, प्रचारित करना, घोषित करना, प्रसिद्ध करना, **प्रचलित करना**, लोकप्रचालित करना, ढिंढोरा पीटना, फैलाना; प्रवर्तन करना, **प्रवर्तित करना**, **जारी करना**, लागू करना।

promulgation –'शॅन् n. प्रकाशन, प्रकटन; **प्रख्यापन**, **प्रवर्तन**, **प्रचालन**, घोषणा[F], ढिंढोरा, मुनादी[F], ऐलान; ~ minutes **प्रवर्तन कार्यवृत्त**, **पहुँचाने योग्य कार्यवृत्त**।

promulgator –'मॅल्गेटॅर् n. प्रकाशक, प्रकट करनेवाला; प्रख्यापक, प्रचारक, घोषक, प्रसिद्ध करनेवाला, ढिंढोरा पीटनेवाला, जारी या लागू करनेवाला।

promulge प्रॅमल्ज् v.t. (प्रा०) = PROMULGATE.

promycelium ⊙ प्रॉमिसे'लिॲम् n. (वन०) **प्रकवक**, T.

pronaos प्रॅने'ऑस् n. (pl. *-oi*) (मन्दिरकी) कक्षा[F], ड्योढ़ी[F], (इति०) T.

pronate प्रो'नेट् v.t. हथेली[F] पलटना, हथेली[F] नीचे-ऊपर करना।

pronation प्रोने'शॅन् n. (चि०) **अवतानन**, अधोवर्तन; अधस्तलगति[F], हथेली[F] पलटना, हथेली[F] नीचे करनेका कार्य।

pronator –'टॅर् n. (चि०) **अवताननी[F]**, (हथेली[F] नीचे करनेमें) सहायक पेशी[F], सहायता[F] पहुँचानेवाला पुट्ठा; ~ quadratus (चि०) **चतुरस्र अवताननी[F]**; ~ teris (चि०) **वर्तुल अवताननी[F]**।

prone प्रोन्' a. अधोवृत्त, अधोमुख, अवाङ्मुख, प्रवण, प्रवृत्त, उन्मुख, झुका हुआ; पातुक, पट, औंधा; (मैदान) अधस्तल, ढालू, ढलुवाँ; (शिथिलतः) खड़ा, गहरा, ढलवाँ।

pronely –'लि adv. पट, चित्त, औंधे, मुँहभार, मुँहके बल, सिरके बल।

proneness –'निॅस् n. प्रवणता[F], प्रवृत्ति[F], उन्मुखता[F]; ढाल[F], झुकाव, अधोमुखता[F], औंधापन।

pronephros प्रॅने'फ्रॉस् n. (जीव०) **पूर्ववृक्क**, **आदिवृक्क**।

proncur (F) n. गुणानुवादी, चापलूस।

prong[1] प्रॉन्ग्' n. शाखा[F], शूल, अग्र, **काँटा**, फाल; (भौ०, यन्त्र०) **(स्वस्त्रिकी) भुजा[F]**; पाँचा, टिंगली[F], काँटेदार औजार; (चि०) शंकाकार दन्तमूल; ~ horn शाखीशृंग, शाखी मृग।

prong[2] v.t. (काँटा) चुभोना, कोंचना, भोंकना; (काँटेसे जमीन[F]) खोदना, कुरेदना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

pronged –ड्' a. शाखदार, काँटेदार।

pronominal प्रॅनॉ'मिनॅल् a. सर्वनामीय, सर्वनामात्मक, सर्वनामजैसा, (~ *adverb*)।

pronote ⊙ प्रनोट्' n. वचनपत्र, प्रोनोट।

pronoun प्रो'नॉउन् n. सर्वनाम; personal ~ व्यक्तिवाचक, सर्वनाम।

pronounce प्रॅनॉउन्स् v.t. औपचारिक ढंगसे कहना, गम्भीर ढंगसे कहना, व्यवस्था[F] देना, निर्णय सुनाना, (का०) **सुनाना**, सम्मति[F] देना; (का०) **उद्घोषण करना**, घोषित करना, अधिघोषित करना, व्याहरण करना; उच्चारण करना, बोलना, कहना, पढ़ना (*cannot ~ distinctly*)।

pronounceable –'सॅबॅल् a. उच्चार्य, उच्चारणीय।

pronounced –स्ट्' a. अधिघोषित, अभिमत, व्याहृत; उच्चारित; दृढ़, स्पष्ट, निश्चित; प्रबल, प्रखर, उग्र।

pronouncement –स्'मॅन्ट् n. **उद्घोषण**, अधिघोषणा, अधिकथन, **सुनाना**; व्याहरण; उच्चारण; वक्तव्य, बयान; निर्णय।

pronouncer –'सॅर् n. अधिघोषक, अभिमाता, व्याहर्ता, उच्चारक, उच्चारण करनेवाला।

pronouncing –सिंग् n. अधिघोषण, व्याहरण; व्यवस्थादान; उच्चारण; ~ dictionary उच्चारण-कोश।

pronto प्रॉन्'टो adv. शीघ्रतया, शीघ्रतः, क्षिप्रतया, क्षिप्रतः, तत्क्षण, तत्काल, तुरन्त, झटपट, जल्दी।

pronucleus ⊙ प्रो'न्यूक्लिअॅस् a. (प्राणि०) **पूर्वकेन्द्रक**, पूर्वनाभिक।

pronuncial प्रनन्'शिअॅल् a. उच्चारणीय, उच्चारण-सम्बन्धी।

pronunciamento प्रॅनन्शिअॅमे'न्'टो n. (pl. -s) उद्घोषणा[F], घोषणा-पत्र।

pronunciation प्रॅनन्शिअे'शॅन् n. **उच्चारण**, उच्चारण-विधि[F]।

pronunciative –'सि'शिअॅटिव् a. उच्चार्य, उच्चारणीय, उच्चारण योग्य, उच्चारण करने योग्य।

pro-oestrum ⊙ प्रोअे'स्'ट्रॅम् n. (कृषि०) **पूर्वमदकाल**।

proof[1] प्रूफ़् n. युक्ति[F], **उपपत्ति**[F], (रसा०) **प्रमाण**, सबूत; साक्षी[F], गवाही[F]; **सिद्धि**[F], प्रमाणीकरण, उपपादन, प्रतिपादन, प्रतिपत्ति[F]; (दर्श०) **साधन**; (स्फोट-अस्त्रोंकी) **जाँच**[F]; परीक्षा[F], परख[F] (*will stand a severe ~*); (प्रा०) अछेद्यता[F], अभेद्यता[F]; शराब[F]की मादक शक्ति[F]; ईक्ष्यपत्र, शोध्यपत्र, प्रूफ़; परखनली[F]; ~-reader ईक्ष्य-शोधक, शोधनकर्ता, **प्रूफ़-शोधक**, प्रूफ़रीडर; —reading ईक्ष्य-शोधन, **प्रूफ़ पढ़ना**, प्रूफ़रीडिंग[F];

~ copy, ~ correcting, ~ correction, ~ examiner, ~ gallon, ~ load, ~ plane, ~ press, ~ puller, ~ range, ~ resilience, ~ sheet, ~ spirit, ~ text.

proof[2] v.t. सिद्ध बनाना, अभेद्य बनाना, निष्प्रभाव्य बनाना।

proof[3] a. स्पष्ट, साक्षात्, विनिश्चायक, सम्प्रत्यायक, विश्वासोत्पादक, सन्तोषजनक; सिद्ध; परिरक्षी, दुर्भेद्य, अभेद्य (*sound, water-~*)।

proofing प्रू'फ़िंग् n. जलरक्षी-निर्माण-विधि[F], गैसरक्षी-रचना-रीति[F]; परिरक्षी उपकरण।

proofless प्रूफ़्'लिॅस् a. युक्तिविहीन, तर्कहीन, प्रमाण-रहित, बिना सबूतका, बिना दलीलका।

prootic प्रॅओ(ओ)'टिक् a. (जीव०) प्रकर्णिक, कर्णपूर्व, श्रवणाग्र, कर्णाग्रस्थ, कानके आगे स्थित।

prop[1] प्रॉप्' n. अवष्टम्भ, स्तम्भ, थून, थूनी[F], पाया, टेकनी[F], (ला०) अवलम्बन, आश्रय, आधार, अवलम्ब, सहारा, (यन्त्र०) **टेक**[F]।

prop[2] v.t. & i. अवलम्ब देना, आड़[F] लगाना, टेक[F] देना, थूनी[F] लगाना; (शा० एवं ला०) आश्रय देना, थाँमना, सँभालना; जड़ना, जमना, थमना।

prop.[3] = PROPOSITION.

prop. proper; properly; proposition; property.

propaedeutic, -al प्रोपीडीऊ'टिक्, -ॲल् aa. आरम्भिक-ज्ञान-विषयक, प्रारम्भिक-ज्ञान-सम्बन्धी, आरम्भिक-अध्ययन-सम्बन्धी, प्राथमिक-अध्ययन-सम्बन्धी।

propaedeutics –क्स् n. (pl.) (शिक्षा०) **प्रवेशिका**[F], आरम्भिक ज्ञान, प्रारम्भिक ज्ञान, आरम्भिक अध्ययन, प्राथमिक अध्ययन।

propagable प्रॉ'पॅगॅबॅल् a. प्रसवकरणीय, प्रजननीय, उत्पादनीय, उत्पन्न करने योग्य, जन्म देने योग्य; संचार करने योग्य, फैलाने योग्य, बढ़ाने योग्य; प्रकाश्य, प्रकाशनीय, प्रवर्त्य, प्रवर्तनीय, प्रवर्तन-योग्य, विस्तार करने योग्य, आगे बढ़ाने लायक।

propaganda प्रॉपॅगैन्'डॅ n. (विधा०, का०, चि०) **प्रचार**, (~ *secretary*), सम्प्रचार, , मत-प्रचार, प्रसार, प्रस्तार।

propagandism –'डिज़्म् n. प्रचार, प्रचारवाद, मत-प्रचार-वाद।

propagandist –'डिस्ट् n. **प्रचारक**, सम्प्रचारक, मत-प्रचारक, योजना प्रचारक, सिद्धान्त-प्रचारक, प्रसारक।

propagandistic –'टिक a. प्रचारकवत्, प्रचारात्मक, प्रचारकीय।

propagandize –'डाइज़् v. i. & t. प्रचार करना, सम्प्रचार करना, प्रचारित करना।

propagate प्रॉ'पॅगेट् v.t. (पौधे, जन्तु, रोग आदि) प्रसूत करना, प्रजनित करना, उत्पन्न करना, जन्म देना, (का०) **प्रचार करना**, प्रचारित करना; (गुण आदिको) एक पीढ़ी[F]का दूसरी पीढ़ी[F]को देना; प्रकाशन करना, प्रवर्तन करना, विस्तार करना, सँचारना, फैलाना, बढ़ाना, आगे बढ़ाना।

propagated -टिॅड् a. प्रचारित, सम्प्रचारित, प्रसारित; प्रजनित।

propagation –गे'शॅन् n. प्रजनन, (कृषि०) **संजनन**, उत्पत्ति[F]; वर्धन, प्रवर्तन; परम्परोत्पत्ति[F], परम्परा-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हस्तान्तरण; सन्तानवृद्धि^{F}, प्रसूतिक्रम; (भौ०) **संचारण, संचरण**; (~ *constant*), (भौ०) **प्रेषण**; (का०) **प्रगमन**, (का०) **प्रचारण**, प्रसारण, प्रसार, (का०) **प्रचार**, विस्तार, फैलाव।

propagative –'पॅगेटिव् a. उत्पादनात्मक, प्रजननशील; परम्परोत्पादी; प्रचारात्मक।

propagator –टॅर् n. उत्पादक, प्रजनक; प्रचारक, प्रसारक, प्रस्तारक आदि।

proparaxytone प्रोपॅरॉक्'सिटॅन् a. & n. (ग्रीक व्या०) उपान्त्यपूर्व, बलयुक्त (शब्द)।

pro patria (L) adv. अपने देशके लिए।

propel प्रॅपॅ'ल् v.t. (भौ०) **नोदन करना**, प्रणोदन करना, प्रेरित करना, प्रवर्तित करना, धकेलना, ठेलना, पेलना, चलाना, आगे बढ़ाना।

propellant –लॅन्ट् n. प्रचोदक, (यन्त्र०) **प्रणोदक**, प्रेरक, प्रवर्तक, ठेलनेवाला, आगे बढ़ानेवाला; (बन्दूक^{F} आदि छुटानेके लिए प्रयुक्त) बारूद^{F}।

propelled –ल्ड a. प्रणोदित, चालित।

propellent[1] –लॅन्ट् n. गोली^{F} दागनेवाली बन्दूक^{F} या तोप^{F}।

propellent[2] a. नोदक (~ *charge*),(यन्त्र०) **प्रणोदी**, चालक, प्रणोदक, प्रेरक, प्रवर्तक, धकेलनेवाला, पेलनेवाला, आगे बढ़ानेवाला; छुटानेवाला, दागनेवाला।

propeller –लॅर् n. (यन्त्र०,भौ०) **प्रणोदित्र**, प्रणोदक, (यन्त्र० भौ०) **नोदक**, पेलनेवाला, धकेलनेवाला; चालक यन्त्र; (नौवि०, यन्त्र०, भौ०) **पंखा**;

~ blade, ~ boss, ~ control, ~ deicing, ~ fan, ~ shaft, ~ thrust.

propelling –लिंग् a. प्रणोदी (~ *organ*)।

propelment –मॅन्ट् n. प्रणोदन, प्रचोदन, प्रवर्तन, धक्का, ठेल-पेल^{F}; प्रेरक यन्त्र, ठेलनेवाली मशीन^{F}।

propense प्रॅपॅ'न्स् a. उद्यत, प्रवृत्त, प्रवण, उन्मुख, झुका हुआ।

propension –श्न् n. प्रवर्त्तन, प्रवणन, उन्मुखन; नति^{F}; रुझान, झुकाव।

propensity –सिटि n. नैसर्गिक प्रवृत्ति^{F}, प्रवणता^{F}, उन्मुखता^{F}, रुचि^{F}, रुझान, लगाव, झुकाव, चस्का, चाट^{F}।

proper प्रॉ'पॅर् a. स्वीय, निजी, आत्मीय, स्वयंका, अपना; साम्प्रतिक, अवसरानुकूल, समयोचित, प्रसंगानुरूप; विशिष्ट; यथोचित, **उचित**, युक्त, संगत, सम्यक्, समीचीन, यथार्थ, वास्तविक, असली, ठीक; (बोल०) सम्पूर्ण, सारा, पूरा; पक्का, परले दर्जेका; (प्रा०) सुन्दर, रूपवान् (*a ~ man*); योग्य, यथार्ह, माकूल; मूल रंगमें, स्वाभाविक रंगमें; ~ fraction मूलभिन्न (जो इकाई^{F}में कम हो); ~ motion (ग० ज्यो०) वास्तविक गति^{F}; (गणि०) **निजी गति**^{F}; (व्या०) ~ noun, name व्यक्तिवाचक संज्ञा;

~ authority, ~ channel, ~ choice, ~ custody, ~ enforcement, ~ enjoyment, ~ form, ~ fraction, ~ guidance, ~ ideal, ~ inclusion, ~ induction, ~ lodging, ~ method, ~ motion, ~ person, ~ tax, ~ ticket, ~ time, ~ utilization.

propertied प्रॉ'पटींड् a. सस्वत्व, स्वत्वयुक्त, स्वामित्व-युक्त, प्रभुत्वयुक्त, साधिकार, अधिकारयुक्त; धनी, द्रव्यवान्, सम्पत्तिवान्, मिलकियतवाला, जायदादवाला; धर्मवान्, गुण-सम्पन्न, शील-सम्पन्न, विशेषता-सम्पन्न, लक्षणयुक्त।

property* प्रॉ'पॅटि n. स्वत्व, स्वामित्व, प्रभुत्व, अधिकार; धन, विभव, द्रव्य, (विधा०, का०) **सम्पत्ति**^{F}*, (विधा०) **आस्ति**^{F}, **रिक्थ**, मिल्कियत^{F}, जायदाद^{F}; रंगमंचीय सामग्री^{F}: प्रकृति^{F}, धर्म, (चि०, रसा०) **गुण**, स्वभाव, विशेषता^{F}; लक्षण; (तर्क० प्रा० भू०, भौ०, रसा०, ग०, कृषि०, चि०) **गुण-धर्म**; (दर्श०) **विशेष गुण; विशेष धर्म, अनुगुण, अनुधर्म**; ~ man, ~-master मंच-सामग्री^{F}की देखरेख करनेवाला व्यक्ति;

~ account, ~ duty, ~ inspector, ~ mark, ~ qualification, ~ section, ~ tax.

prophase ⊙प्रॉ'फेज़, n. (जीव०, वन०) **पूर्वावस्था**, (कृषि०) **प्रारूप**; (प्राणि०, चि०) **आद्यावस्था**; T.

prophasis प्रॉ'फॅसिस् n. (चि०) पूर्वनिदान, पूर्वलक्षण।

prophecy प्रॉ'फिॅसि n. ईशदूतत्व, सिद्धत्व, पैगम्बरी^{F}, सिद्धि^{F}, भविष्यकथन-क्षमता^{F}; देवदूतीय कथन, भावी कथन, भविष्यवाणी^{F}, आगम कथन; सिद्ध आदेश।

prophesier –साइॲर् n. अनागतवक्ता, भविष्यवक्ता, भविष्यवाणी^{F} करनेवाला; (धर्मग्रन्थका) व्याख्याता, टीकाकार, अर्थ करनेवाला।

prophesy –सी v.i. & t. ईशदूतके नाते कहना; भविष्यवाणी^{F} करना; (प्रा०, धर्मग्रन्थकी) व्याख्या^{F} करना; आदेश देना।

prophet प्रॉ'फिॅट् n. ईशदूत; ऋषि, मन्त्रद्रष्टा, पैगम्बर, नबी; (सिद्धान्त आदिका) प्रवक्ता, अधिवक्ता, पक्षसमर्थक, प्रतिनिधि; भविष्यवक्ता, **भविष्यद्रष्टा**, अनागतदर्शी (*weather-~*); सन्देशवाहक; (प्रा०, घुड़दौड़में) गुप्त समाचार-वाहक; *no man was ever a ~* घरका जोगी जोगड़ा आन गाँवका सिद्ध।

prophetess –टिॅस् n. ईशदूतिका^{F}, मन्त्रदर्शिका^{F}; भविष्यदर्शिका^{F}, भविष्यवादिनी^{F}।

prophethood, prophetship –ट्-हुड्, –शिप nn. ईशदूतत्व, ऋषित्व, पैगम्बरी^{F}; भविष्यवादित्व।

prophetic, -al प्रॅफे'टिक्, -ॲल् aa. ईशदूतीय, ऋषीय, मन्त्रद्रष्टा-विषयक, पैगम्बरी; भविष्य-कथनात्मक, भविष्य-वाणीयुक्त; आदेशात्मक।

prophetism प्रॉ'फिॅटिज़्म् n. भविष्यकथन, अनागत-कथन, भविष्यवाणी^{F}, आनेवाले जमानेका हाल कहना।

prophylactic प्रॉफिलैक्'टिक् a. & n. निरोधी, प्रतिषेधक; (चि०) अनागत व्याधिक, रोगप्रतिबन्धक, **रोगनिरोधक**, रोगहारी (चि०), रोग-रोक^{F} (~ *measures*)।

prophylaxis –सिस् n. प्रतिषेधोपचार, रोगनिरोध, (कृषि०, चि०) **रोगरोधन**, अनागत व्याधि चिकित्सा^{F},

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रोगरोधक चिकित्सा^{F}, (कृषि०) रोग-रोक^{F} ।

prophyll ⊙ प्रॉ'फिल् n. (वन०) **प्रपत्रिका**^{F} ।

propination प्रॉपिने'शॅन् n. प्रतिज्ञोत्सव, शपथ-ग्रहण; प्रथम पान, प्रथम मद्यपान; उपहार ।

propinquity प्रॅपिन्'क्विटि n. सन्निधि^{F}, सामीप्य, निकटता^{F}; सगोत्रता^{F}, आत्मीयता^{F}, निकट सम्बन्ध, गहरा सम्बन्ध, नाता; सादृश्य, समानता^{F}, अनुरूपता^{F}, अनुहार, मेल ।

propitiable प्रॅपि'शिअॅबॅल् a. तोष्य, अनुनेय, अनुकूल्य, अनुकूलनीय; शुभ, शुभ-करणीय, मंगलयोग्य, कल्याण-योग्य; योग्य, उचित, उपयुक्त, अनुकूल ।

propitiate –अेट् v.t. तुष्ट करना, उपशमन करना, मनाना, बहलाना, राजी करना; अनुकूल करना, शान्त करना; कल्याणकर बनाना ।

propitiation –शॅन् n. तुष्टि^{F}, तुष्टीकरण, (दर्श०) **प्रसादन**, अनुरंजन, प्रशमन, अनुनय, (दर्श०) **आराधन**, सान्त्वना^{F}, बहलाव; तुष्टीकरणार्थ उपहार, सान्त्वनाहेतु भेंट^{F} ।

propitiator –शिअेटॅर् n. तोषक, प्रसादक, अनुरंजक, मनानेवाला, बहलानेवाला, राजी करनेवाला, अनुकूल करनेवाला, शान्त करनेवाला, कल्याणकर बनानेवाला ।

propitiatory[1] –टॅरि n. (विशे०, ला०, ईसाका) ईश-सिंहासन, परम आसन ।

propitiatory[3] a. तुष्टिकर, तुष्टिप्रद, तोषप्रद, सान्त्वना-प्रद, अनुरंजनार्थक, शान्तिकर (~ *smile*) ।

propitious प्रॅपि'शॅस् a. यथाकाम, योग्य, उचित, उपयुक्त, अनुकूल (*fates were* ~); शुभ, हितकाम, मंगलप्रद, कल्याणकारी ।

propitiousness –निॅस् n. अनुकूलता^{F}, योग्यता^{F}, औचित्य, उचितता^{F}, उपयुक्ति^{F}, उपयुक्तता^{F}, माफिक होना; शुभता^{F}, हितकामिता^{F}, मंगलप्रदता^{F}, कल्याण-कारिता^{F} ।

proplasm प्रो'प्लैज़्म् n. साँचा, ढालनेका रूपपुट, आधारक ।

proplastid ⊙ प्रॅप्लैस्'टिड् n. (वन०) **प्रलव** ।

propolis प्रॉ'पॅलिस् n. (मधुमक्खियोंका) लाल मोम; (कृषि०) **छत्ता गोंद्** ।

proponent ⊙ प्रॅपो'नॅन्ट् n. = ADVOCATE.

proportion[1] प्रॅपॉर्'शॅन् n. (प्रा० भू०, भौ०, रसा०) **समानुपात**, (विधा०, का०, गणि०) **अनुपात**; तुलनात्मक अंश, सापेक्ष सम्बन्ध, समाकृति, आनुरूप्य, सान्य, सम्मिति^{F}, (*his success bore no ~ to his ability*); **अनुदान**; (बहुव०) परिमाण, नाप^{F}, विस्तार; (गणित) त्रैराशिक ।

proportion[2] v.t. समानुपातिक करना, अनुपातयुक्त बनाना, (*must ~ the punishment to the crime*); अनुकूल या अनुरूप बनाना, सुडौल करना ।

proportionable –नॅबॅल् a. अनुपात्य, अनुपातयुक्त, सदृश, तुल्य, बराबर ।

proportionableness –निस n. अनुपात्यता; सानुपातत्व, सानुपातता^{F}, अनुपात-युक्तता^{F} ।

proportional[1] –नॅल् n. (का०, गणि०, भौ०) **समानुपाती, अनुपाती** (*5, 3 : 10, 6 are ~s*) ।

proportional[2] a. (का०, गणि०, भौ०) **समानुपाती, अनुपाती**, समानुपातिक, आनुपातिक, यथानुपात, अनुपातानुरूप; समप्रमाण, समपरिमाण, तुल्य;

~ counter, ~ increase, ~ limit, ~ moduling, ~ representation, ~ reserve method.

proportionalist –नॅलिस्ट् n. अनुपातयोजक, अनुपातप्रिय; अनुपातवादी ।

proportionality n. अनुपातिकता^{F}, अनुपातानुरूपता^{F}, समानुपातिकता^{F}, अनुपातपूर्णता^{F}; समप्रमाणता^{F}, समपरिमाणता^{F}, अनुरूपता^{F}, तुल्यता^{F}, बराबरी^{F} ।

proportionate –शॅनॅट् a. अनुपाती, **आनुपातिक**, अनुपातानुरूप, यथाभाग; अनुरूप, सम, समान, सम्मित; उचित;

~ advance, ~ allotment, ~ amount, ~ basis, ~ budget grant, ~ costs, ~ departure, ~ portion, ~ reduction, ~ tax.

proportionateness–निॅस् n. PROPORTIONALITY; औचित्य, उचितता^{F} ।

proportioned –न्ड् a. अनुपातयुक्त; अनुरूपित ।

proportioning –निंग् n. (परि०) **समानुपातन** ।

proportionless –न्'लिॅस् a. सम्मितिरहित; सादृश्य-विहीन; अननुपात; अननुरूप; विषमाकृत ।

proportionment –मॅन्ट् n. अनुपातन, अनुगुणन, अनुरूपण, समप्रमाणीकरण; तुल्यता^{F}, अनुरूपता^{F} ।

proposal प्रॅपो'ज़ॅल् n. **प्रज्ञप्ति**^{F} (~ *form*, ~ *register*), (वाणि०) **प्रस्ताव, सुझाव**; विवाह-प्रस्ताव, मँगनी^{F}, (*have had a* ~), (विधा०) **प्रस्थापना**^{F}, संकल्प ।

propose –ज़् v.t. & i. प्रज्ञप्ति^{F} करना, प्रस्तावित करना, **प्रस्ताव रखना**, प्रस्तुत करना, उपस्थापन करना, सुझाव देना; प्रतिपादन करना; लक्ष्य बनाना, उद्दिष्ट करना, चाहना; स्वास्थ्य-कामना प्रस्तुत करना; विवाह-प्रस्ताव करना, मँगनी^{F} करना; प्रस्थापित करना, संकल्प करना, प्रतिज्ञा^{F} करना, विचार रखना, इरादा रखना ।

proposed –ज़्ड् a. प्रस्तावित, प्रस्थापित, प्रस्तुत, संकल्पित;

~ acquisition, ~ assessment, ~ change, ~ estimate, ~ law, ~ staff.

proposer –ज़ॅर् n. **प्रज्ञापक, प्रस्तावक**, प्रस्तोता, उपस्थाता, उपस्थापयिता; प्रतिपादक, प्रतिपादयिता; लक्ष्य बनानेवाला, उद्देश्य बनानेवाला, चाहनेवाला; स्वास्थ्य-कामना^{F} प्रस्तुत करनेवाला; परिणय-याचक, विवाह-प्रस्तावक, मँगनी^{F} करनेवाला; प्रस्थापक, संकल्प करनेवाला, विचार रखनेवाला, इरादा रखनेवाला ।

proposition प्रॉपॅज़ि'शॅन् n. उक्ति^{F}, कथन, वक्तव्य, वचन; (विशे०, तर्क०) संवाक्य, (तर्क०, दर्श०) **तर्कवाक्य**, प्रस्थापना^{F}; (गणित, संक्षिप्त *prop.*), उपक्षेप, प्रमेय,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतिज्ञा^{F}; (शिक्षा०, का०, गणि०) **प्रस्ताव** (~ *statement*); प्रस्तावित योजना^{F}, प्रस्तुत योजना^{F}; योजना^{F}, स्कीम^{F} ⊙; कार्य, काम ⊙; (शिक्षा०, का०, गणि०) **साध्य**, उद्देश्य; समस्या^{F} ⊙; व्यापार, व्यवसाय, धन्धा; प्रतिद्वन्द्वी, सम्भाव्यता; तथ्य, मामला ⊙; क्रीड़ा^{F}, खेल ⊙।

propositional –नॅल् a. उक्ति-विषयक, कथन-सम्बन्धी; संवाक्ययुक्त, प्रस्थापनीय; उपक्षेपीय, प्रमेय-विषयक, प्रतिज्ञा-सम्बन्धी।

propotency ⊙प्रापॅटन्सि n. प्रशक्ति^{F}, अधिशक्ति^{F}, अधिबल।

propound प्रॅपॉउन्ड् v.t. उपस्थापित करना, प्रतिपादन करना, विचारार्थ प्रस्तावित करना, प्रस्तुत करना।

propounder –डॅर् n. उपक्षेपक, उपस्थापक, प्रस्तोता, प्रस्तावक, प्रतिपादक।

propper प्रॉ'पॅर् n. अवलम्बक, अवलम्बदाता, आश्रय-दाता, त्राता, त्राण देनेवाला, सहायक, सहारा देनेवाला।

propraetor प्रॅप्री'टॅर् n. (रोमन) प्रान्तपति, राज्यपाल, गवर्नर, (इति०) T.

proprietariat ⊙–टेॲ'रिॲट् n. भूस्वामिवर्ग, स्वामी-संघ।

proprietary[1] प्रॅप्राइ'ॲटॅरि n. प्रभुत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, अधिकार, मिल्कियत^{F} (*an exclusive* ~); स्वामी-संघ, स्वामी-वर्ग, मालिक-संघ (*landed* ~)।

proprietary[2] *a.* स्वामिगत, स्वामीय, स्वामिक, स्वामी-सम्बन्धी, मालिकाना (~ *rights*); स्वाम्याधीन, अधि-स्वामिक (~ *possession, share*); सम्पत्तिधारी, सम्पत्तिवान्; निजस्वमूलक, एकस्वमूलक, स्वायत्त;
~ company, ~ cultivation, ~ estate, ~ possession, ~ right, ~ stores, ~ title.

proprietor –र् n. प्रभु, (का०) **स्वामी, स्वत्वधारी**, स्वत्वाधिकारी, मालिक।

proprietorial –टॉ'रिॲल् a. स्वामीय, स्वामिगत, मालिकाना।

proprietorship –टॅर्'शिप् n. प्रभुत्व, स्वत्व, (का०) **स्वामित्व**, अधिकार, (का०) **स्वाम्य**, मालिकियत^{F}।

proprietory –रि a. एकायत्त, गुप्त (~*medicine*)।

proprietress –ट्रिॅस् n. स्वामिनी^{F}, स्वत्वाधिकारिणी^{F}, मालकिन^{F}।

propriety –'ॲइटि n. संगति^{F}, समीचीनता^{F}, उपयुक्तता^{F}, (विधा०, का०, दर्श०) **औचित्य**; व्यवहारौचित्य, सम्यक् व्यवहार, योग्य आचरण, शिष्टता^{F}, सौजन्य, भलमनसाहत^{F} (*breach of* ~)।

proprioceptive प्रॉप्रिॲसे'प्'टिव् a. (चि०) **ऊतक संवेदी**।

proprioceptor –टॅर् n. (चि०) **मध्य ग्राहक**।

propriospinal ⊙ –स्पाइ'नॅल् a. (चि०) **मेरु-सम्बन्धी**।

props प्राप्स् n. (pl., आ०) मंच-सामग्री^{F}, मंचका सामान।

propterygium–टॅरि'जिॲम् n. (जीव०) **अग्रपखक**।

propterygoid ⊙ टे'रिगाएड् a. (जीव०) **अग्र व्यंगिका**।

proptosis –टो'सिस् n. बहिःक्षेप, बहिःक्षेपण, प्रक्षेप, उत्क्रमण, उभार, निकलनेका भाव, बढ़े होना; (चि०) अंगस्रंस, अंगभ्रंश, अंगविस्थापन।

propugnation प्रॉपॅग्ने'शॅन् n. रक्षा^{F}, सुरक्षा^{F}; रक्षोपाय, सुरक्षात्मक कार्य।

propulsion प्रोपल्'शन् n. प्रक्षेपण, धक्का, ठेल, पेल, दबाव; (ला०) अनुप्राणन, (वि०, भौ०, परि०) **प्रणोदन**, (भौ०) **नोदन**, प्रेरणा, प्रोत्साहन, उत्तेजना^{F}, **चालन** (~ *charges*); बढ़ावा; (चि०) शरीरका आगेकी ओर झुकना या गिरना।

propulsive –सिव् a. प्रक्षेपी, धकेलू; अनुप्राणक, प्रणोदी, प्रेरक, प्रोत्साहक, उत्तेजक, बढ़ावा देनेवाला।

propus n. (ज्यौ०) **सप्तम मिथुन**, T.

propylaeum प्रॉपिली'ॲम् n. (pl. -*ea*) देवायतन-प्रांगण, मन्दिरके सामनेका आँगन; =PROPYLON.

propylon प्रॉ'पिलॉन् n. तोरण, तोरण-द्वार, (इति०) **सिंहद्वार**, सदर **दरवाजा**; दरवाजा खास; = PROPYLAEUM.

propylaea ⊙ प्रॉपिली'ॲ n. (इति०) **सिंह-द्वार**।

pro rata (L) adv. **यथानुपात** (~ *freight*), अनुपाततः; a. आनुपातिक।

pro-rate प्रोरेट्' v. i. आनुपातन करना, अनुपातमें बाँटना, बराबर हिस्सोंमें बाँटना।

prore प्रोॲर्' n. पूर्वक, पोताग्र, जहाजका अगला हिस्सा।

pro re nata (L) विशिष्ट आवश्यकता^{F}के लिए, यथास्थिति^{F}।

prorogate प्रो'रॅगेट् v.t. (का०) **सत्रावसान करना**, संस्थगन करना, स्थगित करना, उठा देना।

prorogation –गे'शॅन् n. संस्थगन, स्थगन, (का०) **सत्रावसान, विराम**, कार्यनिवृत्ति^{F}।

prorogue प्रॅरोग्' v.t. & i. संस्थगन करना, (राज०) **सत्रावसान करना**, उठा देना; संस्थगित होना, सत्रा-वसान होना, उठ जाना, टालना।

prorogued –ड्' a. सत्रावसन्न, संस्थगित।

prorubricyte ⊙ प्रॉ'रुब्रिसाइट् n. (चि०) **प्राक्तनरक्ताणु प्रसू**।

pros- प्रति-, की ओर (~*elyte*, ~*ody*)।

pros ⊙प्रॉस्' n. पक्ष, अनुकूलताएँ^{F}; ~ & cons पक्षा-पक्ष, (राज०) **पक्ष-विपक्ष, आगा-पीछा**।

prosaic प्रो(प्रॅ)जे'इक् a. गद्यरूप, गद्यात्मक, काव्य-सौन्दर्य-विहीन (~ *style*); नीरस, विरस, शुष्क, रूखा (~ *life, person*); सामान्य, साधारण, सादा, फीका।

prosaicness –निॅस् n. गद्यरूपता^{F}, गद्यात्मकता^{F}, काव्य-सौन्दर्य-राहित्य; नीरसता^{F}, विरसता^{F}, शुष्कता^{F}, रूखापन; सामान्यतया^{F}, साधारणता^{F}, सादापन, फीकापन।

prosaism –'ज़ेइज़्म n. गद्यशैली^{F}, गद्यलेखन;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अविदग्धता^{F}, असहृदयता^{F}; नीरसता^{F}, शुष्कता^{F} ।

prosaist –इस्ट् n. गद्यकार, गद्यलेखक; गद्यप्रिय व्यक्ति, नीरस जन, असहृदय पुरुष, अविदग्ध मनुष्य ।

proscenium प्रो(प्रॅ)सी'निअॅम् n. (pl. *-ia*) (प्रा० रंगशाला^{F}में) रंग-मंच; (आधु०) मंचाग्र, यवनिका^{F}का बाहरी भाग, गायनमण्डली^{F}का मध्यभाग ।

proscribe प्रस्क्राइब्' v.t. न्यायवंचित करना, कानूनी संरक्षणसे परे करना, निष्कासित करना, निर्वासित करना, देश-निकाला देना; (विशे०, ला०) बहिष्कृत करना, अस्वीकृत करना, **बाधित करना;** अवैध घोषित करना, जब्त करना; कुख्यात करना; (का०) **अभिनिषिद्ध करना,** नाजायज करार देना ।

proscribed –ड् a. अभिनिषिद्ध, **बाधित** (~ *statement*) ।

proscriber –'बॅर् n. न्याय-वंचक, कानूनी संरक्षणसे परे करनेवाला; निष्कासक, निर्वासक, देशनिकाला देनेवाला; बहिष्कर्ता, अस्वीकर्ता, अवैध घोषित करनेवाला, जब्त करनेवाला; अभिनिषेधक, प्रतिषेध करनेवाला, नाजायज करार देनेवाला ।

proscript प्रो'स्क्रिप्ट् n. न्यायवंचित व्यक्ति, कानून-बाहर आदमी; निष्कासित व्यक्ति, निर्वासित आदमी ।

proscription प्रॅस्क्रिप्'शॅन् n. न्यायनिषेध, (का०) **अभिनिषिद्धि^{F},** अभिनिषेध, जब्ती^{F}; दण्डाज्ञा^{F}; **बाधन** (~ *list*); देशनिष्कासन; बहिष्कार, निर्वासन, देश-निकाला ।

proscriptive –'टिव् a. न्यायनिषेधकारी, प्रतिषेधात्मक; बाधनीय; निष्क्रामक, निर्वासक, देशनिकाला करनेवाला ।

prose[1]* प्रोज़् n. गद्य*; (ईसा०) गद्यात्मकता^{F}, इतिवृत्तात्मकता^{F}, नग्न वास्तविकता^{F}, सादगी^{F}; अरुचिकर वार्तालाप, (गुण०) गद्यात्मक, गद्यरूप; ~man गद्यलेखक, गद्यकार; ~ poem गद्यकाव्य, काव्यात्मक गद्य ।

prose[2] v.i. & t. नीरस वार्तालाप करना, शुष्क वार्ता^{F} करना; इतिवृत्तात्मक वर्णन करना; (किसी पद्यको) गद्यरूप देना, गद्यमें बदलना ।

prosecutable प्रॉ'सिक्यूटॅबल् a. अनुष्ठेय, अनुष्ठानीय, अनुशीलनीय, अनुसरणीय; अभियोज्य, अभियोजनीय, अभियोग योग्य, अभिशंस्य, अभिशंसनीय, मुकदमा चलाने योग्य, कानूनी कार्यवाही करने लायक ।

prosecute –ट् v.t. अनुष्ठान करना, अनुशीलन करना, अनुसरण करना, (में) प्रवृत्त रहना, लगा रहना; (का०) **अभियोजन करना;** (किसी व्यवसाय या व्यापारको) चलाते रहना; आगे चलाना; अभियोजित करना, अभियोग चलाना, अभिशसन करना, मुकदमा चलाना, (का०) **चालान करना** (~ *the accused*); कानूनी कार्यवाही^{F} करना, पैरवी^{F} करना ।

prosecuted –टिड् a. **अभियोजित,** अभिशंसित, **चालान किया ।**

prosecuter –टॅर् n. शवशल्यकर्मी ।

prosecution –यू'शॅन् n. अनुशीलन, अनुसरण, निर्वहण, अनुष्ठान; आगे चलाना, **अभ्यारोपण;** (कानून) **अभियुक्त, अभियोजन,** अभियोग चलाना, अभिशंसन, दावा, इस्तगासा; **चालान,** चालान-क्रिया^{F}; अभियोग-पक्ष, अभियोजन-पक्ष; वादपत्र; ~ witness अभियोग-साक्षी, **अभियोग-गवाह, सफाई-गवाह ।**

prosecutor –'सिक्यूटॅर् n. (का०) **अभियोजक,** अभियोक्ता, अभियोगी, वादी, अर्थी, अभिशंसक; public ~ लोकाभियोजक, राजकीय प्राभियोक्ता ।

prosecutrix –'ट्रिक्स् n. (pl. *-ices*) (का०) अभियोजिका^{F}, अभिशंसिका^{F} ।

proselyte[1] प्रॉ'सिलाइट् n. स्वधर्मत्यागी, नवमतावलम्बी, धर्मग्राही, धर्मान्तरित, परधर्माश्रयी, मतान्तरग्राही; नवयहूदी ।

proselyte[2] v.t. धर्मान्तरित करना, धर्मान्तरमें दीक्षित करना, धर्म-परिवर्तन करना ।

proselytism –टिज़्म् n. धर्मान्तरण, धर्म-परिवर्तन, मतान्तर ग्रहण; शुद्धि^{F} ।

proselytize –टाइज़् v.t. धर्मान्तरित करना, मतान्तरित करना, शुद्ध करना आदि ।

proselytizer –ज़ॅर् n. धर्मान्तर करानेवाला, धर्म-परिवर्तन करानेवाला ।

prosencephalon प्रॉसेन्से'फॅलॉन् n. (चि०) **अग्रमस्तुलुंग, अग्रमस्तिष्क;** (जीव०) T.

prosenchyma प्रॉसे'किम् n. (वन०) **दीर्घोतक,** T.

proser प्रो'ज़ॅर n. गद्य-लेखक; नीरस वक्ता, फीकी बात^{F} करनेवाला ।

prosify –ज़िफाइ v.t. & i. गद्यात्मक बनाना, गद्यान्तरित करना; गद्य लिखना, गद्य रचना ।

prosiliency प्रसि'लिअॅन्सि n. प्रामुख्य, प्रधानता^{F}, प्रमुखता^{F}; प्रलम्बता^{F} ।

prosilient –न्ट a. मुख्य, प्रमुख, प्रधान, बढ़ा हुआ ।

prosiness प्रो'ज़िनिॅस् n. नीरसता^{F}, रसहीनता^{F}, अरोचकता^{F}, रसहीनता^{F}, बेमजगी^{F}, बेलुत्फी^{F}, गद्यात्मकता^{F} ।

prosing प्रो'ज़िंग् n. नीरस रूपमें लिखना, अरोचक ढंगसे लिखना या बोलना ।

prosit प्रो'सिट् (L) int. शुभ हो, कल्याण हो, ईश्वर भला करे, भगवान् भला करे; int. चिरंजीव ! फलो-फूलो !

prosodiacal, prosodial, prosodic प्रॉसॅडाइ'-अॅकॅल, प्रॅसो'डिअॅल्, प्रॅसॉ'डिक् aa. छन्द-शास्त्रीय, छन्दःशास्त्र-विषयक; छन्दीय, छांदस, छन्द-सम्बन्धी ।

prosodian, prosodist प्रॅसो'डिअॅन्, प्रॉ'सॅडिस्ट् nn. छन्द-शास्त्री, छन्द-शास्त्रज्ञ ।

prosody प्रॉ'सॅडि n. छन्द-शास्त्र, छन्दोविद्या^{F}; छन्द ।

prosophyle प्रॉ'सॅफिल् n. (जीव०) **आगम द्वार** ।

prosopopoeia प्रॉसोपॅपी'इअॅ n. व्यक्तीकरण, पुरुषीकरण, (भाषण) मानवीकरण, रूप-प्रदान; कल्पित वक्ताका

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परिचय।

prospect[1] प्रॉस्'पेक्ट् n. दृश्य, दृष्टि[F]; भावदृश्य, मनोगत दृश्य, आयति[F], (*opened a new* ~); आलोक, दर्शन, अग्र दृष्टि[F], पूर्वेक्षण, प्रत्याशंसा[F], आशा[F], भविष्य, भविष्णुता[F]; खनिज-प्राप्तव्य-स्थल; कच्ची धातु[F]का नमूना; भावी ग्राहक।

prospect[2] v.i. & t. (का०) **पूर्वेक्षण करना, अन्वेषण करना**; (धातुओं[F]की) खानें[F] ढूँढ़ना, स्थान खोजना; (का०) खोजना, ढूँढ़ना, तलाशना; (खान[F]) खोदना, पाना।

prospection –क्शॅन् n. दूरदर्शिता[F], दूरदृष्टि[F]।

prospective[1] –'टिव् n. दृश्य, आयति[F], आलोक।

prospective[2] a. प्रभावी, सम्भावी, भविष्य-प्रभावी, भविष्य-विषयक, (का०) **भावी**, भवितव्य, (का०) प्रत्याशित, उत्तरकालीन; आगेका;

~ anticipation, ~ anxiety, ~ bridegroom, ~ confidense, ~ curiosity, ~ despair, ~ determination, ~ dread, ~ emotion, ~ enthusiasm, ~ hope, ~ timidity, ~ view, ~ worry.

prospectiveness –निॅस् n. भविष्य, भवितव्यता[F], (अर्थ०) (पूँजी[F]की) **पूर्वेक्षा**[F]।

prospectless प्रॉस्'पेक्ट्-लिॅस् a. भविष्यहीन, निराशाजनक, आशारहित।

prospector प्रॅस्पेॅक्'टॅर् n. (धातुओं[F]की) खान[F] खोलनेवाला, (के) क्षेत्रका अनुसन्धानकर्ता, पूर्वेक्षक।

prospectus प्रॅस्पेॅक्'टॅस् n. (pl. *-es*) (वाणि०) प्राग्वेक्षण, प्रविवरण, **विवरण-पत्र**, विवरण-पत्रिका[F], (का०) **विवरणिका**[F]; **बोधिका**[F], परिचय-पत्रिका[F], (वाणि०) **माहिती-पत्र**, नियमावली[F]।

prosper प्रॉस्'पॅर् v. i. & t. सफल होना, प्रतिफलित होना; समृद्ध होना, उन्नति[F] करना, फलना-फूलना, (*cheats never* ~); कृतार्थ होना, कृतकृत्य होना; अभ्युदय करना, उन्नत करना, उदय होना, समृद्ध बनाना; साधना, सफलमनोरथ करना; बढ़ाना।

prosperity –पेॅरिटि n. श्री[F], ऐश्वर्य, **वैभव**, (अर्थ०) **समृद्धि**[F], सम्पन्नता[F], सम्पत्ति[F], विभूति[F]; अभ्युदय, उत्कर्ष, वृद्धि[F]; कृतार्थता[F]; साफल्य।

prosperous –'पॅ रॅस् a. श्रीसम्पन्न, ऐश्वर्यवान्, समृद्ध, सम्पन्न, भरा-पूरा, फलता-फूलता (~ *merchant*); अभ्युदित, उत्कृष्ट, वर्द्धित; सिद्धार्थ, सफल, धन्य, कृतार्थ; शिव, शुभ, मंगल, कल्याणप्रद (~ *hour*)।

prosperousness –निॅस् n. श्रीसम्पन्नता[F], ऐश्वर्यवत्ता[F], समृद्धि[F], सम्पन्नता[F], अभ्युदय, उत्कर्ष, वृद्धि[F]; कृतार्थता[F], साफल्य, सफलता[F], कामयावी[F]।

prospicience प्रॉस्पि'शिअॅन्स् n. अग्रदृष्टि[F], अग्रदर्शन, भविष्यदर्शन, अनागत-दर्शन, भविष्य देखना, आगे देखना, आनेवाले जमानेकी ओर देखना।

prostate प्रॉस्'टेट १. a. पुरःस्थ; १. n. (~*gland* भी) (जीव०) **पुरःस्थग्रन्थि**[F], पुरुषोंमें बस्ति ग्रीवापरिवर्ती ग्रन्थि[F]; enlarged ~ (चि०) अष्ठीला।

prostatic प्रॅस्टै'टिक् a. पुरःस्थ, पुरःस्थग्रन्थि-विषयक, मुखशायीग्रन्थि-सम्बन्धी;

~ plexus, ~ region, ~ sinus, ~ utricle.

prostatitis प्रॉस्टॅटाइ'टिस् n. (चि०) शिश्नग्रन्थि-शोथ, पुरःस्थग्रन्थि-शोथ।

prosthesis प्रॉस्'थॅसिस् n. (व्या०) आदि अक्षरागम, उपसर्ग; (शल्य०) कृत्रिमांगस्थापन; कृतिमांग।

prosthetic[1] प्रॉस्थे'टिक् a. (चि०) कृत्रिमांग स्थापन-विषयक।

prosthetic[2] a. पूर्वयुक्त, संयुक्त।

prosthetics –क्स् n. (चि०) कृत्रिमांगस्थापन शल्य-चिकित्सा[F]।

prosthion ⊙ प्रॉस्'थिॲन् n. (चि०) **अग्रविन्दु**।

prostitute[1] प्रॉस्'टिट्यूट् n. गणिका[F]; वेश्या[F], वारांगना[F], वारवनिता[F], वारनारी[F], छिनाल[F], पतुरिया[F], रण्डी[F]; (ला०) भ्रष्ट व्यक्ति, भाड़ेका टट्टू।

prostitute[2] v.t. (स्वयंको) वेश्या[F] बनाना, रति-व्यापार करना, सतीत्व बेचना; (ला०) सम्मान बेचना, योग्यता[F]का व्यापार करना; खराब करना, बिगाड़ना।

prostitution –ट्यू'शॅन् n. गणिकावृत्ति[F], (का०) **वेश्याकर्म, वेश्यावृत्ति**[F], वारसेवा[F], रण्डी[F]का पेशा, छिनालापन; दुष्प्रयोजन, लैंगिक व्यभिचार, बदकारी[F]।

prostitutor –'टिट्यूटॅर् n. वेश्यापणिक, गणिका-व्यापारी, वारांगना-व्यापारी, वारवनिता-विलासी, वेश्या[F] बनानेवाला, दलाल, पतुरियाबाज़, रण्डीबाज।

prostomium प्रस्टो'मिॲम् n. (जीव०) **अभिमुख**,T.

prostrate[1] प्रॅस्ट्रेट्', प्रॉस्'ट्रेट् v.t. धराशायी करना, लम्बायमान करना, भूमिगत करना, चित गिरा देना, धूल[F] चटाना, जमीन[F] सुँघाना; भूस्तृत होना, भूशायी होना, लेट जाना, दण्डवत् करना, साष्टांग प्रणत होना; (ला०) पराभूत करना, पराजित करना, मज़ा चखाना, नाक[F] रगड़वाना; (कान्ति[F] आदिका) क्षीण कर देना, कृश कर देना, शक्तिक्षय कर देना, पस्त कर देना, बेदम कर देना, तोड़ना, घटाना।

prostrate[2], **-ed** प्रॉस्'ट्रे(ट्)ट्, इड् aa. भूस्तृत, भूमिगत, (कृषि०, वन०) **भूशायी**, दण्डवत्, लम्बायमान, साष्टांग प्रणत; पट, मुँहके बल; विषण्ण, अवसन्न, पराभूत, अपदस्थ, गिरा-पड़ा; कृश, क्षीण, तनु, जर्जर; (वन०) भूसर्पी।

prostration प्रॅस्ट्रे'शॅन् n. भूलुण्ठन, भूस्तृति[F], दण्ड-प्रणाम, प्रणिपात, साष्टांग प्रणाम; पराभव, पराजय[F], क्षीणता[F], अवसाद, (चि०) **अवसन्नता**[F], शक्ति-क्षय, परिक्लान्ति[F], पस्ती[F]।

prostyle प्रॉस्'टाइल् n. (स्था०) **ड्योढ़ी**[F]।

prosy प्रो'ज़ि a. नीरस; अरोचक, बेमज़ा, बेलुत्फ़।

prosyllogism प्रॅसि'लॅजिज़्म् n. (तर्क०, दर्श०) **पूर्व-हेत्वनुमान, पूर्वहेतुमद् अनुमान**; सहायकानुमान, पूर्वानुमानवाक्य।

prot. protestant.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

protactinium प्रॅटैक्टि'निअॅम् n. रश्मि-उत्पादक तत्त्व, प्रोटैक्टीनियम।

protagonist प्रोटै'गॅनिस्ट् n. नायक, मुख्य अभिनेता; नेता, अग्रणी, धुरन्धर, सर्वेसर्वा; (भ्रमा०) प्रवक्ता, अधिवक्ता, समर्थक, पक्षपोषक, हिमायती, तरफदार।

protandrous प्रॅ टैन्'ड्रॅस् a. (वन०) **पूर्वपुंपक्व, पूर्वपुंकेसरी,** आद्यपुंविकासी, आद्यकेसर-विकासी, प्रथम-पराग-सम्भावी।

protandry –ड्रि n. (वन०) **पूर्वपुंपक्वता**F।

protanopia ⊙ प्रोटॅनो'पिअॅ n. (शिक्षा०) **आंशिक वर्णान्धता**F।

pro tanto (L) adv. इस सीमातक, इतना भर।

protasis प्रो'टॅसिस् n. (pl. *-ases*) प्रस्तावना, भूमिकात्मक वाक्यांश, परिचयात्मक उपवाक्य, दशाबोधक वाक्यांश।

protatic प्रॅ टै'टिक् a. प्रथम, भूमिकात्मक, प्रस्तावनात्मक; दशाबोधक, शर्ती।

protean प्रो'टि ॅअॅन् a. रूपान्तरणीय, अतिपरिवर्तनशील; बहुरूपी, बहुरूपधारी; (चि०) प्रोटीनका एक अनुबल-साधित यौगिक।

protect* प्रॅटे ॅक्ट्' v.t. (का०) **संरक्षण करना,** रक्षित करना, संरक्षित करना, सुरक्षित करना, परित्राण करना, बचाना*; (हुण्डी आदि भरनेके लिए) धनसंचय करना, रुपया जुटाना; (यन्त्रोंको सुरक्षार्थ) पालिश करके रखना।

protectant –'टॅन्ट a. (वन०) **रक्षक,** संरक्षी।

protected –टि ॅड् a. **रक्षित, सुरक्षित, संरक्षित,** अभिरक्षित;

~ commodity, ~ document, ~ market, ~ place, ~ state, ~ status, ~ transaction.

protecting –टिङ् n. **बचाव,** a. **संरक्षी, रक्षी, रक्षक,** ~ agent **संरक्षक;**

~ cap, ~ cover, ~ envelope, ~ power.

protection –'शॅन् n. **रक्षा**F, **संरक्षा**F, **सुरक्षा**F, **सुरक्षण,** परित्राण, प्रतिरक्षा, आश्रय, छत्रच्छाया, अभयहस्त; त्राण, (रसा०, अर्थ०) **संरक्षण,** संरक्षकता (*under your kind ~*), **बचाव;** संरक्षक, रक्षाकारी (*dog is a great ~ against burglars*); अभयपत्र;

~ order ~ ratio, ~ work.

protectionism –निज़्म् n. (बैंक०) **संरक्षणवाद,** रक्षावाद, देशी उद्योगकी रक्षाका सिद्धान्त।

protectionist –निस्ट् n. रक्षावादी।

protective –'टिव् a. (रसा०, चि०, वन०) **संरक्षी, रक्षी,** रक्षक, (रसा०) **संरक्षक,** सुरक्षात्मक, संरक्षणशील; (चि०) रोगक्षमता-दायक, (शक्तिक्षयके रोगोंसे) बचानेवाला भोजन; ~ eustody सुरक्षात्मक गिरफ्तारी; ~ duty संरक्षणकर;

~ abutment, ~ action, ~ agency, ~ agent, ~ barrier, ~ certificates, ~ characters, ~ clothing, ~ coat, ~ coating, ~ colloid, ~ colouration, ~ covering, ~ duty, ~ epithelium, ~ foods, ~ function, ~ influence, ~ jelly, ~ jurisdiction, ~ logs, ~ measure, ~ mimicry, ~ mounds, ~ operation, ~ apatrol, ~ potency, ~ rates, ~ screen, ~ surrounds, ~ tariff, ~ tissue, ~ trade, ~ value, ~ venting, ~ wall.

protectiveness –निॅस् n. रक्षकता, संरक्षकता सुरक्षात्मकता, संरक्षणशीलता।

protector –टॅर् n. रक्षक, पालक, त्राता, संरक्षक; पक्ष-समर्थक, आश्रयदाता, बचानेवाला; रक्षक वस्तु, रक्षक संरचना।

protectoral –रॅल् a. राजरक्षक-सम्बन्धी।

protectorate –रॅट् n. राजसंरक्षक-पद, राजसंरक्षकत्व; (इति०) **संरक्षण-काल;** रक्षक शासन, (इति०) **संरक्षित राज्य,** रक्षित राज्य; संरक्षित देश।

protectorial –रॉ'रिअॅल् a. = PROTECTORAL.

protectorship –'टॅरशिप् n. (लार्ड प्रोटेक्टर आफ दि कामनवेल्थका) संरक्षक पद।

protectory –रि n. (रोम० कैथो०) संरक्षणालय, अनाथालय, विस्थापित संस्था, उद्दण्डबालक-संस्था।

protectress –ट्रिस् n. रक्षिका, संरक्षिका, बचानेवाली।

protege प्रॉ'टॅ ॅजे n. (का०) **रक्षित,** आश्रित, पालित, पोष्य, उपजीवी, संरक्षणाधीन व्यक्ति।

proteid प्रो'टि ॅइड् n. = PROTEIN.

proteiform प्रो'टि ॅइफ़ॉर्म a. बहुाकृति, बहुाकार, कई आकारवाला; परिवर्तनशील आकृतिवाला।

protein प्रो'टि ॅइन् n. प्रोभूजिन, (चि०, कृषि०, वन०, रसा०) **प्रोटीन;** मांसजातीय खाद्य द्रव्य;

~ equivalent, ~ hydrolysate, ~ pool, ~ sol, ~ synthesis.

proteinacious, proteinic, proteinous –नेʼशॅस्, –'निक्, प्रोटी'नॅस् aa. प्रोभूजीय, प्रोटीनवाला।

protend प्रॅटे ॅन्ड्' v.t. प्रसारित करना, तानना, फैलाना, आगे निकालना।

protensity प्रॅटे ॅन्'सिटि n. कालव्यापिता, समयव्यापिता, समयके साथ चलनेवाला होना; लम्बाईमें होना, लम्बाईके अनुसार होना।

protensive –सिव् a. कालव्यापी; समयव्यापी, समयके साथ चलनेवाला; लम्बाईमें, लम्बाईके अनुसार।

proteolysis प्रोटि ॅओ'लिसिस् n. (पाचकरस द्वारा) प्रोभूजांशन, प्रोभूज-विभाजन, प्रोभूज-पृथक्करण; (रसा०, कृषि०) **केसीन-विश्लेषण;** (चि०) **प्रोटीनलयन;** प्रोटीन-विश्लेषण, प्रोटीनका अलगाव।

proterandrous प्रॉटॅ रैन्'ड्रॅस् a. आद्यकेसर-विकासी, पके परागवाला।

protergum प्रॅटर्'गॅम् n. (जीव०) **अग्रपृष्ठक।**

proter(o) पूर्व-, पुरा, सुपुरा- (*proterandrous, proterogynous, proterozoic*)।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

proterogynous प्रॉटॅरॉ'जिनॅस् a. आद्यकिंजल्क-सम्भावी, आद्यकिंजल्क-विकासी, प्रथम बीजाण्ड-सम्भावी, पूर्वस्त्रीपक्व ।

proterozoic ⊙ प्रॉटॅरॅज़ो'इक् a. प्राजीव, जीवनारम्भिक; ~ era **प्राजीव कल्प** ।

protervity प्रॉटे॑र्'विटि n. धृष्टता^{F}, शठता^{F}, मूढ़ता^{F}, मूर्खता^{F}, दुःशीलता^{F}; प्रतिकूलता^{F} ।

protest[1] प्रो'टे॑स्ट् n. प्रतिवाद, प्रत्यापत्ति^{F}, प्रत्याख्यान, (राज०, का०) **अभ्यापत्ति^{F}, असम्मति^{F}** (~ *book*), **विरोध** (~ *note*); प्रतिवाद-पत्र, प्रत्यापत्ति-पत्र, विरोध-पत्र, (बैंक०) **निकराई-सिकराई पत्र**; (हुण्डी^{F} आदिका) विपत्रप्रमाण, अस्वीकृतिपत्र, (का०, राज०) **नकारपत्र**, दृढ़ोक्ति^{F}, दृढ़वचन, प्रकथन, गम्भीर घोषणा^{F} ।

protest प्रॅटे॑स्ट् v.t. & i. प्रतिवाद करना, प्रत्यापत्ति^{F} करना, प्रत्याख्यान करना, विरोध करना; (हुण्डी^{F} आदिका) अस्वीकृति-पत्र लिखना; दृढ़ोक्ति^{F} करना, गम्भीर घोषणा^{F} करना; प्रतिपादन करना; ~ *that* ⊙, ~ *against that* विरोध प्रकट करना ।

protestant, P- प्रॉ'टि॑स्टॅन्ट्, प्र- n. & a. (ईसाइयोंके सम्प्रदायका अनुयायी), प्रोटेस्टेण्ट ।

protestantism –टिज़्म् n. प्रोटेस्टेण्ट धर्म ।

protestation प्रॉटि॑स्टे'शॅन् n. प्रत्याख्यान, प्रतिवाद, प्रत्यापत्ति^{F}, विरोध; निषेधोक्ति^{F}, दृढ़वाद, दृढ़ोक्ति^{F}, गम्भीर प्रतिपादन ।

protester, protestor प्रॅटे॑स्'टॅर्, प्रॅटे॑स्'टॅर् nn. प्रत्यापत्तिकर्ता, प्रत्याख्यानकर्ता, विरोधकर्ता ।

protesting –टिंग् n (वाणि०) **सिकराई^{F}**; ~ state (का०) **विरोध करनेवाला राज्य** ।

proteus प्रो'टीऊस् n. कामरूप; चंचल व्यक्ति ।

prothalamium, -ion प्रोथॅले(लै)'मिॲम्, -इऑन् n. (pl. *-ia*) मंगलगीत, परिणय-गीत, विवाहगीत ।

prothallus प्रॅथै'लॅस् n. (वन०) **सूकायक**, T.; ~ cell (वन०) **उपजनन-कोशिका^{F}** ।

prothesis प्रो'थि॑सिस् n. (व्या०) = PROSTHESIS.

prothonotary प्रॅथॉ'नॅटॅरि n. (रोमीय न्यायालयमें) मुख्य करणिक, मुख्य लिपिक, मुख्य सचिव ।

pro-thorax प्रॅथोॲ'रैक्स् n. (जीव०) **अग्रवक्ष** ।

protista प्रॅटिस्'टॅ n. जीवसंघ ।

protistology प्रॅटिस्टॉ'लॅजि n. जीवसंघविज्ञान ।

protoandry ⊙ प्रोटॅऐन्'ड्रि (कृषि०) **पूर्वपुंपरिपाक** ।

protoanthropic ⊙ प्रोटॅऐन्थ्रो'पिक् a. (नृ०) **आद्य-मानवीय** ।

proto प्र-, आद्य-, आदिम, मूल, मुख्य (~-*Arabic* ~-*Celtic*. ~*genetic*, ~*genic*, ~*gynous*, ~*martyr*, ~*phyta*, ~*phyte*, ~*plasm*, ~*zoa*, ~*zoal*, ~*zoan*, ~*zoic*, ~*zoon*, ~*chloride*) ।

protocol[1] प्रो'टॅकॉल् n. पूर्वारूप, पूर्वपत्र, मूलारूप, मूलप्रति^{F}, कच्चा मसौदा, मूल लिखावट^{F}; प्रारम्भिक सौदा, प्रारम्भिक व्यवहार, प्रारम्भिक लेन-देन; औपचारिक वार्ता^{F}; (फ्रांसमें) विदेशाधिकरण, विदेशमन्त्रालयका शिष्टाचार-विभाग; (राज०) **संलेख, पूर्वलेख (सन्धि^{F} का)**, राजलेख, चार्टर, (पोपकी आज्ञा^{F}के प्रारम्भिक तथा अन्तिम) आधिकारिक सूत्र; (राज०) **नयाचार**, (~ *division*, ~ *section*); ~ statement (दर्श०) **अधिकृत कथन** ।

protocol[2] v. i. & t. मूलपत्र लिखना, मूल प्रति^{F} बनाना; मूलपत्रमें अंकित करना ।

protocolist –लिस्ट् n. कर्णिक, रजिस्ट्रार, क्लर्क ।

protoconch ⊙ प्रो'टॅकॉन्क् n. (जीव०) **आद्यकवच** ।

protocorm ⊙ प्रो'टॅकॉर्म् n. (वन०) **पूर्वकन्द** ।

protoderm ⊙ प्रो'टॅडे॑र्म् n. (वन०) **प्रत्वक्, प्रचर्म**, T.

protogenes –जेनिस् n. (इति०) **अग्रजात, आदि जीव** ।

protogenetic प्रोटॅजिने॑'टिक् a. आद्य, (वन०) **आदिजात**, आदिकालीन, अतीतकालीन, प्राचीन-कालका ।

protogenic –जे॑निक् a. **प्रोटाजनी, प्रोटानदाता, प्रोटानजनक**; = PROTOGENETIC.

protogynous प्रॅटॉ'जिनॅस् a. (वन०) **पूर्वस्त्रीपक्व**, पूर्वस्त्रीकेसराग्रपक्व ।

protogyny –नि n. (कृषि०, वन०) **पूर्वस्त्री-पक्वता^{F}**, T.

protohomo ⊙ प्रोटॅहो'मो n. (इति०) **आद्यमानुष** ।

protolog ⊙ प्रो'टॅलॉग् n. (इति०) **मूल वर्णन** ।

protomartyr प्रो'टॅमॅर्टॅ॑र् n. आद्य हुतात्मा, प्रथम हुतात्मा, प्रथम शहीद, (विशे० ईसाइयोंमें सेण्ट स्टीफन) ।

protomorphic प्रोटॅमॉर्'फिक् a. (इति०) **आदि रूप** ।

proton प्रो'टॉन् n. (भौति०) आवन्त, प्राणु, (रसा०) **प्रोटोन** (~ *cycle*);

~ disintegration, ~ microscope, ~ range, ~ scattering, ~ threshold.

protonema प्रोटॅनी'मॅ n. (वन०) **प्रतन्तु**, T.

protonephridium –फ्रिरीडियम् n. (जीव०) **प्रवृक्कक, आदिवृक्कक** ।

protonotary प्रोटॅनो'टॅरि n. = PROTHONOTARY.

protoparent ⊙ प्रोटॅपै॑रॅन्ट् n. (इति०) **मूल जनक** ।

protopathic –पैथिक a. (चि०) **स्थूल सम्वेदी** (~ *sensibility*) ।

protophyll –फिल् n. (वन०) **आदिपर्ण**, T.

protoplasm प्रो'टॅप्लैज़्म् n. प्ररस, प्राणरस, चिद्रस, (वन०, जीव०, प्राणि०, रसा०) **जीवद्रव्य**, (चि०) **जीविसार**, जीवनरस, आद्यफेन, (चि०) **प्रोटोप्लाज्म** ।

protoplasmatic, protoplasmic –मै'टिक्, 'मिक् aa. प्ररसिक, प्राणरसिक, प्ररसीय, चिद्रसीय, जीवरसीय, जीविसार-विषयक, प्रोटोप्लाज्म-सम्बन्धी;

~ body, ~ circulation, ~ connection, ~ matter, ~ membrane, ~ movement, ~ poison, ~ respiration.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

protoplasmic –'मिक् (प्राणि०) **जीवद्द्रव्य**, (~ *process*, ~ *resistance*), **जीवद्द्रव्यरूप**; ~ cell (चि०) **तारकाणु**।

protoplast प्रो'टॅप्लैस्ट् n. प्ररस या प्राणरसकी इकाई[F]; (वन०) **पूर्वलव**; आदर्शरूप, मूलरूप, मूलतत्त्व; आदि-जन्मा, आदिपुरुष; T.

protoplastic –'टिक् a. आद्य, मौलिक, प्ररसकी इकाई[F] आदिसे सम्बन्धित।

protostele ⊙ प्रो'टॅस्टील् n. (वन०) **पूर्वरम्भ**।

prototroch ⊙ प्रो'टॅट्रॉक् n. (जीव०) **पूर्ववलय, रोपितवलय**।

protopodite ⊙ प्रॅटॉ'पॅडाइट् n. (जीव०) **आदि-पादांश**।

prototypal, prototypic, -al प्रोटॅटाइ'पॅल्, प्रोटॅटि'पिक्, -ॲल् aa. आदर्शयुक्त, मूलादर्शीय, प्राग्रूपीय, प्रकृतरूपवाला।

prototype –'टॅटाइप् n. मूलवस्तु, मूलादर्श; मूलरूप, प्राग्रूप, प्रकृतरूप, (रसा०) मूल-प्रतिरूप, मूलाकृति[F], (रसा०) **आदिरूप**, आदर्शरूप।

protovertebra ⊙ प्रोटॅवॅर्टॅ'ब्रॅ n. (जीव०) **आद्यक-शेरुक**।

protoxylem ⊙ प्रॅटॉक्'सिलॅम् n. (वन०) **आदिदारु, आदि रसवाहिनी[F]**, T.

protozoa प्रोटॅज़ो'ॲ n. (pl.) (चि०) प्रजीवाणु, कीटाणु; प्राणीवर्गके एककोशीय सूक्ष्मजीव; (कृषि०, जीव०) T.

protozoal –ॲल् a. (चि०) प्रजीवाण्वीय, कीटाण्वीय, प्रजीव-, प्रजौवीय, एककोशी जीवोंसे सम्बन्धित।

protozoan –ॲन् a. & n. (चि०) कीटाणु (प्रजीवाणु-सम्बन्धी); एककोशी जीव-वर्गका (पशु); परोपजीवी एक-कोशियों[F] द्वारा फैलनेवाला (रोग)।

protozoiasis ⊙ प्रोटॅज़ोइ'ॲसिस् n. (चि०) कीटाणु-जनित।

protozoic –'इक् a. (भूगर्भ० पर्त[F]) प्रजीविक-युगीय।

protozoon –'ऑन् n. प्रजीव, (चि०) **प्रजीवाणु**, कीटाणु, एककोशी जीव, (चि०) T.

protract प्रॅट्रैक्ट्' v.t. व्याक्षिप्त करना, विलम्बित करना, लम्बा करना, ढील देना, बढ़ाना; देर[F] लगाना (मानचित्र, खाका आदि) खींचना, तानना।

protracted –'टिॅड् a. व्याक्षिप्त, विलम्बित, सुदीर्घ, **दीर्घकालिक** (~ *defence*), लम्बा (~ *correspondence*)।

protractible –टिॅबॅल् a. = PROTRACTILE.

protractile –टिल् a. (जन्तु०, अंग आदि) वर्धनीय, लम्बनीय, बढ़ाने योग्य।

ptotractility –'लिटि n. वर्धनीयता[F], लम्बनीयता[F], बढ़नेकी या लम्बा होनेकी क्षमता[F]।

protraction –क्'शॅन् n. व्याक्षेप, विलम्ब, वृद्धि[F]; (पेशी[F]का) विस्तार, खिंचाव, तनाव; मानचित्रण, खाका, डौल।

protractive –'टिव् a. व्याक्षेपात्मक, विलम्बात्मक, देर लगानेवाला।

protractor –टॅर् n. (गणि०) **कोणमापक, चाँदा**, प्रोट्रैक्टर; प्रसारक पेशी; (चि०) एक शल्योपकरण, व्रणोंसे गोली[F] या हड्डी[F]के टुकड़े निकालनेका।

protreptical प्रॅ ट्रे'प्'टिकॅल् a. शिक्षादायक, शिक्षाप्रद, शिक्षा देनेवाला; प्रचोदक, प्रणोदक, उत्साहदायक, जोश दिलानेवाला।

protrude प्रॅट्रूड्' v.t. & i. प्रक्षिप्त करना, उद्गत करना, उभारना, बाहर निकालना, धकेलना, ठेलना, आगे निकालना; उभरना, निकलना; (ला०) धृष्टता[F] करना, हठात् प्रवेश करना, जबरदस्ती[F] घुसना, दखल देना।

protrudent –'डॅन्ट् a. प्रक्षिप्त, प्रक्षेपित, उत्क्रान्त, आगे निकला हुआ।

protruding –डिंग् a. बहिर्लम्ब।

protrusible –सिबॅल् a. प्रक्षेपणीय, (जीव०) **बहिः-क्षेप्य, बहिःसारी**, उत्क्राम्य, बाहर निकालने योग्य, आगे निकलने लायक।

protrusile –साइ(सि)ल् a. (अंग आदि) प्रक्षेपी, प्रक्षेप-णीय, प्रसरणशील, उत्क्रमणशील।

protrusion –ज़न् n. बहिःक्षेप, (चि०, जीव०) **बहिः-क्षेपण**, प्रक्षेप, उत्क्रमण, प्रलम्बन, (चि०, जीव०) **निस्सरण**, निःसरण, उभार, निकलने या बढ़े होनेका भाव।

protrusive –'सिव् a. प्रक्षेपणीय, प्रक्षेपणशील, आगे निकालने या निकलनेवाला।

protuberance प्रॅट्यू'बॅरॅन्स् n. (चि०) **प्रोद्वर्ध, शोथ**, स्फीति[F], गिल्टी[F], सूजन[F], उभार, फुलाव।

protuberant –न्ट् a. प्रलम्ब, प्रोद्वर्धी, उन्नत, उच्छ्रित, उत्कृष्ट, फूला हुआ, उभरा हुआ; (शा० एवं ला०) आगे निकला या उठा हुआ।

protuberate –रेट् v. i. उभड़ना, फूलना, सूजना।

proud[1] प्रॉउड्' a. गर्वी, अहंमन्य, अहंकारी, अभिमानी, दम्भी, उद्धत, घमण्डी, डींगिया; गौरवान्वित, गर्वानुभवी; स्वाभिमानी, आत्मगौरवयुक्त; (~-*hearted* भी) अभिदृप्त, दुर्विनीत, असहनशील, गर्वीला, अकड़बाज, घमण्डी; (कार्य आदि) गर्वपूर्ण, दर्पमय, अभिमानयुक्त; (वस्तुएँ[F]) विराट्, विशाल, गुरु, महत्, आलीशान; (जल) बाढ़-युक्त, बढ़ा हुआ।

proud[2] adv. (बोल०) गौरवान्वित (*do me* ~)।

proudish –'डिश् a. किंचित् अहम्मानी, कुछ-कुछ गर्वीला, कुछ-कुछ अभिमानी।

proudness –ड्'निॅस् n. गर्वितता[F], अहंमन्यता[F], अहंकारिता[F], अभिमानिता[F]; दम्भ, उद्धतता[F], घमण्ड; गौरवान्वितता[F], गर्वानुभव; स्वाभिमानता[F], आत्मगौरव-युक्तता[F]; अभिदृप्तता[F], दुर्विनीतता[F], घमण्ड।

Prov. Proverbs; Province; Provincial; Provencal; Provost.

prov. provisional.

provable प्र'वॅबॅल a. **साध्य** (~ *claim*, ~ *debt*),

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रमाण्य, उपपाद्य, साधित या सिद्ध करने योग्य।

provableness –नॅस् n. साध्यता^{F}, प्रमाण्यता^{F}, उपपाद्यता^{F}; प्रामाणिकता^{F}।

provand प्रॉ'वॅन्ड् n. घास^{F}, चारा, भूसा; (हास्य०, मनुष्यका) भोजन, खाना, दाना-पानी।

prove प्रूव् v.t. & i. परीक्षण करना, **परखना**, (बन्दूक^{F} आदिको) परीक्षण-प्रक्रियाधीन करना, जाँच^{F}के लिए भेजना; (हिसाब इत्यादिका) अनुगणन करना, जाँचना; शोध्य निकालना, प्रूफ निकालना; प्रमाणित करना, उपपन्न करना, निश्चित करना, पुष्ट करना, **सिद्ध करना**, साबित करना; सिद्ध या प्रमाणित होना, निकलना।

proved –ड्' a. (विधा०) **सिद्ध**, प्रमाणित, प्रतिपादित; (परि०) **परीक्षित, जाँचा हुआ**।

proveditor प्रॅवे'डिटॅर् n. (विनीशियन प्रजातन्त्रका) प्रान्तपति, राज्यपाल, गवर्नर, प्रोवेडिटर।

provedore प्रॉ'विॅडोअॅर्' n. (सेना^{F}का) भण्डारी।

proven ⊙ प्रू'वॅन् a. = PROVED.

provenance प्रॉ'विॅनॅन्स् n. प्राप्तिस्थान, जन्मभूमि^{F}, मूलस्थान, उद्भवस्थल, उद्गम-स्थान (*of doubtful* ~)।

provender प्रॉ'विॅन्डॅर् n. पशुभोज्य, सूखी घास^{F}, चारा, भूसा; (हास्य०, मनुष्यका) खाद्य, भोजन, खाना, दाना-पानी।

provenience प्रॅवी'निअॅन्स् n. मूल, स्रोत, मूलोद्गम, उत्पत्तिस्थान, उद्गमस्थल।

proventriculus प्रोवे॑न्ट्रि'क्यूलॅस् n. (जीव०) **ग्रथिल जठर**।

prover प्रू'वॅर् n. प्रयत्नकर्ता, प्रयत्न करनेवाला; परीक्षक, परखनेवाला, आँकनेवाला; (हिसाब इत्यादिका) अनुगणक, जाँचनेवाला; शोधक, प्रूफरीडर; (यन्त्र०) **प्रमापक**, उपपादक, उपपादयिता, प्रमाणित करनेवाला, सिद्ध करनेवाला, साबित करनेवाला।

proverb प्रॉ'वॅर्ब् n. न्याय, लोकोक्ति (~ *test*), कथोक्ति^{F}, लोकरूढ़ि^{F}, आभाणक, लोकवाद, जनोक्ति^{F}, जनवाद, कहावत^{F}, मसल^{F}; कहावत^{F}का खेल; (बहुव०) घेर, मण्डलके खेल; Book of p~s (पुराने टेस्टामेण्टमें) लोकोक्तिग्रन्थ; *ignorant to a* ~ बुरी तरह अजान।

proverbial प्रॅवर्'विॅअॅल् a. लोकवादीय, लोकोक्तीय, कथोक्तीय, लोकरूढ़ि-विषयक, कहावत-सम्बन्धी; लौकिक, लोकप्रसिद्ध, लोकप्रचलित, सर्वख्यात; कुख्यात, बदनाम।

proverbialism –लिज़्म् n. लोकवाद, लोकोक्तिवाद, लोकोक्ति^{F} रूपमें कथन, कहावत^{F}।

proverbialist –लिस्ट् n. आभाणकवादी, लोकोक्तिवादी।

proverbiality –ऐ'लिटि n लोकप्रसिद्धि^{F}, जनप्रवाद, कुख्याति^{F}।

proverbialize –'विॅअॅलाइज़् v.t. आभाणकीयित करना, लोकोक्ति^{F}का रूप देना, कहावत^{F} बना देना।

proviant प्रॉ'विॅअॅन्ट् n. (विशे० सैन्य) खाद्य, भोज्य, भोज्य-सामग्री^{F}, खाद्य-पदार्थ।

provide प्रॅवाइड्' v. i. & t. (मनोरंजन आदिका) सम्भरण करना, संयोजन करना, व्यवस्था करना, प्रबन्ध करना, जुटाना; (व्यक्तिके लिए कानूनमें) कहना, धारा^{F} निश्चित करना; निवेशित करना, प्रदान करना, देना; आवश्यकता^{F} पूर्ति^{F} करना, गुंजायश^{F} रखना; पूर्वसंग्रहण करना, उपार्जन करना, पूर्वसंचय करना; (इति०, कामपर) नियुक्त करना, लगाना; सजाना, तैयार करना; सजना, तैयार होना।

provided –'डिॅड् a. सम्भृत, अन्वित, निवेशित, सहायताप्राप्त, इमदादी; प्रस्तुत, निर्दिष्ट, उपबन्धित; प्रदत्त, दिया हुआ ~ (*that*), **शर्त^{F} यह है कि**; इस शर्त^{F}पर, यदि, (विधा०) **परन्तु**।

providence प्रॉ'विडॅन्स् n. सुविमर्श, सुसमीक्षा^{F}, पूर्वोपाय, पूर्व-विवेचन, पूर्वविधान, पूर्वविवेक, सामयिक चिन्ता^{F}, दूरदर्शिता^{F}, दूरदृष्टि^{F}; अल्पव्यय, मितव्यय, किफायत^{F}; विधाता^{F}, दैव, ईश, भगवान्; भगवत्कृपा^{F}; special ~ भगवत्कृपा^{F}का विशेष दृष्टान्त, प्रभुकी विशेष अनुकम्पा^{F}।

provident –न्ट् a. विवेकी, विवेकपूर्ण, दूरदर्शितापूर्ण, दूरदर्शी, खबरदार; मितव्ययी, किफायती; ~ fund संचितकोष, (विधा०, का०) **भविष्यनिधि^{F}**, सम्भरण-निधि^{F}, **निर्वाह-निधि^{F}**।

providential –डे॑न्'शॅल् a. दैवी, दैवाधीन, दैवकृत, ईश्वरीय; भाग्यवान्, सौभाग्यशाली; ~ order (अर्थ०) **नियत विधान**।

provider प्रॅवाइ'डॅर् n. सम्भर्ता; निवेशक, प्रदाता, जुटानेवाला; (शा० एवं ला०) lion's ~ सियार; universal ~ बिसाती।

providing –डिंग् conj. बशर्ते, यदि।

province प्रॉ'विन्स् n. **प्रान्त, प्रदेश**, सूबा; कार्यक्षेत्र, अधिकार-क्षेत्र (*not within my* ~); विभाग, प्रकरण, विषय (*in the* ~ *of literature*)।

provincial[1] प्रॅविन्'शॅल n. (का०) **प्रान्तीय**, प्रान्तवासी, प्रान्तोंका निवासी व्यक्ति; देशीय, ग्रामीण, देहाती; (ईसा०; बड़े पादरीके अधीनस्थ क्षेत्रका) प्रधान, धर्माध्यक्ष।

provincial[2] a. (का०) **प्रान्तीय**, प्रादेशिक, प्रान्तीयतावादी;

~ affairs, ~ allotment, ~ autonomy, P~ Civil Service, ~ government, ~ highways, ~ legislature, ~ loan, ~ revenues, ~ scheme, ~ service, ~ staff, ~ subject, ~ unit.

provincialism –शॅलिज़्म् n. प्रान्तवाद, प्रान्तीयता^{F}, प्रान्तप्रेम; असंस्कृत प्रयोग, प्रान्तीय प्रयोग, ग्राम्य भाषा^{F}; प्रान्तीय रहन-सहन^{F}, प्रान्तीय विचार-पद्धति^{F}; संकीर्णता^{F}।

provinciality –शिऐ'लिटि n. प्रान्तीयता^{F}।

provincialize –'शॅलाइज़् v.t. प्रान्तीयकरण करना, प्रान्तीय बनाना, प्रान्तानुसार ढालना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

proving प्रू'विंग् a. सिद्ध करना; ~ of bills **हुंडी-साधन, हुंडी सिद्ध करना।**

provision[1] प्रॅवि'ज़्न् n. (किसीके पक्ष-विपक्षमें) प्रकल्पन, नियोजन, विधान, (वाणि०, का०, चि०) **व्यवस्था**[F], व्यवस्थापन (~ *review*), प्रबन्ध; सम्भार, पाथेय, प्रदत्त सामग्री[F], सामान; (इति०) अरिक्त पदपर नियुक्ति[F]; (pl.) सम्भरण, (चि०) खाद्य, आवश्यक **वस्तु**[F], खाद्य-सामग्री[F], (परि०) **रसद**[F], जिन्स; निवेश, संविधा[F], (का०) **उपबन्ध**, प्रावधान, बँधान, (का०) **शर्त**[F]; विधान, अवधानधारा[F], नियम T; मुहैया करना।

provision[2] v.t. सम्भरित करना, नियोजित करना, विहित करना, व्यवस्थित करना, प्रबन्धित करना; सम्भृत करना, पाथेययुक्त करना।

provisional –ज़ॅनॅल् a. **सामयिक**, तात्कालिक, कालिक, **अस्थायी, अनंतिम**, अल्पकालीन, **अन्तः-कालीन**, व्यवस्थायी, कार्यनिर्वाही, कामचलाऊ; औपबन्धिक, **कच्चा, कच्ची;**

~ admission, ~ agenda, ~ assessment, ~ classification, ~ condemnation, ~ figures, ~ government, ~ hypothesis, ~ injunction, ~ inspection, ~ list, ~ order, ~ pediatrics, ~ receipt, ~ supply, ~ supposition.

provisionality, provisionalness –नै'लिटि, –'ज़ॅनॅल्-निॅस् nn. अस्थायित्व, अल्पकालीनता[F], अन्तः-कालीनता[F], कार्यनिर्वाहित्व, कामचलाऊपन।

provisionary –नॅरि a. = PROVISIONAL.

provisioning –निंग् n. **मुहैया**[F] **करना।**

provisionless –न्'लिॅस् a. साधनहीन; सम्भरण-रहित, बिना रसद।

provisionment –मॅन्ट n. सामग्री-प्रदान, साधन या सामान आदिका प्रबन्ध।

proviso प्रॅवाई'ज़ो n. (विधा०) **परन्तुक**, निवेश, (का०) **उपबन्ध**, (का०) **प्रतिबन्ध**, प्रावधान, (का०) **शर्त**[F], बँधान; अवधानधारा, शर्त[F] की धारा[F]।

provisor प्रॅवाइ'ज़ॅर् n. मोदी, भण्डारी; (इति०) अरिक्त स्थानपर नियुक्त व्यक्ति; (रोम० कैथो० गिर्जा०) विकर-जनरल।

provisory –रि a. अस्थायी (~ *care*); निवेशात्मक, प्रतिबन्धात्मक, सप्रतिज्ञ, शर्ती, बँधानी।

provocation प्रॉवॅके'शॅन् n. प्रणोदन, प्रचोदन, प्रोद्दीपन, (का०) **उत्तेजना**[F], प्रोत्तेजना[F], उद्बोधन, प्रेरणा[F]; आवेश, प्रकोप, उकसाहट[F], चिढ़[F], छेड़[F], तैश।

provocative प्रॅवॉ'कॅटिव् a. प्रणोदक, प्रचोदक, प्रोद्दीपक, (चि०) **उत्तेजक**, उद्बोधक, प्रेरक; आवेशी, प्रकोपक, प्रकोपी, प्रकोपकारी, चिढ़वाज, तैशमें आ जानेवाला।

provocativeness –निॅस् n. प्रणोदकता[F], प्रचोदकता[F], उद्दीपकता[F], उत्तेजकता[F], प्रेरकता[F], आवेशिता[F], प्रकोपकता[F], चिढ़वाज़ी[F], तैशमें आ जाना; प्रकोप, चिढ़[F], तैश।

provocator प्रॉवॅके'टॅर् n. प्रकोपक, प्रणोदक, उत्तेजक।

provokable प्रॅवो'कॅबॅल् a. प्रणोद्य, प्रचोद्य, प्रचोदनीय, उद्दीप्य, उद्दीपनीय, उत्तेज्य, उत्तेजनीय, प्रेरणीय, प्रेरणा देने योग्य, तैशमें लाने लायक।

provoke –क् v.t. प्रणोदित करना, प्रचोदित करना, उद्दीप्त करना, (का०) **उत्तेजित करना**, प्रेरित करना; प्रकुपित करना, क्रोध दिलाना, उकसाना, छेड़ देना, चिढ़ाना, उभारना, उकसाना, तैश दिलाना, छेड़ना।

provoker –'कॅर् n. प्रणोदक व्यक्ति या वस्तु[F], प्रचोदक व्यक्ति या वस्तु[F], उत्तेजक व्यक्ति या वस्तु[F], प्रेरक व्यक्ति या वस्तु[F], छेड़नेवाला।

provoking –किंग् a. प्रणोदक, प्रचोदक, उद्दीपक, उत्तेजक, प्रेरक; प्रणोदनात्मक, उद्दीपनात्मक, प्रेरणात्मक; प्रकुप्त करनेवाला, क्रोध दिलानेवाला, उकसानेवाला, छेड़नेवाला, चिढ़ानेवाला, तैश दिलानेवाला।

provost प्रॉ'वॅस्ट् n. (ऑक्सफर्ड इत्यादिमें) प्रधानाचार्य, **प्रोवोस्ट**, (~ *section*); (इति०) धर्माचार्य, महन्त; **सैनिक पुलिस-अफसर**; (स्कॉट०) नगर-निगमोंका अध्यक्ष; (जर्मनीमें गिर्जाघरका कार्यवाहक) प्रोटेस्टैण्ट पादरी; ~ marshal आरक्षि-महाधिपति, **प्रोवी मार्शल**, प्रोवस्ट मार्शल, कोतवाल।

provostship –शिप् n. प्रोवोस्टका पद या कार्य।

prow[1] प्राउ' n. पूर्वक, पोताग्र; (जन्तुवि०) पोताग्रवत् बाहरकी ओर प्रक्षिप्त भाग।

prow[2] a. (प्रा०) शूर, वीर, पराक्रमी, साहसी, सूरमा, दिलेर।

prowess –'इॅस् n. शौर्य, वीर्य, वीरता[F], पराक्रम, पौरुष, ओज, प्रताप, दिलेरी[F]।

prowl[1] पॉउल्' n. (शिकारकी) टोह[F], खोज[F]; विभ्रमण, विचरण; *on the* ~ खोज[F] में, टोह[F] में।

prowl[2] v. i. & t. (शिकारकी) टोह[F] में घूमना, छुछुआना, दबे पाँव खोजना; फिरना, खोजते फिरना; लूट-मार[F] करना।

prowler –'लॅर् n. आखेटक, आखेटक्रीडक, शिकारी।

prowling –लिंग् n. आखेटन, आखेट-क्रीड़ा[F], विभ्रमण, शिकारके लिए घूमना।

prox. *proximo* (*mense*), next month.

proxenus ⊙ प्रॉक्'सिॅनॅस् a. (राज०) **तद्देशिक**।

proximal प्रॉक्'सिमॅल् a. = PROXIMATE; (कृषि०, चि०) **निकटस्थ, निकटवर्ती;**

~ carpals, ~ convolution, ~ end, ~ extremity, ~ pterygiophore, ~ tarsal.

proximate –मॅट् a. संसक्त, सन्निकट, समीप, आसन्न, (~ *genus*), **समीपस्थ, निकटस्थ**; लगा हुआ, सटा हुआ; अनुमित, लगभग, निकटतम; ~ cause संसक्त कारण, (का०) **आसन्न कारण, अव्यवहित कारण**, (चि०) संनिकृष्टकारण, पूर्वनिवृत्त, निकटतम कारण, तात्कालिक हेतु; ~ damage (का०) **प्रत्यक्ष नुकसान;** ~ object तात्कालिक कार्य, आसन्न उद्देश्य; ~

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

principle (चि०) मुख्य तत्त्व ।

proximity –'मिटि n. संसक्तता^{F}, सन्निकटता^{F}, आसन्नता^{F}, (का०) **सामीप्य**, (~ *effect*) **निकटता**^{F}, सन्निधि^{F}, (शिक्षा०) **सान्निध्य**, समीपता^{F}; ~ of blood रक्त-सम्बन्ध ।

proximo (L) प्रॉक्'सिमो a. अग्रमासीय, अग्रमास-विषयक, आगामी मास-सम्बन्धी, **आगामी मासका**, आनेवाले महीनेका, अगले महीनेका ।

proxy प्रॉक्'सि n. प्रतिनिधित्व, प्रतिपुरुषत्व, प्रतिताधिकार, प्रतिताशक्ति^{F}, एवजी^{F} (*married, voted, by* ~); **परोक्षी**, प्रतिनिधि, प्रतिपुरुष; (का०) **प्रतिपत्र**, प्रतिनिधिपत्र; (विधा०, का०) **प्रतिपत्री**; प्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त मत ।

proxyship –शिप् n. प्रतिनिधि-कार्यालय, प्रतिपुरुष-कार्यालय; प्रतिनिधि-पद; प्रतिनिधित्व, प्रतिपुरुषत्व, प्रतिहस्तता^{F} ।

P.R.S. President of the Royal Society.

P.R.S.A. President of the Royal Scottish Academy.

P.R.S.E. President of the Royal Society of Edinburgh.

prude प्रूड्' n. अतिसुशीला^{F}, अत्यधिक विनीता^{F}, विनयशीला स्त्री^{F}, विनयदम्भी^{F}, मिथ्याविनयी नारी^{F} ।

prudence –'डॅन्स् n. मनीषा^{F}, नीतिज्ञता^{F}, दीर्घ दृष्टि^{F}, विवेक, विवेचना^{F}, **प्रज्ञा**^{F}, प्राज्ञता^{F}, बुद्धि^{F}, व्यवहार-कुशलता^{F}, **दूरदर्शिता**^{F}, दुनियादारी^{F}; मितव्ययिता^{F} ।

prudent –न्ट् a. (का०) **प्राज्ञ**, नीतिज्ञ, मनीषी, जागरूक, विवेकी, दूरदर्शी, सतर्क, सावधान, चतुर, सयाना, समझदार, चौकस, चलता-पुर्जा; मितव्ययी ।

prudential[1] –डे'न्'श्ल् n. (pl. में) नीति^{F}, विवेक, समझदारी^{F} ।

prudential[2] a. सविवेक, विवेकशील, विवेकयुक्त, दूरदर्शी, नीतिज्ञतापूर्ण, प्राज्ञ, समझदार ।

prudentialism –शॅलिज़्म् n. विवेकशीलता^{F}, नीतिमत्ता^{F}, प्रज्ञाशीलता^{F}, समझदारी^{F}; दूरदर्शितावाद ।

prudentialist –लिस्ट् n. विवेकशील, नीतिज्ञ, प्रज्ञाशील, दूरदर्शी, समझदार; विवेकवादी, नीतिवादी, दूरदर्शितावादी ।

prudentiality –शिऐ'लिटि n. विवेकशीलता^{F}; दे० PRUDENTIALISM, PRUDENCE.

prudery, prudishness –'डॅरि, –निॅस् nn. अतिसुशीलता^{F}, विनयदम्भ, मिथ्याविनय^F, अतिविनीतता^{F} ।

prudhomme (F) धार्मिक न्यायाध्यक्ष ।

prudish –डिश् a. अतिसुशील, मिथ्याविनयी, विनयदम्भी; अतिसुशीला स्त्री^{F} की तरह ।

prudishness –निॅस् n. =दे० PRUDERY.

pruinose प्रू'इनोस् a. (वन०) **मोमी** ।

prunable –प्रू'नॅबॅल् a. अधिकृन्त्य, अधिकृन्तनीय, विशोध्य, विशोधनीय, कतरने योग्य, काटने योग्य, छाँटने योग्य, तराशने लायक; मोच्य, मोचनीय, मुक्त करने योग्य, अनावश्यक विषय छाँट देने योग्य ।

prune[1] प्रून' n. वातामबदर, सूखा बेर, आलूबुखारा; (चि०) आरुक, आड़ू ।

prune[3] v.t. (शाखाओं^{F} इत्यादिका) अतिकृन्तन करना, विशोधन करना, कतरना, काटना, छाँटना, तराशना; (ला०, पुस्तक^F आदिको फालतू बातों^{F} से) मुक्त करना, अनावश्यक विषय छाँट देना; सजाना, सँवारना (*off, away* के साथ) ।

prunella[1] प्रूनें''ल् n. एक मोटा रेशमी कपड़ा ।

prunella[2] n. वर्धकि शाक, (बुखारमें काम आनेवाला) एक पौधा; एक प्रकारका ज्वर तथा गलेका रोग ।

prunello प्रूने''लो n. (pl. -*s*) उत्तम आलूबुखारा ।

pruner प्रू'नॅर् n. अधिकृन्तक, विशोधक, कतरनेवाला, काटनेवाला, छाँटनेवाला, तराशनेवाला; हँसिया, दरान्ती; (ला०, पुस्तक^F आदिकी फालतू बातों^{F} का) शोधक, अनावश्यक बातें^{F} छाँट देनेवाला ।

pruniferous प्रूनि'फ़ॅरॅस् a. सबदर, बेरयुक्त, बेरसे लदा हुआ ।

pruning प्रू'निंग् n. अधिकृन्तन, विशोधन, (कृषि०) **काट-छाँट**^{F}, कटाई^F, छँटाई^F, तराश^F (~ *knife*); मुक्ति^{F}, मोचन, अनावश्यक बातों^{F} की छँटाई^F; ~ shear (कृषि०) **दस्ती कैंची**^{F}; ~ wounds (कृषि०) **छेदन-व्रण** ।

prunt प्रन्ट्' n. सजावटी शीशा ।

prurience, -cy प्रुऑ'रिॲन्स्, –सि nn. कामुकता^{F}, लम्पटता^{F}, दुर्वासना^{F}, कामातुरता^{F}, दुश्चरित्रता^{F} ।

prurient –न्ट् a. कामुक, कामातुर, लम्पट, दुर्वासना-ग्रस्त, दुश्चरित्र; (क्व०) अस्वस्थ कामनावाला ।

pruriginous प्रुऑरि'जिनॅस् a. तीव्र कण्डुजनक, कण्डूयन-, चुनचुनी^{F} लानेवाला, तेज खुजली^{F} पैदा करनेवाला ।

prurigo प्रुऑराइ'गो, nn. कण्डु रोग, खर्जन, चुनचुनी^{F}, खाज^F, खुजली^{F}, तीव्रकण्डुयुक्त त्वचाका चिरकारी रोग ।

pruritus प्रुऑराइटॅस् n. (चि०) तीव्रकण्डु, प्रखर खाज^F ।

prussic प्र'सिक् a. प्रशियायी नीले रंगका या उससे निकला हुआ, (रसा०) T. (~*acid*) ।

pry v. i. सूक्ष्म निरीक्षण करना, जिज्ञासापूर्वक देखना, सकुतूहल देखना, झाँकना, निरखना, गौरसे देखना; (मामलेका) पता लगाना, भेद लेना, टोह^F लेना, जानकारी^{F} करना; पुरस्कृत करना, इनाम देना ⊙ ।

prying –'इंग् १. n. सूक्ष्म निरूपण, (कृषि०) सूक्ष्म-निरीक्षण, अन्वेषण, टोह^F; २. a. सूक्ष्म-निरीक्षणकारी, निरखनेवाला, टोह^F लगानेवाला, ताक-झाँक^F करनेवाला ।

prytaneum प्रिटॅनी'ऑम् n. (यूनानी पुरातत्त्व) सार्वजनिक शाल, हॉल ।

prythee प्रि'धी int. विनय^F है, प्रार्थना है, बिन्ती^{F} है ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

P. S. Parliamentary Secretary; Permanent Section; Private Sector; Philological Society; Police Sergeant; *post scriptum*, Postscript, written after; Poultry Supervisor; Primary School; Privy seal.

Ps., Psa. Psalm(s).

psalm साम् n. स्तोत्र, भजन, भक्तिगान, धर्मगीत; ~ book स्तोत्रग्रन्थ, (प्राचीन टेस्टामेण्टके अन्तर्गत) भजनोंकी एक पुस्तक^{F}; the (Book of) P~s of David स्तोत्र-संग्रह, भजन-संग्रह।

psalmist –'मिस्ट् n. स्तोत्रकार, गीतकार, भजन-रचयिता; the P~ स्तोत्रकार डेविड।

psalmodic सैल्मॉ'डिक् a. स्तोत्रगायन-विषयक, भजन-कीर्तन-सम्बन्धी।

psalmodist सा (सैल्)'मॅडिस्ट् n. स्तोता, भजनकार, कीर्तन-निपुण।

psalmodize –डाइज् v. i. स्तोत्रगायन करना, भजन गाना, कीर्तन करना।

psalmody सा'मॅडि, सैल्'मॅडि n. स्तोत्रगान, भजन-गान, धर्मगीत गाना; स्तोत्रिकी^{F}, स्तोत्रसंग्रह, भजन-संग्रह, धर्मगीत-संहिता^{F}।

psalter सॉल्'टॅर् n. स्तोत्र संहिता^{F}, भजनसंग्रह; (विशे० सार्वजनिक उपासनार्थ) स्तोत्रसंग्रहकी प्रति^{F}।

psaltery सॉल्'टॅरि n. सारंगी^{F}, एक प्रकारका मध्य-युगीन वाद्ययन्त्र।

P.S.C. Public Service Commission.

pschent प्शेॅन्ट् n. मिस्रीय द्विशासन, मिस्री शासन-द्वय, (उच्च और निम्न मिस्रका प्राचीन संयुक्त साम्राज्य)।

psellism से'लिज़्म् n. (चि०) स्खलद्भाषण, वाक्-स्खलन, वाग्दोष, वाणी-विकार, भाषण-त्रुटि^{F}, बोलनेकी गड़बड़ी^{F}; सदोष गणना^{F}, त्रुटियुक्त प्रगणना^{F}, गलत गिनती^{F}।

Pseud. pseudonym.

pseudechis प्सी(सी)ऊ'डेकिस् n. (जीववि०) छद्म-सर्प (~ *poisoning*)।

pseudepigrapha प्सी(सी)अडिपि'ग्रॅफ़ॅ n. pl. छद्मलेख, मिथ्यालेख, झूठा ग्रन्थ।

pseudepigraphal, -phical –फ़ॅल्, –फ़िकॅल् aa. मिथ्यालेखीय, छद्मलेख-सम्बन्धी, झूठा, नकली।

pseudepigraphy –फ़ि n. मिथ्यालेखकके नामकी लिखाई^{F}।

Pseudo (रसा०, चि०) कूट-, आभासी, छद्म, मिथ्या, असत्, अवास्तविक, कल्पित, कृत्रिम (*~-archaic, ~-archaism, ~-archaist, ~-carp, ~-Catholic, ~-Christ, ~-Christian, ~-classic, ~-Gothic, ~-martyr, ~-prophet*).

pseudoblepsia प्सी(सी)ऊडॅब्लेप्'सिअॅ n. (चि०) दृष्टि-विभ्रम, विपर्यस्त दृष्टि^{F}, सदोष दृष्टि^{F}, दोषयुक्त दृष्टि^{F}, त्रुटिमय दृष्टि^{F}।

pseudoblepsis –सिस् n. (चि०) दृष्टि-विभ्रम, दृष्टि-विपर्यास, दृष्टि-विपर्यय, दृष्टिदोष, दृष्टि-विकार।

pseudo-Christian प्सी(सी)ऊडॅ-क्रिस्'ट्यॅन् n. छद्म-वेशी ईसाई, बनत् ईसाई।

pseudocilia ⊙ प्सी(सी)ऊडॅसी' लिअॅ n. (वन०) पक्ष्माभ।

pseudo-classic प्सी(सी)ऊडॅ-क्लै'सिक् a. कूटशास्त्रीय, कपटशास्त्रीय, कल्पितशास्त्रीय।

pseudo-crystal प्सी(सी)ऊडॅ-क्रिस्'टॅल् n. कूट स्फट, छद्म-मणिभ, नकली बिल्लौर, आभासी क्रिस्टल, आभासी रवा, छद्म क्रिस्टल, छद्म ज्वा।

pseudo eyesis –अेइसिस n. (चि०) मिथ्या सगर्भता^{F}।

pseudo-form प्सी(सी)ऊ'डॅ-फ़ॉर्म् n. (रसा०) छद्मरूप, कूटरूप, आभासी रूप।

pseudogamy प्सी(सी)ऊडॉ'गॅमि n. (वन०, जीव०) कूटयुग्मन, T.।

pseudograph प्सी(सी)ऊ'डॅग्राफ़् n. प्रक्षिप्त रचना^{F}, मिथ्या कृति^{F}, कूटलेख, कूटरचना^{F}, जाली ग्रन्थ।

pseudologer प्सी(सी)ऊडॉ'लॅगॅर् n. (हास्य०) कूट-तार्किक, तर्कपूर्ण असत्यभाषी, लबारी।

pseudological प्सी(सी)ऊडॅलॉ'जिकॅल् a. कूटतर्क-विषयक, तर्कपूर्ण असत्य-सम्बन्धी।

pseudologist –डॉ'लॅजिस्ट् n. कूटतर्कवादी, तर्कपूर्ण असत्यवादी।

pseudologue ⊙ –'उॅलाग् n. असिद्धज्ञानी, अनृत-विज्ञानी, मिथ्याशास्त्री; असत्कथयिता, अनृतभाषी, मिथ्या-वादी, लबारी।

pseudology –डॉ'लॅजि n. असद्विज्ञान, अनृतविज्ञान, मिथ्याशास्त्र, मिथ्याविद्या^{F}; अनामक पत्रलेखन।

pseudomania प्सी(सी)ऊडॅमे'निअॅ n. असद्विक्षेप, कूटोन्माद, मिथ्याभाषणोन्माद (वह अवस्था^{F} जिसमें व्यक्ति अपनेको अकृत दोषोंसे युक्त बताता है); (चि०) छद्म मनोविकार।

pseudomaniac प्सी(सी)ऊडॅमे'निअॅक् n. = PSEUDOLOGUE.

pseudomerism प्सी(सी)ऊडॉ'मॅरिज़्म् n. (रसा०) छद्म समावयवता^{F}, आभासी समावयवता^{F}, आभासावयवता^{F}, कूटभाजता^{F}।

pseudometamerism ⊙ प्सी(सी)ऊडॅमि'टे'-मॅरिज़्म् n. (रसा०) आभास-अवयवता^{F}, (जीव०) कूटसमखंडता^{F}।

pseudomixis ⊙ प्सी(सी)ऊडॅमिक्'सिस् (वन०) कूट संयोजन।

pseudomorph प्सी(सी)ऊ'डॅमॉर्फ़् n. (जीव०) कूट-रूप, कपटरूप, छद्मरूप, मिथ्यारूप, जाली शक्ल^{F}; (प्रा० भू०) कूटाकृतिक; (विशे०, खनिज०) नकली स्फटिक।

pseudomorphic, pseudomorphous –'फ़िक्, –फ़ॅस् aa. कूटरूपीय, कपटरूपीय, छद्मरूपधारी, मिथ्या-रूपयुक्त, जाली शक्ल^{F}का।

pseudomorphism –'फ़िज़्म् n. कूटरूपता^{F}, कपट-रूपता^{F}, छद्मरूपता^{F}, मिथ्यारूपता^{F}।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

pseudomorphosis –फ़ॉ'सिस् n. कूटरूपान्तर, कपटरूपान्तर, छद्मरूपपरिवर्तन।
pseudonym प्सी(सी)ऊ'डॅनिम् n. उपनाम, छद्मनाम, कृतकनाम।
pseudonymity –'मिटि n. उपनामीयता^{F}, उपनाम-धारण, कल्पितनामग्रहण।
pseudonymous –डॉ'निमॅस् a. उपनामीय, छद्मनामी, उपनामधारीय, कल्पितनाम-सम्बन्धी।
pseudopod प्सी(सी)ऊ'डॅपॉड् n. कूटपाद।
pseudopodium –पो'डिॲम् n. (चि०, जीव०) पादाभ, कूटपाद, मिथ्यापाद।
pseudopregnancy प्सी(सी)ऊडॅप्रेग'नॅन्सि n. (चि०, कृषि०), कूटगर्भ, मिथ्या गर्भ, मिथ्यासगर्भता^{F}, आर्तवपूर्ण अन्तर्गर्भाशयस्थिति^{F}।
pseudoscope प्सी(सी)ऊ'डॅस्कोप् n. (चि०) कूटदर्शी।
pshaw[1] श्शॉ', शॉ' n. धिक्कार, छी^{F}, थुड़ी^{F}।
pshaw[2] v. i. & t. धिक्कारना, छि-छिः^{F} करना, थू-थू करना; विरक्ति^{F} व्यक्त करना, घृणा^{F} दिखाना।
pshaw[3] intr. धिक्, छिः-छिः^{F}, थू-थू, राम-राम, फिश्।
P.S.I. Probation Sub-Inspector.
psi प्साइ' n. यूनानी भाषा^{F}का एक अक्षर।
psilanthropism प्सा(सा)इलैन्'थ्रॅपिज़्म् n. नास्तिक^F, अवतार-खण्डन, (यह सिद्धान्त कि ईसा केवल मनुष्य थे।)
psilanthropist –पिस्ट् n. नास्तिक, अवतारविरोधी, ख्रिष्टविरोधी, ईसाको केवल मनुष्य माननेवाला व्यक्ति।
psilanthropy –'प्रॅपि n. = PSILATHROPISM.
psilosis प्सा(सा)इलो'सिस् n. (चि०) संग्रहणी, स्प्रू; केशापात, केशोन्मूलन, केशाभाव, चण्डुलता^{F}, चँदुलापन; मांसोन्मूलन, मांसाभाव, मांसहीनता^{F}।
psittaceous प्सि(सि)टे'शॅस् a. कीरीय, कीर-विषयक, शुक सम्बन्धी, तोतेका।
psittacine –'टॅसाइन् a. कीरवत्, कीर-सदृश, शुक-सदृश, तोते जैसा।
psittacism सि'टॅसिज़्म् n. (शिक्षा०) तोता रटंत।
psittacosis प्सि(सि) टॅको'सिस् n. संक्रामक कीर ज्वर रोग, सिटकॉसिस, (तोतोंका मनुष्योंमें फैलनेवाला रोग)।
P.S.N.C. Pacific Steam Navigation Company.
psoas प्सो(सो)'ॲस् n. नितम्ब-पेशी^{F}; कटिलम्बिनी^{F}; नितम्ब, कटि^{F} (~ *major*, ~ *minor*)।
psora प्सो(सो)ॲ'रॅ n. कण्डु, चुल, खाज^F, खारिश^F, खुजली^{F}।
psorosis –रेसिस् n. (कृषि०) छाल रोग।
psorous प्सो(सो)ॲ'रॅस् a. कण्डूयुक्त, खर्जनमय, खार्जयुक्त, खुजलीवाला।
P.S.P. Public Sub-Prosecutor, Praja Socialist Party.
P.St.P.A. Application for a Permit in respect of a Particular Stage Carriage.
P.St.S.A. Application for a Permit in respect of a Service of Stage Carriages.
psychasthenia प्सा(सा)इकैस्थेनिॲ n. (शिक्षा०) मनोदौर्बल्य, T.; (चि०) एक मनोविकार।
psyche प्सा(सा)इ'कि n. मन, मानस, चित्त, प्राण, अन्तःकरण, मनोजीवन, सूक्ष्म शरीर; (जीववि०) स्थूल-शलभ-प्रजाति^{F}, दिनपतंग।
psychiatric, -al –इकिॲ'ट्रिक्, -ॲल् aa. मनोविकार-सम्बन्धी, मनश्चिकित्सीय, मनश्चिकित्सा-सम्बन्धी, मस्तिष्क चिकित्सा-सम्बन्धी।
~ centre, ~ disorder, ~nursing.
psychiatrics –क्स् n. (चि०) मनोविकार-विज्ञान, मनोविकार-चिकित्सा^{F}, मनश्चिकित्सा^{F}।
psychiatrist –काइ'ॲट्रिस्ट् n. आधिविश, मनश्चिकित्सक, मनोरोग-चिकित्सक, मनोरोग-वैद्य।
psychiatrize –ट्राइज़् v.t. आधि-चिकित्सा^{F} करना, मानस रोग-चिकित्सा^{F} करना, मनोरोग-चिकित्सा^{F} करना।
psychiatry –ट्रि n. आधिविज्ञान, (चि०) मनोरोग-विज्ञान, (~ *department*), अधिचिकित्सा^{F}, मनोविकार-चिकित्सा^{F}, मनोरोग-चिकित्सा, मनोविकार विज्ञान (~ *department*)।
psychic[1] प्सा(सा)इ'किक् n. संवेदनशील व्यक्ति, धारणाशील व्यक्ति; साधन, माध्यम; (बहुव०) मनोविज्ञान; मनोवैज्ञानिक शोध^F।
psychic[2] a. मानस, मानसिक; ~ force मनोबल, आत्मिक बल; मानसिक शक्ति^{F}, अन्तःशक्ति^{F}; ~income मानसिक तोषण; ~ science मनोविज्ञान।
psychical –कॅल् a. मानस, मानसिक; मनोविषयक; मानव जीवन-सम्बन्धी; आन्तरिक, मनोव्यापार-सम्बन्धी; आत्मिक।
Psychicism –किसिज़्म् n. आत्मवाद, अध्यात्मवाद, आध्यात्मिकता^{F}।
psychicist –सिस्ट् n. आत्मवादी, अध्यात्मवादी।
psychism –किज़्म् n. आत्मवाद, अध्यात्मवाद, सार्वभौमात्मवाद, दिक्श्वात्मवाद।
psychist –किस्ट् n. आत्मवादी, अध्यात्मवादी; मानसशास्त्री, मनोविज्ञानी।
psycho -मनः-, मनो-, मनस्- (~*-analysis*, ~*-analyst*, ~*-analytic*, ~*-dynamics*, ~*genesis*, ~*gram*, ~*graph*, ~*graphy*, ~*mancy*, ~*metry*, ~*metrical*, ~*motor*, ~*neurosis*, ~*path*, ~*pathic*, ~*pathist*, ~*pathology*, ~*physics*, ~*physiology*, ~*therapeutics*, ~*therapy*)।
psycho-analyse प्सा(सा)इको-ऐ'नॅलाइज़् v. t. मनोविश्लेषण करना, मनोगाहन करना।
psycho-analysis –ॲनै'लिसिस् n. (शिक्षा०) मनोविश्लेषण, मनोगाहन।
psycho-analyst –ऐ'नॅलिस्ट n. मनोविश्लेषक, मनो-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गाहक; मनोविश्लेषणवादी।

psycho-analytic –लि'टिक् a. मनोवैश्लेषिक, मनोगाहनीय।

psycho-biology प्सा(सा)इकैबाइऑ'लॅजि n. (शिक्षा०) **मनोजीवविज्ञान**।

psychcdometer –कॅडॉ'मिटॅर n. (शिक्षा०) **प्रतिक्रिया कालमापी**, T.

psychodynamic –डाइनै'मिक् a. मानस-क्रिया-विषयक, मनः क्रिया-सम्बन्धी।

psychogenesis प्सा(सा)इकोजे'निसिस् n. = PSYCHOGONY; मनोविकास विद्या^{F}।

psychogenic –निक् a. (शिक्षा०) **मनोजात**, मानसिक।

psychogony प्सा(सा)इकॉ'गॅनि n. मनोविकास, मानसोत्पत्ति^{F}, मनोजनन, मनकी उत्पत्ति^{F}; आत्मोत्पत्ति^{F}, आत्म-जनन, आत्मा^{F}की उत्पत्ति^{F}।

pschogram प्सा(सा)इ'कॅग्रैम् n. मानस-लेख, मनोलेख, मनःसूचना^{F}, मनःसमाचार, किसी परी^{F} या योगिनी^{F} द्वारा दिया गया समाचार।

psychograph –ग्राफ् n. योगिनी-भाचित्र, योगिनी चित्र, परी^{F}की तस्वीर^{F}; मानसचित्र, मानसचित्रण, मनश्चित्रण।

psychography –कॉ'ग्रॅफि n. वर्णनात्मक मनःशास्त्र, वर्णनात्मक मानसशास्त्र, वर्णनात्मक मनोविज्ञान।

psychohistory प्सा(सा)इकॅहिस्'टॅरि n. (इति०) **मनोवैज्ञानिक इतिहास**।

psychologic, -al प्सा(सा)इकॅलॉ'जिक्, -ॲल् aa. **मनोवैज्ञानिक**; (अर्थ०) **मनोविज्ञानी**, मानसिक, मानसकीय; ~ moment मनोवैज्ञानिक क्षण, मनोवैज्ञानिक दृष्टि^{F}से उपयुक्त काल; (असंगत, विशे० हास्य०) ठीक समयपर, ऐन वक्तपर;

~ approach, ~ basis, ~ dualism, ~ egoism, ~ factors, ~ hedonism, ~ naturalism, ~ school, ~ section, ~ weaning.

psychologism –कॉ'लॅजिज्म् n. (शिक्षा०) **मनोविज्ञानवाद**।

psychologist –जिस्ट् n. मानसशास्त्री, (शिक्षा०) **मनोवैज्ञानिक**, मानसविद्।

psychologize –जाइज् v.t. & i. मनोविश्लेषण करना; मानसान्वेषण करना; मनोविज्ञानीकरण करना, मनोविज्ञानी ढंगसे विवाद करना।

psychology –जि n. मानसिकी^{F}, मनःशास्त्र, मानसशास्त्र, (चि०) **मनोविज्ञान**; मनोवृत्ति^{F}; sex ~ काममनोविज्ञान।

psychomancy प्सा(सा) इ'कोमॅन्सि n. पिशाच-विज्ञान, पिशाच-शास्त्र, प्रेत-विद्या।

psychometrics प्सा(सा) इकॅमे'ट्रिक्स् n. (शिक्षा०) **मनोमिति**^{F}।

psychometrist –इकॉ'मिट्रिस्ट् n. (शिक्षा०) **मनोमितिज्ञ**।

psychometry –ट्रि n. (शिक्षा०) **मनोमिति**^{F}।

psychoneurosis प्सा(सा)इकोनीऊऑरो'सिस n. (चि०) मनोमस्तिष्कामयता^{F}, **मनस्ताप**, मानसार्ति^{F}, (शिक्षा०) T.

psychonosology ⊙प्सा(सा)इकोनॅजॉ'लॅजि n. (चि०) मानसरोग-विज्ञान; मनोविपर्यय, मानस-विपर्यय, मनोविक्षेप, चित्त-विभ्रम, बुद्धि-भ्रंश, पागलपन।

psychopath प्सा(सा)इ'कोपॅथ् n. विकृतमना, मनोविपर्यय-युक्त व्यक्ति, मानस-विपर्ययवान् व्यक्ति, मनोविक्षेपी, (शिक्षा०) **मनोरोगी**, चित्त-विभ्रमी, बुद्धि-भ्रष्ट व्यक्ति, पागल आदमी; मनोविपर्यय-चिकित्सक, चित्त-विभ्रम-वैद्य, पागलपनका हकीम।

psychopathic –कोपै'थिक् a. मनोविपर्यय-विषयक, मानसरोग-सम्बन्धी, मनोविक्षेप विषयक, मनोविकृतिमय, (शिक्षा०) **मनोरोगमय**, चित्तविभ्रम-सम्बन्धी, बुद्धि-भ्रंश-सम्बन्धी, पागलपनका; T.

psychopathist –कॉ'पॅथिस्ट् n. मनोविक्षेप चिकित्सक, मानसरोग-चिकित्सक, आधिविज्ञानी, चित्तविभ्रम-वैद्य, बुद्धि-भ्रंश-वैद्य, पागलपनका हकीम।

psychopathology –कोपॅथॉ'लॅजि n. मनोवैकारिकी^{F}, आधि-विज्ञान, (शिक्षा०) **मनोरोग-विज्ञान**, मानसरोग-शास्त्र, मनकी बीमारियों^{F}की साइंस^{F}।

psychopathy –कॉ'पॅथि n. मनोविपर्यय, मानस-विपर्यय, मनोविक्षेप, मनोविकृति, मनोविकार, (शिक्षा०) **मनोरोग**, चित्त-विभ्रम, बुद्धिभ्रंश, पागलपन, T.

psychophysical प्सा(सा)इकोफि'जिकॅल् a. मनोदैहिक, मनोदैहीय, मनोदेह-विषयक।

psychophysicist –'फिजिस्ट् n. मनोदैहिकीवत्, मनोदेह-विज्ञानी, मनोदेह-शास्त्री, मनोविज्ञानी, मनःशास्त्री, मानसशास्त्री।

psyhophysics –जिक्स् n. मनोदैहिकी^{F}, (चि०) **मनोभौतिकी**^{F}, मनोदेह-विज्ञान, मनोदेह-शास्त्र, मनोविज्ञान, (शिक्षा०) T.

psychosis प्सा(सा)इकॉ'सिस् n. (pl. *oses*) मनोविकृति^{F}, मनोरोग, (शिक्षा०, चि०) **दुःसाध्य उन्माद, मनोविक्षिप्ति**^{F}।

psychosomatic प्सा(सा)कोसॅमै'टिक् a. (शिक्षा०) **मनःशारीरिक**।

psychotechnology प्सा(सा)इकैटे'क्नॉ'लॅजि n. (शिक्षा०) **मनस्तंत्र**।

psychotherapeutics प्सा(सा)इकोथे'रॅपीऊ'टिक्स् n. (शिक्षा०) **मनश्चिकित्सा**^{F}, मनोरोग-चिकित्सा^{F}, मानस-चिकित्सा^{F}, चित्त-वैद्यकी^{F}।

psychotherapist –'रॅपिस्ट् n. मनश्चिकित्सक, मनोरोग-चिकित्सक, मानस-चिकित्सक, चित्तवैद्य।

psychotherapy–पि n.=PSYCHOTHERAPEUTICS.

psychozoic साइकॅज़ो'इक् n. (भू०) **मानसयुग**।

psychrometer साइक्रॉ'मिटॅर् n. (रसा०, यंत्र०) **आर्द्रतामापी**, T.

P.T. Post Town; Pupil Teacher: Physical Training.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Pt. Platinum.

pt. pint(s); poit.

pt. past tense; post-town.

Ptarmigan टार्'मिगॅन् n. भटतीतरकी जाति^F का पक्षी।

P.T.C. Police Training College.

pte. Private (soldier).

p. Tem.A. Application for Temporary Permit.

pteridological प्टॅं(टे॑)रिडॅलॉ'जिकॅल् a. पर्णशास्त्रीय, पर्णविद्या-सम्बन्धी।

pteridologist –डॉ'लॅजिस्ट् n. पर्णांग-शास्त्री, पर्णविद्या-विशारद।

pteridology–जि n. पर्णांगविज्ञान, फर्नोंकी जानकारी^F।

pterion ⊙ प्टी(टे)अॅं'रिअॅन् n. (चि०) **पक्षक बिन्दु** (~ *ossicle*)।

ptero- प्टेरॅं पक्ष-, पतत्र-, पंख-, डैना- (~ *corpous*, ~ *dactyl*, ~ *graphy*, ~ *pod*)।

pterocarpous प्टॅं(टे॑)रॅकार्'पॅस् a. सपक्षबीज, सपक्ष-बीजी, रोमिलबीज, लोमशबीजी, पखनेदार बीजवाला; सपक्षफल, पंखदार फलवाला।

pteropus –रॅपॅस् n. (pl. *-pi*) वाग्गुद, चमगीदड़।

pterothorax ⊙ –रॉ'थॅरैक्स n. (जीव०) **संयुक्त वक्ष**।

pterygium टि'रि'जिअॅम् n. (चि०) अर्म (नेत्र-श्लेष्मा^F के ऊपरकी गाँठ^F जो अल्पांशमें स्वच्छमण्डलपर भी फैलती है)।

pterygoid प्टॅं(टे॑)'रिगाऑइड् a. (वाणि०, कृषि०) **त्र्यंगिका**^F; (श०र०शा०) त्र्यंगक; (चि०) पक्षाभ, T. क्वाथ या चाय।

~ canal, ~ fissure, ~ fossa, ~ hamulus, ~ plexus, ~ process, ~ tubercle.

ptisan टि'जन्, टिजैन् n. पथ्य पेय, जौका यूष।

P.T.I. Press Trust of India.

P.T.O. Please Turn Over.

ptochocracy ⊙ टॅकॉ'क्रॅसि n. भिक्षुतन्त्र, भिक्षुक-तन्त्र, निर्धन-शासन, भिखारियोंकी सरकार^F।

ptomaine टो'मेन्, टॅमेन् n. क्षाराभ; क्षारगन्ध, सड़ाँध^F; (चि०) प्राणिज, संडाधजन्य; टोमेन; (~ *poisoning*); मांसकी सड़ाँध^F से उत्पन्न विषायण।

ptosis प्टो(टो)'सिस् n. (चि०) वातहतवर्त्म, वर्त्मघात, वर्त्मका घात; अक्षिपुट-पतन, अक्षिपुट-प्रक्षेप, आँख^F के ऊपरी पुटका पक्षाघात; स्थान-भ्रंश;

P.U. Poultry Unit.

Pu. plutonium.

pub पब् n. (बोल०) सार्वजनिक मद्यपानगृह, मद्यशाला^F, मदिरालय, शराबखाना, चण्डूखाना, भठियारखाना, ठेका; धर्मशाला^F, सराय^F; सार्वजनिक भवन, जनताभवन।

Pub. Doc. Public Document.

puberal प्यू'बॅरॅल् a. तारुण्यीय, तारुण्य-विषयक, (शिक्षा०) तारुण्य-सम्बन्धी, वयस्कता-विषयक, प्रौढ़दशा-सम्बन्धी, यौवनावस्था-विषयक, सयानेपनका।

puberty –बॅटि n. तारुण्य, तारुण्यागमन, वयस्कता^F, (श०र०शा०) **प्रौढ़ता**^F, **प्रौढ़दशा**^F, यौवनावस्था^F, सयानापन; (चि०) यौनविकसन; (चि०) **यौवनारम्भ**; यौवनप्राप्तिका वय; *age of* ~ वयःसन्धि^F, किशोरा-वस्था^F।

puberulent, -lous –बे'रॅलॅन्ट, -लॅस् a. तरुण, मृदु-रोमश, (वन०) **अल्परोमिल**, मृदुलोमश, (विशे०) झाँटदार।

pubes –बीज् n. (चि०) भगास्थि^F; गुह्यांग रोम, रोमावृत्त गुह्यांग भाग, शिश्न-रोम, लिंगोपरिवाल, पशम, झाँट^F।

pubescence –बे'सॅन्स् n. वयःप्राप्ति^F, वयःपरिणति^F, प्रौढ़ता^F, युवावस्था^F, तारुण्यागम, यौवनागम; (कृषि०) **रोमिलता**^F, **रोमशता**^F, (वन० एवं जन्तुवि०) मृदु लोम, तूल रोम, लोमावरण, मृदुलोमशता^F।

pubescent –बे'सॅन्ट् a. तरुण, प्रौढ़, वयःप्राप्त, युवा, प्राप्तयौवन; (कृषि०) **रोमिल**, तूलरोमश, मृदुलोमश, रोमकावृत्त, रोयेंदार।

pubic –बिक् a. (चि०) **जघन-**, पुरोनितम्ब-;

~ bone, ~ symphysis, ~ tubercle, ~ vein.

pubis –बिस् n. (जीव०) **अग्रशोणिका**^F, (चि०) **जघनास्थि**^F, जघन, (कृषि०) **अग्रवस्तिका**^F, पुरोनितम्ब, पुरोनितम्बास्थि^F; (चि०) **भगास्थि**^F।

public[1] पब्'लिक् n. **लोक, जन**, जनसाधारण, प्रजा^F, **जनता**^F, लोग, पब्लिक^F।

public[2]* a. **लोक***, जन-, **सार्वजनिक***, सार्वलौकिक, सामान्य लोकका, साधारण जनताका; लोकहृत, लोकार्थ; लोकप्रसिद्ध, सर्वप्रचलित; अगूढ़, अगुप्त; **शासकीय, राजकीय, सरकारी** (~ *debt*); **आम**; विश्वविद्यालयी, विश्वविद्यालयार्थ; सर्वजनहिताय, लोकसेवारत; ~ spirit जनहित-भावना^F, देशभक्ति^F; *in* ~ स्पष्टरूपेण, सार्व-जनिक रूपसे, खुलेआम, गुहारकर, एलानिया; ~*'s voice is God's voice* पंच परमेश्वर, जनता^F की आवाज^F को भगवान्‌की वाणी^F समझो;

~ account, ~ act, ~ activity, ~ address, ~ administration, ~ affairs, ~ agent, ~ analysts, ~ auction, ~ authority, ~ benefit, ~ bill, ~ blockade, ~ body, ~ building, ~ call, ~ career, ~ carrier, ~ claim, ~ clothing, ~ commission, ~ company, ~ complaint, ~ concern, ~ confidence, ~ conveyance, ~ counter, ~ credit, ~ criticism, ~ debt, ~ demand, ~ demonstration, ~ document, ~ economics, ~ employment, ~ enemy, ~ enterprise, ~ entertainment, ~ examination, ~ expenditure, ~ function, ~ fund, ~ good, ~ goods, ~ health, ~ holiday, ~ house, ~ inquiry, ~ inscription,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ institution, ~ interest, ~ land, ~ library, ~ life, ~ loan, ~ market, ~ notification, ~ nuisance, ~ offence, ~ officer, ~ opinion, ~ orator, ~ order, ~ ownership, ~ peace, ~ place, ~ policy, ~ property, ~ prosecution, ~ prosecutor, ~ relations, ~ revenue, ~ rights, ~ road, ~ safety, ~ sale, ~ school, ~ sector, ~ servant, ~ service, ~ service-commission, ~ tariff, ~ tranquility, ~ trial, ~ utility, ~ utterance, ~ value, ~ vehicle, ~ war, ~ welfare, ~ works.

publican पब्'लिकॅन् n. (रोमन इति० तथा नये टेस्टामेण्टमें) शौण्डिक मद्यविक्रेता, सुरागृहपाल, भठियारा।

publicani –लिकेनि n. (इति०) (रोमन) इजारादार।

publication –लिके'शॅन् n. (का०) प्रकाशन (~ *bureau*); प्रख्यापन; प्रकाशित पुस्तक।

publicism –लिसिज़्म् n. वृत्तकारिता^{F}, पत्रकारिता^{F}; अन्तर्राष्ट्रीय विधान-शास्त्र।

publicist –सिस्ट् n. वृत्तकार, पत्रकार; (राज०) अन्तर्राष्ट्रीय विधिवेत्ता, लोकलेखक, लोक-प्रचारक, अन्तर्राष्ट्रीय विधानशास्त्री, अन्तर्राष्ट्रीय विधानकार।

publicistic –टिक् a. अन्तर्राष्ट्रीय विधानशास्त्रीय।

publicity –सिटि n. प्रकाशन, प्राकाश, प्रकाशता; विश्रुति^{F}, प्रसिद्धता^{F}, प्रसिद्धि^{F}, प्रख्याति^{F}; विज्ञापन, प्रख्यापन, (का०) विख्यापन, (वाणि०, का०) प्रचार; ~ agent प्रचाराभिकर्ता, विज्ञापन-प्रतिनिधि;

~ assistant, ~ director, ~ display, ~ material, ~ office, ~ officer, ~ section, ~ staff, ~ superintendent, ~ van.

publicize –लिसाइज़् v.t. वृत्तकारिता^{F} करना, पत्रकारिता^{F} करना; अन्तर्राष्ट्रीय विधान लिखना; प्रचार करना।

publicness –लिक्निॅस् n. सार्वजनिकता^{F}, सार्वलौकिकता^{F}, लोकसामान्यता^{F}; लोककृतता^{F}, लोकार्थता^{F}; जनहित-भावना^{F}, लोकसेवारति^{F}।

publish –लिश् v.t. घोषणा^{F} करना, प्रचार करना, खुल्लमखुल्ला कहना; औपचारिक रूपसे घोषणा^{F} करना, प्रख्यापित करना, प्रचारित करना, जारी करना; (स्वयंवर की सूचना^{F}) पढ़ना, पूछना; (पुस्तकों^{F} आदिको) प्रकाशित करना, छापना।

publishable –शॅबॅल् a. प्रचारणीय, प्रख्यापनीय, प्रकाश्य, प्रकाशनीय।

published –श्ड् n. प्रकाशित;

~ account, ~ data, ~ statistics.

publisher –शॅर् a. प्रचारक, प्रख्यापक; विज्ञापक; प्रकाशक।

publishment –शमॅन्ट् n. (अमेरिका) विवाह-सूचना प्रकाशन, विवाहकी घोषणा^{F}।

P.U.C. Paper Under Consideration.

puce प्यूस् a. नवरक्त-, बैंजनी भूरा रंग।

pucelage प्यू'सिॅलिज् n. कौमार्य, कुमारत्व, कुमारता^{F}, कुँवारापन।

puck[1] पक् n. भूत, पिशाच, प्रेत, शैतान; (ला०) दुष्ट बालक।

puck[2] n. पशुओंकी एक बीमारी, पक रोग।

puck[3] n. (बर्फ^{F} पर खेलनेका) रबड़का चौड़ा गेंद, पक।

pucka, pukka प'कॅ, पकॅ aa. पक्का।

pucker[1] प'कॅर् n. बल, तह^{F}, चुन्नट^{F}, (वन०) सिकुड़न^{F}, शिकन^{F}, झुर्री^{F}।

pucker[2] v.i. & t. बल पड़ना, तह^{F} पड़ना, चुन्नट^{F} पड़ना, सिकुड़न^{F} पड़ना, शिकन^{F} पड़ना; चुनियाना, शिकन^{F} डालना।

puckering –रिंग् n. संकोच, सिकुड़न^{F}, शिकन^{F}।

puckery –रि a. तहदार, चुन्नटदार, शिकनदार।

puckish, pucklike प'किश, –लाइक् aa. पिशाचवत्, भूतसदृश।

P.U.D. Paper Under Disposal.

pud पड् n. शिशु-हस्त; पशुपाद।

pudding पु'डिंग् n. (एक प्रकारका मांस और अन्न आदिका) पकवान, पुडिंग^{F}; पोटीन; पोटीन या पुडिंग-जैसी वस्तु^{F}; (नौवि०, रगड़^{F} से बचनेके लिए रस्सी^{F} आदिके नीचे लगी हुई) गद्दी^{F} या पट्टा; ~ bag पोटीनी झोला, पुडिंग पकानेका झोला; सौभाग्यांश, सौभाग्यखण्ड; ~ face गोलगप्पा-सा मुँह; ~ furnace बिलोनी भट्ठी^{F}; ~-head निर्बुद्धि व्यक्ति, जड़मति, गोबरगणेश; ~-heart कापुरुष, कादर, कायर, भीरु, डरपोक, लँड़ू; ~ time भोजनकाल।

puddle[1] प'डॅल् n. पंक, कीचड़, (परि०) लोंदा; पंजीकरण, पंकमज्जन; गढ़ा, गड़ही^{F}, गड्ढा, डाबर, चोंड़ा, (बोल०) अव्यवस्था^{F}, घप-चप, गड़बड़, गड्डमड्ड, गारा, मसाला।

puddle[2] v.t. & i. कीचड़में लोटना, छींटे देना, छप-छप करना; विशृंखल जीवन बिताना, अशिष्ट व्यवहार या आचरण करना; घँघोरना, बिलोड़ना, गँदला करना, मैला करना, गन्दा करना; गारा भरना, गारा घोलना, मसाला तैयार करना।

puddled –ड् a. पंकीकृत, पंकमज्जित, गारेमें डुबोया हुआ; ~ soil (कृषि०) गीली जुती मिट्टी^{F}; ~ steel प्रधूत वज्रायस।

puddler –लॅर् n. छपछपाने या घँघोरनेवाला; गारा घोलनेवाला।

puddling –लिंग् n. (रसा०) संलोडन (~*process*), घँघोरना, बिलोना (~*process*); (कृषि०) रोंदना, (कृषि०) गीली जुताई^{F}; ~ furnace पलटनी भट्ठी^{F}, खोरी भट्ठी^{F}।

puddly –लि a. गँदला, मैला।

puddock प'डॅक् n. मेक, मण्डूक, दादुर, मेंढ, मेढक।

pudency प्यू'डॅन्सि n. लज्जा^{F}, शर्म।

pudenda –डॅन्'डॅ n. (चि०) बाह्यजननेन्द्रियाँ।

pudendum –डॅम् n. (चि०) उपस्थ; बाह्यजननेन्द्रियाँ^{F}

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(स्त्रियोंकी)।

pudge[1] पज् n. (बोल०) वामन, बौना, नाटा मनुष्य, ठिंगन आदमी, गुलगोंथना, छोटा और मोटा व्यक्ति, छोटी और मोटी वस्तु[F]।

pudgy –जि a. नाटा एवं स्थूल, गुलगोंथना, ठिंगना और थुलथल।

pudic प्यू'डिक् a. भगस्थ बाह्य जननेन्द्रियकी, (~ *artery*)।

pudicity –डि'सिटि n. लज्जा[F], शर्म।

pudicous ⊙–डिकॅस् a. लज्जाशील, लज्जालु, शर्मीला।

pudsy पड्'जि a. स्थूल, मांसल, हृष्ट-पुष्ट, चर्बीला, गुदार, गुदगुदा, मोटा-ताजा।

pueblo (Sp) n नगर, बस्ती।

puericulture ⊙ प्युअे"रिकल्च्युअॅर् n. (चि०)गर्भिणी-परिचर्या[F] (स्वस्थ बालक उत्पन्न होनेकी दृष्टिसे); बाल-प्रशिक्षण, पशु-पालन, शिशु-पोषण।

puerile प्यूॲराइल् a. बालेय, बालिश, बालोचित, बाल-सुलभ, बच्चों-जैसा; तुच्छ, ओछा, छिछोरा, हलका, छिछला; ~ breathing (चि०) बालसमकर्कशश्वसन; घर्राटा, खर्राटा, घरघराहट[F]।

puerileness –निॅस् n. बालेयता[F], बालिशता[F], बालोचितता[F], बालसुलभता[F]; ओछापन, छिछोरापन, छिछलापन।

puerilism –लिज्म् n. (शिक्षा०) **बालिशता**[F], बालेय व्यवहार, बालिश व्यवहार, बालोचित वृत्ति[F], बालसुलभ व्यवहार (बड़े व्यक्तिका)।

puerility –रि'लिटि n. बालिश्य, बालधर्म, बचकानापन; तुच्छता, ओछापन, छिछोरापन, छिछलापन।

puerpera ⊙ प्यूॲर 'पॅरॅ n. (चि०) सद्यःप्रसूता[F]; प्रजायनी[F]।

puerperal –र्पॅरॅल् a. प्रसूतीय, प्रासविक, प्रसवजन्य, प्रसव सम्बन्धी, सोहरका; ~ fever अनुसूति-ज्वर, प्रसव-ज्वर; ~ insanity अनुसूति-विक्षिप्तता[F], प्रसवजन्य उन्माद।

puerperium ⊙–अे"पे"रिॲम् n. (चि०) **सूतिकावस्था**[F], सूतिकावस्थावधि[F]।

puff[1] पफ़् n. श्वास[F], साँस[F]; वातवेग, झोंका, झकोरा; फूत्कार, फुंकार[F], फुफकार[F], सनसनाहट[F]; भाप[F]की एक भभक[F], धुएँकी एक फूँक[F]; फूँक[F] (~ *pipe*); (केश आदिकी) फूली हुई गुत्थी[F], जूड़ा (पाउडर लगानेकी) रोएँदार गद्दी[F]; अत्युक्तिपूर्ण विज्ञापन; ~-adder अफ्रीकी विषधर; ~-ball (वन०) **फुल्ल कन्दुक; गननधूलि**[F], धूमगोली[F], कुकुरमुत्ता; ~-box पाउडरबक्स; ~-~ (बच्चोंकी बोली[F]में) भक-भक, भाप[F]का इंजन, गाड़ी[F]।

puff[2] v. i. & t. उच्छ्वासित करना, फूँकना, धौंकना; फूँक-फूँककर निकालना, आना; हाँफना, साँस[F] फूलना, दम फूलना, बेदम कर देना; (धुएँका) फूँक-फूँककर निकलना, आना; फूँक[F] मारना, धुआँ छोड़ना; फुलाना, हवा[F] भरना, झोंकेसे उड़ना, झकोरना; फूँक[F] लेना, दम लगाना, कश खींचना; स्फीत होना, सूजना, फूल जाना; विज्ञापन करना; (नीलाममें) झूठी बोली[F] बोलना; ~ *out* हाँफते काँपते वर्णन करना; ~ *up* फूल जाना, फूला न समाना, आसमानपर चढ़ना, धरती[F]पर पाँव न रखना।

puffed –ड् a. आध्मात, स्फीत, उद्धत; ~ paddy (चि०) लाजा खील; ~ rice (चि०) **मुरमुरा**।

puffer –फॅर n. धुआँ छोड़नेवाला, फूँक मारनेवाला, फूँकने या झकोरनेवाला, फुलाने या फूलनेवाला; मिथ्या-क्रोशक।

puffery –फॅरि n. विज्ञापन, भटई[F]; फूली हुई झालर[F], संजाफ।

puffin –फिन् n. तरंगकाक, पफिन, उत्तर अन्धसागरीय पक्षी।

puffiness –फिनि॑स n. स्थूलता[F], मोटापा, फुलाव, हँफनी[F]।

puffing –फिंग् n. धूमन; मिथ्याक्रोशन, (कृषि०) फूलना।

puffy –फि a. झोंकेदार; निर्बल-श्वास, हाँफनेवाला, दम-का कच्चा; फुल्ल, फूला हुआ; स्थूल, मोटा, चर्बीला, फुफ्फस।

pug[1] –ग्' n. (~-*dog* भी) पग कुत्ता; बड़ा नौकर; लोमड़ी[F]; पटरीबदल इंजन।

pug[2] n. ईंट[F] बनानेके लिए पिण्डोर और चिकनी मिट्टी[F]-का मसाला; ~ mill (यंत्र०, परि०) **मिट्टी-मिश्रक; गाराचक्की**[F], (ईंटों[F]का) गारा बनानेकी चक्की[F]।

pug[3] v.t. (ईंट[F]के लिए) मिट्टी[F] तैयार करना; **गारा भरना**, गारा सानना, गारा घोलना; (आवाज धीमी[F] करनेके लिए दीवार[F] आदिमें) गारा या बुरादा भरना।

pug[4] n. (ऐंग्लो-इण्डियन) पशुका पदचिह्न, पग।

pug[5] v. t. पदानुसरण करना, पदचिह्नोंसे मार्ग खोजना।

pug[6] n. (ग्रा०) मुष्टियोद्धा, घूँसेबाज।

pugaree प'गॅरि n. पगड़ी[F], पग्गड़, साफा।

pugging –गिंग् n. (यंत्र०) ध्वनिरोधक **मसाला**; गारा या बुरादाकी सीमेण्ट[F]की भराई[F]।

puggish, puggy प'गिश, प'गि aa. नकचिपटा, नकबैठा।

pugree –ग्रि n. = PUGAREE.

pugh पू int. (घृणाद्योतक) च्चः-च्चः, त्तः-त्तः, राम-राम, छी-छी, छिः-छिः, छिः।

pugilism प्यू'जिलिज्म् n. मुष्टियुद्ध, घूँसेबाजी[F], मुक्के-बाजी[F]; विवाद-प्रियता[F]।

pugilist –लिस्ट् n. मुष्टियोद्धा, घूँसेबाज; मुक्केबाज, (ला०) विकट वाग्योद्धा, घोर विवादी, परम बकवासी, बड़ा झंझटिया, झकझकिया।

pugilistic –टिक् a. मुष्टियुद्धीय, घूँसेबाजी[F]से सम्बन्धित; विवादपूर्ण, विवादीकी तरहका, झगड़ेवाला।

pugnacious पग्ने'शॅस् a. (शिक्षा०) **युयुत्सु**, युद्धप्रिय, कलही, कलहप्रिय, रणोत्सुक, झगड़ालू, फसादी, लड़ाका।

pugnaciousness –निॅस n. युयुत्सुता[F], युद्ध-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रियता^{F}, कलहप्रियता^{F}, झगड़ालूपन, फिसादीपन, लड़ाकापन।

pugnacity –नै'सिटि n. युयुत्सावृत्ति^{F}, (शिक्षा०, दर्श०) **युयुत्सुता**^{F}, **युद्धवृत्ति**^{F}, **युद्धशीलता**^{F}, युद्ध-प्रियता^{F}, कलहप्रियता^{F}, झगड़ालूपन, फसादीपन, लड़ाकापन।

puisne[1] प्यू'नि n. कनिष्ठ न्यायाधीश, अवर विचार-पति।

puisne[3] a. (का०) **अवर**, अवरपदस्थ, लघु, छोटा (~ *judge*); अनुवर्ती, (का०) **उत्तरवर्ती**, परवर्ती, बादका (~ *mortgages*)।

puissance प्यू'इसॅन्स्, प्यूइ'सॅन्स, प्वि'सॅन्स् n. शौर्य, शक्ति^{F}, विक्रम, सामर्थ्य, पराक्रम, प्रबलता^{F}, वीरता^{F}, दम, बल, ताकत^F, जोर।

puissant –न्ट, –न्ट् a. (प्रा०) अतिशौर्यवान्, महाशक्तिशाली, अतिविक्रमी, महापराक्रमी, शूर, वीर, प्रबल, महाबली, शक्तिशाली, बड़ा ताकतवर, जोरावर।

puja पू'जॅ n. पूजा^{F}।

puke[1] प्यूक्' n. वमन, कै^{F}, ओकी^{F}, उलटी^{F}।

puke[2] v. i. & t. वमन करना, कै^{F} करना, ओकी^{F} करना, उलटी^{F} करना, उकलाना।

puker –'कॅर् n. वमनकर्ता, कै^{F} करनेवाला, ओकी^{F} करनेवाला, उकलानेवाला; उलटी^{F} करनेवाला।

pukka प'कॅ a. दृढ़, पक्का।

pulchritude पल्'क्रिट्यूड् n. रमणीयता^{F}, सौन्दर्य, सुन्दरता^{F}, शोभा^{F}, रूप।

pule प्यूल्' v. i. झीखना, झुँझलाना, ठुनकना, पिनपिनाना, कराहना, पें-पें करना, घिघियाना, चें-चें करना।

pulex प्यू'लेॅक्स् n. (चि०) पिस्सू, फुदकनेवाला, कुत्ता, मनुष्य, इत्यादिका पराश्रयी कीड़ा।

pulicide प्यू'लिसाइड् n. (चि०) कुटघ्न, कुटनाशी, पिस्सूघ्न; पिस्सूनाशक औषधि, T.

pulicine, -cene –सीन्', –सीन्' a. (चि०) कुट-विषयक, पिस्सू-विषयक, पिस्सू-सम्बन्धी, पिस्सूका।

pulicose –'लिकोस् a. (चि०) कुट-बहुल, पिस्सूयुक्त, पिस्सूवाला।

puling[1] प्यू'लिंग् n. झींख^F, झुँझलाहट^F, ठुनकन^F, पिनपिनाहट^F, घिघियाहट^F, कराह^F।

puling[2] a. कराहनेवाला।

pull[1] पुल्' n. (भौ०) **कर्षण**, आकर्षण, खींच^F, खिंचाव, कश, ऐंठन^F, मरोड़^{F}, झटका, कशमकश, खींचातानी^{F}; शक्ति^{F}, बल, जोर; प्रभाव ⊙; (ला०) लाभ, सुसंयोग, फायदा (*have the ~ of* a person); (रसा०) **निकासी**^{F}; (मुद्र०) अमार्जित शोध्य, कच्चा प्रूफ; बाग कड़ी कर देना, लगाम^F खींच लेना; (क्रिकेट) ठोकर^F, पुल, मार^F; शराब^{F}का दौर, शराब^{F}का लम्बा घूँट; ~-through **सफाई रस्सी**^{F}, T।

pull[2]* v.t. & i. कर्षित करना, अभ्याकृष्ट करना, ऐंठना, मरोड़ना, झटकारना, खींचना*, ऐंचना; आदान करना, ग्रहण करना, लेना; झटककर तोड़ डालना, खींच देना, अंग-अंग अलग कर देना; प्रभावित करना, प्रभाव डालना ⊙; धज्जियाँ^{F} उड़ा देना, कटु आलोचना^{F} करना; (किसीके पक्षमें) पूरा जोर लगाना; (पहाड़ी आदिपर) जोर लगाकर आगे बढ़ना; मुँहजोरी^{F} करना, बदलगामी^{F} करना; (पौधा आदि) उत्पाटित करना, निर्मूल करना, जड़से उखाड़ना; चाँथना, चोंथना, चीरना, फाड़ना, तोड़ना; मुद्रित करना, छापना; नौसंचालन करना, खेना, चलाना; पकड़ना, गिरफ्तार करना; छापा मारना, धावा बोलना, चढ़ाई^F करना; (क्रिकेट, गेंद^{F}पर) चोट^F करना, बल्ला मारना, पुल मारना; ~ *about* खींचातानी^{F} करना; अभद्र व्यवहार करना, नीच बर्ताव करना, बुरी तरह पेश आना; ~ *caps, whigs* टोपी^{F} उछालना, लड़ना-झगड़ना; ~ *down* ध्वस्त करना, ढहाना, गिराना, भहराना; परास्त करना; क्षीण कर देना, निस्तेज कर देना; मूल्य घटा देना, सस्ता करना; ~ *for* ⊙ (के) लिए कार्य करना; ~ *in* (गाड़ी^{F}का, स्टेशनमें) प्रवेश करना, आना; ~ *off* (प्रतियोगिता^{F}में) सफल होना, जीतना, खींच ले जाना; ~ *one's weight* अपने भारके अनुपातसे नाव^F खेना; ~ *out* नाव^F खेकर निकाल ले जाना; (रेलगाड़ी^{F}का, स्टेशनके) बाहर निकल जाना; ~ *out of the fire* डूबती नाव^F सँभालना, हारी बाजी^{F} जीत लेना; ~ *round* स्वस्थ हो जाना, अच्छा हो जाना, चंगा हो जाना; ~ *the long bow* अतिशयोक्ति^{F} करना, अत्यन्त बढ़ा-चढ़ाकर कहना; ~-*through* सुरक्षित निकल जाना, साफ बच निकलना, खैरियत^{F}से खतरा पार करना; ~ *together* सहकार्य करना, मिलकर कार्य करना; ~ a thing *to pieces* छिन्न-भिन्न करना, खण्ड-खण्ड कर देना, टुकड़े-टुकड़े कर देना, पुर्जे-पुर्जे कर देना, धज्जियाँ^{F} उड़ा देना, चीर-फाड़^{F} डालना; ~ *up* (व्यक्ति या गाड़ी^{F}को) ठहराना, रोकना; बाग खींचना, बाग कड़ी^{F} करना; भर्त्सना^{F} करना, डाटना; वर्जित करना, संयम रखना, रोकना।

puller –'लॅर् n. कर्षक, अभ्याकर्षक, खींचनेवाला, उखाड़नेवाला; कर्षित्र, खींचनेका यन्त्र; खींचनेवाला घोड़ा, जानदार घोड़ा, मुँहजोर घोड़ा।

pullet पु'लिट् n. चूजा, मुर्गी^{F}का बच्चा; (कृषि०) पठिया^{F}, (कृषि०) **पठोर**^{F}।

pulley[1] पु'लि n. (pl. -*s*) आकृषि^{F}, घरघरी^{F}, (गति वि०, परि०, यंत्र०) **घिरनी**^{F}, घिरी^{F}, (कृषि०) चक्री^{F} (~ *block*), (यंत्र०, परि०) **चरखी**^{F}, (वन०, यंत्र०, परि०) **गरारी**^{F}, (~ *arrangement*); (यंत्र०, परि०) **पुली**^{F}, कप्पी^{F}।

pulley[2] v.t. आकृषि^{F} लगाना, घरघरी^{F} लगाना, घिरनी^{F} लगाना, चरखी^{F} लगाना, गरारी^{F} द्वारा चढ़ाना या लगाना।

pullicate प'लिकॅट n. पुलीकट (मद्रास) का कपड़ा (या रूमाल)।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

pulling पु'लिंग् n. आकर्षण, खिंचावट^{F}; ~ a boat नाव^{F} खींचना, नाव^{F} खेना; ~ drill खेनेकी कवायद^{F}।

pullman पुल'मॅन् n. रेलवेका शृंगार-कक्ष।

pullorum –लोरम् n. (कृषि०) **पेचिश**^{F}।

pullover –वर n. स्वीटर, जर्सी^{F}।

pullulant प'ल्यूलॅन्ट् a. उद्भेदनशील, पुष्पनशील, फूलनेवाला; अंकुरण प्रवण, अंकुरणशील, अँखुवानेवाला, उगनेवाला, फूटनेवाला।

pullulate –लेट् v. i. उद्भिन्न होना, पुष्पित होना, खिलना; कली^{F} आना, कलियाना; अंकुरित होना, अँखुवाना, उगना, फूटना, जमना, लगना।

pullulation –ले'शॅन् n. उद्भेद, उद्भेदन, पुष्पन, कलिका-विकास, कलियाना; अंकुरण, अँखुवाना, उगना, फूटना, जमना।

pulmo पल्मॉ फुप्फुस- (*~branchiate, ~meter*)।

pulmocutaneous पल्मॅक्यूटे'निॅअस् a. **फुप्फुस-त्वचीय**, (*~ arch, ~ artery*)।

pulmometer पल्मॉ'मिॅटॅर् n. फुप्फुसमापी, फुप्फुस-धारिता मापक यन्त्र।

pulmonary पल्'मॅनॅरि a. (चि०, जीव०) **फुप्फुस**, फुप्फुसांगी, **फुप्फुसीय**, फेफड़ेका; फुप्फुसगत, फुप्फुस-रोगग्रस्त, फुप्फुस-रोगसे पीड़ित; ~ artery (चि०, जीव०) **फुप्फुस-धमनी**^{F}, फुप्फुसीय धमनी^{F}; ~ tuberculasis (चि०) क्षय, तपेदिक, फुप्फुसका राजयक्ष्मा^{F};

~ apoplexy, ~ arch, ~ area, ~ circulation, ~ cirrhosis, ~ exchange, ~ ligament, ~ lymph, ~ nerve, ~ plague, ~ pleura, ~ plexus, ~ respiration, ~ ridge, ~ sac, ~ system, ~ trunk, ~ vein, ~ ventilation.

pulmonate[1] –मॅनॅट् n. फुप्फुसश्वासी।

pulmonate[2] a. फुप्फुसांगीय, फेफड़ेदार, फेफड़ेदार अंगोंवाला।

pulmonic –मॉ'निक् a. (चि०) फुप्फुसिक, फुप्फुस-रोग-विषयक, फेफड़ेकी बीमारी^{F}से सम्बन्ध रखनेवाला।

pulmoniferous –मॅनि'फ़ॅरॅस् a. फुप्फुसयुक्त, फेफड़ेवाला।

pulp[1] पल्प् n. गोदं, (वन०) **गूदा**; वसा, सार, (जीव०) **मज्जा**, लुगदा, लुगदी^{F}; धातु^{F}का लोंदा; ~ cavity (चि०) मज्जागुहा^{F}; tooth ~ दन्तमज्जा^{F};

~ board, ~ filter, ~ sheet, ~ sizing, ~ wood.

pulp[2] v.t. & i. गूदा निकालना; पिलपिला करना, गोंद निकालना; पिलपिला हो जाना, गुदार होना, गूदेदार हो जाना।

pulper –'पॅर् a. गूदा निकालनेकी मशीन^{F}, पल्पर।

pulpify पल्'पिफ़ाइ v.t. पिलपिलाना, गूदा बनाना।

pulpiness पल्'पिनॅस् n. पिलपिलाहट^{F}, गुदारपन।

pulpit पुल्'पिट् n. व्याख्यान-मंच, आसन, पीठ^{F}, व्यासपीठ^{F}; (*the ~*) उपदेश देनेका व्यवसाय; उपदेशक-गण; उपदेश-संग्रह।

pulpitarian –टेॅअॅ'रिॅअॅन् a & n. उपदेशक; उपदेश-वादी; उपदेशकीय, उपदेशकसे सम्बन्धित।

pulpiteer[1] –टीॅअॅर्' n. उपदेशक, प्रचारक, मत-प्रचारक।

pulpiteer[2] v.i. उपदेश देना, प्रचार करना, सिखाना।

pulpiteering –'रिंग् n. उपदेश-व्यवसाय, उपदेश-वृत्ति^{F}, शिक्षा या प्रचार द्वारा अर्थोपार्जन।

pulpitry –'पिट्रि n. प्रवचन; धर्मशिक्षण, धर्मोपदेशन।

pulpitum –टॅम् n. (गिर्जेमें गायकमण्डली^{F}के लिए) पत्थर या लकड़ी^{F}का पर्दा; वेदी^{F}, मंच।

pulpless पल्प्'लिॅस् a. सारहीन, वेगूदा।

quixotics –क्स् n. (pl.) स्वच्छन्दतावाद, कल्पनामय भाव, कल्पनाशील विचार।

quixotism, quixotry क्विक्'सॅटिज़्म्, –सॅट्रि nn. अतिमात्र उपन्यासिकता[F], अतिकल्पनाशीलता[F], दुष्कल्पनाशीलता[F], अव्यावहारिकता[F]।

quixotize –टाइज़् v.t. & i. कल्पनाशील बनाना, अव्यावहारिक करना।

quiz[1] क्विज़्' n. अद्भुत व्यक्ति, विचित्र मनुष्य, विलक्षण पुरुष, निराला आदमी; उपहासक, विनोदप्रिय व्यक्ति, भँड़ुआ, मसखरा, मजाकिया, दिल्लगीबाज; (मूल० सं० रा० अमेरिका) प्रश्नोत्तर, **प्रश्नोत्तरी**, सवाल-जवाब; कूटप्रश्न, **प्रश्नमाला**[F], प्रश्नावली[F] (*~-master*); समस्या[F], पहेली[F]; परीक्षा[F], जाँच[F]; (अव क०) मृदु परिहास,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपहास, हँसी-मजाक, दिल्लगी^{F};
~ craft, ~ programme, ~ wheel.

quiz[2] v.t. परिहास करना, हँसी^{F} उड़ाना, मजाक उड़ाना; परिहासका रूप देना, मजाकमें उड़ा देना; विलक्षण दृष्टि^{F}से देखना, कौतूहलसे देखना, घूरना, ताड़ना, गौरसे देखना, ताकना; प्रश्न करना; प्रश्नोत्तर द्वारा परीक्षा^{F} करना, सवाल-जवाब द्वारा जाँचना ⊙ ।

quizzable क्विज़्'ज़ॅबॅल् a. परिहास्य, उपहासास्पद, हँसी^{F} उड़ाने योग्य, मजाकके लायक; उपहासजनक ।

quizzed ⊙ –ज़्ड a. परीक्षित, जाँचा हुआ ।

quizzer क्विज़्'ज़र् n. परिहासक, हँसी^{F} उड़ानेवाला, मजाक उड़ानेवाला; विलक्षण दृष्टि^{F}से देखनेवाला, घूर-घूर कर देखनेवाला; प्रश्नोत्तर द्वारा परीक्षा^{F} करनेवाला, सवाल-जवाब करके जाँचनेवाला ।

quizzical –ज़िकॅल् a. अद्‌भुत, विलक्षण, विचित्र, निराला, अजीब; उपहासजनक; मसखरा, हँसोड़, ठिठोलिया, दिल्लगीबाज ।

quizzing –ज़िङ् n. परिहास, मजाक; प्रश्न करना; घूरना; व्यंग्य करना; प्रश्नोत्तर-परीक्षण, सवाल-जवाब करके जाँचना ।

quoad (L) prep. विषयमें, सम्बन्धमें, बारेमें ।

quod[1] क्वॉड' n. कारागार, कैदखाना, जेल^{F} ।

quod[2] v.t. कारागारमें रखना, कैदखानेमें बन्द करना, जेल^{F}में डालना, कैद करना ।

quod erat demonstrandum (L) यही सिद्ध करना था ।

quodlibet–लिबिॅट् n. बुद्धियुक्त विवाद, युक्तियुक्त तर्क; उपहासक स्वर, उपहासजनक गीत, हँसी^{F} उड़ानेवाला पद्य; सूक्ष्मता^{F}, सूक्ष्मभाव ।

quodlibetarian –टेॲ'रिॲन् n. विचक्षण-विवक्ता, बुद्धिमान् विवादक, युक्तियुक्त तर्क करनेवाला ।

quodlibetical –बे'टिकॅल् a. विशुद्ध शैक्षिक, विशुद्ध शिक्षा-सम्बन्धी; विचक्षण विवादीय, विचक्षण विवाद-विषयक; बुद्धियुक्त विवाद-सम्बन्धी, युक्तियुक्त तर्क करने योग्य ।

quod vide (L) जिसे देखो ।

quoin[1] क्वा(क्वॉ)ऍन' n. भवनका बाह्य कोण, घरका बाहरी कोना, नुक्कड़; कोण-प्रस्तर, कोना बनानेवाला ईंट^{F} या पत्थर; आधार-शिला^{F}, मूलाधार; (टाइप एवं बन्दूक^{F}में) एक खटका या मेख^{F}, पच्चर, फन्नी^{F}; ~ block (यन्त्र०) कोण-पिंडक ।

quoin[2] v. t. खटका लगाकर जमाना, मेख^{F} लगाकर खड़ा करना, फन्नी^{F} लगाना ।

quoining –निंग n. नुक्कड़ या कोनेकी चुनाई^{F} ।

quoit[1] क्वा(क्वॉ)ऍट्' n. निःक्षेपार्थ लौहक्रीड़ा-चक्र वलय, चक्रती^{F}, क्वायट ।

quoit[2] v.t. & i- (क्व०) लोह-क्रीड़ा-चक्र प्रक्षिप्त करना, क्वायट फेंकना; चक्रती^{F}से खेलना, क्वायटसे खेलना ।

quo jure (L) किस अधिकारसे ?

quo modo (L) किस रीति^{F}से ?

quondam क्वॉन्'डॅम् a. पूर्व, पूर्वतन, भूतपूर्व, पूर्ववर्ती, प्राचीन, पुराना, (a ~ *friend of mine*) ।

quorum क्वोऑ'रॅम् n. कार्यवाह-संख्या^{F}, कार्यगण, (राज०) **गणपूर्ति**^{F}, गणपूरक-संख्या^{F}, (का०) **कियत्ता**^{F}, इयत्ता^{F}, **कोरम** ।

quorum pars magna fui (L) जिसमें मेरा बड़ा हिस्सा था ।

quota क्वो'टॅ n. अंश, अभ्यंश, यथांश, नियत परिमाण, वण्टितांश, भाग, निर्धारित मात्रा^{F}; **कोटा** ।
~ certificate, ~-holder, ~ licensing, ~ right, ~ shop, ~ system.

quotability क्वोटॅबि'लिटि n. प्रमाण्यता^{F}, प्रमाण-योग्यता^{F}, उद्धरणीयता^{F} ।

quotable, quoteworthy aa. प्रामाण्य, प्रमाण-योग्य, उद्धरणीय ।

quotation क्वॅटे'शॅन् n. (मुद्र०) पूर्त धातुखण्ड T. अवतरण, **उद्धरण**; उद्धृत वाक्य; उत्कथन, प्रोक्ति^{F}; मूल्यविवरण, मूल्यतालिका^{F}; **कथित मूल्य, निवेदित दर, निवेदित मूल्य**, बाजार भाव, (वाणि०, चि०) **भाव**, (वाणि०) **निर्ख**, मोल; **दर**^{F}; ~ marks उद्धरण-चिह्न (" ") ।

quotative क्वो'टॅटिव् a. औद्धरणिक, उद्धरणशील, उद्धरणीय; उद्धर्ता, उद्धरण देनेवाला ।

quote[1] –ट्' n. अवतरण, उद्धरण, उद्धृत-अंश, प्रोक्ति^{F}; (प्रायः pl.) उद्धरण-चिह्न ।

quote[2] v.t. उद्धृत करना, उदाहरण देना; प्रतिलिपि^{F} बनाना, नकल^{F} करना; (अर्थ०) **भाव बोलना, दाम बताना**; उपस्थित करना, पेश करना; प्रमाण देना, हवाला देना, बात^{F} लेना (*from* के साथ) ।

quoted –टिॅड् a. उत्कथित, **उद्धृत** ।

quoter –टॅर् n. प्रमाणक, उद्धर्ता, उद्धरण देनेवाला, उदाहरण देनेवाला, मिसाल देनेवाला ।

quoth क्वोथ्' v.t. (प्रा०) कहा, बोला ।

quotha क्वो'थॅ int. हाँ, सचमुच !

quot homines tot sententiae (L) मुण्डे मुण्डे मतिर्भिन्ना, जितने मुँह उतनी बातें^{F} ।

quo warranto ? (L) किस अधिकारसे ?

quotidian क्वॅटि'डिॲन् a. (चि०) अन्येद्युष्क, एकाहिक, प्रात्याहिक, दैनिक, प्रतिदिवसीय, हर रोजका; दैनिक ज्वर या जूड़ी^{F}का; क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य, साधारण, मामूली; double ~ (चि०) सततक, दिनमें दो बार आनेवाला ।

quotient क्वो'शन्ट् n. (गणि०) **लब्धि**^{F}, **भागफल, भजनफल**, बाँटफल ।
~ field, ~ group, ~ ring.

quotum क्वो'टॅम् n. नियत मात्रा^{F}, नियत परिमाण, निश्चित मान, निर्धारित संख्या^{F} या भाग ।

qu'ran कुरआन् n. कुरान, कुरान-शरीफ ।

q.v. *quod vide*, which see; *quantum vis*, as much as you will.

qy. query.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

R

R (बहुव० Rs, R's) अंग्रेजी वर्णमालाᶠका अठारहवाँ अक्षर, र; r months सितम्बरसे दिसम्बरतकके वे महीने जिनमें र आता है; the three Rs = reading, (w)riting, (a)rithmatic.

R. *rex*, King; *regina*, Queen.

R. (or **Reau.**) Reaumur's thermometric Scale; *recipe*, take (*prescription*).

r. runs (cricket).

R.A. Royal Academy; Royal Academician; Royal Artillery; Rear-Admiral; Range Assistant; Ratepayers' Association.

Ra. radium.

R.A.A.F. Royal Australian Air Force.

Rabb. Rabbinical, Rabbinism.

rabat राबा' n. मिथःपरिभ्रमण, अन्योन्यपरिभ्रमण, एक-दूसरेके गिर्द चक्कर काटना।

rabbet[1] रै'बिट् n. (हथौड़ेका) लम्बा बेंट; लम्बा चूल, लम्बा खाना, लम्बा खाँचा, झरींᶠ; (परि०) खाँचा, साल; जोड़।

rabbet[2] v.t. झरींᶠ बनाना; चूलमें बैठाना, झरींᶠमें बैठाना; (किसी वस्तुᶠमें) चूल या साल लगाना।

rabbi रै'बाइ n. यहूदी धर्मशास्त्री, रब्बी।

rabbin रै'बिन n. यहूदी धर्मशास्त्रवेत्ता, रब्बी, राबिन।

rabbinical रॅबि'निकॅल् a. रब्बी-विषयक, रब्बीवत्, रब्बी-जैसा, राबिनी।

rabbinism –'बिनिज़्म् n. राबिनवाद (यहूदी धर्म-पण्डितका सिद्धान्त), रब्बीका शासन।

rabbinist –निस्ट् n. राबिनवादी, रब्बीमतानुयायी, रब्बी शासन-समर्थक।

rabbinite ⊙ –नाइट् n. = RABBINIST.

rabbit[1] रै'बिट् n. शशा, (जीव०) शशक, खरहा, खरगोश, चौगड़ा; अपटु क्रीड़क, अनाड़ी खिलाड़ी; ~-hutch खरहोंका दड़बा; ~-warren खरहे पालनेका स्थान;

~-fish, ~-hide, ~-hole, ~-squirrel.

rabbit[2] v. i. शशक-मृगयाᶠ करना, खरगोशका शिकार करना।

rabbiting –टिंग् n. शशाखेट, शशक-मृगयाᶠ, खरगोशका शिकार।

rabbitry –ट्रि n. खरहा-बाड़ा, खरगोशोंका बाड़ा; अनाड़ी खिलाड़ीका खेल।

rabbity –टि a. बहुशश, शशकबहुल, खरगोश-भरा।

rabble[1] रै'बॅल् n. लोकसमूह, जनसमूह; भीड़ᶠ, जमाव, जमाकड़ा; अवर जन, नीच जन, हेय वर्ग, छोटे लोगोंकी टोलीᶠ।

rabble[2] n. (पिघलती धातुᶠके लिए) कलछीᶠ, छँटुआ।

rabblement रै'बॅल्मॅन्ट् n. (अव क०) जनसंकुल, भीड़-भाड़ᶠ, भेड़िया-धसान; कोलाहल, जनरव, हंगामा, गुल-गपाड़ा।

Rabelaisian, -aesian[1] रैबिॅले'ज़्यॅन्, -ई'ज़्यॅन् n. राबेलाइसवादी, राबेलाइसका अनुयायी, हँसोड़ा।

rabi रै'बि a. उष्णकालिक; उन्हारी, आसाढ़ी (~ *harvest*)।

rabic रै'बिक् a. आलर्क-, आलर्की, जलातंक-ग्रस्त, हड़करोगवाला, पागल, रेबी।

rabid रै'बिड् a. प्रचण्ड, उग्र, उत्कट, घोर, प्रबल, क्षुब्ध, तीव्र, उत्तेजित, क्रुद्ध; जड़, मूर्ख, निष्प्रश, निर्बुद्धि, औंधी खोपड़ीᶠका, विचारहीन, बुद्धू; दुराग्रही, हठधर्मी, कट्टर; विक्षिप्त, वातुल, उन्मादग्रस्त; (वि० कुत्तेका) सालर्क, जलातंकित, हड़का हुआ, बावला, पगला; ~ dog (चि०) अलर्क, पागल कुत्ता।

rabidity, rabidness रॅबि'डिटि, –निॅस् nn. प्रचण्डताᶠ, उग्रताᶠ, उत्कटताᶠ, घोरताᶠ; जड़ताᶠ, मूर्खताᶠ; उन्माद, वातुलताᶠ, पागलपन, बावलापन; जलातंक, हड़कᶠ।

rabies रे(रै)'बिईज़् n. जलभी, जलातंक, (कृषि०, चि०) अलर्क रोग, आलर्क, हड़कᶠ, (कृषि०, चि०) हलका, (श्वान आदिका) उन्माद-रोग-विशेष; श्वान, शृगाल आदिका पागलपन, T.

rabinet ⊙ रै'बिनेॅट् n. पुरातन शतघ्नीᶠ, प्राचीन शतघ्नीᶠ, पुराने कालकी बन्दूकᶠ, रबिनेट।

R.A.C. Royal Automobile club; Royal Armoured Corps; Royal Arch Chapter.

raca रे'कॅ a. तुच्छ, निकृष्ट, व्यर्थ, निरर्थक, बेकार, निकम्मा।

rac(c)ahout रै'कॅहूट् n. रैकहूट, (एक अन्न)।

rac(c)oon रॅकून्' n. भल्लुक, भालू, रैकून (अमरीकी मांसाहारी रीछ)।

race[1] रेस् n. यात्राᶠ, प्रयाण, प्रस्थान; संचार, अग्रगतिᶠ; प्रवाह, प्रवेग, प्रखर धाराᶠ, प्रबल धाराᶠ (*tide set with a strong* ~); सूर्यकक्ष्याᶠ, चन्द्रपथ; जीवन-यात्राᶠ, जीवनक्रम; प्रणालीᶠ, नालीᶠ (*mill-*~); चक्कर, (करघेकी नालᶠके घूमनेका) चक्करदार मार्ग; धावन (-प्रतियोगिताᶠ), दौड़ᶠ; (बहुव०) अश्व-धावन, घुड़दौड़ᶠ ⊙; स्पर्द्धाᶠ, ईर्ष्याᶠ; प्रतियोगिताᶠ, होड़ᶠ, मुकाबला; ~course धावन-पथ, घुड़दौड़ᶠका मार्ग या मैदान; ~horse जवाश्व, प्रतियोगिताश्व, दौड़ᶠका घोड़ा;

~ ball, ~-card, ~course manager, ~ cup, ~-goer, ~-meeting, ~ psychology, ~ rail, ~ way, ~ wheel.

race[2] v. i. & t. धावन-प्रतियोगिताᶠमें भाग लेना, आगे बढ़ जानेका प्रयत्न करना; घुड़दौड़ᶠमें घोड़ेको दौड़ाना; दौड़ाना, भगाना (~*d his bicycle against a motor car*); (पीपे आदिसे पानी आदिका) चक्कर खाते हुए निकलना; दौड़ना, भागना, दौड़ लगाना; (सम्पत्तिᶠ) नष्ट करना, बहाना, लुटाना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

race[3] n. अन्वय, मूलवंश, वंश, वर्ण, कुल, सन्ततिF, गोत्र, रक्त, नस्ल (*Mongolian ~*); (कृषि०, इति०) जातिF, (*~ difference*), प्रजातिF, भेद, प्रभेद, विभाग, (*~ hatred*); वर्ग, श्रेणीF, समुदाय (*the race of poets etc*); T. *~ suicide* सन्तति-नियन्त्रण ।

race[4] n. मूल, (विशे० अदरखF की) जड़F ।

racemation –मेशन् n. गुच्छिकायन, गुच्छिकीकरण ।

raceme रॅसीम्' n. (वन०) एकवर्ध्यक्ष, पुष्प-गुच्छ, पुष्प-स्तवक, गुच्छा ।

racemed –ड्' a. पुष्पस्तवकमय, गुच्छित, गुच्छेदार ।

racemic –'मिक् a. गुच्छिक (*~ camphor*), T. (*~ acid, ~ form*) ।

racemiferous रैसिं'मि'फॅरॅस् a. सैकवर्ध्यक्ष, एकवर्ध्यक्ष-युक्त, पुष्पगुच्छयुक्त, पुष्पस्तवकयुक्त, फूलोंके गुच्छेवाला ।

racemise रै'सिंमाइज् v. i. & t. गुच्छिकायित होना या करना, पुष्पगुच्छमें परिवर्तित होना या करना, स्तवक या गुच्छा बनना या बनाना ।

racemism –मिज़्म् n. गुच्छिकत्व, गुच्छिकताF ।

racemization –माइज़े'शॅन् n. गुच्छन, गुच्छा बनाना ।

racemose रै'सिंमोस् a. (वन०, शा०) पुष्पगुच्छयुक्त, गुच्छेदार; (श० र० शा०, वन०) एकवर्ध्यक्षीय, वर्धक्षीय, गोलस्तवकयुक्त, द्राक्षागुच्छाकार ।

racemule –म्यूल n. लघ्वैकवर्ध्यक्ष, लघु पुष्पगुच्छ, लघु पुष्पस्तवक, फूलोंका छोटा गुच्छा ।

racer रे'सॅर् n. धावक, दौड़बाज; धावन-प्रतियोगी, दौड़-प्रतियोगी; धावन-तरणी, दौड़Fकी नौकाF; धावन-यान (जैसे, सायकिलF इत्यादि); बन्दूकFका घोड़ा, बन्दूकFकी नलीF; ज्वाश्व, घुड़दौड़Fका घोड़ा ।

rach रैच्' n. घ्राणक श्वान, घ्राणक आखेट-कुक्कुर, सूँघकर पता लगानेवाला शिकारी कुत्ता ।

rachialgia रैकिॲल्'जिॲ n. (चि०) मेरु दण्डार्तिF, पृष्ठवंशार्तिF, मेरु-शूल, मेर्वस्थि-शूल, रीढ़Fकी पीड़ाF ।

rachidian रॅकि'डिॲन् a. मेर्वस्थीय, मेर्वस्थि-विषयक, मेरुदण्ड-सम्बन्धी, रीढ़का; अक्षीय, डण्डीFका ।

rachis, rha –रे'किस्, रे- n. (pl.-*ides*) (चि०) मेरु-दण्ड- पृष्ठवंश; (कृषि०) पुष्पक्रम अक्ष; (जीव०) दण्ड; पिच्छाक्ष; (पत्तोंका) प्रधान अक्ष, (वन०) प्राक्ष, डण्डीF, T.

rachi(o)- मेरु-, रीढ़- (*~tism, ~tomy*) ।

rachitic रॅकि'टिक् a. (चि०) वालास्थिवक्रर्ताF-सम्बन्धी, वालवक्र-, वालवक्रीय, वालवक्र-विषयक, मेरुप्रदाह-सम्बन्धी, रीढ़Fकी हड्डीF फूलनेके रोगसे सम्बन्धित, रिकेट्स-सम्बन्धी ।

rachitis –काइ'टिस् n. (चि०) वालास्थिवक्रताF, वाल-वक्र, वालवक्रताF, मेरूत्सेध, मेरुकोप, मेरुदण्डप्रदाह, फक्करोग, रिकेट्स, रीढ़की हड्डीF फूलनेका रोग, T.

rachitism –टिज़्म् n. वालशोषण, वालशोष, वालास्थि-विकृतिF, वालास्थिविकार-प्रवृत्तिF, फक्कप्रवृत्तिF, अति-कृशताFका रोग, सूखेका रोग ।

racial रे'शूल् a. जाति-, जातीय, जात्यात्मक, जाति-मूलक, प्रजातिगत, वंशगत, नस्ली;
~ adaptation, ~ consanguinity, ~ cycle, ~ discrimination, ~ inheritance, ~ segregation, ~ tension.

racialism –'शॅलिज़्म् n. जातिवाद, जातीयताF ।

raciation ⊙ –शिॲ'शॅन् n. (इति०) जातिकरण ।

raciness रे'सिनॅस् n. सजीवताF, ओजस्विताF, चित्त-ग्राहिताF, अनूठापन; प्रसाद-गुण-सम्पन्नताF, चोखापन ।

racing रे'सिंग् n. अश्वधावन, अश्वधावन-प्रतियोगिताF, घुड़दौड़F, घुड़दौड़-प्रतियोगिताF; (नौवि०) तेजीF ।

raciology ⊙ रेसिऑ'लॅजि n. (इति०) जाति-विज्ञान ।

racism ⊙ –'सिज़्म् n. (राज०, इति०) जातिवाद, प्रजातिवाद ।

rack[1] रैक्' n. सचल घन, उड़ते हुए बादल; प्रलय, विनाश, तबाहीF ।

rack[2] v. i. (बादलोंका) हवाFमें उड़ना ।

rack[3] n. (लकड़ीF या धातुFका छड़दार) निलय, गवादनीF, चारादान, चरहीF, झावा; निधानीF, फ्रेम, (कृषि०) रैक (*plate, hat, tool, -~*); दाँतेदार छड़ या पटरीF (*~-rail*); *~ and pinion* (यन्त्र०, भौ०) दण्ड-चक्रीF; दण्ड-चक्र; *~ carriage* (वाणि०) आरीF; *~-raliway* दाँतेदार रेलF या पटरीF; *~-wheel* दाँतेदार पहिया ।

rack[4] v.t. & i. चरहीF भरना; (घोड़ेको) चरहीFकी पहुँचFमें बाँधना; चरहीFमें (या पर) रखना ।

rack[5] n. काष्ठगृह, कठपरा, पीडन-यन्त्र, शिकंजा; *~-rent* अत्यधिक भाटक, अधिभू-राजस्व, (कृषि०) निष्ठुर लगान, (अर्थ०) आसीम किराया, कमरतोड़ मालगुजारीF; (v.t.) अधिक कर या मालगुजारी वसूल करना; *~ renting* (कृषि०) अत्यधिक लगान लेना; *on the ~* (शा० एवं ला०) विपत्तिFमें, संकटमें, शिकंजेमें ।

rack[6] n. यातनाF, व्यथाF ।

rack[7] v.t. विग्लापित करना, यन्त्रणाF देना, व्याकुल करना, ग्रसना, सताना, जलाना (*~ing headache*); झकझोरना, हिलाना; माथापच्चीF करना; मरोड़ना; (रुपया इत्यादि) ऐंठना, निचोड़ना; (आदमियोंका) शोषण करना, चूसना; (धरतीFका) सत्व खींच लेना, (को) चूसना ।

rack[8] n. सत्त्व, सत्त, अर्क, आसव ।

rack[9] n. (घोड़ेकी) कुदानF, लंगूरी चालF ।

rack[10] v. i. (घोड़ेका) लंगूरी चालF चलना ।

rack[11] v. t. (शराबFको) तलछटFसे निचोड़ना ।

rackarock रै'कॅरॉक् n. वारूदगोला, पत्थरतोड़ ।

racker रै'कॅर् n. उत्पीड़क व्यक्ति, पीड़क व्यक्ति, अत्याचारी, दुःखदायी व्यक्ति, कष्ट पहुँचानेवाला ।

racket[1], **racquet** रै'किट्, रै'किट् nn. (टेनिस इत्यादिका) बल्ला, डण्डा, रैकेट (*~ ball, press*); (बहुव०) गेंद-बल्ला, रैकेटका खेल; बर्फ मोजा ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

racket[2] रै'किट् n. कोलाहल, गर्जन-तर्जन, चख-चखF, बमचखF, खलबलीF, गुल-गुपाड़ा, हंगामा; कल्लोल, किलोलF, रँगरेलियाँF, धमाचौकड़ीF, चहल-पहलF, रौनकF; लम्पटताF, छिछोरापन, मटरगश्तीF,(प्रा०) छल, कूट-योजनाF, चालF, चालाकीF, चरका, खेल, तिकड़म; नीतिF, युक्तिF, उपाय, योजनाF; धन्धा, काम, कारबार, पेशा; (मूल० अमरीका) दस्युवृत्तिF; अग्नि-परीक्षाF, कठिन परीक्षाF, संकटकाल; *to stand the* ~ फल भोगना, मूल्य चुकाना।

racket[3] v. i. विलास करना, आनन्द मनाना, गुलछर्रे उड़ाना, धमाचौकड़ीF मचाना।

racketeer रैकिटीअर् n. दस्यु, बलाद्ग्रहीता।

racketeering –'रिंग् n. दस्युताF, बलाद्ग्रहण, लूटपाटF।

racketing रै'किटिंग् n. कल्लोलपूर्ण आमोद, कोलाहल-मय प्रमोद, चखचखभरा आनन्द, बमचकवाली खुशीF।

rackety –टि a. बदमाश, लुच्चा; शोर मचानेवाला।

racking रै'किंग् n. (नौवि०) **आँटीF बाँधना**; (स्था०) **दाढ़ा**; ~ strain (परि०) **पार्श्वविकृति**F।

raconteur रॉकॉन्टर् (F) n. (fem. *raconteuse*) कथा-वाचक, कहानीकार।

rac(c)oon रॅकून् n. भल्लूक, भालू, रैकून, (अमरीकी मांसाहारी रीछ)।

R.A.C. of S.T. Regional Assistant Commissioner of Sales Tax.

racy रे'सि a. उत्तम, उच्चकोटिF का, बढ़िया (~ *flavour*); सरस, रसवान्; अनुपम, अद्वितीय, अनूठा।

rad रैड्' n. दे० RADICAL.

Rad. Radical.

rad. *radix*, root.

R.A.D.C. Royal Army Dental Corps.

radar रे'डार् n. तेजोन्वेष, राडार; सर्वदर्शित्र, सर्वदर्शी यन्त्र, **राडर**।

~ cover, ~ fire, ~ laying, ~ mechanic, ~ operator, ~ picket, ~ searching, ~ spotting, ~ technician, ~ workshop.

raddle[1] रै'डॅल् n. वृक्ष-शाखाओंF से प्रच्छन्न बाड़ा; गेरू, लाल मिट्टीF।

raddle[2] v.t. गेरूसे पोतना या रँगना; भद्दे ढंगसे पोतना; गूँथना, बटना, बुनना।

radial[1] रे'डिअॅल् n. (चि०) बहिःप्रकोष्ठिकाF–(नाड़ीF, धमनीF); (यंत्र०, ग०, भौ०) **त्रिज्याF**, अरलि-शिराF, अरलि-धमनीF, अन्वरलि-रोहिणीF, कुहनीF की नसF; अरास्थिकाF, अरीय पट्ट।

radial[2] a. किरणीय, किरणस्थ, किरणगत, रश्मियुक्त, किरणान्तर्गत; (चि०) विकिरक, अर्द्धव्यासवत्; **बहिः-प्रकोष्ठिक, अरीय**, अर-सदृश, तीलीदार (~ *fibres*); (गतिवि०) **त्रैज्य**; (वन०) **त्रिज्यक**; (गणि०) **त्रिज्य**; अन्वरलीय, अरलीय; (चि०) **रेडियल**:

~ acceleration, ~ arm, ~ artery, ~ astigmatism, ~ bearing, ~ bundle, ~ caeca, ~ canal, ~ cartilage, ~ cross-vein, ~ davit, ~ factor, ~ field, ~ force, ~ fossa, ~ function, ~ groove, ~ highway, ~ load, ~ movement, ~ nerve, ~ notch, ~ pulse, ~ road, ~ shake, ~ shrinkage, ~ symmetry, ~ vein, ~ velocity, ~ vessel.

radiality –ऐं'लिटि n. किरणीयताF, विकिरणीय सम्मितिF, अरीय सम्मितिF, विकिरणीय सुडौलपन; रश्मीयताF।

radialization –ॲलाइज़े'शॅन् n. अरीकरण, अरी या तीलीदार बनानेका कार्य।

radialized –'डिॲलाइज़्ड् a. अरीकृत, अरयुक्त या तीलीदार बनाया हुआ; किरणोंF की तरह संयोजित।

radian –ॲन् १. n. आर, (त्रिकोण०) **रेडियन** (~ *measure*), संचापारकोण, समत्रिज्याकोण, रेडियन; २. a. आरीय।

radiance, radiancy –ॲन्स्, –सि nn. (ऋतु०) **विकिरण**, विकीर्णताF, विकिरताF, प्रकाश, तेज, कान्तिF, प्रभाF, दीप्तिF, ज्योतिF, चमकF।

radiant[1] –न्ट् n. ज्योति-केन्द्र, प्रकाश-केन्द्र, दीप्ति-केन्द्र, किरण-स्थल; (गणि०) उल्का-विकीर्षक; (चि०) विकिरण-शील द्रव्य।

radiant[2] a. (भौ०) **विकीर्ण, विकिरणी**, विकिरक; कान्त; प्रभापूर्ण, ज्योतिर्मय, दीप्तिमान्, तेजस्वी, चमक-दार; समुज्ज्वल, उज्ज्वल; (नेत्र) शुभ्र, ज्वलन्त, तेजोमय, प्रकाशवान्, चमकदार, जगमग; (ज्यौ०) **उल्का-विकीर्णक**, (प्रकाश) चकाचौंधF करनेवाला; (सौन्दर्य) चमत्कारी, शोभामय, दगदगाता हुआ; अर-सदृश, त्रिज्यावत्; ~ point विकिरण-केन्द्र, ज्योति-केन्द्र, किरण-मूल, प्रकाश-मूल, उल्का-समापातमूल;

~ coordinates, ~ energy, ~ flux, ~ heat, ~ matter.

radiantness –नॅ्स् n. = RADIANCE.

radiate[1] –एट् v. i. & t. विकीर्ण करना, (वन०, रसा०) **विकिरण करना**, किरणेंF बिखराना, प्रकाश फैंकना; (प्रकाश या तापकी) विकीर्ण होना, बिखरना, बिखेरना, फैलाना, फैलना, चमकना; विद्युत्-चुम्बकीय तरंगें भेजना या उठाना; (जीवन, प्रीतिF, हर्ष आदि) विकीर्ण करना, पसारना, पसरना, फैलना, फैलाना।

radiate[2] a. विकीर्णांग, अरीयांग, किरणांग, विकिरणयुक्त, (प्रा०, भू०) **विकीर्ण** (~ *ligament*), त्रिज्यावत्।

radiated –एटिड् a. (प्रा० भू०) **विकीर्ण**, प्रस्तीर्ण, बिखरा हुआ, छिटका हुआ।

radiating –टिंग् a. = RADIANT (~ *power*); **विकिरणकारी**।

radiation –ए'शॅन् n. प्रभा-प्रसारण, (यंत्र०, प्रा० भूगो०, भौ०, रसा०) **विकिरण**, दीप्ति-प्रसारण, किरण-स्फुरण, छिटकना, बिखरना;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ balance, ~ damping, ~ detection, ~ effect, ~ field, ~ fog, ~ pressure, ~ process, ~ pyrometer, ~ pyrometry, ~ resistance, ~ temperature, ~ therapy.

radiative –'डिअॅट्रिव् a. **विकिरक, विकिरणशील,** (रसा०) विकिरणी, विकिरणकारी;

~ capture, ~ equilibrium, ~ viscosity.

radiator –अॅटर् n. (यन्त्र०, मो०) **विकिरक;** चमकानेवाला; तापविकिरक कक्ष; (मोटर[F]में) तापनाशक यन्त्र, T.;

~ cap, ~ core, ~ mounting, ~ muff, ~ neck, ~ tube.

radical[1] रै'डिकॅल् n. (भाषा वि०) धातु[F], मूलभूत सिद्धान्त; (गणि०) **करणी**[F]; (वन०) **मूल,** (रसा०) **मूलक;** मूल शब्द या ध्वनि[F]; (मूलतः पोलैण्डमें एवं बोल०), (दर्श०) **आमूल परिवर्तनवादी,** उग्र सुधारवादी।

radical[3] a. मौल, मौलिक, मूल-सम्बन्धी, जड़का; महत्त्वपूर्ण, मूलगत, तात्त्विक, आधारभूत, बुनियादी; सहज, नैसर्गिक, स्वाभाविक, सत्य, जन्मगत; आवश्यक; आद्य, प्रारम्भिक, असली; आद्योपान्त, मूलोपान्त, आमूल, आमूलचूल; (अर्थ०) व्यक्तिनिष्ठ; (ग०) त्रिज्य (*~ velocity*); (राजनीतिज्ञ) उन्मूलक, उन्मूलनवादी, सुधारवादी, (*R~ Party*) पराकाष्ठावादी दलका, पूर्णसुधारवादी; (ग०) मूलीय, मूलविषयक; (निर्दे० ज्या०) मूल (*~ axis*), (भाषावि०) धात्विक, धात्वीय, मौलिक, (संगी०) शब्दमूलीय, स्वरताल-विषयक, तारके मूलका; (वन०) मूलज, मूलीय, मूलरुह; (चि०) रोगोन्मूलक; कुल, पूरा; ~ centre (ग०) **मूलाक्ष-केन्द्र, अक्षकेन्द्र;** ~ distance **अरीय दूरी**[F]; ~ sign (ग०) करणी चिह्न;

~ alterations, ~ axis, ~ change, ~ cure, ~ error, ~ idea, ~ nature, ~ operation, ~ plane, ~ reform, ~ sawing, ~ socialist.

radicalism –लिज़्म् n. उन्मूलनवाद, पराकाष्ठावाद, आमूल सुधारवाद, परिवर्तनवाद।

radicality –कै'लिटि n. = RADICALNESS.

radicalization –कॅलाइज़ेशॅन् n. आमूलसुधारवादिता[F], आमूलसुधार चाहना, पराकाष्ठावादी बननेका या बनानेका कार्य।

radicalize –'डिकॅलाइज़् v.t. & i. मौलिक बनना या बनाना; उन्मूलनवादी करना या होना, आमूल सुधारवादी बनाना या बनना।

radicalness –ल्निॅस n. मौलता[F], मौलिकता[F]; मूलगतता[F], तात्त्विकता[F], आधारभूतता[F], बुनियादीपन; सहजता[F], स्वाभाविकता[F]; आद्यता[F], प्रारम्भिकता[F]; आमूलता[F], आमूल-चूलता[F]; उन्मूलन, उन्मूलकता[F], उन्मूलनवादिता[F], सुधारवादिता[F]।

radicant –कॅन्ट् a. मूलीय, मूलोत्पादी, मूलजनक, जड़[F] पैदा करनेवाला।

radicate[1] –केट् v. t. सुसंस्थापित करना, स्थायी रूप देना, बिठाना, गाड़ना, गहरी नींव[F] डालना, जड़[F] जमाना।

radicate[2] a. सुसंस्थापित, स्थायी, सुनिश्चित, सुव्यवस्थित, जमा हुआ।

radicating –केटिंग् n. (वन०) **मूलवत् प्रसरण।**

radication –के'शॅन् n. स्थायित्व, सुसंस्थापन, सुनिश्चिति, जड़[F]की रचना[F], जमाव।

radicel रै'डिसॅल् n. मूलक, क्षुद्र मूल, लघु मूल, छोटी जड़।

radicicolous –सि'कॅलॅस् a. मूलाधारी, मूलाहारी, जड़[F]पर उगनेवाला, जड़[F]से अपनी खुराक[F] लेनेवाला।

radiciform –सिफॉर्म् a. (चि०) दन्तमूलसम; मूलवत्, मूलाकार, जड़[F]की तरह।

radicivorous –सि'वॅरॅस a. मूलाहारी, जड़[F] खानेवाला।

radicle रै'डिकॅल् n. शाखिक, (कृषि०, वन०) **मूलांकुर,** मूलाणु, गर्भमूल, भ्रूणमूल, आदिमूल, छोटी जड़[F]; (श० र० शा०) मेरुनाड़ी[F], मूलतन्तु, मूलसूत्र; शाखिका[F] (तन्त्रिका[F]की); सिराका प्रारम्भ, T.

radicular रॅडि'क्यूलॅर् a. मूलीय, गर्भमूलीय, मूलसूत्रीय, मेरुनाडीमूलीय।

radiculose ⊙ –लोस् a. मूलगुच्छित; जड़मुच्छल।

radiferous ⊙ रॅडि'फ़ॅरॅस् a. तेजातुमय, रेडियमयुक्त।

radio[1] रे'डियो n. (pl. *-s*) **रेडियो विकिरण;** संवह, वितन्तु-सन्देशन, वितन्तुप्रेषण; तेज, आकाशवाणी[F], नभवाणी[F], बेतारका तार, **रेडियो;** ~ therapeutist रश्मि-चिकित्सक;

~-acoustics, ~-actinism, ~ adaptation, ~ aids, ~ amplifier, ~ apparatus, ~ astronomy, ~-autograph, ~-balance, ~-beacon, ~-bearing, ~broadcast, ~ broadcasting, ~carpal, ~cast, ~ channel, ~ chronometer, ~ circuit, ~ communication, ~ compass, ~ control, ~ deception, ~ detection, ~ detector, ~ diagnosis, ~ dispatch, ~ division, ~ documentary, ~ dynamics, ~ element, ~ engineer, ~ engineering, ~ field, ~ field intensity, ~ frequency, ~goniometer, ~-gramophone, ~ inspector, ~ interference, ~ iodine, ~ isotopes, ~lead, ~ link, ~-location, ~-luminescence, ~-man, ~ message, ~ metal, ~ metallography, ~ micrometer, ~-micrometry, ~ modulation, ~movies, ~ muscular, ~ navigation, ~ necrosis, ~ newsreal, ~ observer, ~ operator, ~paque, ~parent, ~ phony, ~ photo, ~ piracy, ~ programme, ~ puling, ~

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

pulse, ~ range, ~ receiver, ~ red, ~ reflections, ~ report, ~ round-up, ~-search, ~-sensibility, ~-sensitive, ~ series, ~ set, ~ shop, ~ signal, ~ silence, ~ sonde, ~-sonic, ~ spectator, ~ station, ~-stereoscopy, ~ stores, ~-surgery, ~-symmetrical flower, ~-talk, ~ technology, ~-telegram, ~-telegraph, ~-telegraphy, ~-telephone, ~-telephony, ~ terminal, ~-thalium, ~ thorium, ~ transmitter, ~transparent, ~tron, ~tropic, ~ tube, ~-ulna, ~ valve, ~vision, ~-wave, ~ yellow.

radio[2] v.t. & i. (सन्देश इत्यादि) आकाशवाणी[F] द्वारा भेजना, प्रसारित करना।

radio- अर- (*~-carporal*); तेज- (*~-activity, ~-balance, ~-goniometer, ~ gram, ~-telegram, ~-gramophone, ~graph, ~-location, ~logy, ~meter, ~phony, ~ scopy, ~-therapy*); वितन्तु- (*~-acoustics*)।

radio-active रेडिअॅ-ऐक्'टिव् a. (रसा०, भौ०) विघटनाभिक; तेजोद्विरि, तेजोधर्मी, स्कन्दनकारी, (रसा०, भौ०) रेडियोधर्मी, रेडियो-एक्टिव; ~ constant, ~ decay, ~ deposit, ~ equilibrium, ~ mineral, ~ transformation।

radio-activity –ॲक्टि'विटि n. तेजोद्विरण, तेजोद्विरता[F], स्कन्दनकारिता[F], विघटनशीलता[F], विकिरणशीलता[F], (रसा०, चि०, भौ०) रेडियो-धर्मिता[F], रेडियो-एक्टिवता[F]।

radiochemistry –के॑'मिस्ट्रि n. तेज-रसायन, (रसा०) रेडियो-रसायन, रेडियो-ऐक्टिव-रसायन, रेडियो-केमिस्ट्री[F]।

radiogram रे'डिॲग्रैम् n. वितन्तु-लेख, वितन्तु-सन्देश, रेडियो-तार, रेडियोग्राम।

radiograph[1] –ग्राफ् n. वितन्तु-सन्देशन, वितन्तु-प्रेषण; किरणलेख यन्त्र, गभस्ति-लेख; क्ष-रश्मि-चित्रण, एक्स-रे-चित्र।

radiograph[2] v.t. क्ष-रश्मि-चित्रण करना।

radiographer –ऑ'ग्रफर् n. क्ष-रश्मि-चित्रक, एक्स-रे-चित्रकार।

radiographic –ॲग्रै'फिक a. क्ष-रश्मि-चित्रण-विषयक, रेडियोग्राफ-सम्बन्धी (*~ work*)।

radiography –ऑ'ग्रॅफि n. विकिरणी-चित्रण, क्ष-रश्मि-चित्रण, एक्सरे-चित्रण, एक्सरेसे चित्र लेना।

radiolarian रेडिॲलेअ'रिॲन् a. अरसूत्रपाद-, अरसूत्रपादीय, जल-जीवीय, जलजीवी-विषयक, समुद्रके छोटे-छोटे जीवोंसे सम्बन्धित।

iradolocation रेडिॲलॅके'शॅन् n. =RADAR; एक्स-रे-स्थित्यन्वेषण, रेडियोरश्मि[F] द्वारा स्थिति[F]का अन्वेषण।

radiological रेडिॲलॉ'जिकॅल a. (रसा०) विकिरण-विज्ञान-सम्बन्धी; विकिरण-चिकित्सात्मक, ऐक्स-किरण-चिकित्सात्मक, रेडियोधर्मी; क्ष-रश्मिक, क्ष-रश्मिकीय, एक्स-रेका (*~ physiology*)।

radiologist –ऑ'लॅजिस्ट् n. (रसा०, चि०) विकिरण-विशारद, रश्मिविद्, क्ष-रश्मि-विज्ञानी, विकिरण-चिकित्सक, ऐक्स-किरण-चिकित्सक, एक्स-रे-विद्, एक्स-रे-विशेषज्ञ।

radiology –जि n. क्ष-राश्मिकी[F], क्ष-रश्मि-विद्या[F], विकिरण-चिकित्सा[F], ऐक्स-किरण-चिकित्सा[F]; (रसा०, भौ०) विकिरण-विज्ञान, रेडियम-विज्ञान, एक्स-रे-विज्ञान, T.

radiometer –'मिॅटॅर् n. विकिरणमान, (रसा०, भौ०) विकिरणमापी, रेडियोमीटर, T. (*~effect*)।

radiometry –ट्रि n. (भौ०) विकिरणमिति[F]।

radiomicrometer –ॲमाइक्रॉ'मिॅटॅर् n. (भौ०) सूक्ष्म-विकिरणमापी।

radiometrical –मे॑'ट्रिकॅल् a. विकिरणमानीय, विकिरणमान-विषयक, विकिरण-सम्बन्धी, रेडियोमीटरका।

radiophone रे'डिॲफोन् n. विकिरणभाष, रेडियोफोन।

radioscope रे'डिॲस्कोप् n. विकिरण-दर्श या दर्शक यन्त्र, (रसा०) रेडियदर्शी, रेडियोऐक्टिवतादर्शी, रेडियोस्कोप।

radioscopy रे'डिॲस्कॅपि n. तेजेक्षा[F], रेडियोस्कोपी।

radiotherapy रे'डिॲथे॑'रॅपि n. (चि०) विकिरण-चिकित्सा[F], रेडियो-चिकित्सा[F], क्ष-रश्मि-चिकित्सा[F], एक्स-रे-चिकित्सा[F]।

radish रै'डिश् n. (कृषि०) मूली[F]।

radium रे'डिॲम् n. तेजातु, (रसा०) रेडियम;
~ bath; ~ emanation, ~ heat, ~ lead, ~ point, ~ preparation, ~ therapy, ~ vermilion.

radius रे'डिॲस् n. (pl. *-ii*) (कृषि०, चि०) रेडियस, (जीव०, कृषि०, चि०) बहिष्प्रकोष्ठिका[F], अणु-प्रकोष्ठास्थि[F], कुहनी[F]की हड्डी[F]; जन्तुओंकी अगली टाँगों[F]की हड्डी[F], पक्षियोंके पंखोंकी हड्डी[F]; (ग०) अरित्र, अर, अरा, जीवा[F], (वन०, रसा०, त्रिकोण०, कलन०, भौ०) त्रिज्या[F] (*~ rod*), अर्द्धव्यास, व्यासार्ध; त्रिज्यावत् कोई अन्य रेखा[F]; (किसी स्थानसे) समान दूरी[F]पर चारों ओरका क्षेत्र, घेरा (*knows everyone within a ~ of 20 miles*); अर-पट्ट, T.; वर्तुलाकार क्षेत्र, अर्ध-व्यासकी परिधि[F]; (वन०) पुष्पचूड़ा[F], किसी पुष्पकी ऊपरी गोट[F], छत्रस्तबककी आरवत् शाखाएँ[F]; ~ of action फेरकी दूरी[F]; ~ of movement संचलन दूरी[F]; ~ vector (ग०) सदिश त्रिज्या[F]; ध्रुवान्तर, ध्रुवांतर रेखा[F]।

radix रे'डिक्स n. (pl. *-ices*), मूल संख्या[F], (गणि०) मूलांक (*~ fraction*); (चि०) मूल (मूलतन्त्रिकाओं[F]-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का), मूलस्रोत, आदि स्रोत, उद्गम।

radon रे'डॉन् n. (रसा०) तैजसवातिF, रेडियम-गैसF, T.

radula रै'ड्यूलॅ n. रेत्रिकाF, (जीव०) रेतीजिह्वाF; चूर्णप्रावार-जिह्वाF, T.

raduliform रे'ड्यूलॅफॉर्म् a. रेत्रिकाकृति, रेत्रिकाकार, चूर्णप्रावार-जिह्वा सदृश, फीते-जैसा।

R.-Adm. Rear-Admiral.

R.A.E.C. Royal Army Education Corps.

R.A.e.S. Royal Aeronautical Society.

R.A.F. Royal Air Force.

raff रैफ़् = RIFF-RAFF.

Raffaelesque, Raphaelesque रैफ़ेअे'लेस्क्', रैफ़ेअे'लेस्क् aa. रैफ़ेलकी शैलीFसे सम्बन्धित।

raffia रे फ़िअॅ n. वज्रतन्तु, रैफ़िया (मैडागास्करकी खजूरF या ताड़F)।

raffish रै'फ़िश् a. दुर्वृत्त, दुर्नाम, निन्द्य, नीच, लम्पट, व्यसनी, आमोदप्रिय, पोच, ओछा, छिछोरा, बदनाम, बदमाश।

raffle[1] रै'फ़ॅल् n. द्यूत-विक्रय, जुआ-बिक्रीF, चिट्ठीF डालकर वस्तु-विक्रय, चिट्ठीF, पाँसा, लाटरीF।

raffle[2] v. i. & t. द्यूत-विक्रयमें भाग लेना, द्यूत-विक्रय करना, चिट्ठीF डालकर सामान बेचना, पाँसा फेंकना।

raffle[3] n. कीट, छीलन-छालन, कतवार, कबाड़, कूड़ा-करकट, कंकड़-पत्थर, तलछटF।

R.A.F.M.S. Royal Air Force Medical Service.

raft[1] राफ़्ट् n. उडुप, प्लव, बेड़ा, तरापा, (नौका रूपमें प्रयुक्त) लट्ठोंका ठाट; पटरा; छिछला तट⊙; ~ foundation (यन्त्र०) फ़र्शी नींवF, बेड़ेदार नींवF, बेड़ेदार बुनियादF; ~ sman (बेड़ेका) खेवैया, खेवनहार।

raft[2] v.t.& i. बेड़ा बनाना; बेड़ा खेना;बेड़ेसे पार करना।

rafter[1] –'टॅर् n. बेड़ा बनानेवाला।

rafter[2] n. धरण, धरणीF, स्थूणाF, धन्नीF, (यंत्र०) कड़ीF, शहतीर।

rafter[3] v.t. (प्रायः भूतकृ० में) धन्नी लगाना, कड़ीF लगाना; छोड़-छोड़कर गण्डेदार जुताईF करना।

rafty राफ़्'टि a. क्लिन्न, आर्द्र, नम।

rag[1] रैग्' n. चीवर, चीर, चिथड़ा, धज्जीF, लत्ता; (बहुव०) जीर्ण-शीर्ण वस्त्र, चिरकुट, गूदड़; टुकड़ा (*flying ~s of cloud*); (अपमानजनक) झण्डा, रूमाल, पर्दा, समाचारपत्र, कागज; (क०) दाँतेदार या कटावदार छज्जा; ~ bolt (यंत्र०) काँटेदार काबला, ~ time (अमेरिकाका) एक हब्शी संगीत; (गुण०) हास्यास्पद; ~-boy गुड्डा; ~ sorters' disease (चि०) घातक पेन्थ्राक्स; ~ wort कन्थापर्ण; *in ~s* फटा-पुराना; ~-bleacher, ~ jag, ~ paper, ~ sorter ~ weed.

rag[2] n. (छतF में लगानेका) एक खुरदरा स्लेटी पत्थर।

rag[3] n. कोलाहल, तुमुल, हंगामा, चिल्लपोंF।

rag[4] v.t. & i. (बोल०) कटु भर्त्सनाF करना; डाँटना, डपटना, फटकारना, झाड़ बताना, झलाना, बौखलाना, खरी-खोटी सुनाना, बुरा-भला कहना, खबरF लेना; ताने मारना, आवाजेंF कसना; चिल्लाना, हल्ला करना; (कमरेमें वस्तुएँF आदि) अव्यवस्थित कर देना, विपर्यस्त कर देना, गड़बड़ कर देना; मजाक करना, चिढ़ाना; सताना, दिक करना; चिथड़े करना, गूदड़ बनाना।

ragamuffin रै'गॅमफ़िन् n. चिथड़ेदार, चिरकुटदार, गूदड़धारी, फटीचर, फटेहाल।

rage[1] रेज्' n. (शिक्षा०) रोष, प्रकोप, प्रचण्ड क्रोध, क्रोधावेश, क्रोधोन्माद, क्षोभ, उत्ताप, ताव, तैश, तमकF, झुँझलाहटF, गुस्सा; उन्माद, उन्मेष, उत्सेक, उत्कट भावनाF, उत्साह, उमंगF, उफान, जोश, झोंक, झोंकाF; उत्कट वासनाF, तीव्र लालसाF, प्रबल आकांक्षाF; व्यसन, आसक्तिF, अनुरक्तिF, बेहद शौक, लतF; उच्चण्डताF, तीक्ष्णताF, तीव्रताF; काव्योन्माद, कविताFका जोश; दैवी स्फुरण, दिव्य प्रेरणाF; सैनिक उमंगF या जोश।

rage[2] v.t. क्रुद्ध होना, कुपित होना; क्रोध करना, बकना-झकना, बमकना, तमकना, बौखलाना; (हवाF का) हरहराना; (समुद्रका) क्षुब्ध होना, ज्वारमें होना, उफनना, गर्जन करना; आवेशमें आना, तैशमें होना, झल्लाना, तावमें आना; (पीड़ाF आदिका) प्रचण्ड होना, प्रबल होना, उग्र होना, तीव्र होना; (युद्ध आदिका) जोर पकड़ना, होते रहना; ~ one*self out* (झंझा या तूफ़ानका) शान्त हो जाना, प्रशान्त होना, उतर जाना; आवेग शान्त होना, भड़ास निकल जाना, ठण्डा पड़ना, जोर घट जाना।

rageful –फ़ुल् a. क्रोधान्वित, कोपाकुल, आवेशपूर्ण।

ragg रैग्' n. = RAG[2].

ragged रै'गिड् a. (वन०) चीर्ण, चीरित; भद्दा, खुरदरा; दन्तुर, दाँतेदार, नुकीला; विषम, असम, उच्चावच, ऊँचा-नीचा, नाहमवार; (अग्र०) प्रक्षेपी, प्रक्षेपयुक्त; जीर्ण-शीर्ण वस्त्रधारी, गूदड़; जीर्ण-शीर्ण, फटे हाल, फटा-पुराना; सदोष, अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण, असंगत, अनुपयुक्त, खराब; ~ cutting (कृषि०) भौंड़ी कटाईF, ~school निर्धन-पाठशालाF, धर्मार्थ विद्यालय।

raggedness –निॅस् n. चीर्णत्व, चीर्णताF, चीरितत्व, चीरितताF; भद्दापन, खुरदरापन; दन्तुरताF, दाँतेदार होना, नुकीलापन; उच्चावचताF, विषमताF, असमताF, नाहमवारीF; प्रक्षेपिताF, प्रक्षेपयुक्तताF; जीर्ण-शीर्णताF, गूदड़पन; सदोषताF, अपूर्णताF, त्रुटिपूर्णताF।

rage(g)ie रा'गी n. रागीF, जुन्हरीF, मोटा अनाज।

ragi[1] रा'गी n. = RAGIE.

raging[1] रे'जिंग् n. क्रोध, कोप, गुस्सा, गुस्सा करना।

raging[2] रे'जिंग् a. सक्रोध, सकोप, क्रोधपूर्ण, कोपपूर्ण; उग्र, तीक्ष्ण, तीव्र, उच्चण्ड।

Raglan रैग्'लॅन् n. (एक प्रकारका कोट), रैगलन।

ragman –मॅन् n. चीर-चेता, चिथड़े एकत्र करनेवाला, चिन्दीF एकत्र करनेवाला; गुदड़ीF इकट्ठा करनेवाला; चीर-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यापारी, गुदड़ी[F] का व्यापारी, कबाड़ी।

ragout[1] रॅगूट्' n. सालन, तरकारी[F]।

ragout[2] v.t. सालन पकाना, कोरमा पकाना।

ragtag रैग'टैग् n. जनसमुदाय, जनकलाप, जनसमूह, भीड़[F]; गुण्डे लोग।

ragtime –टाइम्-n. (संगीत) रैगटाइम, एक अमेरिकी धुन[F]।

reguly रै'ग्यूलि a. (वनस्पतियाँ) उत्प्रसारी, बहिःप्रसारी, उत्क्षिप्त, बहिःक्षिप्त, बाहरकी ओर निकली हुई।

rahat lackoum रा'हैट् लॅकूम् n. (एक प्रकारकी तुर्की मिठाई[F]), राहते-लक्कम।

raid[1] रेड्' n. अभियान, सहसाक्रमण, आकस्मिक चढ़ाई[F]; (पुलिस[F] या दस्युदलका) **धावा, छापा,** हमला, लूटमार[F]।

raid[2] v.i. & t. आक्रमण करना, **धावा बोलना, छापा मारना,** हमला करना।

raider –डॅर् n. अभियात्री, सहसाक्रान्ता, आक्रमणकारी, आकस्मिक चढ़ाई[F] करनेवाला, छापा मारनेवाला, धावा बोलनेवाला, हमला करनेवाला।

raik[1] रेक्' n. मार्ग, रास्ता; यात्रा[F], सफर; क्षेत्र, विस्तार, अवधि[F], मार[F], पहुँच[F]; मैदान, चारागाह।

raik[2] v.i. जाना, घूमना, पहुँचना।

rail[1]* रेल्' n. कटहरा, बाड़ा*, रोक[F]; (लकड़ी[F] या लोहे की) शलाका[F], सलाख, सरिया, छड़; वंशक, अयोवंश, सयान, लोहेकी पटरी[F]*, रेल[F]*; (बहुव०) रेलवे अंश; ~ bearers (यन्त्र०) **बन्धक कड़ी[F]**; ~-chair पटरी-बैठक[F], पटरी-पकड़[F]; ~head पथ-सीमा[F], पटरी-शीर्ष, रेलवे लाइनका अन्त; ~-motor स्वचालित रेल-यान; रेल[F]-मोटर[F]; ~ move **रेल[F] द्वारा, रेलसे**; ~ opening (रेल०) **खुली पुलिया[F]**; ~road ⊙ संयान, संयान-पथ, अयोमार्ग, रेलपथ, **रेल मार्ग**, रेलवे; v.t. (किसी व्यक्ति या वस्तु[F]को) घसीट ले जाना, घुसेड़ देना, झपटकर लिवा जाना; ~roader ⊙ रेलवेका आदमी; *off the ~s* अव्यवस्थित, अक्रम;

~ bearer ~ bender, ~ bond, ~-borne traffic, ~ car, ~-carriers, ~ clamps, ~ closure, ~ cluster, ~-cum-sea route, ~-cum-steamer route, ~-cum tramway ticket, ~ drill, ~ end, ~ fare, ~ fracture, ~ hoad, ~ joint, ~ journey, ~ level, ~ priority, ~ profile, ~ road bridge, ~road car, ~road services, ~road yard, ~ section, ~ sheats, ~ table, ~ ticket, ~ trade, ~-truck, ~ wing.

rail[2] v.t. & i. कटहरा लगाना, घेरा बनाना, बाड़[F] लगाना; (बैंच[F] आदिमें) लकड़ी[F]की पट्टियाँ[F] लगाना; रेल[F] लगाना, पटरी[F] बिछाना, सरिया बिछाना; रेल-यात्रा[F] करना, रेल[F]में चढ़ना या चढ़ाना।

rail[3] n. (एक पक्षी-विशेष), रेल[F]।

rail[4] v.t. दुर्वचन कहना, गाली[F] देना, अबे-तबे कहना, डाँट-फटकार[F] करना, झाड़ना, ताना मारना।

railer –लॅर् n. दुर्वचनी, अपवादी, निन्दक, आक्रोशक, गाली बकनेवाला।

railing[1] –लिंग् n. कटहरा, (यन्त्र०) **वेदिका[F]**; बाड़ा, **जंगला, रेलिंग[F]**।

railing[2] n. दुर्वचन, अपवाद, आक्रोश, भर्त्सना[F], गाली[F], फटकार[F], झाड़[F]।

railing[3] a. दुर्वचनपूर्ण, अपवादात्मक, झाड़-फटकार-वाला।

raillery –लॅरि n. विनोद, परिहास, व्यंग्य, दिल्लगी[F], ठठोली[F], फबती[F], चुहल[F], मजाक, हँसी[F], बोली-ठोली[F]; = RAILING[2].

railless रेल'लिॅस् a. बेपटरी, बिना रेल[F]का, बेरेल।

railway –'वे n. संयान; रेल[F]; अयोमार्ग, लौहमार्ग, रेलपथ, रेलमार्ग, रेलवे लाइन[F], **रेलवे[F]**;

~ accident, ~ administration, ~ advice, ~ authority, ~ ballast, ~ bill, ~ board, ~ bookstall, ~ bridge, ~ car, ~ carriage, ~ cash guard, ~ charges, ~ clearing accounts office, ~ company, ~ concessions, ~ construction, ~ consultant, ~ contract, ~ control, ~ creeper, ~ crossing, ~ department, ~ dispensary, ~ district, ~ embarkment, ~ employee, ~ enclosures, ~ engine, ~ engineer, ~ engineering, ~ exchange accounts, ~ fare, ~ free, ~ freight, ~ gate, ~ goods clerk, ~ gradient, ~ guard, ~ hospital, ~ institute, ~ invoice, ~ journey, ~ label, ~ land, ~ line, ~ loops, ~ mail, ~ material, ~ matters, ~ note, ~ officer, ~ parcel, ~ parcel office, ~ pass, ~ police, ~ project, ~ protection force, ~ provident fund, ~ receipt, ~ refreshment car, ~ refreshment room, ~ refreshment room licence, ~ reservation, ~ restriction, ~ risk, ~ route, ~ 's adviser, ~ saloon, ~ servant, ~ shares, ~ siding, ~ signaller, ~ sleeper, ~ staff, ~ station staff, ~ stitch, ~ stock, ~ system, ~ ticket, ~ time, ~ track, ~ train, ~ transport, ~ traveller, ~ tribunal, ~ truck, ~ tunnel, ~ wagon, ~ warrant, ~ warrant form, ~ works.

railwayless –लिॅस् a. रेलमार्ग-विहीन।

raiment रे'मॅन्ट् n. (छन्द तथा भाषण०) वस्त्रालंकार, वस्त्र-सज्जा[F], वेशभूषा[F], परिच्छद, कपड़े, पहनावा, लिबास, जामा।

rain[1]* रेन्' n. वर्षागम, वृष्टि[F], (प्रा० भूगोल०, कृषि०) **वर्षा[F]***, मेह, बरसात[F]*, बारिश[F]; (बहुव०) धारासार वृष्टि[F], मूसलाधार वर्षा[F], झड़ी[F], मेहके झाले, छींटा, बौछार[F]; ~coat **बरसाती[F]**; ~fall (कृषि०)

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वृष्टि[F], वर्षा[F], वृष्टि[F] (की मात्रा[F]), (कृषि०) (~ *distribution*, ~ *map*, ~ *variability*) ~ gauge (कृषि०) वर्षामापी, वर्षामान, वृष्टिमान, वृष्टिमापी, वर्षामापक; ~ -glass वायु-चाप-मापक, वायु-दाब-मापक यंत्र, बैरोमीटर; ~ shadow वर्षा-प्रतिमुख-प्रदेश; (प्रा० भू०, ऋतु०) वृष्टिछाया[F]; ~-spell वर्षा[F] की झड़ी[F]; ~-worm केंचुआ, केंचुला, गोजई[F]; ~ *or shine* बरसे या न बरसे; *the ~s* वर्षा[F], वर्षाकाल, पावस[F], वर्षाऋतु[F], बरसात[F];

~ band, ~ bearing, ~-beaten, ~ bird, ~-bitten, ~-bound, ~ bow, ~ burst, ~-damped, ~-drenched, ~-driven, ~ drop, ~ factor, ~fall auxiliary, ~fall chart, ~fall constant, ~fall curve, ~fall data, ~fall distribution, ~fall efficiency, ~fall factor, ~fall intensity, ~fall normal, ~fall recording station, ~fall registration, ~fall station, ~fall statistics, ~fall table, ~forest, ~ fowl, ~-gauge platform, ~-gauge station, ~ indicator, ~-making ~ print, ~ proof, ~-quail, ~ shadow, ~-soaked, ~ spell, ~ squall, ~ storm, streaked, ~ s weeding, ~-swept, ~ thunder, ~ tight, ~ tree, ~ wash, ~ water, ~-water pipes, ~ weather.

rain[2] v. i. & t. बरसना, पानी पड़ना, मेंह गिरना, बारिश[F] होना; (ला०) वर्षा[F] होना, तार बँधना, बौछार[F] होना, झड़ी[F] लगना; उमड़ना, भरमार होना; वृष्टि करना, वर्षा[F] करना, बरसना, बौछार[F] करना (*flowers ~ from their hands*; *~ in*) अन्दर बौछार[F] आना।

rainbow –बो n. इन्द्रचाप, इन्द्रधनुष; (गुण०) इन्द्रधनुषी, बहुरंगी;

~ orange, ~ red, ~ scarlet, ~-trout.

raininess –निनिॅस् n. बहुवृष्टि[F], वर्षालुता[F]; वर्षा-बाहुल्य, वृष्टिमत्ता[F], बरसातीपन।

rainless –न्'लिॅस् a. निर्वृष्टि, वर्षाहीन, शुष्क, सूखा।

rainy –नि a. वृष्टिमत्, वर्षिक, बहुवृष्टि, वर्षाबहुल; प्रावृषिक, मेह-सम्बन्धी, बरसाती, बरसातका (*~season*); जलधर, वर्षाकारी, नीर-भरा, मेंह भरा; ~ day (ऋतु०) वर्षाका दिन; (ला०) दुर्दिन, आपत्काल, संकटकाल, विपन्नावस्था[F] (*provide against a ~ day*)।

raise[1] रेज़् n. वेतन-वृद्धि[F]; पोकरका दावँ, ब्रिजकी बोली[F]।

raise[2] v.t. (प्रायः *up* के साथ) उन्नीत करना, उद्वहन करना, उन्नत करना, उत्थापन करना, उत्थित करना, उत्क्षिप्त करना, ऊपर उठाना, (विधा०) ऊँचा करना, ऊँचे उठाना; सचेत करना, चेताना; प्रोत्साहित करना, उत्साहित करना, जाग्रत करना, उकसाना, उभाड़ना, जोश दिलाना; (किसीके विरुद्ध) उत्तेजित करना, भड़काना; अभिजनन करना, उत्पन्न करना, प्रजनन करना; निर्माण करना, रचना, गढ़ना; उत्क्रोश करना, उद्घोष करना, श्राव्य बनाना, कहना; (विवाद आदिका) अवसर देना, कारण उपस्थित करना; (किसी बात[F] से) निष्कर्ष निकालना, फल निकालना, उपस्थापित करना, प्रस्तुत करना, पेश करना; (आपत्ति[F]) उठाना, करना; पदवृद्धि[F] करना, उच्चतर पदपर नियुक्त करना; (भूमि[F] से) कर्षित करना, खींचना, निकालना; ऊर्ध्वोन्मुख या ऊर्ध्वमुख करना; श्रेष्ठतर बनाना, शुद्धतर बनाना, पवित्रतर बनाना; (ध्वनि[F] आदिका) तीव्रतर करना; (नौवि०, भूमि[F] या पोतका) दृष्टि[F] में आना, दिखाई पड़ना; स्तर ऊँचा उठाना; उद्ग्रहण करना, उगाहना, वसूलना; संग्रह करना, इकट्ठा करना (*~money, tax*); आरोपित करना; (घेरा, मार्गावरोध इत्यादि) मुक्त करना, उठा लेना, हटा लेना, त्याग देना; बाध्य करना; उठना, उन्नति[F] करना ⊙; बढ़ाना, विकसित करना ⊙; पोषण करना, पालन करना ⊙; *~ a dust* (शा० एवं ला०) वात्याचक्र पैदा करना, बवण्डर उठाना, गर्द[F] उड़ाना, धूल[F] डालना; सत्यपर पर्दा डालना; *~ a laugh* हँसी[F] मचाना, लोगोंको हँसाना; *~ a siege* घेरा उठा लेना; *~ bread* रोटी[F] फुलाना; *~ cloth* कपड़ा घोंटना, कपड़ेपर रोयाँ ज़माना; *~ loans* उधार लेना; *~ one's eyes* ऊपर देखना, आँख[F] उठाना; *~ one's hat* विनम्र होना, विनत होना, टोपी[F] उतार लेना; *~ the wind* रुपया उधार लेना।

raised ⊙ –ड्' a. जात, उत्पन्न; पोषित, लालित, पालित; शिक्षित; उन्नीत, उत्थापित, उत्थित, उद्वाहित, उभरा, उठाया हुआ;

~ beach, ~ causeway, ~ head, ~ panel.

raiser –'ज़ॅर् n. उन्नायक, उन्नेता, उत्क्षेप्ता, उद्वाहक, उत्थाता, उठानेवाला; सचेतक, चेतानेवाला; प्रोत्साहक, जोश दिलानेवाला, उकसानेवाला।

raisin रे'ज़् न् n. द्राक्षा[F], दाख[F], मुनक्का, किशमिश।

raising रे'ज़िंग् n. उत्थापन, उन्नयन, उठाना, खड़ा करना, बढ़ाना।

raison de etre (F) मुख्य प्रयोजन, मूल अभिप्राय।

raisonne रे'ज़ॅने a. सुव्यवस्थित, परिव्यवस्थित, पूर्णरूपसे व्यवस्थित; क्रमयुक्त, क्रमपूर्ण, क्रम-व्यवस्थित।

raj राज़' a राज्य, राज; (*the British ~ in India*)।

raja(h) रा'ज़ॅ n. राजा।

rajput राज़'पूट् n. राजपूत।

rake[1] रेक' n. संकिर, (कृषि०) पाँचा, (यंत्र०) पंजा, (कृषि०) जेली, हेंगा, T.

rake[2] v.t. & i. (पाँचेसे) संकृत करना, संकीर्ण करना, एकत्र करना, बटोरना, समेटना, खींचना, हटना, हटाना, बुहारना; उकसाना, कुरेदना; खोलना (*~ out the fire*); खुरचना, खरोंचना; गोली[F] बरसाना, गोलाबारी[F] करना; दृष्टि[F] दौड़ाना, निगाह[F] डालना; पाँचा या जेली[F] चलाना; खोज[F] करना, खोजना, ढूँढ़ना, छानबीन[F] करना, टटोलना (*has ~d all history for a proof*); ~-off ⊙ कमीशन।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

rake[3] n. दुश्चरित्र, लम्पट, व्यसनी, दुराचारी, विलासी, बाँका, छैला, बना-ठना, आवारा, गुण्डा।

rake[4] n. वक्रता[F], नति[F], (परि०) निकासा, झुकाव, मोड़, खम।

rake[5] v. i. & t. (पोतक) पेंदेसे निकलना या निकालना, पृष्ठभागकी ओर झुका हुआ होना (*bicycle's front forks are ~d*)।

rakehell रेक्'हेॅल् n. लम्पट, व्यसनी, लुच्चा, आवारा।

raker रे'कॅर् n. संकर्ता, संकीर्णक, समेटनेवाला, बटोरनेवाला; कुरेदनेवाला, खुरचनेवाला; (यंत्र०) धक्क; (इंजी०) पंजा, गोलाबारी[F] करनेवाला; ढूँढ़नेवाला, छानबीन[F] करनेवाला।

raking[1] रे'किंग् n. संकिरण, (कृषि०) कुरेदना, पाँचेसे बटोरना, पटेलासे बटोरना, जेलीसे बटोरना, हेंगासे बटोरना; संकीर्ण वस्तु[F], बटोरी हुई वस्तु[F], एकत्र की घुई चीज[F]; ~ out कुरेदना; ~ shore (यंत्र०) धक्क।

raking[2] a. क्षिप्र, प्रजवी, प्रवेगी, शीघ्रगतिवान्, जल्दी-जल्दी चलनेवाला; ~ bond तिरछी चाल[F]; ~ flashing ढलवाँ ढाँप।

rakish[1] रे'किश् a. लम्पट, व्यसनी, भोगासक्त, दुराचारी, आवारा; दुराचार-विषयक।

rakish[2] a. दस्यु-पोत, आवारा जहाज, छापामार जहाज।

rakishness –निॅस् n. दुश्चरित्रता[F], लम्पटता[F], व्यसन, विलासिता[F], दुराचार, गुण्डई[F], आवारापन।

R.A.L. Royal Academy of Literature.

rale राल्' n. (चि०) आगन्तुक ध्वनि[F], फुप्फुसकी, बुद्बुदध्वनि[F], श्वसनियी[F]में मिलनेवाली।

rally[1] रै'लि n. पुनरेकत्रीकरण, पुनःसम्मिलन; व्यूहीकरण, समाहरण; सम्मेलन यात्रा[F], रैली; समागमन, जमाव, जुटाव, जमघट; प्रकृतिस्थता[F], स्वास्थ्य, बल-लाभ।

rally[2] v.t. & i. एकत्र होना, सम्मिलित होना, श्रेणीबद्ध होना, इकट्ठा करना या होना, जमना, जुटना; पुनः संघर्ष करना, फिर युद्ध आरम्भ करना; पुनः एकत्र करना, समाहरण करना, व्यूहीकरण करना; समुत्थित होना, प्रकृतिस्थ होना, स्वस्थ होना, बल-लाभ करना, आरोग्य-लाभ करना।

rally[3] v.t. परिहास करना, विनोद करना, चुहल[F] करना, चुटकी[F] लेना, हँसी-ठट्ठा करना, मजाक करना।

ram[1] रैम्' n. जलमेष, मेष, मेढ़ा, भेड़ा, दुम्बा; (*the R~*) मेष राशि[F]; युद्धपोतकी नोक[F] या फाल; नुकीला युद्धपोत; (नींव[F] आदिकी कड़ी[F] गाड़नेकी) मोंगरी[F], मूसल, थापी[F], दुरमुस, दुरमुट; (तोप[F]का) मुसला; पानी ऊपर चढ़ानेकी कल[F]; जल-पम्पकी धौंकनी[F] या प्लंजर।

ram[2] v.t. कूटना, (कूट-पीसकर) ठोक करना; दुरमुस चलाना, थापी[F] चलाना, मोंगरी[F] चलाना; (स्तम्भ या पौधेकी चारों ओरकी) मिट्टी[F] कूट-पीटकर मजबूत करना; ठोंकना, गाड़ना, बैठाना; ठूँसकर भरना (*~ med his clothes into the bag*); पूरा भरना, भरकर ठूँसना; फाल मारना, चीर देना; धक्का मारना, (परि०) टक्कर[F] मारना, लड़ाना; पटकना, दे मारना (*~med his head against the wall*)।

ram[3] n. (नौवि०) नौका[F]की पूरी लम्बाई[F]।

R.A.M. Royal Academy of Music.

R.A.M.C. Royal Army Medical Corps.

Ramadan रैमॅडैन्' n. (मुसलमानोंका) रमजान (का महीना)।

ramal रे'मॅल् a. शाखीय, प्रशाखीय, शाखा-विषयक, प्रशाखा-सम्बन्धी, टहनियों[F]का।

ramapithecus पिथेकस् n. (इति०) शाखाकपि।

ramble[1] रैम्'बॅल् n. संचरण, विचरण, परिभ्रमण, पर्यटन, विहार।

ramble[2] v.i. संचरण करना, विचरना, पर्यटन करना, विभ्रमण करना, विहार करना, सैर[F] करना, घूमना, टहलना; प्रलाप करना, असम्बद्ध बोलना, बेसिर-पैरकी बातें[F] करना।

rambler –लॅर् n. संचरणशील, विचरणशील, पर्यटक, परिभ्रमणकारी, घुमन्तू, घुमक्कड़, सैलानी; एक आरोहण-शील गुलाब।

rambling –लिंग् a. संचरणशील, पर्यटनशील, भ्रमण-शील; असंगत, असम्बद्ध, असंलग्न, शिथिल; (पौधा) आरोहणशील, इधर-उधर चढ़नेवाला या लिपटनेवाला; (घर, मार्ग इत्यादि) अनियत, अव्यवस्थित, अस्तव्यस्त, अलूल-जलूल, बेढंगा, बेकायदा, बेतरीका।

ramekin, -quin रै'मिॅकिन्, -किन् n. मक्खन और अण्डेवाली रोटी[F]।

ramentum ⊙ रैमे॒न्'टॅम् n. (वन०) शल्कावरण, T.

rameous रे'मिॅअॅस् a. शाखीय, प्रशाखीय, शाखागत, शाखा-विषयक, प्रशाखा-सम्बन्धी, टहनी[F]का।

ramicole –कोल a. (वन०) शाखाश्रयी।

ramie रै'मी n. चीन-घास[F] (तन्तु), (चीन और पूर्वी द्वीपसमूहकी) एक प्रकारकी बिच्छू-बूटी[F] (का रेशा)।

ramification रैमिफ़िके'शॅन् n. उपशाखा[F], (ग०) बहुशाखन, बहुशाखिता[F], (चि०) प्रशाखीभवन, शाखा-प्रतिशाखा[F], (कृषि०) शाखा[F]में शाखा-विस्तार, शाखा-संविभाग, शाखाविभाजन, श्रेणी-विभाग (*the ~s of a river, society, trade*);

~ group, ~ index, ~ number.

ramified –'मिफ़िड् a. शाखानय; शाखायित (*railways were ~ over the country*)।

ramify –फ़ाइ v. i. & t. शाखायित करना, शाखावत् निकालना, शाखाओं[F]में विभक्त होना या करना, हिस्सोंमें बँटना या बाँटना, फटना, अलग-अलग होना।

ramline रैम्'लाइन् n. नौरज्जु[F], पोतरज्जु[F], बननेवाले जहाजके बीचकी रस्सी[F]।

rammer रै'मॅर् n. (कृषि०, यंत्र०) थापी, दुरमुस, दुरमुठ, धुम्मस, मोंगरी[F], मुग्दर, ठूँसनी[F]; ठोकने-वाला।

ramming –मिंग् n. (यंत्र०, परि०) कुटाई[F]।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

rammish रैं'मिश् a. पौतिक, पूतिमय, दुर्गन्धित, दुर्गन्धमय, उग्रगन्ध, तीव्रगन्धयुक्त, बदबूदार।
rammishness –निॅस् n. पौतिकता^{F}, पूतिमयता^{F}, दुर्गन्धिता^{F}, दुर्गन्धमयता^{F}, बदबूदार होना।
rammy रैं'मि a. अजमेषवत्, मेषवत्, मेढ़ा-जैसा, भेड़ा-जैसा, दुम्मा-जैसा, दुम्बा-सा।
ramose रॅमोस्' a. उच्छाख, शाखी, प्रशाखी, शाखामय, शाखाबहुल, शाखदार।
ramous रे'मॅस् a. उच्छाख, शाखी, प्रशाखी, शाखामय, शाखा-बहुल, शाखदार, टहनीदार।
ramp[1] रैम्प्' n. प्रवणी^{F}, उद्भंग, (यंत्र०, इति०, परि०) ढाल, ढलान, ढलुवाँ, उतार; उछलकूद^{F}, **रपटा**, कुलाँच^{F}।
ramp[2] v. i. & t. आक्रमणकारी मुद्रा^{F}में आना, पिछले पैरोंपर खड़ा होना; क्रोध दिखाना; आक्रमण करना, झपटना, आ पड़ना, चढ़ बैठना; कूदना, फाँदना, उछालना; ढालू बनाना, चढ़ाना या उतारना; चढ़ाव-उतारमें करना।
ramp[3] n. & v. i. & t. कल्पित ऋण (वसूलनेकी चेष्टा करना), चोरबाजारी^{F}के सामान (पर अत्यधिक मूल्य लेना)।
rampage[1] रैम्पेज्' n. प्रखर व्यवहार, हिंसात्मक वर्ताव।
rampage[3] v. i. दुर्व्यवहार करना, अशिष्ट व्यवहार करना, बुरा वर्ताव करना; क्रोध दिखाना, आवेशमें आना, झुँझलाना; आक्रमण करना, झपटना, टूट पड़ना।
rampageous –'जॅस् a. हिंस्र, खूँखार, रूखा।
rampageousness –निॅस् n. हिंसा^{F}, अमर्ष, खूँखारी^{F}, रूखापन।
rampancy रैम्'पॅन्सि n. उग्रता^{F}, उद्रिक्तता^{F}, उत्सिक्तता^{F}, दुर्दान्तता^{F}, प्रचण्डता^{F}, अनियन्त्रण, प्रबलता^{F}; उच्छृंखलता^{F}; जोर; आक्रमणकारिता^{F}; व्याप्ति^{F}; विवृद्धि^{F}, संवृद्धि^{F}, उत्क्रम, आरोहणोन्मुखता^{F}।
rampant –न्ट a. उग्र, उद्रिक्त, उत्सिक्त, प्रचण्ड, दुर्दान्त, प्रबल, अनियन्त्रित, उच्छृंखल, असंयत, निरंकुश (*~ theorist*); पामर, नीच; आक्रमणकारी; व्याप्त; विवृद्ध, संवर्द्धित; आरोहणोन्मुख, ढालू (*~ arch*), परस्पर ऊँचे जोड़वाला।
rampart[1] रैम्'पार्ट् n. दुर्गप्राचीर, प्राकार, रक्षा-प्राकार, कोट, **परकोटा**, चहारदीवारी^{F}, शहरपनाह; रक्षा^{F}, आड़^{F}, बचाव, ओट^{F}।
rampart[2] v. t. (प्रायः चहारदीवारी^{F} इत्यादि बनाकर) रक्षा^{F} करना, बचाना, ओट^{F} लगाना।
rampike रैम्'पाइक् n. स्थाणु, नीरस-तरु, शुष्क-वृक्ष, सूखा पेड़, ठूँठ।
rampire रैम्'पाॅअॅर् n. (प्रा०) = RAMPART.
ramrod रैम्'रॉड् n. (बन्दूक^{F}की नली^{F} साफ करने या बारूद^{F} ठूँसनेका) छड़, ठूँसनी^{F}।
ramshackle रैम्'शैकॅल् a. भ्रष्ट, लड़खड़ाता, डावाँडोल, ढीला-ढाला (प्रायः मकान अथवा वाहन)।
ramson रैम्'सन् n. वन्य लशुन, जंगली लहसुन।
ramulose रै'म्यूलोस् a. = RAMULOUS.
ramulous –लॅस् a. शाखी, प्रशाखी, शाखामय, प्रशाखाबहुल, टहनीदार।
ramulus रे'मॅस् n. शाखिका^{F}।
ramus रे'मस्' n.(चि०) प्रशाखा^{F}, उच्छाखा^{F}, (सिरा, धमनी^{F}, तन्त्रिका^{F}की); (जीव०) **चिबुक-शाखा**^{F}, शृंग, अस्थिकाण्डसे तिरछा निकलनेवाला भाग; उपशिरा^{F}, नस^{F}।
ran[1] रैन्' n. (सुतली^{F} या रस्सी^{F}की) एक नाप^{F}।
ran[2] RUN[2] का भूतकालिक रूप।
R.A.N. Royal Australian Navy.
rance रैन्स् n. धूसर मर्मर, धूसर संगमरमर, धारीदार पत्थर।
ranch[1] n. (अमेरिकामें) पशुपालन केन्द्र, (प्रा० भू०) **पशुसंवर्धनालय**।
ranch[2] v.t. (पशुपालन-संस्था^{F}) संचालित करना, चलाना; खेत कमाना।
rancher –'चॅर n. पशुपालक, पशुपालन-क्षेत्राधिकारी, पशुपालन-केन्द्राधिकारी, पशुपालन-केन्द्रका मालिक।
ranchero रान्चेॅ'रो n. गोपाल, गोपालक, चारक, चरवाहा; पशुपालन-क्षेत्र-श्रमिक, पशुपालन-केन्द्र-अधिकारी।
ranchman रैन्च्'मॅन् n. पशुपालक, पशुपालन-क्षेत्राधिकारी, पशुपालन-केन्द्राधिकारी, पशु-स्वामी।
rancho रान्'चो (pl. -s) (यात्रियोंके लिए) झोपड़ी^{F} या झोपड़ियाँ^{F}, पशुपालन-केन्द्र।
rancid रैन्'सिड् a. कटु, दुर्वास, तीव्रगन्धि, दुर्गन्ध, कुवासी, (चि०) **विरस**, कुवासयुक्त, उग्रगन्ध, (रसा०, कृषि०) **पूतिगंधी, विकृतगंधी**, पूतिगन्धयुक्त, बदबूदार, गन्दा, (सड़ी हुई बासी चर्बीके समान गन्ध या स्वाद-वाला); *~* flavour (कृषि०) **खट्टा स्वाद**।
rancidity, rancidness –'डिटि, –निॅस nn. (कृषि०, रसा०) **विरसता**^{F}, **पूतिगन्धिता**^{F}, कटुता^{F}, दुर्वासता^{F}, कुवास^{F}, कुवासता^{F}, तीव्रगन्ध^{F}, कटुगन्ध^{F}, दुर्गन्ध^{F}, (कृषि०) **खटवास**^{F}, बदबू^{F}; तीव्रगन्धयुक्तता^{F}।
rancorous रैन्'कॅ रॅस् a. द्वेषशील, विषपूर्ण, विषाक्त; द्रोही, विद्वेषी, ईर्ष्यालु, ईर्ष्यापरवश, घृणामय; हिंसापूर्ण।
rancour –र् n. असूया^{F}, मात्सर्य, द्रोह, अतिद्वेष, विद्वेष, ईर्ष्या^{F}, बद्धमूल शत्रुता^{F}, वैर, मनमुटाव, डाह^{F}; हिंसा^{F}।
rand रैन्ड्' n. (जूतेका) भीतरी तला; (द० अफ्रीकामें) घाटियों^{F}के दोनों ओरकी पहाड़ियाँ^{F}; the R*~* जोहान्नूसबर्ग।
randan[1] रैन्डैन्' n. तीन व्यक्तियोंके खेनेकी रीति^{F}; ऐसी रीति^{F}की नाव^{F}।
randan[2] n. नौविहार; मत्तोल्लास, आनन्दोत्सव, कोलाहलपूर्ण मद्यपान; एक प्रकारकी नौका^{F}।
randem रैन्'डॅम् n. अश्वत्रय-वाहन, तीन घोड़ोंकी गाड़ी^{F}, तिनघोड़ा गाड़ी^{F}।
randiness रैन्'डिनॅस् n. विलासिता^{F}, कामवासना^{F}।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

random[1] रैन्'डॅम् n. दैवाधीन गति[F], अनिश्चित गति[F], अनियत रूप; लक्ष्यहीनता[F], यदृच्छा[F], *at* ~ अपूर्वसूचित, अतर्कित, सहसा, ससम्भ्रम, ससंवेग, अचानक; यत्रतत्र; योंही।

random[2] a. दैवाधीन, अनिश्चित, अनियत, **अनियमित**, विशृंखल, यत्रतत्र, **बेतरतीब**; यदृच्छ, **यादृच्छिक**, अविचारित, **सांयोगिक**, आकस्मिक, समसम्भावित, अटकलपच्चू, बिना सोचे-समझे; ~ check **स्थाली-पुलाक जांच**;

~ assortment, ~ fluctuation, ~ method, ~ motion, ~ numbers, ~ sample, ~ sampling, ~ selection, ~ shot, ~ throws, ~ variable, ~ variations.

randomization –माइज़े'शॅन् n. (सांख्य०) **यादृच्छिकीकरण; बेतरतीब करना**।

randomized –डॅमाइज़्ड a. (सांख्य०) **यादृच्छिकीकृत** (~ *blocks*)।

randomness –म्-निॅस् n. यदृच्छा[F], **यादृच्छिकता**[F], विशृंखलता[F], अविचारपूर्णता[F]।

R.&.R. Relief and Rehabilitation.

randy रैन्'डि a. उद्धत, अशिष्ट, असभ्य, हल्ला करनेवाला, शोर मचानेवाला; दृढ़, बलिष्ठ, मजबूत; (स्काट० में, गाय[F] आदि) दुष्ट, वन्य, अड़ियल, मुँहजोर, जंगली; (बोल०) सम्भोगेच्छु, कामोपभोग-वृत्तिमय, कामातुर विलासी, व्यसनशील।

ranee रा'नि n. राज्ञी[F], सम्राज्ञी[F], रानी[F]।

rang रैन्ग् RING[2] का भूतकालिक रूप।

range[1]* रैन्ज़् n. **क्षेत्र, प्रक्षेत्र**, परिक्षेत्र, **मण्डल, इलाका**; (भौ०, गति वि०, गणि०) **परास, परिसर**, गोचर, अभिसीमा[F]*, भ्रमण-सीमा[F], (प्रा० भू०) **विस्तार**, (प्रा० भू०) **विस्तृति**[F], हद्द*, फैलाव; स्थिति[F], दिशा[F]; (नौवि०) **दृश्यता**[F]; अवली[F], वीथी[F], क्यारी[F]; श्रेणी[F], राजि[F], पंक्ति[F], कतार[F]; पर्वतश्रेणी[F], **माला**[F]; विचरण, संचरण, भ्रमण, परिभ्रमण, पर्यटन, इधर उधर घूमना; चक्र, **मण्डल**, गोला, घेरा; पंजी[F], वही[F], रजिस्टर; (प्रा० भू०) **सीमान्तर**, रूपान्तरसीमा[F], परिवर्तन-सीमा[F]; तुला[F], सीमित माप[F], नाप[F]; दूरी[F], पहुँच[F], (*the ~ of her voice*); मनके दौड़नेकी शक्ति[F]; **चाँदमारी**[F], **तकनी**[F]; (बन्दूक[F], आदिका) गतिक्षेत्र, रसाई[F], दौड़[F], **मार**[F], सुदीर्घ चुल्ली-विशेष, पकानेका चूल्हा, रेंज; ~ finder लक्ष्य-दूरी-मापक यन्त्र, रेंज-फाइंडर; ~ officer वनराजि अधिकारी;

red[3]* a. शोण, अरुण, **रक्त**, लोहित, **लाल**, सुर्ख, खूनी; रक्तस्राव-विषयक; प्रदाह-सम्बन्धी; अत्याचार-विषयक; क्रान्ति-सम्बन्धी; क्रान्तिवादी, साम्यवादी, कम्युनिस्ट; शुभ, ~-breast रक्तकुमारी^{F}, (एक छोटी गानेवाली अँग्रेजी चिड़िया^{F}); ~cap ⊙ स्टेशनपरका दौवारिक या द्वारपाल, ~ cent ⊙ सबसे छोटा सिक्का, फार्दिंग; ~-eye 'रड' नामक एक प्रकारकी लाल मछली^{F}; ~ flag विद्रोह-चिह्न, विप्लव-ध्वज, युद्धसंकेत; विघ्नसंकेतक; खतरेकी झण्डी^{F}; ~ gold (प्रा० और का०) शुद्ध स्वर्ण, असली सोना, खालिस सोना; ~hat अँग्रेजी मुख्याधिकारी (उसके उपनामके रूपमें भी); (रोमन कैथा०) धर्माध्यक्षका हैट; ~-hot (रसा०) **रक्त-तप्त**, रक्तोष्ण, तपकर अति रक्तवर्ण; प्रमत्त, उत्तेजित, क्षुब्ध; क्रुद्ध ~ ink interest (वाणि०) **अग्रतिथि ब्याज**; ~ lead n. & v.t. (रसा०, यन्त्र०) **रक्त-सिन्दूर**, (यन्त्र०) **सिन्दूर**, सेंदुर (लेपन करना), सिंदूर (लगाना); ~-letter (पंचांगमें रक्ताक्षरोंमें सूचित) उत्सव; (ला०) महत्त्वपूर्ण, शुभ, स्मरणीय; (v.t.) स्वर्णाक्षरोंमें लिखना, आनन्दार्थ स्मरणीय रूपमें स्थिरता^{F} देना; ~ man, R~ Indian (उत्तरी अमेरिकाका मूल-निवासी), रेड इंडियन; ~ nag उत्तेजक वस्तु^{F}; ~skin दे० ~ man; ~ ochre **गेरू**; pumpkin gourd (कृषि०) **सीताफल, काशीफल**; ~ soldier एक प्रकार का शूकरज्वर (जिसमें चमड़ा लाल हो जाता है); शूकर-ज्वरसे पीड़ित सुअर; ~ spider पतमकड़ी^{F} (अंगूरकी पत्ती^{F} खानेवाला एक कीड़ा); ~start लाल दुमवाली एक विलायती चिड़िया^{F}; ~-streak लाल सेव; ~ tape दीर्घसूत्रता^{F}, दफ्तरी घिसघिस^{F}; ~-tapery नियम-जाल; ~-tapism अन्यौपचारिकता^{F}, नियमातिशय्य, नियम-बाहुल्य, फीताशाही^{F}; ~-tapist अतिशय नियमपालक; दीर्घसूत्री, वाग्डाम्बर-प्रेमी, घिस्सू, घिस-घिस^{F} करनेवाला; ~-water or tictet fever (श० र० शा०) चिचिड़ी ज्वर, (कृषि०) **रक्तमूत्र रोग**, (मवेशियों और भेड़ों^{F}का) मलेरिया (जिसमें लाल पेशाब आने लगती है); ~wood लाल काठवाले वृक्षोंकी जातियाँ^{F}; ~ worm (मछली^{F}के चारेमें प्रयुक्त) केंचुआ; the R~ Flag लाल झण्डी^{F}; एक आधुनिक क्रान्तिगीत; *see the ~ light* (ला०) विपदागमका आभास पाना, विपत्ति^{F} आनेका अनुमान करना;
~ algae, ~ antimony, ~ blood, ~ bodies, ~ cell, ~ clay, ~ corpuscle, ~ ~ crag, ~ cross, ~ deflector, ~ edge, ~ ensign, ~ gland, ~ heat, ~ hot, ~ milk, ~ nucleus, ~ ochre, ~ pine, ~ sea, ~ signal, ~ soil.

redact रिडैक्ट्' v.t. रूप-रंग देना, ढंगसे सजाना; साहित्यिक रूप देना; संशोधन करना; सज्जित करना, सुसज्जित करना; सम्पादन करना, सम्पादित करना।

redacteur रेडैक्टुर्' n. सम्पादक, संग्रहकर्ता।

redaction रिडैक्'शॅन् n. नूतन संस्करण; संशोधन, क्रमबन्धन, पुनरावृत्ति^{F}; रूपरंजन, सजावट^{F}; सम्पादन, संग्रहण।

redactor –'टॅर् n. सम्पादक, संशोधक, संग्रहकर्ता; रूपरंजक, सजानेवाला।

redan रिडैन्' n. दुर्ग-प्राचीरोत्क्षेप, दुर्ग-प्राचीरोत्सेध, किलेकी चहार-दीवारी^{F}का उभार; द्विमुख गढ़, दुर्ग-प्राचीर, दोरुखा किला या उसकी दीवार^{F}।

redargue रिडार्'ग्यू v.t. प्रतिषिद्ध करना, मना करना, रोकना; आनाकानी^{F} करना।

redd रेड्' v.t. सुलझाना, सँभालना, सँवारना, तरीकेसे रखना, साफ रखना; लड़ाई-झगड़ेसे बचाना।

redden रे"डॅन् v. t. & i. सराग करना, रक्तवर्ण करना या होना, लाल करना या होना, शर्माना, तमतमाना।

reddish, reddy रे"डिश्, रे"डि aa. आरक्त, **रक्ताभ**, रागाभास-, रक्ताभास-, अर्द्धरक्त, ईषद्रक्त, कुछ-कुछ लाल।

reddishness –निॅस् n. आरक्तता^{F}, रागाभास, रक्ता-भास, अर्द्धरक्तता^{F}, ईषद्रक्तता^{F}, रक्ताभता^{F}, सुर्खी^{F}, लाली^{F}।

reddition रिडि'शॅन् n. समर्पण; आत्मसमर्पण; प्राप्ति^{F}, पुनःप्राप्ति^{F}, वापसी^{F}।

reddle[1] रे"डॅल् n. गैरिक, रक्तमृत्तिका^{F}, हिरौंजी मिट्टी^{F},

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

गेरू; ~man गैरिक-खनक; गेरूका व्यापारी।

reddle[2] v.t. गैरिकरंजित करना, गेरूसे रँगना।

rede[1] रीड् n. (प्रा०) परामर्श, सलाह[F], राय[F], मशविरा; उपदेश, शिक्षा[F], पाठ, सीख[F]; संकल्प, निश्चय, मंसूबा, इरादा; लक्ष्य, उद्देश्य, आशय, अभिप्राय; वर्णन, विवरण; प्रबन्ध, कथा[F], कहानी[F]।

rede[2] v.t. (प्रा०) परामर्श देना, सलाह[F] देना, मशविरा देना; उपदेश करना, शिक्षा[F] देना, सीख[F] देना, पाठ पढ़ाना; अर्थ लगाना, मतलब समझना, हल करना; रहस्य खोलना, भेद जानना।

redeem रिडीम् v.t. (का०) **निष्क्रय करना, मोचन करना**, विमुक्त कराना, रिहा कराना, **छुड़ाना**; वापस लेना, लौटालना, मूल्य देकर भी पुनः प्राप्त करना, दाम देकर फिरसे खरीद लेना, छुड़ा लेना (~ *honour, position, land*); समाप्त करना, समझौता करना, दरहम-बरहम करना; प्रण पूर्ण करना, प्रतिज्ञा[F] पूरी करना, वचन निभाना; (धन देकर निष्क्रयदान द्वारा अपनी) प्राणरक्षा[F] करना, जान[F] बचाना; त्राण करना, परित्राण करना, उद्धार करना, मुक्त करना, रक्षा[F] करना, क्षतिपूर्ति[F] करना, प्रतिभू[F] देना, घाटा भरना, भावजा देना; प्रायश्चित करना; (किसी दोषसे) बचाना।

redeemability –मॅबि'लिटि n. निष्क्रेयता[F], शोध्यता[F], शोधनीयता[F]; विमोच्यता[F], मोचनीयता[F], उद्धरणीयता[F], स्वतन्त्रकरणीयता[F], स्वच्छन्दकरणीयता[F]।

redeemable –'मॅबॅल् a. शोध्य, शोधनीय; **निष्क्रेय** (~*rights*); (अर्थ०) प्रतिदेय (~ *debenture, ~ shell*), विमोच्य, **मोच्य**, मोचनीय, उद्धरणीय, छुड़ाने लायक।

redeemed –ड्' a. निष्क्रीत, विमोचित, उद्धारित।

redeemer –'मॅर् n. (विशे० ईसामसीहके लिए) परित्राता, निष्क्रमी, (का०) **निष्क्रेता, मोचयिता**, समुद्धर्ता, उद्धारकर्ता, मुक्तिदाता, मोक्षक, **छुड़ानेवाला**।

redeless रीड्'लिॅस् a. निर्बुद्धि, बुद्धिहीन, प्रज्ञाविहीन, मूढ़, मूर्ख, बेवकूफ, बददिमाग।

redemise[1] रीडिॅमाइज़् n. पुनर्भूदान पुनर्भूमिप्रदान, भूमिप्रतिदान, जमीन[F]की वापसी[F]।

redemise[2] v.t. पुनः भूदान करना, पुनः भूमि[F] प्रदान करना, फिरसे जमीन[F] देना।

redemption रिडेॅम्'शॅन् n. (कृषि०, का०) **निष्क्रय**, त्राण, (विधा०) **विमोचन**, (कृषि०, का०) **मोचन, छुड़ाना**; (अर्थ०) **प्रतिदान** (~ *yield*); मोक्ष, (दर्श०) **उद्धार**, मुक्ति[F], बचाव, छुटकारा (*beyond, past, ~*); मोक्ष देनेवाली वस्तु[F], क्रय, खरीद, (मोल लेनेकी क्रिया[F]); ~ charges मोचन-व्यय, (विधा०) **विमोचन-भार**, (का०) **मोचन-भार**, निष्क्रमण-प्रभार।

redemptioner –नॅर् n. (घर लौटनेके लिए) भाड़ा जुटानेका निश्चय करनेवाला प्रवासी।

redemptive –'टिव् a. निष्क्रयशील, निष्क्रमणकारी, उद्धृत, समुद्धृत, आसन्न-मुक्ति; छुटकारेका, बचाववाला।

redemptory –टॅरि a. निष्क्रयण-विषयक, विमोचन-विषयक, मोक्ष-सम्बन्धी, उद्धार-सम्बन्धी, मुक्ति-सम्बन्धी, छुटकारेका; क्रय-विषयक, खरीद[F]का।

redeposition रीडिॅपॅज़ि'शॅन् n. (प्रा० भू०) **पुनर्निक्षेपण**।

redif रि'डिफ़् n. (*Turk*~) तुर्की सैनिक, अरक्षित-सेना[F]।

redingote रे'डिन्गोट n. स्त्रियों[F]का सबसे ऊपर पहना जानेवाला लम्बा कोट।

redintegrate रि'डिन्'टिग्रेट v.t. पूर्ण करना, संघटित करना, पुनरेकाकार करना, मिला देना; पुनरुद्धार करना, जीर्णोद्धार करना, पुनः स्थापित करना, नया करना, नवनिर्माण करना।

redintegration –ग्रे'शॅन् n. नवनिर्माण, पुनर्नवतापादन, जीर्णोद्धार, पुनरुद्धार; पुनर्गठन।

redintegrator –'टिग्रेटॅर् n. पुनरुद्धारक, जीर्णोद्धारक, नवनिर्माता; संघटक, पूर्णकर्ता, पुनरेकीकर्ता।

redirect रीडॅरे'क्ट् v.t. पुनर्निर्देश करना, फिरसे दिशायत[F] करना; (विशेषकर) पुनः प्रेषित करना, चिट्ठी[F] का पता बदलना, अन्य स्थानपर भेजना।

redirected –'टि'ड् a. **पुनः प्रेषित (वस्तु[F]), अन्य पतेपर भेजी गयी (वस्तु[F])**।

redirection –'शॅन् n. (दर्श०) **दिशान्तरण; पुनर्निर्देशन**; पुनः प्रेषण, अन्य पतेपर भेजना।

rediscontinuity ⊙ रीडिस्कॅन्टिन्यू'इटि n. **पुनर्भंजन**।

rediscover रीडिस्क'वॅर् v.t. पुनरन्वेषण करना, पुनर्गवेषणा[F] करना, फिरसे खोज निकालना।

redisseizin रीडिसी'ज़िन् n. (जमीन[F]के बारेमें) विधिलेख, अभियोग-लेख, अभियोग-पत्र, पट्टा।

redistillation ⊙ रीडिस्टिले'शॅन् n. (रसा०) **पुनरासवन, पुनःआसवन**।

redistribute रीडिस्ट्रि'ब्यूट् v.t. पुनर्वितरण करना, फिरसे बाँटना।

redistribution –यू'शॅन् n. **पुनर्वितरण**, दोबारा बँटवारा।

redistributive –'ब्यूटिव् a. पुनर्वितरणकारी, पुनर्वितरण-सम्बन्धी।

redivirus (L) a. पुनर्जीवित, उज्जीवित।

redness रे'ड्'निॅस् n. रक्तता[F], रक्तिमा[F], अरुणता[F], अरुणिमा[F], लालिमा[F], लाली[F], सुर्खी[F], ललाई[F]।

redolence रे'डॅलॅन्स् n. सौरभ, सुगन्ध[F], महक[F], खुशबू[F]।

redolent –न्ट् a. ससौरभ, सौरभमय, सुरभित, सुगन्धित, खुशबूदार; (सम्प्रति क्व०) तीक्ष्ण गन्धयुक्त; (ला०) व्यंजक, सूचक; सारक।

redondilla रेडॉन्डी'ल्यॅ n. एक प्रकारका छन्द (जिसमें प्रथम-तृतीय एवं द्वितीय-चतुर्थ चरणोंमें अन्त्यानुप्रास होता है)।

redouble[1] रि'ड'बॅल् n. विवर्द्धन, द्विगुणीकरण; अतिवृद्धि[F]।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

redouble[3] v. t. & i. विवृद्ध करना, द्विगुणित करना, दूना या दुगुना करना, अत्यधिक वृद्धि[F] करना, अधिकाधिक प्रबल करना, बढ़ाना, तेज करना (~ one's *efforts*)।

redoubled –ड् a. विवृद्ध, द्विगुणित, अधिककृत।

redoubt रिॅडॉउट्' n. उपदुर्ग, गढ़ी[F], कोट, किला।

redoubtable –'टॅबॅल् a. दुर्धर्ष, दुर्दान्त, दुर्जेय, अदम्य, भीम, उग्र, भयंकर, विक्रान्त, पराक्रमी, पराक्रान्त, चीमड़।

redoubted –'टिॅड् a. (प्रा०) दुर्धर्ष, दुर्दान्त, अजेय, उग्र, भीम, भयानक, भयंकर, पराक्रमी, पराक्रान्त, डरावना।

redound रिॅडॉउन्ड्' v. i. फलप्रसू होना, सफल होना, परिणत होना (*it will ~ to our credit*); उलटकर प्रभाव डालना, किसी व्यक्तिके सिर पड़ना, पुनः प्रेरित होना; लौटना; वापस जाना, पलटा खाना।

redress[1] रिॅड्रेॅस् n. **निवारण;** प्रतिकार, समाधान, निष्क्रय, प्रतिभू[F], क्षतिपूर्ति[F], चारा, हरजाना, मुआवजा; ~ of grievance कष्ट-निवारण।

redress[2] v. t. त्राण करना, परित्राण करना, रक्षा[F] करना; निवारण करना, दूर करना, (~ *a grievance*); प्रतिकार करना, उपचार करना, दवा[F] करना; शुद्ध करना, सुधारना, दुरुस्त करना, सही करना, ठीक करना; क्षतिपूर्ति[F] करना; ~ *the balance* सन्तुलन स्थापित करना।

redressable –'सॅबॅल् a. प्रतिकार्य, संशोध्य, विमोच्य।

redresser –सॅर् n. प्रतिकर्ता, संशोधयिता, विमोचयिता, त्राता, परित्राता, रक्षक; उपचार करनेवाला, दवा[F] करनेवाला; शुद्ध करनेवाला, सुधारनेवाला; दुरुस्त करनेवाला।

redressive –सिव् a. प्रतिकारक, प्रतिकार-साधक, उपचारात्मक।

redressment –स्'मन्ट् n. प्रतिकरण, संशोधन, विमोचन, त्राण, परित्राण रक्षण; (चि०) विरूपतानिराकरण, उपचार, दवा-दारू[F]; ठीक करना, दुरुस्त करना।

reduce रिॅडयूस्' v.t. & i. (सम्प्रति केवल शल्यमें) मौलिक अवस्था[F]में लाना, मूल स्थानमें या अवस्था[F]में लाना (जैसे हार्निया[F], अस्थिभंग); उपचार करना; (ग०) **लघु करना,** प्रहासित करना या होना, घटना, **घटाना,** कम करना; (शरीर या मनसे दूसरे रूपमें) परिवर्तन करना, बदलना; वर्गीकरण द्वारा घटित करना; परिवर्तनानुकूल बनाना; **समानयन करना, अपनयन करना,** न्यून करना, हीन करना, निम्न अवस्था[F]में लाना; वाध्य करना; वशीकृत करना, दमन करना, पराभूत करना; पराजित करना, परास्त करना, जीतना; विच्युत करना, पदच्युत करना, छँटनी[F] करना, हटाना; वित्तहीन करना, निर्धन बनाना, गरीब कर देना; क्षीण बनाना, कृश बनाना, दुर्बल बनाना; कमजोर करना; भस्म करना, फूँकना; संकुचित करना, सिकोड़ना; (अपना) परिमाण घटाना, बोझ हल्का करना, वजन कम करना।

reduced –ड् a. निर्धारित (~ *level*); (ग०) **लघुकृत; समानीत;** अवकृत, (रसा०) **अपचित,** प्रहासित, (रसा०) **न्यूनीकृत,** घटाया गया, कम किया गया (~ *charge*); परिणत, घटित; (शल्य०) पूर्वस्थान या पूर्वस्थिति[F]में लाया हुआ;

~ charge, ~ degree, ~ establishment, ~ mass, ~ oxide, ~ pressure, ~ quantity.

reducent –'सॅन्ट् a. वशीकारक, दमनकारक, पराभूतिकारक, पराजित करनेवाला; कम करनेवाला; वित्तहीन बनानेवाला, निर्धन बनानेवाला, गरीब बनानेवाला।

reducer –सॅर् n. घटानेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; (विशे० फोटो[F]में, निगेटिवके गाढ़े रंगको फीका करनेवाला) घोल, घोलक।

reducibility –सिबि'लिटि n. अवकार्यता[F], अवकरणीयता[F], अपचेयता[F], प्रहास्यता[F], घटाने योग्य अवस्था[F]; परिणमनीयता[F], परिणत होनेकी स्थिति[F]।

reducible –'सिबॅल् a. अवकार्य, अवकरणीय; **अपचयक्षाभ, अपचेय,** प्रहास्य, प्रहस्य, घटाने योग्य; (चि०) पूर्वस्थिति[F]-प्रापणयोग्य; परिणमनीय, परिणत होने योग्य; ~ path **अविन्दुकोची पथ।**

reducing –सिंग् a. (रसा०) **अपचायक,** (रसा०, चि०) **अवकारक,** अवकर्षक;

~ agent, ~ area, ~ cubic, ~ flame, ~ gear, ~ properties, ~ substance, ~ sugar, ~ valve, ~ zone.

reductant रिॅडक्'टॅन्ट् a. (रसा०, चि०) **अपचायक।**

reductio absurdum (L) विसंगति-प्रमाण।

reductio ad absurdam अनिष्ट प्रदर्शन।

reduction रिॅडक्'शॅन् (रसा०) **अवकरण,** (रसा०) **अपचयन, समानयन,** (तर्क०) आकृत्यान्तरण, (दर्श०) **आकृत्यंतर;** प्रहासन, प्रहसन, **लघूकरण,** न्यूनीकरण, खर्वीकरण, तनूकरण; (चि०) पूर्वावस्थापन; अपकर्ष, विच्युति[F], अपचय, न्यूनता[F], **कमी[F],** घटी[F], **कटौती[F], घटाव,** छूट[F], छँटनी[F]; पदावनति[F]; (वन०) ह्रास, मूल्यह्रास; (चित्र या मानचित्र इत्यादिकी) सूक्ष्मीकृत प्रतिलिपि[F]; प्रकारान्तरण, (प्रा० भू०) परिवर्तन; (किसी सिद्धान्तको अकरणीयता[F]की सीमातक खींच ले जानेकी क्रिया[F]);

~ division, ~ factor, ~ formula, ~ gear, ~ gearing, ~ potential, ~ print, ~ series, ~ table book, ~ tube.

reductional –नॅल् a. प्रहासी, घटनेवाला।

reductionist –निस्ट् a. (दर्श०) **अवव्याख्यावादी।**

reductive –'टिव् a. = REDUCIBLE.

redundance, -cy रिॅडन्'डॅन्स्, -सि nn. अतिरिक्ति[F], समाधिकता[F], आधिक्य, अतिरेक, अत्यधिकता[F]; प्रचुरता[F], पूर्णता[F], परिपूर्णता[F]; व्यर्थता[F], अनावश्यकता[F]।

redundant –न्ट् a. व्यतिरिक्त, अतिरिक्त (~ *definition*); (यन्त्र०) **अतिरिक्तांगी,** समधिक, अनावश्यक, अत्यधिक, निष्प्रयोजन, व्यर्थ, बेकार, फजूल, फालतू; प्रचुर, पूर्ण, परिपूर्ण, भरपूर।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

reduplicate रि॰ड्यू'प्लिकेट् v.t. द्विगुणित करना, दूना करना, बढ़ाना; पुनरावृत्ति॰ करना, दोहराना।

reduplication –के'शॅन् n. द्विगुणन, द्विगुणीकरण, (चि०) **द्विगुणावृत्ति॰**, द्विरावृत्ति॰, पुनरावृत्ति॰; द्विरुक्ति॰, दोहराव; प्रतिमूर्ति॰, प्रतिरूप; सहायक अंग।

reduplicative –'प्लिकॅटिव् a. पुनरावृत्तिशील, दोहराने योग्य, दुगुना, दोहरा; (भाषा०) द्विरुक्त।

ree री' n. = REEVE.

reebok री'बॉक् n. अफ्रीकी कुरंग।

re-echo री-अॅ'को v. i. & t. प्रतिध्वनि॰ करना, गूँजना।

reechy री'चि a. धूमिल, धुँधला।

reed रीड्' n. नड, प्रनड, (कृषि०, वन०) **नरकुल, नरसल**, नरकट; शर, **सरकण्डा**, नरई॰; (का०) शर, बाण, तीर; (भौ०) **रीड॰, पत्ती॰**; (नरकुलके डण्ठलोंसे बनी हुई) बाँसुरी॰; बानीर, वेतस्, वेत्र, बेंत; वेणु, नल; (भौ०) **कम्पिका॰**; (चरवाहोंका) गीतिकाव्य, गिरहा; (खञ्जी॰का पोला) करघा, कंघी॰; ~-mace एरका, (एक प्रकारका पौधा); ~-pipe विपंची-नाड, वंशी॰, बाँसुरी॰, मुरली॰; ~-stop बाजेकी खूँटी॰; नरकुल या सरकण्डेका पौधा; *broken* ~ अविश्वसनीय व्यक्ति या वस्तु॰; *lean on a* ~ कमजोर व्यक्तिपर आश्रित होना, कमजोर वस्तु॰-पर विश्वास या भरोसा करना;

~-bird, ~ bunting, ~ field, ~ hut, ~ instrument, ~ organ, ~ pen, ~ pheasant, ~ pipe, ~ space, ~ warbler.

reeded –'डिॅड् a. शरमय, शरपूर्ण, शराच्छादित, नरकुलोंसे भरा हुआ।

re-edify री'अॅ''डिफ़ाइ v.t. पुनर्निर्माण करना, फिरसे बनाना; (आशा॰ इत्यादिका) पुनः संचार करना, दोबारा धारण करना; (क्षीण तन्तुओं आदिका) पुनः स्वस्थ बनाना, पुनः सबल बनाना।

reediness री'डिनॅि॰स् n. क्षीणता॰, दौर्बल्य; अव्यवस्था॰; अस्पष्टता॰।

reeding री'डिंग् n. मुद्रान्त-घर्षण, मुद्राप्रान्त-घर्षण, सिक्केके किनारेकी घिसाई॰।

reedless रीड्'लिॅस् a. नडहीन, प्रनडविहीन, नरकुल-हीन, नरकटसे रहित; शरविहीन, सरकण्डाहीन, नरई-हीन; (का०) शरहीन, तीरविना, बाणरहित; बानीरहीन, वेतस्विहीन, बिना बेंतका।

reedling रीड्'लिंग् n. मूषक-विशेष, एक प्रकारका चूहा।

reedy री'डि a. नलमय, शराच्छन्न, नरकुलोंसे भरा हुआ; सरकण्डेका (~ *couch*), सरकण्डेका-सा; शरवाद्यके समान स्वरवाला; अस्पष्ट; अव्यवस्थित।

reef[1] रीफ़्' n. पालके तीन या चार भाग (जो खोले और लपेटे जायँ); *take in a* ~ सावधानी॰से चलना;

~-band, -knot, ~-point.

reef[2] v.t. (पाल) लपेटना, सिकोड़ना, समेटना, घटाना, **छोटा करना**, कम करना।

reef[3] n. प्रवालिका॰, प्रवाली॰; सन्दर॰; शिलाश्रेणी॰, शैलमाला॰; (पानीकी सतह॰ या उसके ठीक ऊपर या नीचे स्थित) शिलोच्चय, पाषाण-खण्ड-संघात, शिलासंघात, बालुका-विस्तार; भित्ति॰, **शैलभित्ति॰**; (परि०) **समुद्री चट्टान॰, जल-शैल, खराबा**; (स्वर्णखनन) शिलास्तर, स्वर्णमय स्फटिककी धारी॰ या धातुरेखा॰; **रीफ़॰**;

~-builder, ~ cringle, ~-fish, ~ gold, ~-heron, ~ knot, ~ point.

reefer री'फ़ॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें), लपेटनेवाला, घटाने-वाला; (परि०) **वर्दी कोट**; (ग्रा०) पोताधिकारी, जहाजका अफसर; दोहरी गाँठ॰।

reefy री'फ़ि a. प्रवालीमय, सन्दरयुक्त, शैलमालायुक्त; जलस्थ शिलोच्चययुक्त, जलमग्न-पाषाणखण्ड-संघातमय।

reek[1] रीक्' n. (विज्ञान एवं साहित्य) धूम्र, धुआँ; वाष्प, भाप॰; दुर्गन्धि॰, बदबू॰; दुर्गन्धिमय जलवायु॰, सड़ी आबहवा॰।

reek[2] v.t. धूम्रनिर्गमन करना, धुआँ निकालना; वाष्प छोड़ना, भाप॰ छोड़ना; उग्र दुर्गन्ध देना।

reekly –'लि a. धूम्रोद्गामी, वाष्पोद्गारी; वाष्पमय, भाप॰से परिपूर्ण।

reeky –'कि a. धूम्र-निर्गामी, धुआँ निकालनेवाला, धुएँ-दार; वाष्पोद्गिरक, भाप॰ निकालनेवाला।

reel[1] रील्' n. वेल्ल, बेलन, घिरनी॰, (परि०) **चर्खी॰**, गिट्टी॰, गड़ारी॰, **गरारी॰, रील॰**, गोला; डोर लपेटने या ढीली करनेकी प्रक्रिया॰; (सूत लपेटनेका) अटेरन, छोटा बेलन, छोटी चर्खी॰, विभिन्न यन्त्रोंका चक्कर काटनेवाला भाग; (चलचित्रमें एक बेलनपर लपेटी हुई) चित्रपट्टी॰, (कृषि०) **रील॰**।

reel[2] v.t. & i. (सूत इत्यादि) चर्खी॰पर लपेटना, बेलनपर लपेटना; अटेरना; उतारना, अलग करना; (~ *off* भी) बड़बड़ा जाना, एक साँस॰में कह जाना, धड़ल्लेसे बोल जाना; (पतिंगों इत्यादिका) चलती गड़ारी॰के समान चूँ-चूँ करना; ~ in **चर्खी॰पर लपेटना**; *off the* ~ (ला०) निःसंकोच, बेधड़क, बेखटके, बेरुकावट, धड़ाधड़, फड़ाफड़, एकके बाद एक।

reel[3] n. (शा० या ला०) स्खलन, विचलन, प्रकम्पित गति॰, कम्पनमय चाल॰ (*without a* ~ *or a stagger*):

reel[4] v.i. (आँख॰, मन, सिरके लिए) प्रकम्पित होना, कम्पित होना, डगमगाना, लड़खड़ाना, चकराना, घूमना, हिलना (*his mind, the ship,* ~*ed under the shock*); काँपते हुए खड़ा होना, रोते हुए चलना; (एक ओरसे दूसरी ओर) तेजी॰से जाना; जोरसे झूलना, लुढ़कना।

re-elect री-इॅले॰क्ट्' v.t. पुनर्निर्वाचित करना, फिरसे चुनना।

re-election –कॅ'शॅन् n. **पुनर्निर्वाचन**, दोबारा चुनाव।

reeler री'लॅर् n. वेल्लक, बेलनपर लपेटनेवाला, घिरनी॰पर चढ़ानेवाला, चर्खी॰पर घुमानेवाला, गिट्टी॰ बनानेवाला, गड़ारी॰पर बनानेवाला, गोला बनानेवाला।

reeling –लिंग् n. (वस्त्रोद्योगमें) वलन, (कृषि०) लपेटना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रीलिंग[F] (~ *machine*)।

reemployment रीइंम्प्लाएं'मेंन्ट् n. पुननियोजन, (श्रम०) **पुनर्नियुक्ति[F], दुबारा काम देना,** फिरसे नौकरी[F] देना।

re-enactment री-इंनैक्ट्'मेंन्ट् n. पुनरधिनियमन, पुनर्विधायन।

re-encounter री-इंन्कॉउन्'टॅर् n. आकस्मिक द्वन्द्व, आकस्मिक मल्लयुद्ध, आकस्मिक टक्कर[F], आकस्मिक भिड़न्त; आकस्मिक प्रतियोगिता[F]।

re-enter री-अेंन्'टॅर् v. i. & t. पुनः प्रवेश करना, पुनः प्रवेश कराना।

re-entrance –ट्रॅन्स् n. पुनः प्रवेश।

re-entrant –न्ट् a. & n. (कोण) अन्तर्मुख, (यन्त्र०) **अन्तःप्रवेशी;** (ग०) **अन्तःप्रविष्ट** (~ *angle*); **भीतरी घाटी[F]**।

re-entry –ट्रि n. पुनः प्रवेश, फिर घुसना; (कानू०) पुनः स्वत्व-स्थापन, पुनरधिकार, दोबारा कब्जा।

reest रीस्ट्' v. i. ठिठकना, रुकना; धरना, मारना।

re-establish v. t. पुनः प्रतिष्ठित करना, पुनः स्थापित करना, फिरसे जमाना।

re-establishment –मेंन्ट् n. पुनःप्रतिष्ठा, पुनःस्थापन।

reeve[1] रीव्' n. (इति०, नगर या जिलेका) मुख्य दण्डाधीश; (कनाडामें, ग्राम या नगर-परिषद्[F]का) अध्यक्ष; पोतका नौसैनिक कर्मचारी।

reeve[2] n. भटजलरंका, खर-मीन।

reeve[3] v.t. (*rove, roved*); (नौवि०; किसी छिद्रमें) रस्सी[F] डालना; (किसी रस्सी[F], इष्टका या अन्य पदार्थको) पिरोकर बाँधना; (परि०) **पिरोना,** मार्ग निकालना।

re-examination री-इंग्ज़ैमिने'शॅन् n. (का०) **पुनः परीक्षा[F],** पुनःपरीक्षण, दुबारा इम्तहान; **पुनःपृच्छा[F], अनुपृच्छा[F]**।

re-examine –'मिन् v.t. पुनःपरीक्षण करना, फिरसे इम्तहान लेना, दोबारा जाँचना या देखना।

ref. referee; reference.

Ref. ch. Reformed church.

refection रिॅफ़ेॅक्'शॅन् n. जलयोग, जलपान, लघुभोजन, अल्पाहार, उपाहार, नाश्ता; (चि०) प्रकृतिस्थ होना।

refective –'टिव् a. जलयोग-सम्बन्धी, जलपानका; अल्पाहार योग्य, नाश्तेके लायक; श्रमापहारक, प्रकृतिस्थ करनेवाला, ताजा कर देनेवाला।

refectory –टॅरि n. जलपानगृह, भोजनशाला[F], उपहारशाला[F], खानेका कमरा।

refer रिॅफ़र्' v.t. & i. अभ्युद्दिष्ट करना, निर्दिष्ट करना, निर्देश करना, **निर्देशन करना,** (का०) निरूपण करना, अनुबन्ध जोड़ना, सम्बन्ध स्थिर करना; आरोप करना, परिगत करना; समर्पण करना, सौंपना, सिपुर्द करना, **भेजना;** आश्रय लेना, शरण[F]में जाना, सहायता[F] लेना; प्रार्थना[F] करना, अपील करना; उल्लेख करना, प्रसंग बताना, सन्दर्भ देना, सन्दर्भित करना, उद्धृत करना, **उल्लेख करना, हवाला देना,** निर्दिष्ट होना; अन्वित होना, सम्बन्ध रखना; (श्रोता इत्यादिके लिए) अन्वय करना, संकेतित होना; (कथा[F] या उक्ति[F] आदि) देखना, संकेतानुसार पाना; संकेत करना, ध्यान आकर्षित करना, इशारा करना; पृच्छा[F] करना, पूछना, सलाह करना; लक्ष्य करना, उद्देश्य बनाना।

referable रे'फ़ॅरॅबॅल् a. आरोप्य, विवेच्य; संकेतार्ह, निर्देश्य, सन्दर्भार्ह, निरूपणीय; समर्पणीय।

referee[1] रेॅफ़ॅरी n. मध्यस्थ, निर्देश्य पुरुष, **निर्देशी,** पंच; निर्णेता, अभिनिर्णायक; विचारक, विनिर्धारक, जज, रेफरी।

referee[2] v. i. & t. मध्यस्थ बनना, पंचायत[F] करना, निर्णेता बनना, निर्णय देना।

reference[1] रे'फ़ॅरॅन्स् n. (किसी निर्णेताको दी गयी) अधिकार-सीमा[F]; प्रेष्टि[F], प्रेषण, प्रतिप्रेष; अनुषंग, सम्बन्ध, सम्पर्क, अन्वय, मेल, समानता, अन्योन्याश्रयत्व; अर्पण, निवेदन, संकेत, (का०) **निर्देशन, निर्देश, सन्दर्भ,** प्रसंग, इशारा; उद्धरण, उल्लेख, **हवाला,** (~ *officer*); पृच्छा[F]; विमर्श; संकेत-चिह्न; निरीक्षण, सन्दर्भावलोकन, (विक्रय एवं नौकरी[F]में) आवेदकका सहर्ष अनुमोदक व्यक्ति; तारक-चिह्न ⊙; book of ~ उद्धरण पुस्तक[F], सन्दर्भ-पुस्तक[F]; ~ Bible हाशियों[F]पर उल्लेखयुक्त बाइबिल[F]; ~ library सन्दर्भ पुस्तकालय, जहाँसे पुस्तकें[F] बाहर नहीं जा सकतीं; *without ~ to* निरपेक्ष, अनपेक्षित, अपेक्षारहित; *with ~ to* विषयमें, सम्बन्धमें, बारेमें; ~ book, ~ box, ~ chart, ~ clerk, ~ cycle, ~ electrode, ~ map, ~ mark, ~ number, ~ object, ~ pegs, ~ plane, ~ point, ~ position, ~ register, ~ room, ~ section, ~ solution, ~ star, ~ station.

reference[2] v.t. (पुस्तक[F]में) प्रमाण उद्धृत करना, निर्देशांकित करना।

referenced –ड् a. निर्देशांकित, सन्दर्भित।

referencer –सॅर् n. निर्देशांकक, सन्दर्भलेखक।

referencing –सिंग् n. **हवाला देना**।

referendary रेॅफ़ॅरेॅन्'डॅरि n. (क०) निर्णायक, पंच; अभिनिर्धारक, आयोग-निर्धारक, कर-निर्धारक; पुनरीक्षण उपाधिकारी, प्रतिवेदन उपाधिकारी।

referendum –डॅम् n. **आपृच्छा[F],** लोकपृच्छा[F], लोकमत, जननिर्देश, लोकनिर्णय, जनमत; **जनमत-संग्रह**।

referent रे'फ़ॅरॅन्ट् n. संकेतित व्यक्ति, निर्दिष्ट मनुष्य, संकेतित पुरुष; (दर्श०) **निर्देश्य**।

referential –रेॅन्'शॅल् a. अपेक्षित; विषयक, सम्बन्धी; आनुषंगिक; अन्वित, उद्धृत, उल्लिखित, निर्दिष्ट।

referral ⊙ रि'फ़ॅरॅल् n. (अर्थ०) **परामर्श;** (श्रम०) संप्रेषण, नाम भेजना।

referred रिफ़र्ड्' a. अभ्युद्दिष्ट, निर्दिष्ट, सन्दर्भित; ~ *to as* (विधा०) **के नामसे निर्दिष्ट**।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

referrible रे॑फ़रिबॅल् a. = REFERABLE.

refill रीफ़िल' १. n. स्थानापन्न वस्तु[F], भरती[F]की वैसी चीज़[F]; २. v.t. फिरसे भरना।

refinable रिफ़ाइ'नॅबॅल् a. शोध्य, मार्जनीय, संस्कार्य; संस्करणीय, परिष्करणीय, शुद्ध करने योग्य, साफ करने लायक; रुचिलालित्य लाने योग्य, शील-सौन्दर्य बढ़ाने योग्य, मनोहर बनाने योग्य।

refine –न् v.t. & i. शोधित करना, परिमार्जित करना, संस्कार करना, संस्कृत करना, परिष्कार करना, शुद्ध करना, निर्मल करना, साफ करना या होना, निथारना, निथरना; रुचिलालित्य लाना, शीलसौन्दर्य बढ़ाना, रम्य बनाना, मनोहर बनाना; उत्कर्षलाभ करना, समुन्नत होना; (विचार या भाषा[F]में) सौक्ष्म्य लाना, सौष्ठव लाना, लाघव लाना; सूक्ष्म विभेद करना, सूक्ष्म सम्भाषण करना।

refined –ड्' a. शोधित, शुद्ध, विशुद्ध, निर्मल; परिष्कृत, परिमार्जित, संस्कृत, साफ; शिष्ट; सूक्ष्म।

refinedness –'निॅड्निॅस् n. शोधितत्व, शुद्धता[F], विशुद्धता[F], निर्मलता[F], सफाई[F]; परिष्कृतत्व, परिष्कृतता[F], संस्कृतता[F]।

refinement –न्'मॅन्ट् n. शुद्धता[F], शोधन, विशोधन, संशोधन, परिष्कृति[F], शुद्धि[F], प्रमार्जन, संस्कार, (रसा०) **परिष्कार**, निर्मलता[F], सफाई[F], शिष्टाचार, शिष्ट व्यवहार, शिष्टता[F], सुसंस्कृत आचरण; **परिक्रमण; सूक्ष्मीकरण**; अतिसूक्ष्मता[F]; सूक्ष्म या कुशल प्रतिभा[F]; सूक्ष्म विभेद; सूक्ष्म तर्क, बारीक निगाह[F]; प्राचुर्य, बाहुल्य, आधिक्य।

refiner –'नॅर् n. शोधक, विशोधक, संशोधक, संस्कर्ता, परिमार्जक, परिष्कारक, (विशे० धातु[F] इत्यादिको) साफ करनेवाला; (रसा०) **परिष्कार-कक्ष**।

refinery –रि (धातु[F] इत्यादिकी) संस्करणी[F], परिष्करणी[F], (रसा०) **परिष्करण-शाला**[F], विशोधनालय, रिफ़ायनरी[F]।

refining –निंग् १. n. (रसा०, चि०) **परिष्करण**, संशोधन, (इंजी०) शोधन, प्रमार्जन, (रसा०, चि०) **संस्करण**, साफ करना; २. a. परिमार्जनकारी।

refit रीफ़िट् v.t. & i. पुनः प्रशस्त करना; जीर्णोद्धार करना, सुधारना, मरम्मत[F] करना; फिरसे फिटिंग[F] करना, बिठाना।

refit, refitment रीफ़िट्',–मॅन्ट् nn. जीर्णोद्धार, मरम्मत[F], (परि०) **दुरुस्ती**[F], दुबारा फिटिंग[F]।

reflate रिफ़्लेट्' v.t. & i. (मुद्रास्फीति[F]के बाद) मुद्राविकास करना या होना।

reflation –ले'शॅन् n. पुनर्मुद्रास्फीति[F], मुद्राविकास, प्रतिस्फीति[F], (बैंक०, अर्थ०) **प्रत्यवस्फीति**[F]।

reflationary –नॅरि a. प्रतिस्फीतिकारी।

reflect रिफ़्लेक्ट् v.t. & i. (सतह[F] या द्रव्यको) पीछे या वापस निक्षिप्त करना, परिवर्तित करना, प्रतिक्षेप करना, उछालना; प्रतिबिम्बित करना, अक्स डालना; प्रतिफलित होना, उल्टा फल देना; पलटा खाना, पलटना, फिर जाना, लौटना, मुड़ना; प्रतिरूप होना, एकरूप होना; कलंकित करना, निन्दित करना; स्मरण करना, याद[F] करना; ध्यान करना, चिन्तन करना; प्रकट करना; विमर्श करना, मनमें विचार करना, सोचना; (*on, upon* के साथ) अपनेको स्मरण हो आना; उपेक्षापूर्ण आलोचना[F] करना।

reflectance –'टॅन्स् n. (भौ०) **परावर्तकता**[F]।

reflected –'टिॅड् a. संक्रान्त, प्रतिफलित, प्रक्षिप्त, प्रतिक्षिप्त, **परावर्तित**, (*~ ray, ~ way*), प्रतिबिम्बित (*~ light*)।

reflectible –टिॅबॅल् a. प्रक्षेप्य, परावर्त्य, प्रतिक्षेप्य, उछालने योग्य; प्रतिबिम्ब्य, अक्स डालने योग्य; प्रतिफलदेय, विरोधी परिणाम देने योग्य, उल्टा फल देने योग्य।

reflecting –टिंग् a. परावर्तनकारी, परावर्ती, प्रतिबिम्बीय, प्रतिफलक (*~ telescope*); चिन्ताशील, विचारशील।

reflection, -exion –'शॅन्,-ॲक्'शॅन् nn. प्रक्षेपण, प्रतिक्षेपण, (भौ०) **परावर्तन**, प्रतिबिम्बन; प्रतिच्छाया[F], **प्रतिबिम्ब**, परछाईं[F], छाया[F]; प्रतिक्षेप-क्रिया[F], परावर्तित कार्य; प्रतिफलन; निन्दा[F], परिवाद, आक्षेप, अधिक्षेप, दोषकथन, दोषारोपण; अयशस्कर वस्तु[F], निन्दाजनक कार्य; चिन्तन; (शिक्षा०) **विमर्श**, पुनर्विमर्श, पुनर्मनन, पुनर्विचार, ध्यान; बौद्धिक शक्ति[F], मानसिक सामर्थ्य; भाव, भावना[F], कल्पना[F]; चिन्ता[F], समीक्षा[F], मानसिक या वाचिक आलोचना[F]; *angle of ~* परावर्तन-कोण; परावृत्त कोण;

~ co-efficient, ~ factor, ~ galvanometer, ~ loss, ~ telescope.

reflectional –नॅल् a. प्रक्षिप्त, प्रतिक्षिप्त, परावर्तित, परावृत्त, प्रतिबिम्बित, फेंका हुआ; विचारशील, चिन्तनशील।

reflectionless –न्-लिॅस् a. प्रक्षेपवर्जित, परावृत्तिहीन, प्रतिबिम्बरहित; विचारशून्य, चिन्तनरहित।

reflective –'टिॅव a. प्रक्षेपक, प्रतिक्षेपक, परावर्तक, परावर्ती, प्रतिबिम्बक, छाया[F] डालनेवाला, परछाईं[F] डालनेवाला; (प्रकाश इत्यादि) परावृत्त, प्रतिबिम्बित; फेंका हुआ; (क्र०) अन्योन्य, पारस्परिक; भावात्मक मनन-सम्बन्धी, विचारगत; (व्यक्ति, भाव आदि) चिन्तनशील, विचारशील, **मननोन्मुख, ध्यानप्रवण, ध्यानमग्न**;

~ index, ~ insultation, ~ morality, ~ power, ~ wave.

reflectiveness –निॅस् n. गाम्भीर्य, गम्भीरता[F], विचारशीलता[F], मननशक्ति[F], चिन्तनशीलता[F], ध्यानमग्नता[F], भावात्मकता[F]।

reflectivity –टि'विटि n. प्रक्षेपकता[F], प्रतिक्षेपकता, (भौ०) **परावर्तकता**[F], प्रतिबिम्बकता[F]; परावृत्ति[F], प्रतिबिम्बन; अन्योन्यता[F], पारस्परिकता[F]; ध्यान-विषयकता; मननसम्बन्धिता[F], ध्यानमग्नता[F], चिन्तनशीलता, विचारशीलता[F]।

reflectometer ⊙ –टॉ'मिॅटॅर् n. **परावर्तमापी**।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

reflector –'टॅर n. प्रतिक्षेपक, (भौ०) **परावर्तक**, (~*layer*), **प्रकाशक्षेपी**, प्रतिबिम्बक, दर्पण, मुकुर, शीशा; सम्बलित दूरेक्ष, सम्बलित दूरदर्शक, मूर्तिपरावर्तक यन्त्र।

reflet (F) n. कान्ति^{F}, चमक^{F}।

reflex[1] री'फ्लेक्स् n. परावृत प्रकाश; प्रतिक्षिप्त रंग; प्रतिबिम्बित कीर्ति^{F}; (किसी चित्रका) दूसरे भागके प्रकाश या रंगसे प्रभावित भाग; पुनरुत्पत्ति^{F}; गौण प्रकाश; अनुरूप परिणति^{F}, सदृश परिणाम; प्रत्यावर्तन, प्रतिक्षेप क्रिया^{F}, **प्रतिवर्त**, (चि०) क्रिया^{F} (~ *immitation*, ~ *movement*), **सहज क्रिया**।

reflex[2] री'फ्लेक्स् a. प्रत्यावर्तित, मुड़ा हुआ; परावृत्त, पुनरावर्तित; (विचार आदि) आभ्यन्तर, आन्तर, अन्तर्मुख, आत्मचिन्तनमय; (परिणाम या प्रभाव) प्रतिक्रियात्मक, उल्टा प्रभाव डालनेवाला; (व्या०) स्वार्थे प्रयुक्त, स्वयमर्थक, निजवाचक; निजी; ~ action, (चि०) **प्रतिवर्त क्रिया**^{F}; (जीव०) **प्रतिवर्ती क्रिया**^{F}; (शरीर०) सहज प्रतिक्षेप, स्वाभाविक कार्य; ~ angle प्रतिक्षिप्त कोण, बृहत् कोण;

~ arc, ~ camera.

reflexed –रि'फ्लेक्स्ट' a. (वन०) प्रतिक्षिप्त, पुनः प्रत्यावर्तित, **प्रतिवर्तित**, पुनः परावृत, दोबारा मुड़ा स्थापित हुआ।

reflexibility –सिबि'लिटि n. प्रक्षेप्यता^{F}, प्रतिक्षेप्यता^{F}, धीश परावर्तनशीलता^{F}, प्रतिबिम्बनशीलता^{F}।

reflexible, reflectible –सिबॅल्' –'टिबॅल् aa. प्रक्षेप्य, प्रतिक्षेप्य, परावर्तनीय, प्रतिबिम्बित होने योग्य।

reflexion –'शॅन् दे० = REFLECTION.

reflexive –'सिव् a. & n. परावर्तक; प्रत्यावर्तित, पिरोधपरावर्तित; परावर्ती; (व्या०) निजवाचक (~ *pronoun*), स्वयमर्थक (पद); प्रतिफलनक्षम; पूर्वसम्बन्धी, अतीत घटित; (व्या०) कर्तृविषयक, कर्तृ सम्बन्धी।

reflexivity –'विटि n. (ग०) **स्वसमता**^{F}, **स्वतुल्यता**^{F}।

re-exflourish रीफ्ल'रिश् v. i. प्रतिस्फुटित होना, लहलहाना, फिर पनपना।

refluence रे'फ्लुअॅन्स् n. परावर्तन, प्रतीपप्रवाह, उल्टी गति^{F}।

refluent –न्ट् n. परावर्ती, प्रतीपवाही, उल्टा बहनेवाला।

reflux रीफ्लक्स् n. प्रतिप्रवाह, पश्चप्रवाह, उल्टा प्रवाह, लौटनेपीछेकी ओर गति^{F}; भाटा, उतार।

refluxed –ड्' a. (रसा०) **अधोवाहित**।

reforest रीफॉ'रिस्ट् v.t. पुनः वन लगाना फिरसे जंगल करनेवगाना।

reforestation रीफॉरिस्टे'शॅन् n. (प्रा० भू०) **पुनर्वनशाला**^{F}**पण**।

reform[1] रि'फॉर्म् n. पुनर्गठन, संशोधन, संस्करण, करना, स्करण, उन्नयन; दोषनिवृत्ति^{F}, **सुधार**।

reform[2] v.t. & i. पुनर्गठन करना, संशोधन करना, करनासंस्कृत करना, उन्नत बनाना, सुधारना, **सुधार करना**, करनासुधरना, ठीक करना, अच्छा बन जाना; मिटाना, हटाना, लेना; र करना।

reform[3] v.t. & i. नवनिर्माण करना, पुनर्निर्माण करना, सुधारना, मरम्मत^{F} करना, फिर बनाना, ठीक करना, सँवारना।

reformable रि'फॉर्'मॅबॅल् a. पुनर्गठनीय, संस्कार्य, संशोधनीय, सुधारने योग्य।

reformation रे'फॅर्मे'शॅन् n. संस्कार, संस्करण, संशोधन, पुनर्गठन; नवनिर्माण, पुनर्निर्माण, **सुधार**, (~ *officer*) मरम्मत^{F}; (राजनीति^{F}; सामाजिक इत्यादि विषयोंमें) मौलिक परिवर्तन; **धर्म-सुधार**, पापनिवृत्ति^{F}; (ईसाई) धर्मान्दोलन।

reformational –नॅल् a. सुधार-सम्बन्धी; सुधारात्मक।

reformative, reformatory[1] रि'फॉर्'मॅटिव् , –टॅरि aa. संस्कारक, संस्कारजनक, सुधारात्मक, सुधारोत्पादक, पुनर्गठन करनेवाला।

reformatory[2] –टॅरि n. (विधा०, का०) **सुधारालय**, सुधार-शाला^{F}, बाल-सुधारक विद्यालय।

reformed –र्ड्' a. संस्कृत, संशोधित, सुधारा या सुधरा हुआ, सुधारित; नवनिर्मित, पुनर्गठित, परिवर्द्धित, उन्नत।

reformer –'मॅर् n. संस्कारक, संशोधक, धर्मप्रवर्तक, पुनरुद्धारक, परिवर्द्धक, उन्नायक, सुधारक।

reformism –मिज़्म् n. (शिक्षा०) **सुधारवाद**, संस्कारवाद।

reformist –मिस्ट् n. संस्कारक, पुनरुद्धारक, नवनिर्मित, परिवर्द्धक, उन्नायक, सुधारक; सुधारवादी, उन्नयनवादी।

refract रि'फ्रैक्ट् v.t. (पानी, वायु^{F}, शीशा इत्यादिके तिरछा होनेपर प्रकाशको) वक्र करना, परावृत करना, मोड़ना, फेरना, तिरछा करना; (दुष्ट विवेचनार्थ) विश्लेषण करना, खण्ड-खण्ड करना।

refracted –टिड् a. वक्र, परावृत्त, मुड़ा हुआ, फिरा हुआ, तिरछा; विश्लेषित, विखण्डित।

refractile ⊙ –टिल् a. वक्रकारक, परावर्तक, मोड़नेवाला, फिरनेवाला, तिरछा करनेवाला; विश्लेषण करनेवाला, विखण्डित करनेवाला।

refracting रि'फ्रैक्'टिंग् a. परावर्तक (~ *telescope*)।

refraction –'शॅन् n. व्यतिया^{F}, दिक्परिवर्तन, किरणवक्रता^{F}, वक्रीभाव, वक्रीकरण, परावर्तन, **अपवर्तन**, (~ *correction*), व्यावर्तन, (यंत्र०, भौ०) **वर्तन** (~ *error*)।

refractional, refractive –नॅल्, –'टिव् aa. दिक्परिवर्तित, वक्रीभूत, परावर्तित, फेंका हुआ, मोड़ा हुआ; ~ index अपावर्तनांक, (भौ०) **वर्तनांक**।

refractiveness –निॅस् n. दिक्परिवर्तित्व, वक्रीवाव, **अपवर्तकता**^{F}, परिवर्तितता^{F}, फेंका हुआ होना, मोड़ा हुआ होना।

refractivity –टि'विटि n. REFRACTIVENESS.

refractometer –टॉ'मिटॅर् n. परावर्तमान, (भौ०) **वर्तनांकमापी**, वक्रमापी।

refractor –'टॅर् n. (क्रतु०) **वर्तक**, परावर्तक, परावर्ती, दूरवीक्षण यन्त्र; दिक्परिवर्ती साधन।

refractoriness रि'फ्रैक्'टॅरि-निॅस् n. अवाध्यता^{F}, दुराग्रह, प्रतीपता^{F}, वक्रता^{F}, अदम्यता^{F}, ढिठाई^{F},

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(शिक्षा०) **हठीलापन**, अड़ियलपन, हठ; अविधेयता^F, अविनय^F, अशिष्टता^F, दुःशीलता^F।

refractory –रि a. विमति, विभ्रान्त, जिद्दी, अड़ियल, ढीठ, हठी; (रसा०, इंजी०) **उष्मसह; गलनरोधी**; (शिक्षा०) **दुर्जेय**; (भौ०) **वर्तक**; (चि०) दुश्चिकित्स्य; ~ period **अननुसरणकाल; दुर्जेयकाल**;
~ brick, ~ crucible, ~ furnace, ~ lining, ~ metal, ~ ore.

refragable रे˘'फ्रॅगॅबॅल् a. प्रत्याख्येय, अस्वीकार्य, अस्वीकरणीय, खण्डनीय, अनंगीकार करने योग्य।

refrain[1] रि फ्रेन् n. (गीत आदिमें) टेक^F, **स्थायी टेक**^F।

refrain[2] v.t. & i. (आत्मा^F, आँसू इत्यादिपर नियंत्रण रखना, संयम रखना, अधिकार रखना, निग्रह करना, दमन करना, अड़ना, रोकना, रुकना, थामना; (किसी कामसे) विरत रहना, दूर रहना, बाज आना, मुँह फेरना, न करना, हटना।

refrangibility रि˘फ्रैन्जिबि'लिटि n. (भौ०) **वर्तनशीलता**^F, **अपवर्तनशीलता**^F, परावर्तनीयता^F, प्रतिबिम्बनशीलता^F।

refrangible –'जिबॅल् a. (भौ०) **वर्तनशील, अपवर्तनशील**, परावर्तनीय, प्रतिबिम्बनशील।

refrangibleness –निॅस् n. =REFRANGIBILITY.

refresh रि˘फ्रेश्' v.t. & i. उत्साहित करना, प्रचोदित करना, प्रेरित करना; पुनः सबल करना, पुनः शक्ति^F देना या पाना, श्रमलाघव करना, विश्रान्त करना या होना, थकावट^F दूर करना, ताजा दम करना या होना; (विशे०) अल्पाहार करना, जलपान करना।

refresher –'शॅर् n. पुनर्बोधक, पुनरुज्जीवित करनेवाला इत्यादिके क्रियागत अर्थोंमें; (बोल०) पेय, मद्य, जलपान, शरबत; ~ course प्रबोधन-पाठ्यक्रम, आवृत्तिचर्या^F, **पुनश्चर्या**^F, (चि०) **नवीकर पाठ्यक्रम**।

refreshing –शिंग् a. शीतल, सुखप्रद, स्फूर्तिजनक, मधुर, श्रमापहारक, श्रान्तिनिवारक, स्फूर्तिदायक।

refreshingness –निॅस् n. शीतलता^F, स्फूर्तिजनकता^F, मधुरता^F, श्रमापहारकता^F, सुख विश्रान्ति^F, आराम।

refreshment –श्'मॅन्ट् n. विश्रान्ति^F, विश्राम, आराम (*the sight was a ~ to me*); नवीकरण, नयी ताजगी^F; जलपान, उपाहार, पेय या खाद्य-पदार्थ, नाश्ता;
~ allowance, booth, ~ car, ~ room.

refrigerant[1] रि˘फ्रि'जॅरॅन्ट् n. तापहरक, (भौ०) **प्रशीतक, प्रशीतक द्रव्य**; (यंत्र०) **प्रशीति**^F; दाहशमक ओषधि^F।

refrigerant[2] a. तापहर, दाहहर, (चि०) ज्वरहर, तृषाहर; शीतकर, (कृषि०) **प्रशीतकर**।

refrigerate –रे˘ट् v.t. & i. (भौ०) **प्रशीतित करना**, प्रशीतल करना, प्रशीतन करना, शीतल करना, जमाना, ठण्डा करना; (खाद्य वस्तुओं^F को जमाने या सुरक्षित रखनेके लिए घोर शीत^F में रखना।

refrigerating –टिंग् a. (भौ०) प्रशीतक (*~engine*)।

refrigeration –रे˘'शॅन् n. शीतल चिकित्सा^F; शीतन, (भौ०, कृषि०, चि०, रसा०) **प्रशीतन**, शीतलीकरण, तापहरण, ठण्डा करके जमाना;
~ cycle, ~plant, ~ van.

refrigerative –'जॅरॅटिव् a. प्रशीतक, शीतल करनेवाला, तापहर।

refrigerator –रे˘टॅर् n. (पदार्थोंको सुरक्षित रखनेवाला) तापशामक यन्त्र (चि०, रसा०, कृषि०, भौ०) **प्रशीतक**, (भौ०) **प्रशीतित्र**, शीतन-यन्त्र, **रेफ़रीजरेटर**।

refrigeratory[1] –रॅटॅरि n. तापहर यन्त्र, (वाष्प^F जमानेके लिए यन्त्रमें जुटा हुआ शीतल जलका पात्र)

refrigeratory[2] a. प्रशीतक, तापहर, शीतलकारी, तापहारी।

refringent रि˘फ्रि'जॅन्ट् a. =REFRACTING.

reft रे˘फ्ट्' REAVE का कृदन्तरूप।

refuge[1] रे˘'फ्यूज् n. आश्रय, संश्रय, शरण^F, आश्रयस्थान, शरणस्थल, आसरा, ओट^F, आड़^F (*take ~ in a cave*); शरण्य, आश्रयदाता (*he is the ~ of the distressed*); (रास्तोंके बीच विश्रामार्थ निर्मित चबूचरा; house of ~ शरणालय।

refuge[2] v.t. & i. (क्व०) संश्रय देना, आश्रय प्रदान करना, प्रश्रय देना, शरण^F देना; संश्रय ग्रहण करना, शरण^F में जाना, आसरा लेना।

refugee –जी' n. आश्रित व्यक्ति, शरणापन्न व्यक्ति, शरणागत, (राज०) शरणार्थी (*~ department*)।

refugeeism –'इज़्म् n. आश्रित स्थिति^F, शरणापन्नता, शरणागति^F, शरणार्थिता^F।

refulgence, -cy रि˘फ़ल्'जॅन्स्, -सि nn. दीप्ति^F, प्रभा^F, तेज, औज्ज्वल्य, प्रकाश, चमक^F।

refulgent –न्ट् a. भास्वर, तेजोमय, प्रकाशमान, देदीप्यमान, समुज्ज्वल, चमकदार।

refund[1] रि˘फ़न्ड् n. प्रत्यर्पण, प्रतिनिचयन, पुनः प्रदान, लौटाना, वापसी^F, धन वापसी^F, दोबारा अदायगी^F;
~ adjustment, ~ order, ~ application, ~ bill, ~ payment order, ~ statement, ~ voucher, ~ warrant.

refund[2] v.t. & i. (प्राप्त धनको) प्रतिनिचित करना, प्रत्यर्पण करना, पुनःप्रदान करना, दोबारा देना, लौटा देना, लौटाना, वापस करना, लिया हुआ फेर देना, फिर अदा करना।

refundable –'डॅबॅल् a. प्रतिनिचीय, प्रत्यर्प्य, प्रत्यर्पणीय, **लौटाने योग्य, वापसी योग्य**; (विधा०) **लौटाने जानेवाला**, फिरसे लौटनेवाला।

refunded –डिॅड् a. प्रतिनिचित, प्रत्यर्पित, प्रतिदत्त, फिरसे लौटाया हुआ।

refundee –डि' n. प्रत्यर्पिती, प्रत्यर्पणग्राही।

refunder –'डॅर् n. प्रत्यर्पयिता, प्रतिनिचेता, लौटानेवाला।

refunding –डिंग n. प्रत्यर्पण (*~ board*); ~bo...

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अर्थ०) वापसी बांड।

refundment –ड्'मॅन्ट् n. प्रत्यर्पण, प्रतिदान, पुनः-प्रदान।

refusable रिॅफ़्यू'ज़ॅबॅल् a. अस्वीकार्य, अग्राह्य, अमान्य, नामंजूर करने लायक।

refusal –ज़ॅल् n. असम्मति[F], अस्वीकृति[F], अस्वीकरण, इनकार; प्रत्यादेश, प्रतिषेध, मनाही[F], न; अस्वीकरणाधिकार (*give* person *the ~ of*)।

refuse[1] –ज़्' v.t. & i. अस्वीकार करना, (विधा०) अस्वीकृत करना, अग्राह्य करना, अनंगीकार करना, प्रतिषेध करना, इनकार करना, नामंजूर करना, साफ जवाब देना, न देना, मना करना, न मानना (*~ offer, office*); (ताशके पत्तोंका) क्रम पूर्वक न होना, लगातार न चलना।

re-fuse[2] री-फ़्यूज़् v.t. & i. एकरूप करना या होना, पुनः मिलना, दोबारा जोड़ना, जुड़ना।

refuse[3] रे'फ़्यूस् १. a. उच्छिष्ट, परित्यक्त, निषिद्ध, असार, व्यर्थ, निकम्मा; २. n. अवशिष्ट, शेष, मैल, तलछट[F], (चि०) कचरा, (*~ disposal*); कूड़ा।

refused रिॅफ़्यूज़्ड्' a. अस्वीकृत (*~ article, ~ money*)।

refuser –ज़ॅर् n. अस्वीकर्ता, अग्राहक, इनकार करनेवाला।

refutability रेॅफ़्यूटॅबि'लिटि n. अप्रमेयता[F], निरसनीयता[F], निराकरणीयता[F], खण्डनीयता[F], काटा जाना, इनकारमें आनेकी अवस्था[F]।

refutable –टॅबॅल् a. अप्रमेय, निरसनीय, निराकरणीय, खण्डनीय, काट्य, प्रत्याख्येय, गलत।

refutal, refutation –टॅल्, –टे'शॅन् nn. निरसन, निराकरण, निषेध, प्रतिक्षेप, खण्डन, प्रत्याख्यान, काट[F]।

refutatory –टॅटॅरि a. अप्रमेयक, निरसनकारी, निराकरण करनेवाला, खण्डन करनेवाला, काटनेवाला, गलत बना देनेवाला।

refute –ट्' v.t. निराकरण करना, प्रत्याख्यान करना, खण्डन करना, त्रुटिपूर्ण बताना, गलत ठहराना; असिद्ध करना, झुठलाना, काटना, रद्द करना।

refuter –टॅर् n. अप्रमेता, निरसनकर्ता, निराकर्ता, प्रत्याख्याता, खण्डक, काटनेवाला, गलत ठहरानेवाला।

Reg. Registrar; Regional.

regain रिॅगेन्' v.t. पुनः अधिकार प्राप्त करना, फिरसे पाना (*~ consciousness*); फिर पहुँचना; प्रतिष्ठित करना, स्थिर करना, सँभालना, जमाना (*~ one's foot*)।

regal[1] री'गॅल् n. (एक छोटा-सा वाद्य-यन्त्र), रीगल।

regal[2] a. राजार्ह, राजोचित, राजकीय; शाही (*~ office, title*); भव्य, शानदार (*lives in ~ splendour*)।

regale[1] रिॅगेल्' n. (शा० एवं ला०) भोज, दावत[F]; स्वादिष्ट भोजन, स्वादिष्ट वस्तु[F]; स्वेच्छा भोजन, इच्छानुसार स्वाद या रस।

regale[2] v.t. & i. (भोजन या वार्तालाप द्वारा) यथेच्छ तृप्त करना, इच्छानुसार सन्तुष्ट करना; (सौन्दर्य, फूल इत्यादिका) प्रफुल्लित करना या होना, आह्लादित करना, आनन्द देना, प्रसन्न करना; सुस्वादु भोजन करना, दावत[F] करना; परिपुष्ट करना।

regalement –'मॅन्ट् n. भोज, उत्सव, आमोद, प्रमोद; सेवन।

regalia[1] रिॅगे'लयॅ n. (मान०) राजचिह्न, राजोपचार; राजाधिकार, शाही अधिकार, राजशक्ति[F]।

regalia[2] n. अच्छे किस्मका सिगार, बढ़िया प्रकारका चुरट।

regalism री'गॅलिज़्म् n. राजवाद, धर्मको राजसापेक्ष माननेवाली नीति[F], राजाका धार्मिक सर्वाधिकारका सिद्धान्त।

regality रिॅगै'लिटि n. प्रभुत्व, राजत्व, राजकीयता[F], राजभाव, राजशक्ति[F]के गुण या लक्षण; राज्य, राजतन्त्रात्मक शासन; राजस्वत्व, राजकीय अधिकार; राजकीय ठाठ।

regard[1] रिॅगार्ड्' n. अवेक्षण, निरीक्षण, दृष्टि[F], निगाह[F]; स्नेह, प्रीति[F], अपेक्षा[F], सम्मान, श्रद्धा[F], आदर (*feel a great ~ for him*); मनोयोग, एकाग्र दृष्टि[F], ध्यान, अवधान; (pl. पत्र आदिमें) अभिनन्दन, स्नेह-प्रदर्शन, नमस्कार (*give him my ~s*); प्रशंसा[F], बधाई[F]; *as ~s, in, with ~ to* या *of* के विषयमें, इस बारेमें; *in this ~* इस विषयमें।

regard[2] v.t. & i. अवेक्षण करना, निरीक्षण करना, दृष्टिपात करना, ताकना, देखना, निगाह[F] डालना (*~s me with curiosity*); ध्यान देना, विचार करना; समादृत करना, मानना (*does not ~ my advice*); आदर करना, सम्मानित करना, सम्मान करना, प्रतिष्ठा[F] करना, सत्कार करना, इज्जत[F] करना, कद्र[F] करना; गणना[F] करना, विचारना, सोचना, समझना (*is to be ~ed as a wild beast*); (वस्तुओं[F]के लिए) अपेक्षा[F] रखना, अवेक्षित होना।

regardant –'डॅन्ट् a. सावधान, चौकस; खबरदार।

regardful –ड्'फ़ुल् a. मनोयोगी, अभिनिविष्ट, लवलीन; सापेक्ष; सावधान, खबरदार; अपेक्षक, सत्कारपूर्ण, आदर-युक्त, सम्मान करनेवाला।

regardfulness –निॅस् n. (क्व०) अपेक्षा[F], सत्कार, समादर, सम्मान, विचार, ख्याल।

regarding –'डिंग् prep. के विषयमें, के बारेमें।

regardless –ड्'लिॅस् a. & adv. अनपेक्ष, निरपेक्ष, उपेक्षावान्, असावधान, अनुत्सुक, विरक्त, उदासीन; अमनोयोगी, अचेत, बेखबर, बेपरवाह।

regardlessness –निॅस् n. अनपेक्षा[F], उपेक्षा[F], असावधानता[F], लापरवाही[F], बेलिहाजी[F]।

regatta रिॅगै'टॅ n. नौक्रीड़ा[F], नौका-प्रतियोगिता[F], नौकादौड़[F], नावों[F]की दौड़[F]; (परि०) नौकादण्ड।

regauging ⊙ रिॅगॉ'जिंग् n. पुनर्मापन।

Regd. Registered.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

regelate रीजिॅलेट्' v. i. (एकत्रित तुषार आदिका) फिरसे जमकर एकाकार हो जाना।

regelation –ले'शॅन् n. (प्रा० भू०, भौ०) **पुनर्हिमायन**, पुनःइयान, फिरसे जमनेकी क्रिया^{F}।

regency री'जॅन्सि n. प्रतिशासन, नियत्रण; (राज०, का०) **राजपता**, T. राज्यसंरक्षकत्व, प्रतिशासकपद; राजप्रतिनिधित्व, राजप्रतिनिधिपद; प्रतिराजमण्डल, प्रतिराजाधिकारीमण्डल; प्रतिराजक्षेत्र; प्रतिशासक-पद-ग्रहण-काल।

regeneracy रिॅजे॑नॅरॅसि a. पुनर्जननता^{F}, पुनर्जन्मता^{F}, पुनरुज्जीवनता^{F}, पुनरुत्पादन, पुनरुत्पत्ति^{F}; पुनरुत्थान; नवोत्साह, नयी उमंग^{F}; पुनरुद्धार, पुनःसंस्कार।

regenerate^{1} –रेट् v.t. & i. उच्चतर या आध्यात्मिक प्रवृत्ति^{F} प्रदान करना, आध्यात्मिक स्थिति^{F} सुधारना; **पुनर्योजित करना**; ओजस्वी एवं समुन्नत जीवन बिताना; **पुनरुत्पादन करना, पुनर्जनन करना**, पुनर्जन्म देना, पुनरुज्जीवित करना, फिरसे पैदा करना या होना, नया जन्म होना या देना; आत्मसुधार करना, **पुनरुद्धार करना** (प्रायः अपना)।

regenerate^{2}, **-ed** –रॅट्, -इड् aa. पुनरुद्धारकृत, धर्मसंस्कारापन्न; पुनर्जात, पुनरुज्जीवित, पुनरुत्पन्न, नवोत्साहयुक्त।

regeneration –रे'शॅन् n. पुनर्जन्म, पुनरुज्जीवन, पुनरुद्धार, (रसा०, प्राणि०) **पुनर्जनन**, पुनरुत्पत्ति^{F}; (चि०) नववृद्धि^{F}, (कृषि०) **प्रवृद्धि**^{F}; पुनरुत्थान, (रसा०, भौ०) **पुनरुत्पादन**; (भौ०) पुनर्नियोजन, **पुनर्योजन**; पुनःसंस्कार, सुधार, उद्धार; (कृषि०) **तापदान**; नवोत्साह, नयी उमंग;

~ area, ~ coupe, ~ feeling, ~ interval, ~ period, ~ plan, ~ technique.

regenerative –'नॅरॅटिव् a. (रसा०) **पुनर्जनक, पुनरुद्धारक, पुनरुत्पादक**; (यत्र०) **पुनर्जननीय**, संस्कार-साधनशील, नवोत्पत्ति-विशिष्ट, पुनरुज्जीवित करनेवाला, पुनरुत्पन्न करनेवाला; नया उत्साह भरनेवाला; (भौ०) **पुनर्नियोजी; पूर्वयोजित**; पुनरुद्धार-विषयक;

~cell, ~ cycle, ~ furnace, ~ operation, ~ system, ~ voltage.

regenerator –रेटॅर् n. (रसा०) **पुनर्जनित्र**; पुनरुत्थापक, (रसा०) **पुनरुद्धारक**, पुनरुत्पत्तिकर्ता, **पुनरुत्पादक; पुनर्योजित्र**; पुनरुज्जीवक; भट्ठों^{F}में ईंधन बचानेके लिए ईंटों^{F}का आवा।

regeneratory –रॅटॅरि a. पुनरुज्जीवक, नवोत्पत्ति-विशिष्ट, पुनरुत्पत्ति-सम्बन्धी; पुनरुत्पादक; प्रणोदक, प्रचोदक, उत्साहवर्द्धक, नया उत्साह देनेवाला; संस्कार-साधनशील, पुनरुद्धार-विषयक, नवोत्साह-विषयक, नयी उमंगवाला।

regenesis रीजे॑'निॅसिस् n. पुनर्जनन, पुंनर्जन्म, पुनरुज्जीवन, पुनरुत्पत्ति^{F}, पुनरुद्धार।

regent री'जॅन्ट् n. शास्ता, प्रतिशासक; **राजप**, राज्य-प्रतिनिधि, शासनपाल; प्रतिराज, प्रतिसंरक्षक, (राजाकी अल्पवयस्कता^{F} या अनुपस्थिति^{F}में शासन चलानेवाला व्यक्ति); T. (किसी राजकीय विश्वविद्यालयमें) शासन-मण्डलका सदस्य ⊙।

regentship –शिप् n. शास्तृपद, प्रतिशासकता^{F}; प्रतिराजत्व, अनुराजत्व।

regerminate रीजर्'मिनेट् v. i. पुनः अंकुरित होना।

regermination –नेशॅन् n. पुनरुद्भेदन, पुनः अंकुरोत्पत्ति^{F}।

regicidal रे॑जिसाइ'डॅल् a. राजवध-विषयक, राजहत्या-सम्बन्धी।

regicide –'जिसाइड् n. राजहन्ता, राजघातक, राजघाती; राजहिंसा^{F}, (राज०) **राजवध**, राजहत्या^{F}।

regie (F) n. राज्य-नियत्रण, राज्यका एकाधिकार।

regime रेज़ीम्' n. शासन, शासन-पद्धति^{F}, राज्यक्रम, राज-शासन-प्रणाली^{F}; शासनकाल, राज्यकाल।

regimen रे॑'जिमॅन् n. शासन; शासनतत्र, प्रणाली^{F}, पद्धति^{F}, रीति^{F}, ढंग, कायदा; (व्या०) अनुशासन, कारक-प्रक्रिया^{F}, पारस्परिक-सम्बन्ध; पथ्यापथ्यनियम।

regiment^{1} रे॑जॅ(ज)मन्ट् n. अनुशासन, नियम, विधि^{F}, विधान, शासन, (छोटे कर्नलके अधीन) महागुल्म, गुल्म, सैन्यदल, व्यूह, पल्टन; T.

regiment^{2} v.t. व्यूहबद्ध करना, पल्टनों^{F}में खड़ा करना; (कार्यकर्ता या श्रमजीवियोंको) संगठित करना; नियत्रणमें रखना, अनुशासित करना।

regimental^{1} –मे॑न्'टॅल् n. (प्रायः pl.) सैन्यवेश, सेना-परिधान, सैनिक वस्त्र, फौजी वर्दी^{F}।

regimental^{2} a. सैन्यदलीय, महागुल्मीय, सैन्यदलका, व्यूह-सम्बन्धी; पल्टनका; **रेजिमेण्टका**;

~ accounts, ~ appointment, ~ association, ~ book, ~ fund, ~ garden, ~ headquarters, ~ magazine, ~ officer, ~ police, ~ school, ~ sports, ~ store, ~ temple.

regimentation –टे'शॅन् n. (राज०) **एकमार्गीकरण**; संव्यूहन, व्यूह-बन्धन, व्यूह-रचना^{F}, व्यूह-निर्माण, सेनाओं^{F}को टोलियों^{F}में खड़ा करना; **प्रधिशासन**, कठोर नियत्रण; (श्रमजीवियों इत्यादिका) संगठन।

regina (L) रिॅजाइ'नॅ n. राज्ञी^{F}, सम्राज्ञी^{F}, रानी^{F}, बेगम^{F}; सिंहासनारूढ़ महाराज्ञी^{F}, गद्दीनशीन बेगम^{F}।

reginal –नॅल् a. राज्ञीय, राज्ञीय-विषयक, सम्राज्ञी-सम्बन्धी, रानी^{F}का, बेगम।

region री'जून् n. लोक, (प्रा० भू०) **प्रदेश, क्षेत्र**, भूभाग, मण्डल, भूखण्ड, (कृषि०) इलाका; (*a desert, fertile*, ~); सीमा^{F}, अधिकार-क्षेत्र; अंगक्षेत्र (*the ~ of the eyes*); *lower* ~ रसातल, पाताल, प्रेतलोक; *upper* ~ स्वर्ग, परलोक, आकाश।

regional –जॅनॅल् a. **क्षेत्रीय, प्रदेश-, प्रादेशिक** (कृषि०) इलाकाई;

~ agencies, ~ area, ~ arrangement,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ classification, ~ commission, ~ commissioner, ~ council, ~ differences, ~ director, ~ distribution, ~ epidemic, ~ fund, ~guide, ~ language, ~ office, ~ planning, ~ representative, ~ station, ~ telegram, ~ trial.

regionalism –लिज़्म् n. क्षेत्रीयता^{F}, प्रान्तीयता^{F}; क्षेत्रीयतावाद, प्रान्तीयतावाद, प्रादेशिकतावाद; शासन-विकेन्द्रण, शासन-विकेन्द्रीकरण, देशको कई प्रशासन-क्षेत्रोंमें बाँट देना।

register[1] रे॑जिस्टर् n. पंजिका^{F}, **पंजी**^{F}, बही^{F}, **रजिस्टर, मीज़ान दर्शक**; आलेख्य; तालिका^{F}, सूची^{F}, अनुक्रमणिका^{F}; (बाजोंमें स्वर ठीक करनेकी) सरकन^{F}, पेंच, स्वरनिर्देशक (*upper, middle, lower,* ~); गति-लेखक यंत्र, शब्दिलेखयंत्र; (मुद्रण०) कागजके दोनों ओर मुद्रित पंक्तियों^{F}का सटीक मेल (*to make* ~); (चित्र०) चित्र-पट्टिका^{F}का केन्द्रित करनेवाले पर्देके साथ मेल या संगति^{F}; ~ office = REGISTRY office;

~ keeper, ~ number, ~ tonnage.

register[2] v.t. & i. पंजीबद्ध करना, आलिखित करना, क्रमानुसार लिखना, लेखबद्ध करना, बहीखातेमें चढ़ाना, इन्दराज करना; निबद्ध करना; (ला०) याद कर लेना, मनमें चढ़ा लेना; (यन्त्रका) निर्देश स्वतः अंकित करना या बताना; (चल-चि०) भावभंगिमा^{F}से व्यक्त करना, आकृति^{F}से प्रकट करना; (गुण इत्यादि) तुल्य बनना, समान होना, एकरूप होना; ~ one*self* मतदाताओंकी सूची^{F}पर अपना नाम चढ़वाना।

registered –ड् a. पंजीयित, **पंजीकृत, पंजीबद्ध, निबद्ध, रजिस्ट्रीकृत, रजिस्ट्री किया हुआ**; T.।

~ account, ~ address, ~ animal, ~ bag, ~ debenture, ~ depth, ~ file, ~ firm, ~ gradiate, ~ letter, ~ list, ~ matter, ~ nurse, ~ office, ~ post, ~ refugee, ~ tonnage.

registering –रिंग् n. **कागज बिठाना; रजिस्टर करना**।

registrable –स्ट्रेबॅल् a. आलेखार्ह, पंजीकरणीय, पंजीयन योग्य, अंकित करने योग्य।

registrant –ट्रॅन्ट् n. पंजीकृत व्यक्ति, आलिखित वस्तु, प्रपंजीयित नाम, व्यक्ति जिसके नाम अथवा ट्रेडमार्कको रजिस्ट्री^{F} हो गयी हो।

registrar –ट्रॅार् n. पंजिकाधिकारी, निबन्धक, (वाणि०) **पंजीयक, पंजीकार**, अभिलेखपाल, मुहाफिज-दफ्तर, **रजिस्ट्रार**; (विश्वविद्यालयमें) प्रस्तोता, (शिक्षा०) **कुल-सचिव**; ~ general महारजिस्ट्रार।

registrarship –शिप् n. आलेखन, प्रपंजीकरण।

registrary –ट्रॅरि n. (कैम्ब्रिज वि० वि० का) रजिस्ट्रार।

registration –ट्रेशॅन् n. आलेख्य, अंकन, **पंजीकरण, पंजीयन**, पंजीबन्धन, निबन्धन, इन्दराज, **रजिस्ट्री**^{F}; (कृषि०) **रजिस्ट्री**^{F} **करना**, रजिस्ट्रीकरण; उपस्थिति^{F}, हाजिरी^{F} ⊙; नाम लिखाना;

~ authorities, ~ card, ~ centre, ~ certificate, ~ circle, ~ clerk, ~ control, ~ counter, ~ department, ~ envelope, ~ fees, ~ mark, ~ number, ~ office, ~ officer, ~ register, ~ report, ~ rules, ~ safe, ~ scheme, ~ seal, ~ section, ~ tribunal, ~ window, new cases, ~ window, old cases, ~ work.

registry –'जिस्ट्रि n. पंजीयन, पंजीकरण, निबन्धन, आलेखन, अंकन, नामांकन, इन्दराज, **रजिस्ट्री**^{F}, (~ *office* भी) नामांकन-स्थान, पंजीयनालय, रजिस्ट्री^{F}का दफतर (*married at a* ~)।

regius री॑जिॲस् a. (हेनरी आठवें द्वारा स्थापित कैम्ब्रिज और आक्सफर्डमें) पीठ^{F}का प्रत्याशी (~ *professor of Greek*)।

reglet रे॑ग्'लिट् n. (मुद्रण) पट्टिका^{F}, (लकड़ी^{F}की) पट्टी^{F}, फाँटी^{F}; (यन्त्र०) **खाँचा**।

reglum donum (L) n. राजकीय अनुदान।

regma रे॑ग्'मॅ n. बहुभागी फल, नैकांशी फल, अनेकांशी फल, कई फाँकोंवाला फल, (वन०) **एरंड फल**, T.

regnal –नॅल् a. प्रशासकीय, शासन-सम्बन्धी; ~ period शासनकाल, राज्यकाल।

regnancy –नॅन्सि n. शासन, राजत्व; राज्यकाल।

regnant –न्ट् a. शासक, राज्याधिकारी, शासन करनेवाला (~ *prince*); (वस्तुओं^{F}, गुणों या मतों आदिके लिए) प्रधान, प्रमुख, प्रचलित, प्रबल, सर्वोपरि।

regolith ⊙रे॑गॅलिथ् n. (प्रा० भू०) **आवरण प्रस्तर**।

regorge रि॑गॉर्ज् v. t. & i. उद्गीर्ण करना, उगलना; वमन करना, छाँडना, कै^{F}करना; (स्रोत आदिका) उभड़ना, उबल पड़ना, निकल पड़ना; (पुनः) निगल जाना, खा डालना।

Reg. Prof. Regius Professor.

regrate रि ग्रेट्' v.t. (इति०) लाभविक्रय करना, मुनाफाखोरी^{F} करना।

regrater, -or –ट्रॅर्, -ॲर् n. लाभविक्रेता, मुनाफाखोर।

regress[1] री'ग्रे स् n. (शिक्षा०) **प्रतीपायन**, प्रतीपगति^{F}, परावर्तन, प्रत्यावर्तन, प्रतिगमन, अवनति^{F}, वापसी; प्रत्यागम-क्षमता^{F}।

regress[2] रि॑ग्रे॑स v.t. प्रतीपगमन करना, उल्टा चलना, पीछे जाना या हटना।

regression –श्न् n. (सांख्य०) **समाश्रयण**; (शिक्षा०) **प्रतीपायन, परावर्तन**, प्रत्यावर्तन, (कृषि०, प्राणि०) **अपवर्तिता**^{F}, प्रत्यागमन, (शिक्षा०) **प्रतिगमन**, पश्चगमन, (ज्यौ०) **पश्चागमन**, पश्चाद्गमन, प्रतीपगति^{F}, उल्टी चाल^{F}, वापसी^{F}, हटनेकी क्रिया^{F}; पुनःपतन, पलटा, दोहार (विशे० स्वस्थ होकर फिर बीमार पड़ना); T.;

~ coefficient, ~ curve, ~ equation,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ error, ~ function, ~ hypersurface, ~ lines, ~ plane, ~ polynomial, ~ ratios, ~ time.

regressive –सिव् a. प्रत्यावर्तनशील, प्रतीपगामी, पश्चाद्गामी, प्रतिगामी, पलटनेवाला (~ *taxation*), (का०) **प्रत्यनुपाती**।

regressiveness –निॅस् n. प्रत्यावर्तनशीलता^{F}, पीछे या उल्टा चलनेका स्वभाव।

regret[1]* रिॅग्रेॅट् n. अनुताप, परिताप, पश्चात्ताप, खिन्नता^{F}, शोच, दुःख, **खेद***, सन्ताप, उद्वेग, पछतावा, रंज (*refuse with great* ~); **खेद है**।

regret[2] v.t. अनुताप करना, परिताप करना, पश्चात्ताप करना, दुःख प्रकट करना, खिन्न होना, खेदयुक्त होना, पछताना, अफसोस करना; सन्तप्त होना, सन्ताप करना, प्रायश्चित्त करना; (शब्दों द्वारा) खेद प्रकट करना, दुःखी होना, लज्जित होना।

regretful –फुल् a. सन्तप्त, परितप्त, अनुतप्त, खेदयुक्त, शोकाकुल, दुःखित, खिन्न, उद्विग्न।

regrettable –टॅबॅल् a. अनुतप्य, खेद्य, शोचनीय, खेद-का विषय।

regt. regiment; regent.

regulable रेॅग्यूलॅबॅल् a. अनुशासनीय, नियमनशील, नियमापेक्षी, नियमित करने योग्य।

regular* –लॅर् a. (रसा०) **समभुजकोणीय**; (ईसा०) नैयमिक, विधिवत्, सविधान, औपचारिक, वैधिक, यथारीति, सुव्यवस्थित, (धार्मिक मठके नियमोंसे सम्बद्ध); (घ० ज्या०, रसा०) **सम** (~nonagon); तुल्य, समरूप, अनुरूप, एकरूप, सदृश, बराबर; व्यवस्थानुयायी, अभ्यास-सिद्ध, (रसा०) **नियमित***, नियत (~ *channel*), **सम्मित, सुव्यवस्थित**, व्यवस्थित, कालानुवर्ती, नियमानुसारी, नियमपर, शिष्टाचारानुकूल, रीति^{F} न तोड़नेवाला; (शिक्षा०) संस्थागत (~ *student*); अनुक्रमागत, यथाक्रम, क्रमानुसारी; **स्थायी**; अनवरत, सतत; यथार्थ, समुचित, सही, ठीक (*had no* ~ *introduction*); निपुण, सुयोग्य, सुसम्पन्न, दोषरहित, सिद्ध (*cooks like a* ~ *cook*); (गोल०) पूर्ण, सम्पूर्ण, पूरा, पक्का (*a* ~ *rascal*); ~ army नियमित (वैतनिक सैनिकों^{F}से बनी) सेना^{F}; the ~ clergy (रोमन कैथोलिक देशोंमें साधारण पादरियोंके विपरीत) मठजीवी साधु;

resinous –ज़िनॅस् a. उद्यास-, उद्यासमय, उद्यासरूप, उद्यासवत्, (चि०) राल-स्वरूप, (वन०) **रालदार**, राल-जैसा, राल[F]का, धूना-मिला; ~ lustre (प्रा० भू०) **बेरोजा द्युति[F]**।

resinousness –नॅस् n. उद्यासमयता[F], उद्यासरूपता[F], उद्यासवत्ता[F], धूपयुक्तता[F], रालयुक्तता[F]।

resiny –नि a. = RESINOUS.

resipiscence रे॑सिपि'सॅन्स् n. अनुभव, अनुभव-बुद्धि[F], अनुभव-ज्ञान, अनुभूति[F], संचित ज्ञान; दोष-स्वीकरण, त्रुटि-स्वीकरण, गलती[F] मानना; अनुताप, पश्चात्ताप।

resipiscent–न्ट् a. अनुभवी, अनुभव-बुद्धि-युक्त, संचित-ज्ञानयुक्त, अनुभूतिमय; पश्चात्तापपूर्ण।

resist[1] रि॑ज़िस्ट्' n. रोध, रोधी, मसाला।

resist[2] v.t. & i. बाधा[F] देना, (का०) **प्रतिरोध करना**, मार्गावरोध करना, गतिरोध करना, विरोध करना, खिलाफ होना, मुकाबला करना; निवारण करना, रोकना, दूर[F] रखना; प्रवेश न करने देना, बाहर रखना; प्रभावित न होने देना; चोट[F] न आने देना; सहन करना, रक्षा[F] करना, बचाना; खण्डन करना, न मानना; बचना, दूर[F] रहना (*who can ~ God's will ?*); (किसीके विरुद्ध) प्रबल उद्योग करना, होड़[F] लगाना; सहमत न होना, बात[F] माननेसे इनकार करना।

resistance टॅन्स् n. बाधा[F], (चि०, गतिवि०, भौ०, जीव०) **प्रतिरोध**, प्रतिघात, अवरोध, विरोध; प्रतिरोध-शक्ति[F], विरोधका बल; बाधा[F], व्यवधान, प्रतिष्टम्भ, रुकावट[F], रोक[F], रोड़ा, अड़ंगा; (विद्यु० चुम्ब०, ताप) रोध, अचालकता[F]; (विद्युत्-उपकरणका वह भाग जो धारा[F]का नियमित प्रतिरोध करनेमें प्रयुक्त होता है); (भौ०)

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतिरोधक; passive ~ सत्याग्रह, अहिंसात्मक विरोध, शान्तिपूर्ण विरोध; *take line of least* ~ (ला०) सबसे सुगम मार्ग ग्रहण करना;
~ arm, ~ box, ~ bridge, ~ cell, ~ coil, ~ grid, ~ lamp, ~ movement, ~ overcome, ~ strip, ~ thermometer, ~ variety, ~ wire.

resistant[1] –न्ट् (जीव०, भौ०, गतिवि०) **प्रतिरोधी**, प्रतिरोधक व्यक्ति या वस्तु[F]।

resistant[2], **resistent, resistive** –न्ट्, –ट्रिव् aa. रोधी, रोधक, (गति०, भौ०, जीव०) **प्रतिरोधी** (~ *rock*), प्रतिरोधनशील, प्रतिरोधकारी, निवारक, रोकनेवाला; तितिक्षु, सहिष्णु, सहनशील।

resisted –ट्रिस्ट्ड् a. रुद्ध, अवरुद्ध, प्रतिरुद्ध।

resistent –ट्रेन्ट् a. (क्र०) = RESISTANT.

resister –ट्रॅर् n. प्रतिरोधक, अवरोधक, रोधकर्ता, विरोधी; passive ~ सत्याग्रही, अहिंसात्मक प्रतिरोधी।

resistibility –ट्रॅबि'लिटि n. रोध्यता[F], प्रतिरोध्यता[F], अवरोध्यता[F], प्रतिरोधनीयता[F]; प्रतिरोध-शक्ति[F], सहनशीलता[F]।

resistible –ट्रॅबॅल् a. रौध्य, प्रतिरोध्य, प्रतिरोधनीय, प्रतिबाध्य, विरोध-योग्य, बाधा[F] देने योग्य।

resisting –ट्रिंग् a. (चि०) प्रतिरोधी;
~ medium, ~ shoulder.

resistive –ट्रिव् a. = RESISTANT.

resistivity –ट्रि'विटि n. रोधिता[F], रोधकता[F], (भौ०) **प्रतिरोधकता**[F], प्रतिरोधनशीलता[F], प्रतिरोधता[F], प्रतिरोधकारिता[F], निवारकता[F]; तितिक्षा[F], सहिष्णुता[F], सहनशीलता[F]।

resistless –ट्रॅस्लिस् a. (का०) अप्रतिरोधनीय, अप्रतिरोध्य, अनिवार्य, प्रतिरोधशून्य, विरोधरहित, बाधाशून्य, बेरोक, विवश।

resistlessness –ट्रॅस्निस् n. अप्रतिरोधनीयता[F], अप्रतिरोध्यता[F], अनिवार्यता[F], प्रतिरोधशून्यता[F], विरोधराहित्य, बाधाशून्यता[F]।

resistor –ट्रॅर् n. (विद्युत्०) रोधी यन्त्र, तरंग-रोधक, (भौ०) **प्रतिरोधक**।

res judicata (L) n. पहलेसे ही निर्णीत मुकदमा।

resolubility रे॰ज़ॅलु(ल्यू)बि'लिटि n. विगलनीयता[F], विघटनियता[F], विश्लेष्यता[F], घुलनशीलता[F], घुलनेकी स्थिति[F]।

resoluble –ज़ॅलु(ल्यू)बॅल् a. घुलने योग्य, विगलनीय, विश्लेष्य।

resolute –ज़ॅलु(ल्यू)ट् a. कृतसंकल्प, दृढ़संकल्प, दृढ़प्रतिज्ञ, दृढ़निश्चय, स्थिरमति, स्थिर, दृढ़, अटल, अडिग, पक्का, कड़ा, हठी; साहसी, निर्भीक, जीवटका, हिम्मती, दिलेर।

resolution –लू(ल्यू)'शॅन् n. (घटकोंमें) पृथक्करण, पृथग्दर्शन, (गतिवि०) **विघटन, खण्डन, गुणनखण्ड करना**; विश्लेषण, रूपान्तर, दूसरे रूपमें परिवर्तन, घटाव; (भौ०) **वियोजन, विभेदन**, (चि०) शोथोपशमन, सहज आरोग्य; पीप आये फोड़े-फुन्सियों[F]का बैठ जाना; पीप आये बिना सूजन[F]का लोप; (छ०; एक लम्बे शब्दांशके स्थानपर छोटे शब्दांशोंका) उपस्थापन, प्रतिस्थापन; (संगीत) असंगति[F]से स्वर-संगति[F]की रचना[F]; शंका-समाधान, समस्या[F]का निराकरण, प्रश्नका सुलझाव, सवालका हल; (राज०) **प्रस्ताव, संकल्प**, (दर्श०) **निश्चय**, संकल्पका विषय; स्थिर चित्त, दृढ़ चरित्र; दृढ़ता[F], दृढ़प्रतिज्ञता[F], दृढ़संकल्पता[F], इरादेकी कड़ाई[F]।

resolutioner –नॅर् n. प्रस्तावक, प्रस्ताव-सहयोगी, प्रस्ताव-भागी, प्रस्तावमें हिस्सा लेनेवाला।

resolutive –ज़ॅल्(ल्यू)टिव् a. & n. विघटनकारी (लेप), विगलनीय (औषध[F]), विगलनशील, विश्लेषणकारी (पदार्थ), घुलनेवाली (दवा[F]); निर्णयकारी (~ *condition*)।

resolvability रि॰ज़ॉल्वॅबि'लिटि n. विभेद्यता[F], विश्लेष्यता[F], विश्लेषणीयता[F], खण्डनीयता[F], द्रविता[F], विघटनीयता[F], विगलनशीलता[F]; परिवर्तनीयता[F], रूपान्तरणीयता[F]; समाधानार्हता[F], सुलझानेकी योग्यता[F]; निश्चयार्हता[F]।

resolvable –वॅबॅल् a. विभेद्य, विश्लेष्य, विश्लेषणीय, खण्डनीय; द्रावक, विघटनीय, विगलनीय, विगलनशील; परिवर्तनीय, रूपान्तरणीय, बदलने योग्य; समाधानार्ह, सुलझाने योग्य, हल करनेमें सहायक; निश्चयार्ह, इरादा करने लायक।

resolve[1] –व्' n. संकल्प, दृढ़ निश्चय, प्रतिज्ञा[F], इरादा (*she kept her* ~); (रसा०, भौ०) **वियोजन, विभेदन**; (का०) संकल्पशक्ति[F], दृढ़ता[F], अडिगपन (*a mind of high* ~)।

resolve[2] v.t. & i. निर्गलित होना, विगलित होना, विघटित होना, पिघलना, पिघलाना, घोलना, घुलना, गलाना, गलना, खोलना; (रसा०) **वियोजित करना, विभेदन करना**, विच्छेद करना, विश्लेषण करना, **विघटित करना**, व्यवच्छेद करना, (ग० भी) **खण्डित करना, खण्डन करना**, खण्ड-खण्ड करना, टुकड़े-टुकड़े करना, छिन्न-भिन्न करना, पृथक् करना या होना; परिवर्तित करना या होना, रूपान्तरित करना या होना, बदलना; (संगीत) सस्वर बनना, सुर मिलाना, सुरीला होना; समाधान करना, स्पष्ट करना, सुलझाना, हल करना, साफ करना (*the problem of its origin is still to be* ~ *d*); व्याख्या[F] करना, मीमांसा[F] करना; मनस्थ करना, दृढ़ निश्चय करना, संकल्प करना; प्रस्ताव करना, ठान लेना, इरादा करना, ठानना, ठहराना; (विधानसभा[F] इत्यादिका) पारित करना; (परिस्थितियों[F] आदिका किसी व्यक्तिको कार्य करनेके लिए) कटिबद्ध करना; (चि०) प्रकृतिस्थ करना, विकारोपशम करना।

resolved –व्ड् a. द्रवित, विगलित, (ग० भी) विघटित, वियोजित (~ *ari*), विश्लिष्ट (~ *element*); प्रस्तावित; पारित; स्थिर, दृढ़, दृढ़प्रतिज्ञ, संकल्पित।

resolvedness –व्ड्-निस् n. द्रवितत्व, विगलितत्व, विघटितत्व, विश्लिष्टता[F]; प्रस्तावितता[F], पारितता[F],

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थिरता^{F}, दृढ़ता^{F}, दृढ़प्रतिज्ञा^{F}, संकल्प ।

resolvent[1] –वॅन्ट् n. विघटनकारी पदार्थ; (चि०) प्रकृतिस्थापक, विलायक, विशोषक औषधि^{F}; शोथहर औषध^{F} या लेप।

resolvent[2] a. (चि०) प्रकृतिस्थापक, विलायक, शोथहर; विघटनकारी, विश्लेषक, खण्ड-खण्ड करनेवाला, अलग अलग करनेवाला; गलाऊ, घुलाऊ ।

resolver –वॅर् n. निर्गलक, विगलक, विघटयिता; विभेत्ता, विच्छेत्ता, विश्लेषक, खण्ड-खण्ड करनेवाला; व्याख्याकार, मीमांसाकार; हल करनेवाला, साफ करनेवाला; निश्चेता, संकल्पक; प्रस्तावक ।

resolving –विंग् a. विघटन, विघटनकारी; ~ power (भौ०) **विभेदकता**^{F}, **विभेदन-क्षमता**^{F} ।

resonance रे'ज़ॅनॅन्स् n. (भौ०, चि०) **संस्पन्दन, अनुस्पन्दन,** (रसा०) **अनुकम्पन, संदोलन;** (भौ०, चि०) **अनुनाद,** प्रतिनाद, प्रतिध्वनि^{F}, प्रतिस्वन, प्रतिस्वनिता^{F}, गूँज^{F}, गमक^{F}, झंकार^{F};

~ absorption, ~ box, ~ curve, ~ energy, ~ level, ~ line, ~ method, ~ potential, ~ scattering, ~ structure, ~ tube.

resonant –नॅन्ट् a. (भौ०) **अनुनादी** (~ *circuit*), प्रतिस्वनी (~ *recorder*); अनुनादित, प्रतिध्वनित, प्रतिनादित, शब्दायमान, गुंजित, मुखरित, गूँजनेवाला, झंकारभरा, गमकदार ।

resonate –नेट् v. i. (रसा०) **संस्पन्दन करना,** अनुनादित होना, ध्वनित होना, झंकृत होना, कम्पित होना, प्रतिध्वनित होना, मुखरित होना, गूँजना ।

resonation –ने'शॅन् n. (रसा०) **संस्पन्दन** ।

resonator –टॅर् n. अनुनादी, (चि०, भौ०) **अनुनादक,** प्रतिध्वनक; अनुनादक यंत्र, (ध्वनियोंको अनुनाद प्रदान करनेका साधन) ।

resorb रिसॉर्ब्' v.t. निगल जाना, गटक जाना, लीलना; पुनः ग्रहण करना, फिरसे खपा लेना ।

resorbent –'बॅन्ट् a. (चि०) विकृत द्रव्य चूषक; पुनःग्राहक, संचूषक, फिरसे सोखनेवाला, फिरसे खपालेनेवाला ।

resorcin रे'ज़ॉर्'सिन् n. शेयास, रंगका गोंद ।

resorption रिसॉर्प्'शॅन् n. (चि०) विकृत द्रव्य-चूषण; पुनर्ग्रहण, पुनश्चूषण, फिरसे सोखना, फिरसे खपा लेना ।

resorptive –'प्टिव् a. पुनर्ग्रहणात्मक, पुनर्ग्रहण-विषयक, फिरसे सोखनेका, पुनर्चूषी, चूषणशील, पुनर्ग्राहक, फिरसे खपा लेनेवाला, पुनः सोखनेवाला ।

resort[1] रिज़ॉर्ट्' n. आश्रय, अवलम्ब, शरण^{F}; उपाय, युक्ति^{F}; साधन, मार्ग, चारा, रास्ता; समागम, गमनागमन; गमनस्थान, समागमस्थान; स्थान (*health, holiday,* ~); जमघट, भीड़^{F}; गीत; *in the last* ~ अन्तिम प्रयत्नके रूपमें ।

resort[2] v.i. आश्रय लेना, अवलम्बित होना, शरण^{F} लेना, सहायता^{F} लेना, आसरा लेना, सहारा लेना, काम लेना, मदद^{F} चाहना; बड़ी संख्या^{F}में जाना; आना-जाना; प्रयोग करना, लगाना ।

re-sort[3] री-सॉर्ट्' v.t. दुबारा छाँटना, फिरसे बीनना या चुनना ।

resorter रिज़ॉर्'टॅर् n. आश्रयी, अवलम्बी, शरणार्थी, आसरा लेनेवाला, सहारा लेनेवाला, काम लेनेवाला ।

resound रिज़ाउन्ड्' v. i. & t. प्रतिध्वनित होना, प्रतिनादित होना, अनुनादित होना, गूँजना; स्थानको ध्वनित करना, आवाज़^{F}से भर देना; प्रतिध्वनि^{F} उत्पन्न करना, गूँज^{F} पैदा करना; यशोविस्तार करना, कीर्तिप्रसार करना, प्रसिद्धि फैलाना, मशहूर कर देना; (ख्याति^{F} या घटना^{F}की) चर्चा^{F} होना, फैलना; हलचल^{F} फैलना, धूम^{F} मचाना, सनसनी^{F} पैदा करना; (उच्चस्वरमें) पुनरावृत्ति^{F} करना, दुहराना ।

resounding –डिंग् a. प्रतिध्वनिशील, प्रतिनादी, अनुनादी, गूँजनेवाला, आवाज़से भर देनेवाला; यशोविस्तारक, कीर्तिप्रसारक, प्रसिद्धि फैलानेवाला, मशहूर करनेवाला; धूम^{F} मचानेवाला, सनसनी^{F} पैदा करनेवाला ।

resource रिसोॅर्स् n. (pl.; देशके सामूहिक) (राज०) **साधन,** संसाधन, साधन-स्रोत, **स्रोत,** उपाय, गति^{F}, मार्ग, चारा, रास्ता; धन, विभव, सम्पत्ति^{F}, द्रव्य, सामग्री^{F}, (अव क०) सहायता^{F}की सम्भावना^{F}, सहारेकी आशा^{F}, कालक्षेपका उपाय, समय काटनेका साधन, अवकाशका काम; कल्पनाशक्ति^{F}, कुशाग्र बुद्धि^{F}, व्युत्पन्न मति^{F}, उद्योग बुद्धि^{F}, हाजिरदिमाग; ~ operation (अर्थ०) **धन-परिचालन** ।

resourceful –'फ़ुल् a. साधन-सम्पन्न; उद्योगी, उद्योगशील; युक्तिपूर्ण; व्युत्पन्नमति, उद्योगबुद्धिवाला, सूझबूझवाला, हाजिर-दिमाग ।

resourcefulness –निॅस् n. साधनसम्पन्नता^{F}, युक्तिपूर्णता^{F}, उद्योगीलता^{F}; प्रत्युत्पन्नमतित्व, व्युत्पन्न मति^{F}, उद्योग बुद्धि^{F}, सूझबूझ^{F}, हाजिरजवाबी^{F} ।

resourceless –'लिॅस् a. असहाय, निराश्रय, साधनशून्य, साधनहीन; युक्तिहीन, उद्योगरहित; अवकाश कार्यरहित; उद्योगबुद्धिहीन, बिना सूझबूझ^{F}का ।

resourcelessness –निॅस् n. साधनशून्यता^{F}, साधनहीनता^{F}; युक्तिहीनता^{F}, यत्नाभाव, उद्योगाभाव; अवकाशशून्यता^{F}, उद्योगबुद्धिहीनता^{F}, सूझबूझ^{F}की कमी^{F} ।

respeak रीस्पीक' v. i. & t. प्रतिध्वनित होना, प्रतिवादित होना, अनुवादित होना, गूँजना, उत्तर देना; जवाब देना ।

respect[1]* रिस्पेक्ट् n. प्रसंग, सन्दर्भ, प्रकरण, विषय, सम्बन्ध, बाबत (प्रायः *to* के साथ) (*the terms have* ~ *to position alone*); ध्यान, ख्याल, लिहाज (*have not* or *had, paid* ~ *to anything but colour*); दृष्टि^{F}, पक्ष, पहलू (*in all* ~*s*); विचार; मान, **सम्मान,** अर्चा^{F}, सत्कार, **आदर***, इज्जत^{F}; (pl. *my, his* आदिके साथ) अभिवादन, प्रणाम, नमस्कार; *in* ~ *of* के बारेमें ।

respect[2] v.t. सम्बन्ध रखना, सम्पर्क रखना, सम्बन्धित होना, विषयमें होना; मान करना, सम्मान करना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्मानित करना, सत्कार करना, आदर करना, इज्जत[F] करना; ध्यान रखना, ख्याल रखना, लिहाज करना; श्रद्धा[F] का वर्ताव करना; ~ *innocence* or *the innocent* भ्रष्टाचारसे दूर रहना, पापोंसे विरत रहना, पतनसे बचना; ~ *oneself* आत्मसम्मानका ध्यान रखना; ~ *persons* (प्रभावके कारण) अनुचित पक्षपात करना, रिआयत[F] करना; ~ *yourself and you will be ~ed* अपनी मर्यादा[F] अपने हाथ, अपनी इज्जत[F] अपने हाथ।

respectability –टॅबि'लिटि n. आदरणीयता[F], मान्यता[F], सम्माननीयता[F], सम्मानार्हता[F]; प्रतिष्ठा[F], सम्मान; भद्रजन, सम्मानित लोग, आदरणीय व्यक्ति, बड़े आदमी।

respectable –'टॅबॅल् a. मान्य, माननीय, सम्माननीय, आदरणीय, श्रद्धेय, श्रद्धास्पद (~ *gentleman*); विशिष्ट, महत्त्वशाली, महत्त्वपूर्ण, सुनामयुक्त; गुणयुक्त, सद्गुणविशिष्ट; पर्याप्त, बहुत अधिक, बहुत काफी (~ *antiquity*); भद्र, साधु, सज्जन, सम्मानित, प्रतिष्ठित; योग्य, श्रद्धास्पद, सच्चरित्र, भला, नेक, ईमानदार; सज्जनोचित, भद्र व्यक्तिके अनुकूल।

respectableness –निॅस n. RESPECTABILITY.

respectables ⊙–ब्ज़् n. (pl.) सम्मानित जन, प्रतिष्ठित पुरुष, भद्र लोग।

respectant रिॅस्पेॅक्'टॅन्ट् a. मिथःदर्शी, परस्परापेक्षी, एक-दूसरेकी ओर देखनेवाला।

respecter –टॅर् n. (~ *of persons*) पक्षपाती, पक्षपात करनेवाला।

respectful रिॅस्पेॅक्ट्'फुल् n. विनीत, विनयशील, सविनय, आदरसूचक, आदरपूर्ण, सादर, सम्मानपूर्ण, श्रद्धायुक्त, भद्र, शिष्ट (~ *behaviour*)।

respectfulness –निॅस् n. विनय[F], विनयशीलता[F], विनीतता[F], सम्मानपूर्णता[F], श्रद्धालुता[F], आदरसूचकता[F], आदरपूर्णता[F]।

respecting रिॅस्पेॅक्'टिंग् prep. के सम्बन्धमें (*legislation ~ property*)।

respective –टिव् a. तत्तत्सम्बन्धी, स्व-स्व, निज-निज, अपना-अपना, (विधा०) **अपनी-अपनी**, वैयक्तिक, निजी (*go to your ~ places*); विभिन्न।

respectively –लि adv. क्रमशः, यथाक्रम, यथायोग, क्रमानुसार, क्रमसे, एक-एक करके, अपने-अपने ढंगसे।

respectless रिॅस्पेक्ट्'लिॅस् a. मानहीन, सम्मानविहीन, सत्कारविहीन, आदरहीन, अनादृत, बेइज्जत।

respirability रेॅस्पॅरॅबि'लिटि, रिॅस्पाअॅरॅबि'लिटि n. निःश्वास-प्रश्वासोपयुक्तता[F], श्वसन-योग्यता[F], श्वास-योग्यता[F]।

respirable –'पॅरॅबॅल्, 'रॅबॅल् a. निश्वास-प्रश्वासोपयुक्त, श्वसन-योग्य, श्वास-योग्य।

respiration रेॅस्पॅरे'शॅन् n. (चि०, रसा०, कृषि० जीव०) **श्वसन**, (~ *apparatus*), **श्वास-प्रश्वास, साँस[F] लेना**; श्वास-प्रश्वास-क्रिया[F]; प्राण, **श्वासोच्छ्वास**, श्वास[F], साँस[F], (पौधोंका) श्वास-परित्याग, श्वासग्रहण; विश्राम, आराम।

respirational –नॅल् a. श्वसन-विषयक, श्वासोच्छ्वास-विषयक, श्वास-सम्बन्धी, साँस[F] का; श्वास-परित्याग-विषयक, श्वास-ग्रहण-सम्बन्धी।

respirative –'पॅरॅटिव्, रिस्पाअॅ'रॅटिव a. = RESPIRATORY.

respirator –रेॅ'टॅर् n. श्वसित्र, (श्वास[F] लेनेका आला), **श्वास यन्त्र, साँस-यन्त्र**, रेसपिरेटर; (सेना०, विषैली गैस[F] से रक्षार्थ) निस्यन्दन या विशोधक श्वसित्र।

respiratory, respirative –रि, रिॅस्पाअॅ' रेटिव् aa. (चि०, वन०, जीव०) **श्वास-, श्वसन-**, श्वास-प्रश्वास-सम्बन्धी; श्वसनकारी; ~ organ (चि०, जीव०) **श्वसनांग**, श्वास-यन्त्र;

~ aperture, ~ cavity, ~ centre, ~ disease, ~ enzyme, ~ heart, ~ movement, ~ organ, ~ passage, ~ pigment, ~ quotient, ~ root, ~ stimulant, ~ system, ~ tree, ~ tube, ~ valve.

respire रिॅस्पाअॅर' v.i. & t. श्वासोच्छ्वास करना, श्वास-प्रश्वास लेना, साँस[F] लेना और निकालना, श्वास[F] निकालना, दम[F] लेना; सुस्ताना, आराम करना।

respirometer रेॅस्पॅरॉ'मिॅटॅर् n. (चि०) श्वासमान, श्वास-मापक यन्त्र, श्वसन-स्वरूप-मापक यन्त्र।

respiroscope –प्राअॅ'रॅस्कोप् n. (वन०) **श्वसनदर्शी**।

respite[1] रेॅ'स्पिट् n. अवकाश, विरति[F], लघु विराम, विश्राम, विश्रान्ति[F], फुरसत[F], **विराम**, आराम; उपस्थगन, प्रास्थगन; मध्यान्तर, देर[F], नागा; अवकाश-दान, मोहलत[F]।

respite[2] v.t. अवकाश देना, विराम देना, फुरसत करना; दण्डदान स्थगित करना, सजा[F] मुल्तवी करना; आभारग्रहण स्थगित करना; अवकाश-दान करना, छुट्टी[F] देना, मोहलत[F] देना; (कष्ट इत्यादिसे) स्थायी छुटकारा देना, आराम देना; (सेना०) वेतन रोक लेना।

resplendence, -cy रिॅस्प्लेॅन्'डॅन्स, -सि nn. दीप्ति[F], आभा[F], उज्ज्वलता[F], तेज, ज्योति[F], प्रकाश, चमक-दमक[F], जगमगाहट[F]।

resplendent –न्ट् a. दीप्त, अत्युज्ज्वल, समुज्ज्वल, प्रकाशमय, विभ्राजमान, देदीप्यमान, जगमगाता हुआ।

respond[1] रिॅस्पॉन्ड' n. (स्था०) (मेहराबको सहारा देनेके लिए दीवालसे लगा हुआ) **अर्द्धस्तम्भ**; (स्था०) **भित्तिस्तम्भ**, याजक द्वारा उच्चारित पंक्ति[F], श्रोतागण द्वारा दिया गया उत्तर।

respond[2] v.i. प्रश्नोत्तर करना, सवाल-जवाब देना; उत्तरमें कोई कार्य करना; उत्तर देना, जवाब देना; (व्यवहार या परिवर्तन द्वारा) प्रतिचार होना, संवेदनशीलता[F] प्रकट करना, शक्ति[F] या उत्तेजना[F] के अनुसार कार्य करना, प्रभावित होना, प्रतिक्रिया[F] दिखाना (*does not ~ to kindness*); सदृश होना, अनुकूल होना, जोड़का होना।

respondeat –डीअेट् उन्हें (या उसे) उत्तर देने दो।

respondence, -cy रिॅस्पॉन्'डॅन्स्, -सि nn. उत्तर,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रत्युत्तर, जवाब; सादृश्य, अनुकूलता[F], मेल, जोड़।

respondent रे॑स्पॉन्'डॅन्ट् a. & n. (क़ानून) प्रतिवाद अस्वीकर्ता; प्रतिवादी, (का०) प्रत्यर्थी, प्रतिपक्षी, उत्तरवादी, मुद्दआलह।

respondentia रे॑स्पान्डे॑न्'शिअ॑ n.(वाणि०) पोत-ऋण, जलयान-ऋण, नौभारबन्धक, (जो जहाजके ठीक हालत[F]में पहुँचनेपर दिया जाता है; (~ *bond*)।

responding रि॑स्पॉन्'डिंग् a. प्रतिचारी, प्रत्युत्तरदायी; अनुरूप।

responsal –'सॅल् n. =RESPONSE.

response –स्' n. उत्तर, प्रत्युत्तर, (चि०) प्रतिवेदन, प्रतिवचन, जवाब; प्रतिक्रिया[F], अनुक्रिया[F], (~ *words*), अनुचार, प्रतिचार, प्रतिचेष्टा[F], (*in* ~ to; *made no* ~); संवेदनशीलता[F] (*called forth no* ~ *in his breast*); (ईसा०, पादरी द्वारा उच्चारित पंक्ति[F]के) उत्तरके रूपमें गायी गयी पंक्ति[F]।

responsibility –सॅबि'लिटि n. दाय, दायित्व, उत्तरदायित्व, प्रष्टव्यता[F], जिम्मेदारी[F], जवाबदेही[F]।

responsible* –'सॅबॅल् a. दायी, दायग्रस्त, उत्तरदायी*, प्रष्टव्य, जिम्मेदार*, जवाबदेह (~ *agent*); विख्यात, प्रसिद्ध; आदरणीय; विश्वसनीय; उत्तरदायित्वपूर्ण, जिम्मेदारीवाला (*a* ~ *office*)।

responsibleness –नि॑स् n. =RESPONSIBILITY.

responsions रि॑स्पॉन्'शन्ज् n. (pl.) आक्सफर्डकी बी० ए० की उपाधि[F]के लिए तीन परीक्षाएँ[F]।

responsive रि॑स्पान्'सिव् a. प्रतिचारी, प्रत्युत्तरदायी, उत्तरदान-प्रवण, प्रत्युत्तर देनेवाला, जवाबी; (किसीके प्रभावके प्रति) सत्वर प्रवृत्त, संवेदनशील, प्रतिक्रियात्मक, संवादी (~ *cooperation*); करुणापूर्ण, समवेदनापूर्ण, सहानुभूतिसूचक, हमदर्द।

responsiveness –नि॑स् n. प्रतिचारिता[F], प्रत्युत्तरदायिता[F], उत्तरदान-प्रवणता[F]; संवेदनशीलता[F], अनुक्रियाशील, अनुक्रियात्मक, प्रतिक्रियात्मकता[F]; करुणामयता[F], सहानुभूति[F], समवेदना[F], हमदर्दी[F]।

responsory[1] रि॑स्पॉन्'सॅरि n. बाइबिल[F]के पाठके साथ गाया गया भजन।

responsory[2] a. सप्रत्युत्तर, उत्तरपूर्ण, जवाबवाला।

ressaldar रे॑सॅल्दार' n. रिसालदार।

rest[1]* रे॑स्ट्' n. (अर्थ०, चि०) विश्राम, उपशान्ति[F], (स्थिति वि०) विराम, सुख, (अर्थ०) आराम*, चैन; शयन, निद्रा[F], नींद[F] (*go, retire to* ~); विश्रान्ति[F], कार्य-निवृत्ति[F], व्यापार-निवृत्ति[F], फ़ुरसत[F]; स्थिरता[F], अचलता[F], निश्चलता[F], निश्चेष्टता[F], ठहराव; विश्रान्तिकाल, कार्यनिवृत्ति-समय, फ़ुरसत[F]का समय; विश्रामस्थल, आरामकी जगह[F]; आश्रय, अवलम्ब, आधार, सहारा, टेक[F]; (संगीत) विराम, नियत मध्यान्तर; विराम-संकेत, मध्यान्तर-चिह्न; day of ~ रविवार; ~-cure विश्राम-चिकित्सा[F]; *at* ~ शान्त, प्रशान्त, उपशान्त, विश्रान्त, निश्चल, निश्चेष्ट, अचल, स्थिर; निर्व्यापार, निरुद्योग; अक्षुब्ध, अनुद्विग्न, अव्यग्र, अव्याकुल; *lay to* ~ समाधिस्थ करना, गाड़ना, दफन करना; *set person's mind at* ~ शान्ति[F] प्रदान करना, मानसिक शान्ति[F] देना, आराम देना;

~ area, ~ day, ~ house, ~ mass, ~ pause, ~ periods, ~ room, ~ station, ~ shelter.

rest[2] v. i. & t. विश्राम करना, आराम करना, आराम देना, सुस्ताना; शान्त होना, निश्चल होना, निश्चेष्ट होना, स्थिर होना, थिर होना, चुप होना, ठहरना, टिकना, रुकना, रहना; सहारा देना, आश्रित होना, अवलम्बित होना, निर्भर रहना, सहारेपर होना, भरोसेपर होना, लेटना, पड़ा होना; टेक[F] लगाना, सहारा लेना (*I* ~ *upon your promise*); विश्वास करना; ~ or *God* ~ *his soul* ईश्वर उनकी आत्मा[F]को शान्ति[F] प्रदान करे; ~ *in the churchyard* समाधिस्थ होना, कब्र[F]में पड़ा होना; ~ (*up*)*an* one's *oars* (थोड़े समयके लिए) परिश्रम बन्द करना; खेना बन्द करना; ~ *with* अधीन होना, हाथमें होना, अख्तियारमें होना, चार्जमें होना।

rest[3] n. (इति०) भालेकी टेक[F]।

rest[4] n. शेष भाग, अवशेष, बाकी हिस्सा (*the* ~ *of it*); शेष जन, बाकी लोग; शेष मात्रा[F], बाकी संख्या[F]; (महाजनी[F]) सुरक्षित धननिधि[F]; सुरक्षित पूँजी[F]; (वाणि०) मालकी जाँच-पड़ताल[F]; (टेनिस आदि) गेंद[F]के इधरसे उधर जानेके बीचका अन्तराल।

rest[5] v. i. (प्रा०) शेष रहना, बाकी रहना, बचना; (*whatever* ~*s of hope*); विशेष दशामें होना, रहना, बनना।

restant –'टॅन्ट् a. =PERSISTANT.

restaurant रे॑स्'टॅरॅन्ट् n. विश्रान्तिगृह, आरामघर; आहारगृह, उपाहारगृह, भोजनालय, होटल, रेस्तराँ; ~ car भोजन-यान, खानेकी गाड़ी[F], रेलगाड़ी[F]में खानेका डिब्बा।

restaurateur (F) रे॑स्टॅरॅटर्' n. भोजनालय-पाल, भोजनालयका स्वामी, होटलका मालिक, रेस्तरांका मालिक।

restauration रे॑स्टॅरे'शॅन् n. =RESTORATION.

restful रे॑स्ट्'फ़ुल् a. शान्त, प्रशान्त, विश्रान्त; अबाध, निर्बाध, निरुपद्रव; प्रशामक, सुखजनक, आरामदेह।

restfulness –नि॑स् n. शान्ति[F], प्रशान्ति[F]; विश्रान्ति[F], विश्राम, आराम; अबाधता[F], निर्बाधता[F], निरुपद्रवता[F]; प्रशामकता[F], सुखजनकता[F], आरामदेही[F]।

rest-harrow रे॑स्ट्''हैरो n. (कड़ी जड़वाली एक झाड़ी[F]), रेस्टहैरो[F]।

restiform रे॑स्'टिफ़ॉर्म् a. रज्जुवत्, रस्सी-जैसा, डोर-जैसा।

resting रे॑स्'टिंग् a. विश्रामी (~ *point*), आराम पानेवाला, आरामका (~ *period*); आश्रित, आलम्बित, विहित, स्थित, टिका हुआ, (on के साथ);

~ nucleus, ~ period, ~ point, ~

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

potential, ~ spore.

restitution रेॅस्टिट्यू'शॅन् n. प्रत्यर्पण, प्रतिदान, वापसी[F], **वापस देना, वापस दिलाना;** क्षतिपूर्ति[F]; प्रत्यापनयन, पुनरुद्धार; (का०) **प्रत्यानयन, पुनरास्थापन** (~ bill), (कानून, गणित) पुनरावृत्ति[F], (भौ०) **प्रत्यवस्थान,** प्रत्यास्थापन, पूर्वस्थितिस्थापन, पुनःस्थापन, स्थितिस्थापन, मूल अवस्था[F] में लाना या आना (~ *of conjugal rights*); ~ nucleus (कृषि०) **अपृथक् केन्द्रक।**

restitutive ⊙–'टिट्यूटिव् a. प्रत्यर्पक, प्रतिदानी, वापस करनेवाला; क्षतिपूर्तिकर्ता, नुकसानदेही चुकानेवाला; प्रत्यापनेता, पुनरुद्धारक, प्रत्यवस्थापक, प्रत्यास्थापक, पुनःस्थापक।

restitutory ⊙–टॅरि a. प्रत्यर्पणात्मक, प्रतिदानविषयक, वापसीका; क्षतिपूर्ति-सम्बन्धी, नुकसानदेहीका; प्रत्यापनयन-विषयक, पुनरुद्धार-सम्बन्धी; प्रत्यवस्थानविषयक, पुनःस्थापन-सम्बन्धी।

restive, restiff रेॅस्'टिव्, रेॅस्'टिफ् (प्रा०) aa. दुर्दम, दुर्दान्त, दुर्वृत्त, दुष्ट, दुर्विनीत, उद्धत, हठी, जिद्दी, मुँहजोर; (घोड़ा) मचला, मगरा, अड़ियल, बेकाबू, भड़का हुआ; अशान्त, क्षुब्ध, व्याकुल, व्यग्र, विह्वल, उद्विग्न, बेचैन, परेशान; चंचल, चल, चलनशील, कम्पनशील।

restiveness –निॅस् n. दुर्दमता[F], दुर्दान्तता[F], दुर्वृत्तता[F], दुर्विनय[F], औद्धत्य, हठ, जिद्द[F]; अड़ियलपन, भड़कन[F], अशान्ति[F], क्षुब्धता[F], व्याकुलता[F], व्यग्रता[F], विह्वलता[F], उद्विग्नता[F], परेशानी[F]; चंचलता[F], चलता[F], चलनशीलता[F], कम्पनशीलता[F]।

restless रेॅस्'लिॅस् a. व्यग्र, व्याकुल, उद्विग्न, अशान्त, विह्वल, बेचैन, परेशान, चल, चंचल, चपल, अस्थिर, सदागति।

restlessness –निॅस् n. उद्वेग, व्यग्रता[F], व्याकुलता[F], उद्विग्नता[F], अशान्ति[F], **बेचैनी[F];** चलता[F], चंचलता[F], चपलता[F]।

restorable रिॅस्टोॲरॅबॅल् a. प्रत्यर्पणीय, प्रतिदेय, लौटाने योग्य, वापस करने लायक; प्रत्यानेय, पुनर्नियोज्य, पुनःस्थाप्य; पुनःसंस्कार्य, पुनःसंस्करणीय।

restorableness –निॅस् n. प्रत्यर्पणीयता[F], प्रतिदेयता[F], लौटाये जानेकी स्थिति[F], वापस किये जानेकी अवस्था[F]; प्रत्यानेयता[F], पुनर्नियोज्यता[F], पुनःस्थाप्यता[F], पुनःसंस्कार्यता[F], पुनःसंस्करणीयता[F]।

restoration रेॅस्टॅरे'शॅन् n. प्रत्यर्पण, प्रतिदान, वापसी[F]; प्रत्यानयन, (का०) **प्रत्यावर्तन,** परावर्तन, **पुनःस्थापन,** यथास्थापन, पलटाना; (चि०) **पुनर्नवीकरण,** प्रत्यास्थापन, आरोग्यलाभ; (विनष्ट पशु या इमारत[F] आदिका) प्रतिचित्रण, नमूना; उत्थान, समुत्थान, उन्नति[F], विकास, पुनरुद्धार; **फिरसे चालू करना।**

restorationism –निज़म् n. भावीसुखवाद।

restorationist –निस्ट् n. भावीसुखवादी।

restorative[1] रिॅस्टॉॅरॅटिव् n. (चि०) स्वास्थ्यस्थापक, वाजीकरण, पौष्टिक भोजन, बलकारक ओषधि[F]।

restorative[2] a. पौष्टिक, बलकारक, बलवर्द्धक, सत्त्ववर्धक, वाजीकरण, स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यदायक; (चि०) **पुनर्नवीकर;** प्रत्यास्थापक; ~ process पुनःस्थापन प्रक्रिया[F]।

restore रिॅस्टोॲर' v. i. प्रत्यर्पण करना, प्रतिदान करना, लौटाना; वापस करना; (भौ०) **प्रत्यावर्तित करना, पुनःस्थापन करना;** प्रत्यानीत करना, पुनःस्थापित करना; पुनर्नियोजित करना, पुनः नियुक्त करना, दुबारा बहाल करना; वापस देना, फेर देना; स्वस्थ करना, चंगा करना; तन्दुरुस्त करना; (प्रायः छूटे हुए शब्दोंको) पुनः प्रयोगमें लाना; पूर्वस्थानपर लाना, पुनरुद्धार करना, पूर्ववत् कर देना, मरम्मत[F] करना; ज्यों-का-त्यों कर देना; सुधार करना, पुनःसंस्कार करना, सँवारना, सुधारना।

restorer –रॅर् n. प्रत्यर्पयिता, प्रतिदाता, वापस करनेवाला; प्रत्यानेता, पुनर्नियोक्ता; पुनःसंस्कर्ता, पुनरुद्धारक, पुनःसंस्कारक, पुनःस्थापक, बहाल करनेवाला।

restrain[1] रिॅस्ट्रेन्' v.t. प्रतिबद्ध करना, संयत करना, प्रतिरोध करना, निरोध करना, नियन्त्रणमें रखना, शमन करना, **निग्रह करना,** दमन करना, दबाना; (का०) **अवरुद्ध करना,** सीमाबद्ध करना, सीमा[F]में घेरना, बन्द करना, रोकना, अटकाना; कारावासमें रखना, घेरना, कैद[F] करना, हिरासत[F]में लेना।

re-strain[2] री-स्ट्रेन् v.t. फिर तानना, फिर फैलाना, फिर कसना, पुनः भार डालना।

restrainable रिॅस्ट्रे'नॅबॅल् a. दम्य, संयम्य, निरोध्य, नियन्त्रणीय, दबाने योग्य, रोकने योग्य, काबूमें रखने लायक; कैद[F] करने योग्य, हिरासत[F]में लेने लायक।

restrained –न्ड् a. संयत, नियन्त्रित, आत्मसंयत; संयमयुक्त, नियन्त्रणपूर्ण।

restrainer –'नॅर् n. प्रतिबन्धयिता, संयत करनेवाला, प्रतिरोधक, नियन्ता, निरोधक, नियन्त्रक, विग्रहीता, शामक; सीमा-बन्धक व्यक्ति या वस्तु[F]।

restraining –निंग् a. अवरोधक, नियन्त्रक (~ *order, statute*)।

restraint रिॅस्ट्रेन्ट्' n. दमन, **संयम,** (कृषि०) **निग्रह,** निरोध, **अवरोध,** प्रतिबन्ध, प्रतिरोध, (कृषि०) रोक[F], बन्धेज, अटकाव, रुकावट[F], पाबन्दी[F]; कारावास, कैद[F], हिरासत[F]; शिष्टाचार, व्यवहार-संयम, तकल्लुफ; आत्मनिग्रह, आत्मनियन्त्रण, संयमन; अतिशयोक्तिहीनता[F], अत्युक्तिहीनता[F]; *under* ~ (पागलखानेमें) बन्द, कैद[F], हिरासत[F]में; *without* ~ स्वतन्त्रतापूर्वक, नियन्त्रणके बिना, बेरोक-टोक, जी खोलकर, आजादी[F]से।

restrict रिॅस्ट्रिक्ट' v.t. सीमित करना, सीमाबद्ध करना, सीमा[F] बाँधना, निबंन्धित करना, **निर्बद्ध करना,** घेरना, बाँधना; संयत करना; प्रतिबद्ध करना, बन्धेज करना, हद[F] बाँधना, रोक[F] लगाना, रोकना।

restricted –'टिॅड् a. **निर्बद्ध, सीमित, प्रतिबन्धित, प्रतिबद्ध, निरुद्ध, बाधित,** सीमाबद्ध, आयत्रित; निषिद्ध; संकुचित, संकोचित;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ assets, ~ pay, ~ rotation, ~ supply, ~ tenure, ~ trade, ~ train, ~ visibility.

restriction –'श्ॅन् n. सीमाबन्धन, हदबन्दी[F]; **परिच्छेद**; आयन्त्रण, नियन्त्रण; बन्धन, **निर्बन्धन**, निबन्धन, निरोध, **प्रतिबन्ध**, अवरोध, बाधा[F], **रोक**[F], रुकावट; संयम, मर्यादा[F], नियम, **पाबन्दी**[F], कैद[F]; संकोच।

restrictionist –निस्ट् n. प्रतिबन्धवादी, आयन्त्रणवादी, नियन्त्रणवादी, निबन्धनवादी, निरोधवादी, अवरोधवादी; नियमवादी।

restrictive –'ट्रिक्ट् a. (का०) **निर्बन्धक, निर्बन्धात्मक**, अवधारक, सीमाबन्धक, प्रतिबन्धक, (वाणि०) प्रतिबन्धी (~ *provision*), आयन्त्रक, नियन्त्रक, अवरोधक; नियामक (*provision*)।

resty रे'स्टि a. = RESTIVE.

result[1] रि'ज़ल्ट् n. निष्पत्ति[F], **परिणाम**, अन्त, **फल**, उत्तर, **नतीजा**, हासिल; प्रत्यावर्तन; *without* ~ व्यर्थ, निष्फल, निष्परिणाम, निरर्थक।

result[2] v.t. परिणत होना, परिणाम निकलना, फलित होना, फलदायक होना, नतीजा निकलना; शेष होना, अवशिष्ट होना, अन्त होना, आखिर होना; निकालना।

resultance रि'ज़ल्'टॅन्स n. परिणति, निष्पत्ति[F], निष्पादन, परिणाम, फल।

resultant[1] –न्ट् n. फलक, संयुक्त परिणाम।

resultant[2] a. सहोत्पन्न, समवायजनित, संघातोत्पन्न; (गति०, रसा०, भौ०) परिणामात्मक, (भौ०) **परिणामित**, (ग०) **परिणामी**, परिणामस्वरूप, परिणामजन्य, फलित, फलस्वरूप लब्ध, परिणाम-स्वरूप प्राप्त;

~ couple, ~ displacement, ~ experience, ~ forces, ~ loss, ~ moment, ~ thrust, ~ velocity.

resulted –टिॅड् a. परिणत।

resultful –ट्'फ़ुल् a. परिणामपूर्ण, फलदायक।

resulting –'टिंग् a. उद्भूत; जनित; फलस्वरूप, परिणामी, (गतिवि०) परिणामिक (~ *motion*); प्रत्यावर्ती (~ *curve*); ~ trust (का०) **प्रलक्षित न्यास**।

resultless –ट्'लिॅस् a. व्यर्थ, निरर्थक, निष्फल, परिणामशून्य, बेकार।

resumable रि'ज़्यूॅमॅबॅल् a. पुनर्ग्रहणीय; पुनः वश करने योग्य (~ *tenure*)।

resume[1] रे'ज़ुमे n. प्रत्याहार, सार, सारांश, सारार्थ, **सार-वृत्त**, सार-संग्रह, संक्षेप, संक्षिप्त विवरण।

resume[2] रि'ज़्यूम् v.t. & i. (का०) **प्रत्यादान करना**, पुनर्हस्तगत करना, **पुनर्ग्रहण करना**, पुनः धारण करना, पुनः अधिकारमें लाना, पुनः प्राप्त करना, फिर कब्जा करना (~ *authority*); **पुनरारम्भ करना, फिरसे आरम्भ करना**, फिरसे सँभालना या लेना, वापस लेना, दुबारा शुरू करना; संक्षिप्त करना, सारांशरूपमें कहना, संक्षेपमें पुनः कह जाना; ~ *pipe* पाइपको पुनः पीना आरम्भ करना।

resumed –ड्' a. पुनःप्राप्त, पुनर्धृत, पुनर्गृहीत, पुनरधिकृत, फिरसे कब्जेमें आया हुआ।

resummon रीस'मॅन् n. (का०) **पुनराह्वान**।

resumption रि'ज़म्प्'शॅन् n. (का०) **प्रत्यादान, पुनर्ग्रहण**, पुनरधिकार, पुनःप्राप्ति[F], दोबारा कब्जा; **पुनरारम्भ**।

resumptive –'ट्रिव् a. प्रत्यादायक, पुनर्ग्राहक, पुनरधिकर्ता, ग्रहणशील, दोबारा कब्जा करनेवाला; आरम्भशील, पुनः आरम्भ करनेवाला, फिरसे शुरू करनेवाला।

resupinate रि'स्यू'पिनॅट् a. अन्तर्वलित, अन्तर्वक्रित, प्रतिवृत्त, (वन०) **प्रतिलोम, विपर्यस्त**, अन्दरकी ओर मुड़ा हुआ।

resupination –ने'शॅन् n. (चि०) पृष्टशयन, पीठ[F]पर लेटना; अन्तर्वलन, अन्तर्वक्रण, प्रतिवृत्ति[F], प्रतिवर्तन, अन्दरकी ओर मोड़।

resupine –'पिन् a. पृष्ठशायी, चित, पीठ[F]के बल पड़ा हुआ।

resurgam (L) मैं फिर उठूँगा।

resurge रि'सर्ज' v. i. (हास्य०, क०) पुनरुत्थान करना; पुनरुज्जीवित होना, पुनः जी उठना, कब्र[F]से फिर उठ आना।

resurgence –'जॅन्स् n. पुनरुत्थानशीलता[F]; पुनरुत्थान, पुनरुज्जीवन, फिरसे सिर उठाना, दोबारा जी उठना।

resurgent[1] –न्ट् n. पुनरुत्थान करनेवाला व्यक्ति; मृतोत्थित व्यक्ति, मृत्यु[F]से उठनेवाला व्यक्ति, पुनःजीवित व्यक्ति।

resurgent[2] a. पुनरुत्थानशील; पुनरुज्जीवित होनेवाला, मृत्यु[F]से उठनेवाला, दोबारा जिन्दा होनेवाला।

resurrect रे'ज़रे'क्ट् v.t. (बोल०, क०) पुनर्जीवित करना, फिरसे जिन्दा करना, कब्रसे निकाल लेना; पुनः अभ्यास प्रारम्भ करना; स्मृति[F]को ताजा करना, याद[F]को नया बनाना।

resurrection –'शॅन् n. (क्राइस्टके कब्र[F]से उठनेकी स्मृति[F]में मनाया जानेवाला) एक ईसाई पर्व; (प्रलयके दिन) (दर्श०) **मृतोत्थान**, पुनरुत्थान; (शा० एवं ला०) शवोत्खनन, कब्र[F]के बाहर खोदकर निकाल लेना; (दर्श०) **पुनर्जीवन**, पुनरुज्जीवन, पुनः उभड़ना; पुनरुद्धार, पुनःप्रचार; पुनः स्मृति[F]में आना।

resurrectional –नॅल् a. मृतोत्थान-विषयक, खीष्टके कब्र[F]से उठनेसे सम्बन्धित; पुनरुज्जीवित होनेवाला; पुनः स्मृति[F]में आनेवाला।

resurrectionist –निस्ट् n. शवचौर, मृतोत्थाता, कब्र[F]से उठानेवाला, मुर्दे ले जानेवाला।

resurvey[1] रीसर्'वे n. पुनःसर्वेक्षण; पुनरालोचन।

resurvey[2] रीसॅर्वे' v.t. पुनःसर्वेक्षण करना; पुनरालोचन करना।

resuscitant रि'स'सिटॅन्ट a. पुनःजीवक, पुनरुज्जीवक, पुनरुत्थापक, पुनः जिन्दा करनेवाला, होशमें आने या लानेवाला; पुनः प्रचारमें आने या होनेवाला।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

resuscitate –टेट् v.t. & i. पुनः सजीव करना; पुनर्जीवित करना या होना; पुनरुज्जीवित करना, पुनरुत्थापन करना, फिरसे जिला देना, फिरसे जी उठना; पुनः होशमें लाना; पुनः स्पष्ट करना या होना, पुनः व्यक्त करना या होना; पुनः प्रचारमें लाना या होना।

resuscitation –टे'शॅन् n. पुनःसजीवता[F], पुनर्जीवन, पुनरुज्जीवन, प्रत्युपजीवन, पुनरुत्थापन, पुनरुत्थान, होशमें लाना, होशमें आना; पुनः प्रचारमें लाना या आना।

resuscitative –'सिटॅटिव् a. पुनर्जीवित करनेमें समर्थ, पुनरुज्जीवित करने या होनेवाला; पुनर्जीवन-सम्बन्धी, पुनरुत्थान-विषयक, पुनरुत्थान-सम्बन्धी; पुनः प्रचारमें आने या लानेवाला।

resuscitator –टेटॅर n. पुनरुज्जीवक, पुनरुत्थापक, पुनर्जीवित होने या करनेवाला व्यक्ति; पुनः प्रचारमें लाने या होनेवाला व्यक्ति।

ret, rate, rait रे ट्', रेट्', रेट्' vv. i. तर करना, (सन या पटसनको) पानीमें भिगोकर नरम करना; (घास[F] आदिका) सड़ जाना, बर्बाद हो जाना।

retable रि टे'बॅल् n. ताखा, आला, जाला (विशे० वेदी[F]का)।

retail[1] री'टेल् n. अल्पशः विक्रय, खण्डवाणिज्य, स्तोकविक्रयण, फुटकर बिक्री[F], **फुटकर, परचून, खुदरा,** खुरदा;

~ dealer, ~ level, ~ price, ~ shop, ~ variance.

retail[2] रि टेल्' v.t. & i. अल्पशः विक्रय करना, खण्डशः विक्रय करना, स्तोकविक्रय करना, फुटकर बेचना; विस्तारपूर्वक वर्णन करना, ब्योरेवार बताना।

retailer रि टे'लॅर् n. अल्पशः विक्रेता, खण्डशः विक्रेता, स्तोकविक्रेता, फुटकर विक्रेता, (अर्थ०) **खुदरा व्यापारी, परचूनिया,** खुदरा बेचनेवाला; सविस्तर वर्णन करनेवाला, ब्यौरेवार बतानेवाला।

retain रि टेन्' v.t. **प्रतिधारण करना;** धारण करना, रखना, स्थिर रखना, थामना, पकड़े रहना, अटका रखना, दाब रखना, रोक रखना; अग्रिम वेतन देकर काम कराना; अग्रिम शुल्क देकर काम करना; अधिकारमें रखना, हाथमें रखना, रखे रहना, बनाये रखना; न खोना, कब्जेमें रखना; प्रयोग करते जाना; चलने देना, रख छोड़ना; रहने देना; उपेक्षा[F] न करना; अपरिवर्तित रखना; स्मृति[F]में रखना, स्मरण करना, याद[F] रखना।

retainable रि टे'नॅबॅल् a. अधिकरणीय, अधिकारमें रखने योग्य; रक्षणीय; अवधारणीय, धारण करने योग्य, स्मृतिमें सुरक्षित रखने योग्य।

retained –न्ड' a. प्रतिधृत।

retainer –'नॅर् n. प्राधिकरण, प्रातिधारण; औपचारिक रक्षण; किसी रूपमें सेवा[F] करनेके लिए रोका जाना; (बैरिस्टर आदिका) शुल्क, फीस[F]; परिचर, परिचारक, अनुचर, अनुयायी, अनुगामी, भृत्य, सेवक, अनुजीवी, अधीन व्यक्ति, आश्रित व्यक्ति, नौकर-चाकर; पक्षीय व्यक्ति।

retaining –निंग् n. अनुरक्षण, प्रतिधारण (~ *fee*, ~ *wall*)।

retaliate रि टै'लिअेट् v.t. & i. प्रतिशोध करना, प्रतिविधान करना, प्रत्याक्रमण करना, प्रतिकार करना, बदला लेना, जवाब देना; प्रत्यारोपण करना, उल्टा अपराध लगाना, उल्टा इल्जाम लगाना; शठे शाठ्यंका आचरण करना, जैसेके साथ तैसा बर्ताव करना; (राज०, अर्थ०; विदेशी राज्यके आयातकरके बदलेमें वहाँसे) आयात सामग्री[F]पर कर लगाना, जवाबी महसूल लगाना।

retaliation –अे'शॅन् n. प्रतिशोध, प्रतिविधान, प्रतिवैर, प्रतिहिंसा[F], **प्रत्यपकार, प्रतिकार,** पलटा, **बदला;** प्रत्यारोप, जवाबी इल्जाम; प्रतिकर, (वाणि०) प्रतिकार शुल्क, जवाबी महसूल।

retaliationist –निस्ट् n. प्रतिशोधवादी, प्रत्यपकारवादी।

retaliative, retaliatory –लिअॅटिव्, –टॅरि aa. प्रतिशोधपूर्ण, (राज०) **प्रतिकारात्मक,** प्रतिविधानात्मक; प्रत्यारोपपूर्ण, इल्जामी, जवाबी।

retaliator –अेटॅर् n. प्रतिशोधी, प्रतिविधाता, प्रत्याक्रान्ता, प्रतिकर्ता, बदला लेनेवाला; प्रत्यारोपक, उल्टा अपराध लगानेवाला, जवाबी इल्जाम लगानेवाला; शठे शाठ्यं आचरण करनेवाला।

retaliatory –अेटॅरि a. दे० RETALIATIVE.

retard[1] रि टार्ड्' n. विमन्दन, विलम्बन, गतिरोध, प्रतिरोध, गतिह्रास, मन्दता[F]; ~ of tide ज्वारके बादका अन्तराल।

retard[2] v.t. & i. विलम्बित करना, शिथिल करना, मन्द करना, ढील छोड़ना, ढीला करना, धीमा करना, विकास रोकना, अवरोध करना, बाधा[F] देना, रोध करना, गति[F] रोकना, अटकाना; स्थगित करना; धीमा होना, रुकना, अटकना; (आकाशमण्डलीय पिण्डोंका) अनुमित समयसे पीछे आना, देर[F]में होना, देर[F] लगाना।

retardation, retardment रीटार्डे'शॅन्, –'मॅन्ट् nn. (गति वि०, भौ०) **मन्दन,** विमन्दन, विलम्बन, गतिरोध, प्रतिरोध, निरोध, बाधा[F], व्याक्षेप, व्याघात, गतिह्रास, मन्दता[F], वेगरोध, अटकाव, (कृषि०) रोक[F], (~ *effect*); विलम्ब, देरी[F], ढील[F], पश्चता[F]।

retardative, retardatory रि टार्'डॅटिव्, –टॅरि aa. विलम्बकारी, गतिरोधकारी, देर[F] करनेवाला, देर[F]से आनेवाला।

retarded –डॅड् a. विमन्दित, **मन्दित, विलम्बित,** निरुद्ध, अवरुद्धवेग;

~ group, ~ motion, ~ potential.

retardent –डॅन्ट् a. विलम्बकारी, गतिरोधी, रुकावटी।

retarder –डॅर् n. (यंत्र०) **विलम्बकर,** (प्रा० भू०) **मन्दक,** विलम्बक व्यक्ति या वस्तु[F], शिथिलकारी; मन्दकर व्यक्ति या वस्तु[F]; रोधी व्यक्ति या वस्तु[F], बाधक।

retardment –र्ड्'मॅन्ट् n. दे० RETARDATION.

retaste रीटेस्ट्' v.t. पुनरास्वादन करना, दुबारा

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चखना।

retch[1] रीच्' n. वमनोद्रेक, वमनेच्छा[F], उबकाई[F], उकाई[F], उकलाई[F], ओकी[F], उलटी[F]।

retch[2] v. i. वमनोद्रेक होना, वमनेच्छा[F] होना, उबकाई[F] आना, उलटी[F] करना, कै[F] करना।

retching –'चिंग् n. सूखा वमन, सूखी ओकी[F], सूखी उकलाई[F]।

retd. returned, retired.

rete री'टि n. (श० र० शा०) जाल, जाली[F], पेशीजाल।

retent रि'टेन्ट् n. प्रतिधृत वस्तु[F], गृहीत वस्तु[F], रोकी हुई चीज[F]।

retention –न्'शॅन् n. रक्षा[F], रक्षाकरण, प्रतिरक्षण, स्तम्भन, प्रतिधारण; स्मृति[F], स्मरण, अवधारण, धारणा[F], धारणाशक्ति[F]; (विशे० चि०) रोध, अवरोध, (चि०) अवरोधन, रोक[F], रुकावट[F]; ग्रहण, धारण, अधिकारमें रखना, कब्जेमें रखना, कैद, पकड़[F];

~ examination, ~ money, ~ period, ~ price.

retentive –'टिव् a. प्रतिधारी, धारणशील, धारणक्षम, मेधावी, धारणाशक्ति-सम्पन्न; दृढ़, पक्का; (शल्य०; पट्टी) जमाकर रखनेवाला; नमी[F]को सुरक्षित रखनेवाला; ~ power धारणाशक्ति।

retentiveness –नि'वॅस् n. (वन०) धारिता[F], धारणक्षमता[F], धारणशीलता[F], धारणाशक्ति[F], ग्रहणशीलता[F]।

retentivity –टें'विटि n. प्रतिधारिता[F], (शिक्षा०, मौ०) धारण-सामर्थ्य, धारणशीलता[F], धारणक्षमता,[F] मेधाविता[F], धारणशक्ति-सम्पन्नता[F]।

retentor –'टॅर n. (श० र० शा०) प्रतिधारी पेशी[F]।

retenue (L) –नू n. आत्म-निग्रह, आत्म-संयम।

retexture रि'टेक्स्'च्युअॅर् n. पुनर्वयन, दुबारा बुनना।

retiary री'शॅरि n. जालवत्, जालसदृश, जाल-जैसा; जाल-विषयक, जाल-सम्बन्धी, जालका; जालधारी, जाल लगानेवाला (मकड़ा)।

reticence, -cy रे'टिसॅन्स्, -सि nn. तूष्णीभाव, निर्वाच्यता[F], वाक्संयम, मितभाषण, संयम; मौन, मूकता[F], चुप्पी[F], खामोशी[F]।

reticent रे'टिसॅन्ट् a. मौन, मौनावलम्बी, वाक्संयमी, मितभाषी, शान्तिप्रिय, चुप, खामोश।

reticle रे'टिकॅल् n. (दूरबीन[F]के आगे लगायी जानेवाली) जालिका[F], जाली[F]।

reticular, reticulose रि'टि'क्यूलॅर्, –लोस् aa. जालि-, जालरूप, जालवत्, जालाकार, जालयुक्त, झँझरीदार, जालीदार; जालिका-सम्बन्धी, जाली[F]से सम्बन्धित;

~ cells, ~ lamina, ~ layer, ~ membrane, ~ theory, ~ tissue.

reticulate[1] –लेट् v.t. & i. जालिकायुक्त करना, जालोदार बनाना या बनना; जालमें विभाजित करना या होना।

reticulate[2] –लॅट् a. (प्रा० भू०) जालवत्, (कृषि०) जालमय, (वन०) जालकीय, जालाकार, जालिकावत्, जालदार, जालीदार, झँझरीदार; ~ work झँझरी[F], झँझरीदार फर्श[F]; (यंत्र०) जालदार गढ़ाई[F]।

reticulated –लेटिड् a. =RETICULATE[2].

reticulation –ले'शॅन् n. जालकर्म, जालिका-निर्माण, जाल-रचना[F], जाली[F]का काम, जाली[F] बनाना या बनना।

reticule रे'टिक्यूल्' n. दे० RETICLE भी; (स्त्रियों[F]-का) जालीदार बटुवा या थैली[F]; (ग० ज्यो०) दक्षिणी तारा-मण्डल।

reticulum रि'टि'क्यूलॅम् n. (pl. -*a*) (कृषि०, चि०) (रोमन्थी प्राणियोंमें) द्वितीय आमाशय, जठरका दूसरा भाग; (वन०, जीव०) जालिका[F] (~ *cell*), छत्ता, जाली[F], (ज्यौ०) जाल, T.

retiform री'टिफॉर्म् a. जालवत्, जालाकार, जालिका-युक्त।

retina रे'टिन् n. (pl. -*s*, -*e*) अक्षिपट-, चक्षुपटल, (चि०) दृष्टिपटल, दृष्टिपट, मूर्तिपट, रूपाधार, आँख[F]का पर्दा, (चि०, कृषि०, मौ०) रैटिना[F]; (अक्षिगोलककी पश्चा-द्वर्ती झिल्ली[F]), दृष्टिवितान।

retinaculum रे'टिनै'क्यूलॅम् n. सम्बन्ध, सम्बन्धसूत्र, संयोजी पेशी[F]; (चि०) उपबन्धनी[F]; (वन०) परिवाहक; प्रतिधारी यन्त्र; चेपदार पराग; कीड़ेके पंख।

retinal रे'टिनॅल् a. मूर्त्तिपट-, अक्षिपटीय, दृष्टिवितानीय, आँख[F]के पर्दैका (~ *apoplexy, fatigue*)।

retinerved रे'टिनॅर्व्ड् a. जालवत्, जालाकार, जालिकायुक्त।

retinitis रे'टिनाइ'टिस् n. (चि०) दृष्टिपटल शोथ, चक्षु-पट-प्रदाह, आँख[F]के दृष्टिपटलकी सूजन[F]।

retinoid रे'टिनॉयड a. सर्जासाभ, उद्यास-सदृश, रेजन-सदृश, धूने-जैसा, धूप-जैसा, राल-जैसा।

retinoscope ⊙रे'टिनॅस्कोप् n. (चि०, मौ०) दृष्टि-पटलदर्शी, रैटिनादर्शी।

retinue रे'टिन्यू n. परिजन, अनुचरवर्ग, अनुयायिवर्ग, परिजनवर्ग, कर्मचारिवर्ग, नौकर-चाकर, अरदली लोग।

retiracy रि'टाअॅरॅसि n. =RETIREMENT.

retiral –रॅल् n. =RETIREMENT.

retire[1] –र्' n. (सैन्य०) सेना[F]को लौटनेका संकेत, फौज[F]को हटनेका इशारा (*sound the* ~)

retire[2] v. i. & t. पश्चाद्गमन करना, पश्चगमन करना, प्रत्यावर्तित होना, वापस होना, पीछे हटना, लौट पड़ना; एकान्तवास करना, एकान्तमें जाना; किनारे होना, अलग होना (~ *from the world*); शयन करने लगना, सोनेके लिए जाना (*always* ~ *before midnight*); रिटायर होना, सेवा-निवृत्त होना, निवृत्त होना, कार्यनिवृत्ति[F] ग्रहण करना, कर्मत्याग करना, अवकाश ग्रहण करना, पेंशन[F] ले लेना, हट जाना; (पदाधिकारी या कर्मचारीको) निवृत्त होनेके लिए बाध्य करना, नौकरी[F] छोड़नेपर विवश करना, पेंशन[F] लेनेपर मजबूर करना; (सैन्य०) सेना[F]को लौटनेकी आज्ञा[F] देना, फौज[F]को वापिसी[F]क

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुक्म देना; (बिल, नोट इत्यादि) करेंसी[F] से वापिस लेना, हुण्डी[F] लौटाना।

retired –ड्' a. निवृत्त, सेवानिवृत्त, कर्मविरत, प्राप्तावसर, अवकाश-प्राप्त, अवसर-प्राप्त, पेंशन-प्राप्त, रिटायर्ड; शून्य, निर्जन, निभृत, विविक्त, गुप्त, गूढ़; एकान्त, सूना (*~ vally*); विरक्त, संसार-त्यागी; *~ pay* सेवानिवृत्ति-वेतन, पेंशन[F];

~ bund, ~ life, ~ officer, ~ teacher.

retiredness –'रिॅड्-निस् n. कर्मविरति[F], प्राप्तावसरता[F], अवकाश-प्राप्ति[F], अवसर-प्राप्ति[F], पेंशन-दारी[F], शून्यता[F], निर्जनता[F], निभृति[F], एकान्तता[F], सूनापन; विरक्ति[F], संसार-त्याग।

retirement –'मॅन्ट् n. प्रत्यावर्तन, प्रत्यागमन; अपगमन, अपसरण, कार्यत्याग, संन्यास, संसार-त्याग; अवसरग्रहण, अवकाशग्रहण, (*~benefit*), (वाणि०) **निवृत्ति[F]**, कर्मनिवृत्ति[F], सेवानिवृत्ति[F], पदत्याग; एकान्त, शून्य, निर्जनता[F], एकाकीपन, (वाणि०) **अलहदगी[F]**, तनहाई[F]; शून्य स्थान, निर्जन स्थान, सूनी जगह[F]; *~ of bill* **हुण्डी[F] का अग्र भुगतान**।

retiring –'रिंग् a. एकान्तप्रेमी, असंलापी, लज्जालु, लज्जाशील, झेंपनेवाला, शर्मीला, खामोश; निर्जनप्रिय, उदासीन, निवृत्ति- (*~ pension*), निवृत्ति-विषयक (*~ age*); निवर्ती (*~ director*); *~ room* **विश्रामालय, आराम-कक्ष**, विश्राम-कक्ष।

retiringness –निॅस् n. एकान्तप्रेम, निर्जनप्रियता[F], असंलाप, लज्जालुता[F], लज्जाशीलता[F], झेंपूपन, शर्म, खामोशी[F]।

retold रीटोल्ड्' a. = RETELL का भू० कृ०।

retort[1] रिॅटॉर्ट्'' n. तत्कालोत्तर, वक्रोत्तर, प्रत्युत्तर; प्रत्यारोप, प्रत्यभियोग, प्रत्यपवाद, उल्टा इल्जाम; प्रतिशोध, प्रतिविधान, प्रतिकार, पलटा, बदला।

retort[2] v.t. & i. प्रत्यपवाद करना, प्रत्युत्तर या वक्रोत्तर देना, तुरन्त उत्तर देना, कड़ा उत्तर देना, करारा जवाब देना, मुँहतोड़ जवाब देना; प्रतिशोध करना, प्रतिविधान करना, प्रतिकार करना, लौटाना, पलटाना, बदला चुकाना; प्रत्यपवाद लगाना, उल्टा दोष मढ़ना।

retort[3] n. वक यन्त्र, वक भाण्ड, (रसा०) **भबका**, (*~ stand*), टोंटीदार बर्तन, (विशे० गैस[F] बनाने या अर्क खींचनेका), T.

retort[4] v.t. (वक यन्त्रमें तपाकर पारेको) शुद्ध करना, साफ करना।

retorted रिॅटॉर्'टिॅड् a. वक्र किया हुआ, पीछे घुमाया हुआ, पीछे मोड़ा हुआ, उल्टा हुआ।

retorter –टॅर् n. तत्कालोत्तरदाता, वक्रोत्तरदाता, प्रत्युत्तरोत्तरदाता; प्रत्यारोपी, प्रत्यपवादी, उल्टा इल्जाम लगानेवाला; प्रतिशोधी, प्रतिविधाता, प्रतिकर्ता, बदला लेनेवाला।

retortion –'शॅन् n. (शा० एवं ला०) प्रत्यावर्तन, मोड़, पीछेकी ओर मोड़ना या मुड़ना; (अन्तर्रा० कानून, परस्पर राज्योंमें) प्रतिकारात्मक कार्यवाही[F], (राज०) **जवाबी कार्रवाई[F]**।

retouch[1] रीटच्' n. पुनःस्पर्श, पुनःसंशोधन, सुधारनेका कार्य।

retouch[2] v.t. (चित्र०) अनुशोधन करना, पुनःसंशोधन करना, सुधारना, हाथ फेरना, सँवारना, ठीक करना; पुनःस्पर्श करना, फिरसे छूना।

retoucher –'चॅर् n. अनुशोधक, पुनःसंशोधक, सुधारनेवाला, सँवारनेवाला, ठीक करनेवाला।

retouching –चिंग् n. (इति०) **परिष्करण**।

retrace रिॅट्रेस्' v.t. मूलस्रोत खोजना, आरम्भका पता लगाना; ढूँढ़ना, तलाश[F] करना, सुराग[F] लगाना; पुनः निरीक्षण करना, फिरसे देखना, दुबारा गौर करना; पुनः स्मरण करना, फिरसे याद[F] आना; प्रत्यनुसरण करना, उसी मार्गसे लौट आना; (प्रायः ला०) किये-करायेपर पानी फेरना, अपनी कार्रवाई[F] रद्द करना।

retraceable –'सॅबॅल् a. प्रत्यन्वेषणीय, खोजने योग्य; पुनर्निरीक्षणीय, दुबारा गौर किये जाने लायक; पुनःस्मरणीय, फिरसे याद[F] आने योग्य; प्रत्यनुसरणीय, प्रतिगम्य, उसी मार्गसे लौट आने योग्य।

retracement –स्'मॅन्ट् n. प्रतिगमन, प्रत्यन्वेषण।

retract रिॅट्रैक्ट्' v.t. & i. प्रत्याकर्षित करना, समेटना, पीछे खींच लेना, सिकोड़ना (*snail ~s its horns*); सिकुड़ना, समिटना, भीतर खिंचना, पीछे खिंचना; वापस लेना, लौटा लेना; अस्वीकार करना, न मानना, माननेसे इनकार कर देना, मुकर जाना; मिथ्यात्व स्वीकार करना, भूल[F] स्वीकार करना, गलती[F] मान लेना; त्याग देना, छोड़ देना।

retractable, retractible –'ट्रैॅक्टॅबॅल्, –'ट्रैॅक्टॅबॅल् aa. प्रत्याकृष्य, प्रत्याकर्षणीय, प्रत्याकर्षणयोग्य, संकोचनीय, सिकुड़ने या सिकोड़ने लायक (*~ claw*); प्रत्यपनेय, प्रत्याख्यानीय, प्रत्यादेशीय, अस्वीकरणीय, रद्द करने लायक।

retractation, retraction⊙ ट्रै'शॅन्, –शॅन् nn. प्रत्याख्यान, प्रत्यादेश, प्रत्याहार, अन्यथाकरण, अस्वीकृति[F], इनकार; प्रत्याकर्ष, संकोचन, सिमटाव, खिंचाव, हटाव; (चि०) **निवर्तन**, उलटफेर।

retracted –'ट्रैॅक्टिॅड् a. प्रत्याकृष्ट, प्रत्यानीत, प्रत्यादिष्ट, प्रत्याहृत, अन्यथाकृत, अस्वीकृत।

retractibility –ट्रैॅक्टिबि'लिटि n. प्रत्यपनेयता[F], प्रत्याख्येयता[F], प्रत्यादेशीयता[F], अस्वीकरणीयता[F]।

retractile⊙ –'ट्रैॅक्टिल् a. = RETRACTABLE.

retractility –ट्रैॅक्टि'लिटि n. = RETRACTIBILITY.

retraction⊙ –'शॅन् n. = RETRACTATION.

retractive –'ट्रैॅक्टिव् a. प्रत्याकर्षयुक्त, संकोचन-सम्बन्धी, सिकुड़ने या सिकोड़नेवाला; हटा लेनेवाला।

retractor –टॅर् n. (शल्य०) पश्चाद्धारक यन्त्र, प्रणौष्ठ, पीछे रोकनेवाला यन्त्र, रिट्रैक्टर; (जीव०) **प्रतिकर्षक**, प्रत्याकर्षक; प्रत्याकर्षी स्नायु[F]; **प्रत्यपगामी**; T.; (शतरंज) मोहरों[F] की वापसी चाल[F], चाल[F], वापस करना।

retrad –ट्रैड adv. पश्चाभिमुख, पृष्ठाभिमुख, पीछे,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पीछेकी ओर।

retrahent –ट्रेहेन्ट् a. (विशे० पेशियाँ[F]) प्रत्याकृष्य, संकोच्य, सिकुड़ने योग्य, सिकोड़ने योग्य।

retral री'ट्रॅल a. = POSTERIOR.

retreaxit रिट्रैक्'सिट् n. अभियोगकी वापसी[F], मुकदमेकी वापसी[F]।

retreat[1] रिट्रीट्' n. अपयान, प्रत्यावर्तन, प्रतिनिवर्तन, पश्चगमन, अपक्रमण, अपसरण, पलायन; एकान्तवास, एकान्त स्थान, निर्जन स्थान; शून्य स्थान; पागलखाना; शरण[F]; गुप्त स्थान, आश्रयस्थान, निरापद स्थान, छिपनेकी जगह[F]; पेंशनभोगियोंका विश्राम-गृह; *beat (sound) a* ~ कार्यविमुख होना, इरादा छोड़ना; *intercept* ~ *of* (रणविमुख होनेवाली सेना[F]का) मार्ग रोकना; *make good* one's ~ सुरक्षित रूपसे बच निकलना, सही-सलामत वापस आना।

retreat[2] रिट्रीट्' v. i. & t. अपयान करना, प्रत्यावर्तन करना, प्रतिनिवर्तन करना, पश्चगमन करना, पलायन करना, पीछे हटना, पीछे हटाना, मोर्चा छोड़ना।

retree ⊙ रिट्री' n. उपक्षत पत्र, (उत्पादनमें) खराब कागज, फालतू कागज।

retrench रिट्रेन्च्' v.t. & i. अवच्छेदन करना, कर्तन करना, लघु करना, घटना, घटाना, काटना, कटौती[F] करना, कम करना, कमी करना, छाँटना, छँटनी[F] करना; व्यय परिमित करना, खर्च कम करना, किफायत[F] करना; छोटा करना, कतरब्योंत करना; (दुर्ग०; परकोटों एवं खाई[F] द्वारा) मोर्चाबन्दी[F] करना।

retrenched –ड्' a. अवच्छिन्न, कर्तित; अपवृत्त, छँटा हुआ (~ *personnel*)।

retrenchment –च्'मॅन्ट् n. अपवर्तन, न्यूनीकरण, खण्डन, अवच्छेदन, कटौती[F], छँटनी[F], कमी[F]; संक्षिप्तीकरण, लघुकरण; व्ययसंक्षेप, व्ययपरिमिति[F], कमखर्ची[F]; मोर्चाबन्दी[F], किलाबन्दी[F]।

retrial रीट्रॉइ'ॲल् n. पुनःपरीक्षा[F], पुनरन्वीक्षा[F], पुनर्विचार।

retribute रिट्रि'ब्यूट्, रे'ट्रिब्यूट् v.t. & i. प्रत्यपकार करना, प्रतिशोध लेना, प्रतिदान करना, वापस करना या बदलना, पलटा देना।

retribution रेट्रिब्यू'शॅन् n. प्रतिशोध, प्रतिहिंसा[F], प्रतिफल, प्रतिकार, प्रत्यपकार, प्रतिदण्ड, वैर-साधन, बुराई[F]का बदला।

retributive रिट्रि'ब्यूटिव् a. प्रतिकारात्मक, प्रतिशोधात्मक (~ *theory*), प्रतिशोधकारी, प्रतिहिंसापूर्ण, प्रतिकारी, बदलेका।

retributor –टॅर् n. प्रतिदानकर्ता, प्रतिशोधक, प्रतिदण्डात्मक, बदलेमें लौटानेवाला।

retributory रिट्रि'ब्यूटॅरि a. प्रतिशोधात्मक, प्रतिशोधक, प्रतिदण्डात्मक, प्रतिदानकारी, प्रतिशोधकारी।

retrices –ट्रिसेज् n. (जीव०) पुच्छपिच्छ।

retrievable रिट्री'वॅबॅल् a. पुनःस्थापनीय, उद्धारणीय, पुनरुद्धारणीय, उद्धारयोग्य; पुनःप्राप्य, क्षतिपूर्तियोग्य, दुबारा पाये जाने लायक।

retrieval –वॅल् n. पुनःस्थापना[F], उद्धार, पुनरुद्धार; पुनःस्मरण; पुनःप्राप्ति[F], पुनर्लाभ, क्षतिपूर्ति[F], सुधार।

retrieve[1] –व्' n. पुनःप्राप्ति[F], पुनर्लाभ, सुधार (*beyond, past,* ~)।

retrieve[2] v.t. & i. (विशेष जाति[F]के कुत्तोंका) घायल पक्षीको ढूँढ़ लाना; पुनः प्राप्त करना; स्मरण हो आना, याद[F] होना, दिमागमें चढ़ना; समृद्ध होना, सम्पन्न होना; पुनः प्रतिष्ठापित करना; त्राण करना, सुधार करना, उद्धार करना, वापस लेना, फिर पाना, निकालना; थामना; सम्हालना; प्रतिकार करना, क्षतिपूर्ति[F] करना, घाटा पूरा करना; भूल[F] सुधारना, गलती[F] ठीक करना।

retrievement –'मॅन्ट् n. उद्धार, पुनरुद्धार; पुनःस्मरण; पुनःप्राप्ति[F], पुनर्लाभ, क्षतिपूर्ति[F], सुधार।

retriever –'वॅर् n. उद्धारक, पुनःस्थापक, फिरसे पानेवाला; मारे हुए शिकारको खोज[F] लानेवाला कुत्ता।

retro- पृष्ठ-, पश्च-, पश्चात्-, प्रति- (~*act*, ~*choir*, ~*flex*, ~*grade*, ~*ject*, ~*spect*)।

retroact रीट्रॅऐक्ट्' v. i. प्रतिक्रिया[F] होना या करना या दिखाना, जवाबी अमल करना; प्रतिगामी होना, प्रतीपगमन करना, पश्चगमन करना, पीछेकी ओर चलना, उलटा चलना।

retroaction –क्'शॅन् n. = RETROACTIVITY.

retroactive –'टिव् a. प्रतिवर्ती, प्रतीप, विपरीत, प्रतिक्रियापूर्ण, प्रतिकूल दशा[F]में चलनेवाला; ~ effect (राज०) पूर्वव्यापी प्रभाव।

retroactivity, retroaction –टि'विटि, –क्'शॅन् nn. (शिक्षा०) पूर्वलक्षीक्रिया[F], प्रतिक्रिया[F]; अनुवर्तन, प्रतिचलन, विपरीतता[F], विरोध।

retrobulbar ⊙ रीट्रॅबल्'बॅर् n. (चि०) प्रत्यक्-सुषुम्नाशीर्ष, प्रत्यगक्षिगोलक; a. (चि०) सुषुम्नाशीर्ष पृष्ठस्थ; नेत्रगोलक पृष्ठस्थ, अक्षिगोल पृष्ठस्थ, पुत्तलिकापृष्ठस्थ, कृष्णमण्डलपृष्ठस्थ, तारापश्चस्थ, आँख[F]की पुतली[F]के पीछेवाला।

retrocede[1] रीट्रॅसीड्' v.t. (कोई प्रदेश) प्रत्यर्पित करना, प्रतिदान करना, वापिस लौटाना।

retrocede[2] री'ट्रॅसीड् v. i. प्रतिनिवर्तन करना, प्रत्यावर्तन करना, प्रत्यागमन करना, पीछे सरकना, पीछे हटना, लौटना।

retrocedence रीट्रॅसी'डॅन्स् n. प्रत्यागमन, स्थानान्तरगमन, प्रतिवर्तन; पश्चगमन, पश्चाद्गमन, वापसी[F], पीछे हटना; अन्तर्गमन, अन्तःप्रवेश।

retrocedent –न्ट् a. प्रतिवर्ती, स्थानान्तरगामी, स्थान बदलनेवाला, मुड़नेवाला; पीछे हटनेवाला; भीतर-भीतर असर करनेवाला।

retrocession –सॅ'शॅन् n. प्रत्यावर्तन, प्रतिनिवर्तन, प्रत्यागमन, वापसी[F], पीछेको मुड़ना।

retrocessive –'सिव् a. प्रत्यागमन-विषयक; प्रत्यर्पण-सम्बन्धी, मुड़नेवाला।

retrochoir री'ट्रॅक्वाॅर् n. (गिरजाघरकी) ऊँची वेदी[F]-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के पीछेका भाग।

retrocollic रीट्रॅकॉ'लिक् a. (चि०) ग्रीवा-पृष्ठ-विषयक, ग्रीवापश्च-सम्बन्धी; पृष्ठ-पेशी-विषयक, पश्च-पेशी-सम्बन्धी, पीठ[F]की पेशी[F]का; गल-पेशी-विषयक, गलेकी पेशी[F]का।

retroduction रीट्रॅड्क्'शन् n. पश्चानयन, पश्चापनयन, प्रत्यपनयन, पीछे लाना, लौटा लाना।

retroflected, retroflex, -ed री(रे)ट्रॅफ्लेक्'टिड्, 'ट्रॅफ्लेक्स्, -अेड् aa. (चि०) **प्रत्यग्वक्र**; पृष्ठाभिमुख वक्रित, पश्चाभिमुख वलयित, पीछेकी ओर मुड़ा हुआ।

retroflex री'ट्रॅफ्लेक्स् a. (चि०) **प्रत्यग्वक्र**।

retroflexion –'शॅन् n. (चि०) प्रत्यग् वक्रण; पृष्ठाभिमुख वक्रण, पश्चाभिमुख वलयन, पीछेकी ओरका मोड़।

retrofract री(रे)ट्रॅफ्रैक्ट् a. = RETROFRACTED.

retrofracted –'ट्रिड् a. = RETROFLECTED.

retrogradation रेट्रॅग्रेड्'शॅन् n. (गणि०, चि०, ज्यो०) **प्रतीपगमन**, विपरीतगमन, विपरीत गति[F], गिरावट[F], वापसी[F]; पूर्वसे पश्चिमकी ओर ज्योतिष्पिण्डकी गति[F]।

retrograde[1] –'ट्रॅग्रेड् n. प्रतिगामी, प्रतिवर्ती; (क्व०) पतित व्यक्ति; प्रतीपगामी प्रवृत्ति[F], प्रतिगमन, पश्चगति[F], प्रतीप कर्म या क्रिया[F]।

retrograde[2] a. **पश्चगतिक** (~ *solubility*), पश्चाद्गामी, **पश्चगामी**, प्रतिगामी, प्रतीपगामी, विपरीतगामी; पतनशील, गिरता हुआ; **वक्री**; विपरीत, प्रतीप, प्रतिलोम, प्रतिकूल, उलटा (~ *motion*)।

retrograde[3] v. i. (गणित ज्यो०) प्रतीपगति[F] प्रकट करना, विपरीतगमन करना, पीछे होना, हटना, वापस होना, लौटना; पतित होना, गिरना; प्रत्यावर्तन करना, पूर्वस्थिति[F]पर आना।

retrogress रीट्रॅग्रेस्' v. i. पश्चगमन करना, प्रतिक्रिया[F] करना, प्रत्यागमन करना, पीछे लौटना, उलटा चलना, वापस होना; ह्रास होना, पतन होना, अवनति[F] करना, नीचे गिरना।

retrogression –ग्रेश्'शॅन् n. (गणित ज्यो०) पश्चाद्गमन, प्रतीपगति[F], प्रतिगमन, अवगति[F], विपरीत गति[F], उलटी चाल[F], पलटा; ह्रास, अवनति[F], अपकर्ष, अधःपतन, पतन।

retrogressive –'सिव् a. (चि०) पश्चगामी (~ *degeneration*), प्रतीपगामी, (दर्श०) **प्रतिगामी**, उलटा चलनेवाला (~*phase*); पतनशील, अपकर्षी, ह्रसमान (~ *population*)।

retrogressiveness –निॅस् n. प्रतीपगामिता[F], प्रतिगामिता[F], उलटी चाल[F]; पतनशीलता[F]।

retroject री'ट्रॅजेक्ट् v.t. पश्चाभिमुख प्रक्षिप्त करना, पृष्ठाभिमुख क्षिप्त करना, पीछे फेंकना, पीछे करना।

retromingent[1] री(रे)ट्रॅमिन्'जॅन्ट् n. पश्चमूत्रोत्सर्गी पशु, पीछेकी ओर मूतनेवाला जानवर (जैसे, ऊँट)।

retromingent[2] a. पश्चमूत्रोत्सर्गी, पृष्ठमूत्रत्यागी, पीछेकी ओर मूतनेवाला।

retroperitoneal ⊙ रीट्रॅपेरिटो'निॅअल a. विलोमग्रसनी, ग्रसनीपृष्ठीय; (चि०) प्रत्यक् प्रयुर्दर्या[F], उदरावरणके पीछे।

retroposition रीट्रॅपॅजि'शॅन् n. पश्चापनयन, पश्चापगमन, पृष्ठगमन, पीछेकी ओर स्थानान्तरण।

retropulsion रीट्रॅपल्'शन् n. (इंजिन इत्यादिका) (कृषि०) **परावर्तन**, (कृपि०) **प्रतिक्षेपन**, पश्चगमन, पृष्ठगमन, पीछेकी ओर चलना।

retropulsive –'सिव् a. पश्चगामी, पृष्ठगामी, पीछेकी ओर चलनेवाला।

sacring से'क्रिंग् n. (प्रा०) ईसाई धर्माध्यक्ष या सम्राट्-का अभिषेक, प्रतिष्ठापन, याजक-नियुक्ति^{F}; राजा और विशपका पदारोहण समारोह; ~-bell ईसाई धर्ममें अभिषेकके समय बजायी जानेवाली घण्टी^{F} ।

sacrist –क्रिस्ट् n. गिर्जा-भण्डारी, पूजागृह अथवा गिरजाघरके पवित्र पात्रों आदिको रखनेवाला कर्मचारी ।

sacristan सै'क्रिस्टॅन् n.(प्रा०) देवालय-भृत्य, गिरजाघर-की देखरेख^{F} करनेवाला, गिरजाघरका निम्न श्रेणी^{F}का कर्मचारी ।

sacristy –टि n. गिरजाघरका भण्डार, गिरजाघरका कपड़े तथा बर्तन आदि सामान रखनेका गोदाम ।

sacrosanct सै(से)'क्रॅसैन्क्ट् a. अति पवित्र, पावन; अबाध्य, अलंघ्य ।

sacrosanctity –'टिटि n. अतिपवित्रता^{F}; (अत्याचार या बलात्कारसे) धार्मिक नियम या आज्ञा^{F} द्वारा रक्षा^{F}; अलंघ्यता^{F}, अनुल्लंघनीयता^{F} ।

sacrospinalis –स्पिनेलिस् n.(चि०) त्रिक कण्टिका^{F}।

sacrum से'क्रम् n. (चि०) त्रिक, त्रिकास्थि^{F},T.

sad* सैड्' a. शोकार्त, शोकाकुल, विमनस्क, दुःखी, खिन्न, अवसन्न, विषण्ण, म्लान, शोकाकुल, उद्विग्न, उदासीन, दुःखित, उदास*, भारी, गमगीन; कष्टप्रद, दुःखद, खेदजनक, विषादसूचक, शोकसूचक, शोकावह, खिन्नता-द्योतक, क्लेशकर; शोचनीय, (अप०, प्रायः हास्य०) अव-सादकारी, भीषण, घातक, धक्का देनेवाला, चोट^{F} पहुँचाने-वाला; कुत्सित, बहुत ही बुरा, बिलकुल खराब; संशो-धनातीत, असंशोध्य (*is a ~ slut, coward*); मोटा, भारी (*~ bread*); (रंग) धीमा, हलका, धुँधला, फीका, मद्धिम, उड़ा-उड़ा-सा; ~ dog दुश्चरित्र व्यक्ति, दुष्ट, लम्पट, आवारा आदमी; ~-iron खोखला चपटा लोहा; *a ~der and a wiser man* जीवनके कष्ट-प्रद अनुभवोंसे युक्त मनुष्य, ठोकर^{F} खाकर सीखा हुआ व्यक्ति; *in ~ earnest* गम्भीरतापूर्वक, गम्भीरता^{F}से, संजीदगी^{F}से ।

sadachiba –चिबॉ n. (गणि०) **सदाशिवा, तृतीया कुंभ** ।

sadalmelik –अेलमेलिक् n. (गणि०) **सदलमेलिक, प्रथम कुंभ** ।

sadalsuud –सूद n. (गणि०) **सदलसूद, द्वितीय कुंभ** ।

sadden –'डॅन् v.t. & i. विषण्ण होना, शोकार्त होना, दुःखी होना; चिन्तित करना, दुःखित करना, शोकार्त करना ।

saddish –डिश् a. अन्यमनस्क, चिन्तित-सा, खिन्न-सा, दुःखी-सा, उदास-सा, कुछ-कुछ उदास ।

saddle सै'डॅल् १. n. पर्याण, पल्याण, काठी^{F}, **जीन**^{F}; **आसन**, पैरगाड़ी^{F} या खेती^{F}की मशीन^{F}की गद्दी^{F}; काठी^{F}के आकारकी कोई चीज^{F}, काठी-जैसी चीज^{F}; बम्बूकार्टके घोड़ेके साज^{F}का एक भाग; २. v.t. घोड़ेपर काठी^{F} रखना, जीन^{F} कसना, जीन^{F} लादना; उत्तरदायित्व सौंपना, कार्यभार देना, मत्थे मढ़ना, सिर थोपना, भार रखना, बोझ लादना, जिम्मेदारी^{F} डालना; ~back (यंत्र०) **काठी**^{F}; (यंत्र०) छत^{F}; जीनदार छत^{F}, काठी-जैसी छत^{F}; चिड़िया^{F} या मछली^{F}की जाति^{F}; (चि०) अग्रकुब्जता^{F}; ~backed (चि०) अग्रकुब्ज; काठीदार पीठवाला; (स्था०) काठीनुमा छतवाला, जीन-जैसी छतवाला; ~-bag खुर्जी, कुर्सियों^{F}के काम आनेवाला एक प्रकारका कालीन; ~-cloth काठी^{F}के नीचे घोड़ेकी पीठ^{F}पर रखा जानेवाला कपड़ा; ~ fast जमकर बैठा हुआ, जीन^{F}पर अच्छी तरहसे बैठा हुआ; ~-horse बादाश्व, सवारी^{F}के लिए काठीदार घोड़ा; ~ joint (चि०) परस्परकोर सन्धि^{F}, अवतलोत्तल सन्धि^{F}; ~ nose (चि०) जिसके नाकका बाँसा नीचा हो; ~-pack पालान, खोगीर; ~ piece (यंत्र०) **काठी**^{F}, side ~ जनाना जीन^{F}; ~tree काठी^{F}का ढाँचा, (उत्तरी अमेरिकाका) बेला; *in the ~* आरूढ़, चढ़ा हुआ, सवार; (ला०) पदारूढ़, अधि-कारप्राप्त, अधिकारी, पदाधिकारी; *put ~ on right horse* अपराधीको दोष देना, दोषीको पकड़ना; *put ~ on wrong horse* निरपराधीको फँसाना;

~ fungus, ~ gall, ~ joint, ~ key, ~ pin, ~ plate, ~ point, ~ stone.

saddleless –लॅस् n. बेकाठी, बेजीन ।

saddler –लॅर् n. पर्याणकार, जीनसाज, साज बनाने-वाला या बेचनेवाला; (सेना०) रिसालेकी काठियों^{F}का प्रबन्धक अधिकारी, जीन अफसर ।

saddlery –रि n. पर्याणकारिता^{F}, साजगीरी^{F}, जीन-गीरी^{F}, जीनसाजी^{F} ।

Sadducean सैड्यूसी'अॅन् a. यहूदी-सम्प्रदाय-सम्बन्धी, यहूदी, (यहूदियोंके) सदूसी-मत-सम्बन्धी ।

Sadhu सा'डू n. साधु ।

sadism सा'डिज्म् n. (चि०) कामक्रूरता^{F}, क्रूर सम्भोग, क्रूर मैथुन; परपीड़न, (शिक्षा०) **परपीड़नरति**^{F} ।

sadist –डिस्ट् n. क्रूरसम्भोगी; परपीड़क, सादनकाम ।

sadistic –'टिक् a. क्रूरसम्भोग-सम्बन्धी; परपीड़न-सम्बन्धी ।

sadness सैड्'निॅस् n. विषाद, विषण्णता^{F}, अवसाद, शोकाकुलता^{F}, उदासीनता^{F}, औदासीन्य, दुःख, चिन्ता^{F}, खेद, म्लानता^{F}, म्लानि^{F}, **खिन्नता**^{F}, अफसोस, मलाल, गम, रंज, रंजीदगी^{F}, गमगीनी^{F}; गम्भीरता^{F} ।

sadr सेड्र्(गणि०) **सद्र, तृतीय हंस** ।

S.A.E. Society of Automobile Engineers.

safari सॅफ़ा'रि n. आखेटयात्रा^{F}, शिकारकी सफर; यात्रियों^{F}का दल, यात्री खिलाड़ियोंका कारवाँ, बन्द-गाड़ी^{F}, T.

safe[1] सेफ़् n. सुरक्ष, (बहुमूल्य वस्तुओं^{F}को रखनेकी) तिजोरी^{F}; डोली^{F}, सामान रखनेके लिए हवादार आल-मारी^{F}, सेफ ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

safe[F]* १. a. **सुरक्षित***, निरापद, निर्विघ्न, भयातीत, **अभय**, भयमुक्त, **भयरहित**, संकटहीन, संकटमुक्त, खतरेसे खाली (*now we are* ~), T.; निर्व्रण, अक्षत, सकुशल, बेखटका (*parcel came* ~); रक्षित, सुरक्षा-पूर्ण, क्षेम्य, जोखिमसे खाली (*put it in a* ~ *place*); निर्दोष, भरा पूरा, भला-चंगा (~ *water*); सही-सलामत (*have got him* ~); असाहसिक, दुःसाहसरहित; सतर्क, चेतन, दूरदर्शी, परिणामदर्शी, सावधान, चौकस, होशियार; विश्वसनीय, असन्दिग्ध, निश्शंक; निश्चित, विश्वस्त, सच, सच्चा, सही, पक्का, पूरा, यकीनी (~ *methods*); गण्यमान, गणनीय; मध्यम, मिताचारी, शान्त, नर्म, साधारण; २. v.t. रक्षा[F] करना, रक्षित करना, सुरक्षित रखना, बचाना; ~ conduct रक्षा-वचन, सुरक्षादान, अभयदान, (राज०) **यात्रा-सुरक्षण, अभयपत्र, यात्रा-सुरक्षण-पत्र**, निर्विघ्न गमनार्थ अधिकार और प्रमाणपत्र; ~ convoy, ~ custody, ~ guard रक्षार्थ पूर्वोपाय, (का०) **रक्षोपाय, सुरक्षण, परित्राण**, संत्राण, **अक्षय अभिरक्षा**[F]; अभिरक्षा[F], आड़[F], अनुकूल परिस्थिति[F]; अभयपत्र, **रक्षाकवच**; (~ guarding (का०) **रक्षात्मक**; ~ keeping सुरक्षण, अभिरक्षा[F], अभय, संरक्षण, सुरक्षा[F]; ~ pledge पर्याप्त, प्रतिभू[F];

~ area, ~ berth, ~ coast, ~ deposit, ~ distance, ~ lane, ~ period, ~ port, ~ temperature, ~ water.

safeness –'निॅस् n. सुरक्षा[F], शान्ति[F]; सतर्कता[F], सावधानी[F], चौकसी[F]; विश्वस्तता[F], निश्चितता[F], सन्देहहीनता[F]; मिताचार; असाहसिकता[F]; एतबार, यकीन।

safety –'टि n. **सुरक्षा**[F], **सुरक्षितता**[F], कुशल, कुशलता[F], **क्षेम**, रक्षण, रक्षा, शान्ति[F]; विश्वसनीयता[F], निर्विघ्नता[F], **निरापद**, आपदमुक्ति[F], भयमुक्ति[F], निर्भयता[F], अभय, **बचाव**, अमन, हिफाजत[F], सलामती[F] (*there is* ~ *in numbers*); रक्षापूर्णता[F], संकटाभाव, संकटमुक्ति[F], बाधाहीनता[F]; सतर्कता[F], सावधानी[F], चौकसी[F]; (~ *bolt* के भी अर्थोंमें) बन्दूक[F]को बन्द करनेका घोड़ा, बोल्ट; (~-*bicycle* के भी अर्थोंमें) नीची गद्दी[F]की साइकिल[F]; ~ catches चिटखनी[F]; T.; curtain रक्षायवनिका[F], रंगमंचकी दाहनिवारक यवनिका[F], आग[F]से बचानेवाला पर्दा; ~ fuse (विद्यु०) ज्वलन-रोधक पलीता; रक्ष-ज्वाल, बचावका पलीता, दूर[F]से जलाया जानेवाला पलीता; T.; ~-pin **सुरक्षा पिन**, बकसुआ; ~ plug सुरक्षा-डाट[F]; ~ razor सुरक्षा-क्षुर, उस्तरा जिससे खाल[F] न कटे; ~-valve (रसा०) **सुरक्षा-वाल्व**, (ला०) हृदयके उद्वेगके निकलनेका सहज मार्ग; अभय कपाट, भापका दबाव अधिक हो जानेपर स्वयं खुल जानेवाला इंजनका डट्टा; *sit on the* ~-*valve* दमनकी नीति[F] चलाना, मुँह बन्द करना, दबाना, चूँ न करने देना;

~ allowance, ~ angle, ~ appliance, ~-arch, ~ bolt, ~ bicycle, ~ board, ~ bolt, ~ compaign, ~ cap, ~ catch, ~ cartridges, ~ catches, ~ certificate, ~ chain, ~ devices, ~ distance, ~ education, ~ equipment, ~ factor, ~ fence, ~ film, ~ fund, ~funnel, ~ fuse wire, ~ gap, ~ glasses, ~ hitch, ~ inkpot, ~ lamp, ~-light, ~ limit, ~-lock, ~ margin, ~ match, ~ measures, ~ officer, ~ order, ~ plug, ~ poster, ~ precautions, ~ regulations, ~ rules, ~ sidings, ~ springs, ~ tongs, ~ tube, ~ value, ~ vault, ~ vents, ~ zone.

saffian सैं'फ़िअॅन् n. (चमकदार) अजा-चर्म, मेष-चर्म, बकरी[F] या भेड़[F]का चमड़ा।

safflor, safflower सैं'फ्लोर्, सैं'फ्लॉउअॅर् nn. केश, अमेरिकन या खोटा केशर, (कृषि०) **कुसुम** (~ *cake*), कुसुम्भ, **करडी**[F], महारजन, जाफरान (~ *oil, seed*)।

saffron सैं'फ्रॅन् १. n. कुंकुम, केशर[F], (वन०) **केसर**[F], जाफरान; (वन०) **केसरका पौधा**; केसरी रंग; २. v.t. केशर[F]से रँगना, केशर[F]की तरह रँगना, जाफरानसे रँगना; ~-cake केसरवाला केक; केसर[F]की टिकिया[F]; ~-coloured गाढ़पीतवर्णी, केसरिया, गहरे पीले रंगका; ३. a. कुंकुमवर्ण, केसरी।

saffrony –नि a. केसरिया, जाफरानी।

safranin –निन् n. कुंकुमरस, कुंकुम-रंजक-द्रव्य, केशर-रंजक-द्रव्य, जाफरानी रंग, (ऊतक रञ्जनार्थ प्रयुक्त)।

safranine –न् a. कुंकुमी, केसरी (~ *scarlet*)।

S.Ag. Secretary to Government Agriculture Department.

S.A.G. Senior Assistant General; Senior Assistant Goods.

sag सैग् १. n. अधोगमन, (नौवि०, यंत्र०, ग०) **अवतलन**, बैठाव, धसकाव, डुबाव; **अवनमन**, लटकन, वली[F] आदिका झुकाव; झुकावके मध्यबिन्दुसे दो स्तम्भोंके बीचकी सरल रेखा[F]के बिन्दुतककी दूरी[F]; आस्रुध, मूल्यपात, दामोंका घटाव; कमी[F]; (नौवि०) वायु[F]की प्रतिकूल दिशा[F]-की ओर झुकाव, **झोल**[F], मोड़, फिराव; २. v.i. भार या दबावके कारण बैठ जाना, नीचे आना, झुक जाना, धसकना; **झोल**[F] **पड़ना**, किसी चीज[F]के बीचके भागका झुक आना, धसकाना; नीचेकी ओर मुड़ना, टेढ़ा पड़ जाना (*ceiling* ~*s*); एक ओरको झुक जाना, ढलकना, लटकना (*the gate* ~*s*); अवमज्जन करना, डूब जाना; (v.t.) नीचेको ढलकाना, झुकाना, (वाणि०) मूल्योंका गिरना, घटना, उतरना, कम होना; जहाजका मार्गसे हट जाना, फिर जाना।

saga सा'गॅ n. (मध्ययुगीन आइसलैण्डीय या नार्वेका) गद्य-साहित्य; किसी वंश आदिके इतिहाससे सम्बन्धित पुस्तकमाला[F]; (परिवर्तित) वीरगाथा[F], वीरतापूर्ण अथवा साहसिक कार्योंकी कथा[F]।

sagacious सॅगे'शॅस् a. मेधावी, तीक्ष्णबुद्धि, कुशाग्र-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुद्धि, कुशाग्रमति, तीव्रबुद्धि, बुद्धिमान्, विदग्ध, विचक्षण, सूक्ष्मधी, दूरदर्शी, पारदर्शी, विवेकी, चतुर, व्युत्पन्नमति, चेतनमति, प्रगल्भ, पारखी, सयाना, समझदार, होशियार, अत्यधिक चतुर, समझदार, बहुत ज्यादा चौकन्ना (जानवर); चातुर्यपूर्ण, दूरदर्शितायुक्त, सूक्ष्मदृष्टियुक्त, बुद्धिमत्तापूर्ण (योजनाएँ^{F}, कथन, बातें^{F} आदि)।

sagaciousness –नि̆स् n. मेधाविता^{F}, तीक्ष्णबुद्धिता^{F}, कुशाग्रबुद्धिता^{F}, कुशाग्रमतित्व, तीव्रबुद्धिता^{F}, बुद्धिमत्ता^{F}, विदग्धता^{F}; विचक्षणता^{F}, सूक्ष्मधीत्व, दूरदर्शिता^{F}, पारदर्शिता^{F}, विवेक, चातुर्य, प्रगल्भता^{F}, चतुराई^F, सयानापन, समझदारी^{F}, होशियारी।

sagacity –गै'सिटि n. सुमेधत्व, तीक्ष्ण बुद्धि^{F}, वैदग्ध्य, विचक्षणता^{F}, सूक्ष्म गति^{F}, सूक्ष्मदर्शन, चातुर्य, सयानापन, समझ^F, समझदारी^{F}, होशियारी^{F}।

sagamore सै'गॅमोअॅर् n. =SACHEM.

sagan से'गॅन् n. सेगन, (यहूदी पुरोहितका सहायक अधिकारी)।

sage[1] सेज़् n. तुलसीवन्धु, भूरे हरे रंगकी पत्तियोंवाला सुगन्ध शाक, वनस्पति^{F}, सब्जी^{F}; (वन०) T.; ~-brush अमेरिकाके बंजर प्रदेशोंमें पाये जानेवाले खारी पौधोंकी जाति^{F}; ~-green उक्त वनस्पति^{F}की पत्तियों^{F}का रंग; ~ tea सेजी पत्तियों^{F}का औषधीय सत्त्व।

sage[2] n. साधु, यति, महात्मा, सिद्ध पुरुष; बुध, तत्त्वविद्, पण्डित, ज्ञानी; दार्शनिक, विचारक; आत्मज्ञ, ब्रह्मज्ञानी; महर्षि, ऋषि, मुनि; औलिया, शेख; *fool to others, to himself a* ~ अपने मुँह मियाँ मिट्ठू।

sage[3] a. धीमान्, प्राज्ञ, पण्डित, बुद्धिमान्, विचारवान्, ज्ञानी, बुद्धिपूर्ण, विचारयुक्त।

sagene[1] सॅजीन्' n. जालक, जाल।

sagene[2] सा'जे॑न् n. सजीन (७ फुटके बराबर एक रूसी पैमाना)।

sageness सेज़्'नि̆स् n. पाण्डित्य, प्राज्ञता^{F}, बुद्धिमत्ता^{F}, विचारशीलता^{F}, चातुर्य, चतुराई^F; ऋषित्व, साधुता^{F}, साधुपन।

saggar सै'गॅर् n. आपाक, आवा।

sagging सै'गिंग् n. आस्कथन, मूल्यावनयन, अवनमन; (नौवि०, रस्सा०); **अवतलन-झोल**^{F}; (वाणि०) **भाव घटाना**।

Sagitta सॅजि'टॅ n. सप्तर्ष; s~ शरकृमि^{F}; नींव-पत्थर; **बाण**, T.

sagittal ⊙–टॅल् १. n. (जीव०) **मध्य तल, मध्यसमान्तर तल**; २. a. शराकार, शराकृति, शरवत्, तीर-जैसा; बाण-सदृश, बान-जैसा (~ *axis*); बाण-सम्बन्धी, शर-सम्बन्धी, तीरवाला, बानका; ~ sinus (चि०) पूर्वपश्च, शिरानाल; ~ sulcus (चि०) **अग्रपश्च परिखा**:

Sagittarius सैजिटेअॅरिअॅस् n. (ज्यौ०) **धनु**, धनुस, धनुर्धारी, धनूराशि^{F}, नक्षत्रमण्डल एवं राशिचक्रका नवाँ नाम।

sagittary –'जिटॅरि a. शर-सम्बन्धी, बाण-सम्बन्धी; तीरवाला, बानका।

sagittate, -ed –टेट्, –इॅड् aa. शराग्रवत्, (वन०, चि०) **बाणाकार**, बाणकी नोक-जैसा; तीक्ष्ण, तीखा, तेज।

sago से'गो n. (pl. -*s*) विकंगू, (वन०, चि०) **साबूदाना**, सागू (~ *palm*)।

sagum से'गॅम् n. (प्रा० रोमनोंका) सैन्यवस्त्रालंकार, सैनिक पहिनावा, सैगम।

sagy से'जि a. सेज वनस्पति-सम्बन्धी, सेजी, दे० SAG.

Saharan, Saharian, Saharic सॅहा'रॅन्, सॅहा'रिअॅन्, सॅहा'रिक् aa. सहाराका, सहराई।

Sahib सा'इब् n. (भारत) भारतीयोंके द्वारा यूरोपीयोंका नाम, साहिब; आदरसूचक उपाधि^{F}, जी (*Jones* ~); (बोल०) सज्जन, बाबू।

sai साइ' n. सई बन्दर।

said सॅड्' (SAY का भू० एवं भू० कृ० रूप), उक्त, कथित (~ *act, person*); the ~ पूर्वोक्त।

sail[1]* सेल्' n. पोत, जलयान, जहाज; पोत-समूह, जहाजी बेड़ा (*a fleet of twenty* ~*s*); शीत, वातवस्त्र, नौवस्त्र, (परि०) **पाल***, **बादबान** (*hoist, lower, set, shorten,* ~) (नौवि०, प्रा०, इति०) जहाजमें पाल और रस्सियाँ^{F} बाँधनेवाला प्रमुख निम्न अधिकारी; जल-जन्तुओंकी स्पर्श-इन्द्रिय^F; सील मछली^{F}का पीठ^{F}परका पंख, बाजू; पवनरोधक यन्त्र, हवा^{F}के बाँधनेकी कल^F, हवाई चक्की^{F}के पंखोंसे बाँधे जानेवाले पहिये; (*wind-*~ के भी अर्थोंमें) जहाजके डेक या खान^{F}के ऊपर हवा^{F} और रोशनी^{F}के लिए कुप्पी^{F}के आकारका वातायन; ~-arm पवनचक्की^{F}का पंखा; ~ axle पवनचक्की^{F}के पंखोंकी धुरी^{F}; ~-cloth पोतपट, शीतपट, पाल बनानेका कपड़ा; ~-fish पीठ^{F}परके बड़े पंखवाली मछलियाँ^{F}; ~ loft (परि०) **पालघर**; (नौवि०) **सेढ़खाना**; ~ maker (नौवि०) **सिलमाकुर**; ~ master (परि०) **पालकप्तान**; *full* ~ पूरी शक्ति^{F}से; सभी पालोंको खोलकर; *set* ~ पाल छोड़ देना, चल पड़ना; *strike* ~ एक दम पाल गिरा देना; *take in* ~ (ला०) अपनी महत्त्वाकांक्षाओं^{F}को संयत करना, उतावली^{F}को कम करना; *take wind out of* ~*s* सहारा छीन लेना, बाहुबल छीन लेना; *under* ~ पालोंके साथ खुलना, चल देना, छूटना, रवाना होना;

~ boat, ~-borne, ~-dotted, ~-drill, ~ flying, ~ maker, ~plane, ~-propelled, ~-room, ~-stretched, ~-winged.

sail[2] n. निर्दिष्ट अवधि^{F}की समुद्री यात्रा^{F} (*is ten days'* ~ *from Plymouth*); जलयात्रा^{F}, समुद्री यात्रा^{F}, जहाजकी सैर^F, समुद्री सफर^F (*go for a* ~)।

sail[3] v.t. & i. पालोंको चढ़ाकर जलयात्रा^{F} करना, पालदार जहाजका चलना; पालोंके प्रयोगसे या इंजिनसे जहाजमें जलयात्रा^{F} करना, समुद्री यात्रा^{F} आरम्भ करना, पालदार नाव^F या स्टीमर चलाना, बसरी सफर^F करना (*we* ~*next week*), समुद्रयात्रा^{F} करना, समुद्रकी सैर^F करना, जहाज चलाना; आकाशमें उड़ना, आसमानकी सैर^F करना; (पक्षी, बादल, चन्द्रमा आदिका) आकाशमें

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धीरे-धीरे उड़ना, चलना, घूमना; मन्थर गति[F]से चलना, ठाठके साथ चलना, शान[F]से चलना; समुद्री यात्रा[F]को प्रतिबन्धमें लाना, जहाजरानी[F]को नियन्त्रित करना; खिलौने या कागजकी नाव[F]को तैराना, पानीमें बहाना; *into* ~ (आ०) आक्रमण करना; आक्षेप करना, भर्त्सना[F] करना, अपशब्द कहना, निन्दा[F] करना, बुरा भला कहना; ~*close to* or *near the wind* लगभग पवनके प्रतिकूल चलना; (ला०) लगभग नियम भंग करना, नैतिक सिद्धान्त अथवा नियमके उल्लंघनके समीप आना।

sailable –'लॅबॅल् a. नाव्य, खेने योग्य, नाव[F] चलाने योग्य।

sailed –ल्ड् a. पालयुक्त, बादबानी।

sailer –'लॅर् n. निर्दिष्ट गमनशक्तिवाला जलयान, जहाज (*fast, good, bad,* ~)।

sailing –लिंग् १. n. नौप्रस्थान, नौयात्रा[F] (~ *instructions*); (नौवि०) **चालन**; २. a. प्रस्थानकारी, यात्री (~ *vessel*); ~ boat, ~ ship (परि०) **पालनाव**[F], **पाल जहाज**; ~-master पोताधिकारी, जहाजका अफसर, जहाजरान; plain ~ (ला०) सुगम कार्य, सीधा-सादा काम, आसान बात[F];

~ date, ~ free, ~ orders, ~ signal.

sailless –ल्'लिॅस् a. पालरहित, बेबादबान।

sailor –'लॅर् n. पोतवाह, पोतचालक, नौवाह, **नाविक**, समुद्रयायी, **मल्लाह**, खलासी, जहाजी आदमी; ~'s knot टाई[F]की एक विशेष प्रकारकी गाँठ[F]; रक्तकषायमूल[F], एक पौधा।

sailoring –रिंग् n. नाविकका कार्य, मल्लाही[F]।

sailorless –र्-लिॅस् a. नाविकहीन, बेमल्लाह।

sain सेन्' v.t. दैवी शक्ति[F]से रक्षा[F] करना, बचाना, जादूगरी[F]से अच्छा कर देना; आशीर्वाद देना, आशीष देना, दुआ देना; स्वस्तिकका चिह्न बनाना, क्रॉसका निशान बनाना, काटा लगाना।

sainfoin सेन्'फ़ॉयॅन् n. एक प्रकारकी छोटी घास[F]।

saint सेन्ट्' १. n. दिवंगत, स्वर्गीय, कैलासवासी, देवलोकवासी (*departed* ~); (धार्मिक सरकारों द्वारा घोषित) सिद्ध महात्मा, मुनि, सन्त, साधु पुरुष, पुण्यजन, दरवेश, सेण्ट; (बाइ० प्रा० और कुछ वर्तमान सम्प्रदायोंमें) अवतारी पुरुष, ईश्वरीय जन; धार्मिक पुरुष, सदाचारी जन, महान् पुण्यशील व्यक्ति; ईसाई-सम्प्रदायका सदस्य या सम्प्रदायका प्रवचनकर्ता; २. v.t. सन्तोंकी श्रेणी[F]में समाविष्ट करना, सन्तत्व प्रदान करना, सिद्ध पुरुषोंमें गिनना, सिद्ध बनाना, महात्मा मानना, सिद्ध पुरुष समझना, सन्त मानना, साधु कहना; ३. a. धार्मिक, सिद्ध, साधु, पुण्यशील, दिव्य, अतिपवित्र, दिव्य, चर्च द्वारा अनुमोदित, ईसाई धर्मानुसार; सन्तत्वको प्राप्त (पुरुष) ~'s-day किसी सन्तकी स्मृति[F]में गिरजाघरका उत्सव; St. Andrews स्कॉटलैण्डके गिरजोंके प्रधान सन्त; St. Bernard dog *or* St. Bernard हॉस्पाइसके गिरजावासियों द्वारा ग्रेट सेण्ट बर्नार्ड दर्रेपर यात्रियोंकी सुरक्षा[F]के लिए पाली हुई कुत्तोंकी एक जाति[F]; St. Cecilia संगीतके प्रधान सन्त, संरक्षक सन्त; धर्मगतिप्राप्त सिद्ध पुरुष; St. Elmo's fire प्रभागोलक; St. Helena निर्वासन-स्थान, देशनिकालेकी जगह[F]; St. Leger तीन सालकी उम्रके घोड़ोंकी दौड़[F]; *would provoke, try the patience of, a* ~ कठोर, अत्यधिक कटु, सन्तकी सहनशक्ति[F]के बाहरका; *youny* ~*s old devils* or *sinners* युवावस्था[F]की साधुता[F] अच्छी नहीं; सन्तोंके नामोंपर अनेक फूलपौधोंके नाम, जैसे–St. Agnes's flower, St. Anthony's nut, St. Barbara's cress, St. Barnaby's thistle, St. Bernard's lily, St. Bruno's lily, St. Catherine's flower, St. Dabeoc's heath, St. George's herb, St. James's wort, St. Mary's flower, St. Patrick's cabbage.

saintdom –'डॅम् n. सन्ताधिकारक्षेत्र, वलीका इलाका।

sainted –ड्'इॅड a. पूत, पावन, पवित्र; दिवंगत, स्वर्गीय, कैलासवासी, देवलोकवासी।

sainthood –ट्'हुड् n. ऋषित्व, साधुत्व, सन्तत्व।

saintlike –'लाइक् a. ऋषिवत्, सन्ततुल्य, सिद्धपुरुषसदृश, साधु-सा।

saintliness –लिनॅिस् n. ऋषितुल्यता[F], पुण्यात्मत्व, धर्मशीलता[F], पुण्यशीलता[F], पवित्रता[F], (दर्श०) **साधुता**[F]।

saintling –लिंग् n. सन्तक, छोटा सन्त, सधुक्कड़, पीरजादा।

saintly –लि a. पुण्यशील, साधु, सन्तवत्, ऋषितुल्य, पुण्यात्मा, पवित्र, धर्मशील, महात्मा।

saintship –'शिप n. ऋषित्व, ऋषिका पद, सन्तका पद, वलीका दर्जा, सन्तई[F], महात्मापन।

saiph सैफ़ n. (ज्यौ०) **दशम मृग, दशम कालपुरुष**, T.

saith से'थ्' =SAYS.

Saiva साइ'वॅ n. शैव।

sajene सजेने n. =SAGENE[2].

sake[1] सेक्' n. निमित्त, हेतु, कारण, उद्देश्य, प्रयोजन, अभिप्राय, अर्थ, विचार, लिए, नाम, वजह, वास्ते, खातिर, लिहाज, ख्याल, मतलब, गर्ज[F]; *for any* ~ किसी भी प्रयोजनसे, किसीके विचारसे; *for the children's* ~ बच्चोंके लिए; *for conscience* ~ धर्मके हेतु, सद्विचारके निमित्त, ईमानकी खातिर; *for God's* ~ भगवान्‌के नामपर, खुदाके लिए, *for my own* ~ *as well as yours* मेरे लिए और आपके लिए भी; *for old* ~*'s* ~ बीते हुए दिनोंकी याद[F]में; *he is persecuted for opinion's* ~ अपनी धारणाओं[F]के कारण उसे कष्ट दिये जा रहे हैं।

sake[2] सै'के n. चावलसे तैयार की हुई जापानी शराब[F]।

saker से'कॅर् n. बाज पक्षी; एक प्राचीन प्रकारकी बन्दूक[F]।

saki सा'कि n. (दक्षिण अमेरिकी) बन्दर, साकी।

sakia (Arab.) सा'किॅअ n. (उत्तरी अफ्रीकामें प्रयुक्त) रँहट।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sal[1], सैल्′ n. (रसा०) लवण, नमक।

sal[2], **saul** साल्′, सॉल्′ n. इयाल, साल (की लकड़ी[F] या पेड़)।

salaam सॅलाम्′ १. n. भारतीय मुसलमानोंमें नमस्कार करनेकी पद्धति[F], सलाम (जिसका अर्थ है 'शान्ति[F]'); २. v.t. & i. प्रणाम करना, नमस्कार करना, सलाम करना।

salability सेलॅबि′लिटि n. पण्यता[F], विक्रेयता[F], विक्रयशीलता[F], बिकाऊपन।

salable –′लॅबॅल् a. पण्य, विक्रेय, विक्रय योग्य, बिक्री[F]के लायक, बिकाऊ; क्रेय, क्रेतव्य, खरीदने योग्य।

salacious सॅले′शॅस् a. कामाविष्ट, कामग्रस्त, कामार्त, कामातुर, कामुक, कामान्ध, कामासक्त, कामजित, विषयी, कुव्यसनी; दुश्चरित्र, व्यभिचारी, भोगी, कामी, लम्पट, बदमाश, रण्डीबाज।

salaciousness, salacity –निॅस्, –लै′सिटि nn. कामातुरता[F], कामुकता[F], कामान्धता[F], कामासक्ति[F], विषयीपन, भोगेच्छा[F], मैथुनेच्छा[F], इन्द्रियासक्ति[F], वासना[F], कामातुरता[F], काम, बदमाशी[F]।

salad सै′लॅड् n. प्रशाक, कच्ची खायी[F] जानेवाली तरकारियाँ[F]; (चि०) सलाद, (मछली[F], गोश्त, अण्डे आदिके साथ खाये जानेवाले कच्चे साग); रायता; ~-days अनुभवहीन यौवन, कच्ची उम्र[F]; ~-dressing सलादका मसाला; ~-oil प्रशाक तैल, अच्छी किस्मका जैतूनका तैल।

salade सै′लॅड् n. मध्ययुगीन शिरस्त्राण।

salading सै′लॅडिंग् n. शाक, सलादका पौधा।

salamander सै′लॅमैन्डॅर् n. सरटक, छिपकली-जैसा रेंगनेवाला जन्तु, समन्दर; अग्निदेव, अग्निदेवता; अधिक गर्मी[F] सहन करनेवाला व्यक्ति, वीर सैनिक, बहादुर सिपाही; (जन्तु०) पूँछवाले स्थल-जल-चर, पानी और जमीन[F]पर रहनेवाले दुमदार जानवर; (जीव०) T.; तेज गर्म लोहा, आमलेट तलनेवाला लोहेका तवा।

salamandrian, salamandrine –′ड्रिॲन्, –′ड्राइन् aa. सरटक-सम्बन्धी; अग्निसह; अत्यधिक उष्ण, बहुत गर्म, जलता हुआ; वीर।

salamandroid –ड्राॲड् n. & a. रेंगनेवाले जन्तु-जैसा, समन्दर-जैसा।

salame सॅला′मि n. इटलीका लंगोचा, गुलमा, कुलचा।

salariat सॅलेॲ′रिॲट् n. वेतनभोगी वर्ग, तनख्वाह[F] पानेवाले लोग।

salaried सै′लॅरिड् a. वैतनिक, सवेतन, वेतनभोगी, वेतनग्राही, वेतनपानेवाला (~ *clerk*)।

salary –रि १. n. (अर्थ०) वेतन, संवेतन, वृत्ति[F], भृति[F], तनख्वाह[F] (~ *bill, grant*); २. v.t. वेतन देना, तनख्वाह[F] देना।

sal atticum (L) n. = wit.

sale सेल्′ n. पणन, विक्रय; विक्रयण, बिक्री[F], बेच[F], बै[F], फरोख्त[F]; घोषविक्रय, नीलाम (*put up for* ~); बिक्री[F]की रकम[F]; (व्यापारकालके समाप्त होनेपर घटे हुए मूल्योंपर दूकान[F]के रखे हुए सामानकी) जल्दी[F]की बिक्री[F]; ~-ring नीलाममें बोली[F] बोलनेवालोंका घेरा; ~sman विक्रयकार, विक्रेता, विक्रीकार, बेचनेवाला; छोटा दुकानदार; ~smanship विक्रयकला[F], (अर्थ०) विक्रीकारी[F], दुकानदारी[F], बेचनेमें निपुणता[F]; ~s tax विक्रयकर, बिक्रीकर; ~swoman विक्रेत्री, बेचनेवाली; ~-work चलाऊ काम; *on for*, ~ बिकाऊ;

~ account, ~ certificate, ~-deed, ~ document, ~ letter, ~ mark, ~ memorandum, ~ note, ~ notice, ~ paper, ~ ~ platform, ~ power certification, ~ price, ~ proceeds, ~ proclamation, ~ register, ~ report, ~ room, ~s account, ~s basement, ~s book, ~s check, ~s clerk, ~s commission; ~s control, ~s day-book, ~s depot, ~s guaranteed, ~s journal, ~ ~s lady, ~s ledger, ~s people, ~s person, ~s resistance, ~s returns, ~s returns journal, ~s room, ~s tax officer, ~s tax rules, ~s transaction, ~s value, ~s warrant, ~s work, ~value.

saleability –लॅबि′लिटि n. विक्रेयता[F], बिकनेकी स्थिति[F], विक्रयशीलता[F], फरोख्त[F] होनेकी योग्यता[F]; आपण्यता[F], बाजार[F]में भेजे जानेकी अवस्था[F], बिकाऊपन।

saleable –लॅबॅल् a. विक्रेय, (~ *publication*), बेचने योग्य, बिकाऊ (~ *stock, variety*), फरोख्त करने योग्य; आपण्य, बाजारमें भेजने लायक।

saleableness –निॅस् n. = SALEABILITY.

salebrosity ⊙सैलिब्रॉ′सिटि n. वैषम्य; विषमता[F], उच्चावचता[F], असमता[F], असमतलता[F], ऊँचा-नीचापन, नाहमवारी[F]।

salebrous –′लिॅब्रॅस् a. विषम, असम, उच्चावच, असमतल, ऊँचा-नीचा, नाहमवार।

salep सै′लॅप् n. मण्डयास[F], सालम मिश्री[F], (एक प्रकारका पुष्टिकारक खाद्य)।

saleratus ⊙सैलॅरे′टॅस् n. पोटाशका अशुद्ध बाईकार्बोनेट।

salic, Salique सै′लिक्, सॅलीक्′ aa. मिस्रका; ~ law फ्रैंक जाति[F]की कानूनी पुस्तक[F]; सैलिक; स्त्रियों[F]को राजसिंहासनके अधिकारसे वंचित करनेका नियम।

salicaceous सैलिके′शस् a. सरपत-विषयक, सरकण्डेका; वानीर-विषयक, बेंत-सम्बन्धी; सरपतप्रजातीय, सरपत-प्रजाति-विषयक; वानीरप्रजातीय, वानीरप्रजाति-सम्बन्धी।

salicin सैलिसिन् n. नम्रा[F], सलीसिन[F], (एक विशेष प्रकारके बेंतकी छाल[F]से प्राप्त कड़ुवी, वेदनाहर, ज्वरहर औषधि[F])।

salicional, salicet सॅलि′शॅनॅल्, सै′लिसेॅट् nn. सैलिशॉनल, शहनाई[F] (८ फुटका एक वाद्ययन्त्र)।

salicyl सै′लिसिल् n. नम्रल, सलीसिल, सलीसी तेजाबका सत्त्व।

salicylate सॅलि′सिलेट् १. n. नम्रलीय, सलीसी तेजाबका

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नमक; –लेट् २. v.t. नम्रल बनाना, नम्रलिक अम्ल मिलाना, सफसाफी तेजाव मिलाना।

salicylic –सि'लिक् a. नाम्रलिक, सलीसा; ~ acid गठिया[F]में दिया जानेवाला नम्रलिक अम्ल, (झ०र०शा०) **सेलीसायलिक अम्ल**।

salicylism –सिलिज़्म् n. (चि०) सलीसिलात्यय, सलीसायलेटके अतियोगका दुष्परिणाम।

salicylize –लाइज़् v.t. नम्रल बनाना, नम्रलिक अम्ल मिलाना, सलीसी तेजाव मिलाना।

salicylous–लॅस् a. नम्रलीय, नम्रलयुक्त, सफसाफीदार।

salience, -cy से'लिअॅन्स्, -सि nn. उद्गमन, वहिर्गमन, उभार; प्रवाह, वहाव; उत्कृष्टता[F], सुस्पष्ट विशेषता[F]; सुव्यक्तता[F], विचारणीयता[F], दर्शनीयता[F]।

salient से'लिअॅन्ट् १. n. वाह्यसंकेतिक कोण, (दुर्ग-निर्माणमें) वाहर निकला हुआ कोना; **उभार**; २. a. समुन्नत, वहिर्गामी, प्रलम्ब, प्रोच्छ्रित, उभरा हुआ, वाहर निकला हुआ; वाहरको संकेत करनेवाला; (पाण्डि०,हास्य०) प्रवाहिक, प्रवाही, धारावाहिक, प्रवाहित, वहता हुआ; नृत्यशील, नर्तित, नाचता हुआ या उछलता हुआ; उत्थित, उत्कृष्ट; प्रमुख (~ *hues*), प्रधान, विशिष्ट, **मुख्य** (~ *features, points*); सुव्यक्त, प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट, सुप्रकट, साफ; विचारणीय, महत्त्वपूर्ण, दर्शनीय, ध्यान देने योग्य।

saliferous सॅलि'फ़ॅरॅस् a. (भूमिस्तर) क्षारीय, लवणोत्पादक, लवणपूर्ण, नमकदार।

salifiable से'लिफ़ाइॲवॅल् a. अम्लेय, अम्लमिश्रणीय; लवण योग्य, अम्लके साथ मिलाकर नमक बनाने योग्य।

salification –फ़िके'शॅन् n. अम्लेयता[F], अम्लमिश्रणीयता[F], अम्लके साथ मिलाकर नमक बनानेकी स्थिति[F]।

salify –लिफ़ाइ v.t. अम्ल मिलाकर नमक बनाना।

salimeter ⊙सैलि'मिॅटॅर् n. = SALINOMETER.

salina सॅलाइ'नॅ n. (प्रा० भू०) **लवण-भूपटल**; नमकका कारखाना, T.

saline से'लाइन्, सॅलीन्' १. n. क्षारीय तत्त्व, लवण, क्षार, खार; **लवण-द्रव**, लावणिक पदार्थ; (चि०) लवण जल, नमक और पानीका मिश्रण, घोल; खारी जुलाव; नमकका वर्तन या कारखाना; खारी झील[F], खारा सोता, खारी दलदल; २. a. (औषधियाँ[F]) **लवणयुक्त**, लवणके गुणका, (रसा०, कृषि०) **लवणमय**, रासायनिक लवण-सम्बन्धी; (प्राकृतिक स्रोत, जल आदि) क्षारीय, लावणिक, लवणमय, (चि०, रसा०) **लवणीय**, (प्रा० भूगोल) **नमकीन**, (प्रा० भूगोल) **खारा**;

~ bath, ~ marsh, ~ pan, ~ residue, ~ soil, ~ solution, ~ water.

salineness –नि'स् n. = SALINITY.

saliniferous ⊙–लिनि'फ़ॅरॅस् a. लवणोत्पादक, लवण-जनक, नमक पैदा करनेवाला।

salinity सॅलि'निटि n. क्षारीयता[F], (प्रा० भू०, रसा०, कृषि०) **लवणता**[F], लावणिकता[F], लवणयुक्तता[F], (प्रा० भू०) **खारापन**; लवण-मात्रा[F]।

salinization ⊙–नाइज़े'शॅन् n. (कृषि०) **खारी[F] बनाना**।

salinometer सैलिनॉ'मिॅटॅर् n. लवणमान, (रसा०, परि०) **लवणमापी**, नमककी मात्रा[F] जाननेका यन्त्र।

salique सॅलीक्' n. दे० SALIC.

saliva सॅलाइवॅ n. (जीव०, कृषि०, चि०) **लार[F]**, (चि०) **लाला[F]**, थूक, लुआव।

salivant सै'लिवॅन्ट् a. & n. (चि०) लालास्रावक, लालाकारी (औषध[F])।

salivary'–वॅरि' a. (चि०) लाला-, लारयुक्त, **लारमय**, लारवाला, थूकका (~ *gland*); ~ discharge (चि०) लालास्राव, ~ reflex लालाप्रतिवर्त;

~ digestion, ~ duct, ~ gland, ~ juice, ~ relex, ~ responses, ~ sublingual, ~ submaxillary.

salivate –वेट् v. t. & i. बहुत अधिक लार[F]का निकलना, लार[F] वहना; (अत्यधिक मात्रा[F]में लार[F]) उत्पन्न कर देना।

salivation –वे'शॅन् n. (चि०) **लालास्राव, लाला-स्रवण**, लार-निस्सरण, अतिरिक्त लार-निर्गमन, (कृषि०) लार[F] वहना।

salivator –लिवेटॅर् n. लाला-निस्सारक वस्तु[F], अतिरिक्त लार-निस्सारक पदार्थ।

salle साल्' (F) n. प्रशाल कक्ष, विशाल कक्ष, वड़ा कमरा, हाल।

sallenders सै'लॅन्डॅर्स् n. pl. घोड़ोंका रोग, जिसमें पिछले जानुके मोड़पर रूसी सम विस्फोट निकलते हैं।

sallet –'लिॅट n. मध्ययुगीन शिरस्त्राण, साले।

sallow[1] –लो n. एक प्रकारका वेंतका पेड़; वेंतकी शाखा[F], लकड़ी[F]।

sallow[2] १. n. पाण्डुरवर्ण, आपीतवर्ण, पीला रंग, वसन्ती रंग; २. v. t. & i. पाण्डुर होना, पीला होना; ३. a. पाण्डुर, विवर्ण, आपीत, पीत, हल्का पीला, वसन्ती; फीका (मनुष्यकी खाल[F], रूप-रंग आदि)।

sallowish –लोइश a. आपाण्डुर, पीला-पीला, पीला-सा, पीलापन लिये हुए।

sallowness –लोनॅस् n. पाण्डुरता[F], हल्का पीलापन, पीलाहट[F], जर्दी[F]।

sally[1] सै'लि १. n. सहसा आक्रमण, धावा, झपट[F]; भ्रमण, सैर[F]; अग्रगामिता[F], अग्रगमन; सदाचारका उल्लंघन, पलायन, जिम्मेदारी[F]से भागना (क्वचित्); अकस्मात् ही कार्यारम्भ, एकदम कामकी शुरुआत[F]; व्यंग्योक्ति[F], व्यंग्य, विनोदपूर्ण उक्ति[F], ठट्ठा, ठिठोल, हँसी[F], दिल्लगी[F], मजाक, फबती[F]; हठात् वहिर्गमन, निष्क्रमण, निःसरण, निर्गम, निकास, उफान; २. v. t. दुर्गके भीतरसे घेरनेवाले शत्रु-पर आक्रमण करना, धावा बोलना, टूट पड़ना, हल्ला बोलना, झपट पड़ना; यात्रा[F]के लिए जाना, घूमनेके लिए निकलना, सैर[F] करनेको जाना, सफर[F]पर जाना; प्रकाशित होना; (क्वचित्) अचानक ही निकल पड़ना, वाहर आना, निकलना; ~-port निर्गमद्वार, (दुर्गावरोधकोंपर

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आक्रमण करनेके लिए) दुर्गका गुप्तद्वार।

sally[2] n. घण्टेकी हिलती हुई स्थिति[F], घण्टेका पहला कम्पन; घण्टेकी रस्सी[F]का ऊनसे बुना हुआ भाग; ~-hole घण्टा-छेद (जिसमेंसे घण्टेकी रस्सी[F] जाती है)।

sally[3] n. हजरत इब्राहीमकी पत्नी[F] 'सारा'का प्रचलित नाम; ~ Lunn मीठा हल्का केक।

salm साल्म् n. (गणि०) **साल्म; ऊनविंश खगाश्व**।

salmagundi सैल्मॅगन्'डि n. (गुणों, वस्तुओं[F], विषयों आदिका) समन्वय, सामान्य सम्मिश्रण, मेल, पँचमेल, खिचड़ी[F], घोलमाल; एक प्रकारका सालन या पँचन्ना।

salmi सैल'मी n. चिड़ियों[F]का मसालेदार मांस।

salmon सै'मॅन् १. n. मृदुपक्षा[F], एक स्वादिष्ट मछली[F], (जीव०) **सैल्मन, सामन**; २. a. सामनके जैसे नारंगी[F] रंगका; ~-coloured सामनकी खाल-जैसे नारंगी[F] हलके गुलाबी रंगका ~-ladder, -leap, -pass, -stair सामन मछली[F]को बाँध पार करने और धारा[F]में चढ़नेके लिए सीढ़ियाँ[F] या दूसरी राहें[F]; ~ trout सामनसे मिलती-जुलती उत्तरी अमेरिकाकी मछली[F], ट्राउट।

salmonoid –नाऍड् n. & a. सामन-जैसी (मछली[F])।

saloid ⊙से'लाऍड् n. (कृषि०) **मिट्टी लवण**।

salometer सॅलॉ'मि टॅर् n. (चि०) **लवणमापी**।

salon (F) सा'लॉन् n. = SALOON; कोष्ठ, अतिथि-कक्ष, मिलनेका कमरा, ड्राइंगरूम; अभ्यर्थना-भवन, दीवान-खाना।

saloon सॅलून्' n. सुकक्ष, शाल, बृहत् कक्ष या हॉल, सार्वजनिक स्थान या प्रदर्शनी[F] आदिके उपयुक्त बड़ा कमरा, बैठक[F]; सभा[F]; बड़े वायुयानमें यात्रियोंका कक्ष, **सैलून**; जहाज या रेल[F]पर प्रथम श्रेणी[F]के या सभी यात्रियोंके लिए बड़ा डिब्बा, बड़ा केबिन; (*~-car* भी) अधियान, बढ़िया गाड़ी[F]; सार्वजनिक कक्ष, सुकोष्ठ, प्रकोष्ठ या कमरा (*dancing, dining, sleeping* ~); (नौवि०) **आहारिका**[F]; मधुशाला[F], मदिरालय, शराब-खाना⊙; ~-keeper⊙ मधुशाला[F]का मालिक; ~ pistol, rifle कक्षीय पिस्तौल या बन्दूक[F] (जिससे निकटकी निशानेबाजी[F]का अभ्यास किया जा सके)।

saloop सॅलूप' n. सालम मिश्री[F]से मिला उष्ण पेय, सलूप।

salopian सलो'पिॲन् a. & n. श्रोपशायरका (निवासी); श्रूस्बरी स्कूलका (सदस्य)।

salpicon सैल्'पिकॅन् n. सालपिकन (भरवाँ रोटी[F])।

salpingitis सैल्पिन्जाइ'टिस् n. (कृषि०, चि०) डिम्ब-वाहिनी शोथ, **अण्डाणु-नालशोथ**।

salpinx सैल्'पिंक्स् n. (चि०) डिम्बवाहिनी[F]।

salpiglossis सैल्पिग्लॉ'सिस् n. निवापपुष्प, उद्यानके लिए एक सुन्दर फूलोंवाला पौधा।

salse सैल्स्' n. कर्दम ज्वालामुखी, कीचड़का ज्वालामुख।

salsify सैल्'सिफ़ाइ n. शुक्तिशाक, ब्रिटिश और यूरोपीय कचालू।

salt* सॉल्ट्' १. n. क्षार, (चि०, रसा०, प्रा० भूगोल, जीव०) **लवण**, (प्रा० भूगोल) **नमक***, सोडियम क्लोराइड; तीक्ष्णता[F], कटुता[F], उत्तेजकता[F], तीव्रता[F], उग्र पीड़ा[F], दाहकता[F], कसक[F], डंक, चरपरापन, चटकीला-पन, तेजी[F]; व्युत्पन्न मति[F], वाग्विदग्धता[F], बुद्धि[F], हाजिरजवाबी[F] (*talk full of* ~); (रसा०) आधारिक और अम्लमूलक यौगिक, पूर्ण या आंशिक हाइड्रोजनसे युक्त अम्ल; (प्रा०, रसा०) ठोस घुलनशील तथा अज्वलन-शील स्वादिष्ट पदार्थ (~ *of lemon*); समुद्रसे उबला हुआ दलदल; २. a. लावणिक, लवणमय, लवणयुक्त, लवणरक्षित, नमकदार, नमकीन, नमकसे भरा हुआ, नमकमें रखा हुआ, चटपटा, मसालेदार; खारा (आँसू); तीक्ष्ण, तीव्र, पैनी, तेज, चुभती हुई, लगती हुई (व्यंग्योक्ति[F]); क्लेशप्रद, कष्टकारक, अरुचिकर, तीखी, तेज (मनोव्यथा), खारे दलदल या समुद्रमें उगे हुए, समुद्री (पौधे); अश्लील, अभद्र, लज्जाजनक, हल्का, फूहड़ (विनोद, कहानियाँ[F], मजाक); (प्रा०) अत्यधिक, बहुत ज्यादा, हद[F]से ज्यादा (मूल्य, दाम, माँग[F]); कुशल पोतवाहक, अनुभवी नाविक, अभ्यस्त मल्लाह; (pl.) नदी[F]में ऊपरको समुद्र-जल-वेग, समुद्रके पानीका असाधारण चढ़ाव, बहाव; ३. v.t. नमक बनाना, नमकीन बनाना, नमक-मिर्च[F] मिलाना, (शा० एवं ला०) (p.p.) चटपटा, नमक-मिर्च[F] मिला हुआ; नमकके पानीमें या नमकके साथ सुरक्षित रखना, नमक लगाना; (सड़क[F]पर जमी हुई बर्फ[F]को गलानेके लिए) नमक छिड़कना; (फोटोग्राफी[F]के पेपरको) नमकके मिश्रण या नमकके घोलसे धोना; ~-cat (पथरी[F] तथा मूत्र आदिके साथ मिला हुआ) नमकका डला; (कबूतरोंको परचानेके लिए रखा हुआ) लवण-पिण्ड; ~-cellar लवणपात्र, नमकदान, नमकदानी[F]; (बोल०) स्त्रियों[F]की हँसली[F]के ऊपरका गहरा गड्ढा; ~-glaze (रसा०) **लवण-काँच, लवण-काँच-लेपन**, नमकका चिकना लेप या रोगन; ~-horse (नौवि०, ग्रा०) गाय[F]का नमकीन गोश्त; ~-lick लवण लेह, लेहभूमि[F], सैन्धव-शिला[F]; ~-pan लवण-कुण्ड, (प्रा० भू०) **लवण-पटल**, समुद्रके पासका गड्ढा, कड़ाही[F]; ~ petre (रसा०) **सुवर्चल, शोरा**, (प्रा०भू०) **कलमी शोरा**; ~-water समुद्रजल; आँसू, अश्रु; ~-water समुद्रीय, समुद्र-सम्बन्धी; समुद्रवासी; (रसा०) **लवण-द्रव; सोडियम सल्फेट द्रव**; ~-works लवणशाला[F], नमकका कार-खाना; ~-wort लवणपादप, एक प्रकारका समुद्री पौधा; table ~ पीसा हुआ साफ नमक; *above the* ~ उच्चवर्गीय, उच्चश्रेणी[F]में, समवयस्कोंके बीच बैठकर भोजन करनेवाला; *am not made of* ~ नमकका बना हुआ तो हूँ नहीं (जो पानी बरसनेपर गल जाऊँगा); *anyone worth his* ~ दक्ष, योग्य, समर्थ; *below the* ~ निम्नवर्गीय, निम्नश्रेणी[F]में, नौकरोंमें बैठकर खानेवाला; *drop pinch of* ~ *on tail of* (चिड़ियों[F] आदिको) पकड़ना, बाँध लेना; *eat one's* ~ आश्रित होना, अधीन होना, नमक खाना; किसीका अतिथि या मेहमान होना; *eat* ~ *with* अतिथि होना, मेहमान होना, साथमें नमक खाना; *is not worth*

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

his ~ व्यर्थ, अनावश्यक, किसी योग्य नहीं; *in* ~ नमकीन, नमकके पानीमें डूबा हुआ, नमक लगाया हुआ; ~ *an account* (वाणि०, आ०) वस्तुओंका अधिक मूल्य लगाना, ज्यादा दाम लगाना; ~ *a mine*, बाहरकी कच्ची धातु लगाकर खानमें भर देना (ताकि खान भरपूर मालूम होने लगे); ~ *down money* or *stock* (आ०) छोड़ देना, टालमटोल करना, नापसन्द करना; ~ *out* लवण द्वारा अवक्षेण करना; ~ *the books* वास्तवसे अधिककी रसीदें दिखाना; *take with a grain of* ~ अत्युक्तिपूर्ण मानना, अतिशयोक्तिपूर्ण समझना, सन्दिग्ध मानना, अविश्वासपूर्ण समझना, अंशतः विश्वास करना, आंशिक रूपसे विश्वास करना, पूरा-पूरा न मानना; *talk full of* ~ नमक-मिर्च मिली बात; *the* ~ *of the earth* भद्रलोग, सन्तलोग, साधुजन, उपकारी जीव, वे मनुष्य अथवा लोकवर्ग जिनके कारण संसार उत्तम है; *true to* one's ~ नमकहलाल, जिसका खाये उसीका गाये-बजाये;

~ advisory committee, ~ bath, ~ bed, ~ box, ~ bridge, ~ cake, ~ contents, ~-crust, ~-cured, ~ curing, ~ deposits, ~ dome, ~ duty, ~ earth, ~-edged, ~ experts committee, ~ factory, ~ glazed, ~ glazing, ~ grass, ~ house, ~ lake, ~ land, ~ marsh, ~ marsh mosquito, ~ marsh moth, ~ master, ~-mine, ~-money, ~ mouth, ~ pan, ~ pit, ~ preservative, ~ range, ~ research committee, ~ revenue, ~ revenue officer, ~ rice, ~-shaker, ~ solution, ~ spoon, ~ spray, ~ taste.

saltant[1] सैल्'टॅन्ट् n. (प्राणिवि०) आकस्मिक विकसित रूप, एकाएक विकसित होकर परिवर्तित रूप।

saltant[2] a. प्रवल्गी, कुदक्कड़, कूदनेवाला, उछलनेवाला; (वन०) उत्पतित, नर्तक; नाचनेवाला; (दौत्य०) मुख्य, प्रमुख, प्रधान; T.

saltarello सैल्टॅरे'लो n. सालटरेलो (एक इटाली नृत्य)।

saltate सैल्'टेट् v.i. उछलना, कूदना, नाचना।

saltation –टे'शॅन् n. आकस्मिक परिवर्तन, गति, आन्दोलन, (कृषि०) वातभ्रमी; (प्राणि०) उच्छलन; उत्पतन, उत्परिवर्तन; प्रवल्गन, छलाँग, कूद, उछाल, नर्तन, कुलाँच, चौकड़ी, लाँघ, उछल-कूद, जम्प; T.

saltative ⊙ –'टॅटिव् a. प्रवल्गनशील, उछलनेवाला।

saltatory, saltatorial –टॅरि, –टॅटॅरिॲल् aa. आकस्मिक परिवर्तन-सम्बन्धी, आकस्मिक आन्दोलन-विषयक; प्रवल्गी, प्रवल्गीय, कूदनेवाला, उछलनेवाला (~ *evolution*); असन्तत (~ *relations*)।

salted सॉल्'टिड् n. लवणित, (कृषि०) नमकीन (~ *butter*, ~ *fish*)।

salter –टॅर् n. नमकके कारखानेका श्रमिक, मजदूर; (मछलीं आदिमें) नमक मिलानेवाला आदमी; लवणोत्पादक, नमकका व्यापारी, नमक बनानेवाला, लोनिया।

saltern सॉल्'टॅर्न् n. लवणालय, नमकका कारखाना, नोनसार; समुद्री जलको भापसे सुखानेके लिए तालाब, गड्ढा, पोखर।

saltigrade सैल्'टिग्रेड् a. उत्पाती, उछलनेवाला।

saltimbanco सैल्टिम्बैङ्'को (It.) n. कठबैद, नीमहकीम।

saltine ⊙सॉल्'टिन् n. (अमेरिकी) कुरकुरा नमकीन बिस्कुट, सालटाइन।

saltiness सॉल्'टिनिॅस् a. लावणिकता, (नौवि०) लवणता, चरपरापन, नमकीनी।

salting –टिंग n. लवणन, निमकाई, (कृषि०) नमकीन बनाना, नमक लगाना।

saltire सैल्'टाॲर् n. (अग्र०) अग्रदूतका क्रास, गुणाका चिह्न; ~ wise अग्रदूतके गुणाके चिह्नकी भाँति।

saltish सॉल्'टिश् a. किंचित् लवणयुक्त, सलोना-सा, नमकीन-सा, (कृषि०) नमकीन, खारा।

saltishness –निॅस् n. किंचिल्लवणयुक्तता, सलोनासा होना, नमकीन-सा होना।

saltless –ट'लिॅस् a. लवणरहित, फीका, बेनमक।

saltness –'निॅस् n. क्षारीयता, क्षारता, लवणत्व, (प्रा० भूगोल) लवणता, लवणमयता, खारापन, नमकीनपन, नमकीनी।

saltpetre सॉल्ट्पी'टॅर् n. (रसा०) सुवर्चल, यवक्षार, (रसा०) शोरा; ~ rot (नयी और नम दीवालोंपर लगा हुआ) सफेद नोना, लोना, लोनी।

saltpetrous –'ट्रॅस् a. (चि०) सौवर्चलीय, शोरेवाला।

salts सॉल्ट्स n. नमकका पोखरा; (चि०) म्यैग्नेशियम सल्फेट।

saltus सैल्'टॅस् n. भंजन, संक्रमण, मोड़, तोड़।

salty सॉल्'टि a. लावणिक, सलोना, नमकीन।

salubrious सॅलू(ल्यू) ब्रिॲस् a. पथ्य, आरोग्यप्रद, आरोग्यवर्धक, स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यकारी; हितकर, अनुकूल, मुआफिक।

salubriousness –निॅस् n. = SALUBRITY.

salubrity –ब्रिटि n. आरोग्यवर्धकता, स्वास्थ्यप्रदता, स्वास्थ्यकारिता; अनुकूलता।

Saluki सॅलू'कि n. अरबी कुत्ता, सलूकी।

salutariness सै'ल्यूटॅरिनिॅस् n. आरोग्यवर्धकता, स्वास्थ्यप्रदता, स्वास्थ्यवर्धकता; पथ्यता; कल्याणप्रदता, क्षेमकरता, हितकरता, उपकारिता, उपयोगिता, लाभदायकता, फायदेमन्दी।

salutary –रि a. (क्व०) आरोग्यवर्धक, स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यवर्धक; पथ्य; कल्याणप्रद, श्रेयस्कर, हितकर, हितकारी, उपकारी, उपयोगी, लाभदायक, फायदेमन्द, अच्छा।

salutation सैल्यूटे'शॅन् n. अभिवादन, नमस्कार, नमस्क्रिया, अभिवन्दन, प्रणाम, बन्दगी, सलाम।

salutational, salutatory –नॅल्, –ल्(ल्यू)'टॅटॅरि

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

aa. अभिवादन या प्रणाम-सम्बन्धी ।

salute –ट्' १. n. अभिवादन, अभिनन्दन, अभ्यर्थना^{F}, **अभिवन्दन**, प्रणाम, नमस्कार, सलाम, (सेना०, नौवि०) सैनिक अभिवादन, ध्वजप्रणाम, झण्डाभिवादन, तोपों^{F}की **सलामी**^{F}, फौजी अभिवादन (*a ~ of 7 guns was fired*); T.; (शस्त्रक्रीड़ा, काममें लानेसे पहले शस्त्रकला-विदों द्वारा) संरक्षणकी औपचारिक क्रिया^{F}, सलामी पैंतरा; स्वागत या भेंट^{F}के रूपमें दिया हुआ चुम्बन (प्रा० या हास्य०); २. v.t. & i. अभिवादन करना, प्रणाम करना, नमस्ते करना, स्वागत करना, नमस्कार करना; (क्र०) सम्राट्के रूपमें सलाम करना, सलामी^{F} देना; (प्रा०) मिलने या बिछुड़नेपर (व्यक्तिके गाल या हाथका) चुम्बन लेना, चूमना; मुस्कान, शपथ^{F}, वचनवर्षा^{F} आदिसे सम्बोधन करना या मिलना, भेंट करना; कर्णगोचर होना, सुनाई पड़ना; दृष्टिगोचर होना, दिखाई देना, नजर^{F} आना; *take the ~* अभिवादन ग्रहण करना, प्रणाम स्वीकार करना, सलाम लेना; *the ~* अभिवादन करनेमें किसी सैनिक, नाविक, सिपाही आदिकी मुद्रा^{F} ।

saluter –टॅर् n. अभिवादक, अभ्यर्थक, नमस्कर्ता, प्रणाम करनेवाला, सलाम करनेवाला ।

salutiferous सैलू(ल्यू)टि'फ़ॅरॅस् a. स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यवर्द्धक, स्वास्थ्यप्रद, सेहती ।

salvabileity सैल्वॅबि'लिटि n. रक्षणीयता^{F}, बचाये जानेकी क्षमता^{F} ।

salvable –वॅबॅल् a. (जहाज या असबाब) संरक्षायोग्य, रक्षणीय, बचाने योग्य ।

salvage –विज् १. n. भ्रंशोद्धार, (चि०) पुनरुद्धार, आग^{F} इत्यादिसे सम्पत्ति^{F}की रक्षा^{F}, नाशरक्षण, (वाणि०) **निस्तार**, (वाणि०) **निस्तारण**, उद्धार, बचाव; (नौवि०) **उबारना, उबार**; (परि०) **पुरस्कार**; (डूबने या नष्ट होनेसे) बचायी हुई सम्पत्ति^{F}, सामग्री^{F}, सामान, माल-असबाब; **बचा-खुचा माल, माल बचाना, माल निकालना; कबाड़**, डूबने या टूटनेसे जहाज या उसके सामानको बचानेका पारिश्रमिक, नाशरक्षण शुल्क, मेहनताना, मजदूरी^{F} (*~ money*); रद्दी कागज या रद्दी धातु^{F}को इकट्ठा करना और प्रयोग करना; २. v.t. आग^{F} आदिसे सुरक्षित करना, उद्धार करना, नष्ट होनेसे जहाज या उसका असबाब बचाना;

~ agreement, ~ award, ~ corps, ~ depot, ~ fee, ~ hook, ~ loss, ~ party, ~ service, ~ undertaking.

salvarsan सैल्'वॅर्सॅन् n. नेपदर्शतिक्ती^{F}, पुनरावर्ती ज्वर और फिरङ्ग रोगमें प्रयुक्त औषध^{F}-विशेष, सलवर्सन ।

salvation सैल्वे'शॅन् n. आत्मा^{F}का रक्षण, (दर्श०) **परित्राण**, रक्षा^{F}; **निस्तार**, मोक्ष, मुक्ति^{F}, निर्वाण, उद्धार, पापमुक्ति^{F}, परमगति^{F}, ऊर्ध्वगति^{F}, छुटकारा, निजात; क्षति^{F} या संकट आदिसे संरक्षण, बचाव; परित्राता, संश्रक, क्षति^{F} या संकट आदिसे बचानेवाला (*be the ~ of*); *find ~* धर्मग्रहण करना, धर्मपरिवर्तन कर लेना, शुद्ध हो जाना; (हास्य०) ऐसा सूत्र ढूँढ़ निकालना जिसके द्वारा कोई अपने सिद्धान्तों आदिको छोड़नेका उपाय पा सके; S~ Army (धार्मिक पुनरुद्धारके सम्बन्धमें जनता^{F}के द्वारा बनायी गयी) मुक्तिसेना^{F}, मोक्षसेना^{F}, मुक्ति फौज^{F} ।

salvationism –निज़्म् n. मुक्तिवाद, ईसाई मोक्षवाद, धर्मका उद्धारवाद ।

salvationist –निस्ट् n. मुक्तिवादी, मोक्षवादी, ईसाई पापनिस्तारवादी ।

salve साव्',सैल्व्' १. n. अनुलेप, मलहम, मरहम; तारकोल और चर्बी^{F}का लेप; क्लेशमयी भावनाओं^{F}को शान्ति^{F} देनेवाला, व्याकुल चित्तको धैर्य बँधानेवाला (पदार्थ); (प्रा०) दोषको कम करनेवाला और विषमता^{F}को हटानेवाला; २. v.t. घावोंपर मरहम लगाना; चुपड़ना, लेप लगाना, मलना; (आत्मानुराग, विवेक, घमण्ड आदिको) शमन करना, प्रशमित करना, शान्त करना, ठण्डा करना; (अपमान, बुराई^{F} आदिका) निवारण करना, दूर करना, अच्छा बना लेना; (आग^{F}से सम्पति^{F}की) रक्षा^{F} करना, बचाना; (जहाज या उसके असबाबको) समुद्रमें नष्ट होनेसे बचाना; (विपरीतता^{F} या विषमता^{F}को) समन्वित करना, एकतान करना, मिलाना; (कठिनाईकी) परिकल्पना^{F} करना, अनुमान करना, सोचना; (सन्देहका) निवारण करना, दूर करना, मिटाना ।

salver सैल्'वॅर् n. रजतपात्र; सोने, चाँदी^{F}, पीतल या बिजली^{F} द्वारा कलई^{F}की गयी तश्तरी^{F}, थाली^{F} ।

salvo[1] सैल्'वो n. (pl. *-s*) अन्तर्हित आरक्षण, अव्यक्त संरक्षण, T. कानूनकी अपवादधारा^{F}, रक्षण, बन्धन, शर्त^{F}, (*with an express ~ of their rights*); अपनी बुद्धिमत्ता^{F} या अभिमानको तुष्ट करनेकी युक्ति^{F}, अपनी ख्याति^{F}की रक्षा^{F}का उपाय, अपनी इज्जत^{F} रख सकनेवाली बात^{F}; व्यपदेश, श्लिष्ट बात^{F}, वाक्छल, बुरा बहाना, बचाव, टाल-मटोल^{F} ।

salvo[2] n. (pl. *-s, -es*) प्रशंसा^{F}की भरमार^{F}, जयजयकार^{F}; एक ही समयमें विमानके द्वारा फेंके गये बमों की संख्या^{F}, बमोंकी मार^{F}; संगोलन, युगपद्गोलन, तोपों^{F} या बन्दूकों^{F}की सलामी^{F} या समुद्री लड़ाई^{F}में तोपों^{F} और बन्दूकों^{F}का एक ही समयपर दागना, तोपोंकी बाढ़^{F}, बौछार^{F} ।

salvo jure (L) अधिकारकी रक्षा करते हुए; बिना पूर्वाग्रहके ।

salvolatile सैल्वॅलै'टिलि n. मूर्छा^{F} दूर करनेवाला, एमोनियम कार्बोनेट ।

salvor सैल्'वर् n. (वाणि०) **निस्तारक**, नाशरक्षी, डूबते हुए जहाज या मालको बचानेवाला मनुष्य या पोत ।

S.A.M. Senior Assistant Movement.

Sam. Samuel.

Sam सैम्' n. (प्रा०), *stand ~* व्यय स्वीकार करना, सभी मूल्य चुकाना, खर्च उठाना; *upon my ~* दृढ़ोक्ति^{F}, स्थिर मन, सशपथ कथन ।

samaj समेज् n. समूह, वृन्द, कलाप, जनसमूह; धार्मिक

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्मेलन, धर्मोत्सव, समाज ।

samara सैं'मॅरॅ n. सपंख ल, सपक्ष फल, पखनेदार फल; (वन०) **सपक्ष**,T.

samaritan सॅमै'रिटॅन् १. n. धार्मिक, समेरियाकी धार्मिक रीतिका अनुयायी; समेरियाका निवासी; समेरियाई भाषा; २. a. समेरिया-सम्बन्धी, समेरियाई; *good ~* सचमुचमें दानशील मनुष्य; *the ~ pentateuch* समेरियाई संस्करण. या बाइबल-पाठ ।

samaritanism –निज़्म् n. समेरियाई धर्म ।

sambo सैम्'बो n. (pl. *-s, -es*) वर्णसंकर, दोगला, दोनस्ला; नीग्रो, हबशी ।

sam Browne सैम् 'ब्रॉउन् n. सैन्य अधिकारीकी पेटी और पट्टे ।

sambuca सैम्ब्यू'कॅ n. वीणा, बीन, सम्बूका ।

sambur सैम्'बर् n. भारतीय साँभर मृग ।

same* सेम् १. a. अनन्य, अभिन्न, समान, वही*, वैसा ही, उसी तरह (*~ offence, ~ transaction*); साथ-साथवाला (*by the ~ token*); पूर्वोक्त, उपयुक्त, उपरिवर्णित, उपरिलिखित, उपरिकथित, पूर्वनिश्चित, ऊपर सोचा हुआ (*what is the use of this ~ patience ?*); निर्विशेष, तुल्य, समान, यथावत्, ज्यों-का-त्यों, अभिन्न, अपरिवर्तित, समरूप, एकरूप, एकस्वर, एकरस, एकरंग, एक-सा, नीरस, एक ही-सा (*the life is perhaps a little ~*); तद्रूप, तदनुरूप, एकरूप, सदृश, समरूप, तन्मय, मिलता-जुलता, एक ही, बराबर (*expectation of pleasure is the ~ thing with desire*); २. pron. पूर्ववर्णित व्यक्ति, पूर्वोक्त वस्तु या बात (*grace and power faithfully fulfil the ~*); वही वस्तु, एक ही बात, वही चीज (*we must all say, do, the ~*); वही पुरुष, वही आदमी, वही, उसी (*to the ~*); ३. adv. समान शैलीमें, समान रूपसे, उसी प्रकारसे, उसी ढंगसे (*think the ~ of*); तथापि, भिन्न परिस्थितियोंके अतीत होनेपर भी, तब भी, तो भी, होते हुए भी; *just the ~* (परिवर्तित अवस्थाओंके होते हुए भी) ज्यों-का-त्यों, वैसा ही, उसी रंगमें; *the very ~* बिलकुल वही ।

samel सैं'मॅल् a. (ईंट) अधपकी, खाम ।

samely सेम्'लि a. अपरिवर्तित, हूबहू वही ।

sameness –'निॅस् n. अभिन्नत्व, अभिन्नता, साम्य, समता, एकत्व, ऐक्य, एकरूपत्व, तद्रूपता, समभाव, समानता, सादृश्य, अभेद, एकसापन, बराबरी ।

samiel से'मिॲल् n. उत्तप्त वायु, उष्ण अन्धड़, उष्ण आँधी, अरबके मरुस्थलकी धूलभरी आँधी, लू ।

samisen सैं'मिसेॅन् n. समिसेन, जापानी बैंजो ।

samite सैं'माइट् n. (प्रा०) (मध्ययुगका एक बहुमूल्य) सोनेके तारोंवाला रेशमी कपड़ा, जरबफ्त, बादला, जरी ।

samlet सैम्'लिट् n. समान मछलीका बच्चा ।

samovar (Russ.) सैमॅवार' n. समोवर, रूसी चायपात्र, रूसी चायदानी; चाय उबालनेका वर्तन ।

samp सैम्प्' n. (अमेरिकाके आदिवासियोंकी) खीर, दलिया ।

sampan सैम्'पैन् n. चीनी नौका; चीनी नाव (जिसका प्रयोग घरके रूपमें होता है); (नौवि०) **सांपान** ।

samphire, sampire सैम्'फाॲर्, –पॉॲर् n. एक सुगन्धित नुनखारी पत्तियोंवाला चट्टानी पौधा,, (वन०) T.

sample साम्'पॅल् १. n. **प्रतिदर्श**, उदाहरण, प्रतिरूप, मिसाल (*if that is a fair ~ of his proceedings*); आदर्श, न्यादर्श, प्रतिरूप, (तर्क०) निदर्श, (यंत्र०, प्रा० भूगोल, रसा०) **नमूना**, सैम्पल, **बानगी**; २. v.t. प्रतिनिधि रूप अनुभव प्राप्त करना, नमूना लेना या देना, गुणोंकी परीक्षा करना, खूबियोंको जाँचना, बानगी देना या दिखाना; *~*-card नमूनेपरका लेबुल, मालके नमूनेके साथ संलग्न पत्र;

~ area, *~* bag, *~* bottle, *~* census, *~* check, *~* copy, *~* enquiry, *~* inspection, *~* jar, *~* oil bottle, *~* outfit, *~* plot, *~* plot procedure, *~* probability, *~* room, *~* size, *~* space, *~* survey, *~* survey scheme, *~* tree, *~* tube, *~* tubeform bottle, *~* village accounts.

sampler[1] –लॅर् n. न्यादर्शक, **प्रतिचमक**, **पारखी**, नमूना दिखानेवाला या लेनेवाला, नमूने छाँटनेवाला ।

sampler[2] साम्'प्लॅर् n. **प्रतिदर्शित्र**, **परखी**, लड़कियोंकी सुईकारी या कसीदेकी कला का नमूना; नया पेड़ (जो खड़ा छोड़ दिया गया हो, जबकि दूसरे काट डाले गये हों) ।

samplery साम्'पॅलॅरि n. न्यायदर्शन, नमूना दिखाना ।

sampling –लिंग् n. न्यायदर्श, (तर्क०) निदर्शन, (कृषि०) प्रतिदर्शन; (सांख्य०) **प्रतिदर्शी**, **प्रतिचयन**; नमूना (*~ orders*); (कृषि०) **नमूना लेना** या चुनना;

~ apparatus, *~* dipper, *~* distribution, *~* enquiries, *~* enumeration, *~* error, *~* inspection, *~* method, *~* moment, *~* number, *~* survey, *~* tube.

samshu सैमशू n. शालि-मद्य, शाल्यासव, मण्ड-मदिरा (चावलसे बनी चीनी शराब), समशू ।

Samson, -pson सैम्'सॅन्, -प'सॅन् n. अत्यन्त बलवान् पुरुष, अतिबलशाली मनुष्य, महावीर, वज्रांगी, बज्रंगी; *~* post (नौवि०) **भीम खम्भा** ।

samurai सैं'मुॲराइ n. (pl.) समूराई वर्ग, जापानी सैन्य; जापानी सैनिक, समूराई ।

sanable ⊙सैं'नॅबॅल् a. चिकित्स्य, साध्य (रोगादि), स्वस्थकरणीय, प्रकृतिस्थकरणीय, सुस्थकरणीय; स्वस्थ करने योग्य, अच्छा हो जानेवाला (घाव आदि) ।

sanad सैं'नॅड् n. प्रमाणपत्र, सनद ।

sanative, -tory सैं'नॅटिव्, -टॅरि aa. आरोग्यकारक; स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यकारी, रोगनिवारक, रोगनाशक, रोगहर, सेहतआवर, शफाबख्श; सदाचारप्रद, धर्मनिर्देशक; नैतिक-स्वास्थ्य-विधायक; मानसिक या शारीरिक स्वास्थ्य-सुधारसे सम्बन्धित ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sanatorium सैनॅटॉ'रिअॅम् n. (pl. *-ia*) (चि०) **आरोग्याश्रम**, आरोग्यशाला^{F}, **आरोग्य-निवास**; आरोग्यगृह, आरोग्य-सदन, स्वास्थ्यनिवास, **सेहतगाह**^{F}, रोगियोंका चिकित्सालय या शफाखाना; रोगियोंके लिए सुन्दर जलवायु^{F}का स्थान, सेनेटोरियम।

sanbenito सैन्बि'नी'टो n. (pl. -s) सेण्ट एण्ड्रूजके लाल क्रॉसवाली पश्चात्तापसूचक कन्धेके आकारकी पीली पोशाक^{F}, उसी प्रकारकी काली पोशाक^{F}।

sancho सैङ्क्'को n. (अमेरिकी हवशीकी) सारंगी^{F}, संचो^{F}।

sancta simplicitas (L) बच्चोंका-सा भोलापन।

sanctification सैन्क्टिफ़िके'शॅन् n. मूर्त्तिस्थापन, प्रतिष्ठापन; पूतकरण, (दर्श०)**पवित्रीकरण**, शोधन, शुद्धीकरण, अन्तःशुद्धि^{F}; धार्मिकीकरण, धार्मिक बनाना; पापनिवारण, पापहरण, पापको दूर करना।

sanctified –'टिफ़िड् a. पवित्रीकृत; (व्यंग०) अधार्मिक, आडम्बरी, पाखण्डी, झूठा, ढोंगी, दिखावटी।

sanctifier –फ़ाइअॅर् n. पूतकर्ता, पवित्रीकर्ता; शोधक, शुद्धीकर्ता, अन्तःशुद्धिकर्ता; धार्मिक बनानेवाला, पापनिवारक, पापहर्ता, पाप दूर करनेवाला।

sanctify –इ v.t. पावन बनाना, पवित्रता^{F} उत्पन्न करना, पवित्र बनाना, पवित्रता^{F} बढ़ाना; पवित्र करना, पुण्यमय बनाना, शुद्ध करना, पाक बनाना; पवित्र मानना, शुद्ध समझना, पाक मानना; धार्मिकता^{F} प्रदान करना, धार्मिक समर्थनके द्वारा उचित अथवा ग्राह्य बना देना, धार्मिक समर्थन देना; (मूर्त्ति^{F}) प्रतिष्ठापित करना; निष्पाप बना देना, पापसे मुक्त करना, पाप हरना, गुनाह^{F} दूर करना; पवित्रता^{F} लाना, शुद्धता^{F} प्रदान करना; अनुमोदन करना, समर्थन करना, मंजूरी^{F} या इजाजत^{F} देना; औचित्य प्रमाणित करना, सचाई^{F} दिखाना, ठीक ठहराना (*the end ~ fies the means*); अकलुषित घोषित करना, निर्दोष बताना, बेकसूर साबित करना।

sanctifying –इंग् a. शोधक, पावन, पवित्र कर देनेवाला।

sanctimonious सैन्क्टिमो'निअॅस् a. दाम्भिक, दम्भी, कपटधर्मी, धर्माभिमानी, पाखण्डी, बकवृत्ति, झूठा, ढोंगी, दिखावटी।

sanctimoniousness –निॅस् n. धर्मध्वजता^{F}, दाम्भिकता^{F}, दम्भ, कपट, पाखण्डीपन, ढोंगीपन।

sanctimony –'टिमॅनि n. धर्मध्वजता^{F}; दम्भ, कपट, बकवृत्ति^{F}, पाखण्ड, पाखण्डीपन, ढोंगीपन, दिखावटीपन।

sanction[1] सैन्क्'शॅन् n. आज्ञप्ति^{F}, (का०) **अनुशास्ति**^{F}, अनुज्ञप्ति^{F}, आदेश, प्रादेश, विधान, (दर्श०) **अनुशासन**, अधिनियम, विधि^{F}, नियम, कानून, कायदा, अदालती फैसला, डिग्री^{F}; (नीति०) नीति-विचार, सन्नियम-पालनका विचार; पारितोषिक, पुरस्कार, इनाम (*remuneratory ~*); दण्ड; सजा^{F} (*vindicatory* or *punitive ~*); इस प्रकारके पुरस्कार या दण्डको प्रदान करनेवाली कानूनी धारा^{F}; सत्ता^{F}, प्रमाण, प्रामाण्य; पुष्टीकरण या अनुमोदन, सम्मोदन, स्वीकृति^{F}, अनुमति^{F}, दृढ़ीकरण, (का०) **मंजूरी**^{F}, तसदीक^{F}; आधिकारिक आदेशकी अभिव्यक्ति^{F}; किसी प्रथा^{F} आदिके द्वारा किसी कार्यका समर्थन, प्रोत्साहन, पोषण, बढ़ावा।

sanction[2] v.t. (कानून) पुरस्कार अथवा दण्ड स्वीकृत करना, इनाम या सजा^{F}को मंजूर करना; अधिकार देना, अधिकारी बनाना, स्वीकृति^{F} देना, सम्मोदित करना, मंजूरी^{F} देना, इजाजत^{F} देना, अख्तियार देना; संशोधन करना, अनुमोदन करना, समर्थन करना, तस्दीक करना; अनिवार्य कर देना, आवश्यक बना देना, जरूरी ठहराना; (किसी कामके लिए) प्रोत्साहन देना, प्रोत्साहित करना, बढ़ावा देना।

sanctionary –नॅरि a. आज्ञप्ति-विषयक, अनुशास्ति-विषयक, आदेश-विषयक, प्रादेश-विषयक, विधान-विषयक, अधिनियम-सम्बन्धी, विधि-सम्बन्धी, नियम-सम्बन्धी, कानूनका, कायदेका; पारितोषिक-विषयक, पुरस्कार-सम्बन्धी; अनुज्ञप्ति-विषयक, अनुमति-सम्बन्धी; आज्ञप्त्यात्मक, अनुशास्त्यात्मक, विधियुक्त, नियमयुक्त; अनुज्ञप्त्यात्मक, अनुमतिपूर्ण।

sanctioned –न्ड् a.आज्ञप्त,, सम्मोदित, आदिष्ट; स्वीकृत, मंजूर;

~ budget, ~ cadre, ~ establishment, ~ estimate, ~ expenditure, ~ map, ~ pay, ~ rate, ~ scale, ~ scheme, ~ work.

sanctioning –निंग a. सम्मोदी, सम्मोदन-, अनुशासी (*~ authority, power*)।

sanctionless –नॅलिॅस् a. आज्ञप्तिरहित, नियमरहित, विधिहीन, विना डिग्री^{F}के; दण्डरहित; समर्थनहीन, अनुमोदनरहित, विना पुष्टीकरणके; अधिकाररहित, बेमंजूरीके; विना तसदीकके, विना अख्तियारके।

sanctitude सैन्क्'टिट्यूड् n. (अव क्व०) ऋषित्व, सन्तत्व, सन्तपन, साधुता^{F}, तपस्वीपन, शुद्धाचरणशीलता^{F}, पवित्रता^{F}, धार्मिकता^{F}, दृढ़प्पन, बुजुर्गी^{F}।

sanctity –टिटि n. ऋषितुल्यता^{F}, सन्तत्व, शुद्धता^{F}, पुण्यशीलता^{F}, विशुद्धि^{F}, पुण्यता^{F}, (दर्श०) **पवित्रता**^{F}, धार्मिकता^{F}, निर्मलता^{F}, बुजुर्गी^{F}, (*odour of ~*); श्रद्धास्पदत्व, पूजनीयता^{F}, सम्माननीयता^{F}, आदरणीयता^{F}, आदर, मान, इज्जत^{F}; अलंघ्यता^{F}, अनुल्लंघनीयता^{F}; (pl.) देवत्व, पवित्र भावनाएँ^{F}, पुनीत वृत्तियाँ^{F}, पुनीत कार्य, पवित्र या धार्मिक कृत्य, शुद्ध विचार (*the ~ies of the home*); बन्धन, कृत्य।

scintillation –ले'शॅन् n. नक्षत्रोन्मीलन, टिमटिमाहट^{F}, (ज्यौ०) **टिमटिमाना**; (रसा०, भौ०) **स्फुरण** (~ *counter*), **प्रस्फुरण, प्रस्फुट**; स्फुलिंग-निर्गम, चिनगारी^{F} छूटना, चमक^{F}, दमक, जगमग^{F}, जगमगाहट^{F} इत्यादिका आभास।

scintilloscope ⊙सिन्'टिलॅस्कोप् n. (रसा०) **स्फुरणदर्शी**।

sciolism साइ'अॅलिज़्म् n. अल्पज्ञता^{F}, सामान्य ज्ञान, पल्लवग्राहिज्ञान; विद्वत्ताडम्बर, पाखण्डीपन, ढोंगीपन।

sciolist –लिस्ट् n. अल्पज्ञ, पल्लवग्राही पण्डित, दम्भी, पाखण्डी ज्ञानी, ढोंगी पण्डित।

sciolistic –टिक् a. मिथ्याज्ञानी, अल्पज्ञता-विषयक, दम्भी, मिथ्याहंकारी, ढोंगी।

sciomachy साइआॅ'मॅकि n. = SCIAMACHY.

sciomancy साइ'अॅमैन्सि n. = SCIAMANCY.

scion –अॅन् n. उपरोपिका^{F}, किसलय, प्ररोह, (कृषि०) **सांकुर डाली**^{F}, नव पल्लव, अंकुर, कलम^{F}, टहनी^{F}, शाख^{F}; सन्तान^{F}, वंशधर, वंशज।

scioptics –ऑप'टिक्स् n. छायाचित्रण।

scirocco सिरॉ'को n. उष्णानिल, सिरोको लू^{F} (सहारासे बहनेवाली उष्णवायु^{F}का इतालियन नाम)।

scirrhoid स्कि(सि)'रॉएड् a. (चि०) कठिन कर्कार्बुद सम, स्कीरसनिभ।

scirrhoma ⊙साइअॅरो'मॅ n. = SCIRRHUS.

scirrhosity स्कि(सि)रॉ'सिटि n. (चि०) कठिन कर्कार्बुदमयता^{F}, अर्बुदमयता^{F}, गठीलापन, मांस-ग्रन्थि^{F}, गाँठ^{F}, गिल्टी^{F}।

scirrhous –रस् a. कच्चे नासूरवाला; (चि०) कठिन कर्कार्बुदीय, स्कीरस सम्बन्धी, मांसग्रन्थियुक्त, कड़ी गाँठका, गठीला, गिल्टीदार, गाँठदार।

scirrhus –रॅस् n. अर्बुद, कठिनकर्कार्बुद, कठिनार्बुद, कठिन ग्रन्थि^{F}, कड़ी मांसग्रन्थि^{F}, कड़ा नासूर, स्कीरस।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

scissel सि'सॅल् n. (धातु[F] आदिकी) कतरन[F], छाँटन[F]।
scissile –सिल् a. भाज्य, विभाज्य, भाजनीय, विभाजनीय, खण्डनीय, टुकड़े-टुकड़े करने योग्य।
scission –श्न् n. भाजन, विभाजन, खण्डन, टुकड़े-टुकड़े करना।
scissor –ज़ॅर् v.t. काटना, कतरना, छाँटना (किताब[F] मेंसे काट लेना); कर्तरी[F]से काटना, कैंची[F]से कतरना या काटना, कैंची[F] चलाना; ~-leg टाँगों[F]की (आपसमें) भिड़न्त; ~ truss (यन्त्र०) चर्खड़ी कैंची[F]।
scissorer –रॅर् n. साहित्यिक या अखबारी सामग्री[F]का संकलनकर्त्ता, संग्रहकर्ता, कतरन-बटोर।
scissoring –रिंग् n. काट[F], छेदन, छाँट[F] (पुस्तक[F] आदिकी कतरन[F])।
scissors* –ज़्* n. (pl.) कर्त्तरी[F], कतरनी[F], कैंची[F]*, सरौता; (प्रायः *pair of ~, I want a pair of, some, ~*); ~ and paste दूसरोंके लेखोंसे संचित साहित्यिक या अखबारी सामग्री[F]।
scissure सिश्'यॅर् n. (चिकित्सा[F]) चीर, चीरा, घाव।
sciurine साइयूअॅ'राइन् n. गिलहरी[F]का, गिलहरी-जैसा।
S.C.L. Student of the Civil Law.
sclera स्क्लीअॅ'रॅ n. (चि०) श्वेतपटल, सक्थीरा, नेत्रका बाह्य कठिन आवरण।
scleriasis –राइ'अॅसिस् n. (श० र० शा०) दार्ढ्य, जारठ्य, खरता[F], कड़ाई[F], (नस[F] आदिकी)।
sclereid –रेड् n. (वन०) कठक।
sclerite स्क्ली'राइट् n. (जीव०) कठक; कंटिका, T.
scleritis –टिस् n. (चि०) श्वेतपटल शोथ।
scler(o)- दृढ़-, कठिन-, कठोर-, (*~iasis, ~oderm(at)ous, ~ogen, ~omata, ~oskeleton, ~otitis.*)।
scleroderma –अॅरॅडर्'मॅ n. (चि०) त्वक्काठिन्य, रवर चर्मता[F], (चमड़ेकी कड़ाई[F]का रोग)।
sclerodermatous –मॅटॅस् a. चर्मजरठ, परुषत्वयुक्त, दृढ़त्वक्प्राय, कठोर चमड़ीवाला; चर्म-जारठ्य रोगी।
sclerogen स्क्लीअॅ'रॅजिॅन् n. (वन०, कोशाभित्ति[F]में पड़ी) पथरी[F]।
scleroid स्क्लीअॅ'राऍड् a. (वन०, जन्तुवि०) दृढ़ गठन[F]-का, कड़ी बनावट[F]का, सख्त बनावटवाला, कठोर।
scleroma, sclerosis –रो'मॅ, –रो'सिस् nn. (pl. *-mata, -ses*) (चि०) खरता[F], जारठ्य, चर्मजारठ्य, संयोजक ऊति[F]की कठिनता[F], शरीरतन्तुका कड़ा होना या करना; (वन०) SCLEROGEN के द्वारा कोशाभित्ति[F]का कड़ा होना या कड़ा करना।
sclerometer स्क्लिरॉमिटॅर् n. (प्रा०भू०) कठोरतामापी।
sclerosed –रोस्ट् a. जारठ्यग्रस्त, कठिनीभूत।
sclerotic –अॅरॉ'टिक् १. n. आँखका श्वेतपटल, शुक्ला[F], शुक्लवृत्ति[F], चिट्टा; २. a. शुक्लवृत्तिक[F], आँख[F]के स्वच्छ-मण्डलके चारों ओरकी सफेदी[F]का (*~ ring*); (जीव०) दृढ़पटल-; जारठ्ययुक्त, जारठ्यसहित, जरठ, जारठ्यविषयक, जारठ्य-सम्बन्धी; (वन०) दृढ़, कठोर, कठिन, मजबूत; T. ~ bones, ~ coat, ~ ossicles, ~ plate, ~ sheath, ~ tissue.
sclerotitis –रॅटाइ'टिस् n. (चि०) श्वेतपटल शोथ।
sclerotium स्क्लिरो'शिॅअॅम् n. (चि०) कठोरपट्टिका[F]; (जीव०) कशेरुकजन।
sclerotization स्क्लिरॅटाइज़े'शॅन् n. (वन०) कठकीकरण।
sclerous –रॅस् a. (निदान०, श० र० शा०, वन०) जारठ्यग्रस्त, जारठ्यप्राप्त; कड़ा किया हुआ; अस्थिपूर्ण, अस्थिमय, चौड़ी हड्डीवाला।
S.C.M. Student Christian Movement.
S.C.O.B. Shell Company of Burma.
scobiform स्को'बिफ़ॉर्म् a. काष्ठचूर्णाकार, काष्ठचूर्णाकृति, लकड़ी[F]के बुरादेकी तरह।
scobs स्कॉब्स् n. (pl.) (हाथीदाँत इत्यादिका) कर्तनचूर्ण, बुरादा।
scoff[1] स्कॉफ़् १. n. व्यंग्यलक्ष्य, ताने या हँसी[F]का निशाना, हँसनेकी चीज[F], गुड्डा, टेसू, मजाकका खिलौना; व्यंग्य, अवहास, उपहासोक्ति[F], उपहास, उपहासपूर्ण शब्द, अवमान, निन्दाशब्द, विद्रूप, आक्षेप, तिरस्कार, ताना, मसखरी[F], मजाक, हँसी[F]; २. v. i. व्यंग्य करना, आक्षेप करना, ताना मारना, हँसी[F] करना, मसखरी[F] करना; उपहास करना, अपमानसूचक शब्द कहना, अपमान करना, निन्दा[F] करना, (धर्म या सम्मानित वस्तु[F]के सम्बन्धमें) ठट्ठा करना, बुरा-भला कहना, हँसी[F] उड़ाना।
scoff[2] १. n. खाद्य, भक्ष्य, भोजन, खाना, खूराक; २. v.t. & i. लालचके साथ खाना, चरना, भकोसना।
scoffer स्कॉ'फ़ॅर् n. व्यंग्यकर्ता, उपहासकर्ता, निन्दक, ताना देनेवाला, मजाक उड़ानेवाला, मसखरा; धर्मनिन्दक, धर्मका मजाक करनेवाला।
scoffing –फ़िंग् n. दे० SCOFF[1].
scold स्कोल्ड्' १. n. दुर्मुखी[F], कर्कशा[F], कटुभाषिणी स्त्री[F], कलहारी[F], कृत्या[F], वक्रशीला[F], कैकेयी[F], ताड़का[F], पूतना[F], पूतनामौसी[F], लड़ाकी[F], मुँहफट स्त्री[F], जबानदराज औरत[F]; झिड़की[F]; २. v.t. & i. भर्त्सना[F] करना, तर्जना[F] करना, घुड़कना, डाँट-डपट[F] करना, फटकार[F] बताना, फटकारना, डाँटना, डपटना, लताड़ना, धमकाना; अपशब्द कहना, खरी-खोटी[F]सुनाना, चिल्ला-चिल्लाकर बुराई[F]करना, बुरा-भला कहना, कसके सुनाना, खूब सुनाना, धिक्कारना, झाड़ना, झिड़कना, खबर[F] लेना, खुचुर निकालना, लताड़ना।
scolder –डॅर् n. भर्त्सक, निर्भर्त्सक, डाँटनेवाला, डपटनेवाला, डाँटने-फटकारनेवाला।
scolding –डिंग् n. भर्त्सना[F], तर्जन, आक्रोश, निन्दा[F], धिक्कार, झिड़कन[F], झिड़की[F], धमकी[F], घुड़की[F], डाँट-डपट[F], डाँट-फटकार[F], धमकाव।
scolecospore ⊙स्कोलिॅकॉस्'पोअॅर् n. (वन०) कृमिवत् बीजाणु।
scolex स्को'लेॅक्स् n. (जीववि०) शीर्ष, मूर्द्धा[F] (स्फीत कृमिका)।
scoliosis स्कॉलिओ'सिस् n. (रीढ़[F]की) पार्श्वकुब्जता[F]।
scollop स्कॉ'लॅप n. धीमें तले हुए आलू; मुर्गी[F] इत्यादि

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बनानेका बर्तन।

scolopendra स्कॉलेपे॑न्'ड्रॅ n. शतपाद, गोजर, कनखजूरा।

scolopendrine –ड्राइन a. गोजरका, गोजर-जैसा।

scon स्कॉन्' n. = SCONE.

sconce[1] स्कॉन्स् n. शमा[F], दीवारगीरी[F], (आरम्भिक अर्थमें, लालटेन[F]); दीपाधार, बत्तीदान, चिरागदान।

sconce[2] n. मस्तक, सिर, खोपड़ी[F], चाँद (के लिए पुराना हास्य० शब्द) (*a crack on the* ~)।

sconce[3] n. यवनिका[F], पर्दा, ओट, चिक[F]; (प्रा०) आश्रय, आश्रयस्थान, शरण[F], ठिकाना, ठहरनेकी जगह[F], पनाह[F]; दुर्ग, गढ़, धुरस, किला, प्रायः कोट, दर्रा आदि; चूल्हे या अँगीठी[F] के पासकी जमी हुई बैठनेकी पत्थरकी जगह[F]।

sconce[4] १. n. दण्डकर, जुर्माना; अपहार, जब्ती[F]; २. v.t. (ऑक्सफोर्डमें, प्रीतिभोजमें अनुचित व्यवहार करनेके अपराधमें मदिरा[F] या बीयर आदि) बन्द करना, रोकना, जब्त करना (*Jones was, Latin quotations are,* ~*d*); (इति०, विश्वविद्यालयके अधिकारियों-का अनुशासन भंग करनेपर) जुर्माना करना, फाइन करना (*Vice-Chancellor* ~*d all that were without their hoods*)।

sconcheon स्कॉन्'चन् n. = SCONCHEON.

scone स्कॉ(कौ)न्' n. जौ या गेहूँकी तिकोनी नरम रोटी[F], केक[F]।

scoog ⊙स्कूग् n. = SKUG.

scoop स्कूप् १. n. दर्वी[F], (कृषि०, यन्त्र०) डोई[F], कलछुल[F]; चीनी[F], छोटी मुठिया[F] का गहरा करछा; कोयला नापनेका पात्र; करछा चलानेका कार्य (*with a, at one,* ~); खनित्र, रुखानी-जैसा औजार; बेलचा[F], खोदनी[F]; खात, गड्ढा; (~ *news* भी) ऐकान्तिक समाचार, खास खबर[F]; विशद लाभ, तगड़ा मुनाफा; झाड़[F], मार[F], चपेट[F], बार; (चि०) तालयन्त्र; २. v.t. (करछा आदिसे) निकालना, उठाना, खोदना, खाली करना, खोखला करना; (प्रा०) ऐकान्तिक समाचार देना; (प्रा०) आकस्मिक लाभ उठाना, काफी मुनाफा कमाना, ~-net नदी-तलतक शिकार करनेका जाल; छोटा हथजाल; ~ news अनन्य समाचार; ~-wheel रहट।

scooper –पॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें); एक प्रकारकी पनडुब्बी[F]; छेनी[F], कलम[F], नक्काशी[F] करनेका औजार।

scoot स्कूट्' v.i. (प्रा०) काफूर हो जाना, रफूचक्कर होना; भागना, भाग निकलना, निकल भागना, दौड़ना, झपटना, लपकना।

scooter –टॅर् n. बच्चेका खिलौना; यान, गड़ी, स्कूटर; मोटर बोट।

scopa, scopula स्को'पॅ, स्कॉप्यूलॅ nn. रोमागुच्छ (विशे० मधुमक्खी[F] की टाँगों[F] परका)।

scope स्कोप्' n. अभिप्राय, आशय, मन्तव्य, आकांक्षा[F], अर्थ, विषय, लक्ष्य, उद्देश्य, ध्येय, तात्पर्य, हेतु, नीयत[F], इरादा, मतलब, मंशा, मकसद, मनसूबा (अव क०); निर्गम-मार्ग, निकलनेका रास्ता; छेद, सूराख; अवसर, अवकाश, मौका, गुंजाइश[F] (*mind, undertaking, of wide* ~); क्षेत्र, अन्वीक्षण-क्षेत्र, निरीक्षण-क्षेत्र, विषय-क्षेत्र, कार्यक्षेत्र, दृष्टिप्रसार, दृष्टिकोण, सीमा[F], मर्यादा[F], क्रियाक्षेत्र, ज्ञानादिकी सीमा[F], बुद्धि[F] की पहुँच[F], अवधि[F], परिधि[F], परिमाण, विस्तार, घेरा, दायरा; (नौवि०) समुद्री तारकी लम्बाई[F] (जब कि जहाज लंगरपर खड़ा हो)।

-scope -वीक्ष, -ईक्षक, -दर्शक (*stetho*~, *gyro*~, *laryngo*~, *muto*~)।

scopiform स्को'पिफॉर्म a. बुहारनी-सदृश, कूँची-जैसा, झाड़ू जैसा, बढ़नी-जैसा, बढ़नी[F] के आकारका।

scopophilia ⊙स्कॉपॅफि'लिअॅ n. (चि०) न्यवाय दर्शन-प्रियता[F]; नग्नदर्शनप्रियता[F]; (शिक्षा०) नग्नरूप-रति[F]।

scopophobia ⊙–फो'बिअॅ n. दर्श-भीति[F], दर्शन-भय, दिखाई पड़नेका डर।

scopulate a. = SCOPIFORM; (वन०) कूर्चाकार।

scorbutic स्कॉर्ब्यू'टिक् १ n. (चि०) शीतादपीड़ित, रक्तस्राव-पीड़ित, स्कर्वीग्रस्त (व्यक्ति); २. a. रक्तस्रावी, रक्तस्राव या रक्तातिसार-सम्बन्धी; (परि०) स्कर्वी-सम्बन्धी; प्रशीतादीय।

scorbutus स्कॉर्ब्यूर्टस् n. (चि०) स्कर्वी, शीताद।

scorch स्कॉर्च्' १. n. (तीव्र गति[F] से मोटर[F] दौड़ाने या साइकिल[F] की) सवारी[F], सैर[F]; २. v.t. & i. (प्रा०) (मोटरचालक या साइकिल सवारका) तीव्रतम गति[F] से जाना, सरपट[F] जाना, बहुत ही तेजी[F] से दौड़ना; गर्मी[F] से कुरूप हो जाना, आग[F] से काला पड़ जाना, बदरंग हो जाना; जलाकर या झुलसकर काला करना, जलाना, भूनना; झुलसाना, फूँकना; जल जाना, भुनना, झुलसना; जलाकर पीड़ा[F] पहुँचाना, जलन[F] पैदा करना (*a wit that* ~*es*)।

scorched –च्ड् a. दग्ध, तप्त; ~ earth policy सर्वक्षार नीति[F], स्वभूमिध्वंस नीति[F]।

scorcher –चॅर् n. झुलसानेवाला (क्रियागत अर्थोंमें; प्रा०) उत्कृष्ट वस्तु[F], अपने ढंगका आदर्श रूप, अपनी किस्म[F] का उत्तम नमूना, बढ़िया बानगी[F]।

scorching –चिंग् a. अत्युष्ण, प्रखर, प्रचण्ड, उच्चण्ड, दग्धकारी, दाहक, तापक, झुलसानेवाला, जलानेवाला; व्यंग्यपूर्ण, तीक्ष्ण।

score[1] स्कोॅर्' n. (ग०) विंशक, बीस, बीसी[F], कोड़ी[F] (*three* ~ *and ten*); मनुष्यकी सामान्य आयु[F]; फलांक, (~ *book, card, sheet*); प्राप्तांक, अंक; जोड़; (किन्हीं खेलोंमें खिलाड़ीके द्वारा बनाये हुए) अंकों-की संख्या[F], फलांकोंके संग्रहकी पंजी[F] या रजिस्टर (*make a good* ~); (पशुपालन) गुणांकन (~ *card*); योग (~*board*); गणन, गणना[F], गणनापत्र; अवच्छेद, दरार[F], दन्त, दाँतेदार कटाव, लकीर-जैसा कटाव, भंग, सीधा कटाव, खरोंच[F], निशान (*rock covered with* ~*s or striations*); (अव क्व०) दौड़-प्रतियोगिता[F] में दौड़[F] आरम्भ करनेका रेखाचिह्न या बन्दूक[F] चलानेकी प्रतियोगिता[F] में खड़े होनेका स्थान (*go off at* ~);

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

(नौवि०) छेद या सूराख (जिसमें चमड़ेका चौड़ा फीता बाँधते हैं); चलित लेखा, चालू खाता; लेन-देनका खाता, लेखा-जोखा, हिसाब-किताब (*pay one's ~*); (संगीत) रेखा-क्रमके आधारपर संगीत-रचनाकी स्वरलिपि; विषय, वर्ग, विभाग, श्रेणी, मद, सरनामा (*you may be easy on that ~*); कारण, हेतु, निमित्त; सौभाग्यकी वस्तु, अच्छे प्रारब्धका लक्षण, खुशकिस्मती (*what a ~ !*) (ग्रा०) व्यंग्य, व्यंग्योक्ति, उपालम्भ, चुभती बात, फबती, आवाजा (*given to making cheap ~s*); *go off at ~* उत्साहपूर्वक प्रारम्भ करना, जोशके साथ शुरू करना; *pay off (settle) old ~s* पुराना द्वेष मिटाना, क्षतिपूर्त्ति करना; *~s of people* बहुतसे मनुष्य, बड़ी संख्यामें, बीसियों आदमी।

score[2] v.t. & i. खेलमें अंक बना लेना, नम्बर बनाना, प्वाइण्ट बनाना (*failed to ~*); गोल करना, रन बनाना; सफल होना, विजय प्राप्त करना, जीतना, जीत लेना (*has ~d a success*); सौभाग्यशाली होना, भाग्यवान् होना, लाभ उठाना, फायदा उठाना, खुशकिस्मती पाना (*that is where he ~s*); (किसी वस्तुसे) रेखाएँ या लकीरें बनाना, रेखा खींचना, दाँते बनाना, कटाव बनाना, लीक खरोंचना, कूँड़ खींचना, घाव बनाना, गोदना (*~ out words*); निर्लेखन करना, अंकित करना; ग्राहकके नामसे ऋणकी मद चढ़ाना, होटल आदिके खातेमें लिखना; (ला०) किसी अप्रिय बातको याद रखना, किसीके द्वारा किये गये अपराध या दुर्व्यवहारको मनमें रखना; क्रिकेट आदिमें अंकोंको चढ़ा लेना; अंकोंका रजिस्टर रखना; समवेत वादन या गायनके लिए व्यवस्था करना, ऑर्केस्ट्राके लिए बाजोंको लगाना; किसी दूसरे वाद्ययन्त्रके लिए व्यवस्था करना; क्रम बैठाना; किसी संगीत-रचनाकी स्वरलिपि लिखना; *~ off* (ग्रा०) तर्क प्रस्तुत करना, तत्काल उत्तर देना, अनुत्तर करना, अपमानित करना, लज्जित करना, जोड़-तोड़का जवाब देना, हाजिर जवाब देना, मात देना, *~ out* काटना।

scored ⊙ –ड् a. धिक्कृत, गर्हित, निर्भर्त्सित; दुष्ट, रद्दी; अस्वीकृत।

scorer स्कोअ'रॅर् n. गणक, क्रिकेटके खेलमें बनाये हुए अंकोंको लिखनेवाला, गिननेवाला, अंकोंको रजिस्टर करनेवाला।

scoria स्कोअ'रिअ n. (pl. *-e*) अवस्कर, छिद्रल लावा, छिद्रयुक्त ज्वालामुखीका तरल पदार्थ या उस पदार्थके टुकड़े, मल, गन्दगी।

scoriaceous –अ'शॅस् a. छिद्रिल ज्वालामुखी या तरल-पदार्थयुक्त, मलवत्, लावा-जैसा।

scorification –रिफ़िके'शॅन् n. अवस्करण, मलरूपमें परिवर्तन, मैलरूपमें बदलना, मैल बनाना।

scorifier –'रिफ़ाइअॅर् a. मल-परिवर्तक, मलरूपमें परिवर्तन करनेवाला, मैल बनानेवाला।

scoriform –फ़ॉर्म् a. मलवत्, मल-सदृश, गन्दगी-जैसा।

scorify –फ़ाइ v.t. (विशे० धातुओंको) मलमें परिवर्तित करना, मल बना देना, मैल बना देना।

scoring स्कोअ'रिंग् n. संगीतका स्वरानुक्रम, स्वर-व्यवस्था; फलांकन (*~ time*); (कृषि०) गुणांकन; गणना (*~ of pie money*); गहरी लकीर खींचना; *~ action* खरोंचन-क्रिया, गहरी रेखा खरोंचना; *~ circle, ~ ring, ~ time.*

scorn स्कॉर्न् १. n. अवहेलनाका पात्र, तिरस्करणीय व्यक्ति, उपहास योग्य मनुष्य; अवहेलना, अवज्ञा, तिरस्कार, उपेक्षा, उपहास, अश्रद्धा, अवमान, अनादर, अपमान, धिक्कार, तौहीन, नफरत, हिकारत, दम्भ, अहंकार, दर्प; २. v.t. अवहेलना करना, तिरस्कार करना, उपहास करना, अवज्ञा करना, उपेक्षा करना, तुच्छ समझना, हीन समझना, अयोग्य समझना, छोटा समझना, बुरा समझना, घृणा करना, नफरत करना, हिकारतसे देखना (*~s lying*); *laugh to ~* मुँह चिढ़ाना; *to think ~ of* किसीसे घृणा करना, किसीको नीचा समझना, अपनेसे कम समझना।

scorner –'नॅर् n. अवहेलक, तिरस्कर्ता, उपहासक, अवज्ञाकर्ता, उपेक्षक, निन्दक, अवहासक, अनादरकर्ता, अवमाता, नफरत करनेवाला।

scornful –न्'फ़ुल् a. अवज्ञासूचक, तिरस्कारी, सावज्ञ, सावमान, तिरस्कारपूर्ण, अवमानी, निन्दात्मक, घृणापूर्ण, अवहेलनात्मक।

scornfulness –निॅस् n. तिरस्कारपूर्णता, उपहास-पूर्णता, अवज्ञा, अनादर, उपेक्षा, तिरस्कार।

Scorpio स्कॉर्'पिओ n. वृश्चिक राशि, (ज्यौ०) वृश्चिक; बिच्छू।

scorpioid –आॅइड् a. (वन०) वृश्चिकाभ।

scorpion स्कॉर्'पिॅअॅन् n. वृश्चिक, (जीव०) बिच्छू; वृश्चिक राशि; बड़े-बड़े पत्थर फेंकनेका पुराना यन्त्र; (बाई०) खरखरा कोड़ा (जिसमें कीलें लगी हों); *~ fish, ~ fly, ~-plant, ~-spider, ~ sting.*

scortatory स्कोअॅर्'टॅटॅरि a. कामी, वासनापूर्ण, भोगी; काम-विषयक, कामेच्छा-विषयक, कामुकता-सम्बन्धी, भोगेच्छा-सम्बन्धी, लम्पटता-सम्बन्धी।

scorzonera स्कॉर्ज़ॅनीअॅरॅ n. इटलीका एक साग।

scot[1] स्कॉट्' n. कर, देयभाग, लगान, महसूल, टैक्स; *~ free* करमुक्त; अक्षत, सुरक्षित; *go ~ free* करमुक्त रहना, बिना महसूल दिये निकल जाना; (प्रायः) सुरक्षित निकल जाना, अक्षत निकल जाना, दण्ड न पाना, बच निकलना, बचे रहना; *pay ~ & lot* बरो (borough) के आर्थिक भारोंमें सहभागी होना, माली मामलोंमें हाथ बँटाना।

Scot[2] n. =SCOTCH; (pl.) स्कॉचजाति (*~sman*)।

Scot. Scotland; Scottish.

Scotch[1] स्कॉच्' n. अंग्रेजीकी स्कॉच बोली; स्कॉटलैण्डकी हिस्की (मदिरा विशेष); *~ broth* जौ और तरकारीसे मिलाकर बननेवाला शोरवा; *~ collops* भूनने या पकाने योग्य मांसखण्ड और प्याज।

Scotch[2] a. स्कॉटलैण्डका या तत्सम्बन्धी या स्कॉट-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लैण्डके निवासियोंका, स्कॉच्; ~ blue आनीलारक्त; ~ geranium आरक्त कषायमूलक; ~ hand (कृषि०) खुवा; ~ marriage गान्धर्व विवाह, पहाड़ी ब्याह; ~ mist सघन कोहरा; ~ pine गिरि-सरल; ~ rose गिरि-पाटल;
~ barley, ~ boiler, ~ bonnet, ~ broth, ~ cap, ~ draper, ~ fir, ~ man, ~ pebble, ~ pine, ~ rose, ~ terrier, ~ thistle, ~ whisky.

scotch[3] १. n. क्षत, काट, घाव, खरोंच[F], घिस्सा, रगड़[F], जख्म; HOPSCOTCH नामक खेलमें धरती[F]परकी रेखा[F] या चिह्न; आड़[F], रोक[F]; २. v.t. क्षत-विक्षत करना, अपांग कर देना, कुछ अशक्त बना देना, असमर्थ करना, बिना जान[F]से मारे हुए घायल करना, चिह्न बना देना, थोड़ा-सा काट डालना, खरोंच[F] बना देना, छील देना, जख्मी करना (*we have ~ed the snake, not killing it*)।

scotch[4] १. n. (गाड़ी[F]को ढाल[F]पर रोकनेके लिए पहियेके नीचे रखनेकी लकड़ी[F]के कुन्दे आदिकी) टेक[F]; गुटका, रोक[F]; २. v.t. (इस प्रकारकी टेक[F] आदिसे) गाड़ी[F]के चक्के थामना, टेक[F] लगाना, रोक[F] लगाना, अटकाना।

Scotchy स्कॉ'चि १. n. स्कॉटलैण्डके निवासियोंका अपनाम; २. a. स्कॉटलैण्डकी विशेषताओं[F]से युक्त, स्कॉटलैण्डी।

scoter स्को'टॅर् n. समुद्री बतख[F]।

scotia स्को'शॅ n. खम्भेके मूलका नतोदर भाग, महराबदार हिस्सा, खम्भेकी पेंदीपरका गोला; (स्था०) अन्तर।

Scotist स्को'टिस्ट् n. (डन्स स्कॉट्सका) आध्यात्मिक सिद्धान्तवादी।

scoto- तमः-, तमस्-, तमो- (*~ma, ~graph, ~phobia*)।

scotograph स्कॉ'टॅग्राफ् n. (चि०) क्ष-रश्मि चित्रण; तमोलिख, अन्धलेखयन्त्र।

scotoma स्कॅटो'मॅ n. (चि०) अन्ध्र क्षेत्र; (शिक्षा०) तमोविन्दु, स्कोटोमा।

scotometer स्कॅटॉ'मिटॅर् n. (शिक्षा०) तमोविन्दु, T.

scotomization स्कॉटॅमाइज़े'शॅन् n. (शिक्षा०) स्वदोषान्धता[F], निजावगुणोपेक्षा[F]।

scotophobia स्कॉटॅफो'बिॲ n. ध्वान्त-भीति[F], ध्वान्तभय, अन्धकार-भीति[F], अन्धकारभय, अँधेरेसे डर।

scotoscope स्कॉ'टॅस्कोप् n. ध्वान्तेक्ष, अन्धकार-दर्श, स्कोटोस्कोप, (अँधेरेमें देखनेका एक यन्त्र)।

Scot(t)ice स्कॉ'टिसी adv. स्कॉच् बोली[F]में।

Scotticism, -oti- –सिज़्म्, -ऑटि'- n. स्कॉच बोली[F]का पद, शब्द या लोकोक्ति[F], स्कॉच मुहावरा।

Scotticize, -oti- –साइज़्, -ऑटि'- v.t. & i. स्कॉटलैण्डकी रीतियों[F]से अनुप्राणित करना, स्कॉच विशेषताओं[F]से भरना, वहाँकी पद्धतियों[F]के आधारपर रचना[F] करना, रूप देना, गढ़ना; स्कॉच भाषा[F]की लोकोक्ति[F]का या स्कॉटलैण्डवासियोंके आचार-व्यवहारका अनुकरण करना।

Scottish स्कॉ'टिश् a. = SCOTCH[1].

scoundrel स्कॉउन्'ड्रॅल् n. अधम, खलाधम, दुरात्मा, खल, दुष्ट, निकृष्ट, नीच, पामर, लुच्चा, गुण्डा, आवारा, पाजी, बदमाश, बदजात, शोहदा (आदमी); निरुद्देश्य, विचारहीन।

scoundreldom –डॅम् n. दुष्टोंका संसार; पाजियोंका राज, बदमाशोंकी दुनिया[F], गुण्डाशाही[F]।

scoundrelism –लिज़्म् n. दुष्टता[F], नीचता[F], पामरता[F], अधमता[F], पाजीपन, बदमाशी[F], गुण्डापन; विचारहीनता[F]।

scoundrelly –लि a. दुष्टतापूर्ण, नीचतापूर्ण, दुष्ट, नीच, पाजी, बदमाशीका, बदमाश, गुण्डेपनसे भरा हुआ।

scour[1] स्कॉउर्' n. क्षालन, (परि०) तल-रदन, नाले आदिकी तेज धारा[F]से सफाई[F], धो डालनेकी क्रिया[F]; अभिघर्षण, बालोंको स्वच्छ करनेका पदार्थ; अतिसार, पशुओंका छेरना, पोंकना; २. v.t. अभिमार्जन करना, अभिघर्षण करना, परिमार्जन करना, रगड़कर स्वच्छ करना, रगड़कर चमकाना, मल-मलकर साफ करना, घिस-घिसकर माँजना, मलना, रगड़ना, चमकाना (*~ metal*); (नल, नाली[F], बन्दरगाह आदिको) पानी बहाकर या जोरसे पानी फेंककर स्वच्छ करना, धोना (*~ clothes*); (ओषधि[F], डाक्टर आदिके सम्बन्धमें) विरेचन देना, आँतों[F]को साफ करना, जुलाब देना; (धब्बा, जंग आदिको) दूर करना, रगड़कर छुड़ाना, साफ करना; (ला०) कलंक निवारण करना, कलंक धोना (*~ away, off*); ~ encroachment अभिघर्षण; ~ out खुरचना, काटना।

scour[2] v.t. & i. द्रुत गति[F]से खोज[F] करना, शीघ्रता[F]से निश्चित करना, जल्दी करना, जल्दी[F]से तय करना, तेजी[F]से तलाश[F] करना (*~ the plain*), किसीकी खोज[F] या अनुगमनमें भटकना, विभिन्न दशाओं[F]में भागना, उद्विग्नतापूर्वक भागना, दौड़ना, घूमना, फिरना, जल्दी-जल्दी पग बढ़ाना, कदम उठाना।

scourer[1] –'रॅर् n. बालचर, स्काउट।

scourer[2] n. परिमार्जक, स्वच्छकर्ता, साफ करनेवाला, माँजनेवाला, रगड़नेवाला; तेज जुलाब; साफ करने या माँजनेकी मशीन[F]।

scourge स्कर्ज् १. n. (चि०) महामारी, मरक; उपप्लव, आपदा[F], संकट, बल; (ईश्वरीय प्रतिहिंसा[F] या दण्डके प्रतीक या यन्त्र माने जानेवाले) कालस्वरूप मनुष्य या पदार्थ; धूमकेतु; कशा, कोड़ा, चाबुक, बेंत; २. v.t. अत्याचार करना, आघात पहुँचाना, दण्ड देना, कष्ट पहुँचाना, क्लेश देना, कष्ट देना, सताना, ताड़ना, पीटना, मारना, सजा[F] देना, तंग करना, हैरान करना, मुसीबत[F] पैदा करना, जुल्म ढाना; (प्रा०) कोड़ा चलाना, चाबुकसे मारना; *the white* ~ क्षयरोग, तपेदिक, सूखा-रोग।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

scourger –'जॅर् n. अत्याचारी व्यक्ति, आघाती व्यक्ति, आततायी, क्लेशदायी पुरुष, कष्टदायी व्यक्ति, सतानेवाला आदमी, तंग करनेवाला आदमी, हैरान करनेवाला आदमी, मुसीबत[F] लानेवाला, जुल्मी।

scourging –जिंग् n. कशाघात, चाबुक या कोड़े मारना।

scouring स्कॉउ'रिंग् n. (चि०) अतिसार, प्रवाहिका[F] (प्राणियोंमें); क्षालन, रेचन, मार्जन (~ *rush*); कटाव, T.; (प्रा० भू०) **निघर्षण**; (कृषि०) **पेचिश**।

scout[1] स्काउट्' १. n. **बालचर, स्काउट**; (सेना० आदि) गुप्तचर, गूढ़चर, चर, प्रणिधि, भेदी, (शत्रु अथवा परिस्थितियों[F]का समाचार ग्रहण करनेको भेजा हुआ व्यक्ति), भेदिया, जासूस, मुखबिर; सैन्य-गतिविधि-अनुसन्धान-कार्य, सूचना[F], खबर[F], फौजी खबर[F] लेनेका काम (*on the* ~); प्रहरी, पहरेदार, विमान-विध्वंसी या सशस्त्र सेनाओं[F]का गश्त[F] लगानेवाला व्यक्ति; शत्रुके प्रदेशकी जाँच-पड़ताल[F] करनेवाला जहाज; छोटा द्रुतगामी विमान, जल्दी उड़नेवाला छोटा हवाई जहाज; (क्रिकेट, प्रा०) गेंद[F] रोकनेवाला, पदनेवाला, फील्ड करनेवाला; (ऑक्सफोर्ड) कॉलेजका कर्मचारी, सेवक, नौकर; विशेष प्रकारके समुद्री पक्षी आदि; २. v.i. स्काउटकी भाँति काम करना, गुप्तचर या जासूसका काम करना, भेद लेना, देखना; ~master बालचर-नेता; बालचर शिक्षक, स्काउट-मास्टर।

scout[2] v.t. व्यंग्य या उपहासके साथ (किसी प्रस्ताव-सुझावको) अस्वीकार करना, तिरस्कार करना, उसकी हँसी[F] उड़ाना, खिल्ली[F] उड़ाना, नामंजूर करना।

scouter स्कॉउ'टॅर् n. पुराना बालचर, सीनियर स्काउट।

Scouting –टिंग् n. बालचर-कर्म, **अग्रचर व्यवस्था**[F], (श्रम०) **खोज**[F]।

scow स्कॉउ' n. चपटी पेंदी[F]की एक प्रकारकी नाव[F], डोंगी[F]।

scowl स्कॉउल्' १. n. क्रोधपूर्ण आकृति[F], सरोष भ्रूभंग, भ्रुकुटि[F], भौंह[F] चढ़ाना, टेढ़ी भौंहें[F], डरावनी सूरत[F]; २. v.t. & i. रोषमें आना, क्रुद्ध देख पड़ना, क्रुद्ध हो जाना, भ्रूभंग करना, भौंह[F] चढ़ाना, नाक-भौं[F] चढ़ाना, माथेपर बल डालना, त्योरी[F] चढ़ाना, तेवर बदलना, टेढ़ी नजर[F] करना, नाराजी दिखाना; गुर्राना, डराना, धमकाना; ~ *down* (व्यक्ति या विरोध आदिको) क्रोधपूर्वक दबा देना, दमन करना, अभिभूत करना, वशमें करना, डाँट-डपट[F]कर काबूमें कर लेना।

scrab स्क्रैब' v.t. खरोंचना, खुजलाना।

scrabble[1] स्क्रै'बॅल् n. घसीट लिखावट[F]; धक्कमधक्का, गडमड।

scrabble[2] v.i. अँधेरेमें ढूँढ़ना, किसी चीज[F]को पानेके लिए इधर-उधर खरोंचना, इधर-उधर टटोलना, हाथ-पैर मारना; **ध्वनि[F] उलझाना**; धक्कमधक्का करना, रेंगना; (ग्राइ०) अनवधानतापूर्वक अस्पष्ट लिखना, उलटा-सीधा लिखना, घसीट लिखना, लापरवाही[F]के साथ अण्ट-सण्ट लिखना, गन्दा लिखना, चीत-मकौड़ा करना, टेढ़े-मेढ़े अक्षर बनाना।

scrag स्क्रैग् १. n. मनुष्यका गला, आदमीकी गर्दन[F]; अस्थिप्राय पुरुष, क्षीण या कृश व्यक्ति, पतला-सा पौधा, बहुत ही दुबला मरियल जानवर; पशुके मांसका हड्डीवाला भाग; २. v.t. (स्कूल ग्रा०) घोर यन्त्रणा[F] देनेके लिए किसी हथियारसे गला ऐंठना, गर्दन[F] दबोचना; गला घोंटकर मृत्युदण्ड देना, गला घोंटना, गर्दन[F] दबाना, गर्दन[F] ऐंठना; फाँसी[F] देना; (फुटबालमें) खिलाड़ीको गर्दन[F] पकड़कर रोक लेना।

scragged –'गिॅड् a. असम, विषम; अस्थिप्राय, कृश, क्षीण, दुर्बल, दुबला, सूखा, मरियल।

scraggedness –'गिॅ-निॅस् n. अस्थिप्रायता[F], कृशता[F], क्षीणता[F], दुर्बलता[F], दुबलापन, सूखापन, मरियलपन।

scraggy –गि a. अस्थिप्राय, कृश, क्षीण, रूक्ष, दुबला, रूखा-सूखा, मरियल।

scram ⊙ स्क्रैम्' int. हट !, दूर हो !, भाग जा !

scramble स्क्रैम्'बॅल् १. n. तीव्र संघर्ष, प्रतियोगिता[F], होड़[F], छीना-झपटी[F], धक्कामुक्की[F], खींचातानी[F]; २. v.t. & i. कोई वस्तु[F] प्राप्त करनेके लिए (प्रतिद्वन्द्वियोंके साथ) संघर्ष करना, होड़[F] करना, छीना-झपटी[F] करना, झपट[F] लेना, धक्कमधक्का करना, खींचतान[F] करना (~ *for place*); (लूट[F] या छीना-झपट[F]के लिए सिक्के आदि) न्योछावर करना, बिखेरना, लुटाना, फेंकना; कठिनाई[F]से ऊपर चढ़ना, हाथों और घुटनोंके बल चढ़ना, किसी ढाल या ऊँचाई[F]पर घसिट-घसिटकर चढ़ना, पेटके बल चढ़ना; अण्डोंको मक्खन या दूधके साथ कड़ाही[F]में पकाना, उनका चीला बनाना।

scrambler –लॅर् n. संघर्षकर्ता, होड़ करनेवाला, छीना-झपटी[F] करनेवाला, धक्कमधक्का, करनेवाला, खींचतान[F] करनेवाला; न्योछावर करनेवाला, बिखरानेवाला, लुटानेवाला, छितरानेवाला; घसिटकर चढ़नेवाला, रेंगकर चढ़नेवाला।

scrambling –लिंग् १. n. धक्कामुक्की[F], छीना-झपटी[F]; २. a. अव्यवस्थित, क्रमहीन, अनियमित, बेढंगा।

scran स्क्रैन्' n. (ग्रा०) खाद्य-सामग्री[F], भोजन, व्यंजन, खानेका माल, बचा-खुचा खानेका सामान; ~ bag (नौवि०) **जब्ती थैला**; *bad* ~ *to* ! (उसका) अभाग्य, दुर्भाग्य, बदकिस्मती[F]।

scranch स्क्रॉन्च्' v.t. चर्वण करना, चबाना, दाँतियाना, दाँतोंसे दरदराना।

scranky स्क्रैन्'कि a. अस्थिप्राय, कृश, क्षीण, दुर्बल, दुबला, सूखा, मरियल, पतला।

scrannel स्क्रै'नॅल् a. (ग्रा०) (ध्वनि-सम्बन्धी) शिथिल, क्षीण, मन्द, धीमी, पतली, हलकी, कमजोर (आवाज[F])।

scranny, scrawny ⊙ –नि,स्क्रॉ'नि a. कृश, दुर्बल, दुबला-पतला।

scrap[1] स्क्रैप्' n. अवशेष, बची हुई वस्तुएँ[F], बची हुई बेकारकी चीजें[F], **रद्दी माल**; (समूहरूपमें) धातु[F]की छोलन-छालन[F], छीजन[F]; शकल, अंश, खण्ड, टुकड़ा,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कतरन, चिथड़ा, धज्जी^{F} (*~ metal*); क्षेप्य, किसी संग्रहमें रखनेके लिए किसी पुस्तक^{F} या समाचार-पत्रसे काटा हुआ चित्र, अवतरण आदि; तायी हुई चरबी^{F}का बचा हुआ भाग, सीठी^{F}, तेल निकाली हुई मछली^{F}, मछली-फोक; २. v.t. (जहाज, सामग्री^{F} आदिको) व्यर्थ घोषित करना, अलग कर देना, रद्दीके ढेरमें डालना, बेकार कह देना; **~ book** खण्डाधार, टुकड़े, चिट, कटिंग^{F} आदि चिपकानेकी पुस्तक^{F}; **कतरन रजिस्टर**; **~heap** बेकार या रद्दीकी चीजोंका ढेर (ला० भी); **~-iron** क्षेप्य लोहा, (यन्त्र०, रसा०) **रद्दी लोहा**; **~ metal** (रसा०) **रद्दी धातु**^{F}; **~-paper** पच्चियाँ^{F}; **~ yard कबाड़खाना**; **~ value रद्दी**^{F}**का मूल्य**; *~of paper* उपेक्षणीय प्रतिज्ञा^{F}, अवहेलनीय वचन, तिरस्करणीय निश्चय, झूठ-मूठका वादा, हवाई वादा।

scrap^{2} १. n. संघर्ष, हाथापाई^{F}, लड़ाई^{F}, झगड़ा, धर-पकड़^{F}, खींचातानी^{F}, झोंक-झड़प^{F}, कशमकश^{F} (*had a bit of a ~ with*); २. v. i. संघर्ष होना, लड़ाई-भिड़ाई^{F} होना, झड़प^{F} हो जाना, झगड़ा करना, हाथापाई^{F} करना, झगड़ना।

scrape स्क्रेप् १. n. घर्षण शब्द, करकराहट^{F}, रगड़ने या खुरचनेकी आवाज^{F}; घर्षण क्रिया^{F}, छील-छाल^{F}, रगड़न^{F}; चिकना करनेका काम, रगड़नेका काम; (प्रणाम करने या झुकनेमें) पैरोंकी रगड़^{F}, घिसटन^{F}; अजीब संकटपूर्ण परि-स्थिति^{F}, क्लेशप्रद अवस्था^{F}, खतरनाक मौका या हालत^{F}; २. v.t. & i. (छीलन^{F}, छिलका, धब्बे आदि) दूर करना, रगड़कर या छीलकर साफ करना, छीलना, रगड़ना, हटा देना; खुरदरापन साफ करना, मिटा देना (*~ off the paint*); अपोद्घर्षण करना, किसी पैनी या तिकोनी वस्तु^{F}-से समतल करना, बराबर करना, चिकना करना, एक-सा करना, खुरदरापन साफ करना, घिसना, खुरचना, चमकाना, हमवार करना, पालिश^{F} करना; दाढ़ी^{F}, बनाना, बाल मूड़ना, शेव करना; किसी वस्तु^{F}से रगड़^{F} खाना या रगड़ते हुए चलना, छूना, घिसना, घिसटकर चलना (*~ against, along, the wall*); खाली करना, खुरच करके खोदना, गड्ढा करना, गढ़ा बनाना, खोखला बनाना; घर्षणध्वनि^{F} उत्पन्न करना, खुरचनेकी ध्वनि^{F}के साथ खींचना, रगड़नेकी आवाज^{F} पैदा करना, घिसनेकी आवाज^{F}के साथ निकालना, स्वर निकालना, बजाना, ऐसी आवाज^{F} निकालना; लाभप्राप्ति^{F}के लिए उपाय करना, पानेकी कोशिश^{F} करना (*must ~ up enough for*); मितव्ययिता^{F} करना, किफायत^{F} बर्तना, किफायत^{F}से रहना (*work and ~ as one may*); नोच-खसोट^{F}कर या कठिनाई^{F} या कंजूसी^{F}से धन एकत्र करना, सम्पत्ति^{F} जोड़ना, रुपया पैसा जोड़ना, बटोरना; *~ acquaintance with* यत्नपूर्वक मैत्री^{F} या परिचय चाहना, पहचान^{F} निकालना, किसीसे जबर-दस्ती परिचय करना; **~ one's *chin*** दाढ़ी^{F} बनाना-मूँड़ना; *~ through* बच जाना, बालबाल बचना, मूँड़नेसे बचना; (प्रायः ला०) परीक्षा^{F}में कठिनाई^{F}से उत्तीर्ण होना, मुश्किलसे पास होना।

scraper –पॅर् n. **अंवघर्षक**, निर्घर्षणक, निर्घर्षणी^{F}, **खुरचनी**^{F}, राँपी^{F}, खुरपी^{F}; एक-सा करनेवाला; स्वच्छ-कर्ता, साफ करनेवाला; खुरचनेवाला, छीलनेवाला; घिस-घिसकर शब्द उत्पन्न करनेवाला, रगड़नेकी वस्तु^{F} बजाने-वाला; मितव्ययी, धनसंचयी, जोड़ू।

scraph ⊙ स्क्रैफ् n. (परि०) **मंजूषा**^{F}।

scrappiness स्क्रै'पिनिॅस् n. खण्डान्वितता^{F}, खण्डत्व; व्यर्थता^{F}, रद्दीपन।

scrapping स्क्रै'पिंग् n. घर्षण, उद्रेखण, क्षुरण, तक्षण, घिसने, रगड़ने, मूंड़ने आदिकी क्रिया^{F}; घर्षण-ध्वनि^{F}, रगड़^{F}; **छीलन**, (रसा०) खुरचन, **खुरचाई**^{F}, **खुरचना**; मल; धनसंचय।

scrappy स्क्रै'पि a. खण्डान्वित, खण्ड-खण्ड, टुकड़े-दार, टुकड़े-टुकड़े; व्यर्थ, बेकार, रद्दीसे भरा हुआ।

scratch^{1} स्क्रैच् n. ईषद्व्रण, नखक्षत, नखव्रण, हलका घाव, (यन्त्र०) **पंजा**; **खरोंच**^{F} (*got off with a ~ or two*); खुजलानेकी क्रिया^{F}, खुजाना; खरोंचने या नोंचनेका चिह्न या निशान या उसका शब्द, ध्वनि^{F}, आवाज^{F}; प्रस्थान रेखा^{F} (जहाँसे प्रतियोगी प्रतियोगिता^{F}में दौड़^{F} आरम्भ करते हैं) (*toe, come to* or *up to, the ~*); बालोंकी छोटी नकली टोपी^{F}; घोड़ोंका कण्डू रोग; **~cat** द्वेष-प्रेरित स्त्री^{F}, ईर्ष्यालु स्त्री^{F} या शिशु; **~man** *or* **~** प्रतियोगी (जिसे किसी विशेष प्रतियो-गिता^{F}में अन्योंकी बराबरीमें सुविधा^{F} या अनुकूलता^{F} प्राप्त न हो, बराबरसे दौड़नेवाला; **~-race** बराबरकी दौड़^{F}; **~-wig** बालोंकी नकली टोपी^{F}; *a ~ of the pen* द्रुतलेखन, घसीट^{F}, घसीटी हस्ताक्षर अथवा लिखित आदेश;

~ filter, ~ reflex, ~ template.

scratch^{2} v.t. & i. आखुरण करना, (पंजे, नाखून या अन्य किसी कम या अधिक नुकीली वस्तु^{F}से) खरोंचना, नोचना, खुरचना, खरोंच^{F} मारना, लम्बी पतली खरोंच^{F} बना देना, चिह्नित करना, हलका घाव बना देना, निशान बना देना, बकोटना, नाखून मारना, पंजा मारना (*threatened to ~ my face*); (किसी वस्तु^{F}का कोई भाग) चिह्नित हो जाना, नुच जाना, खुरच जाना (*have ~ed my hands badly*); खरोंचकर छेद बनाना, खरोंच^{F} करके (अक्षर, चित्र आदि) बनाना, कुरेदना, खुजलाना, नाखूनोंसे बिना घाव किये खुजलाना (*~ one's head*); अपनेको खुजाना, खरोंच^{F} लेना; किसी वस्तु^{F}की खोज^{F}में धरती^{F} नोंचना, पता लगाना, ढूँढ़ना, जमीन^{F}से कुरेदना (*~ about for stray seeds, evidence* आदि); घसीटना, घसीट लिखना, गिचपिच लिखना; (प्रतियोगिता^{F}में से किसी घोड़े या प्रतियोगीका नाम) लौटा लेना, कटवा देना; (प्रतियोगिता-सूची^{F}में से) प्रतियोगीका नाम उड़ा देना, काट देना; (दौड़^{F}के लिए घोड़ोंकी सूची^{F}में से) नाम काट देना, खारिज कर देना; (लिखे हुए शब्दोंपर) रेखा^{F} खींच देना, पेंसिल^{F} आदिसे काटा लगाना, मिटा देना, लकीर^{F} फेर देना; मितव्ययिता^{F} या कृपणता^{F}से धन एकत्र करना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पैसा इकट्ठा करना, दौलत[F] जमा करना, रुपया जोड़ना; ~ *along* (आ०) किसी प्रकार जीवन व्यतीत करना, जीविका[F] का प्रबन्ध करना, जिन्दगी[F] के दिन काटना, गुजर-बसर करना।

scratch[3] a. शीघ्रतापूर्वक संगृहीत, अव्यवस्थित रूपसे संगृहीत, नोच-खसोटकर जमा किया हुआ, ऊल-जलूल तरीकेसे या अन्धा-धुन्ध[F] से एकत्र; वैषम्ययुक्त, विषम अंशोंसे निर्मित, पचमेल (*a ~ crew*)।

Scratch[4] n. Old ~ दैत्य, दानव, राक्षस, शैतान, पिशाच।

scratcher स्क्रै'चॅर् n. आखुरक, आघर्षक; खरोंचनेवाला, खुरचनेवाला, नोचनेवाला; नाखून मारनेवाला, पंजा मारनेवाला; घसीट लिखनेवाला, गिचपिच लिखनेवाला; विदारक, (लिखी हुई चीज[F] को) काट देनेवाला, पेंसिल[F] चला देनेवाला।

scratchiness स्क्रै'चिनिॅस् n. वैषम्य, विषमता, विभिन्नता, पचमेलपन; चिरचिराहट[F]; कलाहीनता[F], वेतुकापन, भोंड़ापन।

scratching स्क्रै'चिंग् n. विदारण, आखुरण, खरोंचना; कण्डूयन, खुजलाना, खुजली[F]; ~shed (कृषि०) **कुरेदनगाह**[F]; ~ tool (यन्त्र०) **खुरचनी**[F]।

scratchy –चि a. (नाविक, दल आदि) विभिन्न, विषम चरित्रका, भिन्न-भिन्न प्रकृतिवालोंका, अलग-अलग, अनमेल, पचमेल; अव्यवस्थित, असंगठित, अनवधानतापूर्ण, चातुर्यरहित, कलाहीन, कटा-फटा, वेतुका, भोंड़ा (चित्रांकन); (लेखनी[F]) कागज चीरनेवाली या फाड़नेवाली, कागजपर चिरचिरानेवाली, अटकनेवाली।

scraw स्क्रॉ' n. (घासका) दल, पत्र, पर्ण, पत्ती[F]।

scrawl स्क्रॉल्' १ n. दुर्लेख, कुलेख, कुलिखित टिप्पणी[F] या पत्र, घसीट[F]; २. v.t. & i. अस्पष्ट लिखना, उतावली[F] में उलटा-सीधा लिखना, घसीट लिखना; अपचिह्नित करना, जल्दी-जल्दी[F] में गिचपिच लिखना, टेढ़े-मेढ़े अक्षर बनाना, बुरा लिखना, खराब लिखना; कील-काँटे बनाना; कीड़े-मकोड़े बनाना, कागजपर चींटीकेसे पैर बनाना।

scrawler –लॅर् n. कुलेखक, कुटिप्पणीकार, उतावला लेखक, गिचपिच लेखक, घसीट लिखनेवाला; कील-काँटे बनानेवाला, टेढ़े-मेढ़े अक्षर बनानेवाला।

scrawly –लि a. कुलिखित, कुटिप्पणीयित, उतावली[F] में लिखा गया, गिंच-पिच लिखा हुआ, खराब लिखा हुआ।

scrawny स्क्रॉ'नि a. दे० SCRANNY.

screak[1] स्क्रीक' n. चीत्कार, चीख[F], कूक[F], चरचराहट[F]।

screak[2] v.t. चीत्कार करना, चीखना, चरचराना।

scream स्क्रीम् १. n. (आ०) अत्यधिक हास्योत्पादक कार्य, खूब हँसानेवाली बात[F]; आर्तनाद, चीत्कार, क्रन्दन, आक्रन्दन, कूक[F], चिल्लाहट[F], चीख[F] (*~s of pain*); अट्टहास, खिलखिलाहट[F], किलकारी[F]; (बिना *article* के) मनोवेग, शैली[F] का जोर, भावावेश आदिमें बहुत अधिक बलप्रयोग; २. v.t. & i. अट्टहास करना, असंयत होकर हँसना, हँसते-हँसते पेटमें बल पड़ जाना, ठट्ठा मारकर हँसना, खिलखिलाना, खूब हँसना, ठहाके मारना (*~ with laughter*); चिल्लाकर बोलना, चीखकर बोलना, बड़े जोरसे बोलना, कूका देना, कूका मारना (*~ed that she did not dare jump*); उत्क्रोश करना, क्रन्दन करना, आक्रन्दन करना, आर्तनाद करना, चीत्कार करना, चीखना, कराहना, चीख[F] मारना, चिल्लाना, धाड़ें[F] मारना; (भाप[F] के इंजिन आदिका) भौं-भौं करना, तीखी आवाज[F] करना, सीटी[F] बजाना।

screamer स्क्रीं'मॅर् n. चीखनेवाला, चिल्लानेवाला, क्रियागत अर्थोंमें; एक अमेरिकी पक्षी (*crested, horned, ~*); उत्क्रोशक; किसी वस्तु[F] का असाधारण रूप, अद्भुत रूप या नमूना, कहानी[F] आदि (जिसको सुननेसे खिलखिलाहट[F] या खूब जोरकी हँसी[F] उठती हो)।

screaminess –मिनिॅस् n. कोलाहलपूर्णता[F], तीव्र-बलाघात-युक्तता[F], चीख-पुकार[F] की आदत[F] (भाषण-शैली[F] या भावावेशमें), उत्क्रोश, चिल्लाहट[F]।

screaming –मिंग् १. n. आक्रन्दन, उत्क्रोश, कोलाहल, चीत्कार, चीख[F], चिल्लाहट[F]; २. a. हास्योत्पादक, विनोदपूर्ण, खूब हँसानेवाला, मजाकिया; *~ing farce, fun*, etc. विनोद या नकल (जिसे देखकर दर्शक सहसा जोरसे खिलखिला उठे), हास्योत्पादक या हँसानेवाला खेल या तमाशा।

screamy –मि a. कोलाहलपूर्ण, बहुत अधिक बलाघात-युक्त, तीव्र ध्वनियुक्त (भाषणशैली[F] या भावावेश)।

scree स्क्री' n. (प्रा० भू०) **भग्नाश्म राशि**[F], सम्पात, चढ़नेपर लुढ़कनेवाले छोटे पत्थर (इनसे ढका हुआ पहाड़की ढाल[F]), T.

screech स्क्रीच' n. & v.t. & i. (भय, पीड़ा[F], क्रोधमें) कठोर या कर्कश ध्वनि[F] में चीत्कार करना, आर्तनाद करना, चीखना, चीख[F] मारना, चिल्लाना, चिचियाना, गरजना; *~-owl* व्याक्रोशी उलूक, कालपेचक, जोरसे चीखनेवाला घुग्घू।

screechy –'चि a. चीत्कारवत्, कर्कश, तीक्ष्ण, तीव्र, चीख[F] की तरह कड़ा।

screed स्क्रीड्' n. लम्बा उकतानेवाला व्याख्यान या भाषण, लम्बी उबा देनेवाली सार्वजनिक वक्तृता[F] या लम्बा अरुचिकर पत्र; गारे, चूने या लकड़ी[F] की पट्टी[F]; (यंत्र०, परि०) **चपती**[F], **धारी**[F], **पट्टी**[F]; ~ coat (यंत्र०) **धारी**[F] **में लिपाई**[F]।

screeding –'डिंग् n. (यंत्र०) **एकसार करना; धारी**[F] **डालना**।

screen स्क्रीन्' १. n. **रक्षावरण**, (गर्मी[F], धूप[F], वर्षा[F] आदिसे बचानेके लिए लकड़ी[F] का हटाये जाने योग्य) आवरण, पर्दा, ओट[F], आड़[F], टट्टी[F] (*fire-~*); (भौ०, परि०) आवरण, (*~memory*), छादन, पट, यवनिका[F], परदा, घूँघट, ओट[F], आड़[F], कनात[F], चिक[F], चिलमन (*prepared the attack behind a ~ of trees*); (यंत्र०) **चालनी**[F]; (चि०) **प्रतिदीप्ति**[F] (*~ examination*) इनके द्वारा रक्षा[F] करने अथवा छिपानेका उपाय, रक्षा[F], रक्षा-स्थल, बचावकी तदबीर[F], गिरजाघरके चारों ओरकी सज्जित भित्ति[F], सजी हुई दीवार[F], गिरिजाघरके

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बाहरका अग्रभाग; लकड़ी[F] या पत्थरकी दीवार[F]; छलना, बड़ी छलनी[F] (जिससे कोयला छाना जाता है); सूचनापट्ट, नोटिसबोर्ड; चित्रपट्ट, सफेद पर्दा (जिसपर चलचित्रोंका प्रतिबिम्ब डाला जाता है); (बिजली[F], चुम्बक तथा अन्य ऐसी ही वस्तुओं[F]के प्रभावसे) बचानेवाला, शरीररक्षक; (क्रिकेट) किरमिच या लकड़ी[F]का परदा (जो विकेटकी सौध[F]में सीमा[F]के पास रखा जाता है ताकि बल्लेबाज गेंद[F]-को अच्छी तरह देख सकें); (फोटोग्रा०) झिल्ली[F], पार-दर्शक प्लेट, स्क्रीन; जाला, धुन्ध[F], कोहरे या धुएँका परदा (*under ~ of night*); २. v.t. आश्रय देना, शरण[F] देना, छिपाना, रक्षा[F] करना, बचाना, परदा डालना, ओट[F] या आड़[F] करना, ओझल करना, पनाह[F] देना; (कोयलेको) चलनी[F]से छानना; (ला०) (लोगोंको) स्थानान्तरित करना, हटाना; खोज[F] करना; तलाशी[F] लेना; (वायस्कोप या सिनेमाके पर्दे पर किसी दृश्य या वस्तु[F]को) प्रदर्शित करना, दिखाना; a cavalry ~ हरावल घुड़सवार; ~ wall (यंत्र०) **परदी दीवार**[F]; the ~ चित्रपट।

screened –ड़् a. प्रच्छन्न, (रसा०) गोपित (~ *indicators*); छना हुआ (~ *coal*)।

screening –निंग् n. अनुवीक्षण, पटेक्षण, एक्स-रे-प्रेक्षण (~ *examination*); (चि०) **पटक्षेप**, (भौ०, चि०) **आवरण; छानबीन**[F]; (रसा०) **मार्जन, गोपन;** चालन, **चालना,** (चि०, कृषि०) **छानना,** (~ *of rice*); (pl.) छान, छानस, छानने या चालनेसे निकला हुआ कूड़ा-करकट;

~ constant, ~ doublet, ~ examination.

screeve स्क्रीव् v.i. (ग्रा०) फर्शपर चित्रकारी[F] करना।

screever –'वॅर् n. कुट्टिम-चित्रकार, कुट्टिम-चितेरा, फर्श[F]पर चित्र बनानेवाला, प्रारम्भिक पत्र-लेखक, आर-म्भिक पत्रकार, नौसिखिया लिखाड़।

screw[1]* स्क्रू १. n. व्यावर्तन-कील, भ्रमि[F], (स्थितिवि०, रसा०, कृषि०) **पेंच***, स्क्रू; (~-*propeller* के अर्थमें भी) हवाई जहाज या पानीके जहाजकी पंखी[F] चलानेका पेंच; (~ *steamer* के अर्थमें भी) पेंच या पेंचोंसे चलने-वाला धूम्रपोत या स्टीमर; वक्र गति[F] या प्रवृत्ति[F], तिरछा घुमाव, टेढ़ा घुमावदार मोड़; पेंचका मोड़, मरोड़ी[F], फिराव, फेर (*give it another* ~); तम्बाकू[F] आदिका छोटा मरोड़ा हुआ कागज; वेतन या मजूरी[F]की रकम[F], पैसा; वज्रमुष्टि, कृपण, शोषक, उत्पीड़क, कंजूस, सूम, मक्खीचूस; २. v.t. & i. पेंच या पेंचोंसे बाँधना या कसना, तंग करना (*boards are ~ed down*); अधिक समर्थ और योग्य बनाना, अधिक कसा हुआ बनाना, कड़ा करना, पेंच घुमाना, पेंच फिराना, पेंचकी तरह मरोड़ना, स्क्रू मरोड़ना (*he, the management, wants ~ing up*); बलप्रयोग करना, अत्याचार करना, दमन करना, कठोरता[F] बरतना, कुचलना, दबाना, भींच देना, सहमति[F] लेनेके लिए विवश करना, दमनके साथ मत लेना, दबाव डालकर बात[F] पूछना; धन हड़पना, पैसा छीनना, बलपूर्वक रकम[F] छीनना; कृपण होना, कंजूस होना; आकार विकृत करना, छोटा करना, तोड़-मरोड़ देना, मरोड़ना, ऐंठना (~ one's *face*); (लुढ़कती हुई गेंद[F] या मनुष्यका) टेढ़ा-मेढ़ा रास्ता लेना, पथभ्रष्ट होना, भटकना, घूमना-फिरना; (पेंच सम्बन्धी) घूमना, फिरना (~ *stiffly, to the right*, etc.); female ~ भीतरी पेंच; ~driver भ्रमिचालक, (कृषि०, रसा०, यंत्र०) **पेंचकश**; ~-eye तागेके लिए छेद या सूराखवाला पेंच; ~-jack भ्रमि उत्थाप, दन्त-चिकित्सकका एक यन्त्र; पेंचीय उत्थापक; *a ~ too loose some-where* कुछ दाल[F]में काला है; *have a ~ loose* दिमाग खराब होना; *put the ~ on* पेंच कसना; दबाना; दबाव डालना, प्रयत्न करना;

~-bolt, ~ cap, ~-capped bottle, ~ clip, ~ conveyer, ~ coupling, ~-cutter, ~ cutting, ~-cutting lathe, ~ gauge, ~-head, ~ jack, ~-mark, ~-nail, ~ nut, ~ pile, ~ pine, ~ plate, ~ plug, ~ spanner, ~ stay, ~ thread, ~ top bottle, ~-valve, ~-wheel, ~ worm, ~-wrench.

screw[2] n. बेकार या निकम्मा घोड़ा, मरियल टट्टू, दुबला-पतला या बूढ़ा घोड़ा।

screwable स्क्रू'अॅबॅल् a. पेंच कसने योग्य, कसने लायक।

screwed स्क्रूड़् a. मदोन्मत्त, मत्त, मदमत्त, मदमस्त, मतवाला, धुत्त, पिये हुए, ढाले हुए; ~ plug (यंत्र०) **पेचदार प्लग**।

scriation स्क्रिअे'शॅन् n. (इति०) **कालानुक्रमण**।

scribacious स्क्राइबे'शॅस् a. लेखनप्रिय, लिखनेका शौकीन।

scribal –'बॅल् a. लिपिकीय, लिपिक-विषयक, लिपिकार-विषयक, लेखन-सम्बन्धी; मुंशीका, मुहर्रिरका, क्लर्कका; यहूदी न्यायरक्षक-सम्बन्धी।

scribble[1] स्क्रि'बॅल् १. n. अनवधानतापूर्ण लेखन, लापर-वाहीकी लिखाई[F], कुलेख, घसीट लेख; २. v.t. & i. अस्पष्ट लिखना, गिचपिच लिखना, ऊटपटाँग लिखना, घसीट लिखना, घसीटना, कुलेख लिखना; कलमघिसाई[F] करना; पत्रकार या ग्रन्थकार होना, (व्यंग्य या उपालम्भ-में) तुकबंदी[F] करना, लेखक होना।

scribble[2] v.t. (कपास[F], ऊनको) मोटे तौरपर धुनना, धुननेकी मशीन[F]से निकालना, मोटा सूत बनाना।

scribblement –मॅन्ट् n. (क०) अस्पष्ट लेख, लापर-वाही[F] और जल्दी[F]की लिखाई[F], गिचपिच लेख, घसीट लिखावट[F]।

scribbler[1] –लॅर् n. कुलेखक, घसीट लिखनेवाला, छोटा कवि या लेखक, तुकबन्द, तुकड़।

scribbler[2] n. धुनकनी[F], रुई[F] धुननेकी चरखी[F]।

scribblings –लिंग्ज़् n. (pl.) घसीट लेख; घटिया रचना[F]।

scribbly –लि a. कुलिखित, घसीट लिखा हुआ।

scribe स्क्राइब्' १. n. **लिपिक**, लिपिकार, **लेखक**,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिखनेवाला, मुंशी, मुहर्रिर, क्लर्क (*am no great ~*); (बाइ०) प्राचीन यहूदी लेख्य-रचयिता, ईसामसीहके समयका यहूदी धर्मशास्त्रज्ञ और न्यायज्ञ (व्यवहारशास्त्रज्ञ); (*~-awl* के अर्थमें) खरौंचीF, कलमF, लकड़ीF या ईंटोंF आदिपर रेखाएँF अंकित करनेका नुकीला औजार; २. v.t. नुकीले औजारसे चिह्न बनाना, रेखाF खींचना, निशान बनाना; अंकित करना, लिखना।

scriber –बॅर् n. चिह्न बनानेवाला, रेखाF खींचनेवाला।

scriggle[1] स्क्रि'गॅल् n. विसर्पण, रेंगना, ऐंठनF।

scriggle[2] v.t. रेंगना, ऐंठना।

scrim स्क्रिम्' n. पर्देके कपड़ोंमें अस्तरका कपड़ा, कतरनF, (*~ netting*)।

scrimmage, scru- स्क्रि'मिज्, स्क्रु- १. n. संघर्ष, अव्यवस्थित या विशृंखल युद्ध, झगड़ा, खींचातानीF, गुत्थमगुत्था, हाथापाईF, धर-पकड़F, छीना-झपटीF, उलझनF, लड़ाईF; कोलाहल, हंगामा, शोरगुल; (फुटबॉलके खेलमें फुटबालके बीचोबीच मैदानमें होनेपर आगे खेलनेवाले खिलाड़ियोंकी) छीना-झपटीF, धक्कामुक्कीF; २. v.t. & i. खींचातानीF करना, गुत्थमगुत्था होना, झगड़ेमें पड़ना, संघर्ष करना।

scrimp स्क्रिम्प्' १. v t. & i. कृपण होना, कंजूस होना, कंजूसीF करना, अल्प परिमाणमें देना, अनुदारताके साथ देना, तंग करना; कम करना, थोड़ा कर देना; सिकोड़ना; २, a. अल्प, थोड़ा; तंग।

scrimped ⊙–ट्' a. सीमित, संकुचित, न्यूनीकृत, कम किया हुआ; कृपण।

scrimpily –'पिलि adv. कदाचित्, कठिनताF से, मुश्किलF से।

scrimpiness –पिनिॅस n. कृपणताF, कंजूसीF, अल्पताF, थोड़ापन।

scrimpy –पि a. कृपण, कंजूस; कृपणतापूर्ण; अल्प, थोड़ा, कम।

scrimshank स्क्रिम्'शैन्क v. i. (सेना०, आ०) कर्त्तव्यसे भागना, उत्तरदायित्वसे कतराना, कामचोर होना, कामसे जी चुराना।

scrimshanker –कॅर् n. कर्त्तव्यसे भागनेवाला, उत्तरदायित्वको न निभानेवाला।

scrimshaw[1] स्क्रिम्'शॉ n. उत्कीर्ण शल्क, उत्कीर्ण हस्तिदन्त, नक्काशीदार हाथी-दाँत।

scrimshaw[2] v.t. & i. (हाथीदाँत इत्यादि) उत्कीर्ण करना, खोदना, नक्काशीF करना।

scrinium स्क्राइ'निअॅम् n. (pl. *-ia*) (पत्रा रखनेकी) नलकीF।

scrip[1] स्क्रिप्' n. (आ०) पुट, यात्रीका थैला, बस्ता, तीर्थयात्रीका खीसा या खलीता; भिखारीकी झोलीF।

scrip[2] n. (का०) **पर्णक**; लेख्य; बैंक आदिमें दिये हुए रुपयोंका प्रमाणपत्र; (वाणि०, अर्थ०) **पावती-पत्र**, कच्ची रसीदF, चिट्ठीF, परचीF, (*~ dividend*), रुक्का, चिट।

script स्क्रिप्ट्' n. **लिपिF**, हस्तलिपिF, हस्तलेख, लेख (*~ writer*); लिखित अक्षर, वर्णमालाF, लिखावटF; (*~-type*) हस्तलिपि-सदृश मुद्रित अक्षर, अंकन या टाइपमें हस्तलिपिF का अनुकरण, हाथकी लिखाईF की नकलF; (क़ानून) मूललेख; मूलप्रलेख, असल दस्तावेजF; परीक्षार्थीका लिखित प्रश्नोत्तर, उत्तर-पुस्तिकाF; चलचित्र-नाट्य, या फिल्मी नाटककी टंकित लिपिF, टाइप की हुई प्रतिF; रेडियोप्रसारकके भाषण अथवा वार्ताF का पाठ, लेख, निबन्ध।

script. scripture.

scripted –'टिॅड् a. लिखित।

scriptorium –टॉ'रिॲम् n. (pl. *-s, -ia*) ईसाई-मठमें अलग लेखनकक्ष, लिखनेका कमरा।

scriptory –'टॅरि a. लेख द्वारा, लिखनेका, लिखकर, लिखित, लेख्य, लिखनेसे सम्बन्धित।

scriptural स्क्रिप'चुरॅल् a. धार्मिक, धर्मग्रंथ-सम्बन्धी; शास्त्र-सम्मत, शास्त्रसिद्ध, शास्त्रोक्त, वेदविहित।

scripturalism –लिज़्म् n. बाइबिलवाद; बाइबिलF के सिद्धान्तोंपर आधृत मत, धार्मिक ग्रन्थ-वाद।

scripturalist –लिस्ट् n. श्रुतिविज्ञ, बाइबिलF के सिद्धान्तोंका समर्थक या पोषक, बाइबिलवादी, इंजीलपरस्त।

scripturalness –ल्-निॅस् n. बाइबिलF की सैद्धान्तिकताF, श्रुतिF।

scripture –'च्युॲर् n. बाइबिलF का पाठ (*a ~ text*); बाइबिलF, इंजीलF (प्रायः बिना आर्टिकलके *Holy S~*); वेद, कुरआन, शास्त्र, धर्मग्रन्थ, शास्त्र, धार्मिक पोथीF, मजहबी किताबF; (प्रा०) उत्कीर्ण लेख, खुदा हुआ लेख; खुदाईF; *~-reader* (निर्धनोंके घरोंमें) बाइबिलF का पाठ करनेवाला, बाइबिलपाठी, इंजीलपाठी।

scripturist ⊙–'चुरिस्ट n. धर्मग्रन्थ-विज्ञ, धर्मशास्त्रज्ञ।

scrivello स्क्रिवैलो॑ n. (२० पौण्डसे कम भारका) हस्तिदन्त, छोटा हाथीदाँत।

scrivener स्क्रि'वॅनॅर् n. लिपिक, लेखक, प्रलेखका प्रारूप-लिपिकार, लेखक या प्रारूप-निर्माता, लेख्य प्रारूपकार, प्रलेख प्रमाणक, लेख्य प्रमाणक, विपत्रालोकी, दस्तावेजोंका मसविदा तैयार करनेवाला या लिखनेवाला; ऋणदाता, साहूकार, महाजन, दलाल; *~'s palsy* लेखकका पक्षाघात (कमरF दोहरी हो जानेके कारण वह लिखनेके योग्य नहीं रह जाता है)।

scrivening –निंग् n. लेखन, लिखना, लिखावटF, दस्तावेजF लिखाईF।

scrobiculate, -ated स्क्रॅबि'क्यूलॅट्, -अॅटिॅड् aa. गर्तिल, गर्तमय, गर्तयुक्त, खड्ढदार, गड्ढेदार।

scrofula स्क्रॉफ्यूलॅ n. कण्ठमालाF, गण्डमालाF, गलसुआ रोग, अपच।

scrofulosis –लोसिस् n. कण्ठमालाF, गण्डमालाकी प्रवृत्तिF।

scrofulous –'फ्यूलॅस् a. कण्ठमालाF से रुग्ण, गण्डमालाF से पीड़ित; गण्डमाला-सम्बन्धी।

scrofulousness –निॅस् n. गण्डमालाF की अवस्थाF, कण्ठमालाF की शिकायतF।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

scrog स्क्रॉग् n. लघुझुपा^{F}, छोटी झाड़ी^{F}।

scroll स्क्रोल् १. n. सूची^{F}, तालिका^{F}, फिहरिस्त^F; पट्ट, दीर्घपट्ट, वर्ति-लेख, लपेटा हुआ चर्मपत्र, लपेटा हुआ कागज, कागजका मुट्ठा, (चि०) मुगर, (*~moulding*), पुराने लपेटे हुए ढंगकी पुस्तक^F या प्रति^{F}, इस रूपमें प्राचीन ग्रन्थ; शिल्पचातुर्य, आलंकारिक डिजाइन^F, बेल-बूटे, नकशा; कुण्डलकर्म, घुमावदार या बहती धार^F जैसी रेखाओंवाला लकड़ी^{F} या पत्थरपर बेलबूटेका काम; २. v.t. & i. कुण्डलित होना या लिपटना, कागजकी भाँति कुण्डलित करना या लपेटना, गोल करके बाँधना; बेलबूटे काढ़ना या बनाना, बेलबूटोंसे सजाना; ~ sawing ⊙ छिद्रोंसे बना कटावदार काम; ~ step कुण्डल पैड़ी^{F}; ~-work कटावदार काम, बेलबूटे, (इति०) **मरगोल**।

scroop स्क्रूप् n. & v.i. कर्कश ध्वनि^{F} (करना), कोलाहल (करना), कानोंको बुरा लगनेवाला शोर (करना)।

scrotal स्क्रो'टॅल् a. मुष्कीय, अण्डकोषीय; अण्डकोष-विषयक, फोता-सम्बन्धी, पेलर-सम्बन्धी, पेल्हड़वाला, अण्ड युग्मका; ~ sac (जीव०) **वृषण कोष**।

scrotiform स्क्रो'टिफॉर्म् a. मुष्काकृति, अण्डकोषाकृति, फोता-सदृश, पेलर-सदृश, पेल्हड़ जैसा, अण्डयुग-जैसा, थैली-जैसा।

scrotitis स्क्रोटाइ'टिस् n. (चि०) मुष्ककोषशोथ, अण्ड-कोषशोथ।

scrotocele स्क्रो'टॅसील् n. मुष्कवृद्धि^{F}, अण्डवृद्धि^{F}, फोतेमें आँत^F उतरना।

scrotum स्क्रो'टॅम् n. (pl. -*a*) (जीव०) **वृषण कोष**, (चि०) **अण्डकोष**, मुष्क, फोता, पेलर, पेल्हड़, अण्डयुगल, थैली^{F}, स्क्रोटम।

scrouge, scrowdge, scrooge स्क्राउज', ⊙ स्क्रॉउज', ⊙ स्क्रूज़् vv. i. & t. मर्दन करना, मसलना, निचोड़ना, दबाना; एकत्र होना, भीड़^{F} लगाना, इकट्ठा होना।

scrounge स्क्राउन्ज' v.t. & i. (ग्रा०) स्वामित्व प्राप्त करना, वस्तुओं^{F}पर अधिकार कर लेना, मालिक बन बैठना; दूसरेकी वस्तु^{F} उड़ा लेना, मार लेना, गबन करना, खा-पी जाना, हड़पना, दबा बैठना; चुराकर या बरबस अधिकार करके ले लेना; शिकार करना; हथियाना, ठगना, ऐंठना।

scrounger –'जॅर् n. अधिकार करनेवाला, मालिक बन बैठनेवाला; ठग, चोर, लुटेरा, हड़पनेवाला, हथियानेवाला, गबन करनेवाला, खाऊ।

scrow स्क्रो', स्क्राउ' n. (लपेटा हुआ) चर्मपत्र, कागज; लेख, लिखावट^F; चमड़ेकी कतरन^F; दे० SCROLL.

scroyle स्क्रॉयॅल्' n. शठ व्यक्ति, अधम पुरुष, नीच व्यक्ति, मूर्ख व्यक्ति, अशिष्ट व्यक्ति, गँवार आदमी।

scrub[1] स्क्रब्' n. घास-पात^F, घास-फूस^F, झाड़ी^{F}, झाड़-झंखाड़; छोटे सीधे खड़े बालोंवाली मूँछें^{F} या ब्रुश; नीच, क्षुद्र या नगण्य व्यक्ति, तुच्छ मनुष्य, **निकम्मा**, बेकारका जानवर या बेकामका पौधा; ~ and thorn (ग्रा० भू०) झाड़-झंखाड़; ~ jungle (ग्रा० भू०) झाड़दार जंगल।

scrub[2] १. n. अमेरिकाका छोटे बल्ले और गेंद^{F}का खेल (*base-ball*, जिसमें कुछ खिलाड़ी नियत संख्या^{F}से कम हों). (अमेरिकामें, बोल०) फालतू खिलाड़ी (जो किसी नियमित टोली^{F}का सदस्य न हो); द्वितीय या हलकी टोली^{F}, दूसरी या कमजोर टीम^F; मार्जन, मर्दन, उद्धावन, सफाई^F, घिसाई^F, मँजाई^F, रगड़न^F, झाड़न^F, झाड़ू^{F} (*give it, he wants, a good ~*); २. v.t. & i. माँजना, मलना, घिसना, रगड़ना, छाँटना; झाड़ू देना, झाड़ना, ब्रुश काममें लाना, ब्रुश करना (*would rather ~ for my living*); कोयलेकी गैस^{F}से गन्दे तत्त्वोंको बाहर कर देना, निकाल लेना, खींच लेना;

~ forest, ~ jungle, ~ pine, ~-warbler.

scrubber –'बॅर् n. रगड़नेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; (कृषि०) **भ्रंशक**; रगड़नेका कड़ा ब्रुश; उद्धावक, (रसा०) **मार्जक**; गैस^F शुद्धिकारक यन्त्र, कोयला-गैस^{F}को शुद्ध करनेका यन्त्र-विशेष, गैस^F निकालनेका यन्त्र-विशेष, T.

scrubbiness स्क्र'बिनॅस् n. निकृष्टता^{F}, क्षुद्रता^{F}, तुच्छता^{F}, हीनता^{F}; अवरुद्ध वृद्धि^{F}, गतिरोध, रुकाव, थमाव।

scrubbing स्क्र'बिंग् n. उद्धावन, मार्जन, मलना, सफाई^F, छाँटन^F, झाड़न^F, रगड़न^F; गैस^{F}के तत्त्वोंका निष्कासन; ~ brush उद्धावनकूर्च।

scrubby स्क्र'बि a. निकृष्ट, क्षुद्र, तुच्छ, हीन; अवरुद्ध (वृद्धि^{F}), प्रतिहत (वृद्धि^{F}), रुद्धविकास, नाटा।

scruff स्क्रफ़् n. गुद्दी, गर्दन^{F}का पिछला भाग (*take by the ~ of the neck*)।

scruffy –फ़ि a. स्तर-सदृश, स्तरवत्, परत-जैसा, पपड़ी-दार।

scrum[1] स्क्रम् n. **मल, मटिया**।

scrum[2], **scrummage**[1] स्क्रम्', स्क्र'मिज् n. खींचा-तानी^{F}; गुत्थमगुत्था, धींगाधुद्दी^{F}, हाथापायी^{F} (विशे० फुटबालमें)।

scrum[3], **scrummage**[2] v.t. खींचा-तानी^{F} करना, गुत्थमगुत्था होना, हाथापायी^{F} करना, झगड़ा करना।

scrumptious स्क्रम्प्'शॅस् a. (ग्रा०) सुखप्रद, उत्कृष्ट, उत्तम, स्वादिष्ट; आनन्ददायक, सर्वोत्तम, सबसे अच्छा, बढ़िया, स्वादु, मजेदार।

scruple स्क्रू'पॅल् १. n. (आचरण या किसी आचरणके सम्बन्धमें नैतिकता^{F} या औचित्यके आधारपर) शंका, (दर्श०) **संकोच, आशंका**^{F}, दुविधा^{F}, संशय, विकल्प, विवेकपूर्ण आपत्ति^{F}, नैतिक आपत्ति^{F}, धर्मसंकट, ननुनच, सदाचार-सम्बन्धी प्रश्न, सन्देह या हिचकिचाहट^F, झिझक^F, (*make no ~ to do*); बहुत ही अल्प परिमाण, बहुत ही थोड़ा वजन; प्रमाप, बीस ग्रेनकी तौल^F-विशेष; २. v.t. & i. नैतिक संकोच होना, ननुनच करना, दुविधा^{F}में पड़ना, धर्मसंकटका अनुभव होना, सन्देह करना, हिचकिचाहट^F होना, हिचकिचाना, शकमें पड़ना, (क०); संकोच या दुविधा^{F}के कारण विघ्न पड़ना, बाधा^{F} पड़ना, रोकना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रुकना, रुक जाना (किसी कामको करनेसे *would ~ lying or a lie*); दुविधा[F] या संकोच आदिके कारण करनेमें संकल्प-विकल्प करना, झिझकना, हिचकना (*does not ~ to say*)।

scrupulosity स्क्रूप्यूलॉ'सिटि n. दुविधा[F], सन्देह, शंका[F], वहम; अतिशय सावधानी[F], आवश्यकता[F]से अधिक सतर्कता[F], चौकन्नापन।

scrupulous –'प्यूलॅस् a. अतिसूक्ष्म-दृष्टि, सूक्ष्मदर्शी, सूक्ष्म; अति सतर्क, पूर्ण सावधान, धर्मशील, आचारशील, विवेकशील, विवेकी, धर्मभीरु, सूक्ष्माचारी; अत्युपचारी, धार्मिक, सरलताप्रिय, नियमनिष्ठ, आचारनिष्ठ, सरल, ऋजु, बहुत ही सीधा-सादा, हर बातपर बारीकी[F]से ध्यान देनेवाला (*~ persons*); अत्यधिक संशयशील, संशयी, आशंकित, शंकाशील, सशंक, सन्देही, शक्की; परम, अति, अत्यन्त, अधिक (*~ cleanliness, respect*)।

scrupulousness –निॅस् n. आचारनिष्ठा[F], नियमनिष्ठा[F], आचारशीलता[F], धर्मभीरुता[F]; संकोच, शंकाशीलता[F]; विवेकपूर्णता[F]; सरलता[F], सिधाई[F]; याथातथ्य, सचाई[F]।

scrutable स्क्रू'टॅबॅल् a. शोध्य, शोधनीय, परीक्ष्य, निरीक्ष्य।

scrutator स्क्रू'टे'टॅर् n. शोधक, अनुसन्धाता, अनुसन्धानकर्त्ता, जाँच करनेवाला, निपुण निरीक्षक, सूक्ष्म परीक्षक; मतपत्र-परीक्षक।

scrutatory ⊙ –'टॅटॅरि a. अन्वेषी, खोजी, खोज[F] करनेवाला।

scrutin स्क्रू'टिन् (F) n. विरोधी मत-दान-पद्धतियाँ[F]।

scrutineer स्क्रू'टिनीॲर्' n. (अर्थ०) **संवीक्षक**, परिनिरीक्षक, सूक्ष्म-निरूपक, मतपत्र-परीक्षक, बैलटपेपरोंकी जाँच[F] करनेवाला।

scrutinize –'टिनाइज् v.t. **संवीक्षण करना**, सूक्ष्मेक्षण करना, परिनिरीक्षा[F] करना, सूक्ष्म परीक्षा[F] करना, सूक्ष्म परीक्षण करना, निरीक्षण करना, ध्यानसे देखना, छानबीन[F] करना, जाँच[F] करना, गौरसे देखना।

scrutinizer –ॲर् n. परिनिरीक्षक, सूक्ष्म परीक्षक, छानबीन[F] करनेवाला, जाँचनेवाला, खोजनेवाला, गौरसे देखनेवाला।

scrutiny –नि n. परिनिरीक्षण, संपरीक्षण, समीक्षण, **संवीक्षा**[F], निरूपण, परिदर्शन, शोध, सूक्ष्म अनुसन्धान, सूक्ष्म परीक्षण, संनिरीक्षा[F], निरीक्षण, तीक्ष्ण दृष्टि[F], देखभाल[F], **छानबीन**[F], परख[F], सरकारी परीक्षण, सरकारी जाँच[F] (*demand a ~*)।

scry स्क्राइ' v. i. (प्रा०) निरीक्षण करना; (मणिभनिरीक्षणमें) मणिभका प्रयोग करना।

scryer –'ॲर् n. मणिभनिरीक्षणमें मणिभका प्रयोगकर्त्ता, मणिभसे देखनेवाला।

S.C.S.T. Second Clerk Sales Tax.

S.C.U.A. Suez Canal Users' Association.

seltzer से॑ल्ट्'ज़ॅर् n. (~ *water* भी; जर्मनीके *Seters* नामक स्थानसे प्राप्त औषधिरूप) खनिजमिश्रित, फेनायमान जल-विशेष; ऐसा ही बनावटी जल, सोडावाटर।

seltzogene से॑ल्ट्'ज़ॅजीन् n. सेल्जोजीन, (सोडावाटरमें मिलानेकी एक गैस[F])।

selva ⊙ से॑ल्'वॅ (प्रा० भू०) **भूमध्यरेखीय सघन वन**, T.

selvage, -edge से॑ल्'विज्, -इज् n. वस्त्रप्रान्त, किनारा, कोर[F], पल्ला; तालेके किनारेकी पत्ती[F]।

selvaged –ड् a. वस्त्रप्रान्तयुक्त, किनारेदार, कोरदार, पल्लेदार।

selvagee –वॅजी' n. रस्सी[F]के सूनी धागोंका लच्छा।

selvedge –'विज् n. दे० =SELVAGE.

selvedged –ड् a. वर्धित वसनप्रान्तयुक्त, बुने हुए किनारे या पल्लेवाला।

selves से॑ल्वज़् SELF का बहुव०।

Sem. Semicolon; Seminary; Semitic.

semanteme ⊙ सी'मॅन्टीम् n. अर्थतत्त्व।

semantic सिॅमैन्'टिक् a. अर्थ-विषयक, शब्दार्थ-सम्बन्धी; ~ change अर्थविकार।

semantics –क्स् n. pl. शब्दार्थिकी[F], शब्दार्थ-विज्ञान, शब्दार्थशास्त्र, अर्थविचार।

semaphore से॑'मॅफ़ोॲर् १. n. (रेल०) **इंगक**, संकेतयन्त्र, संकेत-बाहु, (परि०) **बाहु-संकेत**, सूचना-यन्त्र, रेलवे[F]का सिगनल (जिसमें लालटेनें[F] रखी जाती हैं); दो झण्डियों[F] या दो हाथोंके द्वारा सेना[F]के संकेत, फौजी सिगनल; (नौवि०) **जहाजी सिगनल उपकरण**; २. v.t. & i. संकेतसे समाचार भेजना, झण्डी[F] या हाथों या रेलवे[F]के खम्भोंसे संकेत देना, सिगनल देना; ~ arm (रेल०) **इंगक भुज**, संकेत बाहु; ~ type **इंगक प्रकार**।

semaphoric –फ़ॉ'रिक् a. संकेतयन्त्र-सम्बन्धी, संकेत द्वारा समाचार भेजनेवाले यन्त्रसे सम्बन्धित, सिगनल-सम्बन्धी।

semasiological सीमे(मै)सिॲलॉ'जिकॅल् a. शब्दार्थिकी, शब्दार्थिकी-विषयक, शब्दार्थशास्त्र-सम्बन्धी, शब्दार्थ वैज्ञानिक।

semasiology –ऑ'लॅजि n. (शिक्षा०) **शब्दार्थ-विज्ञान**; =SEMANTICS.

sematic सिॅमै'टिक् a. सार्थ, अर्थ-द्योतक; भय-सूचक, खतरेका; ~ colour (जीव०) **बोधक वर्णरूप**।

sematography से॑मॅटॉ'ग्रॅफि n. (अक्षरोंकी जगह[F]) चिह्न-प्रयोग।

semblable से॑म्'ब्लॅबॅल् a. प्रतीयमान, दृश्यमान, बाह्यरूपयुक्त, दिखाई पड़ने योग्य; सदृश, सादृश्यपूर्ण, अनुरूपतायुक्त, तुल्य, समान, मिलता-जुलता, एक-सा।

semblance –ब्लॅन्स् n. रूप, स्वरूप, बाह्य रूप, आकार, आकृति[F], शक्ल[F] (*put on a ~ of anger*); सादृश्य, अनुरूपता[F], आनुरूप्य, एकरूपता[F], औपम्य, तुल्यता[F], समानता[F]; आभा[F], (शिक्षा०) **झलक**[F], **आभास**।

semblant –न्ट् a. आपाततः प्रतीयमान, दृश्यमान, बाह्य; सदृश, अनुरूप, मिलता-जुलता।

semble से॑म्'बॅल् v.t. एकत्र करना, इकट्ठा करना; मालूम पड़ना।

semeiography सीमाइऑ'ग्रॅफि n. (वैद्य०) रोग-लक्षण विवरण।

semeiological –ऑलॉ'जिकॅल् a. निदानशास्त्रीय, लक्षण-विज्ञान-विषयक, लक्षण-शास्त्र-विषयक, रोग-लक्षण-विद्या-सम्बन्धी, रोग-लक्षण-विषयक।

semeiology –ऑ'लॅजि n. लक्षण-विज्ञान, निदान-शास्त्र, रोगलक्षण-विद्या[F], लाक्षणिकी[F]।

semeiotic –'टिक् a. लक्षण-विषयक, रोग-लक्षण-सम्बन्धी।

semeiotics –क्स् n. लक्षण-विज्ञान, लक्षण-शास्त्र, निदान, रोग-लक्षण-विद्या[F], नाड़ी-विद्या[F]।

semen सी'मे न् n. (नर पशुओंका) (कृषि०, चि०)

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शुक्र, रेत, वीर्य, बीज, मनी, पानी, धातु[F]।

semester सिमेस्'टर् n. (जर्मन तथा अमेरिकी विश्वविद्यालयोंमें) अर्द्धवार्षिक पाठ्यक्रम या सत्र; पर्व; आधा वर्ष ⊙।

semestral –ट्रल् a. अर्द्धवार्षिक, षाण्मासिक।

semi- अर्द्ध- (*~ absorbant, ~ barbarian, ~circle, ~civilized, ~-dome, ~-double, ~-fluid, ~-fused, ~ infidel, ~-infinite, ~precious, ~-tropical, ~-weekly*); अपूर्ण (*~-carbide, ~-crystalline, ~-grout*)।

semi-annual सेमि-ऐन्'न्यूअल् a. अर्धवार्षिक, छमाही, आधे सालका।

semi-arid –ऐरिड् a. **अर्धशुष्क** (*~ area*)।

semi-automatic –ऑटमैटिक a. **अर्ध-स्वचल**; ~ gear, ~ signal, ~ signalling.

semi-autonomous –ऑनॅमस् a. (का०) **सामि-स्वायत्त**, अर्ध-स्वायत्त।

semi-axis –ऐक्'सिस् n. अर्धाक्ष।

semi-barbarism –बार्'बरिज्म् n. अर्ध-सभ्यता[F], अर्धबर्बरता[F], आधा जंगलीपन।

semi-breve –ब्रीव् n. अर्ध स्वर, प्लुत स्वर, दीर्घतम स्वर।

semi-chorus –कोरॅस् n. अर्धसमवेत गायन-मण्डली[F], अर्ध-गायकवृन्द; अर्धसमवेत पद।

semi-circle –सर्'कॅल् n. अर्धवर्तुल, (ग०) **अर्धवृत्त**, अर्धपरिधि[F], वृत्तार्ध, चक्रार्ध, अर्धमण्डल, आधा दायरा।

semi-circular –क्यूलॅर् १, a. अर्धवर्तुल, **अर्धवृत्ताकार, अर्धगोल** (*~ arch*); अधगोल; २. n. अर्धवृत्ताकार पदार्थ; कोणमापक यन्त्र, कोण नापनेका यन्त्र; ~ arch, ~ canal, ~ duct, ~ section.

semi-colon –कोलन् n. अर्धविरामचिह्न (;)।

semi-conical –कॉनिकॅल् a. अर्धशंकाकार।

semi-conjugate –कॅन्'जुगॅट् a. अर्धानुबद्ध, अर्ध-संयुक्त; (ग० भी) अर्धसंयुगी।

semi-conscious –कॉन्'शॅस् a. अर्धचेतन, आधा होशमें।

semi-cylinder –सिलिन्डॅर् n. अर्धरम्भ, अर्धबेलन, आधा सिलिण्डर।

semi-demiquaver –डेमिक्वेवॅर् n. अर्धसंवेग, स्वरस्पन्दन, अर्ध-स्वरकम्पन, अर्धसंगीतस्वर।

semi-detached –डिटैच्ड् a. एक ही दीवार[F]से अलग (घर); केवल एक ही ओर दूसरे घरसे संयुक्त या मिला हुआ (घर)।

semi-diurnal –डाइअर्'नॅल् a. अर्धदैनिक (*~tide*)।

semi-final –फाइ'नॅल् a. अपांत्य, अन्तिमसे ठीक पूर्व का (खेल या मैच), सेमी फाइनल।

semi-humid –ह्यूमिड् a. अर्धार्द्रित, आधा सीला।

semi-lunar –ह्यूनॅर् a.(चि०)अर्धचन्द्राभ-,**अर्द्धचन्द्र-**, अर्द्धचन्द्रकार, आधे चाँद-सा; ~ bone, ~ cartilage, ~ membrane, ~ notch, ~ valve.

semi-membranosus ⊙ –मेम्ब्रनो'सॅस् n. (चि०) **कलाकल्पा**[F]।

seminal सी(सें)'मिनॅल् a. प्रजनन-विषयक, प्रजननीय, प्रजनन-सम्बन्धी, सन्तति-उत्पत्ति-सम्बन्धी, सन्तानोत्पादन-सम्बन्धी, वंशवृद्धि सम्बन्धी; रैतस, (चि०, जी०) **शुक्र-, शुक्रीय**, वीर्य या बीज-सम्बन्धी, अंकुरीय, वैजिक (*~ funnel*); मौलिक, प्राथमिक, आदिम; ~fluid शुक्र, वीर्य, रज, तेज, मनी, धातु[F]; ~ principles गर्भाधानके सिद्धान्त, गर्भधारणके नियम; ~ vesicle (चि०, जीव०) **शुक्राशय**; *in the ~ state* प्राथमिक, प्रारम्भिक, मौलिक, आदिम; अविकसित।

seminality –नै'लिटि n. प्रजनन, प्रजननसिद्धान्त; बीजस्थिति[F], जीवस्थिति[F], बीजावस्था[F], बीजारोपण।

seminar से'मिनार् n. कक्षावर्ग; संगोष्ठी[F], अध्ययन गोष्ठी[F], (शिक्षा०) **विचारगोष्ठी[F], सेमिनार**।

seminarist –नॅरिस्ट् n. शिक्षार्थी, अध्ययनार्थी, विद्यार्थी।

seminary –रि n. बीजारोपण-स्थल; पाठशाला[F], विद्यालय, विद्यामन्दिर; शिक्षणालय, शिक्षणस्थल, अध्ययन-शाला[F], सेमिनरी[F], धर्मप्रशिक्षालय, पादरी विद्यालय।

seminate v.t. (चि०) गर्भाशयमें वीर्य भरना; बीजारोपण करना, बोना, बीज डालना।

semination सी(सें)मिनेशॅन् n. (चि०) वीर्यरोपण; योनि या गर्भाशयमें वीर्य सेचन; (वन०) वपनपद्धति[F], बीजारोपण क्रिया[F], बीज बोनेका ढंग, बुआई[F]का तरीका; विस्तार।

seminiferous सीमिनि'फ़ॅरॅस् a. (चि०) **शुक्रजनक**, शुक्रवाहक, वीर्यधारी; बीजयुक्त, बीजघर।

seminific –'फ़िक a. बीजी, बीजोत्पादी।

semi-normal सेमि-नॉर्'मॅल् a. अर्ध-ऋजु, अर्ध-प्रकृत।

semi-occasionally ⊙ –ॲकेजॅनॅलि adv. कभी एकाध बार।

semi-official –ॲफ़ि'शल् a. अर्धशासकीय, **अर्ध-सरकारी**।

semiology –सीमाइ(मि)ऑ'लॅजि n. =SEMEIOLOGY.

semi-parasite, -tic सेमि-पै'रॅसाइट्-, -टिक् aa. अर्धपरजीवी।

semi-polar –पो'लॅर् a. (वि०, रसा०) **अर्धध्रुवीय**, (*~ bond*)।

semi-quaver –क्वे'वॅर् n.(सगी०) अर्धसंवेगस्वरस्पन्दन, अर्धस्वरकम्पन, अर्धसंगीतस्वर।

semi-rigid –रिजिड् a. अर्धनाम्य, अर्ध कठोर।

semitendinosus ⊙ –टेन्डिनो'सॅस् n. (चि०) कण्डराकल्पा[F]।

Semitic –टिक् a. (n. भी) सामवंशोत्पन्न, सामी, अरब-यहूदी, सैमाइट सम्बन्धी; सामी भाषा[F], सैमिटिक भाषा[F]।

Semitism सी(से)'माइटिज्म् n. सामीवाद, सामीपन;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाषाᶠमें सामी प्रयोग; सामी जातिᶠके प्रति पक्षपात।

Semitist –टिस्ट् n. सामी भाषा साहित्यका विद्वान्, सामीवादी।

Semitize –टाइज़ v.t. सामीᶠ रूप देना, सामीᶠ बनाना, सैमिटिक या सैमाइट रंगमें रँगना।

semi-tone सेॅमि-टोन् n. (संगीत०) लघु विराम, अर्धस्वर, अर्धतान, मध्यमसुर, (भौ०) **अर्धटोन**।

semi-transparent सेॅमि-ट्रैन्स्पेअॅरॅन्ट् a. अर्द्धपारदर्शक, अर्द्धस्वच्छ।

semi-vowel से मि'वॅ'विॅल् n. अन्तस्थ, अर्द्धस्वर।

semmit सेॅ'मिट् n. बण्डीᶠ, बनियानᶠ।

semnopithecus सेॅम्नॅपिथॅ'कॅस् n. (जीववि०) हनुमान प्रजाति, लांगूली बन्दर।

semolina, semola सेॅमॅली'नॅ,सेॅ'मॅलॅ nn. भूसीᶠ, चोकर; दलिया, (चि०) **सूजी**ᶠ, रवा, थुलीᶠ।

semper idem (L) a. सर्वदा वही।

semper paratus (L) सर्वदा प्रस्तुत, सदा तत्पर।

sempervirent सेॅम्पॅर्वाइ'रॅण्ट् a. सदाहरित, सदाबहार, नित हरा।

sempiternal सेॅम्पिटर्'नॅल् a. (भाषण०) सतत, अनन्त, अन्तहीन, चिरन्तन, चिरस्थायी, शाश्वत, नित्य।

sempiternity –'निटि n. सातत्य, अनन्तकाल, शाश्वतताᶠ।

semplice सेॅम्'प्लिचे :adv. साधारणतया, सादगीसे।

sempstress सेॅम्प्'स्ट्रिस् n. सीविकाᶠ, दर्जिनᶠ।

sen. senator; senior.

sen सेॅन्' n. सेन, (जापानी पैसा)।

senary सी'नॅरि a. षट्संख्यक, षडात्मक, षण्मय, छः के क्रमके आधारपर, छःका, छः-छः करके।

senate सेॅ'नॅट् n. (भाषण०) व्यवस्थापिका सभाᶠ, विधानसभाᶠ, धारासभाᶠ या उसके सदस्य या उसकी कार्यवाहीᶠ, (अनेक देशोंमें विधानसभाᶠका अल्पसंख्यक) उच्चतर सदन, राजसभाᶠ, अनुपद्ᶠ, अधिसभाᶠ, वृद्धसभाᶠ, बड़ी सभा, **सीनेट**ᶠ; प्राचीन रोमन गणतन्त्र और साम्राज्यकी राज्यपरिषद्ᶠ;(कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय तथा अन्य संस्थाओंकी)प्रबन्ध-समितिᶠ,प्रशासन-समितिᶠ; S ~-house अनुषद् भवन, सभागृह, सीनेट भवन, सीनेट हाउस।

senator –टॅर् n. आनुपद, सभासद, (राज०) **सीनेट सदस्य**, सीनेटका मेम्बर; अधिसभ्य; सलाहकार,T.

senatorial –टॉ'रिॲल् a. आनुषद या अनुपद् विषयक, प्रशासन समितिᶠका, सचिव या सभा-सम्बन्धी, सीनेट-सम्बन्धी, सीनेट-सदस्य-सम्बन्धी; आधिसभ्य।

senatorship –नॅटॅर्-शिप् n. आनुपद्का पद, राज समितिᶠ या सभाᶠके मेम्बरका कार्य, सीनेटकी सदस्यताᶠ।

senatrix, -tress –ट्रिक्स्, -ट्रिॅस् n. अधिसभ्याᶠ, सीनेट सदस्याᶠ।

senatus सिॅने'टॅस् n. (विशे० स्काटलैण्डमें) विश्वविद्यालय-व्यवस्थापिका सभाᶠ।

send[1]* सेॅन्ड् v.t. & i. (~ *sent*) प्रेषित करना, भेजना*, पहुँचाना, पठाना, विदाᶠ करना, रवाना करना (~ *message*); चालित करना, चलाना, दौड़ाना, आगे बढ़ाना, धकेलना, ठेलना; हिलाना, चालू करना (~ *bullet*); (विधाता, ईश्वर या दैवके सम्बन्धमें) घटित करना, घटित होने देना, ऐसा-ऐसा कराना, डालना, करवाना; (~ *rain*); दण्ड देना, सजाᶠ देना; प्रदान करना; पत्र या संवाद प्रेषित करना, समाचार, चिट्ठीᶠ या खबरᶠ भेजना, पत्र पठाना (~ *t to warn me*); उन्मत्त या दीवाना कर देना, पागल या सनकी बना देना; पदच्युत या कार्यच्युत करना, बलपूर्वक कामसे हटाना, कार्यमुक्त करना, निकाल बाहर करना, नाम काट देना, खारिज करना (*sent him away*); ~-off विदाᶠ, विदाईᶠ; विदाईᶠके समयका बन्धुभाव-प्रदर्शन; आरम्भ, (किसी पुस्तकᶠका प्रशंसात्मक) आमुख; ~ *down* विश्वविद्यालयसे दण्डरूपमें विद्यार्थीको निकाल देना, नाम निकाल देना, नाम काट देना; ~ *for him* आमन्त्रण भेजना, बुलावा भेजना, बुला भेजना, बुलाना; ~ *for the book* पुस्तकᶠ मँगाना, मँगा भेजना, आर्डर देना; ~ *in*, ~ *up* अपने नामसे किसी प्रदर्शनीᶠ आदिमें कोई वस्तुᶠ भेजना, प्रविष्ट करना; किसी प्रतियोगिताᶠमें अपना नाम लिखाना, अपना नाम भेजना; ~ *off letter, parcel* पत्र या पारसल प्रेषित करना, डाकᶠमें भेजना, चलता करना; ~ *off* person विदाᶠ करना, विदाईᶠ देना, भेजना; किसीके प्रस्थानके समय उपस्थित रहना; ~ *word* सन्देश प्रेषित करना; सन्देश भेजना, समाचार देना।

send[2], **sc-**'–स् १- n. किसी उतरती लहरᶠका वेग, धक्का, झोंका, बहाव (~ *of the sea*); जहाजका डूबना, गोता, उलटाव; २. v.t. डूबना, गोता खाना, उलटना (इस लहरᶠके उतारके कारण)।

sendal सेॅन्'डॅल् n. मध्ययुगीन रेशमी वस्त्र (जो राजसी पोशाकोंᶠ आदिके काम आता था), सेंडल।

sender सेॅन्'डॅर् n. प्रेषक, **प्रेषी, भेजनेवाला**, आगे बढ़ानेवाला; समाचार या संवाद भेजनेवाला; विदाᶠ करनेवाला।

sending –डिंग् n. प्रेषण भेजना; सम्प्रेषण, दूरप्रेषण; प्रेषित वस्तुᶠ; ~ unit **प्रेषण उपकरण**।

senecio सिॅनी'शिओ n. पलितचूडा (पौधा)।

senescence सिॅने'सॅन्स् n. (शिक्षा०) **जरा**ᶠ, जीर्यमाणताᶠ, (चि०) **जीर्यता**ᶠ, (जीव०) **जरिमा**ᶠ, **जर्जरता**ᶠ, जरोन्मुखताᶠ, जरावस्थाᶠ, वृद्धावस्थाᶠ, वार्धक्य, वार्धक्यप्राप्तिᶠ, वृद्धत्व, वृद्धप्रायताᶠ, (शिक्षा०) **बुढ़ापा**।

senescent –न्ट् a. जीर्यमाण, जरोन्मुख, (जीव०) **जरित**, वार्धक्यप्राप्त, वृद्धप्राय, वर्धमान, बूढ़ा होता हुआ (~ *organ, stage*)।

seneschal सेॅ'निॅशल् n. मध्ययुगीन सामन्तीय भवनका अध्यक्ष, कंचुकी, कर्मचारी, भृत्य, सरदार, कारिन्दा, मुसाहिब।

seneschalship –शिप् n. कंचुकीᶠका पद, मुसाहिबीᶠ।

senhor[1], **senhora, senhorita** (Port.) महाशय, महोदय; श्रीमतीᶠ; कुमारीᶠ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

senhor[s], **senora, senorita** (Sp.) महाशय, महोदय; श्रीमती[F]; कुमारी[F]।

senile सी'नाइल, -निल् a. वार्धक्य-सम्बन्धी, (शिक्षा०) **जराकालीन**, वृद्धावस्था[F]का, बुढ़ापेका; वृद्धावस्था[F]की दुर्बलता[F]का सूचक, बुढ़ापेकी कमजोरी[F]को प्रकट करनेवाला; जराजन्य, जरासूचक; जराग्रस्त, जराजनित (~ *decay*); ~ dementia (का०) **जराजन्य मनोभ्रंश**।

senilism ⊙ –लिज़्म् n. (शिक्षा०) **जरालक्षण**, अकाल-वृद्धता[F], अकालवार्धक्य, असमय बुढ़ापा।

senility सि'नि'लिटि n. वृद्धत्व, वार्धक्य, वृद्धावस्था[F], (शिक्षा०, का०) **जरा**[F], **बुढ़ापा**।

senior सी'निअर १. n. वयोवृद्ध, वृद्धजन, गुरुजन, अग्रज, जेठा; सदस्यता[F] या सेवाके समयके विचारसे उच्च, प्रधान व्यक्ति, बड़ा आदमी (*is my* ~); श्रेष्ठ व्यक्ति, उच्च कोटि[F]का मनुष्य; कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयका सर्वप्रथम गणित स्नातक, प्राचीन ग्रीक और लैटिन साहित्यका सर्वप्रथम स्नातक; एक ही नामका दूसरा ज्येष्ठ व्यक्ति, दोमेंसे बड़ा (*John Smith sen.*); २. a. **ज्येष्ठ, बड़ा** (~ *grade, officer*); ज्यायस, वयोज्येष्ठ, कालज्येष्ठ, अधिकारज्येष्ठ, **वरिष्ठ, वरीय**, अग्रज, वयोवृद्ध, अग्रवर्ती, प्रधान, श्रेष्ठ, **प्रवर, उच्च**, उपरि, कार्यके विचारसे बड़ा; उच्चतर या उच्चतम श्रेणी[F]-का, आयु[F] या पदमें बड़ा, सयाना, जेठा, बड़े पद या दर्जेका (*the* ~ *service*); ~ accountant प्रवर लेखाकार; ~ classic प्राचीन ग्रीक तथा लैटिनकी परीक्षा[F]में सर्वप्रथम स्नातक; ~ man विश्वविद्यालयका अग्रतम व्यक्ति; ~most ज्येष्ठ, वरिष्ठ; the ~ partner ज्येष्ठ भागी, किसी फर्मका प्रधान भागीदार, कोठी[F] या साझेकी दुकान[F]का सबसे बड़ा साझीदार;

~ auditor, ~ clerk, ~ correspondent, ~ director, ~ division, ~ grade, ~ group, ~ inspector, ~ interpreter, ~ master, ~members, ~ officer, ~ scale, ~ sister, ~ superintendent, ~ telegraphist, ~ time-scale, ~typist, ~ University, ~ wrangler.

seniores priores (L) बड़े-बूढ़े पहले।

seniority –ऑ'रिटि n. ज्येष्ठत्व, ज्येष्ठता[F], अधिकार-ज्येष्ठता[F], (राज०) **उच्चता**[F], **वरीयता**[F], वरिष्ठता[F], **प्रवरता**[F], (~ *list*, ~ *roll*), प्रथमता[F], वयोवृद्धता[F], बड़प्पन, बड़ाई[F], बुजुर्गी[F]।

senna से'नॅ n. (चि०) मार्कण्डी[F], स्वर्णपत्री[F], सनाय[F], सनाय[F]की पत्तियाँ[F], एक रेचक औषधि[F]।

sennachie से'नॅचि n. (प्रा०) चारण; स्तुतिपाठक, स्तवन-पाठक, भाट।

sennet से'निट् n. (इति०) (शेक्सपियरके तथा अन्य नाटकोंके रंगमंचीय निर्देशनमें) बिगुल या तुरही[F]का संकेत।

sennight –नाइट् n. (प्रा०) सप्तरात्र, सप्ताह, हफ्ता।

sennit –निट् n. (नौवि०) तीनसे लेकर नौ बल तकका गोल या चपटा रस्सा, बल, पैंठन[F]।

senocular सि'नॉ'क्यूलॅर् a. षडक्षि, षण्णयन, छः आँखोंवाला।

senor से'न्यॉर्' n. (स्पेनी) महाशय, महोदय, श्रीमान्; श्रीमन्, जी।

senora –रॅ n. स्पेनी महिला[F]; (स्पेनी भाषा[F]में) महाशया[F], महोदया[F], श्रीमती[F]।

senorita से'न्यॅरी'टॅ n. स्पेनी बाला[F], स्पेनी कुमारी[F]; (स्पेनी भाषा[F]में) कुमारी[F], मिस[F]।

sensation–न्से'शॅन् n.(चि०,शिक्षा०)**संवेदन, संवेदना**[F] (~ *unit*), मनोवेग, मनोविकार, उद्वेग, तीव्र अनुभूति[F], अनुभव, (*had* ~ *of giddiness*); स्फुरण, सम्भ्रम, मनोवेगोंका उद्वेलन या उनमें विशेष अभिरुचि[F], तीव्र सामान्य मनोभाव या अभिरुचि[F]की अभिव्यक्ति[F], मनोभाव-का प्रदर्शन या प्रकटीकरण; विकार, विक्रिया[F], उत्तेजना[F], सनसनी[F], जोश, खलबली[F], हलचल[F] (*what is the latest*~*?*); संवेदनात्मक या उत्तेजनापूर्ण विषयोंका नाटकीय प्रयोग (~ *among the audience*); चैतन्य, चेतना[F], स्थितिबोध, संज्ञा[F], परिस्थिति-ज्ञान, इन्द्रियबोध, अन्तरनुभव, मनोज्ञान, प्रत्यक्ष ज्ञान, मनोवेग-बोध; शरीर-चेतना[F], शरीरज्ञान, इन्द्रियज्ञान, समझ, एहसास; *made a great* ~ बहुत अधिक विचार किया गया, बहुत ही चर्चा[F] हुई, हलचल[F] मचा दी।

sensational –नॅल् a. चेतना-विषयक, अनुभूति-सम्बन्धी, संवेदनात्मक; उत्तेजनात्मक, उत्तेजनावर्धक, औत्सुक्यवर्धक, क्षोभकारी, सनसनी[F]फैलानेवाला, खलबली[F] पैदा करनेवाला, सनाटेमें लानेवाला।

sensationalism –लिज़्म् n. संवेदनावाद, संवेदना-सिद्धान्त; (साहित्य या राजनीतिक आन्दोलनमें) संवेदना-सिद्धान्तका प्रयोग।

sensationalist –लिस्ट् n. संवेदनावादी, संवेदना-सिद्धान्तका पोषक; (साहित्य या राजनीतिक आन्दोलनमें) उत्तेजना[F] या संवेदनाके प्रयोगका हामी।

sensationalize –लाइज़् v.t. उत्तेजित करना, सनसनी[F] पैदा करना, जोश दिलाना, खलबली[F] मचाना, हलचल[F] पैदा करना; अन्तरनुभव कराना, मनोज्ञान कराना, समझाना, एहसास कराना।

sense* से'न्स्' १. n. प्रज्ञा[F], विवेकबुद्धि[F], विवेकशीलता[F], सामान्य मनःस्थिति[F], स्वस्थचित्तता[F], अविक्षिप्तता[F], सहज-बुद्धि[F], होश* (*have you taken leave of, are you out of, your* ~*s ?*); हृषीक, **इन्द्रिय**[F]*, बोधेन्द्रिय[F], ज्ञानेन्द्रिय[F] (*has quick* ~*s*); अनुभूति[F], संवेदनशीलता[F], इन्द्रियानुभवशीलता[F], इन्द्रियबोधक्षमता[F], इन्द्रियबोधशक्ति[F], अनुभव या बोध करनेका सामर्थ्य, प्रत्यक्ष ज्ञानकी योग्यता[F] (*errors of* ~); चैतन्य, चेतना[F]*,(चि०) **बोध, ज्ञान**, संज्ञा[F], होश; (गणि०) **अभिदिशा**[F]; (चि०, जीव०) **संवेद**, (चि०) **भावना**[F]; संवेदन, संवेदना[F], अनुभव(*the* ~ *of pleasure*);(जीव०)**संवेदी**; सामान्य बोध, साधारण ज्ञान, उपयोगी निर्णयबुद्धि[F], व्यावहारिक निर्णयशीलता[F], व्यावहारिकता[F], व्यवहारोचित बुद्धिमत्ता[F], व्यावहारिक ज्ञान, समझदारी[F], मामूली जानकारी[F],

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अक्लमन्दी[F] (*had not the ~ to do*); विवेकशीलता[F], विवेकबुद्धि[F], विवेकव्युत्पन्नमतित्व, सद्ज्ञान, ठीक समझ[F] (*~ of locality*); मनुष्योंके सामान्य मनोभाव, भावुकता[F], भावना[F], विचार; तात्पर्य, अभिमत, आशय, मत, अभिप्राय, बोधगम्यता[F], अर्थ, भाव*, उद्देश्य, अभिप्रेत, अभीष्ट, मंशा[F], मतलब, माने (*in what exact ~ we shall rise again is doubtful*); तत्त्व, सारांश, २. v.t. इन्द्रियबोधसे अनुभव करना, इन्द्रियों[F] द्वारा अनुभव करना, अस्पष्ट रूपसे अवगत होना, समझाना, मालूम करना, लगना; ठीक अर्थ लगाना; a man of ~ विचक्षण, बुद्धिमान्, व्यावहारिक मनुष्य, व्यवहार-कुशल व्यक्ति, चतुर, अक्लमन्द; muscular ~ मांसपेशी[F] कार्यका ज्ञान; ~-body ज्ञानेन्द्रियाँ[F], संवेदनशील अंग या इन्द्रिय[F]; ~-cavity, ~-cell, संवेदकोष; (जीव०) **संवेदी कोशिका**[F], (शिक्षा०) **ज्ञानकोशिका**[F]; ~organ (जीव०, चि०, शिक्षा०) **ज्ञानेन्द्रिय**[F]; ~-perception इन्द्रियबोध, इन्द्रिय ज्ञान; (शिक्षा०) **ज्ञानेन्द्रिय प्रत्यक्ष ज्ञान**, प्रत्यक्ष ज्ञान या अनुभव; the pleasures of ~ संवेदना-सुख, इन्द्रिय-सुख, इन्द्रियानुभव, विषयानन्द; sixth ~ अन्तःकरण; *does not make* ~ दुरूह, क्लिष्ट, निरर्थक, अबोधगम्य, समझ[F]में न आनेवाला; *frightened out of his ~s* संज्ञाहीन, चेतनाहीन, अचेतन, जड़, कर दिया; *he will soon come to his ~s* ज्ञानलाभ करेगा, सचेत होगा, होशमें आ जायगा, *in a ~* एक रूपसे, एक प्रकारसे, एक अर्थमें; *in* one's *~s* अविक्षिप्त, स्वस्थचित्त, ठीक होशमें; *take the ~ of meeting* प्रश्न आदि रखकर निश्चय करना, सभा[F]की राय[F] जानना, सभा[F]का मत समझना;

~ bud, ~ centre, ~ datum, ~ feeling, ~ gratification, ~ impression, ~ quality, ~ receptor.

senseful –फ़ुल् a. सद्विवेकयुक्त, बुद्धिपूर्ण, समझदार; अर्थपूर्ण, सार्थक, महत्त्वपूर्ण।

senseless –लिॅस् a. चेतनाहीन, अचेतन, अचेत, निर्बोध, संज्ञाहीन, इन्द्रियानुभवाक्षम, मूर्च्छित, निःसंज्ञ, गत-चेतन, विगत-चेतन, सुन्न, बेहोश; बुद्धिहीन, मतिहीन, निर्बुद्धि, अबोध, मूढ़, मूर्ख, अनात्मज्ञ, नासमझ, बेसमझ, नादान, गावदी, बेवकूफ, बावला, खरदिमाग; असम्बद्ध, असंगत, निरर्थक, अर्थशून्य, बेमतलब, लचर, बेहूदा; Knock ~ हक्काबक्का कर देना।

senselessness –निॅस् n. अचैतन्य, चेतनाहीनता[F], अचेतावस्था[F], संज्ञाहीनता[F], बेहोशी[F], बदहवासी[F]; बुद्धिहीनता[F], मतिहीनता[F], ज्ञानशून्यता[F], मूढ़ता[F], मूर्खता[F], अबोधता[F], नासमझी[F], बेवकूफी[F]; असम्बद्धता[F], असंगतता[F], असंगति[F], निरर्थकता[F], अर्थशून्यता[F], लचरपन, बेहूदापन।

sensebility –सिबि'लिटि n. इन्द्रियग्राह्यता[F], इन्द्रियगम्यता[F], ग्रहण-सामर्थ्य, ग्रहणशक्ति[F], गोचरता[F], संज्ञा[F], चैतन्य, चेतना[F], एहसास (*skin lost its ~*); (शिक्षा०) **संवेद्यता**[F], (दर्श०) **संवेदन-शक्ति**[F]; संवेदनशीलता[F], अनुभूतिशीलता[F]; भावना[F]की सूक्ष्मता[F], भाव-कोमलता[F], या मृदुता[F], अनुभूति[F]की सूक्ष्मता[F], नाजुकदिमागी[F]; विवेकशीलता[F], बोध, ज्ञान, सज्ञानता[F], ज्ञानवत्ता[F], सूक्ष्म-चैतन्य; व्यवहारकुशलता[F]।

sensible –सॅबॅल् a. संवेदनशील, सचेतन, संज्ञावान्, चेतनावान्; प्रभावग्रहणशील, विकारशील; अनुभूति-सम्पन्न, वेदनक्षम, अनुभवशील, श्लाघनीय, प्रशंसनीय, तारीफ[F]के लायक, काफी (*a ~ difference, increase*); (प्रा०) संवेद्य, (*~ horizon*) गोचर, प्रत्यक्ष, लक्ष्य, इन्द्रियग्राह्य, इन्द्रियगम्य, इन्द्रियग्राह्य (*~ things*); युक्तिसंगत, युक्तियुक्त, तर्कसंगत, संगत; विचक्षण, सुधी, संयत, सन्तुलित, व्यावहारिक, व्यवहार-कुशल, सुबुद्ध, सुबुद्धि, सद्बुद्धि, बुद्धिमान्, सज्ञान, ज्ञानवान्; धीसम्पन्न, विवेकशील, मनस्वी, विवेकी, समझदार (*a ~ man*); ~ heat ज्ञेय ऊष्मा[F]।

sensibleness–निॅस् n. संवेदनशीलता[F], चेतनशीलता[F]; बोध, ज्ञान, जागरूकता[F], सावधानी[F]; गोचरता[F], इन्द्रिय-ग्राह्यता[F]; अनुभवशीलता[F]; प्रशंसनीयता[F]; विचक्षणता[F], व्यवहारकुशलता[F], विवेकशीलता[F], बुद्धिमत्ता[F], समझदारी[F], होशियारी[F], अक्लमन्दी[F]; संगति[F], युक्तियुक्तता[F]।

sensigenous –सि'जिॅनॅस् a. संवेदक, उद्वेजक, मनोवेजक, स्फुरक, उत्तेजनावर्धक; (चि०) संवेदना-जनक।

sensile –सिल, –साइल् a. = SENTIENT.

sensilla ⊙–सिलॅ n. (जीववि०) इन्द्रिय[F]।

sensism ⊙–सिज़्म् a. = SENSATIONALISM.

sensitive –सिटिव् १. n. प्रभावोंको ग्रहण करनेवाला व्यक्ति; २. a. **संवेदी**, संवेदक, **प्रतिसंवेदी**, **संवेदन-शील**, सचेत, सचेतन, चेतनाशील, अनुभवशील, अनुभव-ग्राही, (रसा०, भौ०, स्थितिवि०) **सुग्राही**, **सूक्ष्मग्राही**, द्रुतग्राही; ध्वनिग्राही; संक्षोभ्य, आशुक्षुब्ध, सहजप्रभाव-ग्राही, सहजाभिभूत, विकारशील, प्रभावग्रहणशील, हृष्ट, अनुभवशक्तिविशिष्ट, अनुभूतिशील, सहृदय, कोमलहृदय, बाह्य प्रभावोंसे शीघ्र ही प्रभावित होनेवाला; भावुक, नाजुक, नाजुकमिजाज, छुई-मुई; (क०) संवेदन-विषयक, स्फुरणका, इन्द्रिय-सम्बन्धी, मस्तिष्क-सम्बन्धी; (रसा०) संग्राहक, **सुग्राही** (*~ matter*); ~ crop असहिष्णु सस्य, नाजुक फसल[F]; ~ paper (फोटो०) हृषपत्र, प्रकाशके प्रभावको शीघ्र ही ग्रहण करनेवाला फोटोका पेपर; ~plant (वन०) **लज्जावन्ती**[F], लज्जावनी[F], लाजवन्ती[F]का पौधा, (वन०) **छुई-मुई**[F]; ~ to frost तुहिन-भीरु;

~ balance, ~ cell, ~ film, ~ flame, ~ index, ~ matter, ~ plate, ~ receptor, ~ test, ~ tint, ~ volume, ~ zone.

sensitiveness–निॅस् n. भावुकता[F], (रसा०) **संवेदन-शीलता**[F], अनुभूतिशीलता[F], संक्षोभ्यता[F], विकारशीलता[F], असहिष्णुता[F], प्रभावग्राहकता[F], (रसा०, भौ०, यन्त्र०) **सुग्राहिता**[F], **सूक्ष्म ग्राहिता**[F], सूक्ष्मचैतन्य, सहृदयता[F], नाजुकमिजाजी[F]।

sensitivity–विटि n. (रसा०, फोटो०, शरीर०, मनोवि०)

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हृपत, सुग्राहित्व, संवेक्षिता^{F}; **प्रतिसंवेदिता^{F}, संवेदिता^{F}, संवेदनशीलता^{F},** संज्ञाग्रहणक्षमता^{F}, (रसा०, भौ०) **सूक्ष्मग्राहिता^{F}, सुग्राहिता^{F},** द्रुतग्राहिता^{F}, **सुग्राहकता^{F},** सुग्राहीपन ।

sensitization –साइज़े'शॅन् n. (शिक्षा०) **संवेदन-ग्रहण,** (चि०) **द्रुतग्राहीकरण,** (रसा०) **सुग्राहीकरण; उत्तेजन;** प्रकाशप्रभावग्रहणशील बनानेका कार्य ।

sensitize –सिटाइज़् v.t. (फोटो^{F}के पेपरको या प्रकाशके प्रभावको) ग्रहण करनेवाला बनाना; **संवेदनशील करना, सूक्ष्मग्राही करना,** सुग्राही बनाना, द्रुतग्राही बनाना, हर्षित करना; (चि०) संवेदनग्राही बनाना ।

sensitized –ड् a. हर्षित, संवेदनयुक्त, प्रकाश-, (रसा०) **सूक्ष्मग्राहीकृत, सुग्राहीकृत,** प्रभावासहिष्णु (~ *paper*) ।

sensitizer –ज़र् n. (वन०) **संवेदनकारी** ।

sensitometer –टॉ'मिटर् n. हृपतामान, प्रकाशप्रभाव-मापक यन्त्र, फोटो^{F}के पेपरकी प्रकाशप्रभावग्राहिता^{F} जाँचने-वाला यन्त्र; (चि०) शरीरमें प्रकाशप्रवेशनमापक यन्त्र ।

sensitometry –ट्रि n. हृपतामिति^{F}, संवेदनामिति^{F} ।

sensorial से॰न्सॉ'रियल a. संवेदिकीय, संवेदनात्मक, संज्ञा-केन्द्र-विषयक, चेतनास्पद-सम्बन्धी, चेतनाशय-सम्बन्धी, मस्तिष्क-सम्बन्धी, ज्ञानेन्द्रिय-सम्बन्धी ।

sensorium –ॲम् (pl. *-ia, -s*) संवेदित्र, संज्ञाकेन्द्र, (शिक्षा०) **संवेदन तन्त्र,** संवेदन-विन्दु, चेतनास्पद, चेतनाशय, अन्तःकरण, मन, मस्तिष्क, ज्ञान-स्थान, ज्ञानेन्द्रिय^{F}, दिमाग; सुषुम्ना^{F}, मेरुनाड़ी^{F}, गोर्दनाली^{F}; (प्राणिवि०) संवेदनाकेन्द्र; तन्त्रिका^{F} तन्त्र, नाड़ी तन्त्र, सम्पूर्णशरीरका संवेदना तन्त्र ।

sensory, sensorial –सॅरि,–रियल् aa. (चि०, जीव०) **संवेदक, संवेदी,** (शिक्षा०) **संवेदनात्मक,** संवेदना अथवा ज्ञानेन्द्रिय-सम्बन्धी, संज्ञा-सम्बन्धी, अनुभूति-विषयक, संज्ञाकेन्द्रीय, मस्तिष्क-सम्बन्धी;

~ area, ~ automatism, ~ cell, ~ character, ~ development, ~ experience, ~ function, ~ hair, ~ nerve, ~ path, ~ process, ~ reaction, ~ system, ~ tissue.

sensual –स्यू(शु)ॲल् a. (दर्शन०) प्रत्यक्षवादी, संवेदन-वादी, प्रत्यक्षवाद या संवेदनावादके अनुसार या उससे सम्बन्धित; विषयानुराग या इन्द्रियासक्ति-विषयक, दैहिक, भौतिक, शारीरिक, इन्द्रियसुख-सम्बन्धी, वासनात्मक (~ *pleasures*); (क्वचित्) ऐन्द्रिय, इन्द्रिय-सम्बन्धी, इन्द्रियजन्य, आनुभूतिक, संज्ञाकेन्द्रीय, विषय-सम्बन्धी, संवेदना या संज्ञा-विषयक; इन्द्रियाधीन, इन्द्रियलोलुप, इन्द्रियवश, (शिक्षा०) **विषयासक्त,** विषयी, विषयोपसेवी, विषय-परायण, विलासी, भोगी, भोगविलासी, कामुक, कामी, भोगासक्त, विलासप्रिय, भ्रष्टाचारी, व्यभिचारी, लम्पट, रसिया; स्वयंभोगी, स्वयंभक्षी, आत्मस्वार्थी ~ pleasure (दर्श०) **विषय-सुख** ।

sensualism –लिज़्म् n. (दर्श०) **विषयभोगवाद, इन्द्रिय-सुखवाद,** इन्द्रियार्थवाद, इन्द्रियपरायणता^{F}, विषयासक्ति^{F}, इन्द्रियासक्ति^{F}; भोग, विषय, दैहिकता^{F}, भौतिकता^{F} ।

sensualist –लिस्ट् n. विषयी, विलासी, इन्द्रियभोगी, इन्द्रियासक्त अथवा भोगविलासी व्यक्ति; इन्द्रियार्थवादी, सुखभोगवादी ।

sensualistic –टिक् a. इन्द्रियपरायण, इन्द्रियपरक; इन्द्रियार्थ-सम्बन्धी, इन्द्रियासक्ति-सम्बन्धी, दैहिकता-सम्बन्धी, भौतिक, दैहिक ।

sensuality –ऐ'लिटि n. (दर्श०) **विषयासक्ति^{F}, इन्द्रियासक्ति^{F},** कामासक्ति^{F}, भोगासक्ति^{F}, इन्द्रिय-परायणता^{F}, विषयरति^{F}, सुखोपभोग, विषयपरायणता^{F}, भोग-विलास, कामुकता^{F}, रंगरास, ऐयाशी^{F}; दैहिकता^{F}, शारीरिकता^{F}, भौतिकता^{F}; प्रत्यक्षवादिता^{F} ।

sensualization –ॲलाइज़े'शॅन् n. इन्द्रियसेवीकरण, इन्द्रियानुरागीकरण, वासनायुक्त करना ।

sensualize –स्यू(शु)ॲलाइज़् v.t. इन्द्रियसेवी करना, विषयासक्त बनाना, कामुक बनाना; दैहिक बनाना, भौतिक बनाना ।

sensualness –ल्-निॅस् n. = SENSUALITY.

sensuism –स्यूइज़्म् n. (दर्शन०) संवेदनावाद, संवेदना-सिद्धान्त ।

sensum ⊙–सॅम् n. (शिक्षा०) **इन्द्रियपरक सामग्री^{F}** ।

sensuous –स्यूॲस् a. ऐन्द्रिक, (शिक्षा०) **ऐन्द्रिय, इन्द्रियगत,** इन्द्रियविषयक, इन्द्रियजनित, इन्द्रियसम्पर्क-जनित, ऐन्द्रीय, इन्द्रिय-सम्बन्धी, वैषयिक-, इन्द्रियभोग्य-सम्बन्धी; ~ feeling विषयवासना^{F}; ~ self (दर्श०) **ऐन्द्रिय अहम्; विषयासक्त अहम्** ।

sensuousness –निॅस् n. ऐन्द्रिकता^{F}, ऐन्द्रीयता^{F}, इन्द्रिय-सम्बन्ध, वैषयिकता^{F}, विषयसुख ।

sent[1] से॰न्ट्' n. (प्रा०) = SCENT.

sent[2] SEND का भू० कृ० ।

sentence से॰न्'टॅन्स् १. n. (व्या०) वाक्य, वक्तव्य, वचन; अधीन उपवाक्य; (भाषण या कथनका) अल्पांश, लघु रूप; सूत्र, लोकोक्ति^{F}, नीतिवचन, सूक्ति^{F}, सूक्ष्म वचन, संक्षिप्त कथन, संक्षिप्त विचार, कहावत^{F}; (प्रा०, किसी निष्कर्षके सम्बन्धमें) सम्मति^{F}, निर्णय, निश्चय, विचार, राय^{F} (*my ~ is for war*); सन्निर्णय, अन्तिम निर्णय, जूरी^{F}का फैसला (क्र०); आधर्षण, दण्ड, (विधा०, का०) **दण्डादेश,** दण्डाज्ञा^{F}, सजा^{F}, सजा^{F}का हुक्म; २. v.t. निर्णय देना, फैसला सुनाना; दण्डादेश देना, दण्डाज्ञा^{F}की घोषणा^{F} करना, सजा^{F} देना, सजा^{F}का हुक्म सुनाना; complex ~ मिश्रित वाक्य; compound ~ संयुक्त वाक्य; ~ of death मृत्युदण्ड, प्राणदण्ड; ~ of transportation निर्वासन दण्डादेश; simple ~ साधारण वाक्य ।

sentenced –ड् a. (का०) **दण्डादिष्ट, दण्डाज्ञप्त,** आधृष्ट, दण्डित, आदिष्टदण्ड ।

sentential से॰न्टे॰न्'शल् a. (क्र०) वाक्यघटित, वाक्य-सम्बन्धी, कथनका ।

sententious –शॅस् a. सूत्रप्राय, सूत्रमय, सूक्तिमय,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

लाघवयुक्त, लाघवगुणोपेत, लघुवाक्यमय, न्यायप्रचुर, नीतिकथापूर्ण, संक्षिप्त प्रभावपूर्ण शैली[F]से युक्त; सारगर्भ, अर्थगर्भित, अर्थपूर्ण; सूत्रबद्ध, औपचारिक, शब्दाडम्बरपूर्ण, मिथ्यावादी, मिथ्याधर्मोपदेशक, आडम्बरप्रिय, आडम्बरपूर्ण नैतिक चर्चाका प्रेमी, पाखण्डी।

sententiousness –नॅस् n. सूत्रमयता[F], सूत्रबद्धता[F], सूक्तिमयता[F], संक्षिप्तता[F], अर्थपूर्णता[F], सारगर्भत्व, लघुवाक्य-प्रयोग।

sentience, -cy सें'शिअॅन्स्, -सि n. (शिक्षा०) इन्द्रियवेदन, संवेदनशीलता[F], अनुभूति-वैशिष्ट्य, चैतन्य, चेतना[F], बोधक्षमता[F], संज्ञासम्पन्नता[F], इन्द्रियानुभूति[F]।

sentient –न्ट् a. संवेदनाशील, संवेदनायुक्त, अनुभूति-विशिष्ट, चैतन्य-विशिष्ट, चेतनावान्, सचेत, सजीव, संज्ञासम्पन्न, सचेतन, सम्बुद्ध, बोधक्षम, ज्ञानशक्तिसम्पन्न।

sentiment सें'न्टिमॅन्ट् n. (शिक्षा०) मनोभाव, मनोविकार, मनोवृत्ति[F], भावना[F], भावानुभूति[F], भाववृत्ति[F], स्थायीभाव, स्थिरभाव, भावनाएँ[F], भावात्मक विचार, भावात्मक दृष्टिकोण, भावसमष्टि[F], भावावेश, भाव, ख्याल (*the ~ of pity*); (कला[F]) संवेदना[F], रसानुभूति[F], भावरस, सहानुभूति[F], मूलभाव; कल्पना[F], भावना[F] (*the ~ is good though the words are injudicious*); अभिप्राय, आशय, अर्थ; भावुकता[F], मानसिक दुर्बलता[F], हीन मृदुता[F], घृणास्पद कोमलता[F] या सुकुमारता[F]; भावुकतापोषण, भावपोषण, भावपुष्टि[F]; हीन सुकुमारता[F]का प्रदर्शन, कोमलता[F]का दिखावा; आवेगोत्पन्न चिन्ता[F], भाव-मिश्रित चिन्ता[F]।

sentimental –मे'न्टॅल् a. भावुक, भावुकतामय, भावुकतापूर्ण, सुकुमार, कोमल, रसिक, मानसिक रूपसे दुर्बल, नाजुक मिजाज; कृत्रिममृदुतायुक्त; भावुकतादर्शी, कोमलतायुक्त, सुकुमारतायुक्त, कोमलभावोत्तेजक; रसमय, सरस, रसात्मक; ~ approach (राज०) भावुकतापूर्ण दृष्टिकोण।

sentimentalism –लिज़्म् n. भावुकतावाद, (दर्श०) अतिभावुकता[F], रसिकता[F], रसात्मकता[F]।

sentimentalist –लिस्ट् n. भावुकतावादी, सुकुमारतावादी।

sentimentality –टै'लिटि n. (दर्श०) भावुकता[F], भावविभोरता[F], भावपूर्णता[F], रसिकता[F], सुकुमारता[F]।

sentimentalize –'टॅलाइज़् v.t. & i. भावुक बनाना, भावात्मक बनाना, मार्मिक बनाना, भावुकता[F] लाना, कोमलकान्त बनाना।

sentinel सें'न्टिनॅल् १. n. रक्षक, रक्षापुरुष, प्रहरी, पहरेदार, पहरेवाला, पहरुआ, चौकीदार, (रेल०) सन्तरी; (~ *crab* के अर्थमें भी) लम्बी पलकोंवाला भारतीय महासागरका एक केकड़ा; २. v.t. (का०) रक्षा[F] करना, पहरा देना, पहरा रखना, चौकीदारी[F] करना; (क०) प्रहरी नियुक्त करना, पहरा बैठाना, पहरुआ रखना, चौकीदार लगाना।

sentry –ट्रि n. (सेना० के सामान्य प्रयोगका शब्द) रक्षिभट, रक्षी, प्रहरी, पहरेदार, सन्तरी (~ *port*), सिपाही, चौकीदार; ~-board प्रहरीमंच, पहरुआ मचान, जहाजमें सन्तरीके खड़े होनेका तख्ता, पटिया[F] या मंच; ~-box प्रहरी-कक्ष, प्रहरीका आश्रय-स्थल; ~-go प्रहरीके रूपमें ऊपर-नीचे घूमनेका कार्य, पहरा, गश्त, ड्यूटी[F]; प्रहरी क्षेत्र, हलका; ~ port पहरा चौकी[F]।

senza से'न्'ट्सॅ prep. (कि) बिना, वगैर।

Sep. (or **-sept.**) September; Septuagint.

sepad से'पड् v.t. मानना, समझना।

sepal से'पॅल् n. निदल, पुष्पकोषकी पत्ती[F], (कृषि०, वन०) बाह्य दल, सेपल।

sepaline ⊙ –लिन् a. निदलीय, निदल-विषयक, सेपल-वाला, बाह्य दल-युक्त।

sepalody सिपै'लॅडि n. (पँखुड़ियों[F]का) निदलीभवन, निदलीकरण, सेपलीभवन, सेपलीकरण।

sepaloid –'पॅलाऍड् a. निदलाभ, निदलवत्, निदल-सदृश, सेपलसमान, (वन०) बाह्यदलाभ, बाह्यदल-जैसा।

separability से'पॅरॅबि'लिटि n. पृथक्कार्यता[F], पृथक्करणीयता[F], भेद्यता[F], विच्छेद्यता[F], वियोज्यता[F], विभाज्यता[F], विश्लेषणीयता[F], व्यावर्त्यता[F], अलगाये जानेकी स्थिति[F]।

separable –'पॅरॅबॅल् a. पृथक्कार्य, पृथक्करणीय, भेद्य, विच्छेद्य, वियोज्य, विभाज्य, विश्लेषणीय, व्यावर्त्य, पृथक् होनेवाला, अलग करने योग्य या होने योग्य, अलगाने योग्य;

~ accident, ~ element, ~ extension, ~ polynomial.

separableness –नॅस् n. पृथक्करणीयता[F], भेद्यता[F], विच्छेद्यता[F], वियोज्यता[F], विभाज्यता[F], विश्लेषणीयता[F], विघटनीयता[F], अलगाने या अलग होनेकी स्थिति[F], अलगावकी शक्ति[F]।

separate[1]* –रॅट् १. n. (पृथक् वितरणके लिए किसी सभा[F]की कार्यवाही[F], पत्रिका[F] आदिसे लेकर पुनः मुद्रित की हुई) किसी एक लेखकी प्रतिलिपि[F], एक खण्डकी नकल[F], कापी[F]; २. a. (आंगिक रूपसे) पृथक्कृत, भिन्न, पृथक्, विच्छिन्न, असम्बद्ध, विभक्त, न्यारा, अलग* (~ *property, scheme*); अन्य, और, दूसरा; स्वतन्त्र, व्यक्तिगत, निजी, अपना; ~ estate स्त्रीधन, विवाहित स्त्री[F]की पृथक् भूसम्पत्ति[F] (जब वह पतिके अधीन नहीं रहती है); ~ maintenance निर्वाहभत्ता, पृथग्भरण, पृथग्भृति[F] (जो पति अपनी पत्नी[F]को देता है, जब कि वह उसकी सहमति[F]से अलग रहती है);

~ account, ~ authority, ~ confinement, ~ effects, ~ holding, ~ property, ~ scheme, ~ system, ~ use.

separate[2] –रेट् v.t. & i. पृथक् करना, पृथक्करण करना, स्वतन्त्र करना, विघटित करना, विच्छिन्न करना, वियुक्त करना, विभक्त करना, असम्बद्ध करना, सम्पर्क तोड़ना, सम्बन्ध तोड़ना, भेद करना, अलग करना, अलगाना, काटना, फोड़ना, तोड़ना, अलहदा करना, जुदा करना; विभाजित करना, वियोजन करना, भाग करना; पृथक् होना, विभक्त होना, विभाजित होना, स्वतन्त्र

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होना, सम्बन्धविच्छेद कर लेना, **वियुक्त होना**, अलग होना, बिछुड़ना, हटना; (मक्खन आदिको दूध आदिसे) मथकर निकालना, अलग करना; (कच्ची धातु^{F}, फल, दूध, अनाज, प्रकाश आदिको) पृथक्-पृथक् करना, विभक्त करना, मथना, छाँटना, बिनना, चुनना, बाँटना; स्वतन्त्र पथ ग्रहण करना, भिन्न मार्गोंपर चलना, विघटित होना, स्वतन्त्र होना, अलग-अलग रास्तोंमें जाना, अलग-अलग होना, बिखर जाना।

separated –टिड् a. भिन्न, पृथक्कृत, वियुक्त, विच्छिन्न, ~ milk **सप्रेटा**, मखनिया दूध, यन्त्रोद्धृत स्नेह दूध, (कृषि०) **क्रीम निकला दूध**।

separateness –रॅट्-निस् n. पार्थक्य, पृथक्त्व, पृथग्भाव, पृथक्ता^{F}, स्वतन्त्रता^{F}, भिन्नता^{F}, निर्जीपन, अलगपन, न्यारापन, अलगाव।

separating –रेटिंग् a. (रसा०) पृथक्कारी, (~ *funnel*)।

separation –रे'शॅन् n. (रसा०) **पृथक्करण, पृथग्भवन**, विघटन, विच्छेदन, खण्डन, विभेदन, आदि क्रियागत अर्थोंमें; **वियुक्ति^{F}, पार्थक्य**, वियोग, विरह, विप्रयोग, व्यतिरेक, विच्छेद, **वियोजन**, विश्लेप, विभेद, सम्बन्धविच्छेद, बिछोह, बिछुड़ना, बिलगाव, आंशिक तलाक^{F} (बिना विवाह-बन्धनको तोड़े हुए); judicial ~ न्यायालयीय सम्बन्ध-विच्छेद, अदालत^{F}की आज्ञा^{F}से दम्पती-विच्छेद; ~ allowance **वियुक्ति-भत्ता**, सम्बन्धविच्छेद भत्ता, विच्छेद-भत्ता; ~ cloth (नौवि०) **दोबड़ा, चादरा**, बिगलक चादर^{F}; **अलगगीर**; ~ deed (का०) **पार्थक्य-पत्र**; ~ disc वियोजी बिम्ब; ~ axiom, ~ factor, ~ order, ~ rate, ~ theory.

separationist –निस्ट् n. विघटनवादी, धार्मिक या राजनीतिक विच्छेदका समर्थक।

separatism –'पॅरॅटिज़्म् n. (राज०) **पार्थक्यवाद**, पृथक्तावाद, विभक्तावाद, स्वतन्त्रतावाद, न्यारापन (धर्म और राजनीति^{F}में)।

separatist –टिस्ट् n. पृथक्तावादी, विभक्तावादी, स्वतन्त्रतावादी, भिन्नमतावलम्बी, न्यारा-न्यारा रहनेवाला।

separative –टिव् a. पृथक्कारी, विच्छेदक, विश्लेपक, विघटनकारी, वियोजक, बाँटनेवाला, अलगानेवाला, बिछुड़ानेवाला, जुदा करनेवाला।

separator –रेटॅर् n. (यन्त्र०) **परदा; पृथक्कारक, पृथक्कारी**, मक्खन निकालनेकी मशीन^{F}, छँटाई^{F}की मशीन^{F}; ~ sline (कृषि०) **चीकट**।

separatory –रॅटॅरि a. (क०) पृथक्कारी, भेदनकारी, विश्लेपक, विघटनकारी, विभाजक, भागोंमें बाँटने या छाँटनेवाला, अलगानेवाला।

separatrix –रेट्रिक्स् n. पृथक्करण चिह्न, सीमा-चिह्न, विभाजन-चिह्न, अलग करनेका निशान।

Sephardi सिॅफार्'डि n. (pl. *-im*) स्पेनी या पुर्तगाली यहूदी।

sepia सी'पिअ n. मसीमीन^{F}; समुद्रफेनमत्स्य, सामुद्रिक मसिक्षेपी मत्स्य; मीनमसी^{F}, मछली^{F}का काला तरल उच्छिष्ट; काला लाली^{F} लिये हुए भूरा रंग; चित्रकार या रंगसाजका भूरा रंग; (~-*drawing* के अर्थमें भी) भूरे रंगकी चित्रकारी^{F}; warm ~ लाली^{F}के साथ भूरे रंगका मिश्रण।

sepiment से'पिमॅन्ट् n. टट्टी^{F}, घेरा, झाड़ियों^{F}की आड़^{F}।

sepoy सी'पॉए n. (यूरोपीय ढंगसे अनुशासित देशी भारतीय) सैनिक, सिपाही; ~ mutiny (Indian ~) सैनिक क्रान्ति^{F}, भारतीय सिपाहियोंका विद्रोह, सिपाही विद्रोह, सिपाही गदर^{F}।

seps से'प्स् n. सर्पगोधा^{F}।

sepsis से'प्'सिस् n. रोगाणुता^{F}, रुधिरदूषण, रक्तदोष, (चि०) **पूतिदोष**, पूतिता^{F}, पूतिरक्तता^{F}, खूनकी खराबी^{F}; क्षतदूषण, क्षतदुर्गन्धता^{F}, गलन^{F}, सड़न^{F}; पूया।

sept-, septem-, septi- सप्त- (~*angular*, ~*ember*, ~*insular*, ~*empartite*, ~*enarius*, ~*enary*, ~*et(te)*, ~*iform*, ~*ilateral*, ~*illion*, ~*isyllable*)।

sept से'प्ट् n. वंश, उपजाति^{F}, परिवार, घराना, खानदान।

septa से'प्'टे० SEPTUM.

septal –टॅल् a. (श० र० शा०) विभाजक, प्राचीर-विषयक, कलाप्राचीर-सम्बन्धी, पटल-सम्बन्धी, पटी^{F}का, खानेदार (~ *outgrowth*); ~ cartilage (चि०) **पट-उपास्थि^{F}**; ~ nectary (का०) **पट-मकरन्दिका^{F}**; ~ nephridia (जीव०) **पट-वृक्कक**; ~ process (चि०) **पट-प्रवर्ध**; ~ stores (इति०) **कक्ष-पत्थर**।

septan से'प्'टॅन् a. सप्ताही, हर सातवें दिनपर आनेवाला (ज्वर या बुखार)।

septangle से'प्'टैन्गॅल् n. सप्तकोण, सप्तकोण-क्षेत्र।

septangular –'ग्यूलॅर् a. सप्तकोण-, सप्तकोणीय, सप्तकोणयुक्त, सप्तास्र, सप्तकोनिया।

septate से'प्'टेट् a. (वन०) **सपट**; (कृषि०) **पटयुक्त, भित्तियुक्त**; विभाजित, विभक्त, उपविभक्त, खण्डोंमें विघटित।

septation –टे'शॅन् n. विभाजन, विखण्डन।

september सॅप्टे'म्बॅर् n. नवम मास, वर्षका नवाँ माह, सितम्बर।

septembrist –ब्रिस्ट् n. (सितम्बर १७९२ में पेरिसका) नरसंहारकर्ता, जनसंहारी दल, विद्रोही, हत्यारा।

septempartite सॅप्टे'म्पार्'टाइट् a. सप्तधा, सप्तभागी, सात भागोंमें विभक्त।

septemvir सॅप्टे'म्'विर् n. सप्तशासन, सात व्यक्तियोंकी सरकार^{F}।

septemvirate –रॅट् n. सप्तशासकपद, सप्तशासककार्यालय।

septenary से'प्टी'नॅरि n. & a. सप्तक, सप्तसमूह, सप्तवर्ग, सप्तमण्डल, सत्ता^{F}; सप्तसंख्यक, सप्तशः, सप्ताश्रयी, सप्ताधारी, सप्तात्मक, सातके आधारपर, सात-सातका; सप्तवार्षिक, सप्तवर्षव्यापी।

septennate सॅप्टे'नेट् n. सप्तवर्षकाल, सप्तवर्षावधि^{F},

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सात सालोंकी अवधि[F]।

septennial –निअॅल् a. सप्तवार्षिक, सप्तवर्षीय, सात-साला।

septennium –अॅम् n. =SEPTENNATE.

Septentrion से॰प्टे॰न्'ट्रिअॅन् n. सप्तर्षि; उदीचि, उत्तर लोक।

septentrional –नॅल् a. औदीच्य, उत्तरी, उत्तर दिशा[F]का।

septet(te) से॰टे॰ट्' n. सात गायकों अथवा वादकोंके समूहके हेतु कृति[F] या रचना[F]।

septic से॰प्'टिक् १. n. रक्तदूषक पदार्थ, **पूतिगलन**, गलानेवाला या सड़ानेवाला द्रव्य; २. a. रक्तदूषण-सम्बन्धी; (चि०) पूतिरक्तता-सम्बन्धी; पूतिरक्तताग्रस्त, **पूतिदूषित**, पूतिक, दूषित, गलन या सड़नवाला, सड़ने-वाला, सड़न[F] पैदा करनेवाला, सड़ा हुआ, जहरखूनी; ~ tank मलाशय, पूतिकुण्ड, सड़ानेका हौद (जिसमें जीवाणु-क्रिया[F]से मलको अलगाया जाता है);

~ gangrene, ~ infection, ~ operation theatre, ~ room, ~ sewage, ~ sore throat, ~ tank, ~ tonsils, ~ ulcer, ~ ward.

septicaemia –सिसी'मिअॅ n. (निदान०) पूतिरक्तता[F], (चि०) **रक्तपूतिता**[F], खूनमें तृणाणुविषकी तथा बहुधा तृणाणुओंकी उपस्थिति[F]।

septicaemic –मिक् a. पूतिरक्तता-सम्बन्धी, पूति-रक्तक।

septicity –'सिटि n. (चि०) पूतिवर्धनशीलता[F], गलन-शीलता[F]की प्रवृत्ति[F]; विगलनकारिता[F], पूयिकता[F], दुर्गन्ध-मयता[F], जहरखून, जहरवाद।

septifarious से॰प्टिफ़ेअॅ'रिअॅस् a. सप्तदिगुन्मुख, सात ओर मुड़ा हुआ।

septiform –'टिफ़ार्म् a. सप्तरूप, सप्तविभागयुक्त; प्राचीरवत्, कलाप्राचीर-सदृश, पटल-सदृश, पट्टी जैसा, खाने-जैसा।

septilateral से॰प्टिलै'टॅरॅल् a. सप्तभुज, सप्तपार्श्व।

septillion से॰प्टि'ल्यॅन् n. एक करोड़ गुणे एक करोड़ छः बार, १ के साथ ४२ शून्यकी संख्या[F]।

septimal से॰प्'टिमॅल् a. सातका।

septime से॰प्'टीम् n. पटाबाजी[F]में सातवाँ दाँव।

septimus से॰प्'टिमॅस् a. सप्तम, सातवाँ।

septinsular सेप्टिन्'स्यूलॅर् a. सप्तद्वीपीय, सात द्वीपोंवाला।

septuagenarian से॰प्ट्यूॲजि॰नेॲ'रिअॅन् n. & a. ६९ और ८० के बीचकी आयु[F]का (मनुष्य)।

septuagenary –जी'नॅरि a. सप्ततितमिति, सप्ततिवर्षीय, सत्तर वर्षकी आयु[F]का, सत्तरसाला।

Septuagesima से॰प्ट्यूॲजे॰'सिमॅ n. (~ *Sunday* भी) ईसाइयोंके लेण्ट (*Lent*) त्योहारके पहिलेका तीसरा रविवार।

septuagint से॰प्'ट्यूॲजिन्ट् n. बाइबिल[F]के पुराने टेस्टामेण्टका ग्रीक रूपान्तर, यूनानी उल्था।

septum से॰प्'टॅम् n. (pl. *-ta*) पोस्ताके फलका विभा-जन; प्राचीर, (कृषि०, चि०) **भित्तिका**[F], **विभाजक भित्ति**[F], कलाप्राचीर, (जीव०, वन०, कृषि०) **पट**, पटल, पटी[F], खाना; नासिका[F]के बीचका पर्दा।

septuor से॰प्'ट्युॲर् n. =SEPTETTE.

septuple से॰प्'ट्यूपॅल् a. सप्तगुण, सातगुना।

sepulchral सि॰पल्'क्रॅल् a. समाधि-सम्बन्धी, प्रेतवासीय, श्मशान-सम्बन्धी (~ *mound*); प्रेतक्रियासमुचित, शोक-सूचक, शोकावह; समाधि[F]का द्योतक; विषादपूर्ण, विषाद-मय, खिन्न, उदास; भयंकर, भयानक, भयावना, डरावना (*a* ~ *look*); अन्धकारमय, अँधेरा, धुँधला।

sepulchre से॰पॅल्'कॅर् १. n. श्मशान, शवस्थान, समाधि[F], कब्र[F], शवाधान, शवसमाधि-गुहा[F], मुर्दा गाड़ने-का तलघर या गुफा[F]; २. v.t. समाधिस्थ करना, कब्र[F]में रखना; समाधि[F]का काम देना, कब्र[F]के काम आना; the Holy S~ पवित्र समाधि[F] (जिसमें ईसाको गाड़ा गया था); whited ~ कपटी, छली, दम्भी व्यक्ति, मक्कार, फरेबी आदमी।

sepulture से॰'पॅल्च्युॲर् १. n. =SEPULCHRE. समाधिक्रिया[F], प्रेतकर्म, समाधिस्थकरण; २. v.t. जमीन[F]-में गाड़ना, दफन करना, कब्र[F]में रखना, दफनाना।

seq. *sequens* (sing.), **seqq.**, *sequentes* or *sequentia* (pl.), the following.

sequacious सि॰क्वे'शॅस् a. अनुगामी, पिछलग्गू; नम्य, लचकदार; संगत, सम्बद्ध।

sequaciousness –निॅस् n. अनुगामिता[F], पिछ-लग्गूपन; लचक[F]।

sequacity –वै'सिटि n. =SEQUACIOUSNESS.

sequel सी'क्वॅल् n. समाप्ति[F], अन्तिम रूप, अन्त परि-णाम, उत्तर, फल, बादका प्रभाव, नतीजा, आखिरी सिल-सिला; परिशिष्ट, उत्तरार्ध, उत्तरभाग, शेष, शेषभाग, पिछला भाग; (क०) तर्कगत निर्णय, तर्कशृंखला[F]का निष्कर्ष, तर्कफल, निष्पत्ति[F]; *in the* ~ अन्तमें, बादमें; (निदान०) अनुगामी रोग।

sequela (L) सि॰क्वी'लॅ n. (चि०) अनुप्रभाव, उत्तर कार्य; लक्षण, **निशानी**[F]; (निदान०) रोगोत्तर विकार।

sequence सी'क्वॅन्स् n. **क्रम**; (गणि०) **अनुक्रम**, **आनुपूर्व्य**, अनुवर्तन, पश्चाद्वर्त्तिता[F], श्रेणी[F], शृंखला-माला[F], शृंखला[F], तारतम्य, सिलसिला, ताँता, तरतीब (*a* ~ *of clubs*); (चलचित्र) किसी चित्रपटकी कहानी[F]-के अनुरूप घटना[F]; (संगीत, भिन्न आलापोंके) समान सुरीले पदसमूहोंका क्रम; परम्परा[F]; (ईसा०) *Alleluia* के उपरान्त गायी या कही जानेवाली ईसाई प्रार्थना[F] या भजन; ~ of events घटनाक्रम; ~ of tenses (व्या०) कालक्रम, कालनियम;

~ number, ~ switch, ~ table, ~ theory.

sequentes sequentia (L) nn. अधोलिखित पंक्तियाँ[F]।

sequent –न्ट a. आनुक्रमिक, क्रमागत, क्रमिक, अनुवर्ती,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पश्चाद्वर्ती, परवर्ती, शृंखलाबद्ध, परम्परागत, सिलसिलेवार, संगतिमें आनेवाला।

sequential सिक्वेन्'श्ल् a. क्रमसम्बन्धी, आनुक्रमिक (*~ analysis*), अनुवर्ती, परिणामी, परम्परासम्बन्धी, तौंतेका; *~ order* (दर्श०) **आनुपूर्व-क्रम**;

sequentiality –शिअ'लिटि n. क्रमिकता[F], आनुक्रमिकता[F], क्रमागतता[F], अनुवर्तिता[F], परवर्तिता[F], पश्चाद्वर्त्तिता[F], परम्परा[F], शृंखला[F], संगति[F], सिलसिलेवारी[F]।

sequester सिक्वेस्'टॅर् v.t. & i. वियुक्त करना, विलग करना, (का०) **पृथक् करना**, स्वतन्त्र करना, एकान्तमें करना, दूर करना, अलग करना, अलग रखना, संसारसे हटा लेना, समाजसे परे कर देना (*~ oneself from the world*); (कानून) (ऋणी या कर्जदारकी सम्पत्ति[F]पर) अस्थायी आधिपत्य जमा लेना, अस्थायी रूपसे कब्जा करना; (विवादास्पद सम्पत्ति[F]को) न्यायालयके अधीन करना, वादी प्रतिवादीसे लेकर कानूनी अभियोगके अन्तर्गत करना; (v. i.) (विधवा[F]का) अपने पतिकी सम्पत्ति[F]मेंका भाग त्याग देना, पतिकी जायदाद[F] छोड़ना; (SEQUESTRATE भी) सविनियोग करना, समाहरण करना, अधिकार करना, कब्जा करना, हड़प लेना, जब्त करना।

sequestered –र्ड् a. वियुक्त, विलग्न, पृथक्कृत, एकान्त, दूरीकृत, अलग किया हुआ, अलग-अलग हटाया गया (*~ cottage, life*)।

sequestrable –ट्रॅबॅल् a. वियुज्य, पृथक्करणीय, एकांतमें हटाने योग्य; न्यायालयके अधीन करने योग्य, अस्थायी रूपसे आधिपत्य करने योग्य; सविनियोज्य, समाहरणीय, जब्त करने लायक।

sequestrate –ट्रेट् v.t. & i. दे० SEQUESTER.

sequestration सीक्वेस्ट्रे'शॅन् n. वियोजन, अपहरण, (का०) **पृथक्करण, अलग रख देना**, अलगाव; ऋणीकी सम्पत्ति[F]पर अस्थायी आधिपत्य, कब्जा, जब्ती[F]; (विधवा[F] द्वारा) पतिकी सम्पत्ति[F]का त्याग; (विकृति०) शरीरमें हड्डी[F]के कुछ हिस्सेका निर्जीव होकर अलग होना; रोगीका अलग्नकरण; शाखागत रक्तस्तम्भ, सिर और धड़के शस्त्रकर्ममें रक्तस्राव कम करनेकी दृष्टि[F]से।

sequestrator –'क्विस्ट्रेटॅर् n. पृथक्कारक, पृथक्कर्ता, सम्बन्ध तोड़नेवाला, अलग करनेवाला; समहरणकर्त्ता, आधिपत्यकर्त्ता, अधिकर्त्ता, कब्जा करनेवाला।

sequestrum सिक्वेस्'ट्रॅम् n. (चि०) अस्थि[F]का निर्जीव टुकड़ा (शरीरगत अस्थि[F]से अलग हुआ)।

sequin सी'क्विन् n. चाँदी[F]की मोहर-जैसा गहना; (इति०) वेनिसकी स्वर्णमुद्रा[F] (लगभग आधा पौण्ड)।

sequoia सिक्वॉइ'अ n. भीमवृक्षप्रजाति[F], कैलीफोर्नियाका देवदारकी जाति[F]का बहुत ऊँचा पेड़।

S.E.R. South Eastern Railway.

ser. series; sermon.

serac से'रैक् n. प्रशूल, दुर्गके बुर्जके आकारका बर्फीला स्तम्भ।

seraglio सॅरा'लयो n. (pl. *-s*) अन्तःपुर, अन्दरमहल, रनिवास, हरम; वासनालय; प्राचीरबद्ध प्रासाद, चहारदीवारी[F]से घिरा हुआ महल।

serai सराइ', सरा'इ n. सराय[F]।

serang सॅरैन्ग्' n. (आंग्ल-भारतीय) लश्कर[F]की टुकड़ी[F]का देशी नायक, नाविकदलका देशी मुखिया, सरहंग।

serape सेरा'पे n. शाल, दुशाला।

seraph से'रॅफ् n. (pl. *-im, -s*) दैवी पुरुष, दिव्य व्यक्ति; देवदूत, नौ (९) दूतोंमेंसे सर्वोच्च देवदूत, प्रथम श्रेणी[F]का स्वर्गीय दूत, दिव्यदूत, फरिश्ता; Order of the S~im स्वीडनमें वीरता[F]की उपाधि[F]।

seraphic सॅरै'फिक् a. स्वर्गीय, दैवीपुरुष-सम्बन्धी; सर्वोच्च श्रेणी[F]के देवदूतका; पवित्र, निर्मल।

seraphine से'रॅफीन् n. पुराना हारमोनियम, सराफीन बाजा।

seraskier से'रॅस्कीअॅर्' n. सेरसकीर, (प्राचीन तुर्की प्रधान सेनापतिकी उपाधि[F])।

Serb सर्ब्' n. सर्वी, सर्वियन, सर्विया-निवासी, सर्विया-वासी।

Serbocroatian ⊙ सर्बक्रॅओ'शिअॅन् n. सर्वोक्रोशी (यूगोस्लावियाकी भाषा[F])।

sere, sear सीअॅर्', सीअॅर्' १. n. बन्दूक[F]के कुत्तेकी रोक[F]; २. a. म्लान, मुरझाया हुआ, शुष्क।

serein (F) सॅरैन्' n. (निरभ्र आकाशसे) फुहार, झड़ी[F], झींसी[F]।

serenade से'रिनेड्' १. n. (प्रेमीके द्वारा प्रेमिका[F]के वातायनपर गाया हुआ) वेदनागीत, सान्ध्यगीत या बजायी हुई कोई तान[F]; २. v.t. वेदनागीत गाना, सान्ध्यगीत गाना या अलापना।

serenader –'डॅर् n. प्रेमवेदनागीतकार, सान्ध्यगीत गानेवाला या तान[F] छेड़नेवाला (गायक या प्रेमी)।

serenata से'रिना'टॅ n. लोकगीत, प्रेमगीत, प्रेमवेदनागीत।

serendipity से'रेन्डि'पिटि n. संयोग, आकस्मिक लाभ, आकस्मिक भेंट[F]; चमत्कार, सिंहलद्वीपत्व।

serene सॅरीन्' १. n. आकाश, सागर आदिकी अविक्षुब्धता[F], शान्त विस्तार; २. v.t. (का०) (आकाशको) निरभ्र करना, (भौंह[F] आदिको) स्थिर करना, शान्त करना, उतारना; ३. a. (सागर, मन आदि) अविक्षुब्ध, शान्त, निरुद्वेग, अचंचल, थमा हुआ; सौम्य, निरुद्विग्न, स्थिर, प्रशान्त, निराकुल, अविचलित, दृढ़, अडिग, पक्का (*a ~ temper*); स्वच्छ, निर्मल, शुद्ध, प्रसन्न; निरभ्र; *all ~* (आ०) सब ठीक, सब अच्छा।

sereneness, serenity –'निॅस्, –रे'निटि nn. अक्षोभ, स्थिरता[F], धैर्य, धीरता[F], अनुद्वेग, निरुद्विग्नता[F], (दर्श०) **प्रशान्तता[F]**, प्रशान्ति[F], शान्ति[F], प्रसन्नता[F], प्रसादभाव; निरभ्रता[F], स्वच्छता[F], निर्मलता[F]।

serf सर्फ् n. अत्याचारग्रस्त मनुष्य, पीड़ित व्यक्ति; नौकर, चाकर, नीच, टहलुआ, कमीन; (कृषि०) कृषक, कृषिदास, क्रीतदास, भूसक्तदास, कृषकदास, खेतिहर श्रमिक, (मध्ययुगीन भूसामन्तका) असामी, अर्धदास, क्षेत्रदास,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बेगारी-गुलाम, कमिया, ठ... labour (कृषि०) दास-श्रमिक।

serfage –'फ़िज् n. भूद...ता^F, दासत्व, असामीपन, कमियापन।

serfdom –फ़्'डॅम् n. ...दासता^F, कृषिदासत्व, कृषिदासता^F, कृषकदासता^F, ...कृषकदास प्रथा^F, कृषिदास-प्रथा^F, कमियाप्रथा^F, दास... दासता^F, गुलामी^F।

serfhood सर्फ़हुड n. ...दासत्व, कमियाकी अवस्था^F, बेगारी^Fकी स्थिति^F।

serg. sergt. Sergeant a.

serge सर्ज्' n. पश्मी व... विशेष, एक प्रकारका चिमड़ा ऊनी कपड़ा, सर्ज^F, sil... रेशमी सर्ज^F।

sergeancy, -j- सार्'जॅन्सि n. सारजण्ट-पद, हवालदारी^F।

sergeant, -j- –न्ट् n. उच्चश्रेणी^Fका अधिवक्ता या वकील; (सेना०) सेनानी...-विशेष, छोटे सैनिकोंके ऊपर अनायुक्त अधिकारी, सा...रजण्ट, हवालदार; परिचारी, परिचारक; Common S~ लन्दन नगरका अधिकारी; company ~-major कम्पनी^Fका सर्वोच्च अनायुक्त अधिकारी; lance ~ सारजण्टके साथ कार्य करनेवाला नायक या सैनिक; S~-at-arms सशस्त्र परिचारक; ~-at-law न्यायालयीय परिचारक, पार्लियामेण्टरी सारजेण्ट; ~-fish धारीदार मछली^F (जिसमें सारजण्टकी वर्दी-जैसी धारियाँ^F होती हैं); ~-major *or* regimental ~-major परिचारी प्रवर, अनायुक्त वारण्ट-अधिकारी, सारजण्ट मेजर (जो सेनापतिके अज्जुतेन्तका सहायक होता है)।

sergeantcy –सि n. = SERGEANCY.

sergeantship –न्ट्-शिप् n. सारजण्टका पद।

sergette सर्जे'ट्' n. महीन सर्ज^F, दे० SERGE.

serial सीॲ'रिॲल् १. n. मालाप्रकाशन, क्रमशः मुद्रित प्रकाशन, पत्रिका^F (क्व०); धारावाहिक कहानी^F, सीरियल; क्रम; २. a. मालाबद्ध, क्रमशः प्रकाशित, धारावाहिक, धारावाही, सिलसिलेवार (कहानी^F आदि); क्रमिक, आनुक्रमिक, क्रमबद्ध, क्रमसम्बद्ध, यथाक्रम, क्रमागत, क्रमानुसारी, सिलसिलेवार (~ *entry*); श्रेणीगत (~ *correlation*); कालावधिक, सावधिक, आवधिक, नियत समयपर प्रकाशित होनेवाला; ~ number क्रमांक, क्रमसंख्या^F; ~ order अनुक्रम; ~ rights पुनर्मुद्रणाधिकार, धारावाहिक प्रकाशित कहानी^F आदिका कॉपीराइट;

~ bond, ~ correlation, ~ homology, ~ list, ~ manufacture, ~ method, ~ reaction.

serialist –लिस्ट् n. धारावाहिक कहानी-लेखक, माला-लेखक, माला-प्रकाशक।

seriality –ऐ'लिटि n. क्रमिकता^F, आनुक्रमिकता^F, क्रमबद्धता^F, धारावाहिकता^F, सिलसिला।

serialize –'रिॲलाइज़् v.t. क्रमिक बनाना, क्रममें रखना, क्रमबद्ध करना, क्रममें ...सिलसिलेमें करना।

serially –लि adv. क्रमानुसार, क्रमपूर्वक, क्रमशः, सिलसिलेवार; ~ numbered क्रमांकित।

seriate, -ated, aa. seriate –ॲट्, -ऐटि'ड्, ऐट् v.t. क्रमबद्ध, क्रमिक रूपमें (स्थित करना), श्रेणी^F या शृंखला^F में (बाँधना), (वन०) श्रेणीबद्ध (करना), धारावाहिक (करना), मालाबद्ध (करना), क्रममें (रखना), सिलसिलेवार (बैठाना)।

seriatim से'रिॲ'टिम्, सीॲरिॲ'टिम्, adv. क्रमबद्ध, मालाबद्ध, यथाक्रम, क्रमानुसार, क्रमशः, एक-एक करके, सिलसिलेवार (*consider, discuss,* ~)।

seriation सीॲरिॲ'शॅन् n. (इति०) कालानुक्रमण, क्रमिकता^F, क्रमबद्धता^F, क्रम-व्यवस्था^F, श्रेणीबद्धता^F, शृंखला^F।

Seric सीॲ'रिक् a. चीनी।

sericeous सि'रि'शॅस् a. अंशुकीय, (वन०) पट्टाभ, रेशमी।

seri(ci)culture से'रि(सि)कल्ट्युॲर n. (कृषि०, प्रा० भू०) पट्ट-उत्पादन, रेशम-उत्पादन, कोशकीट-पालन, रेशमके कीड़ोंका पालन।

seri(ci)culturist –ल्'चॅरिस्ट् n. (कृषि०) पट्ट-वैज्ञानिक, रेशम-वैज्ञानिक, रेशम-विज्ञानी, कोशकीटपालक, रेशमी कीड़े पालनेवाला।

series सीॲ'रिईज़् n. (समान वस्तुओं^Fका) क्रम, (वन०) क्रमक, अनुक्रम, पारम्पर्य, परम्परा^F; प्रसमूह, (वन०) श्रेणी^F, शृंखला^F, राजि^F, मालिका^F, माला^F, अवली^F, पंक्ति^F, परिपाटी^F, ताँता, कतार^F, सिलसिला, तार; (पुस्तक^F) किसी पत्रिका^Fकी अंकमाला, अंकावली^F, (एक ही विषयपर या एक ही लेखककी) लेखमाला^F, लेखक्रम; पुस्तकक्रम, पुस्तकशृंखला^F, पुस्तकमाला^F, ग्रन्थमाला^F; (भूगर्भ०, सामान्य विशेषताओं^Fका) स्तरक्रम, पर्तों^Fका ताँता; (अंक०) पदक्रम, पदमाला^F, (*arithmetical* ~) (जन्तुवि०) परस्पर-सम्बन्धित जातिक्रम, जातिमाला^F; (रसा०) सामान्य गुणोंकी तत्त्व-माला या सामान्य मूलकों सहित यौगिक क्रम, यौगिक माला^F; (विद्यु०) बैटरीकुलक, बैटरी^F सेट; ~ of stamps, coins (भिन्न नामोंके किन्तु एक ही समयमें एक ही शासनमें प्रकाशित) टिकटों या सिक्कोंकी श्रेणी^F; *in* ~ व्यवस्थित क्रममें,

~ array, ~ connection, ~ fed, ~ resonance, ~ term, ~ winding, ~ wound.

serif, ceriph से'रिफ़्, से'रिफ़् n. टाइपके अक्षरकी नोक^F या शोशा (जो ऊपर और नीचे निकला रहता है, जैसे This, बिना नोकों^Fका This भी देखें)।

serin से'रिन् n. मध्य यूरोपका कुलिंग पक्षी।

serious* सीॲ'रिॲस् a. चिन्तनशील, चिन्ताशील, विचारवान्, विचारशील, ध्यानमग्न; गम्भीर*, प्रशान्त, स्थिर, धीर, संजीदा (*has a ~ look, air*); उत्सुक, उत्कण्ठित, व्यग्र, तत्पर; संयतचित्त, अविनोदी, गम्भीर-स्वभाव; उत्तरदायी, दायित्वशील; विचारणीय, ...छोड़ना; one *a trick* किसीके साथ चाल^F चलना; किसीके

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुपेक्षणीय, गुरु, भारी, अलघु, बड़ा (*this is a ~ matter*); खतरनाक, सख्त (*~ illness*); अकृत्रिम, अविनोदी, विनोदरहित, सरल, स्वाभाविक, यथार्थ, वास्तविक, सच्चा, निष्कपट, बिना हँसी^F या बनावट^F के (*and now to be ~*); नैतिक, नीति-विषयक, धार्मिक, धर्म-विषयक, धर्मसापेक्ष, अलौकिक, असांसारिक, गैर-दुनियावी (*~ subjects*); (अब मुख्यतः हास्य०) मुमुक्षु, मुक्ति आकांक्षी, धार्मिक, धर्मपुरीण, धर्माचारी, धर्मशील; *are you ~?* क्या आप गम्भीरतापूर्वक कहते हैं, वही आपका आशय है;

~ consequences, ~ danger, ~ defalcation, ~ defect, ~ difficulty, ~ disease, ~ error, ~ loss, ~ offence, ~ question, ~ responsibility, ~ thought, ~ wound.

seriousness –निॅस् n. चिन्तनशीलता^F, विचारशीलता^F, उत्सुकता^F, व्यग्रता^F, स्थिरता^F, उत्तरदायित्व, गम्भीरता^F, गाम्भीर्य, संजीदगी^F; विचारणीयता^F, महत्त्वपूर्णता^F, अनुपेक्षणीयता^F; धीरता^F, स्थिरता^F, गुरुता^F; अविनोद; सरलता^F, स्वाभाविकता^F, निष्कपटता^F, वास्तविकता^F, सचाई^F; धार्मिकता^F; (हास्य०) मुमुक्षा^F, मोक्षभाव।

seriph सेॅरिफ् n. = SERIF.

serjeant सार्'ज़ॅन्ट् n. = SERGEANT.

sermon सर्'मॅन् १. n. (दर्श०) प्रवचन, उपदेश, धर्मोपदेश, धर्मव्याख्यान, धार्मिक वार्ता^F; नीतिशिक्षा^F, धर्मशिक्षा^F के रूपमें मंचसे दिया गया लिखित या मौखिक व्याख्यान; (नैसर्गिक वस्तुओं^F द्वारा प्रेरित) नैतिक विचार, नैतिक प्रेरणा^F, चारित्रिक सन्देश, शिक्षा^F, सीख, नसीहत^F (*~s in stones*); भर्त्सना^F, निन्दावचन, तिरस्कार, व्याख्यान, भाषण, लेक्चर; २. v.t. प्रवचन देना, उपदेश देना, धार्मिक व्याख्यान देना, शिक्षा^F देना; lay ~ सामान्य भाषण या व्याख्यान; S~ on the Mount ईसा मसीहका प्रवचन-विशेष।

sermonet, sermonette –निॅट्, सर्मॅनेॅट् nn. लघु प्रवचन, लघु उपदेश, छोटा धर्मोपदेश।

sermonic –मॉ'निक् a. प्रवचनीय, उपदेश-विषयक, धर्मोपदेश-विषयक, धर्म-व्याख्यान-विषयक, नीति-शिक्षा-सम्बन्धी, नैतिक प्रेरणा-विषयक, चारित्रिक सन्देश-सम्बन्धी, सीखभरा, नसीहतवाला।

sermonize –मॅनाइज़् v.t. & i. प्रवचन बना देना, धार्मिक उपदेशका रूप देना, शिक्षा^F देना; प्रवचन देना, उपदेश सुनाना।

sermonizer –ज़ॅर् n. प्रवचनकर्ता, व्याख्यानदाता, धर्मोपदेशक, धर्म-शिक्षक, नीतिशिक्षक; व्याख्यान लिखनेवाला।

sero- लसी- (*~purulent, ~therapeutics*)।

serodiagnosis ⊙ सेॅरॅडाइॲनो'सिस् n. (चि०) सीरममूलक-निदान, लसी-निदान।

serological सीॲरॅलॉ'जिकल a. लसीय (*~ test,*

serologist –रॉ'लॅजिस्ट् n. लसी वैज्ञानिक, लसीकाविद्, रक्तोद विशेषज्ञ, सीरम-विशेषज्ञ, (चि०) सीरम विज्ञानी, रक्तमत्सुविशेषज्ञ।

serology –जि n. लसीविज्ञान, रक्तमत्सुविज्ञान, (चि०) सीरम विज्ञान, रक्तोदकविज्ञान, लसी-विद्या^F।

seroon सिरून्' n. (स-ने फलों आदिका) परिवेष्ट, परिवेष्टन, गट्ठर, बण्डल, पैकेट।

seropurulent सीॲरॅप्युॲ'रॅन्ट् a. (चि०) लसीपूयमय, रक्तमत्सुपूययुक्त।

serosity सीॲरॉ'सिटि (चि०). लसीद्रवके समान गुणवत्ता; मेदस्विता^F, जलीयता^F, मेदुरता, पतलापन।

serous –रॅस a. (चि०) रक्तवत्, लसीयुक्त, लसीरूप, लसीजनक, रक्तोदकीय, रक्तोदकवत्, जलीय, जलवत्, तरल, लसीय, लसीदार, मेदस्वी, मेदुर, खूनके पानीकी तरह, मट्ठे-जैसा, पनीला, पतला (*~ fluid, layer*), (चि०, जीव०) T.

serpens सर्पेन्स् n. (गणि०) सर्प, T.।

serpent सर्'पॅन्ट् n. पन्नग, भुजग, भुजंग, उरग, नाग, सरीसृप, सर्प, साँप, रेंगनेवाला कीड़ा (बड़ी जाति^F का); (ला०) क्रूर व्यक्ति, वंचक, विश्वासघाती मनुष्य, धोखेबाज या दगाबाज आदमी, चालबाज; एक प्रकारकी अप्राप्त बाँसुरी^F, Pharaoh's ~ आतिशबाजी^F का साँप; ~-charmer मदारी, सँपेरा, साँपवाला; ~-god, goddess गुग्गापीर, नागदेवता; ~-gourd तरोई^F, पुड़ोला, चचंडा; ~-grass एक अल्पानी, सर्प-घास^F; ~ lizard सर्पगोधा^F, एक छिपकली^F; ~ star भंगुर तारा, टूटनेवाला तारा; ~ stone सर्पमणि^F; चमकदार प्रस्तरीभूत शंख; ~'s-tongue नागफण, नागफनी^F; the, the old, S~ दैत्य, दानव, शैतान; the S~ उत्तरी तारकपुंज या उत्तरी नक्षत्र।

serpentarius ⊙ सॅर्पेॅन्टेॲ'रिॲस् n. (गणि०) सर्पधर, T.

serpentiform –टिफ़ॉर्म् a. सर्पाकारी, साँपके रूपका, साँपिया, साँप-सा।

serpentine सर्'पॅन्टाइन् १. n. (स्केटिंग^F) लहरियाँ^F (जो स्केटिंग^F के कारण बन जाती हैं); एक प्रकारका चुम्बकदार चकमक पत्थर, साँपके-से धब्बेवाली गहरे हरे रंग और रंगोंकी मुलायम चट्टानें^F (जो पच्चीकारी^F के काम आती हैं), (रसा०) सर्पिल धातुक, T.; २. v.t. कुटिलता^F से चलना, साँपकी तरह बल खाते चलना, टेढ़े-मेढ़े चलना; ३. a. सर्पिल, सर्पवत्, साँप-जैसा, साँपका-सा; वक्र, कुटिल, कुण्डलित, कुण्डली मारे, टेढ़ा-मेढ़ा, चक्करदार, घुमावदार, पेचीला, (शरीर०) ऐंठता हुआ; धूर्त, वंचक, चतुर, विश्वासघाती, चालाक, धोखेबाज, दगाबाज, होशियार, मक्कार; ~ dance सर्पिल नृत्य, सर्पकी गतिवाला नाच; ~ verse कुण्डलियाछन्द; ~ windings सर्पिल संकेत; वक्र या टेढ़ी-मेढ़ी धारा^F, मोड़वाली सड़क^F आदि; ~ wisdom दूरदर्शिता^F, गम्भीर विद्वत्ता^F, गूढ़ पांडित्य।

serpentinize –टिनाइज़् v.t. & i. सर्पिल बनाना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुण्डलित करना, भाँजना, ऐंठना; सर्पिल होना, कुण्डलित होना, घुमावदार होना।

serpentinous –नॅस् a. सर्पिल, कुण्डलित, कुण्डलाकार, चक्करदार।

serpentise –टॉइज़् v.t. & i. कुण्डलित करना, लपेटना, भाँजना; कुण्डलित होना, लपटना, वटना।

serpentlike सर्'पॅन्ट्लाइक् a. सर्पसदृश, सर्पका-सा।

serpentry –ट्रि n. (सामुदायिक) भुजंग, अहिवर्ग, सर्प, नाग, साँप।

serpiginous सॅर्पि'जिनॅस् a. (चि०) दद्रुसम; रेंगनेवाला।

serpigo –पाइ'गो n. (चि०) कक्ष्या[F], दद्रु, दाद[F]।

serpula सर्'प्यूल् n. सर्पक, सँपोला।

serra से''रॅ n. (जीववि०, वन०) क्रकच, दाँता।

serrate –रेट् १. a. (वन०) आरावत्, क्रकचतुल्य, क्रकचित, (चि०, जीव०) दन्तुर (*~ suture*), दाँतेदार, दंदानेदार; २. v.t. आरावत् धार बनाना, दाँतेदार किनारा काढ़ना।

serration –रे'शॅन् n. क्रकचवत्ता[F], क्रकचतुल्यकरण, आरावत् बनाना, दाँतेदार किनारेकी रचना[F]।

serratirostral –रॅटिरॉस्'ट्रॅल् a. क्रकचचंचु, आरी-जैसी चोंचवाला।

serrefile –रॅफ़ाइल् n. जमादार, सूबेदार।

serri- क्रकच- (*~corn, ~ferous, ~form, ~rostrate*)।

serried से''रिड् a. अविरल, निबिड़, घना, लगातार, सटा हुआ, बिना दूरीकी (पेड़ोंकी कतार[F]); जनाकीर्ण, संहत, जुड़ा हुआ, पास-पास, कन्धे-से-कन्धे मिली हुई (सैनिक पंक्ति[F])।

serriform –रिफ़ॉर्म् a. क्रकचाकृति, क्रकचाकार, क्रकचवत्, आरा-सदृश, आरी-जैसा।

serrulate, -ated –रुलेट, -अटिॅड् aa. सूक्ष्मदशनमय, महीन दाँतेदार।

serrulation –ले'शॅन् n. सूक्ष्मदशनमयता[F], महीन दाँतेदार होना।

serum सीऑ'रॅम् n. (निदान०) पशुकी लसी[F] (जो ओषधि[F]के रूपमें प्रयुक्त होती है), (चि०, रसा०, कृषि०) रक्तमत्सु, लसी[F], लस[F], सीरम, रक्त जमनेपर अलग होनेवाला द्रव; (रसा०) रक्तोद, रक्तोदक, क्षीरिका[F], पायस, पाकरस, अन्नरस, रस, जलीय पशुद्रव, लसी[F], लसीका[F]; मेदा, वसा[F], वपा; मट्ठा; ~ sickness लसी-रोग, सीरम-रोग, (कभी-कभी लसी[F]के इंजेक्शनके कारण होनेवाला) चर्मविस्फोट, ज्वर आदि;

~albumen, ~ bottle, ~ globulin, ~ protein, ~ therapy.

serval सर्'वॅल् n. (अफ्रीकी) चित्रक मार्जार, चीतू, बिल्ला।

servant* –वॅन्ट् १. n. दास, क्रीतदास, किंकर, कर्मचारी, भृत्य, अनुचर, नौकर*, सेवक, चाकर, टहलुआ, खिदमतगार (*keeps three ~s*); परहिताकांक्षी, परोपकारी, परहितकारी, परसेवी; अनुयायी, भक्त, सेवक (*a ~ of Jesus Christ*); civil ~ जनसेवक, लोकसेवक, नागरिक सेवक; indoor ~ घरके भीतरके नौकर, नौकरानी[F], रसोइया, खानसामा आदि; outdoor ~ बाहरी नौकर, माली, सईस आदि; public ~s राजकर्मचारी, सरकारी अधिकारी, सरकारी अफसर; ~ of ~s सर्वाधीन, दासानुदास; the ~ question नौकरोंकी समस्या[F], नौकरोंको नियन्त्रित रखनेकी समस्या[F]; *a good ~ but a bad master* साधनके रूपमें ठीक, साध्यके रूपमें नहीं।

servantry –ट्रि n. (वर्गके रूपमें) परिचारक, सेवक, नौकर-चाकर।

servantship –ट्-शिप् n. परिचारकत्व, सेवकत्व, किंकरत्व, दासता[F]; नौकरकी स्थिति[F]।

serve सर्व् १. n. (टेनिस आदिमें) पहली गेंद, पहली चोट[F], पहली फेंकाई[F], गेंद[F] फेंकनेका अवसर, पारी[F], बारी[F], (*whose ~ is it ?*); २. v.t. & i. सेवक होना, सेवा[F] या नौकरी[F] करना, काम करना, नौकर होना, चाकर होना, चाकरी[F] बजाना, टहलुआ होना, खिदमत[F] करना; लाभप्रद होना, उपयोगी होना, अर्थका होना, कामका होना, काम आना, मतलबका होना (*has ~d generation*); मतलब पूरा करना (*~ a purpose*); पर्याप्त होना, अर्थ पूरा करना, लाभ उठाना; जरूरतें[F] पूरी करना, काफी होना; तृप्त करना, सन्तुष्ट करना, सन्तोष देना, छका देना; कार्यसम्पादन करना, विशेष काम करना, खास बात[F] करना; उपयुक्त होना; योग्य होना, ठीक होना, लायक होना; अपेक्षित कार्य करना, आवश्यक वस्तु[F] करना, जरूरी बात[F] करना; व्यवहार करना, वर्ताव करना; पेश आना; व्यक्तिका हिसाब चुकाना, अदा करना (*you may ~ me as you will*); खाना तैयार घोषित करना, भेज[F]पर (भोजन) परोसना, थाली[F] या रकाबी[F]में परोसना, खाना लाकर रखना, वितरण करना, बाँटना, हिस्सा देना, सप्लाई[F] करना, पहुँचाना, देना; (सम्मन आदिकी) तामील[F] कराना, (का०) **तामील[F] करना** (*~ of summons*), खेलमें गेंद[F] पहुँचाना, गेंद[F] फेंकना; *as memory ~s* जैसा स्मरण होता है, जहाँ तक याद आता है; *as occasion ~s* जब अवसर अनुकूल हो; *curate ~s two parishes* दो जगह कार्य करता है या काम करता है; *has ~d in India* भारतमें सैनिक रहा है; *it will ~* वांछा[F] या आवश्यकता[F] पूरी करेगा, जरूरत[F] पूरी करेगा, काम देगा; *~ an office* सेवा[F]की अवधि[F] पूरी करना, नौकरी[F]की मियाद[F] पूरी करना; *~ a sentence* दण्डाज्ञा[F] पूरी करना, भुगतना, सजा[F]का पूरा समय काटना; *~ at table* (प्रीतिभोजके समय) खाना लगाना, परोसना, खानसामागीरी[F] करना; *~ gun, battery* तोपों[F]को चलाते जाना, दागते रहना; *~ or ~s him right !* अपराधीको अच्छा दण्ड मिला ! ठीक हुआ ! *~ mare* etc. घोड़ी[F]पर साँड़घोड़ा छोड़ना; *~ one a trick* किसीके साथ चाल[F] चलना; किसीके

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साथ चालाकी[F] करना; ~ one's *apprenticeship* प्रशिक्षण प्राप्त करना, ट्रेनिंग[F] पाना; ~ one's *time* समय काटना, अवधि[F] तक कार्य निपटाना, दण्डाज्ञा-अवधि[F] पूरी करना या काटना; ~s one's *turn* or *need* लाभप्रद होना, उपयोगी होना, बहुत काम आना; ~ *out* वितरण करना, बाँटना; प्रतिकार करना, बदला लेना; सजा[F] देना; ~ *the devil* दैत्यानुयायी होना, क्रूर होना, दुष्ट होना; ~ *the Lord* or *God* धर्मात्मा होना, धार्मिक होना, पुण्यात्मा होना, पुण्यशील होना; ~ *the purpose of* किसी रूपमें प्रयुक्त होना, काम चलाना, काम आना; ~ *two masters* दो विरोधी सिद्धान्तोंमें फँसा होना, ~ *with the same sauce* (ला०) प्रतिकार करना, प्रतिशोध लेना, बदला लेना; ~*d them a trick* धोखा दिया, ठगा, चाल[F] चली, झाँसा दिया; *manage to* ~ *him out* प्रतिशोध लेना, बदला लेना।

served ⊙–ड़् a. सेवित, निर्वाहित, अभ्यर्पित; *the dinner is* ~ खाना लग गया, परोसा गया है।

server –'वॅर् n. सेवक, नौकर; पूरक, पूर्तिकर्त्ता, सन्तुष्टि-दाता, आवश्यकताएँ[F] पूरी करनेवाला; व्यवहारकर्त्ता, बर्ताव करनेवाला; वितरक, परोसनेवाला, बाँटनेवाला, परसइया; गेंद[F] फेंकनेवाला; सम्मन लानेवाला।

servery –रि n. भोजनके कमरेसे लगा हुआ भोजनालय (जिसमें भोजन, मदिरा[F], बर्तन आदि रखे रहते हैं)।

service[1] सर्'विस् १. n. सेवकत्व, सेवाकार्य, सेवकभाव, (अर्थ०) **सेवा**[F], भृत्या[F], शुश्रूषा[F], दासवृत्ति[F], काम, (अर्थ०) **नौकरी**[F], चाकरी[F], टहल[F], खिदमत[F], मुलाजमत[F] (*take* ~ *with*); **तामीली**[F]; सार्वजनिक या राजकीय सेवा-विभाग, विभाग-विशेष, महकमा; विभागीय सेवा[F], सरकारी नौकरी[F] (*the public* ~*s*); विभागके कर्मचारी या अधिकारी; (गुण०) कामकाजी, कामका; शासकीय, शासनसेवी; **सरकारी, सैनिक**; कार्य, कर्त्तव्य, अनिवार्य काम; अनुवर्तन, अनुवृति[F], वृत्ति[F], व्यवसाय; परहित, परोपकार, परोपकारवृत्ति[F], सेवाभाव, (*has a right to my* ~); मरम्मत; प्रयोग, उपयोग, लाभ, सहायता[F], फायदा, काज (*can I, will it, be of* ~ *to you ?*); सार्वजनिक उपासना[F], आराधना[F] या पूजा[F], उपासना-सम्बन्धी गायन-वादन, पूजापाठ (*holds four* ~*s every Sunday*); निर्दिष्ट उपासना-पद्धति[F], सार्वजनिक उपासना-पद्धति[F] का रूप; पात्र, खाना परोसनेके लिए तश्तरी[F], रकाबी[F] आदि बर्तन (*dinner* ~); (लेख या सम्मन आदिकी) निर्वृत्ति[F], तामील[F]; **वितरण; अवस्था**[F]; (अर्थ०) व्यवस्था[F]; यातायात, संवहन-प्रबन्ध, परिवहन-व्यवस्था[F], (जहाज, रेल[F], बस[F] आदिका निश्चित समयपर) परियान, (किसी वस्तु[F] के बनानेवाले या विक्रेताओंके द्वारा बिक्री[F] के उपरान्त ग्राहकोंको दी गयी विशेषतापूर्ण) सम्मति[F] या सलाह[F] (~ *department*); पहली बार गेंद[F] फेंकना (ताकि खेल आरम्भ हो); गेंद[F] फेंकनेका ढंग; खिलाड़ीकी गेंद[F] फेंकनेकी बारी[F], टेनिस आदिकी सर्विस[F] (*his* ~ *is weak*); २. v.t. (साइकिल[F], मोटर-कार[F] आदिकी) मरम्मत[F] करना, ठीक-ठाक करना, सफाई[F] आदि करना; divine ~ आराधना-सभा[F], उपासना-सभा[F], पूजा-सभा[F]; full ~ पूर्ण उपासनाक्रम (जिसमें सामूहिक गायन हो); समवेत भजन-कीर्त्तन; plain ~ असाधारण उपासना[F], सरल पूजा[F], एक-स्वर आराधना[F]; personal ~ निजी सेवा[F]; (इति०) सामन्ती कर्त्तव्य, सामन्ती सेवा[F]; personal ~ (कानून) व्यक्तिगत निर्वृत्ति; निजी तामील[F] (जिसमें व्यक्तिको पढ़कर सुनाते हुए सम्मन या नोटिस दिया जावे); ~ area **प्रसार-सीमा**[F], (बेतार) प्रसारण-केन्द्रके आसपासका क्षेत्र; ~ binoculars **फौजी दूरबीन**; ~ burst **हुक्मी बौछाड़**[F]; ~ dress साधारण वर्दी[F], सामान्य पहनावा; ~man लड़ाकू सैनिक; ~ reservoir (चि०) **वितरण जलागार**; -'s ~ विशेष रचयिताका संगीत; the preventive ~ समुद्रतटरक्षक; आयात शुल्कगृह; ~ tree शैलभूर्ज; *at your* ~ प्रयोगके लिए प्रस्तुत, आज्ञापालनके लिए तत्पर; *has seen* ~ बहुत अधिक घिसपिट चुका है, काफी काममें आ चुका है; *is on* ~, *in active* ~ सक्रिय रूपसे सेवारत, संलग्न, काममें लगा हुआ;

~ article, ~ associations, ~ bill, ~ book, ~ call, ~ candidate, ~ card, ~ ceiling, ~ charge, ~ charges, ~ clerk, ~ code, ~ conditions, ~ connection, ~ depot, ~ desk, ~ detonator, ~ distance, ~ division, ~ dock, ~ draft, ~ element, ~ enquiry, ~ envelope ~ form, ~ fund, ~ grant, ~ gratuity, ~ green, ~ headquarters, ~ holdings, ~ inspector, ~ instruction, ~ instrument, ~ labels, ~ land, ~ mains, ~ message, ~ name, ~ pad, ~ pension, ~ personnel, ~ pipe, ~ police, ~ postage, ~ postage stamp, ~ postcard, ~ record, ~ regulations, ~ representatives, ~ reservoirs, ~ respirator, ~ rifle, ~ road, ~ roll, ~ roll warning, ~ rules, ~s division, ~s fund, ~ sheet, ~ shot, ~ siding, ~s per week, ~s rendered, ~ stamp, ~ stamps register, ~ station, ~ stores, ~ targets, ~ tax, ~ telegrame, ~ use, ~ utility, ~ weights, ~ writing.

service[2] n. यूरोपीय सेवका पेड़; ~-berry यूरोपीय सेवकी तरहका फल-विशेष।

serviceability –सॅर्'विसिबि'लिटि n. = SERVICEABLENESS; **प्रयोज्यता**[F]; **योग्यता**[F], **काम लायक होना; सैन सेवा**[F]।

serviceable –'विसॅबॅल् a. उपयोज्य, प्रयोजनीय, प्रयोज्य, कामका (~ *equipment, person*); कार्यक्षम, कार्यकर, कार्य-इच्छुक, उपयोगी, उपकारी, उपयुक्त,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लाभप्रद, हितकारी, हितजनक, व्यवहार्य, सहायभूत, सेवा-क्षम, सेवाशील, सेवा[F]के योग्य, व्यवहार्य, टिकाऊ, (सिंगार आदिके अतिरिक्त सभी सामान्य कामकाजके लिए) चलने-वाला, पक्का, मजबूत।

serviceableness –निॅस् n. प्रयोज्यता[F], प्रयोज-नीयता[F], उपयुक्तता[F], उपयोगिता[F], व्यवहार्यता[F], कार्य-क्षमता[F], योग्यता[F]; काममें आनेकी विशेषता[F], टिकाऊपन, मजबूती[F]।

servicing –सिंग् n. (कृपि०) **सर्विस[F] करना**।

servient सर्'विअॅन्ट् a. अधीन, अधीनस्थ, मातहत; अधिसेवी (*~ owner, ~ tenement*), भोगाधिकार या सुखाधिकारके अधीन।

serviette सर्विअॅ'ट् n. भोजपर्ण, अँगोछा; रूमाल, तौलिया (जो प्रायः नौकर और खानसामा लोग लिये रहते हैं)।

servile सर्'वाइ(वि)ल् a. दुष्टात्मा, नीचात्मा, पापिष्ठ, पामर, तुच्छ, नीच, हेय, दीन, दासवत्, दासोचित, दास्य, अतिचाटुपर, चाटुकार, चापलूस, नीच वृत्ति[F]का, श्ववृत्ति; अधीन, पराधीन, पराश्रित, गुलाम-जैसा, खुशा-मदी, कमीना, जीहुजूरिया (*~ flattery, spirit*); दास-, दासेय, दासभावयुक्त, दासभाव-विषयक, दासवृत्ति-सम्बन्धी; दास-सम्बन्धी, दासोंका, गुलामोंका; *~ war* दासयुद्ध, विद्रोही दासों और उनके स्वामियोंके बीचका युद्ध।

servilism ⊙–लिज़्म् n. दासतावाद, दासतावादिता[F], दासप्रथा[F]; दासता[F], दास्य, गुलामी[F]; हेय या हीन आत्मा, नीच मनोभाव, दासप्रकृति[F]।

servility सर्वि'लिटि n. दासत्व, दासवृत्ति[F], दासता[F], दास्यभाव, गुलामी[F]; हेयता[F], हीनता[F], दासौचित्य, दास-स्वभाव; अधीनता[F], पराधीनता[F], दुष्टता[F]; नीचता[F], चाटु-कारिता[F], चापलूसी[F], खुशामदीपन, जीहुजूरियापन।

servitor सर्'विटॅर् n. (प्रा०, का०) दास, सेवक, भृत्य, परिचारक, पुरुष अनुचर, नौकर, खिदमत[F] करनेवाला; (आक्सफोर्ड, विश्व०; इति०) सेवाकार्यके बदलेमें महा-विद्यालय-कोषसे सहायताप्राप्त छात्र।

servitorship –शिप् n. सेवाकार्यके हेतु प्राप्त छात्र-वृत्ति[F]।

servitude –ट्यूड् n.(का०) **अधिसेविता[F]**, (शा०, एवं ला०) दास्य, दासता[F], दासत्व, भृत्यभाव, चाकरी[F], गुलामी[F]; सेवा[F], सेवाधर्म, **सेवाभार**, सेवावधि[F]; (का०) **सुविधाभार**, भू-अधिकार या भोगाधिकारकी छूट[F] या कर्त्तव्यता[F]।

sesame से'सॅमि n. तिल; तिलका पौधा; *~ oil* तिल्ली[F]का तेल; *open ~* खुल समसम (अलादीनकी कहानी[F]का)।

sesamoid से'सॅमॉयॅड् १. a. तिलाकृति, तिलाकार, तिलवत्, तिल-सदृश, तिल-जैसा; २. n. (जीव०) **वर्तुलिका[F]**; तिलाकार अस्थि[F]; *~ bone* (चि०) कण्डरास्थि[F]।

sesamum ⊙–मॅम् n. (कृपि०) **तिल** (*~ cake*)।

sesqui- सार्ध- (*~pedalian, ~alter, ~tertius, ~quartus, ~oxide, ~sulphide, ~basic, ~lateral, ~tertial, ~quartile, ~quintal, ~sextal, ~septimal, ~octaval, ~nonal, ~centennial, ~tone*)।

sesquipedalian से'स्क्विपि'डेलिॲन् a. (कथन या वचन) क्लिष्ट, पाण्डित्यपूर्ण, दुरूह, भारी; डेढ़ फुट लम्बा।

sess. session.

sess[1] से'स्' n. =CESS.

sess[2] v.t. कर लगाना, शुल्क लगाना, टैक्स लगाना।

sessile से'सिल् a. (वन०, जन्तुवि०) (फूल, पत्ती[F] आदिके सम्बन्धमें) अदल, निष्पर्ण, (कृपि०, वन०) **अवृन्त**, पुष्पदण्डरहित, बिना डण्ठलका; (वन०, जीव०) **अचल** (*~ animals*)।

session से'शून् n. कार्यकाल, (राज०) **सत्र**, उपवेशन, (राज०) विधानसभा[F]का **अधिवेशन**, सभा[F], बैठक[F]; सत्रकाल, निर्वाह-काल, अधिवेशनों या बैठकोंका समय, अवधि[F], संसदीय सत्रकाल, संसदीय अधिवेशनोंका समय; (विश्वविद्यालयका) शिक्षणकाल, अध्यापन वर्ष, कार्यकाल; (क०) आसन, पीठ, सेशन; Court of S *~s* स्काटलैण्ड-का सर्वोच्च व्यवहार-न्यायालय; petty *~s* छोटे न्याया-धीशोंकी बैठक[F] या इजलास[F]; *had a long ~* बहुत समयतक, कार्यक्रम रहा, अधिक देर[F]तक बैठक हुई; *in ~* सत्रस्थ, सत्रमें, अधिवेशनमें, इजलासमें;

~ court, ~ laws, ~s case, ~s court, ~s division, ~s judge, ~s trial.

sessional –शॅनॅल् a. सत्रीय, सत्र-सम्बन्धी, अधिवेश-नीय, बैठक-सम्बन्धी, इजलासी।

sesterce, sestertius से'स्'टर्स्, से'स्टर्'शॅस् nn. (pl. *-ii*) सेस्टर, प्राचीन रोमकी चाँदी[F]की (और बादको पीतलकी) मुद्रा[F], एक सिक्का और हिसाबकी रकम[F] या लेखेका धन (लगभग दो पेंसके बराबर)।

sestertium से स्टर्'शम् n. १००० सेस्टरका प्राचीन रोमन सिक्का।

sestet से'स्टे'ट्' n. =SEXTET; सॉनेटकी अन्तिम छः पंक्तियाँ[F]।

set[1] से'ट्' n. (समान और पूरक वस्तुओं[F]का) समुदाय, **समुच्चय**, (ग०) **कुलक** (*~ product*), ढेर (*~ of lectures, teeth*); दल, संघ, समूह, वर्ग, श्रेणी[F], गण, झुण्ड, मण्डली[F], विशेष व्यक्तियोंका संग्रह, संचय, दल, गिरोह, टोली[F], गुट (*~ of people, political ~*); T.; (ग० भी) संघात, संहिति[F]; (काव्य०) सूर्यास्त, दिनका अवसान, दिनका ढलना या डूबना; पौधा लगानेके लिए अंकुर या कलम[F]; हालका आया हुआ फल, छोटा कच्चा फल; स्थानापत्ति[F], अनुनति[F], बल, झुकाव, गिराव (*has got a ~ to the right*); (भौ०) **स्थायी विरूपण**; सादृश्य, सदृशता[F], आकार, बाह्याकार, बाह्य रूप, स्वभाव-गत स्थिति[F], स्वाभाविक आसन या मुद्रा[F], ढाँचा, बनावट[F] (*the ~ of the hills, his head, the drapery*); आरेके दाँतोंका झुकाव; (शिक्षा०) तत्परता[F]; प्रवाह,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धारा^{F}, बहाव, पवनकी दिशा^{F} या रुख, विचार-प्रवाह या धारा^{F}, प्रवृत्ति^{F}, झुकाव, रुझान^{F} (*the ~ of the current*); घोंसलेके अण्डोंकी झोल^{F}, एक बारके अण्डोंकी खेप^{F}; सेनेके लिए रखे हुए अण्डे; टाइपमें हाशिएका स्थान (जिससे कि अक्षर घने या फैले रहते हैं); (कोयलेकी खान^{F}-में) शहतीरकी अड़वार^{F}, पाड़^{F}, कैंची^{F}; पलास्तरकी दीवाल^{F}पर आखिरी तह^{F}; (बेतार०) ध्वनिग्राहक यन्त्र; (आखेटके समक्ष आनेपर शिकारी कुत्ते द्वारा) लक्ष्य बाँधना, घूरना, निशाना बनाना (प्रायः *dead ~*); (चलचित्र) निर्मित चित्रपट, बने हुए दृश्यपट; (रंगमंच) जमे हुए दृश्यपट, पक्के ठोस पर्दे; बिज्जूका बिल या खोह^{F}; फर्श^{F}के लिए कड़े स्फटिक पत्थरका चौका; पेचकश या छेद करनेकी पंचमशीन^{F}का प्रकार; ~-back प्रतिरोध, गतिरोध, विघ्न, अधोगति^{F}, बाधा^{F}, रुकावट^{F}, रुकाव, धक्का, हार^{F}, पलटा, मोड़; हानि^{F}; ~-down तीव्र भर्त्सना^{F}, घुड़की^{F}, झिड़की^{F}; खरा जवाब, टका-सा जवाब; ~-off, सामनेका दावा, उलटा दावा; दूसरेकी बराबरी^{F}में निकाली हुई वस्तु^{F} या भार; (बैंक) **समंजन**, क्षतिपूर्ति^{F}, समभार, पासंग, छूट^{F}, (का०) **मुजराई^{F}**, मुजरा; शृंगार, सिंगार, शृंगार-उपकरण, सजाव, सँवार^{F}, सजावट^{F}, बनाव; (स्था०) दीवार^{F}का चीरा, कसका; ~-out आरम्भ, प्रारम्भ, श्रीगणेश, शुरुआत^{F}; ~ out लिखित; ~ screw (यन्त्र०) **स्थाप पेंच, जमाऊ पेंच**, ~ square (ग०) **लम्बकोणक, समकोणक, गुनिया**; ~-up(यन्त्र)**स्थिति^{F},जमाव**; शरीरका सीधापन,दण्डायमानता,कड़ापन; (बोल०, मूल० अमेरिकामें) किसी संगठनका आकार-प्रकार, रचना^{F}, व्यवस्था^{F}, ढाँचा; toilet ~ शृंगारदानकी चीजें^{F}; सिंगारसेट; *a, the first*, ~(टेनिस आदिके खेलमें) एक दाँव, एक बाजी^{F}; *make dead ~ at* (परिवर्तित) मिल-जुलकर आक्रमण करना।

set^{2} v.t. & i. (*set*) (किसी वस्तु^{F}के) समीपस्थ करना, पास करना, लगाना (*~ pen to paper*); विशिष्ट दिशा^{F}में मोड़ना, ठीक ओर घुमाना, विशिष्ट स्थिति^{F}में रखना; (प्रयोग, काम या प्रदर्शनके लिए) नियोजित करना, व्यवस्थित करना, ठीक प्रकारसे जमाना; निबद्ध करना, ठीक बिठाना, **सेट लगाना, बिठाना, जोड़ना**, जमाना, जड़ना (*~ diamond*); तैयार रखना, मौकेपर लगाना, लगाना (*~ chairs, trap*); अच्छी तरहसे सजाना, भले प्रकार तैयार करना; प्रतिष्ठित करना, स्थापित करना, कायम करना (*~ stake in ground*); संयुक्त करना, साथ कर देना, बाँधना, बाँध देना, नत्थी^{F} करना, जोड़ना, चिपकाना; निश्चय करना, निर्णय करना, निश्चित करना, स्थिर करना, नियत करना, तय करना, पक्का करना, ठान लेना; कार्यरत होनेका आदेश देना, कामपर बैठाना या लगाना; काममें शक्ति^{F} लगाना, मन लगाना, परिश्रम या मेहनत^{F} करना, काममें लगना; स्वयं कार्यरत होना, अपने आपको काममें लगाना, अभ्यास कराना, लेना (*~ him to dictation*); गीले बालोंको जमाकर काढ़ना, (ताकि सूखनेपर लहरें^{F}-सी बन जावें), पट्टियाँ^{F} बनाना; व्यवस्थित करना, जमाकर, आगे बढ़ाकर या किसी दूसरे उपायसे निर्दिष्ट अवस्था^{F}में लाना, ठीक-ठाक करना, सँवारना, ठीक जमाना (*~ things right*); ठीक करना (*~ watch*); सन्निवेशन करना, आपूर्ण होना, पूरित होना, भरा होना, समाना, भरना, जड़ना, जटित करना या होना (*sky ~ with stars*); धरना, रखना, देना; (ज्वार, धारा^{F} आदिके सम्बन्धमें परिवर्तित; भावनाओं^{F}, रीतियों^{F} आदिके सम्बन्धमें) गतिशील होना, सशक्त होना, शक्ति^{F} पाना, उग्र होना, प्रवृत्त होना, प्रवृत्ति^{F} प्रकट करना, जोर पकड़ना, तेजी^{F}से ऊपरसे गुजरना, तेज होना, चढ़ना, बढ़ना, उठाना (*tide ~s in*); आदर्श प्रस्तुत करना, उदाहरणके रूपमें रखना, नमूनेके ढंगपर प्रदर्शित करना, सामने लाना; ऐसी सामग्री^{F}के रूपमें व्यवस्थित करना (जिसपर विचार किया जावे), पैरवी^{F} करना; प्रौढ़ होना, प्रौढ़ता^{F}को प्राप्त होना, निश्चित अवस्था^{F}को प्राप्त करना,पक जाना, पक्का हो जाना; अस्त होना, डूबना (*sun, moon, ~s*); (क्व०) तरलसे ठोस, कोमलसे कठोर, चलसे अचल करना; सामान्यतः तरलसे ठोस, चलसे अचल होना, ठोस होना, ठोस बनाना, कड़ा होना, कड़ा करना, थक्का करना, जम जाना, थक्का हो जाना (*plaster of Paris ~ s quickly*); आकार या आकृति^{F} ग्रहण करना, रूप ग्रहण करना; (पोशाक-सम्बन्धी) उपयुक्त होना, ठीक उतरना,ठीक आना; (कुछ खेलोंमें खेलका निर्णय देनेके लिए अंकोंकी संख्या^{F}) स्थिर करना, तय करना; (शिकारी कुत्तेके सम्बन्धमें, शिकारके दिखाई पड़नेपर) तनकर खड़ा हो जाना, कान खड़े करना; (नर्तकोंके सम्बन्धमें, साथीके) सम्मुख होनेकी मुद्रा^{F} ग्रहण करना, आमने-सामने आना; close-~ संश्लिष्ट; सटा हुआ, मिला हुआ, जुड़ा हुआ; ~-to उग्र प्रतिद्वन्द्विता^{F}; शक्तिपरीक्षा^{F}; ~up ⊙ गठन^{F}, व्यवस्था^{F}, ढाँचा; *batsman is ~* बल्लेबाज जम गया है, जमकर खेल रहा है; *blossom ~s* फूल-फलका रूप धारण करता है; *egg ~s* पकाने या सेनेसे अण्डा पक जाता है; *eyes ~* (मूर्छा^{F} या मृत्यु^{F}में) आँखें^{F} स्थिर हो जाती हैं, निश्चल हो जाती हैं, पथरा जाती हैं; *face ~s* चेहरेपर कड़ापन आ जाता है; *fruit ~s* कली^{F} या फूलसे फल बनता है; *of ~ purpose* स्वतः, स्वेच्छा^{F}से, जान-बूझकर, पूर्वविचारसे; *~ about* आरम्भ करना, प्रारम्भ करना, शुरू करना, पदार्पण करना, हाथ डालना, उस ओर कदम बढ़ाना; *~against* प्रतिरोध करना, भिड़ाना; लड़ाना; *~ agoing* चलाना, चला देना, चालू करना; *~ alarum* घड़ी^{F}में जगानेकी घण्टी^{F} लगाना, एलारम लगाना; *~ apart* पृथक् रखना, उठा रखना, अलग रख छोड़ना, अलग करना; *~ aside* अस्वीकृत करना, निराकृत करना, तिरस्कृत करना, हटाना; (का०) **अपास्त करना, रद्द करना; अलग रखना**, एक ओर रखना; *~ at defiance* चिन्ता^{F} न करना, परवाह^{F} न करना; अवज्ञा^{F} करना, विरोध करना, ललकारना, लड़ने या मुकाबलेके लिए तैयार रहना; *~ at ease* आराम देना; *~ at liberty*

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

स्वतन्त्र करना, मुक्त करना; छोड़ देना, आजादी[F] देना, रिहा करना; ~ *at naught* उपहास करना, आदर न देना, तुच्छ समझना, अवहेला[F] या अवज्ञा[F] करना, हँसना, खातिरमें न लाना; ~ *a watch* रक्षक नियुक्त करना, पहरेदार बैठाना; ~ *back* प्रगति[F]को रोकना, बाधा[F] डालना, पीछे हटना, पीछे हटाना, रुकावट[F] डालना; (प्रा०) इतना मूल्य पड़ना; ~ *badly* ठीक न पड़ना; ~ *by* बचा रखना, आगेके लिए उठा रखना, रख छोड़ना; रद्द करना; ~ *down* लिपिबद्ध करना, लिख लेना; स्वयं व्याख्या[F] करना, अपनेको समझाना; आरोपित करना, लगाना; ~ *eggs* अण्डे सेनेके लिए रखना; ~ *eyes on* देखना, घूर कर देखना, नजर[F] गड़ाना, नजर[F] डालना; ~ *fair* सुन्दर, सुहावना, अच्छा (वायुमण्डल, मौसम) होना; ~ *fire* अग्नि[F] प्रज्वलित करना, आग[F] जलाना; ~ *foot* कुचलना, रौंदना, ऊपरसे चलना, पाँव रखना; ~ *forth* घोषित करना, ऐलान कराना; अवगत कराना, बताना; विवृत करना, व्याख्या[F] करना; सज्जित करना, सँवारना, सजाना, बनाना; अभियान या प्रस्थान करना, (चढ़ाई[F] या यात्रा[F]पर) चल पड़ना, रवाना होना; ~ *forward* (प्रा०) अग्रगामिता[F] आरम्भ करना, अग्रगामी होने लगना, आगे बढ़ने लगना, बढ़ना शुरू करना; प्रगति[F]में सहायक होना, बढ़नेमें सहायता[F] करना, सहारा या मदद[F] देकर बढ़ाना; ~ *free* रिहा करना, छोड़ देना; ~ *in* प्रचलित होना, आरम्भ होना, प्रथा[F]में आना, शुरू होना, रिवाज पड़ जाना; चढ़ना, उठना; स्थापित होना, स्थिर होना, जमना, कायम होना (*reaction* ~ *in*); ~ *in barns* ⊙ आग[F] लगाना; ~ *movement on foot* प्रवर्तित करना, आरम्भ करना, शुरू करना, जारी करना; ~ *off* प्रस्थान करना, यात्रा[F] आरम्भ करना; प्रिय विषयपर चर्चा[F] आरम्भ करना, हँसना शुरू करना; अधिक आकर्षक बनाना, अलंकृत करना, शृंगार या अलंकार रूप होना, सज्जित करना, रूपवृद्धि[F] करना, सजाना, सँवारना; मुजरा करना, घटाना; ~ *on* आक्रमणके लिए बढ़ाना; उत्तेजित करना, उकसाना; ~ *on* कुत्तेको आक्रमण करनेके लिए लहकाना, आक्रमण करना, ऊपर छोड़ना; ~ *on, upon* पानेके लिए स्थिर मन, तल्लीन, दृढ़चित्त, लीन, धुन[F]में होना, ठानना; उकसाना, बहकाना, भड़काना; ~ *on fire* जला देना, आग[F] लगा देना; ~ one's *hand to* हस्ताक्षर करना; ~ one's *hand to task* कामको हाथमें लेना, हाथ लगाना, हाथ डालना, काम उठाना; ~ one's *hand, seal, to document* हस्ताक्षर करना, मुहर[F] लगाना; ~ one's *wits to question* समाधान करनेका यत्न करना, हल करनेकी कोशिश[F] करना; ~ one *at ease* संकोच निवारण करना, चिन्ताओं[F]से मुक्त करना, कठिनाई[F] दूर करना, झेंप[F] मिटाना; ~ one's *face* or one-*self against* विपक्षमें होना, डटकर विरोध करना, जमकर सामना करना; ~ one's *heart, mind, hopes,* etc., *on* विश्वासपूर्वक अभिलाषा[F] करना, आशा[F] करना, पूरा विश्वास रखना, पानेके लिए दृढ़चित्त होना, पक्का निश्चय करना; ~ one's *house in order* अपने घरको व्यवस्थित करना; (प्रायः ला०) सुधारना, सुधार करना; ~ one *in the way* पथ-निर्देश करना, रास्ता दिखाना, रास्तेपर लगाना, बात[F] सुझाना; ~ one's *life on a chance* जीवनको संकटमें डालना, जीवनका दाँव लगाना, जानकी बाजी[F] लगा देना; ~ one *on his way* थोड़ी दूर[F]तक साथ चलकर रास्ता दिखाना; ~ one's *teeth* दृढ़ निश्चय करना, पक्का इरादा करना, ठान लेना; दाँत मिसमिसाना, बत्तीसी मीसना; ~ one*self to do* निश्चय करना, पक्का इरादा करना, करनेकी ठान लेना; ~ *on foot* गति[F] देना, प्रवृत्त करना, चला देना, चालू करना; ~ *out* अलंकृत करना, सज्जित करना, सजाना, सँवारना; प्रदर्शन करना, घोषित करना, दिखावा करना; यात्रा[F] आरम्भ करना; ~ *piece* आतिशबाजी[F]की बाड़[F] (मचानपर बाँधकर) लगाना; ~ *price on* मूल्य घोषित करना, मोल बताना, कीमत[F] लगाना; ~ *price on* one's *life* or *head* वध करनेका पुरस्कार घोषित करना, किसीके शरीर या सिरके लिए कीमत[F] लगाना; ~ *right* सँवारना, ठीक करना; ~ *sail* समुद्री यात्रा[F] आरम्भ करना, पाल तानना; (परि०) चल पड़ना; ~ *seed, plant* धरती[F]में बीज डालना, पौधा रोपना; ~ *store* or *much by* अधिक मूल्य आँकना, अनुमानसे अधिक समझना, वास्तविकसे अधिक मूल्य देना; ~ *the fashion, the pace* प्रवर्तन करना; नयी चीज[F]को चलाना, आगे कदम रखना, शुरू करना; ~ *thing against another* सन्तुलित करना; सन्तुलनके लिए रखना, बराबर करना, बराबर बैठाना, एक-सा करना; ~ *to* उत्साहपूर्वक कार्य आरम्भ करना, निर्भीकता[F]से लगना, जमकर शुरू करना, जोशसे विवाद या लड़ाई[F] आरम्भ करना; ~ *up* शारीरिक प्रशिक्षणके द्वारा शरीर गठित करना, स्वास्थ्य बनाना (*well* ~ *up man*); (व्यवसाय, संस्था[F], सवारी[F] आदिको) चलाना; (पीड़ा[F], व्यथा[F] आदिका) कारण होना; (किसी व्यक्तिको) प्रतिष्ठित करना, संस्थापनके साधन प्रस्तुत करना, किसी विशेष सामर्थ्यको प्राप्त करना, प्रतिष्ठित होना, जमाना, जमना, हैसियत[F] बनाना (*shall* ~ *up as a dentist*); पर्याप्त रूपसे लीन होना, व्यस्त होना, ठीक प्रकारसे जुट जाना, लग जाना, (*am* ~ *up with novels for the winter*); स्तरप्रत्यक्षमें रखना, सूचना[F]को सामने रखना, प्रकट करना, सामने लगाना; स्वास्थ्य ठीक करना, निराशा[F]से छुड़वाना; नया सिद्धान्त आरम्भ करना, नयी बात[F] निकालना; विरोधमें चिल्लाना, शोर मचाना, जोरसे बोलना शुरू करना, चीखना; ~ *up for* झूँठमूँठ अपनेको कुछ समझना, बनना; ~ *upon* भड़काना, उकसाना।

set[3] a. स्थित, स्थापित, अचल, स्थिर, अचंचल (~*eyes, purpose*); नियत (~ *time*); निर्धारित (~ *form*); जटित, खचित, जड़ा हुआ; ज़माऊ (~ *screw*), परि-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कल्पित, सुविरचित; प्रतिबद्ध।

seta सी'टॅ n. कण्टक, शूक, काँटा; (वन०) संपुटिकावृन्त, (प्राणि०) **संपुटक वृन्त, सीटा**।

setaceous –टे'शॅस् a. शूकयुक्त, कण्टकपूर्ण, खारदार; कँटीला, काँटेदार, (वन०) **सीटायुक्त**; (जीव०) **शुण्डाकार**, कण्टकाकृति, कण्टकाकार, काँटे-जैसा।

setiferous –टि'फ़ॅरॅस a. कण्टकमय, कण्टकयुक्त, काँटेदार।

setiform –'टिफ़ॉर्म् a. कण्टाकाकृति, कण्टकाकार, काँटेके आकारका।

setigerous –टि'जॅरॅस् a. कण्टकमय, कण्टकयुक्त, काँटेदार।

seton सी'टॅन् n. (शल्य०) विकेशिका^{F}, घाव खुले रखनेकी बत्ती^{F}; प्रतिक्षोभणके लिए त्वचाके भीतर डाला हुआ डोरा; ~ needle चीरामें डोरा छोड़नेकी सुई^F।

setose सी'टोस् n. कण्टकमय, कण्टकयुक्त, काँटेदार।

sett सॅट्' n. बल, दबाव; चक्का (कृषि०) **पोरी^{F}, पेरी^{F}**; (यन्त्र०) T.

settee[1] सॅटी' n. एकसे अधिक मनुष्योंके बैठनेकी सीट^F।

settee[2] n. भूमध्यसागरमें दो या तीन मस्तूलोंका तिकोने पालवाला नोकदार छोटा जहाज।

setter से'टॅर् n. प्रतिष्ठापक, जड़िया, क्रियागत अर्थोंमें; मृगयाकुक्कुर, लम्बे बालोंवाला शिकारी कुत्ता (*Irish* ~); प्राश्निक; ~-on उत्तेजक, भड़कानेवाला, उकसानेवाला, शह देनेवाला।

setterwort से'टॅर्वर्ट् n. एक बदबूदार पौधा।

setting[1] से'टिंग् n. जड़ना आदि क्रियागत अर्थोंमें; (यन्त्र०) **पकना**; योजना^{F}; स्थापन, संस्थापन, व्यवस्थापन, जड़ाव, जमाव, बैठाव; (यन्त्र०) **लगाव, लगाना**; (गणि०) **अस्तमन; अस्तगमन; विन्यास**; (रंगमंच) दृश्यपट, अभिनयशैली^{F}, नाट्यपद्धति^{F}, रंगमंचकी सामग्री^{F}, वस्तुएँ^{F}, वस्त्राभूषण, शृंगार आदि; (परिवर्तित) परिवेश, परिवेष्टन, सहायक वस्तुएँ^{F} या परिस्थितियाँ^{F}, किसी वस्तु^{F}-के आसपासकी सहायक रूप-रचना^{F}, परिस्थिति^{F}, पर्यावरण, वातावरण; ~ action (इंजी०) **पकनेकी क्रिया^{F}**; ~-board कृमिपटल, पटिया (जिसपर कीड़ोंके नमूने सजाये जाते हैं); ~-box कृमिसन्दूक, बक्स (जिसमें कृमिपटल या कीड़ोंकी पट्टियाँ^{F} रखी जाती हैं); ~ coat **जमाऊ लेप**; ~ out (यन्त्र०) **निशानबन्दी^{F}, निशान लगाना; प्रस्थान करना, चल पड़ना**; ~ rate (रसा०) **स्थापन-काल**; ~ ray **आधार रेखा^{F}**; ~-rule टाइप बैठानेकी पीतलकी पत्ती^{F}, ~-stick टाइप बैठानेकी आधानी^{F}; ~ up (यन्त्र०) **स्थापन, स्थापित करना, सेट करना**।

setting[2] a. अस्तगामी, डूबनेवाला (~ *sun*)।

settle[1] से'टॅल् n. ऊँची पीठ^F और हाथोंवाली बेंच^F; ~ mark (रसा०) **सिकुड़न^F**।

settle[2] v.t. & i. स्थापन करना, व्यवस्थापन करना, (स्थायी रूपसे किसी स्थान, घर या जीवन-क्रममें) प्रतिष्ठित करना, लगाना, बैठाना, जमाना, बसाना, प्रतिष्ठित होना, लगना, बसना, (विधा०) **बस जाना**, बैठना, लगना, जमना; आसीन करना, कुछ समयके लिए ठहराना, टिकाना, बिठा देना, थाम लेना; गति^{F}को रोकना, परिवर्तनसे बचाना, उपद्रव शान्त करना, स्थिर करना, स्थिरता^{F} लाना, स्थिरता^{F} प्राप्त करना, शान्त करना, शान्त होना, राजी होना; निश्चित करना, निश्चयता^{F} लाना, स्पष्टता^{F} लाना, निःसंशय करना, संशयहीनता^{F} लाना, निश्चित होना, पक्का होना, निःसंशय होना, स्पष्ट होना, साफ होना; निर्णय देना, निर्णीत होना, तय करना, सुलझाना, सुलझना, तय हो जाना, फैसला करना; संकल्प करना, निश्चय करना, ठान लेना, पक्का करना; नियुक्त करना, लगाना; सुलझाना, **निपटारा करना**, निबटाना, तय करना (~ *quarrel, question*); सहमत होना, राजी होना; स्थिर या शान्त होना, जमकर बैठना, थमना (*soil, house, foundation, ~s*); उपनिवेश स्थापित करना, उपनिवेश बसाना, उपनिवेशीके रूपमें बसना, आबाद होना, आबाद करना, किसी देशमें बस्ती^{F} बनाना; देयक देना, ऋण भुगतान करना, भरना, हिसाब करना, हिसाब चुकाना, लेखा-जोखा दे देना (*will you ~ for me?*); छुटकारा पाना, छुट्टी^{F} पाना; किसीके लिए करना; कानूनी तौरपर जीवनभरके लिए अर्पित करना, उत्सर्ग करना, प्रदान करना, सौंपना, बख्शना (~*d an annuity on him*); *a liqueur to* ~ one's *dinner* मदिरा^{F} पाचनमें सहायक होती है या पाचक होती है; *bird ~s on tree* चिड़िया^{F} पेड़पर उतरती है, बैठती है; *cannot ~ to work, to anything* (उत्तेजित या व्याकुल या अव्यवस्थितचित्त व्यक्ति) किसी बात^{F}पर टिक नहीं सकता, जमकर काम नहीं कर सकता; *let us ~ up our accounts* or ~ *up* हिसाब-किताब तय कर लेना, बाकी न रखना, चुका देना, चुकता करना; *must get it ~d up* अन्तिम रूपसे व्यवस्थापित, पूरी तरहसे ठीक-ठाक; ~ *the day* दिन निश्चित करना; ~ *the succession* उत्तराधिकारीका निश्चय करना।

settled –'टिल्ड a. नियत, स्थापित, प्रतिष्ठित, स्थिर, तय; शोधित, शोधनप्राप्त, भर दिया गया, चुकाया हुआ, चुकता किया हुआ, बेबाक (~ *account*); आवासित (~ *labour*), बसा हुआ (~ *areas*); निर्णीत, सिद्ध; ~ area (कृषि०) **बन्दोबस्ती क्षेत्र**; ~ estate (विशेष शर्तों^{F}के अन्तर्गत किसी असामी द्वारा) अधिकृत भूसम्पत्ति^{F} या जागीर^F।

settlement –मॅन्ट् n. (क्रियागत अर्थोंमें) स्थापन, स्थिरीकरण, **निश्चय**, निर्णय, निर्धारण, **निपटारा**; समाधान; **समझौता**; ठहराव; (कानून) भूव्यवस्था^{F} (*permanent* ~), व्यवस्था^{F}, (अर्थ०) **बन्दोबस्त**, व्यवस्थापत्र, शर्तनामा, हिबानामा; परिशोधन, चुकौता (~ *of account*); **उपनिवेश**, किसी देशका नया खोजा हुआ भूखण्ड; अधिवासन, अधिवास, (राज०, प्रा० भू०) **बस्ती^{F}**; **निपीदन, अवस्थापन, नीचे बैठना**; घर या दीवाल^F आदिका नीचे बैठना, नीचे धँसना;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

marriage ~ विवाह-व्यवस्थापत्र (जो कि पत्नी[F] और बच्चोंके हितोंकी सुरक्षा[F]के लिए लिखा जाता है); ~ officer व्यवस्थापन पदाधिकारी, बन्दोबस्त अधिकारी; ~ classification, ~ court, ~ day, ~-holder, ~ instructions, ~ number, ~ officer, ~ operations, ~ records, ~ report, ~ site.

settler –लॅर् n. व्यवस्थापक, (का०) **अवस्थापक**, स्थापयिता आदि (क्रियागत अर्थोंमें); (कृषि०) **अधिवासी**, उपनिवेशी, नये उपनिवेशमें बसनेवाला; उपनिवेशवादी; मीमांसक; निर्धारक; (ग्रा०) निर्णयात्मक आघात, निर्णायक युक्ति[F], अन्तिम तर्क या घटना[F], चुकती बात[F]।

settling –लिंग् n. स्थापन, व्यवस्थापन, प्रतिष्ठापन, बैठाना, जमाना; अधःसदन, बैठना, ठहरना; आसीन करना, ठहराना, बैठाना; उपद्रवशमन, उपद्रवशान्तीकरण; निःसंशयीकरण, संशयहीन करना; निर्णयन, निर्णीत करना; फैसला देना; संकल्पन, निश्चयन, ठान लेना, पक्का करना, ~day परिशोधन-दिवस, हिसाब-किताबका दिन, हिसाब सफाई[F]का दिन; ~ tank अधःसाद कुण्ड, (रसा०) **अधःसादी टंकी[F]**, **तलछट-टंकी[F]**, (परि०) **निथारटंकी[F]**, (चि०) **तलछट कुण्ड**।

seven से॑वॅन् १. n. सातकी संख्या[F], सातका चिह्न या अंक; सात वस्तुओं[F] या व्यक्तियोंका समुदाय (*make a large* ~); २. a. सप्त, सात; (~ *champions of Christendom, churches of Asia, seas, stars, wise men, wonders of the world*); ~-day सप्तदिवसीय, **सात दिनोंतक होनेवाला** (~ *rate*); ~ deadly sins कामुकता[F]; लोलुपता[F]; पेटूपन; क्रोध; अभिमान; ईर्ष्या[F]; आलस्य; *by* ~*s* सात-सातके समूहमें; *seventy times* ~ अगणित, असंख्य, अनगिनत, बेशुमार।

sevenfold –फ़ोल्ड् a. सप्तगुण, सात गुना।

seventeen –न्टीन्' a. सप्तदश, सत्रह; sweet ~ नवयुवती[F]का सौन्दर्यकाल।

seventeenth –थ्' a. सप्तदश, सत्रहवाँ।

seventh –वॅन्थ् १. n. सप्तम अंश, सप्तांश, सातवाँ भाग; (संगीत) मध्यविराम (जिसमें सुरोंके वर्णमाला[F]के क्रमसे ७ नाम होते हैं; इस प्रकार पृथक् किये हुए) सुरोंका मधुर सामंजस्य; २. a. सप्तम, सातवाँ; ~ day शनिवार, सातवाँ दिन; the ~ मासका सातवाँ दिन; *in the* ~ *heaven* बड़े आनन्दमें।

seventhly –लि adv. सप्तमतः, (गणनामें) सातवें स्थानपर।

seventieth –न्टिअॅथ् n. & a. सप्ततितम, सत्तरवाँ।

seventy –न्टि १. n. सत्तरकी संख्या[F] या अंक, ७०; २. a. सप्तति, सत्तर; ~ eight अठहत्तर, ~ five पचहत्तर, ~-four चौहत्तर, ~-four चौहत्तर तोपोंवाला पोत; ~ nine उन्नासी, ~ seven सतहत्तर, ~ six छिहत्तर, ~ three तिहत्तर, ~ two बहत्तर, ~ one इकहत्तर; the ~ies शताब्दी[F]में या जीवनमें ६९ से ८० के बीचके वर्ष।

sever से॑वॅर् v.t. & i. वियुक्त करना या होना, विच्छिन्न करना या होना, भेद करना या होना, विभक्त करना या होना, विच्छेद करना, भिन्न करना, न्यारा करना, पृथक् करना या होना, अलग करना या होना, अलग-अलग करना, छिन्न करना, खण्डित करना, अनेक करना, टुकड़े करना, भागोंमें बाँटना, बँटना, अलगाना, जोड़ खोलना, फूट डालना, फोड़ना, तोड़ना, टूटना, (*the rope ~ed under the strain*); पूरेमेंसे अंश पृथक् करना, एक भाग अलग कर लेना, टुकड़ा काट लेना, काटना, चीरना, कटना, चिरना (~*ed his head from his body*); अपहरण करना, हरण करना, ले भागना (~*ed oneself from the church*); (कानून; सम्मिलित कार्यवाही[F]में किसी व्यक्ति द्वारा) औरोंसे अलग होकर स्वतन्त्र रूपसे कार्यवाही[F] करना, अलग दावा करना, अलग-अलग मुकदमा लड़ना या केस लड़ना।

severable –वॅरॅब्ल् a. विभाज्य, वियोज्य, असंयोज्य, विच्छेदनीय (~ *contract*), पृथक्करणीय, खण्डनीय, अलगाने योग्य, टुकड़े करने या फूट[F] डालने या फोड़ने लायक; काटने योग्य, तोड़ने-फोड़ने लायक; हरणीय।

several –वॅरॅल् १. a. स्वतन्त्र, **पृथक्**, विभिन्न, न्यारा, अलग; विशिष्ट, भिन्न, **अनेक**, नाना प्रकारके; वैयक्तिक, व्यक्तिगत, निजी, अपना-अपना (*each has his* ~ *idea, liability*); थोड़े, कुछ, कई-एक, कई (*have called* ~ *times*); २. pron. कई एक, (~ *of you have seen him*); पूर्वलक्षित या वर्णित वस्तुएँ[F] या व्यक्ति (*went mushroom-hunting and found* ~); joint and ~ bond *etc.* संयुक्त और पृथक् बन्ध (जिससे हस्ताक्षर करनेवालोंमें प्रत्येक सम्पूर्ण धनके लिए उत्तरदायी हो); ~ estate व्यक्तिगत सम्पदा[F] (जिसमें अन्य जन सहभागी न हों)।

severality –रै'लिटि n. एकाधिकार; (कानून) भूसम्पत्ति[F]-की वैयक्तिक या अभाजित भोगावधि[F]; अलग धारणावधि[F], जागीर[F]का निजी पट्टा (*in* ~)।

severalize –वॅरॅलाइज् v.t. पृथक् करना, विच्छिन्न करना, विलग करना, अलग करना, काटना, अलगाना।

severalty –लि्टि n. (का०) **पार्थक्य**, **पृथकत्त्व**, पृथक्ता[F], भिन्नता[F], विच्छेद, विलगता[F], विलगाव, अलगाव, अलगाना; स्वतन्त्र अधिकार।

severance –वॅरॅन्स् n. वियोजन, विभाजन, असंयोजन, पृथक्करण, विश्लेष, विच्छेद, पृथक्त्व, खण्डन, अलगाव, बँटवारा, बाँट[F]; अंशनिष्कासन, काटना, तोड़ना, टुकड़ा लेना; अपहरण।

severe सिॅवीअॅर्' a. चण्ड, प्रचण्ड, उग्र, तीव्र, तीक्ष्ण, घोर, अत्यन्त, खर, खरा, बहुत तेज, पैना, गरम, कड़ा, बेहद (*a* ~ *winter*); असह्य, दुःसाध्य, दुस्सह, श्रमसाध्य, कष्टसाध्य, कठिन, भारी, कड़ा, सख्त, जबरदस्त (~ *test*); निष्ठुर, कर्कश, कठिन, कठोर (~*punishment*), अति संयमी, परुष, दण्डशील,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दण्डबुद्धि, उद्यतबाहु, निर्दय, किसीको भी न छोड़नेवाला, कड़ा, सख्त, जबर, जालिम, जबरदस्त (~ *master*); गहन एवं ओजस्वी (~ *style*); नियन्त्रित, सरल, संयत, संक्षिप्त, सादा (~ *simplicity*); उपयुक्त, समुचित (~ *beauty*); आवश्यक, कामका; अनलंकृत, सज्जारहित, बिना ठाटबाटका (~ *architecture*); उपालम्भपूर्ण, व्यंग्यात्मक, व्यंग्यपूर्ण, कटूक्तिपूर्ण, चोजभरा, तानाभरा, चुभता हुआ, तीखा, कड़वा (~ *remarks*); (*upon* के साथ) कड़ा होना; ~ weather ठण्डी या तूफानी ऋतु^{F}, कड़ा मौसम।

severeness –निॅस् n. = SEVERITY.

severer से॑'वॅरॅर् n. वियोक्ता, विच्छेत्ता, विभेत्ता, पृथक्कर्ता, अलगानेवाला, काटनेवाला।

severity सिॅवे॑'रिटि n. उग्रता^{F}, तीव्रता^{F}, तीक्ष्णता^{F}, गर्मी^{F}, तेजी^{F}; दुःसहता^{F}, दुःसाध्यता^{F}, क्लिष्टता^{F}; कष्टसाध्यता^{F}; निर्दयता^{F}, परुषता^{F}, कर्कशता^{F}, निष्ठुरता^{F}, (दर्श०) **कठोरता**^{F}, तीक्ष्ण दण्ड, कड़ापन, कड़ाई^{F}, सख्ती^{F}, संयम, संक्षिप्तता^{F}, गहनता^{F}, अलंकारहीनता^{F}, सज्जाशून्यता^{F}, सरलता^{F}, सादापन; व्यंग्यात्मकता^{F}, कटूक्तिपूर्णता^{F}, चुभन^{F}, तीखापन; (pl.) अत्याचार, कठोर व्यवहार, कठोर बर्ताव।

severy से॑'वॅरि n. (स्था०) महरावदार या लदाऊ छतवाला कमरा।

Seville orange से॑'विलॅ ऑ'रिन्ज् n. कटु-नारंग, खट्टा सन्तरा।

sevres सेव्र' n. सीवरेस, (फ्रांसके स्थान-विशेष) की चीनी मिट्टी^{F} या उसके बर्तन।

sew सो' v.t. & i. (p.~*ed*, p.p. ~*ed*, ~*n*) सिलाई^{F} करके बनाना, सीकर तैयार करना, सीकर बनाना (~ *shirt*); सिलाई^{F} करना, सीना, बखिया^{F} करना (~ *cloth*); सीकर टाँकना या लगाना, बाँधना, जोड़ना (~ *on a button*); किसी चीज^{F}को सीकर बन्द करना (~ *up money in a bag*); (घाव, छेद, थैले आदि का) सीकर मुँह बन्द करना, टाँका लगाना; ~ing-press किताबें^{F} सीनेका यन्त्र, सिलाई^{F}की मशीन^{F}; ~ one *up* (आ०) बहुत बुरी तरह थका देना, चूर-चूर कर देना; मदोन्मत्त करना, नशेमें चूर करना या धुत करना, डुबाना।

sewage सीऊ'इज् १. n. अधोवाहित मल, (यन्त्र०) **अधिवाहित मल**, मलप्रवाह, (रसा०, चि०) **मलमूत्र, मैला**, (रसा०) **मल**, कचड़ा, (कृषि०) मोरी^{F} या **गन्दी नाली**^{F}**का पानी**; २. v.t. मैले या गन्दे पानी आदिकी खाद^{F} बनाना; ~-farm मलप्रवाह प्रक्षेत्र, (खादके लिए) गन्दे पानी या मैलेवाला खेत, (चि०) **मलमूत्र फ़ार्म**, ~ grass मैले और कचड़ेवाली भूमि^{F}परकी घास^{F};

~ bacteria, ~ disposal, ~ disposal scheme, ~ drain, ~ farming, ~ irrigation, ~ sickness, ~ system, ~ treatment, ~ water.

sewed ⊙, **sewn** सोड़', सोउन्' *aa.* सिला हुआ।

sewel सीऊ'अॅल् n. = SHEWEL.

sewellel सि॑वे॑'लॅल् n. अमेरिकी मूस।

sewer[1] सीऊ'अॅर् n. सीवक, सीनेवाला, दर्जी।

sewer[2] n. (इति०) खानसामा।

sewer[3] १. n. (चि०) **मलसुरंग**^{F}, जलप्रणाली^{F}, मलमार्ग, सार्वजनिक मलनिर्गम, (रसा०) **मलनाली**^{F}, **मलमोरी**^{F}, निचली नाली^{F}, **गन्दी नाली**^{F}, नाली^{F}, नाला, **गन्दा नाला**, बन्द नाला, मोरी^{F}, नाबदान, T; २. v.t. पानी और मैलेके निकासका प्रबन्ध करना, नालियाँ^{F} बनाना; ~-gas गन्दे नालोंकी दुर्गन्धपूर्ण वायु^{F}, गन्दी हवा^{F}, भबका।

sewerage –रिज् n. (चि०) मलसुरङ्ग-प्रणाली^{F}, मोरी^{F}; (यंत्र०) **मल-व्यवस्था**^{F}; मलप्रणालीकी व्यवस्था^{F}, (चि०) **मलसुरंगतन्त्र**, नगरके सार्वजनिक मलमार्गोंका प्रबन्ध, मोरियों^{F} और नालोंका ताँता।

sewin, -en सीऊ'इन्, –ईॅन् n. सेविन मछली^{F}।

sewing सीऊ'इंङ् १. n. स्यूति^{F}, सीवन^{F}, सीवनकर्म, सिलाई^{F}, सीनेका काम; २. a. सीनेका;

~ basket, ~ board, ~ cotton, ~ machine, ~man, ~ needle, ~ press, ~ school, ~ table, ~ teacher, ~ thread, ~ thread yarn, ~ wire, ~woman, ~ work.

sex-, sexi- षट्- (~*angle*, ~*centenary*, ~*digitate*, ~*ennial*, ~*foil*, ~*illion*, ~*isyllable*, ~*partite*, ~*tuple*)।

sex* से॑क्स्' १. n. (वन०, चि०, प्राणि०) **लिंग***, लिंगभेद, योनि^{F}, स्त्री-पुरुष-भेद, (*what is its* ~*?*); यौनभाव; नारीजाति^{F} या नरजाति^{F}, स्त्रीवर्ग या पुरुषवर्ग, मादा^{F} या नर; (सामुदायिक रूपमें; *is the fairest of her* ~); काम; T.; (गुण०) लैंगिक, लिंगचेतनाविषयक, लिंगभेदजन्य, कामवृत्तिका, योनि-सम्बन्धी, यौनभाव-सम्बन्धी; यौनवृत्ति^{F}का (~ *antagonism*); ~ appeal (प्रायः स्त्रियों^{F}की) आकर्षकता^{F}, आकर्षण, मोहकता^{F}, खिंचाव; ~-reversal लिंग-परिवर्तन, पुरुषका स्त्री^{F}में और स्त्री^{F}का पुरुषमें परिवर्तन; the fair, gentle, softer, weaker, ~ तथा हास्य० the ~ नारी जाति^{F}; स्त्री^{F}, नारी^{F}, कोमलांगी^{F}, सुन्दरी^{F}, अबला^{F}; *the sterner* ~ नर, पुरुष;

~ act, ~ call, ~-cell, ~ character, ~ chromosome, ~ control, ~ determinant, ~-determination, ~ differentiation, ~ distribution, ~ education, ~ feeling, ~ function, ~ gland, ~ gland preparation, ~ gratification, ~ hormone, ~ hygiene, ~ instinct, ~ life, ~ limited, ~-limited transmission, ~ linkage, ~-linked, ~ morality, ~ mosaic, ~organs, ~perversion, ~ product, ~ psychology, ~ ratio, ~ reversal, ~-stimulating, ~ units, ~ urge.

sexagenarian से क्सॅजिॅनेॅअॅ'रिॅअॅन् n. & a.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

षष्टिवर्षीय, ५९ और ६९ वर्षके बीचकी आयुवाला (व्यक्ति)।

sexagenary –जी'नॅरि n. षष्टिसंख्यासूचक, साठ-साठसे चलनेवाला, साठका, साठ-साठका, साठा।

Sexagesima से॰क्सॅजे॰'सिमॅ n. सेक्सजेसिमा, (लेण्टके पूर्व दूसरा रविवार)।

sexagesimal से॰क्सजे॰'सिमॅल् n. & a. (ग०) षाष्टिक, साठ-साठसे चलनेवाला, साठवाँ, साठ-सम्बन्धी, साठका, साठ-साठका (~ *fractions, system*)।

sexangle से॰क्'सैन्गॅल् n. षट्कोण, षट्कोण क्षेत्र।

sexangular –'क्यूलॅर् a. षट्कोण-, षट्कोणी, षट्कोण-युक्त।

sexcentenary से॰क्सेॅन्'टिनॅरि १. n. ६००वाँ वर्षदिवस या ६००वीं वर्षगाँठ^{F}, ६ सौका; २. a. ६००वें वर्षका।

sexed से॰क्स्ड् a. लैंगिक, लिंग-सम्बन्धी; सलिंग, लिंग-युक्त।

sexennial से॰क्से'निॲल् a. षड्वर्षीय, षडब्दिक, षड्वार्षिक, छःसाला, छः वर्षोंमें एक बार होनेवाला।

sexfoil से॰क्स्'फ़ाॲल् n. षट्पत्री आकृति^{F}, (किसी इमारत^{F}में) छः पत्तोंवाली पच्चीकारी^{F}, छःपतिया पौधा।

sexillion से॰क्सि'ल्यॅन् n. दस लाखकी छठवीं घात^{F}, संख्या^{F} (जिसमें एकके अंकके आगे ३६ शून्य हों)।

sexisyllabic से॰क्सिलै'बिक् a. षडक्षरी, छः अक्षरोंका।

sexless से॰क्स्'लिॅस् a. (चि०) लिङ्ग-हीन, योनि-रहित, नपुंसक, लिंगभेदरहित, हिजड़ा।

sexlessness –निॅस् n. लिंगभेदशून्यता^{F}, लिंगभेद-हीनता^{F}।

sexlocular से॰क्स्लो'क्यूलॅर् a. (चि०) षट्गह्वरी^{F}, षट्कोशी, छः कोशोंवाला।

sexological से॰क्सॅलॉ'जिकॅल् a. लैंगिकीय, लिंगरचना-शास्त्र-सम्बन्धी; कामविज्ञानीय।

sexologist –सॉ'लॅजिस्ट् n. लैंगिकीविद्, लिंगरचना-शास्त्री, योनि-रचना-वैज्ञानिक; कामविज्ञानी।

sexology –जि n. (चि०) लिङ्ग-विज्ञान, लैंगिकी^{F}, लिंग-रचनाशास्त्र, योनिरचनाशास्त्र; कामविज्ञान।

sexpartite से॰क्स्पार्'टाइट् a. षड्भक्त, षड्भाजित, षडशःविभक्त, छः भागोंवाला।

sext(e) से॰क्स्ट् n. (रोमीय गिर्जाघरोंमें) मध्याह्न-कार्यालय।

sextain से॰क्स्'टेन् n. षट्पदी छन्द, छः चरणोंवाला छन्द।

sextan से॰क्स्'टॅन् a. छठवें दिन आनेवाला ज्वर, छठिया बुखार।

sextans –टेन्स् n. (गणि०) षष्टांशक, T.

sextant से॰क्स्'टॅन्ट् n. (ज्यौ०) षष्ठक, वृत्तका षडंश या षष्ठ भाग, वेरेका छठवाँ हिस्सा (अप्रच०); नौचालन (नौतरण) में प्रयुक्त तथा कोणिक दूरी^{F} नापनेका यन्त्र-विशेष, (यंत्र०, प्रा० भू०, भौ०, परि०) T. (~ *angle*, ~ *bubble*)।

sextet(te) से॰क्स्टे॰ट्' n. षट्क; छः ध्वनियों^{F} या गायकोंके गाने योग्य गीत अथवा छः वाद्ययन्त्रों या वादकों-से बजायी जानेवाली रागरागिनी^{F}, संगीतात्मक कृति^{F}; (परिवर्तित) छःका समूह।

sextillion से॰क्स्टि'ल्यॅन् n. दस लाख गुणे दस लाख छः बार, १ के साथ ३६ शून्य।

sexto से॰क्स्टो n. (pl. -*s*) कागजके छः परत^{F} मोड़कर बनी हुई पुस्तक^{F} या ऐसा ताव।

sextodecimo से॰क्स्टॅडे॰'सिमो n. सोलह पन्नोंमें मुड़े हुए कागजका ताव; इस प्रकारसे तावको मोड़ना (*in* ~); १६ पन्नोंमें मुड़े हुए तावकी पुस्तक^{F}।

sexton से॰क्स्'टॅन् n. समाधिखनक अचारज, गिर्जेका निम्न श्रेणी^{F}का कर्मचारी-विशेष (जो गिरजेके बर्तनों और सम्पत्ति^{F}की रक्षा^{F}के साथ ही प्रायः कब्रें खोदने या कुर्की^{F}-का काम करता है), सेक्स्टन।

sextonship –शिप् n. समाधिजनक-पद, समाधिखनक-कार्य, समाधिखनन।

sextuple से॰क्स्'ट्यूपॅल् १. n. & a. षड्गुण, छःगुना (धन या रकम^{F}); २. v.t. & i. छः से गुणा करना, छःगुना करना, छःगुना होना।

sextuplet ⊙–लॅ॰ट् n. षट्समूह, षट्कलाप, षड्वृन्द, छःका समूह, छक्का; (चि०) षष्ठक, एक समयमें जन्मे हुए छःमेंसे एक।

sextuplicate से॰क्स्ट्यू'प्लिकेट् १. n. छः प्रतियाँ^{F}, २. a. छः प्रतियों^{F}वाला।

sextus से॰क्स्'टॅस् a. षष्ठ, छठा।

sexual से॰क्'स्यू(शु)ॲल् a. मैथुनिक, लैंगिक, लिंग-, लिंगमूलक, लिंगी, लिंगवान्, लिंगसंक्रान्त, लिंगभेद-सम्बन्धी, यौन, योनि-सम्बन्धी, जननेन्द्रियविषयक, स्त्री-पुरुष-सम्बन्धी, स्त्री-पुरुषभेद-सम्बन्धी; (वन०) लिंगापेक्षी, सलिंग, पौधोंमें लिंगभेदके आधारपर किया गया (वर्गीकरण); कामुक; ~ affinity प्रतिकूल योनियों^{F}का सम्पर्क, भिन्न-लिंगीय व्यक्तियोंका पारस्परिक आकर्षण, लैंगिक मोहकता^{F}, ~ appetite सम्भोग-क्षुधा^{F}, भोगेच्छा^{F}, मैथुनइच्छा^{F}, भोगासक्ति^{F}, कामुकता^{F}, कामवासना^{F}; ~ impulse कामविकार; ~ indulgence सम्भोगसुख, कामतृप्ति^{F}; भोगासक्ति^{F}; ~ intercourse, commerce व्यवसाय, यौनसम्बन्ध, सम्भोग, समागम, संगम, मैथुन; ~ pleasure विषयसुख, ~ trauma (शिक्षा०) कामाघात;

~ apparatus, ~ behaviour, ~ craving, ~ cycle, ~ development, ~ dimorphism, ~ impotence, ~ individual, ~ infantilism, ~ instinct, ~ isolation, ~ latency, ~ maturity, ~ method, ~ organs, ~ phase, ~ reproduction, ~ selection, ~ stimulant, ~ union.

sexualism –लिज़्म् n. यौन भावना^{F}, लैंगिक रुचि^{F}, भोग, कामवासना^{F}।

sexualist –लिस्ट् n. लिंगसिद्धान्तवादी, कामवादी।

sexuality –ऐ'लिटि n. (वन०, चि०) स्त्री-पुरुष-लिंग-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भेदकता^{F}, (वन०) लिंगिता^{F}, लैंगिकता^{F}, लिंगमूलकता^{F}, सम्भोगजन्यता^{F}, यौनत्व; लिंगभेद; **कामुकता**^{F}, कामवासना^{F}।

sexualization –अॅलाइज़ेशॅन् n. लैंगिकीकरण, यौननिर्धारण, लिंगभेद-प्रदर्शन, लिंग-निरूपण।

sexualize –'स्यू(शु)अॅलाइज़् v.t. लिंग निरूपण करना, यौननिर्धारण करना, लिंगभेद बताना।

sexy –सि a. कामुक, कामातुर, अति विलासी; कामविषयक, कामुकता-सम्बन्धी, विलासिता-सम्बन्धी।

S.F. Sinn Fein (Irish Homerule Movement); Secretary Food; Seed Farm.

S.F.S. Superior Forest Service.

S.G. *salutis gratia*, for the sake of safety; Solicitor-General; State Government.

s.g. specific gravity.

S.G.A. Select Grade Auditor.

S.G.G.I. Surgeon-General with the Government of India.

S.G.P. Superintendent, Govt. Printing.

S.G.P.C. Shiromani Gurudwara Prabandhak Committee.

sgt. sergeant.

S.H. Slaughter-House.

shabbiness शै'बिनिॅस् n. जीर्ण वस्त्रता^{F}, मालिन्य, अस्तव्यस्तता^{F}, हीनता^{F}, दुर्दशा^{F}, गुदड़ियापन, फटेहालीं^{F}; जघन्यता^{F}, घृणास्पदता^{F}, गर्हणीयता^{F}, क्षुद्रता^{F}, तुच्छता^{F}, अपकृष्टता^{F}, नीचता^{F}, नीचपन, कमीनापन; कार्पण्य, कृपणता^{F}, कंजूसी^{F}।

shabby –बि a. जीर्ण, जीर्णशीर्ण, क्षयप्राप्त, अस्तव्यस्त, दुर्दशाग्रस्त, जर्जर, मलिन, दीन हीन, दरिद्र, फटा-पुराना, बुरी दशा, फटीचर, फटेहाल; जघन्य, घृणास्पद, कुत्सित, निन्द्य, घृण्य, घृणायोग्य, हेय, गर्हणीय, क्षुद्र, नगण्य, तुच्छ, तिरस्करणीय, असम्माननीय, अनादरणीय (*played me a ~ trick*); कृपण, अपकृष्ट, अधम, नीच, कंजूस, ओछा, कमीना, मक्खीचूस, ~-genteel फटीचर बाबू।

shabbyish –बिइश् a. ईषज्जीर्ण, किंचिज्जीर्णशीर्ण, कुछ फटेहाल, फटेहाल-सा; मलिन-सा, दीन-सा, दरिद्र-सा; ईषज्जघन्य, ईषद्घृणास्पद, ईषत्कुत्सित, किंचिन्निन्द्य;किंचिद्घृण्य, हेय-सा, गर्हणीय-सा, क्षुद्र-सा।

shabrack शैब्'रैक् n. जीनपोश।

shack शैक्' n. (अमेरिका और कनाडामें) साधारण कुटिया^{F}, मामूली झोपड़ी^{F}।

shackle शै'कॅल् १. n. हथकड़ी^{F}, बेड़ी^{F}; (pl.) निगड़^{F}, पाश, बन्धन, विघ्न, बाधा^{F}, नियन्त्रण, प्रतिबन्ध, हथकड़ियाँ^{F}, बेड़ियाँ^{F}, रुकावट^{F}, कैद^{F} (*the ~s of convention*); (लोहे आदिकी) शृंखला^{F}, कड़ी^{F}, जंजीर^{F}, तालेका कड़ा; संयोजक-शृंखला^{F}, मिलानेवाली बड़ी कड़ी^{F}, कड़ियोंको जोड़नेवाली पेचसे कसी हुई कड़ी^{F}, (नौवि०) कुण्डा, साँकल^{F}; T. (*~ pin*), (टेलीग्राफके तारोंके लिए) एक प्रकारका पृथङ्न्यास; (नौवि०) **समुद्री जरीब**; २. v.t. मिलाना, जोड़ना; अवरुद्ध करना, शृंखलाबद्ध करना, बाधा^{F} डालना, बाँधना, साँकल^{F}में बाँधना, रोकना, रोड़े अटकाना, बाधा^{F} देना, रुकावट^{F} डालना, जकड़ना, बन्धनमें डालना।

shad शैड्' n. वारिकपूर, हेरिंग जाति^{F}की चौड़ी मछली^{F}।

shaddock शै'डॅक् n. महानिम्बु, चकोतरा, (मलाया और पोलीनेशियाका सन्तरेकी जाति^{F}के पेड़का फल)।

shade[1]* शेड्' १. n. (रसा०) **कान्ति**^{F}, (भौ०) **आभा**^{F}, **छाया**^{F}*, वर्णाभास, हल्का अँधेरा, परछाईं^{F}, सायाँ^{F}, छाँह^{F}, छाँव^{F}; (ला०) व्यवधान; प्रच्छन्नता^{F}, आंशिक दुर्बोधता^{F}, तुलनात्मक अस्पष्टता^{F}; (प्रायः p.p.) प्रच्छायनिवास, शीतल विश्रामस्थल, एकान्त शरणस्थल, आश्रय, निरातप स्थान, छायादार स्थान, छायाकुंज, छायामय स्थल; रात्रि^{F} या सन्ध्या^{F}का अन्धकार, झुटपुटा; द्राक्षाकुंज, द्राक्षालताप्रतान या वितान, अंगूरकी बेलों^{F}का मण्डप; चित्रका अपरिस्फुट अंश, अन्धकारमय भाग, छाया^{F}, धुँधलापन; आराग, हलका रंग, रंगका क्रमविन्यास, रंगका आभास, गहराई^{F} या फीकापन (*in all ~s of purple*); असत्य वस्तु^{F}, भ्रान्तिजनक या मिथ्या वस्तु^{F}, अवास्तविक पदार्थ, असार या झूठी चीज^{F}; अपछाया^{F}, प्रेतात्मा^{F}, भूत, जिन्न (*spoke with the ~ of Homer*); यवनिका^{F}, वितान, आवरणी^{F} पर्दा, चिक^{F}, छतरी^{F} आदि; आतपरक्षक, शीशेका ढकन आदि; (गुण०) स्वल्पान्तर, स्वल्प, लेशमात्र; अत्यल्प, बहुत थोड़ा, मामूली; सूक्ष्म भेद, थोड़ा अन्तर या फर्क (*am a ~ better today*); पर्दा ⊙ (*window ~*); *is the shadow of a ~* मिथ्या, भ्रान्तिजनक, भ्रम उत्पन्न करनेवाला; *throw into the ~* दूसरेकी अपेक्षा^{F} अधिक देदीप्यमान या प्रसिद्ध होना, मात करना, बढ़ जाना; *went down to the ~s* प्रेतलोकमें जाना, मर जाना; *without light and ~* (चित्रकला^{F}में) बिना प्रकाश और छाया^{F}-का; एक-सा; (ला० भी) अरुचिकर, उबानेवाले, एक रूप (चरित्र या वर्णन);

~-avoiding, ~-bearer, ~-bearing, ~-bearing evergreens,~ card, ~-demanding, ~ endurance, ~ experiment, ~ leaves, ~-loving, ~-needing, ~ plant, ~-right, ~ temperature, ~-tolerance, ~-tolerant.

shade[2] v.t. & i. अन्धकारमय बनाना, अँधेरा करना, धुँधला करना, (*a sullen look ~d his face*); छायावरण करना, छादन करना, आवरण डालना, अत्यधिक प्रकाशसे ओट^{F} करना, छाया^{F} करना, धूप^{F} या घामसे बचाना, छाना, आड़^{F} करना, बचाना (*~d his eyes with his hand*); (बिजली^{F}की चकाचौंध^{F}से बचानेके लिए किसी वस्तु^{F}से) आच्छादित करना, परदा डालना, छिपाना, चकाचौंध^{F} कम करना, ओट^{F} करना; (चित्रकारी^{F}) अन्धकारमय करना, हलका रंग करना, धुँधला करना, शेड देना; (रंग या प्रकाशका) क्रमशः एकसे दूसरेमें परिवर्तन होना, क्रमशः बदलना;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

(रंग आदिको) क्रमशः रंगान्तरण करना; घटाना, घटना; (ला०) मत या प्रथाF का परिवर्तित होना, एकसे दूसरा आकार ग्रहण कर लेना, क्रमशः रूप बदलना; (अरगन बाजेके) सुरको मन्द करना, धीमा करना।

shaded –'डिॅड् a. ○ किंचित् घटाया हुआ; छायाकृत।

shadeless –ड्'लिॅस् a. छायाहीन, छायारहित, चित्रके छायाF अंशके विना, विना परछाईंF के।

shadiness –'डिनिॅस् n. छायामयताF, छायाप्रदताF, छायादारीF; वर्णाभासमुक्तताF; गुप्ताचरणशीलताF, नीचताF, बेईमानीF, बदमाशीF।

shading –डिंग् n. छायाकरण, अन्धकारमय करना, रंग गहरा करके छायाF दिखाना, चित्र आदिमें शेड देनेका कार्य।

shadoof शॅडूफ़्' n. (मिस्रका) चरसा, डोल, शदूफ।

shadow[1] शै'डो n. छायाकुंज, छायारूप, (ज्यौ०) छायाF, (~ *cone*), छाँहF, छाँवF (*sitting in the* ~); चित्रका अपरिस्फुट अंश, छायांश, अन्धकारमय पक्ष, कमरेका अन्धकारपूर्ण भाग; छायांश, छायाभाग, प्रतिबिम्ब, प्रतिच्छायाF, परछाईंF; (ला०) अनुचर, अनुगामी, अपृथक् सहचर, सहगामी, संगी, साथी; प्रतिमाF, (भौ०) प्रतिच्छायाF, प्रतिरूप, प्रतिमूर्तिF, प्रतिबिम्ब, अक्स; अपच्छायाF, छायामूर्तिF, प्रेत, भूत (*is but the* ~ *of his former self*); असत् वस्तुF, अवास्तव पदार्थ (छायावत्), मिथ्या या अवास्तविक वस्तुF, असार या नकली चीजF (*what* ~*s we are* !); अस्पष्ट प्रतिरूप, प्रकार, आदर्श, अस्पष्ट रूपरेखाF, धुँधली छायाF, झलकF, हल्का खाका; पूर्वलक्षण, पूर्वसूचनाF, पूर्वचेतावनीF, आभास; लेशमात्र, किंचित्, संकेत, आभास, सूक्ष्मतम चिह्न, गन्धF, लेश, जरा भर (*without a* ~ *of doubt*); संरक्षण, सुरक्षाF, आश्रय, शरणF, बचाव, पनाहF (*under the* ~ *of the Almighty*); एकान्तिकताF, एकान्तवास, एकाकीपन, निर्जनताF, गोपनीयताF, प्रच्छन्नताF, अकेलापन, निजीपन; अप्रसिद्धिF, अन्धकार (*content to live in the* ~); (छोटी नौकाF-में) अनुकूल पवनमें प्रयुक्त हलका पाल; ~-boxing छाया-मुष्टियुद्ध, नकली मुक्केबाजीF (जो अभ्यासके लिए कल्पित विरोधीसे की जाती है); ~ factory छाया यन्त्रालय, संकटकालीन यन्त्रालय; (महायुद्धकी आपदाF से यथासम्भव सुरक्षित) उत्पादनके लिए पूर्वनियोजित या निर्मित कारखाना; ~ fight परछाइयोंF में परस्पर युद्ध, छायायुद्ध, परछाइयोंF का युद्ध, काल्पनिक शत्रुओंके साथ युद्ध; ~ figure केवल रूपरेखाF, रेखाचित्र; ~ letter अस्पष्टपुनरावृत्तिF; ~ zone (भौ०) छायाप्रदेश; (ऋतु०) छाया-क्षेत्र; ~ wall (रसा०) रोध-भीतF; *coming events cast their* ~*s before* होनहार बिरवानके होत चीकने पात;

~ cabinet, ~ cone, ~ method, ~ picture, ~ post.

shadow[2] v.t. आच्छादित करना, छाना, छिपाना; अस्पष्ट रूपसे प्रयुक्त करना, रूपकके ढंगसे रखना, धुँधली रूपरेखाF देना, धुँधला खाका खींचना; (मुख्यतः का०) प्रतिबिम्ब डालना, छायाF डालना, छायाF करना, छायामय करना; (सारी गतिविधियोंF को गुप्त रूपसे) भाँपते रहना, पहरा देना, निगरानीF रखना।

shadowgraph ○ –डॅग्राफ् n. (चि०) क्ष रश्मिचित्रण; छायाचित्र।

shadowiness –डोइनिॅस् n. छायात्मकताF, छायामयताF, मन्द तेजस्कताF, अन्धकारपूर्णताF, अन्धकारमयताF; असारताF, असत्यताF, अवास्तविकताF।

shadowless –डो'लिॅस् a. छायाहीन, छायारहित, विना छायाF का; प्रतिच्छायाहीन, प्रतिबिम्बरहित; अन्धकाररहित; आकारहीन; आश्रयहीन, शरणविहीन, विना सहारेका।

shadowy –डोइ a. छायात्मक, छायामय, अन्धकारमय, छायारूप, मन्दतेज, मन्दकान्ति; असत्य, असार, अवास्तविक, नकली, झूठा।

shady –शे'डि a. निरातप, छायावृत, छायाप्रद, छायाबहुल, छायामय, छायायुक्त, छायादार, घना; वर्णाभासी; अप्रकट, गुप्त, निकृष्ट, हीन, छिपा, कुख्यात, बदनामीवाला, अविश्वस्त, अविश्वसनीय, सन्दिग्ध, सन्देहपूर्ण (आचरण, व्यवहार); ~*side of forty* etc. चालीस सालसे ऊपर।

S.H.A.E.F. (or **SHAEF**) Supreme Headquarters of the Allied Expeditionary Force.

shaft शाफ्ट्' n. (भौ०, यंत्र०) ईषा, शर, इषु; बाण, तीर (ला० भी, ~*s of satire*); (यंत्र०, भौ०) दण्ड, नाल, भाला या बर्छीF (का पतला लम्बा डण्डा या बाँस); स्तम्भ या खम्भेके बीचका भाग; स्तम्भावलीF, स्तम्भसमूह, खम्भोंका जुट; शिखर, मन्दिरादिकी चोटीF, पंखकी लम्बी डण्डीF; (जीव०) गात्र; पिच्छाक्ष; पर्णुका काण्ड; अस्थिदण्ड; पसलीF; नलीF; तना; (चि०) काण्ड, डण्ठल; (*ventilling* ~ भी) छतF के ऊपरकी चिमनीF का सिरा; प्रकाशकिरणF, बिजलीF की कड़कF; औज़ारकी मूठF, मुठियाF, दस्ता; (यन्त्र०) घूमता हुआ लोहदण्ड, छड़F, (रेल०) बड़ा धुरा; बारूदF के विस्फोटका रास्ता; गन्दी हवाF या धुएँके निकलनेका रास्ता, खानF की सुरंगF; (प्रा० भू०) चालक; कूप; (कूपि०) कोठी (कूप); कूपक, गर्त, गड्ढा; गाड़ीF का बम (जिसमें घोड़ा जोता जाता है) ;(यंत्र०) T.; ~-horse बममें जुता हुआ घोड़ा; ~ bone (चि०) अस्थिकाण्ड; ~ coupling (नौवि०) धुरा जोड़, दण्ड जोड़; ~ tunnel (नौवि०) धुरासुरंगF;

~ bearing, ~ governer, ~ grave, ~ journal; ~ oil, ~ straighteners.

shafted –'टिॅड् a. ईषायुक्त, शरयुक्त, इषुयुक्त, बाणमय, तीरवाला; भल्ल-युक्त, भालेसे युक्त; (मन्दिर इत्यादि) शिखरमय, चोटीदार; स्तम्भावलीमय, स्तम्भसमूहयुक्त; सहस्तक, मूठवाला, मुठियादार, बेंटदार।

shafter –टॅर् n. = SHAFT-horse.

shafting –टिंग् n. ईषाधातु; ईषासंहतिF; यान्त्रिक

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यवस्था[F] (जिसमें लम्बे धुरेके द्वारा शक्ति[F] आगे बढ़ायी जाती है)।

shag[1] शैग्' १. n. (प्रा०) लोमश वस्त्र, एक प्रकारका रोएँदार मोटा कपड़ा; पशमी लोम, स्थूल रोम, गुच्छेदार बाल या रोएँ, झबरे बाल; मोटी पत्ती[F]की कटी हुई पीनेकी तम्बाकू[F]; २. v.t. लोमश करना; खुरदरा करना।

shag[2] n. मछली[F] खानेवाला बड़ा कलंगीदार समुद्री पक्षी।

shagbark ⊙ शैग्'बार्क् n. अखरोटकी तरहका एक वृक्ष।

shagged शैं'गिॅड् a. (स्व०) गुथे हुए रूखे रोओंवाला, झबरे बालवाला, झबरा।

shagginess –गिनिॅस् n. लोमशत्व, लोमयुक्तता[F], रोएँदारी[F]; झबरीलापन, रूक्षता[F], खुरखुरापन।

shaggy –गि a. लोमश, लोमवृत, रोमखर, झबरा, लम्बे रूखे बालोंवाला; मलिन, घने, रूखे, झबरे (बाल); (वन०, जीववि०) लोमश, लोमयुक्त, स्थूलरोमी, रोएँदार; खुरखुरी टेढ़ी-मेढ़ी शाखाओं[F] या टहनियोंवाला (पेड़); जंगल या झाड़ीदार पेड़ोंसे भरी, जंगली, झाड़ीदार (भूमि[F] आदि); रूक्ष, खुरखुरा, बीहड़।

shagreen शॅग्रीन्' n. शार्क नामक समुद्री ग्राहकी खाल[F]; रूक्षा[F], (घोड़े, गधे, ऊँट आदिकी खाल[F]का कृत्रिम रूपसे) दानेदार बनाया हुआ चमड़ा, नकली खाल[F], कीमुख्त।

shah शा' n. फारसका सम्राट्, बादशाह, शाह।

shakable शे'कॅबॅल् a. कम्पमान, अस्थिर, चंचल, अस्थायी; विचलनीय, संक्षोभ्य, संक्षोभनीय, दोलायमान, झकझोरने योग्य, डगमगाने लायक; कम्पनीय, प्रकम्पनीय, कम्पित करने योग्य, कँपाने योग्य, हिलाने लायक; स्पन्दनीय, लहराने योग्य, थरथरानेवाला; आकुल, व्यग्र, विचलित होने योग्य; दुर्बल, कमजोर; प्रकम्प- (ध्वनि)।

shake[1] शेक' n. विचलन, संक्षोभ, कम्पन, प्रकम्पन, झकझोर[F]; (pl.) थरथराहट[F], डगमगाहट[F], कँपकँपी[F], हिलना, हिलाना, (*with a ~ of the head*); आघात, झटका, धक्का, हिचकोला, चोट[F], ठेस[F]; आरोह-अवरोहके साथ गायन, आवाज[F]में उतार-चढ़ाव या लहर[F] पैदा करते हुए गाना, कम्पित स्वरमें गायन; (ध्वनि[F]में या वाद्ययन्त्रपर) गानमें द्रुत गति[F]से परिवर्तन, दूधका गिलास, सुगन्ध-मिश्रित स्वादिष्ट दूध-अण्डा, मिल्क-शेक ⊙; विपाट, फूट[F], (यंत्र०) (बढ़ती हुई लकड़ी[F]में) दरार[F], तरेड़, टूट[F], चटख[F]; निमिष, क्षण, क्षणमात्र, पल; तड़ाका; ~-out ऐसा संकट (जिसमें कमजोर सट्टेबाजोंको बाजार छोड़ना पड़े); ~ proof हिलत सह; ~-up कम्प, कम्पन, प्रकम्पन, झकझोर, कँपना; विचलन, स्पन्दन, आन्दोलन, धक्का, ठेस[F]; the ~s पीड़ा[F], दर्द; *all of a ~* कम्पमान, काँपता, थरथराता; *in two* etc. *~s of a lamb's tail* etc, or *~s* क्षणमात्रमें ही, बहुत ही शीघ्रता[F]से, झटपट, जरा-सी देर[F]में; *is no great ~s* कोई बहुत अच्छा नहीं है।

shake[2]* v.t. & i. (*shook, shaken*) कम्पित करना, प्रकम्पित करना, कँपकँपी[F] उत्पन्न करना, स्पन्दित करना, चंचल करना, कँपाना*, झुलाना, झटके देना, आगे-पीछे हिलाना, थरथराना, डुलाना, फहराना, लहराना, इधर-उधर घुमाना, हिचकोले खाना, हिचकोले खाकर चलना, हिचकोले देना (*~ the house*); (हथियार) चलाना, घुमाना, भाँजना; आन्दोलित करना, आकुल कर देना, स्तम्भित करना, विक्षुब्ध करना या होना, व्याकुल करना, अव्यवस्थितचित्त करना, धक्का पहुँचाना, उलझन[F]में डालना, घबरा देना, डिगाना, गड़बड़ा देना, तंग करना, परेशान करना (*was much ~n by the news*); (किसी वस्तु या व्यक्तिको उग्रता[F]से या तेजी[F]से इधर-उधर या ऊपर-नीचे) हाथसे हिलाना, हिलाना-डुलाना, झकझोरना, झँझोड़ना, हिलाना*, डुलाना, फेंटना, झटकना, झाड़ना (*like a terrier ~ing a rat*); हिलना*, डोलना, लड़खड़ाना; कँपना*, थर्राना; अयुक्तिसंगत-सा करना, विकृत करना, बिगाड़ना, खराब करना; दुर्बल कर देना, निर्बल कर देना, मन्द करना, बलहीन बना देना, कमजोर करना; स्थायित्व कम करना, कच्चा करना, स्थिरता घटाना, दृढ़ता[F] कम करना, कच्चा होना, घटना, डगमगाना (*his faith in Providence was greatly ~n*); उत्साह ढीला करना, विश्वास हिला देना, हिम्मत तोड़ देना (*the ranks were ~n but, not broken*); (संगीतात्मक गान, ध्वनि[F], गायक आदिके सम्बन्धमें) द्रुत गति[F]से आरोह और अवरोह लाना, स्वरकम्पनके साथ गाना, कँपती हुई आवाज[F]में गाना, ध्वनि[F] या लहर[F]में कँपकँपी[F] उत्पन्न करना, कम्पित स्वर निकालना, आवाज[F] कँपाना, उतार-चढ़ावकी तरंग[F] लाना (*his voice shook with emotion*); (आज्ञा०; बोल०), हाथ मिलाओ; ~down पुआल या कम्बल आदिका मामूली बिछौना (जो जहाँ चाहे बिछाया जा सके); *hand ~s* हाथ अस्थिर है, चंचल है, हिलता है; *~down* पुआल या बिस्तरा बिछाना; बर्तनमें अनाजको हिलाकर बैठाना, ठीक तरह जमाना; पेड़से फलोंको हिलाकर गिराना, झोरना; v.t. सामंजस्य स्थापित करना, परिस्थितियों[F]के अनुरूप बनना, अनुरूप होना, (अपनी तरहके साथियोंके साथ ठीक प्रकारसे) जम जाना, घनिष्ठ होना; *~ hands, ~ one by the hand* (मिलनेपर या अलग होनेपर, समझौतेमें या बधाई[F]के रूपमें) हाथ मिलाना; *~ off* धूल[F] आदि झाड़ना; फेंकना, अलग करना; (ला०, परेशान होकर अवांछित साथी या चिन्ता[F]से) छुटकारा पाना, छुट्टी[F] पाना, झाड़कर चल देना; ~ one's *fist, stick,* etc., *in person's face* or *at* भयभीत करना, घूँसेसे डराना, धमकाना, डण्डा दिखाना; *~ one's head* अस्वीकृति[F] प्रकट करना, (अस्वीकृति[F] या निरनुमोदन या मतभेद या इन्कारपर) सिर हिलाना, नाराजी[F] दिखाना; *~ in* one's *shoes* भयसे विचलित होना, आतंकित होकर कम्पित होना, भयकी कल्पना[F]से काँपना, डरसे काँपना, थरथराना; *~ out* बस्त्रोंसे धूल[F] झाड़ना; (बर्तनको हिलाकर चीजें[F]) बाहर निकालना, बर्तन खाली करना; (झण्डा) फहराना; पालके एक भागको फैलाना, खोलना; *~ up* सक्रिय बनाना, क्रियाशील बनाना, जागरूक

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना, हिलाना, (गतिहीन या आलस्यपूर्ण या रूढ़िग्रस्त अवस्थाᶠसे) उठाना, जगाना, होशियार करना; हिला-डुलाकर (तकिये आदिको) ठीक करना; (तत्त्वों या अंशोंको) मिश्रित करना, हिलाकर मिलाना; ~ *with fear, cold* etc. डर या सर्दीᶠके मारे कम्पित होना, बहुत अधिक तेजीᶠसे काँपना।

shakeable –'कॅ वॅ ल् a. = SHAKABLE.

shaken –कॅ न् a. प्रकम्पित, विपाटित, धूनित, उखड़ा हुआ (~ *faith*)।

shaker –कॅ र् n. क्रियागत अर्थोंमें; (रसा०) हल्लित्र, हलित्र, धवित्र, कम्पक, हिलानेवाला; मैनचेस्टरके एक धार्मिक सम्प्रदायका सदस्य (जिसका विश्वास है कि ईसाका दुबारा आगमन हो चुका है), अवतारवादी, शेकर।

Shakeress शे'कॅ रिॅ स् n. मैनचेस्टरके धार्मिक सम्प्रदायकी अनुयायिनी महिला, शेकर महिला।

Shakerism –रिज़्म् n. शेकरवाद; शेकर मत, अवतारवाद।

Shak(e)spe(a)riana शेक्स्पीअॅ रिॲन् a. शेक्सपियरकी (शैलीᶠमें); शेक्सपियरी।

Shak(e)spe(a)riana '–नॅ n. (pl.) शेक्सपियरकी रचनाएँᶠ।

shakiness शे'किनिॅ स् n. कम्पमानताᶠ, कम्पनशीलताᶠ, चलत्व, चंचलताᶠ, अस्थिरताᶠ, डाँवाडोलपन; अदृढ़ताᶠ, दुर्बलताᶠ, अनिश्चितताᶠ, अविश्वसनीयताᶠ, संकोचशीलताᶠ, दोलायमानताᶠ।

shaking –किंग् १. n. धूनन, झकझोरना, डुलाना, डोलना, झँझोड़ना, हिलाना (~ *apparatus*); कम्पन, वेपन, थर्राहटᶠ; संक्षोभ, व्याकुलताᶠ; २. a. चल, लोल, हिलता हुआ; सकम्प, काँपता हुआ; क्षोभकारी;

~ apparatus, ~ machine, ~ table.

shako शै'को n. (pl- -s) एक प्रकारका ऊँचा लम्बा फौजी टोप।

shaky शे'कि a. कम्पमान, कम्पनशील, लोल, चल, चंचल, अस्थिर, दुर्बल, निर्बल, अदृढ़, क्षीण, अविश्वसनीय, अनिश्चित, सन्दिग्ध, दोलायमान, अस्थिरचित्त, संकोचशील, झिझकता हुआ; विपाटी, हिलता हुआ, ढीला, डाँवाडोल, कमजोर, कच्चा, डगमग, झेंपू, बोदा;

~ courage, ~ credit, ~ hand, ~ house, ~ table, ~ voters.

shale शेल्' n. मृच्छिलिकाᶠ, जम्बशिलाᶠ, स्लेट-जैसी मिट्टीᶠकी चट्टानᶠ, एक परतदार पत्थर; (कृषि०, परि०), स्लेटी पत्थर२, (यन्त्र०, प्रा० भू०) शेल (~ *aggregate*); = SHELL; ~-*oil* (रसा०) शिलातेल, एक पथरीली रालᶠ।

shall शैल् v. aux. भविष्यकालसूचक सहायक क्रियाᶠ, गा, गी, गे; *it should seem* ऐसा मालूम पड़ता है; *you ~ find* (प्रा०) तुम्हें प्राप्त होगा ही।

shalloon शॅलून' n. शैलून, (कोटके अस्तर और स्त्रियोंᶠके वस्त्रोंके लिए) एक हल्का कपड़ा।

shallop शे'लॅप n. छोटी हलकी नौकाᶠ।

shal(l)ot शॅलॉट्' n. प्याजकी तरहका पौधा।

shallow शै'लो १. n. पुलिन, कम पानीका स्थान, कछार, छिछला स्थान, समुद्र, नदीᶠ आदिका छिछला तट; २. v.t. & i. छिछला किनारा बनाना; अल्पबुद्धि या अल्पमति होना, अगम्भीर होना, अल्पबुद्धि या ओछा बनाना, छिछला या उथला होना, ओछा होना, छिछला बनना, उथला बनना; ३. a. (शा० एवं ला०) अल्पबुद्धि, अल्पमति, तुच्छ, असार, सारहीन, गाध, स्वल्पगम्भीर, अल्पगम्भीर, छुलछुला, छिछला, उथला, कम गहरा, हलका, ओछा, ऊपरी-ऊपरी;

~ argument, ~-brained, ~ camouflet, ~ crest, ~ dish, ~ fording, ~ frying, ~ hearted, ~ love, ~ man, ~ mind, ~ pated, ~ plate, ~ ploughing, ~ shock, ~ stream, ~ temperature, ~ trench, ~ water, ~ well.

shallowness –निॅ स n. अल्प बुद्धिᶠ, अल्प मतिᶠ, अबोधत्व, स्वल्प गम्भीरताᶠ, अगम्भीरताᶠ, छिछलापन, उथलापन, ओछापन, तुच्छताᶠ, हलकापन, ऊपरीपन।

shalm शॉम् n. = SHAWM.

shalt शैल्ट् v.aux. SHALL का मध्यम पुरुष,एकव०रूप।

shaly शे'लि a. मृच्छिलिकीय, मृच्छिलिका-विषयक; जम्बशिला-सम्बन्धी स्लेटी पत्थरवाला।

sham शैम्' १. n. प्रवंचनाᶠ, प्रतारणाᶠ, वंचनाᶠ, छद्म, व्यपदेश, पाखण्ड, स्वाँग, छल, कपट, धोखा, बहाना, ढोंग, धाँधलीᶠ, चालाकीᶠ, दिखावा, बनावटᶠ, दगा, जाल (*this age of ~s*); मिथ्याचारी, आडम्बरी, पाखण्डी, कपटी, बहाना करनेवाला व्यक्ति, अवास्तविक, असत्य, मिथ्या, झूठ, स्वांग; (*sheet-~, pillow-~* भी) बेल-बूटेदार दिखावटी सनके कपड़े (जो दिनमें सजावटᶠके लिए पलँगपर रखे जाते हैं); २. v.t. &. i. छल करना, छलना, ढोंग करना, दिखावा करना, बनना, बहाना करना, बनावटᶠ करना, हीला-हवाला करना (~*med ill, dead, asleep*); स्वाँग करना, भाँड़ बनना, नकलᶠ करना (*is only ~ming*); ३. a. स्वाँगयुक्त, प्रपंची, कृत्रिम, (का०) मिथ्या, छली, छाद्मिक, कपटी, कल्पित, आभासी, कापटिक, पाखण्डपूर्ण, अवास्तविक, अयथार्थ, मिथ्या, असत्य, झूठा, बनावटी, नकली, दिखावटी, जाली (~ *fear, illness*); ~ battle ⊙, ~ fight छायायुद्ध, (सैन्यदलोंके प्रशिक्षणके हेतु) नकली युद्ध, झूठमूठकी लड़ाईᶠ; ~ plea (कानूनमें) मिथ्या तर्क या पक्ष-पोषण।

shama शा'मॅ n. सारिकाᶠ; शामाᶠ।

Shamanism शै'मॅनिज़्म् n. मंगोलधर्म, पुरोहितवाद, (दर्श०) शामानी धर्म।

shamble शैम्'बॅल १. n. विरूप गतिᶠ, भद्दी चालᶠ, लड़खड़ाती चालᶠ, बेढंगी दौड़ᶠ; २. v. i. टेढ़े-मेढ़े होकर चलना या दौड़ना, भद्दे ढंगसे भागना, बेढंगेपनसे दौड़ना, लड़खड़ाके चलना।

shambles शैम्'बॅल्ज़् n. (pl.) मांसविक्रयस्थान, पशु-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वधशाला^{F}, पशुवधगृह, सूना, कसाईखाना, कमेला, बूचड़-खाना; वधस्थल, हत्याकाण्ड (*the place became a ~*); मिश्रित भोजन, खिचड़ी^{F}, गड्डमगड्ड ।

shambling शैम्'बॅलिंग् १. n. बनावटी या टेढ़ी-मेढ़ी चाल^{F}, भद्दी चाल^{F}; २. a. वक्र, विरूप, टेढ़ा-मेढ़ा; चपल, चंचल ।

shame[1]* शेम्' n. व्रीडा^{F}, संकोच, (दर्श०) लज्जा^{F}*, लाज^{F}, शर्म^{F}*, झिझक^{F}, झेंप^{F}, हया^{F}, गैरत^{F} (*flushed with ~*); संकोचशीलता^{F}, लज्जाशीलता^{F}, शर्मिन्दगी^{F}, शर्म^{F} की बात^{F} (*cannot do it for very ~*); अपकीर्ति^{F}, मानभंग, अप्रतिष्ठा^{F}, अपमान, निरादर, कलंक, निन्दा^{F}, धिक्कार, वेइज्जती^{F} की अवस्था^{F} या स्थिति^{F}, लानत^{F} (*~ on you !*); अपकीर्तिदाता, कलंककर्त्ता, अपमानकारी व्यक्ति या वस्तु^{F}, बदनामी^{F} करानेवाला आदमी (*is a ~ to his parents*); अप-मानकी बात^{F}, वेइज्जती^{F} की बात^{F} (*is a sin and a ~*); *for ~!* शर्म^{F} करो ! शर्म^{F} की बात^{F} है ! (प्रायः चेतावनी^{F} या फटकार^{F} के लिए प्रयुक्त); *put one to ~* लज्जित करना, मुँह फीका करना, पानी उतारना, झेंपाना, शर्मिन्दा करना; *think ~* लज्जित होना, शर्मिन्दा होना ।

shame[2] v. t. & i. (किसी बड़ेको छोटेके गुणोंके द्वारा) लज्जित करना; नीचा दिखाना, शर्मिन्दा करना, झेंप^{F} में डालना (*a dog's fidelity ~s us*); लज्जित करना, अपमानित करना, लजाना, संकोचमें डालना, शर्म^{F} की बात^{F} होना, शर्मिन्दा करना, झेंपना; व्रीडान्वित होना, लज्जित होना, सकुचाना, लजाना, शरमाना, झेंपना; (प्रा०) निर्लज्ज होना, बेशरम होना (*he ~d not to say*); लज्जा^{F} के कारण डरना, शर्म^{F} के मारे निढाल होना, शर्मिन्दा होकर काँपना ।

shamed –ड्' a. लज्जाशील, लज्जालु, लज्जित, व्रीडित, शर्मिन्दा ।

shamefaced –'म्'फ़ेस्ट् a. लज्जालु, लज्जावान्, लज्जा-न्वित, लज्जित, लज्जाशील; लजीला, संकोची, शर्मीला, झेंपू; (काव्य०, गुण, फूलों आदिके सम्बन्धमें) एकान्तिक, एकान्तप्रेमी, एकान्तप्रिय, लज्जालु, लज्जाशील, विनम्र, विनीत, नमनशील, विनयी ।

shamefacedness सिॅड्(फ़ेस्ट्) निस् n. लज्जा-शीलता^{F}, लज्जालुता^{F}, लजीलापन, संकोचीपन, शरमीलापन, संकोच, झेंप^{F}; लज्जाजनकता^{F}; एकान्तप्रियता^{F}, विनम्रता^{F}, विनयशीलता^{F} ।

shamefast ⊙ –फ़ास्ट् a. लज्जालु, शर्मीला, झेंपू ।

shameful –फ़ुल् a. लज्जापूर्ण, लज्जालु; लज्जास्पद, लज्जाकर, लज्जाप्रद, लज्जाजनक, गर्ह्य, अश्लील, अपकीर्ति-कर, बुरा, खराब, शर्मनाक, शर्म^{F} के लायक ।

shamefulness –निॅस् n. लज्जास्पदता^{F}, लज्जा-प्रदता^{F}, लज्जापूर्णता^{F}, लज्जाकरता^{F}, लज्जा^{F}, अपकीर्ति^{F}, अपमान, खराबी^{F}, शर्मसारी^{F} ।

shameless –लिॅस् a. निर्लज्ज, लज्जारहित, लज्जाहीन, धृष्ट, त्यक्तलज्ज, ढीठ, बेशर्म, बेहया ।

shamelessness –निॅस् n. निर्लज्जता^{F}, लज्जाहीनता^{F}, धृष्टता^{F}, ढीठपन, ढिठाई^{F}, बेशरमी^{F}, बेहयाई^{F} ।

shamer शे'मॅर् n. लज्जित करनेवाला, शर्मिन्दा करने-वाला ।

shammer शै'मॅर् n. वंचक, छली, छलिया, स्वाँग करनेवाला, प्रपंचकर्त्ता, पाखण्डी, धोखेबाज, बननेवाला, बहाना करनेवाला ।

shamming –मिंग् n. बहानेबाजी^{F} ।

shammoy शै'माॅय् v.t. (ग्रीस या तेलसे) चमड़ा पकाना, चमड़ा बनाना, चमड़ा तैयार करना ।

shammy शै'मि n. तैलपक्व चर्म, ग्रीससे पकाया चमड़ा ।

shampoo शैम्पू' १. n. संवाह, संवाहन, केशक्षाल, केशक्षालन, शिरमर्दन, सिरकी मालिश^{F}; २. v.t. केश-क्षालन करना, (सिरके बालोंको) साबुनसे मलना, धोना और रगड़ना, (अब क्व०) (शरीर आदिको गर्म जलसे स्नान आदि करनेके बाद) मलना, मालिश^{F} करना, चम्पी^{F} करना, dry ~ छिलकेदार साबुन, बाल धोनेका पाउडर; साबुन या पाउडरसे सिर धोना या बाल साफ करना ।

shampoo er –'ॲर् n. संवाहक, केशक्षालक ।

shampooing –इंग्' n. संवाहन, अंगमर्दन; केश-क्षालन ।

shamrock शैम्'रॉक् n. हिमालयकी अम्ल लोणी^{F}, (आयरलैण्डके राष्ट्रीय चिह्नके रूपमें व्यवहृत) त्रिपत्र घास^{F}, श्वेत लौंग^{F} ।

Shan शैन्' n. शान जाति^{F}, (चीन, स्याम, आसाममें रहनेवाली) एक पहाड़ी जाति^{F} ।

shandrydan शैन्'ड्रिडैन् n. दो पहियेवाली हलकी गाड़ी^{F}; पुरानी कमजोर सवारी गाड़ी^{F} ।

shandy(gaff) शैन्'डि(गैफ़) n. बीअर और जिंजर-बीअरका मिला-जुला पेय ।

shanghai शैङ्हाइ' v.t. (नौवि०, प्रा०) किसीको कुछ पिला देना और जब अचेत हो तो जहाजपर बिठाकर मल्लाह-की तरह काम लेना, शांघाई^{F} करना ।

shank शैन्क्' १. n. (चि०) प्रजंघिकास्थि^{F}; उसकी अग्रधारा^{F}; घुटनेके नीचेसे पादतकका पैरका भाग; (कृषि०) पाथा; (श०र०शा०) पिंडली^{F}, पिण्डुली^{F}, टाँग^{F}; मोजेकी टाँग^{F}; चिड़िया^{F} के पंजेका खड़ा भाग; फूलकी डण्डी^{F}; जूतेके तल्लेका बीचका तंग हिस्सा; खम्भेका बीचका भाग, औजारके सिरे और मुठिया^{F} के बीचका हिस्सा; मछली^{F} के काँटेका सीधा भाग; चाभी^{F}: प्रस्तुव-मध्य, चम्मच, लंगर आदिके बीचका भाग; २. v.t. & i. (गॉफ) डण्डे या लाठी^{F} की मोड़^{F} से गेंद^{F} पर चोट^{F} लगाना; S~s's mare अपनी निजी टाँगें^{F}, पैदल (घुड़सवारी^{F} की तुलना^{F} में); *~ off* फूलोंका मुरझा जाना, मुरझाकर गिर जाना, झड़ जाना ।

shanked –ट्' a.(चि०) घुटनेके नीचेकी टाँगवाला, या उसके रोगसे पीड़ित ।

shanny शै'नि n. (यूरोपकी) शैनी मछली^{F} ।

shantung शैन्'टन्ग् n. एक प्रकारका मुलायम कच्चा

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रेशम।

shanty[1] शैन्'टि n. कुटीर, कुटी[F], कुटिया[F], छोटा घर, झोंपड़ी[F], कोठरी[F]।

shanty[2] n. समुद्री गान।

shapable शे'पॅबल् a. रचनीय, सृष्टिकरणीय, निर्माण-के योग्य; रूपार्ह, रूप ग्रहण करने योग्य; अनुकूल अथवा उपयुक्त बनाने योग्य, गढ़ने योग्य, ढालने लायक, योजना[F]में बिठाने योग्य; सृज्ञ[F]का, कल्पनीय, कल्पना[F]का।

S.H.A.P.E. (SHAPE) Supreme Headquarters Allied Powers Europe.

shape[1] –प्' n. **आकृति**[F], **आकार**, रचना[F], **रूप**, डीलडौल, बनावट[F], गठन[F], सूरत[F], शक्ल[F] (*has the ~ of a boat*); बाह्याकृति[F], बाह्याकार, रंगरूप, रंगढंग, रूप, वेष, जामा, शक्ल[F] (*monster in human ~*); प्रतिनिधिरूप, अवतार, प्रत्यक्ष प्रतिरूप, साक्षात् रूप, सच्चा आकार (*showed me politeness in the ~ of an invitation*); श्रेणी[F], प्रकार, जाति[F], भाँति, ढंग, तरह, किस्म (*made no overtures in any ~ or form*); आदर्श, नमूना, ढोप आदि बनाने-का साँचा; किसी साँचेमें तैयार फिरनी[F]; (रुई[F]की) गद्दी[F] (जिसे अभिनेता लोग पहिनते हैं); समुचित व्यवस्था[F], क्रमबद्ध व्यवस्था[F], समस्थित या निश्चित रूप (*get* one's *ideas into ~*); अव्यक्त पुरुष, अप्रकट व्यक्ति, कल्पित मनुष्य, प्रेत, छाया[F], भूत (*a grim mysterious ~ stalked towards me*); अवस्था[F]; दशा[F] ⊙; *to put in ~* ⊙ फिट करना, फिट बनाना, बैठाना।

shape[2] v.t. & i. निर्माण करना, निर्मित करना, घटन करना, गठन[F] करना, गढ़ना; **आकार देना**, रूप प्रदान करना, सृष्टि[F] करना, रचना[F] करना, सूरत[F] बनाना या पैदा करना; रूपण करना, इच्छित या निश्चित आकृति[F] या रूप देना, इच्छापूर्वक गढ़ना, आदर्शानुरूप गठन[F] करना, साँचेमें ढालना, बनाना; अनुकूल बनाना या होना, मुताबिक करना या होना, माफिक बनाना या होना; उपाय निकालना, योजना[F] बनाना, रास्ता सोचना, तरकीब[F] सोचना, मंसूबा बाँधना; आकृति[F] ग्रहण करना, विशेष आकारमें विकसित होना, रूप धारण करना, रूप पाना; गढ़ा जाना, आकार ग्रहण करना, खास शक्ल[F]में बढ़ना; कल्पना करना, कल्पित करना, मस्तिष्कमें चित्र खींचना, मनमें गढ़ना, सूझना, खाका खींचना, दिमागमें नक्शा बनाना; नियमित करना, निरूपित करना, मार्गकी ओर लक्ष्य करना, (मार्ग आदिका) निर्देश करना, (ठीक रास्तेपर) लगाना; *~ one's course* मार्ग निर्धारित करना, रास्ता चुन लेना; *~s well* होनहार है; *~ up* ⊙ प्रस्तुत करना, तैयार करना, बना लेना।

shapeable –'पॅबल् a. = SHAPABLE.

shaped –प्' a. साकृति, आकारगत, आकारयुक्त, साकार, सरूप, रूपयुक्त, रूप-रंगका, सूरतका, शक्लका (*~ like a pear*); बाह्याकारी, वेशपूर्ण; सुडौल, ढंगका, भाँतिका, प्रकारका, तौरका, नमूनेका।

shapeless –प्'लिॅस् a. आकृतिविहीन, विरूप, अनाकार, नीरूप, निराकार, अमूर्त्त, कुरूप, अपरूप, कुगठित, बेढंगा, बेडौल, बदसूरत।

shapelessness –निॅस् n. आकृतिविहीनता[F], आकार-हीनता[F], कुरूपता[F], कुगठन[F], बेढंगापन, बेडौलपन।

shapeliness –लिनिॅस् n. सुरूपता[F], दर्शनीयता[F], सुगठन[F], सुन्दरता[F], सुडौलपन, खूबसूरती[F], खुशनुमाई[F]।

shapely –लि a. आकारवान्, दर्शनीय, रूपवान्, रूपशुद्ध, शुद्धाकार, सुरूप, सुन्दर, सुगठित, सुरेख, सुडौल, सुढाल, डौलदार, खूबसूरत, खुशनुमा।

shaper –'पॅर् n. (रेल०) **रूपित्र**; (क्रियागत अर्थोंमें) निर्माता, सृष्टिकर्ता, **आकृतिकार**, आकार देनेवाला, रूप देनेवाला, बनानेवाला; खराद[F]; T.

shard, sherd शाड्', शेॅड्' n. (प्रा०) मृत्पात्र-खण्ड, ठीकरा, ठीकरी[F] (गमलेके छेदके ऊपर भी रखा जाता है); भौंरेके परका खोल; *~*-beetle गुबरैला।

share[1] शेॅअॅर्' n. देयभाग, समभाग, भाग, समान अंश, बाँट[F], बँटाई[F] (*that is your fair ~*); (रसा०) **सह-भागिता**[F], (सबके धनका एक) **अंश, भाग**, (अर्थ०, का०) **हिस्सा, शेयरधारी, शेयर** (*must get a ~ of the plunder, had a large ~ in bringing it about*); सम्मिलित स्वामियोंकी सम्पत्ति[F]में साझा-पत्ती[F], पाँति[F], साझा (*has a ~ in the estate*, etc.); *~*-bone पुरोनितम्बास्थि[F]; *~* capital (कृषि०, का०) **अंश-पूँजी**[F], हिस्सा पूँजी[F], **शेयर पूँजी**[F]; *~* cropper ⊙ फसल[F]में अपने हिस्सेके अनुसार लगान देनेवाला; *~* holder अंशग्राही, (अर्थ०, का०) **अंश-धारी, शेयरधारी**, अंशभागी, भागग्राही, भागीदार, साझीदार, पट्टीदार, **हिस्सेदार**; *~*-list अंशसूची[F], (भिन्न कम्पनियों[F]में) अंशोंके वर्तमान मूल्योंकी सूची[F]; *~*-out वितरण, बँटवारा, बाँट[F]; *~*-pusher (बोल०) (प्रायः हीनमूल्यके) अंशोंका तुच्छ व्यापारी; deferred *~*s आस्थगित अंश, (अंश जिनपर नियत तिथि[F] या आकस्मिक घटना[F]तक कोई लाभ न दिया जावे या कम दिया जायगा); ordinary *~*s सामान्य अंश, साधारण हिस्से; preference or preferred *~*s पूर्वाधिकार अंश, अधिमानित हिस्से (जिनपर नियत लाभ देनेका निश्चय पहलेसे ही कर लिया गया हो); *go ~s* दूसरोंके साथ समभाग करना, बाँटना, हिस्से करना; *~ and ~ alike* समभाग करना, बराबर-बराबर बाँटना;

~ allotments, *~* broker, *~* certificate, *~* crop, *~* cultivation, *~* ledger, *~* market, *~* money, *~* pitch, *~* point, *~* qualification, *~* register, *~* rent, *~* tenancy, *~* tenant, *~* transfer, *~* transfer book, *~* transfer fees, *~* transfer stamp, *~* warrant.

share[2] v.t. & i. भाग लेना, सम्मिलित होना, सम्मिलित रूपसे पाना या प्रयोग करना या सहन करना, हिस्सा लेना, शामिल होना; **सहभागी होना**, अंश प्राप्त

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना, अंश लेना, अंशधारी होना, अंश रखना, हिस्सेदार होना, हिस्से रखना (*will ~ with you in the undertaking*); (सम्पत्ति[F], भोजन, कार्यभार आदिको) विभाजित करना, अंश देना, हिस्सा देना, दूसरोंमें बाँटना, भाग करना, बँटवारा करना, हिस्से करना (*would ~ his last crust*); ~ *out* वितरण करना, बाँटना।

share[3] n. कुशी, हलका लोहेका फाल, (कृषि०) **फाल**, फल, फार, (कृषि०) **फाली**[F], कुसी; बीज बोने या काटनेकी मशीन[F]का फाल; ~-beam हलके फालकी लकड़ी[F]।

sharer शेअँ'रॅर् n. अंशधारी, अंशभागी, अंशी, भागी, भागीदार, हिस्सेदार, साझीदार, पट्टीदार; अंशवितरक, भागकर्त्ता, बाँटनेवाला, हिस्सा देनेवाला।

sharing –रिंग् n. विभाजन, बँटाई[F]; **साझा, साझेदारी**[F]; ~ pair (रसा०) **सहभागी युग्म**।

shark शार्क् १. n. (लम्बे आकारका अगल-बगल नथुनेवाला छोटे मुँहका) समुद्री मत्स्य या मच्छ; (जीव०) **शार्क, हांगुर** (~ *fin*, ~ *fishery*); नक्र, ग्राह, घड़ियाल, मगर (*White, Blue, Dusky*, ~); वंचक, प्रवंचक व्यक्ति, धूर्त, छली, ठग, धोखेबाज मनुष्य; प्रतिभाशाली छात्र, होशियार विद्यार्थी; घाघ⊙; २. v.t. & i. वंचना[F] करना, ठगी[F] करना, ठगना, चार सौ-बीसी[F] चलाना, कपट-व्यवहार करना; अपमानजनक साधनोंसे संचित करना, बेईमानी[F]से एकत्र करना, बेईमानी[F]से जमा करना; साहसिक होना, साहसिकता[F] दिखाना (~*s for a living*); मुफ्तखड़की भाँति निगल जाना; थपकी[F] लगाना⊙; ~-moth घड़ियाल-जैसा पतिंगा; ~'s-mouth पालमें मस्तूल आदिके लिए छेद।

sharker –'कॅर् n. लुण्ठक, साहसिक, वंचक, ठग, लुटेरा, पतेबाज, चार सौ बीस।

sharking –किंग् a. वंचक, धोखा देनेवाला, चार सौ बीस, ठग, ठग्गू, चूना लगानेवाला।

sharp[1]* शार्प् १. n. तीक्ष्णा[F], सीनेकी पतली सुई[F]; (संगीत) आरोहके ऊपर उठाया हुआ स्वर, उदात्त स्वर, उच्च स्वर, अनुच्चरित या कठोर व्यंजन; वंचक, चार सौ बीस आदमी, ठग, धोखेबाज, दगाबाज आदमी⊙; दक्ष, प्रवीण, विशारद, विज्ञ, विशेषज्ञ, कारीगर आदमी⊙ (*mining-*~); (pl.) (चोकर और आटेके) बीचका पिसान, सूजी[F]; २. a. प्रखर, **तीक्ष्ण**, तेज*, पैना*, तीखा, धारदार, बारीक (~ *knife*); तीक्ष्णाग्र, नुकीला, नोकदार, अनीदार (~ *gable*); दाहक, कटु, अम्ल, कर्णकटु, कर्कश, कड़ आ, चुभता हुआ, अम्लयुक्त, चरपरा, खट्टा; मर्मभेदी, कष्टप्रद, पीड़क, पीड़ादायक, पीड़ामय; **भयंकर, घोर**; अत्यन्त, अत्यधिक; प्रचण्ड, कठोर, कठिन, **उग्र, तीव्र**, काटता हुआ, कड़ा, सख्त (~ *flavour, wine, voice, cry*, etc.); व्युत्पन्नमति, कुशाग्रबुद्धि, तीक्ष्ण-बुद्धि, तीव्रबुद्धि, सूक्ष्मग्राही, विदग्ध, सजग, सतर्क, तत्पर, प्रवीण, चतुर, निपुण, प्रगल्भ; आशुक्षुब्ध, संवेदनशील, जागरूक, चेतन, सावधान, धीमान्, किसी चीज[F]को देखने या सुनने या समझनेकी क्षमतावाला, होशियार, चौकस, चालाक (~ *eyes, child, intelligence, attention*); कोनदार, मोड़दार, आकस्मिक, एकदमका (~ *turn, incline*); स्पष्ट, सुस्पष्ट, भली भाँति व्याख्यात, साफ, साफ-सुथरा (~ *outline*); (ध्वनि०, अनुच्चरित ध्वनियों[F]के सम्बन्धमें) अनुच्चरित, अध्वनित, कठोर; (संगीत) साधारण स्वरारोहसे ऊँचा; विजयाकांक्षी, लाभाकांक्षी, जीतनेपर उतारू; अवसरवादी, काइयाँ, चालाक, घाघ, बेईमान, जल्दी फायदा उठानेवाला, अविवेकी, गलत; उत्साहपूर्ण, उत्साही, साहसी; द्रुत, शीघ्र, वेगपूर्ण, वेगवान्, वेगमय, प्रचण्ड, तुरतफुरतवाला (*take a ~ walk*); adv. नियमित समयपर, ठीक समयपर; (संगीत) वास्तविक स्वरारोहसे ऊँचा करते हुए; ~ bend **कैंची मोड़ (सड़क[F]का)**, ~-cut सुस्पष्ट, अतिस्पष्ट, सुनिश्चित; ~-nosed सुगन्धप्रिय; नुकीली नाकवाला; ~ practice छल, कपट, धूर्तता[F], चालाकी[F]; ~-set बुभुक्षित, भूखा; ~-shod नाल जड़ा हुआ (~ *horse*); ~-shooter लक्ष्यवेधी, बहुत ही कुशल निशानेबाज; ~-sighted दूरद्रष्टा, तीक्ष्णदृष्टि, चतुर, बुद्धिमान्, चालाक, काइयाँ; ~-visaged कृशमुख, दुबले-पतले चेहरेवाला; ~ work जी-तोड़ संघर्ष या लड़ाई[F], शीघ्रता[F]से किया जानेवाला या होनेवाला काम; *as ~ as a needle* प्रबुद्ध, बहुत ही चतुर, होशियार; *~'s the word* (शीघ्रता[F] करनेके लिए प्रयुक्त वाक्य) जल्दी करो, फुर्ती[F]से; *was too ~ for me* मुझे छल लिया, ठग लिया;

~-angled, ~-beaked, ~-billed, ~ chisel point, ~-clawed, ~ contrast, ~-cornered, ~ curve, ~-edged, ~-ended crystals, ~-ended points, ~-faced, ~ focussing, ~-line, ~-looking, ~ melting point, ~ note, ~ pencil, ~ rise, ~ series, ~ steel, ~-toothed, ~-witted.

sharp[2] v.t. & i. (प्रा० या गँवारू) तीक्ष्ण करना, तेज करना, धार[F] धरना, धार[F] तेज करना, पैना करना, सान[F]पर चढ़ाना; स्वरको ऊँचा चढ़ाना, आवाज[F] उठाना, आवाज[F]को तेज करना; (ताश आदिके खेलमें) धोखा देना, चालाकी[F] करना, बेईमानी[F]से खेलना।

sharpen –'पॅन् v.t. & i. **तेज करना** या होना, **धार[F] लगाना**, धार[F] धरना, शान[F] रखना, सान[F]पर चढ़ाना, पैनाना; स्पष्ट करना; उत्सुक करना, उत्साहित करना, संवेदनशील बनाना; कर्कश करना, स्वरारोहसे ऊँचा करना; काइयाँ होना, चालाक होना; उग्र या कष्टप्रद बनना; चरपरा करना।

sharpener –नॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) तेज करनेवाला; शाण[F], सान[F], धार[F] धरनेवाला मनुष्य या यन्त्र।

sharper –पॅर् n. प्रवंचक, धूर्त, ठग, धोखेबाज, उचक्का, बेईमान, घाघ।

sharping –पिंग् n. कपट-व्यवहार, छल-कपट, धोखेबाजी[F]।

sharpish –पिश् a. ईषत्तीक्ष्ण, किंचित् तीव्र, कुछ तेज, तेज-सा; ईषदम्लयुक्त; खट्टा-सा; ईषत्प्रचण्ड, ईषत्कठोर,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उग्र-सा, काटता हुआ-सा; ईषद्व्युत्पन्नमति, ईषत्कुशाग्रमति, तीक्ष्णबुद्धि-सा; काफी होशियार।

sharpness –प"निॅस् n. तीक्ष्णता^{F}, तीव्रता^{F}, नुकीलापन, पैनापन, तेजी^{F}; कटप्रदता^{F}, प्रचण्डता^{F}, उग्रता^{F}, कर्कशता^{F}, कठोरता^{F}, दाहकता^{F}, कटुता^{F}, चरपराहट^{F}, तीखापन; सुस्पष्टता^{F}; तीव्र दृष्टि^{F}, सतर्कता^{F}; संवेदनशीलता^{F}, जागरूकता^{F}, चेतनता^{F}; वेग, द्रुतता^{F}; अवसरवादिता^{F}, धूर्तता^{F}, चालाकी^{F}, बेईमानी^{F}।

sharps शार्पस् n. pl. (गेहूँका) खराब आटा, खराब मैदा, घटिया पिसान।

Shastra शा'स्ट्रॅ n. शास्त्र, धर्मग्रन्थ।

shatter शै'टॅर् v.t. & i. ध्वस्त करना, विनष्ट करना, पूरी तरहसे अव्यवस्थित करना, छिन्न-भिन्न करना, उलट-पुलट कर देना, बर्बाद करना, धज्जियाँ^{F} उड़ाना, छितराना, बिखेरना (*~ed nerves, constitution, hopes*); खण्डित करना या होना, नष्ट-भ्रष्ट कर देना या हो जाना, छिन्न-भिन्न करना या होना, चूर-चूर करना या होना, एकदम टुकड़े-टुकड़े कर डालना या हो जाना, तोड़ डालना या टूट जाना; ~-proof विध्वंसावरोधक; ~ zone (प्रा० भू०) **विसरण-खण्ड**।

shattering –रिंग् n. **टूटकर बिखरना**।

shatters ⊙ –ज़् n. pl. छिन्न अंश, टूटे टुकड़े।

shattery –रि a. विध्वंसशील, भंगुर, विनाशशील, टूटनेवाला, भुरभुरा।

Shaula शौला n. (ज्यौ०) **शाउला, एकादश द्युश्रिक**।

shave[1] शेव्' n. मुण्डन, दाढ़ी बनवाना, हजामत^{F} (*must have a ~*); समीपता^{F}, आस्पर्श, पहुँच^{F}, बचाव, बाल-बाल बचाव, चूक^{F} (*had a close ~ of it*); वंचन, कपट, धूर्तता^{F}, छल, धोखा, चाल^{F}, मक्कारी^{F}, शरारत^{F}; लकड़ी^{F} छीलनेके लिए दोनों सिरेपर लगे दस्तेवाला चाकूका फल; फाँक^{F}, टुकड़ा, कतला।

shave[2] v.t. & i. क्षौर कर्म करना, क्षुरण करना, दाढ़ी बनाना, सिर मूँड़ना, बाल बनाना, बाल काटना, मूँड़ना, हजामत^{F} बनाना (*a ~n chin*); (intr.) अपनी दाढ़ी^{F} बनाना (*he does not ~ every day*); बिना छुए पाससे निकल जाना, बाल-बाल बचना, थोड़ा छूते हुए निकलना, बहुत थोड़ा चूकना, बिल्कुल करीबसे गुजरना; लकड़ी^{F}को रन्दे आदिसे छीलना, छाँटना; ~-hook छैनी^{F}, रुखानी^{F}, टाँकी^{F}।

shaveling –'लिंग् n. (प्रा०) मुण्डितशिर, सिरमुँड़ा, मुँड़े हुए सिरवाला व्यक्ति या साधु या पादरी, मुँड़िया।

shaver –'वॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) क्षौरिक, क्षुरक, नापित, नाई, हज्जाम, मूँड़नेवाला; ठग व्यापारी; लुटेरा (बोल०) लड़का, छोकरा, लौंडा, ननका (प्रायः *young ~*); चतुर व्यवसायी।

Shavian शे'विॲन् a. (नाटककार जार्ज बर्नार्ड) शॉकी (शैली^{F}में या ढंगपर)।

shaving शे'विंग् n. मुण्डन, क्षौर; (रसा०) **छीलन**, कतरन^{F}, (रन्दा करनेसे बना) लकड़ी^{F}का बुरादा; छीलनेका कार्य; ~-brush बाल बनानेका ब्रुश, हजामती ब्रुश; ~ horse लकड़ी^{F} छीलनेकी घोड़ी, एक प्रकारकी बेंच^{F}।

shaw शॉ' n. (प्रा० एवं का०) छोटा जंगल, झाड़ी^{F}, झाड़झंखाड़^{F}।

shawl शॉल्' १. n. शाल, स्त्रियों^{F} द्वारा कन्धोंपर ओढ़नेका दुशाला; २. v.t. शाल द्वारा आवृत्त करना, शाल या दुशाला उढ़ाना; ~-dance दुशाला-नृत्य; शाल-नाच (जिसमें नर्त्तक या नर्त्तकी^{F} अपने शालको लहराते हैं); ~-pattern दुशालेका एक नमूना।

shawm शॉम्' n. (एक प्रकारका हारमोनियम बाजा जो अब अप्रचलित है), शाम।

shay शे' n. शे^{F}; बग्घी^{F}, घोड़ागाड़ी^{F}।

she शी' १. n. नारी^{F}, स्त्री^{F}, महिला^{F}, औरत^{F} (*is the child a he or a ~ ?*); २. a. (प्रायः समास-चिह्नके साथ) मादा^{F} (*~-goat*); ~-cat बिल्ली^{F}; ~-devil पापिष्ठा^{F}, दुष्टा^{F}, पापिनी^{F}, राक्षसी^{F}; कुट्टिनी^{F}; ३. pron. वह (स्त्री^{F}); *the not impossible ~* भावी स्त्री^{F} (जिससे प्रेम हो सके)।

shea शी' n. घृतपादप, शी, (पश्चिमी अफ्रीकाका एक पेड़ जिससे घी मिलता है)।

sheaf शीफ़्' १. n. (pl. *-ves*, प्रायः बँधा हुआ और एक साथ लम्बाई^{F}में रखा हुआ चीजों^{F}का) गट्ठा, (कृषि०) **पूला, पूली^{F}, पुलिन्दा, मुट्ठा, बण्डल** (*~ of papers*); २. v.t. गट्ठोंमें बाँधना, पूला या पूली^{F} बाँधना, पुलिन्दा या मुट्ठा या बण्डल बाँधना; ~-binder पूलियाँ^{F} या गट्ठे बाँधनेका औजार।

sheafy –फ़ि a. गट्ठरयुक्त, पूलीवाला, पुलिन्दा बना हुआ, मुट्ठेदार, बण्डलदार।

shealing शी'लिंग् n. लघु कुटीर, छोटी कुटिया^{F}, छोटी झोपड़ी^{F}।

shear[1] शीॲर' n. कर्तरी^{F}, कतरनी^{F}, कैंची-जैसा एक बड़ा औजार (*hand me the ~s*); (यन्त्र०) निर्मित वस्तु^{F} आदिपर दबाव या बोझा (जिससे उसकी परतें^{F} एक दूसरे पर आ पड़ें); **अपरूपण, विरूपण**; (प्रा० भू०) **विकृन्तन**, (यन्त्र०, भौ०) **कर्त्तन**; ~bill कटी चोंचवाला पक्षी; ~ steel परतदार इस्पात; ~tail भिनभिनाती हुई चिड़िया^{F} (जिसकी पूँछ^{F} कैंची^{F}की तरह होती है);

~ cake, ~ force, ~ joint, ~ modulus, ~ reinforcement, ~ resistance, ~ strain, ~ stress, ~ wave, ~ wire.

shear[2] v.t. & i. (*~ed, shore; ~ed, shorn*) कैंची^{F}से कतरना, काटना, मूँड़ना (*~sheep* ऊन काटना; *shall be ~ing my sheep tomorrow*); (का०) तलवार^{F} आदिसे काटना या कटना, उड़ाना या उड़ना (*shore off his plume*); (ला०) वंचित करना, छीनना, ले भागना, ऐंठ लेना, ठगना, लूटना, खसोटना, मूँड़ना (*come home shorn*); (मकानके ढाँचे, सामान आदिका) बोझके कारण टूट जाना, तोड़ा-फोड़ा जाना, भारके द्वारा टूटना-फूटना या तोड़ना; ~water तरंगकाक, एक प्रकारकी नीचे-नीचे उड़नेवाली समुद्री चिड़िया^{F}; ~ *cloth* कपड़ेका रोआँ कतरना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

shearer –रर् n. लोमच्छेदी, कतरनेवाला, काटनेवाला, रोओं आदि कतरनेवाला; मूँड़नेवाला; कैंची^{F} ।

shearing–रिंग् n. कर्त्तन, कल्पन, ऊन-कटाई^{F}; (कृषि०) ऊन काटना; a. अपरूपक;

~ force, ~ machine, ~ planes, ~ resilience, ~ strain, ~ strength, ~ stress.

shearling र्'लिंग् n. भेड़^{F} (जिसका ऊन केवल एक बार कतरा गया हो) ।

sheatfish शीट्'फ़िश् n. जर्मन मछली^{F} ।

sheath शीथ्' n. (वन०) छाद, (चि०, प्राणि०) छादन, आच्छद, पिधान, पुट, आवेष्टन, गिलाफ; (वन०, जन्तु०, श० र० शा०) आवरण, प्रावरणी^{F}, वृत्ति^{F}, कोश, छदन, कंचुक, कला, खोल, झिल्ली^{F}; (कृषि०) मुतान, शिश्नच्छद; कोष, म्यान; नदी^{F}को बाँधनेके लिए पत्थरोंका बाँध ।

sheathe शीद्' v.t. गिलाफ^{F} चढ़ाना, म्यान^{F}में रखना, सुरक्षित करना, मढ़ना, बक्समें बन्द करना; आवरण आदिमें रखना, म्यान^{F}में डालना, खोल^{F} चढ़ाना; ~ *the sword* तलवार^{F}को म्यान^{F}में डाल देना; (ला०) युद्ध समाप्त करना ।

sheathing –दिंग् १. n. आवरण द्वारा संरक्षण, म्यान^{F}में रखनेका कार्य; (स्था०) तख्ता-जड़ाई^{F}; गिलाफ चढ़ानेका काम; (परि०) चादर^{F}; २. a. आवरक ।

sheathless –थ्'लिस् a. आवरणरहित, बिना छाद, बिना म्यान^{F}के, बिना गिलाफके; बिना पत्थरोंके बाँधके; ~ plate आवरण-पट्ट ।

sheathy–थि a. छादयुक्त, म्यानवाला; म्यान^{F}की तरह ।

sheave^{1} शीव्' n. चरखी^{F} आदिका दाँतेदार पहिया; (कृषि०) घिर्री^{F}, चरखी^{F}; गड़ारी^{F} ।

sheave^{2} v.t. (अनाज आदिको) पूली^{F}में बाँधना, पूलियाँ^{F} बनाना, मुट्ठा या गट्ठा बाँधना ।

sheaved –व्' a. पूलादार, पुलिन्दादार, बण्डलदार; प्रदीप्त, दीप्तिमान्, प्रज्वलित ।

sheaves शीव्ज़् दे० SHEAF.

shebang ⊙ शिबैन्ग्' n. वर्तमान समस्या^{F}, आधुनिक प्रश्न, आजका मसला; व्यवसाय, व्यापार, रोजगार (*the whole* ~); (आ०) (अमेरिकामें प्रचलित) आलय, शाला^{F}, कोपागार, भण्डार, घर, बैठक, कमरा, स्टोर ।

shebat ⊙ शे"बैट् n. यहूदियोंका पाँचवाँ महीना, शेबत ।

shebeen शिबीन्' n. मदिरालय, शराबखाना (जिसमें बिना लाइसेंसके शराब^{F} बिकती हो) ।

shed^{1} शेड्' n. शालिका^{F}, छादक, (पशु या सवारियों या माल या कारखानेके लिए) एकमंजिला छाजन, छानी^{F}, शाला^{F}, घर; सायबान, छप्पर, ओसारा, झोंपड़ा, मड़वा, शेड;

~ appraiser, ~ foreman, ~ supervisor.

shed^{2} v.t. (*shed*) बिकीर्ण करना, प्रसारित करना, तितर-बितर करना, दूरतक फैलाना, छितराना, बिखेरना (~ *love around*); (दूसरोंका) रक्त प्रवाहित करना, खून बहाना; बूँद-बूँद गिराना, बहाना, टपकाना, ढलकाना, छोड़ना; त्यागना, परित्याग करना, जाने देना, अलग करना, गिर जाने देना, निकालना, गिराना, छोड़ना, झाड़ना, अलगाना (*tree* ~*s leaves*); (विद्यु०) उदाह्य भार कम करना; ~ *light on* किसी वस्तु^{F}पर प्रकाश डालना, आभामय करना, चमकाना; व्याख्या करना; ~ one's *blood for* one's *country* देशके निमित्त बलि^{F} देना या मारे जाना; ~ *tears* रोना, आँसू बहाना ।

shedder –डर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) मोचक, फैलानेवाला, छितरानेवाला; स्रावक, बहानेवाला, टपकानेवाला; पातक, गिरानेवाला, अलगानेवाला ।

shedding –डिंग् n. छप्पर, झोपड़े, उसारे आदि (बनाना); (कृषि०) झड़ना ।

sheen शीन्' n. प्रभा^{F}, कान्ति^{F}, ज्योति^{F}, तेज, दीप्ति^{F}, आभा^{F}, छवि^{F}, सौन्दर्य, उज्ज्वलता^{F}, चमक^{F}, दमक^{F}, रोशनी^{F} ।

sheeny^{1} शी'नि n. (आ०) यहूदी (हीनतासूचक), शीनी ।

sheeny^{2} a. (काव्य०) प्रभायुक्त, कान्तिमान्, ज्योतित, ज्योतिर्मय, दीप्तिमान्, आभामय, छविपूर्ण, सुन्दर, उज्ज्वल, चमकीला, दमकीला, चमकदार, रोशन ।

sheep* शीप्' n. (pl. वही) छवि^{F}, मेष^{F}, (जीव०) भेड़^{F}*, मेढ़ा; संकोची व्यक्ति, लज्जालु, लज्जाशील मनुष्य, भीरु, शर्मीला, झेंपू, झिझकनेवाला आदमी; (प्रायः pl., अब मुख्यतः हास्य०) पादरीके क्षेत्रके ईसाई जन; भेड़^{F}की खाल^{F}का चमड़ा; black ~ काली भेड़^{F}; कलंकी मनुष्य; ~-bot (भेड़ोंको सतानेवाले) कीटडिम्भ, भेड़मक्खी; ~-cote, ~-fold, ~-pen (प्रा०) (क्वचित्) भेड़ोंका बाड़ा या हाता; ~-dog (छोटी पूँछ^{F}का खुरदरी खाल^{F}की नस्लवाला) गड़ेरियेका कुत्ता; ~ dung (कृषि०) मेंगनी^{F}; ~-faced = SHEEPISH; ~-hook गड़ेरियेका आँकड़ा; ~-louse, ~-tick भेड़ोंकी जूँ^{F}; ~-run भेड़ोंकी चरागाह; ~'s-bit अविपुष्प (एक पौधा); ~'s fescue अवितृण, एक प्रकारकी चरागाहकी घास^{F}; ~shank गाँठ^{F} या गिरह^{F} (जिसके द्वारा अस्थायी रूपसे रस्सी^{F}की लम्बाई^{F} घटायी जाती है); ~skin ऊनके साथ मेंड़^{F}की खाल^{F}की पोशाक^{F} या गलीचा, मेषी चर्म, भेड़^{F}की खाल^{F}का चमड़ा, बनाया हुआ चमड़ा या उसपर लिखी हुई पुस्तक^{F} आदि (या कोई श्रेष्ठ कार्य या प्रमाणपत्र जो चमड़ेपर अंकित हो); ~-wash कीड़ेको मारने या ऊन की रक्षा^{F}के लिए एक प्रकारकी तरल ओषधि^{F}; *cast* ~*'s eyes* कातर दृष्टि^{F}से देखना; *follow like* ~ भेड़चाल^{F} चलना, अन्धानुकरण करना, अन्धोंकी तरह पीछे-पीछे चलना, अधीन होना; ~ *and goats* भले और बुरे, नेक और बद; ~ *that have no shepherd* आश्रयहीन या अवलम्बहीन जनसमूह, बिना नेताकी भीड़^{F}; *wolf in* ~*'s clothing* भेड़^{F}के वेशमें भेड़िया;

~ berry, ~-breeding, ~-dung, ~ fly, ~ hide, ~master, ~-pox, ~-run, ~-shearing, ~ sorrel, ~ suet, ~ track, ~ trail,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~-walk.

sheepish–पिश् a. नष्टवीर्य, निष्प्रभ, निस्तेज; मेषशील, भेड़ॅ के स्वभावका, भेड़-जैसा; लज्जालु, लज्जाशील, अप्रतिभ, जनभीत, भीरु, डरपोक, शरमीला, झेंपू, भोला।

sheepishness –निॅस् n. लज्जालुताॅ, लज्जाशीलताॅ, निष्प्रभताॅ, शरमीलापन, झेंपूपन, भेंड़पन।

sheer[1] शीअॅर् n. (नौवि०) जहाजका रास्तेसे भटकना; जहाजका सामने या पीछेकी ओर झुकना।

sheer[2] v. i. (नौवि०) मार्गसे विचलित होना, पथभ्रष्ट होना, भटक जाना, बेरास्ते हो जाना; फिरना, मुड़ना, कतराना; ~ *off* संग छोड़ना, साथ छोड़ना, खिसकना, अलग हट जाना, नाता तोड़ देना, कतरा जाना।

sheer[3] n. पोतका झुकाव; (नौवि०) **उठान**; भारी बोझ उठाकर जहाजमें लादनेवाली एक मशीनॅ; ~hulk इस काम आनेवाला बिना मस्तूलका जहाज; ~strake (नौवि०) **उठान पट्टीॅ**, मुरैठा।

sheer[4] १. a. (वाणिज्य, वस्तोत्पादन) शुद्ध, स्वच्छ; (चट्टानॅ, पतन, झरना, चढ़ाईॅ आदिके सम्बन्धमें) लम्बवत्, लम्बाकार, खड़ा, आड़ा, बिना ढालॅके; अमिश्रित, असंयुक्त, निर्मल; नितान्त, निपट, निरा, निरी, सीधा-सादा, स्पष्ट, साफ-साफ, सरासर, पूरा-पूरा, (~ *folly, waste*); मात्र, केवल, सिर्फ, फकत, महज (*did it by ~ force*); २. adv. लम्ब रूपमें; प्रत्यक्षतः, मात्र, बिल्कुल साफ-साफ, साफ तौरपर (*rises ~ from the water*)।

sheet[1] शीट् n. उत्तरच्छद, शय्याच्छादन, आस्तरण, स्तार, चादरॅ, कपड़ेकी चादरॅ; पलँगकी चद्दरॅ, पलँगपोश (*between the ~s*); पत्र-फलक, पत्र, कागजका ताव, तख्ता (*~of notepaper*); धातु-पत्र, धातुफलक, पतली धातुॅ-का पत्तर, धातुॅकी चद्दरॅ (*a ~ of iron*); तोयराशिॅ, जलसंघात; (पानी, हिम, बर्फॅ, ज्वाला, रंग आदिका) व्यापक विस्तार, विस्तृतिॅ, चौड़ा फैलाव, पानीकी चादरॅ; समाचारपत्र, अखबार, पर्चा, कागज; रस्सीॅ, पालके नीचेवाले कोनेकी रस्सीॅ या जंजीरॅ (जिससे पालको ठीक करते हैं); charge-~ आरोप-पत्र; clean ~ उजली चादरॅ, (ला०) निष्कलंक चरित्र; ~-anchor संकटमें काम आनेवाला सबसे बड़ा लंगर, प्रमुख आलम्ब, प्रधान आश्रय, एकमात्र अन्तिम आधार, अन्तिम आश्रय या अवलम्ब, अन्तिम उपाय, भरोसा, आसरा, सहारा, पनाहॅ; ~ floods (प्रा०भू०) **जल-संघात-पूर**; ~ metal worker **ठठेरा**; ~ music (पुस्तकॅ रूपमें नहीं बल्कि कागजके) तावोंमें छपनेवाला संगीत; ~ of quarto तावको दुहरा मोड़नेसे बने चार पन्ने; ~ of water **जल-विस्तार**; ~ roll शीट रोल; *a ~, three ~s, in the wind* थोड़ा पिये हुए, थोड़े नशेमें; मदोन्मत्त, धुत्त, खूब पिये हुए; *book is in ~s* छपी है, किन्तु जिल्दॅ नहीं बाँधी गयी है; *flowing ~* उड़ता हुआ पाल (जो पूरी तरह खिंचा हुआ न हो);

~ box, ~ copper, ~ erosion, ~ glass, ~ iron, ~ lead, ~ mark, ~ metal, ~ pile, ~ piling, ~ platinum, ~ rock, ~ roll, ~ rubber, ~ wash.

sheet[2] v.t. चद्दरॅ फैलाना या डालना, चादरॅ बिछाना, चद्दरॅ ढँकना, चादरॅसे ढँकना, चद्दरॅ उढ़ाना; चद्दरोंॅ या चादरॅके रूपमें बनाना या ढालना; पालकी रस्सीॅ या जंजीरॅसे उसे ठीक करना या कसना।

sheeted –टिॅड् a. उत्तराच्छादित, शय्याच्छादित, आस्तरित, स्तरित (*the ~ dead*); (कागजके) तावसे आवृत्त, तख्तेसे आच्छादित; चादर-जैसी (*~ rain*)।

sheeting –टिंग् n. स्तारण, (यन्त्र०) **चादरबन्दीॅ**; स्तार, चादरॅ, बिछौनेकी चादरॅका चौड़ा कपड़ा।

sheety–टि a. छदवत्, छादनवत्, आस्तरणयुक्त, स्तरण-मय; चादरवाला; (कागजके) तावके समान, तख्तेके सदृश फैला हुआ।

sheik(h) शीक्', शेक्' n. (अरबके या मुसलमानोंके कुटुम्ब, गाँव या कबीलेका) प्रधान, नेता, मुखिया, सरदार, शेख; (परिवर्तित) पति, स्वामी या प्रेमी; S~-ul-Islam मुफ्ती, शेख-उल-इस्लाम।

shekarry शिकैॅरि n. आखेटक, मृगयाकर्ता, शिकारी।

shekel शे॑कॅल् n. यहूदियोंका बाट, तौलनेका पैमाना और चाँदीॅका सिक्का; (इति०) T.; (pl.) सम्पत्तिॅ, सम्पदाॅ, अर्थ, धन, माल, रुपया, दौलतॅ, रकमॅ।

shekinah, -ch- शिॅकाइ'ना, -च्- n. (इब्रानी भाषाॅ में, कृपाॅकी मुद्राॅमें स्थित) ईश्वरकी दर्शनीय कीर्तिॅ या गौरव, शकीना।

sheldrake, shelduck शे॑ल्ड्रेक्, शे॑ल्'डक् nn. उपचक्र, हंस-विशेष, चमकीले पंखवाली जंगली बतख।

shelf* शे॑ल्फ़् n. (pl. *-ves*) पुलिन, समुद्रकी सतहॅके नीचे चट्टानोंॅकी श्रेणीॅ या रेतीला किनारा; चट्टानॅके सामने बाहर निकला हुआ सीधा भाग, टीला, **ताक**; फलकीॅ*, परिकक्ष, आधानीॅ, शिलापट्ट, काष्ठ-फलक, शेल्फ, **पट्टीॅ**, पत्थरका टुकड़ा या पटियाॅ या तख्ता, टाँड़ॅ*; (रसा०) **निधानीॅ** (*~ reagent*), खाना, पुस्तकाधार, किताब-खाना, आलमारीॅकी कोई एक पटियाॅ या तख्ता या खाना या दराजॅ; ~-catalogue टाँड़ोंॅमें लगा हुआ (पुस्त-कालयका) सूचीपत्र या केटालॉग; ~ mark (पुस्तकालय-की पुस्तकॅपर) स्थानसूचक संकेत या चिह्न।

shelfful शे॑ल्फ़्फुल् n, तख्ताभर; ताकभर, दराजभर, आलमारीभर।

shelfy –'फ़ि a. सपुलिन, पुलिनमय, रेतीले किनारे-वाला।

shell[1] शे॑ल्' १. n. (नारियल, बीज या फल, अण्डे, कुछ पशु या उनके अंगों आदिका), (प्रा० भू०, गणि०, जीव०) कवच, छद, कठोर बाह्य आवरण, (प्रा० भू०, जीव०) शुक्ति, पखकोप, कृमिकोप, शल्क, शंख, सीपीॅ, समुद्री घोंघा; (भौ०) **पट्टिकाॅ**; **खोलॅ**; **चादरॅ**; बल्कल, छिलका, बक्कल, पावरोटीॅका छिलका, तुषॅ, भूसीॅ, भूसा, खालॅ, खपड़ा, खपड़ीॅ, फलीॅ, छीमीॅ, पपड़ीॅ, तहॅ, पर्तॅ, खुरण्ड, (रसा०) चक्रीकाॅ, (रसा०) **परिकक्ष, परि-कक्षाॅ**; (भौ०) **पट्टिकाॅ**; जहाज आदिकी भित्तियाँॅ,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अधूरे या नष्ट किये हुए घर; भीतरी आधार, अन्दरूनी तानाबाना; योजना[F] आदिकी रूपरेखा[F], खाका; तलवार[F] का हस्तरक्षक; एक प्रकारकी फौजी सिपाहीकी जैकेट[F]; स्फोट, बम, **गोला**; टोटा, कारतूस[F] ⊙; स्फोटावार, धातु[F] या कागजका खोल, खाली घर, कारतूस[F] (आतिशबाजी[F] वगैरहके कामका); ⊙ छोटी नाव[F], दौड़[F] की हलकी नौका[F], शिकारा; (का०) वीणासदृश वाद्य विशेष; (स्कूलोंमें) माध्यमिक श्रेणी[F], बीचका दरजा; बाह्य सादृश्य या एकरूपता[F]; बाह्य प्रदर्शन, बाहरी दिखावा; (pl.) **कोश**; ~back (नौवि०, आ०) वृद्ध नाविक, बूढ़ा मल्लाह, पुराना मल्लाह; ~-bark एक प्रकारका अखरोटकी जाति[F] का पेड़; ~-bit बरमेका सुम्मा, रुखानी[F] की तरहका बरमा; ~fire गोलाबारी[F]; ~fish (जीव०) **कवच-प्राणी**; शंखमीन[F], घोंघेवाली मछली[F], खोलदार मछली[F], शुक्ति, शंख, घोंघा, सीपी[F]; कौड़ी[F]; ~-ice जलनिरपेक्ष हिम या बर्फ[F]; ~-jacket फौजी सिपाहीकी कमर[F] तककी साधारण जैकेट[F]; ~-mound शम्बुकराशि[F], (इति०) **शम्बुक टीला**; घोंघेका टीला; ~-proof २. a. बम प्रतिरोधक, गोला-बारूद या बम आदिसे रक्षा[F] करनेवाला; ~-shock (मानसिक शक्तियों[F] या वाक्शक्ति[F] की) अत्यवस्था[F], विकृति[F], विकार, क्षति[F] (जो बम गिरने या युद्धके कारण हो जावे); ~-work (मान०) **सीपी-शिल्प, सीपी[F] का काम**, लकड़ी[F] आदिपर सीपियों[F] द्वारा शृंगार-कार्य; *come out of one's* ~ खोल उतारना; मौन त्याग करना, बातचीत[F] करने या मिलने-जुलने लगना, एकान्तवास छोड़ना;

~-bearing animal, ~ bound, ~ bracelet, ~ burst, ~ case, ~ dressing, ~-fishery, ~-form, ~ gland, ~ holes, ~ inlay, ~ marble, ~ membrane, ~ middens, ~ plate, ~ plating, ~ roof, ~-room, ~ shop.

shell[2] v.t. & i. खोल या आवरणके बाहर निकालना, शल्क उतारना, बीज निकालना, दाने निकालना, छिलका उतारना, छीलना (~ *peas*); आवरणसे ढकना, बाह्य आवरण उढ़ाना, छिलकों या खपरियों[F] से पाट देना, खोल चढ़ाना, गिलाफ चढ़ाना; बम-वर्षा[F] करना, गोलियों[F] की बौछार[F] करना, गोलाबारी[F] करना, बम बरसाना, बम गिराना; (धातुओं[F] के) पत्तर या फलक निकालना, पर्त निकालना; ~-out तीन या चार व्यक्तियों द्वारा खेला गया पिरामिडोंका खेल; ~ *out* (आ०) भुगतान करना, चुकता कर देना या चुकता होना, चुका देना, बेबाक करना; खर्च करना; हस्तान्तरित करना, प्रदान करना, दे डालना।

shellac शॅलैक्' n. (रसा०) **शल्कलाक्षा**[F], (रसा०) शल्क-लाख[F], लाख[F], **चपड़ा**, (~ *varnish*), लाह[F] (जो वार्निशके काम आती है); लाख[F] या चपड़ेकी वार्निश[F] करना, लाख[F] लगाना।

shelled शे'ल्ड' a. शल्कयुत, सीपी शंख आदिसे युक्त, छिलकेदार, खोलदार, खपड़ीदार।

sheller –'लॅर् n. (नारियल इत्यादिका) अपकोशक, शल्कक, शल्कक-यन्त्र, शल्कन-यन्त्र, छीलनेका औजार।

shelling –लिंग् n. वितुषण, भूसी[F] या छिलका उतारना; बमवर्षण, बमबारी[F], बमोंसे आक्रमण, गोलाबारी।

shell-less –ल्'लिॅस् a. शल्करहित, शुक्तिहीन, बिना छिलकेका, खपरी[F] या खोलके बिना।

shelly –'लि a. शुक्ति-बहुल, सीपीवाला, घोंघेदार; शंखमय, घोंघा आदिसे निर्मित; खोलवाला।

shelta शॅल्'टॅ n. आयरलैण्डकी बंजारी भाषा[F], शेल्टा।

shelter[1] शॅल्'टॅर् n. संकट-प्रतिरोधक, आश्रयाधार, शरणाधार, आपदानिवारक, व्यवधान, रक्षासाधन, (आक्रमण, प्रहार, संकट, ताप, आँधी[F] आदिसे बचानेवाली वस्तु[F]) ओट[F], आड़[F], ढाल[F]; आँधी और पानीसे बचानेवाली कुटिया[F], झोपड़ी[F], छप्पर, शेड (*cabman's* ~); संश्रय, त्राण, **आश्रय**, समाश्रय, रक्षा[F], शरण[F], सुरक्षा[F], सुरक्षित स्थिति[F], छत्रच्छाया[F], बचाव (*find* ~), **पनाह**[F]; आश्रयस्थल, युक्तिस्थल, शरणस्थल, रक्षास्थल, आश्रयभूमि[F]; सुरक्षित स्थान, **पनाहघर**, बचाव या पनाह[F] की जगह[F]; ~ belt (इति०) **आश्रय-मेखला**[F]; (ऋतु०) **रक्षा-पट्टी**[F], **बचाव पट्टी**[F]; (कृषि०) **वायुरोधी**:

~ compartment system, ~ deck, ~ hut, ~ strip system, ~ trench, ~ wagon, ~ wood coppice system, ~ wood method, ~ wood regeneration, ~ wood strip system, ~ wood system.

shelter[3] v.t. & i. आश्रय ग्रहण करना, शरण[F] में आना या जाना, दामन पकड़ना, पनाह[F] लेना; आश्रय देना, आश्रयण करना, आश्रय या शरणभूमि[F] बनाना, सुरक्षा[F] प्रदान करना, दोषारोपणसे बचाना, छत्रच्छाया[F] या ओट[F] का काम देना, शरण[F] देना, रक्षा[F] करना, छिपाकर सहायता[F] देना, आड़[F] बनाना, बचाना, छिपाना, ओट[F] करना, आड़[F] करना, आड़े आना, ढाल[F] करना, ढाल[F] बनना, पनाह[F] देना; ~ one*self* *under, beneath, behind* etc. आश्रय या शरण[F] ग्रहण करना, सुरक्षा[F] प्राप्त करना, छत्रच्छाया[F] में बसना, पनाह[F] लेना।

sheltered –र्ड a. परिरक्षित (~ *trades*)।

shelterer –रॅर् n. शरणागत व्यक्ति, शरण[F] में आया हुआ आदमी।

shelterless –र्'लिॅस् a. निराश्रित, निरालम्ब, निराधार, बिना आड़के; आश्रयविहीन, निराश्रय, अशरण, शरणहीन, रक्षाहीन, बेबचाव, अनाथ, बेपनाह; आश्रयस्थलरहित।

sheltery –रि a. आश्रयदाता, शरणदाता, शरण[F] देनेवाला; शरणयुक्त।

shelty, -ie शे'ल्'टि, -टि n. स्काटलैण्डी टट्टू।

shelve[1] शॅल्व्' n. v.t. पुस्तक[F] आदिको आलमारी[F] या ताककी दराज[F] में रखना, ताकपर रखना, शॅल्फ[F] पर रखना; (ला०) (किसी योजना[F] आदिका) विचार स्थगित करना, विचार करना ही त्याग देना, छोड़ देना, उठाके रखना, हटा देना; (किसी व्यक्तिको) कार्यमुक्त करना, निकाल देना, कामसे हटाना, बर्खास्त करना; अलमारी[F] आदिमें तख्ते लगवाना, दराज[F] बनवाना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

shelve[2] v. i. अभिनत होना, धीरे-धीरे ढालू होते जाना, ढाल[F] होना, ढलावदार होना।

shelved ⊙ –ड् a. पुलिनयुक्त, उभरी हुई चट्टानवाला; काष्ठफलकयुक्त, टाँड़वाला, तख्तादार, पटियादार, दराजवाला।

shelves शे॑ल्व्ज् दे० SHELF.

shelving शे॑ल्'विंग् १. n. अलमारियों[F]में तख्ते जड़वानेका काम; अलमारियाँ[F] बनानेका सामान; २. a. प्रवण, अवसर्पी, ढालुआँ (*~bottom*)।

shelvy –वि a. सिकतातटीय, बलुआ किनारोंवाला; ऊपर लटकता हुआ, टाँड़[F]की तरह।

shelyak शेल्याक् n. (गणि०) **शेल्याक, द्वितीय वीणा**[F]।

shema (Heb.) n. सुनो, ओ इजरायल!

shemozzle[1] शे॑मॉ'जॅल् n. (ग्रा०) कोलाहल, गड्डमड्ड, गुलगपाड़ा, शोरगुल, घपला।

shemozzle[2] v. i. कोलाहल करना, शोर मचाना; गड्डमड्ड करना, घपला करना।

shenanigan ⊙ शेनेनिगन् = HUMBUG.

Sheol शी'ओ(ऑ)ल् n. श्मशान, प्रेतस्थान, समाधि-भूमि[F] (यहूदियोंकी) हिब्रू हेड्स।

shepherd शे॑'पॅर्ड् १. n. अविपाल, मेषपालक, भेंड़[F] पालनेवाला, गड़ेरिया, चरवाहा, राखाल; २. v.t. भेड़ें[F] पालना; (ला०) भेड़-जैसे जनसमूहका नेतृत्व करना, मार्गप्रदर्शन करना, आगे ले चलना, रास्ता दिखाना, हाँकना; *~'s-calendar* जलौकामारी[F] (पौधा); *~'s crook* गड़ेरियेके द्वारा प्रयुक्त आँकड़ेदार लाठी[F]; *~'s pie* आलू और गोश्तसे भरा हुआ मसालेदार केक; समोसा; *~'s plaid* काला और सफेद चारखाना या चौखाना कपड़ा; *the good S~* ईसा महोदय, जेसस खीस्ट; *~'s-bag, ~'s-clock, ~'s-club, ~'s-comb, ~'s-cress, ~'s-delight, ~'s-dial, ~'s-glass, ~'s-joy, ~'s-knot, ~'s-myrtle, ~'s-needle, ~'s pouch, ~'s-purse; ~'s-red, ~'s scrip, ~'s-staff, ~'s-sundial, ~'s-warning, ~'s-watch, ~'s wild-thyme* पौधोंके नाम।

shepherdess –डिस् n. मेषरक्षिका[F], मेषपाली[F], गड़ेरियाकी स्त्री[F], गड़ेरनी[F]।

shepherdling –ड्'लिंग् n. मेषपालकका शिशु, गड़ेरियेका बच्चा, छोकरा-गड़ेरिया।

sheratan शेरेटन् n. (गणि०) **शेरातन, द्वितीय मेष**।

Sheraton शे॑'रॅटॅन् n. इंग्लैण्डमें १८वीं शताब्दी[F]में प्रचलित घरेलू मेज[F]-कुर्सी[F] आदि सामान।

sherbet शे॑र्'बॅट् n. शर्बत।

sherd शर्ड्' n. दे० SHARD; अंश, भाग, शकल, खण्ड, टुकड़ा; ठीकरी[F]।

sherif, -eef शॅरीफ़्', –ईफ़्' n. मजावर; मक्काके दण्डाधिकारी, शरीफ, शेरीफ।

sheriff शे॑'रिफ़् n. ब्रिटेनकी काउण्टी[F] या शायरमें सम्राट्का मुख्य अधिकारी, बड़ा अफसर, शेरिफ; अपनी काउण्टी[F]में शान्तिव्यवस्था[F]का उत्तरदायी निर्वाचनीय अधिकारी ⊙; प्राड्विवाक, न्यायाधिकारी।

sheriffalty, -dom, -hood, -ship –फ़्ॅल्टि, -डॅम्, -हुड्, -शिप् nn. शेरिफका पद या अधिकार।

sherry शे॑'रि n. अबुद्-द्राक्षिरा[F], दक्षिणी स्पेनकी श्वेत मदिरा[F], सफेद शराब[F]।

sheth शे॑थ' n. दण्ड, डण्डा, छड़।

Shetland शे॑ट्'लॅन्ड् n. स्काटलैण्डका द्वीपसमूह, शटलैण्ड; *~ pony* शटलैण्डी टट्टू; *~ wool* उत्तम प्रकारका शटलैण्डी ऊन।

shew शोऊ' v. i. & t. (p.p. *-n*) = SHOW.

shewel शोऊ'अे॑ल् n. हौवा, डरावा, गुड्डा।

Shiah, Shiite शी'ॲ, शी'आइट् n. शिया मुसलमान।

shibboleth शि'बॅले॑थ् n. (इति०) **अभिज्ञान**; सम्प्रदाय-विशेषकी परिचायक संकेत-ध्वनि[F]; परीक्षा-शब्द, (जातीयता[F] आदिकी परीक्षा[F] करनेका) व्यवहार-वचन; चिह्न, निशान; रूढ़ सिद्धान्त, रूढ़िवादिता[F], रूढ़ विचार, पुरानी बातें[F], दकियानूसी ख्याल।

shield शील्ड्' १. n. वर्म, फलक, चर्म, **ढाल**[F], फरी[F]; (भौ०) **परिरक्षक**, रक्षक वस्तु[F] या व्यक्ति; आश्रय, शरण[F], (रसा०) **परिरक्षण**, रक्षाप्रद आवरण; (कृषि०) **गुसि**[F], आड़, (यन्त्रों, मशीनों[F] आदिमें) बचाव करनेवाला पर्दा या प्लेट[F], ओट[F]; जन्तु या पौधोंमें ढाल[F] जैसा अंग या भाग, फलक; (अग्र०) ढालपर अंकित चिह्न आदि; २. **रक्षा**[F] **करना**, बचाना, छुपा लेना, ओट[F] करना, आड़[F] करना, बचाव करना; *~ budding* (कृषि०) **प्रति चश्माबन्दी**[F], **ढाल चश्माबन्दी**[F], *~-fern* साधारण सुन्दर पर्ण; *~-hand* बायाँ हाथ; *the other side of the ~* किसी प्रश्नका कम स्पष्ट पक्ष; ढाल[F]का दूसरा पहलू (जो प्रत्यक्ष न हो या जिसपर दृष्टि[F] न गयी हो)।

shieldless –'लिॅस् a. कवचरहित, बिना ढाल[F]के; निराश्रय।

shielding –'डिंग् n. (ऋतु०) **परिरक्षण**, (*~ effect, ~ ratio*), **रक्षा**[F] **करना**; **परिरक्षिका**[F]; कवच; भेड़ों[F]-का बाड़ा; पशुओंके लिए चरागाह; खिलाड़ियों या गड़ेरियोंके लिए बेढंगे तौरपर बनी झोपड़ी[F]।

shieling शी'लिंग् n. = SHEALING.

shier ⊙ शाइ'अॅर n. फटनेवाला घोड़ा।

shift[1] शिफ्ट्' n. स्थानान्तरण, स्थित्यन्तरण, विवर्तन, पर्ययण, आवर्तन, परिक्रमण, (रसा०) **विचलन**, चक्रावर्तन, विप्लव, स्थानापादन, स्थानापन्नता[F], स्थान या प्रकृति[F]का परिवर्तन, **विस्थापन**, प्रतिस्थापन, पलटा; भाग्य-परिवर्तन, भाग्यका फेर, चक्कर, बारीबारी[F]से बदल, अदल-बदल, बदलाव, हटाव, दौर (क्व०; *the ~s and changes of life*); नवीन युक्ति[F], नयी गति[F], साधन, नया उपाय, नया तरीका, तरकीब[F]; (अर्थ०) **पारी**[F], पाली[F], बारी[F], फेरा; निपुणता[F], कौशल, चातुरी[F], छब, छल, छलोपाय, कपट, चाल[F], गोलमोल बात[F], ठगना, चालाकी[F], चालबाजी[F]; (प्रा०) स्त्रियोंका एक प्रकारका अन्तर्वसन, समीज, कमीज; ईंटों[F]की छटी चिनाई[F] (जिसमें एक पंक्ति[F]का जोड़ दूसरी पंक्ति[F]के जोड़से न मिलता हो)।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ key (वाणि०) कल-बदल; ~ lock कलबन्द; *make* ~ or *a* ~ प्रयास करना, उपाय करना, करनेकी व्यवस्था[F] करना या प्रबन्ध करना, किसी प्रकार चलाना (*must make* ~ *without it*);

~ boss, ~ lever, ~ position, ~ supervisor, ~ system.

shift[2] v.t. & i. स्थानान्तरण करना, पर्यटन करना, विवर्तन करना, स्थानपरिवर्तन करना, जगह[F] छोड़ना, अवस्था[F] में परिवर्तन करना, बदलना, हटाना, एकके स्थानपर दूसरी वस्तु[F] रखना, स्थानापन्न करना, स्थानापन्न होना, आकार या रूप परिवर्तित करना, एक हालत[F] से दूसरीमें बदलना या हटना, जगह[F] बदलना, पलटना, तबदील करना (~ *load into other hands*); कोई कार्य करनेका उपाय निकालना, काम चलाना, प्रबन्ध करना, जीविका[F] अर्जित करना, जीविका[F] कमाना, उपलब्ध पथ ग्रहण करना, राह[F] पाना, रास्तेपर आना; टलना, हिलना, काम निकालना, जो बन पड़े करना (*must* ~ *as I can, for himself*); परिहार करना, अस्पष्ट बात करना, टाल जाना, टालमटोल[F] करना, गोलमोल बात[F] करना (क्रि० ~ *s and prevarications*); *cargo* ~ *ed* भार इधर-उधर हिल-डुल गया, सरक गया; ~ *about* झूमना, लहराना, लड़खड़ाना; स्थित्यन्तरण करना, हटना; ~ *for oneself* अपने ऊपर आश्रित होना, अपने सहारे रहना; ~ one's *ground* विवादक्रम बदलना, तर्कमें नयी स्थिति[F] ग्रहण करना, बहस[F] बदल देना; ~ *off* दायित्वसे बचना, उत्तरदायित्वको टालना, दूसरेको स्थानान्तरित करना, मुक्ति[F] पाना, छुटकारा पाना, दूसरी जगह[F] करना; ~ *the scene, the scene* ~*s* नाटक या उपन्यास आदिमें दृश्य-परिवर्तन करना, दृश्य परिवर्तित होना, दृश्य बदलना।

shifter –टॅर् n. अविश्वस्त व्यक्ति, अविश्वस्त पुरुष, अविश्वसनीय पुरुष, धोखेबाज, चालबाज।

shiftiness –टिनॅस् n. अविश्वसनीयता[F], धूर्तता[F], कपटीपन, छलीपन, टालूपन, मक्कारी[F], चालाकी[F], घिस्सेबाजी[F]।

shifting –टिंग् १. n. स्थानान्तरण, अन्तरण, विस्थापन; परिवर्तन, विवर्तन; २. a. स्थानान्तरणशील, विवर्ती, परिवर्ती;

~ boards, ~ charges, ~ cultivation, ~ process, ~ spanner, ~ trust.

shiftless –ट्लिॅस् a. निरुपाय, उपायरहित, साधनहीन, युक्तिहीन, अक्षम, बे-बस, लाचार।

shiftlessness –निॅस् n. निरुपाय स्थिति[F], साधनहीनता[F], युक्तिहीनता[F], अक्षमता[F], बेबसी[F], लाचारी[F]।

shifty –टि a. विवर्ती, विवर्तनीय, परिवर्तनीय, अविश्वसनीय, धूर्त; छली, कपटी, कपटप्रिय, छलिया, चालाक, धोखेबाज, चार सौ बीस, मक्कार, टालू, फरेबी, घिस्सेबाज, हजरत।

Shiism ⊙ शी'इज़्म् n. शिया मत।

Shiite शी'आइट् दे० SHIAH.

shikar शिकार्' n. आखेट, शिकार।

shikaree, -ir, shekarry –कै'रि, -रि, शिकैरि n. आखेटक, अहेरी, शिकारी; खिलाड़ीका नौकर।

shillelagh, -alah शिले'लॅ, -अे'लॅ n. शाहबलूत या ब्लैकथॉर्नका आयरलैण्डका सोंटा, डण्डा।

shilling शि'लिंग् n. (ब्रिटेनका चाँदी[F] का सिक्का), शिलिंग; *cut off* one's heir etc. *with a* ~ अपनी सम्पत्ति[F] से वंचित होना, फारखती देना; *take King's* or *Queen's* ~ सैनिकके रूपमें नाम अंकित कराना, फौज[F] में भर्ती[F] होना (रँगरूटोंको भर्ती[F] करनेका पुराना ढंग)।

shilly-shally शि'लि-शैलि १. n. अस्थिरता[F], दुचित्तता[F], चंचलता[F], किंकर्त्तव्यविमूढ़ अवस्था[F], दुविधा[F], अनिश्चयता[F], अनिश्चयवृत्ति[F], निश्चय करनेकी अक्षमता[F], असमंजस, सोच-विचार, आनाकानी[F], अगर-मगर; ढीली चाल[F], २. v. i. अस्थिर होना, दुविधा[F] में पड़ना, अनिश्चित होना, सोच-विचारमें पड़ना, झिझकना, हिचकिचाना, आगा-पीछा करना, डाँवाडोल होना, अगर-मगर करना, पसोपेशमें पड़ना; ३. a. अस्थिर, दुविधा[F] ग्रस्त, अनिश्चित, चंचल, सोच-विचारमें पड़ा हुआ, डाँवाडोल।

shim शिम्' १. n. पच्चर, फन्नी[F], पर्णी[F], परची[F], हेंगेकी छुरी[F]; बारीक टुकड़ा; २. v.t. (फन्नी[F] से) सम करना, समतल करना, बराबर करना।

shimmer शि'मॅर् १. n. मन्द प्रकाश, टिमटिमाहट[F], लुपलुप[F], झिलमलाहट[F], २. a. मन्द-मन्द चमकना, टिमटिमाना, झलकना, झलमलाना, चमचमाना, लुपलुपाना (~*haze*, ~ *layer*)।

shimmering –रिंग् a. चमकीला, टिमटिमाता, लुपलुपाता।

shimmery –रि a. ईषत्प्रकाशी, टिमटिमाता हुआ-सा, झलमलाता हुआ।

shimmy ⊙ शि'मि n. अनेक शारीरिक मुद्राओंवाला एक अमेरिकी नृत्य, शिम्मी नाच; v. ऐसा नृत्य करना।

shin शिन्' n. जंघास्थि[F] की अग्रधारा[F]; T.; ~*bone* प्रजंघिका[F], पिण्डली[F] की नली[F], घुटनेके नीचे सामनेकी हड्डी[F], टाँग[F] की नली[F], २. v.t. & i. फुटबालमें प्रतियोगी खिलाड़ीकी नली[F] पर मारना, नली[F] में ठोकर मारना; (पेड़, दीवार[F], सीढ़ी[F] आदि पर) चढ़ना, हाथों और टाँगों[F] के बल चढ़ना; ~-guard नलीरक्षक (जो फुटबाल खेलते समय पहना जाता है); ~ of beef गाय या बैलकी नली[F]।

shindy शिन्' डि १. n. उपद्रव, झगड़ा, दंगा, हंगामा, ऊधम, गड़बड़झाला, फसाद।

shine[1] शाइन् n. द्युति[F], आभा[F], दीप्ति[F], कान्ति[F], ज्योति[F], प्रभा[F], प्रकाश, उज्ज्वलता[F], चमक[F], चमक-दमक[F], चमकीलापन, तड़क-भड़क[F], धूप[F], रोशनी[F] (मुख्यतः बोल०); (आ०) उत्तेजना[F], सनसनी[F], उपद्रव, जोश; झगड़ा, गुल-गपाड़ा, ऊधम, हलचल[F], शोरगुल, हंगामा,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दंगा, फसाद; *put a good ~ on* boots etc. जूतोंपर खूब पालिश[F] लगाना, चमकाना; *rain or ~* वर्षा[F] या धूप[F]; चाहे जैसा समय हो; *take a ~ to* ⊙ (अमेरिकामें; ग्रा०) कल्पना[F] करना, काल्पनिक चित्र बनाना, चाहना, सोचना; *take the ~ out of* कान्ति[F] क्षीण करना, नवीनता[F] कम करना, नयापन घटाना, चमक[F] कम कर देना, फीका करना; पराभूत करना, हावी होना, किसीसे आगे बढ़ जाना, पीछे कर देना, मात करना।

shine[2] v.t. & i. (*shone*) प्रकाशित होना, दीप्तिमान् होना, उज्ज्वल होना, ज्योतित होना, चमकना, झलकना, दमकना, जगमगाना (*face shone with soap* or *with gratitude*); (बोल०) कान्तियुक्त करना, चमकीला बनाना, चमकदार बनाना, चमकाना, पालिश करना (जूतों, चूल्हे, पीतल आदिको); कुशाग्र बुद्धि या सूक्ष्ममति होना, प्रतिष्ठित होना, विख्यात होना, प्रसिद्धि पाना, (किसी प्रकारसे या किसी क्षेत्रमें) आगे निकल जाना, श्रेष्ठतर होना, बढ़ जाना, तेज होना (*does not ~ in conversation*)।

shined ⊙ –ड़् a. स्वच्छीकृत, साफ किया हुआ।

shiner शाइ'नॅर् n. मुद्रा[F], सिक्का; (pl.) सम्पत्ति[F], धन, पैसा, रुपया, माल, दौलत[F]।

shingle[1] शिन्'गॅल् १. n. अष्ठील, छदिफलक, आयताकार काष्ठखण्ड, काष्ठफलक, काठकी आयताकार पटिया[F]; (प्रा० भू०) शैलखण्ड; छोटी परिचयपट्टिका[F] या साइनबोर्ड ⊙; (प्रा० भू०) बट्टड़ राशि[F]; (यत्र० जल०) बजरी[F]; पीतलका प्लेट ⊙; आयताकार बाल; आयताकार या छत्तेदार बाल काटनेका ढंग; २. v.t. आयताकार काष्ठखण्डोंसे छत[F] देना, बालोंको छत्तेदार बनाना या काटना (कि उनके सिरे आयताकार हो जावें।)

shingle[2] n. समुद्री कंकड़, बटिया[F], समुद्रतटकी बराटिकाएँ[F], गोल चिकने कंकड़, बट्टी[F], रोड़ा।

shingles शिन्'गॅल्ज़् n. (pl.) (चि०) कक्ष्या[F], तन्त्रिका[F]-के मार्गमें फुन्सियाँ[F] उत्पन्न होनेवाला रोग।

shingly शिन्'गॅलि a. बट्टीवाला, कंकड़ीला।

shininess शाइ'निनॅस् n. चमक[F], चमकीलापन, चमचमाहट[F], चमक-दमक[F], तड़क-भड़क[F]।

shining –निंग् a. प्रकाशमान्, भासमान्, **दीप्तिमान्**, द्युतिमान्, भासुर, चमकीला, **चमकदार**, चमकनेवाला (*~ surface*); तेजस्वी।

shinny शि'नि n. शिनी, शिण्टी (स्काटलैण्डमें हाकीका एक खेल)।

Shinto शिन्'टो n. जापानी धर्म (जो कि आंशिक रूपमें बौद्ध धर्म द्वारा हटा दिया गया), शिन्तो।

Shintoism –इज़्म् n. शिन्तो धर्म, शिन्तो मत।

Shintoist –इस्ट् n. शिन्तो मतानुयायी, शिन्तोधर्मी।

shinty, shinny शिन्'टि, शि'नि n. स्कॉटलैण्ड और इंग्लैण्डमें खेले जानेवाले हॉकीके खेलका एक प्रकार; उस खेलमें व्यवहृत गेंद[F] या स्टिक।

shiny शाइ'नि a. दीप्तिमान्, भासमान्, कांतिपूर्ण, चमकीला, चकमदार, चमकता हुआ, चमचमाता हुआ, चमचमानेवाला, दमकता हुआ, रगड़ा या माँजा हुआ, पालिश[F] किया हुआ (*~ hat*)।

-ship भाववाचक संज्ञा[F] बनानेमें (*friend~, king~, steward~, partner~, sizar~*)।

ship[1]* शिप्' n. जलयान, **पोत***, **जहाज***; बहुत बड़े आकारका कोई समुद्री यान (*battle-~*); तरणी[F], नौका[F], नाव[F]; वायुयान, विमान, हवाई जहाज ⊙; *~('s) biscuit* जहाजी बिस्कुट (जो कड़ा होता है); *~boy* पोतपरका बालसेवक, जहाजपर बैरागीरी[F] करनेवाला लड़का; *~-breaker* पुराने जहाजोंको तोड़ने और उनके टुकड़ोंको बेचनेवाला, कबारी; *~-broker* पोताभिकर्त्ता, पोतवणिक, जलयान मध्यग, पोत-विक्रेता, **पोत दलाल, जहाजी दलाल**, जहाज बेचनेवाला; जहाजी बीमा करनेवाला, जहाजी बीमाका एजेण्ट; *~-canal* **जहाजी नहर**[F], जहाजोंको देशके भीतर ले जानेवाली नहर[F]; *~-fever* (चि०) तन्त्रिका[F] ज्वर, टैफस ज्वर, जहाजी बुखार; *~ goods* ⊙ प्रेषण-सामग्री[F], *~-letter* पोतानीत पत्र, जलयान-पत्र, जहाजी पत्र (जो डाक[F] जहाजके अतिरिक्त किसी और जहाजसे ले जायी जावे); *~ master* नौकाधिपति, पोताध्यक्ष, **पोत कप्तान, जहाज कप्तान**; *~mate* (परि०) **सहनाविक**, साथी मल्लाह, जहाजके सहयात्री; *~-money* (का०) **पोतकर**, जलयानशुल्क, जहाजकर; *~ shape* सुव्यवस्थित, सुव्यवस्था[F]में, अच्छे क्रममें, ठीकठाक, अच्छी हालत[F]में; *~'s husband* (बन्दरगाहमें) जहाजका सौदा करनेवाला अभिकर्ता या दलाल या एजेण्ट, जहाजी दलाल; *~'s papers* पोतप्रलेख, स्वामित्व या जातीयता[F] या मालका रूप निर्धारित करनेवाली दस्तावेज[F], जहाजी दस्तावेज[F]; **जहाज-पत्र**; *~-way* जहाज-पटरी; *~ wreck* n. **पोतभंग**, नौभंग, नौभेद, पोतध्वंस, जलयानविनाश, जहाजकी तबाही[F]; (ला०) ध्वंस, विनाश, नाश, बर्बादी[F], तबाही[F] (*suffer ~wreck of* one's *hopes*); v. t. & i. ध्वंस करना, विनाश करना, नष्ट करना (शा० एवं ला०); (मनुष्य, आशाओं[F] आदिका) विनाश होना, नाश होना, तबाही[F] आना; *~wright* पोतनिर्माता, (नौवि०) **पोतशिल्पी, पोतकार**, जहाजसाज, जहाज बनानेवाला; *~ yard* पोतस्थल, (नौवि०) **पोतप्रांगण**, जहाजका कारखाना; *sister ~* साथी जहाज, एकरूप पोत, एक ही ढाँचेके जहाज; *a great ~ requires deep water* बड़ोंका बड़ा मुँह, बड़ोंकी बड़ी बात[F]; *on ~ board* जहाजपर चढ़कर या सवार; *~ of the desert* ऊँट; *~ the oars* डाँड़ रखना; *take ~* जहाजपर चढ़ना, बैठना या सवार होना; *when my ~ comes home* जब मैं सम्पत्ति[F] अर्जित करूँ, धन कमाऊँ, सफलता[F] प्राप्त करूँ;

~-board, ~-borne radar, ~-bound, ~-broken, ~builder, ~building, ~building plates, ~ captain, ~-chandler, ~-chandlery, ~construction, ~ damage,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ handling, ~ hold, ~-letter, ~ lizard, ~ load, ~ man, ~-owner, ~ owning, ~ passengers, ~receipt, ~ register, ~-rigged, ~'s backery, ~'s bill, ~'s certificate, ~'s clearance inwards, ~'s clearance outwards, ~'s -commandant, ~'s company, ~s' gallery, ~'s head, ~ side, ~side delivery, ~'s manifesto, ~smith, ~'s office, ~'s officer, ~'s papers, ~'s passport, ~'s protest, ~'s report, ~'s staff, ~'s store bond, ~ stabilisation, ~ stability, ~'s tackle, ~ station, ~'s time, ~ surveyor, ~ timber, ~ tree, ~ voyage, ~ watch, ~ winches, ~work, ~ worm, ~-wrecked goods.

ship[2] v.t. & i. (यात्रियों, नाविकों, मालको) जहाजपर रखना, जहाजपर लादना या ले जाना, भरकर भेजना; (वाणि०) माल आगे बढ़ानेवाले दलालको सौंपना (ताकि जल या थलकी सवारी[F]से माल भेजा जावे); (नाविकका) जहाजका कर्मचारी होना, जहाजमें नौकरी[F] करना; जहाजपर बैठना या सवार होना, जहाजपर जाना; अपनी जगह[F] मस्तूल खड़ा करना, पतवार[F] बैठाना या जमाना; ~ *a sea* (नाव[F] या जहाजपर) समुद्रकी लहरों[F]-का आना, बाढ़[F] आना, पानी भर जाना; ~ *oars* चप्पू या डाँड़ उतारकर नाव[F]में रख लेना।

shipful –फ़ुल् n. पोतभर, जहाजका बोझाभर।

shipless –'लिॅस a. पोतहीन, जलयानरहित, बेजहाज।

shipment –मॅन्ट् n. नौभाण्ड, (का०) **पोत-भाण्ड**, जहाजपर लादी गयी राशि[F], भेजी हुई सामग्री[F] या माल⊙; (का०) **पोत-भरण**, नौभरण, (परि०) **पोत-लदान**[F], लदान[F], जहाजपर माल आदिकी लदाई[F]।

shipped –प्ट्' a. नौभृत, नौवाहित।

shippen, -on शि'पॅन्, -ऑन् n. (मुख्यतः बोली०) गोठ[F], पशुशाला[F], गोशाला[F], मवेशीखाना।

shipper शि'पॅर् n. पौतिक, नाविक, पोतभारिक, (कृषि०) **पोत-वणिक, नौ-वणिक**, समुद्री व्यापारी, जहाजी व्यापारी, (कृषि०) **जहाजसे माल भेजने या मँगानेवाला**, (परि०) **(माल) भेजनेवाला, (माल) लादनेवाला**।

shipping –पिंग् १. n. नौभरण, (विधा०) **नौवहन**, (नौवि०) **पोतवहन, नौपरिवहन**, पोत-परिवहन, (क्रिया-गत अर्थोंमें); समग्र जलयानसमूह, पोत, जहाज; २. a. पोत-सम्बन्धी, नौ-, नौवाहक; ~ agent नौवहन-अभिकर्ता, पोतवणिक्, जहाजी दलाल, बन्दरगाह आदिमें जहाज या जहाजोंकी पंक्ति[F]पर काम करनेवाला व्यक्ति; ~-articles पोतसंविद[F], (नौवि०) **नाविक करार**, जहाजके कप्तान और मल्लाहोंके बीच अन्तर्नियम, पारस्परिक निश्चय, समझौता, ठहराव, शर्तें[F]; ~-bill **पोत-परिवहन बिल**, जहाजसे भेजे हुए मालका बीजक, जहाजके मालकी चिट्ठी[F]; ~ advice, ~ authority, ~ business, ~ card, ~ charges, ~ charter, ~ company, ~ crew, ~ document, ~ establishment, ~ freight, ~ master, ~ note, ~-office, ~ officer, ~ order, ~ period, ~ price, ~ schedule, ~ section, ~ space, ~ survey, ~ value, ~ weight.

shippo. शि'पो n. जापानी पोतभार, तिजारती सामान।

shire शाॅअॅर्' n. मण्डल, जिला, शायर; ~ horse, -bred horse भारवाही अश्व, लद्दू घोड़ा, शायर घोड़ा; ~moot (मध्यकालीन इंग्लैण्डकी) पंचसभा[F], पंचायत[F]; ग्राम-न्यायालय; the ~ काउण्टी मण्डल (जो कि हैम्प-शायरमें डेवन-शायरतक फैला है)।

shirk शर्क्' १. n. दायित्व या कर्त्तव्य आदिसे बचने-वाला, कार्यत्यागी, कामचोर, अंगचोर, धूर्त, चालबाज, छलिया; २. v.t. त्याग करना, त्याजन करना, (कर्त्तव्य, दायित्व, युद्ध आदिका) परिहार करना, नीचतापूर्वक छोड़ना, पलायन करना, कामचोरी[F] करना, जी चुराना, भागना, खिसकना, पालन न करना, अंग बचाना, सटक जाना, हटना, मुँह चुराना, कन्नी[F] काटना, जान[F] बचाना।

shirker –'कॅर् n. कर्मत्यागी व्यक्ति, कामचोर व्यक्ति, अंगचोर आदमी, धूर्त आदमी, चालाक आदमी।

shirky –कि a. कर्मत्यागी, कामचोर, अंगचोर, धूर्त, चालाक।

shir(r) ⊙ शर्' १. n. बलिकुंच, कपड़े या पोशाक[F]की चुन्नट[F]; लचकदार या तनावदार महीन वस्त्रका किनारा या डोरी[F]; कपड़ेमें बना हुआ रबड़-जैसा तनावदार धागा; २. v.t. किसी कपड़ेमें समानान्तर धागे डालकर चुन्नट[F] पैदा करना।

shirring श'रिंग् n. चुन्नट[F] डालना।

shirt* शर्ट्' n. चोल, कुर्ता, कमीज[F]*, कुर्ती[F]; कड़े कॉलर और कफका स्त्रियों[F]का ब्लाउज; ~-front कमीज[F]का आगा (प्रायः कड़ा और कलफ किया हुआ); ~-front wicket क्रिकेटमें गेंद[F] देनेका बिल्कुल सच्चा और सीधा ढंग, डिकी[F]; ~ waist⊙ सूती ब्लाउज; *get* one's ~ *off* (आ०) क्रुद्ध करना, अप्रसन्न बनाना, गुस्सा दिलाना, नाराज कर देना; *give* one *a wet* ~ इतना काम कराना कि वह पसीनेसे तर-बतर हो जावे; *in* one's ~-*sleeves* कमीज[F]के ऊपर कुछ न पहिने हुए, केवल कमीज[F] पहने हुए; *keep* one's ~ *on* (आ०) संयम करना, चित्तपर नियन्त्रण रखना, मिजाज काबूमें रखना; *near is my* ~, *but nearer is my skin* आत्मसुख प्रथम विचारणीय है, आप सुखी जगत सुखी, अपना सुख सबसे पहले; *put* one's ~ *on, upon* अपने ऊपरका सब कुछ दाँवपर रख देना, सब कुछ बाजी[F]पर लगा देना।

shirted –'टिॅड् a. कमीज पहने हुए, कमीजपोश।

shirting –टिंग् n. कमीज[F]का कपड़ा।

shirtless –ट्'लिॅस् a. बिना कमीज[F]के, बेकमीज।

shirty शर्'टि a. (आ०) क्रुद्ध, अप्रसन्न, नाराज, गुस्सैल, चिड़चिड़ा, बदमिजाज।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

shit शिट्' १. n. पुरीष, गूह; २. v.t. हगना, टट्टी[F] करना।

shive शाइव् n. खण्ड, शकल, फाँक[F], टुकड़ा; काष्ठखण्ड, खपाची[F], वक्कल, (यन्त्र०) T.

shiver[1] शि'वॅर् n. प्रकम्प, कम्प, कम्पन, कँपकँपाहट[F], कँपकँपी[F], झुरझुरी[F], थरथराहट[F], सीत्कार[F], थरथरी[F] (*gives me the ~s*); २. v. i. ठण्डके कारण कम्पित या कम्पायमान होना, सीत्कार करना, दाँत बजना, काँपना, कँपकँपी[F] छूटना, थरथराना, थर्राना।

shiver[2] १. n. (चोट[F] लगने या गिरनेके कारण बिखरनेवाली चीज[F]का) छोटा अंश, शकल, खण्डक, खण्ड, टुकड़ा, (यन्त्र०) पच्चड़, चूरा; २. v.t. & i. छोटे-छोटे खण्ड हो जाना, छोटे-छोटे टुकड़े कर देना, चूर-चूर करना या होना, तोड़ना, टूटना।

shiverer –रॅर् n. वेपथुमान व्यक्ति, कम्पमान व्यक्ति, थरथरानेवाला, काँपनेवाला आदमी।

shivery –रि a. कम्पमान, कम्पनशील, काँपनेवाला, थरथरानेवाला।

S.H.M. Simple Harmonic Motion.

shoal[1] शोल्' १. n. सैकत, पुलिन, गाधस्थल, सैकत थल, छिछला किनारा, उथली जगह[F]; (प्रा० भू०) **जल-बालु-उत्थान; बालूचरा, बरेता;** (ला०, प्रायः pl.) अप्रकट बाधा[F], प्रच्छन्न बाधाएँ[F], लुप्त संकट, गुप्त संकट, छिपी रुकावटें[F], छिपे हुए खतरे; २. v.i. कम गहरा होना, छिछला या उथला होना, धीरे-धीरे कम हो जाना; ३. a. कम गहरा, छिछला (*~ water*)।

shoal[2] १. n. संघ, संघात, समुदाय, समूह, वृन्द, झुण्ड, जमघट, भीड़[F], ढेरके ढेर (*~s of people*); २. v. i. (मछलियों[F]का) समूह बनाना, झोलमें जमा होना; भीड़[F] लगाना, जमा होना।

shoaliness शो'लिनिॅस् n. छिछलापन, उथलापन, कम गहराई[F], अप्रकट बाधापूर्णता[F], संकटपूर्णता[F], भयानकता[F]।

shoaly शो'लि a. पुलिनयुक्त, जलमग्न बालुकातटीय, उथली भूमिवाला; अप्रकटबाधापूर्ण, संकटग्रस्त, खतरेवाला।

shoat शोट' n. घेंटा, छौना।

shock[1]* शॉक्' n. (चि०) **संक्षोभ, आक्षोभ,** विक्षोभ, आवेग (शरीर या मनका), **धक्का*, सदमा** (*news came upon me with a ~*); (चि०) **स्तब्धता**[F], (निदान०) स्तब्धता[F]की अवस्था[F] (*died of ~*); प्रचण्ड आघात, **आघात** (*~ wave*), **प्रघात,** अभिघात, निर्घात, भयंकर संघट्ट, जोरका धक्का या टक्कर[F], झटका (*~ absorber*), जोरकी चोट[F] ⊙; धमाका, धड़ाका (*three ~s of earthquake were felt*); राशि[F], चय; स्थिरता[F] आदिपर आघात, प्रहार, चपत[F], चोट[F]; संगठन या व्यवस्था[F]में बहुत बड़ा परिवर्तन, उपद्रव, दहल[F], उथल-पुथल[F], हलचल[F]; *~ tactics* जनसंघट्टको दबानेके लिए घुड़सवारोंका प्रयोग, घुड़सवारोंसे भीड़[F]को डरानेकी नीति[F]; *~-treatment* (चि०) **आक्षोभ चिकित्सा**[F], संक्षोभ चिकित्सा[F], आघातोपचार, सहसोपचार; *~troops* सहसाक्रामक चमू, शत्रुओंपर आक्रमण करनेके लिए विशेष रूपसे प्रशिक्षित सैन्य टुकड़ियाँ[F]।

shock[2] v.t. & i. स्तम्भित करना, स्तब्ध करना, आतंकित करना, विद्वेष जागृत करना, घृणा[F] उत्पन्न कर देना, विक्षुब्ध करना, क्रुद्ध करना, क्रोध दिलाना, गुस्सा दिलाना, बिचकाना, चिढ़ाना, धक्का पहुँचाना, दहलाना, डराना, चोट[F] पहुँचाना, धक्का देना, सदमा पहुँचाना; हिला देना; (का०) टक्कर मारना, टकराना, बहुत जोरसे टकराना; अति दारुण प्रतीत होना, कलंकपूर्ण लगना, घोर या प्रचण्ड लगना, नागवार होना, अच्छा न लगना, बुरा लगना।

shock[3] १. n. अनाजकी बारह पूलियों[F]की राशि[F], उत्कर, चय, गंजी[F], गट्ठा (जो खेतमें खड़ा किया गया हो); २. v.t. अनाजको गट्ठोंमें बाँधना या जमाना।

shock[4] n. उलझी केशराशि[F], उलझे हुए बाल, बिखरे हुए बाल, झबरे बाल; (*~-dog* भी) झबरा कुत्ता; *~ head* झबरे बालोंवाला सिर; *~-headed* उलझे बालोंवाला, झबरा।

shocker शॉ'कॅर् n. (बोल०, किसी वस्तु[F]का) निकृष्ट उदाहरण, बहुत बुरा नमूना; उत्तेजक सस्ता उपन्यास, हल्का उपन्यास; उद्वेगकारी।

shocking –किंग् a. & adv. उद्वेगकर, उद्वेगकारी, स्तब्धकारी, दारुण, भीषण, भयंकर, अतिकुत्सित, रोमांचकारी, त्रासकारी, प्रचण्ड, निन्द्य, निन्दनीय, क्रोधकर, वीभत्स, बहुत बुरा, दहलानेवाला (*~ bad* बोल०)।

shockingness –निंस् n. उद्वेगकारिता[F], स्तब्धकारिता[F], दारुण्य, भीषणता[F], त्रासकारिता[F], प्रचण्डता[F], वीभत्सता[F], दहल[F], दहशत[F]।

shod शॉड्' SHOE[2] का भू० कृ० (*neatly ~ foot*)।

shoddy शॉ'डि १. n. (कृषि०) **उर्णावशेष,** ऊनकी रद्दी[F]; (देखने और कहे जानेमें अच्छी, पर वास्तवमें) घटिया, बुरी, बदतर चीज[F], बनावटी वस्तु[F], नकली चीज[F]; पुराने कपड़ोंसे प्राप्त रेशा या सूत; इस प्रकारके सूत या रेशेसे बना हुआ घटिया कपड़ा; २. a. निकृष्ट, कृत्रिम, मिथ्याभिमानी, आडम्बरपूर्ण, असार, निरर्थक, घटिया, नाकारा, झूठा, नकली, बनावटी; धृष्ट, निर्लज्ज, ढीठ, निकम्मा।

shoe[1]* शू' n. पादत्राण, उपानह, पादुका, जूता*, जूती[F]; (कृषि०) **नाल**[F]; घोड़ेकी नाल[F], (आकार या काममें) नाल-जैसी वस्तु[F]; (यन्त्र०, स्था०) **शाम**[F]; T.; *~* black पालिश[F] करनेवाला लड़का या आदमी; *~-buckle* जूतेका बन्धुआ; *~-flower* (वन०) **जपा, जसुम, गुडहल;** *~* horn जूते चढ़ानेका चप्पा; *~-lace, ~-string* ⊙ जूतोंके फीते; *~-leather* जूतोंका चमड़ा (*as good a man as ever trod ~-leather*); *~-maker* चमार, मोची, जूतासाज; *~* tie जूतेका कामदार फीता; *~s-and-stockings* एक प्रकारका तिपतिया पौधा; *be in* person's *~s* वैसा कष्ट झेलना, समवेदना[F] होना; *be in, step into,* one's or *a dead man's, ~s* किसीका स्थान ग्रहण

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना, किसीका उत्तराधिकार पाना; *better wear your ~s than your bed clothes* बैठेसे बेगारF भली; *dead men's ~s* मृत व्यक्तिकी सम्पदाF या पद, उत्तराधिकार; *die in one's ~s* फाँसीF की मौतF मरना; *put the ~ on the right foot* ईमानदारीF से अभियोग आरोपित करना, ठीक अपराध लगाना; *that's another pair of ~s* वह और ही बातF है, कुछ और मामला है; *the wearer knows where the ~ pinches* जिसका दुःख वही जाने, कोई क्या जाने पीरF परायी;

~-bill, ~-box, ~-boy, ~-brush, ~-dealer, ~-flower, ~-making, ~man, ~-pack, ~-scraper, ~-shine, ~-shop, ~smith, ~ spring, ~-store, ~tree.

shoe[2] v.t. (*shod*) जूता पहनाना, जूता फिट करना; घोड़ोंको नालF लगाना, नालF बाँधना; शामF चढ़ाना।

shoeing –इंग् n. (कृषि०) **नालF लगाना**।

shoeless –'लिस् a. नंगे पाँव, बिना जूतोंके; बेनाल।

shoer –'अर् n. नालबन्द, नाल लगानेवाला।

shofar शोफार् n. (व्रजानेमें प्रयुक्त) मेष-शृंग, भेड़F का सींग, सींगा; (इति०) T.

shog[1] सॉग्' n. आघात, चोटF, धक्का।

shog[2] v.t. आघात पहुँचाना, चोटF पहुँचाना, धक्का लगाना; प्रयाण करना, प्रस्थान करना, चल देना, खिसक जाना।

Shogun शो'गून् n. (उपाधिF) जापानका सेनानायक, जापानी सेनापति, शोगुन (१८६८ ई० तक)।

shone शोन्' SHINE का भू० कृ०।

shoo शू' १. v.t. & i. चिड़ियोंF को डरानेके लिए आवाजF करना, शू करके भगाना; लौटाना, डराना; २. int. 'शू'! हुश!

shook[1] शुक्' १. n. पीपेकी अलग-अलग पट्टियाँF आदि टुकड़े (कि जब चाहें, पीपा तैयार कर सकें); २. v.t. पीपेके इन भागोंको एक ही स्थानपर बाँधना या कसना।

shook[2] शुक्' SHAKE[2] का भूतकालिक रूप।

shool शूल्' v. i. मन्द गतिF से जाना, चुपके-चुपके चलना, धीरे-धीरे टहलना; भिक्षा-याचनाF करना, भीखF माँगना; (परान्नभोजी रूपमें) किसीपर आश्रित रहना।

shoon शून्' n. pl. SHOES का प्राचीन रूप।

shoot[1] शूट्' n. निशानेबाजीF का अभ्यास, लक्ष्य, मारF; लक्ष्यवेधन अभ्यास, लक्ष्यवेध अभियान, लक्ष्यवेधी दल, निशानेबाजोंकी टोलीF; लक्ष्यस्थान, चाँदमारीF की जगहF; उद्भिद्, प्रशाखाF, (कृषि०, वन०) **प्ररोह** (*~ borer*), अंकुर, किसलय, पल्लव, नवपल्लव, कोंपलF, कलीF; तीव्र धाराF, तीव्र प्रवाह या लहरF, तेज धाराF; ढालF, ढलान; अतिवेदनाF, टीसF।

shoot[2] v.t. & i. (*shot*) (बन्दूकF की वाल्दF या गोलीF से मनुष्य, पशु आदिका) वध कर डालना, घायल करना, मार डालना, उड़ा देना; (किसी भूखण्डपर बन्दूकF से) शिकार मारना, शिकार खेलना; बन्दूकF आदिका अच्छा प्रयोग करना; बन्दूकF से गोलीF छोड़ना, **गोलीF मारना**, गोलीF दागना, (धनुष, बन्दूकF आदिसे) तीर गोलीF आदि छोड़ना, बन्दूक चलाना, बन्दूक दागना, निशाना लगाना; (बन्दूकF से) गोलीF का निकल जाना, छूटना; अस्त्रका सीधा उड़ना, तीरका सीधा छूटना (*fool's bolt is soon shot*); फूट पड़ना, बाहर निकलना, उग आना, निकल आना (*mountain-spur, cape, ~s out*); अंकुरित होना, अंकुर फूटना, कोंपलF आना; बलपूर्वक या शीघ्रताF से निकलना, तेजीF से निकल जाना, बाहर आना, वेगसे उठना, ऊपर आना, आगे आना, झपटना (*boats ~ out from the creek*); जल्दीF और तेजीF से बाहर छोड़ना, फेंकना, आगे धकेलना, निकालना, ठेलना या बढ़ाना (*passengers were shot out of coach*); बलपूर्वक निक्षेप करना; (अमेरिकामें) (प्रा०) कहिये आप क्या कहना चाहते हैं, उगलिये, चलिये; (लकड़ीF का हल्का काम) पट्टियाF या तख्तेके किनारेको रन्देसे चिकना करना, एक-सा करना, चौरस करना (*~ edges*); (नावF को पुल-के नीचेसे या तेज धारF में से) तेजीF के साथ निकाल ले जाना; (फुटबाल, हाकीके खेलमें) गोल मारना, गोलकी ओर शूट मारना, गेंदF से गोलपर निशाना मारना; (p.p.) (रंगीन सूत, रेशम आदिका) झिलमिल बुना हुआ होना (ऐसा कि भिन्न कोणोंसे देखनेपर वह भिन्न ही रंग दिखाता हो, *crimson, shot with maize-colour*); **चित्र लेना**, (सिनेमाकी मशीनF से) छायाचित्र या फोटो-ग्राफ लेना; *corn ~s* अनाज फूट आया है; *cricket-ball ~s* क्रिकेटकी गेंदF झपसे जाती है, झपटती है; *prices shot up* मूल्य एकाएक चढ़ गये हैं, कीमतेंF चढ़ गयी हैं; *~ ahead* तेजीF से प्रतियोगियोंके आगे निकल जाना, खिलाड़ियोंमें बढ़ जाना; *~ a match* गोलीF चलाने या निशानाबाजीF की प्रतियोगिताF में सम्मिलित होना; *~ fishing-net* (नदीF के आर-पार) मछलीF का जाल फैलाना; *~ Niagara* किसी संकटपूर्ण साहसिकताF का निश्चय करना, जोखिमके कामका बीड़ा उठाना; *~ one's linen* हाथ झटककर चूड़ियाँF दिखाना; *~ out one's lips* (प्रा०) घृणाF या विद्वेष व्यक्त करना, मुँह चिढ़ाना या बनाना; *~ rubbish etc.* (गाड़ीF या कूड़ादानसे) कूड़ा गिराना; *~ the cat* कैF करना, उल्टीF करना; *~ the moon* (प्रा०) रातोरात सामान हटा लेना (ताकि किराया न देना पड़े); *~ the sun* (नौवि०) (कोणकी दूरीF नापनेवाले यन्त्रके द्वारा मध्याह्नके समय) सूर्यका उन्नतांश लेना; *tooth ~s* दाँतमें थोड़ी-थोड़ी पीड़ाF होना; *trees ~ out branches* पेड़ोंमें शाखा प्रशाखाएँF फूटती हैं।

shootable –टॅबॅल् a. आखेटके योग्य, शिकारके लायक; लक्ष्य करने योग्य, निशाना बनानेका; अंकुरित होने योग्य, फूटने योग्य।

shooter–टॅर् n. वेधी आदि क्रियागत अर्थोंमें, उत्स्फोटक; गोलीF मारनेवाला, बन्दूकF चलानेवाला, निशानेबाज; (संयो०) लक्ष्यवेध यन्त्र, निशानेबाजीF का गोला; (क्रिकेट) तेज गेंदF; नावF को तेज धारF से ले जानेवाला।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

shooting –टिंग् १. n. (क्रियागत अर्थोंमें); लक्ष्यवेध, बाणनिक्षेप, वेधन, शरत्याग, शरप्रक्षेप, आखेट, मृगया[F], शिकार, बन्दूक[F] चलाना, तीरन्दाजी[F], निशानेबाजी[F] इत्यादि T.; (यन्त्र०, स्था०) मेलक रंदना, मेल-रंदना; शिकारके लिए किरायेपर दिया हुआ भूखण्ड; वेदना[F], टीस[F]; २. a. प्ररोही (~ *branch*); शिकारी (*~-coat, boots*); ~-box आखेट-बास; ~-iron आग्नेयास्त्र, तोप[F], बन्दूक[F] आदि; ~-range चाँदमारी[F]का मैदान; ~ star (ज्यौ०) उल्का; ~ war अस्त्र-शस्त्रोंका महायुद्ध, तोप[F]-बन्दूक[F]की लड़ाई[F], *child is ~ up* बच्चा बढ़ता जा रहा है, ऊँचा होता जा रहा है, पनपता है;

~ blocks, ~ board, ~ bucket, ~ licence, ~ party, ~ pass, ~ permit, ~ plane, ~ room, ~ rules, ~ schedule, ~ scrip, ~ season, ~ star, ~ stick.

shop शॉप १. n. विपणि[F], **आपण**, विक्रयालय, विक्रय-गृह, विक्रयशाला[F], विक्रीघर, (अर्थ०) **दुकान**[F] (*fruit-~*); **श्रमालय**; निर्माणगृह, उत्पादनशाला[F], मरम्मतघर, कारखाना (*engineering-~*); (प्रा०) उद्योग, व्यवसाय, व्यापार, पेशा, कारोबार, रोजगार, तिजारत; व्यापारिक वस्तुएँ[F], व्यापारी बातचीत[F]; (रसा०) **टोली**[F], **टोली-स्थान**; २. v.t. & i. सौदा लेना, सामान खरीदना, दुकान[F]पर जाना; (प्रा०) बन्दी बनाना, जेलमें डालना, कैद[F] करना; (मुखविरका) किसीको बन्दी कराना, कैद[F] कराना; ~ board गद्दी[F]; दुकानदारकी मेज[F]; बेंच[F] (जिसपर दर्जी बैठकर काम करते हैं); ~ keeper आपणिक, वणिक, बनिया, दूकानदार; निर्माणगृहस्वामी, कारखानेदार, कारखानेका मालिक; ~-keeping दुकानदारी[F]; ~-lifter चोर ग्राहक, उठाईगीर; ~man दुकानदार या उसका सहायक; ~-steward **श्रमालय प्रतिनिधि**; किसी कारखानेके कर्मचारियों द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि (जो उनके और अधिकारियोंके बीच कारकुनका काम करता है); ~walker दुकान[F]के लिए फेरी[F] द्वारा ग्राहकोंको माल दिखानेवाला एजण्ट; ~-woman दुकानदारिन[F]; ~-worn दुकान[F]में बार-बार दिखाये जानेके कारण मैली या खराब हुई; *all over the ~* (प्रा०) अव्यवस्थित, अव्यवस्था[F]में, इधर-उधर, तितर-बितर, हर ओर बुरी तरहसे, बेढंगेपनसे (*have looked for it all over the ~*); *shut up the ~* काम बन्द करना, काम रोक देना, दुकान[F]बढ़ाना, दुकान[F] उठाना; *sink the ~* व्यवसाय आदिकी बात[F] न करना, अपना व्यवसाय या पेशा छिपाना, कारबारके सम्बन्धमें बात[F] करनेसे कतराना; *the other ~* विरोधी संस्था[F];

~ account book, ~ assistant, ~-book, ~-boy, ~-breaker, ~ clerk, ~ construction loans, ~-deputy, ~ foreman, ~-girl, ~ holdings, ~ licence, ~-maid, ~ mark, ~ mate, ~ pass book, ~ rent, ~-site, ~-soiled, ~ talk, ~ valuation register, ~ wear, ~ window.

shophar n. = SHOFAR.

shopocracy शॉपॉक्रॅसि n. वणिकतन्त्र, आपणिकतन्त्र।

shopper –पॅर् n. विपणिक, आपणिक; क्रेता, खरीदार।

shopping –पिंग् n. बिक्री[F]के लिए जाना, सौदा खरीदना; ~ hours (अर्थ०) **पणन-समय, सौदा खरीदनेका समय, हाट[F] करनेकी छुट्टी[F]**।

shoppy –पि a. व्यावसायिक, व्यापारिक, व्यापार-विषयक, व्यवसाय-सम्बन्धी, दुकानी, कारोबारी, रोज़गारका।

shore[1] शोअॅर् n. कूल, उपकूल, वेला, समुद्रतट, (प्रा० भू०, परि०) **तट, तीर**, किनारा, छोर, साहिल; (प्रा० भू०, परि०) **गदम, थाम**; (कानून) तटीय क्षेत्र, किनारेका भूमिभाग; ~ boat तटीय नौका[F], किनारेपर या उसके पास-पास चलनेवाली नाव[F]; ~ leave तटयात्रा-अवकाश, तटपर टहलनेके लिए छुट्टी[F]; *in ~* समुद्रतटके समीप, पास ही पानीके ऊपर या पानीमें;

~ crab, ~ delivery, ~ feature, ~ line, ~ seine.

shore[2] १. n. आधार, (यन्त्र०) टेक, टेकन, सहारा, (इति०) **थूनी**[F], पेड़, दीवाल[F], (जहाज आदिके लिए सहारा देनेवाला) स्तम्भ; २. v.t. टेक[F] लगाना, सहारा देना, थूनी[F] लगाना।

shoreless –लिॅस् a. कूलहीन, समुद्रतटहीन, बिना किनारेके, बेछोर।

shoreward –वॅर्ड् a. & adv. तटकी ओर, किनारेकी तरफ; तटकी ओरका।

shoring शोअॅरिंग् n. (यन्त्र०, चि०) **टेकबन्दी**[F], **तख्ताबन्दी**[F], टेक[F] लगानेका कार्य, थूनी[F] देनेका काम; (इति०) **थूनी**[F] **बाँधना**, (परि०) **सहारा देना**।

shorling शोअॅर्लिंग् n. (जीवित भेड़[F]की उतारी) खाल[F] या ऊन।

shorn शॉर्न a. छिन्न, विच्छिन्न, भाजित, विभक्त, विभाजित; (से) वंचित, रहित; SHEAR का भू० कृ०।

short[1] शॉर्ट् १. n. ह्रस्व अक्षर, लघु अक्षर; लघुमात्रा[F]; ह्रस्व स्वर-द्योतक चिह्न; (pl.) नैकर, घुटन्ना, जाँघिया, हाफपैण्ट; लघु विद्युत्-परिपथ; लघु चित्र, छोटा सिनेमा, छोटी फिल्म[F]; २. v.t. (शेल०) छोटा चक्र या लघु मण्डल बनाना या खींचना; लघु विद्युत् परिपथ बनाना।

short[2]* a. अल्प, अल्पकालिक, अल्पकालीन, अल्पावधि, संक्षिप्त, ह्रस्व, कम, लघु, छोटा*, थोड़े समयका (*a ~ time ago*); अविस्तीर्ण, अनतिदीर्घ; लघु, वामन, छोटा, नीचा, कम ऊँचाई[F]का, नाटा, ठिगना, छोटे कदका (मनुष्य, मीनार[F], चिमनी[F] आदि); अपर्याप्त, अपूर्ण, त्रुटि-पूर्ण, न्यून, रहित; अल्पार्थी, निम्न श्रेणी[F]का, निम्न कोटि[F]का; एकाएक समाप्त होनेवाला; अविस्तृत, सीमित, थोड़ेमें; असभ्य, ओछा; कटु; अन्तःकुपित, क्रोधके कारण मौन, गुस्सेमें चुप; (ध्वनि०, छन्द; स्वर या अक्षर-सम्बन्धी) ह्रस्व; (प्रच०) स्वराघातहीन, ह्रस्व, लघु (स्वर); भुरभुरा, कुरकुरा, करारा, खस्ता; (हुण्डी-विनिमय आदि; स्टाक, माल, उपजोंके सम्बन्धमें) विक्रीत, बेचा हुआ या

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बेचता हुआ; ~bread, ~cake मैदा, मक्खन और चीनीF की बनी सूखी खस्ता डबलरोटीF या केकF; ~ circuit लघु विद्युत् परिपथ, (भौ०) **लघुपरिपथ, तार जल जाना**, बिजलीF के धाराप्रवाहकी छिन्न स्थितिF (जब धाराF पृथ्वीF में चली जाती है), ~-coming अभाव, न्यूनताF, त्रुटिF, दोष, छिद्र, अपराध, कमीF, खोटF, कसरF, ऐब; ~ cut संक्षिप्त उपाय; ~-dated paper (अर्थ०) **अल्पावधि प्रपत्र**; ~ drink एक प्रकारकी मिश्रित मदिराF (जो खानेके पूर्व ग्रहण की जाती है); ~fall **न्यूनता**F, त्रुटिF, **कमी**F; ~hand **आशुलिपि**F, शीघ्रलिपिF, शीघ्रलेखन, त्वरालिपिF; त्वरालेखन, शॉर्टहैण्ड; ~handed अपर्याप्त कर्मचारियोंवाला, कम कारीगरोंवाला; ~horn लघुशृंग, छोटे सींगवाले (पशु); ~-lived अल्पकालिक, अल्पजीवी, अल्पायु, क्षणस्थायी, क्षणभंगुर, क्षणिक, थोड़े समयका; ~ range **निकट परास, छोटी चाँदमारी**F; ~ sight (वि०, भौ०) **निकट दृष्टि**F, अल्प दृष्टिF, अदूर दृष्टिF, संकीर्ण दृष्टिF; ~-sighted अदूरदर्शी; निकटदर्शी, (वि०) निकट दृष्टिF, अल्पदृष्टिF; ~-sightedness अदूरदर्शिताF; (वि०) **निकट दृष्टिमत्ता**F; (अर्थ०) **निकट दृष्टि**F, अल्प दृष्टिF; ~-spoken संयतभाषी, संक्षेपभाषी, अल्पभाषी, कम बोलनेवाला; ~ story लघु कथाF, छोटी कहानीF; ~-tempered उग्र, क्रोधी, संयमहीन, चिड़चिड़ा, तेज मिजाज; ~-term **अल्पकालीन**, अल्पकालिक, अल्पावधि; ~ waist ऊँची चोलीF, लिबासकी छोटी कमरF; ~ wind जल्दी ही फूल आनेवाली श्वासशक्तिF; दूरF तक दौड़नेकी अक्षमताF; (ला०) (बहुत समयतक बातF करने या लिखनेकी) अक्षमताF, अयोग्यताF; ~ workings (बैंक) **अल्प खनन राशि**F; *are ~ of hands* पर्याप्त कर्मचारियोंकी कमी है; *a ~ sea* छोटी-छोटी शान्त लहरेंF; *a ~ ten miles, mile, hour,* etc. दस मील, एक मील, एक घण्टेसे; *be, taken, ~* एकाएक दस्त निकल जाना; *come ~* निराश कर देना, आशाFको निराशाFमें परिवर्तित कर देना; हताश कर देना; समुचित विकासको न पाना; कर्त्तव्यपालनमें असफल होना; *cut ~* स्वाभाविक समयके पूर्व ही अन्त कर देना, एकाएक बन्द कर देना; *fall ~* अपर्याप्त होना, कम होना, थोड़ा पड़ना; *in ~* संक्षेपमें, थोड़े शब्दोंमें; *make ~ work of* अन्त करना; *run ~* कम पड़ जाना; *something ~* मदिराFका एक घूँट, शराबFकी एक चुस्कीF; *stop ~* अन्त तक न जाना, एकाएक रुक जाना, एकदम थम जाना, बीचमें ही रह जाना; *take ~ views* केवल वर्तमान पर ही विचार करना, दूरFकी न सोचना; *took him up ~* बाधाF डालना या रोकना, बीचमें टोकना; *was very ~ with me* अशिष्ट, असभ्य;

~ account, ~-armed, ~ bill, ~ bond, ~ bone, ~ break, ~-celled, ~ circuited, ~-circuiting, ~-columner, ~ course, ~-cycle, ~ dated, ~ delivery, ~ distance, ~ division, ~ duration, ~-eared, ~ exchange, ~-faced, ~ finish, ~ gyrus, ~-haired, ~ head, ~ hundredweight, ~ interval, ~ landed, ~ landing, ~-leaved pine, ~ levy, ~ line, ~ loan, ~ money, ~-necked, ~-nosed fruitbat, ~ notes, ~ notice, ~ parliament, ~ payment, ~ period, ~ platform, ~ price, ~ range navigation, ~ sale, ~ season crops, ~ service officers, ~ sights, ~ staple, ~ stock, ~-tail, ~ time, ~ title, ~-toed, ~-tongued, ~ training, ~ vacancy, ~ variables, ~ vowel, ~ voyage, ~-waisted, ~-wave, ~-winged, ~-witted, ~ workings.

short[2] adv. आकस्मिक रूपसे, स्वाभाविक या अभीष्ट समयके पूर्व; संक्षेपमें, थोड़ेमें, जल्दीF में, एकदम, एकाएक।

shortage –टिज् n. अल्पताF, न्यूनताF, **कमी**F, घाटा (*there is no ~*)।

shorten –'टॅन् v.t. & i. अल्पीकरण करना, लघु या संक्षिप्त करना, कम करना या होना, उतारना या उतरना, घटाना या घटना, काटना या कटना, छोटा करना या होना, काट कर लेना, निकाल लेना, कटौतीF करना, छाँटना या छँटना; जहाजके पालोंकी संख्याF कम कर देना या घटाना; बच्चेको छोटे कपड़े पहनाना।

shortening –निंग् n. घी, मक्खन, चरबीF; मोईF; अल्पीकरण, **लघुकरण, लघुभवन**; बच्चेको जाँघिया पहनाना; ~ heat **अवकुंचन-ऊष्मा**F।

shortish –टिश् a. अल्प-सा, संक्षिप्त-सा, क्षुद्र-सा, तुच्छ-सा, लघु-सा, छोटा-सा, नन्हा-सा, जरा-सा।

shortly –ट्'लि adv. अचिरात्, अचिरेण, शीघ्र ही, अल्पकालमें, थोड़ी देरमें, जल्दी ही, बहुत जल्दी, झटसे, बस अभी, करीब ही; संक्षेपमें, थोड़ेमें, कुछ ही शब्दोंमें।

shortness –'शॅर्ट्स् n. (समयकी) न्यूनताF, अल्पताF, कमीF, लघुताF, ह्रस्वताF, वामनताF, निचाईF, ठिगनापन, छोटापन, छोटाईF; अभाव, थोड़ापन; घटीF, कमीF, घाटा, तंगीF, कसर; संक्षेप, संक्षिप्तताF; करारापन; स्वराघातहीनताF; अशिष्टताF।

shot[1] शॉट्' १. n. (pl. *-s*) **गुलिकाF**, गुटिकाF, बन्दूकF-की गोलीF, तोपFका गोला (*round ~*); **छर्रा**, छर्रे, छर्रीF (*~ does* or *do well for cleaning decanters*); गोलीF या अस्त्रसे प्रहारके लिए लक्ष्य-साधन, निशाना मारनेका प्रयत्न, निशानेबाजीF; विषय, लक्ष्य, मारF (*bow, rifle, ear, ~*); (ला०) खेलमें हाथ या दाँव, अनुमान या किसी कामको करनेका प्रयास, प्रयत्न (*at each ~ he was nearer the bull's-eye*); (बन्दूकF या तोपF आदिका) क्षेप, फैर, फायर, निशाना (*several ~s were fired, heard,* etc.); लक्ष्यवेधी, लक्ष्यभेदकारी, (बन्दूकF, तोपF, पिस्तौलF आदि) चलानेमें दक्ष, निशानेबाज (*is a good ~*); कोकीन (अफीमका

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सत) की मात्राF, मर्फियाका इंजेक्शन (सुईF); (बोल०) तेज शराबF का छोटा घूँट या ड्राम; सिनेमाके कैमरासे लिया गया चित्र; **फोटो लेना**, T.; २. v.t. गोलीF या छर्रे भरना, गोला भरना; chilled ~ अभिशीतित गुलिकाF, बुझायी हुई गोलीF, कवचको फोड़ देनेवाली फौलादी गोलीF; flying ~ उड़ती हुई चिड़ियाF या किसी वस्तुF परका निशाना, हवाई निशाना, ~ gun **छर्रेवाली बन्दूक**F; ~ hole (वन०) **छिद्र रोग; छर्रेका सूराख**; ~-proof गोलीरक्षक, गुलिकारोधी, गोलाप्रतिरोधक, गोला-रोक, गोलीF आदिसे बचानेवाला; ~-tower गोलीF या छर्रे बनानेकी मीनारF (जिसमें पिघला हुआ सीसा छलनियोंF मेंसे निकलकर पानीमें गिरता है); *made a bad* ~ गलत अनुमान या अन्दाज किया, गलत सोचा; ~ *to death* ⊙ जानF से मार डाला गया।

shot[2] n. मदिरालय आदिका हिसाब या बिल (देयक) (*pay* one's ~)।

shott ⊙शॉट्' n. (उत्तरी अफ्रीकामें) लवणीय तड़ाग, नमकका सरोवर, उथली नमकीन झीलF।

shotten शाट्न्' a. स्थानान्तरित, गायब, खिसका हुआ।

shough शो n. आघात, चोटF, धक्का।

should शुड्' SHALL का भू० का०।

shoulder शोल्'डॅर् १. n. **स्कन्ध, अंस,** (श० र० शा०, जीव०, यंत्र०) **कन्धा, काँधा, काँध, मोढ़ा, खवा**; (~-*joint* भी) भुजशिर, भुजवट, भुजमूल; (pl.) कन्धे, पीठF परका ऊपरी भाग; (परि०) **पटरी**F; (कटे हुए पशुकी) आगेकी टाँगोंवाला भाग, पुट्ठा (*lay the blame, burden,* etc. *on the right* ~*s*); भारवाही या बोझा ढोनेवाला शरीर; बोतलF, औज़ार, पहाड़ आदिका कन्धे जैसा निकला हुआ भाग, उभार, उठाव; आधार, सहारा, आड़F, टेकन, टेकF; (सेना०) बन्दूकF आदिको कन्धेपर रखे हुए सैनिककी अवस्थाF, बन्दूकF उठानेका पैंतरा; २. v.t. & i. कन्धे मारकर रास्ता निकालना, घुस-पैठकर आगे बढ़ना, धक्का देना, कन्धोंसे धकेलना, धकियाना; (शा० एवं ला०) दायित्व ग्रहण करना, भार ग्रहण करना, कन्धोंपर उठाना या लेना, कन्धोंपर बोझ सँभालना, जिम्मेदारीF लेना; ~-belt अंसबन्ध, कन्धेका पट्टा, परतला; ~ blade (कृषि०) **स्कन्धास्थि**F, (चि०, जीव०) **अंसफलक**, कन्धेका जोड़, कन्धेकी हड्डीF, मोढ़ा; T.; ~-brace बच्चे आदिकी पीठF या कन्धोंको सीधा करनेका अड़वाल; ~-height कन्धेके बराबर ऊँचाईवाला; ~-pegged अकड़े हुए कन्धेवाला (घोड़ा); ~-strap कन्धेका पट्टा या बिल्ला (जिसपर सिपाहीकी रेजीमेण्टF का नाम या नम्बर लिखा रहता है); ~-of-mutton sail मस्तूलके पीछे लगाया हुआ तिकोना पाल; *has broad* ~*s* दृढ़ है, मजबूत है; दायित्वग्रहणशील, भार ग्रहण करनेमें समर्थ, जिम्मेवार है; *old head on young* ~*s* अतिविवेकी या बुद्धिमान् युवा पुरुष, युवावस्थाF में भी विवेक या बुद्धिमत्ताF; *put, set,* ~ *to wheel* उद्योग करना, प्रयत्न करना; ~ *arms* (पैंतरा) धजसे कन्धेपर बन्दूकF रखकर खड़े हो जाओ; ~ one *out* बाहर निकालना; ~ *to* ~ सहयोग करते हुए, एक-दूसरेका साथ देते हुए, कन्धेसे कन्धा मिलाये हुए; *straight from the* ~ कटूक्तिF, कड़ी बातF, मुँहतोड़ जवाब, सीधी चोटF, खरा घूँसा;

~ girdle, ~ head, ~ joint, ~ note, ~ shot, ~ sleeper, ~ strap, ~ titles.

shouldering –रिंग् n. (यंत्र०) **मुहबन्दी**F; (परि०) **किनारबन्दी**F।

shout शॉउट्' १. n. चीत्कार, कोलाहल, उत्क्रोश; नारा, पुकारF, चीखF, चिल्लाहटF, शोर; सिंहनाद, घोष, निनाद, हर्षनाद; २. v.t. & i. चीत्कार करना, कोलाहल करना, ऊँचे स्वरसे बोलना, पुकारना, चीखना, चिल्लाना, जोर-जोरसे बोलना, शोर करना (~*ed with laughter*); उच्च स्वरमें बातF करना, पुकारकर कहना, पुकारना, चिल्लाकर बोलना, बुलाना, जोर-जोरसे कहना या बोलना (~*ed that the coast was clear*); *all is over but the* ~*ing* खेल खतम पैसा हजम, खेल समाप्त हुआ, केवल शोर रह गया; *my* ~ (आ०) मित्रोंके लिए शराबF इत्यादि मँगानेकी मेरी बारीF है, ~ *at* चीखF उठना, टूट पड़ना; चिल्लाकर बोलना, डपटना, डाँटना।

shouter –टॅर् n. चीत्कर्ता, कोलाहलकर्ता, पुकार करनेवाला व्यक्ति, चिल्लानेवाला व्यक्ति, शोर करनेवाला आदमी।

shove शव्' १. n. धक्का, बढ़ावा, ठेला, रेला; सारण, अपसारण, सनके पेड़के तनेका डण्ठल; २. v.t. & i. धक्कमधक्का करके आगे बढ़ाना, घुस-पैठकर आगे बढ़ाना, सरकाना, (किसीको) धकियाना; (बलपूर्वक) धक्का देना, धकेलना, जोरके धक्केसे हटाना, रेला देना, दबाना, ठेलना; (बोल०) कहींपर रख देना, डालना (~*it in the drawer*); *give* one *a* ~ *off* चलाना, सहायताF करना; ~ *off* नावF में किनारेसे प्रस्थान करना या रवाना होना, किश्तीF बढ़ाना।

shovel श'वॅल् १. n. खनित्र; फल, फावड़ा, कुदालF, बेलचा, शावल, २. v.t. (कोयला इत्यादिको) बेलचेसे उठाना या हटाना; ~ *hat* चौड़े किनारेकी टोपीF (जिसे कि इंग्लैण्डके राजधर्मके विशिष्ट अधिकारी पहनते थे); ~ *food into* one's *mouth.* मरभुखोंकी तरह खाना, भखना, ठूँसना, लीलना;

~-beaked, ~-bladed, ~ cultivator, ~ drill, ~fish, ~-footed, ~-handed, ~ head, ~-headed, ~ maker, ~ making, ~-shaped.

shovelboard –बोअॅर्ड् n. जहाजके डेकपर खेलनेका एक प्रकारका खेल (जो कि रेखाF खींचकर चौक बनाकर गोटोंF से खेला जाता है)।

shovelful –फुल् n. (pl. -*s*) फावड़ाभर, बेलचाभर।

shoveller –लॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) करछा या बेलचा चलानेवाला; खातहंसक, चम्मच-सी चोंचवाली बतखF।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

shover श'वॅर् n. धक्केबाज, बढ़ावेदार, रेला देनेवाला व्यक्ति; पेल देनेवाला आदमी।

show[1] शो'n. बाह्य रूप, प्रकट प्रभाव, आडम्बर, दिखावा, चमक-दमक[F], बाहरी तड़क-भड़क[F], बनावट[F]; धूमधाम[F], ठाट-बाट, टीप-टाप, टीम-टाम (*there is a ~ of reason in it*); **प्रदर्शन**, (*~ room, ~ window*), दिखाना, (*voted by ~ of hands*); दृश्य, दर्शनीय वस्तु[F], प्रदर्शनी[F], आडम्बर, दिखावा, नुमायश, लीला[F], कौतुक, तमाशा, नजारा (*a fine ~ of blossom*); (बोल०) कोई सार्वजनिक मनोरंजन, विनोद, खेल, शो; (ग्रा०) अभिनय करने या काम कर दिखाने या अपनी सफाई[F] पेश करनेका अवसर (*had no ~ at all*); (ग्रा०) व्यापार, संगठन, व्यवस्था[F], कारबार, बड़ा काम, ठेका, कारखाना; (प्रसूति०) योनि[F]से ऋतु-स्राव; प्रसव-प्रथमावस्था[F]का बाहर आनेवाला रक्तमिश्र स्राव; ~-bill खेल या शो-का विज्ञापन-पत्र, खेल तमाशेका इश्तिहार; ~boat प्रदर्शन-नौका[F], स्टीमर (जिसमें नाटक इत्यादि होते हैं); ~-box खेल दिखानेवालेका सन्दूक; ~-card दुकानदारका प्रचार करनेवाला कार्ड, नमूनेका कार्ड, शो कार्ड; ~-case **प्रदर्शन-मंजूषा**[F], **प्रदर्शन-केस**, (शीशा जड़ा हुआ वस्तुओं[F]को सजाकर रखनेका) नुमायशी सन्दूक, शो केस; ~ cause (का०) कारण बताइये; ~-down (ताशके पोकर खेलमें) पत्तोंको चित्त रखना, खोल देना; (ला०) सम्भावनाओं[F] या सिद्धियों[F]का उद्घाटन या प्रकटीकरण, बलपरीक्षण, अन्तिम परीक्षा[F]; ~-girl शृंगारमयी अभिनेत्री[F] (जिसका पार्ट अभिनयकी अपेक्षा[F] शृंगार करनेका हो); ~-ground प्रदर्शन-स्थल, खेल दिखानेका मैदान; ~man वन्यपशुओंके खेल सरकस आदिका व्यवस्थापक या मैनेजर; ~manship प्रदर्शनदक्षता[F], सरकसके खिलाड़ीकी कला[F]; (ला०) अपनी सुनिर्मित वस्तुओं[F] या अपने-आपके प्रदर्शनकी क्षमता[F]; ~ of hands हाथ उठाकर दिया गया मतदान या वोट; ~-place दर्शनीय स्थान, देखने योग्य जगह[F]; ~-yard पशुप्रदर्शनका स्थल; *give away the ~* रहस्य प्रकट करना, छल प्रकट करना, पोल खोलना, बनावटीपन हटा देना।

show[2] v.t. & i. (p. *~ed*, p.p. *~ed*, *~n*) प्रदर्शित करना, प्रदर्शनी[F] करना, उद्घाटित करना; प्रस्तुत करना या दिखानेको रखना, प्रकाश करना, प्रकट करना, प्रकाशित करना, अभिव्यक्त करना, व्यक्त करना, दिखाना, खोलना, जाहिर करना, (व्यवहार या कारण) बतलाना, दिखा देना, करना (*an aperture ~s the inside*); प्रत्यक्ष होना, प्रकट होना, साक्षात् होना, दर्शनीय होना, दृश्य होना, दृष्टिगत होना, दृष्टि[F] पड़ना, सार्वजनिक रूपसे प्रकट होना, जनता[F]में आना, सामने आना, शोभा देना, दिखाई देना, नजर[F] पड़ना, नजर[F] आना, सोहना, निकलना, सामने आना (*the blood ~s through her skin*); प्रदर्शित करना, प्रमाणित करना, सिद्ध करना, विवृत करना, प्रतिपादन करना, व्याख्या[F] करना, लक्ष्य करना, निर्देश करना, संकेत करना, साबित करना, बताना, समझाना (*has ~n the falsity of the tale*); प्रदर्शन करना, दिखावा करना; तमाशा करना, मार्ग प्रदर्शित करना, ले जाना, रास्ता दिखाना (*~ed us round the house*); *has nothing to ~ for it* सिद्धि[F]का कोई लक्षण नहीं, सफलता[F]का कोई चिह्न दिखानेको नहीं; *on your own ~ing* आपके ही मतसे या विचारसे, आपके स्वयंके शब्दोंसे ही; *run the ~* प्रबन्ध करना, चलाना; *~ a leg* बिछौनेसे उतरना, बिस्तरसे उठना; *~ fight* संघर्षके लिए उतारू होना, लड़नेको तैयार होना, लड़ पड़ना, भिड़ जाना, मुकाबला करना, न झुकना; *~ forth* प्रदर्शित करना, उद्घाटित करना, प्रतिपादन करना, व्याख्या[F] करना, व्यक्त करना, प्रकट करना; *~ off* आडम्बर करना, सुन्दर बनाकर दिखाना, सुहावना बनाना, दिखावा करना; अपने चातुर्य या सम्पदा[F]का प्रदर्शन करना, कौशल या धन-प्रदर्शनसे चमत्कृत करना; *~ one's hand* (मूल० ताशोंमें) अपनी इच्छा[F] प्रकट करना, इरादा जाहिर करना; *~ ~ thing the fire* थोड़ा गरमाना, आँच[F] दिखाना; *~ up* स्पष्ट दृष्टिगत होना, स्पष्टतः दर्शनीय होना, अच्छी तरह दिखाई देना, प्रकट होना, सामने आना; रहस्य खोलना, भेद प्रकट करना, धूर्तता[F] प्रकट करना, पोल खोलना।

shower[1] –ॲर् n. प्रदर्शक, दिखानेवाला।

shower[2] शॉउ'ॲर् १. n. वृष्टि[F], वृष्टिपात, **वर्षण**, वर्षापात, छींटा; धारासार, **फुहारा**, फुहार[F], झींसी[F], झड़ी[F], **बौछार**[F]; (तीरों, गोलियों[F], पत्थरों और ओलेकी) बौछार[F], भरमार[F], धूल[F]का झोंका; (ला० भी, *a ~ of gifts*); २. v.t. & i. फुहार[F]में आना; (तीर, गोली[F], पानी आदिकी) झड़ी[F] लगाना, बौछार[F] करना, उपहारोंकी वर्षा[F] या बौछार[F] करना, छिड़कना; ~-bath धारा स्नान, फुहार[F] या बौछार[F]से नहाना या स्नान करना, फुहार-स्नान; ~ cloud (प्रा० भू०) **वर्षा-मेघ**; ~length (ज्यौ०) **वर्षा-आयाम**; ~meter (ज्यौ०) **वर्षोल्का**;

showered –र्ड् a. बौछारवाला, फुहारा किया हुआ *~with* ⊙ प्राप्त; *~with stone* ⊙ पत्थरोंसे पीटा गया, जिसपर पत्थरबाजी[F] की गयी हो।

showeriness –रि-निॅस् n. बौछारपन, फुहार-युक्तता[F], फुहारीपन।

showery –रि a. बहुधार, बौछार[F] या फुहारयुक्त, बौछारी, **फुहारी** (*~precipitation*); बरसाती।

showiness शो'इनिॅस् n. बाह्य प्रदर्शन, आडम्बर-प्रियता[F], आडम्बर, दिखावा, दिखावटीपन, ठाठ-बाट, तड़क-भड़क[F], टीम-टाम।

showing –इंग् a. दिखाऊ, दिखानेवाला।

showy –इ a. आडम्बरप्रिय, आडम्बरपूर्ण, सुभगालोक, भड़कदार, भड़कीला, चमकीला, दिखाऊ, दिखावटी, ठाठदार, शानदार।

shram श्रैम् v.t. (बोल०; प्रायः p.p. में) ठण्डसे अकड़ना, सरदी[F]से ठिठुरना।

shrank श्रैन्क्' SHRINK का भू० का०।

shrapnel श्रैप्'नॅल n. श्रैप्नेल गोलियाँ[F], फटनेवाली

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गोलियाँ^{F}, श्रैप्नेल बम, बमका एक भाग (जिसमें ऐसी गोलियाँ^{F} होती हैं)।

shred शे्ड्' १. n. शीर्ण तन्तु, अल्प मात्रा^{F}, क्षुद्र कण, तुच्छ मात्रा^{F}, शकल, खण्ड, (कृषि०) फाँक; वस्त्रखण्ड, पटखण्ड, टुकड़ा, कतरन^{F}, छीलन, चिथड़ा, धज्जी^{F} (*without a ~ of clothing on him*); २. v.t. (*shredded*, अप्र० *shred*) टुकड़े करना, धज्जी^{F} करना, कतरना, काटना या फाड़ना; *tear an argument etc. to ~s* तर्कको विखण्डित करना, झूठा सिद्ध करना।

shredder –'डॅर् n. शीर्णित्र, शीर्णक यन्त्र, चिथड़े-चिथड़े करनेका औजार।

shredding –डिंग् n. (चि०) चिथड़े करना।

shreddy –डि a. शीर्णवसनयुक्त, शीर्णवस्त्रयुक्त, वस्त्रखण्डयुक्त, चिथड़ोंवाला, धज्जियोंवाला।

shrew शू' n. कलहप्रिय स्त्री^{F}, वक्रशीला^{F}, कर्कशा^{F}, दुष्टा^{F}, चिड़चिड़ी या झगड़ालू स्त्री^{F}, लड़ाकू औरत^{F}, फाड़खानी^{F}, (*~-mouse*) गन्धमूषक; छुछुन्दरी^{F}, छछूँदर^{F}।

shrewd शू ड्' a प्रचण्ड, उग्र, तीव्र, तेज, सख्त, जोरका (*~ blow, turn*); विचक्षण, विदग्ध, निपुण, चतुर, सूक्ष्ममति, सूक्ष्मधी, कुशाग्रबुद्धि, बुद्धिमान्, धूर्त, चलतापुरजा, चालाक, तेज, होशियार, घाघ, खोटा, मक्कार, चण्ट, फरफन्दी (*can make a ~ guess*)।

shrewdness –'निॅस् n. विचक्षणता^{F}, वैदग्ध्य, चातुर्य, बुद्धिमत्ता^{F}, सयानापन, चालाकी^{F}, धूर्तता^{F}, होशियारी^{F}, चण्टपन, मक्कारी^{F}, शरारत^{F}।

shrewish शू 'इश् a. वक्रशीला, कर्कशा, दुष्टा, चिड़चिड़ी, लड़ाकू।

shrewishness –निॅस् n. वक्रशीलता^{F}, कर्कशता^{F}, दुष्टता^{F}, चिड़चिड़ापन, लड़ाकूपन।

shriek शीक्' १. n. उत्क्रोश, क्रन्दन, आक्रन्दन, कर्कश नाद, तीक्ष्ण चीत्कार, चिल्लाहट^{F}, कीक^{F}, चीख^{F}, किलकारी^{F}, कूक^{F}; २. v.t. & i. उत्क्रोश या कर्कश नाद करना, क्रन्दन करना, चीत्कार करना, चीख^{F} मारना, जोरसे चिल्लाना, चिंघाड़ना, कीक^{F} मारना, कूकना, किकियाना (आतंक या पीड़ा^{F}में); खूब खुलकर हँसना, कहकहा लगाना, ठट्ठा मारकर हँसना, हँसते-हँसते पेटमें बल पड़ना, हँसते-हँसते लोट-पोट हो जाना; *~ out* विलाप करना, विलपना, बिलख-बिलखकर कहना; रो-रोकर कहना।

shrieker –'कॅर् n. उत्क्रोष्टा, क्रन्दक व्यक्ति, आक्रन्दक व्यक्ति, कर्कशनादी व्यक्ति, तीक्ष्ण चीत्कर्ता, चीखनेवाला, किलकारनेवाला।

shrievalty शी'वॅल्टि n. शेरिफका पद या अधिकारक्षेत्र, शेरिफका कार्यकाल।

shrift शिफ्ट्' n. पादरीके समक्ष पाप-स्वीकृति^{F}, अपराध-स्वीकार, पापांगीकार, अपराध-स्वीकृति^{F} एवं क्षमादान; *short ~* दोषारोपण तथा दण्डादेशके बीचका अल्प समय।

shrike शाइक्' n. लटूषक, कलिंग, पिंग, लहोरा, किरौला, (हत्यारा पक्षी), कसाई चिड़िया^{F}।

shrill शिल्' १. v.t. & i. (व्यक्तिका) तीखे स्वरमें गीत गाना, तेज आवाज^{F}से गाना; जोर-जोरसे शिकायत^{F} करना; (का० या भाषण०) (चीखने या चिल्लानेकी) कर्णकटु ध्वनि^{F} करना, कर्कश स्वर बोलना, तेज और बारीक आवाज^{F} निकलना; २. a. कर्कश, उग्र, कर्णकटु, कर्णवेधी, तीक्ष्ण (*~note*), तीव्र, कटु, परुष, उत्तीव्र, किर्र, पतली और महीन, तेज और बारीक (आवाज^{F}); (ला०) अप्रिय, विरक्तिकर, अरुचिकर; दुराग्रही, हठी, हठीला, जिद्दी, अड़ियल; शिकायती।

shrillness –'निॅस् n. (ध्वनि^{F}की) कर्कशता^{F}, कर्णकटुता^{F}, परुषता^{F}, तीक्ष्णता^{F}, बारीकी^{F}, तेजी^{F}; (ला०) कटुता^{F}, अरुचिकरता^{F}।

shrimp शिम्प्' १. n. चिंगट, समुद्री केकड़ा, झींगेकी जाति^{F}का समुद्री जन्तु, श्रिम्प; जलवृश्चिक, चिंगरी, ईंचा, इंचाक; वामन, बौना, नाटा या ठिगना आदमी; २. v. i. श्रिम्प पकड़ने जाना, चिंगरी शिकार करना।

shrimper –'पॅर् n. श्रिम्पशिकारी, श्रिम्पको मारनेवाला।

shrimpish –विश् a. ईषद्वामन, वामन-सा, बौना-सा।

shrine शाइन् १. n. चैत्य, तीर्थस्थान, पावनस्थान, देवायतन, पुण्यस्थान, मन्दिर, मठ, बलिदानभूमि^{F}, वेदी^{F}, छतरी^{F}; स्मृतिस्थल, पवित्र स्मारक, यादगार^{F}; महात्माकी सुन्दर समाधि^{F}, मढ़ी^{F}, मकबरा, दरगाह^{F}, मजार, रोजा; अस्थि मंजूषा^{F}, सन्तोंके देहावशेषका सन्दूक; २. v.t. (का०) स्मारकके रूपमें सुरक्षित रखना, पवित्र वस्तु^{F}को मन्दिर या मठमें रखना, पवित्र अवशेषको मंजूषा^{F}में रखना।

shrink शिन्क्' १. n. (क०) आकुंचन, संकुचन, संकोच, सिमटन^{F}, सिकुड़न^{F}, सिकोड़न, झिझक^{F}; २. v.t. & i. (p. *shrank, shrunk*; p.p. *shrunk, shrunken*) आसंकोचन होना, संकुचित होना, आकुंचित होना, छोटा होना, सिकुड़ना, सिमटना, ठिठुरना, झुर्रियाँ^{F} पड़ना (*his face has a shrunken look*); (फलालेन आदिको)और छोटा करना, सिकुड़ा देना; कामसे जी चुराना, बचना, भागना, कतराना, दामन चुराना, धता बताना; हटा लेना; विमुख होना, संकोच करना, पीछे हटना, टलना, हिचकना, कतराना, झिझकना, ठिठकना; *~ into oneself* संयत होना, मौन होना, गुमसुम होना।

shrinkable –'कॅबॅल् a. संकुचित होने योग्य, सिकुड़ने योग्य।

shrinkage –किज् n. आकुंचन, आसंकोच, संकोचन, संकुचन, सिकुड़न^{F}, सिकोड़न^{F}; आकार या संख्या^{F}में घटी^{F}, कमी^{F};

~ allowance, ~ limit, ~ pressure, ~ ratio.

shrinker –कॅर् n. संकोची व्यक्ति, सहमनेवाला आदमी।

shrinking –किंग् n. सिकुड़ना।

shrive शाइव्' v.t. (p. *~d, shrove*; p.p. *~d, ~n*) (पश्चात्ताप या प्रायश्चित्तकर्त्ताका) पादरीके समक्ष

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पापोंसे मुक्तिF के हेतु आत्मसमर्पित करना; (पादरी द्वारा) पापकी स्वीकृतिF सुनना, पाप श्रवण करना, प्रायश्चित्तकी विधिF बताना तथा पापोंसे मुक्तिF देना।

shrivel श्रि'वॅल् v.t. & i. वलिकुचन होना, संकुचित होना या करना, झुर्रीF पड़ना या डालना, झुलसना या झुलसाना, सिकुड़ना या सिकोड़ना, सिमटना; परिम्लान होना, मुरझाना, सूख जाना या सुखाना, चुरमुर हो जाना या कर देना।

shrivelled –ड् a. वली, वलिकुंचित, आकुंचित, झुर्रीदार, सिकुड़नदार; परिम्लान, सिकुड़ा हुआ, मुरझाया हुआ।

shroff शूफ़्' १. n. (सुदूरपूर्वमें) खोटे सिक्के छाँटनेवाला; धनागार-स्वामी, महाजन, सर्राफ, बैंकर; २. v.t. (सिक्केकी) जाँचF करना, परखF करना; सर्राफीF करना।

shroffage –फ़िज् n. सर्राफीF, मुद्रापरीक्षण; मुद्रा-परीक्षाF के लिए नियुक्त आयोग।

shroud शूाउड् १. n. पिधान, आच्छादन, आवरण, पर्दा, गिलाफ, लिहाफ, ओढ़नीF, चादरF (*wrapped in a ~ of mystery*); शवपरिधान, शवाच्छादनीF, शवाच्छदन-वस्त्र, प्रेतवस्त्र, कफन; (pl.) (नौवि०) बरांडल; जहाजके मस्तूलोंकी रस्सियाँF; २. v.t. रूप परिवर्तित करना, ढँक लेना, छिपा देना, सूरतF बदल देना; कफन डालना, शवF को गाड़नेके लिए चादरF से ढाँकना, चादरF उढ़ाना।

shroudless –'लिस् a. आच्छादनहीन, आवरणहीन, बेपर्दा; शवाच्छादनीरहित, बेकफन।

shroudy –'डि a. प्रश्रयदायी, ढाँकनेवाला, आवरणपूर्ण।

shrover श्रोवर् n. (ईसाई०श्रोवटाइडके) गायक बालिकाF, गायक बालक।

Shrovetide श्रोव्'टाइड् n. श्रोवटाइड (लेण्टके ठीक पहलेका काल)।

Shrove Tuesday श्रोव्ट्यूज़्'डि n. (ईसा०) प्रायश्चित्त मंगल, ऐश बुधवार (Ash Wednesday) के पूर्व का दिन या अन्य पूर्ववर्ती दिन।

shroving –विंग n. श्रोवटाइड-उल्लास, शोवटाइड-उत्सव मनाना।

shrub[1] शूब्' n. बाल वृक्ष, (कृषि०, वन०) क्षुप (*~ layer*), गुल्म, झाड़ीF; *~ seedling* नवक्षुप, बाल झाड़ीF।

shrub[2] n. जूसमदिराF, फलोंके रस तथा मद्य-सारसे तैयार एक प्रकारका पेय।

shrubbery शू'बॅरि n. वनीF, गुल्मोद्यान, गुल्मवाटिकाF, झाड़ियाँF।

shrubbiness –बिनिॅस् n. गुल्माकीर्णताF, गुल्मावृत्तताF, गुल्माच्छादितताF, गुल्ममयताF, झाड़ीदार होना।

simple सिम्'पॅल् १. n.(चि०) वास्तविक औषधि[F]के गुण-धर्म-युक्त जड़ी[F]-बूटी[F],सिम्पल[F]; एक जड़ी[F]से तैयार औषधि[F]; २. a. ऋजु, सहज, **संवृत**, अकृत्रिम, अनलंकृत, सज्जा-रहित, अवक्र, सुगम, अजटिल, अकष्टसाध्य, सीधा, (रसा०, कलन०, गति०) **सरल**, आसान, सादा*, विना उलझनके, सीधा-सादा, विना साजबाजके (*the style is* ~); शुद्ध, अविश्लेषणीय, मात्र, केवल, निरवयव, एकरूप, सरल, असंयुक्त, अमिश्रित, निरा, खालिस; (रसा०) **साधारण**; नैसर्गिक, प्राकृतिक, स्वाभाविक, कलाहीन, अकुटिल, अकृत्रिम, कूटतर्करहित, पाखण्डरहित, सीधा-सादा, सरल आकृति एवं आचरणका (*a* ~ *person*); विनम्र, विनीत, सुशील, शालीन; सुकर, सुगम, सुबोध, बोधगम्य, सरल, सहज, शीघ्रबोध, कष्टरहित, आसान, सहल, विना कठिनाई[F]का (*the problem is very* ~); समग्र, पूरा, निर्बन्ध, बन्धन-रहित, शुद्ध, निरपेक्ष, पूर्ण, मात्र, मूल, केवल, विशेषता रहित, गुणहीन, समुचित, उपयुक्त, ठीक, सही, वाजिब; अज्ञ, अनभिज्ञ, अज्ञानी, क्षुद्रमति, अनुभव-हीन, मूर्ख, मूढ़, नासमझ, बुद्धू, नादान, अनाड़ी, फूहड़ (*am not so* ~ *as to suppose*); क्षुद्र, तुच्छ, महत्त्वहीन, अमहत्त्वपूर्ण; निम्न श्रेणी[F] या पदका, नीचे दर्जेका, मामूली; ~ equation सरल समीकरण; ~forms of life विकास-सिद्धान्तके अनुसार निचली श्रेणी[F]के जीव, साधारण जीव-जन्तु; ~fracture अव्रण अस्थिभंग, (चि०) **संवृत अस्थिभंग**, (कृषि०) **अस्थिभंग**; a. ~-hearted निष्कपट मानस, सरलहृदय, शुद्धहृदय, सीधा-सादा; ~-minded ऋजुस्वभाव, सरलचित्त, सीधा-सादा; ~ quantity सरल मात्रा[F] (जो एक ही संख्या[F]से व्यक्त हो सके); vowel सामान्य स्वर; *induction by* ~ *enumeration* कुछ थोड़ेसे उदाहरणोंके आधारपर निर्मित अनुमान; *in* ~ *beauty* अनलंकृत, सज्जारहित, विना साजसिंगारके;

~ addition, ~ arbitrage, ~ arithmetic, ~ articulation, ~ bending, ~ calculation, ~ classification, ~ competition, ~ contract, ~ conversion, ~ curve, ~ debenture, ~ deposit method, ~ derivative, ~ details, ~ dilemma, ~ epicheirema, ~ epithelium, ~ equation, ~ extension, ~ field, ~ formula, ~ fraction, ~ fruit, ~ hurt, ~ hypothesis, ~ imprisonment, ~ integral, ~ interest, ~ larceny, ~ leaf, ~ levelling, ~ machine, ~ microscope, ~ module, ~ mortgage, ~ mortgagee, ~ obligation, ~ observation, ~ pendulum, ~ pitting, ~ pivot, ~ proportion, ~ protein, ~ recall, ~ salt, ~ sentence, ~ source, ~ structure, ~ substitution, ~ term, ~ tertian, ~ translocation, ~ trust, ~ unit.

simpleness, simplicity –नि, –प्लि'सिटि nn. साधारणता[F], शुद्धता[F], एकरूपता[F], अमिश्रता[F], असंयुक्तता[F], समग्रता[F], पूर्णता[F]; उपयुक्तता[F], समुचितता[F]; सारल्य, सरलता[F], सहजता[F], अनलंकारता[F], अजटिलता[F], सीधा-सादापन, सादगी[F]; स्वाभाविकता[F], निष्कपटता[F], अकृत्रिमता[F], भोलापन; सुबोधता[F], सुकरता[F], आसानी[F]; अनुभवहीनता[F], मूढ़ता[F], क्षुद्रता[F]।

simpler – लॅर् n. शाक-चेता, जड़ी-संचयिता, बूटियाँ[F] एकत्र करनेवाला; (चि०) जड़ी-बूटी[F]-वैद्य, काष्ठौषधि[F]-वैद्य।

simpleton सिम्'पूलॅटॅन् n. अल्पज्ञ, अल्पमति, मूर्ख, मूढ़, गोबरगणेश, बुद्धू, भोंदू, गावदी, अनाड़ी, उजबक; उल्लू आदमी, अहमक।

simplex ⊙ सिम्'प्लेॅक्स् = SIMPLE.

simpliciter सिम्प्लि'सिटॅर् (L) adv. विना अभिप्रायके, विना मतलब, विना व्यंजना[F] किये हुए; केवल, मात्र; पूर्णतः, बिल्कुल।

simplicity –टि n. = SIMPLENESS.

simplification –लिफ़िके'शॅन् n. सरलन, **सरलीकरण**, सुगमीकरण, सरल बनाना; सारल्य।

simplified ⊙ –'प्लिफ़िड़ a. सरलित, सरलीकृत (~ *method*)।

simplify –फ़ाइ v.t. सरलन करना, सरलीकरण करना, **सरल करना**, सुगम करना, सुकर बनाना, सहज करना, विशद करना, सुबोध या स्पष्ट बनाना, आसान करना।

simplism –प्लिज्म n. कृत्रिम सरलता[F], मिथ्या साधुत्व, बनावटी भोलापन, दिखावटी सादगी[F]।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

simplist –लिस्ट् n. जड़ी-बूटियोंF का जानकार वैद्य ।

simulacrum सिम्यूलेक्रॅम् n. (pl. *-ra*) छायासादृश्य, छायात्मक समरूपताF, छलरूप, कपटरूप, कपट, छल, नकली वस्तुF, नकलF; (इति०) **प्रतिरूप**, मूर्त्तिF, प्रतिच्छायाF ।

simulant सि'म्यूलॅन्ट a. कृत्रिम, छद्माकारयुक्त, छद्मरूपधारी, कपटरूप, नकली शुक्रF का (*stamens ~ of petals*) ।

simulate –लेट् v.t. स्वाँग करना, छल करना, झूठा रूप बनाना; पाखण्ड करना, ढोंग करना, बनना, धारना (*~ virtue*); बिल्कुल वैसा ही व्यवहार करना, होनेका बहाना करना, भाण बनाना, भँड़ैतीF करना, वेश बनाना, रूप धारना, हूबहू मिलना, **नकलF करना**; (शब्दका) स्वांग भरना, परिवर्तित रूप धारण करना (अशुद्ध व्युत्पत्तिF के आधारपर) (*actor ~s king* etc.) ।

simulated –टिॅड् a. कूटपूर्ण, छलमय, नकली ।

simulation –लेशॅन् n. (शिक्षा०) **भ्रामक अनुरूपताF**, अनुकरण, भाणपन, नकल, **छद्म**, कपट, छल; व्याज, **बहाना**, ढोंग; मिथ्याचरण, पाखण्ड, स्वाँग, वेशपरिवर्तन; (चि०) छद्म रुग्णताF; रोगसे रोगानुकरण ।

simulative ⊙ –'म्यूलॅटिव् a. अनुकरणात्मक, भाणपनभरा, नकलवाला; कपटमय, कपटशील, मिथ्याचरणयुक्त, पाखण्डपूर्ण, छलयुक्त; व्याजात्मक, बहानेदार, ढोंगदार ।

simultaneity सिमल्टॅनी'इटि n. **समक्षणिकताF**, समकालिकताF, समकालीनताF, समसामयिकताF, **यौगपद्य**, **युगपदताF**, एकवक्तीF ।

simultaneous –टे'निॅअॅस् a. (रसा०) **समक्षणिक**, **समकालिक**, समकालीन, समसामयिक, **युगपद्**, यौगपदिक, एककालिक, **एकसाथ**, एक ही समयका, एकदम;

~ bearing, ~ congruence, ~ equation, ~ interpreter, ~ reaction, ~ reflex, ~ variation.

simultaneously –लि adv. युगपत्, साथ ही साथ, एक ही समयमें ।

simultaneousness –निॅस् n. समकालिकताF, समकालीनताF, समसामयिकताF, युगपदताF, युगपद्भाव, यौगपदिकताF, एककालिकताF, हमवक्तीF ।

simurg सिमर्ज् n. (ईरानी पुराण) सीमुर्ग, महापक्षी ।

sin. sine.

sin सिन् १. n. (सुरुचिF या सदाचारके) विरुद्ध आचरण, (ईश्वरीय विधान या नैतिक सिद्धान्तोंके विरुद्ध) अपराध, धर्मोल्लंघन, अधर्म, नीतिभंग, कल्मष, दुरित, अघ, दोष, कुकर्म, पातक, (दर्श०) **पाप**, अपकर्म, दुष्कर्म, दुराचार, पापकर्म, गुनाह; (गणित) ज्याF; २. v.t. & i. (सभ्यताF, धर्म आदिके) विरुद्ध व्यवहार करना, अपराध करना, पाप या गुनाह करना; *~*-offering पापमुक्तिF के हेतु बलिदान, उपहार, भेंटF, नज़रF, कुरबानीF, *for my ~s* (हास्य०) अपने पापोंके परिणामस्वरूप, अपने बुरे कामोंके बदलेमें; *seven deadly ~s* सात भयानक पाप (घमण्ड, लोभ, क्रोध, विलास, असन्तोष, ईर्ष्याF, आलस्य); *~ is sweet* चोरीF का गुड़ मीठा; *~ one's mercies* कृतघ्न होना, सौभाग्यके लिए भी आभारी न होना ।

Sinanthropus सिनैन्थ्रो'पॅस् n. चीनी वनमानुष ।

sinapis सिने'पिस् n. सर्षप, सरसों ।

sinapism सि'नॅपिज़्म् n. (चि०) सर्षपोपनाह, राईF की लुपड़ीF या पुलटिसF ।

since सिन्स'स १. adv. उन दिनोंसे, जबसे (*has* or *had been healthy ever ~*); २. prep. अमुक समयसे लेकर बराबर, (विशिष्ट भूतकालके) उपरान्त, पश्चात, बाद, उस समयसे (*has* or *had been going on ~ 1900* or *Christmas*); ३. conj. क्योंकि, जोकि, इसलिए कि (*a more dangerous, ~ unknown, foe*), इतना होनेपर, यह देखते हुए कि (*~ that is so, there is no more to be said*); उस समयसे, इस समय तक, अबतक, तबसे (*what have you done ~ we met ?*) ।

sincere सिन्सीअॅर् a. शुद्ध, सहज, सरल, ऋजु, हार्दिक, शुद्धमति, शुद्धात्मा, सद्भावी, स्पष्ट, अकृत्रिम, आडम्बररहित, स्वाभाविक, वास्तविक, निष्पाप, निश्छल, निर्व्याज, निष्कपट, सत्यशील, सत्यनिष्ठ, सच्चा, असल, सही, ठीक-ठीक, साफ, ईमानदार; खरा, बेलाग ।

sincereness, sincerity –'मॅस् –से'रिटि nn. (दर्श०) **सद्भाव**, सरलताF, सारल्य, शुद्धहृदयताF, निष्कपटताF, अकृत्रिमताF, विमलात्मताF, **निश्छलताF**, सत्यनिष्ठाF, यथार्थताF, ईमानदारीF, सचाईF ।

sinciput सिन्'सिपट् n. (चि०) अग्र-कपाल, अग्रोत्तर मस्तक, खोपड़ीF का अग्रभाग ।

sindon सिन्'डॅन् n. वेष्टन, आवेष्टन, वस्ता; आवेष्टनपत्र, बाँधनेका कागज, वेठन ।

sine- विना, अ-, अन- (*~ cure*) ।

sine साइन् n. (त्रिकोण०, भौ०) (*~ of arc*) **ज्याF**, लम्ब-रेखाF (जो चापके एक सिरेसे उस त्रिज्याF पर पड़ती है जो उसके दूसरे सिरेसे मिलती है), **साइन**; (*~ of angle*) लम्ब-रेखाF का त्रिज्याF के साथ अनुपात;

~ condition, ~ curve, ~ galvanometer, ~ inverse, ~ law, ~ method, ~ positoion, ~ vibrator, ~ wave.

sinecure साइ(सि)' नि क्युॲर् n. कार्यभाररहित नौकरीF, सक्रिय-सेवा-शून्य वैतनिक पद, चैनकी नौकरीF, आरामकी नौकरीF ।

sinecurism –रिज़्म् n. कार्यभाररहित, जीविकावाद, बिना कामकी चैनकी नौकरीF का ढंग ।

sinecurist –रिस्ट् n. कार्यभारविहीन वेतनभोगी, कुछ न करके पूरे वेतन और पदप्राप्तिF का पक्षपाती ।

sine die (L) prep. अनिश्चितकालके लिए, **अनियतकालके लिए** ।

sine dubio (L) निस्सन्देह; असन्दिग्ध ।

sine nomine (L) अनाम ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sine prole (L) a. निस्सन्तान ।
sine qua non (L) अनिवार्य ।
sinew सि'नीऊ १. n. स्नायु^F, अस्थि-मांसपेशी-संयोजक कण्डरा^F, नस^F; (pl. शिथिलतः) मांसपेशी^F, पुट्ठा; बलशालिता^F, बलवत्ता^F, शारीरिक शक्ति^F, जोर, ताकत^F; (ला०) स्रोत, साधन, संचालक शक्ति^F; २. v.t. (का०) संघटित रखना, सम्हालना, धारना; कण्डरा^F के काम आना; गाँठना, गूँथना, जोड़ना; पुष्ट करना; the ~s of war युद्ध-साधन (धन, सैन्य-सामग्री^F आदि) ।
sinewed –ड् a. सस्नायु, स्नायवित, स्नायुयुक्त, शिरामय, कण्डरामय, नसदार; बलयुक्त, दृढ़, पुष्ट, जोरदार ।
sinewiness –ऊइ'निॅस् n. स्नायुयुक्तता^F; बलशालिता^F, बलवत्ता^F, शक्तिमत्ता^F, बल, पुष्टता^F, दृढ़ता^F, मजबूती^F ।
sinewless –ऊ'लिॅस a. (चि०) स्नायुरहित; कण्डरारहित; शक्तिहीन, कमजोर ।
sinewy –ऊइ a. स्नायुमय, कण्डरायुक्त; पुष्ट, प्रबल, सबल, बलवान्, पुष्ट, ताकतवाला ।
sinful सिन्'फ़ुल् a. दुष्ट, आततायी; धर्मोल्लंघक, नीतिभंजक, कल्मषी, दुरितमय, अघमय, पातकी, पापी, पापात्मा, कुकर्मी, दुष्कर्मी, दुराचारी, गुनाहगार ।
sinfulness –नि स् n. दुष्टता^F, आततायिता^F; धर्मोल्लंघता^F, नीतिभंग, पाप, कल्मषता^F, अघमयता^F, पातकिता^F, पापीपन, पापमतिता^F, दुराचारिता^F, गुनाहगारी^F ।
sing. singular.
sing सिन्ग्' v.t. & i. (*sang, sung*) ध्वनि^F निकालना, गान गाना, गायन करना, गीत गाना, चहकना, गलेसे सुर निकालना (*birds were ~ing*); गाना, अलापना; ध्वनि^F निकालना, गुंजारना, गूँजना, भनभनाना, कूजना, चहचहाना, सीटी^F की आवाज^F निकालना (*wind, kettle, bee, ~s*); (कानोंका) बजना, गूँजना (*have a ~ing in* one's *ears*); काव्यरचना^F करना, कविता^F कहना (सौन्दर्य, महान् घटना^F, वीर पुरुष आदिपर); अतीत या आगामी वर्षकी गायनसे विदाई^F या स्वागत करना; गाकरके प्रसन्न करना या सुलाना; ~ *another song* or *inne* धीमा स्वर करना, स्वर बदलना; ~ *small* अत्यधिक विनम्र होना या विनीत होना, विषण्ण या उदास होना, हीन होना; ~ one's *praises* प्रशंसा^F करना, गुण गाना, तारीफ^F करना; ~ *out* घोषणा^F करना, चिल्लाना, जोरसे पुकारना ।
singable –'गॅबॅल् a. गेय, गाने योग्य, गाने लायक ।
singe सिन्ज्' n. & v.t. & i. झुलसना, झुलसाना, थोड़ा-थोड़ा जलना या जलाना, अधजला करना, दागी करना, दाग लग जाना; ~ one's *feathers* or *wing* किसी बड़े कामके यत्नमें हानि^F उठाना, नुकसान सहना ।
singer सिन्'गॅर् n. गायक, गानेवाला, गवैया ।
Singhalese सिन्गॅलीज़् n. सिंहली, सीलोनी (भाषा^F) ।
singing सिन्'गिंग् १. n. गायन, गाना; गीत, गीति^F; २. a. गायक (*~ arc, frame*), गानेवाला; ~ing-man वैतनिक गायक; ~ing-voice आरोह-अवरोहपूर्ण ध्वनि^F, सुरीली ध्वनि^F ।
single[1] सिन्'गॅल् १. n. क्रिकेटमें एक रनकी हिट^F (जिसमें कुल एक ही रन बनाया जा सके); एक-एकका खेल (जिसमें दोनों ओर एक-एक खिलाड़ी हों); इकहरा टिकट; (ताशके छोटे हिस्ट खेलमें) ५-४ से जीता हुआ दाँव या बाजी^F; (pl.) इकहरे तारोंसे बटे हुए रेशमी धागे; २. a. एकी, एकल, केवल, एक व्यक्तिके लिए अथवा एक जनके द्वारा प्रयुक्त या सम्पादित, अविभक्त, एक, एकमात्र, एकनिष्ठ, केवल एक, इकहरा; एक ओरका; स्वतन्त्र; निरवलम्ब, असहाय, एकान्त, ऐकान्तिक; एकाकी, अद्वितीय, अकेला, तनहा (*a ~ tree stands on the ridge*); अनूढ़, अविवाहित, कुँवारा; (निषेधात्मक प्रयोगोंमें) न्यून, बिलकुल एक, एक भी, कोई भी (*did not see a ~* one); निपुण, चतुर, निष्कपट, विश्वासी, स्थितिशील, द्विविधा-रहित, निश्छल, सत्य, अमिश्रित, शुद्ध, सच्चा, दृढ़, खरा, पक्का, वेलाग; a ~ eye उद्देश्यानुरक्ति^F, लक्ष्यासक्ति^F, एक धुन^F, एकमात्र लगन^F या लगाव; ~ affection अनन्यभाव; ~ bed एक शायिका^F, एक पलंग, इकहरा बिछौना; अकेलेका बिछौना; ~ blessedness (हास्य०) अविवाहित अवस्था^F, कुँवारेका जीवन; कुँवारापन; ~ court लॉन टैनिस आदिमें एक-एकके खेलका मैदान; ~ game एक-एकका खेल (जिसमें दोनों ओर एक-एक खिलाड़ी हो); ~-handed एकाकी, अकेला; ~ heart *or* mind चरित्रकी सरलता^F, आर्जव, सारल्य, सादगी^F; ~-hearted एकचित्त; ~-line spacing इकहरा अन्तर; ~-storeyed एकतला, एकमंजिला;

~ account, ~ account system, ~ acting, ~ adult, ~ agreement, ~ arm, ~-banked, ~-barrelled, ~ berth, ~-bodied, ~ bond, ~ brass, ~-breasted, ~ butt joint, ~-celled, ~-chamber, ~ colour printing, ~ combat, ~ condition, ~ cost, ~ cost accounts, ~ costing, ~ cover, ~ crop, ~ crop area, ~ crystal, ~ cusp, ~ cuspid, ~-decker, ~-deck vessel, ~ disc, ~ dose, ~ driver locomotive, ~ drop, ~-edged, ~ ~ endowment, ~ engined, ~ entry, ~ entry system, ~ epicheirema, ~ event, ~-eyed, ~ fare, ~ file, ~ flap door, ~ floor, ~-foot, ~-grained, ~ holder, ~ integral, ~ ionization, ~ journey, ~ lath, ~-layered, ~ lens, ~ line, ~-line stream, ~-loader, ~ lock, ~-mantled flame, ~-notched, ~ option, ~ pan, ~ phase motor, ~ piece, ~ pole tent, ~ pulley, ~-riveted, ~ round, ~ row, ~-seater, ~ shear, ~ slip crossing, ~ standard, ~ stem silviculture,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ stick, ~ stitch, ~ strap, ~ suites, ~-surfaced, ~ tabulation, ~ tax, ~ tax system, ~ tender, ~-textured, ~-threaded, ~ ticket, ~ touch, ~ transaction, ~ transfer, ~ transferable vote, ~ tree, ~ trial, ~ unit, ~ unit train, ~-valued, ~ weights, ~ woman, ~ yarn, ~ yoke.

single[2] v.t. (*out* के साथ, किसी विशेष अभिप्रायके लिए बहुतोंमेंसे एक) निकालना, उदाहरणके रूपमें चुनना, निराना, छाँटना।

singleness –निॅस् n. निःसंगता[F], ऐकान्तिकता[F], एकाकीपन, अकेलापन, तन्हाई[F]; असहायता[F]; अविभक्तता[F]. कैवल्य, अनन्यभाव, अनन्यता[F]; इकहरापन; निपुणता[F], निष्कपटता[F], द्विविधाहीनता[F], दृढ़ता[F], सचाई[F]।

singlet सिन्'लिॅट् n. एकक रेखा[F]; कुर्ता या कमीज[F]के नीचे पहननेका वस्त्र, फतुही[F], बनियान[F]; a. (रसा०) एकक, एकल।

singleton सिन्'ग्लॅटॅन् n. एकमात्र वस्तु[F], एकमात्र सन्तान[F] या बच्चा आदि; खिलाड़ीके हाथमें एक रंगका एकमात्र पत्ता।

singsong सिन्'सॉन्ग् १. n. कुत्सित स्वर, आरोह-अवरोह-विहीन लय, एक-सी लय[F] या धुन[F]; कुगीत, अताई गान; बोलचाल[F]में एकरूप या नीरस उतार-चढ़ाव; अताई गानकी सभा[F]; २. v.t. & i. (कविता[F] आदिका) एक लय[F]में पाठ करना या एक लय[F]में बोलना, बेसुरा गाना; ३. a. नीरस, एक ही लय[F] या धुन[F]में गाया हुआ।

singular सिन्'ग्यूलॅर् १. n. (व्या०) एकवचन; एकवचनात्मक शब्द; २. a. एकवचनात्मक, एकवाची; व्यष्टिगत, व्यक्तिगत, वैयक्तिक, एकनिष्ठ, एकमात्र, अकेला; विचित्र, विलक्षण, विस्मयकारी, अद्भुत, लोकोत्तर, अलौकिक, असामान्य, विशिष्ट, असामान्य, असाधारण, अनूठा, अनोखा, निराला, औसतसे परे (~ *point*); (अव क०) अनन्य, अप्रतिम, अद्वितीय, अपूर्व, अनुपम, विलक्षण, बेजोड़; परम्पराविरुद्ध, विचित्र रूपमें व्यवहार करनेवाला, विक्षिप्त-सा, पागल-सा, बेढंगा, बेतुका; ~ number एकवचन; *all and* ~ सामूहिक रूपसे या व्यक्तिगत ढंगसे, अलग-अलग;

~ form, ~ integral, ~ judgment, ~ matrix, ~ point, ~ proposition, ~ solution, ~ tengent, ~ term, ~ transformation.

singularism –रिज़्म् n. एकसत्तावाद, एकशक्तिवाद, एकेश्वरवाद, अद्वैतवाद।

singularist –रिस्ट् n. एकसत्तावादी, एकशक्तिवादी, एकेश्वरवादी, अद्वैतवादी।

singularity –लैॅरिटि n. एकवचनात्मकता[F]; एकमात्रता[F]; (ऋतु०) विशिष्टता[F], असाधारणत्व, असाधारणता[F], विलक्षणता[F], लोकोत्तरता[F], (ग०) विचित्रता[F], अपूर्वता[F] इत्यादि विशेषणगत अर्थोंमें; असंगति[F]।

singularization –लॅराइज़ेॅशॅन् n. एकवचनीकरण।

singularize –'ग्यूलॅराइज़् v.t. एकवचनका रूप देना, एकवचन बनाना।

singultus सिंगल्'टॅस् n. हिक्का[F], हिचकी[F]।

singulum ⊙सिन्'ग्यूलॅम् n. (चि०) वक्र पूलिका[F]।

sinh. hyperbolic sino.

Sinhalese सिनॅलीज़् a. & n. सिंहली, सीलोनी (भाषा[F] या सिंहलवासी)।

sinical सि'निकॅल् n. ज्या-विषयक, ज्या-सम्बन्धी।

Sinicize सि'निसाइज़् v.t. & i. (चीन देश) चीनीकरण करना, चीनी बनाना; चीनीकृत होना, चीनी बनना।

Sinify सि'निफ़ाइ v.t. = SINICIZE.

sinister सि'निस्टॅर् a. घोर पातकी, पापी; दुष्ट, कुटिल, वक्र, बुरा; अमंगल, अमंगलसूचक, दुर्भाग्यजनक, अशुभ, अकल्याणप्रद, अपशकुनयुक्त, मनहूस; (हास्य०) वाम, बाँया; खल, अनिष्टकारी, दुष्ट, कुटिल, कुरूप, बुरा, भद्दा, बदसूरत (रूप, दृष्टि[F] या चेहरा); (अग्रदौ०) ढाल[F]की बायीं ओरका।

sinistrad सि'निस्ट्रैड् adv. वामाभिमुख, बायीं ओर।

sinistral सिनिस्'ट्रॅल् a. (क्व०) वामस्थ, (जीव०) वामावर्ती (~ *set*), वामपार्श्ववर्ती, बायीं ओरका; बायीं ओरको घूमनेवाले वृत्त या चक्रवाला, उलटे छल्लोंवाला (शंख); (चि०) वामहस्त, खब्बा।

sinistrality –ट्रै'लिटि n. (शिक्षा०) वामपार्श्वता[F], बायाँपन; (चि०) वामहस्तता[F], खब्बापन।

sinistration –ट्रे'शॅन् n. वामाभिमुख वक्रता[F], बायीं ओरको या उल्टी वर्तुलता[F]।

sinistro- वाम- (~*cerebral*, ~*rsal*)।

sinistrorsal –ट्रॉर्'सॅल् a. = SINISTRAL.

sinistrous –'निस्ट्रॅस् a. = SINISTRAL.

sink[1] सिङ्क्' n. (ऋतु०) कुंड-क्षेत्र; (ग०) निष्कास; जलनिर्गम, (रसा०) अपवाहिका[F], गन्दे पानीका कुण्ड, (यंत्र०) हौदी[F], गड्ढा, नावदान, नाली[F], मोरी[F] (अव प्रायः ला०; *the Chinese quarter is a ~ of iniquity*); दलदल या पोखर; सीसे या चीनी मिट्टी[F]की ऊँची-सी नाँद[F]; रंगमंचका खुला भाग (जिसमेंसे पर्दा उठता है और गिरता है); ~-hole अवतरण रन्ध्र, घोल-रन्ध्र।

sink[2] v. t. & i. (p. *sank*, p.p. *sunk*, *sunken*) डूबने देना, जल या भूमि[F]के नीचे भेजना, डुबोना, गर्क करना (*would sooner ~ the ship than surrender*); डूबना; अदृष्ट बनाना, दृष्टि[F]के परे करना, कोई संकेत न करना, रहस्य या पृष्ठभूमि[F]में रखना, छिपाना, आँखों[F]से ओझल करना, चुराना, लुकाना, लुकना; डुबोना, बैठाना, धँसाना, तल नीचा करना, उतारना; गलाना, नाश करना, बिगाड़ना; खनन द्वारा निकालना, खनना, खोदना, कुरेदना, उरेहना; पैठना, बींधना, छिदना, धँसना, रास्ता बनाना, घुसना (*lesson sank into the mind* or *memory*); पतित होना, अधःपतित होना, पतन या ह्रास होना, धीरे-धीरे नीचेकी ओर

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गिरना, दबना, झुकना, अस्त होना, क्षितिजके नीचे जाना या डूबना, ढलना, नीचे बैठना, (*sun is ~ing*); मृत्युF को प्राप्त होना या नष्ट होना, क्रमशः समाप्त होना; गिरना, उतरना (*my spirits sank*); तहF या पेंदेमें बैठना, जमना; निराश होना, हताश होना, साहस छोड़ना, मन गिरना, दिल बैठना, कुम्हलाना, हिम्मतF टूटना; *darkness sank upon the scene* अँधेरा छा गया; *dye ~s in* रंग घुलता है; *her eyes sank* नेत्र विनत हो गये, आँखेंF नीचे झुक गयीं; *here goes, ~ or swim* डूबें या पार लगें अब तो नाव पानीमें डाल दी; *life is ~ing* जीवनका अन्त हो रहा है, जिन्दगीF खतम हो रही है; *~ a die* ठप्पे बनाना, मुहरF खोदना; *~ a fact* किसी बातF को अप्रकट रखना, गुप्त रखना; *~ in one's estimation* किसीकी दृष्टिF में हीन होना, नजरोंF में गिरना; *~ shaft, well* कुँआ खोदना या जमीनF में छेद करना, *voice ~s* आवाजF मन्द होती है, धीमी होती है, बैठती है।

sinkable –'कॅबॅल् a. डूबने योग्य, नीचे गिरने लायक; धँसने योग्य, घुसने लायक; डुबाने, छिपाने या खोदने योग्य।

sinkage –'किज् n. निषदन, नीचे बैठना।

sinker –कॅर् n. डूबने या डुबोनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); निमज्जक (*~ method*)।

sinking –'किंग् a. धँसता हुआ; n. धँसना; गलाना, गलान, डूबना या डुबोना इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); आन्तरिक क्षोभ, अवसन्नताF, आतंक अथवा क्षुधाजनित अवसाद, दिल बैठना; ~-fund (का०) निक्षेपनिधिF, ऋणनिवारण-निधिF, (वाणि०, अर्थ०) शोधन-निधिF, ऋणपरिशोध-कोष, धीरे-धीरे ऋणपरिशोधक धन, कर्जअदाई-फण्ड; the ~-fund ऋणशोधननिधिF; *raid the ~-fund* इस प्रकारके बचतF के धनको भी वर्षमें किन्हीं और मदोंमें लगा देना।

sinless सिन्'लिॅस् a. निष्पाप, पापरहित, पापहीन, पाप-मुक्त; निर्दोष, अनघ, निरपराध, पवित्र, बेगुनाह।

sinlessness –निॅस् n. पापहीनताF, पापमुक्तताF, निर्दोषताF, अनघत्व, बेगुनाहीF।

sinner –'नॅर् n. पापी, पातकी, दोषी, कुकर्मी, पाप करनेवाला, बदकार (प्रायः हास्य०, *you young ~*)।

Sino- चीन-, चीनी- (*~phobia, ~-Japanese, ~-Indian*)।

sinogram सि'नॅग्रैम् n. चीनी लिपिF, चीनी अक्षर।

sinologer –नॉ'लॅजॅर् n. = SINOLOGUE.

sinological –नॅलॉ'जिकॅल् a. चीन-शास्त्र-विषयक, चीनी भाषा-सम्बन्धी, चीनी इतिहास-सम्बन्धी।

sinologist –नॉ'लॅजिस्ट् n. चीनशास्त्री, चीनी भाषाF, इतिहास या रीतिनीतिF आदिका विशेषज्ञ।

sinologue –'नॅलो(लॉ)ग् n. चीनी भाषाF या इतिहास तथा राजनीतिF आदिका पण्डित।

sinology –नॉ'लॅजि n. चीनशास्त्र, चीनी भाषाF या इतिहास तथा रीति-नीतियोंF आदिका शास्त्र।

sinophil –'नॅफिल् a. चीनी-पर, चीनी प्रिय, चीनी भाषाF या संस्कृतिF का प्रेमी।

Sinophobe –फोब् n. चीनी-भीतिF, चीनी भाषाF या व्यक्तिका भय।

sinter सिन्'टॅर् n. साद, निसाद, संपुंजन, सोतोंकी तहF-में जमी हुई मिट्टीF आदिसे निर्मित सैकत्य (बालूF का) या चूर्णीय (चूनेकी) चट्टानF, (प्रा० भू०) T.

sinuate[1] सि'न्यूएट v.t. वक्रित करना, लहरदार करना।

sinuate[2] a. (विशे० वन०) वक्रप्राप्त, तरंगी, लहरीला, लहरीली, लहरदार, पेचदार।

sinuated –टिॅड् a. = SINUATE[2].

sinuation –ऐ'शॅन् n. तरंगीयताF, तरंगिताF, लहरियापन।

sinuose ⊙ सि'न्यूओस् a. = SINUOUS.

sinuosity –ऑ'सिटि n. वक्रिमाF, वक्रताF, कुटिलताF, कौटिल्य, तरंगीयताF, तरंगिताF, लहरपन; मोड़।

sinuous –'न्यूॲस् a. वक्र, वक्रमय, तरंगित, तरंगायित, तरंगाकार, जिह्म, सर्पिल, असरल, कुटिल, लहरीला, (वन०) लहरदार, चक्करदार, पेंचदार, टेढ़ा-मेढ़ा।

sinus साइ'नॅस् n. (pl. *-uses, -us*) (श० र० शा०, जन्तुवि०) नालीF, (चि०) विवर, (वन०) कोटर, छिद्र, गर्त, थैलीF के आकारका खोल; (कपालास्थियोंF के वायुपूर्ण) विवर या कोटर; (वन०) खाँचिकाF, पत्तेके दोनों भागोंके बीचमें बननेवाली नालीF-सी; (चि०) शिरानाल, (निदान०, चि०) नालीव्रण, नासूर, नलीF की शल्कF का फोड़ा; T.; *~ venosus* (चि०, जीव०) शिरापात्र; विवर पात्र; vinous ~ (चि०) सिरानाल (सिरागत रक्तसे भरी हुई बड़ी नालीF)।

sinusitis –साइ'टिस् n. छिद्रदाह, गर्तदाह, गह्वरप्रदाह, गह्वरका शोथ।

sinusoid –'साॲड् n. (ग०) ज्यावक्र; (चि०) विवरिकाF।

sinusoidal –'डॅल् a. ज्यावक्रीय;
~ oscillation, ~ spiral, ~ vibration, ~ wave.

-sion शर्तF, अवस्थाF एवं क्रियाद्योतक भाववाचक संज्ञाF बनानेमें, (*suspen~, ten~*)।

sion, cion सिऑन् nn. (वन०) रोप्य प्ररोह, कलमF।

Sioux सू'स्यू १. n. उत्तरी अमेरिकी इण्डियन कबीलेका सदस्य, सूज़; २. a. सूज़से सम्बन्धित।

sip सिप् १. n. आचमन; घूँट, चुसकीF; २. v.t. & i. आचमन करना; घूँट-घूँटसे या थोड़ा-थोड़ा करके पीना, चूसना, चुसकीF लेना, सुड़पना, सुड़कना।

sipahee सी'पॅही n. सैनिक, सिपाही।

sipe[1] साइप्' n. स्रुतिF; स्राव, निस्यन्द, निस्यन्दन, चुआव, रिसना।

sipe[2] v.i. स्राव करना, निस्यन्दित होना, चूना, टपकना, रिसना।

siphon साइ'फॅन् १. n. उपक्षेपणीF, वक्रनालीF, V के

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आकारकी एक ऊँचे और एक नीचे पेंदेवाली नली[F] (जिसके द्वारा पीपा आदिसे तरल पदार्थ निचली सतह[F]पर प्रवाहित किया जा सकता है), (जीव०) नाल, जलनाल, निनाल, (चि०, भौ०) साइफन; (~*bottle* के अर्थमें भी) सोडा-वाटरकी दोतल[F]; (जन्तुवि० *siphuncle* के अर्थमें भी) घोंघों इत्यादिकी निनालिका[F], कुछ कीटाणुओंकी नाली[F] (जिससे वे अपना खाद्य चूसते हैं); २. v.t. & i. निनाल-से प्रवाहित होना या प्रवाहित करना, साइफनमेंसे बहना या निकलना (*water is ~ing from the vase on the tablecloth*);

~ barometer, ~-cup, ~ extractor, ~-gauge, ~ spillway, ~ trap, ~ tube, ~-wick-lubricator.

siphonage –निज् n. टेढ़ी नली[F] (साइफन) मेंसे प्रवहण, बहाव, बहना।

siphonal, siphonic –नॅल्, –फॉ'निक् aa. टेढ़ी नली[F]का या उसके समान, साइफनका।

siphonate –नॅट् a. निनालाकृति, निनालाकार, निनाल-सदृश, साइफन-जैसा।

siphuncle साइ'फन्कॅल् n. (प्राणिवि०) = SIPHON.

siphunculated –'क्यूलेटिड a. सनिनाल, निनालिकामय, निनालिकायुक्त, साइफनवाला।

sipper सि'पॅर् n. आचमक, आचमनकर्ता, घूँट-घूँट पीनेवाला, चुसकी[F] लेनेवाला।

sippet सि'पिट् n. टोस्ट या तली हुई रोटी[F]का टुकड़ा; किसी तरल पदार्थमें भींगा हुआ रोटी[F]का छोटा टुकड़ा।

S.I.R. Scientific & Industrial Research.

sir सर' १. n. श्रीमन्, **श्रीमान्, महोदय,** महाशय, भगवन्, आर्य, प्रभु, महाराज, जी, (मालिक या अपनेसे बड़े या भवनके अध्यक्षके लिए सम्बोधन-रूपमें प्रयुक्त), साहब, सरकार, जनाब, हुजूर, हजरत, सर; नाइटों और बैरनोंकी प्रतिष्ठासूचक उपाधि[F], बहादुर, सर (*S~ John Moore*); २. v.t. 'महाशय', 'सर' इत्यादि कहकर सम्बोधन करना, श्रीमान् कहना (*don't ~ me*);।

sircar सर्'कॅर् n. सरकार[F]।

sirdar सर्'डॅर् n. (मिस्रमें) सेनाध्यक्ष, प्रधान सेनापति, फौज[F]का सिपहसालार, (भारत आदिमें) नेता, पथप्रदर्शक, अग्रणी, अगुआ, सरदार।

sire साअॅर' १. n. (सम्बोधन) श्रीमन्, महाराज, देव, श्रीमदेव, सरकार, हुजूर, जहाँपनाह; (का०) जनक, तात, पिता या पूर्वपुरुष, पूर्वज, पुरखा, दादा; नर, (पशु०) **प्रजनक साँड़,** साँड़, भैंसा, पड़वा आदि (जो नस्ल[F] बनानेके लिए पाला जाय); २. v.t. (साँड़ोंका) उत्पन्न करना।

siren साअॅ'रिॅन् n. मृत्सर्पिका[F]; समुद्री अप्सराएँ[F] या आधी स्त्री[F] और आधी पक्षीरूप (जो अपने संगीतसे भटकनेवाले समुद्री यात्रियोंको आकर्षित कर लेती हैं), सायरिन[F], लोभयित्री[F], मायिनी[F], मायाविनी स्त्री[F], मोहिनी[F], कुट्टिनी[F], ठगिनी[F], खतरनाक रूपसे लुभानेवाली औरत[F], (गुण०) बहुत ही अधिक मोहक, आकर्षक, लुभावनी (~ *appearance*); सुमधुर गायिका[F]; (इति०) T.; प्रशृंग, भोंपू, खतरे या चेतावनी[F]की सूचना[F] देनेवाला यन्त्र; श्रवण-सम्बन्धी प्रयोगों या ध्वनि-वर्धनमें काम आनेवाला यन्त्र।

sirenes साअॅरिनिस् (इति०) जलपरी[F]।

sirenian साअॅरी'निअॅन् n. & a. दुधारू मछली[F]की (जाति[F])।

sirenic –रे'निक a. मायिनी, मायाविनी, मोहिनी, आकर्षक।

sirius सि'रिअॅस् n. (ज्यौ०) लुब्धक।

sirloin सर'लॉएॅन् n. बैलके पुट्ठेके मांसका सर्वोत्तम भाग, पुट्ठा।

sirocco, sci- सिरॉ'को, सि- n. (pl. *-s*) उष्णानिल, सहाराकी उष्ण वायु[F]का इटैलियन नाम, लू, (इटलीमें) जाड़ेमें चलनेवाली गर्म ऊमसदार हवा[F]।

sirrah, sir(r)ee ⊙ सि'रा, सरी nn. जी, अजी, अरे, रे, अबे!

sirup साइ'रप् a. = SYRUP.

-sis क्रिया[F] अथवा अवस्था[F] (*the ~*)।

sisal-grass, -hemp सि'सॅल्-ग्रास्, -हेम्प् nn. गौरशण, अमेरिकी घीकुवाँरका सन, सुतली[F]; (कृषि०) **बाँस केवड़ा, केतरी**[F]।

siskin सिस्'किन् n. चटिका[F], क्षुद्र गायक पक्षिविशेष, एक हरा छोटा गायक पक्षी।

sissoo सि'सू n. शीशम।

sissy ⊙ सि'सि n. दूधमें भिगोया रोटी[F]का टुकड़ा, मिल्क-सॉप।

sist[1] सिस्ट्' n. स्थगन, बन्द करना।

sist[2] v.t. आह्वान करना, बुलाना; स्थगित करना, बन्द करना।

sister* सिस'टॅर n. भगिनी[F], सहोदरा[F], स्वसा[F], बहिन[F]*, दीदी[F], जीजी[F], बीबी[F], धर्मभगिनी[F], धर्मबहिन[F], सौतेली बहिन[F]; (किसी सम्प्रदाय या वर्ग या मानव-समूहसे सम्बन्धित) मित्र-सदस्या[F]; भगिनी[F], बहिन[F], सहेली[F], सखी[F]; भगिनीवत् गुण या वस्तु[F] (जिसकी बहिन[F]से तुलना[F]की जावे, जैसे *prose, younger ~ of verse*); भिक्षुणीवर्ग या भगिनी-समाजकी सदस्या[F], धार्मिक महिला-मण्डलकी सदस्या[F]; उपचारिका[F], महोपचारिका[F], नर्स[F], सिस्टर[F], अस्पतालकी बड़ी नर्स[F], half-~ सौतेली बहिन[F]; S~ Anne वह व्यक्ति जो किसी दूसरेके स्थानपर आनेवालेकी प्रतीक्षा[F] कर रहा हो; ~ german सगी बहिन[F], ~-in-law साली[F], जीजी[F], बीबी[F], ननद[F], नन्द[F], भाभी[F], भौजाई[F], देवरानी[F], जिठानी[F], ~ of mercy नर्सों[F]के भगिनी-मण्डलकी सदस्या[F]; ~ ships (नौवि०) युगल पोत, **जोड़ीका जहाज**; एक आकार-प्रकारके जहाज।

sisterhood –हुड् n. भगिनीत्व, भगिनी-सम्बन्ध, बहनापा, बहिन[F]का रिश्ता; भगिनी-गण, भगिनी-मण्डल, भगिनीसमाज, बहिनसमाज।

sisterless –लॅस् a. भगिनीहीन, बिना बहिन[F]के

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बेबहिनका ।

sisterliness –लिनिॅस् n. भगिनीभाव, बहनापा ।

sisterly –लि a. भगिनीवत्, भगिनीयोग्य, स्वस्त्रीय, बहिन-जैसा; स्नेहशील, स्नेहपूर्ण ।

siste, viator (L) यात्री, ठहरो ।

sistrum सिसट्रम् (इति०) झाँझ ।

sisyphean सिसिफी'अॅन् a. निरन्तर अध्यवसायशील, अविराम परिश्रमी, बहुत मेहनती, सिसीफसकी भाँति ।

sit सिट' v.t. & i. (*sat*) उपवेशन करना, आसन ग्रहण करना, बैठना, तशरीफ[F] रखना; किसी व्यवसायमें लगना (जिसमें कि बैठा रहना पड़े); घोड़ेपर आसन जमाये रखना, जमकर बैठना, अच्छी तरह बैठना (*he could not ~ his mule*); (पक्षियों या कुछ पशुओंका) पैर मोड़कर बैठना, बसेरा लेना; (मुख्यतः निर्जीव वस्तुओं[F]का) स्थित होना, स्थिर होना, टिकना, रुकना, रहना, बैठना, पड़ना, लगना, थमना (बहुत कुछ स्थायी रूपसे); बैठाना, टिकाना, लगाना; ~ *at home* निष्क्रिय होना, बेकार होना, बेकार पड़े रहना, आलसी होना; ~ *down* बैठ जाना, धरना मारकर बैठना; ठहर जाना ⊙; ~ *down under* (अपमान आदिको) भयपूर्वक सह लेना, चुपचाप पी जाना; ~ *for borough* etc. पार्लियामेण्ट[F]में किसी क्षेत्रका प्रतिनिधित्व करना; ~ *for fellowship* etc. किसी छात्रवृत्ति[F]के लिए परीक्षा[F]में बैठना; ~ *for* one's *portrait* चित्र खिचवानेके लिए बैठना; ~ *in judgement* आलोचक होना, छिद्रान्वेषण करना, नुक्ताचीनी[F] करना; दूसरोंपर निर्णय देनेका अधिकार लेना; ~ *on* or *upon* (पंच इत्यादिका) सत्र चलाना, इजलास बैठना; ~ *on his head* (ग्रा०) भर्त्सना[F] करना, बुरा-भला कहना, दबाना, दबाव डालना, डाँटना, सिरपर चढ़ना (*he wants ~ting upon*); गिरे हुए घोड़ेको शान्त रखनेके लिए सिरपर बैठना; ~ *out* दूसरे मेहमानोंके जानेके बादतक ठहरना या किसी खेलकी समाप्ति[F]तक रुकना या बैठे रहना; बाहर बैठना, खुली हवा[F]में बैठना; किसी बात[F]में सम्मिलित न होना, भाग न लेना, शामिल न होना; ~ *tight* (बोल०) स्थिर रहना, चंचल या अस्थिर न होना, पक्का रहना, किसी तरफ न खिंचना, जमकर बैठना, जमे रहना, ढीठ बने रहना; ~ *under* किसी धार्मिक सभा[F]में सम्मिलित होना; ~ up ⊙ आँख[F] खोलनेवाला; ~ *up* सीधे बैठना, तनकर बैठना, बिस्तर छोड़ना, उठ बैठना, लेटनेसे उठ बैठना (*make* one ~ *up* उठाना); (बोल०) पीड़ित या विस्मित करना, कठिन काम कराना, चक्करमें डालना; ~ *up and take notice* (बोल०) अपने स्वार्थपर एकाएक दृष्टि[F] जाना, चौंक उठना, स्वार्थकी याद[F] आ जाना; ~*s well* घोड़ेपर खूब बैठता है, अच्छी सवारी[F] करता है ।

sitar सिटार' n. सितार ।

site साइट' १. n. स्थिति[F], अवस्थिति[F], संस्थिति[F], स्थान, अवस्थान, स्थल, सन्निवेश, आस्पद, भूमि[F], ठिकाना, मौका, जगह[F], जमीन[F] (भवन इत्यादिके लिए); घटनास्थल; २. v.t. स्थित करना, बसाना, बैठाना, रखना, जमाना; ~ class, ~ conversation, ~-crowded, ~ factor, ~ maintenance, ~-plan, ~ planner, ~ quality, ~ value.

sith सिथ्' conj. तो, तब, तिसपर, उसे देखकर ।

siting साइ'टिंग् n. (परि०) **स्थान-निर्धारण** (~ *board*), स्थान चुनना; तोपें[F] लगाना ।

sit(i)o- भोज्य-, खाद्य-, भोजन- (~*ology*, ~*ophobia*) ।

sitiology साइटिऑ'लॅजि n. = SITOLOGY.

sitology –टॉ'लॅजि n. (चि०) आहार-विज्ञान, पथ्य-विज्ञान, पथ्यशास्त्र ।

sitomania –टॅमे'निअॅ n. (चि०) महाशनोन्माद; अति-क्षुधा[F] ।

sitophobia –टॅफो'बिअॅ n. (शिक्षा०, चि०) **भोजन-भीति**[F], अन्नविद्वेष, भक्तद्वेष ।

sitter सि'टॅर् n. बैठनेवाला इत्यादि क्रियागत अर्थोंमें; सरल लक्ष्यवेध, आसान निशाना, सहज कार्य, सहल या आसान काम ।

sitting –टिंग् n. **उपवेशन, बैठक, बैठन, बैठना** आदि क्रियागत अर्थोंमें; उपवेशन, आसन, अधिवेशन, सत्र, सभा[F], बैठक[F], लगातार बैठनेका समय, इजलास (*wrote the whole poem at a ~*); गिरजाघरमें किसी व्यक्तिके बैठनेका आसन, बैठकी[F], सीट[F]; एक झोलके अण्डे; ~-room बैठक[F], बैठक खाना; ~ tenant वर्तमान असामी या किरायेदार, मौजूदा काश्तकार ।

situate सि'ट्यूअॅट् a. दे० SITUATED.

situated –अेटिॅड् a. स्थित, अवस्थित, स्थापित, निविष्ट (~ *on the top of the hill*); *awkwardly* ~ दुविधा[F]में, कठिनाई[F]में, उलझन[F]में, मुसीबत[F]में ।

situation –अे'शॅन् n. गति[F], वस्तुस्थिति[F], अवस्था[F], परिस्थिति[F], भाव दशा[F], हाल, हालत[F], सूरत[F] (*came out of a difficult ~ with credit*); परिवेश, सन्निवेश, अवस्थान, अवस्थिति[F], (प्रा० भू०, अर्थ०) **स्थिति**[F], स्थान, ठौर, जगह[F], मौका, मुकाम (*house stands in a fine ~*); नाटकका संकटापन्न विशिष्ट स्थल या बहुत ही नाजुक मुकाम (*curtain falls on a strong ~*); नियोग, वृत्ति[F], सेवा[F], पद, कार्य, धन्धा, काम, नौकरी[F], जगह[F], चाकरी[F] (*cannot find a ~*);

~ rent, ~ report, ~ set, ~ test, ~ value.

situs साइ'टॅस् n. स्थिति[F], अवस्थिति[F], संस्थिति[F], स्थान, अवस्थान, स्थल, सन्निवेश, आस्पद, भूमि[F], ठिकाना, मौका, प्लाट ।

sitz-bath सिट्स-बाथ् n. (चि०) कटि[F]-स्नान ।

six सिक्स्' १. n. छः का अंक या संख्या[F] (*twice ~ is twelve*); ताश या पाँसेका छक्का (*the ~ of spades*); (pl.) एक पौण्डकी छःवाली मोमबत्तियाँ[F]; २. a. षष्, षट्, छः (*~ of the men*); ~monthly

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

षाण्मासिक, अर्धवार्षिक, छःमाही; *at ~es and sevens* तीन तेरह होना, अव्यवस्थित, व्यग्र, असन्तुलित, दुविधाᶠमें, उलझनᶠमें; *it is ~ of one and half-a-dozen of the other* अन्तर नाममात्रका है, फर्क तो कहने भरका है; *~ to one* बड़ी विषमताᶠ; लम्बा अन्तर, अधिक अनुपात।

sixer –सर् n. छौवा, छक्का (क्रिकेटमें जब एक बारकी चोटᶠसे छः रन बनते हैं)।

sixfold –स्'फ़ोल्ड् a. & adv. छःगुना।

six-o-six (606) n. (चि०) सालवर्सन।

sixte सिक्स्ट्' n. लकड़ीᶠ या गतकेका एक हाथ या दाँव।

sixteen सिक्स्टीन्' १. n. सोलहका अंक या संख्याᶠ (*twice ~ is, thirty-two*); २. a. षोडश, सोलह।

sixteenth –थ् a. षोडश, सोलहवाँ।

sixth –स्थ्' १. n. छठी कक्षाᶠ; छठा भाग, छठा हिस्सा; (संगीत) छः सुरोंका संयोग, छः वर्णोंके सरगमका विराम; २. a. षष्ठ, छठा; *~ part* किसी विभाजित वस्तुᶠका छठा भाग; *the ~* छठा दिनांक, माहकी छठी तारीखᶠ; छठी कक्षाᶠ; *~ nerve* (चि०) आँखᶠकी उद्विवर्तनीᶠ तन्त्रिकाᶠ।

sixtieth –स्'टिअॅथ् n. & a. षष्टितम, साठवाँ।

sixty –टि १. n. साठका अंक या संख्याᶠ; २. a. षष्टि, साठ ६०; *~ eight* अड़सठ, *~ five* पैंसठ, *~ four* चौंसठ, *~ nine* उनहत्तर, *~ one* इकसठ, *~ seven* सड़सठ, *~ six* छियासठ, *~ three* तिरसठ; *~ two* बासठ, *the ~ies* किसीकी आयुᶠ या किसी शताब्दीᶠमें ५९ से ६९ के बीचके वर्ष।

sizable साइ'ज़ॅबॅल् a. दीर्घाकारी, बृहदाकारी, उपयुक्त आकारका, बड़े आकारका, लम्बा-चौड़ा, बड़े साइजका, बड़ा, अधिक, काफी ⊙।

sizar –ज़ॅर् n. सहायताप्राप्त विद्यार्थी, घटा हुआ शुल्क देनेवाला कैम्ब्रिज या ट्रिनिटी कॉलेज डबलिनका छात्र।

sizarship–शिप् n. छात्रवृत्तिᶠ, निश्शुल्कताᶠ, रियायती फीसᶠ।

size[1]* साइज़् १. n. सज्जाᶠ, (प्रा० भूगोल) **आकार, विस्तार,** आयतन, **परिमाण,** आकारमान, आकृतिमान, प्रकार, लम्बाईᶠ-चौड़ाईᶠ; डीलडौल, **मापᶠ, नापᶠ***, कद*, साइज (*~ matters less than quality*); (टोपीᶠ, जूते, कपड़ों आदिका) आकार-क्रम, नापᶠ या नम्बर (*is made in several ~s*); मात्राᶠ, परिमाण ⊙; पेट; (इति०, खाने-पीनेकी वस्तुᶠको तौलनेका) बाट, मापᶠ नापनेका पैमाना, बटखरा; (कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में) भण्डारसे प्राप्त खाने-पीनेकी सामग्रीᶠ, नित्यका सीधा, खूराकᶠ, राशन; (रसा०) **सज्जक द्रव्य;** (यन्त्र०) **सरेस;** मुक्तामापक यन्त्र, मोती नापनेका औजार; २. v.t. भिन्न आकारोंमें समूहीकृत करना, आकार-क्रमसे बाँटना या छाँटना; सजाना; २. v.i. (अमेरिकामें कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयके सम्बन्धमें) खाद्यसामग्रीᶠ माँगना, खूराकᶠ माँगना; *~-stick* मोचीका (पाँवकी लम्बाईᶠ लेनेका) पैमाना, कालबुत, कालिब; *are both of a ~* समान आकारका, एक ही साइजका; *~up* आकारका अनुमान करना, साइजका अन्दाजा लगाना; (बोल०) किसी व्यक्तिके सम्बन्धमें निर्णय देना, मत स्थिर करना, मापना, थाहᶠ लेना, रायᶠ कायम करना;

~ class, ~ distribution, ~ group, ~ scale.

size[2] १. n. एक प्रकारका चिपचिपा पदार्थ, लासा, **सरेस;** २. v.t. लासा लगाना या लपेटना, कागज आदिको सरेससे कड़ा करना।

sizeable –ज़ॅबॅल् a. = SIZABLE.

sized –ज़्ड्' a. आकारी, आकारका, मापका।

sizer –ज़ॅर् n. आकारमापक, आकारके अनुसार वर्गीकरण करनेवाला या छाँटनेवाला।

siziness साइ'ज़िनिॅस् n. संलागिताᶠ, चिपचिपापन, लसलसाहटᶠ, सरेस-जैसी अवस्थाᶠ।

sizing साइज़िंग् n. (रसा०) **सज्जीकरण,** (यन्त्र०) **सरेस लगाना; आकार देना,** साइजमें रखना या होना; **चिक्कण करना;** (कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयमें) भण्डारसे प्राप्त खाद्य-सामग्रीᶠ, सीधा, खूराकᶠ, राशन।

sizy साइ'ज़ि a. लसलसा, चिपचिपा, चिपकनेवाला, सरेस-जैसा, लेसदार।

sizzle सि'ज़ॅल् १. n. सिसकारᶠ, हिसᶠ, तलनेका छन्-छन् शब्द; २. v.i. किसी वस्तुᶠको तलने या अकोरनेके समय छन्-छन् करना, हिसᶠ-का शब्द करना।

sizzling –लिंग् n. छन्-छन्ᶠ, सन्-सन्ᶠ।

S J. Society of Jesus; Senior Jailor.

S.J.A.A. St. John Ambulance Association.

sjambok शैम्'बॉक् १. n. गैंड़ेकी खालᶠका कोड़ा या चाबुक; २. v.t. गैंड़ेको चाबुकसे मारना, कोड़े बरसाना।

S.K. Store Keeper.

skain स्केन्' n. = SKEAN.

skald स्कॉल्ड्' n. (प्रा० स्कैण्डिनेवियाका) चारण, स्तुतिपाठक, स्तोता, स्तवन-पाठक, भाट।

skaldic –डिक् a. चारण-विषयक, स्तुतिपाठक-सम्बन्धी, स्तवन-पाठक-सम्बन्धी, भाटका, स्तुतिपूर्ण, स्तवनयुक्त; चारण-रचित, स्तुतिपाठक-विरचित, भाटका लिखा हुआ।

skat स्काट्' n. (जर्मनीमें ताशका एक खेल), तिपत्तिᶠ; (ज्यौ०) **चतुर्थ कुंभ, स्कैट।**

skate[1] स्केट् n. तनुकाᶠ; एक प्रकारकी मछलीᶠ, **स्केट।**

skate[2] १. n. धावुकाᶠ, बर्फᶠ या कठोर चिकने धरातलपर फिसलनेकी लोहेकी खड़ाऊँᶠ, स्केटᶠ, २. v.t. & i. बर्फᶠपर चलना या फिसलना, स्केटिंगᶠ करना; *~ing-rink* धावुक स्थल, स्केटिंगᶠके लिए कृत्रिम रूपसे तैयार बर्फखण्ड या फर्श; *~ on thin ice* जोखिममें पड़ना, खतरेमें पड़ना; *~ over thin ice* टेढ़ी समस्याᶠपर चर्चाᶠ करना, नाजुक मामलेमें पड़ना, बुरी तरह फँसना।

skate[3] ⊙ a. कृपण, कंजूस, लोभी।

skater स्के'टॅर् n. बर्फᶠपर फिसलनेवाला, स्केटᶠपर चलनेवाला, स्केटिंगᶠ करनेवाला।

skean स्कीन्' n. खंजर, छुरा।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

skedaddle स्किडैड्'डॅल् १. n. हड़बड़ी^{F}, भगदड़^{F}; २. v.i. (गोल०) तितर-बितर हो जाना, सिरपर पाँव रखकर भागना, भगदड़^{F} मचना।

skee स्की' n. = SKI.

skeel स्कील' n. काष्ठ-पात्र, काष्ठ-भाजन, लकड़ी^{F}की बाल्टी^{F}।

skeeter स्की'टॅर् n. मशक, मच्छर।

skein स्केन्' n. वन्य राजहंसदल, जंगली हंसोंका उड़ता हुआ समूह या झुण्ड; सूत या रेशमकी पंजिका^{F}, पंजी^{F}, पेचक^{F}, लच्छा, (कृषि०) लच्छी^{F}, अण्टी^{F};(ला०) दुविधा^{F}, गुत्थी^{F}, झंझट^{F}, उलझन^{F}, गोलमाल, पेच; (जीव०) समसूत्रणा^{F}की प्रारम्भिक अवस्था^{F}में दिखाई देनेवाली सूत्रसम आकृति^{F}।

skeletal स्के'लिटॅल् a. (जीव०, चि०) कंकाल-, कंकालीय, अस्थिपंजरका, ढाँचेका;

~ muscles, ~ soils, ~ system, ~ tissue.

skeletization –टाइज़े'शॅन् n. (चि०) कंकालमात्र रहना, अतिकृशता^{F}; कंकालके मांसादि मृदु भागोंको निकालना।

skeletogenous–टॉजिनॅस् a. (जीव०) कंकाल-जनक, अस्थिपंजर कर देनेवाला, ढाँचा बना देनेवाला (~ *layer*)।

skeletography –ग्रॅफि n. (चि०) कंकाल विवरण, कंकालवर्णन, कांकालिकी^{F}, कंकाल-विज्ञान।

skeletology –लॅजि n. (चि०) अस्थि-विज्ञान, कंकाल-विज्ञान, कंकालशास्त्र, अस्थिपंजर शास्त्र।

skeleton –लिटॅन् n. (चि०, कृषि०, जीव०) कंकाल, (कृषि०, जीव०) अस्थिपंजर, ढाँचा, (मनुष्य, पशु या वनस्पति^{F}का); किसी वस्तु^{F}का आवश्यक अंग, गठन^{F} या गढ़न^{F}; मृत कंकाल, मृत अस्थिपंजर, मरे हुएका ढाँचा, ठठरी^{F}; अवशिष्टांश, शेषांश, अवशेष, (उपयोगिता^{F} नष्ट हो जानेपर) बचा हुआ भाग; वस्तुमात्र, तथ्यांश, सार, सारांश, संक्षेप, रूपरेखा^{F}, खाका; (अतिशयोक्ति^{F}से) दुर्बल व्यक्ति, निर्बल मनुष्य, क्षीण पुरुष, दुबला-पतला आदमी; family ~ परिवारका रहस्य, गुप्त भेद; ~ crew, regiment, *etc.* छोटा-सा विशिष्ट, नाविकदल या (रेजीमेण्ट) सैन्यदल आदि; ~ wheel (कृषि०) सादा पहिया; ~ key प्रत्येक तालेकी कुंजी^{F}, खोखली कुंजी^{F}; ~ *at the feast* आनन्दमें विषाद, हर्षमें शोक, दालभातमें मूसलचन्द, रंगमें भंग; ~ *in the cupboard* परिवारका गुप्त भेद;

~ budget, ~ form, ~ girder, ~ programme, ~ scheme, ~ steps, ~ system, ~ trace map, ~ tracing.

skeletonize –नाइज़् v.t. मांसको अलग करके कंकाल या अस्थिपंजरमात्र रहने देना, ढाँचा-ही-ढाँचा रहने देना, हड्डी-हड्डी^{F} कर देना; विस्तार हटाकर संक्षिप्त करना, रूपरेखामात्र रहने देना, खाका रहने देना।

skelp स्के'ल्प्' १. n. थप्पड़, झापड़, तमाँचा, चपत^{F}; २. v.t. थप्पड़ या तमाचा मारना।

skelter[1] स्के'ल्'टॅर् n. द्रुतधावन, शीघ्रता^{F}, उतावली^{F}, हड़बड़ी^{F}।

skelter[2] v. i. जल्दी-जल्दी दौड़ना, जल्दी^{F}में भागना या दौड़ना, उतावली^{F} मचाना, हड़बड़ी^{F}में पड़ना।

skep स्के'प्' n. मुलायम टहनियों^{F} या घास^{F}का छत्ता; मुलायम बेंत या लकड़ी^{F}की बनी हुई एक प्रकारकी टोकरी^{F}, छींका, पिंजरा।

skepsis –सिस् n. = SCEPSIS.

skeptic –टिक् n. = SCEPTIC.

skerry स्के'रि n. शैल द्वीप, चट्टानी द्वीप।

sketch स्के'च्' १. n. आरूप, प्रारूप, रेखाकृति^{F}, स्थूलचित्र, (ग० भी) स्थूल रेखाचित्र, शब्द-चित्र, रेखाचित्र, रेखा^{F}, ढाँचा, कच्चा नकशा, खाका; सामान्य रूपरेखा^{F}, वर्णन, सामान्य संक्षिप्त विवरण, खुलासा, मसविदा^{F}; संक्षिप्त संगीतात्मक नाटक या साहित्यिक रेखाचित्र, स्केच; एक ही गतकी संगीत-कृति^{F}, एक गतका गान; २. v.t. & i. आरूप खींचना, स्थूल चित्र बनाना, खाका बनाना; प्राकृतिक दृश्योंके रेखाचित्र खींचना, रेखाचित्रके रूपमें वर्णन करना, वर्णित करना, स्थूल रूपमें अंकित करना या आँकना, संक्षेपमें या मोटे तौरपर मुख्य-मुख्य बातें^{F} बताना, कच्चा कर लेना; ~-block, ~-book आरूपण-पुस्तक^{F}, रेखाचित्र खींचनेकी पुस्तिका^{F}; ~map रेखाचित्र।

sketchable –चॅबॅल् a. आरूप्य, प्रारूप्य, रेखाचित्रणीय, स्थूलचित्रणीय, खाका बनाने लायक, वर्णनीय, अंजनीय, कच्चा ढाँचा करके रखने लायक।

sketcher –चॅर् n. आरूपक, रेखाचित्रकार, खाका बनानेवाला।

sketchiness –चिनिॅस् n. बाह्यांकन, बाह्य रूपरेखामात्र, संक्षिप्तता^{F}, रूपरेखामात्र।

sketching –चिंग् n. आरूपण, रेखांकन (~ *board*)।

sketchy –चि a. रूपरेखात्मक, रूपरेखा-सदृश, संक्षिप्त, मोटा-मोटा, अधूरा, खाके-जैसा।

skew स्कीऊ' १. n. मकानके कोनेकी मुँडेर^{F}, दोपलिया छत^{F}के किनारेकी दीवार^{F}के तिकोने भागकी मुँडेर^{F};मोचेंकी दीवार^{F}का सिरा (~-*back*); थूनी^{F} या पुश्तेका ढालू सिरा;२.a.विषम, विषमतल,विषमतली, वक्र, टेढ़ा, तिरछा, तोड़ा-मरोड़ा, बेंड़ा, आड़ा, टेढ़ा-मेढ़ा (~ *correlation*); (गणित) विषमतल; ~-back (रसा०) चाप आधार, तिरछी डाट^{F}; (रेल०, परि०) कमान टेक^{F}; (स्था०) सिंघा; ~ corbel (यन्त्र०) तिरछा टोडा; ~ bridge तिरःसेतु, (यन्त्र०, परि०) तिरछा पुल; कैंचीका पुल; ~-eyed ऐंचाताना, भेंड़ा, भेंगा, टेढ़ी निगाहवाला; ~-whiff (गोल०) = ASKEW;

~ gears, ~ lines, ~ quadrilateral, ~ rays, ~ span, ~ surface.

skewer –ॲर् १. n. मांसशलाका^{F}, कबाबका सीखचा या सीख^{F}; कीलक, शलाका^{F}; (हास्य०) असि^{F}, तलवार^{F}, छुरा, संगीन^{F}; २. v.t. सीखचेसे छेदना या उसकी भाँति पिरोना, सीख^{F}में इकट्ठा बाँधना या लपेटना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

skewness –नॅस् n. (ग०) **वैषम्य**, वक्रता^{F}, (ग०) **टेढ़ापन**, तिरछापन, **तिरछाव**।

ski श्री', स्की' १. n. (pl. ~,-s) धावफलक, (स्कैण्डिनेविया में) बर्फ^{F} पर दौड़नेका लकड़ी^{F}का तख्ता या पतली पटिया^{F}, स्की^{F}; २. v.i. उपर्युक्त पटिया^{F}को बाँधकर बर्फपर फिसलना।

skiagram ⊙स्काइ'अॅग्रैम् (चि०) **एक्स-रे-चित्र**।

skiagraph –ग्राफ् n. छायाचित्र, क्ष-रश्मि-चित्र, एक्स-रे-फोटो^{F}।

skiagraphical –ग्रै'फिकल् a. छायाचित्रीय, क्ष-रश्मि-च्छाया चित्रण विषयक, एक्स-रे-फोटोग्राफी सम्बन्धी।

skiagraphy–अै'ग्रॅफि n. छायाचित्रण, क्ष-रश्मिच्छाया-चित्रण, एक्स-रे-फोटोग्राफी^{F}।

skiascopy –अैस्'कॅपि n. क्ष-रश्मि-परीक्षण, क्ष-रश्मि-चिकित्सा^{F}, एक्स-रे-परीक्षा^{F}।

skid स्किड्' १. n. अवरोध, पहियेको घूमनेसे रोकनेके लिए लकड़ी^{F} या लोहेकी रोक^{F}, आड़^{F} या ब्रेक, कुत्ता, बिल्ली^{F}, पहियेको रोकनेके अन्य उपकरण; (नौवि०) **गुटका; फिसल**^{F}, पहियेकी कीचड़^{F}में फिसलन^{F} या रिपटन^{F}; चौखटा या लकड़ी^{F} जो सहारा देने या बीचमें अड़ाने या टेकनेके काम आवे; २. v.t. & i. सर्पण करना, **फिसलना**, हिलना, खिसकना, खिसकाना, फिसलाना, पहिया या सवारी गाड़ी^{F} आदिका फिसलना, रिपट^{F} जाना; लकड़ी^{F}की टेक^{F} लगाना या उससे चलना या रक्षा^{F} करना या रोकना, रोक^{F} लगाना; ~-way सर्पिका^{F}, ढलवीं नाली^{F}।

skidding –'डिंग् n.(परि०)**फिसलना** (~*distance*)।

skied स्काइड्' a. उच्चालम्बित, ऊँचाई^{F}पर टाँगा हुआ; उच्चक्षिप्त, उच्चप्रक्षिप्त, ऊँचाई^{F}पर फेंका हुआ।

skier शी'अॅर् n. धावफलकपर चलनेवाला, स्कीपर दौड़नेवाला।

skiff स्किफ़्' n. क्षुद्र नौका^{F}, लघु नौका^{F}, तरी^{F}, हल्की नाव^{F}, छोटी किश्ती^{F}, डोंगी^{F}, परेवा^{F}, पंसुआ^{F}, डिंगी^{F}, होडी^{F}, शिकारा, T.

skijoring ⊙ स्किजोअॅ'रिंग् n. स्किजोरिंग, (एक बर्फानी खेल)।

skilful स्किल्'फुल् a. प्रवीण, पटु, निपुण, दक्ष, चतुर, कुशल, अभ्यस्त, विचक्षण, विदग्ध, कलाकुशल, विशारद, विज्ञ, युक्तिशील, सयाना, होशियार, चालाक, कारीगर, उस्ताद, हुनरी, हिकमती, हुनरमन्द।

skilfulness –नॅस् n. प्रवीणता^{F}, पटुता^{F}, निपुणता^{F}, दक्षता^{F}, चतुरता^{F}, कौशल, अभ्यस्तता^{F}, विचक्षणता^{F}, विदग्धता^{F}, वैदग्ध्य, कलाकुशलता^{F}, विशारदता^{F}, विज्ञता^{F}, युक्तिशीलता^{F}, सयानापन, होशियारी^{F}, चालाकी^{F}, कारीगरी^{F}, उस्तादी^{F}।

skill स्किल् n. प्रावीण्य, प्रवीणता^{F}, पटुता^{F}, **नैपुण्य, निपुणता**^{F}, चातुर्य, चतुरता^{F}, चतुराई^{F}, दक्षता^{F}, **कौशल**, (अर्थ०) **कुशलता**^{F}, अभ्यास, विदग्धता^{F}, गुण, योग्यता^{F}, क्षमता^{F}, होशियारी^{F}, हुनर, हुनरमन्दी^{F}, कारीगरी^{F}, उस्तादी^{F}, महारत, शऊर, सलीका, तमीज^{F}; युक्ति^{F}, हस्तकौशल, कला^{F}, कर्त्तव्य, हाथकी सफाई^{F}, जुगुत^{F}, हिकमत^{F}।

skilled –ल्ड् a. प्रवीण, दक्ष, सुदक्ष, **कुशल**, कौशलपूर्ण, कार्यक्षम, कार्यकुशल, शिक्षित, प्रशिक्षित, अभ्यस्त, **चतुर**, होशियार, सीखा-सिखाया, सीखा हुआ, माहिर; ~ coordination **कुशल समन्वय**; ~ labour (कृषि०) **सिद्धहस्त श्रमिक, कुशल श्रमिक**; ~labourer दक्ष श्रमिक, प्रशिक्षित श्रमिक, शिक्षण-सम्पन्न श्रमिक, सीखा हुआ कारीगर; ~ workman दक्ष श्रमिक, प्रशिक्षित कामगार; (यन्त्र०) **कारीगर**, सीखा हुआ मजदूर।

skillet स्कि'लिट् n. रसोई^{F}में काम आनेवाली मुठियावाली या कड़ेदार डेगची^{F} या पतीली^{F}।

skill-less स्किल्'-लॅस् a. अदक्ष, कौशलरहित, युक्ति-हीन, चातुर्यहीन, निर्बुद्ध, अनाड़ी, बेहुनर, बेशऊर, बेसलीका।

skills स्किल्स्' v.i. (प्रा०) *it ~ not* यह सब व्यर्थ है या अनुपयोगी है, बेकार है; कोई अन्तर नहीं पड़ता, कुछ फर्क नहीं होता।

skilly स्कि'लि n. जई^{F}का पतला दलिया।

skim[1] स्किम्' n. मण्ड, फेन, झाग; मलाई^{F}।

skim[2] v.t. & i. १. (रसा०) काँछना, ऊपर उतराती हुई चीज^{F}को उतारना, **मलाई**^{F} **उतारना**, मलाई^{F}, फेन या मैल आदिको उतारना, **मल उतारना**, पपड़ी^{F} उतारना; स्पर्श मात्र करते हुए निकलना, छूते हुए चले जाना, उड़े चले जाना; शीघ्रावलोकन करना, मुख्य-मुख्य बातें^{F} ले लेना, मोटी-मोटी बातें^{F} समझ लेना, सरसरी तौरपर पढ़ जाना, सरसरी नजर^{F}से देखना, एक नजर^{F} डालना; २. a. ~ed milk दूधी, मखनिया दूध, स्प्रेटा, उद्धृत स्नेह या मलाई^{F} उतरा दूध; ~ming-dish (प्रा०) प्रतियोगिता-नौका^{F}, चौरस तलवाली दौड़की छोटी नाव^{F}, दौड़^{F}की किश्ती^{F}; हलकी तेज मोटर-नाव^{F}; ~ *the cream off* (प्रायः ला०) सर्वोत्तम अंश ग्रहण करना, सार-सार निकाल लेना, सत निकाल लेना।

skimble-skamble स्किम्'बॅल्-स्कैम्'बॅल् a. असभ्य प्रलापी, अण्ड-बण्ड बोलनेवाला; बनैला, जंगली, असंगत, अण्डबण्ड, बेमेल।

skimmer स्कि'मॅर् n. मलाई^{F} आदि उतारनेवाला (क्रियागत अर्थोंमें); मलाई^{F} उतारनेकी झरिया^{F}, करछी^{F}, छन्ना, पौनी^{F}; द्रुतगामी मोटर-नाव^{F}, हलकी तेज मोटर-बोट^{F}।

skimmings –मिंग्स् n. (pl.) छादी^{F}, मल, मैल, मलाई^{F}; ~ tank (चि०) **छादी कुण्ड**।

skimp स्किम्प्' v.t. & i. कृपण होना, मितव्ययी होना, कंजूस होना, कंजूसी^{F} करना; कृपणता^{F}के साथ (धन, भोजन, व्यय, सामग्री^{F} आदि) प्रदान करना, नपा-तुला सामान आदि देना, नाप-तौलकर देना, कसकर या हिसाबसे देना।

skimping –'पिंग् a. = SKIMPY.

skimpy –पि a. अपर्याप्त, तंग, थोड़ा, नपा-तुला।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

skin[1]* स्किन् n. (श० र० शा०) (चि०) त्वक्, त्वचा[F], झिल्ली[F]; चर्म, चाम, चमड़ा*, खाल[F], खलड़ी[F], चमड़ी[F]; चमड़ेका थैला, मशक; (फल, पेड़, पौधे आदिका) वक्कल, छाल[F], छिलका; नाव[F] या जहाजके भीतर या बाहरकी लकड़ी[F] या लोहेकी चादर[F], आवरण; ~-deep चर्मगत, हलका, ऊपरी, छोटा-सा, ऊपर-ऊपरका (घाव); क्षुद्र, अगम्भीर, हलका, ऊपरका, बाह्य, बाहरी, झूठा, बनावटी, यों ही सा (मनोभाव, प्रभाव, सौन्दर्य आदिके सम्बन्धमें); ~-friction पानीमें चलते हुए जहाजसे टकरानेवाली पानीकी चोट[F] या रुकावट[F]; ~-game (अमेरिकामें) (ग्रा०) छल, कपट, धोखा, चार सौ बीस; ~-grafting (चि०) त्वक्सन्धान कर्म, चर्म आरोपण, (शल्य-चिकित्सा[F]में शरीरके दूसरे अंगसे या दूसरे व्यक्तिसे) खाल[F] लेकर लगाना; thick ~ धृष्टता[F], ढिठाई[F]; thin ~ भावुकता[F]; *change* one's ~ चरित्रमें अस्वाभाविक या असम्भव परिवर्तन करना, कलेवर बदलना, कायाकल्प करना, चोला बदलना; *escape with the ~ of* one's *teeth* बहुत बच जाना, बाल-बाल बचना; *save* one's ~ बच निकलना, जान बचाना; *would not be in his* ~ उसकी स्थितिमें[F]में होना अच्छा नहीं समझता, वैसा नहीं बनना चाहता;

~ appendages, ~ centre, ~ disease, ~ effect, ~ eruption, ~ formation, ~ marking pencil, ~ receptor, ~ resistance, ~ specialist, ~ sweating, ~ test, ~-tight, ~ trouble, ~-wool, ~ work.

skin[2] v.t. & i. चर्ममोचन करना, चमड़ा उतारना, चमड़ा निकालना, चमड़ा कमाना, चमड़ा उधेड़ना, खाल[F] खींचना, खाल[F] या वक्कल छीलना; (घावका) अपने आप भरना, घावपर नयी खाल[F] पुरना; क्षत या घाव आदिको खाल[F]से ढकना, नयी खाल[F] ला देना, घाव पूरना; (बोल०) अपने या दूसरेके कसे हुए कपड़े खोलना, जर्सी[F] आदि उतारना; (ग्रा०) कंगाल करना, नंगा करना, चम्पत होना, ले भागना, ठग ले जाना, लूट-मार[F] करना, मूस लेना; ~flint कृपण, कंजूस, मक्खीचूस, खसीस; *keep your eyes* ~*ned* (ग्रा०) सावधान रहना, होशियार या चौकस रहना, चौकन्ने रहना।

skink स्किन्क' n. मरुगोधा[F], एक गोह[F], छिपकली[F]।

skinker स्किन्'कॅर् n. मद्यबाला[F], मधुबाला[F], साकी, शराब[F] देनेवाला या वाली।

skinless स्किन्'लिॅस् a. त्वचारहित, चर्महीन, बिना चमड़ी[F]के, बेखाल; छिलके बिना, बेवक्कल।

skinned –न्ड्' a. त्वचापूर्ण, चर्मयुक्त, चमड़ीवाला; छिलकेदार, वक्कलदार।

skinner –'नॅर् n. चमड़ा खींचनेवाला या कमानेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); (अब प्रायः किसी कम्पनी[F]के लिए) चर्मव्यवसायी, चर्मव्यापारी, चर्मकार, चमार, खाल[F]के सौदागर (*M/S.....~s*)।

skinniness –निनिॅस् n. क्षीणता[F], दुर्बलता[F], दुबलापन; मांसहीनता[F]।

skinny –नि a. क्षीण, कृश, दुर्बल, चर्मभूत, मांसहीन, दुबला-पतला; चमड़ेका।

skip[1] स्किप्' १. n. प्लुति[F] (~ *distance*), उछलनेकी गति[F], उछाल[F], छलाँग[F], कूद[F], फाँद[F], फँदान[F]; (यन्त्र०) डोल; २. v.t. & i. (बच्चोंका, बकरी[F]के बच्चे या मेमने आदिका) कूदना, उछलना-कूदना, छलाँग मारना, छलाँगना, फुदकना, उचकना, कुदकना; एक पैरसे दूसरे पैरपर हलकेसे उछलना; (बच्चोंका) कूदनेकी रस्सी[F] हाथमें लेकर कूदना, रस्सी[F] फलाँगना; अस्थिर मन होना, चंचलचित्त होना; जल्दी ही एक व्यवसाय या बात[F]से दूसरीपर पहुँच जाना, एक काम छोड़कर दूसरेमें लग जाना; अन्तर्धान होना, अदृष्ट होना, आँखों[F]से ओझल होना, भाग खड़ा होना, लम्बा होना, चलते बनना, खिसकना, गोल होना, सरक जाना, गायब होना, उड़नछू होना, रफूचक्कर होना; बीच-बीचमें छोड़ जाना, छोड़-छोड़कर चलना या पढ़ना; भूलना।

skip[2] स्किप' n. डबलिनमें कॉलेजका कर्मचारी या स्काउट।

skip[3] n. BOWLS तथा CURLING खेलोंमें किसी एक पक्षका दलनायक, मुखिया या कप्तान।

skip[4] n. खानों[F] (खदानों[F]) में व्यवहृत झूला, टोकरा, खाँचा आदि (जिसके द्वारा मनुष्यों और पदार्थोंको खानों[F]-में उतारा या चढ़ाया जाता है)।

skipper[1] स्किॅपॅर् n. नचनिया, कूदने या उछलनेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; अल्हड़ आदमी।

skipper[2] n. विमाननायक, हवाई जहाजका कप्तान; नाविक, समुद्री नायक, जहाजी कप्तान; वाणिज्यपोताधिकारी, लघुपोतस्वामी, छोटे व्यवसायी पोतका स्वामी, हवाई जहाजका कप्तान; T.; (परि०) खेलोंमें पक्षप्रमुख, दलनायक, कप्तान; ~*'s daughters* जलकन्याएँ[F], तुंग फेनिल उज्ज्वल तरंगें[F], ऊँची चमचमाती हुई लहरें[F]।

skippet स्किॅपिॅट n. पेटिका[F], पेटी[F], सन्दूक, बक्स, बकस।

skipping स्किॅपिंग् १. n. प्लुति[F], उत्पतन, उछलन, उछाल[F]; २. a. प्लुतगामी, उत्पतनशील; उछलनेवाला, उछाल[F] भरनेवाला; ~-rope कूदनेकी डोरी[F]।

skirl स्कर्ल् १. n. मशकवीन-जैसी पीं-पींकी आवाज[F]; चीख[F], चिल्लाहट[F]; २. v. i. मशकवीन-जैसी पीं-पींकी आवाज[F] करना, चिल्लाना।

skirmish –'मिश् १. n. विशृंखल द्वन्द्व, अव्यवस्थित संघर्ष, खण्डयुद्ध, सामान्य युद्ध, खटपट[F]; भिड़न्त[F], मुठभेड़[F], छुटपुट मुकाबला; डिम्बयुद्ध, वाग्युद्ध, संघर्ष, कहासुनी[F], झड़प[F], नोंकझोंक[F]; २. v. i. अव्यवस्थित रूपसे लड़ना, बिना सोचे-समझे झगड़ना, छोटे-छोटे दलोंमें होकर लड़ना, छोटी टुकड़ियों[F]में भिड़ना; खटापटी[F] करना, नोंकझोंक[F] करना।

skirmisher –शॅर् n. खण्डयोद्धा, छोटी लड़ाई[F] करनेवाला, झड़पनेवाला, लड़ाकू, नोंकझोंक[F] करनेवाला।

skirt* स्कर्ट्' १. n. प्रान्त, सीमा[F], पर्यन्त, छोर, सबसे दूर[F]का भाग, किनारा, गोट[F], हाशिया; अंचल*, (कोट

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

या कमीज[F]का) नीचे लटकनेवाला भाग, पल्ला, दामन; घेरा; लहँगा, घाँघरा, साया या पेटीकोटके ढंगका स्त्रियों[F]-का अधोवस्त्र; (ग्रा०, बोल०) स्त्री[F], घाँघरा पलटन; २. v.t. & i. समुद्रतट या दीवाल[F] आदिके किनारे-किनारे चलना; किनारेपर स्थित होना, पास ही होना; किनारे-किनारे घूमना, चक्कर खाकर जाना, घेरना; divided ~ घाँघरे-जैसा ढीला पाजामा; ~-dance, -dancing घाँघरानृत्य, घाँघरानाच, सायानाच; ~ing-board साया-जैसी पट्टियाँ; ~ of beef *etc.* गाय[F] या बैलके मांसकी झिल्ली[F], छेछड़ी[F]; *on the ~s of* छोरपर; न बाहर न भीतर।

skirted –'टिड् a. लहँगेका या घाँघरेका, किनारेदार।

skirting –टिंग n. स्त्रियों[F]के घाँघरेका कपड़ा; ~ board (यन्त्र०) किनारी[F]।

skirtless –ट्'लिस् a. बेघाँघरा, बिना लहँगेका, बेदामन।

skit[1] स्किट्' n. श्लेष, व्यंग्य, छींटा, ताना, छींटाकशी[F], भड़ौआ; विनोद; लघुरूपक, व्यंग्यकृति[F], व्यंग्यात्मक छोटी रचना[F], निन्दाकाव्य, स्किट[F]।

skit[2] n. (बोल०) जनसमूह, भीड़-भाड़[F], जमघट।

skite स्काइट्' n. आकस्मिक आघात, अचानक धक्का, अचानक झटका।

skitter स्कि'टॅर् v. i. & t. द्रुतगमन करना या कराना, क्षिप्रगमन करना या कराना, तेजी[F]से निकल जाना या निकालना, तेजी[F]से सरकना या सरकाना।

skittish स्कि'टिश् a. स्वेच्छाचारिणी, कामोद्दीपनी, विनोदमयी, उन्मत्त, उन्मुक्त, उच्छृंखल, चंचल, चपल, अस्थिर, सहृदय, सजीव, हँसमुख, चुलबुली, आवारा, जिन्दादिल, अलमस्त, सैलानी (स्त्री[F] आदि); बिचकनेवाला, भड़कनेवाला, अड़नेवाला, अड़ियल (घोड़ा आदि)।

skittishness –निंस् n. चंचलता[F], चपलता[F], अस्थिरता[F], चुलबुलापन; भड़कीलापन, अड़ियलपन।

skittle स्कि'टॅल् १. n. नौ मेखोंसे खेला जानेवाला एक खेल; २. v.t. (क्रिकेटमें) ~ *out* बल्लेबाजोंमेंसे एकके बाद दूसरेको शीघ्रता[F]से बैठा देना या आउट कर देना; *~s!* (ग्रा०) व्यर्थ, निरर्थक, अर्थहीन, बेकार, रद्दी, बेकाम, बेमतलब; beer and ~s मनोविनोद, खेल-तमाशा, हँसी-खुशी[F] (*life is not all beer and ~s*); ~-alley *or* ~-ground स्किटल-भूमि[F], मेख गाड़नेकी जगह[F]।

skive स्काइव्' v.t. विच्छिन्न करना, विभक्त करना, अलगाना, अलग-अलग करना, तोड़ना, फाड़ना।

skiver –'वॅर् n. (जिल्दसाजी[F]में प्रयुक्त) मेषचर्म, मेड़[F]का चमड़ा; अबर चर्म, खराब किस्मका चमड़ा; चर्मक्षुरिका[F], चर्मक्षुरा, चमड़ा काटनेकी छुरी[F]।

skivvy स्कि'वि n. (बोल०) नौकरानी[F], महरी[F]।

Skt. Sanskrit.

skua स्क्यू'अ n. लुण्टाक, एक समुद्री पक्षीकी जाति[F]।

skug[1] ○स्कग्' n. छाया[F], प्रतिच्छाया[F], परछाईं[F]।

skug[2] ○ n. गिलहरी[F]।

skulk[1] स्कल्क्' n. गुप्त स्थानमें पलायन, छिपना, बचाव, दुबकना, लुकाव।

skulk[2] v.i. दायित्वसे भागना, कर्त्तव्यसे बचना, दृष्टि[F]से हटते रहना, (कायरता[F] या किसी बुराई[F]के कारण) किसी गुप्त स्थानमें पलायन करना, प्रच्छन्न रहना, घात[F]में रहना, छिपकर ताकना, संकटके समय पलायन करना, दुबक रहना, दुबकना, छिपना, खतरेसे मुँह छिपाना, लम्बा होना, खिसक जाना, कामसे जी चुराना, नजरों[F]से बचते रहना, पहलू बचाना।

skulker –'कॅर् n. पलायनकारी, छिपने या भागनेवाला, कामचोर, मुँहचोर, जाँगरचोर, दबकैल, भगेलुआ।

skull स्कल्' n. (जीव०, चि०) करोटि[F], शिरोस्थिपंजर, शिरोस्थि[F], कर्पर, (चि०, कृषि०) कपाल, (कृषि०, चि०, जीव०) खोपड़ी[F]; ~ and crossbones एक खोपड़ी[F] और आड़ी-आड़ी रखी हुई दो जंघास्थियाँ[F] (यह प्रतीक मृत्यु[F]का चिह्न समझा जाता है); ~ bone (चि०) करोटि[F], खोपड़ी[F]; ~-cap (चि०) कपाल शिखर; अग्रकपाल; मखमलकी तंग टोपी[F]; लोहेके टोपके आकारके फूलवाला पौधा-विशेष; ~ foramina (जीव०) करोटि रन्ध्र।

skulled –ड्' a. करोटियुक्त, खोपड़ीवाला।

skunk स्कन्क् n. अमेरिकाका एक मांसभक्षी पशु; स्कंक पशुका रोम या रोंआ; क्षुद्र मनुष्य, हेय जन, नीच व्यक्ति, घृणास्पद व्यक्ति, दुर्गन्धपूर्ण या बदबूदार आदमी।

sky* १. n. अभ्र, व्योम, अम्बर, नभ, नभोमण्डल, अन्तरिक्ष, गगन, आकाश*, आसमान (*clear ~*); पानी, जलवायु[F], आबहवा[F]; वातावरण, वायुमण्डल, ऋतु[F], मौसम, (*try what a warmer ~*); २. v.t. आकाश-की ओर फेंकना; (क्रिकेटमें) ऊँची हिट[F] लगाना; किसी चित्रकारी[F]का प्रदर्शन करना, (चित्रको) दीवाल[F]पर ऊँचा टाँगना; ~-born स्वर्गीय, दिव्य; ~clad दिगम्बर, नग्न, नंगा; ~-high गगनस्पर्शी, गगनचुम्बी, बहुत ऊँचा, आसमानको छूनेवाला; ~ lark १. n. चातक पक्षी, व्याघ्राट, भारद्वाज, भरतपक्षी, लवा पक्षी; २. v.i. व्यावहारिक विनोद या मजाक करना, क्रीड़ा[F] करना, उछलकूद[F] करना, चाल चलना, किलोलें[F] करना, तंग करना, खिजाना, हरकतें[F] करना, शरारतें[F] करना; ~ light काशायन, आकाश-प्रकाश; गवाक्ष, हवा[F]का छेद, (यन्त्र०, परि०) (ऊपर या नीचेकी छत[F]का) झरोखा, रोशनदान; ~ line दिग्वलय, क्षितिज, आकाशकी पृष्ठभूमि[F]में पर्वत आदिकी रूपरेखा[F], गगनरेखा[F]; ~pilot (ग्रा०) स्वर्गचालक, गगनचालक; गुरु, पुरोहित, पादरी; ~-rocket आकाश बाण, हवाई बान (आतिशबाजी[F]में); ~ sail एक प्रकारका हलका पाल या बादबान; ~-scape गगनचित्र, आकाशचित्र, आकाशचित्रण; ~ scraper (हास्य०) अभ्रकष, गगनचुम्बी प्रासाद या अट्टालिका[F], (यन्त्र०) गगनचुम्बी भवन, ऊँची चिमनी[F] आदि, कई मंजिलों[F]की ऊँची इमारत[F], ~-writing विमान-धूम्र-लेख, आकाशमें उड़ते हुए हवाई जहाजके धुएँसे बननेवाले विज्ञापन-लेख; *if the*

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ *falls we shall catch larks* कल्पित असम्भाव्य विपत्तियोंF का उपचार सोचना व्यर्थ है; *laud to the ~ies* अत्यधिक प्रशंसाF करना, आसमानपर चढ़ाना, बेहद तारीफF करना;
~-blasted, ~ blue, ~-capped, ~ colour, ~ gazer, ~-grey, ~-high, ~-kissing hills, ~ light, ~ man, ~ radiation, ~ sail, ~ shine, ~ sign, ~ space, ~ ward, ~ wave, ~ way.

Skye स्काइ' n. (~ *terrier*) स्कॉटलैण्डी कुत्ता।

skyer स्काइ'ॲर् n. (क्रिकेटमें) बहुत ऊँची चोटF या हिटF।

skyey स्काइ'इ a. आकाशवत्, आकाशी, आसमानी, नभोमण्डलीय।

skyish –इश् a. अभ्रवत्, व्योमवत्, अम्बरवत्, नभवत्, नभोमण्डल-सदृश, अन्तरिक्ष-सदृश, गगन-सदृश, आकाश-जैसा, आसमान-जैसा।

skyless –'लिॅस् a. आकाशहीन, बेआसमान; वायु-मण्डल या जलवायुरहित।

skyward (s) –'वॅर्ड् (ज़्) a. & adv. आकाशकी ओरका; आकाशकी ओर, आसमानकी तरफ।

S.L. South Latitude; Sub-lieutenant; *sigilli loco*, the place of the seal.

slab[1] स्लैब्' १. n. प्रस्तरखण्ड, शिलाखण्ड, शिलाफलक, शिलापट्ट, (ऋतु०, भौ०) **शिलापट्टी**F, शिलाF, सिलF, सिल्लीF, फर्राF, पट्टीF; **पटियाF**; लकड़ीFके कुन्देका ऊपरी टुकड़ा; २. v.t. (किसी पेड़ या कुन्देसे) पट्टियाँF बनानेके लिए टुकड़े निकालना या काटना;
~ bridge, ~ culvert, ~ glass.

slab[2] a. लसदार, चिपचिपा, गाढ़ा और चिपकनेवाला (तरल पदार्थ)।

slabber[1] स्लैब'ॲर् n. फलक-यन्त्र, चटियाF बनानेकी मशीनF।

slabber[2] १. n. थूक; २. v.t. थूकना, रालF बहाना।

slabber[3] v.t. & i. शीघ्र भोजन करना, निगलना, जल्दीFसे खाना, भकोसना।

slabbiness स्लैब'बिनॅस् n. स्थूलताF, मुटापा; क्लिन्नताF, सक्लेदताF, क्लेदमयताF, नमीF, भींगापन; मलिनताF, गन्दापन।

slabby –बि a. स्थूल, गाढ़ा, मोटा; क्लिन्न, सक्लेद, क्लेदमय, नम, भींगा; मलिन, गन्दा।

slack स्लैक् १. n. शैथिल्य; रस्सीFका ढीला भाग, ढीली लटकी हुई रस्सीF (*haul in the ~*); **फालतू तार**; कोयलेका चूरा; (pl.) पाजामा; (बोली०) अशिष्टताF, धृष्टताF, उद्दण्डताF, ढीठपन, ढिठाईF, उजड्डपन; (बोल०), निष्क्रियताF या विश्रामका समय, खाली समय (*I'm going to have a good ~ this afternoon*); व्यापारकी मन्दीFका समय, मन्दा, ठण्डा बाजार; २. v.t. & i. (रस्सीFको) ढीला करना; विश्राम करना, आलसी या सुस्त होना; शिथिल या ढीला करना या होना, निष्क्रिय बनाना या बनना; ३. a. इलथ, शिथिल, गलित, शिथिलीकृत; निष्क्रिय, कार्यहीन, उदासीन, उपेक्षाशील, अलसाया, म्लान, क्लान्त, अलस, प्रमत्त, असावधान, मन्दा, सुस्त, धीमा, मन्द, आलसी, ढीला, ढीलाढाला, थका हुआ, ठलुआ, लापरवाह, काहिल, गाफिल; ४. adv. अपर्याप्त रूपसे, मन्द गतिFसे, धीरे-धीरे, थोड़ा-सा, नाकाफी तौरपर (*~-dried hopes*); a ~ rope शिथिल रज्जुF, ढीली रस्सीF; ~ season मन्दा समय; ~ weather आलसकी ऋतु; ~ water भाटा, ज्वारका उतार; (नौवि०) **नरम पानी**; ~ *up* रोकनेके पहले रेलगाड़ीFकी चालF कम करना या धीमी करना, रफ्तारF घटाना।

slacken स्लैकॅन् v.t. & i. शिथिल बनाना या बनना, असावधान करना या होना, मन्द या ढीला करना या होना, (परि०) (चालF) **धीमी करना**, धीमा करना या होना, ढील डालना या ढील देना, ढिलाना, ढीले पड़ना, ढिलियाना, सुस्तीF करना, अलसाना; बुझाना।

slackened –ड् a. शिथिलित, शान्तवेग।

slackening –निंग् n. इलथन, ढीला करना।

slacker –'कॅर् n. ढिलाईF करनेवाला, ढीलF डालनेवाला, ढीलाढाला, कामचोर, काहिल।

slackness –क्'निॅस् n. शैथिल्य, शिथिलताF, मन्दताF, ढीलापन, ढिलाईF, ढील, सुस्तीF, काहिलीF।

slacks स्लैक्स्' n. ढीला पायजामा।

slade स्लेड् n. क्षुद्रोपत्यकाF, लघु उपत्यकाF, छोटी घाटीF।

slag स्लैग्' १. n. (रसा०) **कांचमल**; (रसा०, प्रा० भू०, रेल०) **धातुमल**, कच्ची धातुFको स्वच्छ करनेमें निकला हुआ मैल; ज्वालामुखीका निकला हुआ पदार्थ, लावा; **कचरा, कीट, मैल**; २. v.i. धातुFका मैल बनना या ज्वालामुखीका लावा निकलना; धातुFका मैल-सदृश राशिFमें इकट्ठा होना, जमना; ~ wool (यन्त्र०) **खनिज रूईF**।

slagging –'गिंग् n. (रेल०) **कचरा निकालना, मैल निकालना**।

slaggy –गि a. धातुमलयुक्त; ज्वालामुखीके कीटसे भरा हुआ।

slain स्लेन्' SLAY का भू० कृ०।

slainte स्लेन्टे n. सुस्वास्थ्य, सुन्दर स्वास्थ्य, अच्छी तन्दुरुस्तीF।

slake स्लेक्' v.t. (प्यासF, भाषण, बदलेका भाव) (रसा०) **शमन** करना, शान्त करना, तृप्त करना, ठण्डा करना, (रसा०) **बुझाना**; बदला लेना, बदला चुकाना; (रसा०) निर्वापन होना, बुझना; (*slack* के अर्थमें भी) चूना बुझाना, चूना और पानी मिलाना; ~ ed lime (रसा०, यन्त्र०) **शमित चूना, बुझा चूना**।

slakeless –'लिॅस् a. (का०) अशान्त, तृषित, अतृप्त, न बुझनेवाला।

slaking –'किंग् n. निर्वापन, (यन्त्र०) बुझाना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

slalom स्ला'लॅम् n. हिमरोध-धावन, टेढ़े-मेढ़े मार्गसे बर्फानी दौड़F ।

slam स्लैम्' n. टक्करF, धड़की आवाजF, दरवाजा भेड़नेकी आवाजF; ब्रिज, हिस्ट या ताशके खेलकी हर बाजीF जीतना; २. v. t. & i. द्वार धड़से बन्द करना या होना, जोरकी आवाजFके साथ दरवाजा भेड़ना या भिड़ाना या भिड़ जाना; किसी वस्तुको धम्मसे नीचे रखना, धड़से पटकना; (आ०) सुगमताFसे विजयF पाना, आसानीFसे दूसरेको हराना; मारना, पीटना, ठोंकना ।

slammer –'मॅर् n. प्रबल वात, प्रबल वायुF, तेज झकोरा, तेज झोंका; (ब्रिज इत्यादिमें) सब बाजीF जीतनेवाला ।

slammerkin स्लै'मॅकिन् n. मलिन स्त्रीF, अस्वच्छ स्त्रीF, गन्दी स्त्रीF, फूहड़ औरतF, बदतमीज औरतF ।

slander स्लान्'डॅर् १. n. कुत्साF, अख्यातिF, मिथ्यानिन्दा-कथन, पैशुन्य, बुराईF, बदनामीF; अपयश, कलंक, अपवाद, परिवाद, मिथ्यानिन्दाF, (विधा०) **अपमानवचन**, पिशुन वचन, (का०) **अपवचन**, झूठी रिपोर्टF; (कानून) अपकीर्तिF, अपभाषण, मिथ्या मौखिक मानहानिF, हतकइज्जतF; २. v. t. अपमान-वचन बोलना, झूठी निन्दाF करना या बुराईF करना, मिथ्यारूपसे मानहानिF करना, कलंक लगाना, बदनाम करना ।

slanderer –रॅर् n. मिथ्यानिन्दक, पिशुन, अपमानकर्त्ता, अपमानकारी, अपवादी, मानहानिF करनेवाला ।

slanderous –रॅस् a. मिथ्यानिन्दात्मक; (का०) **अपवचनात्मक**; कुत्सापूर्ण, अपवादात्मक, परिवादात्मक, सापवाद, सपरिवाद, पिशुन; मानहानिपूर्ण ।

slanderousness –निॅस् n. मिथ्यानिन्दात्मकताF; अपवादात्मकताF, परिवादात्मकताF; मानहानिपूर्णताF, कुत्साF ।

slang स्लैन्' १. n. वर्गभाषाF, जातिभाषाF, किसी व्यवसायके लोगोंकी भाषाF (*racing, thieves'*, ~); खलोक्तिF, उपशिष्ट भाषाF, अपभाषाF, ग्राम्यभाषाF; बोलचालFकी शब्दावली; २. v.t. अपशब्दका प्रयोग करना, गाली देना ।

slanginess स्लैन्'गिनिॅस् n. अपभाषापन, ग्राम्यभाषापन ।

slangy –गि a. अपभाषायुक्त, ग्राम्यभाषा सम्बन्धी, गँवारू; अपभाषीF, ग्राम्यभाषाF बोलनेवाला ।

slant स्लान्ट्' १. n. वक्र स्थितिF, टेढ़ी या तिरछी अवस्थाF, ढालF; (आ०) व्यंग्यप्रहार, कुटिलोक्तिF, तिर्यक् प्रहार, अपमानवचन, अप्रत्यक्षनिन्दाF, पीठ-पीछे बुराईF; दृष्टिकोण, वस्तु-विचार-पद्धतिF, विचारशैलीF, विचारकोण ⊙; घुमाव, मोड़ ⊙; कटाक्ष, तिरछी नजरF; २. v.t. & i. ढलाव होना या ढालF बनाना, ढालू होना या करना, एक रेखाFसे अपसृत होना; खड़ी या पड़ी लकीरFकी ओर तिरछे जाना, तिरछा होना, झुकना, आड़े जाना; ३. a. (मुख्यतः का०, रसा०, ग०) **तिर्यक** (*~height*), कुटिल, वक्र, प्रवृत्त, प्रवण, (रसा०) **ढलवाँ**, ढालू, ढालदार, तिरछा, टेढ़ा, आड़ा, झुका हुआ, मुड़ा हुआ; *a ~ of wind* (नौवि०) अनुकूल वायुF; *on the* or *a ~* तिर्यक् या वक्रभावसे, तिरछेपनसे; *~ on* ⊙ (के विषयमें) सोचनेको उत्सुक ।

slantendicular, slantin(g)dicular –टॅन्डि'क्यूलॅर्, –टिन्(ग्)डि'क्यूलॅर् aa. (हास्य०) तिर्यक्, वक्र, टेढ़ा, तिरछा ।

slanting –'टिंग् a. तिर्यक, वक्र, (प्रा० भू०) **तिरछा**, (*~ray*) टेढ़ा, झुका हुआ ।

slantwise –ट्'वाइज् adv. वक्र, तिरछा, ढालू, ढलवाँ ।

slap स्लैप्' १. n. चपेटF, चपतF, चाँटा, धौलF, थप्पड़, धप्पा, लप्पड़, थपेड़ा, तमाँचा; २.v.t. चपतF मारना, चाँटा लगाना, धौलF लगाना, थप्पड़ मारना, तमाचा मारना, चपत रसीद करना; ३. avd. द्रुत, अतिशीघ्र, बहुत तेज, उत्तम, बढ़िया, अच्छा (*a ~ ping pace*); तीव्रताFसे, वेगसे, एकाएक, तेजीFसे, पूरी तरहसे, ठीकसे झटसे, पटसे, चटसे, तड़ाकसे, तड़से, निशानेसे; *~-bang* योंही, बिना समझे-बूझे, उग्रताFसे, तेजीFसे, जोरसे, तड़ाकसे; *~dash*[1] n. दैवाधीन कार्य या क्रम; झट; a. दैवाधीन, अनियत रूपसे निर्मित, योंही; प्रचण्ड, वेगवान्; *~dash*[2] उग्रतासे, योंही, तेजीFसे, जोर-शोरसे, अन्धाधुन्ध, झटपट; *~ up* a. (आ०) बिलकुल नया-नया, आजके जमानेका, बिलकुल नये फैशनका; *~ in the face* (शा०, ला० भी) अपमान, धमकीF, डाँटF, घुड़कीF, बेइज्जतीF; थप्पड़ ।

slapjack ⊙ स्लैप्'जैक् n. एक प्रकारका केक ।

slapstick स्लैप्'स्टिक् n. (मूकाभिनय करनेवाले विदूषक द्वारा प्रयुक्त) लचकदार और टूटदार लकड़ीFकी पट्टीF; (ला०) रूखे-सूखे ढंगका कोलाहलपूर्ण ओछा प्रहसन, हलके ढंगका मजाक ।

slash स्लैश्' १. n. काट, लकड़ीFकी छीलन, (पेड़ोंके नष्ट-भ्रष्ट होने या गिरानेसे इकट्ठा हुआ) कूड़ा करकट; दीर्घच्छेद, लम्बी चीरF, (तलवारF आदिके झटकेसे बना हुआ) घाव या खोंप; २. v.t. & i. (सेना०) दीवारF या आड़F बनानेके लिए पेड़ोंको गिराना; तलवारF, चाकू आदिसे लम्बा गहरा चीरा देना, हाथ चलाना, झटकेसे काटना, चीरना, चाक करना, लम्बे पतले घाव बना देना, जोरका हाथ मारना, खोंप बना देना; (किसीको) कोड़ेसे मारना, कोड़ा फटकारना, चाबुकसे मारना ।

slashed ⊙ –ड्' a. किसी धारदार वस्तुFसे कटा हुआ; *~ sleeve etc.* कटी आस्तीन (जिसमेंसे अस्तर दिखाई दे) ।

slashing –'शिंग् १. n. सैनिक अवरोध-स्वरूप वृक्षोंका गिराना; गिराये गये वृक्ष; स्वच्छताF, सफाईF; किसी धारदार वस्तुFका घाव; २. a. निर्दयतापूर्वक चीरनेवाला, काटनेवाला; मर्ममेदी, तीक्ष्ण; धक्का देनेवाला, टकरानेवाला; अतिविशाल, बहुत बड़ा; *~ criticism* कटु या तीव्र आलोचनाF, स्पष्ट रूपसे निन्दाF, खुली आलोचनाF ।

slat[1] स्लैट्' n. फन्नीF, पच्चर, लकड़ीFकी पतली सँकरी पट्टीF ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

slat[2] v.t. & i. मुक्का मारना, पीटना, किसी धरातलपर जोरसे मारना या टकराना; (पाल, रस्सियों[F] आदिका) मस्तूल आदिसे फड़फड़की आवाज[F] करते हुए टकराना।

S. Lat. South Latitude.

slatch स्लैच्' n. स्थानीय वातावधि[F], अस्थायी पवन-अवधि[F], अस्थायी हवा[F] बहनेका समय; अच्छे मौसमका समय।

slate[1] स्लेट्' १. n. शिलिका[F], शिलापट्ट, (बच्चों और छोटे दुकानदारोंके) लिखनेकी (प्रा० भू०, रसा०) **स्लेट**[F]; छतों[F]के छानेके कामके चौके; भूरी या हरी या नीली वैंगनी चट्टान[F]; २. v.t. स्लेट[F]के चौकोंसे छत[F] छाना; ३. a. स्लेट[F]का, स्लेटी; ~-club सहोपयोगी संघ (जिसमें थोड़ा-थोड़ा साप्ताहिक चन्दा देना पड़ता है); ~-colour (ed) गहरा नीला या स्लेटी मटमैला रंग (का); ~-pencil शिलांकनी[F], स्लेट[F]की पेंसिल[F]; *clean the* ~ अनुग्रहसे मुक्त होना, कर्त्तव्य निभा देना, भारसे उऋण होना, हिसाब चुकता करना;

~ axe, ~ black, ~ blue, ~ green, ~ grey, ~ olive, ~ palette, ~ purple, ~ violet, ~-white.

slate[2] v.t. (बोल०) कड़ी आलोचना[F] करना, धज्जियाँ[F] उड़ाना, सख्ती[F]से नुक्ताचीनी[F] करना; अपशब्द कहना, कड़वी आलोचना[F] करना, डाँटना, फटकारना, गाली[F] देना, बुरा-भला कहना, खबर[F] लेना।

slater स्लेट्'टॅर् n. स्लेट[F]से छत[F] छानेवाला या पाटनेवाला।

slating स्लेट्'टिंग् n. कड़ी आलोचना[F], डाँट-डपट[F]; (स्था०) **स्लेटबन्दी**[F]।

slattern स्लैट्'टॅर्न n. अपरिष्कृतवेशा[F], अपरिष्कृता नारी[F], मैली-कुचैली या फूहड़ स्त्री[F]।

slatternliness –लिनिॅस् n. अपरिष्कृता[F], फूहड़पन।

slatternly –लि a. फूहड़ स्त्री[F]का-सा, फूहड़, फूहड़-पनवाला।

slaty स्लेट्'टि a. शिलिकावत्, शिलापट्टवत्, शिलाफलक-सदृश, सिलेट जैसा; स्लेटवाला; परतदार।

slaughter स्लॉट्'टॅर् १. n. घातन, संहार; (का०) **हनन, वध**, हत्या[F], हत्याकाण्ड, खून, तलवार[F]से काटना, कत्लेआम; २. v.t. लोगोंका बर्बरतापूर्वक वध करना, हनन करना, कत्ल[F] करना, मार डालना, हत्या[F] करना या मारना; मांसके लिए काटना, काट डालना, हलाल करना, जान[F] लेना; ~-house वधस्थान, **वध-शाला**[F], हत्यागृह, सूना, कमेला, (चि०) **कसाईखाना, बूचड़खाना**; ~man वधिक, जल्लाद, पशु-वधक, कसाई; ~ stone (इति०) **बलि-शिला**[F]।

slaughterer –रॅर् n. घातक, सौनिक, वधिक, हिंसक, वधक, हत्यारा, कत्ल करनेवाला, कातिल।

slaughterous –रॅस् a. (भाषण०) जिघांसु, हत्यापराधी, हिंसाप्रिय, हिंसापूर्ण, हत्यापरायण, हत्यारा, हत्यारत, खूनी।

slaughtery –रि n. वध, हनन; वशशाला[F]; बूचड़खाना।

Slav. Slavic, Slavonic.

Slav स्लाव्' n. स्लैव (जाति[F])।

slave स्लेव्' १. n. पराधीन व्यक्ति, अधीन मनुष्य, असहाय जन; प्रभावाधीन, शिकार (*is a ~ to drink*); क्रीतदास, **दास**, किंकर, भृत्य, बन्धुआ, चाकर, **गुलाम** (*~ system*); दिनरात काम करनेवाला सेवक, चौबीस घण्टेका नौकर, टहलुआ; २. v. i. नीच काम करना, दासकी भाँति काम करना, टहल[F] करना; ~-bangle अनन्त कंकण; ~-driver दास-अधीक्षक, गुलामोंको हाँकनेवाला, कसकर काम देखनेवाला, काम करते हुए गुलामोंका मेट; ~-holder दासस्वामी, गुलामोंका मालिक; ~-ship दास-व्यवसाय पोत, बेचनेके लिए गुलामोंको भरनेवाला जहाज; ~ States उत्तरी अमेरिकाकी दक्षिणी रियासतें[F] या राज्य (जिनमें गृहयुद्धके पूर्व दासता[F] प्रचलित थी); ~-trade (इति०) **दास-व्यापार**; दास-व्यवसाय, दास-विक्रय, गुलामोंका रोजगार;

~-born, ~ breeder, ~ clock, ~ court, ~ economy, ~ emancipation, ~-hunter, ~ labour, ~ market, ~ mentality, ~ merchant, ~ owner, ~trader.

slaver[1] –'वॅर् n. दासव्यवसायी, दासव्यापारी, दास-व्यवसाय करनेवाला व्यक्ति या जहाज।

slaver[2] स्लै'वॅर् १. n. लसिका[F], लुआब, थूक या लार[F]; (ला०) तुच्छ अथवा दासवत् चाटुकारिता[F], खुशामद[F], ओछी गुलाम-जैसी चापलूसी[F] या जीहुजूरी[F]; २. v.t. & i. मुँहसे थूक या लार[F] गिराना या गिरना; कपड़ोंपर अपना थूक या लार[F] गिराना, लुआब टपकाना, चूमनेमें दूसरेके गालको थूक या लार[F]से भर देना।

slaverer –रॅर् n. अशिष्ट व्यक्ति, असभ्य व्यक्ति, मूर्ख व्यक्ति, गँवार आदमी, भोंदू आदमी, बुद्धू।

slavery[1] स्लै'वॅरि n. **दासत्व**, (राज०) **दासता**[F], दास्य, दासावस्था[F], (राज०) **गुलामी**[F], दासस्वामित्व, **दास-प्रथा**[F], गुलामोंको रखना; दास्यभाव, दास्यवृत्ति[F], दिन-रातका काम, चौबीस घण्टेकी नौकरी[F], चाकरी[F], टहल[F], टहलुआपन।

slavery[2] स्लै'वॅरि a. थूकसे सना हुआ, लारयुक्त, लार-भरा; चाटुकार, चापलूस, खुशामदी।

slavey स्लै'वि n. (sl.; pl. -s) घरके सभी काम करने-वाली सेविका[F], दासी[F], नौकरानी[F], चाकरिन[F], बाँदी[F], लौंडी[F]।

slavish –विश् a. दासोचित, दासवत्, दासानुकूल, अधम, क्षुद्र, तुच्छ, हीन, नीच, ओछा, गुलामों-जैसा, पाजी, कमीना; परिश्रमी; ~ imitation अन्धानुकरण, दासोचित अनुकरण, अन्धी नकल[F]।

slavishness –निॅस् n. क्षुद्रता[F], नीचता[F], तुच्छता[F], दासत्व, दासवृत्ति[F], दास-स्वभाव, कमीनापन, गुलामी[F]।

slavocracy स्लेवॉ'क्रॅसि n. (राज०) **दासतन्त्र**।

slavocrat ⊙ –'वॅक्रैट् n. (राज०) **दासप्रथावादी**।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Slavonian स्लॅवो'निअॅन् a. स्लैवोनिया (आस्ट्रिया)का।
Slavonic –वॉ'निक् n. & a. स्लावोंकी (भाषा^{F}), स्लावोनिक।
Slavonicize –निसाइज़् v.t. स्लावीकरण करना, स्लावी बनाना, स्लावी रंग चढ़ना।
Slavophil स्ला(लै)'अॅफिल् n. स्लावमित्र, स्लाव जाति^{F}-का दोस्त।
Slavophobe ⊙ –फोब् n. स्लाव-शत्रु, स्लाव जाति^{F}का दुश्मन।
slaw ⊙ स्लॉ' n. बन्दगोभी^{F} या करमकल्लेका सलाद।
slay स्ले' v.t. (*slew, slain*) संहार करना, वध करना, हनन करना, हत्या^{F} करना, प्राण ले लेना, विनष्ट करना, मार डालना, यमलोक पहुँचा देना, गर्दन^{F} उड़ा देना, खून करना, मौत^{F}के घाट उतारना, कत्ल करना, हलाल करना (क्रा०, भाषण० या हास्य०; प्रायः निरपेक्ष, *went forth ~ing and spoiling*)।
slayer स्ले'अॅर् n. घातक, वधक, हत्यारा, कत्ल करनेवाला, कातिल।
SL.C. Search-Light Control.
sld. sailed.
S/Ldr. Squadron Leader.
sleave[1] स्लीव्' n. मृदु अंशुक, मसृण अंशुक, कोमल एवं चिकना रेशम।
sleave[2] v.t. सूत्र पृथक् करना, तागे अलग करना, सुलझाना, अलगाना।
sleaziness स्ली'ज़िनिॅस् n. दुर्बलता^{F}, कृशता^{F}, क्षीणता^{F}; सूक्ष्मता^{F}, झीनापन, बारीकी^{F}।
sleazy –ज़ि a. दुर्बल, कृश, क्षीण; सूक्ष्म, महीन, बारीक, पतला, झीना।
sled स्लेॅड्' n. =SLEDGE[1].
sledded –'डिॅड् a. हिमगास्थ, हिमशकटस्थ, विचक्रशकटस्थ, बर्फगाड़ीमें स्थित, स्लेजमें बैठा हुआ; हिमगावाहित, हिमशकट-वाहित, विचक्रशकट-वाहित, बर्फगाड़ी^{F} द्वारा ले जाया गया।
sledding –डिंग् n. ⊙JOB; बर्फगाड़ी^{F} चलाना।
sledge[1], **sleigh** स्लेॅज्', स्ले' १. nn. हिमगा^{F}, हिमशकट, विचक्रशकट, बर्फगाड़ी^{F}; बिना पहियोंकी बर्फ^{F}-पर फिसलनेवाली घोड़ों या कुत्तों या रेण्डियरोंवाली गाड़ी^{F}, लढ़िया^{F}, स्लेज^{F}; २. vv. t. & i. स्लेजगाड़ी^{F}में यात्रा^{F} करना या जाना, उसमें कोई वस्तु^{F} ले जाना।
sledge[2] n. (*~-hammer* के अर्थमें भी) घन, मुग्दर, लुहारोंका बड़ा हथौड़ा।
sledging –जिंग् n. (परि०) तुड़ाई^{F}।
sleech स्लीच्' a. कर्दम, भवपंक, कीच^{F}, कीचड़, चहला, चँहटा; पंकिल भूखण्ड।
sleek[1] स्लीक्' n. (रसा०) खरोंच^{F}।
sleek[2] १. v.t. मुलायम, चिकना और चमकीला करना, चिकना-चुपड़ा बनाना, चिकनाना, गुलगुला करना; २. a. श्लक्ष्ण, मसृण, चिक्कण, मृदु, स्निग्ध, कोमल, नरम, सुखस्पर्श, चिकना, मुलायम, गुलगुला (बाल, रोम, त्वचा^{F} या ऐसी त्वचा^{F} या बालोंवाले मनुष्य या पशुके सम्बन्धमें)।
sleeker –'अॅर n. चिक्कण-यन्त्र, चिकना या गुलगुला करनेका यन्त्र, स्लीकर।
sleekit स्ली'किट् a. (स्काट०) चिक्कण, चिकना; स्पष्टवादी, मुँहफट; चतुर, चालाक, मक्कार।
sleekness स्लीक्'निॅस् n. मसृणता^{F}, स्निग्धता^{F}, मृदुता^{F}, कोमलता^{F}, नरमी^{F}, चिकनापन, चिकनाहट^{F}, चमकीलापन, चमक^{F}।
sleeky –'कि a. मसृण, चिक्कण, चिकना, मुलायम।
sleep[1]* स्लीप्' n. सुप्ति^{F}, सुप्तावस्था^{F}, शयन, निद्रा^{F}, नींद^{F}*, सोना; निद्रावधि^{F}, निद्राकाल, झपकी^{F} (*shall try to get a ~*); (ला०) शान्ति^{F}; विश्रान्ति^{F}, विश्राम, मृत्यु^{F}, मौत^{F}, मौन, उपेक्षा^{F}, निस्तब्धता^{F}, सुस्ताना, आराम, खामोशी^{F}, लापरवाही^{F}, गफलत^{F}; **~ epilepsy** (चि०) निद्रापस्मार; **~ talking** स्वप्न भाषण, (चि०) स्वाप-भाषण, **~-walker** स्वप्नचर, स्वप्नचारी, स्वप्नभ्रमणकारी, निद्राचारी, नींद^{F} या सपनेकी अवस्था^{F}में चलनेवाला; **~-walking** (चि०) स्वाप-भ्रमण; स्वप्नभ्रमण, स्वप्नसंचरण, निद्राभ्रमण, नींदमें चलना-फिरना (एक प्रकारका रोग); **broken ~** भग्न निद्रा^{F}, बेचैनी^{F}-की या बराबर टूटने या उचटनेवाली नींद^{F}; *go to ~* नींद^{F} लेना, सो जाना; (ला०) मरना; *in one's ~* सुप्तावस्था^{F}में सोते समय, नींद^{F}में; *the ~ of the just* प्रगाढ़ निद्रा^{F}, गहरी, गाढ़ी या पक्की नींद^{F}।
sleep[2] स्लीप' v.t. & i. (*slept*) निद्रामग्न होना; सोना, नींद^{F} लेना, झपकी^{F} लगना, आँख^{F} लगना; सोकर व्यतीत करना, सोकर दूर करना, सोनेमें गुजारना (*~ the hours away*); रात^{F}में विश्राम करना, रातभरके लिए बसेरा करना, ठहरना; (*with* के साथ) भोग करना, सम्भोग करना, साथ सोना; सोनेका प्रबन्ध करना, सोनेको स्थान देना (*lodging-house ~s 300 men*); समाधि^{F}में सोना, कब्र^{F}में लेटना, दफन होना; निष्क्रिय होना, क्रियाहीन रहना, निद्रित होना, ऊँघना, अलसाना, सुस्त होना, बेकार होना (*sword ~s in the scabbard*); **~ talking** निद्रा^{F} भाषण; *~like a log* or *top* गहरी नींद^{F} सोना, जड़वस्तु^{F}की तरह सोना।
sleeper –'पॅर् n. शायी, शयालु, निद्रालु, सोनेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); आलसी; **स्लीपर**, लकड़ी^{F}का कुन्दा (जिसपर रेलकी पटरियाँ^{F} बिछायी जाती हैं), सलीपट; **~ berth** शायिका^{F}; **~ wall** भित्तिका^{F}, बौनी दीवार^{F};
~ beam, ~ density, ~ packing.
sleepiness –पिनिॅस् n. शान्ति^{F}, मौन, असावधानी^{F}, आलस्य, सुस्ती^{F}, खामोशी^{F}; निद्रालुता^{F}, ऊँघनेकी अवस्था^{F} या आदत^{F}, निन्दास^{F}, ऊँघास^{F}, ऊँघाई^{F}, ऊँघ^{F}, झपकी^{F}, उनींदापन।
sleeping[1] –पिंग n. सुप्ति^{F}, स्वाप, शयन, निद्रा^{F}; **~ berth** शयनिका^{F}।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sleeping[2] a. सुप्त, (चि०) निद्रालु, सोया हुआ; ~ accommodation सोनेका स्थान, सोनेकी जगह[F]; ~-bag सोनेका खोल या थैला (जिसमें घुसकर बाहर मैदानमें भी सोया जा सकता है); ~-car(-riage) (रेल०) शयन-यान; सोनेका डिब्बा (जिसमें बिस्तर लगाकर यात्री सो लेते हैं); ~-draught नींद[F] लानेवाली ओषधि[F]का घूँट; अफीमवाली निद्राजनक ओषधि[F]; ~ partner उदासी भागीदार, (अर्थ०) निष्क्रिय साझीदार, निष्क्रिय सहभागी; ~ sickness (चि०) निद्रालु रोग, निद्रारोग, सुषुप्ति-रोग; ~ ward शयन कक्ष; *let ~ dogs lie* सोते कुत्तोंको न जगाओ; ~ movement, ~ service, ~ top.

sleepless –लिॅस् a. नष्टनिद्र, अनिद्र, विनिद्र, निद्रारहित, बिना नींदका; अविराम, विश्रामरहित, चेतन, सावधान।

sleeplessness –निॅस् n. निद्राभाव, अनिद्रता[F], निद्राभ्रंश, निद्राहीनता[F], उनींदापन, बेचैनी[F], अविश्रान्ति[F], अशान्ति[F], अविश्राम; जागरूकता[F], सजीवता[F], सावधानी[F]।

sleepy –पि a. शयालु, तन्द्रालु, निद्रापर, निद्राशील, निद्रालु, उनींदा, ऊँघता हुआ; अचेतन, अजागरूक, निष्क्रिय, असावधान, सुस्त, आलसी, बेपरवाह, काहिल; शान्तिपूर्ण, कोलाहलरहित, निःशब्द, शान्त, मौन, खामोश (*a ~ little town*); सूखा, भरा हुआ (*~ fruit*); ~head असावधान व्यक्ति, आलसी, ऊँघनेवाला आदमी, ऊँघनचन्द।

sleet स्लीट्' १. n. तुषारवृष्टि[F], सीकर, तुषारासार, सहिम वर्षा[F], उपलवृष्टि[F], शिलावृष्टि[F], आश्यानवर्षा[F], करकापात, (प्रा० भू०) सहिम(जल)वृष्टि[F], मेहके साथ मिले हुए हिम या ओले, पत्थर, बर्फ[F], २. v.i. *it ~s* तुषार या बर्फ[F] पड़ती है, पत्थर पड़ता है, ओले गिरते हैं।

sleetiness –टिनिॅस् n. तुषारवर्षापूर्णता[F], शिलावृष्टि[F]-की अवस्था[F], तुषारवर्षिता[F]।

sleety –टि a. तुषारवृष्टिपूर्ण, शिलावृष्टियुक्त, बर्फ[F] या ओलेवाला।

sleeve स्लीव' n. (यन्त्र०, कृषि०) बाहुप, बाँह[F], आस्तीन[F]; नली[F] (जिसके भीतर लोहेकी छड़[F] या एक और नली[F] हो); T.; ~-link बाँह[F]का बटन; ~ connection पत्ती जोड़; ~ piece (यन्त्र०) जोड़ नल; *hang on the ~* आश्रित होना; *have card, plan, etc., up* one's ~ मनमें कोई योजना[F] या बात[F] छिपाये रखना, मौकेके लिए कोई चीज[F] छिपाये रखना, तरकसमें तीर होना; *laugh in* one's ~ धूर्तता[F]से, गुप्त रूपसे, चालाकी[F]से, हँसना; *turn, roll, up* one's *~s* काम या लड़ाई[F]के लिए तैयार होना, कमर कसना, बाँहें[F] उठाना, आस्तीन[F] चढ़ाना;
~-button, ~-dog, ~-waistcoat.

sleeved –ड्' a. बाँहवाला, आस्तीनदार।

sleeveless –व्'लिॅस् a. अबाहुप, बिना बाँह[F] या आस्तीन[F]के; बेठौर; निरर्थक, बेकार।

sleigh[1] स्ले' n. दे० SLEDGE[1].

sleigh[2] v.i. हिमगा-यात्रा[F] करना, हिमशकट-यात्रा[F] करना, विचक्रशकट चलाना, बर्फगाड़ी[F]से यात्रा[F] करना, स्लेज[F] चलाना, स्लेज[F]पर जाना।

sleighing –इंग् n. हिमगा-यात्रा[F], हिमशकट-यात्रा[F], विचक्रशकट-यात्रा[F], बर्फगाड़ी[F]की सैर[F], स्लेज[F]पर घूमना फिरना।

sleight स्लाइट् n. (प्रा०) कौशल, इन्द्रजाल, चातुर्य, चतुराई[F], चातुरी[F], धूर्तता[F], करतूत[F], चाल[F], चालाकी[F], पेच, होशियारी[F], ~-of-hand हस्तकौशल, मदारीपन, करतब, हाथकी सफाई[F]; पटेबाजी[F] या गदकाफरी[F]में तेजी[F], फुर्ती[F]।

slender स्लेॅन्'डॅर् a. किंचित, अत्यल्प, सापेक्षिक रूपसे अल्प, कम, थोड़ा, अनुचित, अनुपयुक्त, कठिनाई[F]से पर्याप्त, मुश्किलसे काफी, नाकाफी (*~ income*); तनु, क्षीण, कृश, दुर्बल, सूक्ष्म, अदृढ़, पतला, सुकुमार, छरहरा, दुबला, कमजोर, नाजुक (*~ girl*)।

slenderize –राइज् v.i. & t. तनु होना या करना, क्षीण होना या करना, कृश होना या करना, दुर्बल होना या करना; सुकुमार होना या करना, नाजुक होना या करना।

slenderness –र्-निॅस् n. अल्पता[F], अत्यल्पता[F], अनुपयुक्तता[F], तंगी[F], कमी[F], तनुता[F], (*~ ratio*), क्षीणता[F], कृशता[F], दुर्बलता[F], दुबला-पतलापन, सुकुमारता[F], दुबलापन, पतलापन, कमजोरी[F], नजाकत[F]।

slept स्लेॅप्ट्' SLEEP का भू० कृ०।

sleuth-hound स्लू(ल्यू)थ्'-हॉउन्ड् n. प्रखरघ्राणशक्ति-विशिष्ट शिकारी कुत्ता, रक्तगन्धखोजी या खूनकी बास[F] ले लेनेवाला कुत्ता (शा० एवं ला०); (अमेरिकामें केवल *sleuth* भी) गुप्तचर, भेदिया, खुफिया, जासूस।

slew[1] स्लू' SLAY का भूतकालिक रूप।

slew[2], **slue** स्लीऊ', स्लू' १. n. घूमने या फिरनेकी गति[F], घुमाव, घूम[F], मोड़; २. v.t. & i. यत्नपूर्वक या बलपूर्वक मोड़ना या मुड़ना, घुमाना या घूमना, फिराना या फिरना, झुलाना या झूलना (*~ round, to the left*, etc.)।

slewing –इंग् n. (रेल०) हटाना।

slice स्लाइस्' १. n. (घ० ज्या०) छेदिका[F], शकल, छिद्र, खण्ड, टुकड़ा, कतला, फाँक[F]; अंश, भाग, साझा, हिस्सा (*a ~ of territory*); (नौवि०) अँगोढ़ी[F], कुरेदनी[F], पतले चौड़े फलका चपटा छुरा; २. v.t. & i. खण्ड-खण्ड करना, टुकड़े करना या काटना, हवा[F]को काटते हुए जाना, फाँकें[F] करना, फाँकें[F] काटना, वरक उतारना; डाँड़ या गोल्फके डण्डेसे गलत काट करना, पानीको चप्पूसे काटना (*~ the water*)।

slicer–सॅर् n. छेदक, शकलक, खण्डक, टुकड़ा करनेवाला, फाँक[F] बनानेवाला।

slick स्लिक्' १. v.t. सुन्दर और भड़कीला करना, चिकना और चमकीला बनाना; २. a. पटु, दक्ष, चातुर्यपूर्ण, कौशलयुक्त, अच्छा, चतुराईका, होशियार, साफ,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सफाईF से किया हुआ, सफाईदार, हाथकी सफाईF का, फुर्तीला; ३. adv. (बोल०) पूर्णरूपेण, पूरी तरहसे, ठीक-ठीक, सही तौरपर, सीधे-सीधे, सीधे तौरपर (*came ~ into the middle of them*)।

slicken –कॅन् v.t. चिकना करना, चमकाना, पालिशF करना।

slicker स्लि'कॅर् n. ⊙ नोमजामा, बरसातीF, वाटरप्रूफ।

slid स्लिड्' SLIDE का भू० कृ०।

slidable स्लाइ'डॅबॅल् a. विसर्पणीय, फिसलने या सरकने वाला, सरकने योग्य, फिसलने लायक।

slidder[1] स्लि'डॅर् n. पहाड़ीके नीचेका ढालू मार्ग, ढलानF।

slidder[2] v.i. फिसलना, सरकना।

sliddery –रि a. ढलवाँ, फिसलना, फिसलाऊ, फिसलहटी।

slide[1] स्लाइड् n. ढालF, ढलाव या फिसलनF; बर्फF पर लोगोंके फिसलनेका मार्ग, फिसलनेका रास्ता; सर्पण, सरकनF, फिसलनेकी क्रियाF; फिसलना पाट, झुका हुआ तख्ता या पटियाF (जिसपरसे सामान नीचे सरकाया जाता है); (*~-way* भी) पटरीF, ढलवाँ नालीF (जिसपर या जिसके बीचमें फिसलनेवाले भाग चलते हैं); फिसलनेवाला मशीनF का पुर्जा या औजार; (*~-valve* भी) सूप कपाट, फिसलनेवाला टुकड़ा (जो इधर-उधर फिसलकर छेदको खोलता और बन्द करता है); (वन०, चि०, भौ०, जीव०) काँचपट्टिकाF, जादुई लालटेनF का सिनेमा, (वन०, चि०) स्लाइड; (a.) सर्पी;

~ bar, ~ box, ~ caliper, ~ chair, ~ error, ~ gauge, ~ guide, ~ projector; ~ ~-rest, ~ rule, ~ valve.

slide[2] v.t. & i. (p. *slid*, p.p. *slid, slidden*) विसर्पित होना, सर्पण करना, (किसी चिकनी भूमिF पर) ढलकना, फिसलना, फिसलते हुए बढ़ना, खिसकना, सरकना, रपटना; घिसकाना, खिसकाना, फिसलाना, सरकाना; (दौड़F के धक्केके साथ बिना स्केटोंके भी) बर्फF पर फिसलते जाना, अपनेआप खिसकना; बिना हस्तक्षेपके जाना, निरपेक्ष रहना, उदासीन रहना, चुपचाप निकल जाना, बिना कुछ बोले गुजरना; अचेतन रूपसे या बिना किसीके देखे धीरे-धीरे बढ़ना, चुपकेसे जाना, आहिस्तेसे जाना; दे० SLIP[2], GLIDE, (*~s into sin*); बच्चे सेना ⊙; *let things ~* उदासीन रहना, उपेक्षाशील होना, होतेको होने देना, बेपरवाह रहना।

slideable –डॅबॅल् a. = SLIDABLE.

slider –डॅर् n. (यन्त्र०) सरकF; सर्पी, विसर्पी, सरकनेवाला, फिसलनेवाला, T.

sliding –डिंग् १. n. विसर्पण, अवसर्पण, खिसकनF; २. a. (भौ०) विसर्पी, सर्पी; rule, (*slide-rule* भी) सूप रेखक, विसर्पी गणक, सरकनेवाला पैमाना (जिससे गणितकी कुछ प्रक्रियाएँF अपने-आप हल हो जाती हैं), स्लाइड रूल; ~ scale सर्पी अनुमाप, विसूप अनुमाप, (कृषि०) विसर्पी क्रम, विसर्पी सारिणी (जो मूल्यादिके अनुसार अपने-आप हिसाब बता देती है); ~ seat सरकनेवाली गद्दीF या सीटF;

~ bearing, ~ cursor, ~ door, ~ friction, ~ pallet, ~ plate, ~ resistance, ~ shutter, ~ valve.

slight[1] स्लाइट्' १. n. अवज्ञाF, अवमान, अपमान, तिरस्कार, अनादर, निरादर, उपेक्षाF; २. v.t. (किसी व्यक्ति, अध्ययन-शाखाF आदिका) अवज्ञाF या तिरस्कार करना, अपमान करना, निरादर करना, उपेक्षाF करना, तुच्छ समझना, महत्त्वहीन समझना, कुछ न समझना, लापरवाहीF करना; *~ over* उपेक्षाF करना।

slight[2] a. सामान्य, साधारण, हलका, मामूली (*has a ~ cold*); कृश, क्षीण, सूक्ष्म, सुकुमार, दुर्बल, दुबला-पतला, कमजोर, नाजुक (*saw a ~ figure approaching*); अल्प (*~ movement*), स्वल्प, अधिक नहीं, अपर्याप्त; नगण्य, किंचित्, क्षुद्र, थोड़ा, जरा कम, (*after ~ inquiry, ~est inconvenience*)।

slighting –टिंग् a. सावज्ञ, अनादरपूर्ण, सावमान, अपमानजनक।

slightish –टिश् a. साधारण-सा; अल्प-सा, क्षुद्र-सा, हलका-सा, कुछ कम, कुछ-कुछ; आकृश, क्षीण-सा, सुकुमार-सा, दुबला-पतला-सा या नाजुक।

slightness –ट्'निॅस् n. स्वल्पताF, क्षुद्रताF, नगण्यताF, कमीF, थोड़ापना; सामान्यताF, साधारणताF, मामूलीपन; क्षीणताF, कृशताF, दुर्बलताF, सुकुमारताF, कमजोरीF, नजाकतF; उपेक्षाF, तिरस्कार, अनादर।

slim स्लिम्' १ v. i. (व्यायाम और पथ्यसे) स्थूलताF दूर करना, मोटापा कम करना; दुबला होना, पतला होना; २. a. कृश, तनु, क्षीण, दुर्बल, कमजोर, दुबला-पतला, इकहरा, छरहरा, पतले आकारका, नाजुक; अविवेकी, वादशील, युद्धकुशल, छली, कपटी, धूर्त, आँकड़े भिड़ानेवाला, जोड़-तोड़ बैठानेवाला, मक्कार; हल्का ⊙।

slime स्लाइम्' १. n. कर्दम, (रसा०) अवपंक, पंक, कीचF, कीचड़, दलदल, चहला, पतला कीचड़ या चिपचिपा पदार्थ, आश्लेष्म, लसदार वस्तुF; २. v.t. & i. (अपने शिकारको निगलनेके पहले) कीचड़में लथपथ करना, लथेड़ना, कीचF में लपेटना; (आ०) (शारीरिक या नैतिक दृष्टिF से) फिसलकर पार हो जाना, फिसलकर निकल जाना, साफ बच जाना;

~ cell, ~ eel, ~ fungi, ~-gland, ~ mould, ~ plug, ~ separation, ~ spore.

sliminess –मिनॅस् n. आश्लेष्मलताF, पंकिलताF, चिकनापन, चिकनाहट, चिपचिपाहटF, लसलसाहटF, लिबलिबापन; चाटुकारिताF, चापलूसीF, खुशामदF।

slimmish स्लि'मिश् a. कृश-सा, दुबला-पतला-सा, नाजुक-सा; धूर्त-सा, चालाक-सा, मक्कार-सा।

slimness –म्'निॅस् n. कृशताF, सुकुमारताF, दुबला-पतलापन, छरहरापन, दुर्बलताF, कमजोरीF; युद्धकुशलताF, चतुरताF, कण्टीपन, चालाकीF, मक्कारीF।

slimy स्लाइ'मि a. आश्लेष्मल, (वन०, प्राणि०)

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्लेष्मल, श्लैष्मिक, कीचड़का; (रसा०) अवपंकी, अवपंक-, पंकमय, पंकिल, कीचड़में लथपथ, लथड़ा हुआ; चिक्कण, चिकना, फिसलनेवाला, चिपचिपा, लिबलिबा; प्रियवादी, धूर्त, मिठबोला, मुँहमीठा पेट कसाई, चापलूस, चाटुकार, खुशामदी, दब्बू।

sling[1] स्लिन्ग् १. n. पाशी, सिक्य, दोला, गोफन, गोफना, वस्तुएँ[F] लटकानेके छींके; (नौवि०) छींका, झूला, उद्बन्धन, गलपट्टी[F], (कृषि०) स्लिंग[F]; लटकन[F], २. v.t. & i. (*slung*) गोफनेमें रखकर पत्थर फेंकना या मारना, गोफना चलाना; (क्व०) फेंककर मारना; छींकेमें लटकाना, गलेकी पट्टी[F]में (हाथको) लटकाना, झुलाना, लटकाकर हिलाना-डुलाना; सामानको लटकन[F]में झुलाना, किसी लटकन[F]में रखकर किसी सामानको एक स्थानसे दूसरे स्थानपर पहुँचाना, झूलेपर उठाना; ~ hook (परि०) काँटा, झूला; ~sman = SLINGER; ~ *ink* लेखक या पत्रकार होना, लिखना, कलम-घिसाई[F] करना;

~ chain, ~ plate, ~ rifle, ~ stay, ~ stone, ~ swivel, ~ thermometer.

sling[2] n. एक प्रकारकी ताड़ी[F]।

slinger स्लिन्'गॅर् n. गोफना चलानेवाला, गोफना मारनेवाला।

slinging –गिंग् n. (यन्त्र०) परिबन्धन।

slingshot ⊙ –ग्'शॉट् = CATAPULT.

slink[1] स्लिन्क्' १. n. समयके पहले उत्पन्न पशु; बछड़ेका मांस; २. v.t. & i. समयके पहले ही गर्भ गिरना या पेट गिरना, वक्तके पहले ही बच्चा पैदा करना या होना, (मादा पशुका) बच्चा गिराना।

slink[2] v. i. (*slunk*) (अपराधी भावसे या लज्जा[F]के कारण) छिपकर जाना, चोरकी तरह चलना, चुपकेसे निकल जाना या खिसक जाना, सरक जाना, चम्पत होना।

slinking –किंग् १. n. अपसर्पण, सरकन; २. a. अपसर्पी।

slinky –कि a. अपसर्पी, चुपकेसे सरक जानेवाला; वक्र, टेढ़ा-मेढ़ा; दुबला-पतला; चुस्त (~ *garment*)।

slip[1]* स्लिप् n. (ऋतु०) सर्पण, सरकना, (यन्त्र०) फिसलन[F]*, विछलन[F], रपटन[F], (परि०) सरक[F], खिसक[F], खिसकन[F]* क्रियागत अर्थोंमें (*a ~ on a piece of orangepeel may be fatal*); (कृषि०, यंत्र०) T.; त्रुटि[F], (दर्श०, भौ०) स्खलन, अशुद्धि[F], भ्रम, दोष, अपराध, च्युति[F], प्रमाद, अतिक्रम, आकस्मिक अभिचार, भयंकर भूल[F], भूल-चूक[F], चूक[F], गलती[F], ढीला-ढाला वस्त्र या जामा; (नौवि०) ऊँधा; (कृषि०) प्ररोह; ढाल, चौरस भूमि[F] (जिसपर जहाज बनाये और मरम्मत[F] किये जाते हैं); पत्थरकी बनावटी ढाल[F] (जिसपर जहाज उतारे जा सकें); (पतली लकड़ी[F] या कागज आदिकी लम्बी) पत्ती[F], पट्टी[F], पर्णी[F], (सांख्य०) परची[F]*, धज्जी[F], पुर्जा[F] (~ *book*); मुद्रकका फरमा (प्रूफ); कुत्तेका पट्टा या तसा; क्लिप[F] या किसी चिपकी हुई चीज[F]को एकाएक खोलनेका खटका; (इंजी०) घोल; पतली चिकनी मिट्टी[F] (जो पत्थरोंपर बेल-बूटे बनाने या फेरनेके काम आती है); शाख[F], शाखा[F], काण्ड, टहनी[F], डाल[F], कलम[F]; (क्रिकेटके खेलमें) बल्ले-बाजके पास विकेटके पीछे खड़ा होनेवाला कोई एक खिलाड़ी या फील्डर; इस खिलाड़ी (स्लिप[F]) के खड़े होने-का स्थान (*was caught in the ~s* or *at ~*); (pl.) नहानेका जाँघिया; छोटी चपटी मछली[F]; विमानकी यात्रा[F]में दूरी[F]का लोप; (रंगमंच, pl.) नाटकीय स्थल (जिसमेंसे दृश्य निकाल दिये गये हों) या ऐसा स्थल जहाँ-पर पात्र या अभिनेता रंगमंचपर आनेसे पूर्व खड़े होते हैं; घोल; ~-carriage कटा हुआ डिब्बा, पूरी गाड़ी[F]से किसी स्टेशनपर कट जानेवाला रेलगाड़ी[F]का कोई एक डिब्बा; ~ hernia सूप वर्ध्म; ~-knot सरकती गाँठ[F], फिसलनी गाँठ[F], सरक फंदा, झटकेसे या ताननेसे खुल जानेवाली गाँठ[F]; ~shod चप्पल[F], चटकानेवाला, स्लीपर[F] पहने हुए; असावधान, लचर, भोंड़ा, फूहड़; (ला०, भाषण, लेखन, वक्ता, लेखक, कार्यशैली[F] आदिके सम्बन्धमें) अक्रम, क्रमरहित, क्रमहीन, अव्यवस्थित, अस्पष्ट, अनिश्चित, असावधान, चिन्तारहित, लापरवाह, बेपरवाह, बेतुका, ढीला, ढीला-ढाला; ~-up ⊙ n. (बोल०) त्रुटि[F], बड़ी भूल[F], गलती[F]; खतरा; ~way (नौवि०) संस-र्पिका[F], जहाजोंके फिसलनेकी जगह[F]; *give* one *the ~* बच जाना, बचकर निकल जाना, कटकर निकल जाना; *~ of the tongue, pen* जिह्वा[F] या लेखनी[F]की भूल[F], किसी और बात[F]के लिए कुछ और बात[F] कह जाना या लिख जाना;

~ bands, ~ books, ~ fibre, ~ knot, ~ ledger, ~ lines, ~ planes, ~ rack, ~ ring, ~ share, ~ siding, ~ system.

slip[2] v.t. & i. सरकते हुए या फिसलते हुए जाना, सरक जाना (*as the door closes the catch ~s into place*); स्खलित होना, हटना, थोड़ी दूर[F] तक अनजान-में ही फिसलना, अनजाने ही फिसलनेके कारण सध न पाना, जगहसे हट जाना, पाँव चूक[F] जाना, रपटना, फिसलना (*~ped in the mud*); पलायन करना, एक-दो तीन होना, नौ-दो ग्यारह होना, चुपचाप ही या बिना देखे ही जल्दी[F]से चलते बनना, खिसक जाना, लम्बे होना, सरक जाना, आँख[F] बचाकर चल देना, चम्पत हो जाना, रफूचक्कर होना (*~ out of the room*); फिसलकर निकल जाना, सरक जाना, फिसल जाना, निकल जाना, पकड़[F]में न आना, बच जाना, छूट जाना, साफ खिसक जाना (*let reins ~ out of his hands*); त्रुटि[F] या भूल[F] करना, चूकना, भूलना, गलती[F] कर जाना, चूक[F] जाना (*~s now and then his grammar*); बचा जाना, बचाकर निकालना, खिसका देना (*dog ~s his collar*); बन्धनमुक्त करना, किसी प्रकारके बन्धनसे छोड़ देना, रिहाई[F] देना, छुट्टी[F] करना, खोल देना; कपड़ोंको जल्दी-जल्दी पहनना या उतारना; एकाएक ढंगसे सन्निवेश करना, गुप्त रूपसे थमाना, खिसका-कर डालना, चोरी[F]से भीतर डालना, भीतर खिसका देना

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(*~ped half a crown into the porter's hand*); *~ along* तेज जाना, बहुत तेज रफ्तार[F]से चलना; *~ anchor* लंगर उठाना, जहाज हटाना; *~ greyhounds from leash* कुत्तोंका पट्टा खोल देना; *~ into* (ग्रा०) मुक्के मारना, मरम्मत[F] करना, घूँसे जमाना, पीटना, ठोंकना; *~ off* or *away* खिसक जाना, मौका पाकर निकल जाना, बिना आज्ञा[F] लिये या सूचना[F] दिये चल देना, आँख[F] बचाकर चल देना; *~ up* ⊙ उल्टे ढंगसे जाना, गलत दिशा[F]से चलना; भूल[F] करना।

slip[3] n. (बर्तनपर चित्रकारी[F] करनेके लिए) लेवी[F]।

slipper स्लि'पॅर् १. n. पादुका[F], चप्पल[F], चट्टी[F], स्लीपर[F], स्लीपर[F]; (नौवि०) सर्पक (*~ block*); कुत्तोंकी दौड़[F] दौड़नेवाला आदमी; (गाड़ी[F]के पहियेमें लगी हुई एक प्रकारकी) रोक[F] या ब्रेक; २. v.t. (बच्चोंको दण्ड देते हुए) चट्टी[F] लगाना, स्लीपर[F] चलाना; *~ thorn* नागफण।

slippered –र्ड् n. चट्टीयुक्त, चप्पलवाला, स्लीपर[F] पहने हुए, स्लीपर[F] पहने हुए।

slipperiness –रिनिॅस् n. चिकनापन, फिसलन[F], फिसलाहट[F], धूर्तता[F], अनैतिकता[F], चंचलता[F], बेईमानी[F], चातुर्यापेक्षा[F]; कठिनाई[F]।

slippery –रि a. चिक्कण, मेदुर, सर्पणशील, चिकना, पिच्छिल, फिसलाऊ, फिसलनी, रिपटनी (भूमि[F]); (ला०) दुर्गम, चातुर्यापेक्षी, कष्टसाध्य, कूटबुद्धिसाध्य, चतुराई या होशियारीसे करने योग्य, सावधानीसे समझने लायक, पेचीदा (विषय, मामला); अनवस्थित, चपल, चंचल, अस्थिर, अनिश्चित, तरल, परिवर्तनशील, पकड़[F]में न आनेवाला, फिसलकर निकल जानेवाला (व्यक्ति या पदार्थ); अनैतिक, अविश्वसनीय, अनुपयुक्त, अविवेकी, धूर्त, चलता हुआ, चालाक, बेठिकाने, बेईमान।

slippiness –पिनिॅस् n. पिच्छिलता[F], चिक्कणता[F], चिकनापन, फिसलन[F], फिसलाहट[F]।

slipping ⊙ स्लिपिंग् n. दहाव (प्रायः *over* के साथ)।

slippy स्लि'पि n. (ग्रा०) पिच्छिल, चिकना, फिसलना, रिपटना; *look* or *be ~* (ग्रा०) शीघ्रता[F] करना या तेज होना, चलो जल्दी, जल्दी करो।

slipshod स्लिप्'शॉड् a. मन्द, अलस, आलसी।

slipslop[1] स्लिप्'स्लॉप् n. अवर मद्य, खराब मदिरा[F], घटिया शराब[F]।

slipslop[2] a. निःस्व, दीन, दरिद्र; कृश, कृशकाय, क्षीण, दुर्बल।

slit स्लिट्' १. n. दीर्घ छिद्र, दरी[F], दरार[F], झिरी[F], चीर; वेध, चाक, शिगाफ (*a ~ is provided for the coin to drop through*); (रसा०, भौ०) रेखाछिन्द्र, विदर; दीर्घच्छेद, लम्बा चीरा; काट, कटाव या फटाव, फाँट[F]; T.; २. v.t. & i. (*slit*) विदीर्ण करना, लम्बाई[F]में काटना, लम्बाई[F]में चीरना, पतले लम्बे टुकड़े काटना, चीरना, फाड़ना, लम्बा चीरा बनाना, चाक करना, (*threatened to ~ his nose*); *~ trench* दरी[F], खात, शरुके लिए तंग या सँकरी खन्दक[F], सँकरी खाई[F], दरारनुमा खाई[F], दीर्घ खाई[F]।

slither स्लि'दॅर् v. i. (बोल०) अस्थिरतापूर्वक फिसलते जाना, रुक-रुककर फिसलना, सरकते या रिपटते हुए चलना।

slithery –रि a. अविश्वस्य, अविश्वसनीय; वंचक, प्रवंचक, धूर्त, ठग, धोखेबाज; अस्थिर।

slitter स्लि'टॅर् n. विदारक व्यक्ति, लम्बाई[F]में काटनेवाला औजार।

sliver स्लाइ(स्लि)'वॅर् १. n. पीवरी[F], (मछली[F] मारनेमें प्रयुक्त) छोटी मछली[F]का काटा हुआ एक भाग (जो काँटेमें चारेके रूपमें लगाया जाता है); लकड़ी[F]का फटा हुआ टुकड़ा, फरी[F], छिपट[F], छिपटी[F]; २. v.t. & i. टुकड़े काटना या छिपटें[F] करना, विभाजित करना या होना, छिपटें[F] बनाना।

sloam स्लोम्' n. (कोयलेकी परतों[F]के बीच) मृदु मृत्तिकास्तर, चिकनी मिट्टी[F]की परत[F]।

slob स्लॉब्' n. पिच्छिल भूमि[F], कर्दम-भूमि[F], कीचड़दार जमीन[F]।

slobber स्लॉ'बॅर् १. n. अर्द्धोन्मत्त अवस्था[F]की बातचीत[F], भावुकता[F] या चुम्बन; राल[F], लार[F]; २. v.t. & i. (बच्चे या अर्द्धोन्मत्त व्यक्तिका) मुँहसे राल[F] बहाना, लुआब आना, लार[F] बहाना; (किसीके कपड़ों या चूमनेमें किसी व्यक्तिको) थूकसे गीला कर देना; भद्दे ढंगसे या फूहड़पनसे काम करना, बेढंगेपनसे करना, खराब करना, बिगाड़ना।

slobberiness –रिनिॅस् n. अर्द्धोन्मत्तता[F], मस्ती[F], बेसुधपन।

slobbery –रि a. अर्द्धोन्मत्त, मस्त, बेसुध; गीला, तर।

sloe स्लो' n. श्यामकण्ट[F], एक कँटीली झाड़ी[F], कँटीली जंगली झाड़ी[F]का नीला काला बेर-जैसा (फल); काली कँटीली झाड़ी[F] (का फल)।

slog स्लॉग्' १.n. थप्पड़, घूँसा; २. v.t. & i. घूँसेबाजी[F]में (मुक्केबाजी[F] और क्रिकेटमें) अन्धाधुन्ध हाथ चलाना, जोरसे और बिना देखे कसके चोट[F] लगाना, बेतहाशा मारना; अविराम गति[F]से चलते जाना, दृढ़तापूर्वक चलते जाना, लगातार काम किये जाना।

slogan स्लो'गॅन् n. स्कॉटलैण्डका युद्धघोष, समाघोष, सिंहनाद, जंगका नारा; सम्प्रदायों या दलोंके सूत्रशब्द, आदर्श वाक्य, सांकेतिक वाक्य या शब्द, नीतिवाक्य, घोष, दलगत घोषणा[F]; पुकार[F], नारा; विज्ञापनबाजी[F]में प्रयुक्त छोटे आकर्षक कथन या शब्द; *~ stamp* वाक्य मोहर[F]।

slogger स्लॉ'गॅर् n. अन्धाधुन्ध हाथ चलानेवाला, अटकलपच्चू हाथ मारनेवाला।

sloid, sloyd स्लाऍड्', स्लाऍड्' n. काष्ठकला-प्रशिक्षण, कायिक श्रम, शारीरिक श्रम।

sloop स्लूप्' n. क्षुद्र पोत-विशेष, एक प्रकारका मस्तूलवाला जहाज; *~ of war* (इति०) तोपों[F]को रखे हुए छोटी नावोंवाला पोत या जहाज।

slop[1] स्लॉप्' १. n. (pl.) रसोई[F]का मैला पानी, गन्दा

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पानी, सकरा पानी, वर्तनोंका सकरा, जूठन[F] आदि; मदिरारहित पेय, रसीला खाद्य जैसे शोरबा आदि; पंक, कीचड़; २. v.t. & i. (कपड़ों या फर्शपर) गन्दा पानी डालना या उससे भिगोना, गन्दा पानी या सकरा गिराना, सकरा या जूठन[F] गड्बड्ब करना; भिगोना, तर करना, बहाना, छलकाना, बहना, छलकना; ~-basin जूठन[F] या सकरेका वर्तन; ~-pail शयनागारमें सकरे या जूठन[F]की बाल्टी[F], गन्दे पानीकी बाल्टी[F]; ~ *over* (ला०) भावोच्छ्वास प्रकट होना, भावप्रवण या भावुक होना, मदोन्मत्त-सा होना, फूट पड़ना।

slop[2] n. (केवल pl. में) (प्रा०) चौड़ा ढीला जाँघिया या नेकर; बने-बनाये कपड़े; नौसेना[F]में नाविकोंको दिये गये बने-बनाये कपड़े, बिछौने आदि; ~-shop तैयार किये हुए कपड़ोंकी दुकान[F]।

slop[3] n. (प्रा०) सिपाही, पुलिसवाला।

slope* स्लोप्' १. n. प्रावण्य, **प्रवणता**[F], नितार, (प्रा० भू०, कृषि०) **ढाल**[F], (~ *gauge*), (प्रा० भू०) **ढलान**[F]*, उतार, झुकान[F] (*there is always a certain ~ in a ship's deck*); प्रवण भूमि[F], अवसर्पिणी भूमि[F], ढालू भूमि[F], ऊँची-नीची भूमि[F], उतराई[F]; कन्धेपर झुकी हुई बन्दूक[F] रखनेवाले सिपाहीकी मुद्रा[F], बन्दूक[F]की पोजीशन[F]; २. v.t. & i. ऊपर या नीचेको ढालू होना, ढाल[F] होना, तिरछा पड़ा होना, झुकना, आड़े पड़ना; ढालपर या ढालवाँ ढंगसे रखना, ढालू या ढलवाँ करना, तिरछा करना, सलामी[F] करना या लगाना, ढाल[F]में जमाना (*musi ~ the sides of the pit*); (प्रा०) इधर-उधर चक्कर काटना, चलते बनना, भाग खड़े होना, हट जाना, टहलना, लम्बे होना, मटरगश्ती[F] करना; ~ *arms* कन्धेके ऊपर बन्दूक[F]को तिरछे रखना;

~ distance, ~ gauge, ~ gradient, ~ measurement, ~ wash.

slopewise –'वाइज़् adv. ढालू रूपमें, ढलवाँ, तिरछा, आड़ा।

sloping –'पिंग् १. n. प्रावण्य, ढाल[F], ढलान[F]; २. a. प्रवण, ढालू, (~ *roof*), ढलवाँ, तिर्यक्, तिरछा (~ *land*); ~ character (वर्ण०) **वक्र रेखाएँ**[F]।

sloppiness स्लॉ'पिनिॅस् n. पंकिलता[F], गन्दापन, भीगापन; क्रमहीनता[F], अव्यवस्था[F], बेढंगापन, बेतुकापन; उन्मत्तता[F], भावुकता[F], मस्ती[F]।

sloppy –पि a. पंकिल, भीगी, कीचड़वाली, बरसाती पानी और भरे हुए गड्ढोंवाली (सड़क[F]); सकरन या पानीके गिर जानेसे भीगा (फर्श, मेज[F] आदि); क्रमहीन, उलटा-सीधा, बेढंगा, बेतुका, बेकायदा (काम); मदोन्मत्ततापूर्ण, भावुकतापूर्ण, उन्मत्त (भावना[F] या वार्ता[F])।

slops स्लॉप्स्' n. (pl.) सुथना, पयजामा, पायजामा, गोड़ंगा।

slopy स्लो'पि a. प्रवण, ढालू।

slosh[1] स्लॉश्' n. प्रबल आघात, प्रबल आक्रमण, भयानक प्रहार।

slosh[2] v.t. प्रबल आघात करना, प्रबल आक्रमण करना, भयानक प्रहार करना।

slot[1] स्लॉट् १. n. (नाटकके रंगमंचके) द्वारका खटका, बिल्ली[F]; किसी मशीन[F]में कटाव, **छिद्र**, छेद, दरार[F], बिल, सूराख, झिरी[F], शिगाफ (जिसमें कोई दूसरा पुर्जा बैठाया जा सके); **खाँचा**; T.; २. v.t. मशीनमें इस प्रकारके छेद या दराँचे रखना; ~-machine स्वयंचालित छेदवाली मशीन[F] (जिसमें सिक्का डालनेपर छोटी चीजें[F] अपने-आप बाहर निकल जाती हैं) **स्लाट मशीन**[F]; ~ morlise **सिरा साल**।

slot[2] स्लॉट्' n. मृगपथ, हिरन आदिका पदचिह्नित मार्ग, हिरनका शिकारी रास्ता।

sloth स्लोथ' n. शाखालम्बी, (दक्षिणी अमेरिकाका) स्तनपायी पशु; निष्क्रियता[F], कार्यविमुखता[F], तन्द्रा[F], शिथिलता[F], आलस्य, अलसता[F], मन्दता[F], आलस, सुस्ती[F], ढील[F], ढीलापन, काहिली[F]; ~-bear मन्द रीछ, मधु-रीछ।

slothful –फ़ुल् a. तद्रालु, तन्द्रिल, आलस्यपूर्ण, अलस, आलसी, सुस्त, काहिल।

slothfulness –निॅस् n. तन्द्रिलता[F], शिथिलता[F], आलस्य, आलसीपन, सुस्ती[F], काहिली[F]।

slotted स्लॉ'टिड् a. छिद्रिल, छिद्रमय, छिद्रयुक्त, छेददार, कटावदार, दरारदार, बिलदार, सूराखदार;

~ batten, ~ disc, ~ link, ~ pipe, ~ weights.

slotter –टॅर् n (रेल०) **स्लाट काटनेवाला**।

slouch स्लॉउच्' १. n. भद्दा कारीगर, अनाड़ी आदमी, फूहड़ आदमी, ढीलाढाला आदमी; अलस वृत्ति[F], शिथिल भाव, फूहड़पन, ढीली-ढाली चाल[F], भद्दी चाल[F]; (टोपके एक किनारेका नीचेको) झुकाव; सिरका झुकाव; २. v.t. & i. शिथिल गति[F]से चलना, ढीले-ढाले होकर चलना, खड़े होना या बैठना; लटकना, लापरवाही[F]से लटकाना, झुकना, झुकाना, झुका लेना; टोपका किनारा एक ओर नीचेको झुकाना, मोड़ लेना।

slouching –'चिंग् a. प्रलम्ब, आनत, झुकनेवाला।

slough[1] स्लॉउ' n. महापंक, पंकिल स्थान, दलदल, कीचड़की जगह[F]; *the S~ of Despond* अपराध या पापोंमें निराशापूर्ण छटपटाहटकी अवस्था[F]।

slough[2] स्लफ़् १. n. निर्मोक, निर्मोचन, अहित्वचा[F], केंचुल, केंचुली[F] या किसी जन्तुके शरीरसे अलग होनेवाला कोई भाग; (विकृति०) मृत त्वचा[F], मृत चर्म, मरी हुई खाल[F], खुरण्ड, घाव आदिका मुरदार मांस; (ला०) परित्यक्त वृत्ति[F], छोड़ी हुई आदत[F], भुलाई हुई टेव[F]; v.t. & i. केंचुली[F] छोड़ना या उतारना; केंचुली[F]की भाँति उतार फेंकना।

sloughy[1] स्ल'फ़ि a. पंकिल, दलदली, कीचड़से भरा।

sloughy[2] स्लॉउ'इ a. केंचुली[F]का; मृत त्वचा-सम्बन्धी, खुरण्डदार, खुरण्डका; (ला०) त्यक्त वृत्ति-सम्बन्धी।

sloven स्ल'वॅन् n. असावधान, व्यक्तिगत रूपसे अव्यवस्थित, मलिनवेषधारी व्यक्ति, अस्वच्छ, गन्दा, मैला-कुचैला, आलसी, लापरवाह, बेढंगा, बेतुका, सुस्त, फूहड़

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

या काहिल, नासमझ, बेतमीज, बेशऊर आदमी।

slovenliness –लिनिॅस् n. अपरिष्कार, मलिनता^{F}, अस्वच्छता^{F}, अव्यवस्था^{F}, बेढंगापन, फूहड़पन, बेशऊरी^{F}, गन्दगी^{F};

slovenly –लि a. मलिन, अव्यवस्थित, अपरिष्कृत, अस्वच्छवेश, गन्दा, मैला, बेढंगा, फूहड़, बेतमीज, बेशऊर।

slow* स्लो' १. v.t. & i. (रेलगाड़ी^{F}, जहाज आदिकी) गति^{F} धीमी करना, चाल^{F} कम करना, सुस्त होना; २. a. मन्थर, **मन्दचारी**, मन्दगामी, मन्दगति, **मन्द***, दीर्घसूत्री, धीरे-धीरे चलनेवाला या काम करनेवाला, सुस्त, मद्धिम, **धीमा*** (*~ bend*) ढीला (*~ and steady wins the race*); पराङ्मुख, विमुख, अनिच्छुक, विलम्बकारी, घृणालु, टालनेवाला, टालमटोल करनेवाला, टरकानेवाला (*was not ~ to defend himself*); असंवेदनशील, अभावुक, अक्षिप्र, निश्चेष्ट, स्तिमित, स्थिरचित्त; शान्त, ठण्डा (*is ~ to anger*); ठीक समयसे पीछे, सुस्त (घड़ी^{F}) (*is 20' ~*); मन्दमति, मन्दबुद्धि, निर्बोध, स्थूलबुद्धि, अल्पबुद्धि या जड़, मूर्ख, मोटी समझका, कुन्द, बुद्धू, मट्ठर (*is ~ of speech, of wit*); धीमापन लानेवाले, धीमा करनेवाले (धरातल, फर्श) (*a ~ pitch*); निर्जीव, आनन्दहीन, अरसिक, नीरस, रसहीन, रूखा-सूखा, बेमजा, फीका (*entertainment was voted ~*); (फोटोग्राफी^{F}के लैन्स या वीक्षके सम्बन्धमें) छोटे छेदका (जिसमें लम्बे प्रकाशदर्शनकी आवश्यकता^{F} हो); ३. adv. शनैः-शनैः, मन्थर गतिसे, धीरे-धीरे, धीमे-धीमे, बड़े मजेसे (*how ~ he climbs !*); **~ coach** मन्दबुद्धि, मन्थरमति, मन्दगति, आलसी, बुद्धू, मट्ठर; **~ march** (सेना०) बन्द मार्च; **~ match** धीमी दियासलाई^{F} (जिससे विस्फोटक पदार्थोंमें धीरे-धीरे आग^{F} लग जाती है); **~-motion विलंबित गति^{F}, मन्द गति^{F}**; ***go ~*** ⊙ समय लेना, अधिक समय लगाना; ***run ~*** ⊙ मन्द करना, धीमा करना;

~ bend, ~ cutting, ~ evaporation, ~ flowage, ~ neutron, ~ roll, ~ running, ~ shooting.

slowing –'इंग n. गतिमन्थरण, मन्दीकरण, चाल^{F} धीमी करना।

slowness –'निॅस् n. मन्थरता^{F}, मन्दरता^{F}, मान्द्य, दीर्घसूत्रता^{F}, **मन्द गति^{F}**, विलम्ब, मन्दी^{F}, मन्द बुद्धि^{F}, धीमापन, सुस्ती^{F}।

slows स्लोज़ n. (चि०) कम्परोग (पशुओंका)।

slow-worm स्लो'वर्म् n. मन्दसर्प, साँप और छिपकली^{F}के बीचका छोटा अहिंसक जन्तु।

sloyd स्लॉयॅड' n. =SLOID.

s.l.p. *sine legitima prole*, without lawful issue.

S.L.R. Superintendent of Land Records.

slub[1] स्लब् n. वक्रीयित सूत्र, बटे हुए धागे।

slub[2] v.t. सूत्र बटना, धागे बटना, ऊन माँजना।

slubber[1] स्ल'बॅर n. वक्रण-यन्त्र, बटनेकी मशीन^{F}।

slubber[2] v.t. & i. मन्दतया करना, आलस्य या फूहड़पनसे करना; धब्बा डालना, मैला करना।

slubberdegullion स्लेबॅर्डॅगॅल्यॅन् n. क्षुद्र व्यक्ति, नीच व्यक्ति, अवर व्यक्ति, शठ व्यक्ति, गँवार आदमी।

sludge स्लज् n. कर्दम, **अवपंक**, पंक, **कीच**, गाढ़ा चिकना कीचड़; मोरी^{F} या नरदवा (नाबदान)का कीच, गाद, गिलाव; (चि०, कृषि०) अवमल, मैल, T.;

~ cock, ~ gas, ~ index.

sludgy –जि a. कीचड़भरा, गिलावभरा, गन्दला, मैला।

slue स्लू' v.t. n. घुमाना, फेरना।

slug[1] स्लग् १. n. (जीव०) (पौधोंको नष्ट करनेवाले आवरणहीन) **शम्बुक**, कीड़े आदि; (रसा०) **धातु-खण्ड, अतन्तु-काँच**; संयुक्त मुद्र, लीनोटाइप मुद्रणमें टाइपकी पंक्ति^{F}, लोष्ठक, धात^{F}का गोल पिण्ड; बन्दूक^{F}की बेडौल-सी गोली^{F}; (यन्त्र०, भौ०) T.; २. v.i. उद्यान इत्यादिमें शम्बुक कीड़ोंको एकत्र करके नष्ट कर डालना।

slug[2] ⊙ =SLOG.

sluggard स्ल'गॅर्ड् n. जड़, मन्द आलसी पुरुष, सुस्त आलसी व्यक्ति, आरामतलब आदमी।

sluggardize –र्डाइज़् v.t. मन्द बनाना, आलसी बनाना।

slugged ⊙ स्लग्ड' a. धक्का देकर गिराया हुआ; **~ bottom** (रसा०) **विषम पेंदा**।

sluggish स्ल'गिश् a. मन्थर, मन्दगति, मन्दगामी, धीमा, धीमे चलनेवाला; निश्चेष्ट, स्तिमित, अनुद्योगी, आलसी, तन्द्रालु, निष्क्रिय, मन्द, आलस्यशील, जड़, मट्ठर, आरामतलब, काहिल, सुस्त;

~ liver, ~ machine, ~ person, ~ stream.

sluggishness –निॅस् n. मन्दता^{F}, मान्द्य, अनुद्योगिता^{F}, निष्क्रियता^{F}, तन्द्रा^{F}, आलस्य, आलसीपन, जड़ता^{F}, धीमापन, मट्ठरपन, सुस्ती^{F}, काहिली^{F}, मन्दगतिता^{F}।

sluice स्लूस्' १. n. जलद्वार, जलमार्ग, (यन्त्र०) **जलकपाट, कपाट** (*~ valve*); नहप, बाँधका दरवाजा, जलको रोकने या निकालनेका फाटक; (परि०) **तूम** (*~ gate*); बाँधका पानी, बाँधके द्वारपर या नीचे या उसमेंसे निकलनेवाला पानी; जलप्रवाह, परिवाह; (*~ way* भी) जलमार्ग, कृत्रिम जलप्रणाली^{F}, बनावटी नहर^{F}, (कृषि०) **मोरी**^{F}; सफाई^{F}, धुलाई^{F}; २. v.t. & i. (पानीका) बाँधके द्वारोंसे वेगपूर्वक बाहर आना, जोरसे बाहर निकलना; बाँध खोलकर पानी भरना; बाँधमें दरवाजा लगाना; पानीसे खँगारना; (किसी वस्तु^{F}पर) खुले ढंगसे पानी डालना या फेंकना, खूब पानी डालकर धोना।

sluicy –'सि a. धाराद्वारके सदृश, बाँधके दरवाजेकी तरह धाराद्वारसे निकल बहनेवाला; शोषक, सोख लेनेवाला।

sluit स्लूट्' n. (दक्षिणी अफ्रीका) तंग नहर^{F}।

slum[1] स्लम्' १. n. मलिन बसति, कलंक बसति, दरिद्र मुहल्ला, नगरकी गली^{F}, मैला-कुचैला स्थान, गन्दा

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुहल्ला, (स्था०, अर्थ०) **गन्दी बस्ती**[F] (~ *clearance*), गन्दा कूचा; २. v. i. गन्दी गलियोंमें जाकर वहाँके निवासियोंकी अवस्था[F] जाँचना या पड़ताल[F] करना।

slum[2] n. तैल-पंक, घटिया रद्दी तेलका अचिक्कण अंश, चिकनाई[F]से खाली तेल; चिकने तेलका बचा-खुचा गोंद जैसा भाग।

slumber स्लम्'बॅर् १. n. शयनावस्था[F], निद्रा[F], तन्द्रा[F], नींद[F], ऊँघ[F], झपकी[F] (*fell into a troubled* ~); २. v.t. & i. सोना, ऊँघना, झपकी[F] लेना।

slumberer –रॅर् n. सोनेवाला, नींद[F] लेनेवाला, निद्रालु व्यक्ति; आलसी आदमी।

slumberous –रॅस् a. निद्रालु, निद्राजनक, तन्द्रापूर्ण, उनींदा, निन्दासा।

slumbersome –र्-सॅम् a. = SLUMBEROUS.

slumbery –रि a. = SLUMBEROUS.

slumbrous a. दे० = SLUMBEROUS.

slummer –स्ल'मॅर n. गरीबोंकी गन्दी बस्ती[F]का अधीक्षक, गरीब गलियों[F]में जाकर सेवा[F] करनेवाला।

slummock स्ल'मॅक् v.i. (बोल०) भकोसना, भुक्खड़की तरह निगलना; अशिष्टतया बोलना, असभ्यता[F]से बोलना, गँवारपनसे बोलना, उजड्डपनसे चलना या बात[F] करना।

slummocky –कि a. उपेक्षी, अनवहित, लापरवाह; मन्द, अलस, आलस्ययुक्त; फूहड़।

slummy स्ल'मि a. मलिनवसतिमय, कलंकवसतियुक्त, दरिद्र मुहल्लोंवाला; मलिन झोपड़ियों[F]से भरा हुआ, गन्दी झोपड़ियोंवाला।

slump स्लम्प् १. n. **अवपात, अवपातन** (~ *test*, ~ *value*), मन्दता[F], मूल्यह्रास, आकस्मिक ह्रास, मन्दी[F], **गिरावट**[F], घटती[F], उतार; अवसाद; २. v.i. भाव उतरना, एकाएक भाव गिर जाना, दाम घटना; पूर्णतः असफल होना, बिल्कुल न चलना; (ऋतु०) **धँसना**; ~ remission मन्दी[F]की छूट[F]।

slumping –'पिंग् n. (प्रा० भू०) **अवपात**।

slung स्लॅन्ग्' SLING का० भू० कृ०।

slunk स्लॅन्क्' SLINK का० भू० कृ०।

snuffler –लॅर् n. नाक[F]से बोलनेवाला, मिनमिना, गिनगिना, नकबोला।

snuffles ⊙ –ल्ज़् n. (चि०) बालप्रतिश्याय, जो प्रायः सहज फिरंग पीड़ित बच्चोंमें हुआ करता है।

snuffy स्न'फ़ि a. नस्यदूषित, नास[F]का, नास-जैसा, सुँघनी[F]से मलिन किया हुआ; चिड़चिड़ा।

snug स्नग्' १. n. =SNUGGERY; २. v.t. & i. =SNUGGLE; ३. a. यथेष्ट, पर्याप्त, आवश्यकतानुसार, अच्छा खासा (पैसा, माल, प्रीतिभोज आदि); वर्षा[F] और शीतसे सुरक्षित, सुसंहत, अच्छी तरह लिपटा हुआ या बाँधा हुआ या किसी स्थानपर जमा हुआ, सुखसुविधापूर्वक स्थित, सुरक्षित, सुगुप्त, आरामसे बचा हुआ; सुखावह, सुखद।

snuggery –'गॅरि n. सुरक्षित स्थान; सरायका प्राइवेट कमरा।

snuggle स्न'गॅल् v.t. & i. (बच्चे आदिको) आलिंगित करना, गले लगाना, स्नेहके लिए अपने पास कर लेना, छाती[F]से चिपका लेना; लिपटना, चिपटना, सटकर लेटना, सटना, पास लेटना।

snugness स्नग्'निॅस् n. यथेष्टता[F], पर्याप्तता[F], सुरक्षा[F], सुरक्षितावस्था[F], सुखदता[F], सुखकरता[F], सुविधापूर्णता[F], सुख, आराम;

so- = SUB- (~*journ*)।

S.O. Settlement Officer; Station Officer; Stamp Officer; Survey Officer.

s.o. seller's option.

s' o. son of.

so* सो' adv. इतना अधिक, अत्यधिक, असीम, बहुत, ऐसा*, बेहद, हद[F]से ज्यादा (*I am ~ glad* !); इस परिणामको देखते हुए ताकि, ऐसी इच्छा[F]से, इस ढंगका, ऐसा, इस प्रकारका, इतना, इस तरहका (~ *high that you cannot reach it*); तथा, तद्वत्, वैसा, प्रस्तुत ढंगसे, इस प्रकार, इसलिए, समानतः, समान रूपसे, मिलता-जुलता हुआ, उस सीमा[F] तक, उस हद[F] तक (*I am not ~ eager*); चूँकि, इसलिए कि, इस शर्त[F]पर, बशर्ते कि (~ *that* or ~ *it is done*); इसपर भी, इसीलिए, ऊपरसे भी, इसके अतिरिक्त, साथ ही, वस्तुतः, यथार्थतः, वास्तवमें, दरअसल, वाकई (*well, ~ I did*); यही तो, वही, वैसा ही, यों, यह, उस तरह (~ *he said*); उस स्थिति[F] या अवस्था[F]में, वैसी दशा[F]में, और ऐसा हुआ, वैसी हालत[F]में, इसीसे,सो, यों ही, ऐसे ही (*he, it, is better* ~); अतः, अतएव, परिणामतः, फलतः, तदनुसार, तदनुरूप, इस कारण, इसलिए, इस वास्ते, उसके मुताबिक (*he says he was not there,* ~ *he doubtless was not*); (प्रा०) अच्छा, बहुत अच्छा, हाँ, ऐसा हो सही, यों ही सही (*if you are content,* ~); (int. के रूपमें) बस, काम चल जायगा, अब बस, रहने दो, रुको, शान्त रहो, बस, ठहरो; ~-and-~ अमुक व्यक्ति, अमुक वस्तु[F], फलाँ आदमी या चीज़[F]; ~ ~ साधारण रूपसे अच्छा, मामूली काम चलाने योग्य, साधारण-सा, यों ही-सा; who~, who-~ ever कोई भी सही, जो भी हो; *and* ~ इत्यादि; तदुपरान्त, इसके बाद, फलतः, निष्कर्षतः, एतदर्थ; *or* ~ या कुछ कम अधिक, इससे अधिक नहीं, इसीके आसपास; ~*as to* ताकि; ~or *in* ~ *far as* अथवा (प्रा०) ~*far, forth, as* इस या जिस सीमा[F] तक, जिस हद[F] तक, जब तक कि, जहाँ तक, जितना, इतना; ~*be it* ऐसा है, खैर यों ही सही, अच्छी बात[F] है, बस इतना बहुत है, बस यह काफी है; ~ *far* यहाँ तक, अबतक, इस समय या बिन्दु या सीमा[F]तक; ~ *far as* जहाँतक; ~ *far as practicable* यथासाध्य; ~ *long* जबतक, इतने समयतक; ~ *long as* जहाँ तक, जब तक, इस शर्त[F]पर कि, बशर्ते कि; ~ *much for* बस यही करना या कहना है; ~ *much* ~ यहाँ तक कि; ~ *to* ~ or *speak* मानो, अर्थात्; ~ *please you* आपकी कृपा[F]से, यदि आप कृपा करें; *you don't say* ~ सच ! सचमुचमें ! ऐसा ही है न ! ऐसा कहते हो न !

soak सोक्' १. n. मदिरापानका क्रम, शराब[F]का दौर; घोर मद्यप, खूब शराब[F] पीनेवाला, पियक्कड़, खमके खम चढ़ानेवाला; **शोषण, शोष,** (~ *well*) **सूख;** आचूषण, सोखना, तर होना, भीगना, भिगोना; २. v.t. & i. अत्यधिक मदिरापान करना, बहुत अधिक पीना, निरन्तर पीते जाना, छककर शराब[F] पीना; (सोखनेवाले पदार्थके सम्बन्धमें) चूषण करना, आचूषण करना, पी लेना, चूसना, **सोखना** (तरल पदार्थ); (नमी[F], तरी[F], सील[F]का) किसी वस्तु[F]में सीलन प्रवेश करना या लाना, सील[F] जाना, नमी[F] लाना, सीड़ना; तरल पदार्थमें पूर्णतया भिगोने या तर करनेके लिए रखना या छोड़ना या डाल देना, सिक्त करना या होना, आर्द्र करना या होना, खूब भिगोना, सिरसे पैर तक भिगो देना या सराबोर करना या होना, (वर्षा[F]से) भिगो देना, **भिगोना,** भीगना, डुबोना, डूबना, तरबतर करना, तरबतर होना; (प्रा०) कठोर दण्डाज्ञा[F], कर आदिके द्वारा धनशोषण करना, पैसा चूसना (~ *the rich*); अधिक भार लादना, अधिक दाम लेना, अधिक चार्ज करना ⊙ ~ away **पोखर, जोहड़; सोखगड्ढा;** ~ pit (इति०) **शोषगर्त,** (चि०) **शोषण-गर्त;** जलचूषण-गर्त।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

soakage –'किज् n. नमी[F]का प्रवेश; पाना, नमी[F], तरी[F], सीलन[F], सीलनका होना, सीड़न[F]; ~ pit आचूषण-गर्त ।

soaked –क्ड़् a. आचूषित, सराबोर ।

soaker –'कॅर् n. भिगोनेवाला, सोखनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); घोरमद्यप, पक्का शराबी, पियक्कड़; तर कर देनेवाली वर्षा[F], जोरका झाला या लहरा ।

soaking –किंग् n. जलसिक्त करने या होनेकी क्रिया[F], भिगोना या भिगोया जाना; ~ pit (रसा०) **सोख-गड्ढा** ।

soap* सोप्' १. n. स्वफेन, (रसा०) **साबुन*** (*insoluble ~s*); खुशामद, चापलूसी[F], २. v.t. & i. साबुन लगाना, साबुन मलना, साबुनसे रगड़ना; खुशामद[F] करना; ~-boiler साबुन बनानेवाला, ~-boiling साबुन-निर्माण, साबुनसाजी[F]; ~ boxer ⊙ क्षिप्रवक्ता, जल्दी-जल्दी भाषण करनेवाला; ~-bubble साबुनका बुलबुला या बुल्ला; ~ cake **साबुन बट्टी[F]**; ~-nut (वन०) अरिष्ट, रीठा; ~-stone स्वफेनाश्म, शैलखड़ी, (प्रा० भू०) **घीया पत्थर, सैलखड़ी[F]**; ~-ball, ~ film, ~-pen, ~-test, ~-tree, ~-works.

soapiness –'पिनिॅस् n. साबुन-जैसा गुण, साबुनीपन; चाटुकारिता[F], चापलूसी[F], खुशामद[F] ।

soapless –प्'लिॅस् a. बिना साबुनके, बेसाबुन ।

soapy –'पि a. स्वफेनवत्, साबुनसदृश, साबुनयुक्त, साबुनवाला, साबुन लगाया हुआ, साबुनके गुणका, साबुनी; स्निग्ध, (व्यक्ति या उसके आचरण या वार्तालापके सम्बन्धमें) चाटुकार, चाटुकारितापूर्ण, चापलूस, चापलूसी-वाला, खुशामदी ।

soar सोॅर्' १. n. उड्डयन, उड़ान[F], २. v. i. (शा० एवं ला०) विडयन करना, उड़ना, हवा[F]में तैरना या मँडराना, पृथ्वी[F]के ऊपर जाना, ऊँचाई[F]पर चढ़ना या होना, ऊँचा चढ़ना, उड़ान भरना, बुलन्दी[F]पर उड़ना (*~ing eagle*) ।

soave सोअेव् adv. मृदुतया, कोमलता[F]के साथ; माधुर्यसे; मधुरतया, मधुरता[F]के साथ ।

sob सॉब्' १. n. सगद्गद दीर्घ निःश्वास, सुबकी[F], सिसकी[F], सिसकना; २. v.t. & i. दीर्घ निःश्वाससे आक्रन्दन करना, सुबकी[F] लेना, सिसकी[F] भरना, रोते हुए हिचकी[F] बँधना, सिसकना, सुबकना; ~-stuff ⊙ करुणभाव, करुणरस; भावुकतापूर्ण रचना[F] या कृति[F]; भावुकता[F] ।

sobbing –'बिंग् n. गद्गद, सुबकी[F], सुसकी[F], सिसकी[F] ।

sober सो'बॅर् १. v.t. & i. संयतमन होना, अनुत्तेजित होना, स्थिरचित्त होना या बनना, शान्त करना, उन्माद हटाना या हटना, होशमें लाना या आना; गम्भीर होना या बनाना; २. a. सुचित्त, सन्तुलितचित्त, स्वस्थचित्त, प्रशान्तचित्त, स्थिरबुद्धि, सुस्थिरमन, सुलझा हुआ, शान्त, धीर, गम्भीर, शीलवान्, आत्मसंयमी, प्रशान्त, स्थिर, विचारशील, अल्पभाषी, अक्रोधी, अनुत्तेजित, अप्रमत्त, अनुद्वेगशील, इन्द्रियसंयमी, परिमित, मर्यादित, मर्यादाबद्ध, संयत, मित, परिमित, नियत, अतिरेकहीन, नियमाचारी, अनाग्रही, नियतवृत्ति, ठण्डे मिजाजका, संजीदा; मित-पायी, पान-संयमी, मदिरापन या शराब[F] पीनेमें संयत (*is a ~ man*); अमत्त, निर्मद, सचेत, सावधान, बिना पिये या बिना नशेके, बेनशा, होशमें, होशियार (*as ~ as a judge*) ।

soberish –रिश् a. ईषत्सचेत, ईषत्संयतमन, किंचिदनुत्तेजित; गम्भीर-सा, शीलवान्-सा, कुछ-कुछ शान्त ।

soberness –र-निॅस् n. सुचित्तता[F], सन्तुलितचित्तता[F], स्वस्थचित्तता[F], स्थिर बुद्धि[F], धीरता[F], गम्भीरता[F], शीलवत्ता[F], प्रशान्तता[F], स्थिरता[F]; विचारशीलता[F]; अल्पभाषिता[F]; अनुत्तेजितता[F], अप्रमत्तता[F], अनुद्वेगशीलता[F], परिमितता[F], मर्यादापूर्णता[F], मर्यादाबद्धता[F] ।

sobersides –साइड्स् n. सौम्य व्यक्ति, गम्भीर व्यक्ति, शान्त पुरुष, स्थिर पुरुष ।

Sobranje सोब्रान्'ये n. बल्गेरियाकी राष्ट्रीय विधान-सभा[F] ।

sobriety सॅब्राइ'इॅटि n. मिताचार, मिताचारिता[F], अनुद्वेग, निग्रह, **संयतता[F]**, संयम, पानसंयमी वृत्ति[F]; मित पान, अमत्तता[F]; शान्ति[F], प्रशान्तचित्तता[F], शान्तभाव, सन्तुलितभाव, संयमीभाव, धीरता[F], गम्भीरता[F], गाम्भीर्य, स्थिरता[F], धीरज[F], संजीदगी[F] ।

sobriquet, sou- सो'ब्रिके, सू- n. अवज्ञासूचक नाम, उपनाम, कल्पित नाम, झूठा नाम, उर्फ ।

Soc. Society.

socalled ⊙ सो'कॉल्ड् a. तथाकथित, नाममात्रका ।

soc(c)age सॉ(सो)'किज् n. जागीरदारी पट्टा (जिसके अनुसार काश्तकारको या तो लगान देना पड़ता है या मालिककी कोई और सेवा[F] करनी पड़ती है), खिदमती काश्तकारी[F] ।

soc(c)ager –जॅर् n. पट्टीदार, पट्टेदार काश्तकार ।

soccer सॉ'सॅर् n. (बोल०) फुटबाल; बालसंघ ।

sociability सोशॅबि'लिटि n. मैत्रीपूर्णता[F], समाजप्रियता[F], **सामाजिकता[F]**, प्रेमीभाव, संसर्गशीलता[F], वार्तालापप्रियता[F], सम्पर्कशीलता[F], संगप्रियता[F], **मिलनसारी[F]**, मेल-मिलाप ।

sociable –'शॅबॅल् १. n. एक प्रकारकी तिपहिया गाड़ी[F]; दो सवारियों[F]के पास-पास बैठनेकी तीन पहियेकी या तिपहिया पैरगाड़ी[F]; एक प्रकारकी खुली बग्घी[F]; S के आकारका कोच; २. a. (सभा[F] आदिके सम्बन्धमें) अनौपचारिक, मैत्रीपूर्ण, मित्रोंकी, आपसी, दोस्ताना; मिथ्याशिष्टाचार-हीन; समाजप्रिय, संघप्रिय, संलापप्रिय, वार्तालापप्रिय, सम्भाषणशील, संगप्रिय, सम्पर्कशील, मिलनसार, मित्र बनानेवाला, मेलमिलापी, बातचीत[F]में रमनेवाला, संगती, मिलने-जुलनेवाला, लोगोंमें बैठने-उठनेवाला ⊙ ।

sociableness –'नॅस् n. ⊙ = SOCIABILITY.

social सो'शॅल् १. n. किसी क्लबका सम्मिलित समारोह, सामूहिक सभा[F], सामाजिक उत्सव; २. a. समाजोन्मुख, **सामाजिक**, समाजका या समाजमें या समाजकी ओर

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(~ *intercourse*); **समाज-, समाजमूलक**, समाज-विषयक, समाज-सम्बन्धी, मनुष्यों या वर्गोंके पारस्परिक सम्बन्धोंका (~ *problems*); संसर्गशील, सम्बन्धप्रिय, समाजप्रिय, समुदायप्रिय, अन्योन्याश्रित, एकान्तसे दूर, सापेक्ष, सहकारी, संघचारी, समाजमें रहनेवाला (*man is a ~ animal*); पारस्परिक, आपसका, मित्रों सहित या मित्रोंका (*the S~war*); the ~ contract *or* (क०) compact सामाजिक अनुबन्ध, सामाजिक संविदा^{F};

~ adaptation, ~ adjustment, ~ age, ~ agency, ~ animal, ~ assistance, ~ attitude, ~ authority, ~ behaviour, ~ boycott, ~ budgeting- ~ capital,~ censorship, ~ climbing, ~ code, ~ coherence, ~ commission, ~ competence, ~ condition, ~ conduct, ~ consciousness, ~ control, ~ credit, ~ curiosity, ~ custom, ~ degeneracy, ~ distance, ~ dividend, ~ dynamics, ~ economy, ~ elimination, ~ environment, ~ equilibrium, ~ etiquette, ~ evolution, ~ expenditure ~ factors, ~ force, ~ felicitation, ~ feeling, ~ gathering, ~ group, ~ growth, ~ habits, ~ health, ~ heritage, ~ hygiene, ~ imperative, ~ increment, ~ influence, ~ injustice, ~ instinct, ~ institution, ~ insurance, ~ intelligence, ~ lag, ~ maladjustment, ~ medicine, ~ mind, ~ misfit, ~ order, ~ organization, ~ philosophy, ~ planning, ~ position, ~ progress, ~ psychology, ~ responsibility, ~ retrogression, ~ role, ~ sanction, ~ science, ~ security, ~ selection, ~ self, ~ service, ~ situation, ~ statistics, ~ status, ~ structure, ~ suppression, ~ surgery, ~ technique, ~ telegram, ~ theory, ~ tourism, ~ transfer, ~ unrest, uplift, ~ ~ vacuum, ~ value, ~ vice, ~ wealth, ~ welfare,~ will, ~ worker, ~ workshop.

socialism –शॅलिज़्म् n. (राज०) **समाजवाद**, समाज-सत्तावाद, समाजतन्त्र।

socialist –लिस्ट् n. (अर्थ०, राज०) **समाजवादी**, सोशलिस्ट।

socialistic –'टिक् a. समाजवादी (~ *pattern*), समाजवादात्मक, समाजवाद-सम्बन्धी, समाजसत्ता-सम्बन्धी।

sociality -ऐ'लिटि n. (दर्श०) **सामाजिकता**^{F}, सापेक्षता^{F}, समाजप्रियता^{F}, अन्योन्याश्रय; पारस्परिकता^{F}, आपसी भाव।

socialization –शॅलाइज़ेशॅन् n. (शिक्षा०) **समाजीकरण**।

socialize –शॅलाइज़् v.t. समाजीकरण करना, सामाजिक करना, समाजवादके सिद्धान्तोंपर व्यवस्थित करना।

societary सॅसाइ'इॅटॅरि a. सम्प्रदाय-विषयक, समाज-सम्बन्धी, जाति-विषयक, सोसायटी^{F}का।

society* –टि n. सम्प्रदाय, जनसमूह, समुदाय, (का०) **समाज**, जाति^{F}, कौम^{F}, **सोसाइटी**^{F} (*no ~ can retain members who flout its principles*); किसी सभ्य राष्ट्रका सामाजिक रहन-सहन^{F}, संगठन, सामाजिक जीवन और रीति-रिवाज (*the progress of ~ is an evolution*); प्रतिष्ठित या शिष्ट समाज, सम्पन्न तथा सम्बद्ध समाज, सम्पन्न या धनी समाज, किसी समाजके उच्च वर्ग, पैसेवाले नामी लोग (*was welcomed by ~*); परिषद्^{F}, **समिति**^{F}, मण्डली^{F} (सामान्य लक्ष्य या हितकी भावना^{F}से एकताबद्ध मनुष्योंका) संघ, (का०) **संस्था**^{F}, समुदाय, सभा^{F} (*S~ of Jesus*); सहयोगिता^{F}, संग, संगति^{F}, मित्रता^{F}, साथ (~ *and solitude*); सहभागिता^{F}, अतिथि-सत्कारमें सहयोग, संसर्ग, सम्पर्क, साहचर्य, संगति^{F}, साथ, भागीदारी^{F} (*goes a great deal into, avoids, is at his best* or *embarrassed, in ~*); ~ *moulds a man* खरबूजाको देख खरबूजा रंग बदलता है।

Socinian सॅसि'निॲन् १. n. निम्न धर्मशास्त्रज्ञोंके मतका अनुयायी, एकात्मवादी, सोसीनियन; २. a. इटलीके धर्मशास्त्रज्ञ *Laelius* और *Faustus Socinus* से सम्बन्धित।

Socinianism –ॲनिज़्म् n. एकात्मवाद, सोसीनियनोंका मत, सोसीनसवाद।

sociogram सो'सिॲग्रैम् n. (शिक्षा०) **समाज-आलेख**, समाज-रेखाचित्र।

sociograph –ग्राफ् n. (शिक्षा०) **समाज रेखाचित्र**।

sociological सोशॅलॉ'जिकॅल् a. समाजशास्त्रीय, समाज-विज्ञान-सम्बन्धी।

sociologist सोसिऑ'लॅजिस्ट् n. समाजविद्, समाजवादी, (चि०) **समाजविज्ञानी**, समाजशास्त्री, समाजविद्, समाज-विज्ञानवेत्ता।

sociology –जि n. सामाजिकी^{F}, मानवसमाजतत्त्व, (शिक्षा०) **समाजशास्त्र, समाजविज्ञान**, मानवसमाज (के विकास, उसकी प्रकृति^{F} तथा उसके नियमोंसे) सम्बन्धित जानकारी^{F}।

sociometry –मि'ट्रि n. (शिक्षा०) **समाजमिति**^{F}।

socionomics ⊙–ऍनॉ'मिक्स् n. (शिक्षा०) **समाज नियमन-शास्त्र**।

socius सो'सिॲस् n. (शिक्षा०) **व्यष्टि**^{F}।

sock[1]* सॉक़' n. (प्रा०) विदूषकका हलका जूता; पिण्डुली^{F}के नीचे तकका छोटा मोजा*, जुर्राब; सुखतल्ला, गर्मी^{F} लानेके लिए रखा हुआ जूतेका भीतरी तल्ला।

sock[2] १. n. फेंकनेकी वस्तु^{F} या घूँसेका प्रहार, पत्थरकी चोट^{F} या वार; २. v.t. (किसीपर गेंद^{F} या पत्थर) मारना, उछालना, फेंकना; (फेंककर मारनेके किसी अस्त्रसे किसी व्यक्तिपर) प्रहार करना, कठोर आघात करना, चोट^{F}

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना, मारना; ३. adv. अकस्मात्, एकाएक, ठीक, धड़-से, ऐन (*hit him ~ in the eye*)।

sock[3] १. n. (स्कूल आ०) मिठाईF, पेस्ट्रीF आदि; २. v.t. & i. मिठाईF खाना; (किसीको कुछ) देना।

sock[4] n. फाल।

sockdologer, -lag- ⊙ सॉक्डॉ'लॅजॅर्, -लज् n. (आ०) चुकती बातF।

socker सॉ'कॅर् n. = SOCCER.

socket सॉ'किट् १. n. **उलूखल**; कूप, (चि०) **गर्त**, गर्तिकाF, **साकेट**; भाजन (किसी वस्तुF को मजबूतीF से बैठाने या खड़ा करने या घूमते रहनेके लिए प्राकृतिक या कृत्रिम) आधार, पात्र, घर, (इति०, यंत्र०) **कोटर**, खाना, ठिया हुआ (*eye-~*); (स्था०) **खोलF**, **साकेट**, २. v.t. खानेमें बैठाना या रखना; (गोफमें) गेंदF पर छड़ीF की गाँठF से चोटF लगाना; ~ chisel (यंत्र०) **खोल-रुखानी**F।

socketed –टिड् a. सकोटर, कोटरस्थित, घरमें बैठाया हुआ, खानेमें जमाया हुआ;

~ celt, ~ chopper, ~ hoe, ~ pick, ~ spear, ~ tweezer.

socle सॉ'कॅल् n. (स्था०) स्तम्भ या मूर्तिF का आधार-स्वरूप पाषाणपीठF, नीचेकी पत्थरकी चौकीF या पाया, कुर्सीF।

S.O.C.O.N.Y. Standard Oil Company of New York.

Socratic सॅक्रै'टिक् a. सुकराती (*~ method*)।

sod[1] सॉड्' १. n. शाद्वल, तृणमृदाF, (कृषि०) तृणीभूमिF, तृणीमिट्टीF, तृणावृत मिट्टीF, दूबF लगी हुई भूमिF की ऊपरी पर्तF, तृणावर्त भूखण्ड, (कृषि०) **तृणी भूखण्ड**, **तृणी ढेला**, घासF लगी मिट्टीF का ढेला; २. v.i. (धरतीF-को) घास-लगी मिट्टीF की पर्तोंसे या ढेलोंसे ढकना, तृणमृदाF बिछाना; घासF-लगे ढेले फेंककर मारना, *under the ~* समाधिF में, कब्रF में।

sod[2] n. (आ०) लौंडेबाज।

soda सो'डॅ n. विक्षार, सोडियमका क्षारपदार्थ, खार, (रसा०) **सोडा**; (*~-water* भी), खारा पानी, सोडावाटर (*have some brandy & ~*); ~-fountain पात्र, जिसमें सोडा रखा जाता है; स्टोर जहाँ यह पात्र रहता है⊙;

~-ash, ~ bleach, ~ caustic, ~ clay, ~ crystals, ~ glass, ~-granite, ~-lake, ~-lime, ~ mica, ~-potash, ~-scone.

sodality सॅडै'लिटि n. धार्मिक संगठन या भ्रातृत्व; साथ; भाईचारा, बिरादरीF।

sodden सॉ'डॅन् १. v.t. & i. आर्द्र या तर होना या करना; कुचकुची (रोटीF) होना या बनाना; हतबुद्धि करना; २. a. आर्द्र, सिक्त, क्लिन्न, खूब भींगा हुआ या पानी सोखा हुआ, तर, तरबतर, कच्ची, भारी और कुच-कुची, अधपकी (रोटीF); नित्य मद्यपानके कारण हतबुद्धि, शक्तिहीन, निष्क्रिय, जड़, भोंदू; धुत, सराबोर।

soddenness –निॅस् n. आर्द्रताF, सिक्तताF, क्लिन्नताF, गीलापन; कच्चापन, कुचकुचापन; (अधिक मदिरापानके कारण) बुद्धिहीनताF, जड़ताF।

sodic सो'डिक् a. वैक्षारिक, विक्षारीय, सोडियम-सम्बन्धी।

sodium सो'डिॲम् n. क्षारातु, सोडा, नमक तथा अन्य पदार्थोंमें पाया जानेवाला एक सफेद मुलायम धातु-तत्त्व, T.;

~ acetate, ~ borate, ~ carbonate, ~ chloride, ~ citrate, ~ formate, ~ glycolate, ~ methylate, ~ mica, ~ nitrate, ~ phosphate, ~ propionate, ~ silicate, ~ sulphate, ~ sulphite, ~ tartrate, ~ tongs.

sodoku सोडोकू n. सोडोकू (मूषिक दंशज जापानी बुखार)।

sodom सोडोम् n. व्यभिचारगृह।

sodomite सॉ'डॅमाइट् n. लौंडेबाज, गुदमैथुनी।

sodomitical –मि'टिकॅल् a. अप्राकृतिक व्यभिचारी, गुदमैथुन-पर, बच्चेबाज, लौंडेबाज; अप्राकृतिक व्यभिचारी-विषयक, गुदमैथुनपर-सम्बन्धी, बच्चेबाजका, लौंडेबाजका।

sodomy –डॅमि n. पुंमैथुन, **गुदा-मैथुन**, बच्चेबाजीF, लौंडेबाजीF।

soever सोअे''वॅर् suf. कितना भी, कहीं भी, कोई भी (*how great ~ it may be*)।

sofa सो'फ़ॅ n. प्रतल्प, पर्यंक, सुखासन, कई लोगोंके बैठने-का बड़ा गद्दा या कोच, सोफा।

soffioni –फिॲनी n. ज्वालामुखी वाष्प-रन्ध्र, (रसा०) **उद्वाष्प**, T.

soffit सॉ'फ़िट् n. छज्जे, बारजे, महराब आदिका नीचेका तल या निचली सतहF; पेंदा, (यंत्र०) **तला**।

sofi सोफ़ि n. = SUFI.

sofism –फ़िज़्म् n. = SUFISM.

S. of S. Superintendent of Stamps.

soft* सॉफ़्ट्' १. n. मूर्ख निर्बल व्यक्ति, सीधा आदमी, बेवकूफ आदमी, भोंदू, घोंघावसन्त; २. a. मसृण, श्लक्ष्ण, चिक्कण, स्निग्ध, चिकना, (*~ skin*); सुकुमार, **मृदु**, (चि०) **कोमल**, मुलायम, लोचदार, लचकदार, लचीला, गुदगुदा, पिलपिला, (कृषि०) **नरम*** (*~ as butter*); मधुर, सुन्दर, मनोहर, शीतल, सुगन्धित, शान्तिप्रद, समशीतोष्ण, अतिक्त, मृदु, अच्छा, सुहावना (*~ air*); आर्द्र या नम, गलनशील या पिघलता हुआ, बरसाती (*~ weather*); विनीत, सौम्य, शान्त, प्रशान्त, विनयी, नम्र, सदय, सहृदय, शिष्ट, मिलनसार, सम्मानपूर्ण, अभिवादनशील, रसिक, प्रेमी, ठण्डे मिजाजका; हलका, मन्द, धीमा, ठण्डा (*~ rain*); (पानीके सम्बन्धमें) सुपाच्य, मीठा, हलका; निरम्ल, अतिक्त, पाचक, मधुर, स्वादु, मीठा, हलका, मजेका (*~ claret*); शान्त, सरल, संन्यासियों जैसा, सादा, सूफियाना (*~ light*); हलके ढंगसे परिभाषित, शिथिल, ढीला, कच्चा (*~ outline*); मध्यम, अकर्कश, हलकी आवाजF का, धीमा,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गद्धिम (~ *music*); (ध्वनि०) सघोष (*b, g, d, are ~ mutes*), ऊष्म (*g is ~ in* gin); निष्क्रिय, शक्तिहीन, बलहीन, अबल, निर्बल, क्षीण, अशक्त, शिथिल, बुद्धिहीन, ढीला, कमजोर, जड़, सुस्त, पोला, महरा, जनाना (*the national character has gone ~*); निर्विघ्न, शान्तिपूर्ण, शान्तिमय, चुपका (~ *slumbers*); (प्रा०) सुगम, सुकर, सरल, सहल, आसान, आरामका (*has a ~ job*); सहृदय, संवेदनाशील, सहानुभूतिशील, दयार्द्र, दयालु; नम्र, करुणाशील, रहमदिल, हमदर्दी रखनेवाला (*has a ~ heart*); int. (प्रा०) शान्त ! चुप !; कुछ तो ठहरिये, जरा रुकिये; ~ chancre (चि०) उपदंश, रतिजमृदुव्रण; **मृदु उपदंश व्रण**; ~ corn अँगूठोंके बीचका मुलायम घट्ठा ~ currency सुलभ मुद्रा^{F}; ~ drink (बोल०) मद्यरहित पेय, बेनशेका शर्बत आदि; ~ goods हलका माल, कपड़े आदि; ~ hail कच्चे ओले; ~-headed, ~-witted झक्की, सनकी, खब्ती; बुद्धू, भोंदू; ~hearted प्रेमवार्ता^{F}, कोमलहृदय, दयालु, रहमदिल; ~-heartedness कोमलहृदयता^{F}, रहमदिली^{F}, नरमदिली^{F}; ~ job **आरामकी नौकरी^{F}**, ~money **अस्थिर मुद्रा^{F}**, **कागजी मुद्रा^{F}**; ~ nothings प्रेमवार्ता^{F}, प्रेमभरा वार्तालाप, प्यारकी बातें^{F}, रसीली बातें^{F}; ~ palate मांस-तालु, (कृषि०) **मृदु तालु**, (चि०, कृषि०) **कोमल तालु**; ~-pedalled ⊙ हल्केसे छुआ हुआ; ~ tack (नौवि०) रोटी^{F}; ~ wicket गीली भूमि^{F} (क्रिकेटमें);

~-armed, ~-backed, ~ ball, ~ bast, ~-bedded, ~-bellied, ~-bodied, ~-boiled, ~brained, ~ climber, ~ coal, ~-coated, ~ coke, ~ commissure, ~ component, ~ crown, ~ currency, ~ dough, ~ eyed, ~-finned, ~ fire, ~ focus, ~-furred, ~ glass, ~-headed, ~ iron, ~ like, ~ matrix, ~ money, ~ palate, ~ paraffin, ~ pencil, ~ quality, ~ radiation, ~-rayed, ~ rine, ~ roe, ~ rot, ~ rush, ~-shelled, ~ shield fern, ~ solder, ~ sore, ~-spoken, ~ steel, ~ tack, ~ tortoise, ~ variety, ~ virtue, ~ waste, ~ water, ~ wheat, ~ wood, ~-wooded.

soften सॉ'फ़्न् v.t. & i. मृदुकरण करना या होना, मृदु करना या होना, समशीतोष्ण करना या होना, कोमल करना या होना, मुलायम या नरम करना या होना; पिलपिला करना या होना (~ *up* भी); बम गिराकर सेना^{F}की रक्षाशक्ति^{F}को घटाना या कम करना; लाघव करना, लघु करना या होना, कम या हलका करना या होना।

softener –नॅर n. (चि०) **मृदुकर**, मृदुकारी, मुलायम या कोमल बनानेवाला; बम गिराकर सेना^{F}की रक्षात्मक शक्तियों^{F}को घटानेवाला।

softening –निंग् n. (रसा०) मृदुकरण, मृदुभवन, शान्तिकर, शमक; ~ *of the brain, spinal cord*, विकृति^{F} या विकारजनित मृदुभवन, मृदुकरण (कठोर जलका)।

softish साफ़्'टिश् a. शान्त-सा, आमृदु, कोमल-सा, मुलायम-सा।

softling –ट्'लिंग् n. स्त्रैण व्यक्ति, स्त्रैण पुरुष, स्त्री-जैसा पुरुष, हिजड़ा आदमी, जनखा।

softness –निस् n. मार्दव, सुकुमारता^{F}, मृदुता^{F}, मसृणता^{F}, कोमलता^{F}; मधुरता^{F}, शीतलता^{F}; सौम्यता^{F}, नम्रता^{F}, नर्मी^{F}, मुलायमियत^{F}; शिथिलता^{F}; सुगमता^{F}।

softy –टि n. & a. मूर्ख, क्षीण (व्यक्ति)।

sogginess सॉ'गिनिस् n. आर्द्रता^{F}, सिक्तता^{F}, गीलापन, तरी^{F}, सीलन।

soggy –गि a. आर्द्र, सिक्त, (वन०) **अतिसिक्त**, गीला, तर, भीगा हुआ; मृदु, नरम।

soho सॅहो' int. घोड़ेको शान्त करनेका शब्द, पुचकारनेकी ध्वनि^{F}, बस, पुच-पुच।

soi-disant (F) a. पाखण्डी, ढोंगी।

soigne (F) a. सौष्ठवपूर्ण, उत्तम।

soil[1] साॅयॅल्' n. (वन०) **मृद्**, **मृत्तिका^{F}**, मृद्रा^{F}, पृथ्वी^{F}-का ऊपरी स्तर, (प्रा० भू०, कृषि०) **भूमि^{F}**, (कृषि०, वन०, अर्थ०, प्रा० भूगोल) **मिट्टी^{F}**, धरती^{F}, जमीन^{F} (*good ~*); प्रदेश, स्थलि^{F}, स्थल; one's *native* ~ जन्मभूमि^{F}, अधिभूमि^{F}, मातृभूमि^{F}, पितृभूमि^{F}, पाँस, खाद, गोबर;

~ ablation, ~ acidity, ~ aeration, ~ aggregates, ~ air, ~ amelioration, ~ amendments, ~ analysis, ~ association, ~ auger, ~ bacteria, ~ base, ~ belt, ~ binder, ~ biology, ~ bodies, ~ borne, ~-building crops, ~ burning, ~ catena, ~ cement, ~ chemist, ~ chemistry, ~-classification, ~ colloid, ~ column, ~ component, ~ condition, ~ conductivity, ~ conservation, ~ conservationist, ~ consistance, ~ constituents, ~ cost value, ~ cover, ~ covering, ~-creep, ~ culture, ~-depleting crops, ~ description, ~ development, ~ drain, ~ drainage, ~ entry, ~ erosion, ~ evaporation, ~ exhaustion, ~ expectation value, ~ extension, ~ family, ~ fauna, ~ fertility, ~-fixation, ~ flow, ~ formation, ~-forming, ~-forming mineral, ~ framework, ~ fumigation, ~ gas, ~ genesis, ~ geologist, ~ group, ~ heat, ~ heterogeneity, ~ horizon, ~ humus, ~ improvement, ~ indicator, ~infection, ~-inhabiting, ~ inverting, ~ level, ~ loosening, ~ management, ~ mantle, ~ map, ~ mass, ~ material, ~ mechanics, ~ moisture,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

solder सॉल्'डॅर्, सॉ'डॅर् १. n. सण्टंक, सन्धी, (रसा०) टाँका, राँगा, (रसा०) झाल, टाँकेका मसाला, धातु[F] जोड़नेका मसाला; T.; (ला०) जोड़नेवाला, सीमेण्ट करनेवाला; २. v.t. सण्टंकन करना, (रसा०) टाँका लगाना, टाँका देना, जोड़ना, टाँकेसे जोड़ना, (रसा०) झालना; सोल्डर करना; soft ~ कम तापमें पिघलनेवाला मसाला या टाँका।

soldered –र्ड् a. सण्टंकित, (~ *coins*)।

solderer –रॅर् n. सण्टंकक; टाँका लगानेवाला।

soldering –रिंग् n. टाँका लगाना, टँकाई[F], झलाई[F]।

soldier सोल्'जॅर १. n. (शा० एवं ला०) सैनिक, शस्त्रधारी, शस्त्रधर, युद्धोपजीवी, योधा, भट, फौज[F]का सिपाही (~*s and sailors*); अनायुक्त या प्राइवेट सेनाधिकारी (*both officers and* ~*s*); श्रेष्ठ सेनापति, विशिष्ट योग्यताप्राप्त सेनाध्यक्ष (*a great* ~); (ग्रा०) (नौवि०) कामचोर आदमी, कामचोर मल्लाह; एक प्रकारकी लाल मछली[F]; (~ *ant* भी) युद्धप्रिय पिपीलिका[F]; लड़ाकू चींटी[F] या दीमक[F]; (~ *beetle* भी) एक प्रकारका लाल विषैला कीड़ा; (~ *crab* भी) एक प्रकारका जहरीला केकड़ा; २. v. i. सैनिकका आचरण करना, फौज[F]में नौकरी[F] करना, फौजी सिपाहियोंकी भाँति काम करना, सिपाहीगीरी[F] करना; (नौवि०, ग्रा०) कामसे भागना या बचना, कामसे जी चुराना; red ~ शूकर-रोग, सुअरोंका रोग;

~ home, ~ park, ~ ticket.

soldiering –रिंग् n. सैनिकता[F], शस्त्रधारिता[F], शस्त्रधरता[F], युद्धोपजीविता[F], सिपाहीगीरी[F] (*go, tired of,* ~); (श्रम०) कामचोरी[F]।

soldierlike –र्लाइक् a. सैनिकवत्, सैनिक-सदृश, फौजी सिपाही-जैसा; शूर, वीर, सूरमा-सा।

soldiership –शिप् n. सैनिकत्व, सिपाहीगीरी[F]; सैनिक गुण, सैनिकपद, रणकौशल, युद्धचातुर्य।

soldiery –रि n. सैन्यसमूह, सैनिकदल, सेना[F], बल, सैन्य, सैनिकवर्ग, फौजी सिपाहियोंकी टुकड़ी[F] (*a wild* ~); (किसी राज्यके किसी एक कमानके) सैनिक, सिपाही, सिपाही लोग।

soldo सॉल्'डॅ n. (pl. *-di*) सोल्डो (इटलीका एक सिक्का)।

sole[1] सोल् १. n. पादतल, नितल, पैरका तलवा; जूतेका तला या तल्ला (~ *channel, leather*); किसी वस्तु[F]का तलभाग या आधार, अधोभाग, नीचेका भाग, तला, (नौवि०) तल (~ *pick*), पेंदा, पेंदी[F]; २. v.t. जूतेमें तल्ला लगाना।

sole[2] n. चिपिटा[F], सामुद्रिक मत्स्य, एक प्रकारकी स्वादिष्ट खाद्यरूप चपटी मछली[F]।

sole[3] a. अनन्य, एकल, एकमात्र, एकाकी, केवल, एक ही, निरा, सिर्फ (*his* ~ *reason is this*); (कानून) अविवाहित, कुमार, कुँवारा; (ग्रा०) मित्रहीन, अकेला, बिना साथी-संगीका (*went forth* ~); ~ agent, ~ arbiter, ~ arbitrator, ~ bar, ~ bargaining, ~ charge, ~ corporation, ~ criterion, ~ judge, ~ officer, ~ pick, ~ plate, ~ risk, ~ tenant, ~ trader.

solecism सो'लिसिज़्म् n. व्याकरण-भूल[F], व्याकरणिक अपप्रयोग, अशुद्ध प्रयोग, मुहावरेकी भूल[F]; अशुद्धोच्चारण, लेखनकी भूल[F]; शिष्टाचारोल्लंघन, संस्कार-च्युति[F], अनुचित व्यवहार, बेहूदगी[F], बदतमीजी[F]।

solecist –सिस्ट् n. व्याकरण या भाषा-लेखनकी भूल[F] करनेवाला, अनुचित-पद-प्रयोगकर्त्ता।

solecistic –'स्टिक् a. असंगत, अशुद्ध, अपप्रयोग या अशुद्ध प्रयोग-सम्बन्धी, गलत।

solecistical –कॅल् a. त्रुटिमयता, त्रुटियुक्त, अशुद्ध, गलत।

solecize –'लिसाइज़् v. i. अपप्रयोग करना, असंगत प्रयोग करना, अशुद्ध प्रयोग करना, गलत मुहावरा बोलना।

soled सोल्ड् a. तल्लेदार, तल्ला लगा हुआ।

solemn सॉ'लॅम् a. (का०) सत्यनिष्ठ, धर्मसंस्कारयुक्त, सविधि, विधियुक्त, संस्कारसहित, पुण्य, पवित्र, औपचारिक, शास्त्रोक्त, रसी, बाजाब्ता (~ *sacrifice*); महान्, महत्त्वपूर्ण, बड़ा, गुरु, (का०) गम्भीर, अहम, भारी (*a* ~ *occasion*); प्रभावपूर्ण, चित्ताकर्षक, रहस्यात्मक रूपसे प्रभावशाली (~ *silence*); भक्तिमान्, भक्तिभावापन्न; उदात्त, शान्त, गम्भीर, धीर, विचारशील, सुचिन्तित, जँचातुला, संजीदा; धीरगति, मन्दगति, धीमी चालका (~ *music*); आडम्बरपूर्ण, दिखावटी; गम्भीरतापूर्ण या महत्त्वपूर्ण; शानदार, ठाठदार, फीका (*put on a* ~ *face*); ~ declaration सत्योक्ति[F]; (का०) सत्यनिष्ठा[F]से घोषणा[F], दृढ़ संकल्पसे घोषणा[F], ~ war घोषित युद्ध।

solemnity सॅलॅम्'निटि n. पुण्यक्रिया[F], विधि[F], धर्मकर्म, धार्मिक संस्कार, धार्मिक क्रिया[F] या अनुष्ठान, कर्मकाण्ड, उत्सव, समारोह, तीज-त्यौहार, रस्म[F]; गौरव, महत्ता[F], महानता[F], बड़ाई[F], अहमियत[F]; पवित्रता[F]; गाम्भीर्य, गम्भीरता[F], गुरुता[F], धीरता[F]; बाह्याडम्बर, आडम्बरपूर्णता[F]।

solemnization सॉलॅम्नाइज़े'शॅन् n. विधिवत् सम्पादन, समारम्भ, समारोह, यथाशास्त्र अनुष्ठान, उत्सव या त्यौहार मनानेकी क्रिया[F], धूम-धाम[F]; गौरवीकरण, गौरवदान, बृहत्तीकरण, महत्त्वप्रदान।

solemnize –'लॅम्नाइज़् v.t. (पर्व, उत्सव आदि)मनाना; (विवाह-संस्कारको) विधिवत् सम्पादित करना, सम्पादन करना, समारम्भ करना, औपचारिक रूपसे पूरा करना, (विवाह) संस्कार करना, यथाशास्त्र अनुष्ठान करना, धूम-धाम[F]से मनाना; गौरवान्वित करना, गम्भीर या महत्त्वपूर्ण बनाना, अहमियत[F] या संजीदगी[F] पैदा करना।

solemnizer –ज़ॅर् n. अनुष्ठानकर्त्ता, सम्पादनकर्त्ता, (विवाह-संस्कारका) विधिवत् सम्पादक, समारम्भक, यथा

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ morphology, ~ mulch, ~ nitrogen, ~ organisms, ~ particle, ~ permeability, ~ phase, ~ physicist, ~ physics, ~ pipe, ~ population, ~ porosity, ~ preparation, ~ profile, ~ protection wood, ~ reaction, ~ rental, ~ residual, ~ root, ~ sample, ~ science, ~ scientist, ~ separates, ~ series, ~ sickness, ~ stabilization, ~ structure, ~ surface, ~ survey, ~ temperature, ~ texture index, ~ thermograph, ~ units, ~ ventilation, ~ volume, ~ water.

soil[2] १. n. कलुष, मलिनता[F], गन्दगी[F]; कलंक, धब्बा, गन्दा निशान, दाग; २. v.t. & i. भ्रष्ट करना, दूषित या मलिन करना, मैला करना, गन्दा करना, बिगाड़ना, धब्बे लगाना, खराब कर देना, पलीद करना; (प्रा०) मलिन या मैला हो जाना, गन्दा हो जाना, धब्बे पड़ना।

soil[3] v.t. ढोरोंको हालकी कटी हुई हरी-हरी घास[F] खिलाना, ताजी घास[F] चराना।

soiled –ड़् a. भूमि[F]का, मिट्टी[F]का; कलुषित, मलिन, दूषित (~ *linen*)।

soiling –लिंग् n. मिट्टी[F] तैयार करना, खाद[F] मिलाना; मैला करना।

soilless –लिॅस् a कलंकहीन, बिना धब्बेके, बेदाग।

soilure–ल्युअॅर् n. अंक, चिह्न, धब्बा, निशान; आपूर्ति[F], अपवित्रीकरण।

soiree स्वा'रे n. सान्ध्यसमिति[F], सन्ध्याकालीन समारोह, सायंकालीन उत्सव, सान्ध्यसभा[F], शाम[F]का सम्मेलन या जलसा;

sojourn स(सॉ)'जर्न् १. n. अल्पवास, अवस्थान, प्रवास, थोड़े दिनका बसेरा, डेरा, दौरा, सैर[F]; पड़ाव; २. v.i. प्रवासी होना, प्रवास करना; अल्पवास करना, चार दिनके लिए रहना, डेरा डालना, थोड़े दिनका बसेरा या पड़ाव करना।

sojourner –नॅर् n. प्रवासी, यात्री, अवस्थायी आगन्तुक, परदेशी, थोड़े समय बसेरा करनेवाला।

sojourning –निंग् n. अवस्थान, यात्रा, प्रवास।

sojournment –न्–मॅन्ट् n. अल्पवास, प्रवास, बसेरा, डेरा, दौरा, सैर, पड़ाव।

soke, soc ⊙सोक्, सॉक् n. स्थानीय न्यायालयाधिकार, स्थानीय पंचायत बुलानेका अधिकार; न्यायपीठ।

sol. solution.

sol. (or **solr.**) Solicitor.

sol[1] सॉल्' n. (हास्य०) रवि०, सूर्य, सूरज।

sol[2] n. (संगीत) यूरोपीय संगीतके अष्टकका पंचम स्वर; (रसा०) इलेक्ट्रयन, विद्युत्, (रसा०, चि०) **विलय**, T.

sol[3] n. फ्रांसीसी टका या अधन्नी[F]।

sola सो'लॅ n. गाभेदार डण्ठलका उष्णप्रदेशीय दलदली पौधा, खुखड़ी, शोला; (अर्थ०) एकल (हुंडी); २; (int.) हे; ~ **hat** सोला टोपी[F]।

solace सॉ'लॅस् १. n. उपशम, उपश्रम, प्रबोध, सान्त्वना[F], शान्ति[F], क्लेशापहरण, शोकशान्ति[F], आश्वासन, विश्रान्ति[F], ढाढ़स, धैर्य, धीरज[F], आराम, दिलासा, खातिरदारी[F] (संकट या निराशा[F] या क्लान्ति[F]के समयमें) (*found ~ in religion*); २. v.t. सान्त्वना[F] देना, ढाढ़स बँधाना, दिलासा[F] देना, खातिरदारी[F] करना; ~ *oneself with* शान्ति[F] पाना, संकटमें अपने-आपको धीरज देना; मन बहलाना, जी बहलाना।

solacement –मॅन्ट् n. उपशमन, उपश्रमण, प्रबोधन, सान्त्वन, शान्तिप्रदान, आश्वासन, विश्रान्ति[F], ढाढ़स, दिलासा।

solanaceous सोलॅने'शॅस् a. आलूकी जाति[F]का।

solan(-goose) सो'लॅन्(-गूज्) n. पहाड़ी बतख[F], हंस।

solano सोला'नो n. **सोलानो**[F], लू[F] (भूमध्यसागरमें बहनेवाली गरम दक्षिण-पश्चिमी हवा[F]), T.

solar सो'लॅर् a. **सौर, सूर्य–**, सूर्य-सम्बन्धी, सूर्यविषयक, सूर्य द्वारा नियमित (~ *day*); ~ myth सूर्यपुराण, सूर्यकथा[F], ~ plexus सूर्यप्रतान, सूर्यचक्र, सौर चक्र, सूर्यजंघिका[F], स्नायुवर्तुल, स्नायुगुच्छ, आमाशयके पीछेकी तन्त्रिका[F] जालिका[F]; ~ system सौर संहति[F], सौरजगत्, **सौरमण्डल**; ~treatment **सौरोपचार, धूपोपचार**; ~ activity, ~ apex, ~ atmosphere, ~ climate, ~ compass, ~ constant, ~ cooker, ~ corona, ~ cycle, ~ day, ~ eclipse, ~ flare, ~ heat, ~ hour, ~ microscope, ~month, ~ motion, ~ noise, ~ parallax, ~ physics, ~ plexus, ~ prominence, ~ radiation, ~ salt, ~ spectrum, ~ system, ~ tide, ~ time, ~ treatment, ~ variation, ~ year.

solarism –रिज़्म् n. सौरवाद, सूर्यपुराणवाद, सूर्य-सम्बन्धी पौराणिक कथाओंमें आस्था[F]।

solarist–रिस्ट् n. सूर्यपुराणवादी, सूर्य-कथाओं[F]में विश्वासी व्यक्ति।

solaristics –टिक्स् n. सौरिकी[F], सूर्यविज्ञान।

solarium सॅलेॲ'रिॲम् n. (चि०) सूर्य-स्नानगृह; सूर्यस्नान; सूर्य घड़ी[F]।

solarization सोलॅराइज़े'शॅन् n. (रसा०) **सौरीकरण**, सूर्यकी किरणों[F]से नाश, अधिक प्रकाशके कारण बिगाड़ या बिगाड़नेका कार्य; (चि०) सूर्योपस्थान, सूर्योपस्थापन, उपचारके लिए धूपका उपयोग करना।

solarize –लॅराइज़् v.t. & i. (फोटो०) अधिक समयतक धूप[F]में रखनेके कारण बिगड़ जाना या बिगाड़ देना, धूप[F]में खराब कर देना, सूर्यकी किरणों[F]से नष्ट करना या नाश होना।

solatium सॅले'शिॲम् n. क्षतिपूरण, क्षतिपूर्ति[F], सन्तोष या मुआवजेके लिए दी हुई वस्तु[F], हर्जाना।

sold सोल्ड्' a. विक्रीत (~ *book*), SELL का भू०कृ०।

soldanella सॉल्डॅने'लॅ n. नीलरक्त, नीलाभ रक्त, नीलाभ अरुण, अरुणाभ नील।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शास्त्र अनुष्ठाता।

solemnly –म्'लि a. प्रतिज्ञापूर्वक, (का०) **सत्यनिष्ठा**[F]-से; सत्यभावसे।

solemnness –नि॑स् n. संस्कारयुक्तता[F], धार्मिकता[F], औपचारिकता[F]; चित्ताकर्षकता[F]; =SOLEMNITY.

solen सो'लॅन् n. क्षुरपुटी[F], नली मछली[F]।

soleness सोल्'नि॑स् n. अनन्यता[F], एकलता[F], एकमात्रता[F], एकाकीपन, केवलता[F], अकेलापन।

solenoid सो'ले॑नॉइड् n. (भौ०) **परिनालिका**[F], T.

soleus सॅली'ॲस्, सो'लिॲस् n. (चि०) **पिण्डिका**[F]।

sol-fa सॉल्-'फ़ा १. n. =SOLMIZATION; २. v.t. & i. =SOLMIZE.

solfatara सॉल्फ़ॅटा'रॅ n. ज्वालामुखी-स्फोट, ज्वालामुखी-विस्फोट।

solfeggio सॉल्फ़े॑'जो n. (pl. -*gi*) =SOLMIZATION.

Sol. Gen. Solicitor-General.

solicit सॅलि'सिट् v.t. & i. अध्येषण करना, अभ्यर्थना[F] या अनुनय[F] करना, अनुरोध या निवेदन करना, आग्रह करना, (का०) **याचना**[F] **करना**, विनती[F] करना, प्रार्थना[F] करना, मिन्नत[F] करना, अर्ज करना, दरख्वास्त करना, अपील[F] करना (*we ~ you for your custom*); अनुरोधपूर्वक याचना[F] करना, बड़ी उत्सुकता[F]के साथ माँगना, हीनता[F] प्रकट करते हुए माँगना, ढूँढ़ना, खोजना चाहना (*~ favours*); सार्वजनिक स्थानमें (किसी व्यक्तिको वेश्याका) रिझाना, लुभाना।

solicitant[1] –टॅन्ट् n. अध्येषक व्यक्ति, अभ्यर्थक व्यक्ति, अनुनेता, निवेदक व्यक्ति।

solicitant[2] a. अध्येषक, अभ्यर्थक, अनुनेता, निवेदक।

solicitation –टे'शॅन् n. अध्येषणा[F], सानुनय प्रार्थना[F], अनुरोध, याचना[F], आमन्त्रण, विनती[F], मिन्नत[F], माँग[F], दरखास्त[F]; उत्कण्ठा[F], चाह[F]; रिझाव; लुभाव।

solicited –'सिटि॑ड् a. (राज०) **प्रार्थित**।

solicitor –टॅर् n. (क०) याचक, निवेदक, प्रार्थी, मिन्नत या दरखास्त करनेवाला; वादेक्षक, अनुप्रार्थी, उपवकील, प्रतिवक्ता, मुख्तार, **सोलिसिटर** (कानून); पक्ष-प्रचारक⊙, कनवेसिंग करनेवाला; S~-General महा-वादेक्षक, महा-अनुप्रार्थी, (का०) **महान्याभिकर्ता, सोलिसिटर जनरल**।

solicitorship –शिप् n. याचकता[F], निवेदकता[F], प्रार्थिता[F], आमन्त्रणकर्तृत्व; वादेक्षकता[F], अनुप्रार्थिता[F], वकीली[F], मुख्तारगीरी[F], सोलिसिटरी[F]।

solicitous –टॅस् a. (*about, concerning, for* के साथ भी) अत्यभिलाषी, इच्छुक, आतुर, उत्कण्ठित, लालायित करनेके लिए उत्सुक, तत्पर, आमादा; व्यग्र, आकुल, चिन्तित, उद्विग्न, चिन्ताक्रान्त, व्याकुल।

solicitousness –नि॑स् n. अत्यभिलाषिता[F], इच्छुकता[F], आतुरता[F], उत्कण्ठा[F], लालायितता[F], उत्सुकता[F], तत्परता[F], लीनता[F], आमादा होना; व्यग्रता[F], आकुलता[F], चिन्तितता[F], उद्विग्नता[F], चिन्ताक्रान्ति[F], व्याकुलता[F], चिन्ता[F], फ़िक्र[F]।

solicitude –ट्यूड् n. उत्सुकता[F], उत्कण्ठा[F], आतुरता[F], खाहिशमन्दी[F], तीव्र इच्छा[F]; आकुलता[F], व्यग्रता[F], उद्वेग, उद्विग्नता[F], चिन्ता[F], बेचैनी[F], परेशानी[F]।

solid* सॉ'लिड १. n. संघात, घनपिण्ड; (रेखा०) **घन**, सान्द्र, **घनाकृति**[F]; २. a. (रसा०, भौ०) **ठोस***, ठोस पदार्थका; समग्र, सम्पूर्ण, अशून्य, अखण्ड, अविच्छिन्न, एक-सा, पूरा-पूरा, बिना किसी भीतरी खोल या कटावके, भरा हुआ (*~ sphere* or *ball*); (घ० ज्या०, स्थिति-वि०) **घन**, सान्द्र, स्थायी आकारका, घना, स्थूल, कठिन, कठोर, अतरल, अचल, भारी, कड़ा, टिकाऊ (*~ food*); सुगठित, पुष्ट, सुदृढ़, पक्का, गठा हुआ, मजबूतीसे बना हुआ, मजबूत (*~ house*); शुद्धरूप, एकसदृश, एकरूप, एक समान, बिल्कुल एक-सा, एकमेल, खालिस (*of ~ silver*); घनाकृतियोंसे सम्बन्धित; यथार्थ, अकृत्रिम, अकल्पित, युक्तियुक्त, तर्कसंगत, साधार, आधारयुक्त, प्रमाणित, सच्चा, विश्वसनीय, सत्य, वास्तविक, सही, ठीक, असली, भरोसेका, माकूल (*~ arguments*); *~* man समृद्ध, सम्पन्न; समझदार किन्तु कम तेज आदमी; *go* or *be ~ for* संगठित होना, एकताबद्ध होना, पक्षमें एक होना;

~ angle, *~* body, *~* cone, *~* cylinder, *~* drawn, *~* floor, *~* geometry, *~* hemisphere, *~* injection, *~* newel, *~* paraffin, *~* phase, *~* pulley, *~* shell, *~* solution, *~* spere *~* square, *~* state.

solidarism ⊙–डॅरिज़्म् n. (अर्थ०) **समेकतावाद**।

solidarity –डै'रिटि n. सामाजिकता[F], समाजबन्धन; संघटन, संगठन, अन्योन्याश्रय, पारस्परिक निर्भरता[F], समस्वार्थता[F], ऐक्य, (दर्श०) **समैक्य**, ऐक्यभाव, एकता[F]।

solidary –'लिडॅरि a. संघटनात्मक, अन्योन्याश्रय-सम्बन्धी, ऐक्यभावयुक्त, परस्पराधीन, समस्वार्थमय, एकतापूर्ण।

solidifiable सॅलि'डिफ़ाइॲब॑ल् a. सान्द्रीभाव्य, सान्द्रीकरणीय, घनीकरणीय, दृढ़ीकरणीय; ठोस बनाने योग्य, पक्का करने लायक।

solidification –फ़िके'शॅन् n. सान्द्रीभाव, सान्द्रीकरण, (रसा०) **संपिण्डन**, (प्रा० भू०) सपिण्डीकरण, **घनीकरण**, दृढ़ीकरण, कठिनीकरण, (रसा०, भौ०) **जमना, जमाना, ठोस बनाना**; घनत्व, ठोसपन।

solidified ⊙–'डिफ़िड् a. सान्द्रित, संपिण्डित, ठोस किया हुआ।

solidify –फ़ाइ v.t. & i. घन बनाना, **ठोस बनाना**, ठोस करना या होना, दृढ़ बनाना, पक्का करना या होना, घना या मजबूत करना, (रसा०) **जमना, जमाना**।

solidism सॅलि'डिज़्म् n. घनत्ववाद, ठोसवाद, ऊतिघनत्ववाद (वह सिद्धान्त कि सभी रोग ऊतियोंकी घनता[F]के कारण होते हैं)।

solidist –डिस्ट् n. घनत्ववादी, ऊतिघनत्ववादी, ठोसवादी।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

solidity –डिटि n. (शिक्षा०) **घनता**F, घनत्व; काठिन्य, कठिनताF, अतरलताF, सान्द्रताF, **ठोसपन**, कठोरताF, कड़ापन; सुदृढ़ताF, मजबूतीF; शुद्धताF, एकरूपताF, एकसापन; शुद्धरूपताF, प्रामाणिकताF, साधारत्व, विश्वसनीयताF, सचाईF।

solidness सॉ'लिड्'-निॅस् n. घनपिण्डताF; घनताF, सान्द्रताF, घनाकृतित्व; ठोसपन; समग्रताF, सम्पूर्णताF, अखण्डताF, अविच्छिन्नताF, दृढ़ाकारिताF, कठिनताF, कठोरताF, अतरलताF, अचलताF, भारीपन, कड़ापन, टिकाऊपन; दृढ़ताF, सुदृढ़ताF, सुगठितताF।

solidungular, -ate सॉलिडन्'ग्यूलॅर्, -अॅट् aa. ठोस खुर (सुम) वाला, घोड़ेकी जातिF का।

solidus सॉ'लिडॅस् n. (pl. *-di*) (इति०) **सॉलिडस** (एक रोमी मुद्राF)।

solifidian सोलिफ़ि'डिअॅन् n. एकविश्वासवादी, (इस सिद्धान्तको माननेवाला कि मुक्तिF विश्वासमात्रसे मिल जाती है)।

solifluction सॉलिफ्लॅक्'शॅन् n. (प्रा० भू०) **भूमि-सर्पण, मिट्टीF का सर्पण**।

soliloquist सॅलि'लॅक्विस्ट् n. स्वगतभाषी, स्वगत-भाषणकर्त्ता, अपने-आपसे बातेंF करनेवाला।

soliloquize –क्वाइज् v. i. स्वगत भाषण करना, अपने-आपसे बातेंF करना।

soliloquy –क्वि n. स्वगत, स्वगत वचन, स्वगत भाषण, स्वगत उक्तिF, स्वगत कथन, आत्मभाषण, आत्म-गत भाषण, आप ही आप बातेंF करना, खुदबकलामीF।

soling सो'लिंग् n. (स्था०) **रोड़ा भराईF**; (परि०) **आधार**, T.

soliped सॉ'लिपेॅड् १. n. ठोस खुरवाला पशु; २. a. ठोस खुरका, बिना चिरे हुए खुरवाला; घोड़ेकी जातिF का।

solipsism सॉ'लिप्सिज़्म् n. अहंवाद, सर्वाहंवाद, आत्म-वाद, आत्मज्ञानवाद, सीमितज्ञानवाद।

solipsist[1] –सिस्ट् n. अहंवादी, आत्मवादी, आत्मज्ञान-वादी, (यह सिद्धान्त कि भौतिक ज्ञान मिथ्या है)।

solipsist[2] a. अहंवादी, आत्मवादी, आत्मज्ञानवादी, भौतिक ज्ञानको मिथ्या माननेवाला।

solisequious सोलिसी'क्विअॅस् a. (वन०) सूर्या-नुसारी, सूर्यानुयायी।

solitaire सालॅटेअॅर्' n. निःसंग व्यक्ति; एकान्तवासी, वैरागी, संन्यासी; केवल एक रत्न या नगवाला आभूषण, कर्णफूल, बुन्दा; कमीजF का एक नगवाला बटन; कमीजF के कफ़ोंके जुड़े हुए बटन; बिमन्दा, (पश्चिमी द्वीपसमूह और अमेरिकाका एक प्रकारका गायक पक्षी); पटियापर गोलियोंF-से खेलनेका एक व्यक्तिका खेल; एक व्यक्तिके खेलनेका ताशका एक खेल।

solitarian –लिटेअॅ'रिअॅन् n. एकान्तवासी; एकांतसेवी, संन्यासी, वैरागी, यती, साधु।

solitariness –'लिटॅरि'निॅस् n. एकान्तताF, ऐकान्ति-कताF, एकमात्रताF, एकाकीपन, अकेलापन, विजनताF, निर्जनताF, निस्संगताF, मित्रहीनताF, सूनापन, तनहाईF।

solitary –रि १. n. एकान्तवासी व्यक्ति, एकान्तवासी योगी, यती, संन्यासी, वैरागी; २. a. एकान्त, एकान्त-सेवी, एकान्तवासी, **एकल**, एकाकी, मित्रहीन, निःसंग, (जीव०) **एकचर**, (*~ phase*); संगहीन, निर्जन, विजन, असहाय, निभृत, विविक्त, सुनसान, (रसा०) **एकमात्र**, केवल एक, अकेला रहनेवाला, (रसा०) **अकेला**, एक ही (*a ~ life, valley*); परित्यक्त; *~ ants, bees, etc.* एकान्तजीवी पिपीलिकाF, चींटा या मधुमक्खीF; *~ confinement* एकान्त संसीमन, (का०) **एकान्त परिरोध, एकान्त कारावास**, एकान्त बन्दीकरण, एकाकी कारावास, नजरबन्दीF, एकान्तवासका दण्ड, तनहाईF की सजाF;

~ cell, ~ flower, ~ phase, ~ wave.

solitude –ट्यूड् n. एकाकीपन, एकमात्रताF, एकान्तताF, ऐकान्तिकताF, अकेलापन; निःसंगताF, सूनापन; एकान्त-वास, शून्य स्थल, (दर्श०) **एकान्त**, सूना स्थान, निर्जन स्थान, सुनसान।

solivagant सॅलि'वॅगॅन्ट् a. एकान्तचारी, एकाकी पर्य-टक, अकेला घूमनेवाला आवारा।

solivagous –गॅस् a. = SOLIVAGANT.

sollar सॉ'लॅर् n. छदि-कक्ष, छतF का कमरा।

sollecito –लेसिटो adv. सावधानीF से, होशियारीF से; विचारतः, विचारपूर्वक, सोच-समझकर; युक्तियुक्तता, यथा-तथ्येन, समुचितरूपेण, ठीकमठीक, ठीक ढंगसे।

solleret सॉ'लॅरेट् n. पाद-कवच।

solmizate सॉल्'मिज़ेट् v.t. & i. सरगम सुनाना, स-रे-ग-म-प-ध-नीका अभ्यास करना।

solmization –ज़ेशॅन् n. सरगम बोलना, स-रे-ग-म-प-ध-नीका अभ्यास।

solo सो'लो n. (pl. *-s*) एक ही व्यक्तिके द्वारा गाये या बजाये जाने योग्य कण्ठ्य या वाद्य गीत, एकक संगीत, **एकाकी, सोलो** (*~ passage*); एक प्रकारका ताशका खेल; अकेले खेलनेके दूसरे खेल; उपर्युक्त एकाकी खेलमें पाँच हाथोंको जीतनेकी घोषणाF या खेल; (विमानचालन) एकाकी उड़ानF, निस्संग उड़ानF, अकेली उड़ानF; (a. & adv.) एकाकी, निस्संग, अकेला, अकेलेमें, तनहा (*a ~ flight*)।

soloist –इस्ट् n. एक संगीतकार या वादक, सोलो गाने या बजानेवाला।

Solomon सॉ'लॅमॅन् n. सुलेमान, बुध, सयाना आदमी।

solonetz –नेज़ n. (कृषि०) **क्षार मिट्टीF**, T.।

solstice सॉल्'स्टिस् n. अयन, अयनसन्धिF, अयनकाल; (उन दो समयोंमेंसे कोई एक जब कि सूर्य भूमध्यरेखाF से सर्वाधिक दूरीF पर होता है और ऐसा प्रतीत होता है मानों वहीं रुक गया हो); (प्रा० भू०) **संक्रान्ति**, (प्रा० भू०, गणि०) **अयनान्त**, क्रान्तिकाल; (*solstitial point* भी) उत्तरी या दक्षिणी अयन-सीमाF, अयनान्त, अयन-बिन्दु; summer *~* कर्क संक्रान्तिF, उत्तरायण; ११ जून के आस-पास; winter *~* मकर संक्रान्तिF, दक्षिणायन;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

२२ दिसम्बरके आसपास।

solstitial –टि'शल् a. अयनकालिक, अयनान्त-सम्बन्धी, अयनान्त (~ *colour*, ~ *point*)।

solubility सॉल्यूबि'लिटि n. (रसा०, भौ०) **विलय-शीलता**F, **विलेयता**F, **घुलनशीलता**F, गलाव, घुलाव; ~ apparatus, ~ curve, ~ effect, ~ index, ~ product, ~ vessel.

solubilize –'ल्यूबॅलाइज़् v.t. (रसा०) **विलेय करना**।

soluble –ल् a. (रसा०) **विलेय, विलयशील**, द्राव्य, द्रवणीय, घुलनशील; गलाने योग्य, घुलने-घुलाने योग्य (~ *constituents, starch*); समाधानीय, समाधान करने योग्य, सुलझाने योग्य, हल करने लायक; ~ ash, ~ constituents, ~ glass, ~ problem, ~ salt, ~ starch.

solubleness –निॅस् n. विलेयताF, विलेयत्व, द्राव्यताF, द्रवणीयताF, घुलनशीलताF, घुलनयोग्यताF; समाधानीयताF, समाधान किये जानेकी योग्यताF, सुल-झाये जानेकी योग्यताF, हल करने लायक होना।

solum सो'लॅम् n. भूमिF, मिट्टीF, जमीनF; भूभाग, भूखण्ड, T.।

solus सो'लॅस् pred. a. एकाकी, निःसंग, संगहीन, अकेला (*enters king* ~)।

solute सल्(ल्यू)ट्' १. n. विलयित पदार्थ, द्रवित पदार्थ, घुलित पदार्थ, घुली हुई चीजF; २. a. (रसा०, भौ०) **विलेय, विलयित, विलयशील**।

solution सॅल्(ल्यू)'शॅन् १. n. समस्याF, प्रश्न, सन्देह, कठिनाईF, (ग०) (पहेलीF आदिका) **समाधान, साधन**, सिद्धिF; व्याख्याF, विवृत्तिF, उपपत्तिF, **फल**, पूर्तिF, सुलझाव, **हल; उत्तर**, पद्धतिF, जवाब, सूरतF, तरीका; (चि०) **विलय**, विलोप, विलोपण, द्रवण, गलन; ऐक्य-निवारण, पृथक्करण, अलगाव, संयोगका उन्मूलन, घुलाव; द्रवणावस्थाF, घुलनावस्थाF, घोल (*held in* ~ etc.); द्रव, (कृषि०, भौ०, चि०) **घोल**, योग, घुला हुआ तरल और ठोस या गैस पदार्थ (*a* ~ *of alum*); (कृषि०, रसा०, चि०, भौ०) **विलयन** (~ *pressure*), द्रवण, गलन, घुलनेकी क्रियाF; (पूर्णरूप *rubber* ~) रबर-घोल, सुलेशन, सल्शन; मुक्तिF, मोक्ष, छुटकारा; भेदन, भेद, टूट-फूटF; २. v.t. रबड़के घोल (सुलेशन) या एक प्रकार-के गोंदसे लेप करना, ढँकना, गोंद चढ़ाना; mechanical ~ यान्त्रिक घोल (जिसमें रासायनिक परिवर्तन न हो); ~ of continuity (शल्य०) अंगच्छेदन, स्नायु-ओंFका पृथक्करण, सन्नद्ध अंगको काटकर अलग करना; strong ~ प्रबल विलयन, कड़ा घोल (जिसमें घुलनेवाले पदार्थका अंश बहुत हो); weak ~ दुर्बल विलयन, कोमल घोल (जिसमें घुलनेवाले पदार्थका भाग थोड़ा हो); *his ideas are in* ~ अनिश्चित अवस्थाFमें, डाँवाडोल स्थितिFमें।

solutionist –निस्ट n. व्यवसायी समस्यापूर्तिकर्त्ता, समाचारपत्रोंकी पहेलियोंFका पेशेवर हल करनेवाला।

solutive सॉ'ल्यूटिव् a. विलेय, घुलनशील, गलानेवाला, घुला देनेवाला; विरेचक, दस्तावर।

Solutrean, Solutrian सॅल्यू'ट्रिॲन्, सॅल्'ट्रिॲन् a. पुराप्रस्तर-युग-सम्बन्धी, पूर्वपाषाणयुगीन।

solvability सॉल्वॅबि'लिटि n. विलेयताF, घुलनशीलताF, समाधेयताF।

solvable –'वॅबॅल् a. समाधेय, व्याख्यायोग्य, मीमांसा-योग्य, सुलझाने योग्य, हल करने लायक; विलेय, घुलनशील।

solvableness –निॅस् n. समाधेयताF, व्याख्या-योग्यताF, मीमांस्यताF, मीमांसायोग्यताF, =SOLUBLE-NESS.

solvate ⊙ –वॅट् a. (कृषि०) **विलायकज यौगिक**; ~ theory (रसा०) **विलायक योजनवाद, समविला-यकनवाद**।

solvated ⊙ –वेटिॅड् a. (रसा०) **समविलायकित, विलायकयोजित**।

solvation ⊙ –वे'शॅन् n. (रसा०) **समविलायकन, विलायकयोजन** (~ *theory*)।

solve –व्' v.t. (समस्याFका) समाधान करना, व्याख्याF करना, मीमांसाF करना, पूर्तिF करना, उत्तर निकालना, सुलझाना, (ग०) **हल करना** (~ *a problem*), (कठि-नाईFका) उपाय निकालना, रास्ता निकालना; (ग० भी) **साधन करना**; (प्रा०) निवारण करना, निर्बन्ध करना, दूर करना, सुलझाना, निपटाना, खोलना, ढीला करना, हटाना (~ *knot, tangle*); विलयित करना, घोलना।

solved –ड् a. (ग० भी) साधित (~ *example*), हल किया हुआ; निर्बद्ध, खुला हुआ।

solvency –'वॅन्सि n. विलेयताF, द्रवणताF, घोलकताF, द्रावणक्षमताF, घुलनशीलताF; समृद्धताF, (का०) **सम्प-न्नताF, मालदारीF; शोधक्षमताF**, ऋणशोध-क्षमताF (~ *certificate*)।

solvent –न्ट् १. n. क्षीण करनेवाला साधन, गलानेवाली या घुलानेवाली वस्तुF (*science as a* ~ *of religious belief*); विलायक, द्रावक पदार्थ, तरल पदार्थ या अन्य पदार्थ (*water is the commonest* ~); २. a. (रसा०, प्रा० भू०, भौ०) **विलायक**, द्रावक, घोलक, द्रावणक्षम, घुलनशील, गलानेकी या घुलानेकी शक्तिवाला; (ला०) विश्वासों या परम्पराओंFके प्रभावको क्षीण करने-वाला; समृद्ध, (का०) **सम्पन्न**, सधन, **शोधक्षम**, ऋण-शोधनक्षम, मालदार, ऋण चुकानेमें समर्थ; ~ action, ~ debter, ~ effect, ~ extraction, ~ naphtha.

solver –वॅर् n. समाधाता, व्याख्याता, मीमांसक, पूर्तिकर्ता, उत्तर निकालनेवाला, सुलझानेवाला, हल निकालनेवाला; उपाय निकालनेवाला, रास्ता निकालने-वाला; निवारक, निर्बन्धक, सुलझानेवाला, ढीला करने-वाला, हटानेवाला।

solvolysis ⊙ सॉल्वॉ'लिसिस् n. (रसा०) **विलायक-विश्लेषण, विलायक अपघटन**।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

solvolytic ⊙ –वॅलि'टिक् a. (रसा०) विलायक-विश्लेषी, विलायक अपघटनिक।

-som =-SOME (*bux~, liss~*)।

soma सो'मॅ n. शरीर, देह[F], तन, काया[F]; (चि०) धड़, अन्तराधि[F]।

somaplasm –मॅप्लैज़्म् n. देहरस, देहसार, शरीर-तत्त्व।

somatic समै'टिक् a. (शिक्षा०) कायिक, दैहिक, देह-धर्मी, शारीरिक; ~ death पूर्णमृत्यु, शरीरके प्रत्येक कायाणुका मरण;

~ artery, ~ cell, ~ disorder, ~ doubling, ~ layer, ~ mutation, ~ nucleus, ~ pairing, ~ response, ~ segregation, ~ vessel.

somatics –क्स् n. = SOMATOLOGY.

somato- तनू-, काय-, देह-, शरीर- (*~genic, ~logy*)।

somatology सोमॅटॉ'लॅजि n. मानव-शरीर-शास्त्र, मानव-शरीर-रचनाशास्त्र, (शिक्षा०) देहविज्ञान।

somatome सो'मॅटोम् n. (चि०) गर्भदेहच्छेदक; = SOMITE.

somatoplasm ⊙ सॅमै'टॅप्लैज़्म् n. देहरस, देहसार; देह-द्रव्य।

somatopleure सो'मॅटॅप्युअॅर् n. (चि०) काया-स्तर।

somatotonia ⊙ सोमॅटॅटो'निअॅ n. (शिक्षा०) शरीरानुरूपता[F], T.

somatotropic ⊙ सोमॅटॅट्रॉ'पिक् a. (चि०) देह-प्रभावी।

somatotype ⊙ –टॅटाइप् n. (चि०) शरीर संहनन, देहाकृति[F], शरीररूप।

sombre सॉम्'बॅर् a. श्याम, कृष्णवर्ण, तमसाच्छन्न, अन्ध, घोर अन्धकारपूर्ण, काला; मलिन, धूसर; मन्दप्रभ, निराश, खिन्न, निरुल्लास, शोकपूर्ण, उदास, धुँधला (*a ~ sky*)।

sombreness –नॅस् n. कृष्णवर्णता[F], अन्धकारपूर्णता[F], श्यामता[F], कालापन; मलिनता[F], धूसरता[F]; खिन्नता[F]; निरुल्लासता[F]; धुँधलापन।

sombrero सॉम्ब्रेअॅ'रो n. (pl. *-s*) (अमेरिकामें बहु-प्रचलित) चौड़े किनारेका नमदेका टोप।

sombrous सॉम्'ब्रॅस् a. (का०) मलिन, विपण्ण, उदास, खिन्न; काला; अन्धकारपूर्ण, अन्धकारमय, धुँधला।

-some -पूर्ण, -मय (*frolic~, glad~, whole~*)।

some* सम्',सॅम्' १. a. कतिपय, कतक, अल्प, कुछ*, थोड़ा-सा, थोड़े-से (*drink ~ water*); कोई, किसी, किन्हीं (व्यक्ति या वस्तु[F]) (*saw it in ~ book*); बहुतेरे, चन्द (*went ~ miles out of our way*); किस सीमा[F]तक, किस हद[F]तक, किसी कदर (*that is ~ guide, test, proof*); महत्त्वपूर्ण, कुछ बड़ा (*this is ~ war !*); (प्रायः बल देकर) कुछ तो, थोड़ी-सी तो, जरा भर, तनिक (*do have ~ mercy on our nerves*); लगभग, कोई, करीब (*waited ~ 20 minutes*); २. adv. (प्रा०) कुछ अंशमें, कुछ और, थोड़ा-बहुत (*he seemed annoyed ~*); ~body कोई व्यक्ति, कोई आदमी, कोई, (pl. *~bodies*) महत्त्व-पूर्ण व्यक्ति, विशिष्ट व्यक्ति, खास आदमी; ~how येन केन प्रकारेण, किसी प्रकार, किसी कारणसे, किसी तरह, जैसे-तैसे (*he ~how dropped behind*); (बल प्रयोग करनेपर) किसी-न-किसी प्रकारसे (*must get it finished ~how*); ~ measure कुछ-न-कुछ; ~ one कोई विशेष (व्यक्ति या वस्तु[F]), कोई भी (*choose ~ one place as a centre*); ~ picture ⊙ चित्र-जैसा कुछ; ~thing कुछ, कोई बात[F], कोई वस्तु[F], कोई चीज[F] (*have ~thing to tell you*); adv. (प्रा०) समान, कुछ वैसा ही, मिलता-जुलता (*shaped ~thing like a cigar*); (बोल०, *like* पर बल देते हुए) श्रेष्ठ, उत्तम, अच्छा, बढ़िया, बड़ा, क्या कहना है (*this is ~thing like a pudding*); ~ time adv. थोड़े समय, कुछ देर, थोड़ी देर[F] (*have been waiting ~ time*); कभी, किसी समय, किसी वक्त (*must see him about it ~ time*); ~time a. & adv. (प्रा०) एकदा, पूर्वकालमें, किसी समयमें, पहले (*was ~time mayor of Barnstaple*); ~ times adv. यदा-कदा, कभी-कभी, जब-तब, बाज वक्त, गाहे-गाहे (*have ~times thought*); ~way किसी उपायसे, किस ढंगसे, किस तरहसे; ~what (adv.) किंचित्, यत्किंचित्, अनिर्दिष्ट परिमाणमें, कुछ-कुछ, थोड़ा-सा, किसी कदर (*it is ~what difficult*); (pron. प्रायः) कुछ, कोई चीज[F] (*found ~what to detain him*); ~-when (क०, कृत्रिम) कभी न कभी, किसी न किसी समय; ~where किसी स्थानमें, किसी जगह, कहीं, कहींपर (*lives ~where near us*); नरकमें भी, भाड़में (*will see him ~where*); ~whither (प्रा०) कहींको, किसी जगह[F]-को; *and then ~* ⊙ (अमेरिकामें, प्रा०) और उससे भी बहुत अधिक, बहुत काफी;

~ day, ~ measure, ~ part thereof, ~why, ~wise.

somersault, -set[1] स'मॅसॉल्ट्, -सॅट् १. n. कलाबाजी[F], डिंगबाजी[F], पलटा, ढेंकली[F], गुलाँट[F] (*double, treble, ~*); २. v. i. कलाबाजी[F] खाना, ढेंकली[F] लगाना, गुलाँट[F] मारना।

somerset[2] स'मॅसॅट् n. गद्देदार कोठी[F]।

Somerset House स'मॅसॅट् हाउस् n. लन्दनका मालगुजारीका दफ्तर, सॉमरसेट हाउस।

somite सो'माइट् n. (जीव०) देहभाग, तनूखण्डक।

somnambulant सॉम्नै'ब्यूलॅन्ट् a. स्वप्नसंचरणशील, निद्राभ्रमी, निद्राचारी, निद्रासंचरणशील, स्वप्नाचारी, ऊँघ[F]में घूमनेवाला।

somnambulate –लेट् v. i. (क०) निद्राभ्रमण करना, नींदमें चलना, ऊँघ[F]में घूमना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

somnambulation, -lism –ले'शॅन्, -लिज़्म् n. निद्राभ्रमण, निद्राटन, (शिक्षा०) **निद्राचार**, स्वप्न-चारिता^{F}, स्वप्नसंचरण, स्वप्नाचरण, स्वप्नाटन, ऊँघ^{F}में चलना-फिरना; निद्राभ्रमणकी चित्तवृत्ति^{F}, निद्रासंचरणकी (मस्तिष्ककी) अवस्था^{F}।

somnambulist –'ब्यूलिस्ट् n. निद्राचर, स्वापचारी, स्वप्नसंचरणकर्त्ता, स्वप्नाचारी, ऊँघ^{F}में चलनेवाला।

somnambulistic –'टिक् a. निद्राभ्रमण-विषयक, स्वप्न-संचरण-सम्बन्धी; स्वप्नचारी।

somni- स्वाप-, निद्रा- (*~ ferous, ~loquence, ~loquism, ~loquy, ~pathist*)।

somnifacient –नि'फ़ेशन्ट् a. & n. निद्रा^{F}-जनक (ओषधि^{F}), निद्रापक (ओषधि^{F}),नींद^{F} लानेवाली (दवा^{F})।

somniferous –'फ़ॅरॅस् a. सुप्तिकारक, निद्राकर, निद्राजनक, नींद^{F} या ऊँघ^{F} लानेवाला।

somnific –फ़िक् a. स्वापकारी, निद्राजनक, नींद^{F} लानेवाला।

somniloquism –'लॅक्विज़्म् n. स्वापालाप, स्वाप-संलाप, निन्द्रा-संलाप, नींद^{F}में बड़बड़ाना।

somniloquist –क्विस्ट् n. निद्राभाषी, स्वापालापी, निद्रा-प्रलापी, नींद^{F}में बड़बड़ानेवाला।

somniloquous –क्वॅस् a. स्वापालापी, स्वाप संलापी, निद्रा-प्रलापी, नींद^{F}में बड़बड़ानेवाला।

somniloquy –क्विव n. =SOMNILOQUISM.

somnipathist –'पॅथिस्ट् n. निद्रोपचारी; ऐन्द्र-जालक; इन्द्रजालसुप्त व्यक्ति, मन्त्रसुत व्यक्ति, जादूसे सोया हुआ व्यक्ति, मेसमरेजिमसे बेहोश आदमी।

somnipathy –थि n. निद्रोपचार; इन्द्रजाल-स्वाप, मन्त्रसुप्ति^{F}, जादूकी नींद^{F}, मेसमरेजिमकी बेहोशी^{F}।

somnolence, -cy सॉम्'नॅलॅन्स्, -सि nn. (चि०) **तन्द्रा**^{F}, तन्द्रालुता^{F}, तन्द्राच्छन्नता^{F}, तन्द्रिलता^{F}, निद्रा^{F}, (शिक्षा०) **निद्रालुता**^{F}, नींद^{F}, निदास^{F}, ऊँघास^{F}, ऊँघ^{F}, उनींदापन।

somnolent –न्ट् a. तन्द्रालु, तन्द्रा या निद्राजनक, निद्राप्रवण, निद्रालु, निद्रालस, निँदासा, ऊँघता हुआ, उनींदा; (निदान०) तन्द्रिल, अर्धसुप्त।

somnolescent ⊙ सॉम्नॉ'लॅसॅन्ट् a. अर्धसुप्त।

somnolism सॉम्'नॅलिज़्म् n. अस्वाभाविक निद्रा^{F}; सम्मोहिनी निद्रा^{F}, वशीकरणकी नींद^{F}, जादुई नींद^{F}।

somoplasm ⊙ सो'मॅप्लैज़्म् n. (वन०) **अजनित्र द्रव्य**, T.

-son = TION. (*rea~, trea ~*)।

son* सन्' n. आत्मज, नन्दन, तनय, सुत, पुत्र*, कुमार, बेटा*, लड़का, पूत, बच्चा; वंशज, वंशधर,सन्तान^{F}, औलाद^{F} (*~s of Abraham*); (प्यारमें) वत्स, तात, बेटा, लाल, भइया; अनुयायी, शिष्य, उत्तराधिकारी, गुणानुवर्ती, गुणानुगामी, गुणयुक्त (*~ of toil, ~s of light*); किसी देशका अधिवासी, मूलवासी, वाशिन्दा; *~-in-law* जामाता, दामाद, जमाई; *~* and heir पुत्र एवं उत्तराधिकारी; *~* of God ईसा; *~* of Mars सैनिक, सिपाही; *~* of the soil देशवासी, अधिवासी, भूमिधर, धरती^{F}का लाल, ग्रामीण, देहाती, गाँववाला; The S~ of Man (न्यू टेस्टामेण्टमें) ईसा मसीह; (ओल्ड टेस्टामेण्टमें) आदमकी सन्तान^{F}, the *~s* of men मानव जाति^{F}।

sonance सो'नॅन्स् n. = SONANCY.

sonancy –सि n. ध्वनिपूर्णता^{F}, स्वनता^{F}, निनादत्व, शब्दायमानता^{F}, उच्चारणत्व, आवाज^{F}।

sonant –न्ट् १. n. स्वन, निनादी या शब्दायमान ध्वनि या वर्ण; २. a. स्वनयुक्त, ध्वनिपूर्ण, निनादी, (भौ०) **वादी**, स्पष्टध्वनित, शब्दायमान, सुरीला, आवाजदार।

sonantal –'टॅल् a स्वनमय, निनादी, शब्दायमान, ध्वनिपूर्ण, आवाजदार।

sonata सॅना'टॅ n. यान्त्रिक सुर, प्यानोका एक राग, सोनाटा।

sonatina सोनॅटी'नॅ n. SONATA का सरल अथवा संक्षिप्त रूप, छोटा राग, सोनाटिना।

song* सॉन्ग्' n. **गीत***, पद, गेय लघु कविता^{F}, गीति-कविता^{F}, **गान**, गाना*; अन्त्यानुप्रासयुक्त कविता^{F}, तुकापेक्ष कविता^{F}, तुकवाली कविता^{F}; पद्य, कविता^{F}, छन्द; कण्ठ्य संगीत, गायन, राग, गायकी^{F}, तराना, नगमा (*burst forth into ~*); पक्षीगायन, चिड़ियों^{F}की सुरीली ध्वनि^{F}, चहकना, चहचहाहट^{F} (*~-birds*); तुच्छ वस्तु^{F}; S~ of S~s, S~ of Solomon सुलेमानके गीत; *bought, sold, it for a ~* or *an old ~* कौड़ियों^{F}के मोल खरीदा या बेचा; *nothing to make a ~ about* बहुत ही क्षुद्र बात^{F}, मामूली-सी चीज^{F}।

songful –'फ़ुल् a. गानयुक्त, गीतमय; गीत-सदृश, गानेकी भाँति, संगीतमय, सुरीला; मधुर, सरस, मीठा।

songless –'लिॅस् a. गीतरहित, रागहीन, कण्ठहीन, अकण्ठ, बेसुरा; नीरस, फीका।

songster –'स्टॅर् n. गायक पक्षी, गानेवाली चिड़िया^{F}; गायक, गवैया, गानेवाला; कवि, गीतकार।

songstress –रिट्रॅस् n. गायिका^{F}, गानेवाली^{F}; कवयित्री^{F}, गीतलेखिका^{F}।

sonic ⊙ सॉ'निक् a. स्वनीय, (भौ०) **ध्वनि-, ध्वानिक** (*~ energy*), ध्वनितरंगीय, ध्वनितरंग-विषयक, ध्वनि-तरंग-सम्बन्धी, सुरका।

soniferous सॅनि'फ़ॅरॅस् a. निनादी, शब्दायमान, ध्वनि-जनक, स्वनोत्पादी, आवाज^{F} उत्पन्न करनेवाला।

sonless सन्'लिॅस् a. निःसन्तान, सन्तानहीन, अपुत्र, पुत्रहीन, निपूता, बेऔलाद।

sonnet सॉ'निॅट् n. चतुर्दशपदी कविता^{F}, एक प्रकारकी चौदह पंक्तियों^{F}की कविता^{F}, सॉनेट; (अब बव०) कोई छोटा गीत, गीति^{F}।

sonneteer सॉनिटीॲर् १. n. चतुर्दशपदी कविता-लेखक, सॉनेटकार, सॉनेटबाज; २. v.t. & i. चतुर्दशपदी कविता^{F} लिखना, सॉनेट कहना, सॉनेटमें अभिव्यक्ति करना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sonny स'नि n. लड़केको प्रेमसे बुलानेका शब्द, वत्स, बच्चा, बेटा, भइया, छोरा, सन्नी।

sonometer सॅनॉ'मिटॅर् n. ध्वनिमान, स्वनमापी, सुरमापी, स्वरमापी, ध्वनिमापित्र, ध्वनिमापक यन्त्र, सोनोमीटर।

sonorescence सॉनॅरे'सॅन्स् n. निनादिता^{F}, शब्दकारिता^{F}, स्वनता^{F}, ध्वनि-जनकता^{F}, आवाज^{F} करना।

sonorescent –न्ट् a. निनादी, शब्दकारी; स्वनोत्पादी, ध्वनि-जनक, आवाज^{F} करना (जैसे, चमड़ा या रबड़)।

sonorific –रि'फ़िक् a. =SONIFEROUS.

sonority, sonorousness –सॅनॉ'रिटि, –रॅस्नॅस् nn. उच्च घोष, गम्भीर नाद; स्वनत्व, मुखरता^{F}, निनादिता^{F}, गरज^{F}, गूँज^{F}; माधुर्य, मंजुलता^{F}, स्पष्टता^{F}; शब्दाडम्बरपूर्णता^{F}।

sonorous –रॅस् a. घोषपूर्ण, उच्चशब्दकारी, गर्जनकारी, गरजनेवाला, गरजता हुआ, बुलन्द आवाज^{F}का; मुखर, निनादी, सनाद, सस्वन, (भौ०) सुस्वनिक, प्रतिध्वनिपूर्ण, ध्वनिज (~ *figures*), गुंजायमान; मधुर, मंजुल, सुरीला; स्पष्ट, परिस्फुट; ओजस्वी, प्रभावशाली, शब्दाडम्बरपूर्ण, गर्जनपूर्ण, तड़क-भड़कदार, जोशीला (भाषण, शैली^{F} आदि)।

sonorousness –नॅस् n. दे० SONORITY.

sonship सन्'शिप् n. आत्मजता^{F}, पुत्रत्व, बेटापन।

sonsy सॉन्'सि a. स्थूल, मोटा; विनीत, सरल, सहज, नम्र, विनम्र।

soojee सू'जि n. सूजी^{F}।

soon सून्' adv. सत्वर, झटिति, अचिरात्, शीघ्र, अविलम्ब, बिना विलम्ब, तुरन्त, अभी, झटसे, झटपट, जल्द, जल्दीसे, थोड़ी देर^{F}में, फौरन (*shall ~ know the result*); स्वेच्छासे, इच्छापूर्वक, खुशी^{F}से (*I would just as ~ stay at home*); पहले, तड़के, सवेरे, जल्दी (*what makes you come so ~?*); *as ~ as* जिस क्षण, ज्योंही, जैसे ही; *no ~er than* ज्यों ही; *no ~er said than done* कहते देर^{F} लगी करते नहीं, बात^{F} मुँहसे निकलते ही पूरी हो गयी; *~er or later* कभी न कभी, देर-सवेर।

soot सुट्' १. n. (रसा०) कज्जल, काजल, कजली^{F}, कालिख^{F}, (~ *blower*), कलौंस^{F}; डूँगा; २. v.t. कालिख पोतना, कालिख लगाना; ~-cancer, ~-wart (चि०) धूमनी कर्कट, चिमनी^{F}की कालिख साफ करनेवालोंमें होनेवाला अण्डकोषका कर्कट रोग।

sooterkin सु'टॅकिन् n. (प्रा०) मिथ्या प्रसव; (ला०) असफल योजना^{F}।

sooth सूथ्' n. (प्रा०) तथ्य, यथार्थता^{F}, वास्तविकता^{F}, सत्य, सत्यता^{F}, सचाई^{F}, हकीकत^{F}; *in (good) ~* सत्यतः, निश्चय ही, वास्तवमें, सचमुचमें।

soothe सूद्' v.t. सान्त्वना^{F} देना; (पीड़ा^{F}को) शान्त करना, न्यून करना, (दर्द) धीमा करना, कम करना, घटाना, नरम करना, मिटाना; (व्यक्ति, स्नायुओं^{F}, आवेगों या उत्तेजनाओं^{F}को) प्रशमित करना, तुष्ट करना, ठण्डा करना, ठण्डक पहुँचाना, ढाढ़स देना; (किसी व्यक्तिको) मुँहदेखी बात^{F} कहना, चुपड़ी बातें^{F} करना, चापलूसी^{F} करना, खुश करना; चुमकारना; पुचकारना।

soother –'दॅर् n. प्रशामक, उपशमक, सान्त्वनकर्त्ता, शान्तिकारी, शान्त करनेवाला, ढाढ़स देनेवाला; चाटुकार, चापलूस; बच्चेके चूसनेके लिए रबरकी चुसनी^{F}।

soothfast सूथ्'फ़ास्ट् a. (प्रा०) सत्यनिष्ठ, धर्मसन्ध, दृढ़, पक्का।

soothing सू'दिंग् १. n. प्रशमन, उपशमन, निर्वापण, सान्त्वन; २. a. प्रशमनकारी, शमक, शान्तिकर, तापहर, सान्त्वक।

soothsay सूथ्'से v. i. भविष्यवाणी^{F} करना, आगेकी बात^{F} बताना।

soothsayer –सेअॅर् n. भविष्यवक्ता, मौहूर्तिक, दैवज्ञ, ज्योतिषी, जोशी, नजूमी।

soothsaying –सेइंग् n. भविष्यकथन, भविष्यवाणी^{F}, मुहूर्त्त-चिन्तन, ज्यौतिष।

sootiness सु'टिनॅस् n. कज्जलमयता^{F}, कालिख।

sootless –ट्'लॅस् a. कज्जलरहित, बिना कालिखका।

sooty –'टि a. कज्जलिक, कज्जलयुक्त, धूमिल, कालिख^{F}-से भरा हुआ, धुएँदार, काला, (रसा०) कालखी, कालख, कालिखवाला।

sop. soprano.

sop सॉप्' १. n. पिण्ड, अन्न, पिष्टक खण्ड, शोरबेमें भीगा हुआ रोटी^{F}का टुकड़ा आदि, तर टुकड़ा; किसी खतरनाक पशु या मनुष्यको परचानेके लिए दी गयी वस्तु^{F}; उत्कोच, घूस^{F}; २. v.t. & i. (रोटी^{F} आदिको शोरबेमें) डुबोना, भिगोना, तर करना; (तौलियाका) पानी सोखना, पूरी तरह भिगोना; पूरी तरह भीग जाना, तर होना, सराबोर होना (*am ~ping with rain*); *~in the pan* तली हुई डबल रोटी^{F}।

soph सॉफ़्' n. =SOPHISTER.

sopherim सो'फॅरिम् n. (यहूदी शास्त्रके) टीकाकार।

sophiology ⊙ सोफ़िऑ'लॅजि n. वैचारिकी^{F}, विचार-विज्ञान, विचार-शास्त्र, विचार-विद्या^{F}।

sophism सॉ'फ़िज़म् n. आभास, सत्याभास, युक्त्याभास, (शिक्षा०) हेत्वाभास, मिथ्यातर्क, कुतर्क, कूटतर्क, वाक्छल, मिथ्यावाद, मिथ्याहेतुवाद, धोखा, लपेट^{F}, पेच, चक्कर।

sophist –फ़िस्ट् n. हेत्वाभासवादी, मिथ्यातार्किक, कुतर्की, कूटतार्किक, वाक्छली, वितण्डावादी, झूठी दलील^{F}से धोखा देनेवाला; तार्किक, प्राचीन ग्रीकके दर्शन तथा अलंकार या भाषणशास्त्रके सवैतनिक शिक्षक, वेतनभोगी अध्यापक; T.।

sophister –टॅर् n. स्नातक, ग्रेजुएट।

sophistic, -al सॅफ़िस्'टिक, –ॲल् a. कूटतर्क-विषयक, कुतर्क-सम्बन्धी; कूटतर्कात्मक, हेत्वाभासरूप, आभासात्मक, कुतर्कपूर्ण, मिथ्या, धोखेका, झूठा, गलत।

sophisticalness –निॅस् n. कूटतर्कविषयकता^{F}, कुतर्कसम्बन्धिता^{F}; कूटतर्कात्मकता^{F}, हेत्वाभासरूपता^{F},

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आभासात्मकता^{F}, कुतर्कपूर्णता^{F} ।

sophisticate –केट् v.t. & i. कुतर्कके द्वारा किसी व्यक्तिको पथभ्रष्ट करना, भ्रान्त पथपर चलाना, गुमराह करना, बिगाड़ना; (किसी विषयमें) कूटतर्क या कुतर्कसे काम लेना, कुछका कुछ कर देना; (किसी व्यक्ति या वस्तु^{F}की) सादगी^{F} दूर करना, कृत्रिम या झूठा बनाना, खोटा बनाना, खराब करना; तर्क करनेके लिए (पाठ) विकृत कर देना, (पाठ आदिको) परिवर्तित करना, गलत बना देना; कुतर्कका प्रयोग करना, झूठी दलील^{F} देना; (शराब^{F} आदि) अपद्रव्यण करना, दूषित करना, अपमिश्रित करना, मिलाना; मिलौनी^{F} करना, घालमेल करना ।

sophisticated –टिॅड् a. संस्कारित (*~attieudt*); दूषित, भ्रष्ट, अपमिश्रित, व्यवहारविद्, व्यवहारकुशल, दुनियादार; घाघ ।

sophistication –के'शॅन् n. कुतर्कप्रयोग; बहकाव, भटकाव; विकृतीकरण, अशुद्धीकरण, भ्रष्टता, कपट, छल, धोखा, बिगाड़; (चि०) (अन्न, औषधि^{F} आदिका) अपद्रव्यण; व्यामिश्रण, अपमिश्रण, घालमेल, मिलावट^{F}, मिलौनी^{F}, खोट^{F} ।

sophisticator –टिकेटॅर् n. अपमिश्रणकर्ता, भ्रष्टकर्ता, अपमिश्रण करनेवाला; भ्रान्तपथनेता, गुमराह करनेवाला ।

sophistry सॉ'फिस्ट्रि n. कूटतार्किकता^{F}, कुतर्किता^{F}, कुतर्कपूर्णता^{F}, वितण्डा, (दर्श०) जल्प, कुतर्क, भ्रान्तिपूर्ण तर्क, धोखाधड़ी^{F} ।

sophomore ⊙ सॉ'फॅमोअॅर् n. विश्वविद्यालयका द्वितीय वर्षका विद्यार्थी ।

sophomoric ⊙ –मॉअॅ'रिक् a. कालेज-विद्यार्थीका; = PRETENTIOUS.

Sophy सो'फि n. (इति०) १६वीं-१७वीं शती^{F}के ईरानी बादशाह (उनकी उपाधि^{F}), सूफी ।

sopite सोपाइट्' v.t. मन्द करना, शान्त करना, सुलाना, अन्त करना ।

sopor सो'पॅर n. (चि०) गाढ़ निद्रा^{F}, नींद^{F} ।

soporiferous सॉ(सो)पॅरि'फ्रॅरस् a. निद्राकर, निद्राकारी, निद्राजनक, नींद^{F} लानेवाली ।

soporific –फ़िक् १. n. निद्राकर ओषधि^{F}; २. a. (चि०) तन्द्राकर, तन्द्रावह; निद्राकर, निद्राकारी, निद्राजनक, नींद^{F} लानेवाली ।

soporose –'पॅरोस् a. तन्द्रिल, तन्द्रालु, निद्रालु, सुआँसा, सोवाँसा ।

soporous –रॅस् a. = SOPOROSE; (चि०) गाढ़निद्रस्त; सन्यासग्रस्त, सन्यास-सम्बन्धी ।

sopping सॉ'पिंग् १. n. आचूषण, आर्द्रीकरण, भिगोना, तर करना; २. a. आचूषी, भिंगोनेवाला ।

soppy सॉ'पि a. सिक्त, आर्द्र, तर, भीगा हुआ; (बोल०) हेयभावपूर्ण घृणोत्पादक भावयुक्त ।

sopranist सॅप्रा'निस्ट् n. उच्चकण्ठका गायक या गायिका^{F}, उच्चतम स्त्रीस्वरमें गानेवाली या बालकके स्वरमें गानेवाला ।

soprano –नो n. (pl. *-nos, -ni*) तीव्र स्वर, तार, स्त्री^{F}का उच्चतम कण्ठस्वर, रमणी^{F} या बालकके कण्ठका उच्चतम स्वर ।

-sor -क, -वाला (*profes ~*) ।

sora सॉ'रॅ n. एक अमेरिकी पक्षी, सोरा ।

sorb सॉर्ब्' n. शैलभूर्ज, एक फलदार पेड़, सेवा ।

sorbate –'बॅट n. शैलभूर्ज-लवण, शैलभूर्जिक लवण (SORBIC एसिडका नमक) ।

sorbefacient सॉर्बिफे'श्न्ट a. & n. अवशोषकारी (ओषधि^{F}) ।

sorbet सॉर्'बिॅट् n. हिमजल, शर्बत ।

sorbic सॉर्'बिक् a. शैलभूर्जिक (*~ acid*) ।

sorbo ⊙ सॉर्'बो n. छिद्रिल घृषि^{F}, सरन्ध्र रबर (नाम) ।

sorcerer सॉर्'सॅरॅर् n. ऐन्द्रजालिक, मायाकर अभिचारी, इन्द्रजाल-प्रदर्शनकारी व्यक्ति, भूतसाधक, जोगी, सयाना, जादू टोना करनेवाला, ओझा, जादूगर ।

sorceress –रिॅस् n. भूतसाधिका^{F}, ऐन्द्रजालिका^{F}, जोगिनी^{F}, अभिचारिणी^{F}, जादूगरनी^{F}, ओझाइन^{F} ।

sorcerous –रॅस् a. ऐन्द्रजालिक, भूतसिद्धि-विषयक, जन्तरमन्तर-सम्बन्धी, जादू-सम्बन्धी ।

sorcery –रि n. इन्द्रजाल, भूतसिद्धि^{F}, (दर्श०) अभिचार, जन्तर-मन्तर, ओझाई^{F}, जादू, जादूगरी^{F}, टोना ।

sordes सॉर्'डीज् n. किट्ट, सीठी^{F}, छाँटन, अवर पदार्थ, तुच्छ पदार्थ, रद्दी चीज^{F}; व्यक्त पदार्थ, फेंकी हुई चीज^{F}; (बुखारमें) दशनमल, दन्तमल, दाँतोंका मैल ।

sordid सॉर्'डिड् a. नीच, अधम, नीचकुलोत्पन्न, क्षुद्र, हीन, घटिया, कमीना; दुष्ट, कुत्सित, संकीर्ण, कृपण, ओछा, लोभी, कंजूस, सूम, खसीस; (वन०, जन्तु०, रंगोंका) कर्दमसिक्त, कीचड़से भरा; मलिन, अशुद्ध, मैला ।

sordidness –निॅस् n. नीचता^{F}, अधमता^{F}, कमीनापन; संकीर्णता^{F}, कृपणता^{F}, ओछापन, कंजूसी^{F}; मलिनता^{F}, अशुद्धता^{F}, गन्दापन ।

sordine सॉर्'डीन् n. ध्वनिनिरोधक यन्त्र या खूँटी^{F} ।

sore सोॅर्' १. n. (चि०) व्रण, क्षत, घाव, जलन^{F}, छिलन^{F}, जख्म, फोड़ा-फुंसी^{F}; (ला०) क्लेश, दुःख, विपता^{F}, दुःखदायी स्मृति^{F}, कष्टप्रद चर्चा^{F}, मर्मभेदी बात^{F}, कसक^{F}, टीस^{F}, २. a. सरुज, रोगी, क्षतयुक्त, छिला हुआ, दुखता हुआ, सूजा हुआ, चोट^{F} खाया हुआ; स्पर्शासह, संवेदन, अत्यन्त कष्टकर, वेदनायुक्त, पीड़ाकर, दुःखदायी, पीड़ादायक, दुखनेवाला (*has a ~ arm*); मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी, हृदयस्पर्शी, उत्तेजक, कष्टप्रद, असह्य; क्लेशजनक, प्रदाहयुक्त, वेदनायुक्त, उग्र, खिजानेवाला (*a ~ subject*); (प्रा०, काव्य) चिन्ताप्रद, कष्टकर, दारुण, भीषण, क्लेशप्रद या दुःखदायी, कठोर, कड़ा, भारी, सख्त (*in ~ distress*); व्यथित, चिन्तित, दुःखी, खिन्न, क्रुद्ध, खीजा हुआ, झल्लाया हुआ, चिड़चिड़ा, बिगड़ा हुआ (*is very ~ about his defeat*); ३. adv. उत्कट रूपसे, अतिशय, बहुत बुरी तरह (*~ oppressed*); **~eye** (चि०) दुखती

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आँख[F]; ~throat (चि०) गलदाह; *a sight for ~ eyes* मनोरम या नेत्रशीतलकारी दृश्य, आँखों[F]को ठण्डा करनेवाला दृश्य, बहुत ही सुन्दर; *like a bear with a ~ head* चिड़चिड़ा, झल्लाया हुआ; *made him ~ head* ⊙ उसे चिड़चिड़ा कर दिया; *touched him on a ~ place* मर्मस्पर्श करना, मर्मको छू देना।

sorel सॉ'रॅल् a. & n. =SORREL[2].

soreness सोअॅर्'निॅस् n. क्लेश, पीड़ा[F], दुःख; कष्ट, क्लेशप्रदता[F], मर्मस्पर्शिता[F], चिन्ता[F], जलन[F]; चिड़चिड़ापन, झल्लाहट[F], खीज[F]।

sorghum सॉर्'गॅम् n. (चि०)एक प्रकारकी इक्षुशर्करा[F]; यवनालप्रजाति[F], ज्वार[F], (कृषि०) **चरी**[F], (बाजरा और चीनी[F] गन्ना आदि घास[F]की जातियाँ[F])।

soricine सॉ'रिसाइ(सि)न् a. मौषिक-, मूषक-विषयक, मूषक-सम्बन्धी, चूहेका।

sorites सॅराइ'टीज् n. न्यायश्रेणी[F], तर्कशास्त्रकी धारावाहिक प्रतिज्ञापरम्परा[F], शृंखलाबद्ध न्याय, कूटात्मक मालाकार तर्क, लगातार कूटतर्क, कुतर्कक्रम, कुतर्करूप; (दर्श०) **संक्षिप्त मालानुमान**, संक्षेपमाला।

soritical सॅरि'टिकॅल् a. न्यायश्रेणी-सम्बन्धी, शृंखलाबद्ध न्याय-विषयक; कूटात्मक; कुतर्कक्रमपूर्ण।

sorn सॉर्न' v.i. बलात् प्रवेश करना, हठपूर्वक प्रवेश करना, जबर्दस्ती[F] घुसना; धरना देना।

soroptimist सॅरॉप्'टिमिस्ट् n. (महिला[F]) रोटरी क्लबकी सदस्या[F]।

sororal सॅराअॅ'रॅल् a. भगिनीवत्, बहन-जैसा; भगिनी[F] का, बहन[F]का।

sororate ⊙ –रॅट् n. (जंगली प्रथा[F]) साली[F]से व्याह।

sororicide ⊙ –रिसाइड n. स्वसाघात, भगिनी-हत्या[F], बहन[F]की हत्या[F]।

sororise ⊙ –राइज़ v.i. बहन[F] बनाना, बहन-जैसा सम्बन्ध रखना।

sorority सॅरॉ'रिटि n. उपासनात्मक भगिनीत्व; (कालेज या विश्वविद्यालयमें) स्त्रियों[F]की संस्था[F] ⊙।

sorosis सॅरो'सिस् n. (वन०) **सरसाक्ष**, फलपुंज, मुलायम गूदेदार फल (जैसे अनन्नास),T.।

sorption सॉप्'शॅन् n. (रसा०) **परिशोषण, शोषण**।

sorra सॉ'रॅ adv. (आयरलैण्ड, प्रा०) नहीं, कभी नहीं, हर्गिज नहीं, बिल्कुल नहीं।

sorrel[1] सॉ'रॅल् n. अम्ललोणिका[F], एक प्रकारका शाक या वनस्पति[F], (वन०) **खट्टीमीठी**[F], खट्टी भाजी[F], चुक्र, खटमिट्ठा चोका, लोनी[F], T.।

sorrel[2] १. n. पाटलवर्ण; लाली[F] लिये हुए बादामी रंग; उस रंगका पशु; (*sorel* भी) तीसरे सालका हिरन; चूका, खट्टा साग; २. a. पीताभ, पाटल, लाली[F] लिये हुए बादामी रंगका।

sorriness सॉ'रिनॅस् n. दुःख, खिन्नता[F], खिन्नावस्था[F], शून्यता[F], क्षुद्रता[F], तुच्छता[F], हीनता[F], असारता[F], हलकापन, घटियापन, बुराई[F], खराबी[F]।

sorrow सॉ'रो १. n. आपदा[F], विपदा[F], विपत्ति[F], आपत्ति[F], दुर्भाग्य, अभाग्य, संकट, शोकावसर, मुसीबत[F], परेशानी[F], आफत[F] (*has had many ~s*); क्लेश, मनस्ताप, मनोवेदना[F], वेदना[F], व्यथा[F], शोक, चिन्ता[F], खेद, दुःख, विषाद, सन्ताप, रंज, अफसोस, गम; क्रन्दन, विलाप, हाहाकार, रोना-पीटना (*his ~ was loud and long*); २. v.i. (*at, for, over* के साथ) खेद करना, विलाप करना, शोक मनाना, रोना, मातम मनाना; चिन्तित होना, चिन्ता[F] व्यक्त करना, चिन्ता[F] करना, दुःखी होना, खेद प्रकट करना, रंज करना; गमगीन होना;

~-beaten, ~-blinded, ~-laden, ~-melted, ~-stricken, ~wasted, ~-worn.

sorrower –रोॲर n. विलापी, विलाप करनेवाला, मातम मनानेवाला।

sorrowful –रोफुल् a. सशोक, शोकार्त, शोकाकुल, शोचनीय, विषादयुक्त, शोकपूर्ण, चिन्तापूर्ण, अवसन्न, म्लान, विषण्ण, शोकग्रस्त, शोकातुर, उद्विग्न, खिन्न, दुःखित, दुःखी, गमगीन, उदास।

sorrowfulness –निॅस् n. शोचनीयता[F], शोकार्तता[F], चिन्तापूर्णता[F], खिन्नता[F], विषादग्रस्तता[F] आदि; उद्विग्नता[F], अवसन्नता[F], दुःख, उदासी[F], गमगीनी[F]।

sorrowing –रो-इंग् a. चिन्ता[F] करता हुआ, खेद प्रकट करनेवाला, रंज करनेवाला; विलापी, शोकाकुल, शोकार्त।

sorry सॉ'रि a. खिन्न, दुःखित, दुःखी, खेदयुक्त, असुखी, पछताऊ (*will be ~ for this some day*); (साहि०) घृणित, हेय, तुच्छ, क्षुद्र, नगण्य, हीन, हलका, निचली श्रेणी[F]का, बुरा, खराब (*a~ fellow, plight*)।

sort[1]* सॉर्ट' n. प्रकार* (*nothing of the ~*); (बोल० *an awfully good ~*); श्रेणी[F], वर्ग, प्रकार, जाति[F], समूह, समुदाय, जिन्स, किस्म, मेल (*biscuits of several ~*); (प्रा०) ढंग, रीति[F], प्रकार, भाँति[F], डौल, तौर, तरीका (*in seemly, courteous, etc., ~*); (मुद्र०) टाइपके साँचेका एक अक्षर या अंश; (मुद्र०) टाइपके साँचेके अक्षरोंमें ह्रस्व स्वर; *out of ~s* अस्वस्थ, निरुत्साह, खिन्न, क्रुद्ध, सुस्त।

sort[2] v.t. & i. श्रेणीविन्यस्त करना, वर्गोंमें विभाजित करना, अलग-अलग समूहोंमें बाँटना, अलग-अलग बाँटना; पृथक्करण करना, छाँटकर अलग करना, सजाना, लगाना, बीनना या **छाँटना**, चुन लेना; जोड़ना (*~ ed out those of the largest size*); लगना, छँटना, जुड़ना, सजना; (प्रा०) अनुरूप होना, अनुकूल होना, मेल खाना, मुताबिक होना (*his actions ~ ill, well, with his professions*)।

sortable –'टॅबॅल् a. श्रेणीबद्धकरणीय, पृथक्करणीय, चुनने योग्य, छाँटने लायक।

sortation –टे'शॅन् n. पृथक्करण, वर्गीकरण, श्रेणीयन, श्रेणीविन्यास, श्रेणी-विभाजन, पृथक्न, अलगाव, छाँट[F], छँटाई[F]।

sorted –'टिॅड् a. पृथक्कृत, छँटा हुआ (*~sweets*)।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

sorter –टॅर् n. पृथक्कार, श्रेणीविन्यासकर्त्ता, वर्गोंमें बाँटनेवाला, छाँटनेवाला, चुननेवाला, T.।

sortie सॉर्'टी n. अवरुद्ध सेनादलका हठात् बहिर्गमन, अवरुद्ध स्थानसे निर्गमन, धावा; निष्पान, अवपात, (विमानकी) उड़ान[F]; T.।

sortilage, -ege सॉर्'टिलिज् n. भाग्यनिश्चय।

sorting सॉर्'टिंग् n. पृथक्करण, वर्गीकरण, छँटाई[F], छाँट[F], छाँटना;

~ almirah, ~ article, ~ bag, ~ bundle, ~cabin, ~ case, ~ department, ~ inspector, ~ ledge, ~ list, ~ memo, ~ office, ~ postman, ~ seal, ~ siding, ~ table, ~ tub.

sortition सॉर्टि'शॅन् n. पाँसा या लाटरी[F] डालना, फेंकना।

sortment सॉर्ट्'मॅन्ट् n. =SORTATION.

sorus सोअॅरॅस् n. (वन०) बीजाणुपुंज, (वन०) धानी-गुच्छ; राशि[F], ढेर; T.।

-sory संज्ञाओं[F] एवं विशेषणोंमें -ORY का विशेष रूप (*acces~, promis ~*)।

S.O.S. Save Our Souls (Wireless signal of distress at sea), हम संकटमें हैं, सहायता करो, बचाओ; हाय मरे! *si opus sil*, if it is necessary.

S.Os. Standing Orders.

so-so सो'सो a. & adv. ऐसा ही, ठीक ही (है)।

sot सॉट् १. n. अभ्यस्त मद्यप, मद्यासक्त, सदापानरत, पानासक्त, पानमूढ़, रोजका शराबी, पुराना या पक्का शराबी, पानव्यसनी, पियक्कड़, नशाबाज, नशाखोर, दारूबाज; २. v. i. मन्दोन्मत्त होना, मदिरा[F] पीना, कसरत[F]से शराब[F] पीना।

soteriology सॅटीरिऑ'लॅजि n. स्वास्थ्यविज्ञान, स्वास्थ्य-चर्चा[F]।

sotnia सॉट्'निअॅ n. सॉटनिया (रूसी कज्जाक सेना[F])।

sottise ⊙ सॉ'टिस् n. दुर्व्यवहार, अशिष्ट व्यवहार, असभ्य व्यवहार, मूर्खतापूर्ण व्यवहार, गँवारपना।

sottish सॉ'टिश् a. पानोन्मत्त, पानासक्त, मत्त, पान-मूढ़, मूर्ख, अचेतन, मदहोश, बेहोश, पियक्कड़, धुत्त।

sottishness –निॅस् n. मदोन्मत्तता[F], पानमूढ़ता[F], पियक्कड़पन, नशाबाजी[F], नशाखोरी[F], मस्ती[F], बेहोशी[F]।

sou सू' n. सू[F] (फ्रांसीसी ताम्र-मुद्रा[F]), दमड़ी[F]।

soubise –बिज़े n. प्याजकी चटनी[F]।

soubrette (F) सूब्रेॅट् n. अभिनेत्री[F], तारिका[F], ऐक्ट्रेस[F]; परिचारिका[F], सेविका[F], नौकरानी[F]।

soubriquet सू'ब्रिके' n. कल्पित नाम, उपनाम, फरजी नाम, उर्फ।

soucar, sowkar सॉउ'कॉर, सॉउ'कार् n. साहुकार, महाजन।

souchong सू'शॉन्ग् n. ताजी-ताजी पत्तियों[F]से बनी हुई एक प्रकारकी काली चाय[F]।

S(o)udanese सूडॅनीज़्' n. & a. सूडानी, सूडान-सम्बन्धी; सूडानवासी।

souffle (F) सूफ़्ल् n. (निदान०) मर्मर या हलकी-सी शब्दध्वनि[F] (जो परिश्रवणमें सुनाई देती है); हल्का भोजन।

sough[1] सफ् n. नाला, मोरी[F]।

sough[2] सफ़्, सॉउ, १. n. सरसर[F], सीटी[F], सनसनाहट[F], सायँ-सायँ[F]की आवाज़[F]; २. v.i. पेड़ोंके बीचसे हवा[F]के चलनेसे सायँ-सायँ[F]की आवाज़[F] होना, सन्-सन् करना, सरसराना।

sought सॉट्' SEEK का भू० कृ०।

soul n. आत्मा[F], शरीरात्मा[F], क्षेत्रज्ञ, देही[F], रूह[F] (*immortality of the ~*); अन्तरात्मा[F], अन्तःकरण, आत्मा[F], चित्त, मन, विवेक, तबियत, (*his whole ~ revolted from it*); जीव, जीवात्मा[F], प्राण, प्राणी-तत्त्व, सार, बुद्धि[F], बुद्धिवृत्ति[F], मति[F], मस्तिष्क, चैतन्य, चेतना[F], चिदात्मा, अक्ल[F] (*keep body and ~ together*); प्राण, जीवनाधार, जीवनीशक्ति[F], बल, उत्साह, दिलेरी[F], हिम्मत[F], जान[F] (*he was the life and ~ of the enterprise, of the party*); विभूति[F], आत्माएँ[F], मनीषा[F] (*the greatest ~s of antiquity*); सप्राणता[F], सजीवता[F], स्फूर्ति[F], आत्मशक्ति[F] (*the fellow has no ~*); (व्यक्तियोंके सम्बन्धमें) साक्षात् रूप, प्रतीक, प्रत्यक्ष रूप, उदाहरण, जीता-जागता नमूना, पुतला; गतात्मा[F], हुतात्मा, दिवंगतात्मा, मुरदा; प्रेतात्मा, शरीरहीन आत्मा[F]; प्राणी, व्यक्ति, मनुष्य, जन (*not a ~ to speak to for miles round*); (परिचय, संरक्षण, अनुग्रह, घृणा[F] आदिको प्रकट करते हुए *my good ~*); *commend* one's *~ to God* (मरते समय किसी व्यक्तिका) भगवन्मय होना, भगवान्‌से लौ[F] लगाना; *~ houses* (इति०) प्रेतावास; *~ scout or shot* (इति०) प्रेत-शुल्क; *~ theory* (शिक्षा) आत्मवाद; *is the ~ of honour* सम्मानका साक्षात् रूप है; *upon my ~* अपनी सौंह[F], अपनी कसम[F]।

souled –ड् a. आत्मवान्, आत्मावाला।

soulful –ल्'फ़ुल् a. मर्मस्पर्शी, प्रभावशाली, भावनापूर्ण, भावपूर्ण, अनुभूतियुक्त, विचारपूर्ण, अर्थपूर्ण, भावव्यंजक।

soulfulness –निॅस् n. प्रभावशालिता[F], भावपूर्णता[F], अर्थपूर्णता[F], भाव-व्यंजकता[F]।

soulless –लिॅस् a. निष्प्राण, निर्जीव, निरात्मा, प्राण-रहित, सजीवताहीन; निर्वीर्य, उत्साहहीन।

soullessness –निॅस् n. निष्प्राणता[F], निर्जीवता[F], आत्माहीनता[F], निष्प्रभता[F], निर्वीर्यता[F], नीचता[F]; उत्साह-हीनता[F], तेजहीनता[F]।

sound[1]* सॉउन्ड् १. n. ध्वनि-कम्पन, स्वरकी लहरें[F]; निस्वन, स्वर, घोष, रव, ध्वनि*, निनाद, शब्द, आहट[F], आवाज़[F], खटका; मानवीय ध्वनि[F], (*vowel, consonant, ~s*); केवल शब्द (*~ and fury*); (ला०) मौखिक या वक्तव्य आदिसे उत्पन्न मानसिक प्रभाव, असर (*will have a queer ~*); (विज्ञान) ध्वानिकी[F]; २. v.t. & i.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ध्वनि[F] निकालना, निनादित करना, बजाना, बजना (*the trumpets ~*); (ला०) प्रभाव डालना, लगना, मालूम पड़ना (*~s to me like something cracking*); (ढोल आदि) बजाना; प्रतिध्वनित करना, विख्यात करना, प्रसिद्ध करना; गुँजाना, नाम फैलाना (*~ his praises far and wide*); घण्टा इत्यादि बजाकर सूचना[F] देना या घोषणा[F] करना; उच्चारण करना (*the 'h' in hour is not ~ed*); सूचित करना, चेतावनी[F] देना, चेताना, बताना, खबर[F] देना, आगाह करना (*~ a note of alarm*); परीक्षा[F] करना; (रेल[F] के पहियेको हथौड़ेसे ठोंककर) जाँचना; ~-proof (शिक्षा०, यन्त्र०) ध्वनिसह, **ध्वनिरोधी**; ध्वनिरुद्ध, **ध्वनिरोक**, आवाजरोक; ~ ranging **सीसाडोर**;

~ absorber, ~ absorption, ~ band, ~-board, ~ boarding, ~-box, ~ camera, ~ channel, ~ deadening, ~ detector, ~ effect, ~ energy, ~ field, ~ film, ~ focus, ~ head, ~-hole, ~ image, ~ insulation, ~ intensity, ~ lens, ~ locator, ~ photography, ~ picture, ~ pipe, ~ post, ~ projector, ~ proofing, ~ propagation, ~ pulse, ~ quality, ~ shadow, ~ signals, ~ symbol, ~ system, ~ test, ~-track, ~-wave, ~ vowel.

sound[2] १. n. सर्जनकी ध्वनि-शलाका[F] या सलाई[F]; २. v.t. & i. (चि०) मूत्राशयकी पथरी[F] का शलाका[F] के द्वारा निदान[F] करना; बड़ी चेतनता[F] या शान्ति[F] से किसी व्यक्तिकी मनोवृत्तियों[F] या रुचियों[F] की जाँच[F] करना; (जहाजके पेंदेमेंकी पानीकी) **गहराई[F] नापना**; (समुद्र, नदी[F], नाला या हौजकी) गहराई[F] नापना, तलहटी[F] का पता लगाना, थाह[F] लेना; (तापमान, नमी[F], दबाव आदिका) हिसाब लेना, आँकना; (मछली[F] का) गोता लगाकर समुद्रकी तह[F] में चला जाना।

sound[3] n. (प्रा० भू०) **सागर-सन्धि[F]**; जलडमरूमध्य, आबनाय; मछली[F] का गलफड़ा; मसिक्षेपी।

sound[4]* १. a. (कृषि०) अक्षत, सुस्थित, सुदृढ़, नीरोग, अरोगी, निरामय, स्वस्थ*, अविकल, बेरोग, चंगा, अच्छा, भला, तन्दुरुस्त (*a ~ body*); ससार; प्राज्ञ, सविवेक, यथार्थ, साधार, दृढ़ाधार, युक्तिसंगत, तर्कसंगत, न्याय्य, धर्म्य, अभ्रान्त, उपयुक्त, ठीक, सही, दुरुस्त (*~ doctrine*); निर्दोष, विशुद्ध; समग्र, पूर्ण, सारा, पूरा, अखण्ड, अभिन्न, समूचा; तीक्ष्ण, तीव्र; गम्भीर, अगाध, गाढ़, गहरा; (वाणि०, कम्पनी[F] आदि सम्बन्धी) ऋण-शोधनक्षम, अच्छी साखवाला, खरा, चोखा; निश्चिन्त (सोनेवाला); २. adv. सुखपूर्वक, चैनसे, खूब, गहरेमें (*~ asleep*);

~ absorption, ~ argument. ~ band, ~ conditions, ~ fruit, ~ grain, ~ health, ~ knowledge, ~ life, ~ mind, ~ policy, ~ views.

sounded –डिड् a. ध्वनित, स्वनित, निनादित।

sounder[1] –डर् n. (प्रा०) वराहयूथ, जंगली सुअरोंका झुण्ड, लहँड़ा; (कुछ प्रा०) जंगली सुअरका बच्चा।

sounder[2] n. शब्दक, (यन्त्र०, भौ०) **ध्वनित्र, भोंपू**; ध्वनिता, बजनेवाला, बजानेवाला, चेतानेवाला (SOUND[1] के क्रियागत अर्थोंमें)।

sounder[3] n. गाधतामापक, (भौ०) **थाहमापी**, थाह[F] लेनेवाला, हिसाब करनेवाला (SOUND[2] के क्रियागत अर्थोंमें)।

sounding –डिंग १. n. वादन, शब्दन; गभीरतामान; **गभीरतामापन**; (भौ०) परिमापन; **परिज्ञापन**; तलावगाहन, (समुद्रकी) **गहराई[F] मापना** (SOUND[2] के क्रियागत अर्थोंमें); (pl.) समुद्रके किनारेके पासके स्थान (जहाँ गहराई[F] नापी जा सके) (*be in, come into, ~s*); २. a. शब्दायमान, मुखर, निनादी; गहराई[F] नापनेवाला;

~ baloon, ~ board, ~ line, ~ machine, ~ pipe, ~ rod.

soundless –लिस् a. निःशब्द, ध्वनिहीन, अध्वनिक, ध्वनिरहित, शब्दहीन, मूक, बेआवाज; अगाध, अथाह, गहरा।

soundness –निस् n. (परि०) **समांगता[F]**; स्वास्थ्य, आरोग्य, नीरोगता[F], निर्दोषता[F], (*~ test*); अकाट्यता[F], तर्कपूर्णता[F]; गम्भीरता[F], अगाधता[F]; अखण्डता[F]।

soup* सूप् n. जूप, रसा*, सुरुआ, शोरवा, झोल, सूप; (कानूनी ग्रा०) छोटे बैरिस्टरको दिया गया अभियोजन-संक्षेप; ~-kitchen सदावर्तगृह, जूपशाला[F] (जहाँपर गरीबोंको रसा मुफ्त बाँटा जाता है); ~-plate रसा निकालनेकी गहरी रकाबी[F], ~-ticket जूपशाला[F] की परची[F] (जिससे गरीबोंको जूप मिलता है); *in the ~* विपदा[F] में, कठिनाइयों[F] में।

soupcon (F) n. कौंध[F], चमक[F]।

soupy –पि a. जूपचूर्ण, रसादार, रसीला, रसा-जैसा।

sour –सॉउअर' v.t. & i. खट्टा होना, खट्टा करना, फाड़ना, (दूधका) फटना; सड़ाना; कठोर बनाना या होना; चिड़चिड़ा बनाना; २. a. शुक्त, (प्रा० भू०) **अम्ल**, (कृषि०, रसा०) **खट्टा**, चटपटा, तुर्श (*~ apples*); खट्टी खमीर-जैसी (गन्ध[F]); नम, गीली, सीली (मिट्टी[F]); कर्कश, कठोर, दारुण, दुश्शील, कड़ा, उग्र, क्रोधी, चिड़चिड़ा, तेज, सख्त, बदमिजाज (व्यक्ति या स्वभाव);

~ berry, ~-blooded, ~ bread, ~-breathed, ~ cherry, ~ dock, ~ dough, ~-eyed, ~-faced, ~ gourd, ~ grapes, ~ grass, ~ gum, ~-hearted, ~ humus, ~ lime, ~ milk, ~-natured, ~ orange, ~ plum, ~-tempered, ~-tongued.

source सोअर्स्' n. (ग०) **स्रोत** (*~ rock*), उत्स, प्रभव, उद्भव, **उद्गम**, (*~ region*) उद्गमसूत्र, सोता, निकास (*the ~s of the Nile*); साधन; आदिकारण, प्राप्तिस्थान, उत्पत्तिस्थान, उद्गमस्थान, मूल, हेतु, आदि,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मूलकारण, (अर्थ०) **मूलसाधन**, मुख जड़F, (*the ~ of all our woes*); ~book मूलग्रन्थ, आकर-ग्रन्थ, आदिग्रन्थ।

sourdeline n. छोटा बीन बाजा।

sourdine सुअॅर्डीन्' n. = SORDINE.

souring सॉउअॅरिंग् n. अम्ल या (कृपि०) खट्टा होना; सिरका।

sourish –रिश a. खट्टा-सा, चिड़चिड़ा-सा।

sourness र्'निॅस् n. अम्लताF, खटाईF, (कृपि०) खट्टापन, खटासF; कर्कशताF, उग्रताF, चिड़चिड़ापन।

soursop –सॉप् n. अम्ल सीताफल।

souse सॉउस्' १. n. नमकीन अचार, (सुअरके सिर, पाँव और कानोंकी) चटनीF, लवणजल या सिरकामग्न मांसादि; गोता, डुबकीF, चौछाड़F; २. v. t. & i. अचार डालना (*~d mackerel*); अचारमें डालना; तरल पदार्थमें डालना या डुबोना, तर करना, सराबोर करना, भीगना, भिगोना, डूबना, डुबोना; मदोन्मत्त करना या होना; मारना, वार करना, आ पड़ना, टूट पड़ना, झपट्टा मारना; ३ adv. उद्दाम वेगसे, सिरके बल, बड़ी तेजीF से (*came ~ into our midst*)।

soused –ड्' a. (ग्रा०) मदमत्त, मतवाला, नशेमें चूर या धुत, पिये हुए।

soutane सूटान्' n. (रोमन कैथलिक चर्च) पादरीका चोगा या उसके नीचे पहननेका तंग कपड़ा।

souteneur (F) सूटॅनर्' n. वेश्याF-वणिक, वाराङ्गनाF-व्यापारी, वह व्यक्ति जो स्त्रियोंF को अनैतिक व्यवहारके लिए प्राप्त करता है; वेश्योपजीवी, भँड़ुवा।

souter सू'टॅर् n. चर्मकार, मोची, चमार।

souterrain सू'टॅरेन् n. (इति०) **अन्तर्भूकक्ष**, अधःकक्ष, भूमिकक्ष, **तहखाना**, नीचेका कमरा।

south* सॉउथ्' १. n. अवाची, **दक्षिण*** (*~ court*); **दक्खिन**; इंग्लैण्ड, स्कॉटलैण्ड, आयरलैण्ड, भारत या यूरोपका दक्षिणी भाग; दक्षिणी रियासतेंF (अमेरिकाकी); २. v.i. दक्षिणकी ओर चलना या मुड़ना; (चन्द्रमा आदिका) किसी स्थानके ध्रुववृत्तको पार करना; ३. a. दक्षिणस्थ, दक्षिणी, (*~ latitude, ~ Pole*), दक्षिणवासी, दाक्षिणात्य, दक्षिणाभिमुख, **दक्षिण**, दक्षिण दिशाका; ४. adv. दक्षिणतः, दक्षिणकी ओर या समीप; ~ down n. & a. साउथ डाउनकी पहाड़ियोंF की एक जातिF की अच्छे मांसकी समझी जानेवाली भेड़ेंF, उन भेड़ोंसे सम्बन्धित; ~ east आग्नेय, (ज्यौ०) **दक्षिण-पूर्व**; **अग्निकोण**; S~ Kensington साउथ केन्सिंग्टनके संग्रहालय, म्यूजियम या वहाँका संस्कृतिF एवं कला-सम्बन्धी वातावरण; ~ west (ज्यौ०) **नैऋत्यकोण**, **दक्षिण-पश्चिम**।

southeaster –थीस'टॅर् n. अग्निकोणीय वायुF, दक्षिण-पूर्वी हवाF, दक्षिणी वायुF।

souther–थॅर् n. दक्षिणवात, दक्षिणपवन, दखिनहियाF।

southerliness स'दॅर्लिनॅस् n. दक्षिणायनताF, दक्षिण-प्रवणताF, दक्षिणाभिमुखताF, दक्षिणकी ओर होना।

southerly –लि a. & adv. दाक्षिणात्य, दक्षिणायन, दक्षिण-प्रवण, दक्षिणाभिमुख, दक्षिणकी ओर; दक्षिणी, दक्षिणसे आनेवाली (वायुF)।

southern स'दॅर्न् १. n. दक्षिणी, दक्षिणवासी, दक्खिनी; २. a. दाक्षिणात्य, दक्षिणस्थित, दक्षिणी, दक्षिणका; दक्षिणाभिमुख, दक्षिणमुखी, दक्षिणकी ओरका (*a ~ aspect*); ~most a. ध्रुवदक्षिण, ध्रुवदक्षिण, बिल्कुल दक्षिणका; ~ node (ज्यौ०) **दक्षिण-पात**; ~wood दक्षिणद्र, नागदौना पौधा, एक सुगन्धित पत्तियोंवाला पौधा;

~circle, ~ hemisphere, ~ section, ~ zone.

southerner –नॅर् n. दक्षिणवासी, दक्षिणनिवासी, दखिनहा, दक्खिनमें रहनेवाला।

southing सॉउ'थिंग् n. (ज्यौ०) **दक्षिणयाम्योत्तरगमन**, दक्षिणगतिF, दक्षिणगमन, दक्षिणको मुड़ना; (नौवि०) दक्षिणान्तर, दक्षिणमें जलयात्राF करनेके कारण अक्षांशका अन्तर।

southness –थ्'निॅस् n. दाक्षिण्य, दक्षिणताF।

southron स'द्रॅन् १. n. (ग्रा० Sc.) दक्खिनी, इंग्लैण्ड-वासी, अंग्रेज; २. a. दक्षिणायन, दक्षिण-विषयक, दक्षिण-सम्बन्धी; इंग्लैण्डका।

southwester सॉउथ्वेॅस्'टॅर् n. दक्षिणपश्चिमी पवन; बरसाती टोप (जिसका पिछला किनारा चौड़ा होनेके कारण गर्दनF की रक्षाF करता है)।

souvenir सू'वॅनीअॅर् n. स्मारक, **स्मारिका**F, स्मृति-उपायन, स्मृतिचिह्न, स्मृतिउपहार, स्मरणचिह्न, अभिज्ञान, यादगार, यादF के लिए दी हुई या रखी हुई चीजF, निशानीF; १९१४-१८ ई० के महायुद्धकी रक्षणीय वस्तुF; अभिध्यान।

sovereign सॉव्'रिन् १. n. सर्वसत्ताधारी, अधिपति, अधीश्वर, **अधिराज**, महाराजा, प्रभु, सम्राट्, बादशाह, सुलतान, शाहंशाह; (बोल०, संक्षि० *sov.*) अशर्फी, १ पौण्डका अंग्रेजी सोनेका सिक्का, सावरन; २. a. (गुण०, विधा०) **सम्पूर्ण**, **प्रभुत्व-सम्पन्न**, सर्वसत्ताधारी, सर्वप्रधान, (*~ power, state*); उत्तम, बढ़िया (*~ remedy*); परम, उच्च, बड़ा (*with ~ contempt*),

~ authority, प्रभुसत्ताधारी;

~ equality, ~ power, ~ task.

sovereignty –न्'टि n. आधिपत्य, एकाधिपत्य, **प्रभुसत्ता**F, स्वामित्व, पूर्णप्रभुत्व, **प्रभुता**F, एकच्छत्रताF, साम्राज्य, अधिराज्य।

soviet, S- सो(सॉ)'विअॅट्, स्-n. रूसदेशीय श्रमिकों तथा सैनिकों द्वारा निर्वाचित जिलेकी परिषद्F, पंचायतF, सोवियट; प्रान्तकी परिषद्F; अखिल रूसकी प्रतिनिधि कॉंग्रेसF।

Sovietism सो(सॉ)'विअॅटिज्म् n. पंचायत तन्त्र, सोवियत राज्य; साम्यवाद।

sovietize सो(सॉ)'विअॅटाइज् v.t. रूसके नमूनेपर परिवर्तन लाना, रूसी बनाना; साम्यवाद लाना।

sovran सॉव्'रॅन् a. (का०) = SOVEREIGN.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sow[1] सो' n. वराही[F], शूकरी[F], सुअरी[F], सुअरनी[F]; (*~-bug* भी) एक प्रकारकी लकड़ी[F]की जूँ[F]; मुख्य हौद (जिसमेंसे पिघला हुआ लोहा इधर-उधरकी नालियों[F]में ढलनेके लिए बहता है); इस हौदके लोहेका बड़ा पिण्ड; **~bread** जल्दी फूल खिल आनेवाला कन्द, नलीदार पौधा; **~-thistle** छोटे पीले फूलों और दूधिया रसवाला एक पौधा; *get the wrong ~ by the ear* किसी व्यक्ति या वस्तु[F]पर मिथ्या आरोपित करना, गलत परिणामपर पहुँचना, गलत बैठाना, गलत जमाना।

sow[2] v.t. (p. *~ed*, pp. *~ed*, *~n*) वपन करना, बोना, (बीज) डालना या बिखेरना, आरोपण या रोपण करना, बुवाई[F] करना, रोपना; पौधा लगाना, खेत लगाना; (ला०) फैलाना, फर्श[F]-सा बिछा देना; छींटना, छितराना; *must reap what you have ~n* जैसा बोया वैसा काटो।

S.O.W. Superintendent of Works.

sowar सवार्' n. अश्वारोही, सवार।

sower सो'अॅर् n. वापक, बीजारोपक, बीजरोपणकर्त्ता, बोनेवाला।

sowing –इंग् n. वापन, आरोपण, (कृषि०) **बुवाई[F]**, **बोना**;

~ drill, ~ horn, ~ machine, ~ seed.

sox सॉक्स्' ⊙ n. pl. = SOCKS।

soy साएँ' n. जापान और चीनमें सोयाबीनसे बनी हुई एक प्रकारकी चटनी[F]।

soya, soy, -bean साएँ'अॅ, साएँ, -बीन् n. (चि०) **भटमाष**, चीनमाष, दक्षिण-पूर्वी एशियाके छीमीदार पौधेका एक बीज, (कृषि०, वन०) **सोयाबीन** (*~ oil, ~ meal*)।

soyez ferme (F) डटे रहो।

sozzled सॉ'ज़्ल्ड् a. मत्त, मद्यपीत, धुत, नशेमें, शराब[F] चढ़ाये हुए।

S.P. Sample Plot; Selling Price; Superintendent Power.

s.p. *sine prole*, without issue; small pica (type); starting point.

Sp. Spain, Spanish.

sp. spelling; (pl. spp.) species; specimen; spirit.

spa स्पा', स्पॉ' n. खनिज स्रोत (वाला स्थान), धातुस्रोत, खनिज जलका उत्सस्थान, T.।

space[1]* स्पेस्' n. **देश**; अन्तर, अन्तराल, दूरत्व, दूरी[F], **स्थान**, मैदान, **जगह[F]*** (*separated by a ~ of 10 ft.*); **समष्टि[F]**; दिक्, नभोमण्डल, अन्तरिक्ष, शून्य, (प्रा० भू०, रसा०) **आकाश**, दिगन्तर, बीचकी जगह[F]; विस्तार, फैलाव; (मुद्र०) शब्दोंके बीचका स्थान, अन्तर, गुंजाइश[F]; शब्दान्तरमें लगाया जानेवाला टाइप, स्पेस; (प्रा० भू०, चि०, ग०, भौ०) **अवकाश**, व्यवधान, मध्यवर्ती काल, समयका अन्तर, अन्तराल (*in the ~ of an hour*); *~ charge* **पर्यावेश**; *~ lattice* त्रिदिक् जालक; *~ relations* देश-सम्बन्ध; *~-time* (भौ०) **दिक्काल**, (दर्श०) देश-कालके सिद्धान्तका एकीकरण;

~ bar, ~ centrode, ~ configuration, ~ differentiation, ~ duals, ~ flight, ~ group, ~ integral, ~ interference, ~ key, ~ lattice, ~ locus, ~ orientation, ~ out, ~ perception, ~ quantization, ~ relation, ~ senses, ~ sprays, ~ structure, ~ time, ~-travel, ~-writer, ~-writing.

space[2] v.t. & i. अन्तरपर रखना, दूरी[F]पर रखना, समयान्तर देना, (छपाई[F]में) बीचमें स्थान रखना, दूरी[F], रखना, फासलेपर रखना; टाइपराइटरमें शब्दोंके बीच रिक्त स्थान रखना, जगह[F] बनाना (*don't forget to ~*)।

spaceless –लिॅस a. अन्तरहीन, अन्तरालहीन, बिना दूरी[F]के; स्थानरहित; अवकाशरहित।

spacer –सॅर् n. (इति०) **अन्तरक** (*~ bed*), टाइपराइटरमें दूरी[F] या अन्तराल ठीक करनेका यन्त्र।

spacial –शूल् a. शून्य-विषयक, शून्यस्थानीय, शून्यस्थान सम्बन्धी, शून्यस्थान-विषयक, अन्तरविषयक, अवकाश-सम्बन्धी।

spacing –सिंग् n. (कृषि०) **अन्तरण**, (यन्त्र०) **अन्तर**, (भौ०) **अन्तराल**, (यन्त्र०) **फासला**; **अन्तर छोड़ना**, अन्तर रखना, दूरी[F] रखना, जगह[F] देना या बनाना; *~ dog* (वाणि०) **कुत्ता**; *~ gear* (वाणि०) **अन्तरक**; *~ lever* (कृषि०) **अन्तरक लीवर**।

spacious –शॅस् a. प्रशस्त, विस्तृत, विस्तीर्ण, विशाल, फैलावदार, लम्बा-चौड़ा, खुला, गुंजाइशवाला।

spaciousness –निॅस n. विस्तार, विस्तृति[F], विस्तीर्णता[F], फैलाव, लम्बाई-चौड़ाई[F], गुंजाइश[F]।

spadassin स्पॅडै'सिन् n. साहसिक, लुण्ठक, लुटेरा, डाकू, ठग, बदमाश, चोर, लड़ाका।

spade* स्पेड्' १. n. खनित्र, बेलचा, कुदाल[F], (कृषि०) फरुआ, **फावड़ा***; कुदाल[F] या फावड़ेके आकारका एक औजार; (ताशोंमें) हुकुम; (pl.) हुकुमके पत्ते; २. v.t. कुदाल[F] या फावड़ेसे भूमि[F] खोदना; फावड़े-जैसे औजारसे हेल मछली[F]की चर्बी[F] निकालना; *~ base* **टेक**; *~ bone* कन्धेकी हड्डी[F]; *~ husbandry* कुदाल[F]की खेती[F]; *~-work* (ला०) आदि कार्य, आरम्भिक परिश्रम; *call a ~ a ~* स्पष्ट रूपसे कहना, साफ-साफ बात[F] कहना, लगी-लिपटी न रखना;

~-cut, ~-dug, ~ guinea, ~man, ~-shaped.

spadeful –फुल् n. बेलचाभर, फावड़ाभर।

spadger स्पै'जॅर् n. (ग्रा०) SPARROW का विकृत रूप।

spadiceous[1] स्पॅडि'शॅस् a. अवरक्त, हल्के लाल रंगका।

spadiceous[2], **spadicose** ,स्पे'डिकोस् aa. उपकणिशीय, स्थूलमंजरी-सम्बन्धी, तालिकामय।

spadille स्पॅडिल' n. (ताशमें) हुकुमका एक्का।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

spadix स्पे'डिक्स n. (pl. *-ices*) (वन०) उपकणिश, (वन०) **स्थूलमंजरी**, निदण्डिक, शकुक, छदशूकी, **स्पैडिक्स**, मांसल अक्षदण्डके चारों ओर पास-पास स्थित फूलोंकी शूकी[F] या कण्टक।

spado स्पे'डो n. पण्ढ, बधिया, प्रजननशक्तिहीन व्यक्ति, नपुंसक व्यक्ति।

spae स्पे' v.t. & i. भविष्यकथन करना, भविष्यवाणी[F] करना, आगम बताना।

spaewife –वाइफ़् n. भविष्यवक्त्री[F]।

spaghetti (It.) n. चौड़ी सेवई[F]।

spahi, -ee स्पा'ही, -ई n. १४ वीं शताब्दी[F]की तुर्कोंकी अनियमित अश्वारोही सेना[F]का सवार, सिपाही; फ्रांसकी अल्जीरियाई अश्वारोही सेना[F]का सवार।

spake स्पेक्' SPEAK का प्रा० भू० का०।

spall[1] स्पॉल्' n. खण्ड, अंश, टुकड़ा, चैली, चिथड़ा; (यन्त्र०) **कत्तर**।

spall[2] v.t. (हथौड़ेसे) खण्ड-खण्ड करना, भग्न करना, टुकड़े करना, तोड़ना।

spallation ⊙–ले'शॅन् (रसा०) **विखरन**[F]।

spalling –लिंग् n. समुत्खण्डन, टुकड़े-टुकड़े करना।

spalpeen स्पैल्पीन्' n. (आयर०) क्षुद्र मनुष्य, नीच व्यक्ति, दुष्ट आदमी, गुण्डा, बदमाश, कमीना।

spalt स्पॉल्ट् a. भंज्य, भंजनीय, टुकड़े करने योग्य, तोड़ने योग्य।

spam स्पैम्' n. एक अमेरिकी मिठाई[F]।

span[1] स्पैन्' n. **वितस्ति**[F], **वित्ता; विस्तृति**[F], **वितति**[F], वियाम, (यन्त्र०) **विस्तार, विस्ता, पाट**, एक सिरेसे दूसरे सिरे तकका पूरा फैलाव; (*~ of a bridge*) दो आधारोंके बीचका पुलका प्रत्येक भाग; समय, अवधि[F], काल; अल्पकाल, कम अवकाश, अल्प अन्तर, कम दूरी[F] (*our life is but a ~*); अर्धहस्त-परिमाण, बित्ता या बालिश्तकी लम्बाई[F] = ९ इंच; पौधोंके उगाने या रखनेका शीशेका घर या इसी प्रकारका छाया-मण्डप; (नौवि०) रस्सा, दोहरा रस्सा; (अमेरिकी उपनिवेशमें) घोड़ों या खच्चरोंकी जोड़ी[F], बैलोंकी जोड़ी[F]; *~-dogs* अँकुड़ा; *~ new* बिलकुल नया; *~ of memory* स्मृति-विस्तार।

span[2] v.t. & i. (महराब इत्यादिका) एक ओरसे दूसरी ओर तक फैला होना, आर-पार फैलाना, फैलना; (ला०) (स्मृति[F]का समयपर) छाया[F] होना, पार होना; (इंजीनियर-का नदी[F]पर) पुल बाँधना, पुल बनाना; जोड़ना, जोतना; (किसी वस्तु[F]के) फैलावका अनुमान करना, अनुमानसे विस्तार बताना, नापना; जाँचना; बित्तासे नापना; (नौवि०) (पालकी बल्लियों[F]को) रस्सियों[F]से घेरना; तितली-के पूर्वरूपकी भाँति फुदकते हुए चलना।

span[3] १. n. घोड़े या बैलोंकी जोड़ी[F]; २. v.t. जोतना।

spanaemia स्पॅनी'मिॲ n. रुधिरक्षय, रक्तक्षय, रक्ताल्पता[F], खूनकी कमी[F]का रोग।

spancel स्पैन्'सॅल् n. (घोड़े इत्यादिकी) पश्चपाद रज्जु[F], पिछाड़ी[F]।

spandrel –ड्रॅल् n. वियाम, स्फीति[F], (यन्त्र०, स्था०) कन्धा; (परि०) **चाप-स्कन्द**, महरावके किसी एक सिरे और उस चौखटेके बीचकी दूरी[F] (जो उसके चारों ओर होती है) या दो समीपस्थ महरावोंके सिरों और चौखटेके बीचकी दूरी[F]; *~ step* (यन्त्र०) **तिकोनी पैड़ी**[F]; *~ wall* (यन्त्र०) **स्कन्द दीवाल**[F], महरावके चापपर बनी दीवार[F]।

spang[1] स्पैन्ग् n. आघात, धक्का; उत्पतन, उछाल[F], कूद[F]।

spang[2] v.i. साघात प्रक्षिप्त करना, धक्केसे फेंकना; उत्पतन करना, उछलना, कूदना।

spangle –ल् १. n. स्फुरत्शल्क, स्फुरत्खण्ड, वस्त्रोंपर टँका हुआ सितारा, धातुतारा, चमकी[F], पन्नी[F]की बिन्दी[F]; टिकली[F], सलमा; कोई छोटी चमकती हुई वस्तु[F]; (*oak-~*) बलूत या ओककी पत्तियों[F]परका बहुछिद्रयुक्त और शोषण-शील अर्बुद, बलूती सेब; २. v.t. रत्नखचित करना, सितारे टाँकना या लगाना, सलमा जड़ना।

spangler –लॅर् n. रत्नजटयिता, रत्नखचेता, रत्नखचित करनेवाला।

spangly –लि a. सितारेदार, सलमे सितारेका, चमकी-वाला।

Spaniard स्पै'न्यॅर्ड् n. स्पेनवासी, इस्पानी।

spaniel स्पै'न्यॅल् n. लोमश क्षुद्र कुत्ता, शिकारी कुत्ता, स्पेनियल कुत्ता; (ला०) चापलूस, चाटुकार, खुशामदी आदमी।

Spanish –निश् १. n. स्पेनी भाषा[F], स्पेनिश[F]; २. a. स्पेनका या स्पेनवासियोंका, **स्पेनी** (*~ blind*); *~ fl* चमकीला हरा कीड़ा, स्पेनी मक्खी[F], *~ main* (इति० स्पेनी समुद्रतट, ओरीनोको नदी[F] और पनामा[F]के बीच और कैरिबियन सागरसे मिला हुआ दक्षिणी अमेरिका दक्षिण-पूर्वी तट; *~ windlass* रस्सी[F] कसने या पट्ट बाँधनेमें प्रयुक्त लकड़ी[F]की बँहगी[F] या ढाँचा।

spank स्पैन्क्' १. n. चूतड़ोंपर लगाये गये थप्प तमाचा; २. v.t. & i. चूतड़ोंपर थप्पड़, या पैड़[F] मार थप्पड़ मारकर या कोड़े मारकर आगे बढ़ाना; [illegible] तेजी[F]के साथ चलना।

spanker –कॅर् n. चूतड़ोंपर थप्पड़ मारनेवाला (क्रियागत अर्थोंमें); द्रुतगामी घोड़ा; (बोल०) बड़े या गुणका व्यक्ति या पदार्थ, स्तम्भित करनेवाला, खोल देनेवाला व्यक्ति या पदार्थ; (नौवि०) अगला-पाल।

spanking –किंग् १. n. चूतड़ोंपर थप्पड़ों [illegible] २. a. चूतड़ोंपर थप्पड़ मारता हुआ, तेज दौ [illegible] आदि क्रियागत अर्थोंमें; (बोल०) महत्त्वपूर्ण, [illegible] आकर्षक, प्रभावशाली, सर्वोत्तम, अत्युत्तम, [illegible] (*had a ~ time*) ३. adv. बहुत ही [illegible] *woman*); *~ breeze* जोरका झोंका-या हवा[F]।

spanless स्पैन्'लिॅस् a. (का०) असीम माप[F]के पर

spanner स्पै'नॅर् n. पुल या महराब आदिको आप फैलानेवाला, पुल बाँधनेवाला, नापनेवाला, आदि (ग गत अर्थोंमें); (कृषि०, यन्त्र०) पाना, T. (~

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विकुंच, पेचपर ढिबरी^F कसनेका औजार, रेंच; पुल इत्यादिकी कैंची^F; समानान्तर गति^F में चलनेवाले इंजिनके पुर्जोंको जोड़नेवाला डण्डा।

spar[1] स्पार् १. n. दारुखण्ड, जहाजके मस्तूल आदिका मजबूत डण्डा; धन्नी^F; बेंड़ा, बल्ली^F; २. v.t. जहाजमें बल्ली^F लगाना, जहाजको बल्लियों^F द्वारा उथले पानीमेंसे निकलनेमें सहायता^F करना।

spar[2] n. (प्रा० भू०) कान्त, (रसा०) आकरज, मणिभाकार खनिज-पदार्थ-विशेष, धात्विया, स्पार।

spar[3] १. n. मुष्टियुद्ध-प्रतियोगिता^F, मुष्टियुद्ध या मुक्केबाजी^F की प्रतियोगिता^F, मुष्टियुद्ध, घूसमघूसा, मुक्केबाजी^F-के पैंतरे, मुक्का, घूँसा; मुर्गोंकी लड़ाई^F; २. v.i. मुष्टियुद्ध करना, मुक्के चलाना, मुट्ठी^F बाँधकर हाथ मारना, मुक्केबाजी^F की तरह हाथ चलाना, घूँसे चलाना; (ला०) वाग्युद्ध करना, विवाद करना, झगड़ना, तू-तू मैं-मैं करना *[they are always ~ring (at each other)]*।

sparable स्पै'रॅबॅल् n. जूतेके तल्ले और एड़ियों^F के लगानेकी बिना सिरेकी कील^F।

spare[1] स्पेअॅर् n. मशीन^F का अतिरिक्त या फालतू पुर्जा; २. a. अतिरिक्त, आवश्यकता^F से अधिक, अवकाशका, फालतू, खाली (*how to use your ~ time*); सुरक्षित, अधिक और समय-कुसमयके लिए सहेजकर रखा हुआ (*always take a ~ cap*); अल्प, स्वल्प, परिमित, अबहुल, थोड़ा, सादा (*~ diet*); कृश, क्षीण, दुर्बल, दुबला-पतला (*man of ~ frame*); ~rib कटे हुए सुअरके सीनेमें पसलियों^F के ऊपरका भाग; ~ room अभ्यागतके लिए विश्राम-कक्ष;

~ copy, ~ engine, ~ gear, ~ parts, ~ sheets, ~ vehicle.

spare[2] v.t. & i. आवश्यकता^F न समझना, छोड़ना (*can not ~ him just now*); हाथ खींचना, कमी^F करना, बचा रखना, छोड़ देना, बचा देना, उठा रखना, टलना (*~ the rod and spoil the child*); (प्रा०) बचना, करना छोड़ देना, टलना, टालना, करना, बचना, बाज रहना; हत्या^F न करना, न लेना, (मारने, चोट^F पहुँचाने, घाव करने) रुकना (*~ me*); उत्तेजित न करना, भावको ठेस न पहुँचाना (*~ his feelings*); दण्ड निवृत्त होना, दण्ड क्षमा^F करना, माफ करना (*~ me these protestations*); मितव्ययी होना, व्यय करना, कम खर्च करना।

स्थान, s –'निॅस् n. स्वल्पता^F, परिमितता^F; क्षीणता^F, (*10 ft.*) दुर्बलता^F, दुबलापन।

(प्रा० भू०) स्पेरॅर् n. अनुमाता, नापनेवाला, जाँचनेवाला; जगह^F; नेवाला।

अन्तर. स्पार्ज् v.t. छींटा मारना, जल छिड़कना।

sparger –'जॅर् n. झारा, स्पार्जर (जल छिड़कनेका मे)।

spargosis ⊙ स्पार्गो'सिस् n. (चि०) श्लीपद, हाथी-अंगाभिवृद्धि^F, विशेषतया दूधसे स्तनोंकी।

sparing स्पेअॅ'रिंग् a. मितव्ययी, अल्पव्ययी, अमुक्तहस्त, कमखर्च, किफायती।

sparingness –निॅस् n. उपेक्षा^F, कमी^F, अल्पव्ययिता^F, कोताही^F।

sparings –ग्स् n. बचत^F, बचत^F की आय^F।

spark[1] स्पार्क्' n. (रसा०, कृषि०) स्फुलिंग, (रसा०) चिनगारी^F; (विद्यु०) विद्युत्स्फुलिंग, बिजली^F की चिनगारी^F (*advance the ~*); अग्निकण, आग^F का छोटा-सा कण; (ला०) प्रतिभांश, आभांश, गुणका आभास, लव^F, झलक^F, चमक^F (*not a ~ of life remained*); लेश, लव, अणु; कान्ति^F, ज्योति^F, जोत^F, छोटा चमकीला पदार्थ या बिन्दु; (ला०) आशुबुद्धि^F, व्युत्पन्नमति^F का चमत्कारी उद्भावन, सूझबूझ^F का प्रकटीकरण या चमक^F; *as the ~s fly upward* प्राकृतिक नियमके अनुसार जैसे चिनगारियाँ^F ऊपर उड़ती हैं; *strike ~s out of* person मौलिक या सजीव वार्तालाप^F के लिए किसी व्यक्तिको प्रेरित करना;

~-arrester, ~ coil, ~-discharge, ~ frequency, ~ gap, ~ length, ~ plug, ~ potential, ~ resistance, ~ spectrum, ~ testing, ~ transmitter.

spark[2] v. i. विद्युत्स्फुलिंग निकलना, बिजली^F या आग^F की चिनगारियाँ^F छूटना; (विद्यु०) विद्युत्कुण्डली^F के मानबिन्दुसे चिनगारियाँ^F छूटना; ~ing-plug मोटर-इंजिनमें स्फोटक मिश्रणको जलानेका बटन।

spark[3] १. n. प्रसन्न व्यक्ति, प्रेमी जीव; रसिक जन, रसिया; रमणीरंजक पुरुष, नागर, बाँका, छैला, यार; २. v. i. प्रेमव्यापार करना, रसिक होना, छैला बनना, यार बनना, नजरबाजी करना।

sparking –'किंग् n. (रसा०) स्फुलिंग (*~ plug, ~ voltage*)।

sparkish –'किश् a. रमणीरंजक, प्रेमी, छैला, बाँका, रसिया, रँगीला; भड़कीला, चमकीला।

sparkle स्पार्'कॅल् १. n. स्फुलिंग, चिनगारी^F, दीप्ति^F, ज्योति^F, प्रभा^F, उज्ज्वलता^F, आभास, झलक^F, चमक^F, चमक-दमक^F; २. v. i. उत्स्फुरण होना, चिनगारियाँ^F निकलना, चिनगारी^F छोड़ना, (जवाहरातका) चमकना, जगमगाना, चमचमाना, दमकना, झलकना, कौंधना; (ला०) (आशुबुद्धि^F का) चमकना, तेजस्वी होना, प्रभावपूर्ण होना; भेद खोलना; ~ing wines जोशदार शराब^F।

sparkler –लॅर् n. उत्स्फुरक, चिनगारी^F छोड़नेवाला, चमचमानेवाला, दमकनेवाला।

sparkless –क्'लिॅस् a. (भौ०) स्फुलिंगहीन, स्फुलिंगरहित; ज्योतिहीन, कान्तिहीन।

sparklet –लिॅट् n. लघुस्फुलिंग, छोटी चिनगारी^F; सोडावाटर मशीन^F में काम आनेवाला एसिडका आवेश या चार्ज।

sparkling –लिंग् a. दीप्तिमान्, प्रभासित, प्रभासमान्, चमकदार, जगमग, चमकदार, चटकीला।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sparring स्पा'रिंग् n. (मुष्टियुद्धमें) प्रारम्भिक मुष्टि-प्रहार, मुक्केबाजी[F]का अभ्यास; नोंकझोंक[F], झड़प[F], ~ partner मुक्केबाजी[F] सीखनेमें सहायक।

sparrow स्पै'रो n. कुलिंग[F], चटक[F], छोटी सादा रंगकी चिड़िया[F], (जीव०) गौरैया[F]; ~-hawk चटक-श्येनक, गौरैया[F]का शिकार करनेवाला छोटी जाति[F]का बाज, बाशा, चिप्पख।

sparry स्पा'रि a. मणिभाकार, धात्वियायुक्त, बिल्लौरी, स्पारयुक्त।

sparse स्पार्स्' a. विरल, अनिविड़, दूर-दूर बसा हुआ, बिखरा हुआ, पतला, छुटपुट, फैली-फूटी, छितरी (आबादी आदि); (वन०, जन्तुवि०) अव्यवस्थित, अक्रम, अनियमित, दूर-दूर, छितरा।

sparseness, sparsity –'निॅस्, –'सिटि n. विरलता[F], अनिविड़ता[F], पतलापन, बिखरा-बिखरापन।

spartacist स्पार्'टॅसिस्ट् n. क्रान्तिकारी, क्रान्तिवादी (जर्मन)।

spasm स्पै'ज़्म् n. उग्र पेशी-आकुचन, पेशी-संकोचन, (कृषि०, चि०) स्तम्भ, उद्वेष्टन, अंगसंकोच, अंगग्रह, आक्षेप, (चि०) आकर्ष, खिंचाव; आकस्मिक आवेग, आकुंचन, ऐंठन[F], मरोड़[F], दौरा, धड़कन[F], जोर; (ला०) उद्वेष्टन, ऐंठन[F]; टूटन[F] (*~s of grief*, etc.)।

spasmodic –मॉ'डिक् a. (चि०) उद्वेष्टकर, आकर्षी, उग्र पेशी-आकुंचनयुक्त, गृहीतांग, (चि०) स्तम्भयुक्त, आक्षेपिक, आक्षेपजन्य, आक्षेप-निर्भर (*a ~ jerk*); आकस्मिक आवेगयुक्त; अन्तर देकर होने या किया जानेवाला, दौरेकी भाँति, कभी-कभीका (*~ effort*)।

spasmology –'लॅजि n. उग्र पेशी-आकुंचन-सम्बन्धी ज्ञान, उद्वेष्ट, आक्षेप-विज्ञान।

spastic स्पैस्'टिक् a. = SPASMODIC; स्तम्भयुक्त, (चि०) स्तब्ध।

spasticity –टि'सिटि n. (चि०) स्तब्धता[F]।

spat[1] स्पैट्' १. n. बालशुक्ति[F], सीपदार मछली[F]का अण्डा; बच्चा; २. v.t. & i. (सीपदार मछली[F]का) अण्डे देना; बच्चे पैदा करना।

spat[2] n. मुक्का, घूँसा; क्रूर स्वभाव ⊙; टंटा, झगड़ा ⊙; मदिरा[F]का एक घूँट ⊙।

spat[3] n. (प्रायः pl.) मोजेका गिलाफ।

spat[4] SPIT[2] का भूत कृ० रूप।

spatchcock स्पैच्'कॉक् १. n. झटपट मारा और पकाया गया पक्षी; २. v.t. (बोल० तारमें) जल्दी-जल्दी (शब्द) लिखना, घसीट देना।

spate स्पेट्' n. नदी[F]की बाढ़[F] (*river is in ~*)।

spathaceous स्पॅथे'शॅस् a. (वन०) पृथुपर्णात्मक, पृथुपर्णयुक्त, पृथुपर्णी, स्थूलमंजरीयुक्त, स्पेदवाला।

spathe स्पेद्' n. (वन०) पृथुपर्ण, स्थूलमंजरी[F], शूकीछद, पुष्पगुच्छको आच्छादित करनेवाला बृहत् निपत्र अथवा निपत्रोंका युग्म, T., (*~ like*)।

spathic स्पै'थिक् a. धात्विया या मणिभाकार खनिज-विशेषके समान (*~ ore*); SPAR[2] का।

spathiform स्पै'थिफ़ॉर्म् a. मणिभाकार, धात्वियासदृश।

spathose स्पे'थोस् a. = SPATHIC.

spathulate स्पै'थ्युलेट् (वन०) पृथुपर्णवत्, T.

spatial स्पे'शल् a. (चि०) अवकाशिक, (भौ०) आकाशीय, स्थानिक, स्थान-विषयक, शून्यस्थानीय, शून्यस्थान-सम्बन्धी, अन्तर या अवकाश-सम्बन्धी; *~ coordinates, ~ formula, ~ relation, ~ series.*

spatiality –शिऍ'लिटि n. शून्यस्थानीयता[F], अन्तरयुक्तता[F], अन्तर, अवकाश, स्थान।

spaticity ⊙ स्पॅटि'सिटि n. उग्र पेशी-आकुंचनयुक्तता[F], गृहीतांगता[F], आक्षेपिकता[F], आक्षेपजन्यता[F], आक्षेप-निर्भरता[F]।

spatiotemporal ⊙ स्पैटिॲटे॑म्'पॅरॅल् a. देश और कालसे सम्बन्धित, दूरी[F] और समयसे सम्बन्धित।

spattee स्पैटी' n. जुराबका गिलाफ।

spatter स्पै'टॅर् १. n. कीचड़का छिड़कना या छींटना, छिड़कन, छितराव; छपछप या पटपटकी आवाज[F]; २. v.t. & i. (तरल पदार्थ, कीचड़ आदिको) छिड़कना, छितराना, बिखेरना, कीचड़ आदिके छींटे गिराना, छींटे डालना या पड़ना; (किसी व्यक्तिपर) मिथ्या दोष लगाना, कुख्यात करना, दुर्नाम करना, झूठी बदनामी[F] लगाना, कीचड़ उछालना, बदनाम करना; (तरल पदार्थकी) बूँद[F] इधर-उधर पड़ना, छींटे उड़ना; ~dashes (अब केवल *spats*) जुराबके ऊपरका गिलाफ।

spatula स्पै'ट्यूल् n. = SPATULE; (चि०) लेपनी[F] प्रलेपनी[F], रंगों इत्यादिको चलानेके लिए चौड़े फालक औजार, चपटा चिमटा; शल्यचिकित्सकका (जीभ[F]को दबानेका) स्रुवा, पत्ती[F]; (मान०) करनी[F]; (रसा० चमस, T.।

spatulate –लॅट् a. (वन०) स्रुवाकार, चपटा चिमटेके आकारका, चिमटे-जैसा।

spatule स्पै'ट्यूल् n. पक्षि-पुच्छ[F], चिड़ियों[F]की पूँछ[F]

spavin स्पै'विन् n. सन्धिशोथ, घोड़ेके पिछले पैरके घुटजोड़का रोग, बतौरी रोग, हड्डा, मोथरा; blood ~ खूनका लोथड़ापन (बीमारी[F]); bone ~ हड्डी[F]में बन जानेकी बीमारी[F]।

spavined –ड् a. बतौरी रोगवाला, हड्डा या रोगका रोगी।

spawl[1] स्पॉल' n. थूक, लार[F]।

spawl[2] v. i. थूकना, थूक चुआना, लार[F] बहाना।

spawn स्पॉन्' १. n. अण्डौघ, (जीव०) अण्डसमूह, मछली[F] आदिके अण्डे; (अपमानके अर्थमें) मनुष्य या पशुके बच्चे, झोल; कवकजाल, श्वेत रेशेदार पदार्थ (जिससे कुकुरमुत्ते पैदा होते हैं) (*mushroom ~*); T.; २. v.t. & i. (जीव०) अण्ड-जनन करना, (मछली[F], मेढक, घोंघा आदिका) बच्चे पैदा करना, जनना, अण्डे देना; (घृणा[F]के अर्थमें; मनुष्य या पशुका) बच्चे देना; (मछली[F] इत्यादिके अण्डों या बच्चोंका) पैदा होना, पैदा

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किया जाना; ~ of Cobden दस्यु, स्वतन्त्र व्यापारी; ~ of the devil धूर्त जन, लुच्चे, गुण्डे, बदमाश लोग।

spawner –'नॅर् n. मादा मछली[F]।

spay स्पे' v.t. वन्ध्य बनाना, बाँझ बनाना, ओवरी[F] (डिम्बकोष) निकालना, अण्डकोष निकालना, बधिया करना।

spaying –इंग् n. (कृषि०, चि०) अण्डग्रन्थ्युच्छेदन, डिम्बग्रन्थ्युच्छेदन, स्त्री वन्ध्यकरण, अण्डाशय-अपनयन, अण्डाशयाकर्षण।

S.P.C.A. Society for the Prevention of Cruelty to Animals.

S.P.C.C. Society for the Prevention of Cruelty to Children.

S.P.C.K. Society for Promoting Christian Knowledge.

S.P.E. Society for Pure English.

speak स्पीक्' v.t. & i. (*spoke, spoken*) उच्चारण करना, शब्द करना, बोलना (*child is learning to* ~) भाषण करना, व्याख्यान देना, लेक्चर या तकरीर[F] देना, स्पीच[F] देना; (~*with, to, of, about*) वार्तालाप करना, बात[F] करना, बातचीत[F] करना, कहना (*have heard him* ~ *of it*); बोलनेमें (किसी विशेष भाषा[F]-का) प्रयोग करना, बोलना (*cannot* ~ *French*); सत्य प्रकट करना, (अपना मत) व्यक्त करना, प्रकट होना, व्यक्त होना; बात[F] कह देना, बात[F] बता देना; (प्रा०) (आचरण, परिस्थितियों[F] आदिका) प्रकट करना, बताना; प्रमाणित करना, प्रमाण देना, प्रमाण होना, साबित करना, सबूत होना (*this* ~*s a little mind*); (एक जहाजका दूसरे जहाजको) अभिवादन करके बातचीत[F] करना, पत्र-व्यवहार करना; किसी कृति[F] या रचना[F]में उल्लेख करना; कुत्तेका भौंकना; (ला०) (वाद्ययन्त्रका) बजना; *nothing to* ~ *of* बस, कुछ भी उल्लेखनीय हीं, कुछ कहने योग्य नहीं; ~ (person) *fair* मधुर भाषा[F] बोलना, ~ *for* प्रतिनिधिके रूपमें आचरण करना, किसीकी वकालत[F] करना, किसीके पक्षमें कहना; ~ *of* के बारेमें कहना, उल्लेख करना, जिक्र करना; ~ one's *mind* निर्भीकतापूर्वक कह देना, साफ-साफ कह देना; ~ *out* (*up* भी) अपना मत प्रकट करना; स्पष्ट होकर बोलना, खुलकर बोलना, साफ-साफ बोलना; ~ *to* किसी प्रसंगमें बात[F] पूछना, निश्चय करना, बात[F] पक्की करना; सम्बोधन करना; ~ *volumes for*, ~ *well for* बहुत बड़ा प्रमाण होना, बड़ा सबूत होना, शहादत[F] होना; अनुकूल होना, पक्षमें बहना, हकमें बोलना; ~ *without book* स्मरणशक्ति[F]से ही तथ्योंका उल्लेख करना, बिना पुस्तक[F]की सहायता[F]के बताना।

speakable –'कॅबॅल् a. भाष्य, भाषणीय, व्याख्येय, व्याख्यानीय; वार्तालापनीय, वार्तालाप करने योग्य, बातचीत[F] करने योग्य; कहने योग्य, सही कहने योग्य।

speaker –'कॅर् n. वक्ता, वाग्मी, व्याख्याता, भाषणकर्त्ता, व्याख्यान या लेक्चर देनेवाला, तकरीर करनेवाला; (राज०, विधा०) अध्यक्ष, प्रधान, सभापति; ब्रिटेनकी लोकसभा[F]का अध्यक्ष, प्रमुख, स्पीकर।

Speakership –शिप् n. लोकसभा[F]का अध्यक्षपद; (का०) अध्यक्षता[F]।

speaking –किंग् १. n. भाषण, बोलना, बातचीत[F] (क्रियागत अर्थोंमें); ~ acquaintance बोलचाल[F]तक-का परिचय; २. a. बोलता हुआ; सजीव (~ *portrait*); ~ trumpet दूरभाष तूर्य; ~ tube दूरभाष नली[F]; बतनाल[F]; *not on* ~ *terms* बोलचाल बन्द है, खट-पट है, मनमुटाव है।

spy स्पाइ' १. n. (का०) चर, **गुप्तचर**, **भेदिया**, जासूस, खुफिया, मुखबिर (*refuse to be a* ~ *on his conduct*); २. v.t. & i. गुप्तचरका काम करना, जासूसी[F] करना; (किसी व्यक्ति या गतिविधियों[F] आदिपर) गुप्तदृष्टि[F] रखना, ताकना-झाँकना, नजर[F] रखना; भेद लेना, पता लगाना, खोज[F] निकालना, जान लेना, पहचान[F] लेना; मालूम कर लेना, खबर[F] लगाना (~*ied a horseman approaching*); ~glass छोटा दूरबीन; ~ hole गवाक्ष; ~ *out* गुप्त रूपसे खोजना, चुपचाप पता लगाना।

spying –इंग् n. **चारकर्म**, **जासूसी**[F]।

spyism –इज़्म् n. गुप्तचरता[F], भेदियापन, जासूसी[F], खुफियागीरी[F], मुखबिरी[F]।

Sq. (or sq.) square; *sequens*, following (pl. sqq.)

sqn. squadron.

sqn. Ldr. squadron leader.

squab स्क्वॉ' n. मोटा नाटा आदमी, गुब्बा-सा या गुटकना आदमी; छोटा बच्चा; खूब भरा हुआ गद्दा; गद्दीदार चौकी[F], मसनद; २. a. छोटा और मोटा, नाटा, ठिगना, गोलमटोल, गुटकना, थूलमथूल; ३. adv. धमसे, धड़ामसे, जोरके गिरावके साथ (*come down* ~ *on the floor*); ~-chick अजात-पक्ष पक्षी, (जिसके पर न उगे हों); ~ pie कबूतरके मांसको भरकर बनायी हुई कचौड़ी[F] समोसा-जैसा खाद्य, इस प्रकारकी बकरेके मांस, प्याज और सेबकी गुझिया[F]।

squabbish –विश् a. ईषत्स्थूल, किंचित्स्थूल, कुछ मोटा, मोटा-सा, भारी-सा।

squabble स्क्वॉ'बॅल् १. n. क्षुद्र कलह, झड़प[F], झंझट[F], झगड़ा, टण्टा, तू-तू मैं-मैं[F], बखेड़ा, हाथापायी[F], तकरार[F]; २. v.t. & i. द्वन्द्व करना, विवाद करना, विरोध करना, (किसी व्यक्तिसे किसी बात[F]के बारेमें) तुच्छ कलह[F]में पड़ना, झंझट करना, बखेड़ा खड़ा करना, टंटा करना, झगड़ जाना, चिख-चिख करना, तू-तू मैं-मैं[F] करना, रार[F] मचाना; (मुद्र०) (जमाये गये या कम्पोज किये गये टाइपको) अव्यवस्थित करना, बिखेरना, खोलना।

squabbler –लॅर् n. झगड़ालू व्यक्ति, झगड़ा करनेवाला।

squabby स्क्वॉ'बि a. स्थूल, मोटा, भारी।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

squaeco स्क्वै'को n. (pl. -s) कलगीदार बगला।

squad स्क्वॉड्' n. वृन्द, छोटा समूह या दल, जत्था, झुण्ड, भीड़F, गुट्ट; (सेना०) आरक्षी दल, नवसैन्यदल, सैनिकशिक्षाF या कवायदFके हेतु एकत्रित छोटा दल, फौजी टुकड़ीF या दस्ता (~ *drill*); T. (~ *post*); awkward ~ नये रँगरूट; flying ~ द्रुतगामी आरक्षी दल।

squadron स्क्वॉ'ड्रॅन् १. n. समुदाय, कोई भी व्यवस्थित संगठन, अनुशासित दल; अश्वारोही सैन्यदल (रेजीमेण्टF), स्काड्रन, टुकड़ीF, दस्ता; अश्वारोही गुल्मF, संगुल्मF; पोतावलीF, किसी पोतदल या युद्धपोतोंका बेड़ा, जहाजी बेड़ा, जंगी जहाजोंका दस्ता; विमानदल, राजकीय वायुसेनाFकी इकाईF (~ *leader, officer*); T.; २. v.t. व्यक्तियोंका एक व्यवस्थित समूह बनाना, व्यूह बनाना, गुल्म तैयार करना।

squail[1] स्क्वेल्' n. (pl.) गोल मेजF या पटरेपर लकड़ीFकी छोटी-छोटी गोटियोंFसे खेलनेका खेल, स्क्वेल।

squail[2] v.i. & t. डण्डा फेंकना, डण्डा मारना; छड़ीFसे मारना, डण्डेसे मारना; छड़ीF या डण्डा फेंककर मारना।

squailer -लॅर् n. डण्डा, छड़ीF।

squalid स्क्वॉ'लिड् a. उपेक्षित, देखनेमें नीच, मलिन, अधम, निकृष्ट, कुत्सित, गन्दा, मैला, बुरा, घिनौना, फटेहाल।

squalidity, squalidness –'डिटि, –निॅस् nn. उपेक्षाF; अधमताF, नीचताF, मलिनताF, मैलापन, गन्दापन, गन्दगी, घिनौनापन; द्ररिद्रताF, निर्धनताF, फटेहालीF।

squalidness –'लिड्-निॅस् n. दे० SQUALIDITY.

squall स्क्वॉल' १. a. चण्डरव, उत्क्रोश, कोलाहल, चीत्कार, उच्च आर्तनाद, चिल्लाहटF, कूकF, चीखF; प्रभंजन, (प्रा० भू०) प्रचण्ड वात, चण्डवात, वाताहतिF, आँधीF, तूफान, अन्धड़, झोंका, झक्कड़; २. v.t.& i. चीत्कार करके क्रन्दन करना, चीत्कारF करना, भय या पीड़ाFसे कराहना, जोरसे चिल्लाना, चीखना, कूकना, कूकF मारना, चिचियाना; चीखते हुए कहना, घिघियाना; black ~ काली आँधीF, काले बादलोंके साथ आनेवाली आँधीF; white ~ अच्छे मौसममें उठनेवाला सुहावना पवन, बिना बादलोंकी आँधीF; *look out for ~s* (ला०) आपदाF या संकटके विरुद्ध सावधान रहना, खतरे या मुसीबतFसे चौकन्ना रहना।

squaller –'लॅर् n. चीत्कार करनेवाला, चीखने-चिल्लानेवाला।

squally –'लि a. प्रभंनयुक्त, आँधीभरा, अन्धड़वाला, तूफानी; ~ weather झवकड़का मौसम।

squaloid स्क्वे'लॉयॅड a. कण्टग्राह-सदृश, ग्राहमत्स्य-जैसा।

squalor स्क्वे'लॉर् n. दरिद्रताF, फटेहालीF; क्षुद्रताF, तुच्छताF, घटियापन; मूढ़ताF, अशिष्टताF, गँवारपन, बदतमीजीF, दुर्भाग्य, अभाग्य; मलिनताF, गन्दगीF।

squalus ⊙ स्क्वे'लॅस् n. कण्टग्राह, शार्क मछलीF।

squama स्क्वे'मॅ n. (pl. -*e*) (वन०, जन्तुवि०) शल्क; शल्क-सदृश पंख या अस्थिभाग, (चि०) पट्टक; खपरा।

squamosal स्क्वॅमो'सॅल् n. (~ *bone* भी) अग्रगण्डास्थिF, (जीव०) T.

squamose, squamous स्क्वे'मोस्, –मॅस् aa. (वन०) शल्की, शल्कयुक्त; (चि०) शल्काभ, शल्कसदृश, शल्कीय, सीपदार, खपरेदार।

squamule स्क्वे'म्यूल् n. शल्किकाF, लघु शल्क, छोटा खपरा।

squander स्क्वॉन्'डॅर् v. t. (सम्पत्तिF या दौलतFको) नष्ट-भ्रष्ट करना, उड़ा डालना; (धन, समय आदिका) अपव्यय करना, व्यर्थ लुटाना, अतिव्यय करना, उड़ा देना, फूँक देना, फिजूलखर्चीF करना, गँवाना, खोना।

squanderer –रॅर् n. अपव्ययी, अतिव्ययी, उड़ानेवाला, उड़ाऊ, फिजूलखर्च।

squandering –रिंग् n. अपव्यय, अतिव्यय, फिजूलखर्चीF।

squandermania स्क्वॉन्डॅमे'निअॅ n. अपव्ययोन्माद, फिजूलखर्चीFका खब्त।

square* स्क्वेॲर' १. n. लम्ब, (रेल०) गोनियाF; समकोण; समायताकार या वर्गाकार पदार्थ; चतुष्कोण, समायत, (ग०) वर्ग*, समकोण चतुर्भुज, चौका, चौकोनिया; आयताकार उद्यान, वर्गक्षेत्र, चौक (*Gandhi S~, next ~*); वर्गाकार भवन-मण्डल, कटरा, चार सड़कोंके बीचका भवन-क्षेत्र, स्क्वायर; गुनियाF, L या T के आकारका समकोण नापनेका औजार; (T-~ के भी अर्थमें); वर्गाकार पदातिसैन्य, समायताकार पैदल फौजF; वर्ग, वर्गफल, द्विघात, द्विघातफल (*the ~ of 9 is 81*); प्रमाण, कोटि, स्तर, आदर्श, नमूना; (*word -~* भी) शब्दवर्ग, वर्गमें व्यवस्थित शब्दसमूह (जो कि तिरछे और सीधे एकसे पढ़े जावें); सौ वर्गफीटकी इकाईF (फर्शF-की नापFके लिए); २. v.t. & i. समायत बनाना, वर्गाकी रचनाF करना; (लकड़ीFको) आयताकार बनाना, किनारोंको चौकोर बनाना, चौखूँटा बनाना; वर्गफल निकालना, एक संख्याFको उसी संख्याFसे गुणा करना (*3 ~d is 9*); समस्थित बनाना, ठीक बनाना या होना, अनुकूल बनाना या बनना, ठीक बैठाना, जमाना, ठीक-ठाक करना, मेल बैठाना, साधना, मिलाना, (*decline to ~ my conduct to* or *with his interests*); (बोल०)देना, चुकाना (*can you ~ the porter ?*); मौन सम्मतिF पा लेना, घूसF देकर मुँह बन्द करना, चुपचाप राजी कर लेना; (ऋण आदिका) निपटाना, चुकाना, हिसाब करना, अदा करना, देना, बेबाक करना; मुक्केबाजकी आकृतिF बना लेना, घूँसा तानकर आगे बढ़ना; (गोल्फ) (मैचकी) खेलकी बाजीFको बराबर कर देना, बराबर-बराबर अंक प्राप्त करना; (नौवि०, मस्तूलपर समकोणकी स्थितिFमें आरपार फैलनेवाले) डण्डे लगाना (जो पड़ी हुई शक्लFमें हों), रस्सीF डालनेके गोल कुण्डोंको पड़ी हुई स्थितिFमें लाना; ३. a. समचतुरस्र, समान लम्बाईF और चौड़ाईF

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

या ऊँचाई[F]का (*a man of ~ frame*); समकोणाकार, समायताकार, (कृषि०) **वर्गाकार**; आयताकार, **चौकोर*** (*~ corners*); **चौरस**; समकोणस्थित; कोणीय, कोनेदार, चौखूँटासा (*has a ~ jaw*); समानुपात, समानुक्रम, क्रमिक, क्रमबद्ध, सुव्यवस्थित, समुचित रूपसे व्यवस्थित (*must tidy :up and get things ~*); उचित, निष्कपट, न्याययुक्त, ईमानदार, (*his play is not always quite ~*); सम, समान, समीपस्थ, उपयुक्त स्थिति[F]में, एक-सा, बराबर-बराबर (*am now ~ with all the world*); **ठीक सामने**; दृढ़, अटल, ठीक-ठीक, चुकता, पूरा-पूरा, ठोस, पक्का, दुरुस्त (*was met with a ~ refusal*); **~ bracket** चतुरस्र कोष्ठक, वर्ग-कोष्ठक; (ग०) **गुरुबन्धनी[F], गुरुकोष्ठक**; [ ]; **~ deal** निष्कपट व्यवहार, अच्छा बर्ताव, सच्चा या खरा सौदा; **~ dance, ~ game** वर्गनृत्य, वर्गक्रीड़ा[F] (जिसमें चार जोड़े या खिलाड़ी चार दिशाओं[F]से एक-दूसरेके सम्मुख रहते हैं); **~ deal** (वाणि०) **खरा सौदा**; **~ head** ⊙ कनाडा या संयुक्त राज्यका स्कैण्डिनेवियन; **~ leg** (क्रिकेट) बल्लेबाजसे दूरी[F]पर बायीं ओर विकेटके लगभग सामने खड़ा हुआ फील्डिंग[F] करनेवाला, उसका स्थान (*was put at a ~ leg*); **~ measure** वर्गमाप[F] (जो वर्गफुट इत्यादिमें प्रकट की जाती है); **~ rig** (नौवि०) **खेरवाह बर्दी[F]**; **~-rigged** (जहाज) जिसमें मस्तूलके बीचमें लगे हुए डण्डोंपर बड़े-बड़े पाल तने हों; **~-root** वर्गमूल (*the ~ root of 9 is 3*); **~ sail** वर्गाकार पाल, चौकोर पाल; **~-toed** चौड़े पंजेका बूट पहने हुए व्यक्ति; *get ~ with our creditors* महाजनोंका ऋण चुकता करना, हिसाब साफ करना; *on the ~* सचाई[F]से, ईमानदारी[F]से (*can be trusted to act on the ~*); *out of the ~* अनायताकार, अवर्गबद्ध, असमकोणीय; *~ accounts with* हिसाब चुकता करना; (ला०) प्रतिकार करना, बदला लेना; *~ the circle* वर्गमापमें वृत्तके क्षेत्रफलको ठीक-ठीक व्यक्त करना; (ला०) असम्भव बात[F]-को प्रत्यक्ष करना, नामुमकिन बात[F] करके दिखाना; *~ up to* लड़नेपर उतर आना;

~ butt, ~ centimeter, ~ contingency, ~ diagram, ~-ended, ~foot, ~ inch, ~ lamina, ~-lipped rhinoceros, ~ matrix, ~ meter, ~ mile, ~-mouth rhinoceros, ~ number, ~ pit, ~ planting, ~ prism, ~ pyramid, ~ rod, ~ root, ~ sale, ~ step, ~ thread, ~ timber, ~ yard.

squared –र्ड् a. चतुरस्र, वर्गाकार, वर्गांकित, चौरस (*~ paper*); वर्गकोष्ठित (*~ word*)।

squareness –निस् n. वर्गता[F], समायताकारता[F], वर्गाकारता[F], चौखूँटापन, चौरसाई[F], बराबरी[F], उचित क्रम, सुव्यवस्था[F], सचाई[F], ईमानदारी[F]।

squarish –'रिश् a. समायत-सदृश, वर्गवत्, चतुष्पार्श्व, वर्ग-जैसा, चौकोर-सा।

squarrose, -ous स्क्वॉ'रोस्, अॅस् aa. (वन०) **शल्क-रूक्ष**, शल्क-सदृश प्रसरके कारण कठोर, कड़ा, खपरेदार।

squarson स्क्वार्'सॅन् n. (हास्य०) जमींदार पादरी।

squarsonage –निज् n. जमींदार पादरीका आवास।

squash[1] स्क्वॉश्' १. n. कोमल पदार्थ; फलपानक; (कृषि०) **पानक, शिकंजवी**, दबायी हुई वस्तु[F] या राशि[F], चूर्ण, रस, कुचला, मलीदा, अर्क निचोड़ी हुई चीज[F]; जनसमूह, भीड़[F]; गद्द, धमाका, धम, छप, फत्त, किसी मुलायम वस्तु[F]के गिरनेकी आवाज[F]; सम्पीडन, चूर्णन; (*~ rackets* भी) खुले चौकमें मुलायम गेंद[F] और रैकिट से खेला जानेका एक खेल; T.; २. v.t. & i. दबोचना, मसलना, भींचना, कुचलना, निचोड़ना, पिच करना, गूदा निकालना, दबाकर लुग्दी[F] बनाना; दब जाना, ठसाठस भरना, कसके भरना, ठूँसके भरना, फँस जाना; घुस-पैठकर मार्ग खोज लेना, घुस-घुसाकर रास्ता निकालना; (ला०) कड़ा उत्तर देकर चुप कर देना, मुँह बन्द करना, लाजवाब कर देना; **~ hat** मुलायम नमदेका टोप;

~ beetle, ~ borer, ~ bug, ~ gourd, ~ vine, ~ vine borer.

squash[2] n. सीताफल, एक प्रकारका कद्दू।

squasher –'शॅर् n. दबोचनेवाला, मसलनेवाला, भींचनेवाला, कुचलनेवाला, मींजनेवाला, निचोड़नेवाला, पिचलनेवाला, गूदा निकालनेवाला।

squashiness –'शिनिॅस् n. कुचलन, निचोड़न, पिसावट[F]।

squashy –शि a. कुचलनवाला, कुचलनदार; पंकिल, कीचड़दार, पिलपिला; गूदेदार।

squat स्क्वॉट्' १. n. नाटा और मोटा व्यक्ति; पाल्थी; २. v.t. & i. (का०) **अनधिवास करना**; (अपने आपको या किसीको) पाल्थी[F] मारकर बैठाना; आसन मारकर बैठना, पाल्थी[F] मारना, बैठना, गोड़ मारकर बैठना, उकड़ू बैठना; (पशुओंका) दुबककर बैठना; (शील०) आसीन होना, बैठना, बैठ जाना (*down, on* के साथ); ३. a. नाटा और मोटा, थूलम-थूल, बौना; पाल्थी[F] मारे हुए; **~ arch** (इति०) **नाटा चाप, पस्त मेहराब**; **~ pot** (इति०) **पेंदेदार भाण्ड**।

squatter –'टॅर् n. पाल्थी[F] मारकर बैठनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); भण्डार स्वामी, स्टाकका मालिक; (इति०) **उपवेशी**; अनधिवासी, किसी अनधिकृत क्षेत्रपर अनुचित अधिकार करनेवाला व्यक्ति; (आस्ट्रेलियामें) सुगम शर्तों[F]पर सरकार[F]से चराई[F]का अधिकार प्राप्त करनेवाला व्यक्ति; **~ sovereignty** (राज०) **स्थानिक प्रभुता[F]**।

squattiness –टिनिॅस् n. स्थूल-वामनता[F], थूलम-थूलपन, बौनापन, नाटापन और मोटापन।

squatting –टिंग् n. (परि०) **बिठाव, बैठना**।

squatty –टि a. स्थूल-वामन, थूलमथूल, गिट्टक, नाटा और मोटा।

squaw स्क्वॉ n. (अमरीकी रेड इण्डियन) स्त्री[F] या पत्नी[F]; **~-man** रेड इण्डियन स्त्री[F]से विवाहित गोरा।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

squawk स्क्वॉक्' १. n. चीत्कार, चीख[F], कर्कश स्वर, चीं-चीं[F], चिचियाहट[F]; २. v. i. भय या पीड़ा[F]में चीत्कार[F] करना, कर्कश स्वर करना, चीखना, चिचियाना।

squeak स्क्वीक्' १. n. चीत्कार, कर्कश नाद, कूक[F], चीं-चीं[F], चूँ-चूँ[F], हल्की-सी चीख[F]; (*narrow* ~)बाल-बाल बचना; २. v.t. & i. चीं-ची[F] करना, चूहे या बिना तेलके कब्जेकी भाँति चूँ-चूँ[F] करना; (रसा०) **चर-मराना**; कर्कश शब्द बोलना, तीव्र चीत्कार करना, कूकना, किकियाना, चिल्लाना, चीखकर बोलना; (ग्रा०) भेदी बन जाना, मुखबिर बन जाना।

squeaker –'कॅर् n. चूँ-चूँ[F] करनेवाला, चिचियानेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); शावक, कबूतरका बच्चा।

squeaky –कि a. चीं-चीं[F] करनेवाला, कर्कश स्वर निकालनेवाला, चीं-चीं[F]का, चीखवाला।

squeal स्क्वील्' १. n. बच्चेकी किलकारी[F], चीत्कार, कीक[F], पुकार[F], चीख[F]; २. v.t. & i. (क्रोध, भय, पीड़ा[F] आदिमें) बच्चेकी भाँति चीत्कार करना, किलकारी[F] देना, चीखना, रोना, चिचियाना, किकियाना, चिल्लाना; (प्रसन्नता[F]में) खिलखिलाना, कूकना; आवेशके साथ विरोध करना, हुज्जत[F] करना; (ग्रा०) भेदिया बनना, मुखबिरी[F] करना; *make one* ~ (ग्रा०) किसीसे डर दिखाकर धन छीन लेना।

squealer –'लॅर् n. किलकारी[F] देनेवाला, चीखनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); शावक, कबूतरका बच्चा, चिड़िया।

squeamish स्क्वी'मिश् a. वमनोन्मुख, सहजवमनोद्वेग-शील, जी मचलाता हुआ; अतिशंकालु, सदाचार और ईमानदारी[F]की बातों[F]में अत्यधिक सतर्क; दुष्तोष्य, नकचढ़ा, तुनुकमिजाज, चिड़चिड़ा।

squeamishness –निॅस् n. वमनोन्मुखता[F]; शंका-शीलता[F]; दुष्तोष्यता[F], नकचढ़ापन, तुनुकमिजाजी[F]।

squeegee, squilgee स्क्वी'जी, स्क्विल्'जी १. nn. रबड़ लगा हुआ डेक या सड़क[F] साफ करनेकी झाड़ू[F]; फोटोग्राफी[F]में प्रयुक्त इसी प्रकारका छोटा ब्रुश या रबर बेलन; २. vv.t. बेलनसे साफ करना, झाड़ू देना।

squeezability –जॅबि'लिटि n. कोमलता[F]; सम्पीड़-नीयता[F], मर्दनीयता[F]।

squeezable –'जॅबॅल् a. सम्पीड़नीय, मर्दनीय, दबावके योग्य, दबने योग्य, दबाये जाने योग्य, निचोड़ने लायक, भींचने योग्य; पैसा ऐंठने योग्य।

squeeze –ज़्' १. n. बलप्रयोग, चाप, दबाव (*gave him a ~ of the hand*); जनसमूह; भीड़[F], धक्कमधक्का, धकापेल[F], रेला, ठेलपेल[F] (*we all got in, but it was a tight* ~); (चि०) निष्कर्षण, **निचोड़**; शोषण, चूषण, बलपूर्वक धनापहरण, अनुचित वसूली[F], विधिविरुद्ध कमीशन, स्थानीय कर्मचारीके द्वारा खरीदे हुए सामानपर बलपूर्वक लिया गया धन; गीले कागज या चपड़ेपरकी सिक्केकी छाप[F]; २. v.t. & i. पीड़ित करना, बलपूर्वक छीनना, दबाना, **निचोड़ना**, चूसना; (नीबू, स्पंज आदि) निष्पीड़न करना, मसलना, भींजना, भींचना, रस निकालनेके लिए दबाना, हाथसे या दो चीज़ों[F]के बीचमें रखकर दबाना; (अपने आपको या किसी वस्तु[F]को)घुसाना, धकेलना,ठूँसना, ठेलना; धक्कम-धक्का करके बाहर निकल आना; बाध्य करना, दबाव डालना, विवश करना, जोर डालना, मजबूर करना (*could ~ the government to any extent*); (किसी व्यक्तिसे पैसा) निकालना, बलपूर्वक ग्रहण करना, प्रार्थना[F] करके रुपया हासिल करना, पैसा ऐंठना, दबाकर वसूल करना; बड़े परिश्रमसे उत्पन्न करना, यत्नपूर्वक निकालना (~ *a tear* etc.) गीले कागज या चपड़ेपर (सिक्केकी) छाप[F] बनना; ~ person's *hand* (सहानुभूति[F], प्रेम आदिके चिह्नस्वरूप) कर मर्दन करना, हाथ दबाना।

squeezed –ज़्' a. निष्पीड़ित, निचोड़ा हुआ (~ *orange*); (वाणि०) **गिरा** (~ *bear*)।

squeezer –'ज़ॅर् n. निष्पीड़क, दबानेवाला, निचोड़ने-वाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); पिघले हुए लोहेमेंसे बुलबुला निकालनेकी कल[F]; ताशके पत्ते जिनके दाहिने कोनेपर अंक लिखे रहते हैं ताकि खिलाड़ीको पूरा पत्ता न देखना पड़े)।

squeezing –ज़िङ् n. निष्कर्षण, (यन्त्र०) **निपीडन**, सम्पीडन, निचोड़ना, **भींचना** (~ *stage*)।

squelch स्क्वेॅल्च्' १.n. पचर-पचर[F],फच्च-फच्च[F]; ध्वंस, नाश, दबा देनेका कार्य; २. v.t. & i. पदाघात करना, समाप्त करना, नष्ट करना, ध्वंस करना, कुचल डालना, भींच देना, दबा डालना; कीचड़में या पानीसे भरे जूतोंके साथ चलनेमें पचर-पचर[F] करना; व्यर्थ करना; बिगाड़ देना, गड़बड़ करना, उलट-पुलट करना; चुप कर देना, मुँह बन्द करना।

sq. ft. square feet.

squib स्क्विब्' १. n. व्यंग्यात्मक प्रबन्ध, संक्षिप्त व्यंग्य-पूर्ण कृति[F], निन्दात्मक रचना[F], हजो; सुरंग[F] उड़ानेके लिए बारूद[F]से भरी हुई नली[F], पलीता; पटका, छछूँदर[F], आतिशबाजी[F]; २. v. t. & i. व्यंग्य रचना[F] लिखना, रचना[F]के द्वारा आक्षेप करना, हजो लिखना।

squid स्क्विड्' १. n. कालिकाक्षेपी[F], मसिक्षेपी मीन[F], चारेके रूपमें प्रयुक्त एक प्रकारकी मछली[F]; एक प्रकारका बनावटी चारा; (जीव०) **स्याही छोड़**; T.; २. v.i. झूठे चारेसे मछली[F] पकड़ना।

squiffer स्क्विव'फ़ॅर् n. (ग्रा०) हाथसे बजानेका हारमो-नियम जैसा बाजा, कन्सर्टिना[F]।

squiffy स्क्विव'फ़ि a. (ग्रा०) हलके नशेमें, हलकी छाने हुए, कम पिये हुए।

squiggle[1] स्क्विव'गॅल् n. भाँज[F], मरोड़[F], ऐंठन[F]; तड़-पन[F], तलमलाहट[F], छटपटाहट[F]; रेंगनेसे बनी हुई टेढ़ी मेढ़ी रेखा[F]।

squiggle[2] v.i. कुला करना, कुलाँ[F] करना; शरीर ऐंठना, छटपटाना, तड़फड़ाना, तलमलाना।

squilgee स्क्विल्'जी n. दे० SQUEEGEE.

squill स्क्विल्' n. समुद्रपलाण्डु, जंगली प्याज, स्क्विल, उसका काँदा या बल्ब; (~-*fish* भी) शल्की[F], केकड़ेकी

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाँति पपड़ेवाली मीन^{F}; T.।

squillitic –लि'टिंक् a. समुद्रपलाण्डवीय, समुद्रपलाण्डु-विषयक, समुद्रपलाण्डु-सम्बन्धी, समुद्री लिली^{F}का।

sq. in. square inches.

squinch स्क्विन्च्' n. भित्ति-सिक्थ वर्तिका^{F}, दीवार^{F}पर लगानेकी मोमबत्ती^{F}; ~ arch कोण चाप, (इति०) बगली डाट^{F};

squint स्क्विन्ट्' १. n. (चि०) अक्षिव्युदास, कटाक्ष, अपांग दृष्टि^{F}, तिरछी नजर^{F}, तिर्यक् दृष्टि^{F}, भेंगापन, तिरपटपन, ऐंचातानापन (*has a fearful* ~); दृष्टि^{F}, झाँकी^{F}, सरसरी नजर^{F} (*let's have a* ~); प्रवृत्ति^{F}, अभिरुचि^{F}, रुझान^{F}, झुकाव; गिरजेकी दीवार^{F}में तिरछा कटाव; २. v.t. & i. तिरछा देखना, तिरछी नजर^{F}से देखना, कनखियों^{F}से या भेंगेपनसे देखना; भेंगा या भेंड़ा होना, तिरपट होना; टेढ़ा या तिरछा होना, मुड़ना; (आखें^{F}) अधखुली रखना, (आँखों^{F}को) जल्दी-जल्दी झपकाना; ३. a.(~-*eyed* भी) टेर, वक्रदृष्टि, भेंगा, भेंड़ा, तिरपट, ऐंचाताना; तिरछा, टेढ़ा; विद्वेषपूर्ण; ~ brick (यन्त्र०) पक्खी^{F}।

squinted ⊙ –'टिड् a. संकेतित।

squinter –टर् n. टेर, भेंगा, ऐंचाताना, तिरछी नजरवाला।

squinting –टिंग् n. अपांगदर्शन, कटाक्ष, तिरछा देखना, कनखियों^{F}से देखना, २. a. कटाक्षकारी।

squire स्क्वाअर् १. n. किसी महिला^{F}का सहचर या रक्षक; (इति०) नाइट (उच्च सामन्त)का अनुचर; भूस्वामी; जमींदार, जागीरदार, ताल्लुकेदार, स्क्वायर; श्रीमान्, महानुभाव, महोदय; १. v.t. (किसी व्यक्तिका किसी स्त्री^{F}का) अनुचर होना, अनुगामी होना, अंगरक्षक होना; ~ of dames स्त्रियों^{F}की संगति^{F}में रहनेवाला, मेहरा।

squir(e)arch –स्क्वाअर्'रार्क् n. जमींदार-शासक।

squir(e)archal, squir(e)archical –कॅल्, –रार्'किकॅल् aa. जमींदार-शासन-विषयक, सामन्तशाही-सम्बन्धी।

squir(e)archy –'रार्कि n. सामन्तवर्ग, भूस्वामीवर्ग, जमींदार-वर्ग; सामन्त शासन, सामन्तशाही^{F}, जमींदारी^{F}, जागीरदारी^{F}, स्क्वायरशाही^{F}।

squireen –रीन्' n. छोटा जमींदार।

squirehood –र्'हुड् n. भूस्वामित्व, सामन्तत्व, जमींदारी^{F}, जागीरदारी^{F}।

squirelet –'लिट् n. छोटा जमींदार।

squireling –लिंग् n. छोटा जमींदार।

squirely –लि a. सामन्तसदृश, भूस्वामी-सम्बन्धी, जमींदारका।

squireship –'शिप् n. भूस्वामित्व, जमींदारका पद, स्क्वायरका पद।

squirm स्क्वर्म्' १. n. ऐंठन^{F}; (नौवि०) रस्सी^{F}की ऐंठन^{F} या बल; रेंगने या छटपटानेकी गति^{F}; २. v.t. ऐंठन^{F} होना, ऐंठना, रेंगना, टेढ़े-मेढ़े चलना, पीड़ा^{F}में छटपटाना, इधर-उधर लोटना; (ला०) किंकर्त्तव्यविमूढ़ता^{F} प्रकट करना, मनमें कसकना, मन-ही-मनमें घुटना, घबड़ाहट^{F} प्रकट करना।

squirrel स्क्विर्'रॅल् n. रोमशी^{F}, (जीव०) गिलहरी^{F}; काष्ठमार्जार^{F}, काष्ठविड़ाल (~ *monkey*)।

squirt स्क्विर्ट् १. n. धारायन्त्र, पिचकारी^{F}, पानीका फुहारा; (~-*gun* भी) पिचकारी^{F}का खिलौना, खेलकी पिचकारी^{F}; (बोल०) दम्भी, घमण्डी, क्षुद्र अभिमानी व्यक्ति, शेखीबाज; २. v.t. & i. (तरल पदार्थकी) पिचकारी^{F} छोड़ना, फुहारा छोड़ना, पिचकारी^{F} मारना; (तरल पदार्थका) पिचकारी^{F}से छोड़ा जाना, धारा^{F} निकलना, फुहारा छूटना; (चूर्ण) भुरकना।

squirter –'टॅर् n. पिचकारी^{F} छोड़नेवाला, पिचकारी^{F} मारनेवाला, फुहारा^{F} छोड़नेवाला।

squish स्क्विश्' n. (बोल०) = MARMALADE.

squit स्क्विट्' n. तुच्छ व्यक्ति, मामूली आदमी।

S.R. Southern Railway; Service Roll; Special Report; Special Reserve; Spirit Receiver; Sub-Registrar; Sub-Rule; Supplementary Rules.

Sr. Senior; Sir; Senor.

Sr. Strontium.

S.R. & O. Statutory Rules and Orders.

S.R.C. States Reorganization Commission.

S.R.D. Seperate Revenue Department.

S.R.I. *Sacrum Romanum Imperium*, Holy Roman Empire.

S.R.N. State Registered Nurse.

S.R.O. Special Revenue Officer.

S.R.S. *Societatis Regiae Socius*, Fellow of the Royal Society.

Srs. seers.

S.S. *Schutzstaffel* (Ger.), Hitler body-guard; Secret Services; Section Subordinate; Settlement Secretary; Social Service; Spirit Store; Station Superintendent; Stock Supervisor; Straits Settlement; Sunday (*or* Sabbath) School.

s.s. steamship; screw steamer.

SS. Saints; *Schutzstaffel* (Ger.) Hitler body-guard.

S.S.A.F.A. Soldiers', Sailors', Airmens' Families' Association.

S.S.B. Service Selection Board.

S.S.C. (Scot.) Solicitor before the Supreme Court; *Societas Sancti Crucis*, Society of the Holy Cross.

SS.D. *Sanctissimus Dominus*, Most Holy Lord (the Pope).

S.S.E. (or SSE.) South-South-East.

S.S.L. Social Security League.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

S.S.O. Station Staff Officer.
S.S.P. Senior Superintendent Police.
S.S.R. Supplementary Special Report.
S.S.S.B. Subordinate Service Selection Board.
S.S.T. Superintendent Sales Tax Commissioner's Office.
S.S.W. (or SSW.) South-South-West.
S.T. Superintendent Transport; Superintendent Telegraph; Spiritual Training.
St. Saint; Strait; Street.
S.T.A. State Transport Authority.

stab स्टैब् १. n. (चाकू या छुरी[F]का) प्रहार, आघात, क्षत, वेध, घाव, मार[F], चोट[F], खोंच[F], भोंक[F], वार, जख्म; व्यक्तिकी भावनाओं[F]पर आघात, कष्ट, पीड़ा[F], धक्का, चोट[F], सदमा; २. v.t. & i. चाकू या खंजर जैसे छोटे नुकीले अस्त्रसे प्रहार करना, सूक्ष्माग्र अस्त्र द्वारा विद्ध करना, छुरा भोंकना, **छुरा मारना**, सालना, चुभोना, घाव करना, घुसेड़ना, घायल करना, जख्मी करना; वेधन करना, निशाना बैठाना, भोंकनेके लिए किसीपर अस्त्रसे लक्ष्य करना; (ला०) (किसी व्यक्ति, उसकी भावनाओं[F], अन्तरात्मा[F] आदिपर) आघात पहुँचना, चोट[F] पहुँचाना, धक्का या सदमा पहुँचाना; (प्रसिद्ध व्यक्तिको) बदनाम करना, बदनामी[F] लगाना, कीर्ति[F]को कलंक लगाना; पलस्तर करनेके पहले (ईंटों[F]की दीवालको) नोकदार औजारसे खुरचना; *a ~ in the back* n. कलंक, अपयश, कुख्याति[F], बदनामी[F]; (v.) पीठ[F]में छुरा भोंकना; कलंकित करना, कुख्यात करना, बदनाम करना।

stabber –बॅर् n. चाकू या खंजर भोंकनेवाला; बदनामी[F] करनेवाला; पीड़ा[F] देनेवाला।

stabbing –बिंग् n. **वेधन**, (छुरा) **भोंकना**।

stability स्टॅबि'लिटि n. दे० STABLENESS.

stabilization स्टैबिलाइज़ेशॅन् n. (भौ०, रसा०) **स्थायीकरण**, (अर्थ०) **स्थिरीकरण**, दृढ़ीकरण; स्थायीभवन, (किसी देशकी मुद्रा[F]का सोनेके भावमें मूल्य स्थिर करके उसकी) क्रयशक्ति[F]का संरक्षण।

stabilize –'बिलाइज् v.t. स्थायी बनाना, स्थिर करना, पक्का करना, जमाना, मजबूत करना।

stabilized –ड् a. **स्थायीकृत**।

stabilizer –ज़ॅर् n. स्थायिकारक, (रसा०) **स्थायीकारी**, **स्थायित्वकारी**, स्थिरकर्त्ता, वायुयानका स्थिरकारी यन्त्रविशेष।

stable[1] स्टे'बॅल् १. n. (pl. सेना०) अस्तबलकी नौकरी[F] या काम; किसी विशेष अश्वशाला[F]के घुड़दौड़वाले घोड़े; गोष्ठ[F], (कृषि०) संगरोधशाला[F], अश्वशाला[F], पशुशाला[F], घुड़साल, तबेला, **अस्तबल**; २. v.t. (घोड़ेको) अस्तबलमें डालना; (घोड़ेको) अस्तबलमें रखना या बाँधना (*where can we ~ our horses?*); (रेल०) **खड़ी करना**; (ला०) (व्यक्तिका) ठहरना, टिकना, पड़ाव डालना (*must ~ where they can*); **~-companion** एक ही घुड़साल[F]के घोड़े; (बोल०) शिक्षालय-सहचर; मण्डली सहचर, एक ही विद्यालय या मण्डली[F] आदिका सदस्य; **~ manure** (कृषि०) **लीद[F]की खाद[F]**; *it is no use locking the ~ door when the horse is stolen* का वर्षा जब कृषी सुखाने, समय चूकि पुनि का पछताने;

~ account, ~ animals, ~ boy, ~call, ~equilibrium, ~ fly, ~ form, ~ item, ~ keeper, ~-kept, ~ litter, ~ man, ~ motion, ~-owner, ~-refuse.

stable[2] a. स्थावर, **स्थिर**, (रसा०, भौ०, प्रा० भू०) स्थायी, निश्चल, अचल, अटल, दृढ़, सुस्थापित, पक्का, टिकाऊ, मजबूत, अडिग (*doubt whether the structure is ~*); स्थिरचित्त, अचंचल, स्थिरमति (*the only ~ politician of his day*);

~ air, ~ balance, ~ composition, ~ configuration, ~ equilibrium, ~ gas, ~ isotope, ~ orbit, ~ oscillation, ~ pleasure, ~ vertical.

stableness, stability –निॅस्, स्टॅबि'लिटि nn. स्थैर्य, **स्थिरता[F]**, संस्थिति[F], **स्थायित्व**, टिकाऊपन, टिकाव, पायदारी[F], मजबूती[F]; स्थिरचित्तता[F], निश्चलता[F], दृढ़ता[F], अटलता[F], अडिगता[F], प्रतिष्ठा[F], सुस्थिति[F]।

stabling स्टे'बॅलिंग् n. घोड़ेको अस्तबलमें रखनेका काम आदि (क्रियागत अर्थोंमें); घोड़ोंका थान, अस्तबलके लिए जगह या गुंजाइश[F]; यानस्थापन (स्थान), यानवासन (स्थान)।

stablish स्टै'ब्लिश् v.t. स्थापित करना, दृढ़ता[F]से लगाना; बैठाना, पक्की तरह जमाना, गाड़ना, कायम करना।

stablishment –मॅन्ट् n. = ESTABLISHMENT.

staccato (It.) a. & adv. सूक्ष्मतः, स्वतन्त्ररीति[F]से।

stack स्टैक' १. n. चिति[F], (*~ process*), चय; **चट्टा**, (*~ burning*), थप्पी[F], राशि[F], रास[F], गंज, पुआल, अनाज या घास[F]का गोल या चौकोर ढेर; (इंधनकी माप[F]के रूपमें) १०८ घनफुटका ढेर; टाल[F], ठेकी[F], संचय, राशि[F], अम्बार, किसी वस्तु[F]का ढेर; (बोल०) प्रचुरता[F], बहुलता[F], आधिक्य, विशद परिमाण, बहुतायत[F] (*have ~s of work*); बन्दूकों[F]का अम्बार या कोठाल[F]; (प्रा० भू०) **अलग स्तम्भ**; एक साथ पास-पास लगी हुई चिमनियों[F]की पंक्ति[F]; (*smoke-~* के अर्थमें भी) इंजिन या अग्निबोटकी चिमनी[F], धुआँरा आदि; ऊँची पृथक् स्थित चट्टान[F]; २. v.t. चितिकरण करना, चयन करना, चट्टा बाँधना, **चट्टा लगाना**; थप्पी[F] लगाना, राशिभूत या पुंजीभूत करना, अम्बार जमाना, **ढेर लगाना**; **~-funnel** ढेरका शंक्वाकार वातायन, झरोखा, रोशनदान।

stacker –'कॅर् n. चेता, चितिकर्ता, चयनकर्ता, राशीकर्ता, पुंजीकर्ता, चट्टा बाँधनेवाला; (रसा०) थापक, थप्पी[F] बाँधनेवाला, गँजहर लगानेवाला।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

stacking –किंग् n. चयन, चितीकरण, चट्टा बाँधना, (यन्त्र०) **चट्टा लगाना**, थप्पी[F] लगाना।

stacte स्टैक्'टी n. रसगन्ध; दारचीनी[F] का तेल।

stactometer स्टैक्टॉ'मिटॅर् n. विन्दुमान, विन्दुमापी।

stadda –ड्डा n. दुफाल आरी[F], दुधारी आरी[F]।

staddle[1] स्टै'डॅल् n. लगुड[F], लाठी[F], डण्डा; वैसाखी[F] (लकड़ी[F] जिसके सहारे लँगड़े लोग चलते हैं); स्तम्भ, आधार, खम्भा; चित्याधार, चयनाधार, अड्डार, टेकन[F]; गँजहरका आधार; एकाकी वृक्ष, अकेला पेड़; वृक्षक, बालवृक्ष।

staddle[2] v.t. (जंगलकी कटाई[F] में) एक पेड़ छोड़ देना, एक पेड़ रहने देना।

stadium स्टे'डिअॅम् n. (pl. *-ia*) क्रीड़ांगण, आधुनिक व्यायाम या खेलकूदका मैदान; (ग्री० पुरा०) लगभग २०२ गजकी लम्बाई[F] की माप[F]; दौड़[F] का मार्ग; (जीव०) **अन्तरावस्था**[F]; (चि०) रोगकी अवस्था[F] या अवधि[F] प्रक्रम।

stad(t)holder स्टॅड्'होल्डॅर् n. (इति०) नीदरलैण्डमें किसी प्रान्त या नगरका शासक या राज्यपाल; हालैण्डका प्रादेशिक मुख्य दण्डाधिकारी।

stad(t)holdership –शिप् n. उपर्युक्त प्रदेशोंके शासकका पद या अधिकार।

staff[1] स्टाफ़् १. n. (pl. अव ~*s*; संगीतमें *staves*) लगुड़[F], लाठी[F], छड़[F], छड़ी[F], सोंटा, डण्डा, लकड़ी[F], बेंत, लग्गा; अवलम्ब, अवलम्बन, आधार, आश्रय, आसरा, सहारा; राजदण्ड, पद या अधिकारसूचक चोब; दण्ड, डण्डा, बल्ली[F], मुठिया[F], दस्ता; समुद्रके उन्नतांश मापनेका यन्त्र; मापदण्ड, (यन्त्र०) गज, पैमाइश[F] में प्रयुक्त छड़[F] या डण्डा; (इकहरी लाइन[F] की रेलवे[F] पर इंजिनके ड्राइवर-को आगे लाइन[F] पर जानेके अधिकारस्वरूप दी गयी) निशानी[F], स्टाफ (~ *system*); मूत्राशय छेदनके दिग्द-र्शनार्थ नश्तरके आगे जानेवाला शल्यचिकित्सकका यन्त्र; वर्ग, गण; **कर्मचारिवर्ग, कर्मचारिवृन्द, अमला**, स्टाफ (*editorial ~ of newspaper*); (संगीत) पाँच समानान्तर रेखाओं[F] का समूह (जिसमेंसे किसी एकपर या दोके बीच उसके स्वरारोहको सूचित करनेके लिए चिह्न लगाया जावे); (सेना०) बलाधिकरण, सैन्य-सम्बन्धी अधिकारिवर्ग, हाई कमानके अधिकारीके सहायक अधि-कारी, सैनिक स्टाफ; २. v.t. (किसी संस्था[F] आदिमें) कर्मचारियोंको रखना; general ~ प्रधान सेनापतिका निजी कर्मचारिवर्ग; ~ car कर्मचारी मोटर[F]; **अमला-कार**, T.; ~nurse (चि०) कर्मोपचारिका[F], **पदस्थ उपचारिका**[F], T;

~ appointment, ~ captain, ~ clerk, ~ college, ~ corps, ~ council, ~ duty, ~ family benefit fund, ~ fund, ~ instructions, ~ kote, ~-officer, ~ proposal, ~ room, ~ section, ~-sergeant, ~-surgeon, ~ target.

staff[2] स्टाफ़् n. सीमेण्ट[F] आदिसे मिश्रित भवन-निर्माणका मसाला, प्लास्टर ऑफ पेरिस।

staffed स्टाफ़्ट्' a. कर्मचारिगणयुक्त, कर्मचारिवर्ग-सम्पन्न।

Staffs. Staffordshire.

stag स्टैग्' n. महामृग, बारहसिंगा, लाल हिरन, बड़े आकारका हिरन; (कृषि०) **बधिया साँड़**; (स्टॉक एक्स-चेंज) नयी कम्पनियों[F] के शेयरों (अंशों) को खरीदनेके लिए इस विचारसे प्रार्थनापत्र देनेवाला व्यक्ति (कि मुनाफे-से तत्काल ही बेच सके); (वाणि०) स्थायक, ख्यालो; (प्रा०) सरकारी ऋणपत्र या स्टॉक्सका अनियमित व्यव-सायी, दलाल; ~-party बारहसिंगादल; केवल पुरुषों-का दल;

~-eyed, ~-handled, ~ head, ~-headed, ~-horned, ~ hound, ~ hunt, ~-necked, ~ skin.

stage[1]* स्टेज्' n. रंगमंच, रंगभूमि[F], नाटकका स्टेज; (ला०) नाटक, नाटकीय कला[F] या नाट्य साहित्य, नाट्य-वृत्ति[F], अभिनेताका व्यवसाय या पेशा; (प्रा० भू०) **संघ**; **मंच***, मचान, चबूतरा; (नौवि०) झूला; (वन०) धरा-तल, समतल; आसन, चौकी[F], तल; (चि०) रोगावधि[F]; सोपान, विकासावधि[F], विकासविन्दु, (वीट वि०, कृषि०, चि०) **अवस्था**[F]*, वृद्धिकाल, दशाप्रक्रम, मंजिल[F] (*reached a critical ~*); (चि०, जीव०) **आसन**, कार्यक्षेत्र (*quitted the ~ of politics*); संस्थान, अवस्थान, स्थान, विश्रामस्थल, दो विश्रामस्थलों या मंजिलों[F] के बीचकी दूरी[F], मंजिल[F] (*travelled by easy ~s*); ~-coach दो स्थानोंके बीचमें दौड़नेवाली चार पहियेकी गाड़ी[F], बग्घी[F] (*~-driver*); ~ direc-tion रंगमंचीय निर्देशन, अभिनेताकी सूचना[F] के लिए नाटकमें लिखित निर्देश; ~ fever नाट्यलालसा[F], अभिनेता बननेकी अदम्य इच्छा[F], रंगमंचपर आनेकी धुन[F] या चस्का या नशा; ~ fright मंचभय, स्टेजपर पहले-पहल आनेकी घबड़ाहट[F]; ~ manager सूत्रधार, मंचप्रबन्धक, रंगमंच-व्यवस्थापक, स्टेजप्रबन्धक; ~-struck नाट्याभिभूत, मंचाभिभूत, रंग-मंचप्रेमी, नाटकका शौकीन; ~ player नट, अभिनेता; ~ whisper स्वागत, अपवारित, रंगमंचकी कानाफूसी[F] (जिसे सम्बोधित व्यक्ति तो न सुने पर दर्शक सुन सकें); *by easy ~s*, ~ *by* ~, क्रमशः *went on the* ~ अभिनेता हो गया;

~ box, ~craft, ~ door (n.), ~-door (a.), ~ effect, ~ hand, ~ house, ~ land, ~ like, ~man, ~ manager, ~-play, ~ review, ~-right, ~-wagon, ~-worn.

stage[2] v.t. & i. अभिनय करना, रंगमंचपर प्रस्तुत करना, खेलना, पेश करना, स्टेजपर लाना; नाटकीय रूपमें घटित करनेकी व्यवस्था[F] करना; (नाटकका) अभि-नीत होना, रंगमंचपर आना, खेला जाना, स्टेज होना (*does not ~ well*)।

stager –'जॅर् n. नट, अभिनेता; old ~ अनुभवी

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यक्ति, ज्ञानवृद्ध, पुराना खिलाड़ी, दुनिया देखा हुआ आदमी।

stagery –रि n. रंगमंच प्रदर्शन, स्टेज[F]का शो; रंगमंच-प्रसाधन, स्टेजका सामान।

staggard, -t स्टै'गॅर्ड्, -ट् n. चतुर्वर्षीय मृग, चार सालका हिरन।

stagger स्टै'गॅर् १. n. दोलायमान या डाँवाडोल गति[F], लड़खड़ाती चाल[F], लटपटाहट[F], लड़खड़ाहट[F], डगमगाहट[F]; (यन्त्र०) किसी रचना[F] या ढाँचेसे वस्तुओं[F]की तिरछी या टेढ़ी-मेढ़ी व्यवस्था[F]; (pl., *blind ~s* भी) मस्तिष्क और रीढ़[F]की हड्डी[F]के रोगके प्रकार; (pl.) चक्कर सिर चकराना; २. v.t. & i. हिलना, लड़खड़ाना, डगमगाना, डगमगाकर चलना, लटपटाना, डुगडुगाना, डोलना; दोलायमान होना, झिझकना, हिचकिचाना, अस्थिरचित्त होना, दुविधा[F] होना, कचियाना, डाँवाडोल होना; पसोपेश करना; पाँव उखाड़ देना, कँपा देना, डगमगा देना (*received a ~ing blow*); विचलित या अस्थिर करना, दुविधा[F]में डाल देना, झिझकाना, हिचकिचा देना, डाँवाडोल करना (*the question ~ed him*); **बिखेरना**, घुमावदार या मोड़वाले क्रममें बैठाना, टेढ़े-मेढ़े ढंगसे जमाना; (छुट्टियों[F], कामके घण्टों आदिको) बचाकर व्यवस्थित करना (कि वे दूसरोंकी छुट्टियों[F], घण्टों आदिसे अलग रहें)।

staggered –ड् a. ऊपर-नीचे पंखोंवाला (वायुयान); अलग-अलग छुट्टीवाला; ~distribution **सान्तर-वितरण**; ~ joint (परि०) **विषम जोड़**।

staggerer –रॅर् n. विचलित करनेवाला, हिचकिचानेवाला, लड़खड़ानेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें)।

staggering –रिंग् n. (यन्त्र०) **फेरवीं चाल**[F]।

staggery –रि a. वेपथुमान, कम्पमान, कम्पशील, थरथरानेवाला।

staginess स्टे'जिनिॅस् n. नाट्य, नाटकीयता[F]; मंच-व्यवस्था[F]।

staging –जिंग् n. नाटकका प्रस्तुतीकरण, प्रदर्शन, अभिनय करना, नाटक खेलना; मचान, मंच या मचान बाँधना; (नौवि०) पाड़[F]; डाक-गाड़ियों[F]के हाँकने या चलानेका काम; पड़ाव बनाना (*~ section*); ~ platform (यन्त्र०) **मचान**।

stagnancy, stagnation स्टैग्'नॅन्सि, –ने'शॅन् nn. निगति[F], स्थिरता[F], निष्प्रवाहता[F], अप्रवाह, प्रवाहाभाव, अप्रवहमानता[F], गतिहीनता[F], थमाव, रुकाव, अटकाव; वृद्धिरोध, निष्क्रियता[F], निश्चलता[F], निश्चेष्टता[F], स्फूर्तिहीनता[F], मन्दता[F], ढीलापन, सुस्ती[F]।

stagnant –न्ट् a. गतिहीन, स्थिर (*~ fog, ~ gas*), बद्ध, निष्प्रवाह, (चि०) **प्रवाहहीन, अप्रवाही**, अप्रवाहित, अप्रवहमान, शान्त, खड़ा, थमा हुआ (*~ pool, water*); **बँधा हुआ; निश्चेष्ट**, निष्क्रिय, स्फूर्तिहीन, निश्चेष्ट, **कुण्ठित**, मन्द, धीमा, मद्धिम, सुस्त।

stagnate –नेट् v. i. (तरल पदार्थका) प्रवाहहीन होना, स्थिर होना, धार न होना, बँध जाना, बहाव रुक जाना, बँधा होना, थम जाना, रुक जाना, अटकना, रुका रहना; निष्क्रिय या बेकार होना, निश्चेष्ट बनना, गतिरोध आ जाना, गति[F] खो देना, मन्द पड़ जाना, ढीला पड़ना, कुन्द होना, मद्धिम पड़ जाना, ठप्प होना, सुस्त हो जाना (जीवन, कार्य, मस्तिष्क, व्यवसाय, व्यक्तिका)।

stagnation –ने'शॅन् =STAGNANCY.

stagnicolous –नि'कॅलॅस् a. खड़े पानीमें रहनेवाला।

stagy स्टे'जि a. कृत्रिम, (आचरण, रूप, ढंग, हावभाव आदिमें) नाटकीय।

staid स्टेड्' a. शान्त, गम्भीर, स्थिर, स्थिरचित्त, अप्रमत्त, धीर, पक्का, दृढ़ तथा गम्भीर चरित्रका, संजीदा।

staidness –'निॅस् n. गम्भीरता[F], दृढ़ता[F], धीरता[F], स्थिरता[F], संजीदगी[F]।

stain स्टेन्' १. n. रंजन, (वन०, रसा०, चि०) **अभिरंजन**; विवर्णीकरण; चिह्न, धब्बा, निशान, दाग, चित्ती[F] (*cloth is covered with tea ~s*); (रसा०, चि०) **अभिरंजक**, रंजक; (रसा०, चि०) **रंजक द्रव्य**, रंग, रँगनेका सामान इत्यादि; (चि०) वैवर्ण्य; (ला०) दूषण, दोष, कलंक, कलुष, गर्हा[F], निन्दा[F], धब्बा, लांछन, कलंकका टीका, दाग, बदनामी[F] (*without a ~ on his character*); २. v.t. & i. विवर्ण करना, दूषित करना या होना, मलिन करना, मैला करना, धब्बा लगाना, दागी करना, बदरंग करना (*cigarettes ~ the fingers*); (ला०) (ख्याति[F], नाम, व्यक्तिपर) दोष लगाना, दूषित करना, कलुषित करना, कलंकित करना, कालिख लगाना, बट्टा लगाना, बदनाम करना; (दीवार[F]-पर लगानेके कागजको) **अभिरंजन करना**, रंग-बिरंगा करना, रंगना, रंगीन बनाना; छींटे डालना, धब्बे डालकर (सीसा, लकड़ी[F] आदिको) रँगना; सूक्ष्मवीक्षण यन्त्रके लिए किसी पदार्थको कई रंगोंमें रँगना; रंगसे रँगना।

stainable –'नॅबॅल् a. विवर्ण्य, विवर्णनीय; कलंकके योग्य; रँगे जाने योग्य, रंग पकड़नेवाला।

stained –न्ड्' a. अभिरंजित, विवर्णित, चिह्नित, धब्बेदार; निशानदार, दागदार (*~ glass*)।

stainer –'नॅर् n. विवर्ण करनेवाला, धब्बा लगानेवाला, दागी करनेवाला; कलंकित करनेवाला, दोष लगानेवाला; रंजक, रँगनेवाला।

staining –निंग् १. n. **अभिरंजन; रंजन**; २. a. अभिरंजक।

stainless –न्'लिॅस् a. दोषहीन, कलंकहीन, निष्कलंक, निर्दोष, निर्मल, लांछनहीन, बेदाग; अक्षीय, अकलुष, जंग लगने और खराब होनेसे सुरक्षित (*~ steel*)।

stair स्टेॲर् n. (अब प्रायः pl.) सोपानश्रेणी[F], सोपानपथ, सीढ़ियाँ[F], जीना (*passed him on the ~s*); **सोपान, सीढ़ी**[F], जीनेकी एक सीढ़ी[F] या पाया (*the top ~ but one*); ~case सोपान, निश्रेणी[F], सीढ़ी[F] (*~case illusion*); **सोपानकक्ष, सीढ़ी-कक्ष**; ~ head (यन्त्र०) **सीढ़ी**[F]; ~-rod सीढ़ीका डण्डा, ~way ⊙ सीढ़ी[F], जीना; *below ~s* घरके निचले

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भागमें; *down, up, ~s* घरकी नीची या ऊपरकी मंजिलF में; *flight, pair, of ~s* क्रमिक सोपान, सोपानश्रेणीF, सिलसिलेवार सीढ़ियाँF;

~ break, ~ builder, ~ building, ~-carpet, ~head, ~ steel, ~ step, ~ stepper, ~-tower, ~-work.

staith(e) स्टेथ्', -द्' n. (कोयलेका) भरण-फलक, भरने या उतारनेका तख्ता।

stake स्टेक्' १. n. शंकु, स्थाणु, स्थूण, सूक्ष्म काष्ठदण्ड, मेखF, कीलF, खूँटा, टेकF, चोव, थूना (आधार या सीमा-चिह्न आदिके रूपमें); खम्भा (जिसपर मनुष्यको जिन्दा जला देनेको बाँधा गया हो); (ला०) जीवित जलाकर किया गया वध (*was condemned to the ~*); (का०) **पण, दाँव,** बाजीF, किसी घटनाF पर पण या दाँवमें लगाया गया धन; (pl.) पण, पण-सम्बन्धी धन, दाँव या शर्तF की रकमF; (pl.) बाजीF की घुड़दौड़F; टीनकारकी बेंचF में लगायी हुई निहाईF; २. v.t. खूँटा गाड़ना, खूँटेसे बाँधना, आश्रय ग्रहण करना या थूनेसे सहारा देना, अड़ाना; (किसी दाँवपर) धन लगाना, बदना, शर्तF लगाना, दाँवपर रखना, **दाँव लगाना, बाजीF लगाना;** ~holder पणबन्धधारी, (का०) **पणधारी,** मध्यस्थ व्यक्ति (जिसके पास बाजीF का रुपया जमा किया जाता हो); ~-net खूँटोंपर टँगा हुआ मछलीF मारनेका जाल; *at ~* विचाराधीन, दुविधाF में, विपन्न, संकटापन्न, संकटग्रस्त, जोखममें, खतरेमें; *have a ~ in the country* देश-की आर्थिक समृद्धिF के लिए चिन्तित होना।

stalactic स्टॅलैक्'टिक् a. निच्यावाश्म-सम्बन्धी; (चि०) न्यग्रोधी, वटवृक्षके समान नीचेकी ओर लटकनेवाली जटाओंके समान।

stalactiform –टिफ़ॉर्म् a. (चि०) न्यग्रोधी, उपर्युक्त पिण्डके आकारका।

stalactite स्टैलॅक्टाइट्, स्टॅलैक्'टाइट n. आश्चुताश्म, निच्यावाश्म; (प्रा० भू०) **अवशैल;** (मान०) **अवरोही शंकु;** चूनेके कार्बोनेटका पिण्ड; T.

stalactitic –टि'टिक् a. (चि०) न्यग्रोधी, चूर्णक-पिण्डके गुणोंसे युक्त।

stalagmite स्टै'लॅग्माइट्, स्टॅलैग्'माइट् n. निश्चुताश्म, उच्च्यावाश्म, (प्रा० भू०) **उच्छैल;** (मान०) **आरोही शंकु;** STALACTITE की भाँति गुफाF के तलपर प्रायः उससे मिलकर जमनेवाला पिण्ड; T.।

stalagmitic –मि'टिक् a. उच्च्यावाश्म-सम्बन्धी या उसके समान।

stalag (G) n. कारा-शिविर, जेल-कैम्प।

stalagometer स्टैलॅगॉ'मिटॅर् n. (रसा०) **बिन्दु-मापी।**

stalagmoid स्टै'लॅग्मॉएड a. (वन०) **अश्रुवत्।**

stale[1] स्टेल्' १. पशुओं और घोड़ोंका मूत्र; २. v.t. & i. (घोड़े इत्यादिका) पेशाब करना, मूतना; सामान्य बनाना; पुराना या बासी करना, बेमजा कर देना; ३. a. विकृत, बिगड़ा हुआ; पर्युषित, नीरस, स्वादहीन, (वणि०) पुराना, (*~ cheque*), बासी, उबसा हुआ (*~ food, news*); (ला०) अनूतन, पुरातन, बीतकाल, कालतिरोहित, जीर्ण, अति व्यवहृत, सामान्य, पुराना, पिटा-पिटाया, घिसा हुआ (*~ joke*); अतिश्रान्त, बेकार, थका-माँदा (पहलवान)।

stale[2] n. (प्रा०) प्रलोभक वस्तुF; दूसरे पक्षियोंको लुभा लानेवाली चिड़ियाF, उपहासपात्र; सीधा-सादा या भोला-भाला आदमी, भोंदू; (ला०) प्रलोभन; common ~ वेश्याF, रण्डीF।

stalemate स्टेल्'मेट् १. n. (शतरंजमें) शहF, जिचF (जब कोई घर चलनेके लिए न रहे); गत्यवरोध; २. v.t. (खिलाड़ीको) शहF देना, जिचF में डालना; (ला०) गत्य-वरोध उत्पन्न करना, गतिरोध लाना।

staleness स्टेल्'निॅस् n. पुरानापन, स्वादहीनताF, **बासीपन;** अनूतनताF, नीरसताF; सामान्यताF।

staling –'लिंग् n. (चि०) पशुओंका मूत्र; **बासी होना।**

stalk[1] स्टॉक्' १. n. राजसी गतिF, ठाठकी चालF, रोब-दार चालF; शिकारको घेरना, छिपकर शिकारपर आक्रमण या पीछा करनेका कार्य; २. v.t. & i. गर्वके साथ या सीना तानकर चलना, इतराकर या ऐंठF कर चलना, इठ-लाना, अकड़F कर चलना, राजसी या प्रभावशाली ढंगसे चलना; **लुकछिप कर जाना, दबे पाँव जाना;** चुपके-चुपके (शिकारका) पीछा करना; छिपकर शिकारको पक-ड़ना, चुपचाप शिकारको जा दबोचना।

stalk[2] n. (वन०) पुष्पवृन्त, स्तम्भ, काण्ड, नाल, अक्ष-दण्ड, (कृषि०, वन०) **वृन्त,** (कृषि०) **धड़,** डण्ठल, डण्डीF, तना; (यंत्र०) **जंघा;** (शिथिलतः) जोड़, किसी अंगका आधार; पशुओंमें पुष्पवृन्त-सदृश अथवा डण्ठल-जैसा अवयव; (स्था०) पुष्पवृन्त-सदृश सिंगार, पौधेके डण्ठल-जैसा बेलबूटा; पेंदेके ऊपर बनी शराबF के गिलासकी डण्डीF; कारखाने आदिकी लम्बी चिमनीF; ~-eyed जोड़ परकी आँखोंवाला (*~-eyed crab*); ~ layer (वन०) **अजननकोशिकाF।**

stalked –ट् a. सवृन्त, पुष्पवृन्तयुक्त, डण्ठलदार, डण्डी-दार; डण्ठल-जैसे जोड़वाला।

stalker स्टॉ'कॅर् n. रोबके साथ अकड़कर चलनेवाला; चुपके-चुपके पीछा करनेवाला; **अहेरी,** छिपकर शिकार करनेवाला।

stalking –किंग् n. **अहेरी चालF,** (शिकारका) चुपचाप पीछा करना, घेरना; ~ horse ऐसा घोड़ा (जिसकी आड़F में शिकारी शिकार खेलता है); (ला०) टट्टीF की आड़F, आड़F, ओटF, बहाना, मिस।

stalkless स्टॉक्'लिॅस् a. पुष्पवृन्तहीन, अनाल, बेडण्ठल, बेडण्डी।

stalklet –लिॅट् n. वृन्तिकाF, लघुपुष्पवृन्त, नालक, छोटा डण्ठल या डण्डीF; छोटा अवयव।

stalky –'कि a. पुष्पवृन्तवत्, अक्षदण्ड-सदृश, डण्ठल-जैसा।

stall[1] स्टॉल्' १. n. आपणिकाF, विक्रयणीF, सामान बेचने-के लिए बाजारकी दुकानF, भवनका कमरा, सामान रखनेकी

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मेज[F], चौकी[F], तख्ता, स्टॉल (*picked it up in* or *on a book-~*); पशुशाला[F], गोशाला[F], अस्तबल, घुड़साल[F], तबेला; कोयलेकी खान[F]में काम करनेका कमरा; नाट्यशाला[F]में सामने लगे हुए आसनोंमेंसे प्रत्येक; चर्चके गायनमंचपर नियत आसन; पद; २. v.t. & i. पशु आदिको (स्वस्थ बनाने या तैयार करनेके लिए) पशुगृहमें बाँधे रखना, थानपर रखना; पशुशाला[F] या अस्तबल आदिमें पशुओंके लिए कमरे बनाना, थान बनाना; (घोड़ा या गाड़ी[F]का) कीचड़ या बर्फ[F]में धँस जाना; (मोटर-इंजिनका) रुक जाना; ठप्प हो जाना; (विमान या वैमानिकका) अस्थिर होना, गति[F]के खो जानेसे विचलित हो जाना; ~-feed थानपर बाँधकर जानवरको पुष्ट करना, मोटा-ताजा करना, अस्तबलमें पालना; ~ feeding (कृषि०) **खूँटेपर खिलाना**, नाद[F]में खिलाना; ~-riser (स्था०) **खड़पट**[F]।

stall[2] १. n. धूर्त, ठग, पाकेटमार या जेबकटका संगी; २. v.t. & i. अवरुद्ध करना, बाधा[F] डालना, रुकावट[F] डालना, विलम्ब करना, देर[F] करना, रोड़ा अटकाना, घेरा डालना ⊙; परिहार करना, टालमटोल[F] करना, बातचीत[F]-के द्वारा टालना ⊙; ~ *off* टालमटोल[F] करके छुटकारा पाना, बच निकलना।

stallage –'लिज् n. आपणिकाधिकार, आपणिका[F] लगानेका अधिकार या शुल्क; बाजारमें दुकान[F] लगाने या स्टॉल खड़े करनेका स्थान; मुमटी[F] या पशुशाला[F]का कर, भाड़ा।

stalled ⊙ स्टॉल्ड्', स्टॉ'लिंड् a. अवरुद्ध, बन्द (*a ~ ox*)।

stallion स्टै'ल्यॅन् n. (कृषि०) जननाश्व, **बीजाश्व**, साँड़, घोड़ा, **बाजी**, T.।

stalwart स्टॉल्'वॅर्ट् १. n. (राज०) राजनीतिक दलका पक्का समर्थक, जबरदस्त सदस्य; २. a. दृढ़प्रतिज्ञ, स्थिरचित्त, निर्भीक, दृढ़, दृढ़निश्चयी, वीर, पक्का, जीवटका, दिलेर (~ *supporters*); बलिष्ठ, बलवान्, हृष्टपुष्ट, हट्टाकट्टा, सुगठित शरीरवाला, दीर्घकाय, तगड़ा, मजबूत।

stalwartness –निॅस् n. दृढ़ता[F], निर्भीकता[F], साहस, पक्कापन; हृष्टपुष्टता[F], हट्टाकट्टापन, तगड़ापन; दृढ़निश्चयता[F], स्थिरचितता[F]।

stamen स्टे'मॅन् n. (कृषि०, वन०) **पुंकेसर**, परागकेसर, बीजकेसर, फूलकी बीजदानी[F]; सूत, तागा।

stamened स्टे'मॅन्ड् a. पुंकेसरयुक्त, परागकेसरयुक्त।

stamina स्टै'मिनॅ n. सत्त्व, सार, बल, सहनशक्ति[F], शारीरिक शक्ति[F], तेज, ओजस्विता[F], (शिक्षा०) **ऐश्वर्य**, जीवट, **दम**[F]।

staminal –नॅल् a. सत्त्वीय, पुंकेसरीय, पुंकेसर-सम्बन्धी, (~ *corona*); सत्त्व-सम्बन्धी, तेजस्वी, जीवट[F]का।

staminate –नॅट् a. (वन०) **पुंपुष्पी**, (कृषि०) पुंकेसरी, पुंकेसरयुक्त, परागकेसरमय (किन्तु स्त्री केसरमण्डलसे रिक्त), पुंकेसरमय (~ *flower*); ~ plant (कृषि०) **नरपौधा**।

stamineal, stamineous स्टॅमि'निॅअॅल्, स्टॅमि'निॅअॅस् aa. पुंकेसरी, पुंकेसरीय, पुंकेसर-सम्बन्धी।

staminiferous स्टैमिनि'फॅरॅस् a. पुंकेसरयुक्त।

staminode –'मिनोड् n. (वन०) **वंध्य पुंकेसर**।

stammel स्टै'मॅल् n. अरुण राग, लाल रंग; अरुण ऊर्णावसन, लाल ऊनी कपड़ा।

stammer स्टै'मॅर् १. n. हकलानेकी प्रवृत्ति[F]; हकलाहट[F], तुतलाहट[F], स्खलित उच्चारण, हकलाते हुए किया गया भाषण, रुक-रुककर कही गयी बात[F]; २. v.t. & i. तोतला होना, हकलाना, तुतलाना, रुक-रुककर बोलना; हकलाते हुए (शब्दोंका) उच्चारण करना, रुक-रुककर बात[F] कहना (~*ed out an excuse*)।

stammerer –रॅर् n. स्खलितवादी, हकला, हकलानेवाला, तोतला।

stammering –रिंग् १. n. वाणी-स्खलन, (चि०) **स्खलित उच्चारण, हकलाना**, तुतलाना; २. a. हकलानेवाला।

stamp* स्टैम्प्' १. n. मुद्रा[F], मुहर[F]*, **मोहर**[F], **ठप्पा**, छापा; राजकीय मुद्रा[F], प्रमाणके लिए सरकारी मुहर[F], **मुद्रांक**, अंक; मुद्रित चिह्न, छाप[F]*, मुहर[F]की निशानी[F]; **टिकट**, रसीदी **टिकट***; अंक पत्र, **स्टाम्प**; छाप[F], मुहर[F], लेबिल, किसी वस्तुके गुणोंका सूचक चिह्न; (ला०) लक्षण, विशिष्टता-सूचक चिह्न, निशान (*bears the ~ of genius*); पादप्रहार, पदाघात, पैरसे जोरकी चोट[F]; धातु[F] कूटनेकी चक्की[F]में कच्चे लोहेको पीसनेवाली मोगरी[F]; स्वरूप, प्रकार, चरित्र, जाति[F], प्रकृति[F], आकार, रंगढंग, चाल[F], डौल (*avoid men of that* or *his ~*); २. v.t. पाँव मारना, पैर पीटना; ठप्पा लगाना, अंकित करना, मोहर[F] करना, निशान करना; छापना; सिक्का बनाना; कूटना, पीटना; ~-collector टिकट-संचयनकर्त्ता, डाक[F]के पुराने टिकट एकत्र करनेवाला; ~-duty (का०) **मुद्रांक-शुल्क**, स्टाम्पकर; ~ *out* (विद्रोह आदिको) समाप्त करना, समूल नष्ट करना, कुचल देना, मिटा देना; **सफाया करना**;

~ account, ~-album, ~ balance, ~ booklet, ~ collection, ~ impression, ~ machine, ~ office, ~ officer, ~ pad, ~ paper, ~ penalties, ~ punch, ~ rack, ~ register, ~ rules, ~s attached, ~ section, ~ vendor.

stampage –'पिज n. मुद्रांक, छाप[F]।

stamped –प्ट्' a. अंकित, मुद्रांकित (~ *paper*); अंकपत्रित (~ *article*)।

stampede स्टैम्पीड १. n. (राज०) आकस्मिक आन्दोलन, सामान्य प्रेरणावश अनेक मनुष्योंका असंगठित आन्दोलन ⊙; खलबली[F], आतंक या भयके कारण आकस्मिक भगदड़[F], भागदौड़[F], हड़बड़ी[F], (घोड़ों या पशुओंका) सहसा पलायन, भागाभागी[F], भागड़[F]; २. v.t. & i. भगदड़[F]में पड़ना या डाल देना।

stamper स्टैम्'पॅर् n. मुद्रांकक, मुद्रांकनकर्त्ता, ठप्पा लगानेवाला, छाप[F] या मुहर[F] लगानेवाला; मुद्रांक-यन्त्र;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कच्ची धातु[F] पीसनेकी मशीन[F]।

stamping –पिंग् n. मुद्रांकन, पत्रांकन; (नौवि०) **अंकन, ठप्पा लगाना;**
~ fee, ~ ink, ~ inkpad, ~ machine, ~ mechanic, ~ table.

stamping ground ⊙ स्टैम्'पिंग् ग्रौउन्ड् n. आश्रय, अखाड़ा।

stance स्टैन्स्' n. (गोफ, क्रिकेट) चोट[F] लगनेके समय खिलाड़ीकी स्थिति[F]।

stanch[1], **staunch** स्टान्च्', स्टॉन्च्' v.t. रक्तस्तम्भन करना, घावसे रक्तके बहनेको रोकना; प्रवाह रोकना, बहाव थामना।

stanch[2] स्टान्च्' a. = STAUNCH[1].

stancher –'चॅर् n. रुधिर-रोधी व्यक्ति या वस्तु[F], खूनका बहाव रोकनेवाली दवाई[F]।

stanchion –'शन् १. n. स्थाणु, (यंत्र०) **स्थाणुक, स्कम्भ, स्तम्भ, खम्भा, थम,** टेक[F], थूना, सीधा डण्डा, (परि०) **खड़ी छड़**[F]; आधार, अवलम्बन, आड़[F], पशुओंकी सार[F]में लगा हुआ सीधा डण्डा, खूँटा, बेंड़ा, आगल; २. v.t. खम्भा लगाना, थूना खड़ा करना, आगल[F]से (पशुओंको) बाँधना।

stanchless –न्च्'लिॅस् a. अरोध्य, अनवरोधनीय, जिसका प्रवाह न रोका जा सके।

stanchness –'निॅस् n. दृढ़ता[F], पायदारी[F], पक्कापन, मजबूती[F]; निष्ठा[F], भक्ति[F], वफादारी[F]।

stand[1] स्टैन्ड्' n. **आधार,** भाजन, पात्र, मेज[F], रैक आदि, **स्टैण्ड** (जिसपर वस्तुएँ रखी जावें) (*hat-* ~); बाजारकी गोमटी[F], स्टॉल (*fruit-*~); सवारियों[F] आदिके लिए अड्डा; मंच, चबूतरा, ऊँचा स्थान; गवाहोंका कटघरा ⊙ (*take the* ~); (रसा०) **धरनी**[F], **धानी**[F], टिकटिकी[F], घड़ौंची[F]; ढाँचा, फ्रेम ⊙; **उपस्तम्भ,** स्थिति[F], स्थान, ठौर, जगह[F] (*took his* ~ *near the door*); चौकी[F], तख्ता, स्टॉल ⊙; अवस्थान, अचलावस्था[F], प्रतिरोध करनेके उद्देश्यसे ग्रहण की गयी स्थिर अवस्था[F], उपाश्रय, रुकाव, ठहराव, ठिकाना, अड्डा (*make a* ~); गतिस्तम्भ, स्तब्धता[F], गतिरोध, विकासरोध, स्थिरता[F], कुण्ठा[F], टिकाव, पड़ाव (*came, was brought, to a* ~); मुकाबला, सामना; (रंगमंच) नाटक आदि खेले जानेकी यात्रा[F]का प्रत्येक पड़ाव, डेरा, मुकाम (*a one-night* ~); (तिपतिया वनस्पति[F] आदिकी) खड़ी खेती[F]; (आस्ट्रेलियामें) स्टैण्ड, वृक्षसंख्या[F], जंगल या उसकी लकड़ी[F]; ~-at-ease (सेना०) **साम्या**[F]; ~ for ⊙ चेहरा; ~-by आधार, अवलम्ब, आश्रय, सहारा, विश्वस्त व्यक्ति, संकटमें सहायता[F] करनेवाला या भरोसे योग्य व्यक्ति या वस्तु[F]; ~-by (adj.) अतिरिक्त; (परि०) **आपाती; कोतल; तैयार;** ~ down **सन्तरी वापस, गारद वापस;** ~-off (half) (रगबी फुटबाल) हाफ बैक (जो कि आगे और पीछेके खिलाड़ियोंमें सम्बन्ध जोड़ता है); ~-offish पृथक, अलग, दूर, संकोची, झेंपू, अलग-अलग-सा, कोरा, रूखा, बेमिलनसार; ~-offishness संकोचीपन, दूरी[F], अमिलनसारता[F], रूखापन, झेंपूपन; ~ on (नौवि०) **मार्गाधिकारी;** ~-up सीधा खड़ा (*-up collar*); ~ of arms एक आदमी भरके हथियार; ~ of colours रेजीमेण्ट[F]के झण्डे, ~-point दृष्टिकोण, आधारबिन्दु; *be at a* ~ (प्रा०) अस्थिर होना, विचलित मनोदशा[F]में होना, आगे बढ़नेमें अयोग्य होना; *I take my* ~ *on the precise wording of the Act* मैं अपने तर्कको अधिनियमकी स्पष्ट शब्दावली[F] पर आधारित करता हूँ या अधिनियमोंके शब्दोंपर भरोसा करता हूँ;
~ class, ~ fire, ~ method, ~ pipe, ~ table.

stand[2] v.t. & i. (*stood*) (प्रायः *up* के साथ) स्थिर रूपमें सीधा खड़ा रहना, खड़ा होना, उठना, उठ खड़ा होना (*tell him to* ~ *up*); स्थापित होना, अवस्थित होना, एक स्थानपर स्थिर होना, ठहरना, टिकना, थमना, कायम रहना (~ *still*); स्थित होना, रहना, विद्यमान या मौजूद होना, टिकना, होना (*on each side* ~ *two pillars*); स्थिति[F] बनाये रखना, स्थिर रहना, अडिग या अचंचल रहना, दृढ़ता[F]से टिके या थमे रहना, डटे रहना, जमे रहना, जारी रहना, कायम रहना (*house will* ~ *another century*); वैध या अपरिवर्तित रहना, ठीक-ठीक रहना, ज्योंका त्यों रहना, बना रहना (*the former conditions may* ~); होना, रहना, (~*s in need of help*); ऊँचा होना, विशिष्ट ऊँचाई[F]का होना (~*s six foot three*); मुड़ना और विशेष अवस्था[F]में रहना (~ *back*); (नौवि०) विशिष्ट मार्ग ग्रहण करना, कोई खास रास्ता अख्तियार करना (~ *in for the shore*); (कुत्तेका) संकेत करना, इशारा करना, (कुत्तेको) शिकारपर छोड़ना; विशिष्ट स्थिति[F]में रखना, खड़ी हुई स्थिति[F]में रखना, खड़ा रखना, खड़ा करना (~ *the jug on the table*); सहना, झेलना, उठाना (*nerves could not* ~ *the strain*); व्यय वहन करना, अपनी गाँठ[F]से देना, खर्च देना (*stood him a drink*); (भाग्यके) सम्मुख होना, लड़ना; अभियोगका सामना करना, (मुकदमा) लड़ना या भुगतना; *corn* ~*s higher than ever* अनाज पहलेसे अधिक मँहगा है; *hair* ~*s on end* स्तम्भित होना, रोमांच हो आना, रोंगटे खड़े होना; *I* ~ *corrected* मैं सुधार स्वीकार करता हूँ; ~ *against* विरोध करना; ~ bail (का०) **जामिन होना, जमानती होना, जमानत देना;** ~ *by* (prep.) अनुमोदन करना, समर्थन करना, पक्ष लेना, साथ देना; (शर्तों[F]पर) दृढ़ रहना, (प्रतिज्ञा[F]) पालन करना, बात[F]पर टिके रहना; (नौवि०) (लंगर इत्यादि) पकड़ना या पकड़नेके लिए तैयार रखना; ~ *by* (adv.) **तैयार रहना;** आसपास रहना, समीप रहना, पास-पास खड़ा रहना, पाससे खड़े देखते रहना (*will not* ~ *by and see him ill-treated*); (मूल०, नौवि०) जागरूक या सजग रहना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

सावधान खड़ा रहना, होशियार रहना; ~ *clear* बचकर खड़े रहना; ~ *committed* वचनबद्ध रहना; ~ *down* (सेना०) काम पूरा करके हटना, ड्यूटी[F] करके चल देना; साक्षी[F]के कटघरेसे उतरना, किसी स्थिति[F]से हटना; ~ *fast* पक्का रहना; ~ *fire* विरोध सहना, गोलोंकी बौछार[F] सहना; शत्रुकी गोलाबारीका बिना हटे सामना करना, तोपों[F]के सामने पीछे न हटना; ~ *for* अन्तर्निहित होना, प्रतिनिधित्व करना, संकेत करना, लक्षण प्रकट करना, अर्थ रखना (*P.O. ~s for postal order*); (पदके लिए) अभ्यर्थी या उम्मीदवार होना, संसद[F]में किसी निर्वाचनक्षेत्रके प्रतिनिधित्वका उम्मीदवार होना; (मुख्य व्यापार आदिका) समर्थन करना, पक्षपोषण करना, पक्ष लेना; (बोल०) सहन करना, सहना, सन्तुष्ट रहना, सहमत होना; सहना, बरदाश्त[F] करना ⊙; ~ *in good stead* हितकर होना; ~ *off* दूर हो जाना, अलग हट जाना, दूर चला जाना, दूरी[F]पर रहना; (v.t.) अस्थायी रूपसे नौकरी[F] छोड़ना; ~ *on* चले चलो; चले चलना, चर्क पर कायम रहना, आग्रह करना, डटे रहना, जोर देना; अति सतर्कता[F]से पालन करना या मानना (~ *on ceremony*); ~ one's *ground* अपनी स्थिति[F]को बनाये रखना, डटे रहना, जमे रहना (शा० एवं ला०, तर्क आदिके सम्बन्धमें); ~ *out* अविचलित रहना, प्रतिरोध करते रहना, डटे रहना, अड़े रहना, हठ करना; जमे रहना (विरोध या सहिष्णुता[F]में); (परि०) दूर हट जाना, दूर चले जाना; प्रमुख होना, महत्त्व प्राप्त करना, विख्यात होना; ~ *over* स्थगित होना, पड़े रहना; ~ *to* (prep.) (प्रतिज्ञा[F]पर) दृढ़ रहना, डटे रहना, टिके रहना, जमना, कायम रहना; ~ *to sea* समुद्री यात्रा[F]पर चले जाना, ~ *up* ⊙ दिखाना; उठ खड़ा करना; ~ *up for* (किसी व्यक्तिका) पक्ष लेना, पक्षपोषण करना, साथ देना, हिमायत[F] करना; (किसी बात[F]की) पुष्टि[F] करना, समर्थन करना, अनुमोदन करना; ~ *upon*,= ~ *on*; ~ *upto* (विरोधीका) साहसपूर्वक सामना करना, मुकाबला करना; (वस्तुओं[F]का अत्यधिक व्यवहार होनेपर भी) ठीक-ठीक रहना, नहीं घिसना या बिगड़ना; ~ *up with* साथ-साथ नाचना, (सहयोगीके साथ) नाचनेके लिए खड़ा होना।

standard स्टैन्'डॅर्ड् n. (सर्वोत्तमता[F]का) स्तर, श्रेणी[F], कोटि[F], आदर्शस्थिति[F], स्टैण्डर्ड (*does not come upto the ~*); आदर्श, आदर्श वस्तु[F], बानगी, नमूना (*the ~ work on the subject*); (विधा०) मान, आप्तमान, प्रतिमान, मानदण्ड, मापदण्ड; प्रमाप, (रसा०) प्रमानक, (कृषि०, प्रा० भूगोल, वाणि०, गणि०) मानक, प्रामाणिक माप (~ *pound*); मापतौल[F], कसौटी[F]; ध्वज, (वन०) ध्वजक, पताका[F], रणपताका[F], झण्डा, फरहरा, खास निशान (*royal ~*); (ला०) जन-सिद्धान्त, नारा (*raise the ~ of revolt, free trade*); सीधा आधार, खड़ी वस्तु[F], टेक[F], थूनी[F]; (स्था०) नलदौरी[F], खड़ी बल्ली[F]; पानी या गैस[F]का सीधा खड़ा नल; सीधे तनेपर आरोपित की हुई तथा वृक्षके रूपमें तैयार की गयी झाड़ी[F] T.;; ~-bearer पताकावाहक, पताकाधारी, ध्वजवाहक; (गुण०) मानिक, प्रामाणिक; आदर्श, (pl.) (कृषि०) यंत्राधारके सिरे, रिगके सिरे; (ला०) अग्रणी, किसी आन्दोलनका नेता; ~ bread मानिक रोटी[F], गेहूँ या मिले हुए आटेकी रोटी[F];

-ster -क, -कर, -कर्ता (*brew*~, *huck*~, *game*~, *malt*~, *pun*~, *hol*~, *bol*~)।

ster. (*or* **stereo**) stereotype.

stercoraceous, stercoral स्टॅर्कॅरे'शॅस्, स्टर्'-कॅरॅल् aa. (चि०) विष्ठायुक्त, विष्ठाका, मल या गोबर-सम्बन्धी।

stercus ⊙स्टर्'कॅस् n. (चि०) विष्ठा, मल, गोबर।

stere स्टीअॅर्' n. घनमान, सहस्र-प्रस्थ, एक घनमीटर (लगभग ३५·३ घनफुट)।

stereo- सान्द्र-, घन- (~*chemistry*, ~*gram*, ~*graph*, ~*scope*, ~*tomical*)।

stereo स्टे॑रिओ =STEREOTYPE; (~ *department*)।

stereognosis ⊙स्टे॑रिॲनो'सिस् n. घनाभिज्ञान, पिण्डनिदान; (चि०) विन्यास-ज्ञान, आकाराभिज्ञान, रूपनिदान, स्पर्शसे विविध वस्तुओंकी रूपाकृतियों[F]को पहचानना।

stereogram स्टे॑रिॲग्रैम् n. (ऋतु०) घनचित्र, पिण्डचित्र, (भौ०) त्रिविमचित्र।

stereograph –ग्राफ् n. पिण्डचित्र, घनचित्र, पिण्ड-दर्शक चित्र, पिण्डदर्शकमें काम आनेवाला चित्र-युग्म या फोटोग्राफका जोड़ा।

stereoisomer⊙ स्टे॑रिॲआइसो'मॅर n. (रसा०) विन्यास समावयव; त्रिविम समावयवी।

stereoisomarism⊙ –रिज़्म् n. (रसा०, चि०) विन्यास समावयवता[F], त्रिविम समावयवता[F]।

stereopticon स्टे॑रिऑप्'शॅन् n. अतिबल ऐन्द्रजालिक दीप, सान्द्रदर्शक, जोरदार जादुई लालटेन[F]।

stereoscope स्टे॑रिॲस्कोप् n. त्रिविमेक्ष, (भौ०) त्रिविम-दर्शी, विन्यास-दर्शी, पिण्डदर्शी, (मनो०) घन-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दर्शक, घनदर्शी, सैरबीन, T.।

stereoscopic –कॉ'पिक् a. पिण्डदर्शकीय, पिण्डदर्शन-सम्बन्धी, घनदर्शी, त्रिविम-;
~ camera, ~ effect, ~ film, ~ radius, ~ telescope, ~ vision.

stereoscopist –ऑस्'कॅपिस्ट् n. पिण्डदर्शन-वैज्ञानिक, पिण्डदर्शन-शास्त्री।

stereoscopy –पि n. पिण्डदर्शन-विज्ञान, पिण्डदर्शन-शास्त्र।

stereotaxis ⊙ स्टे॑रिॲटैक्'सिस् n. (चि०) स्पर्शी नियमन।

stereotomical स्टे॑रि॑ॲटॉ'मिकॅल् a. उत्कीर्णन-विषयक, उत्कीर्णनविद्या-विषयक, उत्कीर्णन-कला-सम्बन्धी, खुदाई[F]की विद्या[F]का।

stereotomy –ऑ'टॅमि n. उत्कीर्णन, उत्कीर्णन-विद्या[F], उत्कीर्णन-कला[F], खुदाई[F]की विद्या[F]।

stereotype स्टे॑'रि॑ॲटाइप् १. n. सान्द्र मुद्र, छपाई[F]का फलक या तख्ती[F]; इस प्रकारकी तख्तियों[F]का प्रयोग; (ला०) स्थिर धारणा[F], (शिक्षा०) नियत प्रकार, स्थायी प्रभाव या छाप[F]; (गुण०) स्तब्ध, सान्द्रज; २. v.t. ऐसे फलकोंसे छापना; ऐसे फलक बनाना; (ला०) विधिसंगत करना, औपचारिक बनाना, अपरिवर्तनीय बनाना, स्थिर बनाना, दृढ़ या पक्का करना, नियमितता[F] लाना, एकरूपता[F] देना, स्तब्ध करना, जमाना, ठीक तरहसे बैठाना।

stereotyped –ड् a. अपरिवर्तनीय, नियत, निश्चित, रूढ़िगत, रूढ़िबद्ध, रूढ़, स्तब्ध, सान्द्र, सान्द्रमुद्रित, ढँधा-ढँधाया, (~ *form*)।

stereotyper –पॅर् n. सान्द्रमुद्रक, इस प्रकारके मुद्रण-फलकका निर्माता, सीसा-पट्टीवाला।

stereotypist –पिस्ट् n. सान्द्र मुद्रणफलकका काम करनेवाला।

stereotypography –पॉ'ग्रॅफि n. सान्द्र मुद्रणफलक द्वारा मुद्रणका कार्य।

stereotypy –'रि॑ॲटाइपि n. सान्द्रमुद्रण, सान्द्र मुद्रण-फलकका निर्माण-कार्य।

sterigmata ⊙ स्टीॲरिग्'मॉटॅ n. (वन०) बीजाणु-सूत्र।

sterile स्टे॑'राइ(रि)ल् a. अजीवाणु, जीवाणुशून्य, निष्प्राण, निर्जीव (~ *air, milk*); नीरस, रूखा, बेमजा; निष्फल, अफल, मोघ, फलहीन; (कृषि०, चि०) अनुर्वर, अनुत्पादक, अनुपजाऊ, (जीव०, वन०, कृषि०) वन्ध्य, वन्ध्या, निस्सार, परिणामहीन, (कृषि०) बाँझ, ऊसर, बंजर (~ *land, period*); ~ culture (वन०) विसंक्रमित संवर्धन।

sterility स्टॅरि'लिटि n. (चि०) विसंक्रमणता[F], (कृषि०) अफलता[F], अनुत्पादकता[F], वन्ध्यत्व, (चि०, कृषि०) अनुर्वरता[F], (कृषि०) वन्ध्यता[F], निष्फलता[F], निस्सारता[F], ऊसरपन, (कृषि०) बाँझपन; (जीव०) निर्जीवाणुकता[F]; one child ~ (चि०) काकवन्ध्यता[F], एक बार गर्भ धारण होनेपर फिर गर्भ धारण न होना।

sterilizable स्टे॑'रिलाइज़ॅबॅल् a. अजीवाणुकरणीय, वन्ध्य या बाँझ करने योग्य।

sterilization –ज़े'शॅन् n. (चि०) विसंक्रमण (~ *room*), जीवाणुहनन, (पशुपालन, कृषि०) निर्वीजीकरण, जीवाणु-शून्यीकरण, निष्कीटन, (कृषि०) वन्ध्यकरण, (चि०) अनुर्वरीकरण, बाँझ बनानेका कार्य, (श० र० शा०) बाँझ करना।

sterilize –'रिलाइज़् v.t. (रसा०, यन्त्र०) विसंक्रमित करना, विनिवृत्त करना; (विशे०) जीवाणुरहित करना, जीवाणुशून्य करना; वन्ध्य या बाँझ करना।

sterilized –ड् a. निष्कीटित, हतजीवाणु, (पशु०) निर्जीवीकृत, (चि०) विसंक्रामित, (वन०) निर्वीजित (~ *syringe*); वन्ध्याकृत, बधिया।

sterilizer –ज़ॅर् n. (चि०) निर्जीवाणुकारी, जीवाणु-शून्यकारी, जीवाणुहा; वन्ध्यकर्त्ता, बाँझ बनानेवाला; (कृषि०) जीवाणुनाशक यन्त्र, (पशुपालन) निर्जीवीकरण यन्त्र, निर्जीवाणुक।

sterilizing –ज़िंग् n. विसंक्रमण (~ *room*); a. जीवाणुघ्न, वन्ध्याकारी (~ *agent*)।

sterlet स्टर'लिॅट् n. (प्राणिवि०) पचपालिका[F] (मछली[F])।

sterling स्टर्'लिंग् १. a. विलायती मुद्रा[F]; (विदेशी सिक्कोंकी अपेक्षा[F]में) ब्रिटिश मुद्रा[F], (अर्थ०) पौण्ड; T.; २. a. (परिवर्तित) सारभूत, उत्कृष्ट, विशुद्ध, प्रकृत, यथार्थ, वास्तविक, अकृत्रिम, आडम्बरहीन, सच्चा, खरा, (*is a ~ fellow*); (सिक्कों या बहुमूल्य धातुओं[F]के सम्बन्धमें) विशुद्ध, शुद्ध, असली, खरा, प्रामाणिक मूल्यका; ~ balance (अर्थ०) पौण्ड पावना।

stern[1] स्टर्न्' n. नितम्ब, पुच्छान्त भाग, पशुका पुट्ठा, चूतड़; पूँछ[F]; (नौवि०) ढबूसा, दुम्बाल, पीछल, पिच्छल; (नौवि०) किलिन (~ *castle*); नाव[F] या जहाजका पृष्ठभाग, पश्चाङ्ग, पीछेका हिस्सा, पिछाड़ी; ~ bearing (नौवि०) पश्च धारुक; ~ chase अनुसरण, एक जहाजका दूसरे जहाजके बिल्कुल पीछे-पीछे जाना; ~-fast जहाजके पिछले भागको घाटसे बाँधनेका रस्सा या जंजीर; ~ foremost पीछेकी ओर घूमना या मुड़ना; ~-post जहाजके पश्चाङ्गका खम्भा या लट्ठा; (नौवि०) कुदास; ~ sheets जहाजके पश्चाङ्गमें यात्रियों और मल्लाहोंके बैठनेकी जगह[F]के बीचका स्थान; ~-way पीछेकी ओर संचालन या गति[F], अथवा जहाजका वेग;
~ anchor, ~ castle, ~ fast, ~ frames, ~ light, ~ palm, ~ post, ~ sheet, ~ tube, ~ wheeler.

stern[2] a. निष्ठुर, दारुण; निर्दय, कर्कश, रुक्ष, शक्त, परुष, अविनीत, अविनम्र, प्रतिकूल, असहानुभूतिशील, अनुशासनप्रिय, अनुशासनवादी, उग्र, कठोर, कड़ा, (~ *countenance*)।

sternal स्टर'नॅल् a. वक्षास्थि-सम्बन्धी, उरोस्थि-;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ angle, ~ artery, ~ plate, ~ rib.

sterned स्टर्न्ड्' a. पश्चाङ्गयुक्त (जहाज)।

sternmost –न्'मोस्ट् a. पश्चाद्वर्ती, सबसे पीछेका, बिल्कुल पीछे आनेवाला।

sternness स्टर्न्'निॅस् n. निष्ठुरता^{F}, निर्दयता^{F}, कठोरता^{F}, परुषता^{F}, कर्कशता^{F}, असंवेदना^{F}, अविनीतता^{F}, असहानुभूति^{F}, अनुशासनप्रियता^{F}, कड़ापन, सख्ती^{F}, कड़ाई^F।

stern(o)- उरः-, उरस्-, उरो-, वक्षः, वक्षस्- (*~algia, ~oclavicular, ~ofacial, ~othyroid*)।

sternothyroideus ⊙ स्टॅर्नॅथिराएँ'डिॲस् n. (चि०) **उरोवटुका^{F}**।

sternohyoideus ⊙ स्टॅर्नॅहाइ'डिॲस् n. (चि०) **उरःकण्ठिकी^{F}**।

sternum स्टर्'नॅम् n. (pl. *-a*) (चि०) उरःफलक, वक्षास्थि^{F}, (चि०, कृषि०, जीव०) **उरोस्थि^{F}**, (*~ body, ~ manubrium*), (चि०) **स्टरनम^F**, गर्दन^{F}से आमाशयतक पसलियोंवाली हड्डी^{F}।

sternutation स्टर्न्यूटे'शॅन् n. छिक्का^{F}, छींक^F, छींकना।

sternutative –टॅटिव् a. छिक्काकारी, छींक^F लानेवाली, नास, नस्य।

sternutatory –टॅरि a. & n. नस्य, छिक्काप्रद (वस्तु^{F}), छिक्काकारी (ओषधि^{F}), छींक^F लानेवाली (चीज^F), सुँघनी।

Sterope स्टेरोप् n. (गणि०) **दकादशक और द्वादशक वृष**।

steror ⊙ स्टे'रॉर् n. (चि०) (श्वासकी) घर्घरध्वनि^{F}।

stertorous स्टर्'टॅरॅस् a. घरघराहट^{F}का शब्द करना, (श्वास^{F}का या साँस^F लेनेवालेका) घर्र-घर्रकी या खर्र-खर्रकी आवाज^F करना।

stertorousness –निॅस् n. नासाध्वनि^{F}, घरघराहट^F, खर्राटा।

stet (L) तिष्ठतु, पूर्ववत् रहने दो।

stethometer स्टॅथॉ'मिटॅर् n. (चि०) उदरमापी, उरोमान, वक्षोमापी।

stethoscope स्टे'थॅस्कोप् १. n. उरश्श्रव, वक्षपरीक्षायन्त्र, आकर्णनयन्त्र, हृद्वीक्षणयन्त्र, हृदय अथवा फेफड़ेकी गति^{F} सुननेका यन्त्र, (चि०) **स्टेथॉस्कोप**; २. v.t. वक्षपरीक्षा-यन्त्रसे परीक्षा^{F} करना, स्टेथॉस्कोप लगाकर देखना।

stethoscopic –कॉ'पिक् a. (चि०) उरःश्रवणयन्त्र-सम्बन्धी, आकर्णनयन्त्र-सम्बन्धी।

stethoscopist –थॉस्'कॅपिस्ट् n. (चि०) उरश्श्रवण-परीक्षक, उरश्श्रवप्रयोगी, आकर्णनयन्त्र प्रयोग करनेवाला।

stethoscopy –पि n. (चि०) उरश्श्रवण परीक्षण, उरश्श्रवप्रयोग, आकर्णनयन्त्र-प्रयोग।

stetson स्टे'ट्'सॅन् n. आयतप्रान्त हैट, चौड़े किनारेका हैट।

stevedore स्टी'विडोॲर् n. उदवभृत्य, (नौवि०) **नौभरक**, जहाजी कुली, जहाजपर माल लादने या उतारनेवाला व्यक्ति।

stew[1] स्टीऊ' n. (प्रा०) वेश्यालय, वेश्यागृह, कोठा, अड्डा, रण्डीखाना, चकला, कस्बीखाना।

stew[2] १. n. बन्द बर्तनमें थोड़े पानीमें देरतक उबालकर पकाया हुआ मांस या तरकारी^{F}; उद्वेग, परेशानी^{F}; २. v.t. & i. बन्द बर्तनमें थोड़े पानीमें देरतक उबालकर पकाना या पकना; (ला०) बन्द हवा^{F} या ऊमस^{F}से विकल होना; **~-pan** ढकनेदार कड़ाही^{F}; **~-pot** उबलते पानीमें पकानेका बर्तन; *let* person, thing, *~ in his* etc. *own juice* or *grease* भाग्यपर छोड़ देना, सहायता^{F} करनेसे कतराना, उसीकी किस्मत^{F}पर छोड़ देना; *the tea is ~ed* देरतक थोड़े पानीमें पकानेसे चाय^F कड़वी हो गयी है।

stew[3] n. घोंघे पालनेकी कृत्रिम समुद्री खाई^F; मत्स्यकुण्ड, जीवित मछलियों^{F}को पालनेका तालाब।

steward स्टीऊ'ॲर्ड् n. भाण्डागारिक, भण्डारी, पाकशाला^{F}का बकावल; (संघ, क्लब, कालेज, जहाज आदिके भोजनादि या रसद^{F}का) प्रबन्धकर्त्ता, कार्याधीश; जहाजपरके यात्रियोंका परिचारक, सेवक; (श्रम०) श्रमिक प्रतिनिधि; उपस्थायक, प्रबन्धकर्त्ता, किसी बड़े घराने या जागीर^{F}की सम्पत्ति^{F}का प्रबन्धक, दीवान, कारिन्दा, कारभारी, गुमाश्ता; (प्रदर्शनी^{F}, खेल, घुड़दौड़^{F} आदिका) व्यवस्थापक; T.।

stewardess –डॅस् n. प्रबन्धकर्त्री^{F}, प्रबन्धक महिला^{F}, उपस्थायिका^{F}; भण्डारिन^F, जहाजकी परिचारिका^{F}; दौड़^{F} या मेले आदिकी प्रबन्धक महिला^{F}।

stewardship –ड्'शिप् n. कार्याधीशत्व, उपस्थायकका पद, दीवानी^{F}, प्रबन्धक या प्रबन्धाधिकारी या परिचारकका पद।

stewartry स्टीऊ'ॲर्ट्रि n. (स्कॉट०) = STEWARDSHIP.

stg. Sterling.

sthenia ⊙ स्थे'निॲ n. (चि०) बल, शक्ति^{F}, सक्रियता^{F}।

sthenic स्थे'निक् a. प्रबल, स्फूर्त, क्रियाशील, फुर्तीला।

S.T.I. Sales Tax Inspector.

stibium स्टि'बिॲम् n. सौवीर, यामुन, अंजन, सुरमा।

sticcado स्टिका'डो n. इटलीका काष्ठवाद्य।

stich स्टिक्' n. चरण, छन्द-पंक्ति^{F}, कविता^{F}की पंक्ति^{F}।

stichic –'किक् a. छन्द-पंक्ति-विषयक, कविता^{F}की पंक्ति^{F}से सम्बन्धित, चरणात्मक।

stichomyth, -thia –कॅमिथ, -थि'ॲ n. चम्पू, गद्यपद्यमय संवाद।

stick* स्टिक्' १. n. यष्टि^{F}, लगुड^F, दण्ड, छड़, छड़ी^{F}*, बेंत, लकड़ी^{F}, लाठी^{F}*, सोंटा, डण्डा (*cut a ~ from the hedge*); **पूर**; (संगी०) निर्देश-यष्टि^{F}, संगीतनिर्देशक या बेण्डमास्टरकी छड़ी^{F}, (नौवि०, हास्य०) मस्तूल या मस्तूलकी बल्ली^{F}; (ला०) बुद्धिहीन या साहसहीन या सामाजिकताहीन व्यक्ति, भीरु, दब्बू, दम्मी व्यक्ति; सारंगी^{F} बजानेकी कमानी^{F}, ढोलका डण्डा; कम्पोजिंग^{F}की चोब^F; मिश्री^{F}की डण्डी^{F}, लाखकी बत्ती^{F}, साबुनकी गोल

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डण्डी[F]; वायुयानसे शीघ्र क्रममें फेंके हुए बमोंकी संख्या[F]; चोभा, घोंप; कठिनाई[F], रुकावट[F], रोक[F]; २. v.t. & i. (*stuck*) नोंकदार चीज[F] भोंकना, घुसाना (*will pull out a knife and ~ you*); नुकीली चीज[F] पर जमाना, लगाना, लगना, बैठाना; (बोल०) विशिष्ट स्थिति[F] में रखना (*heads were stuck on spikes of gateway*); विद्ध करना, विंधना, बींधना, चुभना, चुभोना, भोंकना, घुसेड़ना, खोंसना, हूलना, छेदना (*~ the spurs in*); आगेको बढ़ाना, आगेको निकालना या निकलना, बाहरको निकालना; (*~ one's head out of window*); सीधा खड़ा करना या होना, सीधा करना, संलग्न करना या रहना, जमे रहना, साथ जुड़े रहना, लगना, लगाना, चपकना, चपकाना, चिपका रहना, लगा रहना, जोड़ना, जुड़ना, चिमटना, लिपटना, चस्पाँ होना या करना (*this envelope will not ~*); पौधेके सहारे या चढ़नेके लिए टेक[F] लगाना; लकड़ी[F] लगाना; अचल हो जाना, गति[F] खोना, अटक जाना, रुक जाना, न चलना (रगड़न[F], जकड़न[F], हवा[F] के दवाव कम होने या अन्य कठिनाई[F] से); झिझकना, आगा-पीछा करना; कम्पोजिंग[F] स्टिक या टाइप चोवमें टाइप जमाना; Mrs. S~-in-the-mud श्रीमती अमुक; ~-in-the-mud a. अप्रगतिशील, रूढ़िवादी, लकीर[F] का फकीर, मन्द, धीमा, मट्ठर; ~ lac (कृषि०) कच्ची लाख[F]; ~ing-place, ~ing-point (ला० भी) संलग बिन्दु (जहाँपर पेच फँस जाये); ~ing-plaster घावपर चिपक जानेवाला पलस्तर; ~ insect तृणकीट; ~ jaw (आ०) दाँतोंमें चिपकनेवाली मक्खनकी एक मिठाई[F]; ~-rest टिकाऊ छड़[F]; *~ at nothing* किसी भी संकोचके कारण न रुकना, किसीकी परवाह[F] न करना; *~ bills* दीवार[F] पर विज्ञापन चिपकाना; *~ fast* खुब जाना, दलदलमें धँसा होना; *~ in one's throat* बात[F] का मुँहमें ही रह जाना; *~ in the mud* (ज्ञा० एवं ला०) कीचड़में अटके रहना, रूढ़िवादी होना; *~ it on* (आ०) अत्युक्तिपूर्ण वर्णन करना; बहुत अधिक मूल्य माँगना, ज्यादा दाम लेना; *~ it out* or *~ it* (आ०) सहन करना, झेलना, बरदाश्त करना (*could not ~ it any longer*); *~ out for higher price, better terms,* etc. कम मूल्य स्वीकार न करना, ऊँचे दाम माँगना; *~ to it* प्रयत्न न छोड़ना, लगे रहना, डटे रहना, जम जाना; *~ to the point* विचलित न होना, इधर-उधर भटक न जाना; *~ up* ⊙ रोककर लूट लेना; *~ up a target* दण्डायमान करना, सीधा करना; समर्थन करना; *~ up bank, mail-coach,* etc. लूटनेके लिए अधिकारियों, यात्रियों आदिको आतंकित करना, धमकाना; *~ up for* पक्षपोषण करना, हिमायत करना; *~ up to* विरोध करना, सामना करना, किसीके सामने न झुकना, किसीसे न दवना;

~ commander, ~ light, ~ method, ~ pin, ~ seed, ~ sulphur, ~ tail, ~ thinning, ~ weed, ~ wort.

sticker –कॅर् n. चुभानेवाला, भोंकनेवाला, चिपकानेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें), अतिथि, मेहमान, ठहरनेवाला व्यक्ति; धीरे-धीरे रन बनानेवाला और बहुत देर बाद आउट होनेवाला बल्लेबाज; (अमेरिकामें) चिपकनेवाला सूचकपत्र या लेबिल; अरगन बाजेमें आगे-पीछे बढ़नेवाले दो-लीवरों (भारवाहक दण्डों) के सिरोंके बीचमें गति[F] बढ़ानेवाली लकड़ी[F] की डण्डी[F]; pig-~ लम्बे फलका नोकदार चाकू।

stickiness –किनिॅस् n. संलगिता[F], चिपचिपापन, लसलसाहट[F], लस[F], चेप[F]; विरोधवृत्ति[F], अनम्रता[F], आलोचना[F] या निन्दावृत्ति[F]; कष्टप्रदता[F], अप्रियता[F]।

stickit स्टि'किट् a. लग्न, लगा हुआ, चिपका हुआ; प्रयाणाक्षम, प्रस्थान करनेमें असमर्थ।

stickle स्टि'कॅल् १. n. द्रुत प्रवाह, बहाव; २. a. द्रुत, तेज; ढलवाँ; ३. v. i. & t. वाद-विवाद नियमित करना, प्रतियोगिता[F] नियमबद्ध करना; नियमानुसार चलना; मध्यस्थता[F] करना, बीचमें पड़ना, पाँव अड़ाना; वाद-विवाद करना, प्रतियोगिता[F] करना, संघर्ष करना, झगड़ा करना, लड़ना; अति सावधान होना, छोटी-छोटी वस्तुओं[F] का अधिक ध्यान रखना; शान्त करना, झगड़ा, निपटाना।

stickleback स्टि'कॅल्बैक् n. कण्टकपृष्ठ, एक प्रकारकी छोटी मछली[F]।

stickler स्टि'कॅलॅर् n. सामान्य विषयपर विवाद करनेवाला, झगड़ालू, लड़ाका; *~ for* दृढ़ पक्षपोषक, हठी, आग्रहपूर्वक समर्थन करनेवाला या पक्षपोषण करनेवाला या लगा रहनेवाला व्यक्ति, हुज्जती (*is a great, am no, ~ for authority, precision,* etc.)।

sticky* स्टि'कि a. संलागी, लसदार*, (कृषि०) चिपचिपा*, चिपकनेवाला, लसलसा, स्निग्ध, चिक्कण, चिकना; (*~ butter*); निन्दक, अनम्र आलोचक, आपत्ति[F] उठानेवाला, कड़ा, हुज्जती (*he was very ~ about giving me leave*); (आ०) कष्टप्रद, दुःखमय, दुःखद तथा पीड़ादायक (*he'll come to a ~ end*); ~-back संलागी चित्र या फोटो (जिसकी पीठ[F] पर गोंद लगी हो); ~ point (कृषि०) असंलाग बिन्दु।

stiff* स्टिफ् १. n. दुष्प्रबोध, शठ, जड़, मूर्ख; शव, मृतदेह, मिट्टी, लाश; (आ०) विक्रेयपत्र, विनिमयसाध्य या पक्की हुण्डी; २. a. दुर्दमनी, अदम्य, अनम्य, स्तब्ध, अशिथिल, दृढ़, कठोर, कड़ा*; आग्रही, हठी, सख्त, (नौवि०) अडोल, बेलोच, जिद्दी, चीमड़, पक्का, कड़ा, ढीठ (*~ problem, soil*); असुगम, दुर्गम, कठिन, कृत्रिम, निर्जीव, बाधित, रूक्ष, अकरुण, कान्तिहीन, रूखा, फीका; औपचारिक, अभिमानी, दम्भी, घमण्डी, चुप्पा, (*~manners, attitude*); अटकता हुआ, टकराता हुआ, रुकता हुआ, अड़नेवाला (*a~ hinge, piston,* etc.); (शरीरावयव, मांसपेशी आदि) कठिन परिश्रम या मेहनत[F] के कारण दुखनेवाला, दर्द करनेवाला; (बोल०) मृतप्राय, अशक्तप्राय, अतिथकित, चूर-चूर

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(*bore, scare,* ~); दुर्भेद्य, दुर्बोध, गहन, कठिन, दुष्कर, बुद्धि-सापेक्ष, भारी, मुश्किल (~ *examination*); संहत, सान्द्र, घन, गाढ़ा (गारा, लुगदी[F] आदि): अधिक, (~ *price*); ~joint (चि०) सन्धि स्तम्भ, सन्धिग्रह; ~ neck (चि०) मन्यास्तम्भ, वातरोगके कारण अकड़ी हुई गर्दन[F]; ~-necked (ला०) दुर्दमनीय, अदम्य, हठी, अक्खड़, जिद्दी; ~-neckedness (ला०) अदम्यता[F], ऐंठ[F], अकड़[F], ~ neck fever (चि०) मस्तिष्क सुषुम्नाज्वर, गर्दनतोड़ बुखार; *keep a ~ upper lip* (ला०) दृढ़ होना, चरित्रकी दृढ़ता[F] प्रकट करना, साधितक्रम रहना;

~ cell, ~ frame, ~ joint.

stiffen स्टि'फ़ॅन् v.t. & i. दुर्गम बनाना, कठिन बनाना या होना, कठोर बनाना या होना, कड़ा करना या होना, ऐंठ जाना, अकड़ना; अक्खड़ या जिद्दी होना; गाढ़ा करना।

stiffener –नॅर् n. स्तम्भक, स्थिरकर, (रेल०) दृढ़क, कठोर या कड़ा बनानेवाला व्यक्ति या यन्त्र; (परि०) **पुश्तीबान**।

stiffening –निंग् n. स्तब्धकरण, स्तम्भन, कड़ा होना; कड़ा बनानेवाली वस्तु[F] (~ *plate*)।

stiffish –फ़िश् a. कठिन-सा, कठोर-सा, कड़ा-सा; हठी-सा, जिद्दी-सा।

stiffness –फ़्'निॅस् n. अदम्यता[F], (यन्त्र०) **दुर्नम्यता[F]**, स्तब्धता[F], दृढ़ता[F], कठोरता[F], **कड़ापन**; अक्खड़पन; काठिन्य, निर्जीवता[F], रूक्षता[F], रूखापन; दुर्गमता[F], दुष्कार्यता[F]; गाढ़ापन; शक्ति-क्षय।

stifle[1] स्टाइ'फ़्ॅल् v.t. =SMOTHER.

stifle[2] n. (~-*joint* भी) (कृषि०) घुट्टी[F], **घुट्ठा**, घोड़ेका घुटना, चूतड़ और जाँघ[F]के बीच घोड़ेकी पिछली टाँग[F]का जोड़: पुट्ठेका रोग।

stifled –ड् a. घुट्ठेके रोगका रोगी; श्वासावरुद्ध।

stifling स्टाइ'फ़्लिंग् a. स्नेहादिसे आभिभूत करनेवाला; श्वासरोधक, दम घोंटनेवाला, गला घोंटनेवाला, दबा देनेवाला।

stigma स्टिग्'मॅ n. (pl. *-s & -ta*) अपवाद, कलंक, कलंकका टीका, निन्दा, (शिक्षा०) **दूषण, लक्षण**, लांछन, धब्बा, बट्टा, बदनामी[F]; (वन०, जीव०) **नेत्रबिन्दु, प्रकाश बिन्दु**; (प्रा०) (अपराधी, दास, गुलाम आदि परका) दहन-चिह्न, दगा हुआ चिह्न, धब्बा, दाग; (कृषि०, वन०) **वर्तिकाग्र, स्टिग्मा**; कुक्षि[F]; रजपात्र, रजकोष, स्टिग्मा; (निदान०) त्वचा[F]का लाल धब्बा; त्वचा[F]परका धब्बा जिसमें समय-समयपर रक्तस्राव हो जाता है; (ईसा०) ईसाई साधक असीसीके संत फ्रांसिसके तथा अन्यके शरीरपर ईसा मसीहकी शूली[F]के क्षतिचिह्नोंके अनुरूप चिह्न।

stigmatic, stigmatose –मै'टिक्, –'मॅटोस aa. कलंकी, कलंकपूर्ण, निन्दापूर्ण; (वन०) **वर्तिकाग्री**, (~ *head*); (भौ०) **बिन्दुक, बिन्दवीय**, लांछनयुक्त, कलंक-सम्बन्धी; दहनचिह्नयुक्त, दागदार; कुक्षि-सम्बन्धी (~ *area*)।

stigmatism –'मॅटिज़्म् n. (चि०) नीलाञ्छनता[F]; चिह्नयुक्तता[F]; (भौ०) **बिन्दुकता[F], बिन्दुबीयता[F]**, दृष्टि स्वस्थता[F]।

stigmatist –टिस्ट् n. ईसा मसीहके समय क्षत-चिह्न-युक्त व्यक्ति या ईसाई सन्त।

stigmatization –टाइज़े'शॅन् n. कलंकीकरण, दोषारोपण, अपमान, निरादर, निन्दा[F], निन्दाकर्म; (चि०) त्वचा[F]के नीलाञ्छनके दाग।

stigmatize –मॅटाइज़् v.t. कलंकित करना, शरीरपर सम्मोहनके द्वारा कलंक उत्पन्न करना, छाप[F] बनाना, दाग लगाना; निन्दात्मक रूपसे वर्णन करना, अपमानसूचक शब्द प्रयोग करना, निन्दा[F] करना, कलंकका टीका लगाना, बुरा-भला कहना, बदनाम करना (*shall not ~ him as he deserves*)।

stigmatose –टोस् a. =STIGMATIC.

stigmatosis –'सिस् n. शबल त्वग्दाह, चित्तीदार त्वचाशोथ।

stigmonose ⊙ –स्टिग्'मॅनोस n. (वन०) **बिन्दुकार्ति, दाग**।

stikke स्टि'कि n. टेनिसका-सा एक खेल, स्टिकी।

stile[1] स्टाइल् n. सोपान-श्रेणी[F], सीढ़ी[F], पैड़ी[F], बाड़[F] आदिको पार करनेके लिए बनी हुई सीढ़ियाँ[F] अड़डण्डा, अड़ाड़[F] (*help lame dog over ~*); (जीव०) शूक।

stile[2] n. दरवाजेकी चौखट[F]के जड़ावमें खड़ी छड़[F], लर[F]।

stiletto स्टिले'टो १. n. (pl. *-s, -es*) (चि०) सूची-मुख-शलाका[F]; छोटा छेद बनानेका नोकदार औजार; छोटा-सा खंजर या कटार[F]; २. v.t. छुरा भोंकना, खंजर भोंकना।

still[1]* स्टिल्' १. n. निःशब्दता[F], अपार नीरवता[F], निस्तब्धता[F], शान्ति[F], चुप, सन्नाटा, खामोशी[F] (*in the ~ of night*); **अचल चित्र, स्थिर वस्तु-चित्र**, अगतिक चित्र, (चलचित्र नहीं), तस्वीर[F], फोटो; २. v. t. & i. प्रशमित करना, शमन करना, शान्त करना, निःशब्द या चुप करना, (क्व०) शान्त होना, तृप्त होना या करना, ठण्डा करना या होना, स्थिर करना, या होना, धीमा करना, ठहराना, ठहरना, (*when the tempest ~s*); चुआना, टपकाना, खींचना; ३. a. निस्तब्ध, मूक, मौन, नीरव, निःशब्द, गतिहीन, गति-शून्य, स्तिमित, प्रशान्त, निष्चेष्ट, स्थिर, शान्त, निश्चल, निष्कम्प, अचल, अटल, ठहरा हुआ, बँधा, थमा हुआ, चुप, चुपचाप*, खामोश (*a ~evening*); ४. adv. अद्यप्रभृति या आज पर्यन्त, अभी तक भी, अब तलक, आजतक; तदपि, तथापि, इसपर भी, तो भी, फिर भी, तिसपर भी, दूसरी ओर, बावजूद इसके; निरन्तर, सर्वदा, सदा, सतत रूपसे, बराबर, लगातार, हमेशा, आदतन; (प्रा०) तदुपरान्त, उसके बाद भी, उस समय तक, तब तक, तभी, तभी तक, तब या अब ~ birth (कृषि०, चि०) मृत-जन्म, **मृतप्रसव**, मृत शिशुका जन्म,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~-born (वि०) जातमृत, **मृतजात, मुर्दा-पैदा,** मृत अवस्थामें उत्पन्नः ~small voice अन्तर्ध्वनि^{F}, आन्तरिक पुकार^{F}, भीतरकी आवाज^{F}; ~-life चित्रों आदिमें निष्प्राण जीवन, जड़ पदार्थ;

~-admired, ~-fish (v.), ~hunt (n.) ~-hunt (v.), ~-life (a.), ~ meditation, ~photograph, ~ photography, ~ room.

still[2] १. n. वकयन्त्र, आसोत्र, (रसा०, चि०, प्रा० भू०) **आसवन-यन्त्र** (~ *head*), आसव खींचनेका भभका; २. v.t. (का०) स्रावित करना, खींचना, बूँद बूँद^{F} चुआना; भभकेसे आसव या अर्क उतारना, (मदिरा^{F}) खींचना; ~-room आसोत्र-गृह, आसव खींचनेका कमरा; बड़े घरमें गृहरक्षकका भण्डार।

stillage स्टि'लिज् n. सामानके लिए चौकी^{F}।

stillatitious स्टिलॅटि'शॅस् a. बिन्दुस्रावी, बिन्दुच्यावी, बूँद-बूँद^{F} टपकनेवाला, बूँद-बूँद^{F} रिसनेवाला।

stillatory –'लॅटॅरि n. =DISTILLER; LABORATORY.

stiller स्टि'लॅर् n. प्रशामक व्यक्ति, शान्तिकर्ता आदमी।

stilliform स्टि'लिफ़ॉर्म् a. बिन्दाकार, बिन्दु-सदृश, बिन्दु-जैसा, बूँद-जैसा।

stilling, stillion स्टि'लिंग्, स्टि'ल्यॅन् nn. मटकेकी टेकन^{F}।

stillness स्टिल्'निॅस् n. निस्तब्धता^{F}, निःशब्दता^{F}, नीरवता^{F}, शान्ति^{F}, शान्तता^{F}, निश्चेष्टता^{F}, निश्चलता^{F}, निष्कम्पता^{F}, मन्दापन, धीमापन, सन्नाटा, चुप^{F}, खामोशी^{F}।

stilly स्टिल'लि a. (का०) स्तब्ध, निश्चल, अचल; निःशब्द, नीरव, शान्त, मौन, चुपचाप, खामोश।

stilt स्टिल्ट्' १. n. पादयष्टि^{F}, पाददण्ड, घोड़ा, पावाँसा, बैसाखी^{F}, डगर^{F}; (~-*bird* या ~-*plover* या ~-*walker* भी) टिटिभ, टिटिहरी^{F}, लमटंगा पक्षी; २. v.t. ऊँच करना, उठाना; ~palm जटा-ताल; ~root (वन०) **जटामूल,** T.; *on~s* (शा० एवं ला०) स्फीत, उठा हुआ; उच्चध्वनिविशिष्ट, शब्दाडम्बरपूर्ण।

stilted -'टिड् a. पाददण्डयुक्त; पैरदार (~ *arch*); ऊँचा उठा हुआ; स्फीत, उच्चध्वनिपूर्ण, शब्दाडम्बरपूर्ण, लच्छेदार, (साहित्यक शैली^{F} आदि); सीधे खड़े खम्भोंवाला (महराब)।

stiltedness –निॅस् n. स्फीतता^{F}, स्फीति^{F}, उभार, उठाव; शब्दाम्बरपूर्णता^{F}, असारता^{F}।

Stilton स्टल्'टॅन् n. Huntingdonshire के ~ नामक स्थानके नामपर बना बढ़िया किस्का पनीर।

stimie स्टाइ'मि n. =STYMIE.

stimulant स्टि'म्यूलॅन्ट् १. n. प्ररोचन, उत्तेजक पदार्थ या तत्त्व या उत्तेजक खाद्य या पेय; उत्तेजक ओषधि^{F}; २. a. (चि०, श०, र० शा०) **उद्दीपक,** (कृषि०) **उत्तेजक,** उत्तेजनकारी, चेतनोत्तेजक, चेतनावर्धक (~ *medicine*); भड़कानेवाला, जोश दिलानेवाला।

stimulate –लेट् v. t. स्फूर्ति^{F} देना, अनुप्राणित करना, **उत्तेजित करना,** उत्साह देना, प्रोत्साहित करना, प्राण फूँकना, चेतना^{F} प्रदान करना, उद्दीप्त करना, उद्दीपन करना, उत्तेजक पदार्थका प्रयोग करना, उकसाना, उभाड़ना, बढ़ावा देना।

stimulating, stimulative –लिंग्, –'म्युलॅटिव् aa. स्फूर्तिप्रद, उत्तेजनाकारी, उद्दीपक, उत्तेजक, प्रोत्साहक, चेतनावर्द्धक, उकसानेवाला, भड़कानेवाला।

stimulation –ले'शॅन् n. उद्दीपना^{F}, (चि०) **उद्दीपन,** प्ररोचना^{F}, उत्तजन, (~ *fatigue*), उत्तेजना^{F}, प्रेरणा^{F}, प्रोत्साहन, संजीवनीशक्तिसंचार, उकसावा, भड़काव, उभाड़।

stimulative 'म्यूलॅटिव् a. =दे० STIMULATING.

stimulator –लेटॅर् n. उद्दीपक, उत्तेजक, उत्तेजनकर्त्ता, उकसाने या उभाड़नेवाला।

stimulatory –लॅटॅरि a. =STIMULATING.

srimulus लॅस् n. (pl. -*s*) स्फूर्तिप्रद, उत्तेजक, कार्य-प्रेरक, चेतनावर्द्धक वस्तु^{F} (*so lethargic that no ~ affects him*); उत्तेजना^{F}, प्रोत्साहन, (जीव०) **उद्दीपन,** (चि०) उद्दीपन, **उद्दीप्ति^{F},** उत्तेजक प्रभाव, प्ररोचना^{F}, उकसाहट^{F}, भड़काव, उभाड़ (*under the ~ of hunger*); अंकुश, ताड़ना^{F}; (वन०) दंश, चोभा, कोंचा, काँटा; उद्दीपक, उत्तेजक, प्रवर्त्तक, स्नायुओं^{F}में गति^{F} उत्पन्न कर देनेवाली वस्तु^{F}; (ईसा०) पादरीकी छड़ी^{F} या डण्डेकी नोक^{F}; ~ of milking पसान;

~ attitude, ~ factor, ~ word.

stimy स्टाइ'मि n. & v. t. =STYMIE.

sting स्टिन्ग्' १. n. (कृषि०, जीव०) दंश, डंक; साँप आदिका विषदन्त; पौधोंका शूल या काँटा; दंशन, डंक मारनेका घाव या डंककी पीड़ा^{F}, डंक मारनेका प्रभाव या गुण; (ला०) मर्म, वेदना^{F}, क्लेश, शरीर या मनकी उग्र पीड़ा^{F}; स्फूर्ति^{F}, शक्ति^{F}; तीव्रता^{F}, तेजी^{F} (*a jest with a ~ in it*), २. v.t. & i. (*stung*) दंशन करना, डंक मारना, काटना, डंकसे घाव करना (*a bee stung him, his finger*); मनोभावोंको आहत करना, उग्र मानसिक या शारीरिक पीड़ा^{F} उत्पन्न करना, पीड़ित करना, काटना, चुभोना, जलाना, खटकना (*pepper ~s one's tongue*); (किसीके शरीर-अवयवका) उग्र पीड़ा^{F}का अनुभव करना, दुखना, दर्द होना (*my hand ~s*); डंक होना, डंक मारने योग्य होना (*some bees do not ~*); (आ०) व्यय करनेको बाध्य होना, चपत^{F} पड़ना, खर्च मत्थे पड़ना, खर्च पड़ना, छला जाना, ठगा जाना, फँस जाना (*he was stung for a fiver*); करना ⊙; ~-nettle बिच्छू पौधा।

stinger –'गॅर् n. डंक मारनेवाला, उग्र पीड़ा^{F} उत्पन्न करनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); पीड़ाप्रद प्रहार, जोरका हाथ।

stinginess –'जिनिॅस् n. (दर्श०) **कृपणता^{F},** कार्पण्य, कंजूसी^{F}, सूमपन।

stinging –स्टिन्'गिंग् १. n. दंशन, डंक मारना; २. a. दंशी, डंक मारनेवाला (~ *fly*); कटु, कड़ुआ, तीत; ~ apparatus (जीव०) **दंश उपकरण।**

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

stingless –ग्'लिॅस् a. दंशविहीन, बेडंक, बिना डंकका; विषदन्तहीन; उग्रपीड़ारहित; अतीव्र, मन्द।

stingo स्टिन्'गो n. (प्रा०) तेज बीयर या शराब^{F}।

stingy स्टिन्'जि a. कदर्य, क्षुद्र, कृपण, बद्धमुष्टि, कंजूस, सूम, मक्खीचूस, खसीस।

stink स्टिन्क्' १. n. पूतिगन्ध^{F}, पूति^{F}, तीव्रगन्ध^{F}, दुर्गन्ध^{F}, कुवास^{F}, बदबू^{F}; (pl. प्रा०) रसायन, प्राकृतिक विज्ञान; २. v.t. & i. (p. *stank*, *stunk*, p.p. *stunk*) तीव्र गन्ध^{F} छोड़ना, वास^{F} आना, दुर्गन्ध^{F} छोड़ना, बदबू^{F} करना, उवासना, उवसना, गन्धाना; (प्रा०) दुर्गन्ध^{F} पाना, बदबू^{F} लेना (*can ~ it a mile off*); ~-ball, ~-bomb विषाक्त गैसोंवाला बम, बदबूदार गोला; ~pot दुर्गन्धपात्र, बदबू^{F}का डब्बा, (जिसमें कोई बदबूदार चीज^{F} रखी हो); (~-*ball* भी) कुत्सित जीव, सड़ियल आदमी, किसी व्यक्ति या वस्तु^{F}के लिए गाली^{F}; ~-trap बदबूरोक, मोहरी^{F}की बदबू^{F} रोकनेवाला ढक्कन; ~ *of money* (प्रा०) सम्पन्नता^{F}के लिए कुख्यात होना, धनकी दुर्गन्ध^{F} आना, दौलत^{F}की बू^{F} आना; ~ one *out* किसीको दुर्गन्धसे भगा देना;

~ bird, ~ bug, ~ damp, ~ horn, ~ stone, ~ weed, ~ wood.

stinkard स्टिन्'कॅर्ड् n. असभ्य व्यक्ति, अशिष्ट व्यक्ति, गँवार आदमी, गन्दा आदमी, बदतमीज आदमी।

stinker स्टिन्'कॅर् n. दुर्गन्धपात्र; दुर्गन्धी, दुर्गन्ध^{F} फैलानेवाला व्यक्ति या वस्तु^{F}; एक बदबूदार बड़ा समुद्री पक्षी; (प्रा०) उत्तेजक, अपमानजनक, तीखा या कड़ा उत्तर, खिजानेवाला पत्र (*I wrote him a ~*)।

stinking –किंग् a. गर्हणीय, घृण्य, आपत्तिजनक, अप्रिय, निन्द्य, खिजाने या खटकनेवाला, नापसन्द; (विशे० पशुओं या पौधोंके नामके रूपमें प्रयुक्त) पूतिगन्धी, दुर्गन्धपूर्ण, बदबूदार (~ *weed*); ~ smut or bunt कलगेहूँ, बन्टा।

stint स्टिन्ट्' १. n. परिमिति^{F}, नियमन, परिसीमन, प्रयत्न और मात्रा^{F}का सीमाबन्धन, सप्लाई^{F} या कोशिश^{F}-की कमी^{F}; किसी वस्तु^{F}का नियत या निरूपित परिमाण, मर्यादा^{F}, निश्चित कार्य, कार्यकी सीमा^{F}, हद्द^{F}; कोयलेकी खान^{F}की खुली हुई सतह^{F}का क्षेत्र; SANDPIPER जाति-का लाल पीठवाला रेगिस्तानी पक्षी; २. v.t. खर्व करना, सीमाबद्ध कर देना; (प्रा०) अवरुद्ध करना, उठा देना, बन्द करना, ठप्प करना, रोक देना; कम भत्तेपर रखना, कमी^{F}में रखना, भूखा रखना (~one*self* or person or animal *in* food etc.); कम मात्रा^{F}में देना, मुँह बनाकर देना, खीजकर देना, थोड़ा-थोड़ा देना, कंजूसी^{F}के साथ (रसद^{F}) देना (~ *food*); *laboured without* ~ दिल खोलकर परिश्रम किया।

stinted –'टिॅड् a. परिमित, सीमित, प्रतिबन्धित, मर्यादित, नियमित, अवरुद्ध।

stion स्टिॅअन् n. (कृषि०) भेंट^{F}।

stipe, stipes स्टाइप्', स्टाइ'पीज् n. (वन०, जन्तुवि०) वृन्तक, उद्वृन्त, (वन०) छत्रवृन्त, डण्ठल, डण्डी^{F}।

stipel स्टाइ'पॅल् n. (वन०) अनुपत्रक, अनुपर्णक; अनुपत्र।

stipellate –लॅट् a. (वन०) अनुपर्णकयुक्त; अनुपत्रिल।

stipend स्टाइ'पॅन्ड् n. वृत्तिका^{F}, वृत्ति^{F}, छात्रवृत्ति^{F}, शिष्यवृत्ति^{F}, भृति^{F}, वेतन, पारिश्रमिक, निर्धारित भत्ता, वजीफा, तनख्वाह^{F}।

stipendiary स्टाइ(स्टि)पे॰न्'डिॲरि n. & a. वृत्तिक, वृत्तिकाग्राही, वृत्तिभोगी, वृत्तिग्राही; वैतनिक, वेतन-भोगी, वज़ीफेदार, वजीफा पानेवाला (~ *nurse*, *student*); ~ magistrate वैतनिक दण्डनायक, वैतनिक दण्डाधिकारी, (गृहसचिव द्वारा नियुक्त बड़े नगरोंका) वृत्तिभोगी पुलिस मजिस्ट्रेट।

stipiform, stipitiform स्टाइ'पिफ़ॉर्म्, स्टि'पिटिफ़ॉर्म् aa. वृन्तक, छत्रवृन्त, उद्वृन्त-सदृश, डण्डी-जैसा।

stipitate स्टि'पिटॅट् a. वृन्तक, पुष्पवृन्तयुक्त, (वन०) छत्रवृन्ती, छत्रवृन्तीय, उद्वृन्त-सम्बन्धी, डण्डीदार, डण्डी^{F}का।

stipple स्टि'पॅल् १. n. उत्कीर्णन, चित्रण, रँगना, पेण्टिंग^{F}; बिन्दूत्कीर्णन; उत्कीर्ण वस्तु^{F}, चित्रित पदार्थ; चित्रित करने या रँगनेकी कूँची^{F}; २. v.t. & i. बिन्दू-त्किरण करना, बिन्दी-बिन्दी नक्काशी^{F} करना; (किसी वस्तु^{F}, पट्टी^{F}को) बिन्दुच्छादन करना, बिन्दुओंसे अंकित करना, बिन्दियाँ^{F} बनाना (~ *engraver*)।

stippled –ड् a. बिन्दूत्कीर्ण, बिन्दी-बिन्दीवाला।

stippler –लॅर् n. बिन्दुकार, बिन्दीकार, बिन्दी-बिन्दी नक्काशी^{F} करनेवाला।

stippling –लिंग् n. (चि०) विवर्णन, विवर्णता^{F}, बिन्दु-अंकन-कला^{F}, (इति०) बिन्दुचित्रण, बिन्दूत्कीर्णन, नुक्ताकारी^{F}, बिन्दी-बिन्दी नक्काशी^{F} (~ *tool*), गुदना।

stipula स्टि'प्यूलॅ n. (वन०) = STIPULE.

stipulaceous –ले'शॅस् a. उपपर्णयुक्त, अनुपत्रयुक्त।

stipular, stipulary, stipulate[1] –'प्यूलॅर्, –रि, –लॅट् aa. उपपर्ण-सम्बन्धी, (वन०) अनुपत्रित, अनुपत्रीय, पर्णमूल-सम्बन्धी, डण्ठलदार, डण्डीदार (~ *flower*, *thorn*)।

stipulate[2] स्टि'प्यूलेट् v.t. & i. (~ *for*) अनुबद्ध करना, (का०) अनुबन्ध करना, समझौता करना या सौदा करना, बन्धेज करना; समझौतेकी आवश्यक शर्त^{F}पर बल देना; प्रतिज्ञा^{F} करना, शर्त^{F} लगाना, बदना, तय करना, ठहराना।

stipulated –टिॅड् a. अनुबद्ध, अभिसंविदित, प्रतिज्ञात, निर्दिष्ट, नियत, संकेतित, निरूपित, तय (~ *period*, ~ *service*)।

stipulation[1] –ले'शॅन् n. प्रतिज्ञा^{F}, अनुबन्ध, अभि-संविदा^{F}, ठहराव, संकेत, शर्त^{F}, करार।

stipulation[2] n. अनुपत्र-क्रम, डण्ठलकी बनावट^{F}।

stipulative –'प्यूलॅटिव् a. -निरूपित; ~ definition (दर्श०) स्वनिर्दिष्ट परिभाषा^{F}।

stipulator स्टि'प्यूलेटॅर् n. अनुबन्धक, प्रतिज्ञा^{F} करने-वाला, शर्त^{F} करनेवाला, करार करनेवाला।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

stipule स्टि'प्यूल् n. (वन०) अनुपत्र, पत्रमूल, पर्णमूल, डण्ठल, डण्डी^{F}।

stipuliform –'लिफ़ॉर्म् a. अनुपत्राकार, अनुपत्रवत्।

stir[1] स्टर्' १. n. संक्षोभ, विक्षोभ, क्षोभ, उत्तेजना^{F}, घबराहट^{F}; विप्लव, उपद्रव, आन्दोलन, हलचल^{F}, गड़-बड़ी^{F}, चहल-पहल^{F}, दौड़धूप^{F}, सनसनी^{F}, हड़बड़ी^{F}, खल-बली^{F}, हुल्लड़, उधेड़बुन^{F}, हंगामा (*full of ~ and movement*); हलकी-सी मोड़^{F}; (रसा०) विलोड़न, आलोड़न, विचालन, मन्थन, गति^{F}, हरकत^{F} (*give the fire a ~*); २. v.t. & i. आलोड़ित करना, विचालित करना, चालित करना, गतिशील करना या होना, गति^{F} देना, चलाना, हिलाना, चलना, हिलना, सरकना, डोलना, हरकत देना (*sit without ~ring a foot, leg,* etc.); प्रोत्साहित करना, अनुप्राणित करना, आन्दोलित करना, प्राण फूँकना, जागृत करना, प्रेरित करना, उठाना; (रसा०) क्षोभन करना, उकसाना, भड़काना, जान^{F} फूँकना (*~ up strife*); *~ one's blood* उत्साहित करना, झकझोरना, उठाना, जोश दिलाना, भड़काना, उभारना; *~ one's wrath, bile,* etc. क्रुद्ध करना, क्रोध भड़काना, उकसा देना या गुस्सा पैदा करना; *~ up* उत्तेजित करना, हिला देना, चलाना, फेंटना, एकमेल करना; *~ your stumps* (बोल०) शीघ्रता^{F} करना, जल्दी करना, जल्दी-जल्दी चलना।

stir[2] n. (ग्रा०) बन्दीगृह, कारागार, कैदखाना, जेल^{F}।

stirk स्टर्क्' n. (बोल०) वर्षभरका बछड़ा या बछेड़ा।

stirless स्टर्'लिस् a. निश्चल, स्थिर, गतिहीन, अचंचल।

stirps स्टर्प्स' n. (कानून) जनक, पुरखा; (प्राणिवि०) उपकुल।

stirrer स्ट'रॅर् n. चालक, विचालक, (रसा०, भौ०) विलोडक, चलानेवाला, हिलाने-डुलानेवाला; उत्तेजक, प्रोत्साहक, उकसाने या भड़कानेवाला।

stirring –रिंग् १. n. विचालन, (रसा०) विलोडन (*~ rod*); २. a. प्रक्षोभी, स्फूर्त, स्फूर्तिमय, फुर्तीला; उद्दीपक, स्फूर्तिदायक, उकसानेवाला;

~ apparatus, ~ device, ~ machine, ~ rod.

stirrup स्टि'रॅप् n. पादधारणी^{F}, पदाधान, रकाब^{F}; (नौवि०) पालको खोलने-लपेटनेमें काम आनेवाली छेद-युक्त रस्सी^{F}; (स्था०, यन्त्र०) छल्ला; *~ bone* (चि०) वलयक, पदाधानास्थि^{F}; *~-cup* सवारको दिया गया प्याला; *~-iron* बिना चमड़ेकी रकाब^{F}; *~-leather* रकाब लगानेका चमड़ा, रकाबका तस्मा।

stitch* स्टिच्' १. n. तीव्र (पार्श्व) शूल, सूचीवेधनसम तीव्र पीड़ा^{F}, (बगल^{F}का) जोरका दर्द; सीवन, तोपा, तुरपा, टाँका*, बखिया^{F} (*if one ~ gives the rest will*); टाँका लगाने या सिलाई^{F} आदिका ढंग (*am learning a new ~*); २. v.t. & i. सीवा-करण करना, प्रसीवन करना, सिलाई^{F} करना, सीना, टाँका लगाना, तुरपना, बखिया^{F} करना; *a ~ in time saves nine* वक्तका एक टाँका बेवक्तके सौ टाँकोंसे बढ़कर है; *drop a ~* (कसीदाकारीमें) एक टाँका छोड़ देना; *has not a dry ~ on him* सिरसे पैरतक भींगा हुआ है; *~ up* फिरसे सी देना, फटे कपड़ेकी मरम्मत करना।

stitcher –'चॅर् n. सीवक, प्रसीवक, सिलाई^{F} करनेवाला, टाँका लगानेवाला, सीवायन्त्र।

stitchery –रि n. सीवन, प्रसीवन, सिलाई^{F}का काम, सुई^{F}का काम।

stitching n. सीवन, प्रसीवन, सिलाई^{F}, टाँका लगाना (*~ machine*)।

stithy स्टि'दि n. (ग्रा० एवं का०) लुहारखाना, लुहारकी भट्ठी^{F} या दुकान^{F}; निहाई^{F}, अहरन।

stiver स्टाइ'वॅर् n. छोटेसे छोटा सिक्का, मुद्रा^{F}-विशेष।

Stn. Station.

S.T.O. Sales Tax Officer; Sub-Treasury Officer.

stoat[1] स्टोट्' n. बभ्रुद्युति^{F}, नेवलेकी जाति^{F}का जन्तु।

stoat[2] v.t. (फटे कपड़े या उसकी कोरको) गफ करके सीना (ताकि उसके टाँके दिखाई न दें)।

stochastic स्टकैस्'टिक् a. (सांख्य०) यादृच्छिक (*~ progress*), T.।

stock स्टॉक्' १. n. वाणिज्य-वस्तु^{F}, (वाणि०, अर्थ०) स्टॉक, (व्यापार या व्यवसाय आदिकी) सामग्री^{F}, सामान, माल, (अर्थ०, वाणि०) शेष माल; (मिलों^{F}, फैक्टरियों^{F}का) कच्चा माल; संचय, संग्रह, कोष, स्कन्ध, (अर्थ०) भण्डार; मूल, मूलधन; (जीव०) वंशमूल, वंश-स्रोत, कुलोद्गम, गोत्र, वंश, कुल, कुटुम्ब, परिवार, नस्ल^{F}; (कृषि०) पशुधन, ढोर-डगर (*~ breeding*); हत्था, दस्ता, मूठ^{F}, मुठिया^{F} (किसी औजार या मशीन^{F}की); (कृषि०) मूलवृन्त, स्कन्ध, कुन्दा, (कृषि०) धड़, तना, प्रकाण्ड, काण्ड, डण्डी^{F}, वृक्षका ठूँठ; सुगन्धित फूलोंवाला पौधा; (pl. इति०) काठ, लकड़ी^{F}की टिकठी^{F} या शिकंजा (जिसमें अपराधियोंको पाँव फँसाकर बैठाये रखा जाता था); चमड़ेकी चौड़ी कड़ी पट्टी^{F}; (pl.) स्थाणु, थूनी^{F}; वल्ली^{F}, बनते समय जहाजको ऊपर उठाये रखनेवाले शहतीर; भट्ठी^{F}में पकायी हुई बहुत ही बढ़िया ईंट^{F}, बड़े आवाँमें पकायी हुई ईंट^{F} (*malm ~*); (वित्त) राष्ट्रऋण, सरकारी ऋण या उधार (*has money, £ 50,000, in the ~s*); निधि^{F}, अंशपूँजी^{F}, संचित राशि^{F}, कम्पनी^{F} या कारपोरेशनका मूलधन; (गुण०) संचित, तैयार पड़ा हुआ, जमा (*~ argument, poke*); (pl.) (कृषि०) अरगड़ा; (परि०) पीठिका^{F}, जागवान; २. v.t. & i. (बन्दूक^{F} आदिमें) कुन्दा लगाना, दस्ता लगाना; (इति०) काठमें पाँव फँसा देना; (दुकान^{F}में) सम्भरण करना, सामान भरना; संचय करना, संचित करना, जमा करना, बटोरना, जोड़ना, आवश्यक सामग्री^{F} जुटाना (*a well-~ed larder, library,* etc.) (पशुशाला^{F}में) पशु तथा सामान आदि देना, भण्डार या गोदाममें सामग्री^{F} रखना (*we do not ~ the out*

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sizes); घास[F] उगाना, भूमि[F] में फसल[F] पैदा करना, चारेसे भर देना या छा देना; closing ~ (वाणि०) **इतिशेष-माल, रहतिया**; opening ~ (वाणि०) **अथ शेष-माल**; fat ~ खाद्य मांसके लिए वध करने योग्य पशु; ~-breeder (कृषि०) **पशुधन प्रजनक**, पशुपालक, अवि-पाल, मवेशी पालनेवाला; ~broker स्कन्धमध्यग, कम्पनी[F]के हिस्सोंका दलाल, शेयरदलाल, स्टॉकदलाल; ~broking स्कन्ध-क्रयविक्रय, स्टॉकदलाली[F]; ~character **रूढ़पात्र**; ~ company स्कन्ध-मण्डली[F], थियेटर आदि चलानेके लिए अर्द्धस्थायी प्रमण्डल या कम्पनी[F]; ~dove तरुकपोतक, यूरोपीय जंगली कबूतर; ~ exchange, ~-market ⊙ (विधा०) **श्रेष्ठि-चत्वर**, स्कन्धविपणि[F], कम्पनी[F]के हिस्सों (शेयरों) के क्रय-विक्रयका स्थान, (वाणि०) शेयर बाजार, ऋणपत्रकी सट्टेबाजी[F]का स्थान, सर्राफा, स्टॉक एक्सचेंज; (अर्थ०) फाटका; ~-farmer पशुपालक, मवेशी पालनेवाला; ~fish सूखी काड जाति[F]की मछली[F]; ~-holder स्कन्धभागी, स्कन्धधारी, हिस्सेदार, शेयर-होल्डर; **माल रखनेवाला**, (अर्थ०) **स्टाकधारी, स्टाकधारक**; ~-in-trade किसी व्यवसायकी आवश्यक सामग्री[F], माल, सामान; (वाणि०, अर्थ०) **बिक्री[F]का माल, माल पोटे**; पण्यस्कन्ध; (ला०) धन, पूँजी[F] (*the politician's ~-in-trade of a dozen catchwords*); ~ jobber स्टॉकका सट्टा खेलनेवाला, सर्राफ; स्कन्ध-वणिक, कम्पनी[F]के हिस्सों (शेयरों) का क्रय-विक्रय करनेवाला व्यक्ति, स्टॉकदलाल; ~jobbing कम्पनी[F]के पत्रोंका क्रय-विक्रय, स्टॉकका सट्टा; स्टॉकदलाली[F]; ~list स्कन्धसूची[F], सर्राफेके भावोंकी फिहरिस्त[F], स्टॉकमूल्यसूची[F]; ~man स्कन्धक; (आस्ट्रेलिया) पशुपाल, पशुधनपाल, पशुशाला[F]का कर्मचारी, मवेशियोंकी देखभाल[F] करनेवाला; ~-market स्कन्ध-विपणि[F], सर्राफा[F] या सर्राफेका बाजार, स्टॉक एक्सचेंज; ~-pot हड्डियों[F]का शोरवा रखनेका बर्तन; ~rider (आस्ट्रेलिया) भेड़ों[F]के खुले बाड़ेका चरवाहा; ~-still निश्चल, स्थिर, शान्त, मूर्तिवत्, अटल; ~s and stones निर्जीव वस्तुएँ[F], बेजान चीजें[F]; आलसी व्यक्ति; ~ subway (परि०) **पशु-गलियारा**; ~-taking स्कन्धमूल्यन, सामग्री-अन्वीक्षण, **माल-पड़ताल[F], माल जाँचना, स्टाक लेना**, मालकी सामयिक परीक्षा[F] या पड़ताल[F] या हिसाब; ~yard पशुओंका बाड़ा; *buy, hold,* ~ हिस्सेका मालिक होना, स्टॉककी पूँजी[F]पर ब्याज लेनेका अधिकार होना, स्टॉक खरीदना; *comes of a good* ~ उत्तम परिवारमें उत्पन्न हुआ है, अच्छे खानदानका है; *have in* ~ तैयार रखना, भण्डारमें भरना; *is on the S~ Exchange* लन्दनके स्टॉक एक्सचेंजका सदस्य; *on the ~s* (जहाज) निर्माणाधीन, निर्माण-स्थिति[F]में, बनता हुआ; ~ *up* **कुन्दे लगाना**; *take* ~ स्कन्ध या स्टॉककी जाँच[F] करना; *take* ~ *in* (ला०) किसी कार्य या वस्तु[F]से अपना सम्बन्ध जोड़ना; *take* ~ *of* (ला०) किसी वस्तु[F]के चरित्र या गुण आदिका अनुमान करनेके लिए जाँचना, परखना; विश्वास करना, इत्मीनान करना ⊙;

~ account, ~ article, ~ ballance, ~ ~ bill, board, ~ book, ~ breeding, ~ brush, ~ certificate, ~ character, ~ control, ~ depot, ~-feeder, ~ figure, ~ head, ~ house, ~ inspection, ~-keeper, ~ ledger, ~ limit, ~ list, ~-map, ~-mapping details, ~ mixture, ~ mortgage, ~ note, ~-owner, ~ piles, ~-piling, ~ position, ~ proof, ~ rail, ~ rates, ~ receipt, ~ register, ~ return, ~ room, ~ section, ~ seed, ~ shot, ~ situation, solution, ~ ~ supervisor, ~ taking, ~ valuation, ~ verification, ~ verifier, ~ warrant.

stockade स्टॅकेड़' १. n. बाड़ा, आड़[F], लकड़कोट, मोर्चा, सीधी खड़ी लकड़ियों[F]का बना हुआ घेरा; २. v.t. लकड़ियाँ[F] गाड़कर आड़[F] बनाना, घेरा बनाना, मोर्चा खड़ा करना।

stocked ⊙स्टॉक्ड़' a. सम्भृत, संचित।

stockholm tar स्टॉक्'होम् टार् n. एक गोंददार तारकोल, (परि०) **स्टाकहोम तारकोल**।

stockiness स्टॉ'किनॅस n. हृष्टपुष्टता[F], गठीलापन।

stockinet, -nette स्टॉ'किनेॅट्, -नेॅट् n. बनियान[F] आदिके लिए प्रयुक्त लचीला कपड़ा; **छोटा कुन्दा**, स्टाकीनेट।

stocking[1] स्टॉ'किंग् n. पादत्र, पादावरण, लम्बा मोजा, बड़ी जुर्राब[F] (~ *frame, machine*); elastic ~ मोजेकी भाँतिका शल्यचिकित्सकका यन्त्र; white ~ घोड़ेकी टाँग[F]का निचला सफेद भाग; ~-feet जूते उतारकर ली गयी ऊँचाई[F] फुटोंमें।

stocking[2] n. संचयन, (जीव०) **संग्रहण**, (वाणि०) **माल इकट्ठा करना**।

stockinger स्टॉ'किंगॅर् n. मोजे बुननेवाला।

stockingless –ग्'लिॅस् a. बिना मोजेके।

stockish स्टॉ'किश् a मूढ़, मूर्ख, अशिष्ट, असभ्य, गँवार, उजड्ड, बुद्धू, बदतमीज।

stockishness –निॅस् n. मूढ़ता[F], मूर्खता[F], गँवारपन।

stockist स्टॉ'किस्ट् n. स्कन्धभागी, स्कन्धधारी, भांडारी, माल भरनेवाला, **स्टॉकिस्ट**।

stockless –क्'लिॅस् a. स्कन्धहीन, स्कन्धरहित, बिना ठूँठका, बेकुन्दा, बिना मुठिया[F] या दस्तेका।

stocky, stuggy –कि, स्ट'गि aa. (बोल०) हृष्टपुष्ट, स्थूल, नाटा और सुगठित शरीरवाला; (वन० तथा जन्तु-वि०), गठीला (~ *plant*)।

stodge स्टाज़् १. n. (स्कूली ग्रा०) गरिष्ठ भोजन; भोज, भरपेट भोजन, दावत[F]; भुक्खड़, पेटू, खानेवाला; २. v.t. & i. भकोसना, भुक्खड़की भाँति खाना।

stodginess स्टॉ'जिनॅस् n. अपच्यता[F], गरिष्ठता[F]; परिपूर्णता[F], भरपूरपन; नीरसता[F], तथ्यपूर्णता[F]।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

stodgy –जि a. अपाच्य, गरिष्ठ (भोजन); परिपूर्ण, भरपूर, भरा हुआ, फूला हुआ (थैला, बटुआ आदि); तथ्यपूर्ण, नीरस, अत्यधिक तथ्यों या सूचनाओंF से भरपूर (पुस्तकF, शैलीF आदि)।

stoep स्टूप्' n. बरामदा, ओसारा, बरण्डा।

stogy ⊙, **-gie** स्टो'गि, -गि n. एक प्रकारका भारी जूता या बूट; लम्बा खराब ढंगका सिगरेट।

stoic[1] स्टो'इक् n. निर्लिप्त, निःसंग, निस्पृह, जितेन्द्रिय, उदासीन, विषयविरागी, समबुद्धि, स्थितप्रज्ञ, आत्मसंयमी, उदासी, साधक या तपस्वी (~ *philosopher, doctrines*); ३०८ ई० पू० एथेंसमें जीनो (Zeno) द्वारा संस्थापित सम्प्रदायका दार्शनिक।

stoic[2], **stoical** –कॅल् a. जितेन्द्रिय, निःसंग, निस्पृह, विषयविरागी, समबुद्धि, उदासीन, उदासी; स्टोइक-सम्बन्धी।

stoichiology स्टाएकिऑ'लॅजि a. (चि०) ऊतिकोशा-विज्ञान, शरीरतन्तुशास्त्र, देहतत्त्वविज्ञान।

stoichiometry –मि'ट्रि n. (रसा०) तत्त्वयागमितिF, देहतत्त्वमितिF, शरीरतन्तुमापन।

stoicism स्टो'इसिज़्म् n. तितिक्षावाद, उदासीनतावाद, निस्पृहताF, वैराग्य, इन्द्रियजय, आत्मसंयम, समत्व, संन्यासवृत्तिF, सम-बुद्धिF, स्थितप्रज्ञाF, उदासीनताF; स्टोइकवाद।

stoke स्टोक्' v.t. & i. (इंजिनकी) भट्ठीFमें कोयला डालना, कोयला झोंकना; (भट्ठीFको) ईंधन द्वारा उद्दीपित करना, प्रज्वलित करना, प्रचण्ड करना, भड़काना, ईंधन या कोयला आदि झोंककर जलाये रखना; (ला०; बोल०) भकोसना, भखना, जल्दी-जल्दी निगलना; ~hole, ~hold अंगारकक्ष, (नौवि०) भट्ठीघर, भट्ठीFका कमरा (जिसमें स्टीमरकी आग जलती रहती है)।

stoker स्टो'कॅर् n. आंगारिक, आगवाला, इन्धनदाता, भट्ठीFमें कोयला झोंकनेवाला, T.।

stoking –किंग् n. (नौवि०, यन्त्र०) कोयला झोंकना।

stole[1] स्टोल्' n. उत्तरीय वस्त्र विशेष, ईसाई धार्मिकोंकी पोशाकF, गर्दनFके पिछले भागसे कन्धेपर और नीचे घुटनों तक लटकती हुई रेशमF या किसी दूसरे कपड़ेकी पट्टीF; (रोम०, पुरा०) प्राचीन रोमन महिलाFका ऊपर ओढ़नेका चोगा, लबादा।

stole[2] STEAL का भूतकालिक रूप।

stole[3] n. = STOLON.

stolen STEAL का भू० कृ०।

stolid स्टॉ'लिड् a. निर्बोध, दुराग्रही, हठी, निष्ठुर, कठोर, निरावेग, नीरस, निर्जीव, स्फूर्तिहीन, उत्साहहीन, अरसिक, अभावुक, हृदयहीन, निष्क्रिय, अचेत, जड़, आलसी, सुस्त, ठस, जिद्दी, भोंदू, अल्हड़।

stolidity स्टॅलि'डिटि n. निर्बोधताF, निष्ठुरताF, कठोरताF, हठीपन, नीरसताF, निर्जीवताF, अरसिकताF, हृदयहीनताF, निष्क्रियताF, मट्ठरपन, भोंदूपन, अल्हड़पन।

stolidness स्टॉ'लिड्-निॅस n. = STOLIDITY.

stolon, stole स्टो'लॉन्, स्टोल्' n. भूमिFके नीचे उगनेवाली सेवारFकी पत्तियोंसहित बेलF, विरोह, (वन०,कृषि०) विरोहक, पेड़की बड़ी झुकी हुई शाखाF; (जन्तुवि०) जड़Fकी भाँति फैली हुई वस्तुF, T.।

stolonate, stoloniferous –लॅनॅट्, –नि'फ़ॅरॅस् aa. विरोहयुक्त, विरोहसम्बन्धी, शाखावाला।

stoma स्टो'मॅ n. पर्णमुख; श्वास-रन्ध्र, (वन०, कृषि०) रन्ध्र, वदन, मुख, मुँह, T.।

stomach* स्ट'मॅक् १. n. पाकस्थलीF, (जीव०, चि०) जठर*, (जीव०, चि०, श०र०शा०, कृषि०) आमाशय, मेदा*; (शिथिलतः) उदर, पेट; (कुछ पशुओंमें) अनेक आमाशयोंमेंसे एक; क्षुधाF, भूखF; प्रवृत्तिF, उत्साह, तत्परताF, रुचिF, चाहF, शौक, हिम्मतF, दम (*had no ~ for the fight*); दर्प, औद्धत्य; २. v.t. खानेमें स्वादिष्ट लगना, अच्छा लगना, स्वादसे खाना, गले उतारना; (ला०) (अपमान आदिका) सहन करना, बरदाश्त करना (*can not ~ it*); coat of the ~ आमाशयका आमयुक्त अन्तरावरक, मेदेकी भीतरी झिल्लीF; high ~ दर्प, औद्धत्य, घमण्ड, गरूर; pit of the ~ आमाशय खात; proud ~ दर्प, अभिमान, घमण्ड, अकड़; ~-ache उदरशूल, पेटका दर्द; ~-pump आमाशयको खाली करनेका पम्प, स्टमक पम्प; *what a ~ he has got!* उसकी कितनी बड़ी तोंदF है;

~ bed, ~ cancer, ~ digestion, ~-formed, ~-poison, ~ preparation, ~-shaped, ~-sick, ~ tooth, ~ ulcer, ~-weary, ~-worn.

stomachal –कॅल् a. आमाशय-सम्बन्धी, मेदेका।

stomacher स्ट'मॅचॅर् n. स्तनावरण, १५वीं से १७वीं सदीFमें स्त्रियोंFकी चोलीF, अँगियाF।

stomachful स्ट'मॅक्-फ़ुल् n. पेटभर।

stomachic –मै'किक् १. n. पाचक या क्षुधावर्द्धक ओषधिF; २. a. जाठर, आमाशय-सम्बन्धी; क्षुधावर्द्धक, अग्निवर्द्धक,पाचनशक्तिवर्द्धक,पाचक, भूखF बढ़ानेवाला।

stomachless –मॅक्लिॅस् a. आमाशयहीन; क्षुधाहीन, बिना भूखके; स्वादहीन; स्फूर्तिहीन, उत्साहहीन।

stomata स्टॅमे'टॅ n. (कृषि०, वन०) रन्ध्र, T.।

stomatal –टॅल् a. (वन०) रन्ध्रीय;

~ apparatus, ~ frequency, ~ index, ~ movement, ~ slit, ~ transpiration.

stomatitis स्टॉमॅटाइ'टिस n. (कृषि०, चि०) मुख-शोथ, मुखार्तिF।

stomato- मुख- (~*gastric*)।

stomatology स्टॉमॅटॉ'लॅजि n. (चि०) मुखरोग विज्ञान, मुखविज्ञान।

stomium ⊙ स्टोमिॲम् n. (वन०) स्फुटन मुख; मुख, वदन, मुँह, T.।

stone* स्टोन्' १. n. अश्म, शिलाF, (वन०) प्रस्तर, पाषाण, कंकड़, पत्थर*, बटइयाF, गिट्टीF, ढेला, पत्थरका टुकड़ा (*built of great ~s*); (प्रायः *precious* ~) रत्न, बहुमूल्य पत्थर, मणि, जवाहर आदि (*no ~ in it worth less than £ 100*); भवन-निर्माण आदिकी

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामग्रीF के रूपमें प्रयुक्त शिलाF या पत्थर, संग (*built of* ~); (निदान०) कड़ेपनमें पत्थरके समान मूत्राशयादि-में बननेवाली कोई वस्तुF, अश्मरीF, पथरीF; (वन०) अष्टिF, अछीला, फलोंकी (वन०) गुठलीF, अंगूरका बीज; अण्डकोष; करका, उपल, बनौरीF, ओला, ओलेकी पथरीF (*hailstorm with ~s as big as marbles*); चौदह पौण्डका भार, मछलीF की ८ पौण्डकी, पनीरको १६ पौण्डकी तौलF, स्टोन (~ *of meat* etc.) २. v.t. पत्थर जड़ना या बैठाना, पत्थर जमाना; पथरियाना, पत्थर मार-मारकर मार डालना (~ *to death*); (फलकी) गुठलियाँF निकालना; ३. a. प्रस्तरनिर्मित, पत्थरका बना; ~ age पाषाण युग, पाषाण-काल; ~ apple बिल्व; artificial ~ सीमेण्टी पत्थर, कंकरीट; ~ bow (इति०) गुलेलF; ~-blind सम्पूर्ण अन्ध, निपट अन्धा, बिल्कुल अन्धा; ~-cast पत्थर फेंके जानेकी दूरीF; ~-cold प्रस्तरवत् शीतल, बिल्कुल ठण्डा; ~crop शैलरुहाF, चट्टानF या दीवालF पर उगनेवाला पौधा, पत्थरचेल; ~-dead पूर्णतः मृत, बिलकुल मुर्दा, बिलकुल ठण्डा; ~-deaf नितान्त बधिर, बिलकुल बहरा; ~-fly अश्म-पतंग, प्रस्तरकीट, पत्थरोंके नीचे पाया जानेवाला एक कीड़ा; ~-fruit अष्टिफल, (कृषि०) गुठलीF वाले फल, गुठलीदार फल (बेर आदि); ~-horse (प्रा०) बीजाश्व, साँड़ घोड़ा (अर्थात् जो बधिया न किया जाय); ~man समाधिF के आकारमें पत्थरोंका ढेर; ~-mason राजमिस्त्री, प्रस्तर-गृह-निर्माता, पत्थरोंके भवन बनानेवाला; ~-oil मट्टीF का तेल; ~-pine अष्टिसरल, दक्षिणी अफ्रीकाका देवदार-विशेष; ~wall v.t. & i. पार्लियामेण्टF की कार्य-वाहियोंF में बाधाF डालना, रुकावटF डालना; क्रिकेटमें रुकावटी बल्लेबाजीF करना (जिसमें हिटF जरा भी न लगानी पड़े); ~ware प्रस्तरपात्र, पत्थरचीनीF के बर्तन; ~ weed पुरुसन्धिF; ~wort मूलाश्म, पत्थरचट्टा पौधा; *break ~s* सड़कF कूटनेका काम करना, पत्थर तोड़कर पेट भरना अर्थात् बहुत ही निर्धन हो जाना; *cast, throw, ~s* or *a ~ at* (शा०) ढेले बरसाना, पत्थर मारना; (ला०) दोषारोपण करना, अपराध लगाना, चरित्रपर लांछन लगाना, इल्जाम लगाना; *give a ~ and a beating to* (मूल० घुड़दौड़F का प्रा०) आसानीF-से मार ले जाना, पछाड़ देना, आगे बढ़ जाना या निकल जाना; *give a ~ for bread* सहायताF के बहाने हँसीF उड़ाना, भिक्षाF में पत्थर देना; *harden into ~* पथराना, पत्थर बनाना या बनना; पाषाणहृदय बनाना या बनना; *leave no ~ unturned* प्रत्येक सम्भव साधन-की परीक्षाF कर लेना, कोई कोशिशF उठा न रखना, अपने सब उपाय कर देखना; *mark with a white ~* आमोद-प्रमोदका दिन स्थिर करना या समझना; *those who live in glasshouses should not throw ~s* सूप बोले तो बोले छलनी क्या बोले जिसमें हजार छेद;

~-arched, ~ axe, ~ bird, ~ black, ~ boat, ~ bramble, ~-breaking, ~-bruise, ~canal, ~ cell, ~ celt, ~ chat, ~ circle, ~ collar, ~-covered, ~-cutter, ~ drain, ~ drill, ~-eyed, ~-falcon, ~ fish, ~ flag, ~ flagging, ~ gall, ~ garland, ~ ginger beer bottle, ~ green, ~ grey, ~ grinding, ~ grinding mill, ~ head, ~-hearted, ~ idol, ~-implements, ~ inscription, ~-liver, ~-marten, ~ masonary, ~ metal, ~ money, ~ nets, ~-pitching, ~-plover, ~ polygons, ~ pumice, ~ quarry, ~ rings, ~ river, ~-roller, ~ ~ root, ~ shot, ~ware, ~ware acid funnel, ~ware acid jug, ~ware bottle, ~ware funnel, ~ware jar, ~-ware pipe, ~ waste, ~work, ~ yard.

stoned –ड्' a. प्रस्तरयुक्त, पत्थरका; गुठलीदार।

stoneless –न्'लिॅस् a. प्रस्तरहीन, बिना पत्थरका; बिना गुठलीF का।

stoner –नॅर् n. प्रस्तर-क्षेप्ता, पत्थर फेंकनेवाला।

stoniness –निनिॅस् n. प्रस्तरपूर्णताF, पथरीलापन; प्रस्तरबहुलताF, प्रस्तरमयताF, पाषाणाच्छन्नताF, पथरीला-पन; निर्दयताF, स्थिरताF, कठोरताF, कड़ापन।

stony –नि १. n. प्रस्तरावृत, प्रस्तरमय, प्रस्तराकीर्ण, प्रस्तरबहुल, उपलसंकुल, प्रस्तर या पाषाण निर्मित, पाषाणयुक्त, (प्रा० भू०) आश्मिक (~ *meteorite*), पाषाणाच्छन्न, पत्थरोंभरा, पत्थरका, पथरीला, पत्थरोंसे ढँका हुआ; स्थिर, अचल, अडिग, प्रस्तरवत्, कड़ा, पथराया हुआ, पत्थरकी भाँति; निष्ठुर, कठोर, निर्दय, हठी; कट्टर; (वन०) अष्टिल, गुठलीदार; २. adv. पूर्ण-रूपेण, पूरी तरह, बिल्कुल; ~-hearted a. निष्ठुर, निर्मम, वज्रहृदय, कठोर हृदय; ~ layer (वन०) वज्र परतF।

stooge स्टूज़्' १. n. विमानशिक्षार्थी, उड़ना सीखने-वाला व्यक्ति; प्रतिनिधि; उपहास्य वस्तुF या व्यक्ति, हँसीF का पात्र ⊙; २. v.t. इधर-उधर या चारों ओर घूमना।

stook[1] स्टुक्' n. गट्ठर, बोझ।

stook[2] v.t. गट्ठर बाँधना, बोझ बाँधना।

stool स्टूल्' १. n. काष्ठासन, पीठ, तिपाईF, नीची बेंचF, चौकीF, पीढ़ा, मोंढ़ा, मचियाF, टेकF, स्टूल, (स्था०) खिड़कीF के नीचेकी चौखटF; (चि०) मलजीवाणु (~ *culture*); खुड्डीF, मलत्याग करनेका स्थान; उच्चार, विष्ठा, (चि०) पुरीष, मल, पाखाना, टट्टीF, (*go to* ~); (कृषि०) मूलपादप, मूड़, पौधेकी जड़F या ठूँठ (जिससे कल्ले फूटते हैं); अड्डा, लकड़ीF का टुकड़ा (जिसपर एक चिड़ियाF इसलिए टाँग देते हैं ताकि दूसरी चिड़ियाँF आकर फँस जायँ); २. v.t. (प्रा०) मलत्याग करना, टट्टीF जाना, पाखाना करना या होना; जड़F से ही टह-नियाँF या कल्ले निकालना; ~ ball क्रिकेटकी तरहका एक पुराना खेल; ~ examination (चि०) मल-परीक्षाF; ~ of repentance पश्चात्तापका स्थान;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

fall between two ~s साँप-छछूँदर[F]की गति[F] होना, दुविधा[F]में पड़ना।

stooling –लिंग् n. (कृषि०) प्ररोह निकलना।

stoop[1] स्टूप्' १. n. नति[F], नमन, झुकाव, कन्धोंको या शरीरको झुकाकर चलनेका स्वभाव; (प्रा०) बाजका झपट्टा, झपट[F], झपेट[F]; २. v.t. & i. अपना सिर और कन्धे झुकाकर चलना; अवनत होना, नमन करना, मस्तक झुकाना, झुकना, सिर नवाना; (ला०) अपनेको नीचा या क्षुद्र बनाना, किसी कामके लिए गौरवको छोड़ना, अपनी मर्यादा[F]से नीचेका काम करना, किसी ओछे कामपर उतर आना; (पीपेको) आगेकी ओर झुका देना या टेढ़ा करना; (बाज आदिका, परि०; प्रा०, का०) झपटना, झपट्टा मारना, टूट पड़ना, गिरना; front ~ ⊙ अगली सीढ़ियाँ[F], ~ *to conquer* अपनेको हीन बनाकर दूसरेपर विजय[F] प्राप्त करना, दबकर या झुककर काम निकाल लेना।

Stoop[2] n. (यन्त्र०) (घरके सामनेका खुला) चबूतरा, घड़ा।

stoop[3] n. जलपात्र, गंगाझारी[F], लोटा।

stooping स्टूपिंग् १. n. नति[F], नमन, अवनमन, झुकाव; २. a. नत, प्रवण, नतांग झुकनेवाला।

stoor[1] स्टुअॅर्' n. आक्रमण, युद्ध, लड़ाई[F]; जनसम्मर्द, भीड़-भड़क्का[F], कोलाहल, खलभल[F], हलचल[F]; धूलि[F], धूल[F]।

stoor[2] v.t. & i. उत्तेजित करना, उत्साहित करना; पात्रान्तरित करना, उँडेलना; बादल बनना, बादल बनकर उड़ जाना।

stoor[3] a. (प्रा०) = STOUR[2].

stop- रोध-, रोधन- (*~cock, ~-collar, ~-cylinder, ~-drill, ~-gap, ~-order, ~ plate, ~-press, ~-valve, ~-volley, ~-watch*)।

stop[1] स्टॉप् n. रोधन, अवरोधन, स्तम्भ, विष्टम्भ, रोध, प्रतिबन्ध, नियन्त्रण, **निरोध, विराम**, बन्धन, बाधा[F], स्थिति[F], ठहराव, **रोक**[F], अटकाव, रुकावट[F]; अड़ाव, बन्दिश[F] (*put a ~ to*); (परि०) **स्थाम**; विराम-चिह्न; विच्छेद, निवृत्ति[F], विश्रान्ति[F]; यति; (संगी०) वाद्ययन्त्रमें तारको दबानेके कारण स्वरारोहमें परिवर्तन, (अरगन बाजेमें) पिधान, संछद, एक ही प्रकारके नलोंके परदे (जो कि बाजेकी छोटी खूँटी[F]से चलाये जाते हैं); (ला०) (विशेष प्रभाव डालनेके लिए प्रयुक्त) एक विशेष प्रकारकी भाषण-पद्धति[F], बोलनेका खास ढंग, वाग्भंगिमा[F], लहजा (*can put on* or *pull out the pathetic, blustering, virtuous*, etc. *~ at will*); खूँटा, खूँटी[F], आड़[F]; (प्रकाश०, फोटो०) व्यवधि[F] डायफ्राम; (ध्वनि०) स्पर्श; (नौवि०) मस्तूलके निचले सिरेका आगे निकला हुआ भाग; बाँधनेके काम आनेवाली रस्सी[F] या डोरी[F]; full ~ पूर्ण विराम; ~cock शिखिपिधा[F], वृत्त रोधनी[F]; (रसा०, यन्त्र०) **रोधनी**[F], **रोक टोंटी**[F]; पानीकी टोंटी[F], ~ consonant स्पर्श (वर्ण); ~gap स्थानापन्न, अस्थायी प्रबन्ध, सामयिक उपाय; ~gap relief **कामचलाऊ सहायक; कामचलाऊ सहायता**; ~ over **मध्य विश्राम**; ~-press (छपाई[F] आरम्भ हो जानेके पश्चात् पत्रमें सम्मिलित किये गये) देरके समाचार, छपते-छपते; ~-watch विराम घड़ी[F] (जिसे स्वेच्छापूर्वक बन्द कर सकते और चला सकते हैं); ~-watch work समयपरक कार्य; (अर्थ०) **कालनिष्ठ कार्य, घड़ी[F]की सुइयों[F]पर होनेवाला काम**;

~ advice, ~block, ~board, ~ booking, ~ butt, ~ clock, ~-collar, ~ cylinder, ~ hound, ~ indicator, ~-key, ~-knob, ~ light, ~-loss, ~-order, ~ point, ~ ring, ~ screw, ~ signal, ~-valve, ~-volley, ~ work.

stop[2]* v.t. & i. प्रतिरोध करना, (गति[F] आदि) अवरुद्ध करना, पूरी तरहसे गति[F] या प्रगति[F] या क्रिया[F]को अटकाना, बाधा[F] देना, मना करना, रोकना* (~ *progress* etc.); स्थगित करना, हटा देना, काट देना, उड़ा देना, बन्द करना, मना करना, मनाही[F] करना (*shall ~ your wages*); रुद्ध करना, मार्ग अवरुद्ध करना, अभेद्य बनाना, बन्द करना, भर देना, मना करना, डाट लगाना, रास्ता रोकना; श्वासावरोध करना, दम घोंटना, गला घोंटना; घावका स्राव रोकना, खून बन्द करना; बेलाके तारको उँगली[F]से दबाकर इच्छित सुर निकालना, बेला बजाना; विरमण करना, समाप्त होना, अन्त होना, बन्द होना, ठहरना*, रुकना*, थमना, खत्म करना (*he ~ped in the middle of a sentence; my watch has ~ped*); गतिरोध उत्पन्न करना, चलनेसे रोकना, (अपने कामको) रोक देना, छोड़ देना, बन्द करना; रुद्ध होना, अड़ जाना, अटकना, (बोल०) प्रवास करना, अस्थायी रूपमें ठहरना, रहना, टिकना, होना (*shall ~ in bed, at home*); (व्या०) विराम-चिह्न लगाना (*a badly spelt ~ped letter*); (नौवि०) (बड़े रस्सोंको) कसकर बाँधना, जकड़ना; ~ *a gap* अस्थायी रूपसे काम आना या काम चलाना; ~ *a tooth* दाँतमें (सोने आदिकी) भराई[F] करना; ~ *a wound* घावमें रेशम आदि भरकर रक्त बहना बन्द करना, ~ *by* ⊙ = LOOK (IN); ~ *dead* or *short* एकाएक रुक जाना, एकदमसे रुक जाना; ~ one's *ears* कानोंमें उँगलियाँ[F] दे लेना, कान बन्द करना; अनसुनी करना, एक न सुनना; ~ one's *mouth* (ला०) मुँह बन्द करना, घूस[F] आदि देकर चुप कर देना, जबान बन्द करना; ~ *one* (प्रा०) मारा जाना, गोली[F]से उड़ाया जाना; ~ one's *breath* साँस[F] रोक देना, गला घोंटना, दम घोंटकर मार डालना; ~ *payment* ऋण आदि भुगतान करनेमें अपनी असमर्थता[F]की घोषणा[F] करना, दिवाला निकाल देना; ~ *payment of a cheque* बैंकवालोंको किसी चेकके बदलेमें रुपया न देनेका आदेश देना; ~ *the way* रुकावट[F] डालना, प्रगति[F]में बाधक होना; ~ *thief* ! चोरको रोको ! ~ *up* शयन न करना, बिस्तरपर न जाना, जागते रहना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

stope स्टोप् n. निखनन, खात, खड्डा ।

stopless स्टॉप्'लिस् a. अवरोधरहित, प्रतिबन्धमुक्त, विरामशून्य; विरामचिह्नरहित; स्वरारोह-परिवर्तनसे मुक्त; बिना खूँटी[F]के; स्पर्शरहित ।

stoppage –'पिज् n. स्तम्भ, विरति[F], विराम, रोध, अवरोध, समाप्ति[F], बन्द, रोक[F], अटक[F], (रेल०) रुकना, रोकने या बन्द करनेका कार्य; निषेध, अस्वीकृति[F]; प्रतिबन्ध, बाधा[F]; रुद्ध अवस्था[F], रुकाव, ठहराव, थमाव ।

stopped –प्ड्' a. परिस्तब्ध, रुद्ध, बन्द (*~chamfer*) रुका हुआ ।

stopper –'पॅर् १. n. रोधक, अवरोधक, बाधा[F] डालनेवाला, रोकनेवाला, बन्द करनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); पिधा, पिधान; रोध, (रसा०, यन्त्र०) (बोतलकी) डाट[F], डाट[F], ठेपी[F]; (नौवि०) रस्सा, आँकड़ा, दुहरा पंजा आदि जकड़नेका सामान; २. v.t. डाट[F] लगाना; जहाजको रस्से या बन्दसे जकड़ना; *put a ~ on* किसी वस्तु[F] पर रोक[F] लगा देना ।

stopping –पिंग् n. निरोधी; निरोध; रोधन, स्तम्भन, रोक[F]; (सोना, पारा; सीमेण्ट[F] आदिकी) दाँतमें भराई[F], (यन्त्र०) भराई[F];

~ distance, ~ potential, ~ power.

stopple स्टॉ'पॅल् १. n. बोतल या किसी दूसरे बर्तनकी डाट[F] या ठेपी[F]; २. v.t. डाट[F] लगाना ।

storable स्टोअँ'रॅबॅल् a. संचेय, संग्रहणीय, संरक्षणीय, संचित करने या जमा करने योग्य, भण्डारमें भरनेका ।

storage –रिज् n. भण्डार, संग्रह-स्थान, संचय-स्थान, गोदाम; (वन०, इंजी०, चि०) संग्रह, संग्रहण, अर्जन, संचय, संचयन, सामग्री-संचय, संग्रह करनेकी रीति[F], माल भरनेका तरीका; संग्रहागार-भाटक, मालभराई[F]का कर या महसूल, गोदाम-प्रभार, गोदाम-भाड़ा; cold ~ शीत-संग्रहण, हिमीकारक (रिफ्रिजरेटर) में खाद्यान्नोंका संग्रह, ~ capacity संचायन-क्षमता[F], (रेल०) संचायन-धारिता[F], संग्रह-धारिता[F];

~ accommodation, ~ agents, ~ battery, ~ bin, ~ cell, ~ chamber, ~ charge, ~ dam, ~ depot, ~ effect, ~ facilities, ~ godown, ~ jar, ~ leaf, ~ life, ~ losses, ~ organ, ~ product, ~ reservoir, ~ roots, ~ space, ~ stock, ~ tank, ~ tissue, ~ vat, ~ wastage.

storax स्टोअँ'रैक्स् n. शिलारस, शिलाजीत, सिल्ह, T. ।

store* स्टोअँर्' १. n. संग्रहागार, भण्डार*, (कृषि०) गोदाम; साधारण दुकान[F] ⊙ (*book-~*); (अर्थ०) भण्डार, कोठी[F], विक्रयागार, सामग्री[F] बेचनेवाली बड़ी दुकान[F], (कृषि०) स्टोर; संगृहीत वस्तुएँ[F], सामग्री[F], सम्भार, वस्तुओं[F]का सम्भरण या अभावपूरण, विशेष प्रकारकी संचित वस्तुएँ[F] (*naval ~s*); राशि[F], निधि[F], ढेर; विपुलता[F], प्रचुरता[F], बाहुल्य, अधिकता[F], भरापुरापन, संचित सामग्री[F], किसी वस्तु[F]का संचय, संग्रह, भण्डार, बहुतायत[F], जखीरा (*has ~*); (गुण०) भविष्यमें प्रयोग करनेके लिए सुरक्षित, संचित, रक्षित, रखनेका; २. v.t. संचय करना, संग्रह करना, आपूर्ण करना, भरना, भरपूर करना, (प्रायः ज्ञानसे या इसी प्रकारकी वस्तु[F]से) (*~ your mind with facts*); भविष्यमें प्रयोग करनेके लिए संचित करना, ढेर लगाना, जमा करना (*~ up saying in* one's *heart*); गोदाममें रखना, (गोदाममें) लकड़ी[F]का सामान रखना या भरना, सम्हाल रखना; (किसी पात्रका) सफाई[F] रखना, अमाना, गुंजाइश[F] रखना; ~cattle रक्षणीय या रखनेके पशु (जिनको अभी वध करनेके लिए तैयार नहीं किया जा रहा है); ~ clothes ⊙ तैयार कपड़े, बने बनाये कपड़े; ~ house संग्रहागार, आगार, संग्रहालय, कोष, कोष्ठ, भण्डार, भण्डार-घर; कोठी[F], कोठार, गोदाम[F]; ~ house man भण्डारी; ~ keeper भण्डारी, भण्डारपाल, ⊙ कोठारी, कासब; ~-room संग्रहागार, संग्रह-कोष्ठ, भाण्डार-गृह, भण्डारघर, घरमें सामानका कोठा; भण्डार-कक्ष, भण्डार कमरा; ~ yard संग्रहांगण; *in ~* सुरक्षित; तैयार रखा हुआ; भाग्यमें लिखा हुआ, होनेवाला, अभी आनेवाला, किस्मत[F]में; *set ~ by* बहुमूल्य या महत्त्वपूर्ण गिनना, महत्त्व या मूल्य प्रदान करना, ऊँचा या कीमती[F] मानना (*set no great ~ by*);

~ account, ~ assistant, ~-branch, ~-clerk, ~ department, ~ depot, ~ grain, ~ issued, ~-keeping branch, ~ ledger, ~man, ~master, ~ peon, ~ price, ~ register, ~ rule, ~s account, ~s directorate, ~-shed, ~s officer, ~s sheet, ~ stock book, ~ survey.

stored –ड्' a. संचित, संगृहीत (*~ energy, ~ food*) ।

storer –'रॅर् n. संचेता, संगृहीता, संरक्षक, भण्डारी ।

storey, story ⊙ स्टोअँ'रि, स्टोअँ'रि (pl. *-eys*) n. खण्ड, भूमि[F], स्तर, खन, तल (*~ rod*), तल्ला, मंजिल[F] (*a house of five ~s*); ~-post ऊपरकी छत[F] या दीवाल[F]की कड़ी[F]को सम्हालनेका सीधा खम्भा; upper ~ or ~s (ला०) मस्तिष्क, भेजा, दिमाग, मग्ज ।

storeyed, storied –रिड्, –'रिड् a. खण्डवाला, तल्ला, मंजिला, मंजिलवाला ।

storiated स्टोअँ'रिएटिड् a. चित्रित, सचित्र सजावटी (*~ title page*) ।

storied स्टोअँ'रिड् a. इतिहासप्रसिद्ध, कथाप्रसिद्ध, इतिहास या पुरानी कथाओं[F] या कहानियों[F]से सम्बन्धित; इतिहास या प्राचीन कथाओं[F]के प्रतीक चित्रोंसे सजा हुआ ।

storiette स्टोअँरिऐट्' n. लघु कथा[F], अत्यन्त छोटी कहानी[F] ।

storing स्टोअँ'रिंग् n. संचयन, (कृषि०) संग्रहण (*~ of seeds*); कोठा भरना, स्टोर भरना ।

storiologist स्टोअँरिऑ'लॅजिस्ट् n. लोककथाविद्, लोक-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कथाशास्त्री ।

storiology –जि n. लोककथा-विद्या^{F}, लोककथा-शास्त्र ।

stork स्टॉक्' n. क्रौंच, महावक, धनेश, सारस पक्षी, लकलक ।

storm स्टॉर्म्' १. n. वात्या^{F}, (प्रा० भू०) प्रवात, महावात, प्रभंजन, (प्रा० भूगोल) झंझावात, प्रचंड वायु^{F}, बवण्डर, झंझा, (कृषि०) तूफान, अन्धड़, झक्कड़, तेज आँधी^{F} (*cyclonic* ~); पूर, बाढ़^{F}; संक्षोभ, विप्लव, उपद्रव, युद्ध, आन्दोलन, आक्रमण, कलह^{F}, धावा, झगड़ा, हलचल^{F}, लड़ाई^{F}, गड़बड़, बलवा, फसाद, हंगामा; कोप-गर्जना^{F}, दहाड़; तीर, गोली^{F}, पत्थर आदिकी बौछार^{F}, वर्षा^{F}, वाह-वाही^{F}की बौछार^{F}; सी-सी^{F}की आवाज^{F}; दुर्गादिपर सीधा आक्रमण या धावा या चढ़ाई^{F}; लंघन, आक्रमणके द्वारा विजय-अधिकार, कब्जा; (निदान०) रोगका उद्रेक; लक्षणों-का अल्पकालिक तीव्र प्रकोप; २. v.t. & i. (आँधी^{F}, वर्षा^{F} आदिका) प्रचण्ड या उग्र रूप धारण करना, तेज होना, जोरसे चलना या बरसना; उग्रतापूर्वक बातचीत^{F} करना, तूफान उठाना, क्रुद्ध होना, बिगड़ना, बकना-झकना, नाराज या गुस्सा होना; आँधी^{F}की भाँति गरजना, डाँटना, घुड़कना, बिगड़ना, फटकारना, लताड़ना, ताव दिखाना; दुर्गादिको एकाएक धावा बोलकर हथिया लेना, कब्जा कर लेना; ~-beaten वात्याहत, प्रभंजनग्रस्त, तूफानका मारा; (ला०) संकटापन्न, संकटग्रस्त, पराजित, हारा हुआ; ~-belt प्रचण्ड वायुवाले भूप्रदेश, तूफानी भूखण्ड; ~bound तूफानके कारण बन्दरगाहपर बँधा हुआ या रुका हुआ जहाज; ~-centre झंझाकेन्द्र, वात्याकेन्द्र, चण्डवातकेन्द्र, तूफानकेन्द्र (जहाँपर आँधी^{F} सबसे अधिक वेगसे चक्र बनाती हुई ऊपरको उठती है); (ला०) उपद्रव या आन्दोलनका केन्द्रबिन्दु, मूल समस्या^{F}, झगड़ेकी जड़^{F}; ~-cloud झंझामेघ, वात्यामेघ, तूफानी बादल, बड़े जोरसे बरसनेवाला बादल; विप्लवकी पूर्वस्थिति^{F}, उपद्रवके लक्षण, उत्पात या गड़बड़के चिह्न; ~-cone वात्याशंकु, (ऋतु०) तूफान-शंकु, तूफानका निशान (जो चेतावनी^{F}के लिए खड़ा किया जाता है); ~-drum वात्याशंकुके पास ही रखा, भावी भयंकर प्रभंजनका सूचक वेलन; ~ overflow (चि०) बरसाती उमड़^{F}; ~-proof झंझा-सह, झंझारोधी; ~-tossed (शा० एवं ला०) वात्याग्रस्त, वात्यान्दोलित, तूफानमें घिरा हुआ; विप्लवग्रस्त, उपद्रव-ग्रस्त, संकटापन्न, आन्दोलित, मुसीबत^{F}में फँसा हुआ; ~ waters (प्रा० भू०) संक्षुब्ध जल; ~ *in teacup* प्यालेमें तूफान, छोटी-सी बात^{F}पर बड़ा होहल्ला; *take by* ~ एकाएक आक्रमण करके अधिकार कर लेना, एक दम कब्जा कर लेना; (ला०) श्रोतागण या किसी व्यक्तिको शीघ्र ही अभिभूत कर लेना, जीत^{F} लेना;

~-armed, ~ axis, ~ beach, ~-bird, ~card, ~ cone, ~ current, ~-door, ~-glass, ~ grey, ~-laden, ~-lane, ~ over-flow, ~-signal, ~-swept, ~tight, ~ track, ~ warnings, ~ water, ~ wave, ~ wind, ~ window, ~-worn, ~-zone.

stormer –'मॅर् n. क्रोध करनेवाला, जोर-जोरसे बिगड़-कर बात^{F} करनेवाला; आक्रमक, आक्रमण करके जीत^{F} लेनेवाला, धावा बोलनेवाला ।

stormful –मॅ्'फुल् a. वात्यामय, प्रभंजनमय, झंझावात-युक्त, प्रचण्डवायुमय, बवण्डरवाला, तूफानवाला, आँधी^{F}से भरा ।

stormfulness –निॅस् n. वात्यामयता^{F}, प्रभंजन-मयता^{F}, झंझावातयुक्तता^{F}, प्रचण्डवायुमयता^{F}, बवण्डर-युक्तता^{F}, तूफान, अन्धड़, झक्कड़, आँधी^{F} ।

storminess –'मिनिॅस् n. वात्याकुलता^{F}, तूफानीपन; तीव्रता^{F}, प्रचण्डता^{F}, प्रबलता^{F}, उग्रता^{F}, तेजी^{F} ।

stormless –मॅ्'लिॅस् a. वात्याविहीन, चण्डवातशून्य, झंझारहित, बवण्डरसे खाली, बेतूफान ।

stormproof –'प्रूफ् a. वात्यारोध, तूफान-रोक, अन्धड़ या तूफानसे बचानेवाला ।

stormy –'मि a. वात्याकुल, वात्याबहुल, चंडवातग्रस्त, झंझाकुल, पवनक्षुब्ध, बवण्डर या तूफानवाला (~ *weather*); वात्यासूचक, बवण्डर या तूफानका, तूफानी, अन्धड़ लानेवाला; चण्ड, प्रचण्ड, क्षोभकारी, क्रोधपूर्ण, क्रोधी, प्रबल, उग्र, तीव्र, तेज, तूफानी (~ *passions, wind*); (ला०) संकटापन्न, संक्षुब्ध, उपद्रवग्रस्त, विपदा-कुल, उत्पातपूर्ण, आवेशपूर्ण (*a* ~ *coast, debate*);

stort(h)ing (Norw.) स्टॉर्'टिंग n. स्टॉर्थिंग^{F} (नार्वेकी संसद्^{F}); संसद्^{F}, विधानसभा^{F} ।

story* स्टोअॅरि १. n. किसी घटना^{F}का वृत्तान्त, आख्यान, विवरण, वर्णन, कहानी^{F}*, बयान, बात^{F}, हाल (*they all tell the same* ~); समाचार; इतिवृत्त, अतीत कथा^{F}, व्यक्ति या संस्था^{F}के जीवनकी वार्ता^{F} (*his* ~ *is an eventful one*); इतिहास, तारीख^{F} (प्रा०; *versed in classic* ~); उपाख्यान, आख्यायिका^{F}, गल्प^{F}, कथा^{F}, पौराणिक या कल्पित कथा^{F}, उपन्यास, मध्ययुगीन प्रेमकथा^{F}, कहानी^{F}, किस्सा, दास्तान^{F}, अफ-साना (*tell me a* ~); प्रसंग, प्रकरण; कथानक (*the* ~ *is the least part of the novel*); (शिशुभाषा^{F}) मिथ्या, झूठा, बनावटी, लबारी : (*oh you* ~ !); दे० STOREY; ~-teller कथक, कथावाचक, कथाकार, कहानीकार, कहानी-लेखक, वार्ताकार, कहानी^{F} सुनाने-वाला, समाजकी घटनाओं^{F}का विस्तारसे वर्णन करनेवाला; (शिशुगृहमें) मिथ्याभाषी, गप्पी, झूठा; *according to his own* ~ उसके अपने कथनके अनुसार; *it is quite another* ~ *now* अब तो बिलकुल दूसरी ही कहानी^{F} है, अब बात^{F} बदल गयी है, अब किस्सा ही कुछ और है; *the* ~ *goes* यह कहा जाता है, *to make a long* ~ *short* संक्षेपमें यह है कि, विस्तारकी बातों^{F}को कम करते हुए;

~book, ~ maker, ~ monger, ~ work, ~-writer.

stoup स्टूप्' n. (प्रा०) मदिरापात्र, गंगाझारी, टोंटीदार गिलास या कटोरा, पानी पीनेका बर्तन, प्याला; पवित्र जलका पात्र ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

stour[1] ⊙ स्टॉउअॅर्' n. (स्कॉट०) =STOOR.

stour[2] a. अनम्य, न झुकनेवाला; अदम्य, दुर्दमनीय, स्थिर, दृढ़, कठोर, विषम, अडिग, हठी, दुराग्रही, हठीला, अड़ियल, जिद्दी, कट्टर, पक्का; बड़ा, मोटा।

stout स्टॉउट्' १. n. प्रयविरा[F], यवसुरा[F], एक प्रकारकी सबसे अधिक तेज और कड़वी शराब[F]; २. a. स्थूल, स्थूलकाय, मांसल, मोटा, दोहरी देह[F]का; प्रबल, पुष्ट, हृष्टपुष्ट, गठीला, निर्भीक, दृढ़निश्चयी; दृढ़, अदम्य, सबल, दृढ़प्रतिज्ञ, बलिष्ठ, बलवान्, शूर, धीर, प्रबल, साहसी, बली, बहादुर, पक्का, हट्टाकट्टा, तगड़ा, ताकतवर, मजबूत, जोरदार, दिलेर, कट्टर, धुन[F]का पक्का, कड़ा (*made a ~ resistance*); ~ fellow (प्रा०) रणनिपुण, युद्धवीर, अच्छा योद्धा, तलवार[F]का धनी; ~ heart साहस, हिम्मत[F];

~-armed, ~-bodied, ~-hearted, ~-heartedly, ~-limbed, ~-minded, ~ opponent, ~ peg, ~ post, ~-ribbed, ~ ship, ~ sided, ~-soled.

stoutish –'टिश् a. आपुष्ट; मोटा-सा; वीर-सा, बलवान्-सा, बहादुर-सा, तगड़ा-सा।

stoutness –ट्'निॅस् n. स्थूलता[F], मांसलता[F], मुटापा, मोटाई[F]; बलिष्ठता[F], बलवत्ता[F], दृढ़ता[F], साहसीपन, शूरता[F], प्रबलता[F], वीरता[F], बहादुरी[F], कट्टरता[F], गठीलापन, हट्टाकट्टापन, तगड़ापन, जोर, मजबूती[F]; हठ, जिद्द[F]।

stove स्टोव्' १. n. चुल्ली[F], परितापनी[F], अँगीठी[F], भट्ठी[F], सिगड़ी[F], विलायती चूल्हा, (रसा०) **स्टोव**; (बागवानी[F]में) उष्ण गृह, गर्म घर (जिसमें कृत्रिम उष्णता[F] उत्पन्न की जाती है); २. v.t. (पौधोंको) उष्ण गृहमें रोपित करना, उगाना या गाड़ना; ~-pipe hat ⊙ लम्बा रेशमी हैट;

~ black, ~ brush, ~-heated, ~ house, ~ maker, ~ pipe, ~ wood.

stover –'वॅर् n. (पशुओंका) चारा, चरी[F], (कृषि०) **करबी**[F], कोयर।

stow स्टो' v.t. (किसी सन्दूक[F] आदिमें) चीजें[F] ठीक प्रकारसे जमाकर भरना, ठूँस-ठूँसकर भरना, खचाखच भरना, लादना; (सामानको) क्रम या व्यवस्था[F]के अनुसार रखना, लगा देना; बचत[F]के लिए (सामानको) ठीक स्थानोंपर भरना, (माल आदि) **जगह[F]पर रखना, जगह[F]पर लगाना**, भली प्रकार जमाना; (प्रा०, प्रायः imperat. में) छोड़ो, बन्द करो, बचो, दूर रहो, (~ *larks, that nonsense*, etc.); ~away (परि०) **छिप्पू**, बिना किराया दिये छिपकर जहाजपर यात्रा[F] करनेवाला व्यक्ति; ~ away बचाकर रख देना; छिपकर जहाजमें यात्रा[F] करना।

stowage –'इज् n. (परि०) **नौभरण**, (~ *factor*, ~ *plan*), **नौभाड़ा**, नौभरण-स्थान, भरे जानेको रिक्त स्थान; **स्थान, जगह[F], खाव**; ढंगसे रखा हुआ सामान; ठूँस-ठूँसके भरनेका कार्य, नौभरण शुल्क, भरने और ठीक प्रकारसे जमानेका पारिश्रमिक, भराई[F]; (का०) **संजोना**।

stower –'अॅर् n. आरोपयिता[F], जमाकर लगानेवाला, रखनेवाला; ठूँस-ठूँसकर भरनेवाला, खचाखच भरनेवाला।

S.T.P. Standard Temperature and Pressure; *Sanctae Theologiae Professor*, Professor of Theology.

S.T.P.E. State Town Planning Expert.

str. steamer; strong.

strabismal स्ट्रॅबिज़्'मॅल् a. भेंगा, भेंगेपनका।

strabismic –मिक् a. टेरा, भेंगा; ऐंचा, भेंगापन-सम्बन्धी।

strabismus –मॅस् n. (चि०) अक्षिव्युदास, वलिरता[F], टेरता[F], **भेंगापन**, भेंड़ापन, ऐंचापन।

strabotomy –बॉ'टॅमि n. टेरताशल्यन, शल्यक्रिया[F] द्वारा ऐंचापनका इलाज।

strad स्ट्रैड्' n. दे० STRADIVARIUS.

straddle स्ट्रै'डॅल् १. n. टाँगें फैलाकर बैठने या खड़े होनेकी अवस्था[F]; (ला०) विकल्प, दुविधा[F], द्विचित्तता[F], अस्थिरता[F], डाँवाडोलपन; (वाणि०) **तेजी-मंदी**[F]; (स्टॉक-एक्सचेंज) संविद, लेनदेनका ठेका; २. v.t. & i. टाँगें[F] फैलाकर खड़े होना, टाँगें[F] फैला लेना; दायें-बायें पैरोंको फैलाकर खड़े होना या बैठना (*can not ~ his horse*); टाँगों[F]को चौड़ाकर फैलाना; **परिक्षेप करना, गोले फेंकना**, (नौवि०) (लक्ष्य, शत्रुके) आगे या पीछे गोली[F] मारना; (लक्ष्यके) अगल-बगल गोले बरसना, (ला०) अस्थिरचित्त होना, दुविधा[F]में पड़ना, विचारोंसे डाँवाडोल होना; ⊙ दोनों पक्षोंमें घूम-फिर जाना।

Stradivarius, Strad स्ट्रैडिवा(वेॅ)'रिॲस्, स्ट्रैड्' n. *Cremona* के शिल्पी *Stradivarius* द्वारा बनाया तन्त्रीवाद्य या वेला।

strafe स्ट्राफ़्', स्ट्रेफ़' १. n. भर्त्सना[F], डाँट-डपट[F], गाली-गलौज[F], पिटाई[F]; छिपकर की गयी बमवर्षा[F], बमबारी[F], गोलाबारी[F]; २. v.t. तीव्र भर्त्सना[F] करना, डाँटना, गाली[F] देना, बिगड़ना, पीटना, ठोंकना, मार[F] मारना; गोला बरसाना, बमबारी[F] करना, **बौछारी मार[F] करना**, गोलाबारी[F] करना, छिपकर गोलियाँ[F] चलाकर या बम गिराकर तंग करना, परेशान करना।

straff स्ट्रैफ़्' v.t. **बम डालना**।

strafing स्ट्रा(स्ट्रे)'फ़िङ् n. कठिन दण्ड, कठोर सजा[F]; दण्डन, दण्ड देना।

straggle स्ट्रै'गॅल् v.i. विविस्तरण होना, इतस्ततः विचरण करना, तितर-बितर हो जाना, प्रधान समूहसे बिछुड़ जाना, इधर-उधर पड़ जाना, फैल-फूट जाना, एक साथ बँधे न रहना, भटक जाना, अलग पड़ जाना, साथ छूट जाना, फूटना, खुल जाना, बिखर जाना (*crowd ~d along*); पथभ्रष्ट होना, आवारा फिरना।

straggler –लॅर् n. भ्रष्टपथ, आवारा, किसी समुदायसे भटक जानेवाला, छूट जानेवाला, बिछुड़नेवाला, अलग हो जानेवाला।

straggling –लिङ् n. **विचरण**; a. इत्वर, भ्रामी,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर्यटक, भ्रमणशील, घुमक्कड़; विकीर्ण, अपकीर्ण, फैला हुआ, बिखरा हुआ।

straggly –लि a. इधर-उधर पड़ा हुआ, लूटा हुआ, फूटा हुआ, बिछुड़ा हुआ, भटका हुआ।

straight* स्ट्रेट्' १. n. समुचित स्थितिF, सरलावस्थाF, उपयुक्त अवस्थाF; सिधाईF, सीधा भाग (*they were even as they reached the* ~); पोकरके खेलमें पत्तोंका क्रम; २. a. अजिह्म, (ग०) ऋजु, सरल, अवक्र, अकुटिल, सीधा*; निष्कपट; स्वच्छहृदय, साधु, सरल, सच्चा, ईमानदार, सादा, खरा, बेलाग (~ *dealings*); लक्ष्योन्मुख, ठिकानेका, निशानेका, ठीक ठिकाने (लक्ष्य, प्रहार, दृष्टिF, भाग); मूलसे सीधा, आदिस्थानसे बिलकुल सीधF में; सुस्थित, समस्थित, व्यवस्थित, सुव्यवस्थित, ठीक, समतल, एक-सा, हमवार, दुरुस्त (*are the pictures* ~*!*); स्वच्छ, साफ; शुद्ध, विशुद्ध, अमिश्रित, असली, खालिस ⊙ (*a whisky* ~); ३. adv. (प्रा०) तत्काल, तुरन्त, फौरन; उचित दिशाF में, ठीक रास्तेपर, ठीक-ठिकाने, निशानेपर (*shoot* ~); सीधी रेखाF में, सीधा, सीधे, सीधमें, बिना मुड़े हुए (*go* ~); ठीक प्रकारसे, सही तौरपर (*does not see* ~); ~-edge ऋजुदर्शक; ऋजुनट; बिलकुल सीधी छड़F या सरियाF; ~ face सरल आकृतिF, सीधा-सादा चेहरा; ~ fight (राज०) दो प्रतियोगियोंमें प्रत्यक्ष द्वन्द्व, सीधा मुकाबला; ~ fingering उँगली-साधनकी खड़ी पद्धतिF, ~forward ऋजु, स्पष्टवादी, निर्भीक, निष्कपट, सरल, मुक्तहृदय, सच्चा, ईमानदार, खरा, साफ; सीधा-सादा, बिना किसी उलझनका (कार्य); ~forwardness (दर्श०) आर्जव, सीधापन; ~ thinking स्पष्टचिन्तन, युक्तिसंगत या तर्कसंगत विचार, सरल विचार-क्रम; ~ tip सरल संकेत, सादा इशारा; ~way (प्रा०) अकस्मात्, एकाएक, अचानक ही; तुरन्त, झटपट; *is out of the* ~ वक्र, कुटिल, टेढ़ा, बेईमान; *put things* ~ व्यवस्थित करना, सुलझाना, ढंगसे रखना, ठीकसे जमाना; ~ *away* (प्रा०) तत्काल ही, तुरन्त ही, उसी वक्त, फौरन; ~ *off* निस्संकोच भावसे, बिना विचारे, बिना झिझकF के; *the* ~ *ticket* ⊙ दलका अपरिवर्तित कार्यक्रम;

~ angle, ~ arch, ~ arm, ~-arsenic mirror tube, ~ chain, ~ chain compound, ~ current, ~-cut, ~-eye, ~-grained, ~ hair, ~ joint, ~ legs, ~ line, ~-line motion, ~ ride, ~ sinus, ~ stair, ~ winged.

straighten –'टॅन् v.t. & i. सरल करना, सीधा करना; सच्चा बनाना, लक्ष्योन्मुख करना, व्यवस्थित करना, ठीक करना।

straightener –नर् n. सरलकर्त्ता, ऋजुकर्त्ता, सीधा करनेवाला।

straightness –'नि॑स् n. ऋजुताF, आर्जव, सारल्य, सरलताF, सीधापन, लक्ष्योन्मुखताF; सुव्यवस्थाF; निष्कपटताF, सचाईF, सिधाईF, ईमानदारीF।

strain[1] स्ट्रेन्' n. (वन०) पित्र्यगुण; (भौ०, रसा०, यन्त्र०) विकृतिF, विक्रियाF, विकार (~-*theory*); लचकF, मोचF; विततिF, कर्षण, (चि०) तनाव, खिंचाव, कसाव, दबाव, भार, बोझा, जोर ((*the* ~ *on the rope was tremendous*); छानना; आयास, अतिश्रम, अतिप्रयत्न, अतिचेष्टा, जोर, (~ *gauge*) कठोर श्रमके कारण उत्पन्न क्षतिF, श्रान्तिF; (का० एवं भाषण०) राग, आलाप, सन्तत स्वर, गीत, गान, तानF, सुर, लयF, तराना, नगमा (*martial* ~*s*) (कृषि०, वन०, चि०) प्रभेद, उपभेद, T.; लेखनशैलीF, प्रकार या रीतिF, ढब, ढंग, बातचीतF की प्रकृतिF, वार्तालापF की शैलीF, रुझान, झुकाव, बोलनेका ढंग या लहजा (*he went on in another* ~); चरित्रकी नैतिक वृत्तिF, प्रवृत्तिF, रुझान (*there is a* ~ *of weakness in him*); मानववंश, कुल, घराना, खानदान (*comes of a good* ~); पशुओंकी जातिF, (कृषि०) नस्लF, (जी० वि०) समजातिF, एक ही जातिके परन्तु कुछ भिन्नताF रखनेवाला वर्ग; *is epigrammatic without* ~ बिना श्रान्तिF या प्रयासके मात्र दिखावा करता है;

~ analysis, ~ component, ~ disk, ~ energy, ~ gauge, ~ increment, ~ insulator, ~ theory.

strain[2] v.t. & i. कसकर आलिंगन करना; छातीF से चिमटाना, सीनेसे लगाना; अर्थका अनर्थ करना, खींच-तानकर अर्थ निकालना, खींचतानF करना; खींचना, कसना, फैलाना, कसकर तानना; खिचना, फैलना; भिचना, दबना, बहुत अधिक दबाना, भींचना, कसके मसकना (~ *parchment across the aperture*); बलपूर्वक आकर्षण या प्रसारण करना, अत्यधिक प्रयत्न करना, बहुत जोर लगाना; पूरी-पूरी कोशिशF करना, मरोड़ना, कसना, जकड़ना, जोरसे खींचना, बड़ी कठिनाईF-से खिंच पाना, भारके नीचेसे मुश्किलसे निकलना (*porter* ~*ing under his load*); अत्यधिक काममें लाकर हानिF पहुँचाना; बहुत अधिक भार लाद देना, हदF से ज्यादा जोर डालना या काम लेना, श्रान्त करना, थका देना (*take care not to* ~ *your eyes*); दबना, कसना, तनना, जोर पड़ना, मुरकना; (रसा०) निष्पीड़ित करना, छानना, (तरल पदार्थका) छनकर रिसना, टपकना; टपकाना, चुआना, निचोड़ना, पसाना; तरल पदार्थमेंसे ठोस तत्त्वोंको छानकर निकाल लेना; छनना; किसी गाढ़े पदार्थको छलनीF में छानना; ~ *a point* अनुचित तर्क करना, किसी मामलेको बेकार तूल देना; ~ *at* आवश्यकताF से अधिक सतर्क होना, बहुत ज्यादा सावधान रहना; ~ *every nerve* एड़ी-चोटीF का पसीना एक करना, बहुत अधिक परिश्रम करना; ~one's *law* कानूनको खींचकर बेजा काममें लाना।

strained –ड् a. विंतत, आकृष्ट; छना हुआ; (~ *water*); (रसा०) विकृत; ~ interpretation कष्टसाध्य या कष्टकल्पित व्याख्याF या क्लिष्ट अर्थ ~ relations मनोमालिन्य, पारस्परिक अविश्वास, तनातनीF।

strainer –'नॅर् n. चालनीF (कृषि०, चि०) छलनीF,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छन्नी^{F}, T.।

strait स्ट्रेट् १. n. जलग्रीवा^{F}, (नौवि०, प्रा० भू०) **जल सन्धि**^{F}, जलडमरूमध्य (*the S~ of Dover*); (चि०) संकट, तंग मार्ग; (प्रायः pl.) संकट, आपत्ति^{F}, क्लेश, दुर्दशा^{F}, संबाधा^{F}, कठिन स्थिति^{F}, तंगी^{F}, दिक्कत^{F}, परेशानी^{F}; २. a. कठोर, क्लेशकर, कठिन, कड़ा; अप्रशस्त, संकीर्ण, परिवेष्टित, आवद्ध, सीमित, संकुचित, अनायत, तंग, सँकरा, घिरा हुआ, बँधा हुआ; धनलोभी; **~- laced** (ला०) अतिनैतिक, शुद्धतावादी, अतिसंयमी, कठोरनीतिपरायण, आचार-विचारमें कड़ा।

straiten –'टॅन् v. t. संकीर्ण बनाना, सीमित करना, तंग करना, कसना, जकड़ना; संकुचित करना; कष्ट देना; कठोर बनाना, सख्त करना; अभावग्रस्त करना।

straitness –ट्'निॅस् n. (प्रा०) संकीर्णता^{F}, संकुचितता^{F}, तंगी^{F}, दिक्कत^{F}, कठोरता^{F}, कड़ापन, सख्ती^{F}।

strake स्ट्रेक' n. (कच्ची धातुओं^{F}को धोनेका) भाण्ड, पात्र, तसला; (नौवि०) **पट्टी**^{F}।

stramash स्ट्रॅमैश्' n. कोलाहल, जनरव, आक्रन्दन, खलबली^{F}, हल्लागुल्ला, चिल्लाहट^{F}।

stramineous स्ट्रॅमि'निॲस् a. तृणवत्, तृण-सदृश, पयाल-जैसा; लघु, हल्का।

stramonium स्ट्रॅमो'निॲम् n. एक प्रकारका धतूरा; एक ओषधि^{F}।

strand[1] स्ट्रैन्ड्' १. n. (भाषण०, का०) तीर, बेलातट, समुद्रतट, नदी^{F} या झील^{F}का तट या किनारा; २. v. t. & i. संकटमें पड़ना या डालना; (जहाजका) भूमि^{F}पर चढ़ना या चढ़ाना।

strand[2] १. n. (वन०) **वलयक**; (रसा०) **तन्तु-गुच्छा; बलदार धागा**; रस्सी^{F}का सूत्र, गुन, बल, तार, लड़^{F}, पट्टी^{F}; (ला०) विकटता^{F}, पेंच, उलझन^{F}; २. v. t. (किसी रस्सी^{F}की) लड़^{F} तोड़ना, बल खोलना।

stranded स्ट्रैन्'डिड् a. आपत्तिग्रस्त, संकटग्रस्त, अभावग्रस्त; असहाय, साधनहीन, आर्थिक तथा अन्य सुविधाओं^{F} से वंचित, कठिनाइयों^{F}में, औरोंकी बराबरी^{F}में पिछड़ा हुआ; उत्कूलित, धँसा हुआ (*~ timber*)।

stranding –डिंग् n. (नौवि०) **उत्कूलन**; (वाणि०) **स्थानीय अन्तरपणन**।

strange* स्ट्रेन्ज्' a. अरूप, विलक्षण, विसयोत्पादक, आश्चर्यजनक, अद्भुत, असाधारण, अपूर्व, विचित्र*, नवीन, नया, अजनबी, निराला, अजीब (*how ~ that you should not have heard*); अज्ञात, अपरिचित, (*the handwriting is ~ to me*); परकीय, विदेशी, परदेशी, दूसरेका, दूसरे देशका, पराया, बेगाना (*cannot play on a ~ ground*); अनभ्यस्त, अनभिज्ञ, अपरिचित, अनसिखुआ, नया, अजनबी, अनाड़ी, अकुलाया हुआ, परेशान (*am ~ to the work*); अलौकिक, अनोखा, अनूठा; *am quite ~ here* मैं यहाँ बिल्कुल अजनबी हूँ, मैं किसीसे भी परिचित नहीं हूँ; *feel ~* अस्वाभाविक लगना, कुछ अजीब-सा लगता; *it feels ~* कुछ अपूर्व-सा अनुभव होता है, विचित्र-सा लगता है;

~ acting, ~-built, ~-coloured, ~ country, ~-garbed, ~ gods, ~ lands, ~-mannered, ~ persistency, ~-wayed.

strangeness –'निॅस् n. विलक्षणता^{F}, विचित्रता^{F}; विसयकारिता^{F}, अपूर्वता^{F}, निरालापन, नयापन, अनोखापन, परकीयता^{F}, परायापन, विदेशीपन, अजनबीपन, व्यग्रता^{F}, आकुलता^{F}; अनभ्यस्तता^{F}, अनभिज्ञता^{F}, नयापन, अजनबीपन, अनाड़ीपन; अनवन^{F}।

stranger –'जॅर् n. अतिथि, अभ्यागत, आगन्तुक, (का०) **अन्यजन**, परजन, अपरिचित; वैदेशिक, विदेशी व्यक्ति, परदेशी, अजनबी, पाहुना, अज्ञात या नया व्यक्ति; अनुभवहीन, पूर्णतः अनभिज्ञ, अनजान, अनाड़ी व्यक्ति (*~ to court-intrigues*); महोदय, महाशय; *am a ~ here* मैं यहाँ अपरिचित हूँ, अजनबी हूँ; *make a ~ of* दूर-दूर-सा रखना, पराये-जैसा वर्ताव करना; *the little ~* नवजात शिशु; *you are quite a ~* आप तो ईद^{F}के चाँद हो गये हैं।

strangle स्ट्रैन्'गॅल् v. t. गला घोंटना, गला घोंटकर मार डालना, साँस^{F} रोककर मारना; टेंटुआ दवाना, (कॉलरका) तंग होना या गलेको कसना (ला०) (मनोवेग, आन्दोलन आदिका) दमन करना, संयत करना, दवाना; **~ hold** गहरी पकड़^{F} (प्रायः ला०, राज० या वाणिज्यमें)।

strangler –लॅर् n. **गला घोटनेवाला**, गला घोंटकर मार डालनेवाला।

strangles स्ट्रैन्'गल्ज् n. घोड़ेका मुँहके भीतरका फोड़ा।

strangulate स्ट्रैन्'ग्यूलेट् v.t. (क्व०) कण्ठपीड़न करना, गला घोंटना, गला या टेंटुआ दवाना; (निदान०, शल्य०) चाप द्वारा (शिरा^{F}, आँत^{F} आदिके) रक्तसंचारको रोकना, दवावसे खूनका दौरा रोकना।

strangulated –टिड् n. (चि०) पीड़ित कण्ठ, विपाशित, रुद्धरक्त (*~ hernia*)।

strangulation –ले'शॅन् n. श्वासावरोध, श्वासरोध द्वारा वध, गला घोंटना; रक्तसंचार-रोध।

stangury स्ट्रैन्'ग्यूरि a. (चि०) बिन्दुमूत्रता^{F}, बिन्दुमेह, मूत्रकृच्छ्र, पीड़ा देकर बूँद-बूँद^{F} पेशाब आनेका रोग।

strap स्ट्रैप्' १. n. लोहेकी पट्टी^{F} या बन्द, कब्जेका पत्तर; चर्मपट्ट, चमड़ेकी पट्टी^{F}, पट्टा, **फीता** या तस्मा; वस्तुओं^{F}को बाँधनेके लिए बक्सुपदार पट्टी^{F}, पेटी^{F}, बिस्तर आदि बाँधनेका तस्मा; (वन०) जिह्विका^{F}, पुष्पका जिह्वाकार भाग, छोटे फूलका जीभ^{F}की भाँति लटकनेवाला भाग, पट्ट, कन्ना; २. v.t. लोहेकी पट्टी^{F}से कसना, चमड़ेकी पट्टी^{F} या तस्मेसे जकड़ना, कसना; (चाकू, उस्तरा आदिमें) धार^{F} रखना, चमोटेपर तेज करना; (शल्य०) (घावपर) पट्टी^{F} बाँधना, (घाव) मूँदना, चिपकनेवाला मलहम लगाकर बाँधना; कोड़े लगाना, पट्टेसे पीटना, तस्मेसे मारना; **~ hanger** खड़ा मुसाफिर, बस^{F} या रेलगाड़ी^{F}में बैठनेको जगह^{F} न पानेवाला व्यक्ति (जो छत^{F}में लटकते हुए पट्टेको पकड़े खड़ा रहता है); **~-oil** चमड़ेके पट्टेकी मार^{F};

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ head, ~-held, ~ hinge, ~-laid, ~shaped, ~ work.

strappado स्ट्रॅपे'डो १. n. (pl. -s) किसी अपराधीके हाथों या दूसरे किसी अंगको रस्सोंसे बाँधकर लटकाये जानेका कठोर दण्ड या सजा^{F}; २. v.t. उपर्युक्त दण्ड देना, मुश्कें^{F} कसना।

strapper स्ट्रै'पॅर् n. ऊँचा-पूरा व्यक्ति, लम्बा-तड़ंगा आदमी।

strapping स्ट्रै'पिंग् १. n. घावपर मलहम आदिके साथ पट्टी^{F} बाँधना; २. a. हृष्टपुष्ट, तगड़ा, हट्टा-कट्टा, मुस्टण्डा; लम्बा-तगड़ा, लम्बे कदका।

strass स्ट्रैस्' n. उच्छिष्ट अंशुक, बचा खुचा रेशम;

strata स्ट्रे'टे० STRATUM.

stratagem स्ट्रै'टॅजॅम् n. कूटयुक्ति^{F}, कूटचाल^{F}, कूटनीति^{F}, चातुरी^{F}, शत्रुको छलनेकी युक्ति^{F}, कौशल, छलबल, उपाय, घात, चाल^{F}, दाँव, जुगत^{F}, तरकीब^{F} (*must be effected by ~*)।

stratal स्ट्रे'टॅल् a. स्तरीय, स्तरयुक्त, स्तर-सम्बन्धी, परत^{F}पर परत^{F}, परतदार, परत^{F}का।

strategic स्ट्रेटॅ(टी)'जिक् a. युद्धनीतिनिर्देशित, युद्धकौशल विषयक, युद्धावश्यक, व्यूहरचनोपयोगी, सामरिक महत्त्वका, समरनीतिका, युद्धकला सम्बन्धी, लड़ाई^{F}के मौकेका, जंगी; **युद्धनीति-, युद्धनीतिक**, कूट, कूटनीतियुक्त, दाँवघातवाला, जुगती (*~ position, skill*); शत्रुकी आन्तरिक अर्थस्थिति^{F}को विघटित करने तथा सैनिकोचित उत्साहको भंग करनेवाली (बमवर्षा^{F});

~ airforce, ~ areas, ~ plan, ~ point, ~ surprise.

strategical –ल् a. (अब क०) सामरिक, **युद्धनीतिक**, युद्धोचित, समरनीति-विषयक; जंगी; ~ reconnaissance **युद्धनीतिक टोह**^{F}, कूट टोह^{F}, युद्ध टोह^{F}।

strategics –'जिक्स् n. योधननीति^{F}, रणचातुर्य, सैन्यपरिचालनविद्या^{F}, युद्धकौशल, रणविद्या^{F}; छलविद्या^{F}, कूटनीति^{F}, कपट, घातनीति^{F}।

strategist स्ट्रै'टॅजिस्ट् n. योधननीतिज्ञ, युद्धकलाविद्, युद्धपरिचालनविद्याविद्; घातनीतिज्ञ, कूटकुशल, चालबाज।

strategy –जि n. योधननीति^{F}, रणनीति^{F}, **युद्धनीति**^{F}, (इति०) **रण-विधि**^{F}, युद्धविधि^{F}, युद्धकला^{F}, रणकौशल, रणचातुर्य, व्यूहनैपुण्य, सैनिक छलबल, (राज०) फौजी **दाँव-पेंच**, सिपहसालारी^{F} (शा० एवं ला०); (राज०) **युद्धचालन-विद्या**^{F}; कूटकौशल, घातनीति^{F}, कूटयोजना^{F}; कूटरचना^{F}, छलबल, जुगत^{F}।

strath स्ट्रैथ्' n. (स्कॉ०) खुली उपत्यका^{F}, चौड़ी पर्वतीय घाटी^{F}; ~ spey एक सजीव स्कॉटलैण्डीय नृत्य (और गीत)।

straticulate स्ट्रॅटि'क्यूलॅट् a. स्तृत, स्तरयुक्त, परतदार।

stratification –के'शॅन् n. (प्रा० भू०) **स्तरविन्यास, स्तरण** (*~ plane*), **स्तरीकरण**, स्तरायन, **स्तरीभवन**, स्तरनिर्माण, स्तरावस्थिति^{F}, परतों^{F} या तहों^{F}का लगाना।

stratified स्ट्रै'टिफ़िड् a. स्तृत, (प्रा०, भू०) **स्तरित, स्तरीय, स्तरमय** (*~ rock*), **स्तरयुक्त**, (रसा०) **स्तरीकृत**, स्तरबद्ध, स्तरीभूत, परतोंके क्रमका, परतदार;

~ epithelium, ~ layer, ~ medium, ~ plane, ~ rock, ~ sample, ~ structure, ~ tissue.

stratiform –फ़ॉर्म् a. (चि०) स्तराकार, स्तरावस्थित, स्तरयुक्त, परतदार।

stratify –फ़ाई v.t. (रसा०) **स्तरीकरण करना**, स्तरबद्ध करना, **स्तरित होना**, स्तरीभूत करना, परत^{F}पर परत^{F} जमाना।

stratigraphic, -al स्ट्रै'टिग्रै'फिक्, -ॲल् aa. स्तरचित्रीय।

stratigraphy स्ट्रॅटि'ग्रॅफ़ि n. (इति०) **स्तरविज्ञान, स्तरचित्रण**; (प्रा० भू०) **स्तर-शैल-विद्या**^{F}; (इति०) **स्तर-क्रम-विद्या**^{F}, **स्तर-क्रम-निर्धारण**, स्तरीभूत वर्गोंकी व्यवस्था^{F} तथा स्थिति^{F}।

strato- स्तृत-, स्तर-, स्तार- (*~ graphy, ~ sphere*)।

stratocracy स्ट्रॅटॉ'क्रॅसि n. सैनिक शासन।

stratographical a. सैन्यविज्ञान-विषयक, सैन्यशास्त्र-सम्बन्धी, सैन्यविद्या^{F}का।

stratography –ग्रॅफ़ि n. सैन्यविज्ञान, सैन्यशास्त्र, सैन्यविद्या^{F}।

stratose ⊙ स्ट्रे'टोस् a. (वन०) **स्तरित**।

stratosphere स्ट्रै(स्ट्रे)'टॅस्फ़ीअॅर् n. (प्रा० भू०, रसा०, ग०) **समतापमण्डल, स्थिरतापी मण्डल**, वातावरणीय वायु^{F}का समताप स्तर (जहाँपर कि तापक्रम ऊँचाई^{F}के कारण घटता नहीं है), T.।

stratospheric ⊙ –रिक् a. समतापमण्डलीय, स्ट्रैटोस्फ़ीयर-सम्बन्धी।

stratum स्ट्रे'टॅम् n. (pl. -*a*) (भूगर्भ०, चि०, कृषि०, गणि०, भौ०) **स्तर**, तह^{F}, परत^{F} (किसी जमे हुए पदार्थका); (परिवर्तित) सामाजिक स्तर या श्रेणी^{F}, वर्ग (*the various ~a of society*)।

stratus स्ट्रे'टॅस् n. (pl. -*ti*) स्तारमेघ, (प्रा० भू०) **स्तरी (मेघ)**, अविरल मेघपटल, बादलकी पतली परत^{F}।

stravaig स्ट्रॅवेग्' १. n. इत्वरण, निरर्थक भ्रमण, व्यर्थ पर्यटन, आवारागिरी^{F}, आवारागर्दी^{F}; २. v. i. इत्वरण करना, निरर्थक भ्रमण करना, व्यर्थ पर्यटन करना, आवारागर्दी^{F} करना, आवारा घूमना।

straw स्ट्रॉ' १. n. तृण, बुस, पलाल, पुआल, (कृषि०) **भूसा** (गद्दोंमें भरने, घर छाने, टोप आदि बनानेमें भी प्रयुक्त; *made of ~*); पुआल-निर्मित टोप; तृण, तिनका, डण्ठल, तुच्छ या क्षुद्र वस्तु^{F}, नाल (*with a ~ in his mouth*); २. v.t. (प्रा०) विकीर्ण करना, बिखेरना, फैलाना; ~-board (रसा०) **गत्ता**; दफ्ती^{F}; ~-colour पीत, हल्का पीला; ~-coloured हलके पीले रंगका; ~ vote ⊙ शक्ति-परीक्षा^{F}के लिए अराजकीय मतदान; *a ~ shows which way the wind blows* एक तिनकेसे भी हवा^{F}का रुख मालूम हो जाता

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है, छोटे-से संकेतसे बहुत कुछ पता चल जाता है; *catch at a* ~ डूबते हुएको तिनकेका सहारा लेना, तुच्छ वस्तु[F]-का आसरा पकड़ना; *draw* ~*s* छोटे-बड़े तिनकोंको भाग्य-परीक्षा[F]के लिए डालना; *in the* ~ शिशुशय्यापर; *make bricks without* ~ बिना साधनोंके ही काम करना, पानीमें बड़े पकाना; *man of* ~ भूसा भरा हुआ पुतला, कल्पित शत्रु या विरोधी; निर्धन, असहाय, साधन-हीन; *the last* ~ बोझाका इस सीमा[F] तक पहुँच जाना (कि थोड़ा-सा भी बढ़ा देनेसे वह असह्य हो जावे);

~ bail, ~-blue, ~-board box, ~ buncher, ~ carrier, ~ cover, ~-cutter, ~ envelope, ~-hat, ~ mattress, ~-plait, ~-pulp, ~ rope, ~ spreader, ~ stacker, ~ -worm, ~-yard, ~-yellow.

strawberry स्ट्रॉ'बॅरि n. तृणबदरी, **स्ट्राबेरी**; भूमि[F]पर छिछलनेवाला सदाबहार पौधा; ~-mark हल्का लाल चिह्न (जो जन्मसे ही शरीरपर पड़ जाता है); ~-tree स्ट्राबेरीके-से फल देनेवाला एक और सदाबहार पौधा; the ~ leaves ड्यूकका पद (ऐसी सजावट[F]के कारण);

~ blite, ~ fly, ~ pink, ~ plant, ~ shrub, ~ spinach.

strawy स्ट्रॉ'इ a. तृणवत्, पलाल-सम्बन्धी, पुआल या भूसे-जैसा; हलका।

stray स्ट्रे' १. n. उत्तराधिकारियोंकी भूल[F]के कारण सम्राट्के अधीन होनेवाली मृत व्यक्तिकी सम्पत्ति[F]; भटका हुआ पालतू पशु; २. v. i. विपथमें गमन करना, निष्प्रयोजन घूमना, पथभ्रष्ट होना, निरुद्देश्य विचरण करना, सन्मार्गसे च्युत होना, मार्गसे विचलित होना, उचित स्थानसे हट जाना, भटकना, बहक जाना, रास्ता खोना या भूल जाना, संगियोंसे अलग पड़ जाना, झुण्डसे बिछुड़ जाना, बेराह होना; ३. a. भ्रान्त, विचलित, मार्गच्युत, पथभ्रष्ट, यूथभ्रष्ट, छूटा हुआ, बिछुड़ा हुआ, भूला हुआ, भटका हुआ, गुमराह (~ *cattle, customer*); विकीर्ण, यत्र-तत्र घटित, विरल, छिटपुट, भूला-भटका, अप्रत्याशित रूपसे होनेवाला, बिखरा हुआ (*a few* ~ *instances*)।

strayed –ड्' a. भ्रष्ट, च्युत, विचलित, भ्रान्त, यूथभ्रष्ट।

strayer –अॅर् n. विपथगामी, पथभ्रष्ट, राह भटकनेवाला; यूथभ्रष्ट पशु।

streak स्ट्रीक्' १. n. राजि[F], धारी[F], लकीर[F] (*black with red* ~*s*); विरेखा[F], लम्बी पतली अनियमित रेखा[F]; (प्रा० भू०) रेखावर्ण; कस; प्रवृत्ति[F]; २. v.t. & i. रेखाओं[F]से चिह्नित करना, धारियाँ[F] डालना; लहराना, विद्युल्लेखा[F]की भाँति चंचल होना, बिजली[F]की तरह झटसे चमकजाना; ~ of lightning विद्युल्लेखा[F], बिजली[F]की कौंध[F], लहर[F]; *like a* ~ *of lightning* तुरन्त, झटपट, तेजी[F]से।

streaked –ड्' a. रेखित, रेखाशबलित, रेखांकित, चिह्नित, लकीरदार, धारीदार (~ *wren*)।

streakiness –किनिॅस् n. विरेखिता[F], रेखाशबलता[F], लहरियापन, धारीदारी[F]।

streaky –कि a. = STREAKED.

stream स्ट्रीम्' १. n. स्रोत, जलस्रोत, सोता, जलप्रवाह, (प्रा० भू०) धारा[F], सरिता[F], लघु सरिता[F], नदी[F], छोटी नदी[F], नहर[F], नाला (*on the banks of a* ~); प्रस्राव, प्रवाह, धार[F], बहाव; जनप्रवाह, उमड़ती हुई लोगोंकी भीड़[F], आदमियोंका रेला; ओघ, किसी वस्तु[F]की बढ़ती हुई अपार राशि[F] (*saw a* ~ *of lava*); वेग, प्रवाह, धारा[F]-की दिशा[F], बहावका रुख (*with the* ~); २. v.t. & i. तरल रूपमें धावित होना, पानीकी धार[F] निकलना, पानी बहना; नदी[F]की भाँति बहना या बढ़ना, जारी होना; (पताका, ढीले बाल आदिका) लहराना, फहराना; (रक्तकी धार[F]) बहाना, बहना, खून बहाना; ~line (a.) सुवाही, (ऋतु०) सुप्रवाही; प्रवाहयुक्त; (n.) धारारेखा[F], जलीय या वायुधाराओं[F]का स्वाभाविक मार्ग; (v.t.) सुप्रवाहित करना; दोषरहित करना; ~line flow सुसूत्र प्रवाह, धारारेखी प्रवाह; ~line shape सुवाही आकार, अवाहरोधी या अवातरोधी आकार (मोटर-कार[F], हवाई जहाज आदिकी); (v.t.) सुवाही आकार प्रदान करना, सुप्रवाही बनाना; *go with the* ~ हवा[F] के रुखपर चलना, दूसरोंका साथ देना;

~ bank, ~ capture, ~ embankment, ~ function, ~-lined engine, ~lined locomotive, ~ line filtration, ~liner, ~-piracy, ~ tin, ~ tube.

streamer स्ट्री'मॅर् n. (इति०) (लम्बी त्रिभुजाकार) पताका[F], केतुपट (जिसका एक छोर बँधा हो तथा दूसरा वायु[F]में फहराता हो), फरहरा; आलोकप्रवाह, उषालोक।

streaming स्ट्री'मिंग् १. n. सरण, प्रवाह, बहाव (~ *movement*); २. a. प्रवाही, स्रावी, बहती (~ *eyes*)।

streamless –म्'लिॅस् a. प्रवाहरहित, स्रोतहीन, धारहीन, नदीहीन।

streamlet –लिॅट् n. क्षुद्र सरिता[F], छोटा सोता या नाला।

streamy –मि a. प्रवाहमय, स्रोतयुक्त, बहनेवाला।

street* स्ट्रीट्' n. (प्रा०) राजमार्ग, सार्वजनिक पथ, पक्की सड़क[F]; **बाजार-सड़क**[F], ग्रामपथ, नगर-मार्ग, रथ्या[F], वीथि[F], गाँव या कस्बेकी सड़क[F], रास्ता, गली[F]*; railway ~ ⊙ ट्राम लाइन पटरी[F]; ~ cries खोनचे-वालोंकी आवाजें[F]; ~ crossing चतुष्पथ, चौराहा; ~ orderly मेहतर, सड़क[F]पर झाड़ू लगानेवाला भंगी; ~ man (अर्थ०) मालिकके एजेंट; ~ price (वाणि०) उत्तर-भाव; ~ walker वारांगना[F], बाजारू वेश्या[F] या रण्डी[F]; *in the* ~ सर्राफेके बन्द होनेके उपरान्त चलनेवाला लन्दनका सर्राफेका बाजार या स्टॉक एक्सचेंज; *on the* ~*s* वेश्यावृत्तिवाली; *not in the same* ~ *with* घटिया;

~ alignment, ~-bred, ~ broker, ~-car, ~ cleaner, ~ collection, ~corner, ~

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

delivery, ~ delivery van, ~-door, ~ drainage system, ~ fighting, ~-grown, ~ improvement, ~ lamp, ~ lecture, ~ light, ~ lighting, ~ pedlar, ~ rabies virus, ~ railroad, ~ railway, ~ railway company, ~ refuse, ~-sweeper, ~ sweepings, ~ virus, ~-walking, ~ ward, ~way, ~ work.

streeted –ट्रिड् a. पथयुक्त, मार्गका, सड़कवाला, गलीवाला।

streetward –ट्'वॅर्ड् a. & adv. सड़क[F]की ओर, सड़क[F]-की तरफका।

strength स्ट्रेंन्थ' १. n. ऊर्जा[F], सत्त्व, प्राबल्य, (यन्त्र०) सामर्थ्य, वीर्य, शक्ति[F], पराक्रम, बल, पुष्टि[F], बलवत्ता[F], दृढ़ता[F], शक्तिसम्पन्नता[F], जोर, ताकत[F], हिम्मत[F], कड़ापन (*the ~ of argument, man*); शक्तिस्रोत, शक्तिदाता, बलदाता (*God is our ~*); संख्या[F], संख्या-बल, तादाद[F], नफ़री[F] (*were there in great, full, ~*); गाढ़ता[F], (रसा०, भौ०) सान्द्रता[F], गाढ़ापन (*~ of syrup*); भरोसा (*on the ~ of your promise*); *on the ~* (सेना०) उपस्थिति-रजिस्टरमें (*was taken on the ~*);

~ certificate, ~ decrease, ~ increase.

strengthen –थॅन् v.t. & i. शक्त बनाना, सबल बनाना, शक्ति[F] देना, पुष्ट करना, प्रबल बनाना, बलिष्ठ या बलवत्तर बनाना या होना, दृढ़तर करना या होना, मजबूत बनाना, पक्का करना, ताकत[F]पकड़ना; ~ one's *hands* (ला०) प्रोत्साहित करना, बल देना, हिम्मत[F] बँधाना, हौसला देना।

strengthener –नॅर् n. शक्तिदाता, सशक्तकर्ता, सबलकर्त्ता, बलिष्ठकर्ता, मजबूत बनानेवाला।

strengthening –निंग् १. a. शक्तिप्रद, बलप्रद, सबलकारी, बलिष्ठकारी, मजबूत बनानेवाला, २. n. दृढ़ीकरण।

strengthless –थ'लिॅस् a. सामर्थ्यहीन, शक्तिहीन, बलहीन, दुर्बल, कमजोर, बिना ताकत[F]का।

strenuosity स्ट्रेंन्यूऑसिटि n. = STRENUOUSNESS.

strenuous –न्यूअॅस् a. स्फूर्त, स्फूर्तिशील, स्फूर्तिवान्, कर्मठ, क्रियाशील, उद्यमी, उद्योगी, परिश्रमी, अविरत, सन्तत, अविश्रान्त, व्यग्र, उग्र, तेज, मेहनती, दिलेर, मुस्तैद, जीतोड़ काम करनेवाला; श्रमसाध्य, कड़ा।

strenuousness –निॅस् n. स्फूर्ति[F], कर्मठता[F], क्रियाशीलता[F], दृढ़ता[F], उत्साह, उद्यम, उद्योगशीलता[F], उग्रता[F]।

Strephon स्ट्रे'फॅन् n. आसक्त प्रेमी, बावला प्रेमी, आशिक, शैदा; ~ and Chloe प्रेमी-प्रेमिका[F], गोपी-कन्हैया, लैला-मजनूँ।

strephosymbolia ⊙स्ट्रेफॅसिम्बो'लिअॅ n. प्रतीप-दर्शन।

strepitant ⊙ –पिटॅन्ट् a. मुखर, वाचाल, शब्दायमान, शोर मचानेवाला।

streptococcus –ट्रॅकॉकॅस् n. (pl. *-ci*) माला-गोलाणु, माला[F]के समान एक दूसरेसे चिपकनेवाले।

Strepyan –पिअॅन् a. पुरापाषाण-युग-सम्बन्धी।

-stress स्त्रीप्रत्यय (*song~*)।

stress –स्' n. चाप, (चि०) भार, बोझ, दबाव, जोर (*driven by, under ~ of poverty*); श्रम, संघर्ष, तनाव, खिंचाव, कसाव (*subject to great ~*); गुरुत्व, बल, गौरव; (यन्त्र०, भौ०) प्रतिबल; (साहि०) बलाघात, बलात्मक स्वराघात, स्वरदाब, अक्षर या शब्दपर स्वरचिह्न-अंकन (*the ~ is on the first syllable, on the word 'permissive'*); (यन्त्र०) प्रतिबल, (सन्निहित पदार्थों या किसी पदार्थके भागोंपर परस्पर पड़नेवाला) भार (*~ intensity*); आवश्यकता[F]; *lay ~ on* गुरुत्व आरोप करना, माहात्म्य या महत्त्व प्रदान करना, बल देना, जोर देना; ~ accent बलाघात;

~ component, ~ diagram, ~ increment, ~ intensity, ~ range, ~ system, ~ wave.

stressless –लिॅस् a. भाररहित, बिना दबावका; श्रमरहित, संघर्षरहित; बलरहित, बलात्मक स्वराघातहीन; प्रतिबलहीन।

stretch*स्ट्रेंच् १. n. वितति[F], प्रसारण, प्रसार, कसाव, तनाव (*~ reflex*); अनुचित भारारोपण, अत्यधिक प्रयोग, अत्युक्ति[F], अतिशय कथन, विस्तार, फैलाव, खिंचाव (*with every faculty on the ~*); प्रयत्न, प्रयास, उद्यम; लगातार भूखण्ड, भूभाग, मैदानी खेत, फैला हुआ मैदान (*a ~ of open country*); एक अवधि[F], काल, एक समय, लगातार समय (*works ten hours at a ~*); (आ०) एक वर्षका कारावास, सालभर-की कैद[F]; कारावास या दण्डानुसार दासता[F]की अवधि[F] या मियाद[F]; (नौवि०; पवनकी दिशा[F]में एक बारके मुड़नेपर पूरी की हुई) दूरी[F] या फासला; २. v.t. & i. तानना*, तनना*, खींचना, खिंचना, फैलाना*, पसारना, फैलना*, निकालना, निकलना, अतिकथन करना; बहाना; अँगड़ाई[F] लेना; ऐंठना, कसना; *at a ~* निरन्तर, लगातार, एक सिलसिलेमें; ~ one's *legs* टाँगें[F] सीधी कर लेना, बहुत देर[F]तक बैठनेके बाद चल-फिर लेना; ~ one*self* or ~ सोकर उठनेके उपरान्त अँगड़ाई[F] लेना, हाथ-पैर फैलाना; ~ one *on the ground* चित्त कर देना, भूमि[F]पर पटक देना; ~ *out* (अर्थ०) अधिक काम करना; हाथ फैलाना; लम्बे डग भरने लगना; ~ *out hand, foot,* etc. भुजा[F] या टाँग[F]को सीधा करके फैलाना या तानना; ~ *the truth* or ~ अतिशयोक्ति[F] करना, बढ़ा-चढ़ाकर कहना, असत्य भाषण करना, झूठ बोलना; तूल देना।

stretched –ड्a. वितत, प्रसृत, (कृषि०) खिंचा हुआ (*~ wire*), तना हुआ, फैला हुआ (*~ spring*)।

stretcher –'चॅर् n. विस्तारक, फैलानेवाला, कसने-वाला, ताननेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); (यन्त्र०) बाही, पट्टी (*~ course*), विस्तरणी[F], अवस्तार, आहत

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

या रोगी व्यक्तिको स्थानान्तरित करनेकी खाट^{F}, **स्ट्रेचर**^{F}, (*~ bearer*); दीवाल^{F}के सहारे रखा हुआ पत्थर या ईंट^{F}; पादफलक, **पाँव-फाँस**, नाव^{F}में मल्लाहका पैर अड़ानेकी पटिया^{F} या तख्ता; (आ०) अत्युक्ति, अतिशयोक्ति^{F}, झूठ, गप्प^{F}; *~*-bar अन्तरदण्ड, अवस्तर छड़।

stretchiness –चिनिॅस् n. विस्तार, फैलाव, तनाव, कसाव।

stretching –चिंग् १. n. वितति^{F}, फैलाव; अँगड़ाई^{F}; २. a. वितत, फैलनेवाला, पड़ा हुआ (*~ at full length, on the arm*); *~* cource (यन्त्र०) **पट्टी-चाल**^{F}; *~* bond (यन्त्र०) **पट्टी रद्दा**।

stretchy –चि a. विस्तार या फैलाववाला, फैलने या खिंचनेवाला, कसा जाने योग्य, ताना जाने लायक।

strew स्ट्रू' v.t. (*~ ed*; p.p. *~ ed, ~ n*) (धरातलपर बालू^{F}, फूल, छोटी वस्तुएँ^{F}) विकीर्ण करना, फैलाना, बिखेरना, छितराना; (आंशिक रूपसे) (धरातल, वस्तु^{F}-विशेषको) आच्छादित करना, फैलायी हुई चीजों^{F}से ढकना, छुपाना।

stria स्ट्राइ'अ n. (pl. *-e*) (श० र० शा०, जन्तुवि०, वन०, भूगर्भ०) सूत्ररेखा^{F}, हलरेखा^{F}, सतह^{F}पर रेखा^{F}का चिह्न, (रसा०) **रेखा**^{F}; **पतली धारी**^{F}, लकीर^{F}, धारी^{F}, लीक^{F}, कूँड़, लकड़ी^{F}पर कटा हुआ खत; (pl.) (रसा०, प्रा० भू०) **रेखांक, खरोंच**^{F}; (इति०) **धारी**^{F}।

striate –अॅट् (a.), अेट् (vb.) १. a. रेखित, (*~ vein*) रेखांकित, रेखाचिह्नित, (वन०) **धारीदार**, रेखायुक्त; २. v.t. रेखित करना, रेखायुक्त करना, रेखा^{F}का चिह्न बनाना।

striated –ट्रिॅड् a. =STRIATE (*~ muscle*); (भौ०) **पट्टिल, धारीदार**; रेखी, रेखित, रेखांकित, खरोंचा हुआ;

~ discharge, *~* muscle, *~* structure.

striation, striature –अे'शॅन्, –'अॅट्युअॅर् nn. रेखीकरण, रेखन, (प्रा० भू०) **रेखांकन**, रेखांकित अवस्था^{F}; (रसा०) **पट्टी**^{F}, **धारी**^{F}।

stricken स्ट्रि'कॅन् a. STRIKE का भू० कृ०, घायल, मारा हुआ।

strickle स्ट्रि'कॅल् n. सान^{F} रखनेका पत्थर; STRIKE-measure में प्रयुक्त छड़^{F} या गज।

strict स्ट्रिक्ट्' a. नियमनिष्ठ, संनियमित, सीमित (*in the ~ sense*) सम्यक्, यथानियम, प्रकृत, सही, ठीक-ठीक; निश्चित रूपसे सीमित या परिभाषित, अपवादरहित; स्थिर, कठोर, सुदृढ़, दृढ़ (*~ action*), अशिथिल, निष्ठुर, कड़ा, अटल, सख्त; तना हुआ, खिंचा हुआ; *~* accuracy (रसा०, भौ०) **पूर्ण यथार्थता**^{F}, *~* construction (का०) **यथावत् अर्थ लगाना**; *~* interpretation (का०) **यथावत् निर्वचन, यथावत् विवृत्ति**^{F}, *~* time (संगीत) ठीक ताल।

strictly –'लि adv. यथार्थतः, सर्वथा, निर्दिष्ट रूपमें, नियमतः, ठीक-ठीक, दृढ़ता^{F}से, नितान्त, सही अर्थोंमें, ठीक तौरपर, बिल्कुल (*~ confidential, limited*); कठोरतापूर्वक, कड़ाई^{F}से; *~* speaking ठीक-ठीक अर्थोंमें, सच पूछो तो, वास्तवमें, सही अर्थोंमें, असलमें।

strictness –निॅस् n. यथार्थता^{F}, प्रकृतता^{F}, नियमितता^{F}, स्थिरता^{F}, ठीक-ठिकाना, दृढ़ता^{F}, सीमा^{F}, सीमाबद्धता^{F}, नियमनिष्ठता^{F}, अशिथिलता^{F}, कठोरता^{F}, कड़ाई^{F}, सख्ती^{F}।

stricture स्ट्रिक्'च्युअॅर् n. आक्षेप, निन्दा^{F}, निन्दात्मक अभ्युक्ति^{F}, गुणदोषव्याख्या^{F}, भर्त्सना^{F}, प्रतिकूल समालोचना^{F}, कड़ी आलोचना^{F} या टीका-टिप्पणी^{F}, सख्त नुक्ताचीनी^{F}; (निदान०) शरीरकी वाहिनी^{F} या नली^{F}का आकुंचन, संकोचन, सन्निरोध, सिकुड़ाव।

strictured स्ट्रिक्'चॅड् a. (चि०) सन्निरुद्ध; आकुंचित, संकुचित, सिकुड़ा हुआ; निन्दित।

stride स्ट्राइड्' १. n. दीर्घ पादविक्षेप, एक लम्बी डग^{F} या कदम; डग^{F}की लम्बाई^{F}से निश्चित की हुई गति^{F}, चाल^{F} (*walks with vigorous ~s* or *a vigorous ~*); (फैले हुए पैरोंका या चलनेमें आगे-पीछे रखे हुए) कदमोंके बीचकी दूरी^{F} या फासला; २. v.t. & i. (p. *strode*, p.p. *strid, stridden*) लम्बी डगें^{F} भरना, लम्बे कदमोंसे चलना; खाई^{F}को एक ही डग^{F}में पार करना, लाँघना; घुड़सवारकी तरह दोनों पैर फैलाना, दोनों टाँगें^{F} फैलाकर बैठना या खड़ा होना; *get into* one's *~* (ला०) प्रस्तुत कार्यमें दृढ़ता^{F}के साथ लग जाना या जम जाना; *take obstacle in* one's *~* किसी बाधा^{F}को सहजमें फाँद जाना; (ला०) कोई विशेष बाधा^{F} न देखना, आसानी^{F}से हल कर लेना।

stridence, -cy स्ट्राइ'डॅन्स्, -सि nn. चीत्कार, चीख^{F}।

strident –न्ट् a. श्रुतिकठोर, कर्कश और ऊँची, कड़वी और तेज (ध्वनि^{F} या आवाज^{F})।

stridor ⊙ –डॅर् n. चीत्कार, चीची^{F}; चीख^{F}; चरचराहट^{F}, चरमराहट^{F}, मरमराहट^{F}; (चि०) खर्राटा।

stridulant स्ट्रि'ड्यूलॅन्ट् a. खरखराता हुआ।

stridulate –लेट् v. i. (टिड्डा, झींगुर आदिका) खरखर करना, चींचीं^{F} करना।

stridulation –ले'शॅन् n. (जीव०) **घर्षणनाद**, कर्कश स्वर, खरखराहट^{F}, चींची^{F}।

stridulator –'ड्यूलेटॅर् n. खरखरानेवाला, खरखराहट^{F} पैदा करनेवाला; चीखनेवाला।

stridulatory ⊙ –लॅटॅरि a. चीत्कार-विषयक, चरमराहट-सम्बन्धी, मरमराहट-सम्बन्धी, खरखराहट-सम्बन्धी; चरमराहटवाला, चरमरानेवाला; *~* organ (जीव०) **घर्षणनाद अंग, घर्षणांग**।

stridulous –लॅस् a. चरमराहटपूर्ण, चरचराहटवाला, मरमरानेवाला, खरखरानेवाला, चींचीं^{F} करनेवाला।

strife स्ट्राइफ्' n. (दर्श०) **विग्रह, संघर्ष**, कलि, कलह^{F}, द्वन्द्व, विरोध, विवाद, झगड़ा, झंझट^{F}, लड़ाई^{F}, रार^{F}; सप्रयास, संप्रयत्न, अभियत्न।

strigil स्ट्रि'जिल् n. (प्रा०) झाँवा।

strigose स्ट्रि'गोस् n. (वन०) शूकयुक्त, शूकबहुल, कर्कश;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(वन०) रूक्षरोमी, कर्कशरोमी ।

strike स्ट्राइक्' १. n. कार्यविराम, अभिलम्बा^{F}, (अर्थ०) **हड़ताल**^{F}; (यन्त्र०) **अनुदैर्घ्य दिशा**^{F}, **नमन लम्ब दिशा**^{F}; (पेट्रोल, सेना^{F} आदिकी प्राप्ति^{F}में) आकस्मिक सफलता^{F} या व्यवसाय आदिमें कामयाबी^{F} ⊙; **आघात, मार**^{F}; विशेषता^{F}, खूबी^{F}; (अमेरिकी खेल *baseball* में) बल्लेबाजकी फेंकी हुई गेंद^{F}पर चोट^{F} लगानेका प्रयास; २. v.t. & i. (p. & p.p. *struck*, p.p. *stricken*) आहनन करना, **आघात करना**, प्रहार करना, वार करना, चोट करना, टक्कर^{F} मारना, थपथपाना, पीटना, ठोकना, **मारना** (*struck me in the mouth, with his feet*); पटकना, गिरा देना, झपटना; ध्यान आकर्षित करना या खींचना, मनपर छाप^{F} डालना, प्रभावित करना, मस्तिष्कमें आना, सूझना, दिमागमें आना, असर डालना (*what struck me was the generosity of the offer*); मुद्रांकित करना, मुद्रित करना, ठोंक-पीटकर विशेष रूप या अवस्था^{F}में अंकित करना या छापना, ठप्पा लगाना; माँग^{F} पूरी करानेके लिए काम रोक देना या छोड़ देना, काम बन्द करना, (श्रमिकों या मजदूरोंका) **हड़ताल**^{F} **करना**, काम न करना; प्रविष्ट करना, चुभो देना, घुसेड़ देना, भोंक देना, धँसाना, मार देना (*struck a knife into his heart*); झण्डा उतारकर आत्मसमर्पणका संकेत देना, आत्मसमर्पण करना, हथियार रख देना, (पाल, झण्डा) नीचा करना या उतार लेना, (तम्बू) उखाड़ना; बजाना, बजना; टकराना; आरम्भ करना, छेड़ना, शुरू करना, विशेष दिशा^{F} ग्रहण करना, किसी ओरको निर्देश करना, विशेष दिशा^{F}में मुड़ जाना (*then ~ to the right*); (गल्लेसे मुँहतक भरे हुए) नपनेकी सतह^{F}को बराबर करना या एक-सा करना; नाटकीय ढंगसे एकाएक मुद्रा^{F} या आकृति^{F} बनाना, झटसे शक्ल^{F} बना लेना; औसत^{F} निकालना, बाकी निकालना; दोनों पक्षोंको बराबर-बराबर संख्या^{F}में पंच कम करके पंचायत^{F} या जूरी^{F} बनाना; अचानक भेंट^{F} होना, मुलाकात^{F} होना ⊙; a stricken field ठनी हुई लड़ाई^{F}, जमकर लड़ी हुई लड़ाई^{F}का दृश्य; a stricken heart चिन्तित मन, चिन्ताग्रस्त हृदय, मुसीबत^{F}में फँसा हुआ दिल; stricken in years अधिक आयु^{F}के कारण क्षीण या निर्बल; ~-a-light (इति०) **आग**^{F} **सुलगाना**; चकमक पत्थरसे आग^{F} निकालनेका यन्त्र; ~ back (रसा०) **प्रतिनिवर्तन**; ~-breakers (अर्थ०) **हड़ताल-भेदक, हड़ताल**^{F} **तोड़नेवाला**, हड़ताल^{F}में भाग न लेनेवाले मजदूर (जो हड़तालियोंके स्थानपर रखे जाते हैं); ~ fault (प्रा० भू०) **अनुदैर्घ्य भ्रंश**; ~ measure गल्लेको नापनेका एक ढंग; ~ *a bargain* सौदा करना; ~ *all of a heap* स्तम्भित करना, भौंचक्का कर देना; ~ *an average* औसत^{F} निकालना; ~ *at* आघात करना, ताड़कर मारना, ताककर निक्षेप करना, हाथ चलाना, घूसा तानना, चोट^{F}का निशाना बनाना; ~ *at the root of* मूलपर प्रहार करना, समूल काटना, जड़^{F} खोदना; ~ *back* प्रत्याघात करना, जवाबी वार या चोट^{F} करना; ~ *ball out of court* (बोल०) जोरसे हाथ मारकर गेंद^{F}को कोर्टके बाहर फेंकना; ~ *coin* ठप्पा लगाकर सिक्का बनाना; ~ *down* एक बारमें ढेर कर देना, पटक देना, गिरा देना; (ला०) एकाएक आघात करना, फट पड़ना; ~ *hands* (प्रा०) समझौता या रजामन्दी^{F}के लिए हाथपर हाथ मारना; ~ *his head off* सिर काट देना, सिर उड़ा देना या कलम^{F} करना; ~ *home* पूरा प्रहार करना, भरपूर चोट^{F} करना; ~ *in* हठात् प्रवेश करना, बातचीत^{F}में हस्तक्षेप करना, बीचमें अपनी राय^{F} अड़ा देना, बीचमें पड़ना, दखल देना; ~ *off* काट देना; ~ one *blind* एक ही प्रहारमें अन्धा कर देना; ~ one's *flag* (जहाज या गद्दी^{F}) आत्मसमर्पण करना, शत्रुको सौंप देना; जलसेना^{F}के पदाधिकारीके पदसे त्यागपत्र देना, फौजी सेवा^{F}से इस्तीफा देना; ~ *out* उच्छेदन करना, काट देना, (~ *name* or *item out*); (तैरनेमें) हाथ-पैर मारना, हाथ चलाना, बर्फ^{F}पर स्केटिंग^{F} करनेमें पाँव चलाना; ~ *sail* **पाल नीचे करना**; ~ *tents* तम्बू उखाड़ना; ~ *the track* मार्गग्रहण करना, रास्ता पा जाना; ~ *up an acquaintance* शीघ्र ही परिचय हो जाना, अचानक ही कहीं पहचान^{F} कर लेना;

~ bound, ~ insurance, ~ notice, ~ pay, ~ vote.

striker –'कॅर् n. घातक, प्रहारक, चोट^{F} करनेवाला; (खेलमें) चोट^{F} लगानेकी वस्तु^{F}; ठप्पा लगाकर कोई वस्तु^{F} बनानेवाला; आत्मसमर्पण करनेवाला; आकर्षक, प्रभावोत्पादक; **हड़ताली**; T.; अधिकारी या अफसरका नौकर ⊙ (*military* ~); T.;

~ lever, ~ sleeve, ~ slot, ~ spindle, ~ test.

striking –किंग् n. (भौ०) **आहनन, आघात करना**; (कृषि०) **जड़**^{F} **निकालना**; (परि०) **ढूला उतारना**; (रसा०) **रंगीद्गमन**, T.; a. मोहक, मनोहर, आकर्षक, चित्ताकर्षक, हृदयग्राही, प्रभावी, प्रभावशाली, चमत्कारी, लुभानेवाला; आघाती, प्रहारकारी (~ *force*); विस्मयकारी, आश्चर्यजनक, विचित्र, अद्भुत, अजीब (~ *analogy*); ~ wedge **ठोकनी फन्नी**^{F};

~ distance, ~ platform, ~ power ~ range.

strikingness –नॅस् n. मोहकता^{F}, मनोहरता^{F}, आकर्षण, आकर्षकता^{F}, चित्ताकर्षकता^{F}, हृदयग्राहिता^{F}, प्रभावशालिता^{F}, लुभावनापन, खिंचाव; विस्मयकारिता^{F}, आश्चर्यजनकता^{F}, विचित्रता^{F}, अनोखापन ।

string स्ट्रिन्ग्' १. n. ज्या^{F}, शिंजिनी^{F}, गुण, रज्जु^{F}, दोरक, **डोर**^{F}, **डोरी**^{F}, रस्सी^{F}, सुतली^{F}, तार, तन्तु, ताँत^{F}, जेवरी^{F}, तनी^{F}, निवाड़^{F}, नेवार^{F}; **बन्धक**, बन्द, फीता (*want some ~ and brown paper*); तन्त्री^{F}, (बेला, सितार, प्यानो आदिका तना हुआ) तार, ताँत^{F} आदि (*harp-~*); अवली^{F}, शृंखला^{F}, माला^{F}, लड़^{F}, लड़ी^{F}, डोरेमें गुँथा हुआ द्रव्य-समूह, पंक्ति^{F}, श्रेणी^{F}, एक

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sullenness –निॅस n. विक्षोभ, अन्तःकोप, अन्तःक्रोध, रोष, खिन्नचित्तताF, विषण्णताF, खिन्नताF, उद्वेग, (दर्श०) **मालिन्य,** औदासीन्य, उदासीनताF, उदासीF, रुखाईF।

sully स'लि v.t. (ख्यातिF, चरित्र, विजयF को) कलुषित करना, कलंकित करना, अपमानित करना, अपयश फैलाना, बदनाम करना, धब्बा लगाना, दाग लगाना, मन्द करना, धुँधला करना, फीका करना, शानF में बट्टा लगाना; (मुख्यतः का०) विकृत करना, भ्रष्ट करना, अशुद्ध करना, कलंकित करना, मलिन या दूषित करना, मैला करना, गन्दा करना, बिगाड़ना।

sulphate सल्'फॅट् n. सल्फेट्' (v.i.) १. n. शुल्वीय, गन्धकF के तेजाबका नमक, (रसा०) **सल्फेट;** २. v.t. सल्फेट बनाना, गन्धकF का नमक शोधना; ३. a. (~ed भी) शुल्वीयित।

sulphatic –फै'टिक् a. शुल्वीयिक, शुल्वीय-विषयक, सल्फेट-सम्बन्धी; शुल्वीययुक्त, सल्फेटयुक्त; शुल्वीयोत्पादी, सल्फेट पैदा करनेवाला, सल्फेटी (~ *process*)।

sulphation –फे'शॅन् n. शुल्वीयन; **सल्फेट लेप।**

sulphide –'फाइड् n. शुल्वेयन, गन्धकF के साथ किसी तत्त्व या मूलकका यौगिक, (रसा०) **सल्फाइड।**

sulphite –फाइट् १. n. शुल्वित-गोदीय, गन्धकी अम्लका लवण, (रसा०) **सल्फाइट;** २. v.t. सल्फाइट बनाना।

sulph(o)- शुल्व-, शुल्वक- (*~arsenic, ~ate, ~ide, ~ocyanide, ~onal, ~onic, ~onation, ~-salt, ~atannic*)।

sulphonal सल्'फॅनॅल n. (कृषि०) **सल्फोनल,** एक प्रकारकी नींदF लानेवाली सम्मोहनकारी औषधF।

sulphonalism –लिज्म् n. (चि०) सल्फोनलात्यय, (औषधF द्वारा उत्पन्न) विषैलापन।

sulphur सल्'फॅर् १. n. शुल्वारिय, शुल्वारि, गन्धाश्म, **गन्धकF,** सल्फर; एक प्रकारकी पीली तितलीF; २. a. कुछ-कुछ हरा रंग लिये पीला; ३. v.t. गन्धकF लगाना, गन्धकF मिलाना, गन्धकF का धुआँ या बफारा देना; ~-bottom, शुल्वारि-तल हेलF; ~-spring गन्धक-उत्स, ऐसा सोता (जिसमें गन्धकF या उसके यौगिक मिले रहते हैं), milk of ~ श्वेतचूर्ण, गन्धकF का चूर्ण;

~ acid, ~ alcohol, ~ bacteria, ~ black, ~ blue, ~ blue-black, ~ blue dyeing, ~ brown, ~ catechu, ~ chloride, ~ colour, ~-coloured, ~ compound, ~ content, ~ dark brown, ~ dark green, ~ dioxide, ~ ether, ~ family, ~ field grey, ~ fumer, ~ granule, ~ green, ~ grey, ~ indigo, ~ iodide, ~ khaki, ~ lime, ~ match, ~ navy blue, ~ oil, ~ ointment, ~ olive, ~ orange, ~ ore, ~ oxide, ~ purple, ~ redbrown, ~ salt, ~ shower, ~ spring, ~ toning, ~ violet, ~ water, ~ yellow.

sulphurate –'फ्यूरेट् v.t. गन्धकF के सहित मिश्रित या तत्क्रियाधीन करना, गन्धकF द्वारा सम्पूरित करना, गन्धकF से मिलाना, गन्धकF लगाना, गन्धकF का धुआँ या धूनी देना।

sulphuration –रे'शॅन् n. शुल्वारीयण, गन्धक-सम्मिश्रण, गन्धकसम्पृक्तीकरण, गन्धकके धुएँमें शुद्ध करनेकी क्रिया।

sulphurator –'फ्यूरेटॅर् n. शुल्वारी-साधित्र, (वन०, रसा०) **गंधकित्र, गंधक-धुरकनीF,** गन्धकF की धूनीF देकर साफ करनेवाला यन्त्र।

sulphureous –फ्युअॅ'रिॅअॅस् a. शुल्वार्य, गन्धक-घटित, गन्धकव्यापित, गन्धकीय, गन्धकयुक्त, गन्धकवर्ण, गन्धक-जैसा, (वन०) गन्धकके रंगका।

sulphureousness सल्फ्युअॅ'रिॅअॅस्'निॅस् n. शुल्वार्यताF, गन्धकघटितताF, गन्धकमयताF, कन्धकीयताF, गन्धकयुक्तताF, गन्धकवर्णताF, गन्धक-जैसा होना।

sulphuretted –फ्यूरे'टिॅड् a. शुल्वेयित, गन्धक-मिश्रित।

sulphuric –फ्युअॅ'रिक् a. (रसा०) शुल्वारिक, गन्धक-जात, गन्धकF का, (रसा०) **सल्फूरिक;** ~ acid शुल्वारिक अम्ल, गन्धकF का तेजाब, (रसा०) **सल्फ्यूरिक अम्ल,** T.।

sulphuring ⊙ –रिंग् n. = SULPHURATION.

sulphurization –फ्यूराइजे'शॅन् n. शुल्वारीयण, गन्धकीकरण।

sulphurize –'फ्यूराइज् v.t. शुल्वारायित करना, गन्धकीकृत करना।

sulphurous –रॅस a. (रसा०) शुल्वार्य, (प्रा० भू०)

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

गन्धकी, गन्धकीय, गन्धाश्मयुक्त, गन्धकमय, गन्धकसदृश (*~ acid*), (रसा०) T.।

sulphury –फ़ॅरि a. शुल्वारिकवत्, गन्धक-जैसा; शुल्वारिकमय, गन्धकयुक्त।

sultan सल्'टॅन् n. मुसलमान शासक, तुर्कराज्यकी उपाधि^{F}, सुल्तान; सुल्तान पक्षी, रेल (rail) जातिका रंगीन पक्षी; टर्की नामके सफ़ेद घरेलू पक्षीकी एक जाति^{F}; sweet ~, yellow ~ बाग के विशेष प्रकारके फूल।

sultana सल्टा'नॅ n. सुल्तानकी माँ^{F}, पत्नी^{F} या पुत्री^{F}, सुल्ताना^{F}, बादशाही बेगम^{F}, महारानी^{F}; सुल्तान पक्षी; स्मरना (*Smyrna*) की बीजरहित किशमिश^{F}।

sultanate सल्'टॅनॅट् n, (राज०) **सल्तनत**^{F}, राज्य।

sultaness सल्'टॅनॅस् n. सुल्तानकी माँ^{F}, पत्नी^{F} या पुत्री^{F}, सुल्ताना^{F}।

sultanic –टै'निक् a. सम्राडीय, सम्राड्विषयक, सम्राट् सम्बन्धी, सुल्तान-सम्बन्धी।

sultanry ⊙ –'टॅन्'रि n. साम्राज्य, राज्य, सल्तनत^{F}।

sultanship –शिप् n. सम्राट्त्व, सुल्तानियत^{F}।

sultriness सल्'ट्रिनॅस् n. तीक्ष्णता^{F}, प्रखरता^{F}, तेज; अत्युष्णता^{F}, गरमी^{F}, उमस^{F}, घमस^{F}।

sultry –ट्रि a. प्रत्युग्र, तीक्ष्ण, प्रखर, उत्तेजनाशील, तेज (स्वभाव आदि); (वातावरण या मौसम) अत्युष्ण, प्रवृद्धताप, गरम, उमसदार, (*~ weather*), घमसा।

sum- =SUB- (*~mon*)।

sum सम्' १. n. योगफल, योग, (का०) **राशि**^{F}, कुल योग, (ग०) **योगफल, संकलन फल**, कुल, **जोड़**, मीजान (*the ~ of two and three is five*); निष्कर्ष, सारांश, सार, तत्त्व, तात्पर्य, लब-लबाब, मतलब (*the ~ of all my wishes is happiness*); गणितका प्रश्न, हिसाबका सवाल (*good at ~s*); साकल्य, संकलन, समाहार; धनराशि^{F}, धनमात्रा^{F}, परिमाण, रकम^{F}, रुपया; धनभाग; १. v.t. & i. कुल योग लगाना, **जोड़ना, योग करना**, हिसाब लगाना, मीजान लगाना; कुल योगमें संकलित करना, सम्मिलित करना; सारांशमें कहना, संक्षेपमें कहना (विवादके प्रमाण, तर्कों आदिको); संक्षेपमें दुहराना, आखिरमें खुलासा करना; ~ total समस्त योग, कुल राशि^{F}, कुल रकम^{F}; *in ~* संक्षेपतः, समासतः, सारांश रूपमें, कुल मिलाकर, *~ up* योग करना, प्रमाण या तर्ककी संक्षिप्त आवृत्ति^{F} करना, बहस^{F}का खुलासा बयान करना।

sumac(h) स्यू'मैक्, शू'मैक् n. रंगके पत्तोंवाली झाड़ी^{F}।

Sumerian स्यूमीअ'रिअॅन् १. n. सुमेरियन भाषा^{F}, सुमेरी व्यक्ति; २. a. बेबीलनकी सभ्यता^{F}के गैर-सामी तत्त्व-सम्बन्धी, (इति०) **सुमेरी**।

sumless सम्'लॅस् a. अयोज्य, अयोजनीय, बिना जोड़का, बेहिसाब, अनगिनत।

summability –मॅबि'लिटि n. (ग०) **संकलनीयता**^{F}।

summable –'मॅबॅल् a. योज्य, आकलनीय।

summariness स'मॅरि'निॅस् n. सामासिकता^{F}, संक्षिप्तता^{F}।

summarist –रिस्ट् n. संक्षेपकर्त्ता, खुलासा करनेवाला।

summarization –राइज़े'शॅन् n. (ग०) **संक्षेपण**, सारांशग्रहण।

summarize –'मॅराइज़् v.t. सारांश निकालना, संक्षेप करना, खुलासा करना, लब-लबाब बताना।

summary –रि १. n. सार, **सारांश**, (*~ card*), संक्षिप्त विवरण, **संक्षेप**, खुलासा; २. a. सामासिक, **संक्षिप्त**, संक्षेपिक, अल्प, लघु, थोड़ा, छोटा, चुकता (*a ~ account*); **संक्षेपतः**, द्रुतसम्पादित, क्षिप्र, तुरन्त, **तुरत**, अविलम्बित, सरसरी, जल्दी किया हुआ;

~ assessment, ~ conviction, ~ determination, ~ methods, ~ procedure, ~ records, ~ tone, ~ trial.

summation सॅमे'शॅन् n. योगकरण, आकलन, (ग०) **संकलन**, योग, जोड़;

~ adjustment, ~angle, ~ process, ~ sign, ~ tone.

summational –नॅल् a. संयोजित (*~ note, ~ tone*)।

summer*[1] स'मॅर् १. n. **ग्रीष्म ऋतु**^{F}, ग्रीष्मकाल, ग्रीष्म, ताप, गरमी^{F}का मौसम, **गरमी**^{F}*, (मई, जून, जुलाईके महीने); जीवन या आयु^{F}का वर्ष (*a child of ten ~s*); (गुण० के रूपमें) ग्रीष्मकालीन, ग्रीष्मोपभोग्य, गर्मी^{F}के कामका; संकलनकारी; २. v. i. ग्रीष्मकाल व्यतीत करना, गरमी^{F}का मौसम बिताना या गुजारना; गर्मियों^{F}में पशुओंको चराना; ~ boarder ⊙ ग्रीष्मकालीन प्रवासी; ~-house विलासमन्दिर, केलिगृह, ग्रीष्मकालीन आवासगृह, बागमें बैठनेका छोटा-सा बँगला; (वन०) **छायावास**, ~ lightning दूरकी बिजली^{F}की लपक^{F} (जिसके साथ गर्जन न सुनायी दे); ~-time or ~ time ग्रीष्म ऋतु अथवा ग्रीष्मकाल, गरमी^{F}का मौसम या फ़स्ल^{F}; ग्रीष्मकालीन घण्टे (जो साधारण समयसे एक घण्टा अधिक होते हैं);

~ camp, ~ conference, ~ crop, ~ deciduous, ~ diarrhoea, ~ egg, ~ fallow, ~-grown, ~-hot, ~like, ~ line, ~ monsoon, ~ season, ~ seat, ~ sleep, ~ solstice, ~ ~ spore, ~ tide, ~ trial, ~ vacation, ~ visitor, ~ wear, ~ wood.

summer[2] n. (*~-tree* भी) बड़ा शहतीर, कड़ी^{F}।

summerless –लॅस् a. ग्रीष्मरहित, बेगरमी, जहाँ गरमी^{F}का मौसम न हो।

summerly, summery –लि, –रि aa. ग्रीष्मकालीन, ग्रीष्म ऋतुका, गर्मियोंका-सा; गरम।

summersault, -set स'मॅर्सॉल्ट, -सेॅट् n. =SOMERSAULT.

summing स'मिंग् n. समाहार, ~ up n. प्रमाण या तर्ककी संक्षेपावृत्ति^{F}, सार; समाहार, (का०) **समाहार करना**।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

summit स'मिट् n. पराकोटि[F], पराकाष्ठा[F], चरमसीमा[F], उच्चतम श्रेणी[F], शीर्षबिन्दु, **शिखर**, शृंग, चूड़ा, कूट, चोटी[F], सिरा (*the icy ~s of the Alps, ~ of power*); ~ curve उत्तल गोलाई[F]।

summitless –लिॅस् a. शृंगहीन, शिखररहित, बिना चोटी[F] या सिरेका।

summon स'मॅन् v.t. (का०) **आह्वान करना**, (विधा०) **आहूत करना**, आमन्त्रित करना, **आह्वान-पत्र भेजना**, (प्रतिवादी या साक्षी[F] के रूपमें न्यायालयमें उपस्थित होनेके लिए) बुलाना, बुला भेजना, पुकारना, याद करना, अदालतमें तलब करना, **सम्मन भेजना**, सम्मन जारी करना; (किसी शत्रु आदिको) आत्मसमर्पणके लिए कह भेजना, हार[F] माननेको कहना; ~ *up* (करने या निभानेके लिए साहस) बटोरना, (हिम्मत[F]) बाँधना, इकट्ठा करना, जमा करना।

summoner –नॅर् n. आह्वाता, बुलानेवाला; आह्वानाधिकारी, सम्मन निकालनेवाला अधिकारी।

summons –न्ज् n. (pl. *-es*) (का०) **आह्वान**, बुलावा, तलबी[F]; **आह्वानपत्र**; आदेशपत्र, अदालत[F]में उपस्थित होनेका हुक्मनामा, **सम्मन**- (~ *case*)।

summum bonum (L) n. निःश्रेयस्, परमार्थ।

sump सम्प् n. (~ *pit* भी) (रेल०) **निगर्त**, चहबच्चा, **चौबच्चा**, डबरा, खानोंमेंका बेकार पानी, तेल या दूसरे तरल पदार्थके लिए गड्ढा, कुआँ; हौज, (रेल०) **हौदी**[F], नाबदान, T.;

~ drain, ~ filter, ~ lubrication, ~ oil.

sumph[1] सम्फ़् n. मृदु व्यक्ति, कोमल व्यक्ति, लज्जालु व्यक्ति, लज्जाशील आदमी, शर्मीला आदमी।

sumph[2] v. i. विक्षुब्ध होना, विषण्ण होना, अन्तःकुपित होना, खिन्न होना, रुष्ट होना, उद्विग्न होना, मौन होना, उदासीन होना, खीझना।

sumpit ⊙सन्'पिट् n. सम्पिट[F] (वाद्ययन्त्र-विशेष), मुरली[F]।

sumpitan –टॅन् n. सम्पिटन (वाद्ययन्त्र-विशेष), मुरली[F]।

sumpter सम्प्'टॅर् n. (प्रा०) लद्दू घोड़ा या उसका हाँकनेवाला, परतल टट्टू।

sumptuary सम्प्'च्यूॲरि a. व्ययसीमक, व्ययरोधी; व्ययनियामक, व्ययविषयक, व्यय-सम्बन्धी, खर्चका; ~ allowance (का०) भोजाधिदेय, **आतिथ्य-भत्ता**, **सत्कार-भत्ता**; ~ law (का०) **व्यय-नियंत्रक विधि**[F]।

sumptuosity –ऑसिटि n. = SUMPTUOUSNESS.

sumptuous –'च्यूॲस् a. महार्घ, बहुव्ययसाध्य, व्ययसाध्य, बहुमूल्य, विशिष्ट, विलासपूर्ण, शानदार, बहुत बढ़िया, कीमती, उम्दा, ठाठदार।

sumptuousness –निॅस् n. महार्घता[F], बहुव्ययसाध्यता[F], अतिव्यय, विशिष्टता[F], ठाटबाट, तड़क-भड़क[F]।

sun सन् १. n. सविता, मार्तण्ड, दिवाकर, दिनकर, भास्कर, भानु, आदित्य, रवि, (ज्यौ०, ऋतु०) **सूर्य***, सूरज*; सूर्यालोक, आतप, सूर्य-प्रकाश, धूप[F], घाम, सूरज-की रोशनी[F] और गरमी[F], उपग्रहोंके सहित स्थित नक्षत्र; (का०) दिवस, दिन; (~ *burner* भी) छत[F]में लटकानेका फ़ानूस (जिसके भीतर गैस[F] या बिजली[F]की बत्तियाँ[F] इकट्ठी जलती रहती हैं); प्रभावान् पदार्थ, अत्यन्त विख्यात वस्तु[F]; २. v.t. & i. धूप[F] देना, धूप[F]में रखना, घाम दिखाना, धूप[F]में सुखाना; धूप[F] खाना, घाम लेना; mock ~ उपसूर्य, सूर्यसमीपस्थ प्रभामण्डल; Order of the Rising S~ जापानी व्यवस्था[F]; ~-and-planet चक्कर गीयर, मशीन[F]का जुड़वाँ गीयर (जिसमें एक छोटी दाँतेदार चरखी[F] अपने धुरेपर घूमती जाती है और एक बड़े पहियेको छूती हुई इसके आस-पास चक्कर काटती है और उसे गति[F] देती है); ~-bath सूर्यस्नान, नग्न होकर धूप खानेकी क्रिया[F]; ~beam सूर्यरश्मि[F], **सूर्यकिरण-पुंज**, (ज्यौ०) **सूर्यकिरणावली**[F], सूर्यकिरण[F]; ~-bird शींजिरिका, सूर्यपक्षी, मधुभक्षी लाल रंगका छोटा पक्षी; ~-blind सूर्यान्ध; आतपच्छद, खिड़की[F]का बाहरी पर्दा; ~-bonnet छत्रटोप (धूप[F]से बचावके लिए किनारेदार टोपी[F]; ~burn सूर्यदाह; (वन०) **धूप-झुलस**[F]; धूप[F]के कारण मुँह काला पड़ जाना, साँवला पड़ना; ~burnt या ~burned आतपदग्ध, सूर्यदग्ध, सूर्यातप्त, धूप[F]से झुलसा हुआ या काला पड़ा हुआ; ~dew कीटाश, एक प्रकारका छोटा-सा दलदलमें उगनेवाला पौधा; ~-dial (ज्यौ०) सूर्यघटी[F], **धूपघड़ी**[F]; ~-dog (ऋतु०) **सूर्याभास**; ~down सूर्यास्त; ~downer आस्ट्रेलियाका माल लादनेवाला जहाज (जो सन्ध्यासमय बन्दरगाहपर पहुँचा करता है); (बोल०) सूर्यास्तके समयका मदिरापान; ~-dried आतपशुष्क, आतपपक्व, धूप[F]में सुखाया हुआ; ~fish सूर्यमीन[F], सूर्यमत्स्य, सूरज मछली[F], गोलाकार बड़ी मछली[F]; ~flower (वन०) **सूर्यमुखी**, **सूरजमुखी** फूल या अन्य कोई इसी प्रकारका फूल; ~-god सूर्यदेवता, ~lit सूर्यसे प्रकाशित; ~rise **सूर्योदय**; ~set दिनान्त, **सूर्यास्त**; सूर्यास्तके समयका रंग-विरंगा आकाश; (ला०) जीवन-सन्ध्या[F], जिन्दगी[F]की शाम[F], ~shade छाता, छोटी छतरी[F], छप्पर, (यन्त्र०) (दुकान[F] की खिड़कीके ऊपरका) **सायबान**; **झाँप**[F]; (धूप[F]) **झाँप**[F]; ~shine **आतप**, **धूप**, सूर्यालोक, सूर्यका प्रकाश, रोशनी[F]; सूर्यके प्रकाशसे आपूर्ण धरातल; अच्छा मौसम; (ला०) सौभाग्य, प्रसन्नता[F], खुशदिली[F], ~shiny a. सूर्यप्रकाशयुक्त, सुहावना; प्रसन्न, खुशदिल; प्रसन्नता-प्रसारक; ~-spot सूर्यलांछन, (ज्यौ०) **सूर्यकलंक**, **सूरजका धब्बा**; ~stone (प्रा० भू०) **सूर्याश्म**; ~-stroke आतपाघात, सूर्याघात, लू[F]; (कृषि०) **लू**[F] **लगना**; *a place in the ~* (ला०) अनुकूल अवस्था[F] या परिस्थिति[F], *hail* or *adore the rising ~* आगामी या नये शासकका पक्ष प्राप्त करनेके लिए चाटु-वादिता[F] करना, खुशामद[F] करना; *his, its, etc., ~ is set* उनका जीवन-सूर्य अस्त हो गया; *hold a candle to the ~* सूर्यको दीपक दिखाना; *in the ~*

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धूप[F] में, घाममें, *rise with the* ~ प्रातःकाल उठना, बड़े सवेरे उठना; ~ one*self* धूप[F] खाना, घाम लेना; *take the* ~or (ग्रा०) *shoot the* ~ (नौवि०) धूप[F] खाना; भोगांशको निश्चित करनेके लिए उन्नतांश स्थिर करना;

~-baked, ~-blackened, ~-blindness, ~-bonnet, ~-bright, ~ burnt, ~compass, ~-crack, ~-cured, ~ drying, ~ glasses, ~ glow, ~gold, ~-hat, ~helmet, ~ light, ~-myth, ~ pillar, ~ plant, ~-rays, ~room, ~-scald, ~-scalded, ~ shine-hour, ~shine recorder, ~ signal, ~-spurge, ~ valve, ~-worship, ~ yellow.

Sun. Sunday.

sundae ⊙ सन्'डि n. कुचले हुए फल, नारियल आदिसे मिश्रित आइसक्रीम।

Sunday –सन्'डि n. रविवार, आदित्यवार, इतवार, सप्ताहका प्रथम दिवस; month of ~s लम्बी अवधि[F], दीर्घकाल; ~best (प्रायः हास्य०) रविवारको पहननेके पोशाकी कपड़े, बढ़िया कपड़े; ~ saint रविवारी सन्त, बगुला भक्त, ~-school धार्मिक पाठशाला[F], रविवारीय विद्यालय (जिसमें रविवारको धार्मिक प्रवचन होते हैं)।

sunder सन्'डॅर् v.t. & i. (प्रा०, भाषण०, का०) स्वतन्त्र करना, पृथक् करना या होना, विच्छेद करना, अलग करना या होना, अलगाना; (क्वचित्) काट देना, तोड़ना, अलग रखना, कटना, टूटना; ~land बिलगाव भूमि[F]।

sunderance –रॅन्स् n. पृथक्करण, विभाजन, विभाग, अलग करना आदि (क्व०)।

sundries ⊙ सन्'ड्रिज् n. (pl.) विविध वस्तुएँ[F]।

sundry –ड्रि १. n. (pl.) बची-खुची या अगड़ग-बगड़म बातें[F]; अनुल्लेखनीय छोटी मदें[F], (आस्ट्रेलियामें) क्रिकेट-का अतिरिक्त खिलाड़ी; २. a. (मुख्यतः प्रा० एवं हास्य०) नाना प्रकार, नाना, विविध, प्रकीर्ण, बहुविध, अनेक, विभिन्न, कई एक, कई, (~ *assets, payment*); *all and* ~ सामूहिक रूपसे और व्यक्तिगत रूपसे प्रत्येक, मिलकर और स्वतन्त्र भावसे भी, प्रत्येक और सब;

~ assets, ~ creditor, ~ debtor.

S.U.N.F.E.D. Social United Nations Fund for Economic Development.

sung संग् SING का भू० कृ०।

sunk(en) सन्क् (-ॲन्) SINK का० भू० कृ०, निमग्न, निमज्जित;

~ coast, ~ peaks, ~ road.

sunless सन्'लिॅस् a. निरातप, आतपशून्य, बेधूप, छायादार।

sunlessness –निॅस् n. निरातपता[F], आतपशून्यता[F], धूप[F]का अभाव।

sunlike –लाइक् a. सूर्यवत्; सूर्यसमान, सूरजका-सा।

sunn सन् n. शण, सन; ~ hemp (कृषि०) सनई[F]।

sunniness स'निनिॅस् n. सातपता[F], प्रकाशमयता[F], उज्ज्वलता[F], चमक[F], उष्णता[F], गर्मी[F]; प्रफुल्लता[F], प्रसन्नता[F], मनोहारिता[F], आकर्षकता[F], सुन्दरता[F]।

Sunnite सनीट्' n. सुन्नी मुसलमान।

sunnud स'नॅड् n. सनद[F], प्रमाणपत्र।

sunny स'नि a. सातप, आतपाक्रान्त, (प्रा० भू०) आतपयुक्त, आतपव्याप्त, धूपयुक्त, धूपदार, सूर्यके प्रकाशसे दीप्तिमान्, सूर्यकी भाँति उज्ज्वल, सूरजकी रोशनी[F]की तरह चमकीला, रोशन; (ब्व०) सौर, सूर्य-सम्बन्धी, सूरजका; सूर्यतप्त, धूप[F]में रखा हुआ; (ला०) प्रमुदित, प्रफुल्ल, प्रसन्नता-प्रसारक, उज्ज्वल, आकर्षक, सुन्दर, मनोहर, ~ habit (वन०) आतपवास; the ~ side घरका धूप[F]में रहनेवाला पक्ष; (ला०) उज्ज्वल पक्ष, परिस्थितियों[F]का अधिक आनन्दप्रद रूप, रोशन पहलू।

Sunnyasee, -si सन्या'सी, -सि n. संन्यासी।

sunproof सन्'प्रूफ् a. सूर्यरोध, आतपत्र, धूपरोक, धूप[F]से बचानेवाला।

sunward –'वॅर्ड् a. & adv. सूर्योन्मुखी, सूर्यमुखी, सूरजकी ओरका; सूरजकी ओर।

sunwise–वाइज़् adv. घड़ी[F]की सुई[F]की तरह; दायींसे बायीं ओरको।

sup सप् १. n. घूँट[F], चुस्की[F] (*neither bit* or *bite nor* ~); २. v.t. & i. (चाय[F], रसा आदिको) चुस्की-चुस्की पान करना, घूँटघूँट लेना, थोड़ा-थोड़ा पीना, चम्मच चम्मच पीना, सुड़पना; रात्रिकालीन भोजन करना, रात[F]का खाना-खाना, (आतिथेय या मेजमानका) किसीको भोजन कराना, (भोजन) ब्यालूके काम आना या काम देना; *he must have a long spoon that* ~*s the devil* अविश्वासी व्यक्तियोंसे बातचीत[F] करना खतरेसे खाली नहीं है।

sup. superfine; superior; (also **superl.**) superlative; supreme; *supra*, above; supine.

Sup. Ct. Superior Court; Supreme Court.

sup- =SUB- (~ *port*, ~*plant*, ~*ply*)।

super- -ऊर्ध्व, -उपरि :(~*columnar*, ~*humeral*, ~*aqueous*, ~*terrene*, ~*celestial*); अधि-, अति- (~*ethical*, ~*human*, ~*normal*, ~*natural*, ~*sede*, ~*sensible*, ~*structure*); असाधारण (~ *intelligence*)।

super स्यू'पॅर् १. n. अतिरिक्त अभिनेता, सामान्यसे अधिक संख्याका अभिनेता; (ला०) अतिरिक्त या अवांछित या अनावश्यक व्यक्ति आदि; अधीक्षक, सुपरिण्टेण्डेण्ट; (वाणि०) उत्तम कोटिका वस्त्र, बढ़िया किसका कपड़ा या वस्तु; बहुत अधिक व्ययसे निर्मित चलचित्र; २. a. परम, उत्कृष्ट, उत्तम, बढ़िया, अच्छी किस्मका; अतिरिक्त, अधिक, बहुत, छिछला, ऊपरी, दिखाऊ; वर्गगत (माप[F])।

superable स्यू'पॅरॅबॅल् a. निवार्य, परिहार्य, अतिक्रमणीय, वश्य, शक्तिगम्य।

superabound स्यूपॅर्-ॲबॉउन्ड् v.t. असामान्य मात्रा-[F]

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में होना, अत्यधिक होना, प्रचुर परिमाणमें होना, बहुतायतसे होना, हदसे ज्यादा होना।

superabundance –बन्'डॅन्स् n. अत्याधिक्य, आधिक्य, आतिशय्य, अतिप्राचुर्य, असामान्य विपुलता, बाहुल्य, बहुतायत, रेलपेल, ज्यादती।

superabundant –न्ट् a. अत्यधिक, अतिप्रचुर, अतिरिक्त, बहुल; प्रचुर, बहुत ज्यादा।

superadd –ऐड् v.t. अतिरिक्त जोड़ना, और जमा करना।

superannuate[1] –ऐ'न्यूॲट् n. वार्धक्य-निवर्त्तन; अधिवर्ष।

superannuate[2] –ॲट् v.t. परीक्षामें अनुत्तीर्ण छात्रको विद्यालयसे निकाल देनेकी आवश्यकता समझना; पेंशन देकर सेवानिवृत्त करना; वार्धक्यके कारण अयोग्य ठहराना, प्रयोग या कामके लिए अत्यधिक वृद्ध या पुराना घोषित करना और आगे चलानेके अनुपयुक्त बता देना, वृद्धावस्थाके कारण कार्यमुक्त करना, पुरानेपनके कारण निकाल देना, बेकार कह देना।

superannuated –टिॅड् a. वयोधिक, अतिवय, अनुपयोगी, वृद्धताके कारण असमर्थ, पुराना, बुड्ढा।

superannuation –ॲ'शॅन् n. अनुत्तीर्ण छात्रको विद्यालयसे निकालना; कार्यमुक्ति, वार्धक्य-निवृत्ति, वृद्धावस्थाके कारण सेवानिवृत्ति, अवकाश; (का०) अधिवार्षिकी, अधिवर्षता, वृद्धतावृत्ति, निवृत्तिवेतन; वृद्धत्व, अतिवयता, वृद्धावस्था, वार्धक्य, बुढ़ापा (~ *pension*); ~ allowance (का०) वार्धक्य-निवृत्ति भत्ता, अधिवार्षिकी भत्ता; ~ fund (का०) अधिवर्ष-निधि; ~ pension अधिवार्षिकी देय; ~ right अधिवर्षाधिकार।

superb स्(स्यू)पर्ब' a. उत्कृष्ट, अतिशोभन, मनोरम, भव्य, ऐश्वर्ययुक्त, चमत्कारपूर्ण, महान्, विशाल, उत्तम कोटिका, चारु, बहुत ही शानदार, बड़ा, बढ़िया, आलीशान, ऊँचे दर्जेका (~ *beauty*); (प्रा०) उद्धत, दृप्त।

superbness, superbity ⊙–'निॅस्, बिटि nn. उत्कृष्टता, अतिशोभनता, मनोरमता, भव्यता, ऐश्वर्य, चमत्कारपूर्णता, महानता, बढ़ियापन; दृप्ति, दम्भ, घमण्ड, अक्कड़।

supercalendered –कै'लिॅण्डर्ड् a. बहुत ही अधिक घुटा हुआ, जरूरतसे ज्यादा पालिश किया हुआ (कागज)।

supercargo –'कार्गो n. (pl. -*es*) नौपण्यकाधीक्ष, पोतपण्याधिकारी, मालविक्रेता, माल कप्तान, व्यापारी जहाजमें सामानकी बिक्रीका प्रबन्धक अधिकारी।

supercharge –चार्ज् v.t. अधिक ग्रहण करना, अधिक मूल्य लगाना, ज्यादा चार्ज करना।

supercharger –'जॅर् n. (यन्त्र०) अतिभरक, वायुयान और मोटरकारके इंजिनके सिलिण्डरोंमें अतिरिक्त मात्रामें विस्फोटकारी मिश्रणको भरनेके कामका विशेष पम्प।

supercharging –चॉर्'जिंग् n. (यन्त्र०) अतिभरण, अतिचार्जीकरण।

superciliary –सि'लिॲरि a. अधिभ्रू, (~ *arch*, ~*border*), भ्रूत्तर, भ्रूसम्बन्धी, आँखके ऊपरका भौंहोंपरका।

supercilious –सि'लिॲस् a. उद्दण्ड, गर्वित, अहंकृत, अत्युद्धत, असहनशील, दृप्त, अभिमानी, गर्वीला, घमण्डी, नकचढ़ा।

superciliousness –निॅस् n. औद्धत्य, अतिगर्व, उद्दण्डता, अभिमान, घमण्डीपन, नकचढ़ापन।

supercilium –सि'लिॲम् n. (श० र० शा०) भ्रू, भौंह।

super conductivity ⊙ –कॉन्डक्टि(विटि) n. (रसा०, भौ०) अतिसंवाहकता, अतिचालकता।

supercool –'कूल् १. v. t. अतिशीतल करना, किसी तरल पदार्थको इतना ठण्डा करना कि वह बर्फ बननेकी अवस्थासे कुछ ही नीचे रहे, बहुत ही अधिक ठण्डा करना; २. a. (रसा०) अतिशीत।

supercooling –'लिंग् n. (कृषि०, ऋतु०, भौ०) अतिशीतन, अतिशीतलन।

superdreadnought –ड्रे'ड्'नॉट् n. ड्रेडनॉटसे अधिक शक्तिशाली या मजबूत जंगी जहाज।

supereminent –ऐ''मिनॅन्ट् a. सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम, अत्युत्तम, अतिश्रेष्ठ, श्रेष्ठतम, अत्युच्च, अतिप्रख्यात, अतिप्रतिष्ठित, बहुत ही बड़ा।

supererogation –ऐ''रॅगे'शॅन् n. अतिरिक्तकारिता, नियमातिरेक, अतिरिक्ताचार, कर्त्तव्यसे अधिक काम करना; (धर्म०) नियमातिरेक या बहुकर्म, अति, ज्यादती।

supererogatory –ईरॉ''गॅटॅरि a. नियमातिरेक-विषयक, अतिरिक्ताचार-सम्बन्धी, विध्यतिरिक्त, कर्तव्यातिरिक्त, कर्त्तव्यसे अधिक कार्य करनेका।

superexcellence –ऐ''क्स'सॅलॅन्स् n. अत्युत्कृष्टता, अत्युत्तमता, उत्तमोत्तमता, सर्वोच्चता, कमाल, खूबी।

superexcellent –न्ट् a. अत्युत्कृष्ट, परमोत्कृष्ट, अत्युत्तम, उत्तमोत्तम, सर्वोत्कृष्ट, सर्वोच्च, बहुत ही बढ़िया।

superfatted –फै'टिॅड् a. अत्यधिक वसामय, बहुत ज्यादा चर्बीला (~-*soap*)।

superficial –फि'शॅल् a. उपरिष्ठ, (प्रा० भू०) पृष्ठस्थ, अगम्भीर, (वन०, शिक्षा०) धरातलीय, तलोपरिक, बाह्य, ऊपरी, दिखाऊ, बाहरी, ऊपर ऊपरका, सतही, सतहपरका, बाहर-बाहरका; गाध, अगाढ़, छिछला, हलका, थोड़ा, कच्चा, उथला, थोथा, (~ *colour*, *knowledge*); पल्लवग्राही, सामान्य; ~ expansion (भौ०) क्षेत्रीय प्रसरण, क्षेत्रीय प्रसार; ~ feet (परि०) वर्गफुट; ~ artery, ~ cleavage, ~ density, ~ deposit, ~ eruption, ~vein.

superficiality –शिऐ'लिटि n. उपरिष्ठता, तलोपरिकता, अगम्भीरता, हलकापन, सतहीपन, ऊपरीपन, छिछलापन, उथलापन, कच्चापन, थोथापन।

superficialness –'शॅल्-निॅस् n. =SUPERFICIALITY.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

superficies –शिईज़् n. धरातल, तल, उपरितल, ऊपरकी या बाहरकी सतह^{F}; पृष्ठ, पृष्ठदेश; बहिर्दिक्, बाहर।

superfine –फ़ाइन् a. (वाणि०) विशिष्ट, सर्वोत्कृष्ट, अत्युत्तम, (रसा०) अतिसूक्ष्म, अधिचारु, अतिरिक्त-विशेषता-पूर्ण, बहुत ही बढ़िया; महीन, बारीक (~ *cloth*); संस्कार-प्रिय, परिमार्जनप्रिय, विशुद्धता-प्रेमी।

superfineness –'निॅस् n. विशिष्टता^{F}, सर्वोत्कृष्टता^{F}, अत्युत्तमता^{F}, अतिसूक्ष्मता^{F}, अधिचारुता^{F}; परिमार्जन-प्रियता^{F}, विशुद्धताप्रेम।

superfluity –फ़्लू'इटि n. बाहुल्य, बहुलता^{F}, आधिक्य, अतिरिक्त मात्रा^{F}; आवश्यकता^{F}से अधिक राशि^{F}, अतिरिक्त या फालतू धन या रकम^{F} (*give of* one's ~); अनावश्यक वस्तु^{F}।

superfluous सुपर्'फ़्लुअॅस् a. अत्यधिक, प्रचुर, विपुल, प्रभूत, अतिरिक्त (~ *hypothesis*), निष्प्रयोजन, निरर्थक, व्यर्थ; अनावश्यक, ज्यादा, आवश्यकता^{F}से अधिक, बहुत काफी, जरूरत^{F}से ज्यादा, फालतू, बेजरूरत, फाजिल (~ *copies*)।

superfluousness –निॅस् n. अतिरेक, प्रचुरता^{F}, आधिक्य, प्रयोजनातिरिक्तता^{F}, अनावश्यकता^{F}, फाजिल होना।

superflux स्यूपॅर्'फ़्लक्स् n. अतिप्रवाह, फालतू बहाव।

superheat –हीट्' १. n. अधितापः २. v.t. अतितप्त करना, पानीके क्वथन-विन्दुसे ऊपरके तापक्रमतक उत्तप्त करना या गरमाना, उबलनेसे भी ज्यादा गरम करना।

superheated –'टिॅड् a. (रसा०, भौ०) अतितप्त, अतितापित।

superheater –'टॅर् n. अधितापक, (यन्त्र०) अतितापक, उत्तापक, अतिताप-यन्त्र।

superheating –टिंग् n. (रसा०, भौ०) अतितापन।

superhuman –ह्यूमॅन् a. मनुष्यागम्य, अतिमर्त्य, अतिमानुषी, अधिमानवीय, अपौरुष, दैवी, अलौकिक, मनुष्यकी शक्ति^{F}से परे।

superimpose –इम्पोज़्' v.t. अध्यारोपण करना, अध्यारोपित करना, ऊपर रखना या लगाना, (किसी दूसरी वस्तु^{F}पर) लादना।

superimposed –ड्' a. अध्यारोपित, अधिनिविष्ट, ऊपर रखा।

superimposition –पॅज़ि'शॅन् n. (रसा०, यन्त्र०) अध्यारोपण, अधिक लादना।

superincumbent –इन्कम्'बॅन्ट् a. उपरिन्यस्त, अध्याश्रित, उपरिशायी, उपरिस्थित, उपरिस्थ (~ *load*), उपरिवर्ती, किसी वस्तु^{F}के ऊपर पड़ा हुआ या रखा हुआ।

superinduce स्यूपॅर्'इन्ड्यूस्' v.t. संयोग करना, कोई नयी वस्तु^{F} विकसित करना, वृद्धि^{F} करना, नयी वस्तु^{F} जोड़ना या बढ़ाना, ज्यादा करना।

superinduction –डॅक्'शॅन् n. संयोजन, नयी वस्तु^{F} जोड़ना।

superintend –इन्टॅन्ड् v.t. & i. तत्त्वावधान करना, अधीक्षण करना, निरीक्षण करना, अधीक्षक होना, प्रबन्ध करना, प्रबन्धको लेना, उसे व्यवस्थित करना और कामको देखना, देखभाल^{F} करना, निगरानी^{F} करना।

superintendence, -cy –'डॅन्स्, -सि n. (का०) अधीक्षण, निरीक्षण, प्रबन्ध, निगरानी^{F}; तत्त्वावधायकता^{F}, अधीक्षकपद, अधिकरणकर्तृत्व, सुपरिण्टेण्डेण्टका पद।

superintendent –न्ट् n. पर्यवेक्षक, (राज०) अधीक्षक, (~ *jail*, ~ *police*), तत्त्वावधायक, अध्यक्ष, संचालक, पुलिस सुपरिण्टेण्डेण्ट।

superior सू(स्यू)पीॲरिॲर् a. उत्तरवर्ती, (वन०) उत्तरीय, (का०) उत्कृष्ट, उत्कृष्टतर, गुरुतर, महत्तर, उच्च, उच्चतर, उत्तर, उपरि (~ *clerk, court*); अधिकतर, श्रेष्ठ, उत्तम, बड़ा, बेहतर, बरतर, बढ़ा हुआ (*by* ~ *wisdom*); (जीव०) ऊर्ध्व, (n.) वरिष्ठ, प्रवर, प्रकृष्ट (~ *authority*); ज्येष्ठ, गुरु, अधिक योग्यता-वाला व्यक्ति, उच्चतर पदपर स्थित व्यक्ति, अच्छा, बड़ा, बुजुर्ग (*is deferential to his* ~*s*); (वन०) पुष्प-कोश या बीजकोशके ऊपर रखा हुआ (पुष्पकोश या बीज-कोश); स्वगुणाभिमानी, अत्यभिमानी, अभिमानी, दम्भी (*he remarked with a* ~ *air*); विशिष्ट, प्रमुख, असामान्य, असाधारण, अधिक गुणवान्, गुणी, उच्च कोटि^{F}का, अच्छा, बढ़िया, असाधारण विशेषताओं^{F}का, ऊँचे दर्जेका (*my cook is a very* ~ *woman*); दृढ़, अटल, निश्चिन्त, चिन्तामुक्त, लोभ मोह आदिसे परे (~ *to bribery, temptation*); मठाध्यक्ष, मठाधीश; ~ characters (वाणि०) शीर्षाक्षर; ~ figures पंक्ति^{F}के ऊपर मुद्रित या लिखित अंक; ~ letters पंक्ति^{F}-के ऊपर मुद्रित या लिखित अक्षर; ~ mode of living ऊँचा रहन-सहन; ~ numbers अधिक संख्या^{F} (*was overcome by* ~ *numbers*); ~ persons अच्छे भले शिक्षित व्यक्ति; (प्रायः व्यंग्य) दम्भी व्यक्ति; ~ wings बड़े पंख (जो दूसरोंके ऊपर फैले रहते हैं)।

~ adult, ~ artery, ~ authority, ~ brachium, ~ bulb, ~ canaliculus, ~ child, ~ conjunction, ~ court, ~ crops, ~ establishment, ~ ganglion, ~ horn, ~ intelligence, ~ lobe, ~ meatus, ~ mediastinum, ~ oblique, ~ planet, ~ recess, ~ rectus, ~ service, ~ umbilicus, ~ venacava, ~ vermis.

superioress –रिॅस् n. मठाध्यक्षा^{F}, मठाधीशा^{F}।

superiority सॅपीॲ(पे॰)रिॲरिटि n. विशिष्टता^{F}, गुणाधिक्य, प्राधान्य, गुरुता^{F}, महत्ता^{F}, उत्कृष्टता^{F}, उत्तमता^{F}, प्रमुखता^{F}, विशेष योग्यता^{F}, बड़प्पन, खूबी^{F}; श्रेष्ठत्व, श्रेष्ठता^{F}, वरिष्ठता^{F}, उच्चता^{F}, उपरिकता^{F}; स्वाभिमान, दृढ़ता^{F}, निश्चिन्तता^{F}; ~ complex अहम्मन्यता^{F}; ~ feeling उत्कर्ष भावना^{F}।

superjacent स्यूपॅर्'जेॅसॅन्ट् a. उपरिवर्ती।

superlative सुपॅर्'लॅटिव् १. n. अतिशयोक्ति, उत्तम कोटि^{F}में कहा हुआ शब्द; उत्तम कोटि^{F} या रूप (*not*

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

used in the ~); २. a. सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम, सर्वश्रेष्ठ, सर्वप्रधान, श्रेष्ठतम, प्रधानतम, परम, सर्वोच्च श्रेणी[F]का, उत्तम कोटिका, सबसे बढ़कर (~ *wisdom, beauty, etc.*); *his talk is all* ~*s* वह अतिशयोक्तिपूर्ण बातें[F] करता है।

superlativeness –नि॑स् n. सर्वोत्कृष्टता[F], सर्वोत्तमता[F], उत्तमता[F]।

superman स्यूपॅर्'मैन् n. (शिक्षा०) **अतिमानव**, अधिमनुष्य, अवतारी पुरुष।

supermundane –मन्'डेन् a. अधिपार्थिव, भूमण्डलके ऊपरका, पृथ्वीकी वस्तुओं[F]की अपेक्षा श्रेष्ठ।

supernacular –नै'क्यूलॅर् a. विशिष्ट, अत्युत्तम, अधिचारु, प्रथम श्रेणी[F]का, पहले दर्जेका।

supernal स्यूपॅर्'नॅल् a. (का०, भाषण०) दिव्य, दैवी, स्वर्गीय, आकाशी, पारलौकिक, ऊर्ध्वलोकस्थ, महान्, ऊँचा।

supernatant स्यूपॅर्-ने'टॅन्ट् a. प्लावी, तिरनेवाला, ऊपर-ऊपर तैरनेवाला; ~ liquor अधिद्रव।

supernatation –नॅटे'शॅन् n. प्लवन, तिरना, ऊपर-ऊपर तैरना।

supernational –ने'शॅनॅल् a. सार्वभौम, सार्वभौमिक, अन्तर्राष्ट्रीय।

supernatural –नै'चॅरॅल् a. (शिक्षा०, दर्श०) **अतिप्राकृतिक**, अतिप्राकृत, प्रकृतिवाह्य, मानवासाध्य, अतिमानुषिक, अमानुषी, आधिदैविक, लोकातीत, लोकोत्तर, दैवी, **अलौकिक**, प्रकृति[F]से परे; आश्चर्यजनक।

supernaturalism –लिज़्म् n. अलौकिकतावाद, अपौरुषेयत्ववाद, लोकोत्तरवाद, दैवी शक्ति[F]में विश्वास।

supernaturalist –लिस्ट् n. अलौकिकतावादी, अपौरुषेयत्ववादी, लोकोत्तरशक्तिवादी।

supernaturalistic –'टिक् a. अलौकिकतावादी, अपौरुषेयत्ववाद-विषयक, दैवीशक्ति-सम्बन्धी।

supernaturalize –लाइज़् v.t. अतिप्राकृत रूप देना, निसर्गातीत बनाना, प्रकृति[F]से परे उठाना।

supernaturalness –ल्-नि॑स् n. लोकोत्तरता[F], अतिप्राकृतता[F], अतिमानुषिकता[F], मानवासाध्यता[F], अलौकिकता[F], विलक्षणता[F]।

supernormal –नॉर्'मॅल् a. (शिक्षा०, चि०) **अधिसामान्य, अतिसामान्य**।

supernumerary –न्यू'मॅरॅरि १. n. निर्दिष्ट संख्या[F]से अधिक व्यक्ति या वस्तु[F], फालतू आदमी; २. a. संख्यातिरिक्त, अधिसंख्य (~ *post*), अधिसंख्यक (~ *strength*), अधिक, अतिरिक्त, आवश्यकता या नियत संख्यासे अधिक, फालतू, जायद, फाजिल (~ *bud*)।

superpassage –पै'सिज् n. (यन्त्र०) **ऊर्ध्वलंघिका**[F]।

superphosphate –फॉस'फेट् n. अधिभास्वीय, (रसा०) **अधिमात्रिक फास्फेट**, (कृषि०) T.; फास्फोरसके अम्लकी अधिकतम मात्रा-मिश्रित फास्फेट।

superposable –पो'ज़ॅबॅल् a. आच्छाद्य, अध्यारोप्य, (प्रा० भू०, ग०) **अध्यारोपणीय**।

superpose –पो'ज़् v.t. (ग०) **अध्यारोप करना**, अध्यारोपित करना, अध्यारोप करना, आच्छादित करना, ऊपर स्थापन करना, किसी पदार्थको दूसरेपर रखना, एकको दूसरेपर जमाना।

superposition –पॅज़ि'शॅन् n. (चि०) **अध्यारोप**, (यन्त्र०, प्रा० भू०) **अध्यारोपण**, आच्छादन।

supersaturate –सै'च्यूअरेट् v.t. अध्यनुविद्ध करना, अतिसंतृप्त करना, आवश्यकता[F]से अधिक संतृप्त करना।

supersaturated –टिॅड् n. (रसा०, भौ०) **अतिसंतृप्त**।

supersaturation –रे'शॅन् n. अतिसंतृप्तीकरण, (ऋतु०, रसा०) **अतिसंतृप्ति**[F], **संतृप्ति**[F]।

superscribe –स्क्राइब् v.t. उत्कीर्ण करना या अंकित करना, ऊपर या बाहरकी ओर लिखना या खोदना।

superscribed –ड् a. उपरिलिखित, उत्कीर्ण, उपर्यंकित, ऊपर लिखा हुआ (~ *words*)।

superscript –'स्क्रिप्ट् a. अधिलिखित, पंक्ति[F]के ऊपर लिखा हुआ।

superscription –प्'शॅन् n. बहिर्नाम, उपरिलेख, शिरोनाम, शीर्षक, सरनामा, किसी वस्तु[F]के ऊपर या बाहर उत्कीर्ण या अंकित शब्द, पता।

supersede –सीड् v.t. (का०) **विस्थित करना**, निरस्त या निष्प्रभाव करना, स्थानच्युत करना, अवक्रान्त करना, अधिलंघन करना; अधिकारच्युत करना, **अधिक्रमण करना**, (राज०, ऋतु०) **अतिक्रमण करना**, उखाड़ फेंकना, निकाल देना, पीछे छोड़ देना, हटा देना, उठा देना; प्रयोग न करना, काममें न लाना, रद्द करना; (कानून) लेखरोध करना।

supersedeas (L) n. कार्यवाही-रोधाज्ञापत्र।

supersedure ⊙ –'ड्युॲर् n. अवक्रमण, निरसन, निष्प्रभावण, शून्यन, अधिलंघन, अधिकार-वंचन, जगह[F]ले लेना, आगे बढ़ जाना; (कानून) लेखरोधन।

supersensible –से॑न्'सॅबॅल् a. इन्द्रियातीत, (दर्श०) **अतीन्द्रिय**, इन्द्रियोंसे परे।

supersensitive –सिटिव् a. अतिसंवेदनशील, अतिविकारशील, अतिप्रभावग्रहणशील।

supersensitiveness –नि॑स् n. अतिसंवेदनशीलता[F], अतिविकारशीलता[F], अतिप्रभावग्रहणशीलता[F]।

supersensual, supersensuous –स्यूॲल्, –ॲस् aa. अतिपार्थिव, अतीन्द्रिय, इन्द्रियातीत, इन्द्रियों[F]से परे।

supersession –से॑"शून् n. अधिक्रम, अतिक्रम, अधिलंघन, निष्प्रभावीकरण, स्थानाधिकार-परिवर्तन, स्थानापन्नता, एकके स्थानपर दूसरे व्यक्ति या वस्तु[F]की नियुक्ति[F] या स्थापना[F]; *in* ~ *of* का अतिक्रमण करके।

supersonic –सॉ'निक् a. अधिस्वनिक, (भौ०) **पराध्वनिक, कर्णातीत**;

~ speed, ~ telegraphy, ~ velocity, ~ waves.

supersonics –क्स् n. (भौ०) **पराध्वानिकी**[F], अधिस्वनिकी[F], अधिस्वन-विज्ञान।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

superstition –सि'शॅन् n. कुसंस्कार, अन्यथाधर्म, अलीकधर्म, मिथ्याधर्म, मिथ्याभक्ति^{F}, भ्रमात्मक श्रद्धा^{F}, तामसी निष्ठा^{F}, अतिभक्ति^{F}, **अन्धविश्वास**, मूढविश्वास, मूढाग्रह, वहम।

superstitious –शॅस् a. कुसंस्कारविशिष्ट, कुसंस्कार-जनित, मिथ्याधर्मयुक्त, मिथ्याधर्मी, अन्धश्रद्धाजनित, अन्धश्रद्धालु, मूढग्राही, मूढाग्रहमूलक, अन्धविश्वासपूर्ण, अन्धविश्वासी, वहमी।

superstitiousness –निॅस् n. मिथ्याधर्मिता^{F}, मिथ्याधर्मीपन, अन्धश्रद्धालुता^{F}, मूढाग्रह, अन्धविश्वासीपन; मिथ्याधर्म, अन्धश्रद्धा^{F}, अन्धविश्वासपूर्णता^{F}, वहमीपन।

superstratum –स्ट्रे'टॅम् n. मूर्धास्तर, ऊर्ध्वस्तर, ऊपर-की परत^{F}।

superstruction, superstructure –स्ट्रक्'शॅन्, –च्युॲर् nn. अधिरचना^{F}, भवनका ऊपरी भाग, ऊपरका ठाट, ऊपरी बनावट^{F}।

superstructive –'टिव् a. दे० SUPERSTRUCTURAL.

superstructural –'चॅरॅल् a. अधिरचनात्मक।

superstructure –'च्युॲर् n. उपरिसंरचना^{F}, **अधिरचना**^{F}, अधिरचिति^{F}, उपरिभवन, **ऊपरी-ढाँचा**, (इंजी०) ऊपरी तामीर^{F}।

supertax –'टैक्स् n. (का०) **अधिकर, अतिकर**, अतिरिक्त आयकर।

supertone –'टोन् n. अधितान^{F}, संगीतके विधानमें मौलिक सुरसे ऊपरका अर्थात् ऊँचा प्रथम सुर।

supervacaneous –'वॅके'निॲस् a. निष्प्रयोजन, अनावश्यक, व्यर्थका, बेकार, बेजरूरत, फालतू, फिजूल।

supervene –वीन्' v. i. अकस्मात् आ पड़ना, बीचमें घटित होना, एक काममें दूसरा काम भी आ टपकना, अड़ना, आ पड़ना, टूट पड़ना।

supervenient –'निॲन्ट् a. अकस्मात् घटित होनेवाला, ऊपरसे टपकनेवाला, ऊपर आ पड़नेवाला, जायद।

supervention –वे'न्'शॅन् n. (चि०) अधिघटना^{F}, उपरिघटना^{F}, अकस्माद्घटन, आ टपकना, आ पड़ना, टूट पड़ना।

supervisal –वाइ'जॅल् n. = SUPERVISION.

supervise –ज़्' v.t. (का०) **पर्यवेक्षण करना, परिवीक्षण करना**, परिनिरीक्षण करना, देखरेख^{F} करना, **देखभाल**^{F} **करना**, सुपरवाइज करना।

supervising –'जिंग् a. पर्यवेक्षी (~ *staff*)।

supervision –वि'ज़न् n. (कृषि०) **पर्यवेक्षण**, (~ *liquidation*), **परिवीक्षण** (~ *order*), परिनिरीक्षण, देखरेख^{F}, **देखभाल**^{F}।

supervisor –वाइ'ज़ॅर् n. (कृषि०) **पर्यवेक्षक**, (~ *publication*), **परिवीक्षक**, परिनिरीक्षक।

supervisory –रि n. (राज०) आवेक्षण; **पर्यवेक्षण, परिवीक्षण**; a. **पर्यवेक्षी**, पर्यवेक्षण-विषयक, परिनिरीक्षण-सम्बन्धी (~ *body*); पर्यवेक्षणात्मक, परिनिरीक्षणयुक्त।

supinate स्यू'पिनेट् v.t. & i. हाथ उलटना, गदोली^{F} उलटना; पैर ऊपर उठाना, चित लेटना।

supination –ने'शॅन् n. उन्मुखता^{F}, उत्तलावस्था^{F}, उत्तानितत्व, (चि०, जीव०) **उत्तानन, करोत्तानन**, उत्तानावस्था^{F}, चित लेटनेकी अवस्था^{F}।

supinator –'पिनेटॅर् n. (चि०) **उत्ताननी**^{F}; (जीव०) **उत्तानवेशी**^{F}, T.।

supine[1] –'पाइन् n. (लैटिनमें) क्रियार्थक संज्ञा^{F}।

supine[2] स्यूपाइन् a. (चि०) पृष्ठशायी, (वन०) **उत्तान**, ऊर्ध्वमुख, उन्मुख, उत्तल, चित, ऊपरको मुख किये पड़ा हुआ; उपेक्षापरायण, निरुद्योगी, उदासीन, अलस, आलसी, निष्क्रिय, निकम्मा, सुस्त, कामचोर, ढीला, मट्ठर।

supineness –'निॅस् n. चित पड़े होनेकी अवस्था^{F}; निष्क्रियता^{F}, उद्योगहीनता^{F}, आलस्य, तन्द्रा^{F}, आलसीपन, सुस्ती^{F}, काहिली^{F}, कामचोरी^{F}, निकम्मापन।

supp. (or Suppl.) supplement; supplementary.

suppedaneum सप्डि'डे'निॲम् n. (ईसा०) वेदी^{F}का पावदान।

supper स'पॅर् n. **निशाहार** (~ *bar*), ब्यालू, नैश-भोजन, रात^{F}के समय किया जानेवाला अन्तिम खाना।

supperless –लिॅस् a. भोजनरहित, भूखा।

supplant सॅप्लान्ट्' v.t. गुप्त भावमें मूलोत्पाटन करना, मूलोच्छेदन करना, निस्सारण करना, दूसरेका स्थान चालाकी^{F}से हथिया लेना, गुप्त रूपसे जड़ उखाड़ देना, पाँव उखाड़ना, निष्कासित करना, निकाल देना, दूर करना, हटाना।

supplantation –टे'शॅन् n. अधिकारापहरण, मूलोत्पाटन, मूलोच्छेदन; विध्वंस, नाश।

supplanter –'टॅर् n. पदापहारक, निष्कासनकर्त्ता, उत्पाटक, उखाड़नेवाला, दूसरेके स्थानको हथियानेवाला।

supple स'पॅल् १. v.t. & i. अप्रतिरोधकारी बनाना या होना, वशीभूत करना, कोमल करना, नमनशील बनाना या होना, दब्बू बनाना या होना; सुनम्य बनाना या होना, लचकदार बनाना या होना, लचीला बनाना या होना; झुकाना, झुकना; २. a. अप्रतिरोधकारी, नमन-शील, अद्दू, वशवर्ती, अधीन प्रकृति^{F}का; चाटुवादिताप्रिय, चापलूस, चापलूसीभरा, दब्बू, दबकर काम निकालने-वाला, खुशामदी, लल्लो-चप्पो^{F} करनेवाला; सुनम्य, नमनशील, नमनीय, मृदु, कोमल, मुलायम, लचीला, लचकदार, लोचदार; ~ *horse* घोड़ेको थोड़ेसे इशारेपर दौड़नेवाला बना देना; ~ *jack* लचीला बेंत।

supplement[1] सप्'लिॅमॅन्ट् n. (का०) **अनुपूरण; परि-शिष्टि**^{F}; **जोड़बन्ध**; (गणि०) **सम्पूरक, ऋजुपूरक**, द्विसमकोणपूरक; पूरक, शेषपूरक, अनुपूरक, परिशिष्ट, क्रोड पत्र, अतिरिक्त अंश।

supplement[2] सप्लिॅमे'न्ट्' v.t. (ग०) **सम्पूर्ण करना**, सम्पूरण करना, अनुपूरित करना, परिशिष्ट जोड़ना, वृद्धि^{F} करना, बढ़ाना, जोड़ना, लगाना।

supplemental, supplementary –'टॅल्, –टॅरि aa. **पूरक, सम्पूरक**, परिशिष्ट-विषयक, विशेष-संस्करण-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्बन्धी; (का०) **अनुपूरक**, परिपूरक, परिशिष्ट, अतिरिक्त, जुड़ा हुआ, बादका;

~ affidavit, ~ agenda, ~ angle, ~ budget, ~ charges, ~ demand, ~ estimate, ~ examination, ~ factor, ~ food, ~ grant, ~ mineral, ~ question, ~ statement, ~ test, ~ treaty, ~ twin.

supplementation –टे'शॅन् n. सम्पूरण, अनुपूरण, भरण, जोड़, जमा।

suppleness स'पॅल्-निॅस् n. अप्रतिरोधकारिता[F], वशवर्तिता[F], चाटुकारी[F], चापलूसी[F], दब्बूपन; सुनम्यता[F], नमनशीलता[F], नमनीयता[F], लचक[F], लोच[F], लचीलापन।

suppletory सप्'लिॅटॅरि a. पूर्तिकारी, आपूर्णकारी, पूरक, कमी पूरी करनेवाला।

suppliance स'प्लिॲन्स् n. =SUPPLICATION.

suppliant –न्ट् १. n. विनयी, प्रार्थी, अनुनयकर्ता, दीन याचक; २. a. दीन, निवेदक, याचक, अनुनयकारी, प्रार्थक, प्रार्थनाकारी, प्रणत, नम्र, कृतांजलि, बद्धांजलि, शरणागत, शरणार्थी; अनुनय-विनय-द्योतक, अनुनय या प्रार्थना सूचक, दीन-याचना[F] करनेवाला।

supplicate स'प्लिकेट् v.t. & i. सानुनय आवेदन करना, अनुनय करना, सांजलि याचना[F] करना, करबद्ध प्रार्थना[F] करना, विनती[F] करना, दीनभावसे माँगना, मिन्नत करना, गिड़गिड़ाना, अर्ज[F] करना।

supplication –के'शॅन् n. अनुनय[F], विनय[F], नम्र निवेदन, याचना[F], विनम्र प्रार्थना[F], विनती[F], भिक्षा[F], मिन्नत[F], अर्ज[F]।

supplicatory –'प्लिकॅटॅरि a. अनुनयात्मक, प्रणतिपूर्ण, याचनापूर्ण, प्रार्थनासूचक, विनतीवाला, मिन्नतभरा; अनुनय-विनय-सम्बन्धी, विनती-भरा।

supplier सॅप्लाइ'अॅर् n. **सम्भारक, सम्भरक**; (~ *consumer*); सम्भरणकर्त्ता, पूर्तिकर्त्ता, समायोजक, प्रदायक, **दायक**, देनेवाला।

supply[1] –इ' n. (अर्थ०) **सम्भरण**, पर्यपण, **प्रदाय**, आपूर्ति[F], (अर्थ०) पूर्ति[F], अभावपूरण, समायोजन, भरनी[F], देनेकी क्रिया[F]; सम्भार, संग्रह, संचय, भण्डार, प्रदान की हुई सामग्री[F]की राशि[F], **रसद**[F] (*an inexhaustible ~ of fish, coal*, etc.); (pl.) सेना[F]के उपभोगकी आवश्यक वस्तुएँ[F], रसद-पानी; (pl.) प्रदाय, सरकार[F]के व्ययके लिए संसद[F]के द्वारा प्रदत्त धनानुदान, किसी व्यक्तिका अधिदेय या भत्ता (*his father cut off the ~ies*); Committee of S~ पूर्ति-समिति[F], ब्रिटेनकी लोकसभा[F]में लोकसेवा[F]के व्ययोंपर विचार करनेवाली समिति[F]; ~ and demand (राज०, अर्थ०) प्रदाय और अभियाचन, पूर्ति[F] और माँग[F];

~ base, ~ bill, ~ bowl, ~ breaker, ~ bundles, ~ committee, ~ contractor, ~ current, ~ curve, ~ department, ~ depot, ~ division, ~ inspector, ~ line, ~ measures, ~ officer, ~ pay bills, ~ personnel, ~ pipe, ~ platoon, ~ point, ~ position, ~ price, ~ room, ~ schedule, ~ schemes, ~ section, ~ share, ~ ship, ~ system, ~ voltage.

supply[2] v.t. **सम्भरण करना, रसद**[F] **देना**; आपूरित करना, आपूर्ति[F] करना, भरना; हाजिर करना, ला देना, मँगा देना; भरती[F] करना।

support* सँपॉर्ट्' १. n. भरण-पोषण, **संपालन**, पालन-पोषण, **अनुपोषण**; पक्षपोषण, **समर्थन**; साहाय्य, **सहायता**[F]; भारवहन, **अवलम्ब**, आश्रय, सहारा*, टेक[F] (*give ~ to; troops stationed in ~*); अवष्टम्भ, **आधार, अवलम्ब, आलम्ब, टेक**[F], प्रोत्साहन, शक्ति[F] देना या पाना; प्रमाणीकरण, सिद्धि[F]; प्रस्तुतीकरण; २. v.t. भरण-पोषण करना, पालना, चलाना, **संपालन करना** (~ *a family*); भारवहन करना, **अवलम्ब देना**, धारण करना, सहारा देना, कुछ भार सम्हालना, बोझ ले जाना, भार उठाना, गिरने या धसकने न देना, **टेक**[F] **देना**, सधाना, थामना (*had to be ~ed home*); जीवनी-शक्ति[F] देना, प्रोत्साहित करना, उत्साह बढ़ाना, बल प्रदान करना, ढाढ़स देना या बढ़ाना, गिरनेसे बचाना, हिम्मत बढ़ाना, दिलासा[F] देना (*what ~ed him* or *his strength was a glass of brandy, a good conscience, hope, your approval*); सहन[F] करना, सहना, झेलना, बरदाश्त[F] करना (~*s fatigue well*); पक्षपोषण करना, पुष्ट करना, **समर्थन करना**, आगे बढ़ाना, **सहायता**[F] **करना**, सहायता[F] देना, कृपा[F] करना, साथ देना, पीठ[F] ठोंकना, हिमायत[F] करना (~ *a candidate, cause*); (वक्तव्य, सिद्धान्त, आरोप) प्रमाणित करना, पृष्ठपोषण करना, सप्रमाण कहना, **समर्थन करना**, सिद्ध करना, स्थिर करना, निश्चित करना, पक्का करना, साबित करना; भूमिका[F]में पूरा-पूरा अभिनय करना, पार्ट प्रस्तुत करना; ~ trench गोला-बारूद[F]की खाई[F] और सुरक्षा[F]की खाई[F]के बीचकी दूसरी पंक्ति[F]; ~ institution किसी संस्था[F]को चन्दा देना।

supportable –'टॅबॅल् a. सह्य, सहनीय, सहने योग्य, बरदाश्तके लायक; सहायतार्ह, आलम्बन योग्य।

supportableness –निॅस् n. सह्यता[F], सहनीयता[F], सहनेकी योग्यता[F], सहायतार्हा[F]।

supportance –टॅन्स् n. साहाय्य, सहायता[F], मदद[F]; अवलम्ब, सहारा; समर्थन, पक्षपोषण।

supported –टिॅड् a. आधृत, समर्थित।

supporter –टॅर् n. **संपालक, अनुपोषक**, भरण-पोषण-कर्त्ता, पोषक-पालक, भारवहनकर्त्ता, सहन करनेवाला; उत्साहवर्द्धक, शक्तिदाता पृष्ठपोषक, आलम्बी, समर्थनकारी, सहायक, पक्षपोषक, प्रमाणित करनेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; (अग्रदौत्य) ढाल[F] लेकर खड़ा हुआ सिपाही, कुलचिह्नांकित ढाल[F]के पास बनी मूर्त्ति[F]।

supporting –टिंग् a. आधारी, सहारा देनेवाला; समर्थक, पोषी, सहायी, सहायक; ~ film गौण या कम महत्त्वपूर्ण चलचित्र या फ़िल्म[F];

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ airforce, ~ arms, ~ axis, ~ cell, ~ extension, ~ frame, ~ moulding, ~ rod, ~ weapon.

supportless –ट''लिॅस् a. निरवलम्ब, आश्रयहीन, असहाय, अनाथ, बेकस, बिना सहारेका।

supposable सॅपो'ज़ॅबॅल् a. अनुमेय, भावनाग्राह्य, कल्पनीय, उपकल्प्य, मान लेने योग्य, फर्ज करने लायक।

supposal –ज़ॅल् n. (शिक्षा०) **उपकल्पना**F; = SUPPOSITION.

suppose –ज़् v.t. अनुमानित करना, उपकल्पित करना, (ग०) **कल्पना**F **करना, मान लेना,** मानना, समझ लेना (*let us ~ a second flood*); (परिणाम, सिद्धान्त आदिकी) अपेक्षाF रहना, आवश्यकताF होना, आवश्यक होना, शर्तF होना (*that ~s mechanism without flaws*); ठहराना; स्वीकृत करना, सम्भव मान लेना, अनुमान करना, अज्ञानके कारण मान लेना, सोचने लगना, सोच लेना, समझना, विचारना (*I ~ we shall be back in an hour*); *be ~d* कर्त्तव्य समझना, कर्तव्यके रूपमें होना, (*he is not ~d to clean the boots*)।

supposed –ज़्' a. सम्भावित, अनुमानित, उपकल्पित, (भौ०) **कल्पित,** विशिष्ट, माना हुआ (*his ~ brother, generosity*)।

supposer –'ज़ॅर् n. अनुमाता, कल्पनाशील व्यक्ति, माननेवाला, समझ लेनेवाला।

supposition –पॅज़ि'शॅन् n. उपकल्पनाF, (ग० भी) **कल्पना**F, अनुमान, मानना, अटकलF, अन्दाज; विचार, समझF।

suppositional –नॅल् a. काल्पनिक, उपकल्पित, अनुमेय, आनुमानिक, अनुमान-विषयक, उपकल्पना-सम्बन्धी, अटकलFका।

suppositious –शॅस् a. काल्पनिक, कल्पित, अनुमित, फर्जी।

suppositititious सॅपॉज़िटि'शॅस् a. कृत्रिम, कपटरूप, कूट, अकल्पित, झूठा, बनावटी, जाली, नकली (*~ child, writings*)।

suppositititiousness –निॅस् n. कृत्रिमताF, कपटरूप, कूटपन, जालीपन, नकलीपन।

suppositive सॅपॉ'ज़िटिव् a. कल्पित, अनुमानित, उपकल्पनाशील, अनुमानशील, अटकल किया हुआ, समझा हुआ।

suppository सॅपॉ'ज़िटॅरि n. (चि०) गुदवर्ती, गुह्य वर्ती, **वर्ति**F, पाखाना करानेके लिए गुदामें रखी जानेवाली बेजलीनकी बत्तीF।

suppress सप्रे'स्' v.t. (विद्रोह, बगावतF, आन्दोलन, विद्रोही आत्माF, समुद्री डाका, डाकू, मठ आदिको) नष्ट करना, (रसा०) **दमन करना,** अन्त कर देना, समाप्त कर देना, मिटा देना, बन्द करना, रोक देना, (रसा०) **दबाना,** कुचल डालना; (आर्तनाद, भावनाओंF, जम्हाईF, नाम, पुस्तकF, प्रमाण, तथ्यको) नियन्त्रित करना, संयत करना, निवारण करना, वशमें रखना, प्रकाशित न होने देना, प्रकट न करना, प्रतिबन्ध लगाना, दबा लेना, रोक लेना, बन्द करना, छिपा लेना, छपने न देना, जाहिर न होने देना, जब्त कर लेना।

suppressed ⊙ –ट्' a. दमित, निगृहीत, विलोपित, अप्रकाशित, बाधाप्राप्त, दमन किया हुआ, दबाया हुआ, रोका हुआ (*~ measles*); (वन०) **अवरुद्ध;** अधिच्छादित, छाया हुआ, दबा-दबा (*~ seedlings*)।

suppressible –'सिॅबॅल् a. निग्रहणीय, दमनीय, बन्द करने योग्य, दबाने योग्य; प्रतिबन्ध लगाने योग्य; विलोप्य, गोपनीय, छिपाने लायक।

suppression –'शॅन् n. **अधिलंघन;** दमन, निवारण, निरोध, निग्रह, संयम, निग्रहण, नियन्त्रण, नियमन, स्तम्भन, विलोपन, रोध, दबाव, जब्तीF; गोपन, छिपाव; (चि०) स्रावनिरोध, स्रावस्तम्भ।

suppressio veri (L) n. तथ्य-गोपन, सत्य-निरोध।

suppressive –'सिव् a. दमनकारी, सन्निरोधी (*~ therapy*); गोपनकारी, विलोपनशील, छिपानेवाला।

suppressor –सॅर् n. दमनकर्त्ता, निगृहीता, (वन०) **दमनकारी** (व्यक्ति), निग्रहकर्त्ता, निरोधकर्त्ता, प्रतिबन्धक, निग्रही, दबानेवाला; गोपनकर्त्ता।

suppurant स'प्युॲरॅन्ट् a. = SUPPURATIVE.

suppurate –रेट् v.t. (चि०) पूयभवन, पूयोत्पादन करना, पीपF पड़ना, (घावका) पकना।

suppuration –रे'शॅन् n. (चि०) पूयभवन, संपूयन, सपूयत्व, पूयसंचय, पूयोत्पत्तिF, सपूयताF, पीपF आना, पीपF।

suppurative –'प्युॲरॅटिव् a. पूयज, पूयोत्पत्तिकारक, पूयवर्धक, पीपF लानेवाला।

supra (L) adv. ऊर्ध्व, ऊपर।

Supr. Supreme.

supra- उत्-, उपरि-, के ऊपर (*~clavicular, ~-orbital, ~renal, ~maxillary*); वर-, वरिष्ठ- [*~mundane, ~colloquial(ism)*]।

supra-angular ⊙ स्यूप्रॅ-ऐङ्'ग्यूलॅर् a. उपरिकोणीय (*~ bone*)।

supraglenoid ⊙ –ग्लि'नाऍड् n. (चि०) अध्युत्तान।

suprahyoid ⊙ –हाइ'आऍड् n. (चि०) **अधिकण्ठिकी**F (*~ artery*)।

supra-intestinal ⊙ –इन्टे'स्'टिनॅल् a. अन्त्रोपरि, आँतोंFके ऊपरका (*~ vessel*)।

supra-mundane ⊙ –मन्'डेन् a. अपार्थिव, स्वर्गीय, पारलौकिक, संसारके ऊपरका।

supraorbital ⊙ –ऑर्'बिटॅल् a. (जीव०) ऊर्ध्वाक्षिका, अधिनेत्रगुहा;

~ artery, ~ canal, ~ fissure, ~ line, ~ margin, ~ nerve, ~ vein.

supra-rational –रे'शॅनॅल् a. ज्ञानातीत, निर्विकल्प।

supra-renal –री'नॅल् a. (चि०) **अधिवृक्क** (*~ vein*), वृक्कोपरि;

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ body, ~ gland, ~ impression, ~ plexus, ~ vein.

supraspinatus ⊙ –स्पिनेटस् n. (चि०) **अध्यंसपृष्ठिका**F ।

supremacy सू(स्यू)प्रे'मॅसि n. आधिपत्य, स्वाम्य, (राज०, का०) **सर्वोपरिता**F, अतिसर्वता, परमेष्ठिता, परमशक्तिमत्ता, परमाधिकार; प्राधान्य, श्रेष्ठता, **सर्वोच्चता**F, सरदारी, बड़ाई, अहमियत ।

supreme –प्रीम्' a. सर्वोत्कृष्ट, सर्वश्रेष्ठ, सर्वप्रधान, **सर्वोच्च** (*~command*), सर्वोपरि, प्राधिकार या पदमें सबसे बड़ा; महत्तम, महानतम, परम, सर्वाधिक, सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण, सबसे ज्यादा अहम, सबसे ऊँचा, सबसे बड़ा (*wisdom, courage,* etc.); उच्चतम, सर्वमान्य (*the ~ test of fidelity*); ~ authority परम अधिकारी; (राज०) **सर्वोच्च प्राधिकारी, सर्वोच्च सत्ता**F; S~ Court **परम न्यायालय, सर्वोच्च या उच्चतम** न्यायालय; the S~ Being ईश्वर ।

Supt. Superintendent.

Sura(h) (Arab.) n. कुरानF का सूरा ।

sur1- =SUB- (*~rogate- ~reined, ~render*) ।

sur2- =SUPER- (*~charge, ~face, ~feit, ~loin, ~mount, ~prise*) ।

surah स्युअॅ'रॅ n. रेशमी कपड़ा, टसर, सुरा ।

surat सुरैट्' n. सूरतका कपड़ा, छींट ।

surcease सॅर्सीस्' १. n. (प्रा०) निवृत्तिF, विराम, गतिरोध, समाप्तिF, खात्मा, रुकाव; २. v.i. निवृत्त होना, निरस्त करना, शेष होना, समाप्त होना, बन्द हो जाना, रुकना, खत्म होना ।

surcharge सर्'चार्ज (n., v.b.), सॅर्चार्ज' १. n. (अर्थ०) **अधिप्रभार, अधिभार**, अत्यधिक या अतिरिक्त बोझा या भार, भरतीका बोझा; अधिभाटक, अधिकर, अतिरिक्त कर, अधिक किराया या भाड़ा या महसूल, ज्यादा रकमF; करयोग्य सम्पत्तिका गलत हिसाब देनेके दण्डमें लगाया गया जुरमाना; आवश्यकताF से अधिक शक्तिF, विद्युत्F आदिका प्रदाय या सप्लाईF; लेखेकी भूलF दिखाना (जो जमा-खातेमें लिखी जानी चाहिए); भरनीF, सरकारी लेखेकी रकमF (जो लेखापरीक्षक द्वारा पारित न हो और जिसे उससे सम्बन्धित व्यक्तिको भरना पड़े); ऊपरी ठप्पा (जो डाकF के टिकटपर मूल्यके बदलनेके लिए लगाया जाता है); २. v.t. बहुत बोझिल करना, बहुत अधिक बोझ लाद देना, भरना; (करनिर्धारक का) विशेष कर लेना; (लेखापरीक्षक द्वारा) अपारित धनका वसूल करना, भरनीF वसूल करना; करयोग्य सम्पत्तिके गलत हिसाब देनेपर किसी व्यक्तिपर जुर्माना लगाना; लेखेमें जमाखातेकी भूलF दिखाना; आवश्यकताF से अधिक तर करना या भिगोना ।

surcharged –ड्' a. अतिभाराक्रान्त, अधिभारित (*~ mail*) ।

surcharger –'जॅर n. अधिभारक व्यक्ति, बोझ लादनेवाला आदमी; अर्थदण्डयिता, सरकारी चार्ज करनेवाला ।

surcingle सर्'सिन्गॅल् १. n. (घोड़ेका) **बालातंग**, काठीF बाँधनेका पट्टा, कोतलकश; पेटीF (विशे० पादरियोंके चोंगेके नीचेके तंग कपड़ेकी पेटीF; २. v.t. घोड़ेपर बालातंग कसना, पेटीF से कम्बल आदिको कसना ।

surcoat सर्'कोट् n. (इति०) वर्मके ऊपर स्थित परिच्छद, कवचके ऊपर पहननेका लबादा; १५वीं-१६वीं सदीF का स्त्रियोंF का सलूका या जैकेट ।

surd सर्ड्' १. n. (ग० भी) **करणी**F, करणीगत राशिF, श्वासोच्चारित या अघोष व्यंजन या व्यंजनात्मक ध्वनिF; २. a. मौलिक, (गणित) करणीगत, करणीघटित; (ध्वनि०) अघोष, श्वासोच्चरित, साँसF से बोला हुआ (न कि आवाजF से) ।

surdation –डे'शॅन् n. अघोषण, श्वासोच्चारण ।

surdity –'डिटि n. करणीत्व, अघोषताF; (चि०) बहरापन, बधिरताF ।

surdomutism ⊙ सर्डो'म्यूटिज़्म् n. गूँगा-बहरापन ।

sure शुअॅर्' १. a. अमोघ, अचूक, अवश्यम्भावी (*there is only one ~ way*); विश्वसनीय, विश्वासी, विश्वासके योग्य, भरोसेका, यकीनके लायक (*put it in a ~ place, sent it by a ~ hand*); निर्भ्रान्त, निस्संशय, संशयहीन, निश्चित, स्थिर, दृढ़निश्चय, दृढ़, पक्का, सन्देहशून्य, विश्वासयोग्य, विश्वासी, भरोसा करनेवाला, यकीन करनेवाला (*are you ~ ?*); स्थिर, नियत, निश्चयात्मक, निश्चित, असन्दिग्ध, विश्वस्त, पक्का, भरोसेका (*is ~ to turn out well*); बिल्कुल सच, असन्दिग्ध रूपसे सत्य, सच्चा, बिल्कुल सही, ठीक ठिकानेका (*one thing is ~*); अचूक (*a ~ shot*); २. adv. (बोल०, अमेरिकामें) असन्दिग्ध रूपसे, बिना किसी सन्देहके, बिला शक (*it ~ was cold*); निश्चित रूपसे (*as ~ as eggs is eggs, as ~ as a gun*); ~ card अवश्यम्भावी योजनाF; ~ fire ⊙ अचूक निशाना; ~-footed स्थिरचरण, दृढ़चरण, कदमका सच्चा; (ला०) दृढ़चित्त, अटल; *a ~ draw* लोमड़ीF के छिपनेकी आड़F; सफल उक्तिF; *make ~* निश्चित करना, पक्का करना, किसी इच्छित बातF को पूरा करनेके लिए प्रयत्न करना; *make ~ of* सत्य स्थिर करना, सत्यकी स्थापनाF करना, घटनाF का निश्चय करना, भरोसा कर लेना, पक्का करना; *~ enough* सचमुच ।

sureness –'निॅस् n. दृढ़ताF, निर्भ्रान्तताF, संशयहीनताF, निश्चयात्मकताF, निस्संशयताF, पक्कापन; अमोघत्व, अवश्यम्भाविताF, विश्वास, सुरक्षाF, निर्भयताF; निश्चयात्मकताF, असन्दिग्धताF; सत्य, सचाईF, यकीनी होना ।

surety –'टि n. (प्रा०) निश्चयताF, निश्चय, यकीन; (अब क०) प्रतिभूतिF, जमानतF, मुचलका, जमानतF के रूपमें रखी जानेवाली वस्तु; (अर्थ०) **प्रतिभू**, बन्धक, **जामिन**, जमानतF देनेवाला; *of a ~* निस्सन्देह, निश्चित रूपसे, सचमुच; *stand ~* जमानतF देना, मुचलका देना, जामिन होना ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

suretyship –शिप् n. प्रतिभूत्व, (का०) **प्रतिभूति**F, जमानतF ।

surf सर्फ़् १. n. (प्रा० भू०) **भग्नोर्मि**F; (नौवि) **वीचि**F; **हिल्लोल**F, उग्र तरंगF, लहरF, फेन सहित उग्र लहरेंF, कल्लोलF; २. v. i. खेल-खेलमें पट्टियोंF पर बैठकर समुद्रके साथ बहना; ~-boat समुद्रकी तरंगोंF पर तैरनेवाली नावF; ~-riding समुद्रकी लहरोंF में पट्टियोंF पर बैठकर तैरनेका खेल;

~-battered, ~-bird, ~ board, ~-bound, ~-man, ~-torn, ~-washed, ~-worn.

surface सर्'फ़िस् १. n. बाह्य रूप, बाह्याकार, (स्थिति-वि०) पृष्ठ, पृष्ठदेश, (कृषि०) पृष्ठ भूमिF, ऊपरी मिट्टीF; पीठF, ऊपरी रूप, तल रूप, (भौ०, रसा०, वन०) **तल**, भूतल, **सतह**F, किसी पदार्थका बाहरी हिस्सा (*has a smooth, uneven,* ~); (ला०) बाह्य दृष्टिकोण, ऊपरी विचार, सतही पहलू (*looks only at the* ~ *of men and things*); (गुण०) तलीय, बाहरी, ऊपरी, सतही (~ *impressions*, etc.) समुद्रकी ऊपरी सतहF (~ *mail*); (रेखा०) तल, सतहF; २. v.t. & i. (कागज आदिको) तलयुक्त बनाना, विशेष तल रखना; (पनडुब्बीF को) समुद्री तलपर लाना, ऊपर लाना; (पनडुब्बीF का) तलपर उठ आना; plane ~ सम तल, एकसी सतह; ~ cooler (कृषि०) **तल-शीतक**; ~ heater तल-तापक, ~-man रेलपथ-प्रबन्धक, रेलपथ-रक्षक, रेलF-के मार्गोंकी व्यवस्थाF करनेवाला; ~-tension तलोत्तेजनाF, (यंत्र०, भौ०) **पृष्ठातति**F, **पृष्ठ तनाव, तल-तनाव**, सतही तनाव (जो तरल पदार्थमें होता है जिससे बुलबुले और बूंदेंF बन जाती हैं); ~-water (प्रा० भू०, चि०) **भूपृष्ठजल, पृष्ठजल**, तलवर्ती जल, सतही पानी, कुछ देर तक सतहपर रहकर फिर बह जानेवाला पानी; ~ worker **खान**F **के ऊपरका कर्मी**;

~ ablation, ~ area, ~ barrier, ~ catalysis, ~ catalyst, ~ channel, ~ collection, ~-colour, ~ combustion, ~ condenser, ~ cover, ~ covering, ~ cracking, ~ craft, ~ currents, ~ damage, ~ density, ~ drain, ~ drainage, ~-dressing, ~ effects, ~ energy, ~ erosion, ~ evaporation, ~ expansion, ~ extent, ~ feature, ~ films, ~ finds, ~ finishing, ~ fire, ~ float, ~ friction, ~ harmonic, ~ heater, ~ humus, ~ indication, ~ inspection, ~ integral, ~ irregularity, ~ layer, ~-living, ~-mail, ~ marking, ~ molecule, ~ noise, ~ printing, ~ rent, ~ right, ~ rock, ~ run off, ~ ship, ~ soil, ~ strain, ~ stream, ~ transport, ~ treatment, ~ velocity, ~ vibrator, ~ view, ~ vessel, ~ wave, ~ wind.

surfaced –ट् a. तलयुक्त, सतहवाला ।

tachygraphic टैकिग्रै'फिक् a. आशुलिपित, आशु-लिपिबद्ध, आशुलिखित, शार्टहैण्डमें लिखा हुआ ।

tachygraphy टॅकि'ग्रॅफि n. आशुलिपि^{F}; शार्टहैण्ड ।

tachymeter टॅकि'मिॅटॅर् n. TACHEOMETER.

tachypnoea –नोइआ n. (चि०) **क्षिप्र-श्वसन** ।

tachyseism –सिज़्म n. (ऋतु०) **द्रुतकम्पन** ।

tacit टै'सिट् a. लक्षित, उपलक्षित, ध्वनित, व्यञ्जित, सूचित, अनुमित, गुप्त, अन्तर्हित, अव्यक्त, अनकहा; (का०) **मौन**, चुपचाप, खामोश, चुप (*~ assent, obedience*) ।

taciturn टै'सिटर्न् a. भावनिग्रही, वाक्कृपण, तूष्णीशील, स्वल्पभाषी, स्वभावतः मौन, मौनी, चुप ।

taciturnity –निटि n. भावनिग्रह, वाक्यसंयम, वाक्कृपणता^{F}, स्वल्पभाषण, मूकभाव, मौनता^{F}, मौन ।

tack[1] टैक्' n. कीलिका^{F}, छोटी-सी चपटी विरंजी^{F}; कँटिया^{F}, बटन, लूका^{F}, निगन्दा^{F}, टाँका, कच्ची बखिया^{F}; (पालोंमें किनारेको आबद्ध करनेके लिए लगी हुई) रस्सी^{F}; गाँठ^{F}; (पालोंकी स्थिति^{F}के अनुसार, जलयानोंके चलनेकी) दिशा^{F}, (परि०) रुख; पलटा, मोड़नेकी क्रिया^{F}; T. (ला०) गति-विधि^{F}, कार्यप्रणाली^{F}, नीतिप्रणाली^{F}, नीति^{F} (*must change our ~, try another ~*); विश्वास, भरोसा; (वार्निश^{F} वगैरहकी) चिपचिपाहट^{F}; पुष्टिकर भोजन, खाद्य, खाना; port, starboard ~ तटोन्मुख, साहिलरुख, तटविमुख, मुखालिफ साहिल; soft ~ (नौवि०) पुष्टिकर भोजन, अच्छा खाना-पीना; पावरोटी^{F}, नानपाव; ~coat (परि०) **चिपकाऊ लेप** ।

tack[2] v.t. (कीलोंसे) **आबद्ध करना**, जड़ना; टाँके लगाना, निगन्दे डालना, कच्ची बखिया^{F} करना; (ला०) सम्बद्ध करना, संयुक्त करना, मिलाना, टाँकना, नत्थी^{F} करना, जोड़ना; बाँधना, गाँठ^{F} लगाना; (प्रायः *about* के साथ) जहाजका मार्ग या रुख बदलना; (ला०) आचरण बदलना, गतिविधि^{F} बदलना, नीति^{F} बदलना ।

tacker –कॅर् n. कीलक, बिरंजियाँ^{F} या लूके ठोंकनेवाला; टाँके लगानेवाला, निगन्दे डालनेवाला, बखिया^{F} करने-वाला, कच्चा करनेवाला; बाँधनेवाला ।

tacket –किॅट n. (बड़े सिरवाली) स्थूपिका^{F}, खूँटी^{F},

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

टँगनी[F]।

tackiness टै'किनिॅस् n. (वार्निश[F] इत्यादिकी) चिपचिपाहट[F]।

tacking टै'किंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें) कीलें[F] ठोंकना, लूकें[F] ठोंकना; बखिया[F] फेरना; नवमार्ग प्रवृत्ति[F], जहाजका रुख फेरना; (परि०) **रुख मोड़ना, बाक्सी[F] करना**; (का०) **आबन्धन**, बन्धक-संयोजन; अर्थविधेयकका अप्रधान परिशिष्ट; (अर्थ०) **सम्बद्ध करना, क्रमबद्ध करना, एकत्रित करना,** ~ *it on as a rider* अनुवृद्धि[F]के रूपमें जोड़ना।

tackle[1] टै'कॅल् n. उपस्कर, सज्जा[F]; साधन, उपकरण, हथियार, कीलकाँटा, राछ[F]; (नौवि०) हस्तघर्घरी[F], भारी बोझ उठानेकी चरखी[F]; रस्से चर्खी[F], **रस्से कप्पियाँ[F]**, (नौवि०)**लफ़्ती[F]**; कर्षरज्जु[F], रस्सा;(खेल इत्यादिका)साज-सामान, सरंजाम; fishing ~ बंसी[F]।

tackle[2] v.t. & i. गुथ जाना, भिड़ जाना, लड़ना, सामना करना, मुकाबला करना; (खेलमें) गेंद[F] लेकर आगे न चलने देना, बढ़कर रोक लेना, काबू करना, पकड़ना, अड़ंगा डालना; फन्देमें फँसना, चर्खी[F]में लगाना; सुलझाना (~ *a problem*); घोड़ेको जोतना; ~ *to* (बोल०) जोर-शोरसे कार्यमें जुट जाना, पिल पड़ना।

tackling –लिंग् n. उपकरण, सामग्री[F], साज-सामान, सरंजाम, औजार; घोड़ेकी जोत[F], घोड़ेका साज।

tacky टै'कि a. चिपचिपा, लसदार।

tac-locus ⊙ टैक्-लो'कॅस् n. (ग०) **स्पर्श-बिन्दु-पथ, स्पर्श-पथ**।

tac-node ⊙ टैक्-'नोड् n. (ग०) **द्विक उभयाग्र**।

tact टैक्ट् n. पटुता[F], कुशलता[F], कौशल, वैदग्ध्य, निपुणता[F], **चातुर्य**, चातुरी[F], युक्ति[F], **समयोपाय**, होशियारी[F], सलीका; **ढंग, तरीका**; (अर्थ०) **व्यवहार-कुशलता[F]**, दुनियासाज़ी[F]; व्यूह-कुशलता[F]; ~ wing **सामरिक स्कन्ध**।

tactful –फ़ुल् a. पटु, कुशल, निपुण, चतुर, होशियार; युक्तिपूर्ण; व्यवहार-कुशल, दुनिया साज; व्यूह-कुशल।

tactic टैक्'टिक् a. क्रमिक, (वन०) **अनुचलित**, आवर्ती, (~ *movement*); व्यूह-सम्बन्धी; कुशल।

tactical –कॅल् a. पटु, कुशल, निपुण, चतुर; व्यवहार-कुशलता-विषयक; समरतन्त्रीय, **सामरिक**, व्यूह-कुशलता-सम्बन्धी (~ *school*); व्यूह-कौशल-युक्त;
~ area, ~ bombing, ~ consideration, ~ course, ~ decimeter, ~ deployment, ~ diameter, ~ exercise, ~ expert, ~ group, ~ handling, ~ headquarter, ~ importance, ~ marking, ~mobility, ~ point, ~ position, ~ reconnaissance, ~ role, ~ scheme, ~ sense, ~ school, ~ ~ situation, ~ surprise, ~ training.

tactician –टि'शन् n. **समर-तंत्री**; व्यूह-कुशल, व्यूह-पण्डित, युक्तिकुशल व्यक्ति, निपुण व्यक्ति, जोड़-तोड़का आदमी।

tactics –'टिक्स् n. (sing या pl. की भाँति) व्यूह-कौशल, सैन्य-विन्यास-कला[F], व्यूहकला[F], **समर-तन्त्र**, युद्धकला[F], फौज[F]का फन; (pl., स्वार्थसिद्धि[F]के लिए सुविचारित) कार्यरीति[F], निपुणता[F], चातुरीपूर्ण प्रकल्पना[F], युक्ति[F], उपाय, प्रपंच, चाल[F], चालबाजी[F], तरकीब[F], तदबीर[F], दाँव-पेच (*cannot approve these ~s*)

tactile टैक्'टाइ(ट्रि)ल् a. **स्पर्श-**, स्पर्शीय, स्पर्शग्राह्य, स्पर्शबोध-विषयक; स्पर्शानुभूत, स्पर्शज्ञेय, स्पर्शनीय; (चित्र०) सजीव, वास्तविकतायुक्त; स्पर्शेन्द्रिय-सम्बन्धी;
~ cell, ~ cones, ~ disc, ~ hair, ~ organ, ~ sensation, ~ whispers.

taction टैक्'शॅन् n. स्पर्श; स्पर्शण; छूना; स्पर्शज्ञान।

tactless टैक्ट्'लिॅस् a. अपटु, अनिपुण, अकुशल, जड़-मति, युक्तिहीन, अविचारी, फूहड़, बेतुका, बेतुकेपनका।

tactlessness –निॅस् n. अपटुता[F], अनिपुणता[F], अकुशलता[F],जड़मतित्व, युक्तिहीनता[F], अविचार, फूहड़पन, बेतुकापन।

tactometer ⊙ टैक्टॉ'मिॅटॅर n. (चि०) स्पर्श संवेदना-मापी।

tactual –'ट्यूॲल् a. स्पृश्य, स्पर्श-, स्पर्श-सम्बन्धी (~ *sensation*); (चि०) स्पर्श-निष्पन्न।

tactuality –ऐ'लिटि n. स्पृश्यता[F], स्पर्शयोग्यता[F], स्पर्शनीयता[F]।

tad ⊙ टैड n. छोटा बच्चा।

tadpole टैड'पोल् n. उभयचर जन्तुओंका कीट-डिम्भ; भेकशिशु, भेकशिशुक, मेंढकका बच्चा; (जीव०) **बैंगची[F]**, T.।

taedium vitae (L) n. जीवन-विरक्ति[F], जीवन भारी होना, ऊब[F]।

tael टेल्' n. चीनदेशीय औंस (=सामान्य औंसका १$\frac{1}{3}$)।

ta'en ⊙ टेन्' = TAKEN का संक्षिप्त रूप।

taenia टी'निॲ n. चूषशिर, पट्टी कृमि; **फीता**; फीताकृमि, पृथुकृमि, टीनिया[F]; ~ coli (चि०) **बृहदान्त्र वेणी[F]**; ~ libera (चि०) **मुक्त वेणी[F]**; ~ merocoliae (चि०) **बृहदान्त्र योजनी वेणी[F]**; ~ omentilis (चि०) **वपा वेणी[F]**, ~ pontis (चि०) **पौंस वेणी**।

taenioid –आॲड् a. पट्टकृमि-सम्बन्धी।

tafferel टै'फ़िल् n. =TAFFRAIL.

taffeta टै'फ़िॅटॅ n. अस्नेहपीता, (बारीक, चमकदार तथा सादी बनावट[F]का) रेशमी कपड़ा, दरियाई; ताफ़ता।

taffrail टै'फ़्रिल् n. (जहाजके पिछले सिरेका) कटहरा, पिछाड़ी कटहरा; जहाजके पिछले सिरेका ऊपरी खण्ड; (नौवि०) **तफ़रैल[F]**।

Taffy[1] टै'फ़ि n. वेल्सनिवासी।

taffy[2] ⊙ टॉ'फ़ि =TOFFEE.

tafia टै'फ़िॲ n. (वेस्टइण्डीज) टेफ़िया[F], एक प्रकारकी रम शराब[F]।

tag[1] टैग्' n. अग्र, (फीते इत्यादिमें लगा) धातु[F]का सिरा; पनछला, बूटका दड़ा-सा तकमा, फीता, मुखबन्ध, घुण्डी[F]; पत्तेकी चिट[F], टैग ⊙; (किसी वस्तु[F]का) विषम सिरा या

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कटा हुआ सिरा; जटिल ऊन, भेड़[F]के बालोंका गुच्छा; नत्थी[F], जोड़; (नाट्य०) उपसंहार-वक्तृता[F]; प्राचीन दृष्टान्त, घिसा-पिटा उद्धरण, पुराना वाक्य; पशुकी पूँछ[F], फुनगी[F], टूँसा; (आँखमिचौनी[F]की तरहका एक खेल) टैग; ~ day ⊙ ध्वज-दिवस, फ्लैग डे; ~-sore भेड़[F]का रोग; ~tail एक प्रकारका कृमि, चपड़ा; (ला०) चाटुकार, खुशामदी; कमीना, पिछलग्गू।

tag[2] v.t. & i. (*-gg-*) (जूते इत्यादिमें) फीता लगाना, घुण्डी[F] लगाना, वन्द लगाना; **नत्थी करना**; (रचना[F]में) उपसंहार करना, गीतोंको एक साथ संयुक्त करना, तुक[F] मिलाना; (भेड़[F]की) ऊन काटना; (बोल०) पीछे आ लगना, दुमछला हो जाना; लगाना, जोड़ना, बाँधना; (आँखमिचौनी[F] या टैगके खेलमें) छू लेना, पकड़ लेना, हाथ लगा देना।

tagetes टॅजी(जी)'टीज् n. झण्डुक, एस्टरका-सा फूलदार पौधा।

tagger टै'गॅर् n. (जूतेके फीते इत्यादिमें) टैग लगानेवाला; तुक्कड़, तुकबाज; (आँखमिचौनी[F] आदिमें) चोरके पीछे भागनेवाला; (pl.) लोहेकी पतली चादर[F], टीनकी चादर[F]; black ~s टीनके पत्तर वाली चादर[F]।

tag-nag टैग्'-नैग् n. ऐरा गैरा नत्थू खैरा।

tahr, tehr टार् n. गिरिछाग, पहाड़ी बकरा, तहर।

tahsil टॅह्सील्' n. तहसील, सबडिवीजन।

trhsildar –'डार् n. तहसीलदार :

tai n. तई मछली[F]।

taiga टाइ'गा n. टैगा (उत्तरी सायवेरियामें विशाल वनप्रदेश)।

taigle टे'गॅल्,टे'गॅल् v. t. & i. उलझाना, उलझना, अरुझाना, अरुझना; विलम्ब होना, विलम्ब करना, घिम-घिस करना, देर करना; प्रतीक्षा[F] करना, इन्तजार करना।

tail[1]* टेल्' n. लांगूल, (श० र० शा०, जी०) **पुच्छ, पूँछ[F]***, दुम, कोई पुच्छवत् वस्तु; अन्त; पृष्ठ, पृष्ठभाग, पट, पिछाड़ी रुख, पुश्त (*~ of coin*); निचला भाग, (निचला) **सिरा**; अप्रधान या गौण भाग; अधीन भाग; सूक्ष्म या पतला भाग, दीर्घीभूत या प्रवर्द्धित भाग; **पिछला हिस्सा; सिरा** (*~ of a stream*); (स्था०, यन्त्र०) पाँव (*~ of a slate*); ~ board (कृषि०) दाना रोक पट्टा; ~-braid वस्त्रके निचले छोरपर लगी गोट[F]; ~ end अन्तिम छोर; (रेल०) **पिछला सिरा**; ~-ends अन्त्यसूत्र; ~ female स्त्रीपरिमित संपत्ति[F]; ~-gate पुच्छस्रोतद्वार, नहर[F]का निम्नस्थ स्रोतद्वार; ~-light पुच्छप्रकाश (प्रकाशः कार[F], मोटर[F] इत्यादिमें); **पिछली बत्ती[F]**; ~ male पुरुषपरिमित संपत्ति[F]; ~ piece **अन्तिम सजावट[F]**, *turn ~* दुम[F] दबाकर भाग जाना; *with ~ between the legs* हताश होकर;

~ band, ~-covert, ~-cropped, ~ ender, ~-feathers, ~ fin, ~ first, ~ fluke, ~ fold, ~-foremost, ~ lamp, ~ plane, ~-plate, ~ propulsion, ~-race, ~stock, ~-tied, ~ unit, ~ ward, ~-warning, radar sets, ~ water, ~ wind, ~ wise.

tail[2] v.t. & i. पुछल्ला लगाना, **पूँछ[F] लगाना; पूँछ[F]** पकड़कर घसीटना, (बोल०, फलके) दो सिरे तराश देना; (प्रायः *on, to* के साथ) जोड़ना, जुड़ना, लगना; ~ ~ *after* पीछे-पीछे लगा रहना; ~ *away* or *off* पीछे छूट जाना, तितर-बितर होकर पीछे रह जाना; भटकना; ~*s up* (व्यक्तियोंका ला०) जोरोंमें; ~ *to the tide*, ~ *up and down the stream* (पोतका) लहरों[F]के साथ झूलना।

tail[3] n. परिमितता[F], परिमित स्वामित्व।

tail[4] a. परिमित, स्वामित्वसीमित, अधिकारसीमित, उत्तराधिकार-परिमित।

tailed –ड्' a. लांगूलयुक्त, पुच्छिल,(वन०)**सपुच्छ, पूँछवाला**; दुमदार (*~ uren*); पूँछ[F]का, दुम[F]का; ~ down (यन्त्र०) **निविष्ट, धँसा**; ~ pepper गन्धमरिच[F]।

tailing –'लिंग् n. (क्रियागत अर्थोंमें) पुछल्ला लगाना, पूँछ[F] जोड़ना; (प्रा० भू०) **पछोड़न**; (कृषि०) **घुंडी[F]** (*~ auger, ~ elevator*); (ईंट[F], पत्थर, धरन[F], शहतीर या कड़ी[F] इत्यादिका) दीवार[F]में दबा हुआ भाग; (pl.) समुच्छिष्ट, कचरा, कूड़ा-करकट; (अन्न या कच्ची धातु[F]का) निकृष्ट अंश; (कलिकट मुद्रण या छींट[F]की छपाई[F]में रह जानेवाला) धब्बा; ~ iron (यन्त्र०) **इस्पाती कोनी[F]**।

tailless –ल्'लिॅस् a. पुच्छविहीन, पुच्छरहित, बेदुम (*~ bat*)।

tailor[1] टे'लॅर् n. सौचिक, **दर्जी** (*~makes the man*); ~-made दर्जीके यहाँ सिले हुए; ~'s cramp (बाहु तथा अँगुलियों[F] इत्यादिमें) ऐंठन[F], दर्द; ~-shop **दर्जीखाना**, दर्जीकी दूकान[F]; *ride like a ~* बुरी तरह सवारी[F] करना।

tailor[2] v.t. & i. दर्जी होना, दर्जीकी भाँति कपड़े बनाना, सीना, सिलाई[F] करना; (आ०) बुरी तरह हत्या[F] करना।

tailorbird –बर्ड n. सौचिकपक्षी, बया।

tailoress –रिॅस् n. सौचिका[F], सीविका[F], दरजिन[F]।

tailoring –रिंग् n. सीवन, सीवन'व्यवसाय, सिलाई[F]का काम, दर्जीगीरी[F]।

tailpiece टेल्'पीस् n. उपांग, उपभाग, सहायक अंग; योजित उपकरण, योजित पदार्थ, दुमछल्ला, पिछाड़ी[F]।

tailzie[1] टेल्'ज़ि,-यि n. क्रमनिर्देशन, समावेशन, अन्तर्गमन, (उत्तराधिकार या रिक्थ) पत्र।

tailzie[2] v.t. (स्कॉट०) क्रमनिर्देशित करना, समावेश करना, अन्तर्गत करना, रिक्थपत्र देना।

tain टेन्' n. टीनका पतरा।

taint[1] टेन्ट्' n. कलंक; दोष, खराबी[F], धब्बा, दाग, निशान; (शा० एवं ला०) भ्रष्ट दशा[F], दूषित अवस्था[F], रोगसंचार, उपसर्ग, छूत[F] (*there was a ~ of insanity in the family*)।

taint[2] v.t & i. (का०) **कलंकित करना**, (कृषि०)

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूषित करना, धब्बा लगाना, खराब होना, दूषित होना (*meat will ~ readily in hot weather*); दोष निकालना, खराबी[F] निकालना, बदनामी[F] लगाना, खराब करना; भ्रष्टाचार फैलाना; रोग फैलाना, छूत[F] फैलाना, छूत[F] का शिकार होना; भरना, लगना, लगाना।

tainted –'टिंड् a. कलंकित, बहिष्कृत; दूषित, भ्रष्ट, गन्दा, (~ *goods, milk*)।

taintless –'लिंस् a. निष्कलंक, निष्प्रभाव, बेदाग, साफ।

tainture –'च्युअँर् n. कलंक, दोष, कालिख, बदनामी[F], व्यभिचार, दुराचरण; अनुचित आचरण।

taj (Pers.) n. मुकुट, ताज।

takable टे'कॅबॅल् a. = TAKEABLE.

take[1] टेक्' n. (मछली[F], खेल इत्यादिकी) एक दिनमें पकड़ी या जीती हुइ मात्रा[F]; T.; (मुद्र०, एक बारमें कम्पोज की हुई) प्रतिलिपि[F] का परिमाण, कापी[F]; आय[F], आमदनी[F], रोकड़[F]; ~ all disease (बन०) सर्वनाशी रोग; ~home pay (अर्थ०) निवल वेतन।

take[2]* v.t. & i. (*took, taken*) ग्रहण करना, पकड़ना, लेना*, थामना (~ *it between your fingers*); (शा० एवं ला०) अधिकृत करना, अधिकारमें करना; ले लेना; पा लेना; अचानक धर दबाना, पीछा करके पकड़ लेना, गिरफ्तार कर लेना (*took 100 prisoners*); आकर्षित करना, खींचना (*it ~s my fancy*); विजित करना, काबू पाना, जीतना; लाभ करना; पाना, प्राप्त करना, स्वामित्व प्राप्त करना; व्यवहृत करना, प्रयुक्त करना, उपभोग करना, काममें लाना; चाहना, माँगना; नेतृत्व करना, ले जाना; स्थानान्तरित करना; अधिकार-हरण करना,अधिकार छीन लेना, बेदखल करना; (सर्दी[F], बुखार इत्या०) लग जाना, हो आना; प्रभाव ग्रहण करना; पकड़ना, पकड़ लेना ⊙; अनुभव करना; लिप्त होना; परिश्रम करना, उद्योग करना; निश्चित करना, मानसिक रूपसे ग्रहण करना; निष्कर्षपर पहुँचना, अर्थ लगाना, समझना; निगलना; विशिष्ट भाव रखना, विशिष्ट व्यवहार करना; स्वीकार करना, मान लेना; समर्पित कर देना, सौंप देना; अपना लेना, चुनना; व्युत्पन्न करना, निकालना; सम्पादित करना, निष्पादित करना, पूरा करना, बजा लाना; मामला निपटाना; (व्यापार आदिमें) साझीदार बनाना; छायाचित्र या फोटोका सुन्दर आना; देखना ⊙; ~-down अपमान, बेइज्जती[F]; ~-in प्रवंचना[F], प्रतारणा[F], प्रपंच, छल, कपट, धोखा, ढोंग; ~-off स्वाँग, नकल[F], व्यंग्य चित्र, व्यंग्य वर्णन; उड़ान[F]; ठेलनी[F]; ~ *account of* लेखा-जोखा माँगना, हिसाब लेना; ध्यान देना, उपेक्षा[F] न करना; ~ *action* कार्यवाही[F] करना; ~ advantage लाभ उठाना; ~ *advice* किसी सलाह[F] को मान लेना; ~ *a fancy to* बहुत पसन्द आना, दिल आ जाना; ~ *after* किसीके सदृश होना; ~ *aim* निशाना बाँधना, तोलना; ~ *arms* हथियार उठाना; ~ *as* समझना; ~ *a walk* घूमना, टहलना, चहलकदमी[F] करना; ~ *away* अपहरण करना; ले जाना; ~ *back* (अपने शब्द) वापस लेना; ~ *care of* अवेक्षा[F] करना, सावधानी[F] रखना, रक्षा[F] करना; ~*delivery* लेना; ~ *down* लिपिबद्ध करना, लिखना; अपमानित करना, खराब करना; निगलना, गलेके नीचे उतारना; (छत[F], इमारत[F] इत्यादिको) गिराना, ढहाना, उतारना, टुकड़े-टुकड़े करके हटाना; ~ *earth* भटमें छिप रहना, खोह[F] में घुस जाना; (ला० व्यक्तिके लिए) प्रच्छन्न रूपसे स्थिर होना, छिपकर बैठ रहना; ~ *effect* जारी होना, लागू होना; ~ *exception* आपत्ति[F] उठाना या करना; ~*from* घटाना; ~ in घेरना, सिकोड़ना; धोखा देना, बुत्ता देना; आने देना; ~ *in* ⊙ दौरा करना; परीक्षण करना; ~ *in hand* हाथमें लेना; प्रारम्भ करना, शुरू करना; ~ *initiative* सूत्रपात करना; ~ *into* one's *head* धारणा[F] बनाना, समझना, दिलमें जमाना; ~ *into account* विचार करना; ~*into consideration* विचार करना, ध्यान रखना; ~ *for granted* तथ्य रूपमें मान लेना; ~ *off* one's *hat to* प्रशंसा[F] करना; मनमें आदर करना; ~ *on* प्रभार लेना, ले लेना, हाथमें लेना, बीड़ा उठाना; जिम्मा लेना; (वोल०) प्रबल भावोद्वेगोंकी अभिव्यक्ति[F] करना; आफत[F] मचा देना; ~ *out* अलग करना, बाहर ले जाना; निकालना, मिटाना, दूर करना; धोना, साफ करना; ~ *over* प्रभार लेना, उत्तरदायित्व लेना; ~ *part* सम्मिलित होना; ~ *place* घटित होना; ~ *precedence* पूर्वता[F] पाना; अधिकार रूपमें उपभोग करना या स्वीकार कर लेना; ~ *root* जड़[F] पकड़ना; ~*s his readers with him* पाठकोंको अपने साथ निमग्न कर देता है; ~ *sides* पक्ष लेना; ~ *steps* कार्यवाही[F] करना; ~ *to* सूत्रपात करना, आरम्भ करना, शुरुवात करना; आदी होना; अपनाना (~ *to bad habits*); ~ *to heart* हृदयमें जमा लेना, दिलमें बैठा लेना; ~ *to task* डाँटना, ~ *to wife* पत्नी[F] बनाना; ~ *up* अधिकृत करना, ले लेना, दखल करना, जिम्मे लेना, उठा लेना; शोप करना, खपा लेना, पीना, समा लेना; अभिरक्षणमें लेना, शरण[F] में लेना, हिरासत[F] में लेना; पाना, आकृष्ट करना, (~ *up attention*); अशुद्धि[F] ठीक करना, टोंकना, गलती[F] जताना; अपनाना, अख्तियार करना; (मामले या जाँच[F] को) आगे बढ़ाना, जारी रखना; आवद्ध करना, सीना, जकड़ना, बाँधना; (ऋण) लेना; ~(*it*) *upon* or *on* one *to* साहस करना, जोखिम उठाना; ~ *up with* साथ रहना।

takeable –'कॅबॅल् a. ग्राह्य, ग्रहणीय, पकड़ने योग्य, थामने योग्य; अधिकार्य, अधिकरणीय, कब्जेमें करने लायक; विजेय, विजित करने योग्य; लेने योग्य, लेनेका; गिरफ्तार करने योग्य; व्यवहार्य, प्रयोज्य, उपभोज्य; स्थानान्तरणीय; अधिकारहरणीय, बेदखल करने योग्य; अनुभाव्य, अनुभव योग्य; अनुकरणीय।

taker –कॅर् n. ग्रहीता, ग्राही, पानेवाला, लेनेवाला; गिरफ्तार करनेवाला।

takin टा'किन् n. गवाज (हिरनके सदृश एक तिब्बती पशु)।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

taking[1] टे'किंग् n. ग्रहण, आदान, लेना, ले जाना; पकड़[F], गिरफ्तारी[F]; (pl.) धन, लाभ, आय[F], आमदनी[F], रोकड़[F]; व्याकुलता[F], बेचैनी[F], परेशानी[F] (*was in a great ~*)।

taking[2] a. मोहक, मोही, आकर्षक, चित्ताकर्षक, मनोहर, मनोज्ञ; संक्रामक, छूतका।

takingness –निॅस् n. मोहकता[F], आकर्षण, चित्ताकर्षण, मनोहरता[F]; संक्रामकता[F]।

takosis ⊙टै'कॅसिस् n. छागक्षय, बकरियों[F]का सूखा रोग।

talapoin टै'लॅपाएॅन् n. (बौद्ध) महाभिक्षु, महाचार्य, मठाधीश।

talaria (L) n. pl. उड़न जूता, उड़न चप्पल।

talc[1] टैल्क्' n. (रसा०, प्रा० भू०) तालक, मृदु प्रस्तर, फेनकाश्म, खटिका[F], (रसा०) तल्क, T.; (यंत्र०) सेल्खड़ी[F]; (प्रा० वाणि०) अभ्र, अभ्रक, अबरक, चिलचिल।

talc[2] v.t. तल्क चढ़ाना, तल्कका व्यवहार करना।

tal(c)ky, talcoid, talcose –'कि, –काएॅड्, –कोस् aa. तालकीय, फेनकाश्मीय, खटिकीय, सिलखड़ीवाला, अभ्रकका, तल्ककी, तल्कनुमा।

talcous –कॅस् a. अभ्रकीय, अभ्रक मिश्रित, तवकी, तवकवाला।

talcum –कॅम् n. TALC; ~ powder तालक-क्षोद, तालकचूर्ण, टालकम पाउडर।

tale टेल्' n. कथा[F], वृत्तान्त, उपाख्यान, आख्यायिका[F], कहानी[F], किस्सा, बात[F], अफसाना (*tell him a ~*); अलीकवाद, कलंक, झूठी अफवाह[F]; (*if all ~s be true*); (प्रा०, भाषण०, का०) संख्या[F], संख्यान, गणना[F], तादाद[F], गिनती[F]; कुल संख्या[F] (*shepherd tells his ~ of sheep*); ~ bearer पिशुन, लुतरा, चुगलखोर, ढिंढोरचा; शिकायती; ~ bearing पिशुनता[F], उपजाप, लुतरापन, चुगलखोरी[F]।

talent टै'लॅन्ट् n. विशेष प्रवणता[F], प्रतिभा[F], मेधा[F]; (शिक्षा०) निपुणता[F], प्रज्ञा[F], मति[F], बुद्धि[F], बुद्धिविभव, मतिविभव, उच्च मानसिक योग्यता[F]; प्राचीनकालिक तौल[F] एवं द्रव्य।

talented –टिॅड् a. प्रतिभावान्, प्रज्ञ, मेधावी, बुध, सुधी, काबिल, लायक, दिमागवाला।

talentless –ट्'लिॅस् a. प्रतिभाहीन, मेधाहीन, अबोध, नालायक, निकम्मा।

taler n. = THALER.

tales (L) n. पूरक शपजन।

taling टे'लिंग् n. गणन, संख्यान, गिनती करना।

talion टै'लिॲन् n. शठे शाठ्यं-सिद्धान्त, जैसेको तैसाका सिद्धान्त; प्रतिक्रिया-सिद्धान्त, प्रतिकार, बदला।

talionic –ऑ'निक् a. शठे शाठ्यं-सिद्धान्त-विषयक, प्रतिक्रिया-सिद्धान्त-विषयक, बदलेके सिद्धान्तका।

taliped टै'लिपेॅड् a. & n. मुद्गरपाद, अनेक प्रकारसे ऐंठा और मरोड़ा हुआ (व्यक्ति)।

talipes टै'लिपीज n. (जीववि०) मुद्गरपादता[F], लघुपादत्व, क्षुद्र पाद, छोटे पैरोंकी बनावट[F]।

talipot, -ut टै'लिपॉट्, -अट् n. शीताल; तालिपत्र, तालपात; ~ palm (वन०) तालीपात पौधा।

talisman टै'लिज़मॅन् n. (शिक्षा०) रक्षाकवच, तावीज, गण्डा; तिलस्म, जादू।

talismanic –मै'निक् a. कवच-सम्बन्धी, तावीजका, गण्डेवाला, तिलस्मी, जादुई।

talis pater, qualis filius (L) पितापर पूत।

talitha टेलिथा n. (ज्यो०) तलिथा, नवम ऋषि।

talk[1]* टॉक्' n. वार्ता[F], वार्तालाप, बातचीत[F]*, गपशप[F] (*let us have a ~*); खाली बातें[F], जबानी जमाखर्च; भाषण, अभिभाषण, वक्तृता[F]; (आकाशवाणी[F]से प्रसारित) संवाद, चर्चा[F]; बातचीत[F]का विषय, चर्चा[F], परिनाद (*their quarrels are the ~ of the town*); *much ~ little work* खाली बातें[F] बनाना।

talk[2] v.t. & i. आलाप करना, वार्तालाप करना, बातचीत[F] करना, बोलना, बोलना-चालना, गप[F] मारना, बातें करना (*the child is learning to ~*); जबानी जमाखर्च करना; संक्षिप्त अभिभाषण करना या वक्तृता[F] देना; (आकाशवाणी[F]से) वार्ता या संवाद प्रसारित करना; (बेतार) संवाद भेजना; *do not want to be ~ed about* चर्चा[F]का विषय नहीं बनना चाहता; ~ *about* (किसी विषयपर) वाद-विवाद करना, चर्चा[F] करना, बहस[F] करना, दलील[F] करना; ~ *at* व्यंग्य करना, फबती[F] कसना; ~ *away* (बातों[F]में) वक्त लगाना, समय नष्ट करना; ~ *back* बेधड़क जवाब देना, जबान चलाना; ~ (*cold*) *turkey* ⊙ (बोल०) साफ-साफ कह देना, सचसच बोल देना; ~ *down* वक्ताको स्वरोच्चता[F] द्वारा या खड़े रहकर चुप कर देना; ~ *of* उल्लेख करना, चर्चा[F] करना, की बात[F] करना; वाद-विवाद करना; ~ *out* (पार्लामेण्ट[F]में, विधेयकपत्र या प्रस्तावपर) वाद-विवाद करते रहकर निर्णय न होने देना, बहस[F] करना, तूल देना; ~ *over* सविस्तर वाद-विवाद करना, चर्चा[F] करना; अपने विचारोंका बना लेना, विश्वास दिलाना; ~ *round* (बिना निर्णयपर पहुँचे) वाद-विवाद करते जाना, बहस[F]को तूल देते जाना; ~ *to* बातचीत[F] करना, कहना-सुनना, खरी-खरी सुनाना; ~ *up* (विषय रोचक बनानेके लिए) वार्ता[F] करना, बहस[F] छेड़ना; *you can't ~* तुम क्या बोलोगे? तुम भी तो वैसे ही हो; *would ~ a horse's hind leg off* बड़बोला है, बड़ा बातूनी है।

talkative –'कॅटिव् a. वाचाल, बहुभाषी, जल्पक, बातूनी, बक्की, बड़बोला, बकवादी।

talkativeness –निॅस् n. वाचालता[F], बहुभाषिता[F], बातूनीपन, बक्कीपन, बकवाद।

talkee-talkee –कि-टा-कि n. अनर्गल प्रलाप, बक-बक[F]; (हब्शियों इत्यादिकी) टूटी-फूटी अंग्रेजी[F]।

talker –कॅर् n. वार्त्ताकार; वक्ता, बात[F] करनेवाला, बोलनेवाला; बक्की, गपबाज; लबार, शेखीबाज।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

talkies –किज् n. (pl., ग्रा०) =SOUND²; वाक्पट, बोलपट, सवाक् चित्र ।

talking –किंग् a. भाषी, भाषमाण, बातचीत[F] करनेवाला, बोलनेवाला (~ *parrot*); व्यंजक, अभिव्यंजक (~ *eyes*) ।

talky –कि १. a. मुखर, वाचाल, बहुभाषी, बातूनी, बक्की, बकवादी, बकबकिया; २. n. बकवाद[F], बकझक[F] ।

tall[1]* टॉल् a. प्रांशु, तुंग, उच्च, उन्नत, प्रोन्नत, दीर्घ, लम्बा*, (कृषि०) ऊँचा, (variety), बड़ा (*he is six feet ~*); दर्पपूर्ण, दम्भी, शेखी[F]से भरा हुआ; अविश्वसनीय, बे सिर-पैरका; अतीव, अत्यधिक, हद[F]से बढ़ी हुई (*a ~story, talk*); a ~ order अत्यधिक माँग[F], अनुचित माँग[F], बड़ी-बड़ी फरमाइश[F], ~boy शयनागारमें कपड़ोंवाली अलमारी[F]; धुँआरे या दूदकशके ऊपरकी टोपी[F] ।

tall[2] adv. (ग्रा०) डींग[F] मारते हुए, शेखी[F] हाँकते हुए, बे सिर पैरके; *talk* ~ डींग[F] मारना, शेखी[F] हाँकना ।

tall(i)age टै'लिज् n. शुल्क, कर, टैक्स, टालेज ।

tallier टै'लिअँर् n. गणक, लेखापाल, हिसाब-किताब रखनेवाला, खातेमें हिसाब रखनेवाला ।

tallish टालिश a. ईषत्प्रांशु, ईषदुग्र, किंचिदुन्नत, किंचित्प्रोन्नत, कुछ ऊँचा, लम्बा-सा ।

tallith (Heb.) n. दुपट्टा, तालीस ।

tallness टॉल्'निॅस् n. प्रांशुता[F], उत्तुंगता[F], उच्चता[F], उन्नति[F], प्रोन्नति[F], दीर्घता[F], लम्बाई[F], ऊँचाई[F], बुलन्दी[F], कद ।

tallow[3] टै'लो n, (मशीनों[F]में गिरिस देने तथा साबुन बनाने इत्यादिमें प्रयुक्त) वसा[F], (रसा०) गौवसा[F], चर्बी[F], चिकनाई[F], मोम, टैलो; ~ candle टैलो निर्मित बत्ती[F]; ~-chandler वसाविक्रयी, मोमबत्तियों[F] बनाने और बेचनेवाला; ~-face म्लानवदन व्यक्ति; ~ piece श्वेत कूष्माण्ड, सफेद कुम्हड़ा, भूरा कुम्हड़ा;

~ laurel, ~ oil, ~-tree, ~-vegetable, ~-wood.

tallow[2] v.t. चर्बी[F] लगाना, चर्बी[F]से चिकना करना; मोम जमाना; (भेड़ों[F]को) मोटा करना ।

tallower –लोअँर् n. वसाकार, वसाविक्रेता, (मोमबत्ती[F], साबुन इत्यादिके लिए) गलायी हुई चर्बी[F] तैयार करनेवाला, चर्बी बेचनेवाला, चर्बी-फरोश ।

tallowish –लोइश् a. ईषद्वसावत्, किंचिद्वसा-सदृश, कुछ-कुछ चर्बी-जैसा, थोड़ा चर्बीला, चिकना, चिपचिपा ।

tallowy –इ a. वसा-विषयक, मेद-सम्बन्धी, वसायुक्त, चर्बीला, चर्बी[F]का-सा ।

tally[1] टै'लि n. गणना-पट, गणना-काष्ठखण्ड, हिसाब-पट्टी[F]; (इस काष्ठखण्डपर अंकित) गणना[F], (नौवि०) गिनती[F]; हिसाब-किताब; अनुमेलन, मिलान (प्रेषित मालकी निश्चित संख्या[F]की प्रविष्टि[F]के लिए बनाया हुआ) सही चिह्न या निशान; (काष्ठ, धातु[F] या कागजका) टिकट, तख्ती[F], लेबल (*horticultural talllies*); परिपूरक वस्तु[F], अनुरूप वस्तु[F], समान वस्तु[F]; प्रतिलिपि[F], नकल[F];

~ system trade उधारका व्यापार;

~ book, ~ card, ~ clerk, ~man, ~ roll, ~ sheet, ~ tabulation.

tally[2] v.t. & i. पंजी[F]में प्रविष्ट करना, खतियाना, खातेमें दर्ज करना, खातोंका मुक्तावला करके हिसाब लगाना; (नौवि०, पाल या बादबानको) कसना; एकमत करना या होना, सहमत होना, राजी होना; अनुकूल करना या होना, सदृश होना, एक-सा करना या होना, मुताबिक होना, मिलान करना, मिलाना, मिलना, ठीक निकलना, बराबर करना या होना (*goods do not ~ with invoice*) ।

tally-ho[1] टै'लि-हो n. (शिकारी कुत्तोंको उत्तेजित करनेको) ध्वनि[F], लुहा-लुहा[F]की उच्च ध्वनि[F], उकसाहट[F] ।

tally-ho[2] v.t. & i. (शिकारी कुत्तोंको) उत्तेजित करना, लुहाना; लुहकारना, 'लुहा-लुहा'[F] करना ।

tally-ho[3] int. लश ! लश ! लश्कर ! लुहा !

talma टैल्'मॅ n. (फ्रांसमें १९वीं शतीमें प्रयुक्त) लबादा, चोगा ।

Talmud टैल्'मॅड् n. यहूदी-संहिताका नाम, तालमद ।

Talmudic, -al –मॅ'डिक्, -ॲल् aa. यहूदी-संहिता-विषयक, तालमदीय, तालमद-विषयक ।

Talmudist –'मॅडिस्ट् n. (यहूदी) तालमदसंग्रही, तालमदानुगामी, तालमदका विद्यार्थी या ज्ञानी ।

Talmudistic –'टिक् a. (यहूदी) तालमदी, तालमद-संग्रही-विषयक, तालमदके ज्ञानसे सम्बन्धित ।

talon टै'लॅन् n. (विशे० शिकारी पक्षीका) नख, नखर, नाखून, पंजा, चंगुल; (वैंक) T.; बाँटनेके पश्चात् ताशके पत्तोंकी बची ढेरी[F]; अर्गली[F]का अंस; S के आकारकी वक्र रचना[F]; दुहरे वलका हाशिया; तलवार[F]के कब्जेका पिछला सिरा ।

taloned टै'लॅन्ड् a. नखरयुक्त, पंजेका, (तीखे) नाखून-वाला ।

talonic acid टैलॅनिक् एसिड n. क्षैरिक अम्ल ।

tal. qual *talis qualis*, just as they come; average quantity.

taluk टॅलूक्' n. ताल्लुका[F], जमींदारी[F], जागीर[F] ।

talukdar –'डार् n. ताल्लुकदार, जागीरदार ।

talus टे'लॅस् n. (pl. *tali*) (श० र० शा०) गुल्फास्थि[F], (चि०, जीव०) घुटिकास्थि[F], टखना; मुद्गरपाद, गदापाद, पदविकृति[F]; (प्रा० भू०) भग्नाश्म राशि[F]; (भूगर्भ०) शैल-संखण्ड, सम्पात प्रस्तर, शिखरक-समूह, T. ।

Tam. Tamil.

tamability टेमॅबि'लिटि n. =TAMABLENESS.

tamable –'मॅबॅल् a. पाल्य, पालनीय, पालतू बनाने योग्य; वश्य, वशीकरणीय, नम्रीकरणीय, सीधा करने योग्य ।

tamableness –निॅस् n. पाल्यता[F], पालनीयता[F], पालतू बननेकी योग्यता[F], वश्यता[F], वशीकरणीयता[F], नम्रीकरणीयता[F], सीधा किये जानेकी योग्यता[F] ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

tamara टै'मॅरॅ n. खट्टा मसाला।

tamarin टै'मॅरिन् n. क्षुद्रकपि, छोटा दक्षिण अमेरिकी बन्दर।

tamarind टै'मॅरिन्ड् n. अम्लिका[F], (कृषि०, वन०) इमली[F]; ~-fish अम्लिका-मत्स्य, अम्लिका-मीन[F], अम्लिका[F] का गूदा निकालकर पकायी हुई मछली[F]।

tamarisk टै'मॅरिस्क् n. झाऊ (एक गुल्म-विशेष), टैमरिस्क।

tamasha टॅमा'शॅ n. तमाशा, खेल।

tambour[1] टैम्'बुअॅर् n. तम्बूरा, ढोल, ढोलक; (कारचोब तैयार करनेका) गोलाकार फ्रेम; (स्था०) (स्तम्भके मुख्य भागका) वेलनाकार प्रस्तर; (विभिन्न संरचनाओं[F] का) गोलाकार भाग; (किसी वस्तु[F] का) गोल भाग; (ढोलकी-सी ध्वनि[F] उत्पन्न करनेवाली) मछली[F], पटहाकार मत्स्य-विशेष; (दुर्ग, सड़क[F], फाटक इत्यादिकी सुरक्षा[F] के लिए लगा हुआ) लोहेका जँगला।

tambour[2] v.t. (गोलाकार ढाँचेपर) कारचोब बनाना, जरदोजी[F] करना।

tambourin –'बॅरिन्' n. तम्बूरी[F]; तम्बूरी नाच या संगीत, तम्बूरी गत[F]।

tambourine टैम्बॅरीन्' n. एक प्रकारका अफ्रीकी कबूतर; झाँझ[F], खंजरी[F], चर्मपत्रसे मढ़ी छोटी ढोलकी[F], टैम्बरीन[F]।

tame[1] टेम्' v.t. वश्य बनाना, नम्र करना, पालना, पालतू करना; सधाना, हिलाना; आत्मसमर्पण करा लेना, वशीभूत करना, हीन करना, सीधा कर देना, नीचा दिखाना, दबाना।

tame[2] a. विनीत, वशीकृत, गृह्य, पालतू, हिला हुआ, सधा हुआ, घरेलू, पाला हुआ; अवन्य, अबर्बर, सीधा; (बोल०, भूमि[F] या पौधा) कर्षित, जोता हुआ, लगाया हुआ, जोतकर उत्पन्न किया हुआ; निर्जीव, जड़, दुर्बल, शक्तिहीन, प्रभावहीन, अप्रतिरोधकारी, निस्तेज, दब्बू; नीरस, निःसत्त्व, फीका, बे-असर, बेलुत्फ (~ *scenery, description*)।

tameless –'लॅस् a. (काव्य०) अवश्य, बर्बर, वहशी; अपोष्य, अपोषणीय, अपालनीय।

tameness –'नॅस् n. दुर्बलता[F], नीरसता[F], प्रभावहीनता[F]; पालतूपन; वश्यता[F]; दब्बूपन, हलकापन, बोदापन, बुजदिली[F]।

tamer –'मॅर् n. पालक, विनेता, वशीकर्ता, पालने-पोसनेवाला, सधानेवाला, हिलानेवाला, पालतू बनानेवाला।

taming –मिंग् n. (शिक्षा०) विनयन, दमन, सधाना।

tam-o'-shanter, tammy टैम्-ऑ'-शैन्'टॅर्, टैमि nn. भौंहों[F] पर कसकर आनेवाली (ऊपरसे फूली) ऊनी या सूती टोपी[F], टैमी[F]।

tamp टैम्प् v.t. (सूराख[F] इत्यादिमें बारूद[F] की तह[F] पर) डाट[F] लगाना, नरम चिकनी मिट्टी[F] भरना, बन्द करना; (सड़क[F] के पत्थर इत्यादि) कूट देना, कुटाई[F] करना।

tamper[1] –'पॅर् n. (परि०) थापी; (बारूद[F] की तह[F] पर) डाट[F] लगानेवाला, नरम चिकनी मिट्टी[F] भरनेवाला; (सड़क[F] के पत्थर) कूटनेवाला; ईंट[F] बिछानेका उपकरण, राजगीरका पाटा।

tamper[2] v. i. (~ *with*) अन्तःक्षेप करना, हाथ डालना, दखल देना; (इच्छा[F], पाण्डुलिपि[F] इत्यादिमें) अनधिकृत परिवर्तन करना, छेड़ना; गुप्त या भ्रष्ट प्रभाव डालना, दूषित करना, साँठ-गाँठ[F] करना, घूँस देना।

tamperer –रॅर् n. अन्त-क्षेपक छेड़नेवाला।

tampering –रिंग् n. (वस्तु[F] को) छेड़ना।

tamping टैम्'पिंग् n. कूटना, कुटाई; (इंजी०) ठुकाई[F], ठोकना; मृत्तिका-भरण, मिट्टी[F] भरना, डाट[F] लगाना; ~ bar (यंत्र०) ठोकनी[F]।

tampion टैम्'पिअॅन् n. (बन्दूक[F] आदिके मुँहका, लकड़ी[F] का) अवरोधक या स्टापर, डाट[F]।

tampon[1] टैम्'पॅन् n. व्रणावरोध, रक्तस्रावावरोधके लिए नासा[F], योनि[F] इत्यादिमें प्रयुक्त; निघ, डाट[F], ठेंठी[F], डट्टा; टैम्पन; गद्दी[F] (जिसे बालोंपर रखकर पट्टी[F] इत्यादि बाँधते हैं)।

tampon[2] v.t. (व्रण या रक्तस्रावको) अवरोध लगाकर बन्द करना, डाट[F] लगाना, बन्द करना।

tamponade –नेड' n. (चि०) (रक्तस्तम्भनके लिए) रुई, लिंट इत्यादिका या टैम्पनका व्यवहार।

tamponage –'पॅनिज् n. व्रणावरोधन (-रीति[F]); = TAMPONADE.

tamponment –न्'मॅन्ट् n. (चि०) रक्तावरोधनके लिए टैम्पन लगाना।

tamtam टैम्'टैम् n. = TOMTOM.

tan. tangent.

tan[1] टैन्' n. (बबूल या शाहबलूत इत्यादिका) शल्क, कस्सा, छाल[F], बक्कल; कत्थई रंग; (धूप[F] में पके चमड़ेका) साँवलापन, भूरापन; the ~ सरकस (ग्रा०); ~-yard चमड़ा रँगनेका कारखाना; ~bark, ~ expert, ~ extract, ~ material, ~ substances, ~-vat.

tan[2] v.t. & i. (चमड़ा) कमाना, सिझाना, पकाना; (धूप[F] में अनावृत्ति[F] द्वारा चमड़ेका) भूरे रंगका होना या करना; सख्त करना; (ग्रा०) मारना, पीटना, मरम्मत[F] करना, कुन्दी[F] करना।

tan[3] a. उद्रक्तपीत, कत्थई, भूरा।

tan[4] ⊙ = (ग०) TANGENT का संक्षिप्त, स्प, टैन।

tandem[1] टैन्'डॅम् n. (आगे-पीछे जुते हुए) अश्व; तिपहिया सायकिल[F], दो या दोसे अधिक सीटोंवाली सायकिल[F]; (परि०) T.; *drive* ~ (घोड़ोंको आगे-पीछे योजित करके) गाड़ी[F] हाँकना।

tandem[2] a. आगे-पीछे सीटोंवाली (सायकिल[F])।

tandem[3] adv. आगे पीछे-पीछे (घोड़ोंको जोतना)।

tandstickor (Sw.) n. दियासलाई[F]।

tang[1] टैन्' n. (रेल०) स्पर्श; (यन्त्र०) दस्तेके अन्दरवाली नोक[F], काँटा; तीव्र स्वाद या गन्ध[F]।

tang[2] v.t. दस्तेमें बिठानेके लिए नोक[F] निकालना या बनाना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

tang[3] n. शैवालप्रजाति[F], ठाँग[F], सेवार[F]।

tang[4] n. (घण्टे इत्यादिका) झंकृत स्वर, गूँजती हुई ध्वनि[F], टनटनाहट[F]; (तार[F]की) झंकार[F]।

tang[5] v.t. & i. (घण्टे इत्यादिका) ध्वनि[F] उत्पन्न करना, झंकृत करना, बजाना, बजना, टनटनाना; (मधुमक्खियों[F]को) एकत्र करना, बुलाना, बिठाना।

tangency टैन्'जॅन्सि n. (ग० भी) स्पर्शज्यात्व, स्पर्शज्यता[F], स्पर्शरेखिता[F]; स्पर्शिता[F], स्पर्श।

tangent[1] –न्ट n. स्पर्श; (त्रिकोण०, भौ०, प्रा० भू०) स्पर्शज्या[F], (भौ०) स्पर्शरेखा[F]; *fly, go off, at a ~* भटक जाना, बहक जाना।

tangent[2] a. स्पज्या, स्पर्शज्या; (ग०) स्पर्शी, (घ०, ज्या०) स्पर्श-; T.; ~-balance स्पज्या-तुला[F]; *fly, go off, at a ~* सहसा विषय बदल देना, अचानक बात[F]को मोड़ना;

~ angle, ~ box, ~ correction, ~ distance, ~ elevation, ~ galvanometer, ~ law, ~ line, ~ plane, ~ points, ~ screw, ~ sight, ~ spring, ~ stress, ~ view.

tangential –जे'न्शल् a. (गतिवि०, भौ०) स्पर्शरेखीय, स्पर्शरैखिक; (प्रा० भू०) स्पर्शज्या-, स्पर्शज्या-विषयक, स्पर्शरेखा-सम्बन्धी;

~ acceleration, ~ angle, ~ coordinates, ~ equation, ~ force, ~ sawing, ~ stress, ~ velocity.

tangibility –जॅबि'लिटि n. स्पर्शनीयता[F], स्पर्शयोग्यता[F]; दे० TANGIBLENESS भी।

tangible –'जॅबॅल् a. स्पृश्य, स्पर्शवेद्य, स्पर्शनीय, स्पर्शगम्य, धार्य, (का०) मूर्त्त, प्रकट, सत्य, यथार्थ, स्पर्श द्वारा अनुभवगम्य (*~ result*); (वाणि०) गोचर (*~ assets, ~ security*); निश्चित, निर्भ्रान्त, बोधगम्य, व्यवहार्य (*~ goods*); (विधि[F]) भौतिक, दैहिक, शारीरिक, वास्तविक।

tangibleness –'नॅस् n. स्पृश्यता[F], स्पर्शनीयता[F], स्पर्शगम्यता[F], धार्यता[F], टटोल[F]; निश्चितता[F], निर्भ्रान्ति[F], बोधगम्यता[F], व्यवहार्यता[F]; भौतिकता[F], दैहिकता[F], शारीरिकता[F], वास्तविकता[F]।

tangle[1] टैन्'गॅल् n. पाश, फंदा; जटिलता[F], सम्मिश्रण, संकुलता[F], उलझन[F], पेचीदगी[F]; संकट (*business is in a ~*); (परस्पर उलझे हुए तागों की) लट[F], उलझेड़ा, गड्डमड्ड ढेर।

tangle[2] v.t. & i. गूँथना, बटना, उलझाना, फाँसना, फँसाना, पेचीदा बनाना; उलझना, फँसना, अड़ना; ~-foot ⊙ शराब[F], ह्विस्की[F]।

tangle[3] n. = TANG[3].

tangled –ड a. प्रतिपाशित, संकुल, सम्मिश्र, जटिल, उलझा हुआ (*~ affair*)।

tanglesome, tangly –'सॅमॅ, –लि aa. जटिल, सम्मिश्र, संकुल, उलझा हुआ, पेचीदा।

tango[1] टैन्'गो n. (तांगो, द० अ० में प्रचलित) एक नृत्य।

tango[2] v. i. नृत्य करना।

tangoist –गोइस्ट n. तांगोनर्तक, तांगोनृत्यविशारद।

tango-receptor टैन्गॅरिसे'प'टॅर् n. स्पर्शग्राही।

tangram टैन्'ग्रॅम् n. टैंनग्राम[F] (एक चीनी पहेली[F])।

tangy टैन्'गि a. (गन्ध[F] या स्वादमें) तीव्र; नोकदार।

tanh. hyperbolic tangent.

tania टैनिॲ n. (यंत्र०, स्था०) **ताटिका**[F]; ~ australis (गणि०) द्वादश ऋषि; ~ borealis (गणि०) स्पाति[F], T. एकादश ऋषि।

tanist टै'निस्ट् (प्राचीन आयर्लैण्डमें) रिक्थभागी, दायभागी, उत्तराधिकारी।

tanistry –ट्रि n. (प्राचीन आयर्लैण्डमें) भूम्यधिकार, धारणाधिकार; दाय-प्रथा[F] (जिसमें मालिकके मरनेके बाद नये उत्तराधिकारीका चुनाव होता था)।

tank टैन्क् n. (रसा०) कुण्ड, टंकी[F], हौज; तड़ाग, कासार, जलाशय, ताल, पोखरा, तालाब, टैंक; (सेना०) दुर्गयान, अस्त्र-शस्त्रसे सुसज्जित जंगी मोटर-गाड़ी[F], टैंक[F], ~-buster (प्रा०) हवामार तोप[F]; septic ~ (चि०) पूतिकुण्ड;

~ ambush, ~ bell, ~ boiler, ~ circuit, ~ connection, ~ crew, ~-cum-airtheory, ~-engine, ~ farming, ~ fisheries, ~ furnace, ~ gun, ~ house, ~ hunting, ~ museum, ~ recognition room, ~ staging, ~ wagon.

tankage –'किज् n. हौज-भराई[F]; जलाशय(⁰) का घनफल, हौजकी समाई[F]; (कृषि) **गर्तावशेष**; सूखी खाद[F]।

tankard टैन्'कॅर्ड् n. (मदिरा[F]का) चषक, बड़ा प्याला।

tanker टैन्'कॅर् n. (परि०) (द्रव पदार्थोंको ढोनेके लिए) **तेल पोत**, तैलवाहक पोत, सहायक विमान, टंकी जहाज, टंकीवाला जहाज, दूसरे वायुयानको पेट्रोल देनेवाला जहाज।

tanling ⊙ टैन्'लिंग् n. धूपित व्यक्ति, घामशोषित व्यक्ति, घर्म-कृष्णकायित व्यक्ति, घामसे काला हुआ आदमी।

tannable टै'नॅबॅल् a. (चमड़ा) शोध्य, कमाने योग्य, पकाने लायक; दृढ़ीकरणीय, कड़ा करने योग्य, सख्त करने लायक; प्रताड्य, मारने योग्य, पीटने योग्य, मरम्मत करने योग्य, कुन्दी[F] करने काबिल।

tannage –निज् n. चर्मसंस्कार, (चमड़ा) कमानेकी विधि[F], पकानेका तरीका।

tannate टै'नॅट् a. शल्कीय, छाल[F]का, छालवाला।

tanner[1] टै'नॅर् n. चर्मसंस्कर्ता, चर्मकार, चर्मशोधक, चमड़ा रंगनेवाला; ~s refuse (प्रा० भू०) **चमड़ा-कमाई-कचरा**।

tanner[2] n. (प्रा०) छः पेंसका एक सिक्का।

tannery –रि n. चर्मसंस्कार-गृह, चर्मशोधनालय, चमड़ा पकानेकी जगह[F]; चर्मसंस्करण, चमड़ा पकानेका व्यवसाय।

tannic acid टै'निक् अ'सिड् n. शल्किक अम्ल।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

tanning टै'निंग् n. शल्कन; चर्मसंस्कार, (प्रा० भू०) चर्मशोधन (~ *expert*), चमड़ा कमाना।

T.A.N.S. Territorial Army Nursing Service.

tansy टैन्'ज़ि n. सहस्रपर्णी^{F}, (एक सुगन्धित बूटी^{F}) तैंसी^{F}।

tantalization टैन्टॅलाइज़े'शॅन् n. छेड़छाड़^{F}, चिढ़ाव; तरसानेकी क्रिया^{F}, ललचाव, तरसाव, लुहकाना, डहकन^{F}।

tantalize –'टॅलाइज़् v.t. तृष्णा^{F} उत्तेजित करना, आशा^{F} बढ़ाना, तरसाना; मानसिक कष्ट देना, झूठी आशाएँ^{F} देना, डहकाना; चिढ़ाना।

tantalizer –ज़ॅर् n. तृष्णोत्तेजयिता, आशोद्दीपयिता, तरसानेवाला; मानसिक कष्टदाता, ललचानेवाला, डहकानेवाला।

tantalum टैन्'टॅलॅम् n. सहातु^{F}, (रसा०) T.।

tantamount टैन्'टॅमॉउन्ट् a. सम, समान, तुल्य, समकक्ष, बराबर; समार्थक, तुल्यार्थ (*his message was ~ to flat refusal*)।

tantara टैन्टा'रॅ n. पटह-ध्वनि^{F}, नगाड़ेका शब्द, नफीरीकी आवाज^{F}।

tantivy[1] टैन्टि'वि n. (प्रा०) शिकारियोंकी आवाज^{F}, ठुनठुन^{F}; क्षिप्रगति^{F}, झपट^{F}, दौड़^{F}, कूद-फाँद^{F}।

tantivy[2] v. i. झपटना, दौड़^{F} पड़ना, सरपट^{F} दौड़ना।

tantivy[3] a. क्षिप्र, आशु, झटपट, तेज, तेजी^{F}का।

tantivy[4] adv. क्षिप्रतया, सवेगेन, झपट^{F}से साथ, दौड़^{F}के साथ, तेजी^{F}से।

tant micux (F) इतना अच्छा है।

tanto uberior (L) इतना और धनी।

tant pis (F) इतना बुरा है।

tantrism टैन्'ट्रिज़्म् n. तान्त्रिक मत, तन्त्रवाद, तन्त्रसिद्धान्त।

tantrist –ट्रिस्ट् n. तान्त्रिक, तन्त्रवादी, तन्त्रसिद्धान्ती।

tantrum टैन्'ट्रॅम् n. (चि०) आवेश, क्रोध या चिड़चिड़ेपनका प्रदर्शन, मचलन^{F}, (*is in, went into her, ~s*)।

tanyphonia ⊙ टैनिफो'निअॅ n. क्षीण ध्वनि^{F}, क्षीणवाक्, पतली आवाज^{F}।

Taoism टा'ओइज़्म्, टॉउ'इज़्म् n. (चीनका) ताओ धर्म।

tap[1] टैप्' n. नल, बम्बा, (रसा०, भौ०) टोंटी^{F}; डाट^{F}, ठेंठी^{F}; (विशेष रूपसे खींची हुई) अत्युत्कृष्ट शराब^{F} (*excellent ~*); मदिरालयकक्ष; (यन्त्र०) भीतरी चूड़ीकट, चूड़ी^{F} बनानेकी डाई^{F}, पेचतराश; (रेल०) टप; ~-borer बरमा; ~ connection समानान्तर संयोजन; ~-house भट्टी^{F}; ~-room मधुशाला^{F}, मदिरालय, कलारखाना या होटलमें शराब^{F}का कमरा; ~-root अधिमूल, मूसली, प्रधान मूल, (कृषि०, वन०) मुसलमूल, मूसला जड़; जड़^{F}का असली बड़ा हिस्सा; (*on ~* (पीपा) काग या डाट^{F} लगा हुआ; (मदिरा^{F} या द्रव पदार्थ) डाटकर पीपेमें पड़ा; (खजानेकी हुण्डी^{F} या चालान) निश्चित दर^{F}पर माँग^{F}के अनुसार प्राप्य।

tap[2] v. t. टोंटी^{F} लगाना, काग लगाना, डाट^{F} लगाना; छेदना, बरमना, पीपेमें छेद करके निकालना; चुआना; (रसा०) अंश निष्कासन करना; (शल्य०) शल्योपचार करना, पारवेधन करना, द्रव या पीप निकालनेके लिए सम्बन्ध स्थापित करना, व्यापार या कारबार फैलाना; (*for* के साथ) प्रार्थना^{F} करना, दरखास्त^{F} करना; (विषय या प्रसंग) छेड़ना; पेंच या चूड़ियाँ^{F} बनाना।

tap[3] n. थपकी^{F}, चपेट^{F}, हलकी चोट^{F}, धप्पा, धाप^{F}, दस्तक, खटखटाहट^{F} (*heard a ~ at the door*); (निदान०) एक प्रकारका जङ्गल ज्वर; (सेना०) भोजनकालीन बिगुल; (सैन्यावासमें) रोशनी^{F} बुझानेका बिगुल ⊙; ~-dancing (पैरोंसे थपकियाँ^{F} दिये जानेवाला) एक प्रकारका मंचनृत्य जैसे कथाकेलि^{F}।

tap[4] v.t. & i. थपकना, दस्तक देना, खटखटाना (~ *the door with your knuckles*); (जूतेकी एड़ी^{F}पर) चमड़ा लगाना।

tapa टा'पॅ n. (पोलिनेशियायी शहतूतका) अन्तस्त्वक्, अन्तश्चर्म, अन्तर्वल्कल, भीतरी छाल^{F}।

tape[1] टेप्' n. पट्टिका^{F}, बन्धनी^{F}, दीर्घपट्ट, फीता, निवार, टेप, (मशीन^{F}के चक्केपर चढ़ा हुआ मजबूत) पट्टा; (जिसपर तारके संवाद अंकित किये जाते हैं वह) कागजकी पट्टी^{F}; (प्रा०) मद्य, मदिरा^{F}, शराब^{F}; ~ grass सलिल-कुन्तल; needle ⊙ सूजा; ~-line, ~-measure नापनेका फीता, पैमाइशी टेप; ~worm पट्टकृमि, (चि०) फीताकृमि, चपटा कृमि; ~cotton, ~ holder, ~ price, ~ record, ~ relay, ~ splicing, ~-tied.

tape[2] v.t. फीता लगाना, फीतेसे बाँधना; (किसी व्यक्ति को देखकर) भाँप लेना।

tapeless –'लिॅस् a. दीर्घपट्टरहित, बन्धनीरहित, बिना फीतेका।

taper[1] टे'पॅर् n. दीपिका^{F}, क्षुद्र दीप, सिक्थवर्तिका^{F}, मोमबत्ती^{F}, दीया; (रेल०) सलामी^{F}।

taper[2] v.t. & i. (प्रायः *~off*) शुण्डाकार होना या बनाना, क्रमसूक्ष्माग्र करना या होना, गावदुम बनाना, शंकाकार करना या होना, स्तूपाकार बनाना या होना।

taper[3] a. (अव प्रमुखतः का० या भाषण) शंकुवत्, स्तूपसदृश, शुण्डाकार, गोपुच्छाकार, गावदुम, सूक्ष्माग्र।

tapered, tapering –ड्, –रिंग् aa. शुण्डाकार, गोपुच्छाकार, गावदुमाकार, वृत्तानुपूर्व।

tapering –रिंग् १. n. (वन०) गावदुम; २. a. = TAPERED.

taperness –र्-निॅस् n. शंकुवत्ता^{F}, क्रमसूक्ष्माग्रता^{F}, गोपुच्छसादृश्य, शुण्डाकारिता^{F}, क्रमसूक्ष्म आकृति^{F}, नुकीलापन।

taperwise –वाइज़् adv. क्रमसूक्ष्माग्रतः, शुण्डाकृतिरूपमें, गोपुच्छाकार, कम होते हुए।

tapestried टै'पिॅस्ट्रिड् a. चित्रयवनिकाच्छादित,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चित्रयवनिकासज्जित, परदेवाला।

tapestry –ट्रि n. चित्रयवनिका^{F}, शोभा-वस्त्र, परदा।

taphophobia ⊙ टैफ़ॅफ़ो'विअ़ n. (चि०) आत्मनिखनन संत्रास, (शिक्षा०) **निखननभीति**^{F}।

tapioca टैपिओ'कॅ n. (रसा०) T. (~ *starch*); प्रकण, मण्डीय पदार्थ, कसावाकी सूजी^{F}, **टैपियोका** (~ *flower, starch*)।

tapir टे'पॅर् n. तापिर, जलतुरग (स्तनपायी अमरीकी पशु-विशेष)।

taproid –राॅएड् a. जलतुरंगाकार, तापिर-सदृश।

tapis टै'पी(पि)स् (F) n. विचाराधीन; = TAPESTRY; *upon the* ~ विचाराधीन।

tapotement टॅपोट'मॅन्ट् n. मालिश^{F}की थपथपी^{F}।

tappable टै'पॅ॑ल् a. छेद्य, छेदनीय, बरमा करने योग्य; शल्योपचार्य, शल्योपचारणीय; शल्यचिकित्स्य, शल्यनीय, पीप निकालने योग्य, मवाद निकालने लायक; काग लगाने लायक, डाट^{F} लगानेका; थपकी^{F} देने योग्य, खटखटाने लायक, थपथपाऊ।

tapper टै'पॅर् n. थपकानेवाला, थपकी^{F} देनेवाला, खट-खटानेवाला; दूरलिख कुंजिका^{F}, तारकी कुंजी^{F}, टेलीग्राफ-का संकेत यंत्र; **चूड़ीकाट**; (रेल०) **टप चलानेवाला**; च्यावक, चुकानेवाला।

tappet टै'पिट् n. (यंत्र०) भुजा^{F}, T.।

tapping टै'पिंग् n. (शल्य०) वेधन, पारवेधन; **थपकना**, (रेल०) **टप चलाना**; (कृषि०) **टोंटी^{F}से निकालना**, च्यावन, वेधन करके चुआना; **टपमापी**; ~ machine च्यायमापी; **टपमापी यंत्र**;

~ box ~ incision, ~ licence, ~ season, ~ series, ~ tool.

tappit टै'पिट् a. शिखी, शिखामय, शिखायुक्त, चूड़ामय, सचूड़, चोटीदार, कलँगीदार (~ *hem*)।

taps टैप्स् n. थपथपाहट^{F}, खटखटाहट^{F}।

tapsalteerie, -sie- a. = TOPSY-TURVY^{2}.

tapster टैप्'स्टॅर् n. मद्य-विक्रयी, मदिरा-विक्रेता, कलार।

tar^{1} टार् n. सर्जरस, राल, विराल, (रसा०) **अलकतरा**, (रसा०, नौवि०) **तारकोल**, धूना, कोलतार, **डामर**; T.; ~-board (विराल-रक्त रज्जु^{F}का) स्थूल पत्र-पट्ट; पत्रपट्ट, मजबूत दफ्ती^{F}; ~ macadam सड़क^{F} कूटनेकी तार-कोली रोड़ी^{F}, कोलतारयुक्त पत्थर इत्यादिका ढोंका; ~-water सर्जरस-सत्व विरालरस, रालरस; *a touch of the ~-brush* वर्ण-संकर, हब्शी रक्तका सम्मिश्रण; ~ *and feather* (दण्डस्वरूप) शरीरपर विराल या तारकोल फेरकर पंख चिपका देना;

~-bedaubed, ~-boiling cart, ~-brand, ~-brush, ~ compound, ~- dipped, ~distiller, ~ oil, ~ paper, ~-paved, ~-soaked, ~-spot, ~-weed, ~ yard.

tar^{2} v. t. तारकोल लगाना, धूना करना।

tar^{3} n. नाविक, माँझी, मल्लाह।

taradiddle, tarra- टै'रॅडिडॅल, टै'रॅ- n. (बोल०) कपोल कल्पना^{F}, मनगढ़न्त बात^{F}, झूठी बात^{F}, गप्प^{F}; झूठ।

tarantass टैरॅन्टैस्' n. टैरण्टास (एक चार पहियेकी रूसी गाड़ी^{F})।

tarantella, -elle टैरॅन्टे''लॅ, -अ़ॅ'ल्' n. (इटलीका) आघूर्णमान नृत्यविशेष, चकफेरी, तरनतेल, तेरन्तला।

tarantism टै'रॅन्टिज़्म् n. (इटलीमें) नृत्यरोग-विशेष; नृत्या-उन्माद (तरन्तुला^{F} नामक मकड़ी^{F}के काटेके कारण)।

tarantula टॅरैन्'ट्यूलॅ n. (दक्षिणी यूरोप, वि० तारेन्तम नगरकी एक विषैली मकड़ी^{F}) तरन्तुला^{F}।

tarantular टॅरैन्'ट्यूलॅर् a. तरन्तुला-सदृश, तरन्तुला मकड़ी^{F}का।

taratantara टैरं टैन्'टॅरॅ, टा'रॅ १. n. तुरही^{F} या बिगुलकी आवाज^{F}, धू-तू-तू; धू-तू; २. v.t. & i. धूधू-तूतू करना, तुरही^{F} बजाना।

taraxacum टॅरैक्'सॅकॅम् n. दुग्धतिक्ती^{F}, दुग्धतिक्ता^{F}, दुग्धतिक्त-प्रजाति^{F}।

taraxacum officinalis n. (चि०) दुग्ध फेनी^{F}, कर्णफूल, कानफूल।

tarazed ⊙ टैरेज़्ड् n. (गणि०) **तराज़द, तृतीय गरुड़**।

tarboosh टावूश़्' n. तरबूश^{F}, अँची वाड़^{F}की तुर्की टोपी^{F}।

Tardenoisean, -ian टार्डॅनाएँ'ज़िॅअन्, -इॅअन् a. (पुरातत्त्व) उत्तरप्रस्तरयुगीन।

tardigrade टार्'डिग्रेड् a. गतिमन्द, मन्दगामी, अक्षि-प्रगामी, धीरे-धीरे चलनेवाला।

tardiness टार्'डिनॅस् n. मन्दता^{F}, आलस्य, अनि-च्छुकता^{F}, विलम्ब, **शिथिलता**^{F} (~ *rate*), सुस्ती^{F}, धीमापन, हिचकिचाहट^{F}, काहिली^{F}।

tardo (It.) a. & adv. मन्द-मन्द, आहिस्ता-आहिस्ता।

tardy –डि a. मन्द, चिरक्रिय, दीर्घसूत्री, विलम्बकारी, गतकाल, आलसी, सुस्त; अनिच्छुक, हिचकिचानेवाला, आगा-पीछा करनेवाला; विलम्बित ⊙ (~ *reform; retribution*)।

tare^{1} टेअ़र्' n. शायिघास, अहण्डा।

tare^{2} n. भारमोक, धारक, (वाणि०) **धड़ा; बारदाना**; पैकिंग^{F}के लिए दी हुई छूट^{F}; खाली गाड़ी^{F}का वजन; खाली मोटरगाड़ी^{F}का भार; (वाणि०) **बारदाना**; (जिसमें रखकर कोई पदार्थ तोला जाय उस) पात्रका भार।

tare^{3} v.t. धड़ा निकालना; (पैकिंग^{F}में पेटी^{F} इत्यादिका) भार निकालना, वजन मालूम करना; (रेल०) **खाली गाड़ी^{F}-का वजन करना**; ~ and tret असली वजन और धड़ा निकालनेके लिए हिसाबका कायदा।

targe टार्ज़् दे० TARGET.

target टार्'गिट् n. शरव्य, लक्ष्य, लक्ष्यांक, **निशाना**, चाँद; (बन्दूक^{F} आदिके लिए प्रायः) आयताकार लक्ष्य; T.; गोलाकार संकुलित गिरदा, गोला; कोई वस्तु^{F} जिससे निशाना लगाया जाय; लक्षित परिणाम; लक्ष्य-स्वरूप व्यक्ति; (रेल^{F}का) छोटा गोलाकार सिग्नल; मेड़^{F}का ऊपरका धड़; (*targe*) वर्म; छोटी ढाल^{F}; ~date **नियत तिथि**^{F};

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ practice लक्ष्य अभ्यास, टार्गेट अभ्यास, चाँदमारी[F];

~ area, ~ data, ~ frame, ~ pit, ~ signal, ~ staff, ~ store.

targeted –टिॅड् a. वर्मयुक्त, ढालवाला, सिपरबन्द, ढाल[F] लिये या लगाये हुए।

targeteer –टीॅअर n. सवर्म, सैनिक, वर्मयुक्त सैनिक, वर्मधर, ढालधारी, ढलैत, सिपरबन्द सिपाही।

tariff[1] टै'रिफ़् n. परियात-शुल्क, प्रशुल्क, शुल्क, तटकर, चुंगी[F], प्रशुल्क-पद्धति[F]; (अर्थ०) शुल्क-पद्धति[F]; (अर्थ०) शुल्क दर; प्रशुल्कसूची[F], (अर्थ०) शुल्क-दर-सूची[F], चुंगी-तालिका[F], शुल्कावली[F], महसूलनामा, भाव, निर्खनामा, कीमत[F] या किरायेका परवाना (*railway, refreshment-room* ~); T.; ~ reform प्रशुल्क-सुधार; ~ wall प्रशुल्क-भित्ति[F]; T. युद्ध;

~ agreement, T~ Board, ~ charge, ~ commission, ~ committee, ~ concession, ~ duty, ~ negotiations, ~ price, ~ rate, ~ rulings, ~ schedule, ~ valuation, ~ value, ~ value schedule.

tariff[2] v.t. आयात-निर्यात करोंकी सूची[F] बनाना, आयात-निर्यात कर निर्धारित करना, मूल्यका अनुमान करना, कीमत[F] आँकना, महसूल निश्चित करना।

tarlatan टार्'लॅटॅन् n. बारीक मलमल, तारलातन।

tarn[1] टार्न्' n. गिरिपल्वल, गिरिताल, छोटी पहाड़ी झील[F], पोखर, धसान।

tarn[2] दे० TERN[2].

tarnal टार्'नॅल् a. & adv. मनहूस, कमबख्त; बहुत, निहायत, परले सिरेका।

tarnation –नें'शॅन् int. ⊙ धिक्कार-धिक्धिक्।

tarnish[1] टार्'निश् n. (रसा०) कलुषितता[F], मलिनता[F], निष्प्रभता[F], धूमिलता[F], (रसा०) वर्णदूषण, (रसा०) बदरंग, मटमैलापन; (खनि०) खनिज पदार्थोंके तलपर निर्मित रंगोंकी झिल्ली[F], स्तरी[F]।

tarnish[2] v.t. & i. वर्णविकृति[F] करना या होना, कलुषित करना, विमर्षित करना, दूषित करना, निष्प्रभ करना, धूमिल करना, मलिन करना, मन्द करना, मटमैला करना, बदरंग करना या होना।

tarnishable –शॅबॅल् a. विमर्षणीय, निष्प्रभ हो जानेवाला, विमृष्ट हो जानेवाला, दूषित हो जानेवाला, निष्प्रभ हो जानेवाला, मटमैला हो जानेवाला।

tarnished –श्ट् a. (प्रा० भू०) मलिनित, कलुषित, कलंकित, कुख्यात (*a ~ reputation*)।

taro टा'रो n. कचालू।

taroc, tarot टै'रॉक्, टै'रो n. ७८ पत्तोंकी ताशका खेल।

tarpan टॉर्'पैन् n. तुरंग, तातारी घोड़ा।

tarpaulin टार्पॉ'लिन् n. रालावरण, (परि०) तिरपाल, चादर[F]; जलरोध वस्त्र, विरमिच, विलायती टाट; मल्लाह-का राल[F] चढ़ा हुआ तैलयुक्त टोप; (प्रा०) नाविक, मल्लाह।

tarpon टार्'पॅन् n. महाशल्की[F] (एक प्रकारकी बड़ी शिकारी मछली[F])।

tsrradiddle टै'रॅडिडॅल् n. अनृत-कथन, असत्य-भाषण, झूठ; गप[F]।

tarragon टै'रॅगॅन् n. प्रनाग, कुन्दरू जैसा एक पौधा (~ *vinegar*)।

Tarragon a. टैरॅगो'नॅ n. नरगोना[F], अरगवानी शराब[F], स्पेनकी हल्की शराब[F]।

tarras टै'रॅस् n. TERRACE का प्राचीन रूप।

tarred टार्ड' a. विरालित (~ *road*)।

tarriance टै'रिॲन्स् n. वास, ठहराव, टिकाव, बसेरा; प्रतीक्षा[F], प्रतीक्षण, परखना, इन्तजार; विलम्बन, काल-क्षेपण, देर[F] लगाना।

tarrier –ॲर् n. वासी, ठहरनेवाला, टिकनेवाला; बसेरा करनेवाला; प्रतीक्षक व्यक्ति, इन्तजार करनेवाला आदमी; विलम्बी व्यक्ति, कालक्षेपी पुरुष, देर[F] लगानेवाला आदमी।

tarry[1] –रि v. i. & t. वसना, ठहरना, टिकना, बसेरा करना; विलम्ब करना, आलस्य करना, धीमा चलना, ढील करना, देर[F] करना; अटकाना, डाल रखना; प्रतीक्षा[F] करना, परखना, इन्तजार करना; राह[F] देखना, बाट[F] ताकना, आसरा देखना।

tarry[2] टा'रि a. विरालवत्, विराल-सदृश, अलकतरा-सदृश, अलकतराका; कज्जलद्रवीय, अराल-सम्बन्धी, राल[F] या तारकोलका, रालवाला, धूनेका, राल[F]का सा (~ *liquid*)।

tarsal[1] टार्'सॅल् n. (चि०) पित्रण्डिका[F], प्रपटोपास्थि[F]; (जीव०) गुल्फिका[F], T.।

tarsal[2] a. गुल्फीय, (जीव०, चि०) गुल्फिका-, प्रपटो-पास्थि-; पिचंडीय, कूर्चास्थीय, टखनेकी हड्डियों[F]का; अन्त्यपाद-खण्डीय, कीड़ेके पैर इत्यादिके सिरेका; वर्म-पट्टीय, पपोटेका; ~ artery (चि०) पिचण्डिका-धमनी[F]; ~ gland (चि०) नेत्रच्छदाशय ग्रन्थि[F]; ~ podomere गुल्फ पादखण्ड।

tarsalgia ⊙ टार्सॅ'ल्'जिॲ n. (चि०) पिचण्डिकार्ति[F], पादपीड़ा[F], पादवेदना[F], पैरकी फटन[F]।

tarsia टार्'सिॲ n. लकड़ी[F]में एक प्रकारकी पच्चीकारी[F]का काम।

tarsier टार्'सिॲर् n. कूर्चमर्कट (एक अफ्रीकी लंगूर)।

tarsus टार्'सॅस n. (pl. -i) (चि०) नेत्रच्छदाश्रय, पलक-की उपास्थि[F]; पिचण्डिका[F]; प्रपटोपास्थि[F], कूर्चास्थि[F]; (कृषि०, जीव०) गुल्फ[F], गुल्फिका[F]; (चि०) नेत्रच्छदा-श्रय; गुल्फिकास्थि[F], टखना या टखनेकी हड्डियाँ[F], पक्षीके पादकी जंघा[F]; T.; (कृमि०) अन्त्य-पाद-खण्ड, उपान्तीय पाद-खण्ड, कीड़ेके पैर वगैरहका सिरा; वर्मपट्ट, पलक, पपोटा।

tart[1] टार्ट्' n. मीठा समोसा या पकौड़ा; पेस्ट्री; (प्रा०) (विशे०) व्यभिचारिणी[F], दुश्चरित्रा युवती स्त्री[F], वेश्या[F]।

tart[2] a. शुक्त, अम्ल, तीव्र अम्ल, खट्टा, तेज, तुर्श, चरपरा; तीक्ष्ण, कटु, कठोर, कठिन, मार्मिक, तीखा, चुभनेवाला (*a ~ rejoinder*); चिड़चिड़ा, गरम-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिजाज।

tartan[1] टार्'टॅन् a. & n. ऊनी (कपड़ा), चारखाना; (क़०) स्काटलैण्डका पहाड़ी; स्काटलैण्डकी पहाड़ी (जाति[F])।

tartan[2] n. (भूमध्यसागरमें चलनेवाला) एकमस्तूली जहाज।

tartaned –ड् a. चारखाना या टारटन पहने हुए।

tartar[1] टार्'टॅर् n. न्यासव; दन्तशर्करा[F], दाँतोंपर जमा हुई मैल।

Tartar[2], **Tatar** टा'टॅर् n. तातार, तातारी, तुर्क, कॉसक; *catch a* ~ शेरका मुँह चूमना, अपेक्षाकृत अधिक शक्तिशाली प्रतिद्वन्द्वीसे भिड़ना।

Tartarean टाटे॑अ'रि॑अन् a. रसातल-सम्बन्धी, तरतरूसी, यमलोकसे सम्बन्धित।

Tartarian a. तातारी।

tartaric, tartarous टाटै'रिक्, टार्'टॅरस् aa. न्यासविक, न्यासव-सम्बन्धी, न्यासवमिश्रित, टाटरी[F]का (~ *acid*)।

tartarization –टॅराइज़े'शॅन् n. न्यासव-मिश्रण, न्यासव या टाटरी[F] मिलानेकी क्रिया[F], टाटरी[F] बनाने या जमानेकी क्रिया[F]।

tartarize –टॅराइज़् v. t. न्यासवमिश्रित करना, तलछट[F] या टाटरी[F] मिलाना, टाटरी[F] बनाना या जमाना।

tartarous –टॅरस् a. दे० TARTARIC.

tartish टार्'टिश् a. ईषच्छुक्त, ईषदम्ल, कुछ खट्टा; ईषत्तीक्ष्ण, ईषत्कटु, ईषत्कठोर, कुछ कठिन, कुछ मार्मिक; कुछ चिड़चिड़ा, गरममिजाज-सा।

tartlet टार्ट्'लिट n. छोटा मीठा समोसा।

tartness टार्ट्'नॅस् n. शुक्तता[F], अम्लता[F], खट्टापन, खटाई[F], तेजी[F], तुर्शी[F], चरपरापन; तीक्ष्णता[F], कटुता[F], कठिनता[F], मार्मिकता[F], तीखापन; चिड़चिड़ापन, गरममिजाजी[F]।

tartrate टार्'ट्रेट् n. न्यासव, टाटरी[F]।

Tartuf(f)e टार्टुफ़्' n. धार्मिक पाखण्डी व्यक्ति, बगला भगत।

Tartuf(f)ish –'फ़िश् a. कृत्रिम, दिखावेका, तरतूफ़ी।

Tartuf(f)ism –फ़िज़्म् n. धार्मिक पाखण्ड, तरतूफ़ियत।

tasimeter टॅसि'मि॑टॅर् n. तापान्तरमान, तापान्तरमापक यन्त्र, टेसीमीटर।

task[1] टास्क् n. कार्य, कर्म, कर्तव्य, सौंपा हुआ काम; पाठशाला[F]का कार्य (*I have done my* ~); स्वेच्छया लिया हुआ कार्यभार, ठेका, धन्धा (*arduous* ~); व्रत; ~ element कृतिक टुकड़ी[F]; ~ fleet कृतिक बेड़ा; ~ force ⊙ कृतिक बल, कार्य-विशेषके लिए संगठित दलकी इकाई[F] या यूनिट[F]; ~ group कृतिक दल; ~ unit कृतिक यूनिट; ~ wage (अर्थ०) नियत कार्य-मजदूरी[F]; ~ work नियत कार्य।

task[2] v. t. कार्य सौंपना, कार्यभार देना, बोझ डालना, कर्मनियुक्त करना, कामपर लगाना, काम लेना, मेहनत[F] लेना; *take person to* ~ (भूलों[F]के लिए) भर्त्सना[F] करना, लानत-मलामत[F] करना।

tasker –'कॅर n. =TASKMASTER.

taskmaster –क्'मा'स्टर् n. स्वामी, मालिक, काम लेनेवाला।

taslet टैस्'लि॑ट् n. लघूरुत्राण, क्षुद्र जंघा-कवच, छोटा जाँघ[F]का बख्तर।

tass टैस्' a. लघु मद्य-चषक, छोटा शराब[F]का प्याला।

tasse टैस्' n. ऊरुत्राण, जंघा-कवच, जाँघ[F]का बख्तर।

tassel[1] टै'सॅल् n. प्रगुच्छ, गुच्छ, फुँदना, झब्बा; लटकन[F], झालर[F]; (कृषि०) बल्लर, पौधोंका शीर्षभाग, पुंकेसर, पुष्पस्तबक; (पुस्तक-चिह्नवत् प्रयुक्त) फीता;

~ fin, ~ flower, ~ grass.

tassel[2] v. t. फुँदना लगाना, झालर[F] लगाना; गुच्छे बनाना; पौधोंका शिरश्छेदन करना।

tasselled –ड् a. प्रगुच्छित, गुच्छित, फुँदनेदार, झालरदार; स्तबकित, पुष्पस्तबकित, फूलके गुच्छेवाला; फीतेदार।

tastable टेस्'टॅबॅल a. आस्वादनीय, सुस्वादु, स्वादिष्ठ, स्वादवाला, जायकेदार, मजेदार।

taste[1]* –ट्' n. आस्वाद, सुस्वादुता[F], (चि०, कृषि०, जीव०) स्वाद*, रस, जायका, मजा (~ *receptor*); अनुभूति-बोध; (क्व०) आस्वादक्रिया[F], आस्वादन, चखनेकी क्रिया[F]; अभिरुचि[F], प्रवृत्ति[F], (अर्थ०) रुचि[F], शौक, (अर्थ०) पसन्द[F], शौक, रुझान[F] (*no* ~ *for drawing*); सूक्ष्मदर्शिता[F]; सुरुचिपूर्ण कलाकृति[F];

~ bud ~ cell, ~ hairlet, ~ organs, ~ pore ~ receptor, ~ tetrahedron.

taste[2] v. t. & i. आस्वाद लेना, स्वाद लेना, चखना, मजा चखना (~ *this cheese*); रसानुभूति[F] करना, स्वादानुभव करना, आनन्द देना, लुत्फ उठाना, मजा उठाना, बरदाश्त[F] करना (*cannot* ~*a joke against himself*); अनुभव करना अनुभूति[F] करना, मालूम करना, आजमाना।

undisguisable –डिज़्गाइ'ज़ॅबॅल् a. अविकार्य, अनावरणीय, अप्रच्छादनीय ।

undisguised ⊙ज़्ड् a. विवृत, अनावृत, अप्रच्छन्न, प्रत्यक्ष, स्पष्ट, आवरणरहित, साफ, बेपरदा, खुला हुआ (~ *reluctance* etc.); अदम्भ, सरल, सादा ।

undisguisedly ⊙–ज़िड्'लि adv. प्रत्यक्षतः, खुल्लमखुल्ला ।

undisposed –डिस्पोज़्ड्' a. INDISPOSED; अप्रवण, उचाट ।

undissociated –डिस्सो'शिअेटिॅड् a. (भौ०) **अवियोजित**, (रसा०) **अविघटित**, अविलग्न ।

undistributed –डिस्'ट्रिब्यूटिॅड् a. अवितरित, अविभक्त, अविभाजित; (दर्श०) **अव्याप्त**, अव्याप्तदोष (~ *proposition*) ।

undisturbed –डिस्'टर्ब्ड् a. अविकल, अविचल, शान्त, स्थिर, गम्भीर, अनुद्विग्न, शान्त ।

undivided –डिवाइ'डिॅड् a. अभिन्न, एकाग्र, अनन्य, **अविभक्त** (~ *attention, family*) ।

undivinable –डिवाइ'नॅबॅल् a. अनवधार्य, अविचारणीय, समझमें न आने योग्य ।

undo –डू v.t. सर्वनाश करना, (सम्भावनाएँ^{F}, प्रसिद्धि^{F} अथवा भविष्य या चरित्र) नष्ट करना, बरबाद करना, तबाह करना, बिगाड़ना; शून्य करना, मिटाना, किये हुए को अन्यथा या व्यर्थ करना (*cannot ~ the past, our past actions*); बन्धनमुक्त करना, ढीला करना, उधेड़ना; (व्यक्तिके) वस्त्र या बटन आदि खोलना; (कोट, बटन या पार्सलको) खोलना; हल करना ।

undoer –ऑर् n. (सम्भावनाएँ^{F}, प्रसिद्धि^{F}, भविष्य, चरित्र इत्यादिको) नष्ट करनेवाला व्यक्ति, अन्यथाकारी ।

undoing –इंग् n. **निराकरण** (~ *mechanism*), भ्रष्टता^{F}, नाश, बरबादी^{F}, तबाही^{F}, बेकार करना ।

undone–डन् a. हत, भ्रष्ट, विनष्ट, नष्ट, तबाह, बरबाद; असम्पादित, अकृत, असम्पन्न, बिना किया ।

undoubtedly –डॉउ'टिॅड्-लि adv. निस्सन्देह, निश्चय, बेशक ।

undress[1] –ड्रे॑स्' n. शिथिल परिच्छद, खुले वस्त्र; (घरपर पहननेके) ढीले-ढाले कपड़े(प्रायः ला० एवं गुण०)।

undress[2] v.t. & i. विवस्त्र करना, वस्त्रहीन करना या होना, नंगा करना या होना, कपड़े उतारना; पट्टी^{F} खोलना, फाहा उतारना ।

undressed –ड्' a. विवसन, विवस्त्र, वस्त्ररहित, वस्त्रहीन, नंगा; असंस्कृत, अपक्व, कच्चा; ढीले-ढाले या घरेलू वस्त्र पहने हुए ।

undried ⊙–ड्राइ'इॅड् a. क्लिन्न, आर्द्र, भींगा हुआ; हरा, कच्चा ।

undue –ड्यू' a. अदेय; **अनुचित**, अयुक्त, अवैध, नामुनासिब, नाजायज; (~ *advantage, influence*); अत्यधिक, अनुपातरहित, असन्तुलित; अनावश्यक, अधिक, अत्यन्त (*spoke with ~ warmth*);

~ claim, ~ delay, ~ influence, ~ offence, ~ pressure.

undulant –ड्यूलॅन्ट्' (चि०) उर्मिमान्, तरंगयुक्त, लहरदार, लहरानेवाला; ~ fever (चि०, कृषि०) उर्मिमान् ज्वर, **माल्टा ज्वर**, T. ज्वर ।

undulate[1] v.i. (चि०) उर्मिमान् होना, तरंगायित होना, स्पन्दित होना, कम्पित होना, लहरें^{F} लेना, (भौ०) लहराना, लहराकर चलना, लहरिया होना, लहरदार दिखना, लहरदार बनना ।

undulate[2]–लॅट्' a. (चि०) उर्मिमान्, (वन०) **ऊर्मिल**, तरंगायित, लहरिया, लहराता हुआ, लहरदार (*leaves with ~ margins*) ।

undulated –टिॅड् a. तरंगित, उच्चावच, नतोन्नत, लहरियादार ।

undulating–टिंग् a. (चि०) उर्मिमान्, (भौ०)ऊर्मिल, तरंगवत्, **तरंगित**, लहरियादार; विषम, असमतल,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उन्नतावनत, ऊँचानीचा; ~ country (प्रा०भू०) ऊँचा-नीचा प्रदेश;
~ form, ~ ground, ~ membrane, ~ surface, ~ turns, ~ zone.

undulation –ले'शॅन् n. (भौ०) तरंगन, तरंगगति^{F}, ऊर्मिमत्ता^{F}, तरंगायित अवस्था^{F}, तरंगवत् आन्दोलन, लहरिया गति^{F} या आकार; (भौ०) ऊर्मि^{F}, झकोरा, तरंग^{F}, हिलोरा; सौष्ठवयुक्त या सुघर उठान^{F} और गिरान^{F}, इसकी प्रत्येक लहर^{F}; (भौ०) ऊर्मिमाला^{F}; लहरदार पंक्तियों^{F}का समूह; (निदान०) हृदयमें लहरदार कम्पन^{F}की अनुभूति^{F}, लहर^{F}।

undulationist–निस्ट् n.तरंगसिद्धान्तको माननेवाला।

undulatory –ड्यूलेटॅरि a. ऊर्मिमान्, (भौ०) ऊर्मिल, (जीव०) तरंगित, तरंगी, तरंगवत्, उन्नतानत, ऊँचानीचा, थरथराता हुआ, हिलोरता हुआ, लहरिया, (भौ०) लहर-दार, लहराता हुआ; लहरिया गतिका अथवा उसके फलस्वरूप उत्पन्न;
~ current, ~ curve, ~ fluctuation, ~ motion, ~ theory.

undulous –ड्यूलॅस् a. = UNDULATING.

unduly –ड्यू'लि adv. अत्यधिक; अति-, अत्यन्त, असाधारण रूपमें, अनुचित रूपसे; अनावश्यक रूपसे (~ *burdensome*)।

unduteous –ड्यू'टिअॅस् a. कर्तव्यच्युत, कपूत।

undy a. तरंगायित, उन्नतानत, लहरियादार।

undying अन्-डाइ'इंग् a. शाश्वत, अविनश्वर, अनश्वर, अमर, अमिट (~ *fame*)।

unearned –अर्न्ड्' a. (का०) अनुपार्जित, (वाणि०) अनर्जित (~ *increment*), अनुचित, बिना उद्योगके प्राप्त, बिना प्रयासके प्राप्त, नावाजिब, बिना कमाया हुआ, बेकमाया (~ *income*)।

unearth –अर्थ्' v.t. भूमि^{F}के बाहर निकालना, गर्तसे बाहर करना, खोदकर निकालना; प्रकाशमें लाना; लोमड़ी^{F} को माँद^{F}से निकालना; (ला०) पता लगाना (षड्यन्त्र या अभिसन्धि^{F} आदिका)।

unearthed –ड्' a. उत्पाटित, खनित, खोदा हुआ, खोदकर निकाला हुआ, प्राप्त।

unearthliness –थॅलि-निॅस् n. अपार्थिवता^{F}, अति-प्राकृतिकता^{F}, अलौकिकता^{F}, विलक्षणता^{F}।

unearthly –लि a. अपार्थिव, अतिप्राकृत, लोकातीत, अलौकिक, स्वर्गीय, प्रेतवत्, असांसारिक, अद्भुत, विलक्षण, अजीब (~ *cry*); (बोल०) व्यर्थ, बेकार, बुरा, सवेरे, समयसे पहले, असमय (*why call me at this ~ hour*)।

unease –ईज़्' n. असुख, अशान्ति^{F}, विकलता^{F}, उद्विग्नता^{F}, बेचैनी^{F}, बे-आरामी^{F}।

uneasiness –ज़िनिॅस् n. असमाधान, विकलता^{F}, आकुलता^{F}, व्याकुलता^{F}, अशान्ति^{F}, असुख, घबराहट^{F}, बेचैनी^{F}; बेकली^{F}।

uneasy –ज़ि a. (शारीरिक या मानसिक रूपसे) उद्विग्न, अस्थिर, विकल, व्याकुल, आकुल, बेचैन, बेकल, परेशान, बेआराम (*you seem* ~); अशान्तिजनक, चिन्ताजनक, आशंकास्पद, घबरा देनेवाला (*had an* ~ *suspicion*); ~ *lies the head that wears the crown* जितनी दौलत^{F} उतनी मुसीबत^{F}।

uneconomic–ईकॅनॉ'मिक् a. अलाभकारक, अलाभकर, लाभरहित, बेफायदा (~ *holdings*, ~ *property*)।

uneconomical–कॅल् a.महँगा; खर्चीला; किफ़ायती।

unedifying–अॅ'डिफ़ाइइंग् a. अनाध्यात्मिक, आत्माको ऊपर न उठानेवाला; अनैतिक, पापशिक्षणशील, अनैतिकता^{F}को प्रश्रय देनेवाला।

uneducated –अॅ'ड्यूकेटिॅड् a. अशिक्षित, अनपढ़, गँवार, जाहिल।

U.N.E.F. United Nations Emergency Fund.

unembodied–इॅम्बॉडिॅड् a. असंलग्न, असम्बद्ध।

unemployability –इम्प्लाएॅअॅबि'लिटि n. (अर्थ०) अनियोज्यता^{F}, रोजगारके लिए अयोग्यता^{F}।

unemployable –इॅम्प्लाएॅअॅबॅल् a. & n. अनियोज्य, व्यर्थ, बेकार, व्यवहारके अयोग्य, (श्रम०) रोजगारके अयोग्य, अकारथ; (चरित्र, आयु^{F} अथवा अन्य पक्षोंमें सवैतनिक) नियुक्ति^{F}के अयोग्य (व्यक्ति)।

unemployed ⊙ –इॅड् a. अनधियुक्त, निरुद्यम, निरुद्योग, वृत्तिरहित, वृत्तिहीन, अनियुक्त, अनियोजित, नियुक्तिहीन, अव्यवहृत, निर्व्यापार, बेकार, खाली, बेरोजगार, रोजगारमें न लगा हुआ (~*capital*, *person*)।

unemployment –मॅन्ट् n. निरुद्योगिता^{F}, अनुद्योग, निरुद्यमता^{F}, उद्योगाभाव, वृत्तिहीनता^{F}, कार्याभाव, (अर्थ०, श्रम०) बेकारी^{F}, (अर्थ०, श्रम०) बेरोजगारी^{F}, बेकार अवस्था^{F}; ~ benefit बेकारी लाभ, (अर्थ०) बेकारी भत्ता, (बीमा अधिनियमके अन्तर्गत अथवा श्रमजीवीसंघ द्वारा) वृत्तिहीन श्रमिकको दिया जानेवाला लाभधन; ~ insurance (वाणि०, अर्थ०) बेरोजगारी बीमा; (अर्थ०) बेकारी बीमा।

unencumbered –इॅनकम्'बॅर्ड् a. दायमुक्त, ऋणमुक्त, भारमुक्त, (का०) भाररहित, बन्धनमुक्त, ऋणमुक्त (~ *securities*); ~ estate अभारसम्पत्ति^{F}, दाय अथवा ऋणसे मुक्त भूसम्पत्ति^{F} या जायदाद^{F}।

unending –अॅन्'डिंग् a. अनवरत, अनन्त; शाश्वत, निरन्तर, चिरस्थायी, अन्तहीन, छोरहीन, बेहद।

unendingly –लि adv. अनवरत, बेहद।

unendingness –निॅस् n. अनवरतता^{F}, सततता^{F}, चिरस्थायित्व, अनन्तता^{F}।

unenervated –अॅ'नेॅर्वेटिॅड् a. अक्षीण; अनशक्त, स्फूर्तियुक्त, अहततेज।

un-English –इंग्'लिश a. गैर-अंग्रेजी, अंग्रेजोंके आचार-व्यवहार या रीति-रस्मोंसे पृथक् या उससे विपरीत, अंग्रेजी भाषा^{F} अथवा उसके सिद्धान्तोंसे असम्बद्ध।

unenjoyed –इॅन्जाएॅइॅड a. अप्राप्त, अलब्ध, जो न भोगा हो।

unequal –ईक्वॅल् a. असम, असमान, विषम; (~

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

angle), अतुल्य, हीन, अनन्यगुणयुक्त, बेमेल, थोड़ा-बहुत (~ *development*)।

unequivocal –ईक्विव'वॅकॅल् a. अश्लिष्ट, अद्वयर्थ, सुव्यक्त, सुस्पष्ट, स्पष्ट, असन्दिग्ध, बिल्कुल साफ (~ *terms*)।

unequivocally –लि adv. सुस्पष्टतः।

uuequivocalness –ल्-निॅस n. अश्लिष्टता^{F}, अद्वयर्थता^{F}, सुव्यक्तता^{F}, सुस्पष्टता^{F}, शुद्धता^{F}, असन्दिग्धता^{F}।

unerring–अॅर्'रिंग a. अभ्रान्त, अमोघ, अचूक-सन्धानी, भ्रमशून्य, निर्भूल, अचूक, ठीक (~ *judgement*)।

unerringly –लि adv. ठीक-ठीक, अचूक, बिलकुल सही तौरपर।

unerringness –निॅस् n. अभ्रान्तता^{F}, अभ्रान्ति^{F}, अचूकसन्धानत्व, अचूकपन।

U.N.E.S.C.O., UNESCO United Nations Educational scientific and Cultural Organization.

unessential –ईसेॅन्'शल् १. n. किसी वस्तु^{F}का अतात्त्विक या अनावश्यक भाग; २. a. अतात्त्विक, अनावश्यक, गौण, गैरअहम, गैरलाजमी, गैरअसली, गैरजरूरी।

uneven –ईं'वॅन् a. असदृश, (यन्त्र०, प्रा०भू०) **असम**, विषम, अतुल्य (*makes ~progress*); **असमतल**, उन्नतानत, असमान, नाहमवार, ऊबड़-खाबड़, बीहड़, टेढ़ा, ऊँचा-नीचा; (संख्या-सम्बन्धी, क०) विषम, ताक; ~ age, ~-aged, ~-aged crop, ~-aged forest, ~-aged system, ~-carriaged, ~ contour, ~ crop, ~ distribution, ~-handed, ~-numbered, ~-priced, ~-roofed, ~ soil.

unevenness –निॅस् n. असमानता^{F}, (शिक्षा०) **असमता**^{F}, विषमता^{F}, ऊबड़-खाबड़पन, नीची-ऊँची स्थिति^{F}।

unexampled ⊙–इॅग्ज़ैम्'पॅल्ड् a. निरुपम, अनुपम, अपूर्व, अद्वितीय, दृष्टान्तशून्य, बेजोड़।

unexceptionable –ईक्सेॅप्'शॅनॅबॅल् a. श्लाघ्य, निर्बाधित, निर्बाध, अबाधित, अबाध, अदूष्य, अबाध्य, निर्दोष, बेगुनाह।

unexceptionableness –निॅस् n. श्लाघ्यता^{F}, निर्बाधता^{F}, निर्बाधितता^{F}, अबाधता^{F}, अदूष्यता^{F}, निर्दोषता^{F}।

unexceptional –नॅल् a. अपवर्ज्य, श्लाघ्य, निर्बाध, अबाध, अदूष्य, निर्दोष।

unexpected –ईक्सपेॅक्'टिॅड् a. अप्रत्याशित, आशाविपरीत, अतर्कित, आकस्मिक, सहसा, अचिन्तित, अनाशंकित, अचानक, एकाएक।

unexpectedness –निस n. अप्रत्याशितता^{F}, आशाविपरीतता^{F}, अतर्कितता^{F}, अचानक होना।

unexperienced –ईक्सपीॅअॅरीन्स्ट् a. अननुभवी, अनुभवहीन।

unexpired –ईक्सपाॅअॅर्ड् a. (पट्टा, छुट्टी^{F} आदि) अव्यतीतावधि, अनवसित, (वाणि०) **अनातीत**, (~ *discounts*), **असमाप्त**, अव्यतीत, शेष।

unexplored ⊙–ईक्स्प्लोॅअॅर्ड्' a. अपरीक्षित, अज्ञात, गुप्त, नामालूम।

unfabled ⊙–फ़े'बॅल्ड् a. अकल्पित, सत्य, वास्तविक, सच्चा।

unface –फ़ेस् v.t. अनावृत्ति करना, प्रकाशित करना, प्रकट करना, सामने करना, खोलना।

unfadable –फ़े'डॅबॅल् a. अक्षय, अमिट, कभी न घटनेवाला।

unfailing –फ़े'लिंग् a. अचूक, न घटनेवाला, कम न पड़नेवाला, (~ *supply*); अच्युत, अक्षय, अमोघ, अव्यर्थ, अनश्वर, निश्चित, अचूक; आशानुकूल (~ *resource*)।

unfailingness –निॅस् n. अक्षयता^{F}, अमोघता^{F}, निश्चितता^{F}, अचूकपन; आशानुकूलता^{F}।

unfair –फ़ेॅअॅर्' a. अन्याय्य, असाधु, अनीतिपूर्ण, अनुचित, अयोग्य, बेजा, नावाजिब (*an ~ advantage, play*)।

unfairness –निॅस् n. पक्षपात, असाधुता^{F}, अनौचित्य, अनीतिपूर्णता^{F}, अनीति^{F}, धाँधली^{F}।

unfaith –फ़ेथ्' n. (क्वचिद्) आस्थाहीनता^{F}, अविश्वासिता^{F}, अविश्वास।

unfaithful –'फ़ुल a. कृतघ्न, अकृतज्ञ, अविश्वस्त, अस्वामिभक्त, अधर्मी, भक्तिहीन, नमकहराम, बेवफा, झूठा, दगाबाज।

unfaithfulness –निॅस् n. अकृतज्ञता^{F}, कृतघ्नता^{F}, भक्तिहीनता^{F}, नमकहरामी^{F}, बेवफाई^F, दगाबाजी^{F}।

U.N.F.A.O. United Nations Food & Agriculture Organization.

unfashioned –फ़ै'शॅन्ड् a. अघटित, निराकार, असाकार, अनगढ़, बेडौल, बेगढ़ा, बेढंगा।

unfasten –फ़ा'सॅन् v.t. ढीला करना, खोलना।

unfathered –फ़ा'दॅर्ड् a. (का०) पितृविहीन, पितृहीन; (ला०) स्वामिहीन, अनाथ, लावारिस; अस्वीकृत, अनधिकृत (~ *theory* etc.)।

unfathomed –फ़ै'दॅम्ड् a. अज्ञाततल, अगाध।

unfavourable –फ़े'वॅरॅबॅल् a. (का०) **अननुकूल**, विषम, प्रतिकूल, (~ *balance*), पराङ्मुख, विमुख, विरक्त; अप्रिय (~ *remarks*)।

unfeathered –फ़े'दॅर्ड् a. = UNFLEDGED; अपरिपक्व, कच्चा।

unfeatured –फ़ी'चॅर्ड् a. विकृत, बुरे चेहरे-मोहरेका।

unfee'd ⊙–फ़ीड् a. अशुल्क, अदत्तशुल्क।

unfeeling –फ़ी'लिंग a. निष्ठुर, निर्दय, अकरुण, क्रूर; कठोर, हृदयहीन, निर्मोही, दयाहीन, संगदिल, सख्तदिल, बेदर्द, निर्विवेक, विवेकहीन, संवेदनाशून्य, व्यवहारोचित बुद्धि^{F}से रहित, बेदिल, बेएहसास, एहसाससे खाली।

unfeelingness –निॅस n. निष्ठुरता^{F}, निर्दयता^{F}, क्रूरता^{F}, कठोरता^{F}, हृदयहीनता^{F}, संगदिली^{F}, सख्तदिली^{F}, बेदर्दी^{F}।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

unfetter –फ़े॑'टॅर् v.t. जंजीर[F] खोलना, बेड़ी[F] काटना; मुक्त करना, रिहा करना।
unfettered –र्ड् a. निरंकुश, अशृंखल, मुक्त, खुला, आजाद।
unfigured –फ़ि'गॅर्ड a. अचित्रांकित, अचित्रित, बेल-बूटों या चित्रोंके बिना (~ *muslin*)।
unfirm –फ़र्म' a. अदृढ़, निर्बल, अबल, डाँवाडोल, कमजोर।
unfit[1] –फ़िट्' a. अक्षम, अव्यवहार्य, अनुपयुक्त, अनुचित, अनुपयोगी, अयोग्य, अस्वस्थ, नालायक, बेकार (~ *wagon*)।
unfit[2] v.t. (किसी वस्तु[F] के लिए) अक्षम बनाना, अनुपयुक्त बनाना, अयोग्य ठहराना, नाकाबिल कर देना।
unfitness –निॅस् n. अक्षमता[F], अव्यवहार्यता[F], अस्वास्थ्य, अनुपयुक्तता[F], अयोग्यता[F], अनौचित्य।
unfitted –'टिॅड् a. अक्षम, अनुपयुक्त, अनुपयोगी, अयोग्य।
unfledged –फ्लेॅज्ड a. अजातपक्ष, अनुदितपक्ष, पक्षरहित, लुण्डा, पोटा, बेपर; (ला०) (व्यक्ति इत्यादि) अप्रौढ़, अविकसित, अधपका, अधकचरा, बच्चा।
unfold –फ़ोल्ड्' v.t. & i. (भेड़[F], बकरियों[F] इत्यादिको) बाड़ेसे बाहर निकालना या छोड़ना; (ला०) (विचारों, योजनाओं[F] को) उद्घाटित करना, उन्मीलित करना या होना, प्रकटित होना, प्रकाशित करना या होना, विस्तार करना, प्रकट करना या होना, खोलना, फैलाना, बताना।
unfolded –'डिॅड a. (वन०) तहहीन, खुला।
unforeseen –फ़ोॲसीन्' a. अनपेक्षित, अतर्कित, अपूर्वदृष्ट, अदृष्ट, अचिन्तित, अननुमित, (~ *charges*, ~ *expenditure*)।
unformed –फ़ार्म्ड्' a. अनिर्मित, अगठित, आकृतिविहीन, रूपरहित, अधूरा, बेडौल, बेशक्ल।
unfortunate –फ़ॉर्'च्यूनॅट् १. n. अभागा, आपद्ग्रस्त व्यक्ति, भाग्यहीन व्यक्ति; २. a. आपद्ग्रस्त, दैवोपहत, अमंगल, अभद्र, अशुभ, हतभाग्य, मन्दभाग्य, भाग्यहीन, हीनभाग्य, अभागा, अधन्य, दुःखी, बदनसीब, बदकिस्मत।
unfortunately –लि adv. दुर्योगवश, दुर्दैववशात्, दुर्भाग्यवशात्, अभाग्यवश, बदकिस्मती[F] से।
unfounded –फ़ॉउन्'डिॅड् a. निराधार, अमूल, निर्मूल, निराश्रय, निर्बीज, भित्तिशून्य, आधारहीन, मिथ्या, अवास्तविक, अवास्तव, बेबुनियाद, बेअसल, सरासर गलत (~ *rumour, hopes*); विस्थापित, अस्थापित।
unfriended –फ्रेॅन्'डिॅड a. मित्रहीन, अमित्र।
unfriendliness –र्ड्लि-निॅस् n. अमित्रता[F], शत्रुता[F], रिपुता[F], दुश्मनी[F]।
unfriendly –लि a. अमित्र, शत्रु, रिपु, दुश्मन।
unfunded –फ़न्'डिॅड् a. अल्पकालीन, निधिमुक्त, (ऋण-सम्बन्धी) चालू।
unfurl –फ़र्ल् v.t. & i. (पाल) प्रसारित करना या होना, विस्तार करना, फैलाना, लहराना, खोलना, पसारना, फहराना, फैलना।
unfurnished –फ़र'निश्ड् a. असज्ज, असज्जित, रिक्त, खाली।
ungainliness –गेन्'लिनॅस् n. विकृति[F], विरूपता[F], कुरूपता[F], असौष्ठव, भोंड़ापन, भद्दापन, बेडौलपन।
ungainly –लि a. विसदृश, कदाकार, (व्यक्ति या पशु या उनके कार्यकलाप) विकृत, कुरूप, गर्हित, सौष्ठवहीन, घृणित, भोंड़ा, भद्दा, बेडौल; अदक्ष।
ungallant –गै'लॅन्ट् a. स्त्रियों[F] के प्रति अशिष्ट, अशूर, कायर।
ungarnished –गार्'निश्ड् a. अनलंकृत, असज्जित, बगैर सजायी हुई, अनपरोसी (थाली[F])।
ungear –गीॲर्' v.t. उपकरण या साज-सामान आदिसे वंचित करना या हटा लेना, कल बिगाड़ देना, मशीन[F] बेकार कर देना, गियर निकाल देना।
ungentle –जे॑न्'टॅल a. अशिष्ट, अभद्र, धृष्ट, अनम्र, असभ्य, कठोर, रूक्ष, अवखड़, खरा।
ungentlemanly –'टॅल्मॅन्-लि a. अशिष्ट, अभद्र, असभ्य, अभद्र-जनोचित, अभद्रोचित, कठोर, बेहूदा, गैरशरीफ।
ungentleness –ल्-निॅस् n. अशिष्टता[F], अनम्रता[F], रूक्षता[F]; असभ्यता[F], कठोरता[F], अवखड़पन, खरापन।
ungovernable –ग'दॅर्नॅ॑बॅल a. प्रचण्ड, उच्छृंखल, दुर्धर्ष, दुर्दमनीय, दुर्दम, अमर्यादित, अशासनीय, अविधेय, दुर्निवार, उद्दाम, दुर्निग्रह, अवश्य, वहशी, जंगली, बेरोक, बेकाबू, बेलगाम (~ *passions*)।
ungracious –ग्रे'शॅस् a. अशिष्ट, अभद्र, असभ्य, असौम्य, अननुग्रही, निरुपकारी, अनुपकारी, अकृपालु, अनुदार, दुष्ट, नीच (~ *reply*)।
ungraciousness –निॅस n. अशिष्टता[F], असभ्यता[F], असौम्यता[F], अकृपालुता[F], अनुदारता[F], दुष्टता[F], नीचता[F]।
ungrammatical –ग्रॅमै'टिकॅल् a. शब्दशास्त्र विरुद्ध, व्याकरणदुष्ट, अव्याकरणसम्मत, व्याकरण-विरुद्ध, व्याकरण-विपरीत, व्याकरणके नियमोंके विपरीत।
ungrounded –ग्राउन्'डिॅड् a. (वक्तव्य इत्यादि) निर्मूल, अमूलक, निराधार, भित्तिहीन, आधारहीन, बेबुनियाद।
ungual अन्'ग्वॅल a. नखसदृश, नखयुक्त, सुमदार, खुरवाला, पंजादार, पंजेका, नख-सम्बन्धी।
unguarded अन्-गार्'डिॅड् a. विचाररहित, विचारहीन, असजग, असतर्क, अरक्षित, असावधान, अचेत, बेखबर, बेध्यान (*an ~ expression*)।
unguent अन्'ग्वॅन्ट् n. विलेपन, प्रलेप, अभ्यंजन, अनुलेपन; अनुलेप, मरहम, मालिश[F] या चुपड़नेकी दवा[F], लेपकी भाँति प्रयुक्त कोई भी स्निग्ध पदार्थ जैसे उबटन।
unguentary –टॅरि a. अनुलेपीय, लेप-सम्बन्धी, मरहमी।
unguentum –टम् n. (चि०) मरहम।
ungues –ग्यूज़ n. नखर, नख।
unguicular अन्ग्वि'क्यूलॅर् a. शफरूप, नखरवत्, नखाकार, नाखूननुमा, पंजानुमा।
unguiculate –लॅट् a. नखरी, नखयुक्त, (वन०) नखाकार, पंजादार, खुरवाला।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

unguiferous –फ़ॅर्रॅस a. नखयुक्त, पंजादार, नाखूनदार, खुर देनेवाला।
unguiform –'ग्विफ़ॉर्म् a. शफरूप, नखाकार, पंजा-सा।
unguis अन्'ग्विस् n. (जीव०) नखर।
ungula अन्'ग्यूल् n. (चि०) (मृत गर्भको निकालनेका) शंकु, हुकदार शस्त्र-शस्त्र विशेष; सुम, खुर, पंजा।
ungular –लॅर a. शफवत्, खुरनुमा, पंजानुमा, पंजेका।
ungulate –लॅट् n. & a. शफविशिष्ट, खुरदार(जानवर)।
unhair अन्-हेअॅर ' v.t. & i. (विशेष कर चमड़ेसे) बाल साफ करना, बाल बिखराना।
unhallow –है'लो v.t. अपवित्र करना, दूषित करना।
unhand –हैन्ड ' v.t. हाथ उठा लेना, हाथ हटा लेना, त्याग करना, जाने देना, छोड़ना।
unhandiness –'डिनिॅस् n. अपटुता[F], अनाड़ीपन; कष्टसाध्यता[F], असुविधाजनकता[F], बेडौलपन, भारीपन।
unhandsome –ड्सॅम् a. (रूप, आचरण इत्यादि) अप्रशस्त, अनुदार; विरूप, कुरूप, अशोभन; अमनोहर, अस्वरूपवान्, असुन्दर, भोंड़ा, बेडौल, भद्दा, बदसूरत।
unhandsomeness –निॅस n. अनुदारता[F], कुरूपता[F], अशोभनता[F], असुन्दरता[F], भद्दापन, फूहड़पन, भोंड़ापन।
unhandy –'डि a. (व्यक्ति) अपटु, अदक्ष, भद्दा, अनाड़ी, फूहड़; कष्टसाध्य, असुविधाजनक, भारी, बेडौल, बरतनेमें कष्टकर।
unhang –हैन्ग् v.t. लटकती हुई चीज[F]को उतारना, (दीवार[F] इत्यादिसे) लटकन[F] या टँगना हटा लेना।
unhanged ⊙ –ड' a. बेलटकाया हुआ, बिना फाँसी[F] पाये (*the greatest scoundrel ~*)।
unhappiness अन्-है'पिनिॅस् n. अक्षेम, अकल्याण, आपद्ग्रस्तता[F], अकुशलता[F], शोकावस्था[F], दुःख, खिन्नता[F], अप्रसन्नता[F], असुख।
unhappy –पि a. अनिर्वृत्त, हतभाग्य, मन्दभाग्य, अधन्य, दुःखापन्न, दुःखभाजन, अकुशल, दुःखी, असुखी, अप्रसन्न, अभागा, बदकिस्मत, नाखुश।
unharmed –हा'र्म्ड ' a. अक्षत, निव्रण, सही सलामत।
unhatched –हैच्ट' a. अण्डेसे न निकला हुआ, बे सेया हुआ (अण्डा); न सोच निकाला गया या न गढ़ा गया (उपाय इत्यादि)।
unhead –हे ॅड ' v.t. शिरश्छेदन करना, सिर काटना, मूँड़ काटना, सिर उतारना।
unhealthful –हे ॅल्थ्'फ़ुल् a. असद्विग्रह, अस्वस्थ।
unhealthfulness –निॅस् n. असद्विग्रहता[F], अस्वस्थता[F]।
unhealthiness –हे ॅल्'दिनिॅस् n. रुग्णता[F], अस्वस्थता[F], अस्वास्थ्यकरता[F], अस्वास्थ्यजनकता[F], अस्वास्थ्य।
unhealthy –दि n. अस्वास्थ्यकर, स्वस्थताहर (*~ locality*); रुग्ण, रोगिष्ठ, अस्वस्थ, रोगी, बीमार, गैरतन्दुरुस्त; भयंकर, भयावह, खतरनाक।
unheard –हर्ड् ' a. अश्रुत, अज्ञात, अनसुना, बेसुना हुआ (मुकदमा); न सुनी गयी, *~ of* अश्रुतपूर्व, निराला, अनोखा।
unheeded –ही'डिॅड् a. अवज्ञात, उपेक्षित।
unheedful–ड्'फ़ुल् a. उपेक्षापूर्ण, लापरवाह।
unhewn –हीऊन्' a. बेकटा; (ला०) रूक्ष, अनगढ़, भद्दा, रद्दी, नातराश।
unhinge –हिन्ज् v.t. (दरवाजेको) कब्जे या चूलमेंसे निकालना, खोलना; विचलित करना, व्याकुल करना, अस्थिर करना; (मस्तिष्क इत्यादिमें) अव्यवस्था[F] उत्पन्न करना।
unhinged –हिन्ज्ड्' a. कब्जे या चूलमेंसे निकाला हुआ, खोला हुआ; अव्यवस्थित, परेशान।
unhistoric, -al –हिस्टॉ'रिक, -ॲल् aa. अनैतिहासिक, पौराणिक कथामात्र, इतिहास-विरुद्ध।
unhitch –हिच् v.t. (रस्सी[F] इत्यादि) खोलना, ढीला करना।
unhive –हाइव्' v.t. उद्वासित करना, घर छीनना, छत्तेसे निकाल देना।
unholiness –हो'लिनिॅस् n. अशुचिता[F], अपवित्रता[F], मलिनप्राणता[F], असाधुता[F], दुष्टता[F]।
unholy –लि a. अशुचि, अपवित्र, अपावन, अपूत, अशुद्ध, अमंगल, मलिनात्मा, मलिन, असत्, असाधु, दुष्ट, अधर्मी; कठोर, भयानक, भयंकर, घोर (*what an ~ row to kick up !*)।
unhook –हुक' v.t. हुकोंको अलग करके वस्त्रादि खोलना, खूँटी[F] या काँटे आदिसे उतारना।
unhopeful –होप्'फ़ुल् a. आशातीत, आशारहित, निराश।
unhorse –हार्स v.t. घोड़ेसे पटक देना, गिरा देना, उतार देना।
unhouse –हॉउस्' v.t. निराश्रय करना, खाना बरबाद करना, घरसे निकालना, बेघर करना।
unhoused ⊙ –ट् a. अशरण, निराश्रय, बेघर, बेदर।
unhuman –ह्यू'मॅन् a. अमानुषिक, अमानवीय; निर्मम, निर्दय।
unhumanize –नाइज् v.t. अमानुषीकृत करना, अमानवीय बनाना, मानवोचित न रहने देना।
unhusked ⊙ –हस्क्ट्' a. अकुट्टित, गैरकूटा, अनफटका।
uni- एक- (*~lingual, ~capsular, ~foliate, ~form, ~literal, ~valve*)।
Uniat, -ate यू'निॲट्, -ॲट् n. यूनानी ईसाई, पूर्वी ईसाइयोंके यूनी सम्प्रदायका व्यक्ति (जो पोपकी प्रभुता[F] स्वीकार करता है किन्तु अपने धार्मिक रीति-रवाजोंका ही पालन करता है)।
uniaural यूनिऑ'रॅल् a. (अर्थ०) एककर्णिक, एक कानवाला।
uniaxial –ऐक्'सिॲल् a. (प्रा० भू०, भौ०) एकाक्ष, एकाक्षीय, एक धुरीय (*~ joint*)।
U.N.I.C. United Nations Information Centre.
U.N.I.C.E.F. United Nations International Children's Emergency Fund.
unicameral –कै'मॅरॅल् a. (का०) एकसदनी, एक-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सदनीय, एककक्षीय, एकघरा।

unicellular –सेॅ'ल्यूलॅर् a. एककोषीय, (कृषि०, चि०) **एककौशिक**, एककोश;
~ animal, ~ gland, ~ organism.

unicity यूनि'सिटि n. अनन्यता^{F}, अद्वितीयता^{F}, विलक्षणता^{F}।

unicorn यू'निकॉर्न् n. अरण्याश्व, एकशृंगीय अश्व, अरना घोड़ा, पौराणिक कथाओं^{F}में वर्णित शृंगी पशु; अरण्याश्वका वंशावली सम्बन्धी चित्रण; (~-*shell* भी) एक प्रकारका शम्बूक, पृष्ठपाद घोंघा; अश्वोंका युग्म (जिसके आगे तीसरा घोड़ा हो); युग्मित गाड़ी^{F} (जिसमें दो घोड़ोंके आगे एक तीसरा घोड़ा जुता हो); एक प्रकारकी तितली^{F}, एक प्रकारका कीड़ा; (~-*fish*, ~-*whale*, *sea*-~ भी) नरवल^F, एक बड़ी समुद्री मछली^{F}।

unicornous –र्नॅस् a. एकशृंग, एक सींगका।

unicostate यूनिकॉस्'टेट् a. एकपर्शु, **एकशिरायुत**, एक पसलीवाला।

unidead ⊙ अन्-आइ'डिॅड् a. धारणारहित, विचारहीन, बुद्धिरहित, ठूस, विचारोंमें कोरा।

unidentate यूनिडेॅन्'टेट् a. एकदन्त, एक दाँतवाला।

unidirectional –डॅरेॅक्'शॅनॅल् a. एकदिश, (भौ०) **एकदिशिक, एकदिशी**, एक ओरका (~ *current*)।

unifacial –फ़ेॅ'शल् a. एकानीक, एकतलीय, एक धरातलका; (इति०) **एकमुख**, एकमुँहा (~ *structure*)।

unifiable यू'निफ़ाइॲबॅल् a. समकार्य, समीकरणीय, एककरणीय, मिलाने योग्य, जोड़ने लायक।

unification –फ़िके'शॅन् n. समरूपीकरण, एकविधीकरण, एकरूपण, एकरूपीकरण, (राज०) **एकीकरण**, मेलन।

unified ⊙ –'निफ़िड् a. (वाणि०) **एकीकृत**, सम्मिलित;
~ command, ~ pattern, ~ stock.

unifier –फ़ाइॲर् n. एकरूपता^{F} प्रदान करनेवाला, एक करनेवाला।

uniflorous –फ़्लॉ'रॅस् a. एकपुष्प, एक फूलवाला।

unifoliate –फ़ो'लिॲट् a. एकपर्ण, (वन०) **एकपर्णी**, एकदलीय, एक पत्तीवाला, एकपतिया।

uniform यू'निफ़ाम् १. n. **वेष**, समपरिधान, समवेश, समवस्त्र, **वर्दी**^{F} (सैनिकों, नाविकों, आरक्षकों इत्यादि द्वारा पहनी जानेवाली); २. a. **एकसार**, अपरिवर्तनशील, परिवर्तनहीन, **एकसम**, (भौ०, गति वि०) **एकसमान**, बराबर (~ *flow*); एक-सा (*present a* ~ *appearance*); सतत, निरन्तर, अपरिवर्तनीय; सरूप, समवेश, एकरंग, (स्थिति वि०) **समांग**, एकाकार, सम, **समान, समरूप, एकसार**, एकविध, **एकरूप**; संगत; ~ acceleration (ग०) **एकसमान त्वरण**, एकरूप त्वरण, सम गतिवर्धन; **अचर त्वरण**;
~ bore, ~ conditions, ~ convergence, ~ crop, ~ density, ~ diffuser, ~ dimension, ~ distribution, ~ drainage, ~ duty, ~ flow, ~ form, ~ illumination, ~ increase, ~ lamina, ~ moderation, ~ motion, ~ pattern, ~ price, ~ procedure, ~ profile, ~ rate, ~ reaction, ~ retardation, ~ rod, ~ size, ~ slope, ~ speed, ~ stamp, ~ system, ~ tardation, ~ velocity ~ weight.

uniformitarian –मिटेॲ'रिॲन् n. समरूपतावादी, एकरूपता^{F}-समर्थक।

uniformitarianism –निज़्म् n. एकरूपतावाद।

uniformity –'मिटि n. समवेशत्व, एकनियमानुवर्त्तिता^{F}, समत्व, समता, साम्य, **समानता**^{F}, सारूप्य, **एकसमानता**^{F} (~ *trial*), एकरसता^{F}, समांगता^{F}, एकविधता^{F}, समरूपता^{F}, **एकरूपता**^{F}, **इकसारी**^{F}, मेल।

uniformly –'निफ़ॉर्म्'लि adv. समरूपेण, एकरूप, एक-सा।

unify –फ़ाइ v.t. (वस्तुओं^{F}को अथवा निर०) समरूपता^{F} देना, एकरूप करना, एकविधता^{F} प्रदान करना, एकीभूत करना, एकरूप बनाना या करना, समांग बनाना, समान करना, एकरंग कर देना, एक कर देना।

unigeneric ⊙ यूनिजिॅने'रिक् a. (वन०) **एकवंशी, एक जीव-सी**।

unigeniture –जे'निच्युॲर् n. एकजातता^{F}, इकलौतापन।

unilabiate –ले'बिॲट् a. एकोष्ठ, एक होंठवाला।

unilateral –लै'टॅरॅल् a. एकपार्श्वी, (का०) **एकपार्श्विक** (~ *declaration*), एकपार्श्वीय, **एकपक्षीय**, एकरुखी, एकतरफ़ा (~ *contract*, *transfers*); (चि०) करवट।

unilluminated अन्-इल्'मिनेटिॅड् a. अप्रकाशित, अनुज्ज्वल, अन्धकारयुक्त, अँधेरा।

unimodel यूनिमॉ'डॅल् n. (शिक्षा०) **एकचरमावृत्ति**^{F}; (ऋतु०) **एक बहुलक**।

unimolecular –मॉलिॅ'क्यूलॅर् a. (रसा०) **एकाण्विक, एकाणुक** (~ *reaction*)।

unimpeachability, unimpeachableness –इम्पीचॅबि'लिटि, –'नॅस् nn. अभर्त्सनीयता^{F}, अनिन्द्यता^{F}, अतिरस्करणीयता^{F}, आपत्तिशून्यता^{F}।

unimpeachable –'चॅबॅल् a. (का०) **अधिक्षेप्य, अधिक्षेपातीत**; प्रश्नातीत, अभर्त्सनीय, अनिन्द्य, निर्दोष, अदोष, अतिरस्करणीय, आपत्तिरहित, निरपराध, अनिन्दनीय, बेकसूर, सच्चा।

unimportant –इम्पार्'टॅन्ट् a. महत्त्वहीन, अनावश्यक, अमहत्त्वपूर्ण (~ *matters*); हलका, छोटा।

unimprovable –इम्प्रू'वॅबॅल् a. अपरिष्कार्य, अपरिष्करणीय, अशोध्य, अशोधनीय, न सुधरने लायक।

unimprovableness –निॅस् n. अपरिष्कार्यता^{F}, अपरिष्करणीयता^{F}, अशोध्यता^{F}, अशोधनीयता^{F}, असुधार्यता^{F}।

unimproved –ड्' a. अपरिष्कृत, अशोधित, असुधारित।

unimproving –'विंग् a. अपरिष्कारशील, अशोधनप्रवण।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

uninformed –इन्फ़ॉर्म्ड्' a. अज्ञापित, अज्ञानी, अस्-चित, अजान, बेख़बर, नादान, जाहिल।

uninhabited –इन्हैं'बिटिॅड् a. निर्जन, विजन, उजाड़, वीरान, गैरआबाद, ख़ाली (~ *village*)।

uninspired –इन्स्पाअॅर्ड् a. अनुत्तेजित, सहज, सामान्य, साधारण, मामूली; अप्रेरित।

unintelligibility –इन्टे॰लिजिबि'लिटि n. अविज्ञेयता^{F}, दुरूहता^{F}, अबोध्यता^{F}, समझ^{F}के बाहर होना।

unintelligible –'लिजिबॅल् a. अबोध्य, अविज्ञेय, दुरू-हता^{F}, समझ^{F}में न आनेवाला।

unintelligibleness निॅस् n. = UNINTELLIGI-BILITY.

uninterrupted –इन्टॅरप्'टिॅड् a. निर्विघ्न, निरन्तर, अखण्डित, अविच्छिन्न, अविरत, बेरोक (~ *progress*)।

uninviting –इन्वाइ'टिंग् a. विकर्षक, अनाकर्षक।

union यूनियॅन् n. (राज०) **संघ**, (विशे०, भारत राज्य-संघ, संयुक्त राज्यसंघ अमेरिका, संयुक्त राज्यसंघ ब्रिटेन); (कुछ विश्वविद्यालयोंकी) विद्यार्थी-सभा^{F} एवं वाद-विवाद समाज, यूनियन; सभाभवन, सभागृह, यूनियन हाल; संघ (*postal* ~); (उपासक समाजवाले या ईसाई दीक्षानु-वर्ती) गिरजोंका संघबन्धन या सम्मेलन, सहयोग, संगति, संहति^{F}; सम्मेलन, एकलन, **सम्मेल**, समागम, संयोग, सम्मिलन, मिलन, **जोड़**, मेल, मिलाव, एका^{F} (*effected a* ~); उद्वाह, विवाह, ब्याह, शादी^{F}; सन्धि^{F}, एकता^{F}, मेल, एका^{F} (*lived together in perfect* ~); (दरिद्रार्थ विधानों अथवा दरिद्ररक्षा^{F} कानूनोंके प्रबन्धके लिए पादरीके दो या दोसे अधिक) संयुक्त किये हुए क्षेत्र या हलके; ऐसे क्षेत्र-संयोजन द्वारा निर्मित दरिद्रशाला^{F}; (चि०) व्रणरोपण; संयुति^{F}, संयुक्तता^{F}, सम्मिलन; ब्रिटेनके झण्डेका चिह्न-संयोजन (जिसमें एकता^{F}का चिह्न बना होता है और जो साधारणतः डण्डी^{F}के पासवाले ऊपरी कोनेमें होता है); नलों इत्यादिकी संयोजक शृंखला^{F} या कील^{F}, नलिकाओं^{F} इत्यादिका एक प्रकारका संयोजन या जोड़; बड़ा टब (जिसमें बीयर शराब^{F} साफ की जाती है); मिश्रित पदार्थोंका धागा, मिलावटी सूत; मिलावटी रंग (~ *blue, green, red*); the U~ इंग्लैण्ड और स्कॉटलैण्डका संयुक्तीकरण या एकलन; ग्रेटब्रिटेन एवं आयर्लैण्डका संयुक्तीकरण या एकलन; Trade U~ दे० TRADE; U~ Jack or flag ग्रेटब्रिटेन एवं आयर्लैण्डका राष्ट्रीय झण्डा, यूनियन जैक; ~ of states राज्यसंघ; ~ scale (अर्थ०) **संघ-वेतन-मान**; ~ purchase (नौवि०) **जोड़वाँ लफ़ती**^{F}, **बर्टन लफ़ती**, **टालियो**; ~ suit ⊙ जोड़ा, पोशाक^{F} (जिसमें कुर्ता या पायजामा जुड़ा हुआ होता है); *ensign hoisted* ~ *down* झण्डा उलटा लटकाया (विपत्ति^{F}की सूचना^{F} या चिह्न-स्वरूप); ~ *is strength* संघमें शक्ति^{F}, एकता^{F}में बल है, इत्तफाक बड़ी चीज^{F} है;

~ agency, ~ bating, ~ charge, ~ commission, ~ countries, ~ court, ~ ~ credit, ~ duty, ~ emoluments, ~ employee, ~ excise, ~ fees, ~ government, ~ insignia, ~ label, ~ list, ~ lottery, ~ nut, ~ pension, ~ period, ~ pieces, ~ public service commission, ~ railways, ~ services, ~ smashers, ~ wage, ~ war book, ~ workhouse, ~ works.

unionism –निज़्म् n. संघवाद, संघ-पद्धति^{F}, संघता^{F}; ऐक्य-प्रियता^{F}, एकताप्रियता^{F}।

unionist –निस्ट् n.. ग्रेटब्रिटेन एवं आयर्लैण्डके बीच व्यवस्थापक एकता^{F}की विच्छिन्नता^{F}का विरोध करनेवाला व्यक्ति (*liberal* ~); **संघवादी**, **संघिक**, संघी, श्रमिक-संघका पोषक या इसका सदस्य; (इति०, अमेरिकी रियासतों^{F}में होनेवाले गृहयुद्धके समयमें) रियासतों^{F}के पृथक् हो जानेका विरोध करनेवाला ⊙; एकतावादी; ~party एकतावादी दल; (इति० अमेरिका) राज्यसंघवादी दल, T.।

unionistic –'टिक् a. ऐक्य-प्रियता-सम्बन्धी, संघवादीय।

unionize –नाइज़् v.t. & i. संघबद्ध करना, संघ बनाना, यूनियन बनाना; संघका सदस्य बनाना या होना, यूनियनमें शामिल होना।

unipara ⊙ यूनि'पॅरॅ a. (चि०) एक प्रसूता^{F}, एक ही बार प्रसूत हुई (स्त्री^{F})।

uniparous –रॅस् a. एकप्रसूता^{F}, (चि०) एक-गर्भ-प्रसवा^{F}, एक गर्भमें एक बच्चा पैदा करनेवाली; (वन०) **एक-भुजी**, T.।

unipartite यूनिपार्'टाइट् a. एक, अकेला, अविभक्त, अविभाजित।

uniped यू'निपेॅड् n, एक पाद पुरुष या जानवर, एक-पाया।

unipolar यूनिपो'लॅर् a. (शिक्षा०) **एकध्रुवीय**; (चि०) एक प्रवर्धयुक्त (कोशा^{F})।

unique यूनिक्' १. n. अनुपम वस्तु^{F}, अद्वितीय पदार्थ, बेजोड़ चीज^{F}; २. a. अनूप, अनुपम; (शिक्षा०) **अनन्य**, अपूर्व, अप्रतिरूप, अद्वितीय, अनोखा, अनूठा, निराला, बेजोड़ (*his position was* ~)।

uniqueness –'निस् n. अनूपता^{F}, अनुपमता^{F}, (ग०) **अद्वितीयता**^{F} (~ *theorem*), (शिक्षा०) **अनन्यता**^{F}, अपूर्वता^{F}, अनोखापन।

unirrigated अन्-इ'रिगेटिॅड् a. असिक्त, असिंचित (~ *land*), (कृषि०) **बारानी**, **खाकी**।

unisexual यूनिसेॅक्'स्यूअॅल् a. एकलिंग, (कृषि०, वन०) **एकलिंगी**, एकांग, (~ *flowers*)।

unisexualism –लिज़्म् n. (वन०) **एकलिंगिता**^{F}।

unison यू'निसॅन् १. n. (संगीत) एकस्वनता^{F}, एक ही स्वरारोह या ताल^{F}पर ध्वनित होनेकी स्थिति^{F}; ध्वनियों^{F} या स्वरोंमें आरोह-समता^{F} या ताल^{F}की एकता^{F}; (भौ०) **स्वरैक्य**, **स्वरमेल**, विराम समझी जानेवाली यह स्वरा-रोह-समता^{F} या ताल-समता^{F}; संगति^{F}, ऐक्य, एकता^{F}, मेल (*acted in perfect* ~); २. a. (संगीत) एकस्वन, एकतान, तुल्य तालयुक्त, संगत, तुल्य आरोहवाला, समान स्वर या रागवाला, एकतार, एकसाज।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

unisonal, unisonant, unisonous –नॅल्, –नॅन्ट्, –नॅस् aa. (संगीत) एकताल, एकस्वन, एकतान, एकतार।
unisonance –नॅन्स् n. एकस्वनता^{F}, समध्वनिता^{F}।
Unit. Unitation.
unit* यू'निट् n. एक, एकांक, एकांश, एकांग, (कृषि०, वन०, निर्दे०, ज्या०) एकक (~ *circle*), (वन०) इकाई* (*take the family as the ~ of society*); मात्रक, ईकाई^{F}का परिमाण (*electrical ~*); अनुभाग, खण्ड; कर्मचारी दल; दल, अंग, यूनिट^{F}, टुकड़ी^{F}* (*military ~*); abstract ~ अमूर्त इकाई^{F}; C. G. S. system of ~s गणना-रीति^{F}-विशेष (जिसमें सेण्टीमीटर, ग्राम, सेकेण्डकी इकाई^{F} मानी जाती है); ~'s place (ग०) इकाई^{F};
~ account, ~ adjustment, ~ armourer, ~ arrangement, ~ banking, ~ canteen, ~ card, ~ cell, ~ character, ~ charge, ~ circle, ~ column, ~ commander, ~ cord, ~ cost, ~ density, ~ entitlement, ~ equipment, ~ establishment, ~ garden, ~ holdings, ~ length, ~ magnetic pole, ~ matrix, ~ orders, ~ parade, ~ period, ~ plan, ~ plane, ~ point, ~ pole, ~ prism, ~ recruiting party, ~ repairs, ~ salvage, ~ signaller, ~ stress, ~ system, ~ time, ~ tube, ~ type, ~ value, ~ velocity, ~ volume.
unitable यूनाइ'टॅबॅल a. सहयोज्य, सहयोगार्ह, मिलने योग्य, सहमत होने लायक; संयोज्य, सन्धि^{F} करने लायक।
Unitarian यूनिटेअ'रिअॅन् १. n. एकेश्वरवादी, अद्वैतवादी, ऐक्यवादी, केन्द्रीयकरण या एकता^{F}का समर्थक, एकदेववादी ईसाई धार्मिक संस्था^{F}का सदस्य (जो त्रिमूर्तिवाद अर्थात् ईश्वर एक आत्मा^{F} या व्यष्टि^{F} है इस सिद्धान्तका विरोध करता है); २. a. एकेश्वरवादियोंसे सम्बन्धित (*U ~ Church*)।
Unitarianism –निज़्म् n. अद्वैतवाद, एकेश्वरवाद; केन्द्रीयकरण, ऐक्यवाद।
Unitarianize –नाइज़् v.t. ऐक्य स्थापित करना।
unitary –'निटॅरि a. एक-, एकात्मक, एकीय, ऐकिक, (~ *type*); एकलन-सम्बन्धी, सम्मिलन-सम्बन्धी, एकता-सम्बन्धी; ~ method ऐकिक रीति^{F}, इकाई^{F}का ढंग, गणितका एक नियम इकाई^{F}से हल करनेका;
~ government, ~ matrix, ~ module, ~ organization, ~ over-ring, ~ reduction, ~ subring, ~ term, ~ theory, ~ transformation.
unite यूनाइट्' v.t. & i. सहयोग करना, सहमत होना, मिलकर काम करना, जुड़ना (भावना^{F}, आचरण, किसी कार्यका); सन्धि^{F} करना, संयोग करना, संयुक्त करना, सम्मिलित करना, परस्पर मिलाना या मिलना, जोड़ना, साँटना, एक करना या होना (*the two nations gradually became ~d*); विवाह बंधनमें बँधना।
united –'टिॅड् a. संयुक्त, संहत, युक्त, मिलित, एकीकृत, एकीभूत; U ~ Irishmen संयुक्त आयरिश समाज, पार्लमेण्ट्री सुधार इत्यादिके प्रयोजनोंके लिए १७९१ में संगठित आयरिश संघ; U ~ Kingdom संयुक्तराज्य (इंग्लिस्तान); U ~ Nations Organization संयुक्त राष्ट्रसंघ; U ~ States संयुक्तराष्ट्र (अमेरिका); ~ *we rise divided we fall* जहाँ सुमति^{F} तहाँ सम्पति^{F} नाना, जहाँ कुमति^{F} तहाँ विपद^{F} निदाना, एकता^{F}में शक्ति^{F} है।
uniter –टॅर् n. संहर्ता, संयोजक, संघटयिता, एकीकर्ता, एकमें मिलानेवाला।
unition –नि'शॅन् n. संहरण, संयोजन, संघटन, एकीकरण, एकमें मिलाना।
unitive –'निटिव् a. संयोजक, यौगिक, सहमति^{F} उत्पन्न करानेवाला, सम्मिलित करानेवाला, एकता^{F} उत्पन्न करनेवाला, मेल करानेवाला, मिलानेवाला, संगठन पैदा करनेवाला।
unitize –टाइज़् v.t. इकाई^{F}के रूपमें व्यवहृत करना, इकाई^{F} मानना, इकाई^{F} बनाना, इकाई^{F} समझना या करार देना।
unity –टि n. संगति^{F}, समानता^{F}, समरूपता^{F}, सम्मिलन, सम्मेल, मेल (*dwell together in ~*); एकत्व, ऐक्य, एकता^{F}, अद्वैत, अभेद; अद्वितीयत्व, इकाईपन (*disturbs the ~ of the idea*); संश्लिष्ट वस्तु^{F}, एक वस्तु^{F} (*a person regarded as a ~*); (गणित) इकाई^{F}, एक, एककी संख्या^{F}; (कानून) एक व्यक्ति द्वारा विभिन्न अधिकारोंका सम्मिलित स्वामित्व, विभिन्न भाड़ेदारों या किरायेदारोंकी सम्मिलित लगानदारी^{F}; the dramatic ~ies, ~ies of time, place & action नाटकीय-एकलन, समय-संकलन, स्थान-एकलन, कार्य-एकलन।
Univ. University; Universalist.
univalence यूनि'वॅलन्स् n. (रसा०) एक संयोजकता^{F}।
univalent –न्ट् a. (रसा०) एक संयोजक।
univalve यू'निवैल्व् n. (जीव०) एकपुट (~ *shell*)।
univalved –ड् a. एकपुट, एक परत^{F}का।
univariant यूनिवेअ'रिअॅन्ट् n. (रसा०) एकचल राशि^{F}; ~ system (रसा०) एकचल पद्धति^{F}।
univariate ⊙यूनिवै'रिअॅट् n. (ग०) एकचर, एकचल (~ *system*)।
universal यूनिवर्'सॅल् १. n. सामान्यपद; सार्वभौम विचार; (तर्कशास्त्र) सामान्य प्रस्थापना^{F}, सामान्य स्थापना^{F}; (दर्शन०) सामान्य प्रत्यय, सामान्य धारणा^{F} या मत; २. a. सार्वलौकिक, सार्वत्रिक, सार्वभौमिक (~ *illusion, veil*); सार्वदेशिक, विश्व-, विश्वव्यापी, वैश्व, सर्वदेशीय, सर्ववर्गीय, व्यापक, सामान्य, सर्वव्यापक (~ *demand, supply*); सर्वव्यापी; सार्विक, सार्वजनीन, सर्वनिष्ठ, सर्वसाधारण, सर्वगत (*the terror was ~*); सम्पूर्ण-कुल; ~ bar (ध्वनि०) चाँद; ~ compass सर्वोपयोगी परकार^{F} (जिससे छोटे-बड़े हर तरह-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के वृत्त खींचे जा सकें; ~ cure सर्वत्रोपयोगी उपचार; ~ coupling *or* joint (चि०) उलूखल-सन्धि^{F}, सर्वतोमुखी जोड़, मशीन^{F}का सर्वक्षम जोड़ (जो यन्त्रके पुर्जोंको जोड़नेवाले धातुदण्ड या धुरेके द्वारा किसी निश्चित कोणसे सबका संचालन करता है); ~ intelligence महत् बुद्धि^{F}; ~ time विश्व-समय; ~ legatee सम्पूर्ण उत्तराधिकारी, सम्पूर्ण दायादी; ~ proposition **पूर्णव्यापी तर्कवाक्य**, सर्वतन्त्र निर्देश, सर्वग्राही प्रस्थापना, सर्वदेशी साध्य, सामान्य स्थापना^{F}, सर्वदेशीय सत्यधारणा^{F}; ~ application, ~ carrier, ~ complex, ~ constant, ~ coupling, ~ gravitation, ~ intuitionism, ~ joint, ~ observance, ~ proposition. ~ respect, ~ shunt, ~ subjectivism, ~ succession, ~ suffrage, ~ time, ~ value.

universalism, U ~ –लिज़्म्, यू- n. (दर्श०) **सर्वार्थवाद**, सर्वरक्षावाद; सार्वभौमवाद, (अर्थ०) **विश्ववाद**।

universalist, U ~ –लिस्ट्, यू- n. सर्वरक्षावादी; विश्ववादी।

universalistic –'टिक् a. सर्वरक्षावादीय, सर्वरक्षावादसम्बन्धी; विश्ववादी; सार्वभौम; ~ hedonism (दर्श०) **सर्वसुखवाद**; ~ perfection (दर्श०) **सर्वनिष्पत्तिवाद, सर्वसम्पूर्णवाद**।

universality –सै''लिटि n. व्याप्ति^{F}, अभिव्याप्ति^{F}, परिव्याप्ति^{F}; सार्वभौमिकता^{F}, विश्वव्यापकता^{F}, सर्वव्यापकता^{F}, सर्वदेशीयता^{F}, सर्वसामान्यता^{F}, सार्वदेशिकता^{F}।

universalization –सॅलाइज़े'शॅन् n. सार्वभौमिकीकरण, विश्वव्यापीकरण, सर्वसामान्यीकरण, सर्वसाधारणीकरण, सर्वदेशीयकरण।

universalize –'सॅलाइज़् v.t. सार्वभौमिक बनाना, सर्वनिष्ठ बनाना, विश्वव्यापी बनाना, (दर्श०) **सर्वव्यापी बनाना**, सर्वसामान्य बनाना, सार्वदेशिक बनाना।

universalness –ल्-निॅस n. सार्वभौमिकता^{F}, विश्वव्यापकता^{F}, सार्वदेशीयता^{F}, सर्ववर्गीयता^{F}, व्यापकता^{F}, सामान्यता^{F}, सर्वजनीनता^{F}, साधारणता^{F}, सर्वगतता^{F}।

universe –'निवर्स् n. (सांख्य०) **समष्टि^{F}**, संसृति^{F}, सम्पूर्ण सृष्टि^{F}, **ब्रह्माण्ड, विश्व**, जगत्, पृथ्वी^{F}, संसार (एवं उसका सृजनकर्त्ता); सम्पूर्ण मानवजाति^{F}; (तर्क०) समस्त विचाराधीन वस्तुएँ^{F}; समस्त पदार्थ; ~ of discourse **प्रवचन प्रसंग**।

university –'सिटी n. **विश्वविद्यालय, युनिवर्सिटी^{F}**, विश्वविद्यालयके छात्र इत्यादि; किसी विश्वविद्यालयका दल (*the ~ had four wickets to fall*); ~ senate विश्वविद्यालयकी कार्यसमिति^{F} या प्रबन्धसमिति^{F}; ~ calender, ~ corps, ~ court, ~ crest, ~ degree, ~ enrolment fee , ~ examination, ~ fee, ~ scholarship.

universologist –सॉ''लॅजिस्ट n. विश्वविज्ञानी।

universology –जि n. विश्वविज्ञान।

univocal यूनि'वॅकॅल् a. (दर्श०) **एकार्थक, एकार्थ**; एकतानिक, एकस्वरीय।

unjoint अन्-जाऍन्ट् v.t. (मछली^{F} मारनेकी वंसी^{F} आदिके) जोड़ खोलना।

unjust –जस्ट्' a. (का०) **अन्याय्य** (~ *war*), अनुचित, अन्यायसंगत, **अन्यायपूर्ण**, न्यायविरुद्ध (~ *action*); अन्यायी (~ *person*)।

unjustifiable –'टिफ़ाइअॅबॅल् a. असमर्थ्य, अन्याय्य, अनुचित, अन्यायसंगत, न्यायविरुद्ध।

unjustifiableness –निॅस n. अन्याय्यता^{F}, अनुचितता^{F}, अन्यायसंगति^{F}, न्यायविरुद्धता^{F}।

unjustified ⊙–फ़िड् a. अन्याययुक्त, अनुचित, अन्यायसंगत, न्यायविरुद्ध।

unjustly –ट्'लि adv. अनौचित्यपूर्वक, न्यायके विरुद्ध।

unkempt अन्-कॅम्प्ट्' a. अस्तव्यस्त, आकुल, रूक्षमूर्ति, अनादृत या उपेक्षित आकृतिवाला (व्यक्ति); उलझे हुए (बाल); (भाषा^{F}) विशृंखल, सौष्ठवरहित, व्यवस्थारहित, असज्जित; असतर्क, असावधान, उलझा हुआ, लचर, फुसफुसा; बेढंगा, बेतरतीब।

unkind –काइन्ड्' a. विप्रिय, निर्दय, निर्मम, अस्निग्ध, उपकारविमत, क्रूर, निष्ठुर, अनुपकारी, अकृपालु, कृपाहीन, उपकार-विमुख, स्नेहरहित, ममताहीन, कृपाशून्य, अकरुण, हृदयहीन, कठोर, बेरहम, बेदर्द।

unkindliness –'लिनॅस् n. निर्दयता^{F}, अनुपकारिता^{F}, अपकार, अहित, उपकार-विमुखता^{F}, अकृपालुता^{F}, बेरहमी, बेदर्दी।

unkindly –लि a. निर्दय, अनुपकारी, अपकारी, उपकार-विमुख, अकृपालु, बेरहम, बेदर्द।

unkindness ⊙–'निॅस् n. UNKINDLINESS.

unking –किंग्' v.t. राज्यच्युत करना, गद्दी^{F}से उतारना।

unknowability, unknowableness –नोॅबि'लिटि. –निॅस् nn. ज्ञानातीतता^{F}, अज्ञेयता^{F}।

unknowable –'ऑबॅल् a. & n. (*the U~*) चरम सत्य, अन्त्यसत्य, अन्तिम सत्य, आदि सत्य, आदि सत्ता^{F}, आदि हेतु, आदि कर्त्ता, मूलतत्त्व या आदिकारण; चरम, असीम, परिमित, धारणा^{F}से परे, समझ^{F}से बाहर; अज्ञेय।

unknowing –'इंग् a. अज्ञ, अप्रबुद्ध, अनभिज्ञ, अबोध, अज्ञान, अजान, अनजान, नादान।

unknown –नोन्' १. n. (*the ~*) अज्ञात राशि^{F}, अज्ञात परिमाण (*we all dread the ~*); २. a. **अज्ञात**, अविदित, अपरिचित, अनजान, नामालूम (~ *quantity, person*); बेगाना, अजनबी, (*that district was ~ to me*); ३. adv. बिना ज्ञानके, बिना सूचना^{F}के, अनजाने (*did it ~ to me*)।

unlaboured –लेॅ'बॅर्ड a. (शैली^{F} इत्यादि) स्वतोभावी, स्वतः उद्भूत, सहज, सरल, स्वाभाविक, प्रकृत, अप्रयास, अनायास, प्रयासरहित।

unlace –लेस्' v.t. (जूते वगैरहका) बन्द या फीता खोलना।

unlatch –लैच्' v.t. लट्टू घुमाकर दरवाजा खोलना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दरवाजेकी फिरकी[F] खोलना, कुण्डा खोलना, चिटकनी[F] हटाना।

unlawful –लॉफ़ुल् a. अवैधानिक, अवैध, (का०) **विधि-विरुद्ध**, गैर कानूनी;
~ assembly, ~ consideration, ~ entry.

unlawfulness –निॅस् n. अवैधानिकता[F], अविधि-सम्मति[F], गैरकानूनीपन।

unlearn –लर्न्, v.t. विस्मृत होना, विस्मृत करना, छोड़ देना, दिलसे निकाल देना, भुला देना, भूलना।

unlearned –'लिॅड a. (शिक्षा०) **अनधिगत**; अविद्वान्, अपण्डित, अज्ञान, अनपढ़, मूढ़, काला अक्षर भैंस[F] बराबर; अज्ञात, अजान, गैर जाना हुआ।

unlearnt, -ned –लर्न्ट्', –न्ड्' a. अनवाप्त, अशिक्षित, बे-पढ़ा, बे-सिखाया हुआ (पाठ इत्यादि)।

unleavened –ली'वॅन्ड् a. विना खमीर उठाया हुआ; (ला०) अदूषित।

unless अॅन्लेॅस्' conj. अतिरिक्त इसके कि, सिवाय इसके कि, इसको छोड़कर कि (*~ and until*); यदि न, अगर न, मगर, नहीं तो, जबतक न (*shall (not) go ~ I hear from him*)।

unlettered अन्-लेॅ'टॅर्ड् a. निरक्षर, अनपढ़, अपढ़, अशिक्षित, बे लिखा-पढ़ा, उजड्ड, गँवार।

unlicensed –लाइ'सॅन्स्ट् a. अननुज्ञप्त, (रेल०) **बिना लाइसेंस** (*~ place*)।

unlicked –लिक्ट् a. कुरूप, आकारविहीन, अनगढ़, बेडौल।

unlike –लाइक् a. & prep. विसदृश, **विषम**, असदृश, असम, अतुल्य, भिन्न, असमान (*is ~ both his parents*); (स्थितिवि०) विपरीत दिशा; (ग०, भौ०) **विजातीय; प्रतिकूल, विपरीत**;
~ forces, ~ poles, ~ sign, ~ terms.

unlikelihood, unlikeliness –लिहुड्, –लिनिॅस् nn. भिन्नता[F], असंगति[F], असम्भूति[F]; असम्भाव्यता[F], असम्भावना[F]।

unlikely –लि a. असंगत, दुःसम्भाव्य, असम्भाव्य, असम्भव, अविश्वास्य (*~ tale*)।

unlikeness –'निस् n. असादृश्य, असाम्य, अतुल्यता[F], असमता[F], असमानता[F]।

unlimitable अन्-लि'मिटॅबॅल् a. निरवधि, असीम, अपरिमेय, अपार, अमर्याद, अनिश्चेय, अनिर्धार्य, बेहद।

unlimited –टिॅड् a. निरवधि, असीम, अपरिमित, **असीमित**, सीमारहित, अपार (*~ possibilities, powers*); असंख्य, अनिश्चित, अत्यधिक, अत्यन्त, बेहद, (*has ~ scope*); ~ in number असंख्य, अगणित, अनगिनत;
~ company, ~ income, ~ liability.

unlimitedly –लि adv. अत्यन्त, अत्यधिक, बेहद।

unlimitedness –निॅस् n. अपारता[F], निरवधित्व, अवधिहीनता[F], अमर्यादितता[F], असीमता[F], अनिश्चितता[F]।

unline–लाइन्' v.t. (आस्तीन[F]का) अस्तर निकाल देना; पंक्ति[F] हटाना।

unlined –ड्' a. (मुखाकृति) इत्यादि) रेखारहित, झुर्रियों[F]के बिना; रेखांकनरहित, बिना हाशियेका; अस्तरके बिना।

unload –लोड्' v.t. (जहाज, गाड़ी[F] इत्यादि सम्बन्धी अथवा निर०) अवतारण करना, भारमुक्त करना, खाली कर देना, बोझा उतारना; हलका करना; (बन्दूक[F] आदि) खाली करना, गोली-छर्रे निकालना; (सराफा-सम्बन्धी) माल या हिस्से बेच डालना।

unlock –लॉक्' v.t. (सन्दूक, दरवाजे आदिका) ताला खोलना; (ला०) दिलकी बात[F] उद्घाटित करना, प्रकट कर देना, कह देना (भेद इत्यादि); **खोलना**।

unlooked-for –लुक्ट्-फॉर् a. अप्रत्याशित, अपूर्वदृष्ट।

unloose –लूस्' v.t. शिथिल करना, मुक्त या स्वतन्त्र करना, ढीला करना, रिहा करना, आजाद करना, छोड़ना, खोलना।

unloosen –'सॅन् v.t. मुक्त करना, स्वतन्त्र करना, रिहा करना, आजाद करना; शिथिल करना, ढीला करना।

unlosable –लू'ज़ॅबॅल् a. न खोने योग्य, रक्षणीय, रक्षा-योग्य; बहुमूल्य, कीमती।

unlovable –ल'वॅबल् a. =UNLOVELY.

unloveliness –लव'लिनिस् n. असौष्ठव, अनाकर्षकता[F], अमनोहरता[F], अरोचकता[F], अलावण्य, असुन्दरता[F]।

unlovely –लि a. असुष्ठु, अकमनीय, अप्रीतिकर, अमनोहर, चित्तविकर्षक, अनाकर्षक, असुन्दर, बदसूरत, भोंड़ा, बुरा।

unloving –ल'विंग् a. =UNLOVELY.

unluckiness –ल'किनिॅस् n. दग्धहस्तता[F], हत-भाग्यता[F], निर्भाग्यता[F], अभाग्यशालिता[F], भाग्यहीनता[F], अभद्रता[F], अशुभता[F], अनर्थकारिता[F], असफलता[F], अभागापन, बदकिस्मती[F]।

unlucky –कि a. दग्धहस्त, हतभाग्य, निर्भाग्य, अभाग्य-शाली, भाग्यहीन, अभद्र, अशुभ, अनर्थकारी, असफल, अभागा, मनहूस, बेतुका, भोंड़ा, कमबख्त, नामुराद, बद-किस्मत (*always ~ at cards*)।

unmade –मेड्' a. ध्वस्त, भग्न, नष्ट, मिटा हुआ, बर-बाद, रद्द, मंसूख।

unmailable –मे'लॅबॅल a. डाक[F] द्वारा न भेजा जा सकनेवाला।

unmakable –मे'कॅबॅल् a. ध्वंस योग्य, भंजनीय, नाश्य, नाशनीय, मिटाने योग्य, बरबाद करने योग्य, रद्द या मंसूख करने लायक।

unmake –क्' v.t. ध्वंस कर देना, भंग करना, नष्ट कर देना, कियेको मिटाना, बरबाद करना, रद्द करना।

unman –मैन् v.t. आदमियोंको हटा देना या निकाल देना; पुरुषत्वहीन करना, पुरुषोचित गुणोंसे वंचित करना, नपुंसक बनाना, बधिया करना; बलहीन करना, दुर्बल कर देना, कमजोर कर देना, हताश करना, निरुत्साह करना, हिम्मत[F] तोड़ देना, बेदिल करना।

unmanageable –मै'निजॅबॅल् a. दुर्धर्ष, दुःसाध्य,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

असाध्य, दुरुपचार्य, अनिर्वाह्य, दुर्निवार, अनिवार, अ-वश्य, अपरिचालनीय, अप्रबन्ध्य, अनुशासनमें लानेके अयोग्य, बदलगाम, काबूसे बाहर (~ *child, situation*)।

unmanageableness –नि॑स् n. दुःसाध्यता^{F}, अप्रबन्ध्यता^{F}, अनिर्वाह्यता^{F}, असाध्यता^{F}, दुरुपचार्यता^{F}, अवश्यता^{F}।

unmanaged –ज्ड् a. विपर्यस्त, अव्यवस्थित, बिखरा हुआ; दुर्निवार, अ-वश्य, काबूके बाहर।

unmanly –मैन्'लि a. अपुरुषोचित, पुरुषार्थहीन, भीरु।

unmannerliness –मै'नॅर्-लिनि॑स् n. अशिष्टता^{F}, असभ्यता^{F}, बेहूदगी^{F}, बेहूदापन, बदतमीजी^{F}।

unmannerly –लि a. धृष्ट, अशिष्ट, असभ्य, गँवार, बेहूदा, बदतमीज।

unmarked –मार्क्ट्' a. अपरिलक्षित, अलक्षित, (~ *trees*)।

unmarried –मै'रिड् a. अविवाहित, कुँवारा, कुँवारी।

unmartial –मार्'शल् a. असामरिक, असैन्य, अयौद्धिक, अयुद्धोचित, गैरफौजी, गैरजंगी।

unmask –मास्क्' v.t. & i. छद्मवेश त्याग करना, स्वरूप-प्रकाश करना, आवरण हटा देना, भेद खोलना, नकाब उतारना, असलियत^{F} जाहिर करना, पर्दा हटा देना, कलई^{F} खोलना, कलई^{F} खुलना।

unmeaning –मी'निंग a. अनर्थक, निरर्थक, अर्थहीन, असंगत, बेमानी।

unmeant –मे॑न्ट् a. अनभिप्रेत।

unmeasurable –मे॑'ज़रॅबॅल् a. अमेय, अपरिमेय, असीम, अकूत।

unmeasured –ज़र्ड् a. बेतौल, न तौला हुआ; (का०) अपरिमित, अमित, असीम, अतिरिक्त, अकूत, बेहिसाब, बेहद, नापतौल^{F}के बिना।

unmeet –मीट्' a. (का०) अयुक्त, असमीचीन, अयोग्य, अनुचित, नामुनासिब (किसी प्रयोजनके लिए, किसी कार्यको करनेके लिए)।

unmeetness –'नि॑स् n. अयुक्तता^{F}, अनौचित्य, अयोग्यता^{F}।

unmentionable –मे॑न्'शॅनॅबॅल् १. n. (pl.) (हास्य०) पायजामा; २. a. अकथ, अनुल्लेख्य, अनुल्लेखनीय।

unmentioned –न्ड् a. अनुल्लिखित, अकथित, जिसका जिक्र न हुआ हो।

unmerchantable –मर्'चॅन्टॅबॅल् a. अविक्रेय, पणायोग्य।

unmerciful –मर्'सिफ़ुल a. निर्दय, दयाहीन, क्रूर, कठोर-हृदय, पत्थरदिल, बेदर्द।

unmetalled –मे॑'टॅल्ड् a. कच्ची (~ *road*)।

unmetrical –मे॑'ट्रिकॅल् a. अछन्द, अमानिक, अमापी।

unmew –मीऊ' v.t. (कानून) बन्धनमुक्त करना, रिहा करना, बरी करना।

unmistakable –मिस्टे'कॅबॅल् a. निर्भ्रान्त, अभ्रान्त, भ्रमरहित, असन्दिग्ध, सुस्पष्ट, बिलकुल साफ, अचूक।

unmitigable –मि'टिगॅबॅल् a. अप्रशम्य, अन्यूनीकरणीय।

unmitigated –गेटिॅड् a. सम्पूर्ण, निरा, पूरा (~ *blackguard*); अप्रशमित, अन्यूनीकृत।

unmixed –मिक्स्ट्' a. अमिश्रित, शुद्ध, निरा, खालिस, बेमेल।

unmoneyed –म'निड् a. निर्धन, दरिद्र, कंगाल, गरीब।

unmoor –मुअॅर्' v.t. (परि०) खोलना, (नौका^{F} इत्यादिकी, निर० भी) जंजीरें^{F} खोलना; दो या अधिकमेंसे एक लंगर उठाना (जलयान या नौका^{F}का), जहाज चलाना; (ला०) अलग कर देना या रास्ता कर देना।

unmoral –मॉ'रॅल् a. अनैतिक, नीतीतर, नैतिकता^{F}से असम्बद्ध।

unmorality –मॅरै'लिटि n. अनैतिकता^{F}, नीतिहीनता^{F}, नीति-सिद्धान्तसे असम्बद्धता^{F}।

unmould –मोल्ड्' v.t. रूप बदलना।

unmounted –मॉउन्'टिॅड् a. न जड़ा हुआ, दफ्तीपर न चिपकी हुई (तस्वीर^{F}); बेमढ़ा (नगीना); पदाति, अनारूढ़, पैदल, प्यादा, गैरसवार (~ *police*)।

unmoved –मूव्ड्' a. संयत, निर्विकार, शान्त, दृढ़ (उद्देश्यपर), अचल, स्थिर, अविचलित, भावनाओं^{F}से अप्रभावित, बेहरकत; उदासीन, स्थितप्रज्ञ।

unmuffle –म'फ़ॅल् v.t. & i. लिपटा हुआ गिलाफ या कपड़ा हटा लेना, गुलूबन्द या मफलर उतार देना।

unmurmuring –मर्-मॅरिंग् a. निरापत्ति, सहनशील, बेशिकायत।

unmusical –म्यू'ज़िकॅल् a. संगीतमें कोरा, संगीतके प्रति रुचि^{F} न रखनेवाला; कर्कश, विस्वर, अपस्वर, स्वरशून्य, रूक्ष, रूखा, बेसुरा।

unmusicality –ज़िकै'लिटि n. विस्वरता^{F}, अपस्वरता^{F}, स्वरशून्यता^{F}, कर्कशता^{F}, रूक्षता^{F}, रूखापन, बेसुरापन, संगीत-विरति^{F}, संगीत-औदासीन्य।

unmuzzle –म'ज़ॅल् v.t. कुत्ते आदिका छैंका हटा लेना; मौन रहनेका बन्धन उठा लेना, खामोशी^{F}की कैद^{F} उठा लेना, बातचीत^{F}की आजादी^{F} देना।

unnamable –ने'मॅबॅल् a. अकथ्य, अकथ, अनुल्लेखनीय।

unnamed –नेम्ड्' a. अकथित, अनुल्लिखित।

unnatural –नै'चॅरॅल् a. नृशंस, निसर्गविरुद्ध, अनैसर्गिक, पैशाचिक, अप्राकृतिक, प्रकृतिविरुद्ध (~ *death, offence*); कृत्रिम, अस्वाभाविक, बनावटी।

unnaturalness –नि॑स् n. नृशंसता^{F}, पैशाचिकता^{F}; कृत्रिमता^{F}, अनैसर्गिकता^{F}, अस्वाभाविकता^{F}, प्रकृतिविरुद्धता^{F}, अप्राकृतिकता^{F}, बनावटीपन।

unnaturalize –लाइज् v.t. देशीय न बनाना, अनुकूल न करना; प्राकृतिक दशा^{F}से दूर करना, अप्राकृतिक बनाना।

unnaturalized –ड a. अदेशीयकृत, अगृहीत (विदेशी,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विदेशी शब्द, पशु, प्रथा[F] इत्यादि)।

unnecessary –नेॅ'सिॅसॅरि १. n. अनावश्यक पदार्थ, आवश्यकता[F] से अधिक वस्तु[F]; २. a. निष्प्रयोजन, अनावश्यक, वृथा, आवश्यकता[F] से अधिक (*with ~ care, ~ delay*)।

unnerve –नर्व्' v.t. हतोत्साह करना, दुर्बल करना, शक्तिहीन कर देना, कमजोर करना; संकल्पसे विचलित कर देना, छक्के छुड़ा देना, बल निकाल देना, औसान भुलाना या उड़ाना, होश बिगाड़ देना, हिम्मत किरकिरी[F] कर देना।

unnerved –ड्' a. शक्तिहत, हतोत्साह, असमर्थ, बलहीन, दुर्बल, पस्तहिम्मत।

unnumbered –नम्'बॅर्ड् a. संख्यातीत, अगणित, असंख्य, अनगिनत, अनगिन, बेहद, बेशुमार, बे गिना हुआ; असंख्यांकित, असंख्यात, बेनम्बर, बेनिशान।

U.N.O.; **uno** United Nations Organizations.

unobservance –ॲब्ज़र्'वॅन्स् n. उपेक्षा[F], असावधानी[F], अचेतनता[F], लापरवाही[F], बेखबरी[F]।

unobserved –ड्' a. अलक्षित, उपेक्षित।

unobstructed –ॲब्स्ट्रक्'टिॅड् a. अप्रतिबद्ध, अरुद्ध, बेरोक (*~ heritage*)।

unobtrusive –ॲब्ट्रू'सिव् a. अधृष्ट, संकोची, झेंपू, शर्मीला।

unof. · unofficial.

unoffending –ॲफ़ेॅन्'डिंग् a. निरीह, निर्दोष, निरपराध, अपकार-रहित, अपकारहीन, दोषरहित, सरल, सीधा।

unofficial –ॲफ़ि'शल् a. अक्रमिक, **अनौपचारिक; अनाधिकारिक, अशासकीय**, अमान्य, अनधिकृत, कार्यालय द्वारा अपृष्ट, कार्यालयसे असम्बद्ध, **गैरसरकारी**; *~ bill, ~ communication, ~ letter, ~ member, ~ observer, ~ translation.*

unopposed –ॲपोज़्ड्' a. **निर्विरोध**, बेरोक।

unoriginal –ॲरि'जिनॅल् a. अनुकरणमूलक, अमौलिक, गृहीत, नकली।

unornamental –ऑर्नॅमॅन्'टॅल् a. अनलंकृत, सादा; असुन्दर, भद्दा, भोंड़ा।

unowned –ओन्ड्' a. स्वामिहीन, अनधिकृत, लावारिस।

unpack –पैक्' v.t. (सन्दूक, पैकेज आदिका अथवा निर०) खोलकर सामान निकालना, निकालना, गठरी[F] खोलना; बोझ उतारना।

unpaged –पेज्ड्' a. अपृष्ठांकित।

unpaid –पेड् ' a. अवैतनिक, बे-तनख्वाह (*~ peon*); (वाणि०) **अदत्त** (*~ tax*); शेष, बकिया; अशोधित (*~ debt*); the great *~* अवैतनिक दण्डाधिकारी (मजिस्ट्रेट) या न्यायाधीश;

~ apprentice, ~ article, ~ bills, ~ clerk, ~ letter, ~ money-order, ~ seller, ~ stamp, ~ wages.

unpaired –पेॲर्ड्' a. (जीव०) **अयुग्मित** (*~ fin*)।

unparalleled –पेॲर्'रॅलॅल्ड् a. अप्रतिम, निरुपम, अनुपम, अपूर्व, अद्वितीय, अतुल्य, अतुल, अद्भुत, अनोखा, निराला, लासानी, बेनजीर।

unparental –पॅरेॅन्'टॅल् a. अपैतृक, मातृ-पितृ-स्वभाव-विरुद्ध, माता-पिताके अयोग्य।

unparliamentariness –पार्लॅमेॅन्'टॅरि-निॅस् n. असंसद्यता[F], असांसदिकता[F], संसद-मर्यादा-विरुद्धता[F], संसद-रीति-विरुद्धता[F], पार्लमेण्ट-नियम-विपरीतता[F]।

unparliamentary –रि a. **सदस्येतर; असंसदीय**, असांसद, असांसदिक, व्यवस्थापिका सभा[F] के नियम-विरुद्ध, खिलाफ दस्तूर पार्लियामेण्ट; *~ language* असंसद्य भाषा[F], असांसदिक भाषा[F], अश्लील भाषा[F], अशिष्ट भाषा[F]।

unpeg –पेॅग् v.t. खूँटी[F] हटाना, कील-काँटा निकालना, खोलना; ढीला करना।

unpeople –पी'पल् v.t. उजाड़ना, सूना करना, वीरान करना।

unphilosophical –फिलॅसॉ'फिकॅल् n. अदार्शनिक, दर्शनविरुद्ध, दर्शनशास्त्रके विषयमें अनभिज्ञ, दर्शनशास्त्रके सिद्धान्तोंके विपरीत या असंगत।

unpick –पिक्' v.t. (नोकदार वस्तु[F] या सलाई[F] से) उधेड़ना, टाँके खोलना (कपड़ेके)।

unpicked –ट्' a. (फूल) बिना चुने हुए, बे छँटे हुए, बे तोड़े हुए।

unpin –पिन्' v.t. पिन[F] निकाल देना, (पिन[F] निकालकर एक वस्तु[F] को दूसरी वस्तु[F] से) अलग कर देना, खोलना।

unplaced –प्लेस्ट्' a. अस्थित, अस्थानप्राप्त, अनियुक्त, न रखा हुआ (सूची[F] या घुड़दौड़[F] से)।

unplanned –प्लान्ड ' a. अयोजनाबद्ध, अयोजित (*~ economy*)।

unplayable –प्ले'ॲबॅल् a. अक्रीड्य, खेलके अनुपयुक्त।

unpleasable –प्ली'ज़ॅबॅल् a. अप्रसाद्य, अप्रसादनीय, अतोष्य, अतोषणीय, जिसे खुश न किया जा सके।

unpleasant –ज़ॅन्ट् a. विरक्तिजनक, अप्रिय, अचारु, अप्रीतिकर, असुखद, बेमजा, बुरा, नागवार; *~ smell* दुर्गन्ध, बदबू।

unpleasantness –निॅस् n. भ्रान्ति[F], असुखदता[F], अप्रीतिकरता[F], **अप्रियता[F]**, आनन्दाभाव, अस्वादुता[F]; the last *~* ⊙ (अमेरिकी, हास्य०) गृहयुद्ध, अमेरिकी रियासतों[F] की खानाजंगी[F]।

unpleasing –ज़िंग् a. = UNPLEASANT.

vertebrate[2], **-ed** –ब्रॅड् a. मेरुदण्डात्मक, (जीव०) **कशेरुकी**, पृष्ठवंशयुत, कशेरुकायुक्त, रीढ़दार।

vertebration –ब्रे'शॅन् n. कशेरुकातन्त्र, मेरुगठन; मेरुदण्डवत् खण्डोंमें विभाजन।

vertex वर्'टेॅक्स् n. (pl. *-ices*) (भौ०,नौवि०,गणि०) **शीर्ष**, शिखा[F], शिखर, **मूर्धा**[F], चूड़ा[F], चोटी[F]. (~ *structure*); शीर्षबिन्दु, शिरोबिन्दु, राशि[F], सर्वोच्च आकाशबिन्दु; पराकाष्ठा[F]; (श०र०शा०) शीर्षका सर्वोच्च भाग, अग्र, अग्रभाग; (रेखा ग०; त्रिभुजका) शीर्षबिन्दु, कोणबिन्दु; (~ *of an angle*); T.; ~ construc-ture (ऋतु०) **चक्रसंरचना**[F]।

vertical[1] वर्'टिकॅल् n. शीर्षवृत्त, शिरोवृत्त, (ज्यौ०) **उद्वृत्त**, दिगंशवृत्त, उदग्र वृत्त; अनुलम्ब समतल, उदग्र समतल, **ऊर्ध्वाधर**, समतल, **ऊर्ध्वाधर रेखा**[F], खड़ी रेखा[F]।

vertical[2] a. शीर्षस्थानीय, शीर्षका, शिखरका, चोटी[F] का; लम्बमान, (वन०) **उदग्र**, ऊर्ध्व, (गति० वि०, गणि०, भौ०, प्रा०भूगोल) **ऊर्ध्वाधर**, लम्बात्मक, लम्बरूप; **खड़ा**; (श०र०शा०, ग०) **शीर्ष-**, मूर्ध-, शीर्ष-सम्बन्धी, चाँदका; ~ angle शीर्षकोण;

~ acceleration, ~ array, ~ axis, ~ bar, ~ boiler, ~ circle, ~ clearance, ~ clevis, ~ column, ~ combination, ~ competition, ~ curve, ~ distance, ~ distribution, ~ engine, ~ error, ~ fault, ~ force, ~ height, ~ hitch, ~ index, ~ interval, ~line, ~ linguae, ~ mobility, ~ motion, ~ ordinates, ~ photograph, ~ pipe, ~ plane, ~ plexus, ~ position, ~ pressure, ~ raise, ~ scale, ~ section, ~ shaft, ~ socket, ~ suction, ~ unionism, ~ variometer, ~ view, ~ visibility.

verticalis liguae n. (श० र० शा०)**लम्बजिह्विका**[F]।

verticality –कै'लिटि n. शीर्षता[F], उदग्रता[F], ऊर्ध्वता[F], ऊर्ध्वाधरता[F], लम्बात्मकता[F]।

vertically –लि adv. **ऊर्ध्वाधर**, (भौ०) **ऊर्ध्वाधरतः**, (ग०) **ऊर्ध्वाधर दिशा**[F]**में**; लम्बरूप, उदग्र रीति[F]से।

verticalness टिकॅल्-निॅस् n. = VERTICALITY.

verticil वर्'टिसिल् n. भ्रमि[F], चक्र, चक्कर, घुमाव।

verticillate –सिलॅट् a. (वन०) **आवर्त्तरूप**, वक्रित, चक्रित, घूर्णित, घूर्णायमान, चक्करदार, घुमावदार (~ *leaf*)।

vertiginous वॅर्टि'जिनॅस् a. (चि०) भ्रमि-पीड़ित; घूर्णमान, घूमता हुआ, चक्कर खाता हुआ, चक्कर पैदा करनेवाला।

vertiginousness –निॅस् n. घूर्णन, घूर्णमानता[F], घूम[F], चक्कर, घुमेर[F], भँवर, चकराहट[F]।

vertigo वर्'टिगो,वॅर्टाइ(ई)'गो (pl. *-s*) (चि०) **भ्रमि**[F], (शिक्षा०)**भ्रामर**, शिरोघूर्णन, घूर्णिरोग, घुमरी[F], (शिक्षा०) **चक्कर**, सिरका चक्कर, सिरका दौरा, भौंरी[F]; essential ~ अकारण चक्कर।

vertu वर्टू' n. = VIRTU.

vervain वर्'वेन् n. मेकपद, वर्वेन (वरवीना जाति[F]का फूलोंका पौधा)।

verve वेॅर्व् n. प्रतिभा[F], कल्पना[F], प्रेरणा[F]; उत्साह, ओज, आवेश, जोश; शक्ति[F], क्षमता[F], बल, साहस।

vervel वर्'वेॅल् n. वलय, अँगूठी[F], छल्ला (विशे० पक्षियोंकी टाँग[F]में बँधा हुआ)।

vervet वर्'विॅट् n. (दक्षिण अफ्रीकी) बन्दर, बरबट।

very[1] वे'ॅरि n. (प्रायः गुणवाचक); ~ light वेरी-प्रकाश (वेरी द्वारा आविष्कृत प्रकाश); ~ pistol (युद्ध-स्थलमें क्षणिक प्रकाशार्थ) पिस्तौल[F]के आकारकी टार्च[F]।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

very[2]* a. प्रकृत, यथार्थ, वास्तविक, सत्य, सच्चा, सही, ठीक*, खरा, असली (*he has grown a ~ knave*); मात्र, ही, वही*; यही, इसी (*this is the ~ spot I found it on*)।

very[3]* adv. पूर्णतः, पूर्णतया, सम्पूर्ण रूपसे, एकदम (*drank it to the ~ last drop*); अति, अतिशय, अतीव, नितान्त, अत्यन्त, अधिक, निहायत, बहुत*, बहुत ही (*a ~ dazzling effect*); ~ fine (यंत्र०) **अति-सूक्ष्म**; ~ good **बिल्कुल ठीक, बहुत अच्छा**; ~ superior **अत्युत्तम**, अतिश्रेष्ठ; ~ well बहुत अच्छा; बिल्कुल ठीक, एकदम सही।

Ves. Vessel.

vesania वि'से'निअ n. विक्षिप्तता[F], सनक[F], पागलपन।

vesanic –सै'निक् a. विक्षिप्त, सनकी, पागल।

vesica वि'साइ'कॅ n. (श० र० शा०, वन०, जीववि०) **वस्ति**[F], **मूत्राशय**, मूत्राधार, मूत्र कोश; (स्था०) अण्डाकार चिह्न (○)।

vesical वे'सिकॅल् a. मूत्राशय-, (चि०) **मूत्राशयी**, मूत्राशय-सम्बन्धी, वस्तीय, वस्ति-सम्बन्धी;
~ artery, ~ plexus, ~ reflex.

vesicant, vesicatory वे'सिकॅन्ट्, –केटॅरि aa. & nn. उत्स्फोटक, स्फोटकर, छाले या फफोले उठानेवाला (पदार्थ)।

vesicate –केट् v.t. उत्स्फोटन करना, फफोले उठा देना, छाले डाल देना।

vesication –के'शॅन् n. उत्स्फोट, उत्स्फोटन, छाले या फफोले पड़नेकी क्रिया[F]।

vesicatory –'सिकेटॅरि a. दे० VESICANT.

vesicle वे'सिकॅल n. (श० र० शा०, वन०, भूग०) पुट, (वन०, प्राणि०) **पुटी**[F], पुटिका[F], आशयक, क्षुद्र स्यून[F], क्षुद्र कोष, शरीरस्थ छोटी द्रव गर्भ थैली[F]; चर्मस्फोट; (शिक्षा०, चि०) **स्फोटिका**[F], जलस्फोटिका[F], फफोला, दानी, छाला; बुद्बुद, बुलबुला; T.।

vesico- मूत्राशय- (*~cele, ~tomy*)।

vesicocele वे'सिकॅसील् n. अर्बुद, वस्तिशोथ, (चि०) वस्तिकी हार्निया[F], मूत्राशय-वर्ध्म, मूत्राशय-वृद्धि[F]।

vesicotomy वे सि'कॉ'टॅमि n. (चि०) वस्तिछेदन, मूत्राशयकी शल्यक्रिया[F]।

vesicular वि'सि'क्यूलॅर् a. आशयिक, आशयवत्, आशयात्मक, क्षुद्रस्यूनात्मक, पुटिका- (*~ blood*); पुटकमय (*~ area*); स्फोटमय, फफोलेदार, बुदबुदमय, छालेदार; वायुकोशीय;
~ follicle, ~ glass, ~ texture.

vesiculate –लॅट् a. (चि०) उत्स्फोटिकीय; पुटकीय, क्षुद्रकोशीय; बुद्बुदीय, बुद्बुदेका, छालेका, दानेवाला।

vesiculation –ले'शॅन् n. पुटिकायन, पुटिक-पंक्ति[F], आशयविन्यास, क्षुद्रस्यून निर्माण; बुद्बुद-क्रम, (चि०) स्फोटिकोंका उत्पन्न होना, फफोलोंका उत्पादन, दाने निकलना।

vesiculiferous –लि'फॅरॅस a. आशयमय, क्षुद्रस्यूनमय, पुटकयुक्त; (चि०) स्फोटिकामय, बुद्बुदमय, छालोंवाला।

vesiculiform –'क्यूलिफ़ॉर्म् a. आशयवत्, पुटकाकार, बुद्बुदाकार।

vesiculose, vesiculous –लोस्, –लॅस् aa. आशयमय, पुटकमय; (चि०) स्फोटिकामय, बुद्बुदमय, छालोंवाला।

Vespa वे'स्पॅ n. वरटप्रजाति[F], भिड़[F], बर्रे[F]।

vesper वे'स्'पॅर् n. (*V ~* भी) सान्ध्यतारक, शुक्र तारा, वेनस; (का०) सन्ध्या[F], सायं, साँझ[F], शाम[F]; (बहुव०; गिरजेमें) सायंकालीन उपासना[F]का समय, सान्ध्यगीत, सान्ध्यकालीन उपासना[F]; (*~-bell* भी) सान्ध्योपासना[F]की घण्टी[F]।

vespertine –पॅर्टाइ(टि)न् a. सान्ध्य, सन्ध्याकालीन, सायंकालीन, साँझ[F]का, शाम[F]का; (वन०) सायंकालमें विकसित होनेवाला, शामिया; (जीववि०) सायंकालमें उड़नेवाला; (ग० ज्यो०) अस्ताभिमुख, अस्तोन्मुख।

vespiary वे'स्'पिअॅरि n. भिड़ोंका छत्ता, बर्रेका घर।

vespine –पाइ(पि)न् a. भिड़ोंका।

vessel* वे'सॅल् n. भाण्ड, भाजन, पात्र*, बर्तन, बासन; पानपात्र; समुद्रयान, तरणी[F], नौका[F], नाव[F], पोत, वहित्र, (परि०) **जलयान**, जहाज, किश्ती[F]; (श० र० शा०) संवाहिनी[F], शिरा[F], नाड़ी[F]*, नलिका[F], धमनी[F], नस[F], रग[F] (विशे० *blood-~*); (वन०) रसवाहिनी[F], जलवाहिनी[F], (चि०, जीव०) **वाहिका**[F], (वन०) **वाहिनी**[F], नाली[F], नली[F]; T.; (बाइ० अथवा अन्य प्रसंग, विशे० हास्य) प्रापक व्यक्ति, प्राप्तकर्ता, भागी, भागीदार (*chosen ~*); weaker ~ नारी[F], स्त्री[F], महिला[F], जनाना, औरत[F]; *an empty ~ sounds much, makes much noise* थोथा चना बाजे घना।

vesselful –फ़ुल् n. पात्रभर, बर्तनभर, बासनभर (वस्तु[F])।

vest[1] वे'स्ट् n. अन्तःपरिच्छद, अन्तर्परिधान, अन्तर्वसन, अन्तर्वस्त्र, सलूका, बंडी[F]; बनियान; (प्रा०) वेश, वसन, वस्त्र, परिधान, वेशभूषा[F], पोशाक[F], जामा, लिबास; अँगरखा, सदरी[F], फतुही[F], वास्कट[F], वेस्टकोट ○।

vest[2] v.t. & i. **निहित करना या होना**; (अधिकार, शक्ति[F] इत्यादि) समर्पित करना, सुपुर्द करना, हवाले करना, देना; (का०) वस्त्राभूषित करना, सज्जित करना, वस्त्र पहनाना या पहनना; ~ *in* (सम्पत्ति[F] आदि) अधिकारमें देना, दखल[F]में देना।

Vesta वे'स्'टॅ n. (रोमन पुराण) रोमन अग्निदेवता; (रोमकी) अन्नपूर्णा[F], गृहदेवी[F], चौकेकी देवी[F], वेस्ता; एक छोटा नक्षत्र, उपग्रह।

vestal –टॅल् १. n. गृहदेवता (वेस्ता)से सम्बन्धित चीजें[F], (*~ virgin* भी) वेस्ताको समर्पित कुमारियाँ[F], सती स्त्री[F], पतिव्रता[F], पवित्र महिला[F], निष्कलंक स्त्री[F]; संन्यासिनी[F], साध्वी[F]; २. a. वेस्ता-सम्बन्धी, अग्निदेवी[F]का; शुद्ध, पवित्र, निर्मल।

vested वे'स्'टिड् a. निविष्ट, स्थित, **निहित** (*~ rights, interests, estate*)।

vestibular, vestibulate वे'स्टि'ब्यूलॅर्, –लॅट् aa.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

(श० र० शा०) प्रघ्राण-, कर्णकोटरीय, कर्णगुहा-, कानके छेदसे सम्बन्धित (~ *canal*) प्रविवरीय, दालानका;
~ apparatus, ~ area, ~ crest, ~ fissure, ~ fold, ~ fossa, ~ gland, ~ ligament, ~ lip, ~ membrane, ~ nerve, ~ nuclus.

vestibule वे॑स्'टिब्यूल् n. अलिन्द, ड्योढ़ी[F], दालान[F], देहली[F], दहलीज[F]; दर्शक कक्ष, बड़ा कमरा; (चर्चका) द्वार-मण्डप, बरसाती[F]; (पुरा०) **अन्तराल**; (श० र० शा०), (वन०) प्रघ्राण, **प्रविवर**, प्रगुहा[F], मध्यगुहा[F], तुम्बिकाधार, शंखस्थान, गुहा[F]; कुटीर, कोटर, छिद्र (विशे० ~ *of the ear*)।

vestibuled –ड् a. (वि०) प्रघ्राणयुक्त, अलिन्दयुत, ड्योढ़ीदार, दालानदार, देहलीजदार।

vestige वे॑स्टिज् n. प्रमाण, अंक, चिह्न, लक्षण, संकेत, निशान, पता (~*s of an earlier civilization*); पदांक, पदचिह्न, खोज[F]; (शिथिल अर्थमें नकारात्मक शब्द-सहित) अणु, लव, लेशमात्र (*has not a ~ of evidence for this assertion*); (प्राणि वि०, पूर्वज आदिका) (वन०) **लुप्तावशेष**, (जीव०) **अवशेष**, अस्थि-शेष; स्मृतिचिह्न।

vestigia (L) –जिअ॑ n. आकृति[F], चिह्न।

vestigial –'जिअ॑ल् a. (विशे० प्राणिवि० में) अवशिष्ट, (वन०, जीव०) **लुप्तावशेषी**, **अवशेषी**, **अवशेष-सदृश** (~ *organ*, ~ *structure*)।

Vestigia nulla retrorsum (L) एक पग भी पीछे नहीं।

vestigiary –अ॑रि a. अवशिष्ट; पदचिह्न-सम्बन्धी।

vesting वे॑स्'टिंग n. बनियान[F], फतुही[F]का वस्त्र, वास्कट[F]का कपड़ा; निधान, निहित करना या होना, लगाना; ~ order (का०) **निधायक आदेश**।

vestiture वे॑स्'टिच्युअ॑र् n. वस्त्र, कपड़े; (वन०) आवरण, पट, परत[F]।

vestment –ट्'मॅन्ट् n. राजकीय परिच्छद, आधिकारिक परिधान; पादरियोंकी आधिकारिक वेशभूषा[F]; पूजन-परिच्छद, पूजा[F]की पोशाक[F]; वस्त्र, कपड़ा, जामा।

vestral –'ट्रॅल् a. वस्त्रागार-सम्बन्धी, वस्त्रागारका; पादरियोंके हल्केका।

vestry –ट्रि n. वस्त्रागार, लिबासखाना, कक्ष, कोष्ठ, कोठरी[F], कमरा; (गिरजेसे जुटे, पूजादिके वस्त्र रखनेके लिए प्रयुक्त) भवन, मकान; छोटा गिरजा; (पादरियोंके हल्केका) करदाता; करदाताओंका प्रतिनिधि-मण्डल; ~ man पादरियोंके हल्केका सदस्य।

vestrydom वे॑स्'ट्रिडॅम् n. पादरियोंके हल्केकी जनसरकार[F]।

vestuary ⊙वे॑स्'च्युअ॑रि n. वस्त्र-कोष्ठ, वसन-मंजूषा[F], दराज[F]।

vestural ⊙–रॅल् a. परिच्छदार्थ, परिधानार्थ, पहिरावोंके लिए, लिबासके लिए; वस्त्रकक्षका।

vesture[1] वे॑स्'च्यअ॑र् n. परिच्छद, परिधान, (वन०) **वेष्टन**, वस्त्र, वेशभूषा[F], पहिरावा, लिबास, पोशाक[F], कपड़े।

vesture[2] v.t. वस्त्रालंकृत करना, वस्त्रसज्जित करना, पोशाक[F] पहनाना।

vesturer –'चॅर॑र् n. (गिरजेका) पूजनवस्त्राधिकारी; उपकोषाध्यक्ष, छोटा खजांची।

Vesuvian[1] वि॑स्यू'विअ॑न् n. दीपशलाका[F], एक प्रकारकी दियासलाई[F]।

Vesuvian[2] a. विस्यूवियसका, विस्यूवियस-विषयक; (*v*~) ज्वालामुखी, आग[F] उगलनेवाला।

vesuvianite, vesuvian[3] –नाइट्, –अ॑न् nn. (*V* ~) विस्यूवियसमें प्राप्य हरे या बादामी रंगका ज्वालामुखी पत्थर।

vet[1] वे॑ट्' n. (बोल०) = VETERINARY.

vet[2] v.t. पशुरोग-परीक्षा[F] करना, पशुचिकित्सा[F] करना, जानवरोंकी दवा[F] करना; (कानून०) विधीक्षा[F] करना।

Vet., Veter., Vety. Veterinary.

vetch वे॑च्' n. पृथुशिम्बी[F], उड़द[F], मोठ, बेच (छीमीदार पौधे)।

vetchling –'लिंग् n. शिम्बी[F], बेचकी तरहका पौधा।

vetchy –'चि a. पृथुशिम्बीमय, घासपाती, बेचवाला, बेची।

veteran[1] वे॑'टॅर॑न् n. दक्ष व्यक्ति, कुशल व्यक्ति, निपुण व्यक्ति, वयोवृद्ध या अनुभवी व्यक्ति; भूतपूर्व कर्मचारी ⊙।

veteran[2] a. कर्मप्रवीण, दक्ष, कुशल, निपुण, वयःस्थ, जातानुभव, ज्ञानवृद्ध, अनुभवी (~ *golfer, soldier*); अनुभवी व्यक्ति-सम्बन्धी, अनुभवी या पुराने लोगोंका (~ *troops*)।

veteranize –नाइज् v.t. दक्ष करना, कुशल बनाना, निपुण बनाना, अनुभवी बनाना।

veterinarian[1] ⊙ वे॑टॅरिनेअ॑रियन् n. शालिहोत्री, पशुवैद्य, पशुभिषग्, पशु-चिकित्सक, सलोतरी।

veterinarian[2] a. पशु-, पशुचिकित्सा-, गृह-पशुचिकित्सा-सम्बन्धी, घरेलू जानवरोंकी दवा[F]से सम्बन्धित; शालिहोत्रीय।

veterinary[1] –'टॅरिनॅरि n. **पशु-चिकित्सा**[F]; शालिहोत्री, पशु-उपवैद्य, पशु-उपचिकित्सक, पशुचिकित्सक, सलोतरी।

veterinary[2] a. पशु-सम्बन्धी, पशु-चिकित्सा-विषयक, पशुचिकित्सा-सम्बन्धी; शालिहोत्रीय; ~ doctor पशुचिकित्सक, शालिहोत्री, सलोतरी;
~ assistant, ~ college, ~ department, ~ dispensary, ~ hospital, ~ inspector, ~ practitioner, ~ science, ~ service, ~ surgeon, ~ training.

vetiver वे॑'टिवॅर् n. खसखस[F] (घास[F])।

veto[1] वी'टो n. (pl. *-es*) अभिषेध, प्रतिषेध, प्रतिनिषेध, निवारण, प्रत्यादेश, (राज०) **निषेधाधिकार**, **रोध-अधिकार**, रोक[F], **विटो** (~ *power*); अभिषेध पत्र, प्रतिनिषेध-पत्र, प्रत्यादेश-पत्र, निषेध-पत्र; suspensory ~ स्थगनकारी प्रत्यादेश।

veto[2] v.t. अभिषिद्ध करना, निषेध करना, निषिद्ध करना, निषेधाधिकारका प्रयोग करना, नामंजूर करना, रोकना।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

vetoist –टोइस्ट् n. अभिषेधाधिसम्पन्न व्यक्ति, निषेधाधिकारी, प्रतिषेधी।
Vet. Surg. Veterinary Surgeon.
vetting वे'टिंग् n. विधीक्षा^{F} करना, **पड़ताल^{F} करना**।
vettura (It.) n. चार पहियेकी गाड़ी^{F}।
vetust विटस्ट्' a. प्राचीन, अतीतकालीन, पुराना।
Vety. Disp. Veterinary Dispensary.
vex वेक्स्' १. v.t. बाधित करना, प्रबाधित करना, क्रुद्ध करना, प्रकुपित करना, छेड़ना, (का०) **तंग करना**, चिढ़ाना, खिझाना (*this would ~ even a saint*); (प्रा०) कष्ट देना, दुःख देना, पीड़ा^{F} पहुँचाना, सन्तप्त करना, क्लेशित करना, क्लेश पहुँचाना, सताना; (का०, भाषण०) विक्षुब्ध करना, उद्विग्न करना, बेचैन करना, परेशान करना; २. v. i. छिड़ना, तंग होना, खीझना, चिढ़ना।
vexata quaestio (L) n. शास्त्रार्थका विषय, विवादग्रस्त प्रश्न।
vexation –से'शॅन् n. बाधा^{F}, प्रबाधन, क्रोध, प्रकोप, प्रकोपन, क्रोधोद्दीपन, चिढ़^{F}, मलाल, तंगी^{F}, खीझ^{F}; क्लेश, सन्ताप, दुःख, पीड़ा^{F}, कष्ट, चोट^{F}; (का०) **तंग करना**; (pl.) उद्विग्न या बेचैन करनेवाले मामले (*subjected to many ~s*)।
vexatious –शॅस् a. प्रबाधी, प्रबाधनात्मक, खिझाऊ, चिढ़ाने या खिझानेवाला, (का०) दिक या **तंग करनेवाला** (*~ delay, interference*); सन्तापमय, दुःखदायी, कष्टद, क्लेशकर, उद्वेगकर, बेचैन करनेवाला।
vexatiousness –निॅस् n. प्रबाधनात्मकता^{F}; खीझ^{F}, तंगी^{F}; सन्तप्तता^{F}, कष्टमयता^{F}, पीड़ावहता^{F}, क्लेशकरता^{F}; उद्विग्नता^{F}, उद्वेगजनकता^{F}, बेचैनी^{F}, परेशानी^{F}।
vexed –स्ट्' a. दुःखित, सन्तापित, बाधित, प्रबाधित, क्रुद्ध, प्रकुपित, चिढ़ा हुआ; जटिल, दुरूह, कठिन, अनिर्णीत (*~ question*)।
vexer –'सॅर् n. बाधक, प्रबाधक, क्रोधित या कुपित करनेवाला, खिझानेवाला; उद्वेजक व्यक्ति, उद्विग्न करनेवाला।
vexil वे'क्सिल् n. ध्वज, पताका^{F}, झण्डा; परदा, परत^{F}।
vexillary –लॅरि n. (प्राचीन रोमन) ध्वज, पताका^{F}, झण्डा।
vexillation –ले'शॅन् n. रोमीय सैन्य-विभाग, रोमन सेना^{F}की एक टुकड़ी^{F}।
vexillum –'लॅम् n. (pl. *-illa*) (प्राचीन रोमका) (वन०) ध्वजक, ध्वज, पताका^{F}, झण्डा; पट, परदा, परत^{F}; T.।
V.G. Vicar-General.
v.g. *verbi gratia*, for example; (or V.G.) Very Good.
v.h.c. very highly commended.
v.h.p. very high pressure.
v.i. verb intransitive.
via वाइ'अ (L) n. & prep. मार्ग, मार्गसे, द्वारा, से होकर, **बरास्ता**, (*~ main line*)।
viability –बि'लिटि n. जीव्यता^{F}, जीविष्णुता^{F}; (चि०) जीवन-क्षमता^{F}, (दर्श०) **जीविषुता^{F}, जीव्यता^{F}**, वर्धिष्णुता^{F}, जीवन-योग्यता^{F}; अंकुरणशक्ति^{F}, (कृषि०) **अंकुरणक्षमता^{F}**; (अर्थ०) **अर्थक्षमता^{F}**; स्वयंशोधिता^{F}।
viable –अॅबॅल् a. (प्रायः गर्भस्थ या नवजात शिशुके लिए) जीव्य, (शिक्षा, इति०) **जीवनक्षम**, जीविष्णु, **जीनेयोग्य**; वर्धिष्णु, वर्धनक्षम, विकासक्षम; (बीज आदिके लिए) अंकुरणशक्त, (कृषि०, वन०) **अंकुरणक्षम**, अंकुरणयोग्य।
viaduct वाइ'अॅडक्ट् n. रथ्योत्तार, वाटोत्तार, (यन्त्र०, रेल०) **उत्तार**; मार्ग-सेतु, मार्गवाहि सेतु, **पुल**।
vial वाइ'अॅल् n. काचभाण्ड, काचपात्र, कूपिका^{F}, शीशी^{F}, बोतल^{F}; *pour out ~s of wrath* बहुत क्रोध करना, गुस्सा निकालना।
via lactea (L) n. आकाशगंगा^{F}।
vialful –फुल् n. कूपिकाभर, शीशीभर, बोतलभर (वस्तु^{F})।
via media (L) n. मध्यमार्ग।
viameter वाइऑ'मिॅटॅर् n. = ODOMETER.
viand वाइ'अॅन्ड् n. (विशे० बहुवचनमें) खाद्य, भक्ष्य, भोजन, अन्न, भोज्य-पदार्थ, रसद^{F}, खाना।
viaticum वाइऐ'टिकॅम् n. (रोमन पुराण) पाथेय, सम्बल, पथव्यय, बटखर्चा, राहखर्च, सफरखर्च, राह^{F}का भत्ता; चलदेवी^{F}, वहनीय मूर्त्ति; (ईसाई) अन्तिम भोजन।
viator वाइऐ'टॅर् n. यात्री, राहगीर, राही, मुसाफिर।
vibraculum वाइब्रै'क्यूलॅम् n. (pl. *-a*) चलांग, कीटशुण्ड।
vibrancy वाइ'ब्रॅन्सि n. वेप, प्रवेप, वेपन, प्रवेपन, कम्पन, दोलन, आदोलन, स्पन्दन, थर्राहट^{F}; अनुवाद, प्रतिध्वनि^{F}, गुंजार^{F}।
vibrant –ब्रॅन्ट् a. प्रवेपक, आवेपक, वेपमान, दोलायमान, कम्पमान, स्पन्दनशील, थर्रानेवाला, झूलनेवाला; (शब्दों इत्यादिके लिए) स्वनित, प्रतिध्वनिशील, प्रतिध्वनित, गुंजित, अनुनादित, शब्दायमान।
vibrate –ब्रेट् v.i. & t. आवेपित होना, प्रवेपित होना, वेपमान होना, प्रदोलित होना, कम्पित होना, स्पन्दित होना, काँपना, थर्राना, थरथराना; दोलायमान होना, आदोलित होना, हिलना, डुलाना, झूलना, डोलना, लहराना, झुलाना; (आवाज^{F}के लिए) जल्दी-जल्दी धक-धक करना; (पेण्डुलम या लटकन^{F}का हिलडुलकर) सेकेण्ड बनाना, सेकेण्डका समय सूचित करना।
vibrated –'ब्रेटिड् a. (यन्त्र०) **कम्पित** (*~ concrete*)।
vibratile –'ब्रॅटाइल् a. आवेपी, वेपनशील, प्रवेपमय, कम्पनीय, (चि०) कम्पशील, कम्पनशील, हिलाने-डुलाने योग्य, थर्रानेवाला (*~ filament*)।
vibratility –टि'लिटि n. वेपन, वेपमानता^{F}, स्पन्दनशीलता^{F}, कम्पनीयता^{F}, कम्पनशीलता^{F}।
vibrating –ब्रे'टिंग् a **कम्पायमान**, स्पन्दनशील, आवेप, आवेपी;
~ jet, ~ machine, ~ membrane, ~

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

mirror, ~ plate, ~ roller, ~ string, ~ system.

vibration –'शॅन् n. आवेप, प्रवेप, प्रदोलन, आदोलन, (भौ०, प्रा०, भूगो०, यन्त्र०) **कम्पन**F, स्पन्दन, स्फुरण, लहराव, कँपकपीF, थरथरीF, थरथराहटF, हिलाव, झुलाव, लहकF, तरंगF; amplitude of ~ स्पन्दित पदार्थका विस्तारक्षेत्र;

~ magnetometer, ~ meter, ~ needle, ~ period, ~ ratio, ~ sensation, ~ sense, ~s per second.

vibrational –नॅल a. आवेपात्मक, आवेपी, **कम्पनिक**, कम्पनात्मक, स्पन्दनात्मक, कम्पी;

~ energy, ~ level, ~ motion.

vibratiuncle वाइब्रे'टिअॅन्कॅल् n. सूक्ष्म आवेप, लघु कम्प, हलकी तरंगF।

vibrative वाइ'ब्रॅटिव् a. वेपमान, कम्पायमान, आवेपी, दोलायमान, हिलनेवाला, डोलनेवाला, झूलता हुआ।

vibrator वाइब्रे'टॅर् n. (यन्त्र०, चि०, भौ०) **कम्पित्र**; कम्पक, (परि०) कम्पी, आवेपक, वेपमान व्यक्ति, प्रवेपशील पदार्थ, कम्पनशील व्यक्ति, थरथरानेवाला पदार्थ; (विद्यु०, तार०) कम्पनशील नडF; (संगीत) कम्पनशील फलक; (मुद्रण०, स्याहीF देनेका) कम्पनशील या गतिशील वेलन; (चि०, बिजलीF इत्यादिका) अंगमर्दक यन्त्र, मालिशF करनेका औजार।

vibratory –'ब्रॅटॅरि a. आवेपी, वेपमान, प्रवेपशील, **कम्पन**-, कम्पनशील, थरथरानेवाला;

~ motion, ~ movement, ~ reaction.

vibrio वि'ब्रिओ n. (वन०, चि०) **लोलाणु**; (वन०) **वक्रिल दण्डाणु**, (चि०) वक्राणु (जैसे विसूचिकाFका), T.।

vibrissa वाइब्रि'सॅ n. श्मश्रु, दाढ़ीF, गलमुच्छ; (चि०) नासा-केश, (चि०) **नासा-बाल**, नासिकाFके वाल।

vibrograph वाइ'ब्रॅग्राफ् n. कम्पमापक, (ऋतु०) **कम्पनलेखी**, कम्पनमापी यन्त्र, वाइब्रोग्राफ।

vibroscope –'ब्रॅस्कोप् n. कम्पन-वीक्ष, स्पन्दनवीक्ष, तरंगवीक्षक यन्त्र।

vibrotherapeutics ⊙ वाइब्रॅथे॑रॅपीऊ'टिक्स् n. (चि०) कम्पन चिकित्साF, स्पन्दनचिकित्साF।

viburnum वाइबर्'नॅम् n. क्षारपर्णी झाड़ियाँF; (चि०) वायबरनम, गर्भाशय शामक औषधिF।

Vic. Vicar; Vicarage.

vicar वि'कॅर् n. उपाचार्य, पल्ली पुरोहित, गिरजेका पुरोहित, ग्राम-पादरी; apostolic ~ प्रचारक पादरी; cardinal ~ पोपका प्रतिनिधि पुरोहित; ~ choral गायक पुरोहित, भजनोपदेशक, भजनीक पादरी; ~ of Bray स्वपक्षत्यागी, परपक्षग्राही।

vicarage –रिज् n. उपाध्याय-वृत्तिF, पुरोहित-वृत्तिF, पुरोहित-कर्म, पुरोहितका पेशा; उपाचार्य निवासस्थान, पुरोहित-निवास, विकरका पद तथा स्थान।

vicarial –केॅ'रिॲल् a. उपाध्यायीय, उपाचार्य, पुरोहित विषयक, विकर-सम्बन्धी; प्रतिनिधि विषयक।

vicariate, vicarship वि(वाइ)केॅ'रिॲट, –शिप् nn. पौरोहित्य, पुरोहित-पद, पुरोहित क्षेत्र।

vicarious –ॲस् a. सम्प्रेषित, समादिष्ट, नियोजित, प्रतिनिहित, प्रत्याधिकृत, प्रत्यायुक्त, प्रतिरूपी, प्रतिनिधि-रूप (~ *authority, liability*); स्थानापन्न, परार्थकृत्, परार्थ कार्य करनेवाला; (विकृति०) विमार्गगामी, अपथ-प्रवृत्त, अकालप्रवृत्त; ~ menstruation (चि०) अपथ-प्रवृत्त-आर्त्तव।

vicariousness –निॅस् n. सम्प्रेषितत्व, समादिष्टताF, नियोजितत्व, प्रतिनिधित्व; स्थानापन्नताF; (चि०) विमार्ग-गामिताF, अपथ प्रवृत्तिF।

vice- उप- (~-*agent*, ~-*chairman (ship)*, ~-*chamberlin*, ~-*chancellor*, ~-*consul(ship)*, ~-*dean*, ~-*governor*, ~-*king*, ~-*queen*, ~*regent*, ~*sheriff*, ~*warden*)।

vice[1] वाइस् n. दुर्वृत्तिF, दुराचार, व्यभिचार, असदाचार, पापाचरण, पापाचार, व्यसन, भ्रष्टताF; कलंक, धब्बा, दाग; अधर्म, पाप, कुकर्म, दुष्कर्म, दोष, (दर्श०) **दुर्गुण**, अवगुण, बुराईF, ऐब, खोटF, खराबीF (*has no ~s, is free from ~*); (अव क्व०) विकार, विकृतिF, शारीरिक अस्वस्थताF (*inherited ~s of constituion*); *V* ~ भाँड़, मसखरा।

vice[2] (L) के स्थानपर।

vice[3] n. (वोल०) = VICE PRESIDENT, VICE PRINCIPAL इत्यादि।

vice[4] n. संग्रभ, (कृषि०, यन्त्र०) **बाँकF**, (भौ०, यन्त्र०) **शिकंजा**, पकड़F (*bench-~*); T.; ~ clamp **शिकंजा**।

vice[5] v.t. (ला० भी) बाँकFमें कसना, शिकंजेमें दबाना या पकड़ना, कसना।

vice[6] वाइ'सि prep. प्रतिनिधिरूपमें, स्थानपर, जगहFपर, बदलेमें।

vice-admiral वाइसॅ-ऐड्'मॅरॅल् n. उप-महानौपति, उपनौकाध्यक्ष।

vice-admiralty –रॅल्टि् n. महानौपतित्व; महानौपति-कार्यालय अथवा पद।

vicegerency वाइस्जे॑(जीॲ)'रॅन्सि n. प्राणिध्य, प्रणिधित्व, प्रतिनिधित्व, सहायकत्व, नायबगीरीF, नायबका पद।

vicegerent –न्ट् a. & n. प्रणिधि, प्रतिनिधि, सहायक, नायब, उपशासक।

vicenary, vicennial वि'सिॅनॅरि, वाइसे॑'निॲल् aa. विंशवर्षीय, बीससाला।

vice-president वाइस्-प्रे॑'सिडॅन्ट् n. उपप्रधान, **उपाध्यक्ष**, उपसभापति, **उपराष्ट्रपति**।

vice-principal वाइस्-प्रिन्'सिपॅल् n. उपाचार्य, (शिक्षा०) **उप-प्रधानाचार्य, वाइस-प्रिंसिपल**।

viceregal, viceroyal वाइस्री'गॅल्, वाइस्रा॑'ॲल् aa. औपराजिक, राज-प्रतिनिधि-सम्बन्धी, वाइसरायका, बड़े लाटका।

vicereine ⊙ वाइस्'रेन् n. उपराज्ञीF, वाइसरायिनF, VICEROY की पत्नीF।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

viceroy वाइस्'रॉय् n. उपराज, उपराजा, राजप्रतिनिधि, बड़ा लाट, मुल्की लाट, **वाइसराय** (इति० ~*of India*)।
viceroyalty, viceroyship –'ऑल्टि, –शिप् nn. उपराजत्व, राजप्रतिनिधित्व, लाटसाहबी, वाइसरायका पद।
vice versa (L) adv. विपरीत ढंगसे, उल्टे क्रमसे।
Vichy (water) वी'शी(वॉ'टॅर्) n. विशी स्थानका खनिज-जल-विशेष।
vicinage वि'सिनिज् n. प्रतिवेश, प्रतिवेशित्व, सान्निध्य, सन्निधि[F], सन्निकर्ष, सामीप्य, समीपता[F], पड़ोस; प्रतिवेशी जनपद, आसन्नस्थ जनपद, इर्द-गिर्दका जिला; पड़ोसका सम्बन्ध, पड़ोस-भाव।
vicinal –नॅल् a. प्रतिवेश्य; (रसा०) संचारी; संनिधि-संवादी;
~ action, ~ form, ~ function. ~ glycol.
vicinity वि(वाइ)सि'निटि n. सन्निकर्ष, सान्निध्य, (का०) **सामीप्य**, समीपता[F], आसन्नता[F], निकटता[F], घनिष्ठता[F], नजदीकी[F], पड़ोस, पड़ोसका जिला, इर्द-गिर्दका क्षेत्र।
viciosity विसिऑ'सिटि n. =VICIOUSNESS.
vicious वि'शॅस् a. पापी, पापिष्ठ, पापासक्त, अधम, नीच, दुष्ट, बुरा (~*tendencies*; *life*); दुर्वृत्त, दुश्चरित्र, दुरात्मा, पापवृत्त, कुपथगामी, कुमार्गगामी, व्यसनी, दुराचारी, बदकार, बदमाश; (दर्श०) **दुर्गुणी, दूषित**, दोष-युक्त, दोषपूर्ण, दोषी, अपराधी, अवगुणमय, ऐबी, खोटा (प्रायः घोड़ों इत्यादिके लिए भी); (तर्क, भाषा[F] आदिके लिए) मिथ्या, अयथार्थ, असत्य, झूठ; निराधार, त्रुटिपूर्ण, दूषित, दोषपूर्ण, अगम्भीर, थोथा, उथला (~ *style*); उग्र, क्रोधी, असन्तुलित-चित्त, चिड़चिड़ा; (दर्श०) **दुश्चक्र**, ईर्ष्यापूर्ण, द्वेषपूर्ण, विद्वेषपूर्ण, डाही; ~ circle विषयवृत्त, अपचक्र, दुष्टचक्र, कुचक्र; ~union (शल्य०) हड्डियों[F]का दोषपूर्ण संयोजन, गलत जोड़।
viciousness –नॅस् n. पाप, अधर्म, कुकर्म, दुर्वृत्ति[F], दुश्चरित्रता[F], दुष्टता[F], दुराचरण, दुराचारिता[F], नीचता[F], बदमाशी[F], बदकारी[F], बुराई[F]; अयथार्थता[F], मिथ्यात्व, असत्यता[F]; अगाम्भीर्य, थोथापन, छिछलापन, हल्कापन; ईर्ष्या[F], द्वेषिता[F], विद्वेष; चिड़चिड़ापन।
vicissitude वि(वाइ)सि'सित्यूड् n. विपर्यय, विपर्यास, विप्लव, अनुक्रम, परिवर्त, परिवृत्ति[F], (दर्श०) **उलटफेर**, अदलबदल, हेरफेर; (प्रा० का०) नियमित परिवर्तन, नियमित हेरफेर, नियमित पलटाव, घुमाव।
vicissitudinous –विसिसित्यू'डिनस् a. विपर्ययशील, विपर्यासशील, अनुक्रमिक, परिवर्तनशील, हेरफेर होनेवाला, बदलनेवाला।
Vict. Victoria; Victoria University.
victim विक्'टिम्' n. बलि[F], वध्य, उपहार, यज्ञ-पशु, भेंट; (उद्देश्य-सिद्धि[F]में) आहत व्यक्ति या वस्तु[F], विनष्ट वस्तु[F]; उत्तेजना[F]से विनष्ट व्यक्ति; विपद्ग्रस्त व्यक्ति, घटनाग्रस्त व्यक्ति; आखेट, शिकार, चिड़िया[F] (*the numerous ~s of the confidence trick*)।
victimization –माइजे'शॅन् n. बलीकरण, बलिदान, कुर्बानी[F], संहार, विनाश, अत्याचार, सताना, तंग करना।
victimize विक्'टिमाइज् v.t. बलि[F] देना, उपहार करना, बलिपशु बनाना, शिकार बनाना; धोखा देना, चिड़िया[F] फँसाना, सिर मूँड़ना, हजामत[F] बनाना; विनष्ट करना, संहार करना; ठगना, उल्लू बनाना।
victimizer –ज़ॅर् n. बलिदाता, उपहर्ता; धोखेबाज, चिड़िया[F] फँसानेवाला, सिर मूँड़नेवाला।
victor विक्'टॅर n (भाष०) जेता, विजेता, जयी, विजयी, मैदान मारनेवाला, फतह करनेवाला (~ *troops*)।
victoria विक्टॉ'रिअ n. चौपहिया गाड़ी[F]-विशेष; भीम नलिनी[F], बड़ी कुमुदिनी[F]; गृह-कपोत-विशेष; घरेलू पंखा-विशेष; (विशे० V ~ ज्योतिष्०) द्वादश क्षुद्र ग्रह; ~ colour विजया वर्ण; V~ Cross (V. C.) विक्टोरिया-पदक, विक्टोरिया क्रास।
Victorian विक्टॉ'रिअॅन् n. विटोरियाका शासन-काल।
victorious विक्टॉ'रिअॅस् a. प्राप्तजय, जेता, विजेता, जयी, विजयी, मैदान मारनेवाला, फतह[F] करनेवाला; जय-सम्बन्धी, विजय-विषयक, जीत[F]का; जय-सूचक, विजय-सूचक (~ *day*)।
victoriousness –नि॑स् n. जय[F], विजय[F], जीत[F]।
victory –'टॅरि n. सिद्धि[F], जय[F], विजय[F], जीत[F], फतह[F] (*battle ended in a decisive* ~); (V~)विजयश्री[F], जय-लक्ष्मी[F], विजय-देवी[F]; ~-tower जयस्तम्भ।
victress –ट्रिस् n. जेत्री[F], जयिनी[F], विजयिनी[F], विजयित्री[F], विजयकर्त्री[F], फतह[F] करनेवाली।
victual[1] वि'ट्ल् n. (प्रा० बहुव०) खाद्य सामग्री[F], भक्ष्य सम्भार, भोज्य पदार्थ, रसद[F], खानेका सामान।
victual[2] v.t. & i. खाद्य सामग्री[F] एकत्र करना, भोज्य पदार्थ जुटाना, रसद[F] इकट्ठा करना; खाद्य-सामग्री[F] प्रेषित करना, रसद[F] भेजना, खूराक[F] देना; भोज्य सामग्री[F] भक्षण करना, रसद[F] खा जाना; भोजन कराना, खिलाना।
victualler –लॅर् n. पान्थशालिक; भक्ष्य-व्यवस्थापक, भक्ष्यविक्रेता, भोज्य-विक्रयी, भोजनसामग्री बेचनेवाला (*licensed* ~); (अन्य जहाजोंके लिए) खाद्यवाही पोत।
victualless –ल्-लिॅस् a. भोज्य-पदार्थ-विहीन, खाद्य-सामग्री-रहित, बिना रसद[F]का।
victualling –लिंग् n. भोज्य, प्रबन्ध, भक्ष्य-व्यवहार; भक्ष्य-विक्रय, अन्न-विक्रय; रसद-जुटाई[F], ~ bill रसद भारपत्र; ~ office रसदघर।
vicugna, -una वि'कून्यॅ nn. तुरोष्ट्र, विक्यूना (दक्षिणी अमेरिकाका ऊँट-जैसा स्तनपायी जानवर)।
Vid. Vide See.
vide (L) v. imperat. देखो, देखिए।
videlicet (L) adv. अर्थात्, यानी।
vidette विडे'ट्' n. दे० VEDETTE.
vidimus (L) n. आय-व्यय-लेखा-निरीक्षण; किसी प्रलेखकी संक्षिप्ति[F]।
viduage ⊙ विड्यू'इज् n. वैधव्य, विधवापन।
vidual ⊙ –'अॅल् a. वैधव्य-, वैधव्य-सम्बन्धी, विधवापनका।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

viduity –'इटि n. वैधव्य, विधवापन।

vie वाइ' v.i. स्पर्धा[F] करना, स्पृहा[F] करना, प्रतियोगिता[F] करना, होड़ लगाना, बराबरी[F] करना, रीस[F] करना।

Viennese विनीज़्' १. a. वियना-सम्बन्धी, वियना-विषयक, वियनाका; २. n. वियना-निवासी।

vi et armis (L) adv. बलात्, जबरदस्ती।

view[1]* व्यू' n. आलोकन, अवलोकन, निरीक्षण, पर्यवेक्षण, प्रेक्षण, दर्शन*; (कानून) मुआइना; मानसिक पर्यवेक्षण (*take a general ~ of the subject*); दृष्टि[F]; ईक्षण-शक्ति[F], वीक्षण-शक्ति[F], आँख[F], नजर[F] (*passed from our ~*); दृशा[F], दृष्टिपथ, नयनगोचर-प्रदेश, दृष्टिसीमा[F], पर्यवेक्षण-सीमा[F], नजर[F]की हद्द[F], दृश्य* (*a superb ~*); सोच-विचार, ख्याल, गौर; मत*, मति[F], सम्मति[F], विचार, राय[F] (*takes a different ~*); अभिप्राय, प्रयोजन, आशय, उद्देश्य, हेतु, मंशा[F], नीयत[F], इरादा (*cat has a ~ upon the larder*); प्रदर्शन, शो (*private ~ of a picture*); ~-finder (भौ०) दृश्यदर्शी, (चित्रोंकी सीमाओं[F]का पता देनेवाला) कैमरेका पुरजा; ~ halloo वू-हल्लू, आखेटकोंकी हर्षध्वनि[F]; ~ point दृष्टिबिन्दु, दृष्टिकोण; रूप, रुख, खाका; *in full ~ of the crowd* भीड़[F]के बिलकुल सामने; *in ~ of* इस कारणसे; विचारसे, ख्यालसे, देखते हुए (*in ~ of recent developments we do not think this step advisable*); *on ~* प्रदर्शनार्थ; *to the ~* स्पष्टतया, खुल्लमखुल्ला, साफ-साफ, खुले तौरसे; *with a ~ to* अभिप्रायसे, प्रयोजनसे, उद्देश्यसे, मतलबसे (*with a ~ to extending*); प्राप्ति[F]की दृष्टि[F]से, पानेकी आशा[F]में (*he said this with a ~ to the vacant secretaryship*)।

view[2] v.t. पर्यवेक्षण करना, निरीक्षण करना, अवलोकन करना, दृष्टि[F] डालना, निहारना, देखना, नजर[F] डालना; समीक्षा[F] करना, विचार करना, सोचना, परखना (*does not ~ the matter in the right light*) समझना।

viewable –अँबॅल् a. दृष्टिगोचर, दृश्यमान, दिखाई पड़नेवाला।

viewer –अँर n. पर्यवेक्षक, प्रेक्षक, निरीक्षक, दर्शक, देखनेवाला; समीक्षक; आलोचक, विचारक, अन्वीक्षा[F] करनेवाला, परख[F] करनेवाला, जाँचनेवाला।

viewiness –'इनिॅस् n. धुन[F], सनकीपन, झक्कीपन।

viewless –'लिॅस् a. (काव्य०, भाषण) अदृश्य, अगोचर, अलक्ष्य, दिखाई न पड़नेवाला, बिनदेखा।

viewy –'इ a. (बोल०) सनकी, झक्की, धुनवाला।

vigesimal वाइजे'सिमॅल् a. विंश, बीसवाँ।

vigia विजी'अ n. सूचना[F], चेतावनी[F], खबरदारी[F]।

vigil वि'जिल् n. सजगता[F], जागरूकता[F], जागृति[F], जागरण, चौकसी[F], होशियारी[F]; रात्रिजागरण, रतजगा; (विशे० बहुव०) नैशपूजन, निशापूजा[F], रात्रिपूजा[F], रात[F]की उपासना[F]।

vigilance –लॅन्स् n. सतर्कता[F], (~ *case*), सजगता[F], जागरूकता[F], अवधान, सावधानी[F], चौकसी[F], देखरेख[F], होशियारी[F], खबरदारी[F], (~ *committee*); (विकृति०) अनिद्रा[F], विनिद्रता[F], निद्राहीनता[F], जाग्रदवस्था[F], जागनेकी बीमारी[F];

~ case, ~ officer, ~ section.

vigilant –न्ट् a. अनिन्द्र, विनिद्र, अस्वाप, जाग्रत्, जागरूक, अप्रमत्त, सचेत, सजग, सतर्क, सावधान, चौकस, होशियार, खबरदार (~ *control*)।

vigilante ⊙ विजिलैन्'टि n. शान्ति-सुख-व्यवस्थापक समिति[F]का सदस्य या मेम्बर।

vignette[1] विन्येॅट्' n. (स्था०) पुष्पादि-चित्र, चित्र-विचित्र छवि[F]; बेलबूटा, पत्तीकारी[F], गुलकारी[F], पुस्तक[F]के मुखपृष्ठका चित्र; (छायांकित या रेखांकित) चित्र, फीटो, प्रतिमा[F]; (ला०) रेखाचित्र; शब्दचित्र।

vignette[2] v. t. (केवल कन्धे तककी) मूर्तियाँ[F] बनाना, मूर्तियों[F]की छाया[F] बनाना।

vignetter, vignettist –'टॅर्, –'टिस्ट् nn. पुष्पादि-चित्रकार, क्षुद्रछविकार, बेलबूटा काढ़नेवाला, प्रतिमा[F] बनानेवाला।

vigoroso विगॅरो'सो (It) adv. (संगीत) सवेग, तेजी[F]से; शक्तितः, जोशके साथ।

vigorous वि'गॅरॅस् a. ओजपूर्ण, ओजस्वी, प्रबल, शक्तिशाली, शक्तिवान्, वीर्यवान्, बलशाली, जोरदार; साहसी, साहसपूर्ण, हिम्मती; मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी, अन्तः-स्पर्शी, तीक्ष्ण, प्रभावपूर्ण; उत्साही, उत्साहपूर्ण, उत्साह-वर्द्धक;

~ delta, ~ monsoon, ~ storm.

vigorousness :–निस् n. ओजपूर्णता[F], शक्तिवत्ता[F], वीर्यवत्ता[F]; बलशालिता[F], साहस, साहसपूर्णता[F]; मर्म-भेदिता[F], मर्मस्पर्शिता[F], अन्तःस्पर्शिता[F], तीक्ष्णता[F], प्रभावपूर्णता[F]; उत्साहपूर्णता[F]।

vigour, vigor ⊙ –र् n. वीर्य, बल, शक्ति[F], शौर्य, ताकत[F]; सजीवता[F], जीवनशक्ति[F]; मानसिक शक्ति[F], दिमागी ताकत[F], (जीव०, वन०) ओज, तेज, प्रभाव; पौरुष; साहस, हिम्मत[F]; मर्मभेद, मर्मस्पर्शिता[F], अन्तः-स्पर्शिता[F], हृदयवेधिता[F], तीक्ष्णता[F]; उत्साह, प्रेरणा[F], आवेश, जोश।

vigourless –लिॅस् a. शक्तिहीन्, बलहीन, बिना ताकत[F]का; ओजहीन, तेजरहित, प्रभावहीन, पौरुषहीन; साहसरहित, बेहिम्मत; अमर्मभेदी, अमर्मस्पर्शी, अहृदयवेधी; अनुत्साह, निरुत्साह, आवेशहीन, मन्द।

viking वाइ'किंग् n. (आठवींसे दसवीं शती[F]के बीचका उत्तर सागरका) साहसिक, जलदस्यु, सामुद्रिक दस्यु, समुद्री डाकू।

vikingism –गिज़्म् n. जलदस्युवाद, समुद्रदस्युवाद, डाकूपन।

Vil. Village.

vilayet विला'येॅट् n. विलायत, (वलीके नीचे एक तुर्की प्रशासनक्षेत्र)।

vile वाइल्' a. व्यर्थ, निकृष्ट, निकम्मा, बेकार (~ *pen, pastry*); अधम, नीच, जघन्य, कमीना, घटिया (*the*

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~ *trade of an informer*); दुष्ट, दुरात्मा, दुराचारी, पापी, अधर्मी, दुश्चरित्र, शैतान, पिशाच, पाजी।

vileness –'निस् n. व्यर्थता^{F}, निकृष्टता^{F}, निकम्मापन, बेकारी^{F}; अधमता^{F}, नीचता^{F}; दुष्टता^{F}, दुरात्मता^{F}; दुराचार, पाप, अधर्म, अधर्मिता, दुश्चरित्रता^{F}, शैतानी^{F}, पिशाचपन।

vilification विलिफ़िके'शॅन् n. परिवाद, अपवाद, निन्दावाद, निन्दा, अयश, कुयश, कलंक, बदनामी^{F}, बुराई^F, खराबी^{F}, गाली गलौज।

vilifier –'लिफ़ाइअॅर् n. अपवादक, परीवादक, निन्दक, निन्दावादक, अपयश देनेवाला; कलंकित करनेवाला, बुराई^F लगानेवाला, बदनाम करनेवाला।

vilify –इ v.t. अपवाद फैलाना, निन्दा^{F} करना, मानहानि^{F} करना, कलंकित करना, कुयश फैलाना, बदनाम करना, बुराभला कहना।

vilipend वि'लिपेन्ड् v.t. तिरस्कृत करना, उपेक्षित समझना, अवज्ञा^{F} करना, अपमानजनक व्यवहार करना।

vill विल्' n. = VILLAGE, बस्ती^{F}।

villa वि'लॅ n. पल्लीभवन, महाभवन, ग्रामगृह, ग्रामनिवास, गाँवका बँगला।

villadom वि'लॅडॅम् n. ग्राम्य-समाज, ग्रामीण समाज, गाँव-समाज, ग्राम-मण्डली^{F}।

village –लिज् n. (कृषि०) ग्राम, गाँव, देहात, पुरवा, मौजा, बस्ती^{F}, (गुण०) ग्राव्य, ग्रामीण;

~ account, ~ accountant, ~ administration, ~ affairs, ~ agency, ~ agricultural land, ~ area, ~ area's lists, ~ authorites, ~bench,~ blacksmith,~ book, ~ boundary, ~ carpenter, ~ cattle, ~ cess, ~ channel, ~ community, ~ conservancy, ~ council, ~ court, ~ economy, ~ farm, ~ forest, ~ forest officer, ~ guide, ~ headman, ~ ~ history, ~ holder, ~ house, ~ immovable property, ~ industry, ~-land, ~ management, ~ map, ~ market, ~notebook, ~ office, ~ officer, ~ official, ~ organization, ~ panchayat, ~ papers, ~ planning, ~ police, ~-policeman, ~ police officer, ~ postman, ~ practitioner, ~ record, ~ register, ~ rent-roll, ~ return, ~ revenues, ~ road, ~ sanitation, ~ sanitation measures, ~ sanitation records, ~ school, ~ servant, ~ service holding, ~ service tenant, ~ service tenure, ~ share, ~ site, ~ statement, ~ survey, ~ sweeper, ~ tract, ~ trading, ~-uplift, ~-uplift centre, ~ vaccination, register, ~ waste, ~ watchman.

villager –जॅर् n. ग्रामिक, ग्रामीण, ग्रामी, ग्रामवासी, ग्राम्यजन, गँवार, देहाती।

villagery –रि n. ग्रामवर्ग, ग्राममण्डल, ग्राम्य जनता^{F}।

villain[1] वि'लॅन् n. (स्त्री० *-ess*) दुष्ट, दुरात्मा, दुर्जन, खलनायक, खल, नराधम, नीच, शैतान, पाजी, लुच्चा, गुण्डा, आवारा; ग्रामिक, ग्रामीण, ग्राम्यजन, ग्रामवासी, गँवार, देहाती; असभ्य (व्यक्ति), अशिष्ट (आदमी); (इति० *villein* भी) भूमिजीवी, खेतिहर।

villain[2] a. (प्रा०) ग्राम्य, ग्रामीण, देहाती, गँवार; अशिष्ट, असभ्य, उजड्ड, अक्खड़, अनगढ़; (इति०) ग्राम्यजीवी, खेतिहर, सम्बन्धी।

villa(i)nage, ville(i)nage –निज्, –निज nn. नीचता^{F}, अधमता^{F}; श्रमजीवियोंकी खेती^{F} या चाकरी^{F}, पहरेदार खेतिहरोंकी दासप्रथा^{F} या चाकरी^{F}; दुष्टजन, बदमाश लोग; दुष्टता^{F}, नीचता^{F}, शैतानी^{F}, बदमाशी^{F}।

villainous वि'लॅनॅस् a. पिशाचार्ह, दुर्जनोचित, शैतानवाला; दुष्ट, दुर्वृत्त, पापिष्ठ, जघन्य, कुत्सित, अधम, नीच, क्षुद्र, पाजी, बदजात, कमीना, बदमाश, बुरा; (बोल०) एकदम खराब, बिल्कुल बुरा, निहायत रद्दी (~ *hotel, style*)।

villainousness –निॅस् n. दुर्वृत्तता^{F}, दुष्टता^{F}, अधमता^{F}, जघन्यता^{F}, नीचता^{F}, क्षुद्रता^{F}, कमीनापन।

villainy –नि n. दुष्कर्म, जघन्य कर्म, पाप, अधम, कार्य, पाजीपन, शरारत^F, बदमाशी^{F}का काम।

villatic –टिक a. ग्राम्य, ग्रामिक, ग्रामीण, देहाती, गाँवका।

villeggiatura (It) n. ग्रामवास, ग्रामनिवास, देहातमें रहना।

villein वाइ(वि)'लिन् a. & n. दे० VILLAIN; दास, प्रजा^{F}, रइयत^F।

villiform, villoid वि'लिफ़ॉर्म्, –'लाऍड् aa. रसांकुर रूप, अंगुष्किाकार; लोमवत्, बालनुमा, पशमनुमा।

villose, villous –लोस्, लॅस् aa. रसांकुरीय, रसांकुर-सम्बन्धी; अंकुरीय; अंकुर-सम; (वन०) विरल रोमी, विरल रोमिल, रोएँदार, बालदार, झबरा।

villosity –लॉ'सिटि n. (चि०) सांकुरता^{F}, अंकुरावृत्तता^{F}; रसांकुरत्व, अंगुष्किात्व; झबरापन।

villous –'लॅस् a. (वन०) विरल रोमिल, रोमांकुरयुत, दे० VILLOSE.

villus –स् n. (श० र० शा०) (वन०, जीव०, चि०, कृषि०) अंकुर (श्लेष्मल कलापर होनेवाले) रसांकुर, रोमांकुर, अंगुष्किा^{F}; (वन० शा०; फूलों अथवा फलोंके ऊपरके) कोमल बाल, लोम, रोएँ, पशम।

vim विम्' n. (बोल०) ओज, तेज, प्रभाव, सत्त्व, शक्ति^{F}, बल, पौरुष, ताकत^F; प्रेरणा^{F}, उत्साह, जोश; उद्यम।

viminal –'मिनॅल् a. प्ररोहात्मक, प्ररोही; कोपल^{F}का।

vimineous –निॅअॅस् a. प्ररोह-निर्मित, अँखुयेका बना; शाखा-निर्मित, टहनियों^{F}का बना।

vina वी'नॅ n. वीणा^{F}, प्रपंची^{F}।

vinaceous वि(वाइ)ने'शॅस् a. द्राक्षीय, द्राक्षा-विषयक, अंगूरका; शोणित।

vinaigrette विनिग्रे'ट् n. सुगन्धित द्रवके लिए शीशी^{F} या बोतल^F या डब्बा।

vinasse विनास्' n. तलछट^F।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

vinca विन्'कॅ n. करवीरबन्धु, (चि०) विंका, ग्राही, व्रणरोपक और स्तन्यरोधी।

vincibility विन्सॅबि'लिटि n. जेयता^{F}, विजेयता^{F}, जीते जीनेकी अवस्था^{F}।

vincible –सॅबॅल् a. (क्र०) जेय, विजेय, जीतने योग्य।

vinculum विन्'क्यूलॅम् n. (pl. *-la*) शिरोबार, (ग०) रेखाकोष्ठक, रेखाबन्धनी^{F}, शिरोरेखा^{F}, ऊपरी रेखा^{F} (a+b×c=ac+bc); (शारीर०) बन्धनी^{F}।

vindemial विन्डी'मिअॅल् a. द्राक्षीय, द्राक्षा-, अंगूरी।

vindicability विन्डिकॅबि'लिटि n. निरसनीयता^{F}; प्रतिपाद्यता^{F}, समर्थनीयता^{F}; पौष्टिकता^{F}; रक्षणीयता^{F}।

vindicable –'डिकॅबॅल् a. निरसनीय; प्रतिपाद्य, समर्थनीय; पोषणीय, रक्षणीय।

vindicate –केट् v.t. प्रतिपादन करना, प्रतिसमर्थन करना, समर्थन करना, पुष्टि^{F} करना, सहारा देना; पालन करना, रक्षा^{F} करना; सत्त्व स्थापित करना, स्थिर करना, कायम रखना, पक्का करना; प्रमाणित करना; दोषनिरसन करना, निर्दोष सिद्ध करना, न्यायसंगत सिद्ध करना; शोधन करना, दण्ड देना।

vindication –के'शॅन् n. प्रतिपादन, प्रतिसमर्थन, पुष्टीकरण, प्रमाणीकरण, स्थापन, निर्वाह; दोष-प्रक्षालन, परिशोधन, दोषमुक्ति^{F}, दोषनिरसन।

vindicative –डिकॅटिव् a. प्रतिकारपरायण, वैरसाधक, निरसनशील, प्रतिशोधात्मक; समर्थनशील; समर्थनकारी; ~ damage (का०) दण्डात्मक क्षतिमूल्य या हर्जाना।

vindicator –केटॅर् n. प्रतिपादक, पोषक, प्रतिसमर्थक, समर्थनशील, प्रमाणित करनेवाला।

vindicatory–रि a. समर्थनशील, समर्थनकारी; (कानून) दण्डात्मक, दोषनिरसनात्मक, परिशोधात्मक।

vindicatress –ट्रिस् n. समर्थिका^{F}, प्रतिपादिका^{F}।

vindictive विन्डिक्'टिव् a. प्रतिहिंसापरायण, प्रतिकार-परायण, प्रत्यपकारी, प्रतिकारी; प्रतिकारशील; (कार्य आदि के लिए) प्रतिशोधात्मक, प्रतिहिंसात्मक, प्रत्यपकारात्मक; दण्डात्मक; ~ damages प्रतिवादीसे दण्डस्वरूप लिया गया खर्चा।

vindictiveness –निॅस् n. प्रतिहिंसापरायणता^{F}, प्रतिकारपरायणता^{F}, प्रत्यपकारिता^{F}, प्रतिकारिता^{F}; प्रतिहिंसात्मकता^{F}, प्रत्यपकारात्मकता^{F}, प्रतिशोधभाव, दण्डभाव, प्रतिशोधात्मक व्यवहार।

vindimiatrix –मिॲट्रिक्स n. (ज्यौ०) पंचम कन्या^{F}, T.।

vine वाइन्' n. द्राक्षा^{F}, दाख^{F}की लता^{F}, (कृषि०) अंगूर-की बेल^F; ~s वल्ली^{F}, लतायें^{F} ⊙ ~-borer, -fretter, -grub अंगूरी कीड़ा;

~ black, ~-bordered, ~-clad, ~-covered, ~-decked, ~ disease, ~ dresser, ~-encircled, ~ grower, ~-hung, ~-laced, ~land, ~-leafed, ~-mantled, ~ prop, ~-robed, ~-tree, ~-wreathed.

vinegar[1] वि'निॅगॅर् n. (रसा०) चुक्र, शुक्त, शौक्तिक, (रसा०) सिरका; (ला० प्रायः गुण०) अम्ल, खट्टा (~ *countenance*); V ~ Bible अंगूरवाटिका^{F}की कथा^{F}से युक्त (१७१७ ई० में सम्पादित) बाइबिल^F; ~ plant खमीर वाली काई^F।

vinegar[2] v. t. चुक्रमिश्रित करना, शुक्तमिश्रण करना, सिरका मिलाना; चुक्र बनाना, शुक्त बनाना।

vinegarish –रिश् a. चुक्रात्मक, शुक्तात्मक, सिरकेदार, खट्टा।

vinegary –रि a. चुक्रस्वाद, शुक्तस्वाद, अम्ल, खट्टा।

vinery वाइ'नॅरि n. (उत्पादनार्थ) द्राक्षाभवन, अंगूर-घर।

vineyard विन्'यॅर्ड् n. द्राक्षा-वाटिका^{F}, द्राक्षा-क्षेत्र, (कृषि०) अंगूर वाटिका^{F}, अंगूरोपवन, अंगूरका खेत, अंगूरका बाग।

vingt-et-un (F) वान्टेअम् n. इक्कीसी, इक्कीस पत्तों-का ताशका खेल।

vini- द्राक्षा-, द्राक्षिरा-, अंगूर- (~*culture*, ~*culturist*, ~*ferous*, ~*fication*)।

vinic विनिक a. द्राक्षिरीय, सुरा-सम्बन्धी, शराब^{F}का।

viniculture विनिकल्'च्युॅर् n. द्राक्षा-कृषि^{F}, अंगूरकी खेती^{F}।

viniculturist –चॅरिस्ट् n. द्राक्षाकृषक, द्राक्षोत्पादक कृषक, अंगूरका किसान।

vinification –निफ़िकें'शॅन् n. द्राक्षिरीयण, फलयूषका खमीर उठाना।

vinology वाइनॉ'लॅजि n. द्राक्षिरा-विज्ञान, मद्यशास्त्र, मदिरा-विद्या^{F}।

vinosity–सिटि n. मद्य-सादृश्य, मदिरावत्ता^{F}; द्राक्षीयता^{F}; मद्य; नशा, नशीलापन।

vinous –नॅस् a. द्राक्षा-, द्राक्षीय (~ *liquors*); मद्य-सम्बन्धी, आसवीय, आसव-विषयक, सुरामय, मद्यका, मदिरा^{F}का, शराब^{F}का; मद्यवत्, शराब^{F}के समान; मद्यजनित; नशाका-सा, नशीला।

vint[1] विन्ट्' n. विण्ट (रूसी ताशका खेल-विशेष)।

vint[2] v.t. मद्य-निर्माण करना, मदिरा^{F} बनाना, शराब^F बनाना।

vintage –टिज n. द्राक्षा^{F}, दाख^F, अंगूर; द्राक्षा-चयन-ऋतु^{F}, द्राक्षा-संग्रहकाल, अंगूर आनेका मौसम; (अंगूरकी मौसमी उपज^{F}से बना हुआ) मद्य; (काव्य, भाषण) मद्य, मधु, मदिरा^{F}, आसव, शराब^F; ~ wine अंगूरी शराब^F।

vintager –जॅर् n. द्राक्षा-चयक, द्राक्षा-चयनकार, अंगूरकी फसल^F एकत्र करनेवाला।

vintner विन्ट्'नॅर् n. शौण्डिक, सुराजीवी, मद्यविक्रयी, मधुविक्रेता, मदिरा-व्यवसायी, शराब बेचनेवाला, कलार, कलवार।

vintnery –रि n. मदिरा-व्यवसाय, शराब^{F}की दुकान^F।

vintry –ट्रि n. द्राक्षिरा-कक्ष, द्राक्षिराशाला^{F}, मदिरा^{F} रखनेकी दुकान^F या जगह^F।

vinum ⊙ वाइ'नॅम् n. द्राक्षिरा^{F}, मदिरा^{F}, अंगूरी शराब^F, वाइन^F।

viny–नि a. द्राक्षालता-विषयक, दाख^{F}के पौधेका, अंगूरकी

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेल[F]का ।

viol वाइ'ॲल् n. षट्तन्त्री[F], वीणा[F], सारंगी[F], वायल, (चि०) वनफशाह तथा उस जाति[F]के अन्य पौधे, छाती[F] और वृक्क-रोगोंमें उपयुक्त ।

viola[1] विओ'लॅ n. मध्यतन्त्री[F], वेला[F](बड़ी सारंगी[F]) ।

viola[2] n. हृत्सुख, नैनसुख, वायला (एक नील-लोहित फूलदार पौधा) ।

violable वाइ'ॲलॅबल् a. लंघनीय, उल्लंघनीय, अतिक्रमणीय, भंजनीय, भंग करने योग्य, तोड़ने योग्य; अपवित्र करने योग्य, भ्रष्ट करने योग्य; व्याघात करने योग्य ।

violaceous वाइऑले'शॅस a. नीलारक्त, नीलरक्ताभ, नीललोहितवर्णीय, नीला लाल रंगका, बैंगनी; नीललोहित पौधेके परिवारका ।

violate वाइ'ॲलेट् v. t. लंघन करना, उल्लंघन करना, (का०) **अतिक्रमण करना**, सीमोल्लंघन करना, भंग करना, तोड़ना; विरुद्ध करना, प्रतिकूल करना; (शपथ[F], समझौता, नियम इत्यादिको) अपवित्र करना, दूषित करना, भ्रष्ट करना, बिगाड़ना; दुर्व्यवहार करना, उद्धतता करना, उद्दण्डता करना, असाधु आचरण करना; विघ्न करना, बाधा[F] देना, आघात करना, व्याघात करना, खलल डालना; बलात्कार करना, जबरदस्ती[F] करना; सतीत्व भंग करना ।

violated –टिॅड् a. अतिक्रान्त, उल्लंघित, अतिक्रमित; दूषित, भ्रष्ट ।

violation –लेशॅन् n. **उल्लंघन, अतिक्रमण**, अतिक्रम, खण्डन, भंग; अपवित्रीकरण, दूषित करना; बाधा[F], विघ्न, आघात, व्याघात; बलात्कार, आधर्षण ।

violative–अलेटिव् a. उल्लंघी, (राज०) **उल्लंघनकारी**, अतिक्रामी; बाधक, विघ्नशील, आघाती, व्याघाती; दूषक, अपवित्रकारी ।

violator –टॅर् n. लंघक, उल्लंघक, अतिक्रामी, भंजक, तोड़नेवाला, उद्धत, उद्दण्ड, गुस्ताख आदमी; बाधक, आघाती, व्याघाती; बलात्कारी, धर्षक ।

violence वाइ'ॲलॅन्स् n. (का०) **हिंसा**[F], बलाचरण, बल-प्रयोग, शक्ति-प्रयोग (*was compelled to use* ~); वेग, उग्रता[F], तीक्ष्णता[F], प्रचण्डता[F], तीव्रता[F]; विरोधी आचरण, उग्र व्यवहार, निरादर, अपमान (*did* ~ *to his feelings*); उत्पीड़न, प्रमाथ, अत्याचार, बलात्कार, जबरदस्ती[F] ।

violent* –न्ट् a. **हिंस्र, हिंसात्मक**, हिंसापूर्ण* (~ *conduct*); अन्यायपूर्ण; गुरु, वेगवान्, (रसा०) **तीव्र**, तेज*, सख्त, जोरदार; बलात्कारपूर्ण, जबरदस्तीका; उग्र, प्रबल, (रसा०) **प्रचण्ड***, घोर*; शक्तिशाली, बलशाली; (क़ानून) हिंस्र, हिंसक;

~ abuse, ~ attachments, ~ blows, ~ collision, ~ conduct, ~ contrast, ~ controversy, ~ death, ~ discrepancy, ~ dislike, ~ effect, ~ encroachment, ~ fluctuations, ~ hands, ~ pain, ~ presumption, ~ reaction, ~ sickness, ~ storm, ~ temper.

violescent वाइऑले'सॅन्ट् a. नील-रक्ताभ, नील-लोहित, नीला-लाल-सा, बैंगनी ।

violet[1] वाइ'ॲलिॅट् n. नीलपुष्प, बनफशा, वायलेट (पीले, बैंगनी तथा कई प्रकारके रंगोंवाला) पौधा; (*common blue, sweet, dog-* ~); पाटल, रक्तनीलवर्ण, नील-लोहित वर्ण, नीलाभ रक्त, जम्बु रंग, जामनी रंग, (रसा०, भौ०) **बैंगनी** रंग; बैंगनी तितली[F] या फतिंगा; (कृषि०, वन०) T.

~ black, ~-bloom, ~-blue, ~-brown, ~ carmine, ~-coloured, ~-crowned, ~ cuckoo, ~-dyed, ~embroidered, ~-flowered, ~-hooded, ~-hued, ~-perfume, ~ powder, ~-rayed, ~-red, ~-scented, ~-shrouded, ~-striped, ~ sweet.

violet[2] a. पाटल, नील-लोहित, नील-रक्त, जम्बु रंगका, जामनी रंगका, बैंगनी ।

violin[1] वाइ'ॲलिन n. वीणिका[F], वेला[F], सारंगी[F], चिकारा; वीणिकावादक, सारंगी[F] बजानेवाला; *first, second* ~ (आर्केस्ट्रा इत्यादिमें) प्रथम या द्वितीय सारंगी-वादक ।

violin[2], **-ine** –इन् n. नीललोहिति, बैंगनी रस, (मधुर पाटल या नील-लोहित फूलोंवाले पौधोंमें एक वमनकारक तत्त्व) ।

violinist –निस्ट् n. वीणिका-वादक, सारंगीवाज ।

violist –लिस्ट् n. वायल-वादक, सारंगी[F] बजानेवाला ।

violoncellist –लान्सेलिस्ट् n. प्रतन्त्रिकावादक, वायोलनसेलो बजानेवाला, कन्धवेला बजानेवाला, सारंगी[F] बजानेवाला ।

violoncello वीऑलॅन्चे'लो n. (pl. *-s*) प्रतन्त्रिका[F], वायोलनसेलो (एक प्रकारकी सारंगी[F] या वेला[F]) ।

V.I.P. Very Important Person.

viper वाइ'पॅर् n. पृदाकु, दन्तशूक, नाग, (चि०) **व्याल, वाइपर**, (बच्चे देनेवाले विषैले साँपोंका एक वर्ग); Russell's ~ (चि०) गोनस; (ला०) मलिन व्यक्ति, दुष्ट व्यक्ति, कपटी पुरुष, प्रतारक, छली, धोखेबाज आदमी ।

viperiform –रिफ़ॉर्म् a. पृदाकुरूप, दन्तशूकाकार, व्यालाकार, वाइपरके आकारका, साँपकी शक्ल[F]का ।

viperine –राइन् a. पृदाकुवत्, दन्तशूक-सदृश, व्याल-सदृश, साँप-जैसा, वाइपर-सम ।

viperish –रिश् a. (चि०) व्याल जैसा, साँप-जैसा, विषैला; (ला०) मलिन, दुष्ट, मूजी, कपटी, प्रपंची, छली, धोखेबाज, दगाबाज ।

viperoid –रॉइड् a. पृदाकुवत्, व्याल-सा, साँप-जैसा, वाइपर-सा ।

viperous –रॅस् a. विषैला, जहरीला; (ला०) मलिन, दुष्ट, कपटी, प्रपंची, छली, धोखेबाज, मक्कार ।

viraginian, -nous विरेजि'निॲन्, विरै'जिनॅस् aa. प्रचण्डस्त्रीवत्, कलहप्रिय, झगड़ालू, लड़ाका ।

viraginity वाइरॅजि'निटि n. (शिक्षा०) **पुरुषायितता**[F] ।

virago –रे'गो n. (pl.-*s*) उग्रचण्डा रमणी[F], कलहप्रिया

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नारी^{F}, कर्कशा स्त्री^{F}, कंकाला नारी^{F}, झगड़ालू औरत^{F}, लड़ाकी औरत^{F}, (प्रा०) युद्धकारिणी स्त्री^{F}, ऋषभी स्त्री^{F}, मर्दानी औरत^{F} ।

viral वाइ'रॅल् a. विषाक्त, विषाणुयुक्त, (चि०) विषाणु रूप, विषाणु-जनित, (~ *infection*), (चि०) विषाणु सम्बन्धी ।

virazon वि'रॅजॅन् n. (ऋतु०) **जलसमीर** ।

virelay वि'रि ॅले n. (विशे० प्राचीन फ्रांसीसी) कविता^{F} का भेद ।

virent वाअॅ'रॅन्ट् a. स्वच्छ, ताजा; श्यामल, हरित, हरा ।

vires acquirit eundo (L) (यशमें) शक्ति^{F} आते-आते कहीं आती है ।

virescence विरे ॅ'सॅन्स् n. श्यामलता^{F}, (कृषि०) **हरितोदय**, हरियाली^{F} ।

virescent –न्ट् a. श्यामल, ईषद्हरित, हरा-सा ।

virga वर्'गॅ n. (का०) **फूहरी**^{F}, फुहार^{F}, झींसी^{F} ।

virgate वर्'गॅट् a. शलाकावत्, दण्डाकार, छड़की तरह का, पतला, सीधा; (वन०) **पट्टित** ।

virgin[1] वर्'जिन् n. कन्या^{F}, कुमारी^{F}, असम्भुक्ता स्त्री^{F}, अक्षता^{F} तरुणी^{F}, अक्षतयोनि नारी^{F}, अविवाहिता स्त्री^{F}, कुँवारी^{F}; संन्यासिनी^{F}, साधुनी^{F}, सधुआइन^{F}; (संक्षिप्त B.V.M.) कुमारी मेरी^{F}की मूर्ति^{F}; (बिना गर्भधारण किये अण्डा देनेवाली) मादा कीड़ा; (ग० ज्यो०) = VIRGO; the (blessed) V~ मरियम ।

virgin[2] a. कन्या, कुमारी, अक्षतयोनि, अविवाहिता, कुँवारी; असम्भुक्ता, अव्यवहृत, अक्षत (~ *land*), अक्षुण्ण, अछूता, अनछेड़ी, शुद्ध, पवित्र, निष्कलंक, बेदाग (~ *modesty*); कुमारी-सुलभ; (कीड़ोंके लिए) गर्भधारण बिना अण्डा देनेवाली; ~ honey छत्तेवाला शहद; the V~ Queen रानी एलिजाबेथ^{F} प्रथम; ~ soil, ~ clay अकृष्टपूर्वा भूमि^{F}, परती^{F}, कच्ची मिट्टी^{F}, अनजुती मिट्टी^{F}; ~ gold (रसा०) **प्राकृत स्वर्ण**; ~ uterus (चि०) कुमारी-गर्भाशय ।

virginal[1] वर्'जिनॅल n. (इति०; १६-१७वीं शती^{F}में बजाया जानेवाला) एक प्रकारका बाजा ।

virginal[2] a. कौमार्य-विषयक, कुमारीपनका; कुमारी, अक्षता, अनघ्राता, असम्भुक्ता, शुद्ध, पवित्र, निष्कलंक, बेदाग ।

virginhood, virginity –हुड्, –निटि nn. (रसा०) **कौमार्य**, कुमारीत्व, **अक्षत योनित्व, अक्षतता**^{F}, अक्षतावस्था^{F}, सतीत्व, शुद्धता^{F}, पवित्रता^{F}, निष्कलंकता^{F} ।

Virginia वर्जि'निअॅ n. वर्जिनिया तम्बाकू^{F}, ~ creeper अंगूरी बेल^{F} ।

Virginian[1] –अॅन् n. वर्जीनियावासी ।

Virginian[2] a. वर्जीनिया-विषयक, वर्जीनिया-सम्बन्धी, वर्जीनियाका ।

Virginibus puerisque (L) बालक-बालिकाओं^{F}के लिए, बालबच्चोंका ।

virginity वर्जि'निटि n. दे० VIRGINHOOD.

Virgo वर 'गो n. **कन्या**^{F}, कन्या राशि^{F}; चित्रा नक्षत्रका आधा भाग ।

virgule वर्'ग्यूल् n. शाख^{F}, शाखा^{F}, टहनी^{F}; दण्ड, छड़ ।

virial वि'रिॲल् n. **स्थितिकर्म**; T. (~ co-efficient, ~ *expansion*) ।

virid वि'रिड् a. श्याम, श्यामल, हरित, हरा ।

viridescence –डे ॅ'सॅन्स् n. श्यामाभता^{F}; शाद्वलता^{F}, ईषद् हरितता^{F}, कुछ हरापन ।

viridescent –न्ट् a. श्यामाभ, शाद्वल, ईषद् हरित, कुछ हरा, हरा-सा ।

viridiflorous –डीफ्लोरस् a. हरिपुष्प, हरे या साँवले फूलवाला ।

viridite वि'रिडाइट् n. हरिताश्म ।

viridity विरि'डिटि n. शाद्वलता^{F}, श्यामलता^{F}, हरितत्व, हरितवर्णत्व, हरियाली^{F}, हरियावल^{F}, सब्जी^{F} ।

virile वि'राइल्, वाअॅ'राइल् a. पौरुषेय, पुरुषार्थी, पौरुषयुक्त, पुरुषार्थका, पुरुषोचित, वीर्यवान्, वीर्यान्वित, सतेज, प्रजनन-क्षम, पौरुषिक-बल-सम्पन्न, जोरदार ।

virilescence विरिले ॅ'सॅन्स् n. (मादा^{F} द्वारा) नरके लक्षण, नरत्व, पुंवत्ता^{F} ।

virilia वि'रिलिॲ n. (चि०) पुरुष जननेन्द्रिय ।

virilism वि'रिलिज़्म् n. (चि०) **पुंवत्ता**^{F} ।

virility विरि'लिटि n. वीर्य, वीर्यवत्ता^{F}, पुंवत्ता^{F}, पुंस्त्व, (दर्श०) **पौरुष**, पुरुषत्व, नरत्व, पुरुषार्थ, मर्दानगी^{F} ।

virology ⊙ वाअॅरॉ'लॅजि n. विषाणु-विज्ञान, (चि०) **वाइरस विज्ञान** ।

virose वाअॅ'रोस् a. (वन०) **विषैला** = VIROUS.

virous –रॅस् a. विषाक्त, विषमय, विषैला, जहरीला ।

virtu वर्टू' n. ललित-कला-प्रेम; औत्सुक्य, उत्सुकता^{F}, ज्ञानीहा, ज्ञानेप्सा^{F}; जिज्ञासा^{F}, object of ~ प्राचीन कलात्मक पदार्थ ।

virtual वर्'ट्यूॲल् a. (शिथिल) यथार्थ, वास्तविक, असली, हकीकी; (शिक्षा०, भौ०, जीव०) **कल्पित, प्रतीयमान**, सम्भाव्य, (स्थिति वि०, शिक्षा०, भौ०, जीव०) **आभासी**; ~ cautery (चि०) क्षारदहनकर्म; ~ velocity सूक्ष्म प्रवेग; आभासी वेग;

~ ampere, ~ displacement, ~ focus, ~ height, ~ image, ~ joint, ~ temperature, ~ velocity, ~ work.

virtuality –ऐ'लिटि n. प्रतीयमत्ता^{F}, आभास, सम्भाव्यता^{F}, सम्भावना^{F}; (शिथिल) यथार्थता^{F}, वास्तविकता^{F} ।

virtually –'ट्यूॲलि adv. यथार्थतः, वस्तुतः, कार्यतः, प्रभावतः, फलतः, सम्भवतः ।

virtue वर्'ट्यू n. पुण्य, धर्म, सुकृत, साधुता^{F}, सदाचार, नैतिक उच्चता^{F}, नैतिक विशालता^{F}, सुजनता^{F}, उत्तमता^{F}, भलापन, अच्छापन, भलाई^{F}, नेकी^{F}; कौमार्य, कुमारीपन; सतीत्व, शुद्धता^{F}, पवित्रता^{F}, उत्तम गुण; बल, शक्ति^{F}, क्षमता^{F}, सामर्थ्य, जोर; (दर्श०) **सद्गुण**, उत्तम गुण, अच्छा गुण; (pl.) देवदूतकी सप्तम श्रेणी^{F} (सद्गुण), दे० ORDER[1]; theological ~s धार्मिक गुण (विश्वास, आशा^{F}, दान); *by* or *in* ~ *of* के बलसे, की शक्ति^{F}से,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के निमित्त, के कारणसे, की बदौलत, की वजहसे; *make a ~ of necessity* बाध्य होकर भी अप्रियको प्रिय कर्तव्य समझकर करना; *~ is its own reward* धर्म जीवनका परम फल है।

virtueless –लिॅस् a. अधर्मी, असज्जन, असाधु, असदाचारी, नैतिक-उच्चता-रहित; भ्रष्ट, असती, अपवित्र, अशुद्ध, खराब; कौमार्यशून्य, कौमार्यरहित; निर्गुणी, अगुणी, विगुणी, गुणहीन, निगुना, निकम्मा; बलहीन, शक्तिहीन, प्रभावशून्य, सामर्थ्यरहित, असमर्थ, बेअसर।

virtuosity, virtuososhiip वर्च्यूऑ'सिटि, –सोशिप् nn. कलाज्ञता^{F}, कलामर्मज्ञता^{F}, कलाविज्ञता^{F}, कलाकारिता^{F}, कलादक्षता^{F}, कलानिपुणता^{F}, कलाप्रवीणता^{F}, कलानुराग, कलास्नेह, कलाप्रेम।

virtuoso वर्च्यूओ'सो n. (pl. *-si*) कलामर्मज्ञ, कलाविज्ञ, कलाविद्, कलाकार, कलास्नेही, कलाप्रेमी, कलानुरागी, कलापारखी।

virtuous वर्'च्यूअॅस् a. सत्, साधु, सदाचारी, सज्जन, धर्मात्मा, धर्मपरायण, धर्मशील, पुण्यशील, पुण्यात्मा, उत्तम, अच्छा, भला, नेक (*~ life*); कुमारी, पतिव्रता, सती, शुद्ध, पवित्र, निष्कलंकिनी; (दर्श०) **सद्गुणी**, गुणवान्, गुणशील।

virtuousness –निॅस् n. पुण्यता^{F}, साधुत्व, सदाचार, सज्जनता^{F}, धर्मपरायणता^{F}, धार्मिकता^{F}, धर्मात्मत्व, उत्तमता^{F}, अच्छाई^{F}, भलाई^{F}, नेकी^{F}; कौमार्य, सतीत्व; शुद्धता^{F}, पवित्रता^{F}, निष्कलंकत्व; सद्गुणता^{F}; गुणवत्ता^{F}, गुणशीलता^{F}।

Virtutis amor (L) n. धर्मप्रेम।

virulence, -cy वि'रियू(रु)लॅन्स्, -सि nn. (चि०) विषालुता^{F}, विषैलापन, विषाक्तता^{F}, विषपूर्णता^{F}, जहरीलापन; घातकता^{F}, मारात्मकता^{F}, सांघातिकता^{F}; कटुता^{F}, कड़वापन; उत्कटता^{F}, उग्रता^{F}, (कृषि०) **प्रचण्डता**^{F}, सख्ती^{F}; **तीव्रता**^{F}, तीक्ष्णता^{F}, तीखापन; तेजी^{F}; विषमता^{F}।

virulent –न्ट् a. (चि०) विषसम, विषालु, विषाक्त, विषपूर्ण, विषधर, विषभरा, विषैला, जहरीला; (चि०) अनिष्टकर, घातक, मारक, सांघातिक (*~ ulcer*); उत्कट, उग्र, प्रचण्ड, तीक्ष्ण, तीखा, सख्त, तेज, जोरदार (*~ animosity, epidemic*)।

viruliferous –यूलि'फॅरस् a. (चि०) विषाणुवह, विषाणुजन, विषाणुकर।

virus वाअॅ'रॅस् n. (वन०, कृषि०) **विषाणु** (*~disease*), संक्रामक विष, स्पर्शक्रामक विष, क्षत^{F}से फैलनेवाला जहर; **वायरस**, विकृत द्रव्य; (ला०) द्वेष, मलिनता^{F}, तीखापन, कड़वापन; नैतिक विष।

vis- = VICE- (*~ count*)।

Vis, visc. Viscount.

vis विस्' n. बल, शक्ति^{F}, बस, जोर, ताकत^{F}; ऊर्जा^{F}।

visa वी'ज़ॅ n. & v.t. VISE[1,2]; **प्रवेशपत्र, वीज़ा**; (विधा०) **दृष्टांक, वीसा**।

visage वि'ज़िज् n. मुख, मुखश्री^{F}, आकृति^{F}, अनुहार, छवि^{F}, मुँह, चेहरा, शक्ल^{F}, सूरत^{F}।

visaged –ड् a. आकृतिवान्, आकृति^{F}का, अनुहारका, चेहरेवाला, शक्ल^{F}का, सूरत^{F}का; सुन्दर।

visard वि'ज़र्ड् n. दे० VISOR.

vis-a-vis[1] वीज़्'आवी n. सम्मुखीन व्यक्ति, सम्मुख स्थित व्यक्ति, आमने-सामने बैठा व्यक्ति; आमने-सामनेकी सीट^{F} या गाड़ी^{F}।

vis-a-vis[2] (F) a. & adv. मिथः उन्मुख, परस्परोन्मुख, सम्मुखीन, आमने-सामने; के प्रति, विषयमें, सम्बन्धमें, बारेमें; तुलना^{F}में, समता^{F}में।

viscacha, viz- विस्कै'चॅ, विज़् n. (दक्षिण अमेरिकी) खरगोश।

viscera वि'सॅरॅ n. अन्त्रस्थ, (चि०, कृषि०, जीव०) **आन्तराग, आभ्यन्तर अंग, अभ्यन्तरांग, अन्तरंग**, आशय, देहगुहान्तर; कोष्ठांग; अन्त्र^{F}, आँत^{F}, अँतड़ियाँ^{F}।

visceral –रॅल् a. (चि०, जीव०) **अभ्यन्तरांग-; आन्तरांग-**; कोष्ठांग-सम्बन्धी; आन्त्रःस्थ, आन्तरावयवीय, **आशय-, आशयिक** (*~ arch*); अन्त्रीय, आँत^{F}का, अँतड़ियों^{F}का; *~ skeleton* (जीव०) **अस्नीकंकाल, हनुकंकाल**;

~ arch, ~ artery, ~ connective, ~ ganglia, ~ mass, ~ membrane, ~ muscle, ~ nerve, ~ peritoneum, ~ pleura, ~ vein.

viscerate –रेट् v.t. (चि०) निरन्त्रण, आँत^{F} निकालना, पेट खाली करना।

viscerogenic ⊙ –रॅजे'निक् a. (शिक्षा०) **दैहिक**, आन्तरिक, अन्तरंग।

viscid वि'सिड् a. श्यान, आलग, सान्द्र, (वन०) **चिपचिपा**, लसलसा, लसदार, लुआवदार;

~ emulsion, ~ liquid, ~ mass.

viscidity –'डिटि n. आलगत्व, श्यानता^{F}, सान्द्रता^{F}, चिपचिपाहट^{F}, लसलसाहट^{F}, लसलसापन।

viscidize –'सिडाइज् v. i. आलगीकृत करना, आलगीभूत होना, श्यान बनाना या होना, चिपचिपा बनाना या होना, लसलसा बनाना या होना।

viscidness –ड्-निस् n. = VISCIDITY.

viscin वि'सिन् n. आलगि, श्लेषरस, लासा, एक प्रकारके वृक्षोपजीवीसे प्राप्त गोंद-सदृश द्रव्य।

viscometer विस्कॉ'मिॅटॅर् n. आलगमान, (रसा०, भौ०) **श्यानतामापी**।

viscometry –ट्रि n. आलगमिति^{F}, (रसा०) **श्यानतामिति**^{F}।

viscose विस्'कोस् १. n. श्लेष्य, कलफ; एक गोंद सदृश पदार्थ; (रसा०) T. (*~ process*); २. a. आलग, सान्द्र, (रसा०) **श्यान**, लसलसा।

viscosity –कॉ'सिटि n. (रसा०, ग०, चि०) **श्यानता**^{F} (*~ co-efficient, ~ tube*); = VISCOUSNESS.

viscount वाइ'कौन्ट् n. उपसामन्त, वाइ-काउण्ट।

viscountcy, viscountship, viscounty –सि, –शिप्, –टि nn. उपसामन्तपद, उपसामन्ती^{F}, वाइ-काउण्टका पद या क्षेत्र या स्थान।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

viscountess –टि ँस् n. उपसामन्त-पत्नी^F, उपसामन्तिन^F, उपसामन्तकी स्त्री^F, वाइ-काउण्टकी पत्नी^F, वाइ-काउण्टेस^F।

viscous विस्'कॉउस् a. (चि०, रसा०) **अन्तर्वर्ष**; (भौ०) आलग, सान्द्र, (रसा०, चि०) **श्यान**, चिपचिपा, लसलसा, लसदार, लुआबदार;

~ fluid, ~ liquid, ~ resistance, ~ substance.

viscousness –निँस् n. (भौ०) आलगत्व, सान्द्रता^F, (कृषि०, रसा०, चि०, भौ०) **श्यानता**^F, गाढ़ापन; चिपचिपाहट^F, लसलसाहट^F, लसदारी^F, लसलसापन।

viscus विस्'कॅस् n. (चि०) कोष्टाङ्ग, आशय; (चि०, जीव०) **आभ्यान्तराङ्ग, अन्तरंग**।

vise[1] वी'ज़े n. (पारपत्रका) दृष्टांक, अनुवेश-पत्र, अनुमति-पत्र, **पारपत्र**, प्रमाणीकरण सूचक चिह्न, तसदीकी मुहर^F; वीक्षा^F; वीसा।

vise[2] v.t. पारपत्रपर दृष्टांक लगाना; प्रमाणित करना, वीक्षा^F करना।

visibility विज़िबि'लिटि n. (परि०) **दृश्यता**^F, (~ *co efficient, ~ curve*), दृश्यमानता^F, दृष्टिगोचरता^F, स्पष्टता^F, प्रत्यक्षता^F; (धातुवि०, नौवि०, पदार्थोंको देखनेके लिए) वायुगत अनुकूलता^F।

visible –'ज़ॅबॅल् a. **दृश्य, दृश्यमान**, चक्षुर्ग्राह्य, नेत्र-विषयगत, नयनपथवर्ती, दृष्टिगोचर, दिखाऊ (~ *light, region*); व्यक्त, प्रकट, स्पष्ट, प्रत्यक्ष, जाहिरी, खुला, साफ़ (*has no ~ means of support*); मिलनार्थ सन्नद्ध, भेंट^F करनेको उद्यत (*is she ~ ?*); ~ church ईसाई लोग; ~ speech वर्णमाला^F;

~ horizon, ~ import, ~ point, ~ region, ~ representation, ~ signal, ~ spectrum.

visibleness –निँस् n. दृश्यता^F, दृष्टिगोचरता^F; स्पष्टता^F, प्रत्यक्षता^F।

visibly –लि adv. प्रत्यक्षतः, स्पष्टतः, प्रत्यक्ष रूपसे, स्पष्ट रूपसे, व्यक्त रूपसे, देखनेमें।

visile –जाइल a. (चि०) **दर्शनापेक्षी, दर्शनपरक**, दृष्टि-परक, दर्शनोत्सुक; (चि०) दृष्टि-ज्ञानी, दृष्टि^F का उपयोग अधिक करनेवाला तथा दृष्टि^F द्वारा प्राप्त ज्ञानको जल्दी स्मरण करनेवाला।

Vis inertiae (L) adv. बिना सामना किए हुए।

vision[1] वि'जन् n. दर्शन, दर्शनशक्ति^F, अवलोकन, अवलोकनशक्ति^F, (जीव०, चि०) दृष्टि^F, दृष्टिशक्ति^F, नजर^F, निगाह^F (*beyond our ~*); आभास, छाया^F, झलक^F, झाँकी^F; स्वप्नगत वस्तु^F, स्वप्न, सपना; कल्पना^F, दिवास्वप्न, मनःसृष्टि^F, मनोरथ (*romantic ~s of youth*); मृगतृष्णा^F; माया^F, धोखा; भूत; राजनीतिक दूरदृष्टि^F, राजनीतिक चातुर्य, राजनीतिक दूरदर्शिता^F; field of ~ दृष्टिसीमा^F; reflected ~ (प्रकाश किरणों^F के कारण) प्रतिबिम्बित या विकृत दृष्टि^F, परावृत दृष्टि^F; refracted ~ (प्रकाश किरणों^F के कारण) विवर्तित दृष्टि^F; भुजायित दृष्टि^F।

vision[2] v.t. अवलोकन करना, दर्शन करना, देखना; दृष्टिगत करा देना, हाजिर करना; झाँकी^F दिखाना, छाया-रूपमें उपस्थित करना।

visional –ज़ॅनॅल् a. दृष्टि-सम्बन्धी; मायावी, मायाग्रस्त, भ्रममय, अवास्तविक, असत्य, काल्पनिक, अव्यावहारिक, ख्याली।

visionariness –नॅरि-निँस् n. भ्रम, भ्रान्ति^F, स्वप्न-दर्शिता^F, कल्पनाप्रियता^F, अवास्तविकता^F, असत्यता^F, अव्यवहार्यता^F, ख्यालीपन, वहम, खब्तीपन।

visionary[1] –रि n. मायाग्रस्त जीव, कल्पनाविहारी, भ्रममें पड़ा हुआ व्यक्ति, स्वप्नद्रष्टा, स्वप्नदर्शी पुरुष, सपना देखनेवाला, ख्याली आदमी, वहमी इन्सान।

visionary[2] a. भ्रमग्रस्त, मायाग्रस्त, स्वप्नदर्शी, कल्पना-प्रिय, काल्पनिक, अवास्तविक, असत्य, अव्यवहार्य, ख्याली, वहमी।

visionist –निस्ट् n. = VISIONARY[1].

visionless –न्-लिँस् a. दृष्टिहीन, अन्धा; आभास-रहित।

visit[1] वि'ज़िट् n. दर्शन, संदर्शन, साक्षात्कार, भेंट, मिलन, **मुलाकात**; अभ्यागम, दर्शनार्थ गमन (*was on a ~ to some friend*); अल्पवास, अस्थायी निवास; **भ्रमण, जाना; निरीक्षण**, वीक्षण, **मुआइना**; ~ and search वीक्षान्वेषण; (राज०) **निरीक्षण और तलाशी**^F;

~ book, ~ remark.

visit[2] v.t. दर्शन करना, संदर्शन करना, साक्षात्कार करना, मिलना, भेंटना; भेंट^F करने जाना, मिलने जाना, देखने जाना, **मुलाकात**^F **करना**, मुलाकात^F करने जाना, अतिथि रूपमें जाना, पा ना होना, मेहमान बनकर जाना; वीक्षण करने जाना, निरीक्षण करने जाना, **मुआइना करना**, मुआइना करने जाना (*had no time to ~ Tower*); **जाना**; (बीमारी^F इत्यादिका) आक्रमण करना या होना, हमला करना या होना; विपत्ति^F आना, संकट आना; (वाइ०) दण्ड देना, सजा^F देना; (पापादिका) प्रक्षालन करना, प्रायश्चित्त करना, प्रतिशोध लेना, बदला लेना; आशीष देना, आशीर्वाद देना; सान्त्वना^F देना, सुख देना, आराम देना; ~ *together* ⊙ परस्पर भेंट^F करना; ~ *with* किसीके साथ बातचीत^F करना; ~ *with him* ⊙ (किसीसे) मुलाकात^F करने जाना।

visitable –टॅबॅल् a. दर्शनीय, संदर्शनीय, साक्षात्कार-योग्य; वीक्षणीय, निरीक्षणीय, मुलाकात^F करने योग्य।

visitant[1] –टॅन्ट् n. प्रवासी पक्षी, सैलानी चिड़िया^F; (काव्य०, भाषण) अभ्यागत, गृहागत, दर्शक, मेहमान, पाहुना; (*V ~*; वालिकाओं^F की शिक्षा^F से सम्बन्धित) गिरजाकी शिक्षिका^F, संन्यासिनी^F।

visitant[2] a. आगन्तुक, अभ्यागत, दर्शी, दर्शनाभिलाषी, साक्षात्कर्ता, मिलनेवाला, भेंट^F करनेवाला, मुलाकात^F करनेवाला।

visitation –टे'शॅन् n. संदर्शन, परिदर्शन; वीक्षण, निरीक्षण, परख^F, जाँच^F, मुआइना; अभ्यागमन, भेंट^F,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुलाकातF; (बोल०) दीर्घकालीन आतिथ्य, लम्बी मेहमानीF; दैवदुर्विपाक, ईश्वरीय दण्ड, विपदाF, आफतF; (ईसाकी माँF एवं एलिजाबेथके मिलन-अवसरपर आयोजित) सम्मानसमारोह; (पक्षियोंका बड़ी संख्याFमें) आकस्मिक देशान्तरगमन (~ *of locusts*); पोतस्तम्भन (*state's right of* ~)।

visit(at)orial विज़िट्(ॲट्)ऑ'रिॲल् aa. दर्शकीय; आगन्तुकीय; निरीक्षक-विषयक।

visiting वि'ज़िटिंग् n. दर्शन, सन्दर्शन, मिलन, भेंटF, मुलाकातF (*have a ~ acquaintance with him*); आतिथ्य, मेहमानीF; आवागमन, आवाजाहीF; वीक्षण, निरीक्षण, मुआइना; ~-book आगन्तुक-पंजीF; ~-card संदर्शन-पत्र, मिलन-पत्र, नाम-पत्र, मुलाकाती कार्ड; ~ committee वीक्षक समितिF, ~ hours मिलनेका समय, भेंटFका समय; ~ mission (राज०) **निरीक्षण दल, निरीक्षण मिशन**; ~ professor आमन्त्रित प्राध्यापक, (चि०) **अतिथि प्राध्यापक**।

visitor –टॅर् n. **दर्शक**, दर्शनार्थी, मिलनार्थी, **मिलने वाले, मुलाकाती**; अतिथि, अभ्यागत, आगन्तुक, मेहमान; संदर्शक, परिदर्शक, वीक्षक, निरीक्षक, निरीक्षणाधिकारी, मुआइना करनेवाला, दौरेपर आनेवाला अधिकारी; ~s' book (होटल इत्यादिमें) दर्शक-पंजीF, अभ्यागन्तुक बहीF; ~s' gallery दर्शक-दीर्घा; health ~ (चि०) स्वास्थ्यचर।

visor, -zor, visard, -zard वाइ'ज़ॅर्, –ज़ॅर्, वि'ज़ॉर्ड्, –ज़र्ड् nn. (इति०, शिरस्त्राणसंलग्न) मुखावरण, चेहरा; टोपीFका निकला हुआ अग्रभाग, टोपीFका परदा; (इति०) आवरण, छद्मवेष, चेहरा, घूँघट, पर्दा, बुर्का, नकाब।

visored–र्ड् a. आवृत्त, आवरणमय, घूँघटवाली, पर्दादार, पर्दानशीन, बुर्केवाली, नकाबपोश।

visorless –र्'लिॅस् a. आवरणहीन, आवरणरहित, घूँघटरहित, बेपर्दा, बेनकाब।

vista विस्'टॅ n. वीथीF, वीथिF, वीथिकाF; तरुपंक्तिF, (दोनों ओर स्थित वृक्षपंक्तियोंFके बीचका लम्बा दृश्य); (विशे० मानसिक) सिंहावलोकन, अन्वेषणाF; स्मृतिपरम्पराF, पूर्वानुभूत घटनाओंFका दृश्य-क्रम (*searched the dim ~ of his childhood*)।

vista'd ⊙–ड् a. वीथिकायुक्त, तरुपंक्तिवत्; अन्वेषी; क्रमयुक्त, क्रमिक।

visual वि'ज़्यु(ज़्यू)ॲल् a. दार्शिक, दृष्टि-, दृष्टिक, दृष्टिमूलक, दृष्टिगत, दृष्टिज्ञानी; दृष्टिग्राह्य, दृश्य, नेत्रग्राह्य, दृष्टि-सम्बन्धी, **चाक्षुष**, नैत्रिक, नेत्रीय, **नजरी**, आँखF का; **आभासी**;

~ acuity, ~ aid, ~ angle, ~ area, ~ axis, ~ binary, ~ centre, ~ education, ~ examination, ~ field, ~ fire, ~ focus, ~ inspection, ~ instrument, ~ laying, ~ line, ~ method, ~ nerve, ~ organ, ~ perception, ~ process, ~ purple, ~ range, ~ searching, ~ sensation, ~ space, ~ span, ~ spotting, ~ station, ~ technique, ~ terminal, ~ tract, ~ training.

visuality –ऍ'लिटि n. चाक्षुषताF, दार्शिकताF, नैत्रिकताF; (चि०) गोचरताF; दृष्टिF, नजरF।

visualization –ॲलाइज़े'शॅन् n. मनसेक्षण, मानसदर्शन; प्रत्यक्षीकरण, निरूपण, सन्दर्शन, स्पष्टीकरण; दृष्टांकन, दृष्टिगत चित्रण; मानसचित्र।

visualize –ज़्यु(ज़्यू)ॲलाइज़् v.t. दृश्यमान करना, दृष्टिगत करना, दृष्टिगोचर करना; (विचार इत्यादिका) बाह्यनिरूपण करना; बाहरी रूप देना; व्यक्त करना; (अनुभूत या पूर्वावलोकित वस्तुओंFका) मनसेक्षण करना, मानसदर्शन करना, मानसपटलपर अंकित करना।

visualizing –ज़िंग् n. (शिक्षा०) **प्रत्यक्षीकरण**।

vita वाइ'टॅ n. (चि०) प्राण, जीव।

vita glass वाइ'टॅ ग्लास् n. ओजकिरणग्राही काच।

vital[1] वाइ'टॅल् n. (pl.) मर्मस्थान, मर्माँग, मर्म, मार्मिक अवयव (जैसे, वृक्क, फेफड़ा, मस्तिष्क आदि)।

vital[2] a. (रसा०) **जैव, जीव-, जीवकर**, प्राणीय, प्राणधारक, प्राणभूत, (चि०) **प्राणमूलक, जीवन-, जीवनीय**, जीवनगत, जीवनप्रद, जीवयुक्त, सजीव, जीवी, जीवनधारक, (वन०) जीवकर, जीवनोपयोगी, जानदार, जीता; जीवन-रक्षक, जीवन-दायक; **महत्त्वपूर्ण**, अत्यावश्यक (~ *modifications*, ~ *question*), **मार्मिक**, मर्मभूत, **मर्म-**, (*wounded in a ~ part*); **जीवन-मरण-; जीवाधार-**, जीवनावश्यक; सांघातिक, प्राणघाती, क्षतिकारक; ~ air (रसा०) **जीवाधार वायु**; ~ area मर्मक्षेत्र; ~ function (वन०) **जीवकार्य**, जीवनकार्य; ~ signs (चि०) श्वसन, नाड़ीF और ताप; ~ statistics (अर्थ०) **जीवनांक, जीवन-मरण आँकड़े, जन्ममृत्युF के आँकड़े**; (सांख्य०) **जीवन-आंकड़े, जन्म-मरण-सम्बन्धी आँकड़े**;

~ action, ~ capacity, ~ force, ~ ground, ~ interests, ~ modification, ~ part, ~ point, ~ statistics.

vitalism–लिज़्म् n. (जीववि०) महाप्राणताF; (शिक्षा०) **प्राणमूलकतावाद**, जीवनतत्ववाद, जीवनवाद, जीवनीशक्तिवाद, जीववलवाद, (चि०) **जीववाद**, प्राणवाद।

vitalist –लिस्ट् n. जीवनशक्तिवादी, जीववलवादी, प्राणवादी।

vitalistic –टिक a. जीववलवादी, प्राणवादी, जीवनीशक्तिवादीय; ~ theory (रसा०) **जैववाद**।

vitality –टै'लिटि n. सजीवताF, प्राणमूल, ओज, जीवनतत्व, (चि०) **प्राणशक्तिF**, (कृषि०) **जीवन**, जीवनबल, (वन०) **जीवन-शक्तिF**, जीवनीशक्तिF, चेतनत्व, चेतनाF, जीवधारण-क्षमताF, बल, ताकतF; (ला० किसी संस्थाF या भाषाFका) ओज, कार्यशक्तिF।

vitalization –टॅलाइज़े'शॅन् n. जीवन प्रदान, जीवनसंचरण, जीवनशक्तिदान; सप्राणकरण, तेज-प्रदान।

vitalize –टॅलाइज़् v.t. जीवित करना, जीवन-संचार

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना, जीवनीशक्ति देना; सतेज करना, तेज प्रदान करना।
vitalizing –जिंग् a. जीवनदाता, प्राणशक्तिदायक।
vitals वाइ'टॅल्स् n. (चि०) मर्म, जीवनके लिए आवश्यक अंग।
vitamin वि(वाइ)'टॅमिन् n. जीवति[F], खाद्योज, खाद्यप्राण, (जीव०, चि०, कृषि०, वन०, रसा०) पौष्टिक तत्त्व, विटामिन;
~ activity, ~ concentrates, ~ deficiency, ~ preparation, ~ products, ~ technology.
vitaminize –नाइज़ v.t. खाद्योजित करना, खाद्योजमय करना, विटामिन बढ़ाना।
vitascope ⊙ वाइ'टॅस्कोप् n. वायस्कोप।
vitellarium ⊙ वाइटलेअ'रिॲम् n. (जीव०) अण्डपोष, T.।
vitellin वाइ(वि)टे'लिन् n. अण्डपीत-प्रोभूजिन, विटेलिन, अण्डेकी जर्दी[F]का प्रोटीन।
vitelline –लाइन् a. अण्डपीत-, जरदी[F]का (~ *membrane, vein*), T., (~ *artery, ~ gland*)।
vitellus –लॅस् n. (चि०) पीतक, अण्डपीत, अण्डेकी जरदी[F], T.।
viti- द्राक्षा-, अंगूर- (~*cide*, ~*culture*, ~*cultural*, ~*cultur(al)ist*)।
vitiate वि'शिएट् v.t. दूषित करना, **विदूषित करना**, प्रदूषित करना, कलुषित करना, कलंकित करना, भ्रष्ट करना, विकृत करना, खोटा करना, बिगाड़ना, खराब करना; **निष्फल करना**, अनुपयोगी कर देना, निरुपयोगी कर देना, व्यर्थ करना, बेकार कर देना, प्रभावरहित कर देना, बेअसर कर देना (*a word may ~ a contract*)।
vitiated –टि'ड् a. दूषित, कलुषित, विकृत (~ *air, mind*)।
vitiating –टिंग् a. दूषक, विकारी (~ *factor*)।
vitiation –ए'शॅन् n. दूषण, कलुष, विकार, बिगाड़, खराबी[F]।
vitiator –शिएटॅर् n. दूषक, प्रदूषक, विकारी, विकृत करनेवाला, खराब करनेवाला।
viticultural वाइ(वि)टिकल्'चॅरॅल् a. द्राक्षोत्पादनीय, अंगूरकी खेती[F]का।
viticultur(al)ist –चॅर(ॲल्)इस्ट् n. द्राक्षोत्पादक, अंगूर उपजानेवाला।
viticulture –ट्युअॅर् n. द्राक्षोत्पादन, (कृषि०) **द्राक्षकृषि[F]**, **अंगूरोत्पादन**, अंगूरकी खेती[F]।
vitifolius ⊙ वाइ(वि)'टिफोलिॲस् n. (वन०) द्राक्षापर्ण, अंगूरका पत्ता।
vitiosity विशिऑ'सिटि n. = VICIOUSNESS.
vitreous वि'ट्रिॲस् a. (रसा०) **काचीय**, (रसा०) **काचाभ**, काचवत्, **काचसम**, काचमय, काचसदृश, शीशेके समान, शीशेका, काँचका (~ *lustre*); ~ body काचारकाय, (चि०) **काचाभ पिण्ड**, T. **पिण्ड**; ~ chamber (जीव०) **सान्द्रद्रव कक्ष**, T.; ~ humour (मनो०) सघन द्रव, **सान्द्र नेत्र द्रव**; काचोद (आँख[F]का), (चि०, जीव०) **सान्द्र द्रव**, T.; ~ tile (स्था०) झाँवा;
~ lustre, ~ slip, ~ state.
vitreousness, vitreosity –निॅस्, –ऑ'सिटि nn. काचवत्ता[F], काचयुक्तता[F], काचीयता[F], काचाभता[F]।
vitrescence विट्रे'सॅन्स् n. काचरणीयता[F], काचीयता[F]।
vitrescent –न्ट् a. काच-निर्माण-योग्य, शीशा बननेवाला।
vitrescible विट्रे'सिबॅल् a. = VITRIFIABLE.
vitrifaction विट्रिफैक्'शॅन् n. काचीयन, शीशेमें परिवर्तन।
vitrifiability –फ़ाइॲबि'लिटि n. काचमें रूपान्तर या परिवर्तनशीलता[F]।
vitrifiable–ट्रिफ़ाइॲबॅल् a. (रसा०)**काचनीय**, काचाभ, काचरूपान्तरणीय, शीशेमें बदलने लायक (~ *earth*)।
vitrification–फ़िके'शॅन् n. (रसा०)**काचन**, काचरीयण, काचमें रूपान्तरण।
vitrified ⊙ –टिफ़िड् a. काचरूपान्तरित, (यन्त्र०) **काचित** (~ *fort*), **काच-बनी**, शीशेमें परिवर्तित; ~ brick (स्था०) खंगराली ईंट[F]।
vitriform –फ़ॉर्म् a. काचाकार, शीशेके आकारका।
vitrify –फ़ाइ v. t. काचमें परिणत करना, शीशेमें बदलना; काच बनाना, शीशेका-सा बनाना, शीशा बनाना।
vitrimite –ट्रिमाइट् n. (प्रा०भू०) काचाभ।
vitriol वि'ट्रिॲल् n. (चि०)(गन्धकका तेजाब तथा उसके) लवण; तुत्थांजन, (रसा०) **कासीस**; (~ *ochre*); गन्धकाम्ल, (ला०) मर्मभेदी वक्तृता[F]; तीव्र भाषण, फड़कते वचन; कटु समीक्षा[F], प्रखर समालोचना[F], कटु समालोचना[F] (~ *throwing*); तेजस्विता[F], प्रफुल्लता[F]; blue ~ तुत्थ, नीलातूतिया; green ~ कासीस, हीराकस; white ~ जिङ्क सल्फेट।
vitriolate –लेट् v.t. गन्धकाम्ल बनाना, गन्धकका तेजाब बनाना।
vitriolation –ले'शॅन् n. गन्धकाम्लसे विषाक्तीकरण, गन्धकाम्लसे विष-निर्माण; गन्धकाम्ल-दाहन, गन्धकके तेजाबसे जलानेका कार्य।
vitriolic –ऑ'लिक् a. गन्धकाम्लीय, गन्धकाम्लका, गन्धकके तेजाबका; गन्धकाम्लसदृश, गन्धकके तेजाबका-सा; ~ acid गन्धकका तेजाब।
vitrioline –ट्रिॲलाइन् a. गन्धकाम्लका।
vitriolizable –इज़ॅबॅल् a. गन्धकाम्ल बनाने योग्य।
vitriolization –ज़े'शॅन् n. गन्धकाम्ल-निर्माण।
vitriolize वि'ट्रिॲलाइज़् v. t. गन्धक द्रावक लवण बनाना, गन्धकका नमक बनाना।
vitta वि'टॅ n. (pl. *-ae*) (रोमन पुरातत्व) बन्दनवार, झालर[F]; (वन०) तैलिका[F], फलकी तैलनली[F]।
vituline वि'ट्यूलिन् a. (चि०) वत्स-सम्बन्धी, बछड़े या

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बछेरेका।

vituperate वाइच्यू'पॅरेट् v.t. अधिक्षेप करना, तिरस्कार करना, निन्दा[F] करना, निर्भर्त्सना[F] करना, भर्त्सना[F] करना, अनुचित ठहराना, डाँटना, फटकारना, भलाबुरा कहना, आड़े हाथों लेना, लानत[F] देना।

vituperation –रे'शॅन् n. अधिक्षेप, तिरस्कार, निन्दा[F], निर्भर्त्सना[F], भर्त्सना[F], अनुचित कथन, अपशब्द, गाली[F], झिड़की[F], डाँट[F], फटकार[F], लानत[F]।

vituperative –पॅरॅटिव् a. अधिक्षेपात्मक, तिरस्कारात्मक, निन्दास्पद, भर्त्सनामय।

vituperator –रेटॅर् n. अधिक्षेपक, तिरस्कर्ता, निन्दक, निन्दा[F] करनेवाला, अनुचित कथन करनेवाला, झिड़कनेवाला, डाँटनेवाला, फटकारनेवाला, लानत[F] देनेवाला।

viva वाइ'वॅ दे० VIVA VOCE[1,2].

viva (It.) n. जय[F], जयकार[F]; int. जय[F] हो।

vivacious वाइ(वि)वे'शॅस् a. सजीव, जीवन्त, हृष्ट, सोत्साह, प्रफुल्ल, उल्लसित, उल्लासपूर्ण, उत्साहपूर्ण, प्रमुदित, जोशीला, ज़िन्दादिल; प्रबल, सबल, ओजपूर्ण, ज़ोरदार; (वन०) सदाबहार, बारहमासी।

vivaciousness –निस् n. = VIVACITY.

vivacity –वै'सिटि n. सजीवता[F], जीवन्तता[F], हृष्टता[F], उत्साह, प्रफुल्लता[F], उल्लास, आनन्द, जोश, ज़िन्दादिली[F]।

vivarium वाइवेअ'रिॲम् n. पशुशाला[F], प्राणि-उद्यान, जन्तु-वाटिका[F], चिड़ियाख़ाना, चिड़ियाघर।

vivary वि'वॅरि n. पशुशाला[F], चिड़ियाघर।

vivat rex ! (L) महाराज दीर्घायु हों।

viva voce[1] वाइ'वॅ वो'सि n. (संक्षिप्त रूप *viva*) मौखिकी[F], **मौखिक परीक्षा**[F], ज़बानी इम्तहान।

viva (-voce)[2] v. t. मौखिक परीक्षा[F] लेना; ज़बानी इम्तहान लेना।

viva voce[3] a. वाचिक, वाचनिक, **मौखिक** (~ *negotiation*), ज़बानी, मुँहबोला (~ *examination*)।

viva voce[4] (L) जीवित वाणी[F] द्वारा; दे० VIVA VOCE.

viva voce[5] adv. मौखिक रूपसे, ज़बानी तौरपर।

vive वीव्' int. ज़िन्दाबाद !

vivers वाइ'वॅर्ज़ n. pl. (स्कॉटलैण्ड) खाद्य, भोज्य पदार्थ, भक्ष्य पदार्थ, भोजन-सामग्री[F], रसद[F]।

vives वाइव्ज़्' n. कर्णरोग, कर्णग्रन्थिशोथ (विशे० घोड़ोंका)।

vivid वि'विड् a. जीवनयुक्त, जीवन्त, सजीव; सुस्पष्ट (~ *imagination*); (शिक्षा०) **स्पष्ट**, (प्रकाश या रंगके लिए) विशद, परिस्फुट, चमकीला, चमकदार, चटकीला, भड़कदार; भभूका, भड़कीला (~ *flash of lightning*); (मानसिक गुण या संस्कारके लिए) ओजपूर्ण, बलशाली, शक्तिशाली, प्रभावपूर्ण, तीव्र, तेज।

vividity, -ness –डिटि, –निॅस् n. सजीवता[F], जीवन्तता[F], जीवितवत्ता[F]; विशदता[F], परिस्फुटता[F], स्पष्टता[F], चटक, चमकीलापन, भड़कीलापन; ओजपूर्णता[F], बलशालिता[F], शक्तिशालिता[F]।

vivific –फिक् a. अनुप्राणक, सजीवक, जीवनदायी, जान[F] फूँकनेवाला, जीवनदान देनेवाला।

vivificate –केट् v.t. = VIVIFY.

vivification –के'शॅन् n. अनुप्राणन, सजीवन, जीवन देना; जान[F] फूँकना, ज़िन्दादिल करना।

vivifier –विफ़ाइॲर् n. अनुप्राणक व्यक्ति, सजीवक पुरुष, जीवनदायी व्यक्ति, जान[F] फूँकनेवाला, जीवनदान करनेवाला।

vivify –इ v.t. अनुप्राणित करना, सजीव करना, जीवन देना, जान[F] डालना, प्राण फूँकना, ज़िन्दादिल बनाना, जिलाना; तीव्र करना।

viviparism, viviparity, viviparousness वाइवि'पॅरिज़्म्, –पै'रिटि, –निॅस् nn. जीवजत्व, (जीव०) **जरायुजता**[F], अपत्यप्रसवन, सजीव-सन्तान-जनन (अण्डे देकर नहीं)।

viviparium ⊙ –पेअ'रिॲम् n. (जीव०) **जीवशाला**[F]।

viviparous –रॅस् a. (जन्तुवि०) (जीव०) **जरायुज**, जीवज, पिण्डज, सजीव-सन्तान-प्रसू (विलोम OVIPAROUS); (वन०) अपत्यप्रसू, आत्मवत्-प्रसविनी, अपनेसे ही बीज अंकुरित करनेवाला।

vivipary ⊙ –रि n. = VIVIPARITY.

vivisect वि'विसेक्ट् v.t. (जानवर आदिको) जीवित रूपमें चीरना-फाड़ना, चीरफाड़[F] करना।

vivisection –क्'शॅन् n. (जीवित प्राणीका) अंगच्छेद, जीवितांगच्छेदन, चीर-फाड़[F]; (शिथिल अर्थमें) सुई[F], टीका।

vivisectional–नॅल् a. जीवितांगच्छेदीय, अंगच्छेदीय, चीरफाड़-सम्बन्धी।

vivisectionist, vivisector –निस्ट्, –विसॅक्टॅर् nn. जीवितांगच्छेदक, अंगच्छेदक, चीरफाड़[F] करनेवाला।

vixen विक्'सन् n. कुररी[F], शृगालिनी[F], सियारिन[F]; मादा लोमड़ी[F], लोखरी[F], लोखड़ी[F]; चण्डी[F], कंकालिनी[F], कर्कशा रमणी[F], कलहप्रिया नारी[F], लड़ाकी औरत[F]।

vixenish, vixenly –निश्, –लि aa. चण्डा, कंकालिनी, कर्कशा, कलहप्रिया, झगड़ालू, लड़ाकी।

viz विज़्' adv. अर्थात्, नाम्ना, नामशः, नामसे।

Viz. Videlicet, namely.

vizard ⊙ वि'ज़र्ड् n. VISOR.

vizcacha विज़्कै'चॅ n. दे० VISCACHA.

vizi(e)r विज़ीॲर्' n. मन्त्री, वज़ीर; grand ~ तुर्कीका प्रधान मन्त्री।

vizi(e)rate, vizi(e)rship –'रॅट्, –शिप् nn. मन्त्रित्व, वज़ीरी[F], वज़ारत[F]।

vizi(e)rial –रिॲल् a. मन्त्रीय, मन्त्री-सम्बन्धी, मन्त्रीका, वज़ीरका।

vizor वाइ'ज़ॅर् n. = VISOR.

V.J. Victor over Japan.

Vlach व्लैक् a. & n. फ्लेक, रूमानी, लैटिनभाषी, दक्षिण-पूर्वी यूरोपीय।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

V.M.D. *Veterinariae Medicinae Doctor*, Doctor of Veterinary Medicine.
vo. *verso*, left hand page.
V.O.A. Voice of America.
voc. vocative.
vocab. vocabulary.
vocable वो'कॅबॅल् n. नाम; पद, शब्द, बोल।
vocabulary वॅकै'ब्यूलॅरि n. शब्द-संग्रह, शब्द-भण्डार, शब्दार्थदीपिकाF, (शिक्षा०) शब्दावलीF; अभिधान, शब्दकोश (*his ~ is limited*)।
vocabulist –लिस्ट् n. कोषकार, शब्दकोष-रचयिता।
vocal[1] वो'कॅल् n. (वर्ण०) उच्चार, स्वर; (रोमन कैथोलिक चर्च) मताधिकारी।
vocal[2] a. वाचिक, वाग्जात, वाणियुक्त, उच्चरित, (जीव०) स्वर-, स्वरोच्चारित, स्वर-विषयक, स्वरका, आवाजFमेंका (*~ communication*); स्वरवान्, ध्वनिमय; (ध्वनि०) ध्वनित, स्वरकी प्रकृतिFका; गायन, गाना; ~ organ (शिक्षा०) वागिन्द्रियF; ~ sac (जीव०) स्वर-कोष, ~ cord घोषतन्त्रीF, स्वरतन्त्र, (चि०, जीव०) वाक्-तन्तु, स्वर-तार, स्वररज्जुF, स्वरयन्त्र; ~ music कण्ठसंगीत; ~ fold, ~ ligament, ~ process, ~ register.
vocalic वॅकै'लिक् a. (वर्ण०) वाचिक, स्वर-सम्बन्धी, स्वरका (*~ resonance*); ~ declension अजन्त शब्दरूप।
vocalis ⊙वकै'लिस् n. (श० र० शा०) स्वरपेशीF।
vocalism वो'कॅलिज़्म् n. स्वर-प्रयोग, स्वर-साधनाF, ध्वनि-व्यवहार; (वर्ण०) स्वर-ध्वनिF।
vocalist –लिस्ट् n. गायक, गवैया, रागी।
vocality वॅकै'लिटि n. वाचिकताF, उच्चारण; गान-क्षमताF।
vocalization वोकॅलाइज़े'शॅन् n. स्वरण, (शिक्षा०, चि०) स्वरीकरण, शब्दोच्चारण, कण्ठ-साधनाF, स्वर-साधनाF; स्वरोच्चारण।
vocalize –'कॅलाइज़् v.t. & i. स्वरित होना, सघोष होना (f *is ~ed into* v) स्वररूप देना, स्वर लगाना, स्वरान्वित करना; उच्चारण प्रकट करना, स्पष्टोच्चारण करना; (हिब्रू आदिमें) स्वर-विन्दुसे लिखना; (हास्य०) चीखना, चिल्लाना, भनभनाना, गुनगुनाना, आवाजF करना, बोलना; (संगीत) कण्ठ-साधनाF करना, गीत गाना।
vocation वॅके'शॅन् n. (ईश्वरीय) आह्वान, पुकारF, मुनादीF, बुलावा; (अर्थ०) वृत्तिF; (अर्थ०) व्यवसाय, जीविकाF, नियोग, धन्धा, काम, पेशा, रोजगार (*all ~s are overcrowded*)।
vocational –नॅल् a. आह्वानीय, आह्वान-विषयक, पुकार-सम्बन्धी; व्यावसायिक, जीविका-सम्बन्धी, पेशेका, रोजगारका;
~ agriculture, ~ education, ~ guidance, ~ importance, ~ level, ~ school, ~ test, ~ training.
vocative[1] वॉ'कॅटिव n. सम्बोधन-पद; सम्बोधन कारक।
vocative[2] a. (व्या०) सम्बोधनमें व्यवहृत, सम्बोधक।
vociferance वोसि'फ़ॅरॅन्स् n. चीत्कार, कोलाहल, चीखF, चिल्लाहटF, चिचियाहटF, शोरगुल, हल्ला।
vociferant[1] –न्ट् n. चीत्कारी, कोलाहलयुक्त, चीखने वाला, चिल्लानेवाला, चिचियानेवाला, शोरगुल करनेवाला।
vociferant[2] a. चीत्कारमय, चीखभरा, चिल्लाहटवाला, चिचियाता, शोरगुलवाला।
vociferate –रेट् v.t. कोलाहल करना, चीत्कार करना, चीखना, चिल्लाना, चिचियाना, हल्ला मचाना, शोर मचाना।
vociferation –रे'शॅन् n. आक्रोश, उद्घोष, कोलाहल, चीत्कार, चीखF, चिल्लाहटF, चिचियाहटF, गुलगपाड़ा, शोरगुल।
vociferator –'फ़ॅरेटॅर् n. चीत्कर्ता, चीत्कारकर्ता, चीखनेवाला, चिल्लानेवाला; चिचियानेवाला, जोरसे पुकारनेवाला।
vociferous –रॅस् a. कोलाहलपूर्ण, चीत्कारकारी, चीखनेवाला, चिल्लानेवाला, चिचियानेवाला, शोर-गुल मचानेवाला, हल्ला मचानेवाला।
vociferousness –निॅस् n. कोलाहलपूर्णताF, चीत्कार, चीखF, चिल्लाहटF, चिचियाहटF, हंगामा, हल्ला-गुल्ला, शोरगुल।
vodka वॉड'कॅ n. वोदका (रूसमें निर्मित और व्यवहृत राईF आदिकी शराबF)।
voe वो' n. खाड़ीF।
voeux –अॅक्स n. (राज०) अनुसमर्थनाF।
vogal, vogle ⊙वो'गॅल्, ओ'गॅल् nn. कन्दराF, दरीF, गह्वरF, गुहाF, गुफाF।
vogue वोग' n. प्रवृत्तिF, रीतिF, पद्धतिF, प्रथाF, व्यवहार, प्रचलन, चलन, चालF, दस्तूर, ढंग, रिवाज, फैशन (*large hats are the ~*); सार्वजनिक व्यवहार, सार्वजनिक रूप, प्रचलित प्रयोग; *~ la galeve* (F) जो चाहे, सो हो, यह लो देखा जायगा; *in ~* चलित, प्रचलित, व्यवहृत, प्रयुक्त, व्यवहारमें, चलनमें, फैशनमें।
voguish –'गिश् a. प्रचलित, रिवाजी, फैशनFका।
voice[1] वाएॅस्' n. वाणीF, रव, स्वर*, नाद, ध्वनिF; शब्द, बोल, आवाजF*; भाषाF; स्वरप्रयोग, स्वरोच्चारण, अभिव्यक्तिF, बोलीF (*gave ~ to his indignation*); (ला०) अभिप्राय, मत, विचार; पुकारF, चीखF, आज्ञाF, हुक्म; मतप्रकाशनाधिकार, बोलने या रायF जाहिर करनेका हक (*I have no ~ in the matter*); (ध्वनि०) स्वरयन्त्र द्वारा उच्चारित स्वर, लयF; (व्या०) वाच्य; active ~ कर्तृवाच्य; impersonal ~ भाववाच्य; passive ~ कर्मवाच्य; ~ box (चि०) कण्ठ; *has lost her ~* (संगीतमें) उसका गला खराब हो गया है; *is not in ~* स्वर खराब हो गया है, आवाजF बिगड़ी हुई है, कामकी नहीं है; *the ~ of the people is the ~ of God* लोकवाणीFको भगवान्की वाणीF समझो; *with one ~* एकमत होकर, सर्व-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्मति[F]से, एक स्वरसे;
~ control, ~ disorder, ~ frequency, ~ quality, ~ mechanism, ~ test.

voice[2] v.t. उच्चारित करना, उच्चारण करना, बोलना, कहना; (मत) व्यक्त करना, राय[F] जाहिर करना, प्रचार करना, प्रकट करना (~ *feelings*); (संगीत) आरगन बाजेकी ध्वनि[F]के गुण और उसके स्वरको मिलाना।

voiced –ट्' a. सघोष, ध्वनित, स्वरित, नादित।

voiceful –स्'फ़ुल् a. (का०) ध्वनिपूर्ण, मुखर, उच्च-शब्दकारी, प्रखर आवाज[F]का।

voiceless –'लिॅस् a. स्वरविहीन, अवाक्, मौन, मूक, गूँगा, नीरव, निःस्तब्ध, निःशब्द, चुप, बेआवाज; (ध्वनि[F]) अघोष, अनुच्चरित।

voicelessness –निॅस् n. स्वरविहीनता[F], वाणि-हीनता[F], मौन, मूकता[F], गूँगापन, चुप्पी[F]; नीरवता[F], निस्तब्धता[F]।

void[1] वॉइड्' n. रिक्त स्थान, शून्य स्थान, रीता स्थान, खाली जगह[F] (*vanished into the* ~); (ला०) रिक्तता[F] (~ *ratio*); शून्यता[F] (~ *of the heart*)।

void[2] a. रिक्त, (का०) शून्य, रीता, हीन, खाली, वीरान, सूना (~ *space*); (विशे०, प्रतिज्ञा, संविदा या ठेका आदिके लिए) अवैध, प्रवृत्तिहीन, अमान्य, अशक्त, असिद्ध, निःसत्त्व, अप्रमाणित, नाजायज (~ *marriage*); (का०, भाषण) वृथा, व्यर्थ, निष्फल, निरर्थक, प्रभाव-हीन, बेकार; निकम्मा; अनधिकृत; असार; null & ~ अमान्य, अशक्त, असिद्ध, अप्रमाणित, रद; ~ of (किसी वस्तु[F]से) रिक्त, रीता, शून्य, खाली (*a proposal wholly ~ of sense*);
~ agreement, ~ contract.

void[3] v.t. अवैध करना, शून्य बनाना; (चि०) मलो-त्सर्जन करना; खाली करना, छोड़ना, निकालना।

voidable –'डॅब्'ल् a. शून्यकरणीय, हीनकरणीय, विवर्ज्य, विवर्जनीय, त्याज्य, अमान्य, परित्यक्तव्य, त्यागने योग्य, छोड़ने लायक (~ *contract*)।

voidance –डॅन्स् n. (पादरीवृत्ति[F]से) निष्कासन, निःसारण, बहिष्करण, दूरीकरण; शून्यता[F]; (पादरीके पद-की) रिक्तता[F]; अमान्यीकरण, अशक्तीकरण, निष्फल कर देनेकी क्रिया[F]; त्याग, परित्याग।

voided –डॅड् a. रिक्त, रीता, शून्य, खाली; अमान्य-कृत; परित्यक्त, छोड़ा हुआ।

voidness –ड्'निॅस् n. रिक्तता[F], शून्यता[F], रीतापन, खालीपन; अमान्यता[F], अशक्ति[F], निःसत्वता[F], अप्रामाणि-कता[F]; व्यर्थता[F], निष्फलता[F], निरर्थकता[F]; प्रभावहीनता[F], प्रभावशून्यता[F]।

Voila tout (F) बस।

voile व्वाल्', वाइॅल् n. विरली (पतला अर्द्ध पारदर्शक सूती, ऊनी या रेशमी पोशाक[F]का कपड़ा), वायल।

Vol. Volunteer.

vol. (pl. **vols.**) volume(s).

vola वो'लॅ n. पाणि, कर, हाथ; करतल, पादतल।

volant वो'लॅन्ट a. उड्डयी, उड्डीयमान, उड़ता हुआ, उड़ने योग्य; (अग्र०) उड़ाकू, उड़नेकी ताकत[F] रखनेवाला; (का०) तीव्र, तेज, चुस्त, फुर्तीला; तत्पर, सन्नद्ध; चतुर, चालाक, होशियार; ~ adaptation (जीव०) उड्डयन अनुकूलन, उड़ान अनुकूलन।

volar वो'लॅर् a. (चि०) करतल-विषयक, पाणितल-सम्बन्धी।

volatile वॉ'लॅटाइल् a. उद्वायी, लोल, उत्पत, शीघ्र, (रसा०, चि०, भौ०) वाष्पशील, वायुपरिणामशील, भाप[F] बनकर उड़ जानेवाला (~ *oil*); (ला०) सजीव, जानदार, प्रमुदित, प्रफुल्लित, ज़िन्दादिल (~ *wit, writer*); परि-वर्तनशील; चंचल, अस्थिर; ~ matter (चि०) वाष्प-शील द्रव्य;
~ acid, ~ fuel, ~ liquid, ~ solids.

volatileness, volatility –निॅस्, –टि'लिटि nn. चापल्य, लौल्य, (रसा०) वाष्पशीलता[F], वायुपरिणाम-शीलता[F]; सजीवता[F], प्रमोद, ज़िन्दादिली[F]; परिवर्तन-शीलता[F]।

volatilizable वॅलै'टिलाइज़ॅबॅल् a. वाष्पीभूत होने योग्य, भाप[F] बन जाने योग्य, उड़नेवाला।

volatilization –ज़े'शॅन् n. उत्पादन, उद्वाष्पन; वाष्पीकरण, वाष्पीभवन, उड़ना।

volatilize –'टिलाइज़् v.t. & i. वाष्पीभूत होना या बनाना, वाष्पीकृत करना या होना, (रसा०) वाष्पशील होना या करना, वाष्पित होना या करना, उत्पातन करना या होना, उद्वायी करना, उड़ा देना, (रसा०) उड़ना, उड़नेवाला होना, भाप[F] बन जाना या बना देना।

volcanic वॉल्कै'निक् a. आग्नेयगिरि-विषयक, ज्वाला-मुखीयुक्त, ज्वालामुखी-सम्बन्धी, ज्वालामुखी-, ज्वाला-मुखीय, ज्वालामुखीकाः उद्गीर्ण, ज्वालामुखी-जनित ~ bomb ज्वालामुखी पिण्ड; ~ rock उद्गीर्ण शिला[F];
~ activity, ~ ash, ~ bomb, ~ cinder, ~ cloud, ~ cone, ~ duct, ~ eruption, ~ mountain, ~ neck, ~ rock, ~ soil.

volcanicity –कॅनि'सिटि n. आग्नेयगिरि-बहुलता[F], ज्वालामुखी शैल, ज्वालामुखीयता[F], ज्वालामुखीपन।

volcanism –'कॅनिज़्म् n. आग्नेयगिरिता[F], अग्नि-पर्वतता[F], ज्वालामुखीयता[F], ज्वालामुखीपन; (प्रा० भू०) ज्वालामुखी क्रिया[F]।

volcanist –निस्ट् n. आग्नेयगिरि-विद्, ज्वालामुखी-विद्या विशारद।

volcanized –नाइज़्ड् a. अग्नीयित, अग्न्युत्पातित, ज्वालामुखी प्रभावित।

volcano –के'नो n. अग्निपर्वत, आग्नेय गिरि, (प्रा० भू०) ज्वालामुखी, ज्वालामुखी पर्वत (*active, dormant,* ~)।

volcanological –कॅनॅलॉ'जिकॅल् a. ज्वालामुखी-विद्या-सम्बन्धी।

volcanologist –नॉ'लॅजिस्ट् n. ज्वालामुखी-वैज्ञानिक।

volcanology –जि n. ज्वालामुखी-विज्ञान, (प्रा० भू०) ज्वालामुखी-विद्या[F], अग्निपर्वत-शास्त्र।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

vole[1] वोल् n. शाद्वल-मूषक, (कृषि०) **वोल (मूषक-जाति**[F]); water-~ बड़े आकारका वोल ।

vole[2] n. (ताशके कुछ खेलोंमें) सारे हाथ पा लेना, पूर्ण विजय[F] ।

vole[3] v. i. सारे हाथ पाना, सब चालोंको मात कर देना ।

volent वो'लॅन्ट् a. संज्ञानी, प्रयासी, प्रयत्नशील; चेष्टा-शक्तिमान्, इच्छाशक्तिमान् ।

volery वॉ'लॅरि a. पक्षि-वृन्द, डार; पिंजरा ।

volitant वॉ'लिटॅन्ट् a. उत्पतनशील, उड़नेवाला ।

volitation –टे'शॅन् n. उत्पतन, उड़ना, उड़ान[F] ।

volition वॅलि'शॅन् n. संज्ञान; प्रयास, प्रयासन; (दर्श०) अध्यवसाय; कृति[F]; संकल्प, चेष्टाशक्ति[F], इच्छाशक्ति[F], कामनाशक्ति[F], रुचिबल; इच्छा[F], स्वेच्छा[F], मरजी[F], पसन्द[F], चाह[F]; मनन, चेष्टा[F], प्रवृत्ति[F], इच्छा-प्रकाश, विचाराभिव्यक्ति[F] ।

volitional –नॅल् a. ऐच्छिक, चैष्टिक, सांकल्पिक, प्रावृत्तिक ।

volitionary –नॅरि a. सांकल्पिक, संकल्पशील ।

volitionless –न्'लिॅस् a. संकल्पशून्य, इच्छाशक्ति-रहित, चेष्टाविहीन, प्रवृत्तिरहित ।

volitive वॉ'लिटिव् a. संकल्प-विषयक, इच्छात्मक, इच्छा-शक्ति-सम्बन्धी, चेष्टा-विषयक, प्रवृत्ति-सम्बन्धी ।

Volkslied (G) n. लोकगीत, ग्रामगीत ।

volley[1] वॉ'लि n. (pl. -s) वर्षा[F], अस्त्र-वर्षण, अस्त्रोंकी बौछार[F]; (ला०; शपथ[F] आदिका) निःसारण, बौछार[F], बाढ़[F], भरमार[F]; half-~ गेंद[F]का एक टप्पा; ~-gun बमवर्षी तोप[F] ।

volley[2] v.t. & i. (टेनिस इत्यादिमें) गेंद[F]का जमीन[F]पर गिरनेसे पूर्व ही लौट आना; (क्रिके०) बिना टप्पा खिलाये गेंद[F] फेंकना; (अस्त्र, गाली[F] आदिकी) वर्षा[F] करना, बाढ़[F] मारना, बौछार[F] करना; (बन्दूक[F] आदिका) एक साथ आवाज[F] आना ।

volplane[1] वॉल्'प्लेन् n. (हवाई जहाजका बिना इंजिनका प्रयोग किये हुए) अवरोह, उतार ।

volplane[2] v. i. बिना इंजन प्रयोग किये हुए नीचे उतारना ।

volt[1] वोल्ट् n. द्युशक्म, द्युमात्रा[F], ऊर्ज, (रसा०, भौ०) **वोल्ट** (~ *ampere*), (विद्युत्प्रवाहक शक्ति[F]की इकाई[F]) ।

volt[2] वॉल्ट् n. दे० VOLTE.

volt[3] v. i. (धक्के आदिसे बचनेके लिए) द्रुतगतिवान् होना, उछाल[F] मारना ।

voltage वोल्'टिज् n. द्युशक्मता[F], ऊर्जता[F], (विद्यु०, भौ०) **विद्युत् दाब**, वोल्टेज (इकाइयोंमें नापी हुई विद्युत्प्रवाहक शक्ति[F]), **वोल्टता**[F];

~ circuit, ~ drop, ~ regulator.

voltaic वॉल्टे'इक् a. (विशे० इति०) द्युमात्रिक (रासायनिक क्रिया[F]से उत्पादित विद्युत्-विषयक), वोल्टीय (~ *cell*) ।

voltameter –टै'मिॅटॅर् n. द्युमात्रामापी, (भौ०) **विश्लेषण-धारामापी**, वोल्टामीटर (विद्युत्प्रवाहोंको उनके विद्युत्सम्बन्धी प्रभावोंसे मापनेवाला यन्त्र) ।

volte वॉल्ट् n. बचावका पैंतरा, घुमाव ।

voltmeter वोल्ट्'मिॅटॅर् n. द्युशक्ममापक यन्त्र, (विद्य०, भौ०) **वोल्टमापी**, वोल्टमापक ।

Volte-face (F) n. परावर्तन, फिर जाना ।

volubilate, volubile वॅल्यू'बिलॅट्, वॉ'ल्यूबिल् aa. आवर्ती, लिपटनेवाला ।

volubility, volubleness वॉल्यूबि'लिटि, –निॅस् nn. वाक्पटुता[F], वाक्चापल्य, धाराप्रवाहिकता[F], द्रुत-भाषिता[F], शीघ्रभाषिता[F]; आवर्तनीयता[F], पेच; अबाधितत्व, अनवरुद्धता[F], अप्रतिहतता[F] ।

voluble –'ल्यूबॅल् a. आवर्तनीय, आवर्ती, पेचीदा (~ *stalk*); अबाधित, अनवरुद्ध, अप्रतिहत, धाराप्रवाही; वाक्पटु, वाचाल, द्रुतभाषी, शीघ्रभाषी, बकवादी; (प्रा०) परिभ्रामी, घूमनेवाला, चक्कर काटनेवाला; चपल, चंचल ।

volume वॉ'ल्यूम् n. ग्रन्थ, पुस्तक[F], किताब[F] (*library of 12,000 ~s*); भाग, खण्ड, ग्रन्थ-खण्ड, जिल्द[F] (*is now issued in 3 ~s*); बन्ध, बन्धन; (इति०) पुस्तकों[F]का प्राचीन रूप; (प्रायः बहुव०) धूम्रपुंज, धूमराशि[F], धूम्रमाला[F]; (भौ०, रसा०, ग०) **आयतन**, आयाम, घनफल, घनमान; अन्तर्भूत घनत्व, समाई[F], मात्रा[F], राशि[F], (अर्थ०) **परिमाण**, संहति[F], परिमा[F], वैपुल्य, प्रसार, विस्तार, आकार; (संगीत) पूर्ण स्वर, ध्वनि[F]की पूर्णता[F]; अधिकृत स्थान;

~ control, ~ elasticity, ~ expansion, ~ factor, ~ growth, ~ increment, ~ indicator, ~ integral, ~ per acre, ~ rotation, ~ strain, ~ table, ~ unit, ~ weight.

volumed –ड् a. भागोंमें, खण्डोंमें, जिल्दोंवाला; पुस्तक[F]के प्राचीन आकारमें; धूममय, धूम्रराशिमय; घनमान्य; विस्तारमय ।

volumenometer वॅल्यूमि'नॉ'मिॅटॅर् n. परिमामान, सान्द्रपरिमानयुक्त, (रसा०, भौ०) **आयतनमापी**, घनफलमापक ।

volumenometry –ट्रि n. आयतनमिति[F], घनफल-माप ।

volumeter –'मिॅटॅर् n. परिमामान, आयतनमापी, गैस[F]के आयतनका मापक यन्त्र ।

volumetric, -al वॉलॅमे'ट्रिक्, -ॲल् aa. (रसा०) **आयतनमूलक, आयतनात्मक, आयतनीय**, (रसा०) **आयतनमितीय**, परिमामितीय, गैस[F] आदिकी समाई[F]का;

~ analysis, ~ change, ~ composition, ~ contraction, ~ estimation, ~ flask, ~ method, ~ shrinkage, ~ solution, ~ strain.

volumetry वॅल्यू'मिॅट्रि n. (रसा०) **आयतनमिति**[F] ।

voluminal वॅल्यू'मिनॅल् a. विस्तार-विषयक, परिमा-सम्बन्धी ।

voluminosity, voluminousness वॅलॅमिनॉ'सिटि, –निॅस् nn. वलयाकारता[F], वर्तुलाकारत्व, कुण्डलिता[F], चक्करदारी[F]; खण्डत्व, विभाजन; अनेक पुस्तकों[F]का लेखन; लम्बाई-चौड़ाई[F], ढिलाई[F]; विस्तार, विस्तृति[F]; महाकायत्व ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

voluminous –लू'मिनॅस् a. वलयाकार, वर्तुलाकार, कुण्डलीदार, पेचदार, चक्करदार; कई खण्डोंका, अनेक भागोंका (*a ~ work*); अनेक पुस्तकोंका लेखक; महा-परिम, (रसा०) **विस्तृत**, विस्तारमय, महाकाय, आयतनिक, (ग०) **विपुल आयतनी**, भारी; विस्तीर्ण, लम्बा-चौड़ा, बड़ा।

voluminousness –निॅस् n. = VOLUMINOSITY.

voluntarily वॉ'लॅन्टॅरि-लि adv. स्वेच्छया, (का०) **स्वेच्छापूर्वक, स्वेच्छा**F**से**, मनसे; अपने आप।

voluntariness –निॅस् n. स्वैच्छिकता**F**, स्वेच्छा-धीनता**F**, इच्छाकृतित्व, इच्छाचारिता**F**, स्वप्रवृत्ति**F**, स्वकृतता**F**।

voluntarism –रिज़्म् n. (अर्थ०) **स्वावलम्बिता**F, (दर्श०) **संकल्पवाद; कृतिवाद**।

voluntary[1] –रि n. (गिरजेमें प्रार्थनाके अवसरपर बजाया जानेवाला) आरगन बाजा; गिरजेको राज्यनिरपेक्ष करके चन्देसे चलाये जानेमें विश्वास करनेवाला व्यक्ति; ऐच्छिक अनुदानपर विश्वास या भरोसा; (सेना**F** आदिमें) स्वैच्छिक भर्ती**F**पर विश्वास; (प्रतियोगिता**F**में) अभिनेताकी इच्छा**F**पर निर्भर विशेष अभिनय।

voluntary[2] a. स्वकृत, स्वतःप्रवृत्त, स्वेच्छाकृत, **स्वैच्छिक, ऐच्छिक**, इच्छानुगामी, इच्छाचारी, अपनी खुशी**F**से काम करनेवाला; स्वेच्छादत्त, स्वेच्छाप्रेरित, इच्छाजनित; इच्छायत्त, इच्छा-नियन्त्रित, बिला-शर्त (*~ conveyance*), खुदराजी; ~ confession स्वैच्छिक स्वीकारोक्ति**F**; ~ partition स्वेच्छाकृत विभाजन, राजी-खुशी**F**से आपसी बँटवारा;

~action, ~ activity, ~ agent, ~ appearance, ~ arbitration, ~ association, ~ attendance, ~ award, ~ cancellation, ~ control, ~ duty, ~ effort, ~ escapes, ~ gift, ~ liquidation, ~ merger, ~ monopoly, ~ muscle, ~ payment, ~ preference, ~ sale, ~ service, ~ settlement, ~ turnover, ~ welfare.

voluntaryism –रिइज़्म् n. स्वेच्छावाद, निरपेक्षावाद, (राजसाहाय्य बिना चर्च चलानेका सिद्धान्त)।

voluntaryist इस्ट् n. स्वेच्छावादी, निरपेक्षावादी।

volunteer[1] –टीअॅर्' n. स्वतःप्रवृत्त व्यक्ति, (का०) **स्वयंसेवक; स्वैच्छिक सेना**F, यादृच्छिक सैनिक, स्वेच्छा**F**-से सेना**F** इत्यादिमें भर्ती**F** होनेवाला; ~ corps स्वैच्छिक सेना**F**, वल्लमटेर।

volunteer[2] v.t. & i. स्वतःप्रवृत्त होना, स्वेच्छा**F**से करना या भाग लेना; स्वेच्छया भार स्वीकार करना; समर्पित करना, स्वेच्छा**F**से अर्पण करना; स्वेच्छया अपनी सेवा**F** समर्पित करना, बिन माँगे देना, आगे रखना।

voluptuary[1] वॅलप्'च्युॲरि n. विषयी प्राणी, विलासी व्यक्ति, भोगी, कामी पुरुष, इन्द्रियपरायण व्यक्ति।

voluptuary[2] a. विषयी, विलासी, भोगी, भोगनिरत, व्यसनी, कामी; व्यभिचारी, इन्द्रियपरायण, ऐयाश।

voluptuous –ॲस् a. विषयी, विषयपरतन्त्र, विलासी, कामी, भोगनिरत, विषयासक्त, कामाचारी, व्यभिचारी, ऐयाश (*~ life*); ऐन्द्रिय, भोग-विषयक, विलास-सम्बन्धी, ऐयाशी**F**का (*~ music*)।

voluptuousness –निॅस् n. काम, कामाचारिता**F**, विलासिता**F**, भोग, विषयिता**F**, विषय-परतन्त्रता**F**, इन्द्रिय-परायणता**F**, ऐयाशी**F**।

volute[1] वॅल्यूट्' n. (स्तम्भस्थित) कुण्डलित भूषा या अलंकारविशेष, मरगोल; (विशे०, क्षेत्रीय) चक्करदार शंख, (इति०) **शंखावर्त**, शम्बूक या घोंघेका एक भेद।

volute[2] a. (वन०) आवर्तित, कुण्डलित, कुण्डलीकृत, सर्पिल, चक्करदार।

voluted –'टिॅड् a. (स्तम्भ आदिके लिए) सर्पिल, कुण्डलित या लहरियादार (अलंकरण)।

volution –'शॅन् n. कुण्डली**F**, चक्कर, मोड़, घुमाव, लपेट**F**; (श० र० शा०) ऊर्म्मि**F**, तरंग**F**, लहर**F**; भ्रमि**F**, मरोड़**F**।

volutoid वॉ'ल्यूटॲड् a. & n. शम्बूक-सदृश (प्राणी), घोंघेकी तरह (जीव), सर्पिल (जीव); ऐंठनदार, घुमावदार।

volva वॉल्'वॅ n. (वन०) **अधश्छदनी**।

vomer वो'मॅर् n. (चि०, जीव०) **सीरिका**F, नासास्थि**F**, नथुनोंके बीचकी हड्डी**F**, T.।

vomit[1] वॉ'मिट् n. वान्ति**F**, वमन, कै**F**, उल्टी**F**।

vomit[2] v. i. & t. वान्ति**F** होना या करना, वमन होना या करना, उल्टी**F** होना या करना, ओकना, कै**F** होना या करना; (ज्वालामुखी, चिमनी**F** आदिका) वेगसे उद्गिरण करना, तेजी**F**से उगलना, निकालना।

vomited –टिॅड् a. वान्त, कै**F** किया हुआ (*~ matter*)।

vomiting –टिंग् n. वान्ति**F**, (चि०) **वमि**F, (चि०, कृषि) **वमन, उल्टी**F, **कै**F, **उल्टी**F **करना**।

vomition वॅमि'शॅन् n. वान्ति**F**, वमन, उकलाई**F**।

vomitive[1] वॉ'मिटिव् n. (रोमन पुरातत्त्व) अखाड़ेका रास्ता।

vomitive[2] a. वान्तिकर, वमनी, कै**F** लानेवाला।

vomito वॅमी'टो n. पीतज्वर, जिसमें काली कै**F** होती है।

vomitory[1] वॉ'मिटॅरि n. वान्तिकारक पदार्थ, वमनकारक वस्तु**F**, कै**F** होने या करानेवाली ओषधि**F**; (रोमन पुरातत्व) चौकोर नाट्यशाला**F**का द्वार।

vomitory[2] a. वमिकारक, वान्तिकारक, वमनकारी, कै**F** लानेवाला।

vomiturition –च्युॲरि'शॅन् n. वमनेच्छा**F**, वमनोद्रेक, ओकी**F**, उबकाई**F**, उकलाई**F**; आवर्ती वमन, दुबारा कै**F**।

voodoo[1] वू'डू n. भूतविद्या**F**का व्यवहार, जादूका प्रयोग; भूत-प्रेत; तान्त्रिक, जादूगर, ओझा (*~ doctor, priest* भी)।

voodoo[2] v.t. जादूसे मोहना, जादूसे कष्ट देना, जादूसे फँसा लेना, जादू मारना।

voodooism –डूइज़्म् n. (शिक्षा०) **तन्त्रमन्त्र**, तन्त्रवाद, जादूविद्या**F**, **जादू-टोना**।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

voodooist –इस्ट् n. जादूवादी, जादूविद्याविद्, जादू जाननेवाला, जादूगर, ओझा।

V.O.P.C. Order Vegetable Oil Products Control Order.

-vora दे० -VOROUS, जातिवाचक (*carnivora*)।

voracious वॅरे'शॅस् a. घसर, बहुभोजी, महाशन, औदरिक, भुखमुआ, मरभुख, भुक्खड़, पेटू, खाऊ, घाऊघप (~ *appetite for scandal*)।

voraciousness, voracity –नॅस्, –रै'सिटि nn. घसरता^{F}, भुक्खड़पन, भुखमुआपन, खाऊपन, पेटूपन।

voraginous वॅरै'जिनॅस् n. आवर्तमय, भँवरदार; गह्वरमय, गर्तयुक्त, खड्डदार, गड्ढेदार।

vorant वोअॅरन्ट् a. आशी, भक्षी, खानेवाला।

-vore दे० -VOROUS (जातिवाचक संज्ञा^{F} बनानेमें),

-vorous -भुक्, -भोजी, -भक्षी, -अश (*carni*~, *gramini*~)।

vortex वॉर्'टॅक्स् n. (pl. *-ices, -exes*) भ्रमि^{F}, (ग०) भ्रमिल^{F}, भ्रमर, जलावर्त, चक्र, (ऋतु०) **आवर्त**, भँवर, चक्कर; **शीर्ष**; किसी प्रकारकी आवर्तमय गति^{F}; घूर्णिवात, चक्रवात, बगूला, बवण्डर; (विशे० ला०) रीति^{F}, प्रणाली^{F}, पेशा आदि;

~ line, ~ motion, ~ pair, ~ ring, ~ sheet, ~ system, ~ tube.

vortical –टिकॅल् a. भ्रमिमय, आवर्तमय, घूर्णमान, चक्करदार, घूमता, फिरता।

vorticism –टिसिज़्म् n. डेकार्टवाद (यह विश्वास कि विश्व स्वयं एक द्रव्यमय स्थल है जिसमें गति^{F} स्वयं वृत्तरूपमें व्याप्त रहती है)।

vorticist –सिस्ट् a. (अध्या० दर्श०) डेकार्टवादी (इस सिद्धान्तमें विश्वास करनेवाला व्यक्ति कि विश्व द्रव्यस्थल है जिसमें गति^{F} स्वयं वृत्तरूपमें व्याप्त रहती है); (कला^{F}; चित्रनिर्माणमें वृत्तों इत्यादिका प्रयोग करनेवाला) आधुनिक पद्धति^{F}का चित्रकार।

vorticity –'सिटि n. (ग०) **भ्रमिलता^{F}**, (ऋतु०) **चक्रता^{F}, आवर्तिता^{F}**।

vorticose –'टिकोस् a. भ्रमिमय, आवर्तमय, चक्करदार।

vorticular –टि'क्यूलॅर् a. आवर्ताकार, चक्राकार, चक्करनुमा।

vortiginous वॅर्टि'जिनॅस् a. = VORTICAL.

votable वो'टॅबॅल् a. मतदेय, मतापेक्ष, मतप्रदेय, मतदानयोग्य (~ *items*)।

votaress वो'टॅरिॅस् n. उपासिका^{F}, पुजारिन^{F}, भक्तिन^{F}; महिला^{F} भक्त, भक्त नारी^{F}, पक्षपोषी स्त्री^{F}, समर्थक महिला^{F}, अनुगामिनी^{F}।

votarist, votary –रिस्ट्, –रि nn. भक्त, उपासक, पूजक, पुजारी, दास, सेवक; पक्षपोषी, पृष्ठपोषी, अनुगामी, समर्थक, कट्टर अनुयायी।

vote[1] वोट्' n. **मत**, सम्मति^{F}, जनाभिप्राय, राय^{F}, **वोट; मतदान**, मतप्रकाश, व्यक्त मत; बहुमतसे स्वीकृत वित्त या धन; मताधिकार (*women now have the* ~); शलाका^{F}, मतपत्र, वोट, पर्ची^{F}; ~ by ballot **गुप्त मतदान, पर्ची वोट**; ~ of censure **निन्दा प्रस्ताव**; casting ~ निर्णायक मत।

vote[2] v. i. & t. (*for* अथवा *against* के साथ) मत देना, सम्मति^{F} देना, राय^{F} देना, वोट देना; विधान बनाना, अधिनियम बनाना; दृढ़ संकल्प करना, निश्चय करना, निर्धारण करना; (बहुमतसे) वित्त स्वीकृत करना; (बोल०, जन-सम्मति^{F}से) अधिघोषित करना, घोषणा^{F} करना, शापित करना; (बोल०, *that* के साथ) प्रस्ताव करना; ~ *down* प्रस्ताव गिरा देना, अस्वीकृत कर देना, बहुमत द्वारा हराना; ~ *in* निर्वाचित करना, वोट देकर चुनना।

voted –'टिॅड् a. दत्तमत, स्वीकृत, अभिमत;

~allotment, ~ demand, ~ expenditure, ~ grant.

voteless –ट्'लिॅस् a. मतशून्य, मतरहित, बिना वोटका।

voter –टॅर् n. **मतदाता**, वोटदाता, राय^{F} या वोट देनेवाला।

voting –टिंग् n. मतदान (~ *power*), मत-प्रकाशन, सम्मतिदान, राय^{F} देना, वोट देना; ~ by ballot शलाका-मतदान; ~-paper मतपत्र।

votive वो'टिव् a. मनसा कृत, व्रतपालनार्थ दत्त, प्रतिज्ञापूर्ति^{F}के लिए प्रदत्त (~ *medal*); भक्तिपूर्ण (~ *offerings*); ~ inscription (इति०) **मन्नत लेख**।

vouch वॉउच्' v.t. & i. (*for* के साथ) प्रमाणित करना या होना, (का०) **साक्ष्य देना**, साक्षी^{F} देना या होना, दृढ़ करना या होना, अनुमोदन करना, गवाही^{F} देना; उत्तर देना, जवाब देना; **दायी होना**, अधिभू होना, प्रतिभू होना, जमानत^{F} देना, जामिन पड़ना।

vouched ⊙ –ट्' a. प्रमाणित, दृढ़ीकृत, प्रतिभूत।

voucher –'चॅर् n. साधिका^{F}, प्रमाणक, प्रमाणपत्र, (का०) **आधारपत्र**, व्ययपत्र, अभिश्रव-पत्र, बीजक, खर्चका पुरजा, (अर्थ०) **वाउचर**;

~ audit, ~ copy, ~ file, ~ form, ~ number.

vouching –चिंग् n. (वाणि०) **वाउचर देखना**।

vouchment –च्'मॅन्ट् n. **दायित्व, साक्ष्य**।

vouchsafe वॉउच्सेफ़्' v.t. **साक्ष्य देना**, प्रतिभू होना; कृपा^{F} करना, अनुग्रह करना, दया^{F} करना; कृपापूर्वक प्रदान करना (~ *d me no answer*); कृपया स्वीकार करना, मंजूर करना, मानना।

vouchsafement –'मॅन्ट् n. साक्ष्य; अनुग्रहण, कृपाप्रदान, स्वीकरण, मंजूरी^{F}।

voussoir वू'स्वेअॅर् n. (स्था०) चापशिला^{F}, (स्था०) **गढ़ा डाट पत्थर (या ईंट^{F})**, महरावका गढ़ा हुआ पत्थर।

vow[1] वॉउ' n. **व्रत**, प्रण, शपथ^{F}, प्रतिज्ञा^{F}, संकल्प, वादा, इकरार; व्रतपूर्ण आचरण, संकल्पित कार्य; *am under* ~ (मैं) प्रतिज्ञाबद्ध हूँ; ~*s made in storm are forgotten in calm* दुखमें सुमिरन सब करै, सुखमें करै न कोय।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

vow[2] v.t. व्रत लेना, व्रत करना, प्रतिज्ञा[F] करना, संकल्प करना (*~ vengeance against the oppressor*); (प्रा०) व्रतकी घोषणा[F] करना, प्रतिज्ञा[F] प्रमाणित करना; गम्भीरतापूर्वक अधिघोषित करना; (प्रा०) प्रमाणित करना, शापित करना (*I ~ you are most obliging*)।

vowel वॉउ'इ॑ल् n. (व्या०) अच्, स्वर, स्वरवर्ण (*a, e, i, o, u*); **neutral ~** उदासीन स्वर (*reason* में *o*); **~ point** स्वरकी मात्रा[F];
~ affinity, ~-gradation, ~ harmony, ~ indication, ~ order, ~ places, ~ sign, ~ sound, ~ theory, ~ variation.

vowelize –लाइज् v.t. (हिब्रू आदि भाषाओं[F] एवं शीघ्रलिपि[F] में) स्वरचिह्न लगाना।

vowelled –ल्ड a. स्वरित, स्वर-सहित।

vowelless –ल्-लिस् a. स्वरहीन, स्वररहित, बिना स्वरका।

vowelly –लि a. स्वर-सदृश, स्वरका-सा।

vower वॉउ'अॅर् n. व्रती, व्रतधारी।

vox et praeterea nihil (L) केवल शब्द और कुछ नहीं।

vox populi, vox dei (L) लोकवाणी; पंचोंका कथन ईश्वरका वाक्य है; पंचमें परमेश्वर।

voyage[1] वाएँ'इज् n. (परि०) **जलयात्रा**[F], **समुद्रयात्रा**[F];
~ account, ~ charter, ~ policy.

voyage[2] v.t. & i. समुद्रयात्रा[F] करना, समुद्रपार जाना।

voyageable –जॅबॅल् a. जलयात्रा-योग्य, सामुद्रिक यात्रा-योग्य।

voyager –जॅर् n. जलयात्री, सांयात्रिक, समुद्री यात्रा[F] करनेवाला, जहाजी मुसाफिर।

voyageur ज्वायाज़र्' n. (कनाडाका) नाविक, मल्लाह; (सीमान्तपर यातायात-सम्बन्धी कार्योंके लिए नियुक्त) यात्राधिकारी।

voyeur –इअर a. (शिक्षा०) **रतिदीक्ष, कामुक**।

V.P. Vice-President.

V.P.P. Value Payable Parcel.

V.R. *Victoria Regina*, Queen Victoria.

vraisemblance (F) n. सत्याभास, प्रकट सत्य।

V.R.D. Volunteer Reserve Decoration.

V.R.I. *Victoria Regina et Imperatrix*, Victoria Queen and Empress.

V.S. Veterinary Surgeon; *volti subito*, turn quickly.

v.s. *vieux style*, old style; *vide supra*, see above.

Vs. Versus.

V.T. Victoria Terminus (Bombay).

Vt. Vermont (in. U.S.A.).

v.t. verb transitive.

V.U.C. Village Uplift Centre.

Vul., Vulg. Vulgate.

vul., vulg. Vulgar.

Vulcan वल्'कॅन् n. (रोमन पुराण) अग्निदेवता; **~ powder** स्फोटक, बारूद[F]।

vulcanic –कै'निक् a. = VOLCANIC.

vulcanism –'कॅनिज़्म् n. = VOLCANISM.

vulcanite –वल्'कॅनाइट् n. गन्धघृषि, एबोनाइट (गन्धक-मिश्रित कड़ा रबर, *~ grating*)।

vulcanizable –इज़ॅबॅल् a. (रबर) गन्धदंहणीय, गन्धक मिलाकर कड़ी की जा सकनेवाली, वल्कनीय।

vulcanization –ज़ेशॅन् n. गन्धदंहण, (रसा०, चि०) गुणवृंहण, (रसा०) **वल्कनीकरण** (रबरमें गन्धक मिलानेकी प्रक्रिया[F]) **वल्कनाइज़ करना**।

vulcanize –'कॅनाइज़् v.t. गन्धदंहण करना, वल्कन करना; (रसा०) **वल्कनी करना**, रबरमें गन्धक मिलाकर दृढ़ करना।

vulcanized –ड् a. गन्धदंहित, वल्कनित, (रसा०) **वल्कनीकृत**, गन्धक डालकर कड़ी की हुई (*~ rubber*)।

vulcanizer –ज़ॅर् n. गन्धदंहक, रबरमें गन्धक मिलानेवाला, **वलकनीकारक**।

vulcanizing –ज़िंग् n. गन्धदंहण, गन्धक डालकर कड़ा बनानेकी क्रिया[F] (*~ solution*); (यंत्र०) **वल्कनीकरण** (*~ bay*)।

vulgar वल्'गॅर् a. प्राकृत, सामान्य, साधारण, आम; सामान्य-लोक-विषयक, साधारण-जन-सम्बन्धी (*~ superstitions*); लौकिक; अमार्जित, असंस्कृत, अश्लील, अशिष्ट, ग्राम्य, गँवारू, भद्दा, देहाती, ओछा, कमीना, घटिया; सामान्य प्रयोगका, साधारण रूपसे प्रचलित (*~ expressions, mind, tastes*); **~ fraction** (ग०) **साधारण भिन्न**, **the ~** सामान्य जनता[F], जन-साधारण, आम लोग; **the ~ era** ईसवी सन्; **the ~ tongue** (शास्त्रीय लैटिन[F] के प्रतिकूल) देशभाषा[F], सर्वसाधारणकी भाषा[F], जनभाषा[F]।

vulgarian –गेअ'रिॲन् n. (विशे० धनी) अशिष्ट व्यक्ति, छोटा आदमी।

vulgarism –'गॅरिज़्म् n. ग्राम्यता[F], ग्रामीण रीति[F], ग्राम्य व्यवहार, गँवारू रिवाज; ग्राम्य प्रयोग, गँवारू शब्द-प्रयोग।

vulgarity –गै'रिटि n. अशिष्टता[F], अश्लीलता[F], ग्राम्यता[F], ग्रामीणता[F], गँवारूपन, देहातीपन; नीचता[F], अशिष्टता[F], ओछापन, कमीनापन।

vulgarization –गॅराइज़ेशॅन् n. अशिष्टकरण, असभ्यकरण, ग्राम्यकरण, गँवारू बनानेकी प्रक्रिया[F]।

vulgarize –'गराइज़् v.t. (व्यक्ति या आचरणको) अशिष्ट बनाना, असभ्य करना, ग्राम्य बनाना, ग्रामीण बनाना, गँवारू बनाना; (ज्ञान या भावना[F] आदिको) अति साधारण बनाकर नष्ट करना।

Vulgate वल्'गेट् n. बाइबिलका लातीनी संस्करण; जनसंस्करण।

vulgo (L) adv. सामान्यतया, साधारण रूपमें।

vulnerability, vulnerableness वल्नॅरॅबि'लिटि, –निॅस् n. छेद्यता[F], भेद्यता[F], वेध्यता[F], क्षेयता[F], प्रहार्यता[F], आक्रमणीयता[F], दुर्बलता[F]।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

vulnerable –'नॅरॅबॅल a. (शा० एवं ला०) छेद्य, भेद्य, वेध्य, धृष्य, समीक्ष्य, आलोच्य; (ब्रिजके खेलमें) एक हाथ जीता हुआ; प्रहार्य, आक्रमणीय;
~ area, ~ group, ~ mileage, ~ part, ~ point.

vulnerary[1] वल्'नॅरॅरि n. व्रणरोप, घाव भरनेवाली ओषधि[F] ।

vulnerary[2] a. (चि०) व्रण-सम्बन्धी, व्रणरोपी, क्षत-निवारक, क्षतोपशमकारक, क्षत-आरोग्यकर, घाव भरनेवाली ।

vulnus ⊙वल्'नॅस् n. (चि०) व्रण, क्षत, अभिघात ।

vulpecula –'पेकुलॅ n. (ज्यौ०) **वल्वेकुला, लोमशा** ।

vulpicide वल्'पिसाइड n. लोमड़ी[F] की हत्या[F]; लोमड़ी[F] का हत्यारा ।

vulpine[1] वल्'पाइ(पि)न् n. शठ, धूर्त, चतुर, चालाक, मक्कार (आदमी) ।

vulpine[2] a. शृगाल-सदृश, शृगालवत्; लोमशी-विषयक; लोमड़ी[F] का; लोमड़ी[F] के स्वभावका; धूर्त्त, मक्कार, चालाक, एय्यार ।

vulpinism –⊙निज़्म् n. नैपुण्य, निपुणता[F], धूर्त्तता[F], चातुर्य, चतुरता[F], होशियारी[F], काइयाँपन, मक्कारी[F] ।

vulture वल्'च्युअॅर् n. खगराज, गृध्र, गृद्ध, गिद्ध, गीध; (ला०) लोभी व्यक्ति, लालची आदमी ।

vulturine –रिन् a. गृध्र-सदृश, गृद्धवत्; गिद्ध-सम्बन्धी, गीधका ।

vulturish, vulturous –'चॅरिश्, –रॅस् aa. गृध्रवत्, गिद्धका-सा; गिद्धके समान; लोभी, लालची ।

vulva वल्'वॅ n. (शा० र० शा०) बहिर्भग, बहिर्योनि[F], योनिद्वार, योनि-कपाट, योनिच्छद, योनिमुख, भगद्वार; (शा० र० शा०) (मस्तिष्क) **पूर्वस्तम्भ दरी**[F]; बाह्य स्त्री प्रजननांग, (जीव०, चि०, कृषि०) **भग**[F], चूत[F], चेंचा[F], टिंटा[F], बुर[F] ।

vulvar –वॅर् a. भगीय, बहिर्योनिक, बहिर्भग-सम्बन्धी ।

vulvate –वॅट् a. बहिर्योनियुक्त, प्रजननांगयुक्त, भगमय ।

vulviform –'विफ़ॉर्म् a. बहिर्भगाकार, भगाकार ।

vulvitis –वाइ'टिस् n. (चि०) भग शोथ; योनिप्रदाह, भगप्रदाह ।

vv.ll. *variae lectiones*, various readings.

v.y. various years.

vying[1] वाइ'इंग् n. प्रतिस्पर्धा[F] (करना), ईर्ष्या[F] (करना) ।

vying[2] a. प्रतिस्पर्धाशील, प्रतियोगी ।

W

W ड'बॅल्यु (pl, *Ws, Ws'*) अंग्रेजी वर्णमाला[F] का तेईसवाँ अक्षर, व ।

W. Watt; West.

W *wolframium*, tungsten.

w. weak; wicket; wide (Cricket).

W.A. West Africa; West Australia.

W.A.A.C. Women's Army Auxiliary Corps (later Q.M.A.A.C.).

Waac वैक्' n. महिला-सैन्य, वैक; *Women's Army Auxiliary Corps* (की सदस्या[F]) ।

W.A.A.F. Women's Auxiliary Air Force (earlier and later W.R.A.F.).

Waaf वैफ़' n. (बोल०) स्त्रियों[F] की सहायक वायु-सेना[F] की सदस्या[F], वैफ[F] ।

wabble वॉ'बॅल v. i. दे० WOBBLE[2].

wabbly –लि a. स्पन्दनशील, कम्पायमान, दोलायमान, डगमगानेवाला, लड़खड़ानेवाला; थर्रानेवाला, झोंके खानेवाला ।

wacke वै'क् n. ज्वालामुखी गेरू, गेरुई पत्थर ।

wad[1] वॉड्' n. कृष्णिज, बारूद[F], (प्रा० भू०) **वाड**[F]; चूर्णरोधनी[F], छिद्र बन्द करनेका पिण्ड, टिकिया[F], डट्टा, डाट[F], गद्दी[F]; (आ०) सिवके आदि, नोटोंकी गड्डी[F] ⊙; राशि[F], समूह, मुट्ठा, ढेर ⊙; ~ gourd श्वेत कूष्माण्ड, (मिठाई[F] का) पेठा ।

wad[2] v.t. (पोशाक[F] इत्यादिमें) रुई[F] भरना, ऊन इत्यादिकी तह[F] देना; (रुई[F] इत्यादिकी तह[F] से) सुरक्षित करना, गद्दी[F] लगाना; (बन्दूक[F] की नली[F] में) चूर्णरोधनी[F] लगाना, टप्पा लगाना, डाट[F] कसना, डाट[F] भरना, डाट[F] बनाना, डाट[F] देना ।

wadable वे'डॅबॅल् a. विहरणीय, पैदल पार किये जा सकने योग्य ।

wadded वॉ'डिड् a. चूर्णरोधित, टप्पेवाला, डाटदार, डाट[F] लगा हुआ; (ला०) भरा हुआ (*well ~ with conceit*) ।

wadding –डिंग् n. तल्पी, डाट[F], डाट[F] देने या भरनेके लिए मुलायम चीज[F]; गद्दा, तोशक, लिहाफ; ~ gait कारण्ड गति[F]; (चि०) रुई[F] या ऊनकी चादर[F], व्रण बन्धन-में प्रयुक्त ।

waddle[1] वॉ'डॅल् n. मटक[F], डगमगाहट[F], बतख[F] की चाल[F] ।

waddle[2] v. i. मटकते हुए चलना, मटककर चलना, झूमकर चलना, इठलाकर चलना, डगमगाकर चलना, हंसके सदृश चलना, बतख[F] की चाल[F] चलना ।

waddler –लॅर् n. स्खलितगन्ता, मटककर चलनेवाला, डगमगाकर चलनेवाला, इठलाती चालवाला ।

waddy वॉ'डि n. (आस्ट्रे०) युद्धगदा ।

wade[1] वेड्' n. जल-विहार, जल-क्रीड़ा[F]. जल-विनोद, पानीका खेल ।

wildish –डिश् a. ईषत्पालित, ईषत्पोषित, किंचिद्वन्य, जंगली-सा, वहशी-सा; ईषत्सतर्क, भड़कीला-सा, बिगड़ैल-सा, ईषद्वश्य, किंचिदनियन्त्रित, कुछ दुराग्रही, हठी-सा; ईषदुत्कट, ईषत्प्रचण्ड, कुछ प्रबल।

willdness –ड्'निॅस् n. वन्यता^{F}, असभ्यता^{F}, अशिष्टता^{F}, गँवारपन; जंगलीपन, उजाड़, वीरानापन, रौद्रता^{F}, प्रचण्डता^{F}, हठवादिता^{F}; व्यग्रता^{F}, विभ्रान्ति^{F}, उत्तेजनापूर्णता^{F}, बेताबी^{F}, परेशानी^{F}।

wile[1] वाइल्' n. वंचन, प्रतारण, कपट; छल, चाल^{F}, चालाकी^{F}, धूर्तता^{F}, छद्म, धोखा, फरेब; लोभ, प्रलोभन, लालच।

wile[2] v.t. (प्रायः *into, away* के साथ) फाँसना, फुसलाना, बहकाना, झाँसा देना, धोखा देना।

wileness –'निस् n. प्रतारणा^{F}, छल, चालबाजी^{F}, मक्कारी^{F}।

wilful विल्'फुल् a. स्वैरी, स्वेच्छयाकृत, यथेष्ट, स्वेच्छाकृत, स्वेच्छाचारी, कामतः, इच्छाकृत, मनमाना, जानबूझकर, (*~ breach, obstruction*); दुराग्रही, हठी, जिद्दी, सरकश।

wilfully –लि adv. कामतः; स्वेच्छापूर्वक, जानबूझकर (*~ donee*)।

wilfulness –ल्–निॅस् n. स्वेच्छा^{F}, स्वेच्छाचारिता^{F}, कामाचार, स्वैरिता^{F}, मनमानी^{F}; दुराग्रहवादिता^{F}, हठवादिता^{F}, हठ, जिद्द^{F}, जिद्दीपन।

wiliness वाइ'लिनिॅस् n. प्रतारकता^{F}, कैतव, कपट, छल, शठता^{F}, धूर्तता^{F}, मक्कारी^{F}, चालबाजी^{F}, काइयाँपन।

will[1]* विल्' n. प्रवृत्ति^{F}, संकल्प, संकल्पशक्ति^{F}, इच्छाशक्ति^{F}, आत्मसंयम, आत्मनिग्रह (*has a strong, weak, ~*); कृति^{F}; वांछा^{F}, कामना^{F}, इच्छा^{F}*, आकांक्षा^{F}, लालसा^{F}, अभिलाषा^{F}, मनोरथ, चाह^{F}, मंशा^{F} (*my poverly but not my ~ consents*); अभिप्राय, भावना^{F}; अभिभूत करनेकी शक्ति^{F}; निदेश, आदेश, आज्ञा^{F}, हुक्म; (का०, विधा०), इच्छापत्र, वसीयत^{F}, वसीयतनामा; विचारशीलता^{F}, स्वेच्छाचारी विवेक; (दूसरोंके प्रति) सदिच्छा^{F}, सद्भाव; free ~ मुक्त संकल्प, स्वतन्त्र इच्छाशक्ति^{F}; good-~ सद्भावना^{F}; विश्रुति^{F}, सुख्याति^{F}, प्रसिद्धि^{F}; ill-~ दुर्भावना^{F}, असद्भावना^{F}; अविश्रुति^{F}, कुख्याति^{F}, बदनीयती^{F}, बदनामी^{F}; ~-power इच्छाशक्ति^{F}; *at ~* स्वेच्छया, इच्छापूर्वक, अपनी इच्छा^{F}से, मर्जी^{F}पर; *God's ~ be done* ईश्वरेच्छा^{F} बलीयसी; *have* one's *~* इच्छा^{F} पूरी करना, मनकी बन आना; *where there is a ~ there is a way* जहाँ चाह^{F} है वहाँ राह है।

will[2] v.t. कामना^{F} करना, वांछा^{F} करना, अभिलाषा^{F} रखना, इच्छा^{F} करना, चाहना, चाह^{F} रखना (*God ~s that man should be happy*); अपेक्षा^{F} करना, आवश्यक समझना, जरूरत^{F} समझना; सम्मत होना, सहमत होना; राजी होना; (कोई बात^{F}) जरूर होना, जरूर करना, होकर रहना; निदेश करना, आदेश देना, आज्ञा^{F} देना; इच्छापत्र लिखना, वसीयत^{F} कर देना; (कोई काम) मनमाने ढंगसे करना।

will[3] v.t. & aux. गा, गे, गी (*I, we, he, they you, ~ go*); सम्भावना^{F} होना (*this ~ be Waterloo I suppose*)।

willed –ड्' a. इच्छाशक्तिमान्।

willer –'लॅर् n. इच्छाशक्ति-सम्पन्न व्यक्ति, इच्छाशक्तिमान् व्यक्ति, चाहनेवाला।

willies ⊙वि'लिज् n. भीति^{F}, भीतता^{F}, भयभीतता^{F}, डरपोकपन; आवेशमन्दता^{F}, उत्साहक्षीणता^{F}।

willing वि'लिंग a. सम्मत, सहमत, इच्छुक, तत्पर, उद्यत, अविमुख, रजामन्द, तैयार; ईप्सित, अनुमत, चाहा हुआ; इच्छुक व्यक्ति द्वारा प्रदत्त, खुशी^{F}से दिया गया।

willingness –'निॅस् n. सम्मति^{F}, सहमति^{F}, इच्छुकता^{F}, इच्छा^{F}, तत्परता^{F}, रजामन्दी^{F}; शौक।

will-less –ल्'लिॅस् a. इच्छाशक्तिहीन।

will-o' -the-wisp विल्-ऑ'-दॅ-विस्प् n. कच्छ-प्रकाश; घुमक्कड़ व्यक्ति।

willow[1] वि'लो n. नम्रा, वीरा, वेत, बैत (एक प्रकारका वृक्ष); (क्रिके०) बल्ला, बैट; ~-pattern श्वेत चीनीके बर्तनोंपर नीली नक्काशी^{F}; *handle the ~* बल्ला थामना, बैट उठाना; *wear the ~* (प्रिय जनोंकी अनुपस्थिति^{F} या मृत्यु^{F}पर) शोक करना;

~-culture, ~-grouse, ~ herb, ~ oak, ~ power, ~ warbler, ~-wren.

willow[2] n. धुननेकी मशीन^{F}।

Willow[3] v.t. (धुनाई^{F}की मशीन^{F}से) धुनना।

willowed –ड् a. नम्राच्छादित, वीरा-संकुल, बैतवाला।

willowish –लोइश्' a. नम्रावत्, वीरा-सदृश्य, बैत-जैसा।

willowy –इ a. मधुर, माधुर्यमय, सुन्दर; वीरा-बहुल, जहाँ बैतके वृक्ष अधिक हों; कृश, पतला और लचछेदार।

willy वि'लि n. धुनकी^{F}, धुननेकी मशीन^{F}।

willy-nilly विलि'-नि'लि adv· दे० NILL; इच्छापूर्वक या अनिच्छापूर्वक; अनुरोधसे, बलात्, चाहे-अनचाहे; T.।

willy-willy विलि-वि'लि n. चक्रपवन, चक्रवात, वात्या^{F}, ववण्डर।

wilsome विल्'सॅम् a. दुर्दम, दुराग्रही, हठी, जिद्दी।

wilt[1] विल्ट्' WILL[2] का द्वितीय पुरुष एकव०।

wilt[2] १. n. (कृषि०) म्लान, मुरझान^{F}, कुम्हलाना; २. v.t. & i. शिथिलित करना, शिथिल करना या होना, हिम्मत^{F} तोड़ना; म्लान होना, मुरझाना, सूख जाना, कुम्हलाना, ~ disease शैथिल्य-रोग।

wilting –'लिंग् n. शिथिलीकरण, शैथिल्य, शिथिलन, (वन०) कुम्हलाना, कुम्हला जाना, मुरझा जाना; ~ coefficient (कृषि०) म्लान गुणांक; ~ point शैथिल्यांक, (कृषि०) म्लानांक।

Wilton विल'टॅन् n. (विल्टन नगरमें निर्मित) एक प्रकार-

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का कालीन, गलीचा, बिस्टन (~ *carpet* भी)।

Wilts. Wiltshire.

wily वाइ'लि a. मायावी, प्रतारक, कितव, कपटी, छली, शठ, धूर्त, छद्मपर, कापटिक, सकपट, मक्कार, चालाक, चालबाज, ऐयार, धोखेबाज, घाघ, काइयाँ।

Wimco. Western India Match Company.

wimple[1] विम्'पॅल् n. तह-दर-तह नकाब, बुरका, घूँघट, परदा; तह[F]; फरहरा।

wimple[2] v. t. & i. घूँघटमें लपेटना या लिपटना, परदा करना; नकाब डालना, नकाबसे छिपना; तह[F]में लपेटना, तहियाना, तहियाकर रखना; चक्कर खाते हुए बहना, लहराना, लहरें[F] उठाना।

win[1] विन्' n. विजय[F], जीत[F], बाजी[F] (*has had three ~s*)।

win[2] v.t. & i. (*won*) विजयी होना, विजेता होना, विजित करना, विजय[F] पाना, जयलाभ करना, जीतना (*~bet, fortress*); प्राप्त करना, पाना (*~ fame, prize*); (धन-सम्पत्ति[F] आदिमें) आगे बढ़ जाना, आगे रहना; सफल होना, कृतकार्य होना; प्रयत्नतः पहुँचना, कोशिश[F] करके पहुँचना, रास्ता तय करना (*~ the shore, summit*); सफल-प्रयत्न होना; अनुग्रहलाभ करना, कृपा[F] पाना, प्रसाद पाना; प्रभावित करना, प्रवृत्त करना, सम्मत कर लेना, सहमत कर लेना, झुकना, तैयार कर लेना अभिभूत कर लेना, अपने पक्षमें कर लेना, तरफदार बना लेना, मोह लेना; ~ one's *bread* रोटी[F] कमाना, रोजी[F] कमाना; ~ one's *way* संघर्ष करते हुए आगे जाना; कठिनाइयों[F]के बीचसे रास्ता बनाना; लड़-झगड़कर प्राप्त करना; ~ *out* ⊙ सफल होना; ~ *the field* मैदान जीत[F] लेना, मैदान मार लेना; ~ *through* सफल होना, पार होना (*~ through all difficulties*)।

wince[1] विन्स्' n. कँपकँपी[F], झुरझुरी[F], झुरझुराहट; झिझक[F], सिकुड़न[F]।

wince[2] v.t. सिकुड़ना, कँपकँपी[F] आना, झुरझुरी[F] आना, झुरझुराना; हिचकिचाना, चौंकना, झिझकना, पीछे हटना।

wincer –सर् n. काँपनेवाला; झुरझुरानेवाला; हिचकिचानेवाला।

wincey विन्'सि n. (pl. -s) (एक प्रकारका सूती-ऊनी कपड़ा) विन्सी।

winceyette विन्सिअॅट्' n. नकली विन्सी, दे० WINCEY.

winch विन्च्' n. भ्रामणी[F], चक्रभुजा[F], अक्षभुजा[F], चखी[F], विरनी[F], धुरेकी चक्कर कुहनी[F]; (यन्त्र०) गरारी-ढोल; भारवाहक कल[F], बोझ उठानेकी मशीन[F]।

Winchester[1] विन्'चिस्टर् n. विंचेस्टर रायफल।

Winchester[2] n. आधे गैलनकी बोतल[F]।

wind[1]* विन्ड् n. सदागति[F], अनिल, (काव्यमें, वाइन्ड भी) (कृषि०) पवन, मरुत, (कृषि०) वात[F], वायु[F], बयार[F], हवा[F]*, (*constant, periodical, ~*); क्षिप्र वायु[F], चंचल समीर, तेज हवा[F]; आँधी[F], झक्कड़; वायु[F]की दिशा[F] (जिधर बहती हो); (ला०) सुअवसर, अच्छा मौका; (pl.) चार प्रमुख दिशाएँ[F] (*scatter to the four ~s of heaven*); अहंकार, अनर्थक बात[F], निरर्थक बात[F], व्यर्थकी बात[F], खाली बातें[F]; कृत्रिम वायु-तरंग[F]; वाहित गन्ध[F], गन्ध[F], बू[F]; (ला०) पता, सुनगुन[F], सुराग, खबर[F]; उदराध्मान, स्फीतता[F], अधोवायु[F], अपान वायु[F], अपच वायु[F], हवा[F], पाद; निःश्वास, श्वास, साँस[F], दम[F]; contrary ~ प्रतिकूल वायु[F], मुखालिफ हवा[F]; fair ~ अनुकूल वायु[F], मुआफिक हवा[F]; ~ bag बहुभाषी वक्ता, लम्बी-चौड़ी हाँकनेवाला आदमी; वायुपूर्ण थैली[F], हवाई झोला; फेफड़ा; असार वस्तु[F]; ~-bound वायुरुद्ध, पवन-प्रतिरुद्ध; ~-break (कृषि०, ऋतु०) वायुरोधी, वातरोक; ~ burn (चि०) वातदग्ध, वायुसे उत्पन्न त्वग्विकार; ~-colic वातशूल, वातपीड़ा[F], वाई[F]का दर्द; ~-egg वाताण्ड, कच्चा अण्डा, खाली अण्डा; ~fall वायुपातित फल; असम्भाव्य आय, अप्रत्याश लाभ, (अर्थ०) आकस्मिक लाभ, अप्रत्याशित आय[F], छप्पर-फाड़ आय[F], दैव आय[F]; ~-flower (का०) वातिका[F], मारुत-पुष्प, समीर-पुष्प, रत्नज्योति पौधा; ~-gall (घोड़ेका रोग-विशेष) वातशोथ, पादार्बुद; ~-gap (प्रा० भू०) वातावकाश; ~-gauge वायुमापी, वायुमापक यन्त्र, हवामाप, विण्ड-गेज; ~-instrument (भौ०) सुषिर वाद्य, वातयन्त्र, वंशी[F], बाँसुरी[F]; ~mill पवनपेषणी[F], (इति०) पवन-चक्की[F], हवा[F]की चक्की[F]; ~mill plane वातचक्रिल वायुयान, ~ nut पंख डिबरी[F]; ~ pipe (चि०) श्वास प्रनाल; (जीव०) श्वासनली[F], श्वासनाल, श्वासनलिका[F], कण्ठनाली[F], साँस[F] लेनेकी नली[F]; ~ rose वात कमल; ~-screen (मोटर[F]में) वातरोध, वायु[F]-आवरण, हवारोक शीशा, हवा[F]से बचनेका शीशा; ~-spout प्रचण्ड झंझा, भयानक आँधी[F]; *get the ~ up* (ग्रा०) भयभीत हो जाना, दम[F] निकलने लगना, हवा[F] खिसक जाना; शिथिल होना; *get ~ of* पता चल जाना, खबर[F] लग जाना; *go like the ~* क्षिप्रता[F]से गमन करना, शीघ्रता[F]से चलना, वायु वेगसे चलना; *raise the ~* (ला०) इच्छित धन प्राप्त करना; *take the ~ out of* one's *sails* (किसी व्यक्तिको उसके अभीष्ट तर्कको पहलेसे कहकर उसे) निराश कर देना; लाभसे वंचित करना; *take* or *get ~* प्रसिद्ध हो जाना, नाम कमाना; *what ~ blew you here* आज किधरका चाँद निकला है?; *which way the ~ blows?* ऊँट कैसी करवट[F] लेता है;

~ ablation, ~ abrasion, ~ allowance, ~ axis, ~ ball, ~ belt, ~ bill, ~-blown, ~-borne, ~-borne seed, ~-broken, ~ burn, ~ chest, ~ chute, ~ cloud, ~ cock, ~ correction, ~ deflation, ~ derosion, ~ direction, ~ dispersal, ~ drift structure, ~ eddies, ~ erosion, ~ filling, ~ firm, ~fish, ~ force, ~ god, ~ horse,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~-hungry, ~-laid, ~laid soil, ~ load, ~ mantle, ~-pollinated, ~-pollination, ~ power, ~ pressure, ~-proof, ~ puff, ~ rose, ~ row, ~ rower, ~ rowing, ~-sail, ~ scale, ~ screen wiper, ~-shake, ~-shaken, ~ side, ~ speed, ~ strip crops, ~-swept, ~ table, ~-throw, ~-tight, ~ tunnel, ~ vane, ~ veersing, ~ velocity, ~ wave, ~ whirl, ~ worm, ~zone.

wind[2] v. t. फूँक[F] मारना, फूँकना, बजाना, फूँककर बजाना; हवा[F] देना; हवा[F] करना, फटकना; (किसी व्यक्ति या वस्तु[F]की) गन्ध[F] पा लेना, बू[F] पा लेना, सूँघना (*hounds ~ the fox*); साँस[F] लेना; (व्यायामसे) साँस[F] फुलाना, दम बढ़ाना (*am quite ~ ed by the climb*); दम[F] बाँधना, दम[F] ताजा करना (*rested to ~ the horses*); ~ *up* समाप्त करना, बन्द करना, समेटना।

wind[3] वाइन्ड्' n. कुण्डलित वक्रता[F], ऐंठन[F], लपेटन[F], बल, पेंच, मोड़[F], फेर, लपेट[F], घुमाव, चक्कर; ~-up निष्कर्ष; (का०) समापन, शेष, समाप्ति[F], खात्मा।

wind[4] v. i. & t. बल देना, बटना; सर्पिल गति[F]से जाना, वलयाकार जाना, वृत्ताकर जाना, टेढ़े-मेढ़े होकर जाना; बायीं ओर घूमना; घुमावदार होकर बहना; (*way* के साथ) चक्कर खाकर रास्ता चलना, फेर खाकर जाना, चक्कर खाना, कतरना, मुड़ना; फेरना; चतुराई[F]से हृदयमें स्थान बना लेना; कुण्डलित करना या होना, लपेट लेना, लिपटना; लच्छा बनाना; समेटना; (क्रेन इत्यादिसे) घुमाना, उठाना; कूकना, कूक देना, चाबी[F] देना; ~ *off* खोलना, पेच खोलना; ~ *ship* जहाजका पूरा रुख बदलना; ~ *up* पूर्णतया कुण्डलित करना, पूरा-पूरा लपेट लेना; कमानी[F]को कसना; कूकना, कूक देना, चाबी[F] देना; उत्तेजित करना; कसाव पैदा करना, चुस्ती[F] पैदा करना; समाप्त करना, समेटना (~ *up your speech*); ~ *up company* व्यापारिक संघ (कम्पनी[F]) तोड़ देना।

windable –'डॅबल् a. वलयनीय, कुण्डलनीय, लपेटने योग्य।

windage विन्'डिज् n. (यन्त्र०) **वायु-घर्षण**, पवनान्तर, वायु अन्तर, हवा[F]की जगह[F]; (चि०) बात सम्पीड़न जन्य, भीतरी चोट।

winder वाइन्'डॅर् n. सर्पिल गन्ता, वलय-गन्ता, वृत्ताकार जानेवाला; कुण्डलित करनेवाला, लपेटनेवाला, फिरकी[F]; (स्था०) **घुमावदार पैड़ी[F]**; लिपटनेवाला; बेल[F], लता[F]।

windiness विन्'डिनिॅस् n. वायुमयता[F], अन्धड़पन; बागाडम्बर, शब्दबाहुल्य; बादीपन।

winding वाइन्'डिंग् १. n. **कुण्डली[F]**; **कुण्डलन**; आवलन, (विद्यु०) **लपेटन[F]**, लपेटना, लपेट[F]; मोड़; फेरा, २. a. सर्पिल, चक्रिल, चक्करदार, घुमावदार, बल खाती हुई (~ *staircase*); ~ sheet शव-वस्त्र, कफन; ~ up उपसंहार, **समापन**।

windlass[1] विन्ड्'लॅस् n. हस्तघर्घरी[F], गरारी[F], (परि०) **बेलन चर्खी[F]**, बोझा उठानेकी चर्खी[F]।

windlass[2] v. t. (हस्तघर्घरी[F] या चर्खी[F]से) उठाना, खींचना।

windle विन्'डल् n. तकला, फिरकी[F]।

windless विन्ड्'लिॅस् a. श्रान्त, क्लान्त, थका हुआ; निर्वात, अवात, वायुहीन, बेदम, बेहवा।

windlestraw विन्'डॅल्स्ट्रॉ n. (घास[F]की) पुरानी डण्डी[F], डण्ठल।

window* विन्'डो n. द्वारी[F], वातायन, बारी[F], झरोखा, **खिड़की[F]***; (लिफाफेमें पतेके स्थानपर) खुला हुआ भाग; **कतरन[F]**, **किरिचगोला**; ~-dressing अभिविन्यसन, वस्तु-विन्यास, **दूकान[F]की सजावट[F]**; प्रदर्शन-कला[F], दिखावा, टीमटाम[F]; (दूकान[F]की) खिड़कियों[F]में चीजें[F] सजानेकी कला[F]; ~ delivery **खिड़की[F] वितरण, यहाँ डाक[F] बँटती है**; ~ envelope (वाणि०) **पारदर्शी लिफाफा**; ~ ledger (अर्थ०) **पटल खाता**; *have all* one's *goods in the ~* ओछा होना, छिछोरा होना, दिखावा करना।

windowed –ड् a. वातायनयुक्त, खिड़कीदार।

windowless –डो-लिॅस् a. वातायन, विहीन, बेखिड़कीका।

Windsor विन्ड्'ज़ॅर् n. House of ~ विण्डसरका राजवंश; ~ chair सारी लकड़ी[F]की कुरसी[F]।

windward विन्ड्'वॅर्ड् a. वातसम्मुख, **वाताभिमुख**, **पवनाभिमुख**, **पवनमुख**, अनुवात, **प्रतिवात**, हवा[F]के रुख (~ *side*), **हवा[F]की ओर**।

windy विन्'डि a. वातल, वातमय, वायुमय, पवन-प्रवाहित, तेज हवावाला, हवादार (~ *plain, situation*); झंझामय, आँधीका, तूफानी (~ *weather*); शून्य, निरर्थक, वागाडम्बरपूर्ण, हवाई; अधोवायुमय; अपानवायु-उत्पादक, 'वादी (~ *colic, food*); (प्रा०) हवा[F]के रुखका; (प्रा०) निरर्थक, बेमतलब (~ *applause*); शिथिल; भयभीत, डरा हुआ; *on the ~ side of the law* कानूनकी पकड़[F]के बाहर।

wine[1]* वाइन्' n. (रसा०) **आसव**, मद्य, हाला[F], (रसा०) **मदिरा[F]**, **सुरा[F]**, **दारू[F]**, **शराब[F]***; द्राक्षिरा[F], द्राक्षारस, द्राक्षा-सत्त्व, अंगूरी शराब[F]; सुरापान, द्राक्षा-मदिरा[F]का आपानक, अंगूरी शराब[F]की पार्टी (~ *s have gone out of fashion*); मदिरा[F]में औषधका मिश्रण; ताड़ी[F] (*orange, palm, ~*); Adam's ~ पानी; ~ bibber मद्यप, मद्यपायी, पक्का शराबी, पियक्कड़, पक्का शराबखोर; ~ bibbing a. मद्यप, मद्यपायी, अतिशय मदिरासेवी; n. अतिशय मदिरासेवन; ~ bowl (शा०) मदिरापात्र, शराब[F]का प्याला, जाम; ~-carriage पहियेदार मदिरा-पात्र; ~-cooler (बर्तन जिसमें शराब[F] की बोतलें[F] बर्फ[F]के साथ रखकर ठण्डी की जाती है) वाइन-कूलर; ~ cup मद्य-चषक, मदिरापात्र, जाम; ~-drinker मद्यप, मद्यपायी, शराबी; ~ glass चषक, मदिरापात्र; सुराभाजन, शराब[F]का गिलास; ~ glassful

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शराब[F] गिलासभर, दो औंसके बराबर; ~ merchant मद्यविक्रयी; ~-press द्राक्षापेषणी[F], (अंगूरका) रस निकालनेकी कल[F]; ~-skin शराब[F]की मशक[F]; *in* ~ मदमत्त; मत्त; *new* ~ *in old bottles* (पुरानी प्रथाओं[F]में न बँधनेवाला) नया सिद्धान्त, नवीकृत विचार; *take* ~ *with* (मेज[F]पर परस्पर स्वास्थ्य-कामना[F] करते हुए) मद्यपान करना;

~ball, ~-bin, ~bottle, ~bowl, ~-cellar, ~-coloured, ~ flask, ~-grower, ~-growing, ~ house, ~-palm, ~purple, ~-seller, ~-stained, ~-taster, ~-vault, ~ vinegar, ~ yellow.

wine[2] v. t. शराब[F] पीना (प्रायः ~ *and dine*)।

wineless –'लिॅस् a. मद्यविहीन, मदिरारहित, बे-शराबका।

winery –'नॅरि n. मदिरालय, मद्यगृह, मद्य-निर्माणी[F], शराब[F]का कारखाना।

wing[1]* विन्ग्' n. स्कन्ध; पार्श्व, **पक्ष***; (वन०, जीव०) **पंख***, पाँख, **पाखा**, पखना, (कृषि०) **पर, बाजू**, डैना; **कक्ष, विभाग**, गृहपार्श्व, भवन-विभाग (*the north* ~); उड्डयन, उड़ान[F]; (हास्य०) मानव-बाहु, आदमीका बाजू; पंखा, सूप, छाज; पार्श्वभाग, बगल[F], बाजू (*cavalry were massed on left* ~); (फुटबालमें सेण्टरके) दायें-बायें फारवर्ड खिलाड़ी; (राजकीय वायु-सेना[F]का) चक्र, विभाग, सैन्यपक्ष; (pl.; वायुयान-चालक-का) बिल्ला, बैज; (pl.) रंगमंचके पार्श्व; पार्श्व-दृश्य; high ~ (वायुयानके) सिरेवाले पंख; low ~ (वायु-यानके) नीचेका पंख; ~-case पंखका खोल; ~-commander पार्श्वनायक, पक्षाधिपति, अधिविमानिक, पार्श्व-बलाधिकृत, विंग कमाण्डर; ~-covert पक्षावरण, पार्श्व-रक्षक, पार्श्व-आवरक, बाजूपोश; ~-footed (का०) क्षिप्र, तीव्र, तेज रफ्तारवाला; ~-sheath पंखका खोल; *clip* one's ~*s* पर कतर देना; *come on the* ~*s of the wind* तीव्रगतिसे आना; हवा[F]से बातें करते हुए आना; घोड़ेपर सवार आना; *his* ~*s are sprouting* वह देवदूत होता जा रहा है, वह देवता होता जा रहा है; *lend, add,* ~*s to* त्वरित करना, तेज करना, गति[F] बढ़ाना; *on the* ~ उत्पतन, उड्डीयमान, उड़ता हुआ; *take under* one's ~ अपने संरक्षणमें लेना, छाया[F]में या आश्रयमें लेना; *take* ~ उड़ना आरम्भ करना, उड़ने लगना;

~ commander, ~-cover, ~ dam, ~ headquarter, ~ officer, ~ rail, ~ resistance, ~-spread, ~ tip, ~ walls.

wing[2] v. t. & i. आरोहण-योग्य बनाना, उड़ने योग्य बनाना, पंख देना, पर लगाना (~ *arrow with eagle's feathers*); उड़कर यात्रा[F] करना, उड़कर जाना, उड़कर रास्ता तय करना, पर मारना (*bird* ~*s its way*); (पक्षी या मनुष्यको) बाजू लगाना; बाजू या पर काट देना।

winged –ड् – गिड् a. पक्षवान्, सपक्ष, (~ *animal,* ~ *insect*); पक्षयुक्त, पंखदार, परदार, तेज (~ *horse, shoot*); ~ furrower (कृषि०) **मिट्टी चढ़ाऊ कल**; ~ words अचूक शब्द, सार्थक शब्द।

wingless –ग्'लिॅस् a. पक्षहीन, पार्श्वहीन, पंख-विहीन, बे बाजूका।

winglet –लिॅट् n. क्षुद्र पक्ष, क्षुद्र पंख, छोटा पंख।

wingy विन्'गि a. सपक्ष, सपत्र, पंखदार, पखनेदार, परदार; प्रजवी, प्रवेगी, द्रुत, गतिमान्, तेज।

wink[1] विन्क्' n. उन्मीलन, मीलन, झपकी[F]; संकेत, इंगित, सैन, इशारा (*nod is as good as* ~ *to blind horse*); पलक[F] (*could not get a* ~ *of sleep*)।

wink[2] v. i. & t. सत्वर उन्मीलित करना, पुनः-पुनः निमीलित करना, जल्दी-जल्दी आँख[F] झपकाना या पलक[F] मारना; अपांग-संकेत करना, संकेत देना, सैन करना; आँख[F] मारना; (प्रायः *at* के साथ, प्रकाश, तारा इत्यादि-का) कौंधना, चमचमाना, चमकना, टिमटिमाना; ~ *at* उपेक्षा[F] करना, ध्यान न देना, आनाकानी[F] करना, आखें[F] मूँद लेना।

wink-a-peep विन्क्'-अॅ-पीप् n. जलौकामारी[F], जोंकमार (बूटी[F])।

winker विन्'कॅर् n. आँख[F] मिचकानेवाला, झपकी[F] मारनेवाला; इंगित या संकेत करनेवाला।

winking –किंग् a. सत्वरोन्मीलन, मिचकाहट[F], झपकी[F]; अपांग-संकेतन, आँख[F] मारना; *like* ~ अतिशीघ्र, तुरन्त, जल्दी[F]से, झटपट; ~ *at* उपेक्षी।

winkle[1] विन्'कॅल् n. (एक प्रकारका खाद्य समुद्री) शम्बुक, घोंघा, झींगा।

winkle[2] v.t. (~ *out*) निकाल लेना, बाहर निकालना।

winner वि'नॅर् n. जेता, विजेता, जयी, विजयी, जीतनेवाला।

winning –निंग् १. n. विजय[F], जीत[F], जीतना; (यन्त्र०) **निकालना**; २. a. जयी, विजयी, जीतनेवाला; जीत[F]का, जीत-सम्बन्धी; विजय[F] निश्चित कर देनेवाला; अनुरंजक, आकर्षक, चित्ताकर्षक, हृदयग्राही, मनोरम, मनोहर, सुन्दर, दिलकश; ~ post (घुड़दौड़[F]में) जीतने-का खम्भा।

winnings –निज् n. (pl.) जीता हुआ रुपया या माल।

winnow v.t. निष्पवन करना, वीजन करना, ओसाना, फटकना, पछोरना; शोधना, सूक्ष्म-परीक्षा[F] करना, छान-बीन[F] करना, छाँटना, (परोंसे) हवा[F] झलना, हवा[F] करना; उड़ाना; छानना, पृथक् करना; पर फड़फड़ाना, पंख फटफटाना, फड़फड़ाना, पर मारना; (बालों इत्यादि-का) लहराना।

winnowed –ड् a. पूत, परिपूत, छाना हुआ; पृथक्कृत।

winnower –नोॅअॅर् n. निष्पवित्र, शूर्प, सूप; (क्रिया-गत अर्थोंमें) ओसानेवाला, (कृषि०) ओसानेका यन्त्र, **ओसाई मशीन**[F], निष्पावक, फटकनेवाला, पछोरनेवाला।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

winnowing –नोइंग् n. निष्पावन, वीजन, पछोरना, उड़ाना, (कृषि०) बरसाना, ओसाना, (~ *basket, machine*); ~ fan सूप।

winsome विन्'सम् a. सुन्दर, मनोरम, मनहर, मनोहर, ललित, आकर्षक, सलोना, लुभावना, प्यारा; हृष्ट, प्रफुल्ल, प्रसन्न, मुदित, मोदमय, खुश।

winsomeness –निॅस् n. सुन्दरता[F], मनोरमता[F], मनहरता[F], मनोहरता[F], आकर्षकता[F], हर्ष, प्रफुल्लता[F], प्रसन्नता[F], मोद, खुशदिली[F]।

winter[1]* विन्'टॅर् n. हेमन्त, (प्रा० भूगोल, कृषि०) शिशिर, शीतकाल, शीतऋतु[F], शरद् ऋतु[F], हिमकाल, सरदी[F]*, जाड़ा*; (गुण०) शरत्कालीन, शीतकालीन, जाड़ेमें होनेवाला; हैमन्ती, सर्दी[F]का, जाड़ेका (~ *session*); जरा, वार्द्धक्य, वृद्धावस्था[F], बुढ़ापा; (भाषण०, का०) आयु[F]का वर्ष, उम्र[F]का साल (*a man of 50 ~s*); hard ~ कड़ाकेकी सर्दी[F]; mild ~ गुलाबी जाड़ा, हल्का जाड़ा; ~ garden उद्यानकक्ष, शिशिर-उद्यान, शीशेकी छतवाली नरसरी[F]; ~-quarters शिशिर-निवास, (सर्दी[F]में फौजों[F]की) पड़ावगाह[F]; ~-tide शरत्काल; (का०) शीत-लहर[F]; oil of ~ green (चि०) गन्धपूराका तेल;

~-beaten, ~ buds, ~ cherry, ~ cough, ~ cress, ~-crop, ~ culivation, ~ deciduous, ~ egg, ~ frost, ~-green, ~ ice, ~ injury, ~-killed, ~-killing, ~ line, ~ melon, ~ monsoon, ~ months, ~ moth, ~ planting, ~ precipitation, ~ rainfall, ~ season, ~ showers, ~ sleep, ~ solstice, ~ spore, ~ sports, ~ sweet, ~ temperatures, ~ wear.

winter[2] v. i. & t. (*at, in* के साथ) शीतकाल व्यतीत करना, जाड़ा काटना; (जाड़ेमें पौधों, पशुओं इत्यादिकी) सेवा[F] करना; जाड़ेमें पालन-पोषण करना।

winterish –रिश् a. ईषच्छीतोपयुक्त, ईषच्छारदीय, कुछ जाड़ेका, जाड़ेका-सा।

winterless –लिॅस् a. शीतविहीन, शीतकालविहीन।

winterly –लि a. शारदीय, सरद, जाड़ेका।

Winton. Wintoniensis, of Winchester.

wintriness –ट्रिनिॅस् n. शिशिरावस्था[F]; शीतोपयुक्तता[F], शारदीयत्व, सरदी[F], ठण्डक[F]; उत्साहहीनता[F], बेमजगी[F]।

wintry –ट्रि a. शीतल, ठण्डा; शीतोपयुक्त, हैमन्त, हिमकाल-सम्बन्धी, शारदीय, जाड़ेका (~ *day, weather*); हर्षविहीन, आनन्दरहित, फीका, बेमजा; उत्साहहीन, जोशसे खाली (~ *scene*)।

winy वाइ'नि a. आसववत्, मद्य-सदृश, मदिरा-सा, शराब-जैसा।

wipe[1] वाइप् n. प्रक्षालन, प्रोंछन, मार्जन, परिष्कार, पोंछ, पोंछना (*give this plate a ~*); आघात, प्रहार, घूँसा, मार[F], चोट[F] (*fetched him a ~*); (प्रा०) रूमाल; नोकझोंक[F], बोली-ठोली[F]।

wipe[2] v.t. & i. प्रोंछित करना, मार्जित करना, मार्जन करना, परिष्कार करना, पोंछना, (रगड़कर) साफ करना, मिटाना; (प्रा०) गहरा आघात करना, लम्बा वार करना; ~ *off* पोंछ डालना, साफ करना; ~ one's *eye* (प्रा०) किसीपर पूर्वदृष्टि[F] रखकर उससे आगे बढ़ जाना; ~ one's *eyes* आँसू पोंछना, रोना बन्द करना; ~ *out* प्रतिकार करना, प्रतिशोध करना, समूल विनष्ट करना, मिटा देना, बर्बाद कर देना, सफाया करना, सत्यानास कर देना; ~ *out bath* हौज साफ करना; ~ *out disgrace, insult* etc. अपमान धो डालना, बदनामी[F] धो डालना; ~ *the floor with* (प्रा०) अपमानजनक रीति[F]से सुधारना, अपमानजनक पराजय देना।

wiper –'पॅर् n. प्रोंछक, पोंछनेवाला, मिटानेवाला; मार्जनवस्त्र, पोंछा, पुचारा, झाड़न (~ *cloth* भी)।

wire[1]* वाअॅर् n. तन्तु, (रसा०) तार* (*copper, silver, ~*); (टेलीग्राफ द्वारा प्रेषित) संवाद, तार (*sent congratulations by ~*); ~draw तार-निर्माण; तार खींचना, तार बनाना; ~ entanglement तार-बाड़ा, तारका घेरा; ~ entrance (कृषि०) द्वार-रोधक पर्दा, ~-gun तार-तोप; ~-haired (तारकी तरह) कड़े बालोंवाला; ~ heel घोड़ेके पैरकी बीमारी[F]; ~puller सूत्र-संचालक, दलका गुप्त संगठन-कर्ता राजनीतिज्ञ; ~rope तार-रस्सा, तार-रस्सी[F]; तारकी रस्सी[F]; ~worn तन्तु-कृमि (एक प्रकारका हानिकारक कीट-डिम्भ); *pull the ~s* (तारों द्वारा) कठपुतली[F] नचाना; (ला०) षड्यन्त्र रचना, गुप्त रूपसे दलका संगठन करना; ~ *in* (प्रा०) सम्पूर्ण शक्ति[F]से कार्य करना, एँड़ी-चोटी[F]का जोर लगा देना;

~basket, ~ blanket, ~ bridge, ~ brush, ~ cutter, ~-dealer, ~ dome, ~ drawing, ~ enamelled, ~-fence, ~-fencing, ~ gauge, ~-gauze, ~ gold, ~ grass, ~ handle, ~-holder, ~ hoop, ~man, ~ mileage, ~ nail, ~-net, ~-netting, ~ operator, ~ patenting, ~ obstacle, ~ recording, ~ rope, ~ sewer, ~ stitching, ~-tailed swallow, ~ tramway, ~weed, ~ wheel, ~ winding.

wire[2] v.t. & i. तार कसना, तार लपेटना, तार घेरना, तार बाँधना; (मनकोंको) तारमें पिरोना; (चिड़ियों[F]को) तारमें फँसाना; (विद्यु०) बिजली[F]का तार लगाना; (क्रिकेट खेलमें) गेंद[F] रोकवाना; तार देना, तार भेजना (~ *me the result*)।

wirèless[1] –'लिॅस् n. वितन्तु-संवाद, वितन्तु-प्रणाली[F], बेतारका तार; बेतार; वितन्तुक, वितन्तु ग्राहिका कल[F]; वितन्तु-प्रसारित कार्यक्रम; नभोवाणी[F], आकाशवाणी[F], रेडियो; ~ signal बेतार संकेत;

~ apparatus, ~ beacon, ~ bugle, ~

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

circuit, ~ communication, ~ dome, ~ equipment, ~ gauge, ~ interception, ~ license, link, ~ message, ~ nail, ~ netting, ~ network, ~ officer, ~ operator, ~ receiver, ~ rope, ~ section, ~ set, ~ station, ~ stores, ~ supervisor, ~ telegraph, ~ telegraphist, ~ telegraphy, ~ telephone, ~ telephony, ~ theory, ~ transmission, ~ tansmitter, ~ waves.

wireless[2] v. i. & t. बेतारका तार भेजना, वायरलेस करना।

wireless[3] a. वितन्तु, तन्तुविहीन, **बेतार**, बिना तारका।

wirer –'रॅर् n तार कसनेवाला, तार लपेटनेवाला, तार घेरनेवाला, तार बाँधनेवाला।

wiriness –रिनिॅस् n. दृढ़ता[F] एवं नमनीयता[F]; बलिष्ठता[F], अथकपन, मजबूती[F]।

wiring –रिंग् n. तार कसना, तार लपेटना, तार घेरना, तार बाँधना।

wiry –रि a. तन्तुमय, तान्तविक, तन्तु-निर्मित, तारवाला, तारका बना; (का०, तारकी भाँति) दृढ़ एवं नमनीय, मजबूत और लचकदार; बलवान्, बलिष्ठ, दृढ़, सुगठित शरीरका; अथक, अनथक।

Wis. Wisconsin.

wis विस्' v. i. (प्रा० भाषामें) 'मैं जानता हूँ, मैं अच्छी तरह जानता हूँ' दे० WIST.

wisdom विज़्'डॅम् n. (दर्श०) **प्रज्ञान**, ज्ञान, विज्ञता[F], प्रज्ञा[F], प्रज्ञता[F], बुद्धिमत्ता[F], बुद्धिमानी[F], मनीषा[F], मति[F], बुद्धि[F], अक्ल[F], अक्लमन्दी[F], दानाई[F]; विवेक, विमर्श, विमृश्यकारिता[F], दूरदर्शिता[F], सावधानी[F]; व्यावहारिक ज्ञान; बोध-वचन, बुद्धिमत्तापूर्ण कहावतें[F] (*pour forth ~*); god of ~ गणेश; ~-tooth (शिक्षा०) **कामना**[F]; (चि०) **चरम चर्वणक**, प्रज्ञादन्त, अक्ल[F]के दाँत, **अक्ल-दाढ़**[F]; *cut* one's *~-teeth* विवेकशील होना, बुद्धि[F] प्राप्त करना, अक्ल[F]की दाढ़[F] निकालना; *no ~ like silence* सबसे भला चुप।

-wise (प्रायः क्रियाविशेषणोंके बनानेमें प्रयुक्त) -वत्, के सदृश, की तरह (*cross ~*); के अनुसार, की ओर, की तरफ (*clock~, like~*); अन्य अर्थोंमें भी प्रयुक्त (*length~, no~*)।

wise[1] वाइज़्' n. आचरण, रीति[F], ढंग, भाँति[F] (*in no ~*)।

wise[2]* a. (*wiser, wisest*), ज्ञानी, विज्ञ, प्रज्ञ, विचक्षण, बुद्धिमान्*, मतिमान्, प्रज्ञावान्, सविवेक, विवेकी, विमृश्यकारी, दूरदर्शी, निपुण, दक्ष, समझदार*, सयाना* (*where ignorance is bliss 'tis folly to be ~*); जादूगर; विवेकाभिव्यंजक, बुद्धि[F]का, अक्लमन्दी[F]का; *~ crack* क्षिप्र उक्ति[F]; *~ man* मायावी, जादूगर; *~ saw* सूक्ति[F]; *~ woman* मायाविनी[F], जादूगरनी[F], चुड़ैल[F], भाग्य बतानेवाली[F], धात्री[F], धाय[F], दाई[F]; *~ up* ⊙ (प्रा०) अवगत होना या कराना, सयाना होना या करना।

wise[3] v.t. & i.

wiseacre –एॅक्रॅ n. पण्डितम्मन्य, लाल बुझक्कड़, ज्ञानाभिमानी पुरुष, झूठा अक्लमन्द बननेवाला आदमी।

wisecrack[1] ⊙ –'क्रैक् n. क्षिप्र उक्ति[F], हाजिरजवाबी[F]।

wisecrack[2] ⊙ वाइज़्'क्रैक् v.t. क्षिप्रभाषण करना, तत्काल उत्तर देना, हाजिरजवाब होना।

wisecracker ⊙ –क्रॅर् n. क्षिप्रभाषी, हाजिरजवाब।

wish[1] विश् n. इच्छा[F], (दर्श०) **अभिलाषा**[F], आकांक्षा[F], कामना[F], मन्तव्य, मनोरथ, चाह[F], मंशा[F] (*cannot grant your ~*); अनुनय, अनुरोध; प्रयोजन, ईप्सित, मनोवांछित वस्तु[F], इच्छित वस्तु[F], मनचाही बात[F] (*have got my ~*); good (*best*) *~es* हितकांक्षाएँ[F], शुभाकांक्षाएँ[F], सदिच्छाएँ[F], मंगल-कामनाएँ[F], खैरकी दुआएँ[F]; *~ is father to thought* मनोरथ विचारका जनक है, मनोरथसे विचार पैदा होते हैं।

wish[2] v.t. & i. वांछा[F] करना, आकांक्षा[F] करना, इच्छा[F] करना, अभिलाषा[F] करना, कामना[F] करना, चाहना (*I ~ to go, you ~ to do it*); शुभाकांक्षी होना, अनिष्टाकांक्षी होना, भला या बुरा चाहना; मंगलकामना[F] करना, शुभकामनाएँ[F] या अशुभकामनाएँ[F] प्रकट करना (*~ success to each and all*); *~* one *at the devil* or *further* यह चाहना कि अमुक व्यक्ति चला जाय या नजरों[F]से दूर हो जाय; *~* person *joy of* (किसीके लिए) शुभ चाहना।

wisher –'शॅर् n. अभिलाषी व्यक्ति, आकांक्षी पुरुष, कामना[F] करनेवाला, शुभेच्छु।

wishful –श्'फुल् a. व्यग्र, व्याकुल, उत्सुक; अभिलाषी, इच्छुक; इच्छामूलक, यथैच्छ, दिलपसन्द (*~ thinking*)।

wishfulness –निॅस् n. व्यग्रता[F], व्याकुलता[F], उत्सुकता[F]; अभिलाषिता[F], दिलपसन्दी[F]।

wish-wash विश्'वॉश n. पतला पेय, धोवन-जैसा शोरबा; फीका पानी, धोवन-धावन; फीकी बातचीत[F], बेमजा बात[F]।

wishy-washy वि'शि-वॉशि a. नीरस, पतला, पानीसा, फीका; निस्तेज; दुर्बल, शक्तिहीन, कमजोर।

wisket विस्'किॅट् n. डलिया[F], टोकरी[F]।

wisp[1] विस्' n. संतृण, तृणगुच्छ, गुच्छा, गट्ठा, मुट्ठा, आँटी[F], पूली[F]; झाड़ू[F]।

wisp[2] v.t. झाड़ना, झटकना।

wispish –'पिश् a. = WISPY.

wispy –पि a. गुच्छित, गुच्छेदार, गट्ठेदार, आँटीदार, पूलीदार; झाड़ूदार।

wist विस्ट्' v.t. & i. = WIT[3]; ज्ञात, जाना हुआ।

wistaria विस्टेॅ'रिॅअ n. विस्टारिया (एक प्रकारका फलीदार वृक्ष)।

wistful विस्ट्'फुल् a. उत्सुक, उत्साही, आग्रहान्वित, अभिलाषी, लालसापूर्ण; चिन्तित, चिन्तामग्न, चिन्तायुक्त, चिन्ताशील, ध्यानपरायण, लवलीन, सोचमें डूबा, फिक्र[F]-में डूबा हुआ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

wistfulness –निॅस् n. उत्सुकता[F], आग्रहान्वितता[F], लालसापूर्णता[F]; चिन्तामग्नता[F], चिन्तायुक्तता[F], चिन्ताशीलता[F], चिन्तितावस्था[F], चिन्ता[F], फिक्र[F] की हालत[F]।

wit[1] विट्' n. (प्रा०) बुद्धिमान्, प्रतिभाशाली व्यक्ति; रसिक व्यक्ति, कौतुकप्रिय व्यक्ति; समझदार, अक्लमन्द; कौशलभाषी, परिहास-चतुर, नर्मभाषी, मसखरा, हाजिर-जवाब।

wit[2] n. मेधा[F], बुद्धि[F], बुद्धिमानी[F], बुद्धि-चातुर्य, बुद्धि-विलास, विचारशक्ति[F], समझ[F], अक्ल[F], दिमाग (*quick, slow, ~*); रस, रसिकोक्ति[F], नर्मोक्ति[F] (*pages sparkling with ~*); **~-cracker** परिहासिक, ठिठोलिया, खिल्लीबाज; *at one's ~'s end* हतबुद्धि, किंकर्तव्यविमूढ़, चक्करमें, फेरमें; *has his ~s about him* समझदार; *his ~s are gone a wool-gathering* उसकी अक्ल[F] चरने गयी है; *out of one's ~s* पागल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

wit[3] v.t. & i. विदित करना, जानना, पहचानना; *God wot* ईश्वर जानता है; *I wot* मैंने समझा; *to ~* अर्थात्, यानी।

witch- विच्-' दे० WYCH-।

witch[1] विच्' n. (अब क०) अभिचारक, जादूगर; अभिचारिका[F], पूतना[F], मायाविनी[F], डाकिनी[F], डायन[F], जोगनी[F], जादूगरनी[F]; (ला०) मोहिनी बाला[F] या स्त्री[F]; स्थविरा[F], वृद्धा स्त्री[F], खूसट औरत[F], बदसूरत बुढ़िया औरत[F]; (इंग्लैण्ड) एक प्रकारकी चपटी मछली[F]; white ~ हितकारिणी जादूगरनी[F]; **~-hunt** डाकिनी-आखेट; (ला०) सन्दिग्ध साम्यवादियों आदिकी खोज[F]।

witch[2] v.t. मुग्ध करना, मोहित करना, मोह लेना, जादू करना (*the ~ing time of night*)।

witchcraft –क्राफ्ट् n. अभिचारक्रिया[F], अभिचार, माया[F], मोहिनी शक्ति[F], डाकिनीवृत्ति[F], जादूविद्या, **जादूगरी[F], जादू टोना**।

witchery –'चॅरि n. इन्द्रजाल, माया-सम्मोहन, मोहिनी-शक्ति[F], जादू-टोना।

witching –'चिंग् a. मोहिनी, मुग्ध करनेवाली, जादू करनेवाली, मोहक।

witenagemot विट्'ॲनिॅगे मोट् n. (इति०) आँगल-सैक्सन राष्ट्रीय संसद्[F]।

with- प्रति- (*~draw, ~stand*); निकट (*~in*)।

with* विद्', विथ्' prep. विरोधमें, विपक्षमें, खिलाफ (*fight, quarrel, struggle, argue, compete, vie, ~*); सहित, युक्त, साथ*, संग (*man ~ sinister expression*); लिये हुए, रखे हुए (*walking ~ a stick, gun*); पक्षमें, मुवाफिक (*I feel, sympathise ~ you*); स्वामित्वमें, संरक्षणमें, अधिकारमें, पास, जिम्मे, कब्जेमें (*have no money ~ me*); मतमें, विचारसे, ख्यालसे; से, की सहायता[F] से, की मदद[F] से (*have no pen to write ~*); द्वारा, से, के जरियेसे (*the mango is to be cut ~ a knife*); सम्बन्धमें, विषयमें; संग-संग, साथ-साथ, साथ ही (*changes ~ the season*); हेतुसे, कारणसे, वजहसे (*trembles ~ fear*); का, में; इसपर (*~ that she said*); के प्रति, की ओर (*be patient ~ him, what do you want ~ me ?*); होते हुए भी, बावजूद (*~ all his learning he is the simplest of men*); **~ child** गर्भिणी[F], गर्भवती[F]; **~ God** मृत, स्वर्गवासी, भगवान्की गोद[F] में; *~ pay* सवेतन (*~ vocation*); *~ respects* सादर; *~ a view to* की दृष्टि[F] से; *~ effect from* से (लेकर); *~ respect to* के विषयमें, के बारेमें; *~ that* तब, उसपर, उसके साथ ही।

withal विदॉल' adv. & prep. से, के साथ, को लेकर (*what shall he fill his belly ~ ?*); भी, साथ ही; तथापि, तो भी; इसपर; इसके अतिरिक्त, इसके अलावा, और भी।

withdraw विद्ड्रॉ' v.t. & i. प्रत्याहार करना, प्रत्याहरण करना, अपकर्षण करना, निवर्तन करना, **पीछे हटाना**, वापस करना, उठा लेना, लौटा लेना, वापस लेना (*~ curtain, one's hand*); लौटना, (बैंक इत्यादिसे) **रुपया निकालना**, धन निकालना, निकासी[F] करना; पीछे लौटना, हट जाना, वापस चले आना; विलग करना या होना, अलग करना या होना, हाथ खींच लेना।

withdrawable –'ॲबॅल् a. प्रत्याहार्य, लौटाने योग्य।

withdrawal –ॲल् n. प्रत्याहार, (का०) **प्रत्याहरण**, प्रत्यापकर्षण, **परावर्तन**, विनिवर्तन, निवर्तन, पश्चाद्गमन, अपसरण, अवहार, वापसी[F], हटाव; हटाना; **पीछे हट जाना**; (धनकी) निकासी[F], निस्सृति[F], निकास, **रुपया निकालना**;

~ fee, ~ form, ~ tube.

withdrawer –ॲर् n. प्रत्याहर्ता, अपकर्षयिता, निवर्तयिता, उठा लेनेवाला, वापस लेनेवाला; विलग होनेवाला, अलग होनेवाला, हाथ खींच लेनेवाला।

withdrawn –ड्रॉन्' a. प्रत्याहृत, अपनीत, निकाला हुआ।

withe[1], **withy** विदि, विद्; विदि nn. (pl. *-s*) लचीली शाख[F], बैत[F], टहनी[F]।

withe[2] v.t. बैतसे बाँधना; बैतकी तरह मोड़ना।

wither विदॅर् v.t. & i. नीरस होना, शुष्क होना, विशुष्क होना, विशोषित करना या होना, सूखना, सुखाना; म्लान करना या होना, कुम्हलाना, मुरझाना, मुरझा देना (*age cannot ~ her, flowers ~*); (प्रायः *away* के साथ) कृश होना, क्षीण होना, दुर्बल होना, घुलना; निर्जीव होना; नष्ट होना, सड़ना, सड़ाना; महत्त्वहीन बनाना या होना (*the individual ~s*); ह्रास होना, पतन होना, गिरना; कान्तिहरण करना, म्लान करना, फीका करना।

withered –र्ड् a. नीरस, म्लान, परिम्लान, गतरस, शुष्क, विशुष्क, मुरझाया हुआ, कुम्हलाया हुआ; शीर्ण, नष्ट।

witheredness –निॅस् n. नीरसता[F], म्लानता[F], परिम्लानता[F], शुष्कता[F], विशुष्कता[F], कुम्हलाहट[F]; शीर्णता[F],

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नष्टता[F]।

withering –रिंग् a. निस्तेज, म्लान, कुम्हलाता हुआ, मुरझाता हुआ; क्लान्तिकर; शीर्णकारक, जीर्णकारक, म्लान-कारक, शुष्ककर्ता।

withers वि'दॅज़् n. (pl.) (घोड़ेका) स्कन्ध, (कृषि०) स्कन्ध-देश, स्कन्ध-सन्धि स्थान, कन्धा, मद्दू, खाँदा, (श० र० शा०) मध्य पृष्ठ, विदर्स; *my ~ are unwrung* मैं आक्षेपमुक्त हूँ, अछूता हूँ, मैं इल्जामसे बरी हूँ।

withheld विद्हे'ल्ड् a. प्रत्याहृत, निगृहीत, विधृत, रोका हुआ।

withhold विद्होल्ड' v.t. विधृत करना, निगृहीत करना, प्रतिरोध करना, अटकाना, दबा रखना, रोकना, रोक रखना, न देना (*~ consent, support*); देनेसे इनकार करना; संयत करना, थामना, अटकाना, खींच लेना।

withholden –'डॅन् WITHHOLD का भू० कृ०।

withholder –डॅर् n. विधर्ता, प्रतिरोधयिता, अटकानेवाला, रोकनेवाला, न देनेवाला, इनकार करनेवाला।

withholdment –ड्'मॅन्ट् n. विधृति[F], विधारण, प्रतिरोधन, अटका, रोक[F], रुकावट[F], इनकार।

within[1] विदिन्' n. अन्तः, अन्तर, अन्तर्भाग, भीतरी हिस्सा (*seen from ~*)।

within[2] adv. अन्तः-, अन्तर-, अभ्यन्तर, अन्दर, भीतर, बीचमें; अन्दरसे, भीतरसे (*clean ~ & without*); *go ~* अन्दर प्रवेश करना, भीतर जाना; *make me pure ~* मेरी आत्मा[F]को पवित्र करो; *~ doors* घरके भीतर।

within[3] prep. में, भीतर, अन्दर (*safe ~ the walls*); अन्तर्गत (*~ the jurisdiction*); सीमान्तर्गत, सीमा[F]में, पहुँच[F]के भीतर, हद[F]में, दायरेमें (*live, keep ~ one's income*); बीचमें; से कम (*is ~ three miles*); निकट, समीप, पास, करीब; के आरम्भमें, पहले ही, समयके भीतर, बीतनेके पहले ही (*~ a year, all was changed*); अन्दर-अन्दर (*shall have it ~ an hour*)।

without[1] विदॉउट्' a. बहिर्भाग, बाहरी हिस्सा; बाह्य साधन, बाह्य स्रोत, बाहरी पक्ष।

without[2] adv. (प्रा०) बाह्यतः, बाहर, घरके बाहर, बाहरसे (*white within & ~*); बिना, रहित, छोड़कर, सिवाय; *do, go ~* किसी वस्तुके बिना काम चलाना; *goes ~ saying* सत्य है, मानी हुई बात[F] है, सीधी बात[F] है, कहनेकी आवश्यकता[F] नहीं है।

without[3] prep. के बिना; अतीत, परे, शून्य, वंचित, से मुक्त, से स्वतन्त्र, के अभावमें (*came ~ a hat*); के परे, के बाहर, से बाहर (*met us ~ the gates*); *~ doubt* निस्सन्देह; *~ cause* अकारण, अकस्मात्, अचानक; *~ delay* अविलम्ब; *~ money* धनहीन, धनरहित।

withstand विद्स्टैण्ड्' v.t. & i. प्रतिसहन करना, सहारना, सहन करना; बाधा[F] देना, विरोध करना, रोध करना, प्रतिरोध करना, रोड़े अटकाना, सामना करना, टक्कर[F] लेना, रोकना, मुकाबला करना।

withstander –'डॅर् n. विघ्नकारक; रोक[F], आड़[F]।

withstood –टुड्' WITHSTAND का भूत तथा भू० कृ०।

withy वि'दि १. n. दे० WITHE; २. a. वैतका बना हुआ; लचीला।

witless विट्'लिॅस a. निर्बुद्धि, बुद्धिहीन, मतिमन्द, मूर्ख, कम-अक्ल, बेसमझ।

witlessness –निॅस n. निर्बुद्धिता[F], बुद्धिहीनता[F], मतिमन्दता[F], मूर्खता[F], बेसमझी[F], कम-अक्ली[F]।

witling विट्'लिंग् n. अल्प-परिहास बुद्धि व्यक्ति, अल्प-बुद्धि; रसिक, रसिया, ठठोलिया, दिल्लगीबाज।

witness[1] विट्'निॅस n. पुष्टि[F], प्रमाण, साक्ष्य, साखी[F], गवाही[F], सबूत, शहादत[F] (*stands there in ~ of the event*); (का०) साक्षी, साक्ष्यदाता, गवाह; (*eye ~* भी) दृष्ट साक्षी, प्रत्यक्षदर्शी, चाक्षुष, साक्षी, आँख[F]से घटना[F] देखनेवाला व्यक्तिः (स्वहस्ताक्षरसे) पुष्ट करनेवाला व्यक्ति, प्रमाणित करनेवाला व्यक्ति; *bear ~ to* or *of* साक्ष्य देना, गवाही[F] देना, सबूत देना, शहादत[F] देना; *call to ~* साक्ष्य चाहना, पुष्टि[F] चाहना, गवाही[F] चाहना।

witness[2] v.t. & i. (प्रायः *against* अथवा *for* के साथ) प्रमाण-रूप होना, साक्ष्य देना, साक्षी रहना या होना, प्रमाण देना, गवाही[F] देना; सूचित करना, संकेत करना, पता देना (*a deathly pallor ~ed his agitation*); दिखाना; दर्शक होना, देखना; (प्रलेख या दस्तावेजपर) साक्षीरूपमें हस्ताक्षर करना।

witted वि'टिॅड a. बुद्धि-विशिष्ट, बुद्धिजीवी, बुद्धिमान्, चतुर, समझदार, अक्लमन्द।

witticism विटिसिज़्म् n. रसिकोक्ति[F], सरस उक्ति[F], रसमय वाक्य, वाग्विलास, बुद्धि-विलास, व्यंग्योक्ति[F], परिहासोक्ति[F], ठिठोली[F], फबती[F], भोंड़ा या भद्दा मजाक।

witticize –साइज़् v.t, रसमय वाक्य बोलना, व्यंग्योक्ति[F] करना; ठिठोली[F] करना, फबती[F] कसना।

wittiness वि'टिनॅस् n. व्यंग्य-चातुर्य, परिहास-पटुता[F]।

witting वि'टिंग् a. स्वैच्छ, मनमाना।

witty वि'टि a. रसिक, परिहासक, परिहासपटु, नर्मभाषी, हँसोड़, ठठोलिया, तीक्ष्णबुद्धि, प्रत्युत्पन्नमति, सयाना।

wive वाइव्' v.t. & i. (अब क्व०) परिणय करना, विवाह करना, पत्नी[F] बनाना।

wivern वाइ'वॅर्न् n. (अप्र०) दैत्य, वाइवर्न (अजगरकी तरहका एक भयानक जन्तु); (ढाल[F]पर बनी हुई) वाइवर्नकी आकृति[F]।

wives ⊙वाइव्ज़् n. pl. दे० WIFE.

wizard[1] वि'जॅर्ड् n. अभिचारी, मायावी, मायाकार, जादूगर, ओझा, जोगी; अतिनिपुण व्यक्ति, विशेषज्ञ, कौशलकार; *the W ~ of the North* सर वाल्टर स्कॉट।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

wizard[2] a. (आ०) चमत्कारिक, विचित्र, आश्चर्यजनक।
wizardry –डि n. मायाविता[F], ऐन्द्रजालिकता[F], जादूगरी[F], ओझाई[F]; अतिनिपुणता[F], विशेषज्ञता[F], कौशल।
wizen[1] वि'ज़ॅन् v. i. शीर्ण होना, विशीर्ण होना, विच्छिन्न होना, क्षय होना।
wizen[2] a. शीर्ण, विशीर्ण, विच्छिन्न, क्षयपूर्ण।
wizened, wizen, weazen –ड्, वि'ज़ॅन्, वी'ज़ॅन् aa. कठिन, कठोर; शुष्क, सूखा, मुरझाया हुआ।
wk. week.
W/L. wave-length.
W.L.A. Women's Land Army.
W.M. Works Manager.
Wm. William.
W.M.O. World Meteorological Organization.
W.M.S. Wesleyan Missionary Society.
W.N.W., WNW. West North-West.
W.O. War Office; Warrant Officer; Wireless Operator.
wo, whoa वो, वो'ॲ intrr. (विशे० घोड़ोंके लिए) बस !, ठहर जा !, रुक जा !
woad[1] वोड्' n. वोड, नीले रंगवाला पौधा; नीला रंग।
woad[2] v.t. वोडसे रँगना, नीला करना।
wo-back वो-बैक्' int. (घोड़ोंको पीछे हटानेमें प्रकट किया गया) धत्-धत्, चल हट, पीछे हो !
wobble[1], **wabble**[1] वॉ'बॅल्, वॉ'बॅल् nn. स्पन्दन, कम्पन, अस्थिरता[F], दोलायमानता[F], डगमगाहट[F], लड़खड़ाहट[F], डावाँडोलपन; (नीति[F], इत्यादिमें) अनिश्चय, ढुलमुलपन।
wobble[2], **wabble**[2] vv.t. स्पन्दित होना, कम्पित होना, दोलायमान होना, डगमगाना, डोलना, लड़खड़ाना, इधर-उधर घूमना, चक्कर खाना; थर्राना, झोंके खाना; असंगतिपूर्वक कार्य करना, अस्थिर रूपमें जाना; बार-बार पलटा खाना, बार-बार रंग बदलना; (नीयत[F] इत्यादिका) अनिश्चित होना, विचल होना, डावाँडोल होना।
wobbler –लॅर् n. अस्थिरचित्त पुरुष, चंचलचित्त मनुष्य, डावाँडोल इरादेका आदमी।
wobbling –लिंग् n. विह्वरण, अघूर्णन, चक्कर; चक्करदार चाल[F]।
woe वो' n. मनस्ताप, त्रास, विपत्ति[F], दुःख, कष्ट, पीड़ा[F], दुर्गति[F], सन्ताप, चिन्ता[F], मुसीबत[F], शोक, सोग, मातम, गम; (pl.) विपत्तियाँ[F], कठिनाइयाँ[F], बाधाएँ[F], मुसीबतें[F], आफतें[F]; ~ *be to* विपत्ति[F] पड़े, गाज[F] गिरे, लानत[F] हो; ~ *is me* हाय !, शोक !, अफसोस !; ~ worth the day गन्दा दिन है।
woebegone वो'बि'गॉन् a. दुःखी, दुःखित, शोकाभिभूत, शोकार्त, शोकग्रस्त, विषादमलिन, मलिनमुख, खिन्नवदन, उदास।
woeful वो'फ़ुल a. शोकार्त, शोकमय, शोकपूर्ण, दुःखी, गमगीन; कष्टयुक्त; त्रासयुक्त; दुःखप्रद; अभागा, निगोड़ा; अत्यन्त (~ *ignorance*)।
woefulness –निॅस् n. शोकार्तता[F], शोकमयता[F], शोकपूर्णता[F]; गमगीनी[F]; कष्टयुक्तता[F], त्रासयुक्तता[F], दुःखप्रदता[F]।
woesoms वो'सॅम् a. = WOEFUL.
woke वोक्' v.i. दे० WAKE का भूत०।
wold वोल्ड्' n. वन, अरण्य, जंगल, उजाड़खण्ड, बंजर प्रदेश; अकृष्ट भूमि[F], अकर्षित भूखण्ड, परती भूमि[F], खाली मैदान।
woldsman ⊙ –स्'मॅन् n. वनजीवी, अरण्यजीवी, जंगलमें गुजर-बसर करनेवाला।
wolf[1] वुल्फ़्' n. वृक, कोक, ईहामृग, भेड़िया, भेड़हा, बनैया कूकुर; क्षुधातुर जीव; क्रूर एवं लोभी व्यक्ति, जालिम और लालची आदमी; (संगीत) कर्णकटु ध्वनि[F], कर्कश कम्पित ध्वनि[F]; ~-cub वृकशावक, भेड़ियेका बच्चा; (स्काट०) जूनियर बॉय स्काउट; ~-dog वृक-श्वान, कोक-श्वान, रखवाला कुत्ता; ~-fish वृकमत्स्य, वृकमीन, कोकमत्स्य; ~-hound वृकाखेटिक, रूसी नस्ल[F] का कुत्ता; अलसेशी नस्ल[F] का कुत्ता; ~'s-bane (चि०) विष, शृङ्गी विष, मीठा जहर; प्रविष, वृकविषा[F], एकोनाइट; ~'s-claws, -foot मृगशृंग शैवाल, गदापर्णांग; ~'s fish एक तरहका[F] कुकुरमुत्ता; ~-spider = TARANTULA; *cry* ~ *too often* मिथ्या विपद्घोषणा[F] करना; *have, hold* ~ *by the ears* असमंजसमें पड़ना; *keep* ~ *from door* किसी-न-किसी तरहसे पेट भरना; ~ *in sheep's clothing* बगुला भगत, मुखमें राम बगल[F] में छुरी[F], साधुवेशमें चाण्डाल, प्रतारक, कितव, कपटी, छली, धूर्त।
wolf[2] v. t. (भुक्खड़की भाँति) निगल जाना, हड़प जाना।
wolf[3] n. (चि०) व्रण, फोड़ा, गिल्टी[F]।
wolfish वुल्'फ़िश् a. वृकवत्, भेड़िये-जैसा; अतिलोभी, क्रूर एवं लोभी, जालिम और लालची।
wolfishness –निॅस् n. वृकवत्ता[F], वृक स्वभाव, भेड़ियापन; अतिलोभीपन, क्रूर एवं लोभी स्वभाव।
wolfram वुल्'फ्रॅम् n. चण्डातु, (रसा०) वुल्फ्रैम (टंगस्टन उत्पन्न करनेवाला एक खनिज पदार्थ)।
wolverene वुल्'वॅरीन् n. शीनवृक (नेवले जैसा एक अमेरिकी पशु)।
wolves वुल्व्ज् n. pl. दे० WOLF[1].
woman[1]* वु'मॅन् n. (pl. *women*) ललना[F], रमणी[F], वनिता[F], अबला[F], महिला[F], नारी[F], स्त्री[F]*, औरत[F]* (*how does* ~ *differ from man ?*); नारीवर्ग, स्त्रीवर्ग, स्त्रीलोक, स्त्री-जाति[F], औरत-जात[F] (*is an excellent thing in* ~); (रानी[F] इत्यादिकी) परिचारिका[F], सेविका[F], दासी[F]; स्त्रैण पुरुष, जनाना आदमी (*is a* ~ *in tenderness*); नारीत्व, स्त्रियोचित भावनाएँ[F], नारीभावना[F] (*stirred the* ~ *in her*); (गुण०) महिला-, जनाना (~ *doctor, councillor*);

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

~kind, womenkind स्त्रियाँ^{F}, स्त्री-समुदाय, स्त्री जाति^{F}; ~ suffrage महिला-मताधिकार; womenfolk स्त्रियाँ^{F}, घरकी औरतें^{F} ~ student छात्रा^{F}; *make an honest ~ of* फुसलाकर विवाह कर लेना; *play the ~* भय-प्रदर्शन करना, रोना; *there is a ~ in it* मामला गड़बड़ है, दालमें कुछ काला है; *~ of the world* अनुभवी स्त्री^{F}; *~ with a past* कलंकित या संदिग्ध जीवनवाली स्त्री^{F}।

woman^{3} v.t. सामान्य स्त्री^{F}के रूपमें उल्लेख करना; 'मेरी अच्छी स्त्री^{F}, इत्यादि कहकर सम्बोधित करना; स्त्रियों^{F}-जैसा बना देना।

womanhood –हूड् n. (स्त्रियों^{F}का) यौवन, तारुण्य, वयस्कता^{F}; नारी-सुलभ प्रौढ़ता^{F}, नारी-स्वभाव; नारीत्व, स्त्रीत्व, तिरियापन; स्त्री-समुदाय, औरतें^{F}।

womanish –निश् a. स्त्रैण, स्त्री-सदृश, नारीवत्; (प्रायः अपशब्द) कापुरुष, निर्बल, स्त्रियों-जैसा।

womanishness –निॅस् n. स्त्रैणता^{F}, स्त्री-सदृशता^{F}, नारीवत्ता^{F}, जनानापन।

womanize –नाइज़् v. t. & i. स्त्रैण बना देना, औरत^{F} बना देना, जनाना कर देना; स्त्री^{F} स्वभावका बनना; (पुरुषोंका) व्यभिचारी होना, वेश्यागामी होना, भोग-विलास करना, ऐयाशी^{F} करना, रण्डीबाजी^{F} करना।

womanizer –ज़ॅर् n. व्यभिचारी, भोगी, विलासी।

womanless –न्-लिॅस् a. नारी-विहीन, स्त्री-विहीन।

womanlike –लाइक् n. स्त्रैण, स्त्रीवत्, स्त्रियोचित, औरतकी तरह।

womanliness –लिनॅस् n. स्त्रैणता^{F}, स्त्रीवत्ता^{F}, नारीसदृशता^{F}, स्त्री-सुलभता^{F}; नारी स्वभाव।

womanly–लि a. स्त्रैण, स्त्रीवत्, नारी-सदृश, स्त्रियोचित, स्त्रीसुलभ, स्त्री-स्वभाव-सुलभ, औरतों^{F}का, जनाना (*~ modesty, compassion*); मृदु, कोमल, स्निग्ध।

womb वूम्′ n. (चि०) गर्भशय्या^{F}, जरायु, गर्भकोष, (कृषि०, चि०) **गर्भाशय**, गर्भस्थान, योनि^{F}, कोख^{F}, धरन^{F}; पेट, बच्चादानी^{F}; गड्ढा, खोह^{F}; fruit of the ~ सन्तान^{F}, सन्तति^{F}, बालबच्चे; *in the ~ of time* कालके गर्भमें, भविष्यमें।

wombat वॉम्′बैट् n. धानी ऋक्षक (आस्ट्रेलियाका एक थैलीदार जानवर), वाम्बट।

womby ⊙वू′मि a. विस्तृत, विशाल, लम्बा-चौड़ा।

women वि′मिॅन् दे० WOMAN.

won वन्′ दे० WIN.

wonder^{1} वन्′डॅर् n. विचित्र प्रतिरूप, विचित्र वस्तु^{F}, अद्भुत वस्तु^{F}, अजूबा चीज^{F} (*child is a ~*); असामान्य व्यापार, असाधारण घटना^{F}; कौतुक, चमत्कार (*is a ~ of delicate workmanship*); विस्मय, आश्चर्य, अचम्भा, अचरज (*were filled with ~*); *~ candle* माया-बत्ती^{F}, जादूकी मोमबत्ती^{F}; *~land* विस्मयलोक, परीलोक; *~-struck, -stricken* विस्मयाहत, विस्मयमूक, आश्चर्यचकित, भौचक्का, हक्का-बक्का, हैरान; *~-worker* ऐन्द्रजालिक, करामाती, जादूगर; असाधारण रूपसे सफल होनेवाला; *a nine day's ~* क्षणिक महत्त्वकी घटना^{F}, चार दिनकी चाँदनी^{F} फिर अँधेरा पाख; *did ~s* बड़ी सफलता^{F} पायी, कमाल कर दिया; *for a ~* आश्चर्यकी बात^{F} है; *what ~, it is no ~, no ~ that* इसमें कोई अचरजकी बात^{F} नहीं है; *work ~s* असामान्यरूपेण सफल होना, विलक्षणता^{F} दिखाना।

wonder^{2} v. i. & t. आश्चर्यान्वित होना, आश्चर्य करना, चकित होना, विस्मित होना, ताज्जुब करना, अचम्भेमें पड़ना, हैरान होना (*shall never cease to ~ at it*); उत्सुक होना, व्यग्र होना, इच्छुक होना, जानना चाहना, हैरानी^{F} है कि (*~ why pain exists*)।

wonderer –रॅर् n. आश्चर्यकर्ता, चकित होनेवाला, विस्मित होनेवाला, ताज्जुब करनेवाला, हैरानी^{F}में पड़नेवाला।

wonderful –र्-फुल् a. अपूर्व, असामान्य, असाधारण, आशातीत, अद्भुत, विलक्षण, आश्चर्यजनक, अप्रत्याशित, विस्मयकर, अनोखा, अजीब, वाह-वाह; प्रशंसनीय, निहायत बढ़िया, तारीफ^{F}के लायक।

wonderfulness –निॅस् n. अपूर्वता^{F}, असामान्यता^{F}, असाधारणता^{F}, आशातीतता^{F}, अद्भुतता^{F}, आश्चर्यजनकता^{F}, अप्रत्याशितता^{F}, विस्मयकरता^{F}, अनोखापन, कमाल।

wonderment–मॅन्ट् n. विस्मयाभिभूत अवस्था^{F}, विस्मयकारिता^{F}, आश्चर्यजनकता^{F}, ताज्जुब।

wondrous^{1} –ड्रॅस a. आश्चर्यजनक, अद्भुत, विचित्र, अजीब, निराला; अति उत्कृष्ट, निहायत अच्छा।

wondrous^{2} adv. अत्यधिक, अत्यन्त (*~ kind*); विस्मयजनक रूपसे, आश्चर्यजनक रूपसे।

wondrousness –निॅस् n. अद्भुतता^{F}, विलक्षणता^{F}, अपूर्वता^{F}, विचित्रता^{F}, आश्चर्यजनकता^{F}, विस्मयकारिता^{F}, चमत्कारपूर्णता^{F}।

wonky वॉन्′कि a. अस्थिर, विचलित, ढुलमुल, डाँवाडोल; अवर, अश्रेष्ठ, तुच्छ, हीन, घटिया।

wont^{1} वो(व)न्ट्′ n. रीति^{F}, रस्म^{F}, रिवाज (*according to ~*); अभ्यास, स्वभावगत बात^{F}, स्वभाव, आदत^{F} (*it is my ~ to*); use & ~ प्रथा^{F}, रीति^{F}, परम्परा^{F}, व्यवहार, रिवाज।

wont^{2} v. aux. (*to do* के साथ) अभ्यस्त होना, आदी होना।

wont^{3} a. अभ्यस्त, आदी (*as he was ~ to say*)।

won't^{4} वोन्′ट् = WILL NOT, WOULD NOT.

wonted वो(व)न्′टिॅड् artrib. a. स्वभावगत, अभ्यासगत, अभ्यासानुकूल, आदत^{F}के अनुकूल; अभ्यस्त, आदी; व्यावहारिक; (क्व०) प्रायिक, सामान्य, साधारण, स्वाभाविक, नित्यका, आम (*heard me with his ~ courtesy*)।

wontedness –निॅस् n. अभ्यास, स्वभाव, अभ्यासानुकूलता^{F}, आदत^{F}; प्रायिकता^{F}, सामान्यता^{F}, साधारणता^{F},

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वाभाविकता^{F}, नित्यता^{F} ।

woo वू' v.t. प्रणय-प्रार्थना^{F} करना, प्रणय याचना^{F} करना, प्रीति^{F} चाहना, प्रेमोपासना^{F} करना; प्रेम-प्रदर्शन करना, प्रेम करना, इश्कबाजी^{F} करना; (*to* के साथ) मनाना, फुसलाना, राजी करना ।

wood* वुड' n. कान्तार, कानन, अरण्य, अटवी, वन, जंगल (*came upon a clearing in the ~s*); (रसा०, प्रा० भू०) दारु, काष्ठ, (प्रा० भूगोल) काठ, लकड़ी^{F}*, ईंधन; वृक्षोंका मुख्यांग; (*the* के साथ) शराब^{F}-का पीपा; (बाँसुरी^{F} इत्यादि) काष्ठ-निर्मित वायु-वाद्य-यन्त्र; (गाल्फ खेलनेका) लकड़ी^{F}का डण्डा, वुड; (गुण०) काष्ठ-, लकड़ी^{F}का (*~-house*); (जन्तु) वन-, वन्य, जंगली (*~ owl, pigeon*); (बहु०) **वनस्थली**^{F}; sweet ~ruff एक प्रकारका पौधा; ~age दारुयुग, काष्ठयुग; ~apple कपित्थ, कैथ; बिल्व, बेल; ~bine, ~-bind मारवल्ली^{F}, मधुचूषक^{F}, एक जंगली लतर^{F}; ~chuck भूशूकर; ~cock भण्डुतित्तिर, वन-कुक्कुट, जंगली मुर्गा; ~craft वन-विद्या^{F}; वन-विहार-पटुता^{F}; काष्ठकला^{F}, काष्ठ-शिल्प; ~cut काष्ठ-चित्र, काष्ठ-फलक- चित्र; ~ cutter काष्ठछेत्ता, लकड़हारा; काष्ठ-चित्रकार; ~ land (वन०) **वनस्थली**^{F}, **वनभूमि**^{F}; ~ lot अनु-वन; लकड़ी^{F}का ढेर; ~-louse वनयूका^{F}, काष्ठकृमि, लकड़ी^{F}का कीड़ा; ~man वनाध्यक्ष, वनाधिकारी, वनरक्षक, जंगलका दारोगा; आटविक, वनचारी, वनजीवी, लकड़हारा; ~-nymph वन-परी^{F}, वनदेवी^{F}, वन-देवता; ~ pavement (सड़क-की) तख्तावन्दी; काष्ठ फलक, लकड़ी^{F}के तख्ते; ~pecker काष्ठकूट, दार्वाघाट, सुतार, कठफोड़ा, कठफोड़वा, हुदहुद; ~pine (चित्तीदार) कठफोड़वा, हुदहुद; ~-pigeon वन-कपोत, वन-पारावत, हारीत, हारिल, जंगली कबूतर; ~-pulp काष्ठगोर्द, काष्ठसार, लकड़ी^{F}का गूदा; ~ruff बिम्बखण्ड-कीला; मधुगन्धा (पौधा); ~ scrap छीलन; sman वनवासी, वनचारी, जंगलमें रहनेवाला; ~ stone (प्रा० भू०) **काष्ठाश्म**; ~ work काष्ठकर्म, काष्ठशिल्प, **लकड़ी^{F}का काम**; काष्ठ-निर्मित वस्तुएँ^{F}; *cannot see ~ for trees* पत्तियाँ गिनते हैं पर पेड़ दिखायी नहीं देता; विस्तारमें जानेसे सामान्य रूपसे दिखायी पड़नेवाला तथ्य भी आँख^{F}से ओझल हो जाता है; *don't halloo till you are out of the* ~ समयके पहले यह मत समझो कि सब संकट दूर हो गये;

~ alcohol, ~ applicators, ~ ash, ~ avens, ~ bark, ~-bind, ~-block, ~ borer, ~ box, ~-brown, ~ cell, ~ charcoal, ~craftsman, ~ depot, ~ distiller, ~-duck, ~ ferrule, ~ fibre, ~ flour, ~ hen, ~-hewer, ~ hyacinth, ~ ibis, ~-lark, ~ leopard moth, ~ machine, ~ machinist, ~ mineral, ~ mouse, ~ naptha, ~-oil, ~-oil tree, ~ opal, ~ parenchyma, ~ paving, ~ peat, ~ pile, ~ pin, ~ powder, ~ power, ~ preservation, ~ preservation section, ~ print, ~ produce, ~ pulp, ~ quail, ~ ranger, ~refuse, ~ right, ~ rose, ~ rot, ~ ruff, ~rush, ~ sandpiper, ~ screw, ~ shavings, ~ shed, ~-shop, ~ shrike, ~ skirting, ~ snipe, ~ sorrel, ~ sour, ~ sower, ~ spirit, ~-stall, ~ strawberry, ~ structure, ~ sugar, ~ technologist, ~ technology, ~ tin, ~ transport, ~ turning, ~ vessel, ~ vinegar, ~ violet, ~-warbler, ~ wasp, ~ wax, ~wedges, ~-wind instrument, ~ wool, ~working, ~working machine, ~workshop, ~worm.

wooded –'डिड् a. सवृक्ष, वृक्षयुक्त, वृक्षावृत्त; काष्ठ-युक्त, लकड़ीदार; वन्य, वनाच्छादित, वनबहुल (*~ area*) ।

wooden –डॅन् a. काष्ठविनिर्मित, काष्ठनिर्मित, काष्ठ-, **लकड़ी^{F}का, काठका**; निष्प्राण, प्राणहीन; अशोभन, भद्दा, बेढंगा (*~ motions*); अभिव्यक्तिरहित, अभिव्यंजनारहित (*~ stare*); रूखा (*~ manners*); ~ head मूर्खता^{F}, मूढ़ता^{F}, जड़ता^{F}, बुद्धूपन; ~-headed मूर्ख, मूढ़, जड़, बुद्धू, गावदी; ~-headedness मूर्खता^{F}, मूढ़ता^{F}, जड़ता^{F}, बुद्धूपन, गावदीपन; ~ walls युद्धपोत, जंगी जहाज;

~ articles, ~ floor, ~ flume, ~ lath, ~ mallet, ~ pile, ~ pin, ~ spoon.

woodenness –निॅस् n. कठोरता^{F}, कड़ापन, सख्ती^{F}; अशोभनता^{F}; भोंड़ापन, भद्दापन; निर्जीवता^{F}, जड़ता^{F} ।

woodiness –डिनिॅस् n. वनाकीर्णता^{F}, वनबहुलता^{F}, वृक्षाकीर्णता^{F}, वृक्षबहुलता^{F}; काष्ठमयता^{F}; काष्ठयुक्तता^{F} ।

woodland –ड'लैन्ड n. वनभूमि^{F}, वनस्थली^{F}, वन, जंगल (*~ climate, crop*); the ~ choir गायक पक्षी ।

woodless –लिॅस् a. अरण्यहीन, वनविहीन, वनरहित; नितरु, बे पेड़का; काष्ठरहित, काष्ठशून्य, बिना लकड़ी^{F}का ।

woody –'डि a. काष्ठमय, लकड़ीवाला; अरण्यमय, वनाकीर्ण, वनबहुल, तृणावृत, जंगलसे भरा; वृक्षाकीर्ण, वृक्षबहुल, तरुबहुल; (क०) वन्य, वनजात, जंगली; काष्ठीय, काष्ठमय (*~ tissue*); ~ bract (वन०) **कठ निपत्र** ।

wooer वू'ॲर् n. प्रेमी, प्रणयी; प्रणय-प्रार्थी, प्रेमोपासक, प्रणय-याचक, प्रणयाकांक्षी, विवाहार्थी, परिणय-याचक, सगाई^{F} चाहनेवाला ।

woof वूफ़्' n. बाना, भरनी^{F}; वस्त्र, कपड़ा ।

wool* वुल्' n. मेषलोम, ऊर्णा, **ऊन***, पशम; ऊर्णा-सूत्र, ऊन, ऊनी कपड़े; लोम, **रोआँ**; (हबशीके) घुँघराले बाल; ऊनजैसी वस्तुओं^{F}के प्रकार; ~-fell भेड़^{F}की ऊन-समेत खाल, ऊनदार चमड़ी; ~-gathering अवधान-रहित(ता^{F}), अनवधान(ता^{F}), शून्यचित्त(ता^{F}), अन्य-मनस्क(ता^{F}); निरर्थक कल्पना^{F}; ~-pack ऊनका

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गट्ठर; ~sack (सामन्तभवन या हाउस ऑव लार्ड्स में) ऊनकी गद्दी[F]; ~sorter's disease (चि०) ऊर्णा-व्यवसायिक रोग, ऊनका व्यवसाय करनेवालोंमें होनेवाला फुफ्फुसका ऐन्थ्राक्स रोग; ~-work ऊनकी कारीगरी[F]; *better give the ~ than the whole sheep* सारा जाता देख आधा दीजै बाँट; *dyed in the ~* कातनेसे पूर्व रँगा हुआ; (ला०) पक्का, परले सिरेका, छँटा हुआ; *go for ~ and come home shorn* मूँड़ने गये थे मुँड़वाकर आ गये, चौबे गये छब्बे होने दुब्बे होकर आये; *lose* one's ~ गुस्से होना; *much cry & little ~* खोदा पहाड़ निकली चुहिया[F], टाँय-टाँय फिस्स[F]; नाम बड़ा दर्शन थोड़ा, *pull ~ over* one's *eyes* झाँसा देना, धूल[F] झोंकना;

~ backed, ~-ball, ~ black, ~ blue, ~ blueblack, ~ brilliant scarlet, ~ brown, ~ carding, ~ combing, ~ dark blue, ~ deep black, ~ development officer, ~ discharge, ~-dyed, ~ fast black, ~ fast blue, ~ fast brown, ~ fast orange, ~ fast violet, ~ fast yellow, ~ fat, ~-flock, ~ green, ~ grey, ~-growing, ~-laden, ~-lined, ~man, ~ navy, ~ navy blue, ~-oil, ~ orange, ~ press, ~ printing black, ~ printing violet, ~ red, ~ red-black, ~ scarlet, ~ shearer, ~ shears, ~skin, ~ sorter, ~ stock, ~ tape, ~ violet, ~ washer, ~ weaver, ~ winder, ~yellow.

woold[1] वूल्ड़् n. (लपेटनेकी) रज्जु[F], रस्सी[F], डोर[F], डोरी[F]।

woold[2] v.t. लपेटना, बाँधना, कसना।

woolder –'डॅर् n. लपेटनेवाला, बाँधनेवाला, कसनेवाला।

woolding –डिंग् n. लपेटना, बाँधना, कसना।

wooled वुल्ड़् a. ऊर्णायुक्त, ऊर्णा-मिश्रित, ऊनी, ऊनका, ऊनवाला।

woollen[1] –'लॅन् n. ऊर्णा-वस्त्र, ऊनी कपड़ा।

woollen[2] a. और्ण, ऊर्णामय, ऊनी, पशमी।

woollenette –नेॅट्' n. सूक्ष्म ऊर्णा वस्त्र, पतला ऊनी कपड़ा।

woolliness –'लिनॅस् n. ऊर्णामयता[F], ऊन[F]की विशेषता[F]; लोमशता[F], लोमयुक्तता[F], ऊनीपन; अस्पष्टता[F], अनुज्ज्वलता[F], धुँधलापन, फीकापन।

woolly[1] –लि n. ऊनी वस्त्र (विशे० स्वेटर); ~-bear लोमश तितली[F]की एक जाति[F]।

woolly[2] a. ऊर्णामय, ऊर्णायुक्त, ऊनदार, पशमदार, ऊनी (*the ~ flock*); ऊर्णाभ, ऊन-जैसा, ऊनसा; रोमवत्, लोमश, (*~ knot, ~ root*) बालदार, झबरा (*~ puppy, head*); अस्पष्ट, अव्यक्त, परिभाषा-विहीन, धुँधला, फीका; तीक्ष्णता-रहित, भोथरा; व्यग्र, भ्रान्तचित्त, उतावला, घबराया हुआ; (वन०) लोमयुक्त, रोएँदार; ~ voice भर्राई हुई आवाज[F]।

Worc. Worcestershire.

word[1]* वर्ड़् n. पद, शब्द*; वचन, कथन, वक्तव्य, भाषण, कथनी[F]; भाषा[F], बोली[F], बोल (*honest in ~ & deed*); उक्ति[F], बात[F], कहनी[F]; संवाद, संदेश, समाचार, इत्तला[F], खबर[F]; वचन, आश्वासन, प्रतिज्ञा[F], वादा, कौल; आदेश, आज्ञा[F], हुक्म; big ~s अहंकार, अभिमानोक्ति[F], burning ~s उत्तेजक शब्द, जोशकी बात[F]; high, hard, warm, hot, short, ~s क्रोधपूर्ण बात[F]; the last ~ निष्कर्ष-शब्द, निर्णयात्मक शब्द; wild & whirling ~s असन्तुलित शब्द, बहकी बात[F]; ~ blindness (चि०) लेखान्धता[F]; ~ book शब्दाभिधान; ~ deafness (चि०) शब्दबधिरता[F]; ~-perfect कण्ठाग्र अभिनेयांश; ~-picture शब्द-चित्र; ~-play शब्द-कौतुक, शब्दजाल, नोक-झोंक[F]; ~-splitter शब्दोंका अतिसूक्ष्म विश्लेषक; ~-splitting अतिसूक्ष्म शब्द-विश्लेषण; *a ~ to the wise* अक्लमन्दको इशारा काफी; *a ~ with you* आपसे एक शब्द कहना चाहता हूँ; *bare ~s buy no barley* खाली बातों[F]से पेट नहीं भरता; *be as good as* one's *~* वचन पूरा करना, बात[F]का धनी होना; *by ~ of mouth* मौखिक रूपसे, जबानी; *eat* one's *~s* कथन प्रत्याहृत करना, अपने शब्द वापस लेना; दबकर क्षमा[F] माँगना; *few ~s are best* थोड़ा बोलना अच्छा है; *give* person, *give, pledge, pass,* one's *~* वचन देना, वादा करना, कौल करना; *give* person one's *good ~s* सिफारिश[F] करना; *hard ~s break no bones, fine ~s butter no parsnips, ~s are but wind* बातों[F]से पेट नहीं भरता; *have a ~ with* संक्षिप्त वार्तालाप करना, दो-दो बातें[F] करना; *in a* or *one ~* संक्षेपतः, संक्षेपतया; *keep* one's *~* वचन पालन करना, वादा पूरा करना; *pass* one's *~* वचन देना, प्रतिज्ञा[F] करना; *say a good ~ for* प्रतिवाद करना, हिमायत[F] करना; प्रशंसा[F] करना, सिफारिश[F] करना; *take* one *at his ~* कथनमें विश्वास करना, बात[F] सही मान लेना; *they had ~s* तूतू-मैंमैं[F] करने लगे, वे आपसमें झगड़े; *upon my ~* अपनी प्रतिष्ठा[F]की शपथ[F]; मैं वचन देता हूँ; *waste ~s* बेकार बात[F] करना;

~ association, ~base, ~ building, ~ catcher, ~craftsman, ~-deaf, ~ fluency, ~ formation, ~ maker, ~man, ~ matching, ~ monger, ~mongering, ~ order, ~ slinger, ~ slinging, ~ square.

word[2] v. t. शब्दोंमें व्यक्त करना या कहना।

wordage –'डिज् n. शब्दसंख्या[F]।

worded –डिॅड् a. शब्दाभिव्यक्त, शब्दोंमें गठा हुआ।

wordiness –डिनिॅस् n. पदबाहुल्य, शब्दबहुलता[F], बहुशब्दत्व, वाग्जाल, शब्दाडम्बर; शब्दविस्तार, विस्तृत वर्णन।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

wording –डिंग् n. शब्दरचना^{F}, पदविन्यास, शब्द-योजना^{F}, शब्दचयन; वाक्य-रचना^{F}; वर्णनशैली^{F}, भाषण-शैली^{F}; (राज०) शठद, शब्दावली^{F}।

wordless –ड्'लिस् a. निःशब्द, शब्दहीन, मूक, वाणी-वंचित, अभिव्यक्ति-रहित, चुप, खामोश, बेजबान।

wordlore –'लोर् n. पदविज्ञान, शब्दविज्ञान, शब्द-शास्त्र; पदविज्ञानानुशीलन, शब्दविज्ञानानुशीलन, शब्द-शास्त्र-अध्ययन।

wordlorist –रिस्ट् n. पदविज्ञानाध्येता, शब्दविज्ञाना-नुशीलनपर, शब्दशास्त्री।

wordy –'डि a. पदबहुल, पद-संक्रान्त, शब्दपूर्ण, शब्द-बहुल, वाचनिक, शब्दाडम्बरपूर्ण; बहुवाक्य, वाक्यात्मक; विस्तृत, विस्तारपूर्ण; शाब्द, शाब्दिक, शब्दोंका, बातों^{F}का।

wore वोअॅर्' WEAR$^{2/3}$ का भूत०।

work^{1}* वर्क्' n. व्यापार, उद्योग, उद्यम, (गति०, स्थिति०, अर्थ०) कर्म, (अर्थ०) कार्य, कृत्य, कार, (अर्थ०) काम*; धन्धा (*never liked, will do no,* ~); श्रम, मजदूरी^{F} (*do you want the* ~ *or the wages ?*); प्रयत्न, आयास; (भौतिकी^{F}) ऊर्जा^{F}, शक्ति^{F} (*convert heat into* ~); सिद्धि^{F}, सफलता^{F}; निर्मित वस्तु^{F}, बनायी गयी चीज^{F}; सामग्री^{F}, सामान (*bring your* ~ *downstairs*); कौशल, कारीगरी^{F}, (साहि-त्यिक) ग्रन्थ, कृति^{F}, रचना^{F}; प्रभाव; नमूना; (धर्म, प्रायः pl. में) सुकर्म, पुण्य-कर्म, नेक काम; सूचिका-कर्म, सुई^{F}का काम, कसीदेका काम; किलेबन्दी^{F}का काम; क्लेश, कष्ट; अनुष्ठान; प्रबन्ध, सम्प्रबन्ध; (pl.) स्थापत्य, भवन-निर्माण, गृह-निर्माण; निर्माण-कार्य, **निर्माण** (~ *committee*); विभाग; (मशीन^{F}के) पुर्जे; कृतियाँ^{F}; (pl.) कर्मालय, कार्य-शाला^{F}, निर्माण-गृह, **निर्माणशाला**^{F}, कारखाना; **विनि-र्माण, निर्माण**; सज्जाकार्य, सजावटी काम (*covered with elaborate* ~); सजावट^{F}की वस्तुएँ^{F}; internal ~ देहान्तरिक क्रिया^{F}; the ~s of God लीला^{F}, प्रकृति^{F}; ~s of mercy दान-पुण्यके कार्य; ~aday, ~ day⊙ सामान्य, साधारण, व्यावहारिक, कारोबारी, काम-काजी (*this* ~*-a-day world*); ~-bag, ~-basket, ~-box (सीने-पिरोनेके कामका) थैला, टोकरी^{F}, सन्दूक; ~ cell **कोष्ठिका**^{F}, कोठरी^{F}; ~cycle (अर्थ०) **कार्य-चक्र**; ~day कार्य दिवस, कामका दिन; ~-house कर्मशाला^{F}, कारखाना; अनाथालय, दरिद्रालय; **निबल निकेतन, मोहताजखाना**; ~-in-progress (वाणि०) **चालू काम**; ~man कार्यचालक; **कर्मकार, कर्मचारी, कर्मी, कामगर, कारीगर**, श्रमिक, श्रमजीवी, मजदूर; शिल्पी, शिल्पकार, मिस्त्री, मिस्तरी, कारीगर; ~manlike सुनिपुण शिल्पीवत, अच्छे कारीगर-जैसा; ~manship रचना^{F}, निर्माण; कार्य-कौशल, शिल्प-कौशल, (अर्थ०) **कर्म-कौशल, कारीगरी**^{F} (*God's* ~*manship*); ~-people कर्मी, मजदूर या मजदूर-नियाँ^{F}; ~shop **कर्मशाला**^{F}, शिल्पशाला^{F}, निर्माण-गृह, (अर्थ०) कारखाना, कठाल^{F}, वर्कशाप; ~woman संचालिका^{F}; कर्मकारिणी^{F}, स्त्री कर्मचारी^{F}, मजदूरनी^{F}; शिल्प-निपुण स्त्री^{F}, सूचीकर्म-दक्ष स्त्री^{F}; कारीगरनी^{F}; *a bad* ~*man quarrels with his tools* नाच न जाने आँगन टेढ़ा; *a good day's* ~ सम्पन्न कार्य; *a* ~ *of art* कलाकृति^{F}; *all is the day's* ~ सामान्य, साधारण, मामूली, रोजके कामका; *good wages, good* ~ खरी मजूरी^{F} खासा काम; *if you want your* ~ *well done, do it yourself* आप काज महा काज, आप न मरिये स्वर्ग न जाइये; *make short* ~ *of* झटपट करना, तुरन्त पार होना; *set to* ~ कार्यारम्भ करना, काममें लग जाना;

~ account, ~ agent, ~bench, ~book, ~-centre, ~ certificate, ~-charges, ~ contract, ~ curve, ~ decrement, ~ diagram, ~-driven, ~ expenditure, ~ fellow, ~-function, ~ fund, ~girl, ~ habits, ~-hardened, ~-hardening, ~ horse, ~ load, ~master, ~mistress, ~ order, ~ paper, ~place, ~ priority, ~ projects, ~ register, ~room, ~s abstract, ~s central division, ~schedule, ~s committee, ~s cost, ~s cycle, ~s services, ~s expendi-ture, ~s expenses, ~ sheet, ~-shop accounts, ~shop attendant, ~shop division, ~shop drill, ~shop foreman, ~shop inspector, ~shop instructor, ~shop medical officer, ~ shop office, ~shop staff, ~shop store, ~shop superintendent, ~-shy, ~s inspector, ~ site, ~ slip, ~s manager, ~s oncost, ~ spreading, ~s procedure, ~ s services, ~s slip, ~s staff, ~ s store, ~s supervisor, ~-stained, ~stand, ~-table, ~-ticket, ~time, ~ value, ~week, ~-worn.

work^{2} v.t. & i. (*-ed, wrought*) उद्योग करना, उद्यम करना, काम करना, कार करना, धन्धा करना; श्रम करना, परिश्रम करना; प्रयत्न करना, कोशिश^{F} करना; कष्ट होना, पीड़ा^{F} होना; शिल्पी बनना, कारीगर बनना; कार्य-निर्वाह करना, काम चलाना, कार्यवाही^{F} करना, चालू रखना; चलना, चालू रहना (*pump does not* ~); काममें जोते रहना, मेहनत^{F}से काम लेना (~*s his men too hard*); परिक्रमा^{F} करना, घूमना, चक्कर काटना (*handle, wheel,* ~*s freely*); संचालित करना, प्रबन्ध करना, व्यवस्था^{F} करना (*my partner* ~*s the northern zone*); नियन्त्रण करना, काबूमें रखना, कब्जा करना; फल देना, फलोत्पादन करना; प्रभाव डालना, असर करना (*the appeal wrought powerfully upon him*); उत्पन्न करना, निकालना (*wrought wonders, a change*); पूरा करना, लाना; सूचि-कर्म करना, सुई^{F}का काम करना, कढ़ाई^{F} करना, कसीदेका काम करना (*reads to them while*

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

they ~); आदोलित होना, गतिशील होना, हिलना-डुलना, हरकत[F] करना (*waves* ~ *to & fro*); जोश पैदा करना, जोश आना, तेजी[F] आना, उबाल पैदा करना; (शा० एवं ला०) अशान्ति[F] उत्पन्न करना; कठिनाई[F]से चलना, बढ़ना, खिसकना (*stockings, shirt,* ~ *down, up*); होना; चलाना; करना, बनाना; डगमगाते हुए चलना; समाधान करना, सुलझाना; (आटा आदि) गूँधना, सानना (~ *dough, clay, properly*); उत्तेजित करना, भड़काना; (गणित) प्रश्न करना, सवाल हल करना; मजदूरी[F] करके यात्रा[F] करना; *who* ~*s gets* खोजे सो पावे; ~ *away* or *on* करते जाना, काम जारी रखना; ~ *in* प्रवेश कराना, स्थान देना, खपाना; ~ *off* शनैः-शनैः निस्सारित करना, निकालना (~*s off his bad temper on his servants*); ग्राहक लग जाना, बेच डालना; मुक्त होना, निपट जाना; ~ one's *will* मनोरथ पूरा करना; ~ *out* (गणना[F] द्वारा) पड़ना, राशि[F] आना, गणना[F] करना, गिनती[F] करना (~*s out at £ 6 a day*); प्रश्न करना, सवाल हल करना; (कामसे) सारी शक्ति[F] ले लेना, बुरी तरह थका देना; कठिनाई[F]से प्राप्त करना, मुश्किलसे पाना (~ *out* one's *salvation*); सम्पन्न करना, निष्पन्न करना, निष्पादित करना, कार्य-परिणत करना, कार्य तैयार करना, बनाना, करना, सुलझाना; सम्पूर्ण करना, निःशेष करना, समाप्त करना; ~*up* (धीरे-धीरे) अच्छी स्थिति[F] पर लाना; चरम सीमा[F] तक पहुँचना; शनैः-शनैः उत्तेजित करना, उभारना, भड़काना; नियुक्त करना, नियोजित करना, लगाना; अनुसन्धान करना; निःशेष करना, समाप्त करना।

workability, workableness –कॅबि'लिटि, –निॅस् nn. व्यवहार्यता[F], (यन्त्र०) **सुकरता**[F], (परि०) **सुकार्यता**[F], सम्पादनीयता[F], संचालनीयता[F], चलनशीलता[F]; (धातु०) रूप्यता[F]।

workable –कॅबॅल् a. कार्ययोग्य, व्यवहार्य, करणीय, सुकर, सम्पादनीय, संचालनीय, साध्य, प्रायोगिक; सुकृष्य (~ *soil*); ~ mixture **तैयार मसाला**।

worker–कॅर् n. **कार्यकर्ता, कर्मी, कर्मकार**, कर्मकारी; **कर्मचारी; श्रमिक**, श्रमी, **मजदूर**, कमिया, (कृषि०) कमेरा, कमेरी[F], **कामगार; सेवक**; wage ~ ⊙ मजदूरी[F] पर काम करनेवाला; ~ cell (कृषि०) **कोष्ठिका**[F]; ~s' union श्रमी संघ, कर्मी संघ।

working[1] –किंग् n. कर्मकरण, कार्यकरण, श्रमकरण; कार्य, क्रिया, काम, (~ *account*); परिचालन, कार्य-संचालन, **कार्यचालन**, कार्यसम्पादन, प्रबन्ध, संप्रबन्धन, चलाना (~ *scheme*); (कानून) प्रवर्त्तन; गतिविधि[F], **कार्य-प्रणाली**[F], कार्यपद्धति[F] (*the* ~*s of his face, conscience*); कार्य-फल, कार्य-परिणाम; खान[F], खदान[F]; खनन; ~ committee कार्यसमिति[F], कार्यकारिणी समिति[F], ~ condition चलनावस्था[F]; चालू अवस्था[F]; ~ expenses कार्य-व्यय, आवश्यक व्यय; ~-out परिणाम-गणना, फलानुमान, अनुमान; ~ parts (यन्त्र०) **चालू पुर्जे**; ~ platform (यन्त्र०) **चाली**।

working[2] a. (का०) श्रमजीवी, उद्योगी, सक्रिय, कार्यवाहक, **कार्यकर, कार्यकारी**, कर्मकारी, कार्यशील, चालू, चलता, कामचलाऊ, (~ *agreement, capital*); कार्य, कर्मयोग्य, कामका (~ *cattle, day, hours*); ~ classes श्रमजीवी, श्रमिक वर्ग; हाथका काम करनेवाला; ~ language व्यवहार-भाषा[F], चलती भाषा[F];

~ assets, ~ capital, ~ cattle, ~ committee, ~ cost, ~ day, ~ drawing, ~ employer, ~ formula, ~ group, ~ hours, ~ hypothesis, ~ knowledge, ~ language, ~ order, ~ papers, ~ plan, ~ pressure, ~ stock, ~ substance.

workless –कॅ'लिॅस् a. बेकार, बेरोजगार।

world वर्ल्ड् n. **विश्व**, पृथ्वी[F], लोक, भूलोक, **भूमण्डल**, संसृति[F], **संसार, जगत्, दुनिया**[F], इहजीवन, इहलीला[F], जीवनयात्रा[F], लौकिक जीवन, जिन्दगी[F]; सांसारिक व्यवसाय, संसारी[F], दुनिया[F]के धन्धे, दुनिया[F]के रिश्ते (*forsake the* ~); ब्रह्माण्ड; बाह्य जगत्, बाहरी दुनिया[F]; मानव-वर्ग, मनुष्य-जाति[F]; पृथ्वी[F]-जैसा लोक; सुविस्तृत भूभाग; जीवन-गति[F], जीवन-व्यापार, सांसारिक गतिविधि[F], लोकव्यवहार, जनरीति[F], दुनियादारी[F]; रीति[F], ढंग; लोक, सामान्य जन, जन-साधारण, आम लोग (*what will the* ~ *say ?*); सांसारिक जीवन, लौकिक अवस्था[F]; क्षेत्र, वृत्त, दायरा; बृहन्मात्रा[F], बड़ी संख्या[F] (*a* ~ *of notes, faults*); man of the ~ अनुभवी, व्यावहारिक, दुनियादार; Prince of this ~ शैतान; the great ~ ठाठदार लोगोंका समाज; the lower ~ नरक, रसातल; the New W~ नयी दुनिया[F] (उ० एवं द० अमेरिका); the Old W~ पुरानी दुनिया[F] (एशिया, अफ्रीका और यूरोप); the other *or* next ~ मरणान्तर लोक; the *or* this ~ मर्त्यलोक, यह जीवन; the ~ of dreams स्वप्न-जगत्, स्वप्न-संसार, स्वप्नलोक; W~ War (राज०) **विश्वयुद्ध**; ~-weary जीवन-विरक्त; खिन्न-जीवन, जीवन-क्लान्त, दुनिया[F]से तंग; ~-wide विश्वव्यापी, विश्वव्यापक, जगद्व्यापी; *all's right with the* ~ सब कुछ ठीक चल रहा है; *begin the* ~ जीवन-यात्रा[F] आरम्भ करना; दुनिया[F]में कदम रखना; *bring child into the* ~ जनना, जन्म देना; *carry the* ~ *before one* शीघ्र सफलता पाना, जल्दी बढ़ जाना, आगे निकलना; *for all the* ~ ठीक; *go to the* ~ विवाह कर लेना, शादी[F] हो जाना; *know the* ~ अनुभवी होना, दुनिया[F] समझना; *take the* ~ *as it is* अपनेको संसारके अनुकूल बनाओ; *to the* ~ पूरी तरहसे, बिल्कुल; *to the* ~*'s end* अनन्त, संसार-के छोरतक;

W~-Bank, ~-beater, ~ citizenship, ~ ~-consciousness, W~ Court, ~ domination, ~ federation, ~ forum, ~ maker, ~

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

organization, ~-power, ~ soil group, ~ state, ~ tour, ~-weariness, ~-wide distribution.

worlded ⊙–डिड् a. लोकमय, संसारयुक्त।

worldliness –डॅलि-निॅस् n. पार्थिवता^{F}, (दर्श०) ऐहिकता^{F}, सांसारिकता^{F}; प्रपंच, लौकिकता^{F}, संसार-निष्ठा^{F}, इहलोकासक्ति^{F}, दुनियादारी^{F}; वैषयिकता^{F}, विषयासक्ति^{F}।

worldling –लिंग् n. प्रपंची, संसारी मनुष्य, दुनियादार आदमी; विषयी; (दर्श०) इहलोकनिष्ठ, संसारी।

wordly –लि a. पार्थिव, ऐहिक, लौकिक, इहलौकिक, संसारनिष्ठ, सांसारिक, संसारी, दुनियावी; वैषयिक, विषयाधीन, विषयासक्त; व्यावहारिक; ~-minded ऐहिकबुद्धि, सांसारिक; ~-wise संसारज्ञ, व्यवहारज्ञानी, व्यवहारकुशल, दुनियादार; ~ wisdom संसारज्ञान, व्यवहारज्ञान, व्यवहार-कुशलता^{F}, दुनियादारी^{F}।

worm[1]* वर्म् n. सरीसृप, कीट, (चि०, कृषि०) कृमि, कीड़ा*; नगण्य मनुष्य, क्षुद्र व्यक्ति, मामूली आदमी, (रसा०) सर्पिल, सर्पिल वस्तु^{F}, पेचदार वस्तु^{F}, कृमि रोग, (यन्त्र०) वर्म, भ्रमि^{F}, पेच, चूड़ी^{F}; धुँआकश; खर्जु^{F}, खुजली^{F}; क्लेशदायक वस्तु^{F}, कष्टदायक पदार्थ; (कुत्तेकी जीभ^{F}के नीचेका)बन्ध, नस^{F}; अनुताप, परिताप, पश्चात्ताप; ~-fishing केंचुआ लगाकर किया गया मछली^{F}का शिकार; ~-gear पेच-घेरा, दाँतेदार पहिया; (कृषि०) सर्पिल गरारी^{F}, T. ~-holed घुन लगा हुआ, कीड़ोंसे खाया हुआ; ~-screw (कृषि०) सर्पिल या भ्रमी पेच; *am a ~ today* आज सत्वहीन हो रहा हूँ; *a ~ will turn* तंग करनेपर कीड़ा भी विद्रोह कर देगा; *I should ~* मुझे क्या पड़ी है, दूर^{F} ही रहना ठीक है; ~ seed (चि०) सेन्टोनाईन देनेवाले पौधेका बीज; ~ seedoil सुगन्धवास्तुकका तेल, चेनोपोडियमका तेल;

~-cankered, ~-cast, ~-conveyer, ~-eaten, ~-feed, ~-gnawed, ~ hole, ~-ridden, ~ screw, ~ shaped, ~ shell, ~ spindle, ~-tongued, ~ wheel, ~-worn.

worm[2] v.t. & i. (कपटसे) विश्वास प्राप्त करना, दिलमें जगह^{F} बना लेना; अग्रसर होना, प्रगति^{F} करना; रेंगना, रेंगकर रास्ता बनाना (*~ed himself or his way through the bushes*); धीरे-धीरे करना; (कपटसे) रहस्य जान लेना, कुरेद-कुरेदकर बात^{F} निकाल लेना, पेटमें पैठकर बात^{F}का पता लेना; (कुत्तेकी जीभ^{F}के नीचेकी) नस^{F} काट देना; कीड़े निकाल फेंकना; ~ one-*self into* घुसना, पैठना।

wormed –ड़ a. कीट-दष्ट, कीट-भुक्त, कीड़ा लगा हुआ, घुन लगा हुआ।

wormianbones –मिअन बोॅन्स n.(चि०)सीवनास्थि^{F}, कपाल चक्रक।

worminess–मिनिॅस् n. सकीटता^{F}, सघुणता^{F}, घुनदार होना।

worming वर्'मिंग् n. विश्वास-प्रापण, पैठ^{F}, दिलमें जगह^{F} पाना; अग्रसरण, अग्रगमन; रेंगना।

wormwood वर्म्'वुड् n. (चि०) अफसन्तीन, एक हृद्य और अग्निदीपक काष्ठौषधि; सोमराज, नागदौन; कठोर आत्मदमन, मनस्ताप; मनस्तापका कारण।

wormy वर्'मि a. कृमिमय, कृमिल, सकीट, सघुण, घुनदार।

worn वॉर्न्' a.WEAR[2] का भू० कृ०।

wornness–निॅस् n. दुर्वासता^{F}, दुर्वसनता^{F}, फटेहाली^{F}, जीर्णता^{F}, शीर्णता^{F}।

worried ⊙व'रिड् a. श्रान्त, परिश्रान्त, क्लान्त, परिक्लान्त, चिन्ताकुल; व्यग्र, उद्विग्न, व्यथित, परेशान (*is much ~*)।

worrier –रिॲर् n. परेशान करनेवाला; परेशान होनेवाला।

worriless –लिॅस् a. निश्चिन्त, चिन्तारहित, बेफिक्र।

worriment –मॅन्ट् n. व्यग्रता^{F}, उद्वेजकता^{F}, अशान्ति^{F}, चिन्ता^{F}, फिक्र^{F}, परेशानी^{F}⊙; बाधा^{F}, कठिनाई^{F}, मुसीबत^{F}, दिक्कत^{F}।

worrisome –सॅम् a. क्लेशकर, कष्टकारक, चिन्ताप्रद, चिन्ताप्रवण, चिन्ताजनक, विरक्तिजनक; कष्टप्रद, दुःखदायी⊙।

worry[1] –रि n. (प्रायः pl. में) विरक्ति^{F}, चिन्ताएँ^{F}, फिक्र^{F}, परेशानियाँ^{F}, अतिचिन्ता^{F}, विपत्ति, क्लेश, दिक्कत^{F}, परेशानी^{F} (*be prepared for the ~*); (शिकारी कुत्तोंका शिकारको) झँझोड़ना, झकझोरना, बार-बार खींचना; *if the ~ comes to the ~* यदि विपत्ति^{F} पर विपत्ति^{F} या चिन्ता^{F}के ऊपर चिन्ता^{F} आ पड़े।

worry[2] v.t. & i. विरक्त करना, क्लिष्ट करना, उत्तप्त करना, उद्विग्न करना, उद्वेजित करना, दिक करना या होना, परेशान करना, नाक^{F}में दम कर देना, चिढ़ाना, चिढ़ना; चिन्ता^{F} करना, सोच^{F}करना, कुढ़ते रहना, फिक्र^{F} करना; (कुत्तोंका शिकार आदिको) झँझोड़ना, चीथना।

worse[1] वर्स्' n. निकृष्ट वस्तुएँ^{F}, बुरी चीजें^{F} या बातें^{F}, *have the ~* पराजित होना, हार^{F} खाना, बुरी होना; *for the ~* बुरीसे बुरी अवस्था^{F}के लिए; *the ~* संघर्षमें पराजय^{F}, बुरी हार^{F}।

worse[2] a. दुष्टतर, अधिकतर खराब, बदतर; अधिक बुरी अवस्था^{F}में, बदतर हालत^{F}में (*is ~ today*)।

worse[3] adv. और बुरे ढंगसे, ज्यादा खराब ढंगसे, बुरी तरह; बुरी अवस्था^{F}में।

worsen v.t. & i. अधिकतर मन्द करना, और खराब करना, अधिक बिगाड़ देना, बुरा करना, बदतर कर देना; बिगड़ना, खराब होना, बदतर होना।

worship[1] वर्'शिप् n. पूजन, भजन, अर्चा^{F}, अर्चना^{F}, आराधना^{F}, (दर्श०) उपासना^{F}, पूजा^{F}, भक्ति^{F}, (*public ~, place of ~*); आस्था^{F}, श्रद्धा^{F}; गुण, योग्यता^{F}; सत्कार, सम्मान, कद्र^{F}, इज्जत^{F} (*an object of ~*); man of ~ पूज्य व्यक्ति, सम्मान्य पुरुष; *win, have,* ~ प्रतिष्ठित होना, ख्याति^{F} पाना।

worship[2] v.t. & i, अर्चना^{F} करना, आराधना^{F} करना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपासना[F] करना, पूजा[F] करना, भक्ति[F] रखना, पूजना; आस्था[F] रखना, श्रद्धा[F] रखना; सम्मान करना, समादर करना, कद्र[F] करना, इज्जत[F] करना (*~s the ground she treads on*)।

worshipable –पॅबॅल् a. पूजार्ह, अर्चनीय, आराध्य, उपास्य, पूज्य, पूजनीय, मान्य, आदरणीय।

worshipful –शिप्-फुल् n. = WORSHIPABLE.

worshipfulness –निॅस् n. पूज्यता[F], अर्चनीयता[F], उपासनीयता[F], आराधनीयता[F], आदरणीयता[F], सम्मान्यता[F], समादरणीयता[F]।

worshipper–पॅर् n. अर्चक, आराधक, उपासक, पूजक, पुजारी।

worst[1] वर्स्ट्' n. सर्वाधिक बुरा भाग या लक्षण, दुष्टतम दशा[F], अधमतम अवस्था[F] (*the ~ of the storm is over*); सर्वाधिक बुरी अवस्था[F], घटना[F] इत्यादि; *do your ~* कर लो जो करना है; *have the ~* पराजित होना, नुकसान उठाना; *if the ~ comes to the ~* यदि भारी अकल्याण हो जाये, कितना ही बुरा हो जाये; *put to the ~* पराजित करना, हराना; बुरा करना।

worst[2] v.t. विजय[F] पाना, जीतना, परास्त करना, हरा देना, मात देना; हटाना, भगाना।

worst[3] a. मन्दतम, नीचतम, निकृष्टतम, दुष्टतम, अधमतम, पापिष्ठ, सबसे बुरा।

worst[4] adv. मन्दतम अवस्था[F]में, अधम दशा[F]में, बुरी अवस्था[F]में; नीचता[F]से।

worsted[1] बुस्'टिॅड् n. और्णतन्तु[F], समूर्णा[F], ऊर्णा-सूत्र, ऊनी तागा, पश्मी सूत (*~ socks*)।

worsted[2] a. ऊनी तागेका; विजित, थका-माँदा, हारा।

wort वर्ट्' n. शाक, पौधा, जड़ी-बूटी[F]; अनाजका शीरा, (रसा०) T.।

worth[1] वर्थ्' n. अर्घ, अर्ह[F], मूल्य, मोल, दाम, कीमत[F] (*of great, little, no, ~*); श्रेष्ठता[F], श्रेष्ठ गुण, उत्तमता[F], योग्यता[F], सारता[F], महत्त्व (*a person of ~*); माल (*give me a shilling's ~*); *~-while* उचित, समयोचित, उपयुक्त, उपयोगी, कामका; *is little ~* (का०) किसी मूल्य या कामका नहीं; *~ one's salt* (पारिश्रमिकके अनुरूप) काम करनेवाला।

worth[2] v.t. (प्रा०) हो, पड़े (*woe ~ the day*)।

worth[3] a. के मूल्यका, की कीमत[F]का, के दामका (*is ~ about 2/6*); योग्य, उपयुक्त, उचित, लायक (*~ daing, notice*); पूरक, के बराबर; सम्पन्न, सम्पत्तिवान्, हैसियतवाला (*is ~ a million*); *a bird in hand is ~ two in the nest* आधी छोड़ सारीको धावे, आधी मिले न सारी पावे।

worthiness वर्'दिनिॅस् n. अर्हता[F], योग्यता[F], सुपात्रता[F], गुणवत्ता[F], गुणशालिता[F]; उपयुक्तता[F], यथेष्टता[F], पर्याप्तता[F]।

worthless –र्थ्'लिॅस् a. अनर्ह, अयोग्य, अकर्मण्य, व्यर्थ, गुणहीन, खराब, निकम्मा, बेकार; निष्प्रयोजन, निस्सार, असार, बेमतलब।

worthlessness –निॅस् n. अनर्हता[F], अयोग्यता[F], अकर्मण्यता[F], वैगुण्य, गुणहीनता[F], व्यर्थता[F], निकम्मापन, बेहूदगी[F]।

worthy[1] वर्'दि n. आर्यजन, सज्जन, मानपात्र, योग्य व्यक्ति; (किसी देश या कालका) सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति।

worthy[2] a. श्रद्धेय, पूज्य, माननीय, सम्माननीय, आदरणीय, प्रतिष्ठित, कद्र[F]के लायक (*has lived a ~ life*); यथेष्ट, अनुरूप, योग्य, पर्याप्त; बहुमूल्य, मूल्यवान्, मूल्यानुरूप, उचित, उपयुक्त (*in words ~ of the occasion*); अर्ह, योग्य (*is ~ to be remembered*); गुणवान, गुणशील, गुण-सम्पन्न।

wot वाट् दे० WIT.

would वुड्' WILL का भूत० रूप।

would-be वुड्'-बी a. & adv. भावी, भविष्यत्, होनेवाला (*~ husband*)।

wouldst वुड्स्ट्' v.i. WILL का द्वितीय पुरुष भूतकाल।

wound[1]* वून्ड् n. व्रण, घात, उपघात, (चि०) क्षत, (चि०, कृषि०) घाव*, (चि०) जख्म (*receive, inflict, make, heal, a ~*); मानसिक आघात, भावनाओं[F]पर की गयी चोट[F]; (काव्य०) प्रेमकी पीड़ा[F], *penetrating ~* (चि०) भेदक व्रण, शरीरकी किसी गुहा[F], आशय या अन्तरंगमें प्रवेश करनेवाला; *~wort* क्षतरोप, घाववूटी।

wound[2] v.t. आहत करना, आघात पहुँचाना, घाव करना, घायल करना, जख्मी कर देना; मानसिक आघात पहुँचाना।

wound[3] दे० WIND[2/4].

wounded –'डिॅड् a. विद्ध, व्रणित, आहत, विक्षत, घाववाला, घायल, जख्मी (*~ feelings*); जर्जरित, जर्जरीकृत, जर्जर।

wounder –डॅर n. क्षतकर्ता, घाव करनेवाला, जख्म बनानेवाला।

wounding –डिंग् n. आहनन, उपहनन, क्षतकरण, घाव बनाना, ज़ख्म बनाना।

woundless –ड्'लिॅस् a. अनाहत, अनाघात, अनुपघात, अक्षत, क्षत-हीन, बिना घावका।

woundy –'डि a. क्षतमय, घाव-पूर्ण, जख्मी।

wove(n) वूव्(न्) WEAVE का भूत० तथा भू० कृ०; *~ mass* जटाजूट पुंज।

wow[1] वॉउ' n. (रंगमंचीय) सफलता[F], सफल अभिनय; वव्वकार[F]; *it is ~* बढ़िया है।

wow[2] int. ओह! अरे! रे-रे! वाउ! (आश्चर्यद्योतक)।

wowser वॉउ'ज़ॅर् n. कट्टर ईसाई; हठधर्मी।

W.P. Wheat Production; Working Plan.

Wp., Wpfl. Worshipful.

w.p. weather permitting.

w.p b. waste paper basket.

W.P.C. World Population Conference; World Power Conference.

W.P.O. Working Plan Officer.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

W.R. Western Range; Western Railway; West Riding.
W.R.A.C. Women's Royal Army Corps.
wrack रैक्' n. तोरण, (एक प्रकारकी समुद्री घास^{F}); विनाश, विध्वंस; पोतभंग; पोतका भग्नावशेष; =RACK[1]।
wrackful –'फ़ुल् a. भग्न, टूटा-फूटा।
W.R.A.F. Women's Royal Air Force.
wraith रेथ्' n. पिशाच, यमदूत, (मृत्यु^{F}के पूर्व या पश्चात् दिखाई पड़नेवाली) प्रेतात्मा^{F}।
wrangle[1] रैन्'गॅल् n. विवाद, वितण्डा, तू-तू मैं-मैं^{F}, तकरार^{F}, झगड़ा।
wrangle[2] v. i. वाक्कलह^{F} करना, वाग्युद्ध करना, वादविवाद करना, तू-तू मैं-मैं^{F} करना, झगड़ना।
wrangler –लॅर् n. विवादक, कलहकारी, वितण्डा खड़ा करनेवाला, बखेड़िया, हुज्जती; (केम्ब्रिज विश्व० में, गणितकी परीक्षा^{F}में) प्रथम श्रेणी^{F}में उत्तीर्ण व्यक्ति।
wranglership –शिप् n. (गणितकी परीक्षा^{F}में) प्रथम श्रेणी^{F}में उत्तीर्ण होनेकी योग्यता^{F} या पद।
wranglesome –ल्'सॅम् a. विवादी, कलही, झगड़ालू, हुज्जती, लड़ाका।
wrangling –लिंग् १. n. वाक्कलह, वाग्युद्ध, वादविवाद, वितण्डा, झगड़ा, तू-तू मैं-मैं^{F}, तकरार^{F}; २. a. कलही, झगड़ालू।
wrap[1] रैप्' n. (प्रायः pl. में) शाल, दुशाला, चादर^{F}, रैपर; वेष्ट, ओढ़ना, ढँकन, ओढ़नी^{F}; लबादा; गुलूबन्द।
wrap[2] v.t. & i. वेष्टित करना, आवेष्टित करना, परिवेष्टित करना, आवृत करना, आच्छादित करना, छाना; बाँधना, पैक करना (*~ it in paper, cotton, wool*); घेरना, छिपाना, बन्द करना, लपेटना, ओढ़ना, ढाँकना (*mountain ~ped in mist*); ऊपर चढ़ना (*edges should not ~*); *~ up* शाल ओढ़ लेना, चादर^{F} या दुशाला ओढ़ लेना (*mind you ~ up well if you go out*)।
wrappage –'पिज् n. वेष्टन, वेठन, वस्ता; ओढ़ना, ओढ़ने-लपेटनेकी वस्तुएँ^{F}।
wrapped –प्ट्' a. वेष्टित, परिवेष्टित, आवेष्टित, आच्छन्न, आच्छादित, लपेटा हुआ; ढँका हुआ; (ला०) व्यस्त, खोया हुआ (*is ~ped in her child*)।
wrapper –'पॅर् n. (क्रियागत अर्थोंमें) लपेटनेवाला, घेरनेवाला आदि; ओढ़नी^{F}, चादर^{F}; आवेष्टन, वेष्ट, वेष्टन, बेठन, (कृषि०) **लपेटन**^{F}; (सिगार) पत्ती^{F}; (किताब^{F}का) प्राकार, कवर, रैपर; वासन, ड्रेसिंग गाउन ⊙।
wrapping –पिंग् n. वेष्टन (*~ twins*); कपड़ा लपेटनेकी क्रिया^{F}; ढक्कन।
wrapt रैप्ट्' =RAPT.
wrasse रैस' n. एक प्रकारकी समुद्री मछली^{F}।
wrath रॉथ्' n. मन्यु, क्रोध, कोप, रोष, नाराजगी^{F}, गुस्सा।
wrathful –फ़ल् a. मन्युपूर्ण, क्रोधपूर्ण, क्रुद्ध, कुपित, कोपी, चण्ड, रोषपूर्ण, क्रोधी, गुस्सैल।
wrathfulness –निॅस् n. मन्युपूर्णता^{F}, क्रोधपूर्णता^{F}, क्रुद्धता^{F}, कुपितता^{F}, कोप।
wrathless –'लिस् a. अमन्यु, अक्रोधपूर्ण, अक्रुद्ध, अकुपित।
wrathy –'थि a. अतिमन्युपूर्ण, अतिक्रोधपूर्ण, अतिक्रुद्ध, अतिकुपित।
wrawl रॉल्' v.t. म्याऊँ-म्याऊँ करना।
wreak[1] रीक्' n. प्रतिशोध, प्रतिकार, बदला।
wreak[2] v.t. (प्रा०) प्रतिशोध करना, प्रतिकार करना, बदला लेना, गुस्सा उतारना; क्षिप्त करना, प्रक्षिप्त करना, प्रक्षेपण करना, निकाल देना, फेंकना; *~ one's thoughts upon expression* अभिव्यक्ति^{F}के लिए उपयुक्त शब्द पाना।
wreakful –'फ़ुल् a. सप्रतिशोध, सप्रतिकार, बदला लेनेवाला; मन्युपूर्ण, क्रुद्ध, रोषपूर्ण, गुस्सेभरा।
wreakless –'लिॅस् a. प्रतिशोधहीन, प्रतिकारविहीन; बदलेकी भावना^{F}से रहित; अक्रुद्ध, अरुष्ट, बिना गुस्सेका।
wreath रीथ' n. अवली^{F}, माल्य, माला^{F}, हार, फूलमाला^{F}; मालानुकृति^{F}, चित्राकृत हार; मेघमाला^{F}, धुएँका छल्ला; (नर्त्तकों या दर्शकोंका) वृत्त, (यंत्र०) **वलय**, घेरा।
wreathe रीद्' v.t. & i. मालाकार बनाना; हार पहनाना, माला^{F}से सजाना; माला^{F} गूँथना, हार गूँथना; (हाथोंमें) लपेटना; (साँपका) लिपटना; पैंठना; (धुएँका) छल्ला बनाना, छल्लेके रूपमें ऊपर उठना।
wreathen –'दॅन् a. माल्ययुक्त, मालामय, हारका।
wreathless रीथ्'लिॅस् a. अमाल्य, माला-विहीन, बिना हार।
wreathy –'थि a. माल्य-सज्जित, माला-सज्जित, हार पहने हुए।
wreck[1] रेॅक्' n. (परि०) **नष्टि**^{F}, (*~ bouy*), ध्वंस, विनाश, सर्वनाश, बरबादी^{F}; नौभंग, पोतध्वंस (*gale caused many ~s*); भग्न पोत, (परि०) **नष्टपोत**, नष्ट नौका^{F}, बरबाद जहाज (*shores are strewn with ~s*); विनष्ट भवन, खण्डहर, (शा० एवं ला०) भग्नावशेष, ध्वंसावशेष (*that* person *is a ~*); (समुद्र-तटपर) बहकर लगा हुआ सामान।
wreck[2] v.t. & i. नष्ट करना, सत्यानाश करना, बरबाद करना; नष्ट होना, बरबाद होना (*this is the obstacle your hopes will ~ on*)।
wreckage –'किज n. भग्नावशेष, ध्वंसावशेष, नष्ट-भ्रष्ट सामग्री^{F}; **भग्न शेष, कूँचा**।
wrecked –क्ट्' a. (पोत०) ध्वस्त, विध्वस्त, विनष्ट, नष्ट, भग्न; भग्नावशिष्ट, ध्वंसावशिष्ट (*~ sailors, goods*)।
wrecker –'कॅर् n. भंजक, भग्नकारी; ध्वंसकारी उपकरण; पोत-ध्वंसकारी; ध्वंस-अपहरणकारी; विनष्ट-पोत-रक्षक।
wreckful –क्'फ़ुल् a. ध्वंसपूर्ण, विध्वंसपूर्ण, विनाशमय, सर्वनाशमय, बरबादी-भरा; भग्नावशेषपूर्ण, ध्वंसावशेषपूर्ण।
wren[1] रेॅन्' n. चिकुर, फुदकी^{F}, रेन^{F}; *~-flower* रक्त कषाय मूल।
wren[2] n. वीमेन्स रॉयल नैवेल सर्विस (की सदस्या^{F})।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

wrench[1] रेंन्च' n. (ग०) प्रकुंच, मोच[F], ऐंठन[F], मरोड़[F]; खेंच[F], खिचाव, झटका (*gave a ~ to his ankle*); (ला०) विरह-पीड़ा[F]; संसी[F], जम्बूर, पेचकश, (कृषि०, भौ०) रेंच।

wrench[2] v.t. ऐंठना, मरोड़ना; खींचना, झटका देना (*~ed the door open*); (तथ्योंका) विकृत करना, रूप बिगाड़ना; खींचा-तानी[F] करना; छीनना (*~ed opponent's sword from him*)।

wrest[1] रेंस्ट' n. (सितार आदिकी) खूँटी[F]; ऐंठन[F], मरोड़[F]।

wrest[2] v.t. विकृत करना, मरोड़ना, तोड़ना-मरोड़ना, ऐंठना; बिगाड़ना; (*~ the law to suit himself*); बलात् अपहरण करना, बलपूर्वक छीनना, झटक लेना, झटका देकर छीन लेना (*~ed his sword from him*); जबरदस्ती[F] का अर्थ लगाना।

wrester –'रॅर् n. विकर्ता, मरोड़नेवाला, तोड़नेवाला; बलादपहर्ता, जबरदस्ती छीननेवाला।

wrestle[1] रे'सॅल् n. मल्लयुद्ध, दंगल, कुश्ती[F]; कठोर संघर्ष, कड़ी होड़[F]।

wrestle[2] v. i. & t. मल्लयुद्ध करना, दंगल करना, कुश्ती[F] लड़ना; प्रतियोगिता[F] करना, मुकाबिला करना; जोरसे लग जाना (*~ in prayer*); (किसी समस्या[F]-पर) बुद्धि[F] लड़ाना।

wrestler –लॅर् n. मल्ल, मल्लयोधा, पहलवान।

wrestling –लिंग् n. बाहुयुद्ध, मल्लयुद्ध, मल्ल-युद्ध-कला[F], कुश्ती[F]।

wretch रेंच्' n. दुरात्मा, नराधम, खल, जुगुप्स्य व्यक्ति; जघन्य व्यक्ति, नीच पुरुष, नाकारा आदमी, पाजी।

wretched –'चिॅड् a. दीन, दुःखी, कष्ट-ग्रस्त, विपद्-ग्रस्त, मन्दभाग्य, अभागा, आफतका मारा; पापिष्ठ, अधम, दुरात्मा, क्षुद्र, तुच्छ, घृणित, नीच, निकम्मा (*~ horse, poetry*); अप्रिय, असन्तोषप्रद, अरुचिकर, खराब, रद्दी, बहुत खराब (*~ weather*); अस्तव्यस्त, हक्का-बक्का; महा, अत्यधिक, अत्यन्त, बड़ा, बेहद, (*~ insufficiency, stupidity*)।

wretchedness –निॅस् n. दुर्भाग्य, अभाग्य; दीनता[F], दुर्दशा[F], कष्टमयता[F], तुच्छता[F], नीचता[F], निकम्मापन; अप्रियता[F], अरुचिकरता[F]; अस्त-व्यस्तता[F]; अधिकता[F], बहुतायत[F]।

W.R.I. Women's Ruval Institute.

wrick[1], **rick**[1] रिक्, रिक् nn. मोच[F], मरोड़, झटका (*gave my back a ~*)।

wrick[2], **rick**[2] vv.t. मोच[F] देना, मरोड़[F] देना, ऐंठना, झटका देना, झटकना।

wried ⊙राइ'इॅड् a. वक्रित, वलयित, तोड़ा हुआ, मरोड़ा हुआ।

wriggle[1] रि'गॅल n. सर्पिल गति[F], टेढ़ी चाल[F]।

wriggle[2] v.t. & i. (*along, through, out, in* के साथ) सर्पवत् गमन करना, सर्पिलगति[F]से चलना, बल खाते चलना, रेंगना; (ला०) अस्थिर होना; अविश्वसनीय होना; बल खाते हुए निकल जाना; ऐंठना; *~ out of a difficulty* (ला०) कठिनाई[F]से बच निकलना।

wriggler –लॅर् n. सर्पवद्गन्ता, सर्पिल गति[F]से चलनेवाला, रेंगनेवाला, कुलबुलानेवाला।

wrigglesome –ल्'सॅम् a. सर्पवद्गामी, सर्पिल गति[F]से चलनेवाला, रेंगनेवाला।

wriggling –लिंग १. n. संव्याकोचन, संकोच; २. a. = WRIGGLESOME.

wriggly –लि a. = WRIGGLESOME.

wright राइट्' n. प्रणेता, रचयिता; कर्मकार, शिल्पी, मिस्त्री, कारीगर (*ship, wheel, play, -~*)।

wring[1] रिंग्' n. ऐंठन[F], मरोड़[F], दबाव; निचोड़न।

wring[2] v.t. (*wrung*) ऐंठना, मरोड़ना; मरोड़कर तोड़ डालना; मींचना, मसलना, मलना, दबाना; निचोड़ना, निचोड़कर निकालना (*~ water, consent, money*); अर्थ विकृत करना, तोड़-मरोड़[F] करना; दुःख देना, सताना; *~ neck of* गर्दन[F] मरोड़ डालना; *~ one's hands* (चिन्ता[F] या घबड़ाहट[F]से) हाथ मलना; *~ out* or *~ clothes* कपड़े निचोड़ना।

wringer –'गॅर n. दबानेवाला व्यक्ति, निचोड़नेवाला यन्त्र।

wrinkle[1] रिन्'कॅल् n. आभास, संकेत, इंगित, इशारा (*gave me a ~*); युक्ति[F]।

wrinkle[2] n. वलि[F], त्वग्रेखा[F], चर्मरेखा[F], भंगी[F], झुर्री[F], सिकुड़न[F], शिकन[F]।

wrinkle[3] v.t. & i. झुर्रियाँ[F] डालना, सिकुड़न[F] डालना; (*he ~ed his forehead*); (प्रायः *up* के साथ) झुर्रियाँ[F] पड़ना, झुर्रीदार दिखाई पड़ना।

wrinkled –ड् a. वलियुक्त, रेखांकित, झुर्रीदार, सिकुड़ा हुआ, चुचका (*~ peas*)।

wrinkly –लि a. रेखांकित, झुर्रीदार, सिकुड़नदार।

wrist रिस्ट् n. मणिबन्ध, (*~ joint*) कलाई[F], पहुँचा; (तलवार[F] इत्यादि घुमानेमें) कलाई[F]का काम, कलाई घुमानेका पैतरा; रिस्ट्, रिस्टपिन[F]; *~band* आस्तीन[F]का कफ, मोहरी[F]; *~ drop* (चि०) मणिबन्ध स्रन्स।

wristlet –'लिॅट् n. वलय, कंगन, कलाईबन्ध, कड़ा, पहुँची[F], चूड़ी[F] (*~-watch*)।

writ[1] रिट्' n. आदेष्टि[F], आदेश-लेख, (का०) प्रादेश; लेख्य, (विधा०) लेख, समादेश-पत्र, हुकमनामा, परवाना; Holy W~ बाइबिल[F]; *~ petition* प्रादेश-याचिका[F]।

writ[2] दे० WRITE.

writable राइ'टॅबॅल् a. लेख्य, लेखनीय, लिखने लायक।

writative ⊙–टॅटिव् a. लिखनशील, लिखनेकी इच्छुक।

write –ट्' v.t. & i. (*wrote, written*, अप्र० *writ*) अंकित करना, लिपिबद्ध करना, लिखना; (ला०, व्यक्तिके चेहरेपर गुण, अवस्थाओं[F] इत्यादिके) चिह्न अंकित करना; भरना, खाना-पूरी[F] करना (*~ cheque, application*); रचना[F] करना, साहित्य लिखना, पुस्तकें[F] लिखना; चिट्ठी[F] लिखना, पत्र भेजना (*wrote to his mother*); लिखित वक्तव्य देना, लिखकर बात[F] कहना; वर्णन करना, कहना,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिख देना; ~-up समाचार, संवाद; ~ *down* लिख रखना, नोट कर लेना; ~ *back* (वाणि०) **पुनरांकन करना**; ~ *off* अपलिखित करना, अस्वीकृत कर देना, काट देना, क़लम[F] फेर देना, मिटाना, (वाणि०) **बट्टे खातेमें लिखना, बट्टे खाते डालना**, उड़ा देना; पत्र लिखकर भेजना; सुगमतापूर्वक रचना[F] करना, आसानी[F]से लिख डालना; ~ *out* पूरा लिख डालना (*has written himself out*); ~ *up* अधिलिखित करना, पूर्ण विवरण लिखना, विस्तारसे वर्णन करना, बढ़ा-चढ़ाकर लिखना।

writer –'ट्रॅर् n. रचयिता, प्रणेता, ग्रन्थकार, लेखक; करणिक, लिपिक, क्लर्क, मुंशी; (किसी भाषा[F]का) लिखना सिखानेवाली पुस्तक[F]।

writership –शिप् n. लेखकता[F], लेखक-पद, लेखक-कार्यालय, लेखनकार्य, मुन्शीगिरी[F]।

writhe[1] राइद् n. मानसिक यन्त्रणा[F], ऐंठन[F], छटपटाहट[F], तिलमिलाहट[F]।

writhe[2] v. i. & t. छटपटाना, तड़पना, दर्दसे ऐंठना; इधर-उधर लपेटना, (शरीरको) ऐंठना, मरोड़ना; रूप बिगाड़ना; संकुचित करना या होना।

writing* राइ'टिंग् n. लिपि[F], अक्षर-रचना[F], अक्षर-विन्यास, हस्तलेख, लेखन, लेखन-कार्य, लिखाई[F]*, **लिखावट**[F]; **लेख**, लेख्य, लिखित पत्र, दस्तावेज, सनद[F]; ग्रन्थ-रचना[F]; रचना[F], कृति[F], ग्रन्थ, पुस्तक[F]; टंकण; *in* ~ लिखित, लिखकर; *put in* ~ लिख डालना;

~ accent, ~ book, ~-desk, ~ fee, ~ lever, ~ line, ~ material, ~ obligatory, ~-pad, ~ paper, ~ plate, ~-position, ~ reed, ~ report, ~-school, ~ state, ~ table, ~ tremour.

written रि'टॅन् a. लिखित, (~ *evidence*), अंकित, लिपिबद्ध, लिखा हुआ; ~ *statement* लिखित वक्तव्य; (का०) **लिखित कथन**; प्रतिवादपत्र, उत्तरपत्र।

W.R.N.S. Women's Royal Naval Service.

wrong[1] रॉन्ग' n. अधर्म, पाप, अनुचित कार्य, अनैतिक बात[F], गलती[F], भूल[F], चूक[F], बुरा काम; **अपकार**, अनाचार, अनुचित वर्ताव, अन्याय, अपकृत्य, **दोष**, अपराध (*private, public, ~s*); कलह-उत्पादक या अपराधी स्थिति[F]; ~doer पापी, पापिष्ठ, अपराधी, अपकृत्यकारी, अधर्मी, अन्यायी, दोषी, अपकारी, गुनहगार; ~doing n. पाप, दोष, अपराध; अत्याचार, अपकार, दुर्व्यवहार, दुष्टकर्म; हानि[F]; ~-headed दुराग्रही, विपरीतबुद्धि, औंधी खोपड़ीका, सिर-फिरा; ~ headedness दुराग्रह, हठ, विपरीत बुद्धि[F]; *do* ~ धर्मोल्लंघन करना; अपराध करना, पाप करना, गुनाह करना; *put* one *in the* ~ अन्यायीकी स्थिति[F]में रखना, गलत रास्तेपर डालना, (किसीको) अपराधी बताना या दिखाना।

wrong[2] v.t. अनिष्ट करना, अपकार करना, अन्याय करना, अनुचित व्यवहार करना, बुरा करना, बेइन्साफी[F] करना; क्षति[F] पहुँचाना; अधिकार-वंचित करना; (भूल[F]से) अनुचित दोषारोपण करना, गलत इल्जाम लगाना, बदनाम करना।

wrong[3]* a. विधिविरुद्ध, अवैध, नीति-विरुद्ध, न्याय-विरुद्ध, अन्यायपूर्ण; अनैतिक, दोषपूर्ण, सदोष, न्यायविरुद्ध, पापमय, बुरा; अयुक्त, अनुपयुक्त, अवांछित, **अनुचित, गलत*** (~ *number*), बेजा; खराब (*my liver has gone* ~); अशुद्ध, **असत्य**, अयथार्थ, मिथ्या, भ्रान्त, गलत; उलटा (~ *side*); *in the* ~ *box* अनिष्ट स्थिति[F]में; *on the* ~ *side of 40* चालीस वर्षसे ऊपरका।

wrong[4] adv. अयथार्थ रूपसे; भूलसे, गलती[F]से; गलत दिशा[F]में; *don't get me* ~ मुझे गलत न समझना; *go* ~ पथ-भ्रष्ट होना, बिगड़ जाना, चरित्र-भ्रष्ट होना; गलती[F] करना।

wronged –ड्' a. अपकृत, अपकारित (~ *state*), कृतापकार।

wronger –'गॅर् n. अपकारक; गलती[F] करनेवाला।

wrongful –न्'फ़ुल् a. (वाणि०) अवैध (~ *holder*), अनुचित, बेजा; दोषावह, दोषपूर्ण, **सदोष, सापकार**; अनाचारपूर्ण, अन्यायपूर्ण; अपकारी;

~ confinement, ~ detention, ~ retention.

wrongfulness –निॅस् n. अवैधता[F], अनौचित्य, गलती[F], बेजापन; सदोषता[F]; अन्यायपूर्णता[F]।

wrongness –'निस् n. अवैधता[F], नीतिविरुद्धता[F], न्यायविरुद्धता[F]; अनैतिकता[F], पापमयता[F]; अवांछितता[F], अनुचितता[F], गलती[F], बेजापन; अशुद्धता[F], असत्यता[F], अयथार्थता[F], मिथ्यापन, भ्रान्तता[F], भूल[F], चूक[F]।

wrongous –'गॅस् a. अवैध, गैरकानूनी, निषिद्ध, प्रतिषिद्ध, रोका हुआ।

wrote रोट्' a. WRITE का भू० कृ०।

wroth रो(ब्रॉ)थ्' a. क्रुद्ध, कोपाविष्ट, रोषयुक्त, नाराज।

wrought रॉट्' a. WORK[2] का भूत तथा भू० कृ०; ~ iron व्यंगारित लोहा; (कृषि०, रसा०, यंत्र०) **पिटा लोहा, पिटवाँ लोहा**; ~ *on* प्रभावित, हावी; ~ *up* उत्तेजित, भड़का हुआ।

wrung रन्ग्' WRING[2] का भूत तथा भू० कृ०।

wry[1] ⊙राइ' v.t. & i. = WRITHE[2].

wry[2] a. विकृत, तोड़ा-मरोड़ा, ऐंठा हुआ, मुड़ा, उलटा, टेढ़ा, तिरछा; ~neck साचिग्रीव, कठफुड़वा जाति[F]का पक्षी; (निदान) मन्यास्तम्भ; ~-necked (चि०) मन्यास्तम्भ पीड़ित; वक्रग्रीव, कड़ी गर्दनवाला।

wryness –'निॅस् n. वक्रिमा[F], विकृति[F], टेढ़ापन, तिरछापन; वैरूप्य, विरूपता[F], विकृत रूप, टेढ़ा आकार।

W.S. Writer to the Signet; South of West.

W.S.W., WSW. West-South-West.

W.T. War Transport; Weapon Training; Wireless Telegraphy.

Wt. Weight.

W.T.O. Weapon Training Officer.

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

 Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

W.T.U.C. World Trade Union Congress.
wuff[1] वुफ़् n. (कुत्तेकी) दबी भौंकाहट[F]।
wuff[2] v.i. दबी आवाज़[F] में भूँकना।
W.U.S. World University Service.
W.V.S. Women's Voluntary Service.
W.W.1. World War No. 1. (1914-18).
W.W.2 World War No. 2 (1939-45).
Wy. Wyoming (in U.S.A.).
wych-, wich-, witch- गिरि-, पहाड़ी (वृक्षोंके नामोंके साथ प्रयुक्त, *~-alder, ~-elm, ~-hazel*)।
wye वाइ′ n. Y की आकृतिकी वस्तु[F]।
Wykehamist वि′कॅमिस्ट् a. & n. विंचेस्टर कालेज-सम्बन्धी, विंचेस्टर कालेजका (सदस्य)।
wynd वाइन्ड्′ n. (स्काटलैण्डके नगरकी) वीथी[F], गली[F]।
wyvern वाइ′वॅर्न् दे० WIVERN.
w.z. wheat zone.

X

X अंग्रेजी वर्णमाला[F]का चौबीसवाँ अक्षर क्स, क्ष, ख; (बीजग०; *x*) क, प्रथम अज्ञात राशि[F]; (वन०) मू (**मूल संख्या**[F]); (परिवर्तित) गणनातीत खण्ड, रहस्यपूर्ण प्रभाव; बिना (*~ interest*)।
X Used to mark motion pictures to which persons under sixteen will not be admitted; (Roman numeral) ten.
x. *ex* (L., without), as in **x.d.** ex dividend.
X. or Xt. Christ.
xanthic ज़ैन्′थिक् a. **पीताभ, पाण्डुर**; पीतोन्मुख, पीतवर्णता-प्रवण, बासन्ती, नारंजी, पीला, पीला पड़नेवाला।
xanth(o)- पीत- (*~ate, ~ein(e), ~ic, ~ochroia, ~ogenic, ~omelanous, ~ophyll*)।
xanthochroia ⊙–थॅक्रो′इअॅ n. =XANTHOSIS.
xanthochroic –इक् a. (चि०) पीत, पीतवर्ण; गौर, गौरवर्ण, शुक्ल, शुभ्रवर्ण, साफ रंगका।
xanthochroism ⊙–थॉ′क्रॅइज़्म् n. (चि०) पीतवर्णता[F], पीतता[F]; (विशे० तोतोंकी) पक्षपीतवर्णता[F], पतत्रपीताभता[F], पखनेका पीलापन।
xanthochromia –थॅक्रो′मिअॅ n. चर्म-पीतता[F], पीलिया, कँवल, कमल; पीतवर्णता[F], पीलापन (त्वचा-मस्तिष्कजल आदिका)।
xanthochroous ज़ैन्थॉ′क्रॅअॅस् a. =XANTHOCHROIC.
xanthoderm ज़ैन्′थॅडॅर्म् n. (इति०) **पीतवर्ण**।
xanthodermatous ⊙–थॅडर्′मॅटॅस् a. पीतचर्म, पीले चमड़ेका।
xanthogenic –थॅजे′निक् a. =XANTHIC.
xanthoma –थो′मॅ n. (चि०) पीतार्बुद, पीतचर्मरोग, खाल[F]पर पीली चित्तीवाला रोग।
xanthophyll ज़ैन्′थॅफिल् n. (वन०) **पर्णपीत**, T.।
xanthopsia –थॉप्′सिअॅ n. (चि०) पीतावलोकन, पीतदृष्टि[F]।
xanthosis –थो′सिस n. (चि०) पीतामयता[F], त्वग्पीतता[F], चर्म-पीतता[F], चमड़ेका पीलापन।
xanthous –′थॅस् a. पीतजातीय, मंगोलीय, मंगोल-विषयक, मंगोल जाति-सम्बन्धी; (चि०) पीले त्वचावाले, पीतचर्म।
xanthippe ज़ैन्थि′पि n. दुर्मुखी[F], उग्रचित्त रमणी[F], कलहप्रिया स्त्री[F], कर्कशा[F], लड़ाकी स्त्री[F]।
xanthopsia –थॉपसिअॅ n. (शिक्षा०) **पीत दृष्टि**[F]।
X.D. X dividend, without dividend.
Xe. Xenon.
xebec ज़ी′बॅक् n. त्रिकूपदण्डी, तीन मस्तूल-विशिष्ट क्षुद्र पोत-विशेष, ज़ीबेक।
X.E.N. Executive Engineer.
xenelasia ज़ॅनीलै′सिअॅ n. (यूनानी इति०) पर-बहिष्कार, परदेशी-बहिष्कार।
xenial ज़े′निअॅल् a. आतिथेय-सम्बन्धी, आतिथ्यातिथेयता-विषयक, मेहमानका और मेहमान-वरदारीका।
xenium –अॅम् n. (बहु० (*~ nia*) (प्रा० राजदूतोंको दिया जानेवाला) उपहार, भेंट[F]।
xen(o)- बाह्य- (*~ial, ~ogamy, ~olith, ~o-phobia*)।
xenodochium ज़ेनॅडॅकाइ′अॅम् n. अतिथिशाला[F], अतिथि-गृह, मेहमानखाना (विशे० ईसाई आश्रमका)।
xenodochy ज़ि′नॉडॅकि n. अतिथिपूजन, अतिथि-सत्कार।
xenoglossia जेनॅग्लॉ′सिअॅ n. (शिक्षा०) **अधिमनोभाषेतर ज्ञान**, भाषेतरज्ञान, बाह्यभाषाज्ञान, T.।
xenolith ज़े′नॅलिथ् n. बाह्योपल, (प्रा० भू०) **आगन्तुक उपल**।
xenomania ज़ेनॅमे′निअॅ n. विदेश-मोह, विदेशी-संस्कृति-प्रेम।
xenomorphic ⊙ज़ीनॅमॉर्′फ़िक a. (प्रा० भू०) **परिरूपिक**।
xenon ज़े′नॉन् n. (pl. *xenia*, रसा०), (रसा०) **ज़ीनान** (भारी गैसीय पदार्थ-विशेष), T.
xenophobe ज़े′नॅफोबि n. विदेशी-भीत-व्यक्ति, परातंकित पुरुष, विदेशी-जुगुप्सक।
xenophobia –फो′बिअॅ n. (शिक्षा०) **अज्ञातजनभीति**[F], परातंक, विदेशीमय, विदेशी-भीति[F], विदेशी-घृणा[F], विदेशी-जुगुप्सा[F], दूसरे देशके लोगोंके प्रति घृणा[F]।
xer(o)- शुष्क- (*~odermatous, ~ophagy, ~philous, ~osis, ~ostomia*)।
xeroma ज़े′रो′मॅ n. (चि०) शुष्काक्षिपाक, नेत्र श्लेष्मला[F]-की शुष्कता[F] और स्थूलता[F]; चर्मशोष, चमड़ेकी शुष्कता[F]।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

xeromorphic जे॰रॅमॉर्'फ़िक a. शुष्कानुरूप, (वन०) शुष्कानुकूलित, शुष्कता-प्रतिरक्षित।
xerophyte जे॰'रॅफाइट् n. (वन०) अरुद्भिद्।
xerophytic ⊙ –फि'टिक् a. (वन०) अरुद्भिदी।
xeropthalmia जे॰रॉफ्थैल्'मिअ॰ n. (चि०) शुष्काक्षिपाक, T.।
xerosis जेरॉ'सिस् n. (चि०) शुष्कतामय (त्वचा, आँख[F] इत्यादिका)।
xerostomia जेरॉस्टो'मिअ॰ n. मुखशोष, मुख-शुष्कता[F]।
xerotic जेरॉ'टिक a. नीरस, शुष्क, सूखा।
xi जी n. ग्रीक अक्षर (क्षी) =x।
X.I., x.i. X Interest, Without Interest.
xiph(i, -o)- खड्ग (*~oid, ~isternum*)।
xiphiplastron ज़िफिप्लैस्'ट्रॉन् n. पश्चोदरवर्म।
xiphoid ज़ि'फ़ॉयॅड् a. खड्गाकार, असिरूप, तलवार-जैसा (*~ cartilage*); ~ process (चि०) उरोस्थि-पत्रक, उरःपत्रक।
Xm., Xmas. Christmas.
Xn., Xtian Christian.
xoanon जो'ॲनॉन् n. (pl. *xoana*) काष्ठमूर्ति[F], लकड़ी[F]-पर खुदी हुई देवप्रतिमा[F]।
X-ray[1] ॲ॰क्स्-रे n. (pl.) (रसा०) एक्स किरण[F], रुण्टजन किरण[F], क्ष-किरण[F], क्ष-रश्मि[F], एक्सरे (विशेषण रूपमें एकव०, जैसे, *X-ray-examination, photograph*);
~ apparatus, ~ centre, ~ crystallography, ~ department, ~ installation, ~ photograph, ~ spectrograph, ~ spectrometer, ~ spectrum.
X-ray[2] v.t. क्ष-किरणीकृत करना, एक्सरे द्वारा चिकित्सा[F] करना या परीक्षा[F] करना, एक्स-रेका चित्र लेना।
Xt. Christ.
xylem ज़ाइ'लॅ॰म् n. (कृषि०) रसवाहिनी[F]; (वन० शा०) दारु, काष्ठ, लकड़ी[F]; काष्ठतन्तु, लकड़ी[F]का रेशा, ज़ाइलम; ~ vessel (कृषि०) रसवाहिकी[F];
~ fibres, ~ parenchyma, ~ plate, ~ ray, ~ vessel.
xylic ⊙ ज़ाइ'लिक् a. (रसा०) काष्ठीय, काष्ठिक।
xyl(o)- काष्ठ- (*~obalsam, ~ocarp, ~ocarpous, ~ograph, ~ometer, ~ophagous, ~ophone*)।
xylograph ज़ाइ'लॅग्राफ् n. काष्ठोत्कीर्णन, (लकड़ी[F]पर) नक्काशी[F], खुदाई[F]; काष्ठोत्कीर्णित मूर्ति[F]।
xylographer –लॉ'ग्रॅफ़ॅर् n. काष्ठकलाकार, नक्काश।
xylographic –लॅग्रै'फ़िक् a. काष्ठकला-विषयक, (लकड़ी[F]पर) नक्काशी-सम्बन्धी।
xylography –लॉ'ग्रॅफि n. काष्ठकला[F] (लकड़ी[F]पर नक्काशी[F]की विद्या[F])।
xyloid ज़ाइ'लॉयॅड् a. काष्ठवत्, काष्ठ-सदृश, लकड़ी-जैसा; काष्ठमय, लकड़ीवाला, लकड़ी[F]का।
xylol ⊙ ज़ाइ'लोल् n. (रसा०) काष्ठव, (रसा०, चि०) ज़ाइलोल, काष्ठतैल, लकड़ी[F]का तेल।
xylometer ज़ाइलॉ'मि॰टॅर् n. काष्ठमान, काष्ठमापी।
xylonite ज़ाइ-लॅनाइट् = CELLULOID.
xylophagous ज़ाइलॉ'फॅगॅस् a. काष्ठाशी, काष्ठ-भक्षी, लकड़ी[F] खानेवाला।
xylopyrography ज़ाइलॅपिरॉ'ग्रॅफि n. काष्ठोत्कीर्णन-विज्ञान, काष्ठोत्कीर्णन-शास्त्र।
xylose ज़ाइ'लोज़् n. (रसा०) काष्ठशर्करा[F], काष्ठमधु[F], T.।
xylotomous –लॉ'टॅमॅस् a. काष्ठच्छेदी, काष्ठभेदी (*~ worm*)।
xyris ज़ाइ'रिस् n. दद्रुमारी[F]।
xyster ज़िस्'टॅर् n. (शल्य०) निघर्षणी[F], खुर्चनी[F]।
xystus ज़िस्'टॅस् n. (pl. *-ti*) व्यायाम-प्रांगण; उद्यान-मार्ग, वीथी[F]।

Y

Y (pl. *ys, y's*) अँग्रेजी वर्णमाला[F]का पच्चीसवाँ अक्षर, य; xyz में त्र।
Y (or Yt) Yttrium.
y. (or **yr.**) year; (or **yd.**) yard.
y- पर (*yclad, yclept* इत्यादिमें)।
-y[1] भाववाचक संज्ञाएँ[F] बनानेमें व्यवहृत (*victor~, remed~, primar~, peremptor~*)।
-y[2] -युक्त, -सहित, (विशेषण बनानेमें, *bon~, frost~, thorn~, milk~, slang~, snow~*); -आभ (*whit~-brown, pink~-white*)।
-y[3] लघ्वर्थक संज्ञाओं[F]में प्रयुक्त (*bab~, Bill~, Johnn~, Jenn~*)।
-y[4] संज्ञार्थक (*deput~, arm~, assembl~, deliver~, treat~*)।
yacht[1] यॉट् n. (परि०) क्रीड़ानौका[F], केलिनौ[F], प्रमोद-तरणी[F], केलिपोत, सुसज्जित क्षुद्र राजपोत, लघु बजरा, सैर[F] करनेकी नाव[F]; (नौवि०) पनसुआ, T.; (*~ club*); ~-club (विशे० नौकाप्रतियोगिता[F]के लिए) पोत-विहार-गोष्ठी[F]; ~sman केलिपोत-वाहक, प्रमोद-तरणी-चालक, बजरा खेनेवाला; केलिपोत-भ्रमणकारी, (नौवि०) पन-सुइया, बजरेसे सैर[F] करनेवाला।
yacht[2] v. i. नौकेलि[F] करना, नौका-विहार करना, नौका-प्रतियोगिता[F] करना।
yachter –'टॅर् n. प्रमोदतरणी-चालक, केलिपोत-चालक, क्षुद्र-नौका-केवट, बजरेका मल्लाह।
yachting –टिंग् १. n. केलिपोत-यात्रा[F], नौका-विहार, नाव[F]में सैर[F]; २. a. केलिपोत-सम्बन्धी, क्रीड़ानौ-विषयक।
yaffle, yaffil यै'फ़ल्, यै'फ़िल् nn. हरा कठफोड़ा।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

yager यें'गॅर् n. जर्मन सैनिक, पैदल सिपाही, यैगर।
yah या' int. (उपहास एवं विस्मयादिबोधक) वाह।
yahoo यॅहू' n. नरपशु, वनमानुष, पशुवत् व्यक्ति, असभ्य पुरुष, जंगली आदमी।
yak यैक्' n. चामरी[F], चमरी[F], चामरगौ[F], सुरागाय[F], याक (~ *tail*); ~ lace चामर, चँवर।
yam यैम्' n. आलुक, क्षेम आलू, कचालू; मधुमूल[F], सुकन्द[F], शकरकन्द[F], जिमीकन्द[F], (कृषि०) **गराड़ू**, **रतालू**; घुइयाँ[F], अरवी[F], अरुई[F] एवं इनके पौधे; kidney shaped ~ (कृषि०) **सुथनी**[F]; ~ stick (इति०) **कंद-छड़**[F]।
Yama या'मॅ n. यम।
yamen, -un (Chin.) या'मॅन्, -ॲन् n. (चीनी) राजकीय कार्यालय, सरकारी ऑफिस; चीनी कचहरी[F]।
yammer यैं'मॅर् v. i. हकलाकर बोलना, हकलाना।
Yank[1] यैन्क् n. (बोल०) YANKEE का संक्षिप्त रूप।
yank[2] n. धक्का, खिंचाव, झटका।
yank[3] v.t. & i. झटका देना, झटकेके साथ खींचना, धक्का देकर खींचना, एकाएक खींचना।
yanked ⊙ यान्क्ट् a. खण्डित, टुकड़े-टुकड़े किया हुआ।
Yankee ⊙ यैन्'कि n. अमेरिका-निवासी; **अमेरिकी**; (गृहयुद्धमें) उत्तरी राज्योंके संघीय सैनिक या निवासी; T.; ~ Doodle एक अमेरिकी गान-विशेष, डूडल।
Yankeedom –किडॅम् n. अमेरिकीपन।
Yankeefied –किफ़ाइड् a. अमेरिकीयित, अमेरिकी बनाया हुआ।
Yankeeism –किइज़्म् n. अमरीकीवाद।
yap[1] यैप् n. कराह[F], कर्कश या तीव्र भूँक[F]।
yap[2] v. i. कर्कश स्वरसे भूँकना; अन्यमनस्क भावसे गप[F] मारना, गाली[F] देना, बकवाद[F] करना, टें-टें[F] करना, झगड़ना।
yapp यैप्' n. मुलायम चमड़ेकी जिल्दसाजी[F], उभरे किनारेवाली जिल्द[F]।
yapper यैं'पॅर् n. गप्पी व्यक्ति, गालीबाज मनुष्य, बकवादी आदमी, टें-टें[F] करनेवाला; कर्कश स्वरमें भूँकनेवाला कुत्ता।
yarborough यार्'बॅरॅ n. (ब्रिज या ताशमें) नहलेसे कमका हाथ।
yard[1] यार्ड्' n. (रसा०) **गज** (=३ फुट); T. (~ *supervisor*); वस्तुओं[F]की गजभरकी लम्बाई[F]; (पाल लटकानेके लिए) मस्तूलके ऊपर लगा हुआ वर्तुलाकार डण्डा; (प्रा०) शिश्न, उपस्थ, लिंग; (pl.) **परवान**; ~-arm पालके वर्तुलाकार डण्डेका कोई छोर, पालके डण्डेका कोना; ~ measure गज, गजकी नाप[F]; ~stick गज, गजकी छड़ी[F]; (ला०) प्रामाणिक नाप[F], मानदण्ड ⊙; ~ trap (यंत्र०) कुण्डी फंद; ~-wand गजभर छड़ी[F] या डण्डा।
yard[2] n. चत्वर, प्रांगण, आँगन (*dock, farm, railway*, ~); stock ~ पशुशाला[F], मवेशियोंका बाड़ा; ~man क्षेत्रपति, रखवाला, खेतिहर मजदूर; ~ master प्रांगणपति, रेलवे बाड़ेका निरीक्षक, **यार्ड-मास्टर**।
yard[3] v.t. पशुओंको थानमें बन्द करना, गाड़ी[F] आदिको प्रांगणमें लाना।
yardage यार्'डिज् n. गजभरकी नाप[F]; यष्ट्यायाम, आयाम, लम्बाई[F]; बाड़ेका किराया।
yare येअर्' a. (प्रा०) द्रुत, क्षिप्र, जल्दबाज; चतुर, निपुण, कुशल, होशियार; उत्सुक, तैयार।
yarn[1] यार्न्' n. तन्त्र, तन्तु, तार; सूत्र, (कृषि०) **सूत**; पक्का सूत; ऊर्णासूत्र, और्णतन्तु, पशमी तागा, पशमका सूत; प्रबन्ध, कहानी[F]; *spin a* ~ सूत कातना; कथा[F] बनाना;
~ bobbin, ~ bundle, ~ control order, ~-dyeing.
yarn[2] v. i. (बोल०) वर्णन करना, कहानी[F] बनाना।
yarrow यैं'रो n. लाला, सहस्रपर्णी[F], यैरो, (मिल फॉल् नामका अंग्रेजी पौधा-विशेष) यैरो; ~root लाला-मूल, यैरो-रूट।
yashmak यैश्'मैक् n. दोहरा बुर्का, यशमक्।
yataghan यै'टॅगैन् n. बिना मूठ[F]की तुर्की तलवार[F] या कटार[F], खंजर, एक वित्तेका दुधारा हथियार।
yaw[1] यॉ' n. प्रविचाल, पथभ्रंश, (जहाजका) पथ अतिक्रमण।
yaw[2] v. i. (विमान या जहाजका) प्रविचलित होना, (परि०) **विचलना**; पथभ्रष्ट होना, मार्गसे हटना, भटक जाना।
yawey यॉ'इ a. (चि०) याजपीड़ित, परंगीग्रस्त; प्रविचाली, पथभ्रष्ट, मार्ग भूला हुआ।
yawing –इंग् n. प्रविचलन, पथभ्रंश, मार्ग भूलना।
yawl[1] यॉल् n. (जहाजमें लगी हुई) क्षुद्र केलिनौ[F], छोटी प्रमोद-नौका[F], युद्धपोतपरकी नाव[F], दो मस्तूलोंकी नाव[F]; होड़ी[F], मछली[F]के शिकारकी नौका[F], T.।
yawl[2] n. चीख[F], घुरघुर[F], गरज[F], शोर।
yawl[3] v. i. गुर्राना, गरजना, जोरसे चिल्लाना, शोर मचाना।
yawling यॉ'लिंग् n. छोटी हेरिंग मछली[F]।
yawn[1] यॉन्' n. मुखव्यादान, जृम्भ, जृम्भा[F], जृम्भण, जँभाई[F], अँगड़ाई[F], जमुहाई[F]; दरी[F], बिल, मोखा, मुँह, सूराख, चौड़ाई[F]।
yawn[2] v. i. & t. मुखव्यादान करना, जृम्भण करना, जँभाई[F] लेना, अँगड़ाई[F] लेना, जमुहाना; मुँह बाना, मुँह खोले बैठा रहना (*hell ~s for him*); जमुहाई[F] लेते हुए बोलना (*~ed goodnight*)।
yawner –'नॅर् n. जृम्भक, जृम्भी।
yawning[1] –निंग् n. व्यादान, जृम्भण, जम्हाई[F], जमुहाई[F]।
yawning[2] a. कृतव्यादान, जृम्भणशील, जम्हाई[F] लेता हुआ।
yawping ⊙ यॉ'पिंग् n. भूँकना।
yaws यॉज़्' n. न्युपदंश, परंगी, फफोले (संक्रामक चर्मरोग), याज।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Yb. Ytterbium.

yclept इक्लेॅप्ट् a. (प्रा० हास्य०) अभिहित, आहूत, आह्वयमान, नामधारित, पुकारा जाता हुआ।

yd. yard.

ye यी', यिॅ' pron. तुम, तुमलोग, आप (*blessed are ~ when men shall hate you*)।

yea ये' n. (pl. -*s*) हाँ, हामी; particle निश्चय ही, अवश्य, जरूर; वरन्, बल्कि; अलबत्ता; अरे; वस्तुतः, सचमुच (*~ eager*); ~-and-nay अनिश्चित, ढुलमुल।

yean यीन् v.t. & i. (भेड़ F या बकरी F का) प्रसव करना, ब्याना, बच्चा जनना।

yeanling –'लिंग् n. मेषशावक, मेमना, भेड़ F का बच्चा।

year* यीॅअॅर् n. संवत्, संवत्सर, **वर्ष***, बरस, साल*; सौर वर्ष; सन् (*in the ~ 1960*); जीवनकाल, आयु F; Platonic, Great, Perfect, ~ युगांशक, लगभग २६००० वर्षका काल (किसी ग्रहका अपनी आपेक्षिक स्थिति F में आनेका समय); leap-~ अधिवर्ष (वह वर्ष जिसमें फरवरी F २९ दिनकी होती है); lunar ~ चान्द्र वर्ष; ~ book (अर्थ०) **अब्दकोष, वर्षबोध,** इयर-बुक; ~-long एक वर्षीय, वर्षभरका; ~'s purchase (अर्थ०) **वर्षाधार;** *Christmas comes but once a ~* उत्सव नाहीं सदैदा, बरिस-बरिसका दिन; *~ by ~* वर्ष प्रतिवर्ष, अनुवर्ष; *~ in ~ out* लगातार, सालभर।

yearling –'लिंग् a. & n. (कृषि०) **एकवर्षीय, एक-वर्षी** (जन्तु या पादप), एकवत्सर वयस्क (जन्तु), एक और दो वर्षके बीचका (पशुशावक)।

yearly[1] –लि a. वात्सरिक, वर्षस्थायी, आब्दिक, प्रति-वार्षिक, **वार्षिक,** सालाना, सालभरका (*~ insurance, rent*)।

yearly[2] adv. प्रतिवत्सर, प्रतिवर्ष, वर्ष-प्रतिवर्ष, हरसाल, सालभरके लिएं, वर्षभर तक।

